शिवरात्र में तृतीय मन्त्रवादाध्याय नामक है। यहाँ अष्टाक्षर, द्वादशाक्षर मन्त्र और विष्णु गायत्री मन्त्र के प्रयोग और उसका प्रभाव विवेचित है। चार सौ अक्षरों के मालामन्त्र को, जिसे ब्रह्मरात्र (११) में कहा गया है, यहाँ पद्मोद्भवसंहिता (१०) में वर्णित है। इस मन्त्र का प्रयोग विशेष समय में विशेष स्थान पर प्रयोग करने से राक्षसों से रक्षा होती है (१-११)। महासुदर्शन मन्त्र (पद्मोद्भव १४० और ब्रह्मरात्र १२७) का प्रयोग अन्य फल की प्राप्ति के लिए करते हैं (११-२९)। वैष्णव मन्त्र (ब्रह्मरात्र ३८), दुर्गा मन्त्र (ब्रह्मरात्र ३१) और वराह मन्त्र (पद्मोद्भव संहिता ३१) का प्रयोग दिव्य शक्तियों को नियन्त्रित करने के लिए किया जाता है (३०-३५)। गरुड मन्त्र (पद्मोद्भव ३१) का प्रयोग हवन विधि के साथ सरक कर चलने वाले और उड़ने वाले घातक जन्तुओं के नियन्त्रण के लिए किया जाता है (३६-५७)। गन्ध मन्त्र, अनुप्रवेश मन्त्र और निग्रह मन्त्र का प्रयोग विभिन्न प्रकार की आत्माओं एवं शत्रुओं पर नियन्त्रण के लिए किया जाता है। इस प्रकार यह अध्याय मन्त्रों के प्रायोगिक विवरण को प्रस्तुत करता है (५८-२२८)।

शिवरात्र में चौथा भूतविस्तार नामक अध्याय मात्र १९ श्लोक में एक हजार आठ पारिषदेश्वर (विष्णु के पार्षदों) के नाम प्रस्तुत करता है।

शिवरात्र में पाँचवाँ हविर्निवेदनाध्याय नामक है। हवि के लिए चरु पकाने का विवेचन (१-१२) और आघ्रातादि चरुवर्जन (१३-१९) और हवि के लिए फल (२०-२८) का नित्य विष्णु की अर्चा में प्रयोग की जाने वाली विधि (२९-३५) और नैवद्यार्थ फल, मूल एवं प्रशस्त पदार्थ का कथन है (३६-४२)। संक्षेप यहाँ निर्माल्य एवं नैवेद्य शेष का फल कथन है (४३-५१)। दसवीं शती के रामानुज सम्प्रदाय के यामुनाचार्य ने ४८-४९ श्लोक को उद्धृत किया है। चार प्रकार की हवि की बलि एवं दो प्रकार की फल की बलि (षड्विध हवि) विधान है (५२-५३)।

शिवरात्र में छठवाँ अध्याय पुष्पयागविधि नामक है। यहाँ विष्णु की पूजा में विभिन्न प्रकार के पत्र, पुष्प एवं फलों का विवरण दिया गया है (१-२५)। दिन एवं रात्रि में प्रयुक्त पुष्पों का वर्णन (२६-३१) तथा ६ प्रहरों में प्रयुक्त होने वाले अङ्कुरार्पण आदि का वर्णन है (३२-४३)।

शिवरात्र में सातवाँ अध्याय पत्रच्छेद नामक है। यहाँ दिव्य पूजा में प्रयुक्त होने वाले केले आदि के पत्रच्छेद के उपकरण एवं पत्रों के भेद का विवेचन (१-१५) है। यहाँ नारदार्चनिका (१२) एवं पद्मोद्भव पुराण के गरुडार्चनिका काण्ड में विस्तृत विवेचन का उल्लेख है। पूजा में प्रयोग के पहले ग्राह्य पत्तों और उनके कर्तन कर दोना आदि छः प्रकार का भेद कहा गया है (१६-३६)। वाञ्छित फल की प्राप्ति के लिए विभिन्न पत्रच्छेद की पद्धति का उल्लेख है (३७-४१)।

शिवरात्र में आठवाँ अध्याय स्नपनविधि नामक है। देवता के स्नपन के नियम तथा मण्डप निर्माण का कथन है (१-७)। तदनन्तर कलश एवं मृण्मय कलश का विवेचन है (८-६५)। रत्नसंग्रह, बीजसंग्रह और वितान निर्माण का विधान है। स्नपन विधि में कलश के प्रयोग के आधार पर उत्तम, मध्यम और अधम स्नान त्रय का विधान है (६६-११३)। अन्य आचार्यों के मत से कुछ अलग मत सनत्कुमार का है (११४-१५६)। वस्तुतः यहाँ पर ब्राह्म, दिव्य एवं मानुष के आधार पर भेद है (१५७-१७७)। स्नपन विधि के लिए भूरि दक्षिणा आचार्य को दी जानी चाहिए (१७८)।

शिवरात्र में नवम उत्सवाध्याय नामक है। यहाँ अङ्कुरार्पण के लिए पात्र त्रय का विधान है (१-२१)। अङ्कुरार्पण से आचार्य रात्रि में बलिदान कर उत्सव करे। बलिदान प्रयोग में आचार्य कौतुक बेर प्रतिमा का प्रयोग करे (२२-४७)। नित्य शोभा यात्रा का विधान है (४८)। दूसरे दिन स्नपन विधि के लिए प्रतिमा को

यागमण्डप में लावे (४९-६८)। पुष्पमण्डल में जिसे इन्द्ररात्र (७१) में कहा गया है किन्तु वहाँ कुछ भी उल्लेख नहीं है। चरुयाग एवं बलिदान प्रयोग, जो ब्रह्मरात्र के तिथियाग में कहा गया है किन्तु यह शिवरात्र में मिलता है (६९-८२)।

शिवरात्र में दशम मण्डलाध्याय है। यहाँ मण्डलरचना की विधि (१-६) कही गई है। वृत्तादि मण्डल के भेद और माजनादि का फल तथा सभी दिक् के विषु, ब्रह्मा, स्कन्द वं शिव देवता मण्डल के आकार पर निर्धारित किए गए हैं (६-२६)। मण्डल में विष्णु की पूजा करनी चाहिए (२७-३२)। नित्य एवं नैमित्तिक पूजन में मण्डल निर्माण में स्त्री या पुरुष कोई भी रह सकता है (३२-४८)।

तृतीय इन्द्ररात्र में प्रथम पूरणाध्याय नामक है। यहाँ पञ्जरबन्ध का निर्माण और कलश में रसादि पूर्ण करने के काल का विवेचन है (१-१२)। कलश में विभिन्न पदार्थों के पूर्ण से साधक को अग्निष्टोम याग का फल प्राप्त होता है। अन्नपूरण से चातुर्मास्य ब्रत का फल मिलता है। घृत पूरण से भक्त के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं (१२-५५)।

इन्द्ररात्र में द्वितीय अध्याय मन्त्रोद्धार नामक है। यहाँ संस्कृत वर्णमाला के अक्षरों की उत्पत्ति कही गई है। प्रथमतः आठ ह्रस्व स्वरों की उत्पत्ति (१-४) हुई। फिर दीर्घ स्वरों की (५-६) और क से क्ष पर्यन्त व्यञ्जनों की उत्पत्ति हुई (७-१६)। इन वर्णों के अधिष्ठातृ देवताओं के नाम यहाँ दिए गए हैं (१६-३०)। सब मिलाकर अक्षरों के ६४ गण होते हैं (३०-५५)। यहाँ अष्टाक्षर मन्त्र का उद्धार क्रम कहा गया है (५६-६३)। अन्त में मन्त्रों के विषय में सामान्य धर्म कहे गए हैं (६४-६८)।

इन्द्ररात्र में तृतीय पूरणाध्याय नामक है। क्षीर सागर मे जब अनिरुद्ध का प्राकट्य हुआ तब सनत्कुमार ने सृष्टिक्रम बताया पृथ्वी को देखकर उनके चित्त से वराह का प्राकट्य हुआ (१-९)। तदनन्तर नरसिंह पुराण का प्राचीन आख्याने नरसिंह अवतार में हिरण्यकशिपु के बध हेतु (प्रकट हुआ) बताया (१०-२६)। तदनन्तर मत्स्यावतार में संकर्षण अवतार द्वारा जल में निलीन वेदों के उद्धार की कथा है (२७-३५)। संकर्षण व्यूह में कूर्मवितार का आख्यान वर्णित है (३६-४०)। महाविष्णु की आज्ञा से विष्वक्सेन ने ताक्ष्य (गरुड) रूप में अवतार विनता के गर्भ से धारण किया और विष्णु के वाहन हुए (४१-४९)। वामनावतार को कथा (५०-५७)। तदनन्तर प्रद्युम्न के चित्त से हयशीर्ष हुए (५८-६२)। सङ्कर्षण से सांख्यशास्त्र के प्रणेता कपिल ने अवतार ग्रहण किया (६२-६६)। जामदग्नेय (परशु) राम भी सङ्कर्षण से उत्पन्न हुए (६६-७०)। यहाँ मूल में छूट है (बलराम संकर्षण से प्रगट हुए) काकुत्स्थ्य राम का जन्म त्रेता में हुआ (७१-७३)।

द्वापर में पृथ्वी पर धर्म की हानि होने पर वसुदेव से सात्वत (कृष्ण) का अवतार हुआ। सात्वतगण की उत्पत्ति और इन्हीं से पाञ्चरात्र आगम का प्रवर्तन होना विशेष कथन है। बाद में इन शिक्षाओं के अनुयायी सात्वत, पाञ्चरात्रभक्त, भागवत एवं वैष्णव भी कहलाए (७३-८३)।

इन्द्ररात्र में चतुर्थ अध्याय में यागविधि वर्णित है। यहाँ चारों वर्णों के स्त्री एवं पुरुष के लिए दीक्षा विधि कही गई है। समय-समय से चारों वर्णों को चक्रमण्डल की दीक्षा ग्रहण करने का विधान है। द्विज के लिए दीक्षा का विधान ब्रह्मरात्रके पाँचवें अध्याय में है (१०-१३) किन्तु वहाँ यागमण्डप, मण्डल और विशेष प्रकार की दीक्षाविधि कही गई है (सम्भवत: ये विधान ब्रह्मरात्र के अनुपलब्ध अध्यायों में रहे होंगे (१-१५)। याग विधि की सात प्रकार की दीक्षा का वर्णन है। प्रथम प्रकार शूद्र एवं स्त्रियों के लिए 'याग' कहा गया है। कलशों की संख्या के अनुसार यह दीक्षा ६ प्रकार की दीक्षा आर दक्षिणा से अतिरिक्त है (१५-२०)। स्तोम दीक्षा सभी वर्णों के लिए विहित है (२१-२७) महायाग (२७-३६), अध्वर याग (३७-४०), स्वयाग (४०-४४), क्रतु (४४-४७) और हरिस्तोम याग (४७-५२) आदि का वर्णन है। दीक्षा में हरिस्तोम उत्तम दीक्षा है। दीक्षित शिष्य परम्परा समयि, दीक्षित, चक्रवर्तिन् , अभिषिक्त, गुरु, आचार्य और भगवान् नाम से जानी जाती है (५३-५५)।

इन्द्ररात्र में पाँचवाँ परिवाराध्याय नामक है। मन्दिर में प्रतिष्ठा के समय देवता के परिवार की प्रतिमा की प्रतिष्ठा की विधि यहाँ प्रतिपादित है। बैठी हुई प्रतिमा प्रतिष्ठा में उत्तम, मध्यम एवं अधम विधि का उल्लेख किया गया है। विष्णु मन्दिर के चारों ओर बाहरी भाग में और आन्तरिक भाग में बारह मध्यम परिवार कहे गए हैं जो दो से छ: तक और सात से बारह तक क्रम विपर्यय के साथ विहित हैं (१-४१)।

इन्द्ररात्र में षष्ठ अध्याय विघ्नेशोत्पत्ति नामक है। नारायण के अंश से चार प्रकार के विघ्नेशों की उत्पत्ति हुई जो चार दिशाओं में प्रतिष्ठित हुए। वासुदेव (या सदाविष्णु), वासुदेवाक्षर (या महविष्णु) से मिलकर अपनी शक्ति शान्ति से सङ्कर्षण (या शंकर) की उत्पत्ति हुई। उनसे और श्री से प्रद्युम्न (या ब्रह्मा) हुए, उनसे और सरस्वती से अनिरुद्ध का विग्रह प्राप्त हुआ। उनसे और रति से लोक पितामह अर्थात् समस्त लोक सृष्ट हुए। यह सूक्ष्म का मुख्य आधार है (१-१६)। स्थूल सृष्टि क्षीरशायी अनिरुद्ध की नाभि से कमल पर ब्रह्मा समस्त लोक एवं देवता की उत्पत्ति हुई (१७-२९)। अनिरुद्ध की इच्छा से आठ, मुख से अग्नि, पाद से पृथ्वी, प्राण से वायु और हृदय से अन्तरिक्ष की उत्पत्ति हुई (२९-३३)। वासुदेव

ने द्वादश विग्रह को प्रकट किया (३४-४२)। उनका विवरण (३७) महेन्द्रसंहिा में दिया गया है। तदनन्तर विश्व की दस दिशाओं में रक्षक विष्णु के नामों को कहा गया है। ये १०० विष्णु नायक पूर्व में है, १०० आग्नेयी दिक में हैं, १०० दक्षिण में हैं, १०० नैऋत्य कोण में हैं, १०० पश्चिम में है, १०० वायव्य कोण में हैं, १०० उत्तर में हैं और १०० ईशान कोण पर हैं। इसी प्रकार १०० अध:लोक की रक्षा में तथा १०० अन्तरिक्ष की रक्षा में तत्पर हैं (४२-१५४)।

इन्द्ररात्र में सातवाँ अध्याय विष्णुलोक विस्तार नामक है। यहाँ विभिन्न लोकों का शासन विष्णु के विभिन्न विग्रहों द्वारा होता हुआ सनत्कुमार ने बताया है। १. वराह लोक का विस्तार और वहाँ के भवनों का वर्णन प्रथमत: किया गया है। (१-१२), चक्रलोक (१३), आग्नेय कोण में रामलोक (१४-२५) नरसिंहलोक (२५-३६), नैऋत्य में रामलोक (३६-४५) वरुणलोक (४५-५५), वायुलोक (५६), वामनलोक (५७) हयशीर्षलोक (५७-६८), वासुदेवलोक (६८-७७), ईशानलोक (७८-७९), कापिललोक (८०-९४), विष्णुलोक (९५-९७), ब्रह्मलोक (९८-१०६) और महाविष्णुलोक (१०७-११३) वर्णित है। जो भक्त साधक विष्णु की भक्ति में निरन्तर संलग्न रहते हैं वे विष्णु सायुज्य प्राप्त कर इसी लोक में निवास करते हैं। विष्णु के सभी अवतारों के विषय में जो कहा गया है वह जीव के बन्धन मुक्ति हेतु सर्वदा ध्यान में रखने के लिए कहा गया है। इससे सवर्ष भर के पापों से मुक्ति भी प्राप्त होती है (११३-११८)।

इन्द्ररात्र में आठवाँ शिष्यलक्षणाध्याय है। यहाँ सनत्कुमार योनिशुद्धि की बात कहते हैं। दीक्षा के लिए शुद्ध माता और मिश्रित वर्ण की माता के गर्भ से उत्पन्न भक्त का विचार यहाँ दिया गया है (१-३४)। तदनन्तर पिता के बीजशुद्धि की बात कही गई है (३५-४९)। यहाँ वर्णशुद्धि, देशशुद्धि, देहशुद्धि और क्रियाशुद्धि का विचार इसलिए किया गया है कि ये भक्त साधक स्वयमेव दीक्षा के योग्य होते हैं (५०-६४)।

इन्द्ररात्र में नवम आचार्यलक्षणाध्याय है। आचार्य को अपने लाभ के लिए शिष्य को दीक्षा नहीं देनी चाहिए। आचार्य को शुद्ध हृदय, शुद्ध परिवार एवं शास्त्रज्ञ होना चाहिए। उसे धातु के पात्र में भोजन नहीं करना चाहिए। आचार्य को पवित्र एवं सदाचारी ब्राह्मण कुल से होना श्रेष्ठ कहा गया है। सवर्ण के अतिरिक्त विलोम वर्ण की माता से उत्पन्न, शूद्र को छोड़कर भक्त साधक आचार्य के योग्य कहा गया है (१-५०)। आचार्य अपने व्यवहार एवं वस्त्रों के गाम्भीर्य तथा द्वादशाङ्कित वैष्णव चिह्नों से युक्त होना चाहिए (५०-८३)। वैष्णव दीक्षा के लिए सभी वर्णों को यहाँ योग्य कहा गया है (८३-८५)। प्रोक्षण (८६-८७), मण्डलदर्शन

(८७-८८), योग्य दीक्षा (९२-९३) (यद्यपि यहाँ मूल लुप्त है) आदि गुण भक्त में अनिवार्य कहे गए हैं।

चतुर्थ ऋषिरात्र में प्रथम कालाध्याय है। इसमें पञ्चकाल का विवेचन हुआ है। ये पञ्चकाल— १. अभिगमन (१-६), २. उपादान (६-९), ३. इज्या (९-११), ४. स्वाध्याय (१२-१३) और ५. योग (१३) हैं। पद्मोद्भव पाञ्चरात्र में इसके छः विभाग कहे गए हैं (१४)। फिर यहाँ शरीर विज्ञान पर विचार करते हुए नाड़ी विज्ञान पर विशेष बल दिया गया है (२०)। षट्साहस्रिका संहिता में इनका वर्णन है। फिर प्राण वायु का लक्षण एवं व्युत्पत्ति कहकर दश प्राणवायु के भेद कहे गए हैं। शरीर के मध्य विष्णु की दस अवस्था तथा प्राणायाम त्रय कहकर हृदय में प्रभु का निवास बताया गया है (१४-७२)।

ऋषिरात्र में द्वितीय मुद्राध्याय है अर्थात् यहाँ प्रभु को प्रसन्न करने के लिए इक्यासी हस्त मुद्राएँ कही गई हैं। मुष्टि, स्नान, गन्ध, पुष्प, दीप, धूप, यज्ञोपवीत, वस्त्र, अलङ्कार, वैनतेय, आचार, रक्षा, वर, स्वागत, संख्या, प्रतिभा, तर्जनी, द्वन्द्व, व्यूह, नाग, ग्रास, पशु, मृगी, हस्त और दान (१-२२)। लिङ्ग, प्रतिमुद्रिका, सृष्टि, प्रणव, श्लेषा, विस्तीर्ण (प्रसृति), ध्वज, बीज, ब्रह्म, विष्णु, रुद्र, सिंह, तोरण, चक्र, गदा, मुख, धनुष और शक्ति (२३-४८)। कूट, शयन, गरुड, व्योम, सर्प, महामाला, मुसल, श्रीवृक्ष, वलय, कुण्ड, परम, तोमर, हयशीर्षक, वामन, शक्र, अग्नि, निर्ऋति, वरुण, वायु और सोम (४९-७७)। निर्माल्य, वसन, शक्ति, काल, लोक, नृत्त, गीत, वाद्य, योग, तत्त्व, ज्ञान, कर्म, न्यास, मन्त्र, पाश, कलश, कवच (७८-९७)। अन्तिम श्लोक (९८) में यह कहा गया है कि 'बृहस्पति रात्र' में इन मुद्राओं के प्रयोग का विधान किया गया है।

ऋषिरात्र में तृतीय अध्याय योगविधि है। सनत्कुमार कहते हैं कि जो साधक योग करते हैं उन्हें (आध्यात्मिक) सफलता प्राप्त होती है। (योगी के लिए) यहाँ सात्त्विक, राजस एवं तामसिक आहार की चर्चा की गई है (१-२४)। यहाँ योग के दस आसनों का नामोल्लेख किया गया है (२४-३९)। नारायण प्रभु की आराधना करते हुए भारत के नदी, तीर्थ, वन, सरोवर, आराम एवं मन्दिरों में इनका अभ्यास करने को कहा गया है। इससे क्रियायोग प्रवर्तित होता है फिर ज्ञान योग (आत्मसाक्षात्कार) का आभास होने लगता है। वैष्णव साधक पाञ्चरात्र आगम में कहे गए पञ्चकाल पूजन नित्य करते हुए विष्णु का ध्यान प्राणायाम आदि कर अपने प्राणवायु पर नियन्त्रण प्राप्त करे (४०-५८)। यहाँ प्राणायाम एवं ध्यान का विवेचन है (५९-९६)। पद्मोद्भव संहिता में इनका प्रयोग कहा गया है। यौगिक प्रक्रिया करते हुए वैष्णव भक्त अन्ततः अपने आराध्य के सन्निकट पहुँचने लगता है (९७-१२०)।

ऋषिरात्र में चतुर्थ तपोध्याय है। तपस्या के अनुकूल प्रदेशों को यहाँ कहा गया है। प्रयाग, कुरुक्षेत्र, बदरी, ब्रह्मदुर्ग, देवतीर्थ और गङ्गा के उत्तर तट पर प्रशस्त कहा गया है (१-१३)। यहाँ तपस्या का काल, कृच्छ्रव्रत एवं विभिन्न पयोव्रतादि चर्या का उल्लेख कर जप विधि एवं प्रायश्चित्त आदि का विवेचन है (१४-७६)। वैष्णवों के बत्तीस भेद बताते हुए वैखनस और भागवत धर्म की चर्चा अन्त में की गई है (६३-६४)।

ऋषिरात्र में पञ्चम पुष्पयागाध्याय है। यहाँ पुष्पों के भेद कहकर विभिन्न प्रकार के रंगीन पुष्पों से पञ्चावरण मण्डल निर्माण दीक्षा याग के लिए वर्णित है। मण्डल का प्रमाण और वर्णानुसार एवं लिङ्गानुसार आवरण त्रय के भीतर और बाहर बलि प्रदान कहा गया है (१-३६)। दीक्षा तीन प्रकार की कही गई है— १. वैदिक, २. तान्त्रिक एवं ३.वैदिक-तान्त्रिक (३७-४०)। दीक्षा के विषय में विस्तृत चर्चा ब्रह्मरात्र में की गई है (१८)। इन्द्ररात्र में दीक्षा के विषय में ब्रह्मरात्र में वर्णन किए जाने की यद्यपि चर्चा है, जबकि दोनों अध्याय अप्राप्त हैं। नारायण मण्डल ब्राह्मण के द्वारा ही पुष्पों से बनाना विहित है।

ऋषिरात्र में षष्ठ अध्याय बलिविधान है। यहाँ बलिदान कर्म क्रमशः दीक्षा के अनुसार एक के बाद एक करना चाहिए। बलिदान कर्म में प्रयुक्त पात्र तथा उनके आकार का विवेचन एवं उनके विष्णु आदि देवता का विधान किया गया है (१-१४)। बलिदान कर्म के लिए विहित द्रव्य, मन्त्र एवं मुद्राएँ बताई गई हैं (१५-१८१)। यही माहेन्द्र संहिता का भी उल्लेख (६) है।

ऋषिरात्र में सप्तम अध्याय छन्दोविधि है। यहाँ मन्त्रों के छन्द, ऋषि एवं देवता के विषय में कहा गया है। अष्टाक्षर मन्त्र, विष्णु गायत्री, षडक्षर मन्त्र, सप्त वैदिक मन्त्र, महासुदर्शन, नारसिंह और पञ्चायुध देवताओं का विवेचन है (१-३१)। मालामन्त्र, व्यूह के मन्त्र, श्रीमन्त्र, सरस्वतीमन्त्र, रतिमन्त्र, सूर्यमन्त्र, वराहमन्त्र, माधवमन्त्र, विष्णुमन्त्र, मधुसूदनमन्त्र, वामनमन्त्र, हृषीकेशमन्त्र, पद्मनाभमन्त्र, केशवमन्त्र, नारायणमन्त्र और गोविन्दमन्त्र का विधान है (३१-४९)। सप्त वैष्णवमातृकामन्त्र, विश्वक्सेनमन्त्र, चण्डमन्त्र, प्रचण्डमन्त्र, गरुडमन्त्र, भूत और ग्रहों आदि मन्त्रों का वर्णन है (५०-७१)। कहीं कहीं मात्र छन्दों का विवेचन है और कहीं कहीं ऋषि एवं अधिदेवता भी कहे गए हैं (७१-७४)। जप एवं बलि विधान तथा यज्ञ आदि कर्मों का विधान मन्त्रों (के प्रभाव) शक्ति का विवेचन है।

ऋषिरात्र में आठवाँ अध्याय प्रायश्चित्त विधि है। सनत्कुमान कहते हैं कि सम्यी साधक को प्रायश्चित्त कर्म विधि-विधान से करना चाहिए। नित्यकर्म और षट् काल पूजन में यवधान हेतु प्रायश्चित्त का विधान है (१-२५)। मास लङ्घन, संवत्सरलङ्घन आदि का और व्रतलोप का प्रायश्चित्त एवं लशुनादि अभोक्ष्य भक्षण

का प्रायश्चित्त कृच्छ्रव्रत से कहा गया है (४१-६९) । मल-मूत्रादि विसर्जन में असावधानी हेतु प्रायश्चित्त का विधान है (७०-८७)। वैष्णव भक्त के जपादि में असावधानियों और ब्रह्मघाती तथा मन्दिर के द्रव्यादि की चोरी का प्रायश्चित्त कहा गया है (८८-१८६) ।

ऋषिरात्र में नवम अध्याय ब्रह्मकूर्चविधि है । यहाँ पञ्चगव्य व जौ के जलका मिश्रण मन्त्र आदि का प्रधान रूप से विवेचन है (१-४३)। पञ्चगव्य के प्रयोग फल और भक्त के लिए सामान्य चिकित्सकीय विधान भी किया गया है (४४-५२)।

ऋषिरात्र में दसवाँ अध्याय शस्त्रलक्षण है । यहाँ देवता के विभिन्न आयुधों का वर्णन है । इन आयुधों का प्रयोग देवता भक्त की रक्षा हेतु करें—यह प्रार्थना की गई है । चक्र, खड्ग, मुसल, शार्ङ्ग-धनुष, गदा, त्रिशूल, परशु, शक्ति, पाश, तोमर, वनमाला, अङ्कुश एवं छूरी आदि का विवेचन है (वरुण-पाश एवं त्रिशूल शिव से सम्बन्धित रक्षा अस्त्र है) । परशु ब्रह्मा का आयुध है (१-३१)। यहीं धनुर्वेद की रचना का भी विधान है । इसमें अस्त्र एवं शास्त्र दोनों के प्रयोग की विधि बताई गई है । ये शस्त्र पाँच प्रकार के बताए गए हैं । पाँच प्रकार के योद्धा इनका प्रभावी प्रयोग करते हैं । पाँच प्रकार की हाथ की मुष्टि (पकड़) निशाने पर लगाई जाती है (३२-५५)। अस्त्रशिक्षा के लिए चक्रमण्डल में दीक्षा आवश्यक है क्योंकि विष्णु ही समदल शस्त्रों के कुशल योद्धा है (५६-६४) । यहीं पर बृहस्पतिरात्र की चर्चा आयी है जो अनुपलब्ध है ।

सम्प्रति पञ्चरात्रागम की इस सनत्कुमारसंहिता का एकमेव संस्करण उपलब्ध होता है जो आड्यार ग्रन्थागार के शोधकेन्द्राध्यक्ष प्रोफसर वी. कृष्णमाचार्य महोदय द्वारा संशोधित एवं चेन्नइ से १९६७ ख्रिष्टाब्द में प्रकाशित संस्करण है । अतः इस संस्करण पर आधृत पाठ को ही यहाँ स्वीकार किया गया है । एतदर्थ इस संस्करण के सम्पादक के प्रति मैं प्रणतिपुरस्सर आभारी एवं कृतज्ञ हूँ ।

प्रस्तुत संस्करण के अन्त में सम्पूर्ण सनत्कुमारसंहिता की श्लोकार्धानुक्रमणिका प्रस्तुत की गई है । अन्त में एक शब्दानुक्रमणिका भी दी गयी है जो शोधकर्ताओं के लिए सहायक होगी । यथासम्भव यथामति ग्रन्थ की हिन्दी इदं प्रथमतया प्रस्तुत की गई है जो शुद्ध ही हो ऐसा नहीं है । कोई भी सर्वज्ञ नहीं है। त्रुटि होना स्वाभाविक है ।

पाञ्चरात्रागम के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या एवं सम्पादन करके मैं अपने आप को अत्यन्त भाग्यशाली मानता हूँ क्योंकि पाञ्चरात्रागमगत सिद्धान्तों एवं मन्त्रतत्त्व के मनन तथा उनके संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ । इस ग्रन्थ में जो कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे कुछ थोड़ा बहुत समझ सका हूँ, इनमें

मेरे पूज्य गुरुवर्य पं० हीरामणि मिश्र जी का ही कृपाप्रसाद है । इसके लिए मैं उनसे आशीर्वाद की कामना करता हूँ ।

इस ग्रन्थ के प्रकाशक चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ के श्री ब्रजमोहनदासजी गुप्त एवं श्री कमलेश कुमारजी गुप्त को धन्यवाद है । विशेष रूप से इस संस्था के भविष्यद्रष्टा चौथी एवं पाँचवीं पीढ़ी के चि० सचिन कुमार गुप्त एवं चि० कौशिक गुप्त को मेरा स्नेहाशीष है जिनके निरन्तर लगन और सतत प्रयास के फलस्वरूप इतना महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हिन्दी के साथ आज विद्वज्जनों के समझ आ पाया है ।

अन्ततः काशीपति भगवान् शङ्कर एवं माँ अन्नपूर्णा से करबद्ध प्रार्थना है कि इस पञ्चरात्रागम ग्रन्थरूप इस पत्रपुष्प से प्रसन्न होकर मेरे परिवार को समृद्धि प्रदान करें और मानवमात्र का अजस्र कल्याण करें ।

जितं ते पुण्डरीकाक्ष महापुरुष पूर्वज ।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश नमस्ते विश्वभावन ॥

उद्यत्कोटिदिवाकराभमनिशं शङ्खं गदां पङ्कजं
चक्रं बिभ्रतमिन्दिरावसुमतीसंशोभिपार्श्वद्वयम् ।
कोटीराङ्गदहारकुण्डलधरं पीताम्बरं कौस्तुभो-
द्दीप्तं विश्वधरं स्ववक्षसि लसच्छ्रीवत्सचिन्हं भजे ॥

जो निरन्तर उदीयमान करोड़ दिवाकर की कान्ति के समान प्रकाशमान हैं, शङ्ख, गदा, कमल और चक्र हाथों में धारण किए हैं, जिनके दोनों पार्श्व भाग (बाएँ) महालक्ष्मी और (दाएँ) भूमि देवी से शोभित हैं, जो मुकुट, अङ्गद, हार एवं कुण्डल धारण किए हुए हैं तथा जिनके कटितट पीताम्बर से एवं वक्षःस्थल कौस्तुभमणि से उद्भासित हो रहे हैं इस प्रकार वक्षःस्थल पर श्रीवत्स का चिन्ह धारण करने वाले विश्वाधर विष्णु का मैं भजन करता हूँ ।

तमेव विदित्वाऽतिमृत्यूमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ।

—यजु० ३१.१८

उन्हीं परब्रह्म परमात्मा को जानकर कोई भी मृत्यु का उल्लङ्घन कर सकता है, क्योंकि मोक्ष के लिए कोई अन्य मार्ग नहीं है ।

दीपावली २०१९ विद्वद्वशंवदः

निदेशक : महामना संस्कृत शोध संस्थान
शैवागम एवं पाञ्चरात्र आगम शोध योजना
बी. ३१/२१ ए, लंका, वाराणसी-५

सुधाकर मालवीयः

१. ब्रह्मरात्र का विषय संक्षेप

ब्रह्मरात्र में कुल एकादश अध्याय हैं। किन्तु प्रथम तीन अध्याय अनुपलब्ध हैं और चतुर्थ अध्याय भी आधा ही है।

ब्रह्मरात्र में चतुर्थ अध्याय समयाध्याय नामक है। यहाँ व्यवहार कहते हैं—उत्तमर्ण (धनि ऋणदाता) व्यवहार में वृद्धि (ब्याज) मूलधन के दूने से अधिक न लेवे। अभियोगी-लेख और साक्षी दोनों के अभाव में शपथ की मान्यता है। लेख भी दो प्रकार का कहते हैं—अपने हाथ के द्वारा लिखा हुआ तथा दूसरा दूसरों के हाथ से लिखा हुआ।

साक्षी (गवाह) पाँच प्रकार के कहते हैं—(१) लिखकर समझाने के बाद गवाही देने वाला, (२) स्मरण कराने पर गवाही देने वाला, (३) अपनी इच्छा से व्यवहारानुकूल गवाही देने वाला, (४) अपने को प्रगट न कर सर्वथा गुप्त रूप से गवाही देने वाला, (५) सबके पीछे सोच समझ कर गवाही देने वाला। इन पाँच प्रकार के गवाहों में पूर्व-पूर्व गवाह अधिक माननीय होते हैं।

विषपान, जल शपथ, तुला एवं परशुक्रिया और समय व शपथ के पाँच प्रकार माने गये हैं। इनमें ब्राह्मणों के लिये केवल समय रूप शपथ का विधान है। चक्र का शपथ, यागफल का शपथ और आचार्य का भी शपथ न देवें। उक्त शपथ लेने पर भगवान् स्वयं कुपित होते हैं। जिससे विनाश संभावित है। यदि कोई द्वेषवश इन शपथों के लिये किसी को विवश करे तो वही नरकगामी होता है।

सम्पत्ति के दो प्रकार हैं—प्रथम चल सम्पत्ति दूसरी अचल संपत्ति। दासी, दास, गौ, अश्व, अज, वस्त्र, शय्या एवं आसन ये सभी चल संपत्ति हैं। रत्न, भूमि, सोना आदि, बाग एवं आयतन अर्थात् तालाब आदि अचल सम्पत्तियाँ हैं। चर्म, कवच, ध्वज, छत्र, वस्त्र, शय्या तथा आसनादि चल वस्तुओं का विक्रयादि न करे। उक्त पदार्थों के प्रमादवश विक्रयादि करने से भोक्ता का विनाश संभावित है। पुत्र का ऋण पिता न दे। किन्तु पुत्र पिता का ऋण अवश्य दे। कामवशात् या क्रोधवशात् सुरापान, द्यूत एवं प्रातिभाव्य (जमानत पड़ने वाले का ऋण) में किया गया पिता का ऋण पुत्र न देवे।

१. दर्शनप्रतिभू (जामिन) मध्यस्थ, २. दानप्रतिभू और ३. प्रत्ययप्रतिभू ये तीन प्रकार के प्रतिभू कहे गये हैं। यदि पिता ने बिना किसी प्रतिभू (धरोहर) के तीनों प्रकार का ऋण लिया है तब पुत्र उन तीनों प्रकार के ऋण व्यवहार से मुक्त है।

पितृ संपत्ति के बटवारे में ज्येष्ठ का एक अंश अधिक होता है। अतः उसे निकाल कर, शेष संपत्ति में सभी भाई समान रूप से अपना-अपना भाग ग्रहण करें। यदि छोटे और बड़े दो ही भाई हों और छोटा तन्त्र में दीक्षित हो अथवा अनेक भाइयों में सभी तन्त्रज्ञ (दीक्षित) हों तब सभी ज्येष्ठ के बराबर ही अपना अपना प्रविभाग ग्रहण करें। यदि कोई दीक्षागृहीत अपुत्र है तो उसका समस्त धन आचार्य का होता है।

साधक आचार्य के साथ देन-लेन आदि का व्यवहार न करें और राजसभा में अर्थकामपरायण न होवे। देवता की संपत्ति, ब्राह्मण एवं अन्यों के भक्तों और हेतुवादी वर्गों से कारण पूछने वाले प्रत्यक्षवाही से भी व्यवहार (लेन-देन) न करे। जिस व्यक्ति ने दीक्षा नहीं ग्रहण की है वह धर्माध्यक्ष बनकर व्यवहार का निर्णय कदापि न करे। यदि व्यवहार निर्णय के लिये दीक्षित पुरुष न मिलें तो व्यवहार निर्णय के लिये वैखानस ब्राह्मणों को नियुक्त करे। यदि वैखानस ब्राह्मण भी न मिलें तो जिन्होंने दीक्षा ली हो ऐसे ब्रह्मचारियों को नियुक्त करे। उनके भी अभाव में अकेले आचार्य को ही व्यवहार का निर्णय करना चाहिये।

दीक्षित आचार्यों के भी अभाव में वैष्णवों को व्यवहार निर्णय के लिये नियुक्त करना चाहिए, क्योंकि विष्णु से अतिरिक्त देवताओं में भक्ति रखने वाले ब्राह्मण की अपेक्षा चाण्डाल वैष्णव भी अधिक श्रेष्ठ है। दो अथवा तीन ही वैष्णव जन जो निर्णय देते हैं वह वैष्णवातिरिक्त सहस्त्रों जनों की अपेक्षा श्रेष्ठ धर्म कहा जाता है।

अब जप का विधान कहते हैं—वक्त्र, उपांशु और मानस तीन प्रकार के जपों का विधान है। स्पष्ट उच्चारण के साथ किया जाने वाला जप का फल सौगुना, उपाशु जप का फल सहस्रगुणा और स्वराक्षर समन्वित मानस जप का फल दश हजार गुना होता है। जप के लिये पुत्रजीव की, कवलगट्टा की, सुवर्ण की तथा ग्रन्थियुक्त कुशा की गुटिका से बनी हुई माला की गणना की गई है। पुत्रजीव की माला से जप करने पर सौगुना, कवलगट्टे की माला द्वारा जप करने पर सहस्त्रगुना तथा सुवर्ण निर्मित माला से जप करने का फल लक्षगुना होता है।

१. गर्भधानादि संस्कार कहते हैं—मनुष्य पत्नी के ऋतुमती होने पर एकान्त में उसके साथ रमण करे। पत्नी ऋतुकाल उपस्थित होने पर प्रारम्भ से तीन दिन तक अत्यन्त एकान्त में रहे, दिन में शयन न करे। चौथे दिन अर्धरात्रि में उसकी इच्छा से पति उसके दोनों नेत्र वस्त्र से बाँध देवे। तदनन्तर अग्नि संस्कार कर अपनी दाहिनी ओर उसे बैठावे। स्त्री के नेत्र पर बँधे हुये वस्त्र पटल को हटा कर चक्र मण्डल का दर्शन करावे। विष्णु के मूलमन्त्र द्वादशाक्षर

मन्त्र (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय) से घी द्वारा हवन कर विष्णु गायत्री से हुतशेष अपनी प्रियतमा पत्नी को पिलावे। आचमन करा कर पूर्ववत् अपनी दाहिनी ओर उसे बैठावे। फिर प्रसूतिमुद्रा से उस प्रियतमा के नेत्र, हृदय और नाभि का स्पर्श करे। उसके कान में धीरे मन्द-मन्द स्वरों में यह मन्त्र पढ़ कर सुनावे।

'जितं ते पुण्डरीकाक्ष! महापुरुषपूर्वज! ।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश! नमस्ते विश्वभावन! ॥

२. गर्भाधान के पश्चात् तीसरे महीने में कल्याणकारी पुंसवन 'पुं सूयतेऽस्मिन्निति पुंसवनम्' जिससे पुरुष की उत्पत्ति होती है उस संस्कार का नाम पुंसवन है उस संस्कार को करे। पुरुषसूक्त से सौ बार घृत और चरु (हवि के लिये पकाया गया अन्न) के द्वारा हवन कर स्त्री के दाहिने नासा पुट में वट का अङ्कुर डाल कर द्वादशाक्षर मन्त्र पढ़कर उसका सेचन करे।

३. षष्ठ महीने में मन्त्र विचक्षण विद्वान् सीमन्त संस्कार करे। तीन व्याहृति पढ़कर त्रिशुक्ला से स्त्री के शिर में क्रमशः सीमन्त निर्माण करे। इसके बाद साधक आठवें महीने में पुरुष सूक्त पढ़कर पायस चरु की आहुति प्रदान कर विष्णु के लिये क्रमशः उन-उन मन्त्रों से आठ बार बलि प्रदान करे और 'जितं ते' मन्त्र को पढ़कर स्त्री के उदर का स्पर्श करे।

४. पुत्र उत्पन्न हो जाने पर उसे प्राशन करा कर शुद्ध करे। दश दिन तक सूतक रहने के पश्चात् द्वादशाह के दिन उसका प्रकट रूप से नामकरण करे।

५. छठे महीने में विधिवत् अन्नप्राशन करावे। पुरुष सूक्त से चरु का होम करे तद्धुत शेष चरु को विष्णु गायत्री से प्राशन करावे।

६. तीसरे वर्ष में बालक का चूड़ाकर्म करे। विष्णु गायत्री से सौ बार हवन करे। फिर सिर के दक्षिण भाग के केश को द्वादशाक्षर मन्त्र से पानी से भिंगोकर उसमें कुशा का अङ्कुर बाँधे और सावधानी से नये छुरे द्वारा आचार्य प्रणव मन्त्र पढ़ते हुये उसका वपन करावे। उस केश को गोमय में स्थापित करे। सिर के शेष तीनों भागों में कुशाङ्कुर बाँधकर वपन कर गोमय में स्थापित करे। नापित के द्वारा समस्त केश मुण्डन करा कर कुमार को स्वस्तिवाचन कराकर विष्णु मन्त्र से उसे स्नान करावे। द्वादशाक्षर मन्त्र से १२ बार चरु का होम करे। स्विष्टकृत होम कर अग्नि का विसर्जन करे।

७. उपनयनसंस्कार का त्रैविध्य काल कहते हैं—ब्राह्मण के उपनयन संस्कार का काल पञ्चम अथवा अष्टम वर्ष में कहा गया है। क्षत्रिय जातक का काल ग्यारहवें वर्ष में होता है तथा वैश्य का काल बारहवें वर्ष में कहा गया है। इन तीनों वर्णों की उपनयन क्रिया शास्त्र में १६ वर्ष तक कही गई है। १. वैदिक, २. तान्त्रिक और ३. वैदिक-तान्त्रिक ये तीन उपनयन की पृथक् पृथक् विधियाँ हैं। ब्राह्मण के उपनयन की विधि वैदिक कही गयी है। क्षत्रिय के उपनयन की विधि वैदिक-तान्त्रिक है। वैश्य के उपनयन की विधि तान्त्रिक कही गयी है, अथवा सभी के उपनयन की विधि तान्त्रिक होती है। विष्णु-गायत्री ही वैदिक-तान्त्रिक विधि सम्मत कही गयी है। केवल वेद में कहे गये मन्त्र वैदिक विधि के मूल मन्त्र हैं।

प्रतिलोम की परिभाषा कहते हैं—नीचे वर्ण के लिये कहे गये मन्त्रों का ऊपर वाले वर्ण के लिये किया गया व्यवहार प्रतिलोम कहा जाता है। अपने-अपने लिये विहित मन्त्रों से ही होम करे या अनुलोम विधि से होम करे। ब्राह्मण का यज्ञोपवीत कृष्णमृग चर्म का अथवा सभी के लिये कृष्ण मृग चर्म धारण की विधि विहित है।

ब्राह्मण को पालाश दण्ड, क्षत्रिय को विल्व दण्ड एवं वैश्य को गूलर का दण्ड प्रदान करे। विष्णु-गायत्री अथवा सूर्य-गायत्री का उपदेश करे। उपनयन के बाद उपनीत कुमार को वेदाध्ययन करावे और वेद की शिक्षा के पश्चात् गोदान करे। फिर विवाह करे।

अशौच काल कहते हैं—ब्राह्मण के लिये दश दिन का अशौच लगता है। क्षत्रिय के लिये बारह दिन का और वैश्य के लिये पन्द्रह दिन का तथा शूद्र के लिये एक मास का अशौच होता है। चिता में अग्नि लगाने के दस दिन बाद श्राद्ध विधिपूर्वक करे ८२।

ब्रह्मरात्र में पञ्चम अध्याय वर्णाचारविधिक्रम नामक है। यहाँ चारो वर्णों का विचार एवं समयाध्याय के पश्चात् वर्णों के आचार की विधि का क्रम कहा गया है।

अनुलोम प्रतिलोम कहते हैं—ये सभी विष्णु के शरीर से क्रमशः मुख, बाहू ऊरु और पाद से उत्पन्न हुये हैं। अनुलोमज जिसका पिता ऊँचे वर्ण का और माता उससे नीचे वर्ण की हो वह अनुलोमज तथा जहाँ माता उच्च वर्ण की हो एवं पिता नीच वर्ण का हो वह प्रतिलोमज कहा जाता है। चार आश्रम एवं वैष्णवदीक्षा वर्णाश्रम से बहिष्कृत जन संस्कार की योग्यता नहीं रखते। ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास इन्हें क्रमशः आश्रमी समझना चाहिये जो विष्णुमण्डल में दीक्षित रहते हैं।

इस तन्त्र में (१) ब्रह्मचारी, (२) लिङ्गी, (३) शिष्य और (४) उपासक ये चार ब्रह्मचारी के भेद कहे गये हैं। १. दण्ड एवं अजिन धारण करने वाला, नित्य वेदाध्ययन में तत्पर, खारा नमक न खाने वाला, भिक्षा माँग कर भोजन

करने वाला और मित भोजन करने वाला पुरुष ब्रह्मचारी कहा जाता है। २. जो सभी कर्मों को त्यागकर भिक्षा का भोजन करता है, स्वल्पाहारी है, शङ्ख, चक्र, गदा, शार्ङ्ग, श्रीवत्स, कौस्तुभ की मूर्त्ति अथवा गरुड़ की मूर्त्ति बना कर उसे धारण करता है उस ब्रह्मचारी को लिङ्गी कहते हैं। ३. जो भिक्षाहारी साधक मिताहारी गुरु के कार्य में जागरुक शुश्रुषा से अपने उपाध्याय को संतुष्ट करता है तथा स्वयं विष्णु पूजन में लगा रहता है उस ब्रह्मचारी को शिष्य कहते हैं। ४. तीनों कालों में विष्णु की पूजा करने वाला अन्य सभी लौकिक कार्यों का परित्याग करने वाला जप होम में लगा रहने वाला विहित ग्रन्थों का निरन्तर स्वाध्याय करने वाला तीनों कालों में स्नान करने वाला अष्टाक्षर (ॐ नमो नारायणाय) का जप करने वाला ब्रह्मचारी उपासक कहा जाता है।

गृहस्थ के भेद—१. व्रती २. गृहस्थ ३. आढ्य और ४. आचार्य ये चार प्रकार के गृहस्थ कहे जाते हैं। १. व्रत उपवास में लगा रहने वाला, नियमित रूप से विष्णु का अर्चन करने वाला, ऋतुकाल में स्त्रीगामी, मिताहारी, नक्तभोजी (दिन के अष्टम भाग में भोजन करने वाला) गृहस्थ व्रती कहा जाता है। २. व्रत उपवास में निरत देवाराधन में लगा हुआ संहिता के स्वाध्याय में युक्त तथा अपने शिष्यों का भरण करने वाला केवल अपनी स्त्री से संतुष्ट रहने वाला मनुष्य गृहस्थ कहा जाता है। ३. सभी प्रकार के अतिथियों का सत्कार करने वाला काम, क्रोध से रहित, नित्य अन्नदान करने वाला, भगवान् का भक्त, पर्व पर्व पर यज्ञ करने वाला गृहस्थ आढ्य कहा जाता है। ४. भगवद् भक्तों का भरण पोषण करने वाला, वैदिक तान्त्रिक यज्ञ यागादि अनुष्ठानादि प्रयोगों में निपुण, नित्य अंग्निहोत्र करने वाला, क्रोधरहित, गृहस्थ आचार्य कहा जाता है।

वनवासियों के भेद—वनवासी (वानप्रस्थ आश्रम वाला) साधक १. वैखानस, २. तन्त्री, ३. गुरु एवं ४. निष्कल भेद से चार प्रकार का कहा गया है। १. पुत्र दारसमन्वित, खारा (समुद्री) नमक न खाने वाला, सावधानी से अपने स्वयं आश्रम में, अथवा अपने गृह में रहने वाला, केवल संहिता का व्याख्यान करने वाला, अन्य लौकिक कार्य से रहित वनवासी साधक वैखानस कहा जाता है। २. अग्राम्य वस्तुओं से अपना निर्वाह करने वाला, तीनों काल विष्णु पूजन करने वाला, केवल तान्त्रिक मन्त्रों से जप होम करने वाला, वल्कल और अजिन धारण करने वाला वनवासी तन्त्री कहा जाता है। ३. तीनों काल में स्नान करने वाला मूल फल का भोजन करने वाला, सर्वदा अनिश्चित स्थान में निवास करने वाला, द्वादशाक्षर मन्त्र के तत्त्व का ज्ञाता वनवासी गुरु कहा जाता है। ४. अष्टाक्षर मन्त्र में भक्ति रखने वाला, दिन के आठवें भाग में भोजन करने वाला, यदृच्छालाभ से संतुष्ट, शीत वातादि द्वन्द्वों को सहन करने वाला,

ईर्ष्या,रहित वल्कल और अजिन धारण करने वाला, तीनों काल में विष्णु की आराधना करने वाला वनवासी निष्कल कहा जाता है।

यति भेद—१. हंस, २. परमहंस, ३. भगवान् और प्रभु ४. ये चार प्रकार के यति इस तन्त्र में कहे गये हैं। १. नित्य शङ्ख चक्र धारण करने वाला यति, एक दण्डी, भिक्षान्नभोजी, सर्वदा विष्णु के आराधन में तत्पर यति 'हंस' कहा जाता है। २. नित्य अकेले रहने वाला, अपने आश्रम के नियम को पालन करने वाला, एक मात्र दण्ड धारण करने वाला, ध्यान-ज्ञान में लगा हुआ, अद्वैतवादी यति 'परमहंस' कहा जाता है। ३. तन्त्र कर्म में परिनिष्ठित, नित्य शङ्ख, चक्र, त्रसी (आसन), शिक्य (शिकहर), कमण्डल धारण करने वाला, वासुदेवपरायण, त्रिदण्ड, योगपट्टिका धारण करने वाला, अष्टाक्षर का जप करने वाला यति 'भगवान्' कहा जाता है। ४. उपर्युक्त वस्तुओं को धारण करते हुये अष्टाक्षर मन्त्र का जप करने वाला, त्रिदण्डधारण करते हुये भगवान् गरुड़ध्वज को वहन करते हुये इन्द्रयाग से देवेश विष्णु की अर्चना करने वाला, आत्मज्ञ, तीनों कालों में आराधना में तत्पर यति 'प्रभु' कहा जाता है।

अब वैष्णव सदाचार का वर्णन है—दोनों अयन, विषुव, सङ्क्रान्ति, द्वादशी, श्रवण नक्षत्र, जन्मपर्व, आर्द्रा नक्षत्र एवं नवमी तिथि में ग्राम्य धर्म (मैथुनादि) वर्जित करे। मुख में जितना समा सके उतना ही अन्न का ग्रास लेवे अतिरिक्त अधिक अन्न का ग्रास कदापि न लेवे । भोजन करते समय हँसना नहीं चाहिये, उद्विग्न न होवे और खड़ा होकर भी भोजन न करे। स्नान कर पञ्चोपनिषद् का जप करे। पञ्चोपनिषद् (द्र. ७. ९३) ।

स्नान की विधि कहते हैं—वैदिक (१) और (२) तान्त्रिक दो प्रकार का स्नान कहा गया है। वैदिक स्नान वैदिक ग्रन्थों में कहे गये हैं। मृत्तिका, गोमय, कुशा, पुष्प, तिल जितनी आवश्यकता हो उतना लेकर नियमतः स्नान तान्त्रिक स्नानविधि है। स्नान मुद्रा से नदी के प्रवाह के विपरीत मुख कर प्रणव पढ़कर जल में डुबकी लगावे, मिट्टी को समतल बना कर अङ्ग में लेपन करे। मिट्टी लेप के पश्चात् पुनः सूर्य की ओर मुखकर स्नान करे। फिर धीरे-धीरे प्रणव पढ़कर गोमय का अनुलेप करे। पुनः धारा के विपरीत स्नान करे। जल के भीतर एक हजार बार अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे।

अब मुद्रा देवता के स्थान के विषय में कहते हैं—ईशानकोण में घषोत्कच नाम के, आग्नेयकोण में ऋग्विधाता नाम के, नैर्ऋत्य में अर्किमर्त्य नाम के मुद्रा देवता तथा वायव्य में महाश्वेत नाम के मुद्रादेवता स्थित हैं। इनके आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः (ॐ घषोत्कचाय नमः, ऋग्विधाताय नमः, अर्किमर्त्याय नमः, महाश्वेताय नमः इत्यादि) लगाकर क्रमशः तीन-तीन बार पृथक्-पृाक् जप करे।

इसके पश्चात् मुद्रा के आठ अक्षर (ॐ घषोत्कचाय नमः इत्यादि) एवं अष्टाक्षर मन्त्र से प्रदक्षिणा कर दोनों भुजाओं को ऊपर उठाकर एकाग्र हो सूर्य का दर्शन करे। तदनन्तर विष्णुगायत्री अथवा अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे। फिर द्वादशाक्षर मन्त्र का सौ बार पूर्वजप से अलग-अलग जप करे। इसके बाद नारसिंह मन्त्र का जप कर प्रदक्षिणा करे। कुशा तिल सहित जल लेकर पितरों का तर्पण करे।

अब पितृतर्पण कहते हैं—तर्पण के लिये ग्रहण किये गये जल से प्रत्येक देवता और पितरो के लिये दो-दो अञ्जलि जल देनी चाहिये। देवता-पितृगण फिर मरे हुये पितृगण तदनन्तर वैष्णव माताओं के पुत्रों का अलग-अलग तर्पण करे। इनका तथा जो जीते-जीते ही मरे हुये दक्षिण दिशा (यमलोक) का आश्रय लिये हुये हैं उनका भी तर्पण करे। पितरों को ऋण से मुक्त करने के लिये साधक विष्णु दीक्षा अवश्य लेवे। पितर बाजा बजाते हैं और पितामह नाचते हैं। सर्व देवतर्पण, तदनन्तर पितृ तर्पण के मन्त्र कहे गये हैं। परमेष्ठी ने इस तन्त्र में तीन संध्याओं का वर्णन किया है। जपकाल में जप मन्त्र के ऋषि, छन्द तथा देवता पढ़कर विनियोग करे और जपमुद्रा बनाकर जपमाला हाथ में लेवे। प्राणायाम करने की स्थिति में प्रणव की पाँच मात्रा में तथा अध्ययनकाल में प्रणव का उच्चारण तीन मात्रा में करे। साधक जपनीयमन्त्र को प्रणव से वेष्टित कर जप करे। यदि प्रणवमन्त्र से वेष्टित मन्त्र नहीं है तो उस मन्त्र का फल राक्षस और असुर ले लेते हैं। इसके बाद साधक चक्रमन्त्र से सन्ध्योपासन समाप्त करे। फिर सूर्य के चार मन्त्रों से तीन बार प्रदक्षिणा करे। मन्त्रवेत्ता तीन मन्त्रों से सूर्योपस्थान करे। दाहिने हाथ के अंगूठे का मूलभाग ब्राह्मतीर्थ कहा जाता है। अङ्गुलियों का मूल कायतीर्थ है तथा उन सभी का अनुभाग देवतीर्थ और हाथ के मध्य का भाग पितृतीर्थ कहा जाता है। पैतृक तीर्थ से जल पीवे, ब्राह्मतीर्थ से मार्जन करे। यदि अन्यों को भी तृप्त करने की इच्छा हो तो साधक देवतीर्थ से अपना शरीर स्पर्श करे।

प्रथम आचमन से पिता, द्वितीय आचमन से पितामह तथा तीसरे आचमन से प्रपितामह संतुष्ट होते हैं। प्रथम ब्रह्मतीर्थ के मार्जन से ब्रह्मा, द्वितीय मार्जन से प्रजापति तथा तृतीय मार्जन से तीनों देवता प्रसन्न हो जाते हैं ऐसी श्रुति है। दोनों नेत्र के स्पर्श से चन्द्रमा और सूर्य, दोनों नासिका के पुटों के स्पर्श से त्रयी (वेद) संतुष्ट होते हैं। दोनों कानों के स्पर्श से दोनों अश्विनीकुमार प्रसन्न होते हैं। दोनों भुजाओं के स्पर्श से समस्त पर्वत और नाभि के स्पर्श से विष्णु प्रसन्न होते हैं, ऐसी श्रुति है। हृदय स्पर्श से महाविष्णु शिर के स्पर्श से सदाविष्णु प्रसन्न होते हैं। अंगूठा तथा अनामिका अङ्गुलि से नेत्र का स्पर्श अङ्गुष्ठ तर्जनी से नासिका के दोनों छिद्र अङ्गुष्ठ और कनिष्ठा से दोनों श्रोत्र तथा केवल अंगूठे से

दोनों बाहुल्यों का स्पर्श करे। मध्यमा से नाभि तथा चारों अङ्गुलियों से हृदय पाँचों अङ्गुलियों से सिर इस प्रकार दो बार स्पर्श कर जल पान करे। सभी कर्मों में इस प्रकार आचमन कहा गया है।

अब आचार्य सेवा की विधि कहते हैं—१. समयी, २. पुत्रक, ३. साधक और ४. आचार्य ये चारों आश्रम में होते हैं। १. इन चारों आश्रमों में समयी प्रमुख चार आचार्य होते हैं। जिन्होंने केवल दीक्षा ली है जो केवल समय धर्म का पालन करते हैं जिन्हें तन्त्रशास्त्र का ज्ञान नहीं है जो विष्णु की अर्चा से रहित हैं वे समयी कहे जाते हैं। २. सभी दीक्षितों के लिये जो पुत्र के समान प्रिय हैं, दीक्षित है और जिन्हें किसी प्रकार की माया नहीं है वे पुत्रक कहे जाते हैं। ३. मन्त्र के रहस्य को जानने वाला साधक है, तन्त्रपाठ में विलक्षण देवाराधन में तत्पर, सर्वदा देवपरायण तथा देवपूजा के द्वारा अपना समस्त कार्य सिद्ध करने वाला साधक कहा जाता है। ४. तन्त्र-मन्त्र में विशारद, तन्त्र के मन्त्रों का और संहिता के सभी स्थानों का व्याख्यान करने वाला तथा शिष्यों को संस्कृत बनाने वाला आचार्य कहा जाता है। सभी समयस्थों से साधक श्रेष्ठ है और सभी साधकों से 'आचार्य' श्रेष्ठ है।

अब साधक एवं आचार्यों के सदाचार कहते हैं—व्याख्यान करना, व्याख्यान सुनना, जप एवं स्तुति करना, शब्द तन्मात्र विद्या से संभाषण करना, पुरुषसूक्त से चरु निर्माण करना, रसतन्मात्र विद्या से भोज्य, पेय, लेह्य पदार्थ का निर्माण करना, गन्धतन्मात्र विद्या से गन्धानुलेपादि साधक एवं आचार्यों के सदाचार है। आचार्य गुरु का ध्यान करना, अपने गुरु को सर्वाधिक देवता मानना, उन्हीं के द्वारा कहे गये समस्त कर्मों का आचरण करना, इतना ही नहीं उन्हें बिना निवेदन किये अपना कोई आवश्यक कार्य न करना, सभी प्रधान कार्य उन्हीं के लिये करे और छाया के समान उनके पीछे-पीछे सर्वदा अनुगत होकर चलना साधक एवं आचार्यों के सदाचार कहे गये हैं। उनका पैर दबाना, जब सो जावें तब स्वयं भी शयन करना, सोई अवस्था में, देवपूजा में, सूर्य पूजा में, अग्निहोत्र में ऐसी स्थिति में शिवपूजा में, जल में, विष्णुपूजा में एवं धान्य स्थान में पाद संवहन करना साधक एवं आचार्यों के सदाचार हैं। सोने के बाद उठकर भगवान् नारायण का ध्यान कर उनके गुणों का वर्णन करे। इस प्रकार के आचार का सदा आचरण करने वाला साधक विष्णुपुर में जाता है।

ब्रह्मरात्र में षष्ठ अध्याय प्रतिष्ठाविधि नामक है। यहाँ सर्व प्रथम साधक देवालय के आगे मण्डप निर्माण करे और मण्डप निर्माण कर उसका अलङ्करण करे। उस मण्डप को चार द्वारों एवं चार तोरणों से भूषित करना चाहिये। यज्ञ के लिये जितनी आवश्यकता हो उतना बड़ा मण्डप अथवा दश हाथ के परिमाण

का मण्डप बनाना चाहिये अथवा याग मण्डप के लिये धर्मशास्त्रों में उत्तम मध्यम जितने प्रमाण कहे गये हैं उसके अनुसार वह उतने प्रमाण का मण्डप निर्माण करे। उसके बाहर चारों ओर हरे-हरे वृक्ष की शाखाओं से घेर कर उसे निश्छिद्र बनावे। मण्डप के तोरण-केतु, कलश तथा दौवारिकों के नाम जैसे पहले कह आये हैं उसी प्रकार करे। प्रासाद (देवतायतन) तथा मण्डप को चारो ओर से घेर देवे।

अब शयनवेदिकामान कहते हैं—उसे भी अच्छी तरह पटल लगाकर निश्छिद्र बनावे। पूर्व में कहे गये सोलह खम्भों वाले मण्डप में चार खम्भा के बीच हाथ के मध्यमा अङ्गुलि तक नापी गई दश ताल लम्बी उतनी ही चौड़ी शयन वेदी बनावे। उस वेदी के चारों ओर एक हाथ ऊँची चौकोर समतल और चिकनी अग्नि का आयतन निर्माण करे।

अब वेदिकाकुण्ड का मान कहते हैं—पूर्व का आयतन (कुण्ड) चौकोर, दक्षिण का आयतन धनुषाकार, पश्चिम का गोला तथा उत्तर का आयतन त्रिकोण होना चाहिये। उनका विस्तार प्रमाण दो ताल लम्बा, दो ताल चौड़ा तथा उतना ही गहरा होना चाहिये। यदि वेदी हो तो तीन ताल के परिमाण वाली हो, वे सभी वेदियाँ प्रासाद के चारों ओर कुछ दूर चौकोर बनानी चाहिये। इसी प्रकार आठों दिशाओं में क्रमशः वह्नि का आठ आयतनों का निर्माण करे। उनका विस्तार तीन-तीन ताल का अथवा एक-एक ताल का होना चाहिये।

अब वेदिका कलश का मान कहते हैं—फिर जो काले न हो, फूटे-टूटे नहीं जिनके बजाने से ठीक शब्द निकले और जो अच्छी तरह परिपक्व हो, समतल विस्तृत और ऊँचे हो, जिनके कान तीन अङ्गुल अथवा दो अङ्गुल हो, उनके मुख की गोलाई एक अङ्गुल अथवा दो अङ्गुल हो ऐसे कलश स्थापित करना चाहिये। कलशों की ऊँचाई का मान तथा उनके विस्तार का मान कहा गया है।

अब वेदिकाच्छादन कहते हैं—शयन क्षौम एवं कपास तथा ऊनी के भेद से तीन प्रकार का कहा गया है। इन सभी शयनों के ऊपर व्याघ्र चर्म का आच्छादन होना चाहिये अथवा क्षौम से बना आच्छादन होना चाहिये अथवा अपनी शक्ति के अनुसार शयन का आच्छादन करे। मन्त्र वेत्ता वेदिका के मध्य में शयन स्थान निर्माण करे।

अब कर्मार्चा स्थापनार्चा कहते हैं—१. कर्मार्चा और २. स्थापनार्चा दो प्रकार की कही गई है। जो पूर्व में प्रासाद में स्थापित करने के लिये मही आदि की प्रतिमा निर्मित हो उसे स्थापनार्चा समझना चाहिये। जो रत्न के न्यास (पीठ) पर स्थित रहती है और लोहादि की निर्मित प्रतिमा होती है वह यहाँ कर्मार्चा

कही गई है। कर्मार्चा के स्नान के लिये उस मण्डप के ईशानकोण में चार खम्भे वाला एक अलग मण्डप निर्माण करे।

अब वेदिका प्रमाण कहते हैं—उस मण्डप में साधक एक हाथ लम्बी चौड़ी वेदी निर्माण करे। उसकी ऊँचाई एक वित्ते की हो तथा स्नान के लिये वह वेदिका आसन से युक्त हो। उस वेदिका के उत्तर एक हाथ का लम्बा चौड़ा श्वभ्र (गड्ढा) निर्माण करे और वेदिका के ऊपर चार अङ्गुल विस्तार वाली कुल्या निर्माण करे। उस मण्डप को वितान वस्त्र से आच्छादित करे तथा अक्षत, गन्ध, शुभ फलों से एवं अनेक अलङ्कारों से अलङ्कृत करे। उस मण्डप को यथा लाभ वस्तुओं इधर-उधर अलङ्कृत कर, सभी तोरणों पर मालायें लम्बित करें। आतोद्य वादन मण्डप के बाहर अवनद्ध घन-तत और सुषिर चार प्रकार के बाजे बजवावे। चाम से आच्छादित बाजे अवनद्ध कहे जाते हैं जैसे मृदङ्ग आदि। तालादि घन कहे जाते हैं और तन्त्रीकृत (वीणा, सितार) तत कहे जाते हैं। बाँस की बनी हुई वंशी आदि सुषिर कहे जाते हैं, इस प्रकार बाजों के चार भेद कहे जाते हैं।

अब निषिद्धजनों का बहिष्कार कहते हैं—नास्तिकों (मर्यादा का उल्लङ्घन करने वाले) देव ब्राह्मण की निन्दा करने वाले, पाषण्डियों उनके भक्तों तथा पाषण्ड से जीविका करने वाले एवं दीक्षाविहीन लोगों को दूर भगा देवे। इसके बाद कार्यारम्भ करे। प्रतिष्ठा आराधनादि में १. वैदिक, २. तान्त्रिक तथा ३. वैदिक-तान्त्रिक ये तीन प्रकार के कर्म कहे गये हैं। ब्राह्मणों के लिये वैदिक कर्म, क्षत्रियों के लिये वैदिक युक्त तान्त्रिक कर्म तथा वैश्य एवं शूद्रों के लिये तान्त्रिक कर्म का विधान है या सभी के लिये तान्त्रिक कर्म विहित हैं।

अब कलश स्थापनावाहनादि कर्म कहते हैं—इसके बाद चारो द्वारों पर आठ अर्थात् दो-दो कलश स्थापित करे जो गन्धतोय से परिपूर्ण हो, सूत्रों से परिवेष्टित हो और रत्न युक्त तथा ढक्कन से युक्त हों। उनके मुख में पञ्चपल्लव अर्थात् अश्वत्थ, पाकड, बरगद, उदुम्बर एवं आम युक्त हो।

'ऋग्वेदं विष्णुः' इस मन्त्र से पृथक्-पृथक आठों कलशों को चारों द्वारों पर स्थापित करे। इसी प्रकार पूर्व से प्रारम्भ कर उत्तर दिशा पर्यन्त अष्टाक्षर युक्त अष्टाक्षर मन्त्र से साधक धान्य राशि पर पृथक्-पृथक् आठो दिशाओं में उन सूत्र परिवेष्टित कलशों को स्थापित करे। साधक पूर्व दिशा से अञ्जलि बाँध कर प्रणाम करते हुये सर्वत्र अक्षत विकिरण करे। देवायतन के पश्चिम भी बारह बार अक्षत छोड़े। पालिकास्थापन कहा है सभी के पूर्वयाग से यथाक्रम पश्चिम तक पालिका स्थापित करे। इसके बाद स्नान वेदी के पश्चिम कलश स्थापित करे। सर्व प्रथम स्नान वेदी के चारों ओर मण्डप का चौकोर लेप करे, उसे अक्षत से भूषित करे। फिर साधक १७ उत्तम लक्षण वाले कलशों को इस प्रकार के द्रव्यों से पूर्ण करे।

ब्रह्मा के लिये मध्य में कलश रख कर आठ-आठ कलशों को दो आवरण में गोलाकार आठो दिशाओं में स्थापित करे । इन १७ कलशों को पाद्य से आरम्भ कर यवोदकान्त इस प्रकार स्थापित करें। बाहर के आवरण में पूर्व के कलश में पाद्य, दक्षिण के कलश में अर्घ, पश्चिम कलश में आचमनीय, उत्तर के कलश में पञ्चगव्य, आग्नेय मैं घृत, नैर्ऋत्य में दधि स्थापित करे और वायव्य के कलश में दूध, ईशान कोण के कलश में मधु अष्टाक्षर मन्त्र से पृथक्-पृथक् स्थापित करे। भीतरी आवरण में स्थापित पूर्व कलश में कषाय (सुगन्धित रस), दक्षिण के कलश में गर्म जल, पश्चिम के कलश में रत्न, उत्तर के कलश में फलोदक, आग्नेय कोण के कलश में लोहा, नैर्ऋत्य कलश में मार्जनद्रव्य वायव्य में गन्धोदक, ईशान कोण के कलश में अक्षत और मध्य के ब्राह्म कलश में यवोदक स्थापित करे।

एक बेर विधि कहते हैं—कर्मार्चा अथवा स्थापनार्चा स्नानपीठ पर ही को यदि एक बेर का विधान हो तब कर्मार्चा विधि करे। पत्थर की, मणि की तथा लोहे की बनी मूर्त्ति जहाँ स्थापित करनी हो और जिसे वैदिक रीति से स्थापित की जावे उसे एक बेर विधि कहते हैं।

बहुवेरविधि कहते है—पूर्व में कही गई मिट्टी की प्रतिमा अथवा काठ की बनी हुई प्रतिमा जहाँ दैविक विधि से स्थापित की जावे उसे बहुवेरविधि कहते है। बहुवेरविधि से स्थापन में क्रमशः अनेक देव परिवार होते हैं। किन्तु एक बेर विधि में केवल एक प्रतिमा ही रहती है। लिङ्ग की स्थापना में भी क्रमशः इसी विधि का क्रम है। लिङ्ग भी तीन प्रकार के कहे गये हैं। १. ब्राह्मलिङ्ग २. शाङ्कर लिङ्ग ३. वैष्णवलिङ्ग ये त्रिदैवत लिङ्ग होते है। इसके अतिरिक्त एक चतुर्थ लिङ्ग भी कहा गया है। ब्राह्मलिङ्ग में मूलभाग स्थूल होता है और शाङ्कर लिङ्ग शिर प्रदेश में स्थूल होता है। किन्तु वैष्णव लिङ्ग सर्वत्र समतल कहा गया है। इसके बाद चतुर्थ लिङ्ग भी है जो एकवेर विधि में नहर की धारा के समान बनाया जाता है। यह लिङ्ग एकवेर विधि में ही बनाना चाहिये। जहाँ बहुवेर का विधान हो वहाँ निर्माल्य कुल्यका प्रतिमा नहीं बनानी चाहिये। बहुवेरविधि में कर्मार्चा में लोहे की लिङ्ग प्रतिमा होनी चाहिये।

पुरुषसूक्त से तत्तद् द्रव्यों से स्नपन करे। पूर्व में कुशाओं का अग्रभाग रखकर उसी पर प्रतिमा रखनी चाहिये। फिर षोडश आवरण में स्थापित एक-एक पाद्यादि के कलशों को उठाकर पुरुषसूक्त के सोलह ऋचाओं के एक-एक ऋचा से क्रमशः विस्तारपूर्वक प्रतिमा पर सभी पाद्यादि प्रदान करे। स्नान के लिये कहे गये द्रव्य आगे शिवरात्र प्रकरण में कहेंगे। मन्त्रवेत्ता विद्वान् प्रथम ऋचा से पाद्य प्रदान करे। द्वितीय ऋचा से अर्घ्य, तृतीय ऋचा से आचमन, चतुर्थ से पञ्चगव्य, पञ्चम से घृत, षष्ठ से दधि, सातवें से दूध, अष्टम से मधु, नवम से कषाय

जल, दशम से उष्ण जल, एकादश ऋचा से रत्न का जल, द्वादश ऋचा से फलोदक, तेरहवीं ऋचा से लौहजल, चौदहवीं ऋचा से मार्जन, पन्द्रहवीं ऋचा से गन्धजल, सोलहवीं ऋचा से अक्षतयुक्त जल और यवोदक देकर प्रतिमा को स्नान करावे। मानस्तोके और अष्टाक्षर मन्त्र से साधक स्नान करावे, अथवा केवल अष्टाक्षर मन्त्र से प्रतिमा को स्नान करावे। इस प्रकार स्नान कराने के पश्चात् साधक बीजमुद्रा प्रदर्शित करे। वैष्णवों से पुण्याहवाचन करावे। इस पुण्याहवाचन की सुवर्ण, वस्त्र एवं तिल दक्षिणा होती है।

तदनन्तर आचार्य चार, आठ अथवा बारह वैष्णवों के साथ प्रतिमा पूजन कर वस्त्र से उस प्रतिमा को वेष्टित करे। सुवर्ण सूत्र तथा सुवर्ण निर्मित कटि सूत्र (करधनी), सौवर्ण पुष्प तथा पीत वर्ण का कटिवस्त्र समर्पित करे। देवता को गन्धादि देकर स्वस्तिवाचन करे। इन सभी के साथ प्रतिमा को अलङ्कृत कर साधक उन्हें वेदी के मध्य में शय्या पर शयन करावे। उस समय जयकार शब्दादि के उच्च शब्दों से ताली, मुख आदि के शब्दों के गड़गड़ाहट से नृत्य से गीतों से दशो दिशाओं को शब्दायमान कर देवे।

फिर देवता के आठों दिशाओं में आठ मङ्गल द्रव्य शङ्ख, चक्र, पताका, श्रीवत्स, दर्पण, वृष, दो मछलियाँ और कुम्भ स्थापित करे। उपरोक्त आठो मङ्गल द्रव्य लोहे से निर्मित होने चाहिये। उसके अभाव में काठ के ही बनवा कर स्थापित करे। कलश और देवता के मध्य में इन्द्रादि (पूर्व) से आरम्भ कर ईशान पर्यन्त दिशाओं में उपर्युक्त आठों मङ्गल द्रव्य स्थापित कर उनकी प्रदक्षिणा करे।

सूत्र से परिवेष्टित अश्वत्थ आदि पल्लवों से युक्त जल से परिपूर्ण एवं रत्नसहित एक सुलक्षण युक्त कलश देवता के दक्षिण ओर स्थापित करे, वहीं तोरण केतु भी स्थापित करे। उनके नामों से पृथक्-पृथक् गन्ध पुष्पादि से उनका पूजन करे। फिर वेदिका पर स्थापित कलशों पर आठो विघ्नेश्वरों की पूजा करे। पूर्व के कलश पर आदि वाराह की, दक्षिण के कलश पर नारसिंह की, पश्चिम के कलश पर श्रीधर की, उत्तर कलश पर हयग्रीव की, आग्नेय कलश पर परशुराम की, नैर्ऋत्य में दाशरथि राम की, वायव्य कलश में वामन की और ऐशान कलश में वासुदेव की तत्तन्नामों से पूजन करे महाकुम्भ में ब्रह्मदेव की पूजा उनके नामों से करे।

शयन पर स्थित कर्मार्चा की विष्णुगायत्री अथवा मातृविद्या से पूजा करे। उस कर्मार्चा की साधक स्वयं पूजा करे। उनको हार केयूर कटक यज्ञोपवीत माला तथा विचित्र वस्त्रों से भूषित करे। फिर उन-उन देवताओं की मुद्रा प्रदर्शित करे। इन समस्त क्रियाओं को संपादन कर पूर्ववत् अग्निमन्थन कर चारों आयतनों में होम कार्य प्रारम्भ करे। क्रमानुसार इन चारो अग्नियों के तन्मय स्वरूप चारों अग्नि मूर्त्तियों के नाम इस प्रकार हैं पूर्वाग्नि वासुदेव नाम की,

दक्षिणाग्नि सङ्कर्षण नाम की, पश्चिमाग्नि प्रद्युम्न नाम की और उत्तराग्नि अनिरुद्ध नाम वाली कही गयी है । इन्हें मूर्त्तिधारा भी कहते हैं। इनके होता भी चार प्रकार के हैं। चारों प्रकार के होता उन-उन वासुदेवादि नामों से समिधा आज्य तथा चरु द्वारा पृथक्-पृथक नामों से १०८ आहुति प्रदान करें।

चार अग्नियों के होम के लिये चार प्रकार की समिधायें पृथक्-पृथक् रूप से कहते हैं—१. पालाश. २. खदिर, ३. विल्व तथा ४. गूलर उनके ये नाम है। याग के प्रकरण में घी भी चार प्रकार के और चरु भी चार प्रकार के कहे गये हैं ।

अब यथाक्रम चरुओं के नाम कहते हैं—१. पायस २. कृसर ३. गौड़ और ४. हरिद्रान्न ये चार प्रकार के चरु कहे गये हैं। इनका अग्नि में यथासंख्य यथाविधि हवन कर चार प्रकार के अनेक भक्ष्य पायस गुडौदन देवदेवेश को निवेदन कर प्रणव से उन्हें शयन से उठावे। हरिद्रान्न, अपूप तथा कृसर से बलिप्रदान करे। तदनन्तर बारह वैष्णव भक्तों को पायस का भोजन करावे। शान्ति होम करवा कर यथाविधि मूर्त्ती का ध्यान करे। मधु, दूध, दही और घृत से जो होम किया जाता है वह शान्ति होम कहा जाता है। इसे स्थापनादि कर्मों में पुरुषसूक्त के १६ मन्त्रों के प्रत्येक ऋचाओं से १६ आहुति देनी चाहिये।

१. पूर्व में मधुहोम, २. दक्षिण में पयोहोम, ३. पश्चिम में दधि होम तथा ४. उत्तर में घृत होम करना चाहिये। सभी होता मूलमन्त्र से प्रतिमा का स्पर्श करें। मधु होम के बाद प्रतिमा का पाद स्पर्श करे। क्षीरहोम के बाद प्रतिमा का उदर स्पर्श करे। दधिहोम के बाद मुख तथा आज्याहुती के बाद शिर: स्पर्श करे। तदनन्तर पश्चिम के अग्नि में आचार्य स्वयं पूर्णाहुति करे। होम के पश्चात् प्रसृतिमुद्रा से प्रतिमा के सारे अङ्ग का स्पर्श करे। इसके बाद वेदिका पर स्थापित कलशों के दशो दिशाओं में इस प्रकार सिञ्चन करे।

साधक एकाग्रचित्त से पूर्व में पलाश की शाखा से, दक्षिण में खदिर की शाखा से, पश्चिम में बिल्व की शाखा स औरे मूर्त्तिधारा सहित उत्तर दिशा में उदुम्बर की शाखा से सेचन करे। आचार्य कलश के सभी कोणों में वेंत की शाखा से सिञ्चन (मार्जन) करे। शेष वैष्णव साधक विष्णुगायत्री से मुष्टि मुद्रा द्वारा सेचन करें । रक्षा मुद्रा बनाकर सभी को दिखावे। फिर कुशासन की शय्या पर यजमान को शयन करावे। शयनाधिवास कर प्रात:काल में प्रतिमा को विधिपूर्वक वेंत की शाखा से बाहर और भीतर मार्जन करे, गन्धतोय से सेचन करे और उन वैष्णवों के साथ स्वयं बाहर निकल कर प्रासाद के आठों दिशाओं में आठ समिधाओं से होम करे।

उस होम में आठ प्रकार की समिधायें कहते हैं—(१) पलाश, (२) खदिर, (३) अश्वत्थ, (४) प्लक्ष, (५) बरगद, (६) बिल्व, (७) गूलर एवं

(८) काश्मीरी ये आठ प्रकार की समिधा होती हैं। इन समिधाओं में प्रत्येक समिधा से एक सौ आठ आहुति देनी चाहिये।

अग्नियाँ, पञ्च लोकपाल तथा तत्तत् दिशाओं के स्वामी के नाम में चतुर्थी विभक्ति लगाकर अन्त में स्वाहा लगावे यही उन समिधाओं के होम का मन्त्र है। उसी प्रकार घृत और चरुओं का भी अष्टोत्तर शत हवन करे। इसके बाद अष्टाक्षर मन्त्र से अथवा प्रणव से घी चरु मिश्रित कर होम करे। फिर गुड, आज्य एवं मधु मिलाकर १०८ आहुति प्रदान करे। एक बेर विधान में विद्वान् साधक गर्भाधान विधि से सद्यः रत्नन्यास करे। बहुवेर विधान में चूडाकर्म काल में रत्नन्यास करे। इसके बाद महाकुम्भ की गन्ध पुष्पों से अर्चना कर प्रदक्षिणा करे।

पुनः साधक 'जितं ते' इस मन्त्र से कलश को ऊपर उठावे। इसके बाद अन्य लोग प्रतिमा और मूर्त्तिधारा को ऊपर उठावें। इसके बाद मङ्गल कलश तथा दिशा होम काल के कलशों को भी और लोग उठावें। कलशों से अविच्छिन्न जल धारा गिराते हुये प्रतिमा का सेचन करे। वहाँ से आचार्य सबके आगे आगे चलें। इसके बाद प्रतिमा उठाकर चलने वाले लोग और मूर्त्तिधारा लेकर चलने वाले लोग चले।

आचार्य और प्रतिमा के बीच से कोई न चले। इसके बाद मूर्त्तिधार वाले सभी लोग मिल कर चले। उनके चारों ओर मङ्गल कलश लिये हुये और लोग चलें। उनके साथ शकुन तथा सूक्त पाठ करने वाले ब्राह्मण रहें। माङ्गलिक वस्तुओं को लेकर चलने वाले लोग अपनी इच्छानुसार चलें। उनके पीछे हाथ में कुशा लिये हुये सबको प्रणाम करते हुये यजमान उन ब्राह्मणों के पीछे-पीछे चले शेष लोग उस यजमान के पीछे-पीछे चलें। अग्नियुक्त देवागार (देवता यतन) की प्रदक्षिणा कर धारा के पीछे-पीछे देवता (प्रतिमा) को प्रासाद में प्रवेश करावे। फिर विष्णु गायत्री एवं मूलमन्त्र का जप करते हये प्रतिमा को देवतायतन में स्थापित करें।

(१) स्थापना (२) आस्थापन! (३) संस्थापना (४) प्रस्थापना तथा (५) प्रतिष्ठा ये प्रतिष्ठा के पाँच भेद कहे गये हैं। इस प्रकार मूर्त्ति स्थापन के पश्चात् पुन: वैदिक रीति से साधक मूर्त्ति (प्रतिमा) को स्थापित करें।

स्थापनादि प्रतिमा का लक्षण कहते हैं—सबको शान्ति प्रदान करने वाली सब का कल्याण करने वाली विधि 'स्थापना' कही जाती है। पुंसा मुद्रा से प्रतिमा को बैठाकर स्थापित की गई विधि 'आस्थापना' कही जाती है। विश्व मुद्रा से शयन कराई गई मूर्त्ति को 'संस्थापना' कहते हैं। निवृत्ति मुद्रा से किसी वाहन पर रखी गई प्रतिमा 'प्रस्थापना' कही जाती है।

आवाहन और उद्वासन (विसर्जन) युक्त प्रतिमा 'चर' कही जाती है।

देवालय अथवा घर में कर्मार्चा के द्वारा स्थापित की गई प्रतिमा 'अचर' कही जाती है। उनकी उपर्युक्त कही गई प्रतिष्ठा जो सभी मूर्त्तियों के लिये विहित है उसे ही 'प्रतिष्ठापना' कहते हैं।

अब सभी प्रकार की प्रतिष्ठा की विधियों को कहते हैं—कर्मार्चा को अर्चना पीठ पर विधि के अनुसार धारावशिष्ट जल किसी शराव में स्थापित करे। फिर उस शराव स्थित जल से शलाका द्वारा छेद कर अविच्छिन्न धारा से मूलमन्त्र पढ़ते हुये मूर्त्ति के चारों ओर जल से सिक्त करे। मन्त्रवेत्ता ब्राह्मण मूलमन्त्र से प्रतिमा में न्यास करे। यदि प्रतिमा स्थित (खड़ी) है तब 'स्थितिन्यास' यदि बैठी है तब 'सृष्टि न्यास' करे। शयन कराई गई प्रतिमा में 'संहार न्यास' करे। यदि प्रतिमा किसी वाहन पर हैं तब तीनों प्रकार का न्यास करे। इसके बाद अपने शरीर में न्यास कर ध्यान का आरम्भ करे।

सर्वप्रथम भगवान् के सामने बैठकर प्राणायाम करे। फिर प्रतिमा के शरीर में नाड़ी समूहों का ध्यान यथाविधि करे। इन सभी बातों को ऋषिरात्र के योगाध्याय में कहूँगा। यहाँ केवल उद्देशमात्र यथातथा (जैसे-तैसे) कह रहा हूँ— ७२००० (बहत्तर हजार) शरीर में नाड़ियाँ कही गई हैं। उसमें केवल १० ही प्रधान नाडियाँ हैं। १. इडा, २. पिङ्गला, ३. सुषुम्ना, ४. गान्धारी, ५. हस्तिजिह्वा, ६. पूषा, ७. सुयशा, ८. अलम्बुसा, ९. कुहू और दसवी १०. शङ्खिनी ये दस प्रधान नाडियों के नाम हैं।

उसी प्रकार वायु भी १० प्रकार के कहे गये हैं। १. प्राण २. अपान ३. समान ४. व्यान ५. उदान ६. नाग ७. कूर्म ८. कृकर ९. देवदत्त और १०. धनञ्जय ये दश वायुओं के नाम है जो दशो नाडियों में रहते हैं। उन सभी नाडियों का मूल नाभि है जो शरीर में कन्द के समान स्थित है। तत्तन्मात्रा के अनुसार उन्हें वायु से पूर्ण किया जाता है और मात्रा के अनुसार उनका कुम्भक किया जाता है। प्राणायाम से यथायोग उनका रेचन किया जाता है। स्वयं अपने पूरक-कुम्भक और रेचक तीनों प्रकार का प्राणायाम करें किन्तु देव में पूरक और कुम्भक दो ही प्राणायाम करे। पूरक प्राणायाम से सारी नाडियाँ वायु से पूर्ण हो जाती हैं, इसमें संशय नहीं और हृदय कमल विकसित हो जाता है। कुम्भक से वायु रुक कर ऊपर की ओर स्थित होकर रुक जाता है। इस प्रकार देव में यथाविधि केवल पूरक और कुम्भक दो ही प्राणायाम करे।

तदनन्तर निष्कल निरञ्जन तेजोमय तमः से परं ज्योतिःस्वरूप अव्यय सदाविष्णु का ध्यान कर प्रणब से जीव लाकर अपने हृत्कमल में सन्निविष्ट करे और प्रणव से उसे वहीं रोके जिससे वह वायु जीवरूप धारण कर लेवे। फिर वैदिक मन्त्र से शरावस्थ जल से उसका प्रोक्षण करे। इस प्रकार मन्त्र के द्वारा आस्थापनादि सारी क्रिया पूर्ण हो जाती है। इसके बाद बीजमुद्रा बना कर प्रणव

से उसे वहीं रोके। तदनन्तर पुनः प्रणवमुद्रा से प्रतिमा के आवरण देवताओं (परिवारों) का प्रोक्षण करे। विष्णु और महाविष्णु प्रतिमा में निवास करते हैं जिस प्रतिमा की आस्थापनादि क्रिया नहीं होती वह विष्णु है उसे बाहर ही रखे। प्रतिमा महाविष्णु कही जाती है इसमें संशय नहीं । विष्णु प्रतिष्ठाकर्म से संयुक्त प्रतिमा महाविष्णु कही जाती है इसमें संशय नहीं । विष्णु और महाविष्णु कर्म के द्वारा पूजे जाते हैं । विष्णु कलायुक्त होने से सकल (साकार) हैं । महाविष्णु सकल और निष्कल दोनों हैं और सदाविष्णु केवल निष्कल (निराकार) हैं उनका कोई रूप नहीं है ।

अब महाविष्णु की प्रतिष्ठा कर पूजन कहते हैं—गन्ध पुष्पादि से आवरण सहित उनकी अर्चना कर पादपीठ के चारों ओर अपनी शक्ति के अनुसार पायस, कृसर, गौड तथा शुद्धान्न चारों प्रकारों का अन्न उन्हें निवेदन करे । विष्णु के दो द्वारपाल जिनका नाम चण्ड और प्रचण्ड है नरसिंह के पुत्र ये दोनों ही वीर सदा शङ्ख, चक्र धारण किये विष्णु के उत्तर और दक्षिण गदा लिये द्वार पर स्थित रहते हैं। मूलमन्त्र से उनका प्रोक्षण करे । प्रणवमुद्रा से गरुड़ तथा लोकपालों का प्रोक्षण कर शेष अन्न क्रमशः इन्हें निवेदन करे ।

आठों दिशाओं में बलि देकर बलिपीठ पर बलि प्रदान करे। आचमन कराकर समस्त निर्माल्य दूर करे फिर विष्वक्सेन को प्रतिष्ठापित कर उन्हें भी पत्नि देवे फिर स्नान कर हाथ जोड़कर उन्हें प्रणाम करे। तदनन्तर वहाँ जितने वैष्णव जन स्थित हैं उन्हें दक्षिणा देवें। फिर देवाधिदेव को स्नान कराकर वस्त्र और आभरण से भूषित कर उनके शरीर में छोटी तलवार बाँध देवे। तदनन्तर पुण्याहवाचन करावे । फिर विचक्षण साधक सूचीमुद्रा प्रदर्शित करे ।

फिर शङ्ख एवं चारों प्रकार के बाघों से दशों दिशाओं को शब्दायमान करते हुये चाण्डाल पर्यन्त सभी लोगों को अन्न का भोजन करावे यही क्रिया प्रतिमा के जीर्ण हो जाने पर पुराने हो जाने पर करे । फिर ग्राम आसन, यान, वस्त्र, चित्र-विचित्र आभरण अनेक प्रकार के सुगन्धित द्रव्यों से आचार्य का पूजन करे १५१।

ब्रह्मरात्र में सप्तम अध्याय प्रतिमालक्षणोद्देश नामक है। यहाँ अब इसके बाद सर्वोत्तम प्रतिमा के निर्माण का विधान कहते हैं। १. शिला की, २. लोह की, ३ रत्न की, ४. काष्ठ की तथा ५. मिट्टी की बनी हुई पाँच प्रकार की प्रतिमा कही गई हैं। चारों वर्णो के लिये चार वर्ण वाली चार प्रकार की शिलामयी प्रतिमा कही गई है। ब्राह्मण के लिये श्वेत शिलामयी, क्षत्रिय के लिये रक्तशिलामयी वैश्य के लिये पीले वर्ण की, तथा शूद्र के लिये काले वर्ण की शिलामयी प्रतिमा विहित है। ग्राह्य शिला का निरूपण करते हैं । प्रतिमा के लिये पर्वत जाकर शिला ग्रहण करनी चाहिये। यदि पर्वत अप्राप्य हो तब ऐसी पृथ्वी

पर से ही शिला ग्रहण करे जहाँ अनेक प्रकार के माङ्गलिक वृक्ष हों, जहाँ वहूदक एवं अनेक प्रकार के तृण हों, कमल बन से आच्छादित भूभाग हो, धान के खेत हों हिन्ताल (तृण विशेष) ताल पर एवं नारिकेल से समादृत भूमि हो, वहाँ पलाश, सुपारी, पीपर और गूलर के बहुत वृक्ष हों और जो भूमि कुश तथा काश (तृण विशेष) से समाकीर्ण हों। ऐसे प्रदेश से ही सर्वदा शिला ग्रहण करनी चाहिये।

नदी के तट की, तालाब के किनारे को, ग्राम के मध्य में रहने वाली, चौराहे की राखी वाली भूमि पर पड़ी हुई, श्मशान की जहाँ चाण्डाल और शबर (कोल) हों, जो भूमि निरन्तर वायु, धूप तथा अग्नि से तप्त हो, मनुष्यों के द्वारा मल मूत्र से दूषित, शर्करा (कङ्कड़) समूह से युक्त, तृणरहित जलवर्जित कण्टकाकीर्ण वृक्ष वाले मरुस्थल प्रदेश से, बहुत सियार भेड़िया के निवास वाले स्थान से, गृध्र ऋक्ष वाज के निवास वाले स्थान से, पक्षि और सर्पों से संकुल म्लेच्छ प्रदेश से, भयानक लगने वाले तथा ग्राम के समीप वाले स्थान से शिला न लेवें। इन्हें प्रयत्नपूर्वक वर्जित करे।

पुण्य नक्षत्र में, अनुकूल शकुन होने पर, पवित्र होकर नवीन वस्त्र धारण कर आचार्य शिल्पियों के साथ ग्राह्य प्रतिमा शिला के लिये प्रस्थान करे। यदि पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख पृथ्वी में रहने वाली शुभ लक्षण से युक्त शिला देखे जो उत्तर दक्षिण से लम्बी तथा पूर्व पश्चिम से चौड़ी हो तो पुण्याहवाचन कराकर प्रदक्षिणा कर पूर्वाभिमुख हो उसे नमस्कार करे। फिर श्रीवत्समुद्रा प्रदर्शित कर उसके आठों दिशाओं में आठ पूर्णकुम्भ स्थापित करे। शिला पर गन्धादि से अलङ्कृत पीपल के पत्ते से संयुक्त एक ब्रह्म कलश वैदिक रीति से स्थापित करे। उसके आठो दिशाओं में पुरुषसूक्त से अक्षत प्रदान करें। फिर विश्वात्म बीज से उस कलश के भीतर रत्न डाले। निवृत्ति बीज से उसका परिषेचन करे। फिर उस कलश का चक्रिका और भद्रा मुद्रा से न्यास करे। महामुद्रा प्रदर्शित कर अञ्जलिमुद्रा से प्रणाम करे। पश्चिम की ओर स्थापित कुशासन पर गुरु शयन करे।

आठो दिशाओं में क्रमानुसार पूर्वदिशा से ईशान पर्यन्त पताका स्थापित करे। फिर सभी लोगों को दूर भगा कर 'अश्वत्थो ब्राह्मणो राजा विष्णुरूपाणि चैव हि। अदर्शनेऽपि गृह्णीयात् विपरीते निवर्तयेत्' पर्यन्त मन्त्र पढ़े। प्रातःकाल में कलशों का विसर्जन कर कारीगरों के द्वारा उस जगह को खनवावे। फिर 'सर्वेण' इस मन्त्र से बलि देकर पुंसा मुद्रा से कलश का स्पर्श करे। शिल्पियों द्वारा शिलाग्रहण करावे। स्वयं उसे सूत्र द्वारा नापे।

विद्वानों द्वारा पुरुष एवं स्त्री और नपुंसक भेद से शिला तीन प्रकार की कही गई है। पुरुष शिला-जिसमें विवर्त्त आवर्त्त न हो, जो चिकनी हो तथा

गाँठरहित हो, जिसका वर्ण एक ही और जिससे एक प्रकार शब्द व्यक्त हो, वह शिला पुरुषशिला होती है। स्त्री शिला-जो वर्ण से सुन्दर हो, चिकनी एवं स्वच्छ तथा शीत हो और मधुर शब्द करने वाली हो ऐसी शिला को स्त्रीशिला कहा है। नपुंसक शिला-जिसमें अनेक सिरायें (रेखा) हों, जो शराव के समान टेढ़ी मेढ़ी हो, जिसका उदर भाग कड़ा हो एवं शब्दरहित अथवा खराब शब्द वाली हो ऐसी शिला नपुंसक कही जाती है। पुरुष संज्ञक शिला ही मूर्त्ति निर्माण के योग्य है। नपुंसक संज्ञक शिला सन्यासी के लिये स्थापित करे। स्त्रीलिङ्ग शिला पादपीठ के योग्य होती है। इसके बाद शिला का शिर जहाँ हो वही से मूर्त्ति निर्माण करावे। जहाँ कांस्य घण्टा की ध्वनि हो वही शिला का शिर होता है। पूर्वाभिमुख प्रासाद में प्रतिमा का शिर पूर्वाभिमुख होकर स्थापित करना चाहिये। दक्षिण ओर द्वार वाले प्रासाद में दक्षिण की ओर शिर कर प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये। पश्चिम ओर द्वार वाले प्रासाद में पश्चिम ओर शिर कर प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये। इसी प्रकार उत्तर की ओर द्वार वाले प्रासाद में उत्तराभिमुख प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये। पूर्व की ओर द्वार वाले प्रासाद में दक्षिण की ओर प्रतिमा की ग्रीवा रहे तथा पश्चिम द्वार वाले प्रासाद में उत्तर की ओर प्रतिमा की ग्रीवा होती है। तन्त्रवेत्ताओं को प्रासाद की सुविधानुसार प्रतिमा निर्माण कराना चाहिये अथवा प्रतिमा के अनुसार प्रासाद निर्माण कराना चाहिये।

यहाँ इस तन्त्र में प्रतिमा का आयाम (लम्बाई) पाँच प्रकार का कहा गया है। १. प्रासाद गर्भ के आधे भाग के समान आयाम वाली प्रतिमा समा कही जाती है। २. प्रासादगर्भ का पाँच भाग कर उसके तीन भाग के समान वाली प्रतिमा मध्यमा कही गई हैं। ३. तीन भाग कर दो भागों के समान आयाम वाली प्रतिमा उत्तमा कही जाती है। ४. प्रासाद गर्भ की लम्बाई के समान आयाम वाली तथा ५. प्रासाद द्वार के समान आयाम वाली प्रतिमा भी होती है। एक हाथ से लेकर नव हाथ तक प्रतिमा बनाई जा सकती है। इससे अधिक आयाम की प्रतिमा तथा एक हाथ से कम आयाम वाली प्रतिमा कभी निर्माण न करे। कालयोग के अनुसार प्रतिमा निर्माण कराना चाहिये। शास्त्रज्ञ लोग तीन प्रकार की प्रतिमा का स्वरूप बताते हैं। चित्र, अर्धचित्र और चित्राभास ये तीन प्रतिमा के स्वरूप होते हैं। जिस प्रतिमा के चारों ओर स्पष्ट रूप से अङ्ग के अवयव दिखाई पड़ें तथा जिसका मान और उन्मान (नाय) शास्त्र के अनुसार हो उसे चित्र कहते हैं। अर्धचित्र-जिस प्रतिमा का शिला में पृष्ठभाग दिखाई न देवे और जो शास्त्रीय मान (नाप) से संयुक्त हो उसे अर्धचित्र कहा जाता है। चित्राभास-जो कारीगर के द्वारा (चित्र) लेख्य शास्त्रीय नाप से युक्त रूप में बनाई गई हो उसे चित्राभास कहा जाता है। १. चित्र प्रतिमा का फल उत्तम, २. अर्धचित्र का मध्यम तथा ३. चित्राभास रूप में कारीगर द्वारा बनाई गई प्रतिमा का फल

अधम कहा गया है।

इस तन्त्र में किरीट (मुकुट) के चार प्रकार कहते हैं—१. छत्राकार २. मण्डपाकार ३. पद्माकार और ४. कूर्माकार में प्रकार हैं। पद्माकार मुकुट शा प्रदान करता है। कूर्माकार मुकुट कल्याणकारी, छत्राकार मुकुट लक्ष्मीप्रद त अण्डाकार मुकुट सुखदाई होता है। कोई-कोई पद्माकार और कूर्माकार दो प्र के मुकुट बताते हैं। शेष अन्य प्रकार वर्जित हैं। यदि शेष छत्राकार अ अण्डाकार मुकुट निर्माण किया जाता है तो उससे करने वाले और वैसा का वाले दोनों को महान् दोष लगता है। पद्माकार मुकुट प्रफुल्ल, अष्टपत्र त कर्णिका युक्त होना चाहिये उसका विस्तार द्वार के आठवें भाग के समान त ऊँचाई भी उतनी ही होनी चाहिये। उसका नाल गोला या चौकोर होना चाहि गोल नाल वाला मुकुट शिवात्मक कहा गया है और चौकोर नाल वाला मुकु ब्रह्मात्मक कहा गया है। उस मुकुट की जितनी अधिक लम्बाई हो वह मुकु उतना ही प्रशस्त कहा जाता है। नाल रत्न जटित होना चाहिये। रत्न से शू नाल प्रशंसास्पद नहीं होती। प्रतिमा के पैर की शिला (पीठ) का छिद्र उस नाभि मात्र मान का होना चाहिये। वह शिलापीठ चौकोर या गोला होना चाहिये बुद्धिमान् साधक उसे रत्नजटित बनवावें।

अब बैठी हुई प्रतिमा की विधि कहते हैं—गर्भागार को चतुर्थ भाग के नाप से पादपद्म (सिंहासन) की ऊँचाई तथा उतना ही लम्बा उसका विस्तार होन चाहिये। शेष भाग पूर्ववत् निर्माण करे। शयन करने वाली मूर्त्ति के लिये उपर्यु विधि नहीं कही गई है।

अब शिला में रहने वाले दोषों को कहते हैं—१. सिरा (लकीर रेखा), २. विवर (छिद्र), ३. आवर्त्त (चौकोर), ४. ग्रन्थि, ५. मण्डल, ६. गर्भ एवं ७. रुक्षता ये सात शिला के दोष कहे गए हैं। उपर्युक्त शिला के सात दोष संपत्ति का नाश करते हैं।

अब प्रतिमा के दोष कहते हैं—१. प्रमाण से अधिक, २. प्रमाण से न्यून, ३. स्फुटित, ४. वक्र (टेढ़ा), ५. स्थूल (मोटा), ६. कृश (पतला) और ७. सच्छिद्र ये प्रतिमा के सात दोष हैं।

अब शिला के सात दोषों का तथा प्रतिमा में रहने वाले सातों दोषों का फल कहते हैं—१. शिलागत सिरा दोष से संपत्ति का नाश, २. विवर से राष्ट्रविग्रह, ३. आवर्त्त से दुर्भिक्ष, ४. गाँठ से राष्ट्र विप्लव, ५. मण्डल में उपर्युक्त सभी दोष रहते हैं तथा ६. गर्भ में सर्व जनक्षय और ७. रुक्षता में धन का नाश होता है जो कर्त्ता और कराने वाले दोनों को प्राप्त होता है।

१. प्रतिमा के मान से अधिक होने पर कर्त्ता कारयिता के व्याधि, २. हीन

होने पर धन का क्षय, ३. फूटने पर प्राण का नाश, ४. टेढ़ा-मेढ़ा होने पर सब प्रकार का संताप, ५. स्थूल होने पर व्याधि, ६. कृश होने पर कम द्रव्य और ७. छिद्र होने पर स्वामी का नाश होता है।

प्रतिमा के दो भेद होते हैं १. प्रथम सौम्या प्रतिमा २. दूसरी आग्नेयी प्रतिमा। १. सौम्या प्रतिमा में प्रीति होती है और वह श्री की वृद्धि करती है। २. आग्नेयी प्रतिमा उष्णता प्रदान करती है और दरिद्रता की वृद्धि करती है। १. सौम्या प्रतिमा वैष्णवी और २. आग्नेयी प्रतिमा शाङ्करी कही गई है। इसलिये सौम्या प्रतिमा ही स्थापित करनी चाहिये, आग्नेयी प्रतिमा कदापि स्थापित न करे। सौम्या में भी सङ्कीर्णा और शुद्धा ये दो भेद होते हैं। एक वर्ण वाली प्रतिमा शुद्धा तथा विविध वर्णों से युक्त सङ्कीर्णा प्रतिमा कही गई है। जहाँ तक हो सके प्रतिष्ठा के लिये शुद्धा प्रतिमा ग्रहण करे। यदि शुद्धा न मिले तब सङ्कीर्णा प्रतिमा लेवे। उसमें भी अनुलोम सङ्कीर्णा प्रतिमा ग्रहण करें। प्रतिलोम सङ्कीर्णा प्रतिमा वर्जित करे। शुक्लवर्ण में यदि रक्त वर्ण मिला हो तो उसे ग्रहण करे। इसी प्रकार रक्त में पीत, पीत में कृष्ण मिले तो ग्रहण करे। किन्तु कृष्ण में किसी प्रकार का वर्ण (रंग) मिले तो उसे और जिस शिला में शुक्ल रक्त पीत और कृष्ण चारों वर्ण हों तो उस शिला को वर्जित करे। केवल देखने मात्र से गर्भ का निश्चय करना संभव नहीं है।

शिला के भीतर में रहने वाले गर्भ को देखकर ही निश्चय किया जा सकता है। इसलिये गर्भ का लक्षण कहते हैं—शिला में मण्डल के देखने से यथाक्रम गर्भ का ज्ञान होता है। वे मण्डल दो प्रकार के होते हैं। अब उसमें रहने वाले गर्भ का वर्णन करता हूँ। यदि शिला में रहने वाला मण्डल रक्तवर्ण दिखाई दे तो उसमें रक्त वर्ण की धूलि और यदि श्वेत कमल के समान मण्डल दिखाई पड़े तो श्वेतवर्ण की धूलि वाला गर्भ होगा। स्निग्ध और कपिल वर्ण होने पर कूर्म तथा रुक्षमण्डल होने पर फेनक, कपोतसदृश वर्ण होने पर गृहगोलिका, मजीठा के सदृशवर्ण होने पर लालवर्ण का दर्दुर मेढक होता है और शुक, पिञ्जर के समान वर्ण होने पर तथा रक्त पीत वर्ण होने पर उसके भीतर कच्छप, कुसुम्भ के समान वर्ण होने पर पीला मेढक होता है।

शुक्ल और पीत वर्ण होने पर वहाँ गिरगिट होगा। जल के सदृश मण्डल होने पर वहाँ गोधा, गुड़ सदृश वर्ण होने पर पत्थर, मधु के समान वर्ण होने पर खद्योत, हरिणसदृश वर्ण होने पर वृश्चिक का निवास कहना चाहिये। तलवार के समान वर्ण होने पर जल, नीलवर्ण होने पर किसी वस्तु का टुकड़ा, रूक्ष वर्ण दिखाई पड़ने पर मूषिका, कृष्ण वर्ण दिखाई देने पर काला साँप, घास के समान हरित वर्ण दिखाई देने पर मछली तथा मधु के समान मण्डल दिखाई देने पर इन्द्र गोप रहेगा। गर्भ में इन अमङ्गल वस्तुओं के दिखाई देने पर शान्ति होम

करना चाहिये।

लोभ से मोहित होकर गर्भ युक्त शिला की प्रतिमा निर्माण न करावे। यदि मोहवश ऐसा करें तो वह जगत् का सर्वनाश करेगी। प्रतिमा के प्रकरण में लोहा तीन प्रकार का कहा गया है। सुवर्ण रजत और ताम्र प्रतिमा का साधक वित्तानुसार इसका उपयोग करे।

सुवर्ण भी जातरूप और हाटक भेद से दो प्रकार का होता है। इसमें जातरूप सुवर्ण प्रशस्त है उसके न मिलने पर हाटक का उपयोग करे। रजत के भी रूप्य और रजत दो भेद कहे गये हैं। इसमें रूप्य प्रशस्त है। उसके अभाव में रजत का उपयोग करना चाहिये। शुल्व और उदुम्बर भेद से ताँवा भी दो प्रकार का होता है इसमें शुल्व प्रशस्त है। उसके अभाव में उदुम्बर ताम्र का उपयोग करना चाहिये। शुल्ब दो प्रकार का होता है। एक शुद्ध दूसरा मिश्रित शुद्ध शुल्व ग्राह्य है। उसके अभाव में मिश्रित भी ग्रहण करे। मिश्रित शुल्ब और औदुम्बर ग्रहण न करे। इसमें भी सोना, चाँदी से भिन्न ताँबा, मिट्टी आदि से बने हुये कुप्य को ग्रहण करे। लोह में अर्धचित्र प्रतिमा का निर्माण न करे। ब्राह्मण के लिये सुवर्ण एवं रजत की तथा ताम्र की बनी हुई प्रतिमा प्रशस्त कही गई है। क्षत्रिय एवं वैश्य के लिये रजत तथा ताम्र प्रतिमा का विधान है शूद्रों के लिये केवल ताम्र की प्रतिमा अथवा सभी के लिये ताम्र प्रतिमा विहित है।

लौह निर्मित सभी प्रकार की प्रतिमायें निर्दोष कही गई है। सौम्या, आग्नेयी और समा भेद से मणिजा प्रतिमायें तीन प्रकार की कही गई है। चन्द्रकान्त मणि से वनी प्रतिमा सौम्या, सूर्यकान्त से बनी प्रतिमा आग्नेयी और स्फटिकमणि से बनी प्रतिमा समा कही जाती है। इसमें पूर्व-पूर्व प्रतिमायें प्रशस्त हैं। अर्धचित्र, चित्र और चित्राभास तीनों प्रकार की प्रतिमायें मणि से निर्मित करनी चाहिये।

प्रतिमार्थ वर्जनीय वृक्ष कहते हैं—जिस प्रकार शिलाओं में भूमि के भाग होते हैं उसी प्रकार वृक्षों में भी होते हैं। प्रतिमा के लिये कटु (कड़े) और काँटे वाले वृक्ष वर्जित करना चाहिये। टेढ़े-मेढ़े, टूटे-फटे, खण्ड-खण्ड टूटी शाखा वाले तथा त्वचा हीन शुष्क दग्ध, क्षत-विक्षत, घिसे हुये, दक्षिण दिशा की ओर झुके हुये, फेके हुये, कुछ खुदे हुये, उत्कीर्ण, नीचे की ओर उखड़े हुये, कीटदष्ट, सङ्कीर्ण पड़े हुये, पक्षिसेवित, गाँव और चैत्य (देवस्थान का चबूतरा) में उत्पन्न अन्य भी वृक्ष प्रतिमा के कार्य में वर्जित है।

चन्दन, अगुरु, साल, खैर, महुआ, देवदारु, तमाल, कटहल, लिकुच (बड़हर), शाक, कश्मीरी, हरिचन्दन, कदम्ब, तिलक, वेल, नमेरू, फलिनी, सुरभि, नाग, केशर, चम्पा, स्तवक, शीशम, श्यामा (ककुनी), वीजद (नीबू), कुरुविन्द, केसर (सुपारी), कुरवक, कुटज, आसन, राजादन (पियार), शिरीष ये

वृक्ष प्रतिमा कार्य के लिये प्रशस्त कहे गये हैं। जिनमें सार हों, उन्हें ही प्रतिमा कार्य में ग्रहण करे, दोषयुक्त अन्य वृक्षों को प्रतिमा कार्य के लिये ग्रहण न करें। जिस प्रकार शिलाओं में गर्भ होते हैं, उसी प्रकार वृक्षों में भी गर्भ होते हैं। वृक्ष से चित्र और अर्धचित्र प्रतिमा का निर्माण करे। अन्य प्रकार की प्रतिमा का नहीं। इन सभी प्रतिमाओं की पादपीठिका पूर्ववत् संपादित करे।

लोहा, स्फटिक और काठ की प्रतिमाओं का पादपीठ विधानानुसार पर्वत की शिला से बनी होती है और रत्न से बनी प्रतिमाओं का पादपीठ लोहे से निर्मित करना चाहिये।

मृण्मयी प्रतिमा की विधि कहते हैं—शुक्ल, मृत्तिका, रक्त, पीत और कृष्णा चार प्रकार की होती है। शूद्र के लिये केवल कृष्णा मृत्तिका की प्रतिमा कही गई है। वैश्य के लिये कृष्णा और पीता क्षत्रिय के लिये कृष्णा पीता और रक्ता मृत्तिका का विधान है। ब्राह्मण के लिये कृष्णा पीता रक्ता और श्वेता चारों प्रकार की मृत्तिका का विधान है। अनुलोम रूप की मृत्तिका ग्रहण करे। प्रतिलोम मृत्तिका वर्जित करे। मिश्रित मृत्तिका और वर्णसङ्करदूषित मृत्तिका वर्जित करे। नदी सङ्गम की, तीर्थ की, देवतायतन की, क्षेत्र की एवं पर्वताग्र की यथाविधि मृत्तिका लेकर गड्ढा बनावे। मृत्तिका को उस गड्ढे में स्थापित करे। मृत्तिका का चतुर्थांश और चतुर्थांश लोहा का चूर्ण, पत्थर का चूर्ण, शर्करा चूर्ण भाग के क्रम से उसमें मिला देवे।

खदिर एवं अर्जुन कषाय वृक्ष के पानी से उसे सेचन करे। उन तीनों वृक्षों के पानी में उन चूर्णों को भीगों कर महीने भर तक उसी गड्ढे में रहने दे। कुङ्कुम, कुष्ठ, श्रीवेर तथा तीनों कटुक का अत्यन्त महीन चूर्ण कूट कर उस मृत्तिका में मिला देवे। उन सभी को अच्छी तरह मिलाकर पुनः एक महीने तक उसी गड्ढे में रखे। तदनन्तर गर्भगृह में शूल संयुक्त पादपीठ निर्माण करे। उसे पञ्चगव्य से सींच कर एक हाथ का गड्ढा खनकर वैदिक मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर उस शूलयुक्त मृत्तिका पीठ को नपुंसक शिला पर स्थापित कर देवे। उसमें पुंसा मुद्रा से हीरा, मोती, वैदूर्य, प्रवाल, स्फटिक, चन्द्रकान्त, महीनील, ब्रह्म-राग आदि मणियाँ डाल देवें। पूर्वदिशा में हीरा, दक्षिण में मोती, पश्चिम में वैदूर्य, उत्तर में विद्रुम, अग्निकोण में स्फटिक, नैर्ऋत्य में पुष्पक, वायव्य में चन्द्रकान्त, ईशान में नीलम मणियाँ तथा मध्य में ब्रह्मराग स्थापित कर दक्षिण के क्रम से जल द्वारा उनका सेचन करे। विश्वमुद्रा दिखा कर सेचन करे इसके बाद प्रणवमुद्रा से सेचन करे । निवृत्ति मुद्रा से पूर्व से दक्षिण तक यथाक्रम अक्षत छोड़े। उसके ऊपर सर्वमुद्रा से पादशिला स्थापित करे। पादपीठ चौकोर अथवा गोला होना चाहिये । यदि प्रतिमा शिला की है तब उस पीठ के लिये वहाँ पर शिला स्थापित करे। शिला के ऊपर शेष सभी देवताओं की कल्पना (स्थिति) करनी

चाहिये।

पादशिला में शूल के लिये दो छिद्र करना चाहिये । फिर शिला के ऊपर ईंटों द्वारा पीठिका निर्माण करनी चाहिये । जितनी भूमि में पीठिका निर्माण करे हो उसी भूमि भाग के अनुसार पीठ की लम्बाई एवं ऊँचाई होनी चाहिये। अथवा उसकी लम्बाई-ऊँचाई द्वार के आठवें भाग के समान अथवा पाद के आठवें भाग के अनुसार होनी चाहिये अथवा प्रतिमा का अष्टांशभाग अथवा पादपीठ का जितना प्रमाण हो उतनी लम्बाई ऊँचाई करे। पादपीठ वृत्त अथवा चौकोर बनावे। वृत्ताकार अथवा चौकोर पादपीठ पर कमल निर्माण करे। खड़ी प्रतिमा के लिये पीठिका बनावे और बैठी प्रतिमा के लिये पीठिका दूनी होनी चाहिये।

पद्मासन से बिठाई गई प्रतिमा पीठ की लम्बाई-ऊँचाई समान होती है विशेष यह है कि अनन्त भगवान् की प्रतिमा में पीठ गोलाकार ही होना चाहिये। सिंहासन में अनेक सिंहों से घिरी हुई पीठिका प्रमाण से कुछ लम्बी चौकोर तथा ऊँची होनी चाहिये।

एकवेरविधि शयन कराई गई प्रतिमा के लिये पीठ परिमाण निश्चित नहीं है। प्रासाद में गर्भभाग को सात भागों में प्रविभक्त करे। मध्य भाग ब्राह्म उसके बाद द्वितीय भाग दैविक, तृतीय भाग मानुष तथा चौथा भाग पैशाचिक कहा जाता है। यहाँ तब दैविक कार्य में एकवेर विधि कही गई।

अब बहुवेर विधि में आसन की विधि कहते हैं—उपरोक्त कहे गये सात भागों में जहाँ मानुष्य भाग हो वहाँ आसन प्रदान करे। प्रतिमा का शयन उपरोक्त दैव और मानुष भागों को मिलाकर करना चाहिये। कोई-कोई गर्भ गृह का नवभाग करते हैं। उसमें मध्यम भाग ब्राह्म, उसके बाद दैविक, उसके बाद तीसरा पैतृक और चौथा मानुष भाग होता है तथा पञ्चम भाग पैशाच ऐसा कहते हैं। दैविक भाग में मूर्त्ति की प्रतिष्ठा और पैतृक भाग में उनके परिवार आवरण देवता स्थापित करे। मानुष भाग में आयुध स्थापित करे। पैशाच भाग में कुछ स्थापित न करे। इसके बाद बुद्धिमान तन्त्रसाधक रत्नजटित त्रिशूल स्थापित करे। जो वृक्ष सारवान् (मजबूत) हों, ऐसे निर्दोष खैर आदि के वृक्ष घर लाकर उनका स्वस्तिवाचन करे। शिल्पी के द्वारा उसका निष्कल भाग दूर करा कर शेष भाग को गढ़वा कर शास्त्र प्रमाण के अनुसार उससे त्रिशूल निर्माण करावे। त्रिशूल के मुख की लम्बाई बारह अङ्गुल कही है, उसका उष्णीष एक अङ्गुल का होता है और मूर्धा की लम्बाई तीन अङ्गुल कही गयी है। उष्णीष के सहित मुख और हृदय जितना लम्बा हो उतनी ही कण्ठ की लम्बाई करे। नाभि से ऊर्ध्व भाग का प्रमाण एक ताल और उतना ही नाभि के नीचे का परिमाण बनाना चाहिये।

बारह अङ्गुल की ऊरुदण्ड (घुटने के ऊपर का भाग), उसके बाद पाँच

अङ्गुल का जानु (घुटने), इसके बाद जंघा (जानु का ऊपरी भाग) ऊरु के प्रमाण का बनावे। पादान्त जानु के मान का बनावे। यह दशताल के परिमाण वाले त्रिशूल निर्माण का क्रम कहा गया। शेष नव ताल से तीन ताल तक परिमाण वाले त्रिशूल होते ह। इसमें सात ताल वाला त्रिशूल मुख्य है, वही प्रमाण भी है। शेष त्रिशूलों के अङ्गों का प्रमाण कहते हैं—नवतालत्रिशूल एक अङ्गुल का उष्णीश कहा गया है। मूर्धा, गोलक, अध्यर्ध, गोलक, कण्ठ, हृदय और मुख भी पूर्वोक्त प्रमाण का होता है। नाभि के ऊर्ध्व का तथा नाभि के अधोभाग का प्रमाण भी उतना ही होना चाहिये। मुख के प्रमाण का दूना ऊरु तथा जानु, कण्ठ का परिमाण होना चाहिये। जङ्घा, ऊरू के समान होना चाहिये। पादान्त जानु के समान होना चाहिये। यहाँ तक नवताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहा गया।

अब अष्टताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहते हैं—गोलाकार परिमाण में एकादश अङ्गुल कण्ठ गोला होना चाहिये नाभि के ऊर्ध्व का भाग तथा नाभि के नीचे का भाग परिमाण में उतना ही कहा गया है। पूर्वोक्त अङ्गुल कर परिमाण का शिर बनावे। मानव के लिये निर्मित त्रिशूल में उष्णीश नहीं होता। २२ अङ्गुल ऊरू और जघन कहा गया है। गोलक जानु से पादान्त निर्माण करे। आठ ताल के त्रिशूल में यह क्रम कहा गया है। कण्ठ के अङ्गुल का परिमाण पहले कहा जा चुका है । हृदय दश अङ्गुल का होना चाहिये । नाभि भी दश अङ्गुल की, उसके नीचे का भाग नव अङ्गुल का, बीस अङ्गुल का ऊरू और उतने ही प्रमाण में प्रतिमा की जङ्घा बनाई जानी चाहिये। जानु से लेकर पादान्त भी उतने ही अङ्गुल का बनावे। सात ताल के त्रिशूल निर्माण का यही क्रम है। जानु और कण्ठ से लेकर पादान्त तक का मान कह दिया गया है।

अब इसके बाद नाभि का मान कहते हैं—प्रतिताल मुख को भी दश अङ्गुल कहा गया है। विचक्षण मुख में जहाँ हीन है उसे शरीर में प्रक्षिप्त कर देवे। २५ अङ्गुल का शरीर, मुख ११ अङ्गुल, ऊरू और जङ्घा अष्टादश अङ्गुल निर्माण करना चाहिये। शरीर का गोलक ग्रहण कर कुब्जपाद में त्रिशूल में जोड़ देवे। शेष अङ्ग जैसे का तैसा निर्माण करे। तब कुब्ज त्रिशूल, वामन त्रिशूल विपरीत अर्थात् कुब्ज पाद की गोलाई शरीर में जोड़ देवे। पाद तालक्रम में पैर का मान शरीर में और शरीर का मान पैर में जोड़ देवे तो वे क्रमशः कुब्ज और वामन त्रिशूल कहे जाते हैं। कोई-कोई विद्वान् सप्तताल वाले त्रिशूल को कुब्ज कहते हैं।

अब पञ्चताल में प्रमाण कहते हैं—पञ्चताल प्रमाण वाले त्रिशूल में दश अङ्गुल का मुख होता है और शरीर उसका दूना होता है। ऊरू तथा जङ्घा का प्रमाण पन्द्रह अङ्गुल का होता है। वामन त्रिशूल में कायमान को दोनों पैरों में

चाहिये।

पादशिला में शूल के लिये दो छिद्र करना चाहिये । फिर शिला के ऊपर ईटों द्वारा पीठिका निर्माण करनी चाहिये । जितनी भूमि में पीठिका निर्माण करे हो उसी भूमि भाग के अनुसार पीठ की लम्बाई एवं ऊँचाई होनी चाहिये। अथवा उसकी लम्बाई-ऊँचाई द्वार के आठवें भाग के समान अथवा पाद के आठवें भाग के अनुसार होनी चाहिये अथवा प्रतिमा का अष्टांशभाग अथवा पादपीठ का जितना प्रमाण हो उतनी लम्बाई ऊँचाई करे। पादपीठ वृत्त अथवा चौकोर बनावे। वृत्ताकार अथवा चौकोर पादपीठ पर कमल निर्माण करे। खड़ी प्रतिमा के लिये पीठिका बनावे और बैठी प्रतिमा के लिये पीठिका दूनी होनी चाहिये।

पद्मासन से बिठाई गई प्रतिमा पीठ की लम्बाई-ऊँचाई समान होती है। विशेष यह है कि अनन्त भगवान् की प्रतिमा में पीठ गोलाकार ही होना चाहिये। सिंहासन में अनेक सिंहों से घिरी हुई पीठिका प्रमाण से कुछ लम्बी चौकोर तथा ऊँची होनी चाहिये।

एकवेरविधि शयन कराई गई प्रतिमा के लिये पीठ परिमाण निश्चित नहीं है। प्रासाद में गर्भभाग को सात भागों में प्रविभक्त करे। मध्य भाग ब्राह्म उसके बाद द्वितीय भाग दैविक, तृतीय भाग मानुष तथा चौथा भाग पैशाचिक कहा जाता है। यहाँ तब दैविक कार्य में एकवेर विधि कही गई।

अब बहुवेर विधि में आसन की विधि कहते हैं—उपरोक्त कहे गये सात भागों में जहाँ मानुष्य भाग हो वहाँ आसन प्रदान करे। प्रतिमा का शयन उपरोक्त दैव और मानुष भागों को मिलाकर करना चाहिये। कोई-कोई गर्भ गृह का नवभाग करते हैं। उसमें मध्यम भाग ब्राह्म, उसके बाद दैविक, उसके बाद तीसरा पैतृक और चौथा मानुष भाग होता है तथा पञ्चम भाग पैशाच ऐसा कहते हैं। दैविक भाग में मूर्त्ति की प्रतिष्ठा और पैतृक भाग में उनके परिवार आवरण देवता स्थापित करे। मानुष भाग में आयुध स्थापित करे। पैशाच भाग में कुछ स्थापित न करे। इसके बाद बुद्धिमान तन्त्रसाधक रत्नजटित त्रिशूल स्थापित करे। जो वृक्ष सारवान् (मजबूत) हों, ऐसे निर्दोष खैर आदि के वृक्ष घर लाकर उनका स्वस्तिवाचन करे। शिल्पी के द्वारा उसका निष्कल भाग दूर करा कर शेष भाग को गढ़वा कर शास्त्र प्रमाण के अनुसार उससे त्रिशूल निर्माण करावे। त्रिशूल के मुख की लम्बाई बारह अङ्गुल कही है, उसका उष्णीष एक अङ्गुल का होता है और मूर्धा की लम्बाई तीन अङ्गुल कही गयी है। उष्णीष के सहित मुख और हृदय जितना लम्बा हो उतनी ही कण्ठ की लम्बाई करे। नाभि से ऊर्ध्व भाग का प्रमाण एक ताल और उतना ही नाभि के नीचे का परिमाण बनाना चाहिये।

बारह अङ्गुल की ऊरुदण्ड (घुटने के ऊपर का भाग), उसके बाद पाँच

अङ्गुल का जानु (घुटने), इसके बाद जंघा (जानु का ऊपरी भाग) ऊरु के प्रमाण का बनावे। पादान्त जानु के मान का बनावे। यह दशताल के परिमाण वाले त्रिशूल निर्माण का क्रम कहा गया। शेष नव ताल से तीन ताल तक परिमाण वाले त्रिशूल होते ह। इसमें सात ताल वाला त्रिशूल मुख्य है, वही प्रमाण भी है। शेष त्रिशूलों के अङ्गों का प्रमाण कहते हैं—नवतालत्रिशूल एक अङ्गुल का उष्णीश कहा गया है। मूर्धा, गोलक, अध्यर्ध, गोलक, कण्ठ, हृदय और मुख भी पूर्वोक्त प्रमाण का होता है। नाभि के ऊर्ध्व का तथा नाभि के अधोभाग का प्रमाण भी उतना ही होना चाहिये। मुख के प्रमाण का दूना ऊरु तथा जानु, कण्ठ का परिमाण होना चाहिये। जङ्घा, ऊरू के समान होना चाहिये। पादान्त जानु के समान होना चाहिये। यहाँ तक नवताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहा गया।

अब अष्टताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहते हैं—गोलाकार परिमाण में एकादश अङ्गुल कण्ठ गोला होना चाहिये नाभि के ऊर्ध्व का भाग तथा नाभि के नीचे का भाग परिमाण में उतना ही कहा गया है। पूर्वोक्त अङ्गुल कर परिमाण का शिर बनावे। मानव के लिये निर्मित त्रिशूल में उष्णीश नहीं होता। २२ अङ्गुल ऊरू और जघन कहा गया है। गोलक जानु से पादान्त निर्माण करे। आठ ताल के त्रिशूल में यह क्रम कहा गया है। कण्ठ के अङ्गुल का परिमाण पहले कहा जा चुका है । हृदय दश अङ्गुल का होना चाहिये । नाभि भी दश अङ्गुल की, उसके नीचे का भाग नव अङ्गुल का, बीस अङ्गुल का ऊरू और उतने ही प्रमाण में प्रतिमा की जङ्घा बनाई जानी चाहिये। जानु से लेकर पादान्त भी उतने ही अङ्गुल का बनावे। सात ताल के त्रिशूल निर्माण का यही क्रम है। जानु और कण्ठ से लेकर पादान्त तक का मान कह दिया गया है।

अब इसके बाद नाभि का मान कहते हैं—प्रतिताल मुख को भी दश अङ्गुल कहा गया है। विचक्षण मुख में जहाँ हीन है उसे शरीर में प्रक्षिप्त कर देवे। २५ अङ्गुल का शरीर, मुख ११ अङ्गुल, ऊरू और जङ्घा अष्टादश अङ्गुल निर्माण करना चाहिये। शरीर का गोलक ग्रहण कर कुब्जपाद में त्रिशूल में जोड़ देवे। शेष अङ्ग जैसे का तैसा निर्माण करे। तब कुब्ज त्रिशूल, वामन त्रिशूल विपरीत अर्थात् कुब्ज पाद की गोलाई शरीर में जोड़ देवे। पाद तालक्रम में पैर का मान शरीर में और शरीर का मान पैर में जोड़ देवे तो वे क्रमश: कुब्ज और वामन त्रिशूल कहे जाते हैं। कोई-कोई विद्वान् सप्तताल वाले त्रिशूल को कुब्ज कहते हैं।

अब पञ्चताल में प्रमाण कहते हैं—पञ्चताल प्रमाण वाले त्रिशूल में दश अङ्गुल का मुख होता है और शरीर उसका दूना होता है। ऊरू तथा जङ्घा का प्रमाण पन्द्रह अङ्गुल का होता है। वामन त्रिशूल में कायमान को दोनों पैरों में

निक्षिप्त करे तथा पाद का मान शरीर में निर्माण करे। शेष का प्रमाण जैसे का तैसा यथाविधि रखे। यह क्रम चार ताल के विषय में कहा गया है।

अब त्रिताल प्रमाण के त्रिशूल कहते हैं—त्रिताल में आठ अङ्गुल का मुख होता है और उसका काय दश अङ्गुल का होता है। ऊरू नव अङ्गुल का होता है तथा जङ्घा उतने ही प्रमाण का होता है। यहाँ तक तत्तद् शूलों का प्रमाण कहा गया है।

अब शूलों को संख्या कहते हैं—वंशदण्ड, कटीदण्ड, वक्षोदण्ड और चार बाहुदण्ड में उतने ही प्रकोष्ठ और दो पाददण्ड होते हैं । इस प्रकार शूल दण्ड की तेरह संख्या हुई । कुछ विद्वान् वक्षोदण्ड की लम्बाई दो मुख के बराबर कहते हैं। कटिदण्ड की लम्बाई एक भाग युक्त मुख के समान होती है बाहुदण्ड की लम्बाई ऊरूदण्ड के समान होती है। प्रकोष्ठबन्ध उतना ही रखे। मणिबन्ध की लम्बाई एक अङ्गुल करे, ऊरू और वाहू की लम्बाई २० अङ्गुल करे।

इन दण्डों में छेद न करे और इन्हें एक में जोड़ देवे। शूलकर्म में कहीं भी कीली न ठोंके। दो शिखा तीन शिखा अथवा एक शिखा का दण्ड निर्माण करे उसे पतला बना कर पृथक्-पृथक् जोड़ देवे। वक्षोदण्ड के मध्य भाग को पतला करे। कटीदण्ड के मध्य को पतला न करे। उस पतले किये गये दोनों स्थानो में निश्छिद्र (छिद्ररहित) वंशदण्ड जोड़ देवे। किरीट सहित वंशदण्ड त्रिशूल का मुख है ऐसा कोई-कोई कहते हैं। कोई मूर्धन्ति को मुख मानते हैं किन्तु मेरी मान्यता दोनों प्रकार के मतों में हैं। इसके बाद विद्वान् कारीगर वक्षोदण्ड जिसका अग्रभाग तीन शिखा वाला हो निर्माण करे। शिखारहित बाहुमूल का निर्माण करावे। फिर उपबाहुमूल जो अन्त में एक शिखा वाला है उसे पृथक् रूप से निर्माण करावे।

दो शिखा वाला प्रकोष्ठादि निर्माण करावे जिसे कूर्पर कहते हैं। फिर बुद्धिमान् कारीगर सभी दण्डों को एक में जोड़ देवे। जहाँ-जहाँ जोड़ हो वहाँ दृढ़ता के लिये ताँबे के पट्टे से वेष्टित कर दे जिससे वह संधिस्थान और मजबूत हो जावे। एक शिखा का कटिदण्ड तथा दो शिखा वाले ऊरूदण्ड का निर्माण कर एक में जोड़ देवे । तदनन्तर ताम्रपट्ट से उसे वेष्टित कर देवे। स्नानकर्म में दृढ़ता के लिये यहाँ जानुओं की सन्धि नहीं कही गई है। प्रतिमा के अनुकूल शूल का आयाम (लम्बाई) और उसका वृत्त निर्माण तथा प्रतिमा की स्थिरता के लिये उपशूल का निर्माण करावे। फिर विष्णु, ब्रह्मा तथा शिव की प्रतिमा में दश ताल का शूल बनवाव। शेष देवताओं के लिये नवताल का और मनुष्यों एवं स्त्रियों के लिये आठ ताल का शूल निर्माण करावे।

जहाँ दशताल का शूल कहा गया है वहाँ वह एक सौ बीस अङ्गुल का

मान होता है। जहाँ नवताल का कहा गया है वहाँ ११८ अङ्गुल का मान होता है। जहाँ आठ ताल का मान कहा गया है वहाँ वह ९६ अङ्गुल लम्बा होता है। आसन में, जानुसंधि में और शयन में १५ शूलदण्ड पृथक्-पृथक बनवावे। कोई चरणमूल में और पार्श्वमूल में भी दो-दो के क्रम से पृथक्-पृथक् शूल का निर्माण कराते हैं। इस प्रकार शिखारहित ४ दण्ड और उसमें संयुक्त करे। तब १७ शूल दण्ड स्थान में हो जाते हैं। इस प्रकार १७ शूल बना कर वैदिक रीति से उसे स्थापित करे और पुंसा मुद्रा से उसे आसन पर जानु सहित स्थापित करना चाहिये।

दो शिखा का जङ्घादि में और एक शिखा का जानु में स्थापित करे तब त्रिशूल के दण्ड १९ हो जाते हैं। ये दण्ड शयन वाली प्रतिमा में करे। इससे ऊपर शूलदण्ड न करावे। शयन में पादशिला आदि भी न बनवावे। तन्त्रवित् विश्वमुद्रा से शयन में शूल स्थापित करे इन शूल दण्डों को बाँधने के लिये नारिकेल की त्वचा की रस्सी ग्रहण करे। यह रज्जु गोल होनी चाहिये। बहुत मोटी अथवा अत्यन्त पतली नहीं बनानी चाहिये। उसकी नाभि शलाकामात्र होनी चाहिये। रस्सी में गाँठ नहीं होनी चाहिये। उसे अत्यन्त दृढ़ तथा सर्वथा कमजोर भी नहीं होना चाहिये। इस प्रकार नारिकेल को रज्जुमय बना कर शूल के सारे अङ्गों को वेष्टित करे (लपेट देवे)। जिस प्रकार शरीर में ६४ सिरायें (नाड़ियाँ) होती हैं उसी प्रकार तन्त्रवेत्ता शूल में पाशों (बाँधने वाली रस्सी) का निर्माण करे।

शूल अस्थि है, रज्जु सिरायें (नाड़ियाँ) हैं, मिट्टी मांस है और नारियल-त्वक् पट हैं, इस प्रकार दो-दो रस्सों से बाँधकर उसे शूल में लपेट देवे। नारिकेल के फल से युक्त त्रिफला के जल को अच्छी तरह मथकर नारिकेल का रस निकाले। फिर उसमें मिट्टी डालकर शूल के आदि बन्ध के स्थूल बन्धों एवं सर्वाङ्ग में शनैः शनैः उस मिट्टी से लेप करे। फिर उन चारो को एक साथ रस्सी से वेष्टित करे। रस्सी से वेष्टित कर उसे एक समान बनाकर मिट्टी से धीरे-धीरे पुनः उस रज्जु पर लेप लगावे। फिर तीन बार सुखाई गई मिट्टी उस पर देवे। इसके बाद रज्जु से न बाँधे और न शुष्क मिट्टी लगावे। विचक्षण कारीगर मिट्टी से ही धीरे धीरे उसके शुष्क और अशुष्क (आर्द्रता) का ज्ञान करे।

फिर शूल का संवेष्टन इस प्रकार करे जिससे उसके समस्त छिद्र और समस्त भिन्नता मिट जावे। फिर हाथ से मिट्टी का लेप करे, तदनन्तर कड़े शर्करा के चूर्ण का लेप कूँची से करे। त्रिफला के जल में कपास के जड़ से युक्त शर्करा का चूर्ण पीस कर एक में मिला देवे। फिर कूर्च से पुनः उस कल्क का लेप करे। फिर बाँस के करण्ड के अग्र भाग से उस लिपे हुये स्थान पर

पुनः लेप करे ।

बुद्धिमान् कारीगर इस प्रकार लेप किये गये शूल के समस्त अङ्गों को वस्त्र से आच्छादित करे। फिर शुक्तिकादि क्रिया तथा सभी वर्ण (रंग) उस पर लगावे। इसके बाद विचक्षण कारीगर वर्णयोग की विधि करे। मुख का आधा किरीट और किरीट का आधा फालपट्ट निर्माण करे। सभी प्रकार के मान और उन्मान के प्रमाण इन्द्ररात्र के चित्राध्याय में विस्तारपूर्वक यथाविधि कहेंगे।

प्रतिमा यदि पुरानी हो गई हो तब पुनः उसके स्थान पर नवीन प्रतिमा निर्माण करावे। फिर स्थान योग के विधान से उसके स्थान का निर्माण करावे। यदि स्थान भी पुराना पड़ गया हो तो वहाँ आसन कर्म करावे आसन के फूट टूट जाने पर अथवा नष्ट हो जाने पर शयन क्रिया करावे। शयन के टूट-फूट जाने पर पुनः शयन का ही निर्माण करावे। इसके बाद शयन से अन्य कुछ न करावे। प्रतिमा के स्वस्थ रहते-रहते उसका उत्पाटन (उखाड़ना) न करे। स्वस्थ प्रतिमा का उत्पाटन करने वाला थोड़े ही दिनों में नष्ट हो जाता है। मिट्टी के बने हुये शूल के भाग में पुनः उसकी क्रिया (जीर्णोद्धार) करावे। शेष पत्थर से बने हुये अङ्गों के भङ्ग होने पर पुनः उसका जीर्णोद्धार करावे।

लोहे से बनी हुई प्रतिमा के अतिरिक्त मिट्टी आदि से निर्मित प्रतिमा के पुरानी पड़ जाने पर उसे जल में फेंक देवे। लौह प्रतिमा के भङ्ग होने पर उसे किसी सुयोग्य को प्रदान कर देवे अथवा किसी प्रतिमा के जानकार को उसे दे देवें अथवा भगवद् भक्त को दे देवे। उनके न प्राप्त होने पर किसी दीक्षित साधक को दे देवे। प्रतिमा के नाश हो जाने पर निश्चय ही राष्ट्र का नाश हो जाता है। इसलिये कारीगर पुनः प्रतिमा का निर्माण करावे १९६।

ब्रह्मरात्र में अष्टम अध्याय प्रासादविधि नामक है। यहाँ अब इसके बाद प्रासाद की उत्कृष्ट विधि कहते हैं—प्रासाद के लिये किसी प्रशस्त भूमिभाग में भूमि का परिग्रह करे। प्रासाद के लिये प्राकार पर्यन्त परिगृहीत भूमि पर क्रमशः सूत्रपात करे। या उसके आठों दिशाओं में अश्वत्थ वृक्ष से बनी हुई आठ खूँटी गाड़ देवे। पूर्वाभिमुख होकर वैदिक रीति से इन्द्रादि देवताओं की स्थापना कर पुंसा मुद्रा से जल द्वारा सेचन करे और विश्वमुद्रा से अक्षत छोड़े। निवृत्ति मुद्रा से प्रणाम कर वहाँ सर्वमुद्रा से बलि प्रदान करे। बलि कर्म में पायस कृसर गौड़ और शुद्ध अन्न की विधि है। फिर उसमें से पेड़ों के जड़ों को हटाकर वहाँ की पृथ्वी का संशोधन करे और समान वर्ण वाले दो बैलों से हल द्वारा पृथ्वी का कर्षण करे। जितना प्रासाद के लिये भूमि परिग्रहीत हो उतने दूर तक हल चला कर पृथ्वी का कर्षण करे। तदनन्तर साधक खात में मूल मन्त्र (अष्टाक्षर द्वादशाक्षर) से होम कर पुनः यागमण्डप के समान उस खात को जल से पूर्ण

करे। पुनः ईंट स्थापित कर मूल मन्त्र से होम करे।

ईंटें उत्तम शब्द करने वाले तथा अच्छी तरह से पके हुये होने चाहिये। भग्न विलीन (पिघलने वाले) टेढ़े-मेढ़े, उलटे, फूटे-टूटे जिसकी नाक टूटी हो, या अत्यन्त जले कटे ईंट प्रासाद में वर्जित हैं। प्रासाद के लिये कारीगर सर्वलक्षण संपन्न नीरोग क्रोधरहित प्रसन्न युवा अच्छे कुल का सुशील हस्तकला में निपुण विद्वान् और तक्षक होना चाहिये। तक्षक कारीगर वस्त्रालङ्कार से भूषित होकर वाशि (वसूला) हस्तवाशी (कुल्हाड़ी) क्रकच (आरी) ऐषणि (नापने वाला गज) लेकर क्रमशः आठ या १२ ईंटों का निर्माण करे। प्रथमतः वसूले से उसे छीले। इसके बाद हस्तवांशी से छीले। फिर आरे से काट कर एषणि से नाप कर उन ईंटों का निर्माण करे। प्रासाद के द्वार के दक्षिण पार्श्व में उन ईंटों को स्थापित करे। उस पर इन्द्रादि आठ देवताओं की अथवा पुनः १२ देवताओं की स्थापना करे।

गर्भाधान के निमित्त बीच में गड्ढा निर्माण करे। क्रमशः गर्भाधान कर प्रासाद को आरम्भ करे। जगती, कुमुद वेदिकापट्टिका, पाद, कपोत वेदी, उसके ऊपर पट्टिका, कण्ठनाल, कण्ठ, शिर और शिरोघट (कलशाकार शिखर) निर्माण करे। इस प्रकार क्रमशः ५ हाँथ निर्माण कर उसके ऊपर ५ हाँथ का शाला कूटचर निर्माण करे। प्रासाद शास्त्र का जानकार प्रासाद के नीचे का प्रदेश निर्माण करे। प्रासाद वृत्ताकार अथवा चौकोर अथवा वृत्त और आयत दोनों अथवा चौकोर आयताकार दोनों चार प्रकार के होते हैं। वृत्त और चौकोर में चार नाड़ी होती है।

प्रासाद के प्रत्येक दिशाओं में विभागपूर्वक आठ कपोत और आठ नाड़ियों का निर्माण करे। आठ कोण में शिखर और आठ नाड़िका क्रमशः निर्माण करे। अष्टास्र में और वृत्त में गोलाकार शिखाघट निर्माण करे। वह शिखाघट चार कोणों में वृत्त अथवा चौकोर होना चाहिये। चौकोर आयत में अथवा वृत्ताकार आयत में प्रतिमा का शयन स्थान निर्माण करे। उसमें प्रतिमा का स्थान और आसन नहीं होना चाहिये। यान और शयन सर्वत्र करे और ग्राम के मध्य में बने प्रासाद में सब करे। ग्राम के पश्चिम प्रासाद में आसन निर्माण करावे।

उसमें उत्तर में शयन स्थान तथा पूर्व में स्थान का निर्माण प्रशस्त कहा गया है। इसी प्रकार दक्षिण में यान और कोणों में स्थान (स्थिति) प्रशस्त कहा गया है। शयन के लिये बनाये गये प्रासाद में चारों ओर द्वार प्रशस्त है। प्रासाद के पूर्व भाग में द्वार होने पर दक्षिण की ओर ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त कहा गया है। प्रासाद के पश्चिम में द्वार होने पर उत्तर ग्रीवा से युक्त शयन तथा दक्षिण दिशा में द्वार होने पर पश्चिम दिशा में ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त होता है। उत्तर दिशा में द्वार होने पर पूर्व की ओर ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त कहा गया है।

इसके विपरीत शयन वर्जित है। प्रतिमा के स्थान तथा आसन कार्य में क्रमशः पूर्व और पश्चिम की ओर द्वार निर्माण कराना चाहिये।

गर्भभाग का चार भाग भित्ति का भाग कहा गया है। पत्थरों से अथवा ईंटों से या काष्ठ से या मिट्टी से अथवा अपने वित्त के अनुसार प्रासाद का निर्माण करे। प्रासाद आदि का विस्तार एक हाथ से आरम्भ कर ३० हाथ तक लम्बा बनवाना चाहिये। प्रासाद एक भूमि से प्रारम्भकर नवभूम्यन्त निर्माण करावे अथवा द्वादश भूभ्यन्त निर्माण करावे। इससे ऊपर न बनवावे। प्रासाद की ऊँचाई से चौथाई कम गोपुर की ऊँचाई होनी चाहिये या प्रासादका तीन भाग होना चाहिये। मण्डप गोपुर का आधा बनवाना चाहिये। गर्भभाग के आधे भाग का गरुड़ मण्डप, उतना ही लोकपालों का मण्डप और उसकी आधी बलिपीठिका का निर्माण होना चाहिये। प्रासाद के ऊपरी भाग में चारों दिशाओं में दिङ्मूर्त्ति निर्माण करावे पूर्व दिशा में वाराह की तथा दक्षिण में नारसिंह की मूर्त्ति निर्माण करावे पश्चिम में श्रीधर की मूर्त्ति उत्तर में हयग्रीव की मूर्त्ति कोणों में गरुड़ की मूर्त्ति निर्माण करावे। भित्ति को छोड़कर कहीं कोई और मूर्त्ति निर्माण न करावे। वाराह का स्वरूप काला, नृसिंह का श्वेत, श्रीधर का सुवर्ण और हयग्रीव का वर्ण रक्त है। गरुड़ का वर्ण सुवर्ण के समान, उनके अग्रभाग नासिका का नीला वर्ण का बनवाना चाहिये। इन सभी दिङ्मूर्त्तियों का स्वरूप पद्मासन में बनवाना चाहिये।

वाराह का रूप सुखासन है, इनका दर्शन अद्भुत है, नारसिंह पर्यङ्क के आसन से संयुक्त है। इनका भी दर्शन अद्भुत है। श्रीधर श्री के साथ और सुखासन पर विराजमान हैं। हयग्रीव को योगासन पर स्थित हुआ निर्माण करावे। दाहिना ऊरू पैर का घुटने के ऊपर वाले हिस्से ऊपर उठाकर बायें पैर के ऊपर स्थापित करे तो वह सुखासन हो जाता है। इसी प्रकार गरुड़ को भी सुखासन पर निर्माण करावे। प्रासाद के निचले भाग के चारों दिशाओं में नर नारायण हरि और कृष्ण की दिङ्मूर्त्ती स्थापित करे।

कोई लोग इन्द्र, यम, वरुण और सोम को दिङ्मूर्त्ती कहते हैं। कोई-कोई आचार्य वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध इन चार को दिङ्मूर्त्तियाँ कहते हैं। अन्य लोग पुरुषादिकों को ही दिशामूर्त्ती कहते हैं। इन सभी लोगों में प्रत्येक की मूर्ति पद्मासन ही कहा गया है। चित्र प्रतिमा, अर्धचित्र प्रतिमा, चित्राभास प्रतिमा को स्थान, आसन, शयन एवं यानगामी बनावे यदि देव खड़े हों तब दिङ्मूर्त्तियाँ भी खड़ी निर्माण करावे बैठे रहने पर बैठी निर्माण करावे अथवा दोनों प्रकार का निर्माण करावे। इस प्रकार तन्त्र का अनुसन्धान करने वाला तन्त्रवेत्ता प्रतिमा प्रासाद का निर्माण करावे।

ब्रह्मरात्र में नवमध्याय अर्चनाविधि नामक है। यहाँ अब इसके बाद विष्णु के आराधन का क्रम कहते हैं—स्थावरा अस्थावरा भेद से अर्चना दो प्रकार की कही गई है।

स्थावरार्चनादि कहते हैं—१. स्थावरा अर्चना एक बेर विधि से करनी चाहिये। २. कर्मार्चा में अस्थावरा अर्चना की जाती है। एकवेर की विधि प्रतिमा की स्थिति में प्रायः कहा जा चुका है। प्रतिमा के शयन, आसन और यानगविधि में बहुवेरविधि होती है। साधक को स्थावरा अर्चा में परिवार (आवरण) का निर्माण नहीं करना चाहिये। कर्मार्चा में प्रतिमा के चारों ओर साधक को परिवार बनाना चाहिये।

पादपीठार्चनादि कहते हैं—स्थावरा और अस्थावरा दोनों में शास्त्र की रीति के अनुसार योगपीठ निर्माण करावे। धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य क्रमशः योग पीठ के आग्नेयादि कोणों में स्थापित करे। नीललोहित शिव को मध्यपाद बनाकर निर्माण करे।

न्यसार्चनादि कहते हैं—पारमेष्ठी मुद्रा से धर्म का, पुंसा मुद्रा से ज्ञान का, विश्व मुद्रा से वैराग्य का और निवृत्ति मुद्रा से ऐश्वर्य में न्यास करे। मध्य में स्थित रुद्र का सर्वमुद्रा से न्यास करे। इस प्रकार योगपीठ की अर्चा करे। तदनन्तर स्थिर चित्त से प्रणव के द्वारा मध्य में स्थित पद्म का न्यास करे। पद्म की कर्णिका में पूर्व से सत्त्व, रज और तम इन तीनों गुणों का प्रणव द्वारा उत्तरोत्तर न्यास करे। इसके बाद साधक मूलमन्त्र से न्यास करे। इस तन्त्र में मूलमन्त्र दो प्रकार का कहते हैं—प्रथम अष्टाक्षर मन्त्र और दूसरा द्वादशाक्षर मन्त्र। साधक न्यास के लिये इन दोनों में से किसी एक का उपयोग करे । सृष्टिन्यास, स्थितिन्यास और संहारन्यास इन तीनों में जो इच्छा हो वह न्यास करे, इसमें कर्त्ता की इच्छा ही प्रमाण है । शिर से लेकर पैर तक जो न्यास किया जाता है । वह सृष्टिन्यास नाभि से लेकर हृदयपर्यन्त जो न्यास किया जाता है । वह स्थितिन्यास पैर से लेकर शिर पर्यन्त किया जाने वाला न्यास संहारन्यास कहा जाता है ।

अब अष्टाक्षर न्यास के प्रत्येक अक्षरों का न्यास कहते हैं—१. मूर्धा, २. चक्षु, ३. मुख, ४. हृदय, ५. नाभि, ६. गुह्य, ७. जानु और ८. चरण ये आठ स्थान है यह सृष्टिन्यास है—इसका इसी लोक में फल है, जो राज्य कामना, धन कामना, पुत्र कामना, बधू कामना, ग्राम कामना से प्रायोगी जब सुख की इच्छा वाले गृहस्थ और ब्रह्मचारी करते हैं।

अब स्थितिन्यास कहते हैं—प्रथम नाभि, दूसरे में गुह्य, तीसरा जानु, चौथा चरण, पाँचवाँ मूर्धा, छठां नेत्र, सातवाँ मुख का मध्य एवं आठवाँ हृदय इतने स्थान है।

कोई विद्वान् हृदय से आरम्भ कर नाभि पर्यन्त स्थितिन्यास कहते हैं—इस

नाम्यन्त न्यास को वे बुद्धिमान् ऊर्ध्वमुख कहते हैं। कोई अन्य विद्वान् इसे नाभि से आरम्भ कर हृदयान्त को अधोमुख कहते हैं। परलोक में तथा इस लो में फल प्राप्त करने की इच्छा वाले लोगों को यह स्थितिन्यास करना चाहि ऊर्ध्वमुख स्थिति न्यास करने वालों को परलोक में दूना फल होता है अधोमुख स्थितिन्यास करने वालों को इस लोक में ही दूना फल प्राप्त हो है। प्रायः गृहस्थों के लिये यह सनातन न्यास कहा गया है।

अब मोक्ष का सुख प्रदान करने वाले संहारन्यास कहते हैं— संहारन् में सर्वप्रथम पाद, द्वितीय जानु, तृतीय गुह्यप्रदेश, चौथा नाभि, पाँचवाँ हृद छठा मुख, सातवाँ नेत्र और आठवाँ मूर्धा कहा गया है। यह संहारन्यास मोक्ष इच्छा रखने वाले लोग करते हैं। यह न्यास प्रायः वानप्रस्थ अवस्था वालों लिये कहा गया है।

अब द्वादशाक्षर बीजों का स्थान कहते हैं—सर्व प्रथम शिर का मध्य भा द्वितीय शिर का दक्षिण भाग, तृतीय पश्चिम भाग, चतुर्थ उत्तर भाग, पञ्चम का पूर्व भाग, षष्ठ चक्षु, सप्तम मुख, अष्टम हृदय, नवम नाभिदेश, द गुह्यस्थान, एकादश जानु तथा द्वादश चरणस्थान होता है।

अब स्थितिन्यास कहते हैं—प्रथम मुख, द्वितीय हृदय, तृतीय नाभि स्था चौथा गुह्य, पाँचवाँ जानु, षष्ठ चरण, सातवाँ मूर्धा, आठवाँ मूर्धा का दक्षि भाग, नवम मूर्धा का पश्चिम भाग, दशम उत्तर भाग, एकादश पूर्व भाग द्वादश चक्षु कहा गया है। यहाँ पर भी तन्त्रवेत्ता चक्षु से लेकर मुखान्त न्यास ऊर्ध्वमुख स्थितिन्यास कहते हैं। इसी प्रकार कोई तन्त्रवेत्ता मुख से आरम्भ चक्षु के अन्त तक अधोमुख स्थितिन्यास कहते हैं।

अब द्वादशाक्षर का पूर्वोक्त क्रम के योग से संहतिन्यास का स्थान क हैं—प्रथम स्थान पाद, द्वितीय जानु, कहा गया है। तृतीय गुह्यस्थान, च नाभि, पञ्चम हृदय, षष्ठस्थान मुख कहा गया है। सप्तम चक्षु, अष्टम शिर पूर्व भाग, नवम शिर का उत्तर भाग, दशम शिर का पश्चिमभाग, एकादश शि का दक्षिण भाग तथा द्वादश मूर्धा स्थान कहा गया है। यही संहार न्यास है।

अब करन्यास कहते हैं—जिससे कर शुद्ध होता है। सभी अङ्गुलियों मध्य में करन्यास प्रशस्त कहा गया है। अङ्गुलियों की आदि रेखा से प्रारम्भ अन्तरेखा तक का स्थान प्रणव द्वारा न्यास करन्यास होता है। यह न्यास भी की भाँति तीन प्रकार का (सृष्टि, स्थिति, संहार) कहा गया है। दक्षिण हाथ आदि रेखा से प्रारम्भ कर वामहाथ की अन्त रेखा तक जो न्यास किया जाता वह सृष्टि न्यास कहा जाता है। संहार में उससे विपरीत अर्थात् बायें हाथ अन्त रेखा से प्रारम्भ कर दाहिने हाथ की आदि रेखा तक संहार न्यास क जाता है। यहाँ कनिष्ठा अङ्गुलि की आदि रेखा से प्रारम्भ कर अन्त रेखा त

स्थितिन्यास कहा जाता है। दाहिने हाथ में तीन मात्रा में प्रणव का उच्चारण कर न्यास करे। अङ्गुष्ठ के मध्य में तथा तर्जनी के आदि में तीन प्रणव से न्यास करे। अष्टाक्षर के प्रथम बीज से तर्जनी के मध्य में न्यास करे। तर्जनी के अन्त में तीन मात्रा वाले प्रणव से न्यास करे। इसी प्रकार मध्यमा के आदि में तीन प्रणव से न्यास करे। द्वितीय अक्षर से मध्यमा के मध्य में और अन्त में प्रणव से न्यास करे। अनामिका के आदि में प्रणव से, मध्यमा में तृतीय वर्ण से और अन्त में प्रणव से न्यास करे। कनिष्ठा के आदि में प्रणव से, मध्य में चतुर्थ वर्ण से और अनामिका में प्रणव से न्यास करें।

१. तदनन्तर सृष्टिन्यास कहते हैं—बायें हाथ की कनिष्ठा के आदि में प्रणव से न्यास करे उसके मध्य में पञ्चम वर्ण से अन्त में प्रणव से न्यास करे। तदनन्तर अनामिका के आदि में प्रणव और मध्य में षष्ठ बीज से फिर अन्त में प्रणव से न्यास करे। तदनन्तर मध्यमा के आदि में प्रणव से, मध्य में सप्तम बीज से और अन्त में प्रणव से न्यास करे। फिर तर्जनी के आदि में प्रणव से और मध्य में अष्टमवर्ण से न्यास करे। पुनः अन्त में प्रणव से न्यास करे। इसी प्रकार अङ्गुष्ठ में प्रणव से न्यास करे। साधक वाम हाथ के मध्य में पूर्व की भाँति प्रणव का न्यास करे। इस प्रकार सृष्टिन्यास कहा गया।

२. अब संहारन्यास में इससे विपरीतन्यास होता है। अङ्गुष्ठ और कर के मध्य में तर्जनी से न्यास करना चाहिये कोई-कोई आचार्य कर के मध्य में मध्यमा से न्यास कहते हैं। दोनों हाथों के सभी अङ्गुलियों में अङ्गुष्ठ के अग्रभाग से न्यास करे बायें तथा दाहिने हाथ की अङ्गुलियों में बाये हाथ की अङ्गुलियों में बायें अङ्गुष्ठ के अग्र भाग से तथा दाहिने हाथ की अङ्गुलियों में दाहिने अँगूठे के अग्रभाग से न्यास करे ।

अब द्वादशाक्षरबीजों का न्यासस्थल अंगूठे में तथा कर के मध्य दोनों हाथ की अङ्गुलियों के आदि अन्त में प्रणव से न्यास करे। शरीर में दाहिने हाथ से ही न्यास करे। शिर में मध्यमा अङ्गुली से न्यास की विधि कही गई है।

दोनों नेत्रों में मध्यमा और तर्जनी से तथा मुख में अङ्गुष्ठ और अनामिका से न्यास विधान कहा गया है। हृदय में अङ्गुष्ठ तर्जनी से न्यास करे अङ्गुष्ठ और कनिष्ठा से नाभि स्थान में न्यास करे।गुह्य में अङ्गुष्ठ से शेष अङ्गुलियों से दोनों जानुओ में न्यास करे। पाँचों अङ्गुलियों से पैर में न्यास कहा गया है। इसी प्रकार स्थितिन्यास एवं संहारन्यास में अङ्गुलियों का प्रयोग कहा गया है।

अब द्वादशाक्षर द्वारा शरीरन्यास में विशेषता कहते हैं—बुद्धिमान् साधक शिर के दक्षिण भाग में तर्जनी से पश्चिम भाग में मध्यमा के अग्रभाग से उत्तर भाग में अनामिका से पूर्व भाग में कनिष्ठा से न्यास करे। शेष आठ न्यास पूर्ववत् करे। इसी प्रकार प्रणव से संपुट कर बीजन्यास करे। अष्टाक्षरवीजों का

वर्ण कथन न्यास में उपयोग किये जाने बाले बीजों के अक्षरों को पृथक्-पृथ वर्णों (रंगो) का ध्यान करते हुये न्यास करे।

अब बीजों के अक्षरों के वर्ण कहते हैं—अष्टाक्षर में प्रथम बीजाक्षर र द्वितीय और तृतीय धूम्रवर्ण, चौथा श्यामल, पञ्चम ज्योती, षष्ठ स्फटिक तु सप्तम शङ्ख के समान तथा अष्टम रजत वर्ण के तुल्य कहा गया है।

अब द्वादशाक्षर के बीज के अक्षरों का वर्ण कहते हैं—प्रथम अक्षर वर्ण दूसरा काला तीसरा गौर चौथा श्यामल पाँचवाँ रक्त छठा धूम्र वर्ण क गया है। सातवाँ नील आठवाँ रक्त नवम शुक्ल दशम लोहित प्रभा के स एकादश अन्धकार के समान तथा द्वादश बीजाक्षर का वर्ण पीत है। साधक इ प्रकार से द्वादशाक्षर मन्त्र के बीजों का ध्यान करते हुये न्यास स्थान में न्या करे । यह करन्यास एक बार कहा गया अब दूसरा कहते हैं—जिस प्र अपने शरीर में न्यास कहा गया है उसी प्रकार देवता के विग्रह में करें तो द्वितीय न्यास होता है।

अब न्यासबीजार्चनादि कहते हैं—उपर्युक्त प्रकार से देवता का करन्या संपादन कराकर साधक गन्ध पुष्पादि से न्यास बीजों की अर्चना करे। इस प्र करन्यास कर पूजा पात्र स्थापित करे। उस पूजापात्र को विष्णु गायत्री से प्रक्षा कर प्रणव से उसका स्पर्श करे। अष्टाक्षर मन्त्र से गन्धयुक्त जल उसमें डा फिर उसमें पञ्च गन्ध और मूल क्रमश: डाले। तदनन्तर चक्रमन्त्र पढ़कर चक्रमु प्रदर्शित करते हुये दिग्बन्धन करे। षडक्षर मन्त्र पढ़कर उसके आचारों और अ का प्राकार स्थापित करे। तदनन्तर महामुद्रा दिखाकर कवच मुद्रा बनाकर वि महाविष्णु तथा सदाविष्णु का ध्यान करे। तेजोमय सदाविष्णु को प्रणव आवाहन करे। उन्हें महाविष्णु में लीन करे। फिर उन विष्णु को पात्र में स्थापि कर पात्र के जल में ही विष्णु का ध्यान करे। फिर वह जल प्रतिमा के सिर प मूल मन्त्र पढ़ते हुये छोड़ देवे। तदनन्तर मूलमन्त्र से अर्घ्य पाद्य आचमन देकर विचक्षण साधक स्वागत मुद्रा प्रदर्शित कर विष्णु गायत्री से आसन प्रद कर उनके परिवार (आवरण) देवताओं को तत्तत्स्थानों में स्थापित करे। सरस्व को नैर्ऋत्य में, रति को वायव्य में और शान्ति को ईशान में स्थापित करे। इस पश्चात् द्वितीय आवरण में मुद्रास्थान प्रकल्पित करे।

पूर्व में शङ्ख दक्षिण दिशा में चक्र, पश्चिम में गदा, उत्तर में कम आग्नेय में लाङ्गल (हल), नैर्ऋत्य में खड्ग, वायव्य में शार्ङ्गधनुष और ईशान वनमाला स्थापित करे। तृतीय आचरण में उसके पश्चम् लोकपालों को स्थापि करे। इन परिवारों को उनके नामों से स्थापित करे यथा सरस्वती भावाह सरस्वत्यै नम: इत्यादि। इन सभी परिवारों में प्रत्येक का पद्मासन है। इन भाग प्रमुख आवरणों के पश्चात् गरुड़ को नियुक्त करे। फिर तृतीय आवरण से बा

ईशानकोण में विष्वक्सेन का आवाहन करे। तदनन्तर प्रत्येक आवरण के आसन पर पात्रस्थ जल छिड़के। इस प्रकार क्रमशः सेचन कर तत्तन्मुद्रा प्रदर्शित करे। पात्र का शेष जल विष्वक्सेन के ऊपर छोड़ देवे।

तदनन्तर निर्माल्यमुद्रा बाँध कर विधिवार कर प्रक्षालन करे। विचक्षण साधक आचमन मुद्रा प्रदर्शित कर पुरुषसूक्त से भगवान् की प्रतिमा का अभिषेचन करे। स्नानमुद्रा बाँध कर परिवार गणों को स्नान करावे। मूलमन्त्र से देवता को वस्त्र देवे और वस्त्रमुद्रा प्रदर्शित करे। उसी से यज्ञोपवीत देवे फिर वही मुद्रा प्रदर्शित करे। इसी प्रकार सभी परिवारों को वस्त्र यज्ञोपवीत देकर वही मुद्रा प्रदर्शित करे। फिर देवाधिदेव को अलङ्कार देकर अलङ्कार मुद्रा प्रदर्शित करे। पुंसा मुद्रा से गन्ध, विश्व मुद्रा से पुष्प, निवृत्तिमुद्रा से धूप, सर्वमुद्रा से दीपप्रदान करे। इस प्रकार क्रमशः सभी पूजा सामग्री प्रदान कर तत्तन्मुद्रा प्रदर्शित करे। इसी क्रम से समस्त पूजा विधि परिवार के देवताओं के लिये भी तत्तन्मात्र विद्या से प्रदान करे। वस्त्र यज्ञोपवीत और अलङ्कार स्पर्शतन्मात्र विद्या से, गन्ध, पुष्प और धूप तन्मात्रविद्या से, दीप और आदर्श रूपतन्मात्रविद्या से प्रदान करे। तदनन्तर साधक वैदिक रीति से चरू समर्पण करे। चरू का समर्पण रस तन्मात्र विद्या से करे। यदि एक वेर विधान से (आवरण रहित) पूजा हो तब होम न करे। कोई-कोई विद्वान् एकबेर विधि से की जाने वाली अर्चना में अग्निकार्य का विधान करते हैं। अतः अग्नि में भी योगपीठादि लक्षण देव की कल्पना करे। मूल मन्त्र से समिधा की आहुति प्रणव से आज्य की आहुति पुरुषसूक्त से चरु की आहुति देकर सदाविष्णु का ध्यान करे। मूलमन्त्र से आचमन कर पूर्ववत् न्यास कर शिर पर प्रणव मुद्रा स्थापित कर सूर्य का दर्शन कर देवाधिदेव को नमस्कार करे। आचमनमुद्रा से आचमन करावे। उच्छिष्ट दूर कर देवे। दोनों हाथ का प्रक्षालन करे जल से निर्माल्यमुद्रा से देवाधिदेव को माला और पुष्पाञ्जलि मात्रा मुद्रा से देवे।

साधक प्रतिमा के सामने बैठकर दोनों मूलमन्त्र का जप करे। पञ्चोपनिषद् का पाठ करे। साधक एक सौ विष्णु गायत्री का जप करे। जप करने के पश्चात् जपमुद्रा प्रदर्शित कर समस्त अर्चन सामग्री, फल और स्वयं अपने को भी भगवान् के लिये अर्पण करे। आसन से उठकर अञ्जलिमुद्रा से प्रणाम कर भगवान् की तीन प्रदक्षिणा कर अग्नि की प्रदक्षिणा करे। वैष्णवों को यथाशक्ति दक्षिणा देवे उनकी आज्ञा स देवता का विसर्जन करे।

किसी पात्र में जल लेकर हाथ से ढक कर 'जितं ते' इस मन्त्र को पढ़ते हुये प्रतिमा के शिर पर सेचन करे। इस मन्त्र में आदि में तीन प्रणव और अन्त में नमः लगावे यथा 'ॐ ॐ ॐ जितं ते पुण्डरीकाक्ष का स्मरण करते हुये महापुरुष पूर्वजा नमस्तेऽस्तु हृषीकेश नमस्ते विश्वभावना। फिर इस मन्त्र का तीन

बार जप करे। साधक तीनों विष्णु जैसे देवता उत्पन्न हुये थे उसी प्रकार उन देवताओं के लय का भी स्मरण करे १०७।

ब्रह्मरात्र में दशम अध्याय दानविधि नामक है। जिससे जीव पापमुक्त हो जाता है उस दान के लक्षण एवं देश, काल, पात्र, द्रव्यों का संग्रह और विविध दानों के फल कहते हैं।

कुरुक्षेत्र, गया, पुष्कर, पुरुषोत्तम क्षेत्र (जगन्नाथपुरी), प्रयाग, ब्रह्मदुर्ग, सालग्राम, सङ्गम, प्रभास क्षेत्र, गङ्गासागर बदरिकाश्रम ब्रह्मावर्त्त ब्रह्मसर, नैमिष, कालञ्जर, मतङ्ग, गङ्गाद्वीप, सरिताओं का मुख, समस्त विष्णु तीर्थ, समस्त विष्ण्वालय सङ्गम स्थान, वैष्णव क्षेत्र, भगवद् भक्तों के निवास, यतियों का निवास, यतियों का सङ्गम, प्रधान-प्रधान रूप से इतने देश दान के लिये कहे गये हैं।

द्वादशी, श्रवण, नवमी, पर्व दिन, सोम सूर्य का ग्रहण, व्यतीपात, उत्तरायण दक्षिणायन दोनों अयन, विषुव संक्रान्ति (जब रात दिन बराबर होते हैं तुला और मेष की संक्रान्ति), उत्सवों में, अपने जन्म के दिन, अर्चनाकाल में, दीक्षाकाल में, यतियों के दर्शन होने पर, दीक्षितों एवं वैष्णवों के दर्शन होने पर, कर्मारम्भ में, व्रतारम्भ में, व्रतान्त में, पुत्रजन्म काल में इन सभी प्रशस्त कालों में दान का फल चाहने वाले पुण्यात्माजनों को दान देना चाहिये।

दान का प्रथम पात्र वैष्णव है। वैष्णव की अपेक्षा समयी श्रेष्ठ है। उससे श्रेष्ठ चक्रवर्त्ती, उससे श्रेष्ठ अभिषिक्त, अभिषिक्त से गुरु श्रेष्ठ है। उनमें भी आचार्य श्रेष्ठ है। आचार्य से भगवान् तथा सभी भगवानों मे विष्णु विशेष है। विष्णु से अधिक दान का पात्र न हुआ है न आगे होगा।

भूमि, गाय, सोना, कन्या, अन्न, गृह, वस्त्र, अलङ्कार, शयन इसके अतिरिक्त आसन, वाहन, भक्ष्य, भोज्य, अन्न, पान, गन्ध, पुष्प, फल, फलों के वृक्ष जल, जलपात्र, पादुका छत्र, चामर, वितान, पताका, तैल, घी, दही, दूध, मधु, स्नेह, गुड़ आदि धान्य-धान्य औषदि विशेष तिल, मूल, वनस्पति बीज, रत्न, मणियाँ, लोहा, परिच्छद, तीर्थ में स्नान, दासी, दास, वसु, (रत्न औषधि धनादि) इत्यादि विशेष रूप से दान में देय द्रव्य कहे गए हैं।

अन्य स्थान की अपेक्षा पुण्य स्थल में दिया गया दान दशगुणा फल प्रदान करता है। उससे सौगुना उचित काल में उससे सौगुना उचित पात्र में पात्र की अपेक्षा वैष्णव वैष्णवो को दिया गया दान शतगुणित फल प्रदान करता है, उससे भी शतगुणित फल व समयी को उससे शतगुणित दीक्षित को उससे महान् शत गुणित फल चक्रवर्त्ती को उससे शतगुणित अभिषिक्त को उससे

शतगुणित फल गुरु उनसे भी शतगुणित फल आचार्य को उनसे भी शतगुणित फल भगवान् को दान देने से प्राप्त होता है। विष्णु को दान देने से वे अनन्त फल देते हैं। भूमि दो प्रकार की होती है एक व्रीहि वाला क्षेत्र, दूसरा मरुक्षेत्र। उसमें दान के लिये व्रीहिक्षेत्र प्रशस्त है। उसके न होने पर मरुभूमि (बलुई भूमि) का दान करे।

व्रीहि भूमि दो प्रकार की होती है। उसमें जिसके दान से अधिक फल होता है वह—१. अदेवमातृका भूमि व २. देवमातृका भूमि है। वह अदेवमातृका भूमि है जो नदियों के जल से सींची जाती है और जो केवल वर्षा के जल से सींची जाती है वह देवमातृका भूमि कही जाती है। इसमें अदेवमातृका श्रेष्ठ है। उसके न प्राप्त होने पर देवमातृका भूमि का दान करे।

चार प्रकार की अदेवमातृका भूमि होती है-केवला, कृष्टा, उप्ता एवं सस्यवती। (१) जो हल से जोतकर बीज बो दी गई हो और बीज बो देने पर हरे भरे सस्यों से युक्त हो वह केवला भूमि होती है, (२) जो भूमि केवल हल से जोती गई हो उसमें कुछ भी बोया न गया हो वह कृष्टा भूमि होती है, (३) जो जोती गई हो और उसमें बीज डाल दिये गये हों वह उप्ता भूमि होती है और (४) जो भूमि जोतकर बीजवपन करने के उपरान्त हरा भरा हो जाने के बाद जिस क्षेत्र का बीज पक गया है वह सस्या भूमि होती है। विद्वानों द्वारा इन चार प्रकार के भूमि में उत्तरोत्तर भूमि श्रेष्ठ कही गई है। पृथक्-पृथक् दान देने पर यह चारों प्रकार की भूमि पृथक्-पृथक् तारतम्येन दशगुणित फल प्रदान करती हैं।

(१) कुमारी (२) गर्भिणी (३) सूता और (४) क्षीरिणी भेद से इस तन्त्र में दान में देय गौ चार प्रकार की कही गई है। १. अपने वत्सभाव का अतिक्रमण करने वाली गौ कुमारी (बछिया) कही जाती है। २. जिसके ऊपर साँड़ चढ़ गया हो वह गीर्मणी कही जाती है। ३. जो प्रसूता एवं प्रसव की स्थिति में हो वह प्रसूता कही जाती है। ४. जिसके प्रसव का काल दश दिन बीत गया हो और जो दूध देने की स्थिति में हो वह गाय क्षीरिणी कही जाती है।

इन चारों में भी उत्तर-उत्तर वाली गौ प्रशस्त कही जाती है। दान देने में इनके दान का फल भी तारतम्य से क्रमशः दश गुणित है, दानकर्म में इन चारों से सर्वश्रेष्ठ उभयमुखी गौ कही जाती है ऐसी गौ दान देने पर सर्वापेक्षमा विशेषरूप से दाता को शतगुणित फल प्रदान करती है। उभयमुखी=प्रसूति काल में जब गौ के बच्चे का मुख योनि से बाहर आ गया हो ऐसी गाय उभयमुखी कही जाती है। उस अवस्था में दान का फल सर्वापेक्ष्या शतगुणित है।

गौओं के दान की अपेक्षा दान दिया गया बैल उत्तम फल प्रदान करता है १. दम्य और २. अदम्य भेद से अनड्वान के दो भेद कहे गये हैं जिसने

वत्सभाव का अतिक्रमण कर युवावस्था में प्रवेश किया है वह दम्य कहा है। १. जो गाड़ी में जोता जा कर भार वहन करता है वह धुर्य है उसे कहा जाता है। दम्य और अदम्य इन दोनों में धुर्य बैल विशेष महत्त्व रखता

सोना दो प्रकार का होता है एक अलङ्कार रूप दूसरा केवल सुवर्ण जिस सोने का अलङ्कार बना दिया गया है वह अलङ्कारिक है। जो केवल है वह केवल कहा जाता है इन दोनों में अलङ्कार का विशेष महत्त्व है।

१. स्वसुता तथा २. अन्यसुता के भेद से कन्या दो प्रकार की होती जिसे स्वयं दाता ने उत्पन्न किया है वह स्वसुता है। जो दूसरे से उत्पन्न वह अन्यसुता है। प्रायः स्वसुता के दान की अपेक्षा अन्य सुता का दान महत्त्वशाली है। अन्यसुता भी दत्ता, क्रीता और अपविद्धा भेद से तीन प्रकार कही गई है।

१. माता, भाई अथवा पिता, अथवा मामा के द्वारा दी गई कन्या कही जाती है। २. जो वस्तु देकर खरीदी जाती है वह क्रीता कन्या है। वाल्यावस्था में ही माता ने जिसका त्याग कर दिया है जिसके समस्त बन्धु संरक्षक मर चुके हैं वह कन्या अपविद्धा है। दानकर्म में वह प्रशस्त है। कन्याओं का दान उत्तरोत्तर दशगुणित फल देता है । आग्रान्न एवं केवलान्न से अन्न दान दो प्रकार का होता है। स्वयं नीचे आसन पर बैठ कर ब्राह्मण ऊँचे स्थान पर बैठाकर अपने पाक से भिन्न सामग्री समेत जो पक्वान्न दान जाता है उसे अग्रान्न कहते हैं। जहाँ केवल अन्न का दान किया जाता है केवलान्न कहा जाता है। इसमें अग्रान्न प्रधान है वह केवलान्न के दान दशगुणित फल देता है।

गृह भी दो प्रकार का होता है। प्रथम केवल गृह, दूसरा परिच्छेद (घर समस्त उपकरणों) सहित। केवल गृहदान की अपेक्षा सोपकरण गृह का विशेष महत्त्वशाली है।

वस्त्र भी दो प्रकार का होता है प्रथम विचित्र वस्त्र, दूसरा केवल विचित्र वर्ण से युक्त वस्त्र विचित्र और शुद्ध वस्त्र (बिना किसी रंग का) केवल वस्त्र कहा जाता है केवल वस्त्र की अपेक्षा विचित्र वस्त्र श्रेष्ठ है। शुद्ध (केवल की अपेक्षा उसका फल दशगुणित है। विचित्र वस्त्र भी दो प्रकार का कहते हैं- प्रथम क्षौम (रेशमी वस्त्र) और दूसरा कार्पास इसमें क्षौम मुख्य है। कार्पास के दान की अपेक्षा क्षौमवस्त्र का दान दशगुणित है। शयन, आसन और यान जो सबसे कीमती हो वही श्रेष्ठ है।

विद्यादान में विशेष फल कहते हैं—(१) लौकिक, (२) वैदिक, (३) आध्यात्मिक भेद से विद्या के तीन भेद कहे गये हैं। इनमें उत्तरोत्तर प्रधान

अर्थशास्त्र आदि लौकिक शास्त्र हैं। वेद संयुक्त रूप से वैदिक शास्त्र कहे गए हैं। इसके अतिरिक्त अध्यात्म ज्ञान देने वाले शास्त्र योग तन्त्रादि कहे जाते है। सभी योग एवं तन्त्रों में विष्णुतन्त्र उत्तम कहा गया है। सभी विष्णु तन्त्रों में पाञ्चरात्र आगम उत्तम कहा गया है। पाञ्चरात्र में भी मन्त्र उत्तम हैं । मन्त्रों में भी उनका अर्थ उत्तम है। अर्थों में भी उपदेशात्मक अर्थ श्रेष्ठ हैं। वैष्णव को दान देने से सालोक्य और समयी को दान देने से ऐश्वर्य, दीक्षित को दान देने से सौभाग्य तथा चक्रवर्त्ती को दान देने से विष्णु सामीप्य प्राप्त होता है। अभिषिक्त को दान देने से तथा गुरु को दान देने से ऐश्वर्य की और आचार्य को दान देने से सार्ष्टि मुक्ति प्राप्त होती है। भगवान् को दान देने से सायुज्य मुक्ति होती है। विष्णु को निमित्त बनाकर दान देने का फल अनन्त है। इसलिये सभी प्रयत्नों से केवल विष्णु को ही अपना दानपात्र बनाना चाहिये।

ब्रह्मरात्र में एकादश अध्याय मन्त्रकोश नामक है। सभी ज्ञानों में मन्त्रज्ञान श्रेष्ठ ज्ञान कहा जाता है। समस्त क्रियाओं का मूल मन्त्र है। इस सारे जगत् का मूल भी मन्त्र है। भगवान् भी मन्त्र के मूल है। किं बहुना विष्णु प्रभु भी मन्त्रमय हैं। इन तीनों जगत् में मन्त्र के अतिरिक्त और कोई कृत्य नहीं है। जो शब्द ब्रह्म कहा जाता है उसे साक्षात्कार कराने वाला मन्त्र ही है ।

भगवान् ब्रह्मदेव ने इस मन्त्र के विषय में मुझे जैसा उपदेश किया है उन मन्त्रों को मैं वैसे ही कहता हूँ। 'ॐ' प्रणव मन्त्र हैं 'झें' प्रणव का बीज है। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' यह द्वादशाक्षर मन्त्र है। 'हं' द्वादशाक्षर का बीज है। 'ॐ नमो नारायणाय' यह अष्टाक्षर मन्त्र है। 'अं' अष्टाक्षर का बीज है । क्रुद्धोल्काय स्वाहा इस मन्त्र से हृदय में, 'महोल्काय' से शिर में, 'वीरोल्काय' से शिखा में, 'अर्धोल्काय' से कवच और 'सहस्रोल्काय स्वाहा अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से अस्त्रन्यास करे।

'ॐ नमो नारसिंहाय...स्वाहा नारसिंहाय' यहाँ तक नारसिंह मन्त्र है । 'क्ष्रौं' नारसिंह बीज है । 'ज्वल हुं फट्' से हृदय में, 'स्तोभय हुं फट् से शिर में, 'ग्लु हुं फट्' से शिखा में, 'वज्रनखाय स्वाहा' से कवच और 'तीक्ष्णनखाय स्वाहा' से अस्त्रन्यास करे । नारसिंह का 'क्ष्रौं' बीज है । 'पुरुषविग्रहाय नमः' से हृदय 'सिंहमुखाय नमः' से शिर, 'भीमरूपाय नमः' से शिखा, 'दिव्यसिंहाय से कवच और 'विस्फारणाय नमः' से अस्त्रन्यास करे । 'यमघटोझिणि चिन्तामणि सूरु कामदुघे यथामनीषितानि मे दिशन्तु स्वाहा' यहाँ तक चिन्तामणि मन्त्र है । ओं स्वाहा, यथागतं पापं तथा गच्छतु स्वाहा, अतिबले स्वाहा, महाबले स्वाहा, असिद्धसाधनि अपराजितवैष्णावि नमोऽस्तु ते स्वाहा,

अब सर्वकर्म प्रसाधनी अपराजिता विद्या मन्त्र, बीज और पञ्चाङ्ग कहे हैं—'ॐ अभये अमर अवितथे......यथामनीषितानि मे दिशन्तु स्वाहा, यहाँ तक अपराजिता विद्या मन्त्र है। भूः स्वाहा, भुवः स्वाहा, स्वः स्वाहा, यथैवागतं पथ तथैव गच्छतु स्वाहा, महाबले स्वाहा, अतिबले स्वाहा, असिद्धसाधनि स्वाहा अपराजिते स्वाहा, पराजिते दुर्बीजसाधनि महासाधनि स्वाहा, क्रिये विक्रिये स्वाहा मालिनि शूलिनि स्वाहा, कृष्णे महाकृष्णे स्वाहा, नमो भगवति सूर्ये हन स्वाहा यहाँ तक अपराजिता विद्या के पञ्चाङ्ग है।

अब महावराह के पञ्चाङ्ग कहते हैं—ॐ नमो भगवते महावराहाय .... .महादंष्ट्राय नमः यहाँ तक महावराह का पञ्चाङ्ग कहा गया। अब ब्रह्मा के पञ्चाङ्ग कहते हैं— पं. ॐ नमो भगवते .... आत्मभुवे नमः' यहाँ तक ब्रह्मा के पञ्चाङ्ग कहा गया। अब पञ्चोपनिषद कहते हैं—ॐ षौं नमः....पराय सर्वात्मने नमः' यहाँ तक पञ्चोपनिषद कहा गया। अब पञ्चतन्मात्रा कहते हैं—'ॐ मं नमः परायशब्दात्मने नमः ....ॐ नमः पराय गन्धात्मने नमः। यहाँ तक पञ्चतन्मात्रायें कही गई हैं।

अब मूर्त्ति मन्त्र कहते हैं—'ॐ हं वासुदेवाय ....ॐ शं अनिरुद्धाय पर्यन्त मूर्त्तिमन्त्र है।

अब देवी मन्त्र कहते हैं—'ॐ मां शान्त्यै नमः....ॐ शां रत्यै नमः' तक देवी के मन्त्र हैं।

अब महासुदर्शन विद्या कहते हैं—'ॐ नमो भगवते सुदर्शनाय ..... विष्णुकवचं स्मर स्वाहा,' यहाँ तक सुदर्शन विद्या कही गई है। इस विद्या का 'सं' बीज है। आचक्राय स्वाहा, से हृदय, विचक्राय स्वाहा, से शिर, सूर्यचक्राय स्वाहा से शिखा, महाचक्राय स्वाहा, से कवच, (यहाँ पाँच मन्त्र नहीं हैं किन्तु इति पञ्चाङ्गानि लिखा गया है) अतः महाचक्राय स्वाहा, इसी को आवृत्तकर अस्त्र न्यास करे। १. खड्ग मन्त्र—ॐ नमो भगवते नन्दकाय...ज्वला हुं फट् स्वाहा। २. गदा मन्त्र—ॐ नमो भगवत्यै गदायै...कौमुदक्यै हुं फट् स्वाहा।३. धनुः मन्त्र—ॐ नमो भगवते शार्ङ्गाय....हुं फट् स्वाहा। ४. शङ्ख मन्त्र—ॐ नमो भगवते पाञ्चजन्याय...ज्वल हुं फट् स्वाहा। ५. सुदर्शन मन्त्र—ॐ नमो भगवते सुदर्शनाय महाचक्रराजाय ज्वल हुं फट् स्वाहा।इन सभी पाँच मन्त्रों का हुङ्कार ही पञ्चाङ्ग कहा गया है (अर्थात् हुं हृदयाय नमः से हृदय में न्यास करे)।

अब मातृमन्त्र कहते हैं—'ॐ लं नमः परायै वागीश्वर्यै नमः...... ॐ लं नमः परायै कान्त्यै नमः।' यहाँ तक मातृमन्त्र है।

अब मातृ पञ्चाङ्ग कहते हैं—'रुं' बीज है। 'अं हृदयम्' से हृदय में, 'सं शिरः' से शिर में, 'आं' से शिखा में, 'हुं' से कवच तथा 'फट्' से अस्त्रन्यास करे। यहाँ तक मातृकाओं का पञ्चाङ्गन्यास कहा गया है।

अब गरुड़ मन्त्र कहते हैं—ॐ नमो भगवते गरुडाय पुरुषोत्तम वाहनाय अरुणकनीयसे नागशोणितदिग्धाङ्गाय ररर हुं फट् नमः ललल हुं फट् नमः। यवव हुं फट् नमः। धधध हुं फट् नमः। वैनतेयाय पक्षिराजाय नमोऽस्तु ते' यहाँ तक गरुड़ मन्त्र है। गरुड़ मन्त्र का पञ्चाङ्ग कहते हैं—वैं इसका बीज है। 'सुपर्णाय नमः' से हृदय में, 'वक्रतुण्डाय नमः' से शिर में, 'सुपर्णाय नमः' से शिखा में, 'खगेश्वराय नमः' से कवच और अनन्तवीर्याय नमः' से अस्त्रन्यास करे। यहाँ तक गरुड़ मन्त्र का पञ्चाङ्ग कहा गया है।

अब सूर्य का मन्त्र कहते हैं—ॐ खखोल्काय नमः ....महाश्वेताय यहाँ तक सूर्य मन्त्र है। सूर्य का पञ्चाङ्ग कहते हैं—'रं' बीज है। 'व्योममुद्रायै नमः' से हृदय में, 'चतुर्मुखाय नमः' से शिर में, 'गीर्वाणाधिपतये नमः' से शिखा में, सर्वतेजसामुत्कृष्टतेजसे नमः' से कवच और 'ज्वालामालिने नमः से अस्त्रन्यास करे। यहाँ तक सूर्य का पञ्चाङ्ग कहा गया है। सूर्य का उपस्थान मन्त्र कहते हैं— 'वर्गोऽसि पाप्मान मे (विद्धि) यह सूर्य का प्रातःकालीन उपस्थान का मन्त्र है। 'संवर्गोऽसि' 'प्रवर्गोऽसि पाप्मानं मे विद्धि यह मध्याह्न में उपस्थान का मन्त्र है। सप्तार्चिषे नमः हुं फट् स्वाहा यह सायङ्काल में सूर्य के उपस्थान का मन्त्र है।

अब अग्नि मन्त्र कहते हैं—'सप्तार्चिषे नमः' यह अग्निमन्त्र है। 'हुं फट् ठ ठ' यह अग्निबीज है। 'हुतभुजे नमः' से हृदय, भूमिदेवाय नमः से शिर, उर्ध्वशिखाय नमः से शिखा, हव्यवाहनाय ज्वल प्रज्वल हुं फट् यह अस्त्र है। यह अग्नि मन्त्र के पञ्चाङ्ग है। अर्वाणाय नमः यह अग्नि के उपस्थान का मन्त्र है। 'हव्यवाहनाय विद्महे......तन्नो वह्निः प्रचोदयात्।' यह अग्नि गायत्री है। ॐ अँ यह सभी बीजों के बीज है। 'ॐ षों नमः' यह मुद्रामन्त्र है। विसर्गान्त सभी मन्त्र शत्रु के विनाशक है। 'हुङ्कारान्त सभी मन्त्र मारण करने वाले हैं। फडन्त मन्त्र उच्चाटन करने वाले हैं। 'वौषडन्त' मन्त्र वध एवं बन्धन और परिक्लेश कारक कहे गये हैं। 'नमोऽन्त' और 'प्रणवान्त' सभी मन्त्र शान्ति, भोग और सुख देने वाले हैं। अनुस्वारान्त और मकारान्त सभी मन्त्र सर्पविष के विनाशक हैं। स्वरान्त मन्त्र एवं सभी मुद्रायें समस्त ग्रह के निवारक हैं। हुं फट् तथा ॐकार से युक्त मन्त्र यक्ष राक्षसों के विनाशक हैं आदि में हुङ्कार तथा अन्त में फट् से युक्त मन्त्र सभी वशीकार मन्त्रों में प्रशस्त है। हुङ्कारान्त एवं फडन्त मन्त्र राजा को मारने के लिये प्रशस्त हैं। आदि में हुङ्कार या अन्त में हुङ्कार वाले मन्त्र शत्रु समूहों के निवारक हैं मन्त्र के आदि में फट् और अन्त में फट् वाले मन्त्र देवताओं के वशीकरण कार्य में प्रशस्त है। आदि में प्रणव और अन्त में प्रणव वाले मन्त्र सभी कार्यों की सिद्धि करने वाले हैं।

२. शिवरात्र का विषय संक्षेप

शिवरात्र में प्रथम अध्याय तिथियाग नामक है। शुक्ल पक्ष में होने वाले जो पन्द्रह तिथियाँ कही गई हैं उन तिथियों में यथायोग किया जाने वाला वह्नियाग आदि कहते हैं---शास्त्रवेत्ता अग्नि के स्थान में अग्नि का निर्माण करे। ईशानकोण में निर्मित अग्नि के आयतन का द्वार पश्चिम की ओर बनाना चाहिये, अन्यत्र कदापि नहीं। उस अग्नि का आयतन, पत्थर, ईंट, काठ अथवा मिट्टी से निर्माण करे। अग्नि के प्रासाद का विस्तार पूर्व में कही गई विधि के अनुसार करना चाहिये। प्रासाद के अनुसार ही प्रतिमा होनी चाहिये या नवताल में कही गई विधि के अनुसार होनी चाहिये। उसे लोहा, पत्थर, मिट्टी इनमें किसी एक के द्वारा निर्मित होनी चाहिये।

वह अग्नि प्रतिमा तीन शिखा वाली, रक्त वर्ण, रक्त माल्य, रक्त अम्बर, रक्त स्रज—दो मुख, तीन नेत्र जो रक्तवर्ण हों, तीन पैर, आठ बाहू, रक्त केश, रक्त नख और रक्त श्मश्रु से युक्त होनी चाहिये। इस प्रकार अग्नि की प्रतिमा निर्माण कराकर उनके चार परिवारों (आवरण देवता) का भी निर्माण करावे। उत्तर और दक्षिण में क्रमशः शुक्ल अम्बर एवं शुक्ल माला धारण की हुई हाथ में चामर लिये हुये पीत वर्ण की स्वधा और सुधा का निर्माण करावे।

अर्चनापीठ के पार्श्व के दोनों ओर उत्तर और दक्षिण दिशा में क्रमशः श्याम वर्ण वाली रक्त अम्बर एवं रक्त माला धारण की हुई स्वाहा और मनु का निर्माण कराना चाहिये। इनका दोनों अञ्जलि बाँधे हुये असीन हुई, शिर और अधर को नीचा किये हुये चामर हाथ में लिये हुये खड़े निर्माण करावे। दोनों के मध्य में हुताशन (अग्नि) का भी निर्माण खड़े रूप में करावे। अग्नि का आसन, शयन और यान निषिद्ध है। इसलिये उन्हें खड़ा ही रखें। उनकी प्रतिष्ठा पूर्व की भाँति करे।

अब उस प्रतिष्ठा में होने वाली भिन्नता कहते हैं---होम में अग्निगायत्री से होम तथा खैर की समिधा होनी चाहिये। तन्त्रवेत्ता अग्निमन्त्र से अग्नि की प्रतिष्ठा करायें। रक्त वर्ण का गन्ध एवं रक्त वर्ण की माला से पूजा करे। चरु द्वारा बलि प्रदान करावे। शेष कर्म पूर्वोक्त विधि से बुद्धिमान् साधक संपादन करावे।

अब अग्नि की आराधना कहते हैं—स्थण्डिल (वेदों) पर कर्णिका युक्त अष्टपत्र पद्म का निर्माण करावे। कर्मार्चा में पद्म की कर्णिकाओं में 'ॐ' मन्त्र से न्यास करे। गन्धजल से प्रोक्षण करे और अक्षत बिखेर देवे। अपने शरीर में अग्निमन्त्र (द्र० मन्त्रकोश) का न्यास करे। उसी प्रकार प्रतिमा में भी यथाविधि

न्यास करे। स्थिर चित्त हो प्रणव मन्त्र के द्वारा प्रतिमा में अग्निदेव का आवाहन करे। कुशा के कूर्च (समूह) का आसन देकर स्थान निर्माण करे।

अग्नि के पूर्व में आवहनीय अग्नि, दक्षिण में दक्षिणाग्नि इसके बाद पश्चिम में गार्हपत्य अग्नि का आवाहन करे। औपासन अग्नि का उत्तर में, आवसथ्य अग्नि का आग्नेयकोण में आवाहन करे। कव्यवाट् अग्नि का नैर्ऋत्य में, वायव्य में वैद्युत अग्नि का, ईशानकोण में वड़वाग्नि का आवाहन करे। फिर उन्हें आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, वस्त्र एवं यज्ञोपवीत प्रणव मन्त्र से समर्पण करे। इसी प्रकार गन्ध, पुष्प, अलङ्कार, धूपदीप और चरु का समर्पण अग्नि गायत्री मन्त्र से करे। पुनः अग्निगायत्री मन्त्र से उन्हें बलि प्रदान करे। इस प्रकार क्रमानुसार उनके परिवार के नामों से पूजन कर शेष कार्य पूर्ववत् संपादन कर गायत्री से उनका विसर्जन कर देवे।

अब कामनासिद्धि के लिये शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को जिस प्रकार उत्सव करना चाहिये उसे कहते हैं—शास्त्र के अनुसार शुक्लपक्ष की प्रतिपदा में दिन रात उपवास कर रक्त चन्दन से चक्र निर्माण करे। फिर उसकी नाभि में कर्णिका सहित अष्ट पत्र युक्त कमल का निर्माण करे और उसी पर अग्निदेव को स्थापित कर पूर्ववत् उनका पूजन करे। रक्त वर्ण की माला और रक्त वर्ण का वस्त्र रक्त वर्ण का गन्ध अनुलेपन कर्त्ता स्वयं धारण कर रक्तगन्ध, पुष्प और चरु से पूर्ववत् अग्नि देव का पूजन करे। उस दिन सभी वर्णों वाले अन्न का निर्माण करावे। अग्नि देव के प्रसन्न हो जाने पर समस्त देवता प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए आत्मवान् पुरुष सभी प्रयत्नों द्वारा अग्निपूजन करे। इस प्रकार किये गये केवल एक ही यज्ञ से साधक सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इस याग के संपादन से पतित भी पाप निर्मुक्त हो जाता है। फिर जिसका मन सर्वथा शुद्ध है उसके विषय में क्या कहा जाय।

अब ब्रह्मयाग की विधि कहते हैं—ग्राम के मध्य में ब्रह्म देव का प्रासाद पश्चिम द्वार वाला निर्माण कराना चाहिये। उसे चतुर्मुख चतुर्द्वार अथवा वह प्रासाद सर्वतोभद्र होना चाहिये। अनन्तर विधानपूर्वक चार गोपुरों से युक्त प्राकार का निर्माण करावे। गोपुरों के मध्य में दिग्देवताओं की स्थापना करे जो प्राकार के ठीक मध्यभाग में हो।

प्रासाद के प्राकार के कोणों में गोपुर के समान ही कोण देवताओं की स्थापना करे। बुद्धिमान् साधक चार दिग्देवताओं को ब्रह्मदेव के सामने स्थापित करे। शेष दिग्देवताओं को तथा कोणदेवों को पूर्वाभिमुख और पश्चिमाभिमुख स्थापित करे। नैर्ऋत्य में तथा वायव्य में स्थापित किये जाने वाले दिग्देवताओं का मुख पूर्व की ओर होना चाहिये। ईशान और आग्नेयकोण में स्थापित किये

जाने वाले दिग्देवताओं का मुख पश्चिमाभिमुख होना चाहिये। बुद्धिमान् प्रासाद के अनुरूप ही प्रतिमा निर्माण करावे। साधक पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार से ब्रह्मदेव की प्रतिमा चारमुख, चार बाहु, जटा मुकुट धारण किये हुये हिरण्य बैठी हुई और पीताम्बर धारण किये हुये निर्माण करावे। वह प्रतिमा बैठी होनी चाहिये। खड़ी अथवा शयन की हुई प्रतिमा कभी भी नहीं होनी चाहिये।

अब ब्रह्मदेव के परीवारों (आवरण देवताओं) को कहते हैं— इनके मध्यम और अधम तीन भेद हैं। उत्तम आवरण बारह मध्यम छह अधम चार भेद कहे गये हैं। कपिल, कश्यप और दक्ष ब्रह्मदेव के दाहिने पक्ष में स्थित चाहिये। रुद्र, अग्नि और मनु बायें भाग में स्थित होना चाहिये। ब्रह्मदेव के पृष्ठभाग में चामर हाथ में लिये हुये सावित्री और सरस्वती ये दोनों क्रमशः दक्षिण और उत्तर भाग में स्थित होनी चाहिये। अर्चना पीठ के भाग में महर्षिभृगु तथा उत्तर में देवर्षि नारद स्थित होना चाहिये। दोनों हुये हाथ जोड़े हुये स्थित होना चाहिये। भृगु और नारद के पीछे चन्द्रमा आदित्य स्थित होना चाहिये ब्रह्म की प्रतिमा ऐसी निर्माण करावे।

कपिल, कश्यप, दक्ष, रुद्र, अग्नि और मनु इन छः को आसन निर्माण करे अथवा खड़े-खड़े निर्माण करावे। ब्रह्मा की लम्बाई दश ताल इतरों की लम्बाई नवताल निर्माण करावे। तन्त्रवेत्ता कपिल, कश्यप और दक्ष तीन मुनियों की लम्बाई आठ ताल निर्माण करावे। कपिल का वर्ण कश्यप का वर्ण पीला बकरे के मुख वाले दक्ष का वर्ण शुक्ल निर्माण करे रुद्र और अग्नि का वर्ण अग्नि के समान, मनु का वर्ण श्याम और दोनों का वर्ण श्वेत होना चाहिये। इसी प्रकार कमल के केशर के समान भृगु का तथा नारद का वर्ण शुक्ल निर्माण करावे। चन्द्रमा और सूर्य को शुक्ल रक्तवर्ण में निर्माण करावे।

यदि ब्रह्मा को पद्मासन से निर्माण करावे तब शेष को आसनरहित नि करावे। ब्रह्मा को आसन पर आसीन कराने पर शेष देवताओं को उनके भूल कर भी आसन पर न बिठावें। जो मोहवश ब्रह्मा के साथ अन्य देवता को आसन प्रदान करता है वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।

विचक्षण साधक प्रासाद के आगे हंस के लिये स्थान निर्माण करावे। ग्राम के मध्य या पूर्व में ब्रह्मदेव का प्रासाद निर्माण करावे तब उसका द्वार की ओर, यदि दक्षिण उत्तर और पश्चिम प्रासाद निर्माण करावे तब उसका पूर्व की ओर निर्माण करावे। साधक ब्रह्मदेव का स्थान कोणप्रदेश में निर्मा करावे आग्नेयकोण में ब्रह्म का प्रासाद बनवाने से राष्ट्रनाश, नैर्ऋत्यकोण ब्राह्मणों में विप्लव, वायव्य में राज्यनाश तथा ईशान में सबकुछ स्वाहा हो है। इसलिये ब्रह्मा के प्रासाद निर्माण में समस्त कोण वर्जित करे।

अब ब्रह्मदेव के मध्यम परिवार को आनुपूर्वी कहते हैं—सावित्री सरस्वती दोनों देवियाँ, भृगु और नारद दो मुनि तथा चन्द्रमा एवं सूर्य ये छह मध्यम परिवार कहे जाते हैं। भृगु, नारद दो मुनि और चन्द्रमा, सूर्य ये चार अधम परिवार कहे गये हैं ।

अब ब्रह्मदेव की पूजा कहते हैं—सिर पर प्रणव से न्यास कर योगपीठ का निर्माण करावे। धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य ये चार जो क्रमशः आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशानकोण में स्थित है ये योगपीठ के चार पाद है। रुद्र उस योगपीठ के मध्यपाद है उस मध्यपाद के ऊपर पद्म से न्यास करे। पद्म के कर्णिका के मध्य में ब्रह्मबीज से न्यास करे। ब्रह्मबीज के ऊपर प्रणव से कर्मार्चा का न्यास करे। फिर साधक ब्रह्मबीज से ब्रह्मदेव का आवाहन करे। तदनन्तर उन्हें आसन अर्घ्य और पाद्य निवेदन के पश्चात् तत्तद् देवताओं के स्थान की इस प्रकार कल्पना करे—पूर्व में सामवेद का स्थान, दक्षिण में यजुर्वेद का स्थान, पश्चिम में ऋग्वेद का स्थान और उत्तर में अथर्ववेद का, आग्नेय में सावित्री, नैर्ऋत्य में सरस्वती, वायव्य में सन्ध्या और ईशान में सृष्टि के लिये स्थान निर्माण करे।

द्वितीय आवरण में मुद्रा स्थान निर्माण करे। पूर्व में ब्रह्ममुद्रा का, दक्षिण में कमण्डल का, पश्चिम में जपमाला का, उत्तर में कूर्च का, अग्निकोण में ॐकार का, निर्ऋति में ऋचाओं का, वायव्य में वेदमुद्रा का और ईशानकोण में पद्म का स्थान प्रकल्पित करे।

तृतीय आवरण में लोकपालों को स्थापित करे। सभी को ब्रह्म बीजमन्त्र से स्नान, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, वस्त्र एवं यज्ञोपवीत और प्रणव से गन्ध, पुष्प, अलङ्कार, धूप, दीप एवं चरु आदि समर्पित करे। इस प्रकार तत्तन्नामों से धूप, गन्ध, पुष्प तथा चरु से सभी की पूजा करे। इस प्रकार अग्नि में आवरण देवताओं को स्थान देकर होम कर्म और पूजन करे। तदनन्तर ब्रह्मविद्या का जप कर ब्रह्ममुद्रा बनाकर साधक ब्रह्मबीज से सबका उद्वासन करे। ब्रह्मरात्र में विष्णु नारायण की जैसी प्रतिष्ठा कही गई है है उसी प्रकार ब्रह्मदेव की भी प्रतिष्ठा करनी चाहिये। इसलिये यहाँ प्रतिष्ठा विधि नहीं कही गयी है।

अब परमेष्ठी ब्रह्मदेव के तिथियाग का कहते हैं—साधक विधि के अनुसार द्वितीया तिथि में सम्यग् स्नान करे उपवास कर शुक्ल चन्दन चूर्ण से चक्र निर्माण करे। इसके बाद साधक चक्र के नाभि क्षेत्र में द्वादश दल कमल निर्माण करे। फिर शेष परिवार आदि के स्थान में पूर्ववत् पूजनादि कर्म करे।

अब धनदयाग कहते हैं—ग्राम के उत्तर दिशा में किन्तु सन्निकट कुबेर का प्रासाद निर्माण करे साधक उसका नाम हस्तिपीठ रखे तथा दक्षिण दिशा में उत्तम द्वार का निर्माण करे। वह प्रासाद गोपुर की अपेक्षा त्रिभागहीन होना चाहिये। उस

प्रासाद भाग के आधे भाग से कम प्राकार की ऊँचाई होनी चाहिये। यह प्रासाद आदि शिलाओं अथवा ईंटों से निर्माण करवावें अन्य का प्रयोग कदापि न करे। प्रासाद के अनुरूप ही लोहे अथवा मिट्टी की प्रतिमा निर्मित करावे।

धनेश्वर की प्रतिमा का मान नवताल के प्रमाण के खड़े निर्माण करना चाहिये। कोई-कोई आचार्य प्रतिमा का प्रमाण आठ ताल भी कहते हैं। (कुबेर) की प्रतिमा का स्वरूप तीन पाद गोला और पीला नेत्र, पीत वर्ण अम्बर और रक्त वर्ण की माला से संयुक्त होना चाहिये। आसन विशेष मुण्डमाला तथा चूलिका (हाथी के कान) के समान विशाल मस्तक धारण किये हुये होना चाहिये। उस प्रतिमा की नाक तथा मुख ऊँचा, केश पीला विशाल भुजा होनी चाहिये अथवा अपने वित्त के अनुसार साधक कुबेर की प्रतिमा का निर्माण करावे।

महात्मा कुबेर का परिवार कहते हैं—ऋद्धि और गुप्ति कुबेर के दो पत्नी कहे गये हैं। इन श्वेत वर्ण वाली दोनों देवियों को हाथ से चामर डुलाते हुये की ओर निर्माण करावे। शान्ति होमपूर्वक धनद विद्या से इनकी प्रतिष्ठा करानी चाहिये 'ॐ नमः कुबेराय' यह धनदविद्या है। उसी धनद विद्या मन्त्र से आज्य दधि, क्षीर एवं मधु द्वारा होम करना चाहिये। द्वार के दोनों ओर मिट्टी से बने गये शङ्ख निधि एवं पद्मनिधि इन दोनों को मोटा तथा श्वेत रूप में एवं बैठी अवस्था में निर्माण करावे।

अब महात्मा कुबेर की पूजा विधि कहते हैं—स्थण्डिल (वेदी) पर कर्णिका युक्त अष्टदल कमल निर्माण करावे। धनद विद्या से कर्मार्चा का न्यास करे। सप्ताक्षर से न्यास कर कुबेर का आवाहन करे। तदनन्तर विचक्षण साधक स्नानादि कर्म करावे। फिर मद्य मांस को उपहारों से रक्तवर्ण के माङ्गलिक से हरिद्रा संयुक्त चरु से उनका पूजन करे।इस प्रकार तृतीया तिथि में दिन उपवास करता हुआ साधक गेरु के चूर्ण का चक्र बनाकर पूजन करे। (पूड़ी) अपूय (पूआ) धान का लावा और सतू द्वारा उस चक्र पर धनेश देव पूजन करे हवि द्वारा अग्निकार्य संपादन करे। ब्राह्मणों को मुद्रान्न का या तिल मिश्रित कृसरान्न भोजन करावे। जो मनुष्य धनेश की पूजा करता है उसके सब मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं।

अब गणेशयाग कहते हैं—गाँव के दक्षिणीभाग में गणेश का स्थान होना चाहिये । अपनी शक्ति के अनुसार गणपति के लिये मण्डप अथवा कूट (पर्वत शृङ्ग) अथवा प्रासाद का निर्माण करावे। गणेश के प्रासाद का द्वार उत्तराभिमुख निर्माण करावे । फिर साधक अपने द्रव्य की सुविधानुसार गणेश प्रतिमा का निर्माण करावे । गणेश का स्वयप श्वेत चार बाहु महाकुक्षि (तुन्दिल) महान् शूर्प के समान कान बहुत ऊँची नासिका एक दाँत तथा हस्तिमुख होना चाहिये

परिवाररहित गणेश का आसन पर बैठे हुये निर्माण कराना चाहिये। उनकी प्रतिमा का मान आठ ताल तथा मुख और नेत्र रक्तवर्ण का होना चाहिये।

कोई-कोई सात ताल, अन्य कोई छः ताल प्रतिमा का प्रमाण कहते हैं। गले में मुण्डमाला तथा जटा पर मुकुट धारण किये हुये होना चाहिये। शान्ति होम पूर्वक गणेश गायत्री से प्रतिष्ठा करानी चाहिये। इस मन्त्र का बीज 'गकार' है उसी से साधक शिर में न्यास करे इस प्रकार प्रतिष्ठा सम्पादन कर साधक गणेश की पूजा आरम्भ करे। गणेश गायत्री से अर्चनापीठ के मध्य में रहने वाले पद्म में न्यास करे। 'मेघोल्काय स्वाहा' इस मन्त्र अर्चनापीठ के कर्णिका के ऊपर कर्मार्चा में न्यास करे।

इसी मन्त्र से विघ्ननायक देव गणेश का आवाहन करे। आवाहन करने के पश्चात् हस्तिमुद्रा एवं कूर्चमुद्रा प्रदर्शित करे। फिर स्नानादि शेष कार्य 'मेघोल्काय स्वाहा' इस मन्त्र से संपादन करे। गणेश गायत्री द्वारा अनेक फलों से अनेक भक्ष्य पदार्थों से उनका पूजन करे। चतुर्थी तिथि को उपवास कर यदि गणेश पूजन करे—तो इस गणेश पूजन से उसके समस्त विघ्न शीघ्र नष्ट हो जाते हैं ।

अब श्रीयाग कहते हैं—पूर्व दिशा में अथवा पश्चिम दिशा में श्री का स्थान होना चाहिये। अथवा उत्तर में करे किन्तु अन्यत्र कदापि न करे। यदि पूर्व में बनावे तब उसका द्वार पश्चिम ओर करे। पश्चिम में बनवावे तब उसका द्वार पूर्व दिशा में करे। उत्तर दिशा में निर्मित श्री के प्रासाद का द्वार दक्षिण की ओर होना चाहिये। साधक इस प्रकार अपने प्राप्त द्रव्य की सुविधा के अनुसार श्री के प्रासाद का निर्माण करावे। आठ ताल के प्रमाण में श्री की प्रतिमा का निर्माण करावे अथवा पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार के अनुसार अथवा यथालाभ द्रव्य के अनुसार अथवा अपनी शक्ति के अनुसार प्रतिमा का निर्माण कराना चाहिये। श्री की प्रतिमा का स्वरूप कमल के केशर (पराग) के समान शरीर का वर्ण दो भुजायें हाथ में कमल लिये हुये शुक्ल माल्य शुक्ल वस्त्र धारण की हुई शिर पर मुकुट धारण किये हुये मुण्डमाला से युक्त कमल निर्मित कर्णावतसं होना चाहिये। इस प्रकार के स्वरूप वाली महालक्ष्मी की प्रतिमा को कमल के आसन पर बैठी हुई निर्माण करावे। पहले शान्तिहोम करा कर लक्ष्मी मन्त्र से प्रतिमा को प्रतिष्ठापित करे। लक्ष्मी के मन्त्र से १०८ बार होम करावे।

श्रीपूजाविधि कहते हैं—पूर्ववत् स्थण्डिल निर्माण कर उस पर पद्म तथा कर्मार्चा की स्थापना देवी मन्त्र से करे। इस प्रकार देवी मन्त्र से महाश्री की स्थापना कर उन्हें बलि प्रदान करे। फिर पञ्चगव्य से प्रोक्षण कर पद्म पर भगवती महाश्री का आवाहन करे। देवी के मन्त्र से महाश्री का आवाहन कर शेष कार्य पूर्ववार संपादन करे शुक्ल वर्ण के पुष्पों गन्धों चरु पायस तथा कमलों से देवी का पूजन कर उसी देवी मन्त्र से उनका विसर्जन करे।

अब शान्ति और पुष्टि का विवर्धन करने वाले श्री के तिथियाग का कहते हैं—लक्ष्मी चाहने वाला साधक पञ्चमी को उपवास कर चक्र के मध्य में भगवती महाश्री का श्रीसूक्त से पूजन करे। फिर १५ ऋचा वाले श्रीसूक्त से क्रमशः ऋचा का नाम लेकर तथा क्रमशः अर्चनीय द्रव्य का नाम लेकर पूजा करे। श्रीसूक्त की प्रथम ऋचा से देवी का आवाहन, द्वितीय से विष्टर तृतीय से पाद्य चतुर्थ से अर्घ्य पञ्चम ऋचा से आचमनीय षष्ठ से स्नान विस्तार सातवीं ऋचा से वस्त्र जोड़ा (परिधानीय एवं उत्तरीय) अष्टम ऋचा से गन्ध नवम ऋचा से माला पुष्पादि दशम से दीप एकादशवीं ऋचा से धूप बारहवीं ऋचा से चरु, तेरहवीं ऋचा से पुष्पाञ्जलि, चौदहवीं ऋचा से नमस्कार, और पन्द्रहवीं ऋचा से देवी का विसर्जन करे।

अब स्कन्दयाग कहते हैं—ग्राम के उत्तर भाग में स्कन्द (कार्त्तिकेय) का प्रासाद निर्माण करे। उस आयतन का द्वार यथाविधि पूर्व की ओर निर्माण करे जिस पर मुर्गे का चिह्न अथवा हाथी का चिह्न अङ्कित हो। असंभव होने पर अन्य दिशा में अथवा सभी चारो दिशाओं में आयतन का निर्माण करावे। नैर्ऋत्य और ईशानकोण में कदापि आयतन निर्माण न करे। नैर्ऋत्य में आयतन करने से धन का नाश तथा ईशान कोण में राष्ट्र का नाश होता है। इसलिये साधक प्रयत्नपूर्वक कोणों में आयतन का निर्माण वर्जित रखें। प्रासाद के अनुरूप प्रतिमा का निर्माण कराना चाहिये। प्रतिमा निर्माण में मिट्टी प्रशस्त कही गई है उसकी अप्राप्ति होने पर अन्य का उपयोग करे। प्रतिमा अनार पुष्प के समान तथा दश वर्ष की अवस्था वाली निर्मित करे।

प्रतिमा का स्वरूप चार भुजाओं वाली शक्ति धारण की हुई शिर पर मुकुट धारण की हुई गले में मुण्डमाला तथा दोनों कन्धों पर उपवीत युक्त होनी चाहिये। बच्चे के समान छोटी-छोटी घुघुरी वाली किङ्किणी धारण किये हुये पीतवर्ण का वस्त्र और पीतवर्ण की माला तथा हाथ में शक्ति धारण किये हुये लाल नेत्र और लाल हाथ और लाल चरणों से युक्त होनी चाहिये। स्कन्द प्रतिमा की लम्बाई आठ ताल, अथवा सात ताल, अथवा छः ताल की भी निर्माण करावे। इससे कम लम्बाई की प्रतिमा न निर्माण करावे।

स्कन्द की प्रतिमा चाहे खड़ी हो चाहे बैठी हो उनका पादपीठ कमल होना चाहिये तथा मयूरवाहन पर उनकी स्थिति होनी चाहिये। विद्या और प्रज्ञा हाथ में चामर लिये हुये पीछे की ओर दक्षिण और उत्तर की ओर निर्माण करावे। देवी का वर्ण श्वेत, रक्त वस्त्र, रक्त माला से युक्त गले में मुण्डमाला जटायुक्त शिर पर मुकुट धारण किये हुये इस रूप में निर्माण करावे। तदनन्तर प्रासाद के आगे होम के लिये उत्तम स्थान का निर्माण करावे। इनकी प्रतिष्ठा शान्ति होमपूर्वक 'नमोऽस्तु षण्मुखाय' इस मन्त्र से करनी चाहिये और मूर्त्ति में न्यास करे।

तदनन्तर क्रमशः विद्यायै स्वाहा, मेधायै स्वाहा, प्रज्ञायै स्वाहा, शक्तये स्वाहा। इसी प्रकार स्वधा लगाकर शान्ति होम करवावे। मूलमन्त्र से दिशा होम करावे। इस होम में वट वृक्ष की समिधा होनी चाहिये।

अब स्कन्द की पूजा कहते हैं—मूल मन्त्र से अष्टदल कमल का निर्माण करे। उस पर कर्मार्चा का न्यास करे। फिर साधक उसी मन्त्र से स्कन्द देव का आवाहन करे तथा उसी से आसन प्रदान करे। इसके बाद उनके परिवारों के लिये स्थान की इस प्रकार कल्पना करे। पूर्व में देवसेना के लिये दक्षिण में विद्या के लिये पश्चिम भाग में मेधा तथा उत्तर में प्रज्ञा आग्नेय में शक्ति नैर्ऋत्य में कुक्कुट, वायव्य में मयूर तथा हाथी के लिये ईशानकोण में स्थान कल्पित करे कार्त्तिकेय की मूलमन्त्र से अर्चना करे। शेष देवताओं की तत्तन्नामों से अर्चना करे। चन्दन के चूर्ण कर्पूर पुष्प तथा विशेष रूप से मूँग के द्वारा एवं पायस के द्वारा पूजा करे। फिर अग्निकार्य संपादन कर शक्तिमुद्रा प्रदर्शित कर पूर्ववत् देवेश स्कन्द का विसर्जन करे। साधक षष्ठी तिथि में दिन रात उपवास कर रक्त, पुष्प विविध गन्ध एवं चरु से स्कन्द की पूजा करे। इसके बाद पाड्विक पिण्ड मूंग के एवं पिण्ड से अथवा मुद्रान्न अथवा विचित्रान्न से पूर्ववत् क्रमशः स्कन्द देव की पूजा करे। जो साधक भक्तिपूर्वक इस प्रकार स्कन्द देव की पूजा करता है वह विद्या, मेधा, बल, धैर्य, प्रज्ञा एवं ऐश्वर्य प्राप्त करता है।

अब सूर्ययाग कहते हैं—सूर्य का आयतन गाँव के उत्तर भाग में निर्माण कराना चाहिये। वह आयतन चार द्वारों वाला अथवा पूर्वद्वार वाला केवल एक ही होना चाहिये वह आयतन मण्डप स्वरूप शिखर शृङ्ग स्वरूप अथवा एक मञ्जिला प्रासाद स्वरूप होना चाहियें। उसे वृत्त चौकोर अथवा आयताकार होना चाहिये। उसके बाद प्रमाण में नवताल की प्रतिमा आरम्भ करे। प्रतिमा अरुण वर्ण पीत वस्त्र तथा देदीप्यमान कुण्डल धारण की हुई होनी चाहिये। उसके हाथ पैर और नेत्र रक्त एवं कवच से शोभित होना चाहिये। मुकुट में अनेक प्रकार के रत्नों से जटित तथा रत्नमण्डल से शोभित होना चाहिये। वह प्रतिमा रथासन पर अथवा सिंहासन पर समासीन होनी चाहिये। प्रतिमा के पृष्ठभाग में हाथ में चामर लिये हुये रक्त वर्ण की ऊषा और सन्ध्या जो शुक्ल वस्त्र तथा जटा मुकुट से युक्त हों उनका निर्माण करावे। अर्चना पीठ के दोनों पार्श्व में काले वर्ण के यम तथा गौर वर्ण की सुवर्चला निर्माण करावे।

शान्ति होम की विधि के अनुसार सूर्य मन्त्र से प्रतिष्ठा करे। फिर पूर्व दिशा से प्रारम्भ कर उत्तर दिशा पर्यन्त चारो दिशाओं में गायत्री मन्त्र से दिशा होम करावे। इसमें मन्दार की समिधायें होनी चाहिये। तदनन्तर सूर्य बीज से अपने शरीर में तथा सूर्य की प्रतिमा में न्यास करे। सूर्य का मन्त्र तथा बीजमन्त्र ब्रह्मरात्र में मन्त्रकोश के प्रकरण में देखना चाहिये।

अब पूजा अनुपूर्वी रूप से कहते हैं—सूर्यबीज से युक्त अष्टपत्र पद्म निर्माण करे। फिर सूर्यबीज से उसके कर्णिका के मध्य में कर्मार्चा का ... करे। उस पद्मपत्र पर 'खषोल्काय नमः' इस मन्त्र से सूर्य का आवाहन करे फि... उसी मन्त्र से उन्हें सर्वप्रथम आसन प्रदान कर। तदनन्तर आनुपूर्वी रूप से ... के स्थान इस प्रकार कल्पित करे। पूर्व में बृहस्पति, दक्षिण में शुक्र, पश्चिम शनिश्चर, उत्तर में चन्द्रमा, अग्निकोण में मङ्गल और नैर्ऋत्य में बुध, वायव्य राहु और ईशान में केतु के लिये स्थान कल्पित करे। प्रथम सूर्य मन्त्र से सब... आसन प्रदान करे।

द्वितीय से पाद्य, तृतीय से अर्घ्य, चतुर्थ से क्रमशः आचमनीयं प्रदान क... इसी प्रकार अभिषेक मन्त्र से उन देव को अभिषेक (स्नान) कराव। तदनन्... गायत्री मन्त्र से वस्त्र, सूत्र एवं अलङ्कार समर्पित करे। आदिमन्त्र से गन्ध, द्विती... से पुष्प, तृतीय से प्रदीप, चतुर्थ से धूप, पञ्चम से नैवेद्यादि देकर उनका पूज... करे। इस प्रकार साधक पूर्व की भाँति समस्त क्रिया संपन्न कर व्योममुद्रा प्रदर्शि... करे। उपस्थान मन्त्र से उपस्थान कर अन्त में सूर्य बीज से उनका उद्वासन क... सूर्य के मन्त्र ब्रह्मरात्र के मन्त्रकोश प्रकरण में देखना चाहिये।

अब सूर्य का तिथियाग कहते हैं—संवत्सरपर्यन्त साधक इन्द्रियों का संय... करते हुये मौन होकर सप्तमी तिथि में उपवास करे। संयमी साधक रक्त चन्द... के चूर्ण से यथाविधि चक्र का निर्माण करे। संयमी साधक उसमें अनेक द्रव्यों ... विस्तार से भास्कर देवता की पूजा करे। कमल, करवीर (कर्णिकार), अने... प्रकार के सुरक्त वर्ण वाले पुष्प, रक्तचन्दन का गन्ध, कृसर (तिल मिश्रित मुद्... अपूप पायस आदि पदार्थों से पूजा करने पर साधक अपनी मनोवाञ्छित काम... प्राप्त कर लेता है।

अब रुद्रयाग कहते हैं—१ ग्राम से १०० धनुष की दूरी पर शिवाल... निर्माण कराना चाहिये। १०० धनुष के भीतर शिवालय का निर्माण करने से व... ग्राम का नाश कर देता है। जहाँ तक हो सके ग्राम से वायव्य अग्निकोण त... ग्राम का मध्य शिवालय के लिये संयमी साधक वर्जित रखें।

ग्राम के वायव्य में निर्मित शिवालय ग्राम को श्मशान बना देता है... आग्नेय में राष्ट्र का नाश करता है। ग्राम के मध्य में निर्मित शिवालय समस्... ग्राम का नाश करता है। शिवालय की छाया जिस ग्राम में पड़ती है उसक... उष्णता से सारा ग्राम धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। इसलिये सभी प्रकार के प्रयत्न... से शिवालय को ग्राम से दूर ही निर्माण करावे। यदि उसमें श्री का मन्दिर निर्मा... किया गया हो अथवा विष्णु मन्दिर का धाम है तो उससे यन्त्रित होने के कारण... वह शिवालय ग्राम का नाश नहीं करता। ग्राम के मध्य में निर्माण किये जाने... वाले शिवालय के भीतर श्रीगृह अथवा विष्णुगृह का निर्माण अवश्य करावे।

यदि उत्तर में शिवालय निर्माण करे तो उसका द्वार पूर्व की ओर करे। दक्षिण में पश्चिम द्वार वाला, पश्चिम में पश्चिमद्वार वाला और पूर्व में पूर्व द्वार वाला शिवालय होना चाहिये। नैर्ऋत्य में निर्मित शिवालय का द्वार पश्चिम दिशा में और ईशाननिर्मित शिवालय का द्वार पूर्व दिशा में होना चाहिये। प्रायः संयमी साधक लोग ग्राम से पराङ्मुख बनाये जाने वाले शिवालय की प्रशंसा करते हैं। यदि ग्राम की वृद्धि चाहे तब गाँव के पास शिवालय का निर्माण न करावे। अरण्य में अथवा पर्वत पर शिवालय का निर्माण प्रशंसनीय होता है।

पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार से प्रासाद पूर्ववत् और प्रासाद के अनुरूप प्रतिमा का निर्माण करावे। पूर्व और पश्चिम में स्वतन्त्र रूप से बनाये जाने वाले शिव मन्दिर में प्रतिमा को आसीन (बैठी हुई) बनाना चाहिये। अन्यत्र खड़ी निर्माण करावे। किन्तु शयनस्थित न करावे।

शिव प्रतिमा पीतवर्ण आठ भुजा वाली व्याघ्रचर्म के अम्बर से युक्त कटि तट के ऊपर का व्याघ्र चर्म नागों से लपेटा हुआ जटा पर मुकुट धारण की हुई नीलकण्ठ त्रिनेत्र चन्द्रकला से युक्त पिङ्गल वर्ण के पद्म के समान अङ्गार के समान लाल तारक वाले नेत्र त्रिशूल, पट्टिश धारण की हुई सूर्य माला से विभूषित वह चाहे बैठी चाहे खड़ी ही ऐसी निर्माण करानी चाहिये। स्थान खड़ी बनवाने की स्थिति में पद्मपीठ और आसीन निर्माण में प्रतिमा को सिंहासनासीन निर्माण कराना चाहिये। उसके पीछे चामर धारण की हुई गङ्गा और यमुना को खड़े रूप में निर्माण कराना चाहिये श्वेत वर्ण वाली दाहिनी ओर गङ्गा में तथा असित (काली) स्वरूप वाली यमुना बायीं ओर होनी चाहिये।

अर्चना पीठ के दोनों ओर उपमन्यु एवं उमा को क्रमशः दक्षिण और उत्तर में निर्माण कराना चाहिये। उपगन्यु जटाधारी और रक्त वर्ण के हैं। उमा श्याम वर्ण वाली है और जटा पर मुकुट धारण की हुई है दोनों ही अञ्जलि बाधे हुये हो। उपमन्यु एवं उमा के भी पीछे दक्षिण और उत्तर में क्रमशः दश वर्ष की अवस्था वाले स्कन्द और सनत्कुमार का निर्माण कराना चाहिये। सदाशिव के दोनों पार्श्व में ब्रह्मा और अग्नि का निर्माण कराना चाहिये। ब्रह्मदेव को सदाशिव के दाहिने हाथ का सहारा लिये हुये यन्त्रित होना चाहिये।

किन्तु अग्नि वाम बाहु का सहारा लेने पर भी अयन्त्रित (स्वतन्त्र) होना चाहिये। फिर उनके पीछे चन्द्रमा और आदित्य को यथाविधि निर्माण करावे। ऊपर कहे गये ये दसो सदाशिव के उत्तम परिवार हैं, दोनों कुमार (स्कन्द और सनातन) से रहित शेष आठ मध्यम तथा ब्रह्मा, अग्नि, सोम, सूर्य, दोनों कुमार इन छः से रहित शेष चार अधम परिवार कहे गये हैं। दिशाओं के क्रम से पूर्ववत् लोकपालों को भी स्थापित करे प्रासाद के आगे नन्दी वृषभ का भी स्थान निर्माण करावे।

शिवसूत्र को छोड़कर ईशानकोण में चण्ड का स्थान निर्माण करावे। प्रासाद का लक्षण ब्रह्मरात्र में है। यहाँ प्रासाद के विस्तार के विषय में नहीं कहा गया है। वहीं तीनों प्रकार के लिङ्गों का भेद भी कह दिया गया है।

ब्रह्मरात्र में पाँच अध्याय में प्रतिष्ठा कह दी गई है उसी प्रकार यहाँ प्रतिष्ठा करे। अब यहाँ शङ्कर की प्रतिष्ठा में जो विशेषता है उसे कहते हैं। अघोर मन्त्र से शिव की स्थापना करे। अन्य मन्त्रों से शान्तिहोम करे रुद्रगायत्री (तत्पुरुषाय विद्महे...) से चारो ओर होम करे। इस प्रकार प्रतिष्ठा कर कौतुक की अर्चना करे। फिर तालमुद्रा बनाकर योगपीठ की रचना करे।

वैदिक रुद्र गायत्री से कर्मार्चा स्थापित करे। फिर इन दोनों से अपने शरीर में तथा प्रतिमा में न्यास करे। सद्योजात मन्त्र से सदाशिव देव का आवाहन कर फिर अघोर मन्त्रसे यथाविधि उन्हें प्रतिमामें स्थापित करे। वामदेव मन्त्रसे सान्निध्य करे। तदनन्तर प्रणव से आसन देकर तत्तदेवताओं के स्थान की कल्पना करे।

पूर्व में अनन्त को, दक्षिण में सूक्ष्म को, पश्चिम में शिवोत्तम को, उत्तर में एक नेत्र को, अग्निकोण में शिखण्डी को, नैर्ऋत्य में श्रीकण्ठ को, वायव्य में त्रिमूर्त्ति को और ईशान में एक रुद्र को स्थान देवे। द्वितीय आवरण में मुद्रा स्थान प्रकल्पित करे। साधक मालिनी को पूर्व में, निष्ठुरा को दक्षिण में, पद्म को पश्चिम में, कालकण्ठ को उत्तर में, मुकुला को आग्नेय में, शशिकन्या को नैर्ऋत्य में, ध्वजमुद्रा को वायव्य में और अञ्जलि को ईशान कोण में स्थान प्रकल्पित करे। तृतीय आवरण में लोकपालों के लिये आसन प्रदान करे। 'तत्पुरुष' मन्त्र से अर्घ्य पाद्य तथा स्नान करावे। उसी मन्त्र से आचमन एवं वस्त्रदान भी करे। 'ईशानः सर्वविद्यानाम्' इस मन्त्र से ब्रह्मसूत्र एवं अलङ्कार प्रदान करे। होममन्त्र से गन्ध, पुष्प, दीप, धूप, चरु एवं पुष्पाञ्जलि प्रदान करे। शेष सभी को तत्तन्मन्त्र से पूजन करें। बीज मन्त्र से अथवा रुद्र गायत्री से सभी का उद्वासन करे। अष्टमी तिथि को दिन-रात उपवास कर देवदेवेश भगवान् सदाशिव का अपनी कामनाओं की सिद्धि के लिये पूजन करे।

अब देवीयाग कहते हैं—दुर्गा का प्रासाद चारों दिशाओं में निर्माण का विधान है, किन्तु ग्राम का मध्य एवं कोण प्रयत्न से वर्जित करे। यदि पूर्व में निर्मित हो तो उसका द्वार पश्चिम ओर रखे। अन्य दिशाओं में निर्मित हो तो उसका द्वार पूर्व में निर्माण करे। द्वार पर सिंह का चिह्न अथवा कृष्णसार मृग का चिह्न निर्माण करावे। पूर्वोक्त स्थान में प्रासाद निर्माण पूर्वोक्त द्रव्य के अनुसार पूर्ववत् करे बुद्धिमान् साधक प्रासाद के अनुरूप प्रतिमा का निर्माण करावे। वह प्रतिमा प्रमाण में नवताल अथवा आठ ताल की बनावे। प्रतिमा का स्वरूप श्याम वर्ण तीन नेत्र शङ्ख चक्र धनुष् सूर्यकी किरणों के समान देदीप्यमान शूल रक्त वस्त्र तथा रक्त विभूषण से युक्त हाथ रक्तपाद सौम्य हार नूपुर रक्त वर्ण के

अशोक की माला मुकुट तथा कर्ण भूषण धारण किये हुये तेरह वर्ष की अवस्था वाला कमल के समान विशाल नेत्र वाला, कृष्णसार मृग से सर्क तथा सर्पेन्द्र की मेखला धारण किये हुये आर्या का निर्माण कराना चाहिये। यही स्वरूप देवेश्वर विष्णु की योगनिद्रा का कहा गया है।

अब इनके चार परिवारों को कहते हैं—प्रतिमा के पीछे चामर और जटा पर मुकुट धारण करने वाली जया का तथा विजया का निर्माण करावे। रक्त वस्त्र तथा शुक्ल वर्ण की माला धारण की हुई जया दक्षिण में तथा रक्त वस्त्र एवं शुक्ल वर्ण की माला धारण की हुई विजया वामभाग में स्थित होना चाहिये। दक्षिण और उत्तर दोनों पार्श्व भाग में जटा मुकुट धारण की हुई पुष्कला और पूर्णा का निर्माण करे पुष्कला का वस्त्र शुक्ल और पूर्णा का वस्त्र नील वर्ण का होना चाहिये। अत्यन्त सुन्दरी पुष्कला ताम्बूलपात्रहस्ता तथा हाथ में दर्पण लिये हुये पूर्णा को कन्दुकहस्ता निर्माण करे। भगवती योगनिद्रा का निर्माण इस प्रकार करे किन्तु आसीन (बैठी हुई) न करे। इनका पादपीठ कमल होना चाहिये अन्य नहीं। शान्ति होमपूर्वक 'जातवेदसे' ऋचा मन्त्र से इनकी प्रतिष्ठा करे। फिर 'आर्यायै नमः' इस मन्त्र से स्थापना करे।

देवी के इसी पञ्चाक्षर मन्त्र से उनकी स्थापना तथा प्रतिष्ठा कर पुनः पूजन प्रारम्भ करे। फिर अष्टपत्र युक्त कमल का योगपीठ निर्माण करे। उसकी कर्णिकाओं पर इसी पञ्चाक्षर मन्त्र से कर्मार्चा न्यास करे। उसी मन्त्र से आवाहन कर उन्हें कर्मार्चा में संयुक्त कर देवे। फिर उसी मन्त्र से कुशा का विष्टर देकर तत्तद्देवताओं के लिये स्थान कल्पित करे।

पूर्व दिशा में पुष्टि के लिये, दक्षिण में तुष्टि, पश्चिम में सृष्टि; उत्तर में प्रीति, आग्नेय में शङ्ख, नैर्ऋत्य में चक्र, वायव्य में धनुष, ईशान में त्रिशूल के लिये स्थान कल्पित करे। पुनः पञ्चाक्षर से ही पाद्य अर्घ्य स्नान आचमनीय तथा 'जातवेदसे' इस मन्त्र से वस्त्र, आभूषण, गन्ध, ·पुष्प, धूप, दीप, चरु तथा मांसोपहार आदि सब कुछ समर्पित करे। तदनन्तर विद्वान् साधक शेष देवताओं का तत्तन्नामों से पूजन करे फिर पूर्वोक्त पञ्चाक्षर मन्त्र से देवी का उद्वासन करे। नवमी तिथि को दिन-रात उपवास कर साधक अनेक प्रकार के पुष्पों चरु मास शोणित से अम्बिका का पूजन करे तो वह देवी की प्रसन्नता से अपनी समस्त मनोवाञ्छित कामनायें प्राप्त कर लेता है।

अब यम याग कहते हैं—ग्राम के दक्षिण ओर यमराज का आयतन होना चाहिये उसे पूर्वोक्त द्रव्यों से दक्षिण द्वार वाला निर्माण करावे। यमराज का आयतन एवं मण्डप अन्यत्र निर्माण न करावे। यमराज की महिषी गणों का आयतन चौकोर अथवा गोला निर्माण करावे। यमराज की प्रतिमा प्रमाण में नवताल की बनवावे। उन यम का स्वरूप मेघ के समान काला, आँखे लाल वर्ण

की, दो भुजा और दण्ड धारण किये हुये होना चाहिये। पीतवर्ण की माला दोनों कन्धे यज्ञोपवीत से युक्त, विचित्र वर्ण का मुकुट, अत्यन्त भयङ्कर स्व तथा पैर में छोटे-छोटे घुघुरु से युक्त किङ्किणी होनी चाहिये। उन्हें खड़ा शयित रूप में निर्माण न करावे । सिंहासन पर समासीन, ,वामपाद का अग्र नीचे की ओर बँधा हुआ तथा इतर पाद पीठस्थ निर्माण करावे सौम्य (शा तथा आग्नेय (क्रोध) गुणों से युक्त इस प्रकार वैवस्वत यम का स्वरूप बनावे।

यमपरिवार में यमराज के पीछे दाहिने और बायें क्रमशः सुधर्मा विधर्मा का खड़े रूप में निर्माण करावे। यम के पार्श्वभाग में दक्षिण और गौर श्वेत वस्त्रधारी चित्रगुप्त का तथा बायीं ओर पीताम्बर धारण किये हुये नील के कलि का निर्माण करावे। अर्चना पीठ के दोनों पार्श्व में कृतान्त और मन्यु श्यामल वर्ण रक्त वस्त्र रक्त आभूषण से युक्त बैठे हुये निर्माण करावे प्रासाद आगे सर्वोत्तम महिष का स्थान निर्माण करावे।

यमपूजा में शान्ति होम के पश्चात् यम गायत्री से उनकी प्रतिष्ठा 'ॐ वैवस्वताय विद्महे प्रेतनाथाय धीमहि। तन्नो धर्मः प्रचोदयात्' यह यम गाय है। इसी से दिशा होम तथा प्रतिष्ठा करावे। 'यमाय नमः' इस पञ्चाक्षर से न्या करे। प्रतिष्ठा कार्य संपन्न कर पुनः पूजन प्रारम्भ करे। यम गायत्री से पद्म मध्य में कर्मार्चा स्थापित करे। उसी यम गायत्री से देव का आवाहन तथा वि संपादन करे। उनके आठों परिवारों का स्थान प्रकल्पित करे।

पूर्व में चित्रगुप्त, दक्षिण में कलि, पश्चिम में काल, उत्तर में मृ आग्नेयकोण में कालरात्रि, नैर्ऋत्य में निद्रा, वायव्य में तन्द्रा, ईशानकोण मन्यु के स्थान की कल्पना करे। पञ्चाक्षर से पाद्य अर्घ्य और आचमनीय दे शेष पूजा कार्य यमगायत्री से संपादन करे। परिवारों का क्रमानुसार तत्तन्नामों पूजन करे। फिर यमगायत्री से अथवा पञ्चाक्षर से यम का उद्वासन करे। साथ दशमी तिथि को दिन रात उपवास कर मांस पुष्प के उपहारों से तिल का चू एक गुड़ में मिलाकर अथवा केवल तिल से यम का पूजन करे तो उसक समस्त अभीष्ट सिद्ध हो जाता है।

अब इन्द्रयाग कहते हैं—ग्राम के पूर्वभाग में अथवा मध्य में इन्द्र के आयतन का निर्माण करे। यदि पूर्व में आयतन हो तो उसका द्वार पश्चिम मध्य में आयतन हो तब उसका द्वार पूर्व में करे। तीन भूमि (तीन छत) वाले तथा चौकोर उस आयतन का 'माहेन्द्र' मन्दिर ऐसा नामकरण करे। फिर नवताल प्रमाण की इन्द्र की प्रतिमा का निर्माण करे। वह प्रतिमा शिला की मिट्टी की अथवा लोहे की बनी होनी चाहिये। अनेक प्रकार के रत्नों से जटित द्वितीय भूमि में उस प्रतिमा की स्थापना करे।

विचित्र सिंहासन पर समासीन, किरीट, हार, केयूर अत्यन्त लम्बे कटक नाम के आभूषणों से सुशोभित प्रतिमा होनी चाहिए। दूर्वा अथवा मरकतमणि के समान श्याम वर्ण कमल के समान विशाल नेत्र, पीत माला, एवं पीत वस्त्र धारण किये हुये, कल्पद्रुम के नीचे बैठे हुये, सभी रत्नों से भूषित हुये, सर्वाभरणों से संयुक्त, सिंहासन पर वामपाद को स्थिर तथा दाहिने पाद को पीठ पर स्थापित किये हुये, हाथ में वज्र लिये हुये सौम्य स्वरूप वाले देवेश्वर इन्द्र की प्रतिमा का अत्यन्त मनोरम स्वरूप निर्माण करावे।

उनके दक्षिण तथा वाम भाग में पीत वर्ण वाली श्वेत वस्त्र धारण की हुई हाथ में चामर लिये हुये क्रमशः उर्वशी और तिलोत्तमा का निर्माण करावे। इन्द्र के दोनों पार्श्व दक्षिण तथा बाई ओर क्रमशः बृहस्पति और शुक्र का निर्माण करावे। इन दोनों को शिर पर मुकुट धारण किये हुये, पीतमाला और पीत वस्त्र से युक्त शुद्ध स्फटिक के समान श्वेत वर्ण का होना चाहिये अर्चनापीठ के दोनों और सुखासन से बैठे हुये अत्रि और शची का निर्माण करावे। जिसमें अत्रि मुनि जटा धारण किये हुये शुक्ल वर्ण एवं शुक्ल वस्त्र तथा शुक्ल वर्ण की माला से शोभित हों, शची शिर पर मुकुट धारण की हुई रक्त वर्ण की तथा रक्त वर्ण के वस्त्र एवं रक्त वर्ण की माला धारण की हो। इन सभी प्रतिमाओं का प्रमाण आठ ताल होना चाहिये। तदनन्तर प्रासाद के अग्र भाग में इन्द्र के वाहन ऐरावत के स्थान का निर्माण करे। अनन्तर शक्रगायत्री से शान्ति होम तथा इन्द्र की प्रतिष्ठा करनी चाहिये। 'ॐ सहस्राक्षाय विद्महे शतयज्ञाय धीमहि। तन्नः शक्रः प्रचोदयात्' यह शक्र गायत्री है।

इन्द्रपूजा में शक्र गायत्री से ही शान्तिहोम करे । होम में अश्वत्थ की समिधा होनी चाहिबे। फिर पुरुषसूक्त से दिशा होम करावे । 'नमो महेन्द्राय' वह षडक्षर मन्त्र है । इसी मन्त्र से सुरेश्वर को स्थापित करे। इसी से स्वयं अपने शरीर में तथा देव प्रतिमा में भी न्यास करे। इस प्रकार इन्द्र को प्रतिष्ठापित कर पुनः पूजन आरम्भ करे। वेदी पर शक्र गायत्री से कमल निर्माण करे। फिर षडक्षर मन्त्र से कर्मार्चा का न्यास करे और आवाहन कर आसन देवे। फिर स्थान की कल्पना करे। पूर्व में बृहस्पति का स्थान, दक्षिण में शुक्र का स्थान, पश्चिम में ऐरावत का, उत्तर में उच्चैःश्रवा का स्थान, आग्नेय में शची का, नैर्ऋत्य में उपश्रुति का, वायव्य में, अलाभ का और ईशान में कुलिश का स्थान निर्माण करे । फिर 'सदसस्पति' इस ऋचा से पाद्यादि अथवा सब कुछ प्रदान करे अथवा षडक्षर से अथवा गायत्री से सबकुछ पूजा सामग्री समर्पित करे। शेष की पृथक्-पृथक् उनके नामों से ही पूजा करे। इसके बाद षडक्षर मन्त्र से देवाधिदेव का उद्वासन करे। इस प्रकार विद्वान् एकादशी तिथि में न्नि-रात उपवास कर इन्द्र का पूजन करे और पायस कृसर गौड़ (गुड़ निर्मित पदार्थ)

हरिप्रान्न जो चार प्रकार का होता है जिसे चरुकर्म के प्रकरण में कह दिया है और कुसुम कर्म में प्रतिपादित पद्म समर्पण करे।

अब विष्णुयाग कहते हैं—ब्रह्मरात्र में विष्णु का प्रासाद लक्षण, प्र... लक्षण और प्रतिष्ठा लक्षण कह दिया गया है। विष्णुयाग में केवल वर्ण ... यथाक्रम से कहा जा रहा है। यदि आसन पर विष्णु की स्थापना हो तब ... रक्तवर्ण अथवा पीतवर्ण का निर्माण करे। शयनपर श्यामवर्ण या हरितवर्ण के ... का निर्माण करावे।

कृतयुग में यान पर केवल हरितवर्ण के महाविष्णु कहे गये हैं। कृतयुग ... क्षत्रिय के लिये पीत, हरित एवं श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं। वैश्य के ... कृतयुग में हरित और श्याम वर्ण के महाविष्णु कहे गये हैं। शेष शूद्रों के ... केवल श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं त्रेता में वर्ण विचार कर्म में ब्राह्मण ... क्षत्रिय के लिये पीत हरित और श्याम तीन वर्ण के विष्णु कहे गये हैं।

वैश्य के लिये त्रेता में हरे और श्याम वर्ण के तथा शूद्र के लिये ... श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं। द्विजातियों के लिये द्वापर में पीले और ... वर्ण के विष्णु कहे गये हैं। किन्तु कलि में सबके लिये विष्णु श्याम वर्ण के ... गये हैं। यही क्रम आगम में कहा गया है। विपरीत होने पर परिणाम भी अन्य ... जाता है। विष्णु के वर्ण के विपर्यय में लोक का विपर्यय हो जाता है। कर्ता ... कराने वाले दोनों का शीघ्र नाश हो जाता है।

इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से विपरीतवर्ण विवर्जित करे। विष्णु ... पूजा ब्रह्मरात्र में कह दी गयी है। द्वादशी तिथि में किये जाने वाले विष्णु ... कर्म में हम यहाँ विशेष कह रहे हैं। साधक एकादशी को उपवास कर द्वादशी ... भगवान् की अर्चना करे। पुरुषसूक्त में कही गई १६ ऋचाओं से क्रमपूर्वक ... विष्णु का पूजन करना चाहिये। पहली ऋचा से पुरुषोत्तम देव का आवाहन ... दूसरी ऋचा से आसन, तृतीय ऋचा से पाद्य, चतुर्थ से अर्घ्य, पञ्चम ... आचमन, षष्ठ से स्नान, सप्तम से वस्त्र, अष्टम से उपवीत, नवम से गन्ध ... दशम से पुष्प, एकादश से दीपक, द्वादश से धूप, तेरहवी ऋचा से ... चौदहवीं से पुष्पाञ्जलि, पन्द्रहवी से प्रदक्षिणा और सोलहवी ऋचा से विष्णु ... उद्वासन करे। शेष देवताओं का उनके नाम से पूर्ववत् पूजन करे। फिर ... पुरुषसूक्त से चरु का होम करे। देवाधिदेव जनार्दन की पूजा करे तो छः मास ... भीतर विष्णु तिथियाग करने वाले उस साधक को सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

अब कामयाग कहते हैं—ग्राम के मध्य में अथवा कोण में कामदेव ... प्रासाद निर्माण करावे। पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार से काम के आयतन का द्वार प... दिशा में निर्माण करावे। उसे हस्ति पृष्ठ बनवावे अथवा गोला बनवावे। उस ... हस्तिपृष्ठ का, अशोक का अथवा मकर का चिन्ह बनावे। यहाँ विशेषता यह ...

कि कन्दर्प को त्रिशूल एवं प्रतिमा अशोक वृक्ष से निर्मित होनी चाहिये। कन्दर्प की प्रतिमा का प्रमाण नवताल का होना चाहिये। वह पीतवर्ण, श्वेत अपाङ्ग, रक्तवस्त्र और रक्तभूषणों से विभूषित होनी चाहिये। काम के अङ्ग रक्तगन्ध से अनुलिप्त, रक्तपुष्पों से शोभित तथा रक्तवर्ण के अशोक की माला से युक्त होना चाहिये। हाथ और पैर रक्तवर्ण का होना चाहिये। शिर पर विचित्र रत्नजटित मुकुट तथा दोनों कन्धे उपवीत से युक्त उर:स्थल विस्तीर्ण एवं शरीर का मध्य भाग (कटि) और उदर कृश होना चाहिये। कामदेव की अवस्था १६ वर्ष के लगभग, शरीर सुकुमार, मनोहर और तपाये सोने के समान चमकदार होना चाहिये तथा पुष्प के शर से संयुक्त हाथ होना चाहिये । इस प्रकार के कामदेव को सिंहासन पर बैठे हुये अथवा रथ पर बैठे हुये निर्माण करे। दाहिना पैर नीचे की ओर स्थिर तथा बायें पैर को पीठ पर स्थापित निर्माण करे।

कन्दर्पपरिवार में पीछे चामर हाथ में ली हुई हली और वारुणी का निर्माण करे। पार्श्व में वसन्त और सोम का निर्माण करे। पार्श्व में रक्तवर्ण की माला से युक्त राग तथा शुक्ल वर्ण की माला से युक्त मद का निर्माण करे। इनके पीछे भीत में काम के पञ्चायुधों का निर्माण करे।

कामदेव के तापनी, मोहिनी, मर्दनी, प्रमाथिनी और हरिणी ये पाँच आयुध कहे गये हैं। इनके सिर पर पुष्प का चिन्ह लगाकर स्त्री रूप में अलग-अलग निर्माण करावे। तापनी का वर्ण रक्त है। उसके शिर के वालों पर रक्त अशोक के चिन्ह है। मोहिनी का वर्ण पीत है उसके सिर के बाल लाल कमल के समान हैं। मर्दनी का वर्ण हरा है। उसके सिर के बाल भी लाल कमल के समान है। प्रमाथिनी और गौरी लाल वर्ण की है। उसके सिर के बाल कुमुद के समान है। हरिणी धूम्रवर्ण वाली है। उसके सिर के बाल नीले कमल के समान है। उन वाणों के चिन्ह को दक्षिण दिशा से आरम्भ कर बायीं दिशा के अन्त में समाप्त करे। प्रासाद के आगे मकर के लिये उत्तम स्थान निर्माण करे।

कन्दर्प पूजा में शान्ति होम के साथ कामगायत्री से काम की प्रतिष्ठा करे। 'मनोभवाय विद्महे पञ्चबाणाय धीमहि। तन्नः कामः प्रचोदयात्' यह काम गायत्री है। इसी कामगायत्री से प्रतिष्ठा आरम्भ करे। एकाग्रचित्त हो साधक किसी स्थण्डिल पर कामगायत्री से पद्मनिर्माण करे । फिर 'ॐ' उच्चारण करते हुये उस कमल के मध्य में अशोक शाखा की खूँटी स्थापित करे। अशोक शाखा के अप्राप्त होने पर आम की शाखा या माधवी लता का उपयोग करे। फिर कामगायत्री से काम का आवाहन कर उसी से विष्टर प्रदान करे। 'नमः पुष्पशराय' इस सप्ताक्षर मन्त्र का उस पर न्यास करे। पुनः उसी से कामदेव को निरुद्ध कर स्थान की कल्पना करे। वसन्त को पूर्व दिशा में, मद को दक्षिण दिशा में, राग को पश्चिम दिशा में, सोम को उत्तर में, रति को आग्नेय में,

वारुणी को निर्ऋति में, उषा को वायव्य में तथा मकर को ईशान कोण में प्रकल्पित करे। तदनन्तर सप्ताक्षर से पाद्यादि प्रदान करे। गुड़ में पकाये तण्डुल और मूँग में लपेटे हुए मोदकों एवं समुद्रकर्पर, रक्तपुष्प और अनुलेपन से काम गायत्री द्वारा उनका पूजन करे। इसी प्रकार त्रयोदशी में रात उपवास कर भक्ति सहित काम का पूजन करे तो सारी स्त्रियाँ उसके वश हो जाती है।

अब अश्वि याग कहते हैं—ग्राम के मध्य में महान् पूर्व दिशा अश्विनीकुमार के स्थान का निर्माण करे। ग्राम के मध्य में निर्मित प्रासाद का पूर्व की ओर होना चाहिये। अन्यत्र निर्मित प्रासाद का द्वार ग्रामाभिमुख चाहिये। वह आयत अथवा चौकोर अथवा गोल होना चाहिये।

अश्विनीकुमार का प्रासाद एक भूमिक तथा घोड़े के चिन्ह से युक्त चाहिये। इसके बाद अश्विनी कुमारों की प्रतिमा प्रमाण में नवताल का नि करावे या अष्टताल या सात ताल के परिमाण में निर्माण करे। दोनों का अनार पुष्प के समान लाल होना चाहिये उनकी आकृति दश वर्ण की आ वाली होनी चाहिये। अश्विनीकुमार मुण्डमाला से परीत घिरा हुआ दोनों का तथा चूड़ा पर मुकुट पीत वर्ण की माला और पीत वर्ण का वस्त्र तथा यज्ञोप दोनों कन्धों पर होना चाहिये। अश्विनीकुमारों के फूले हुये लाल कमल के स दोनों आँखें बनानी चाहिए। पैर में घुँघुरू बाँधे हुये ब्रह्मचारी वेष के सिंहासन पर बैठे हुये होना चाहिये। इस प्रकार पूर्वोक्त द्रव्यों से अश्विनीकुमारों का निर्माण करावे ये दोनों ही नासत्य और दस्र नाम से किये जाते हैं। नासत्य को दाहिनी ओर तथा दस को बाईं ओर स्थापित नासत्य का दाहिना पैर अविचल और दस का बाँया पैर अविचल होना दोनों के क्रमशः वामपाद तथा दक्षिणपाद सिंहासन पर स्थित बनाना चाहिये।

अश्विन परिवार में पीछे दाहिने और बायें क्रमशः रक्त और शुक्ल तथा चूड़ा पर मुकुट धारण किये हुये हाथ में चामर लिये हुये चिकित्सा रोपिणी का निर्माण कराना चाहिये। उनके पार्श्व भाग में शुक्ल और रक्त व आयुर्वेद और धनुर्वेद का निर्माण करे। दोनों ही शुक्ल वर्ण का वस्त्र धारण कि होना चाहिये। फिर अर्चना पीठ के पार्श्व में शुक्ल और रक्त वर्ण वाले हाथ हुये दक्षिण और वाम बैठे हुये धन्वन्तरी और आत्रेय का निर्माण करे। दोनों ही पीत वर्ण वल्कल से संवीत तथा कृष्णमृगचर्म पहने हुये होना चाहिये। को जटा पर मौलि (मुकुट) धारण किये हुये अष्टताल के परीमाण में नि करे। इन दोनों के पीछे रक्ताम्बर और रक्त माला तथा पीताम्बर एवं पीत धारण किये हुये मृतसञ्जविनी तथा विशल्यकरणी दोनों औषध का निर्माण क प्रासाद के आगे अश्वस्थान का निर्माण करावे। शान्ति होम के साथ चतुरक्षर

से दोनों अश्विनी कुमारों की प्रतिष्ठा करे 'नमोऽश्विभ्याम्' यह चतुरक्षर मन्त्र है।

उस चतुरक्षर के व्यस्त एक-एक अक्षर से शान्तिहोम तथा समस्त (सबको मिलाकर) स्थापना की जानी चाहिये। इस प्रकार प्रतिष्ठा कर पुनः पूजन प्रारम्भ करे। चौकोर पीठ बनाकर उस पर कमल निर्माण करे। पद्म की कर्णिका में दो बार कर्माचार्य न्यास करे। चतुरक्षर मन्त्र से दोनों अश्विनीकुमारों का आवाहन करे उसी मन्त्र से कशा का विष्टर देवे, फिर स्थान की कल्पना करे।

विद्वान् शिल्पकार पूर्व में आयुर्वेद, दक्षिण में धनुर्वेद, पश्चिम में धन्वन्तरी, उत्तर में आत्रेयः, आग्नेय में चिकित्सा, निर्ऋति में रोपिणी, वायव्य में मृत संजीवनी तथा ईशानकोण में विशल्यकरणी को स्थान बना देवे। पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, आसन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, धूप, अलङ्कार, गन्ध, पुष्प एवं चरू भी उसी चतुरक्षर मन्त्र से निवेदन करे। शेष देवताओं की तत्तन्नाम मन्त्रों से अर्चना करे। चतुर्दशी तिथि में दिन-रात उपवास कर अनार पुष्प दूर्वा हरिद्रा जल तथा मुद्ग अन्न से दोनों देवताओं की पूजा करे। इस प्रकार भक्ति युक्त होकर दोनों अश्विनीकुमारों की पूजा करने से रोग एवं अन्य वेदना नहीं होती है।

अब सोमयाग कहते हैं—ग्राम के उत्तरी भाग के समीप सोम देवता का आयतन निर्माण करावे। वह आयतन चौकोर अथवा गोला अथवा हस्तिपृष्ठ के समान होना चाहिये। उसका द्वार पूर्व की ओर या पश्चिम की ओर निर्माण करे वह आयतन श्वेताश्व के अथवा मृगा के अथवा खरहे के चिन्ह से युक्त होना चाहिये ।इसके बाद नवताल के प्रमाण की चन्द्रमा की प्रतिमा निर्माण करे। वह प्रतिमा शुक्ल वर्ण की रक्तवर्ण का वस्त्र धारण की हुई शुक्ल वर्ण के मण्डल वाली कुमुद की माला धारण की हुई सिंहासन पर समासीन निर्माण करावे। दोनों पैर स्थिर, दो भुजा एवं रक्त वर्ण के नेत्रों से युक्त ऐसी होनी चाहिये।

सोम परिवार में प्रतिमा के पीछे चामर हाथ में लिये रेवती और रोहिणी को निर्माण करावे। रेवती शुक्ल वर्ण का वस्त्र तथा रोहिणी कृष्ण वर्ण का वस्त्र धारण किये हुये होना चाहिये। रेवती का वर्ण श्याम तथा रोहिणी का वर्ण पीला होना चाहिये। दोनों ही पीत वर्ण की माला से विभूषित चूडा पर मुकुट धारण किये बनाना चाहिये। अर्चना पीठ के दोनों पार्श्व में शुक्ल वर्ण की ज्योत्स्ना तथा कृष्णवर्ण की निशा दोनों को पीताम्बर धारण किये हुये निर्माण करना चाहिये। प्रासाद के आगे श्वेत अश्व के लिये उत्तम स्थान बनावे अथवा मृग का स्थान बनावे। कर्त्ता की जैसी इच्छा हो वैसा बनावे। 'विद्महे निशानाथाय धीमहि। तत्रः सोमः प्रचोदयात्' इस सोम गायत्री से शान्तिहोम तथा प्रतिष्ठा दोनों ही करे। उसी से न्यास भी करे।

सोम पूजा में समाहित चित्त से सोमगायत्री पढ़कर स्थण्डिल पर कमल दल का निर्माण करे। पुनः उसी गायत्री से कर्णिका के मध्य में कर्माचार्य न्यास

करे। फिर उसी से आवाहन तथा कुश का विष्टर प्रदान करे। फिर अञ्जलि बनाकर स्थान कल्पित करे। पूर्व में रोहिणी का स्थान निर्माण करे। दक्षि रेवती का, पश्चिम में रात्रि का, उत्तर में ज्योत्स्ना का स्थान निर्माण करे। अ में कृत्तिका का, निर्ऋति में भरणी का, वायव्य में आर्द्रा का तथा ईशान में का स्थान निर्माण करे। फिर 'सोमं राजानम्' इस मन्त्र से पाद्यादि पूजा समर्पित करे। फिर शेष का पूजन तत्तन्नामों से करे। तदनन्तर गायत्री से करे। इस प्रकार पूर्णमासी को दिन-रात उपवास कर सोम का चन्दन, कुमु पायस एवं यावक से पूजा करे तो उसकी सारी कामनायें पूर्ण हो जाती हैं।

शिवरात्र में द्वितीय अध्याय मन्त्रलक्षण नामक है। १. सौम्य, २. आ और ३. सौम्याग्नेय भेद से मन्त्र तीन प्रकार के होते हैं जो सब कुछ करने में समर्थ हैं ऐसा इस तन्त्र में कहा गया है। १. विष्णु गायत्री तथा के दो मन्त्र (अष्टाक्षर एवं द्वादशाक्षर) सौम्य मन्त्र कहे गये हैं। २. नारसिं मन्त्र, चक्रमन्त्र, शस्त्रों के मन्त्र, सूर्य के मन्त्र एवं अग्नि के मन्त्र ये आग्नेय मन्त्र होते हैं। ३. मुद्रा मन्त्र, अपराजिता मन्त्र. पञ्चोपनिषद् मूर्त्तिमन्त्र वाराह के मन्त्र ये सभी सौम्याग्नेय कहे गये हैं।

आग्नेय मन्त्रों के अन्त में 'नमः' लगा देने से वे सौम्य मन्त्र हो जाते सौम्य मन्त्रों के अन्त में 'फट्' लगा देने से आग्नेय हो जाते हैं। पुनः अ अन्त में हुङ्कार लगा देने पर या स्वाहा लगा देने पर वे सौम्याग्नेय हो जाते।

जिस प्रकार प्राणियों में जीव तथा इन्द्रियों में मन प्रधान है उसी प्र मन्त्रों में पृथक्-पृथक् बीज प्रधान हैं। मन्त्र जीव स्थानीय हैं, बीज प्राण स्था है। जो मन्त्र बीज रहित है वे प्राण रहित होने से निर्जीव है। पञ्चाङ्गों के वि में जिस प्रकार गर्भ में प्राणियों के अङ्गों का निर्माण होता है। उसी प्रकार मन् गर्भ से ये पञ्चाङ्ग उत्पन्न हुये हैं जिस प्रकार अङ्गहीन मनुष्य कार्य करने अशक्त होते हैं उसी प्रकार मन्त्र भी इन पञ्चाङ्गों से हीन होने के कारण सिद्धि में अयोग्य होते हैं।

अब विधिपूर्वक समस्त गायत्री का लक्षण कहते हैं—विष्णु गायत्री कुछ दे सकती है इसमें संशय नहीं करना चाहिये। सभी गायत्री के एक पाद आठ अक्षर के होते हैं। जो कर्म किये गये हैं। जो हुत हैं अथवा जो किया गया है अथवा जिसके लिये जप किया गया है। वे सभी गायत्री के करने पर पूर्ण हो जाते हैं। इस गायत्री के जप करने से किसी कार्य में नहीं होता कि बहुना कार्य की सिद्धि भी हो जाती है।

अब स्वर और व्यञ्जनों का भेद कहते हैं—अकार के आदि से ले

यथाक्रम चौदह स्वर कहे गये हैं, इसमें ७ स्वर ह्रस्व तथा ७ स्वर दीर्घ समझना चाहिये। ककार से लेकर क्षकार पर्यन्त संक्षेप में पैंतीस प्रकार के व्यञ्जन कहे गये ह। विसर्ग और बिन्दु स्वरों के अन्त में लगाये जाते हैं। प्रायः व्यञ्जन स्वर के आदि में होते हैं। केवल बिन्दु तथा विसर्ग का प्रयोग न करे। मन्त्र के अन्त में केवल अकार का प्रयोग करे। मन्त्र के अन्त में स्वररहित केवल एक व्यञ्जन की योजना करे द्वितीय व्यञ्जन की नहीं। मन्त्र के आदि में किसी भी प्रकार केवल व्यञ्जन का प्रयोग न करे।

अब इन समस्त स्वरों तथा व्यञ्जनों के देवताओं को कहते हैं—ूँअकार स्वयं विष्णु देवता है। इकार के देवता रुद्र है जिन्हें सदाशिव कहा जाता है। उकार ब्रह्मा हैं जिन्हें अज कहा जाता है। ऋकार के देवता चन्द्रमा एवं लृकार के सूर्य हैं। लृकार अग्नि हैं और एकार सूर्य हैं। औकार विष्णु हैं जो सर्वथा शुद्ध (मायारहित) व्यापक हैं। विसर्ग प्रजापति हैं जो अक्षरों से परे शुद्ध कहे जाते हैं।

कवर्ग पञ्चभूत हैं। चवर्ग पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। टवर्ग (रूप-रस, गन्ध-स्पर्श एवं शब्द) उसके पाँच विषय हैं। तवर्ग पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। पवर्ग उन कर्मेन्द्रियों के विषय हैं। 'य' से लेकर 'श' वर्णपर्यन्त धातु है। 'ब' से लेकर ळान्तपर्यन्त वेद है। 'क्षकार' वेदाङ्ग हैं। मन्त्रपाद में इससे परे कोई वर्ण है ही नहीं।

अब मन्त्रों का दीपनादि कहते हैं—प्रतिस्वरं एवं यमों तथा प्रतिव्यञ्जन के बीव वेष्टनं एवं दीपनं जानना चाहिए। प्रत्येक स्वर को 'दो' से संयुक्त करना वेष्टन है और प्रत्येक व्यञ्जन को दो से संयुक्त करना दीपन है। विधिहीन वेष्टन और दीपन विनाश के कारण बन जाते हैं। दो से मन्त्र का वेष्टन समीकरण कहा जाता है। संक्षेप में मन्त्रों का उद्धार सकलीकरण कहा जाता है। मन्त्रों का उद्धार अथवा समास विकलीकरण कहा जाता है। दोनों मूलमन्त्रों का समास और व्यास का लक्षण पहले अध्यायो में कह आये हैं। मन्त्र के प्रत्येक अक्षर से किया जाने वाला कर्म व्यस्त कर्म कहा जाता है और समस्त मन्त्र से किया जाने वाला कार्य समस्त कर्म कहा जाता है। सभी विद्याओं में मूलविद्या प्रशस्त कही गई है। मन्त्र के व्यस्त (एक-एक अक्षरों में) अक्षर के भिन्न-भिन्न देवता होते हैं। किन्तु समस्त मन्त्र के एक ही देवता होते हैं। इसलिये मन्त्र का व्यस्तक्रम तथा समस्तक्रम मन्त्र का लक्षण कहा जाता है। एक-एक अक्षर का उद्धार व्यस्तक्रम तथा समास किये जाने पर समस्तक्रम कहा जाता है। मन्त्र में स्वररहित व्यञ्जन व्यस्त नहीं किये जाते केवल स्वर के व्यस्त होने पर वे व्यस्त होते हैं।

शिवरात्र में तृतीय अध्याय मन्त्रवाद नामक है। देवताओं के मन्त्र-प्रथम अष्टाक्षर मन्त्र (ॐनमो नारायणाय) और दूसरा द्वादशाक्षर (ॐ नमो भगवते

वासुदेवाय) मन्त्र और तीसरा विष्णु गायत्री मन्त्र पहले कह दिया गया है। तीनों मन्त्रों के अनुष्ठान से देवता वश्य भयभीत तथा त्रस्त हो जाते हैं। ये मन्त्रों का स्वाहान्तं नमोऽन्त अनुष्ठान करने से देवता वश में हो जाते हैं। मन्त्रों का फडन्त अनुष्ठान भयकारक है तथा हुङ्कारान्त अनुष्ठान मार विसर्गान्त उच्चाटन तथा वौषडन्त रोगी बनाने वाला होता है। बिन्द्वन्त प्रीतिकारक, केवल पूजन सर्वश्रेष्ठ है। इन तीनों के अनुष्ठान से देवता जीत जाते हैं।

नारसिंह के जितने मन्त्र हैं वे सभी असुरान्तक मन्त्र हैं। इसके अति १. चतुःशताक्षरी मन्त्र और २. महाविद्या मन्त्र और हैं। चतुःशताक्षरी मन्त्र पातालों तक का कार्य सदा सिद्ध करा देते है। महाविद्यामन्त्र भी पाताल में वालों से कार्य की सिद्धि करा देते है। इनके उद्धार और समास (संक्षेप) कोई विधान नहीं है।

कल्पोक्त विधि से इन १. चतुःशताक्षरीमन्त्र एवं २. महाविद्या मन्त्र पाठ ही प्रशस्त कहा गया है। इसमें गायत्री बीज से पञ्चाङ्ग किया जाता चतुःशताक्षरी विद्या का उद्धार किये जाने पर इसे ग्रहण न करे। क्योंकि उ मन्त्र का उद्दीपन होता है। चतुःशताक्षरी विद्या 'पद्मोद्भव' नामक ग्रन्थ में गई है। जिसे महाविद्या कहा जाता है उसे ब्रह्मरात्र में कहा गया है। सुदर्शन दोनों मन्त्र यक्ष और राक्षस दोनों के लिये है।

१. महासुदर्शनमन्त्र और २. षडक्षरीमन्त्र हैं। ब्रह्मरात्र में महा सुदर्शनम क्रमशः कहा गया है । महासुदर्शनमन्त्र का दीपन, सकलीकरण एवं उद्धार करना चाहिये। इसका पाठ ही विशेष रूप से श्रेष्ठ कहा गया है। पद्मोद्भव में कहा गया है वह षडक्षरी मन्त्र है। पञ्चाङ्ग से युक्त वह मन्त्र सभी कर्मों में है। कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में दिन-रात उपवास कर श्मशान में अथवा चतुष्पथ दक्षिणाभिमुख होकर मध्यरात्र में महासुदर्शन मन्त्र का जप करे तो राक्षस साधक की सारी कामनायें पूर्ण कर देते हैं।

यदि निग्रह करना हो तब सरसों की केवल १०८ आहुति देवे, मात्र इ से राक्षस संत्रस्त हो जाते हैं। वे उस साधक की अभिलाषायें पूर्ण करते साधक स्वयं षडक्षर मन्त्रों से यक्षों की सिद्धि करे। न्यग्रोध (वर) के नी सुदर्शन की पूजा कर पश्चात् वट की समिधा का क्रमशः दश हजार हवन वे वशीभूत होकर साधक के कान में अतीत एवं अनागत सारी घटनायें कह हैं। शीघ्र निग्रह के लिये शालि के पिष्ट से कुबेर की आकृति बनावे। उसके ह पर अशोक का काँटा गाड़ देवे, षडक्षरमन्त्र से उसे आठ सहस्त्र अभिमन्त्रि करने मात्र से उसे रोग हो जायेगा और समस्त यक्ष उसके किङ्कर बनकर उस आज्ञा का पालन करेंगे।

यदि शान्ति करना चाहे तो हृदय से कीली उखाड़ कर उस व्रत को पूर्ण कर नियमपूर्वक एक हजार इसी मन्त्र का जप करें इतने से ही उसके रोग की शान्ति हो जायेगी और कुबेर उससे मुक्त हो जायेंगे। सभी गन्धर्वों एवं सभी विद्याधरों की सर्वकामप्रसाधनी अपराजिता विद्या है। १. निग्रह और २. अनुग्रह के लिये अपराजिता दो विद्या के रूप में कही गई है। अपराजिता की इन दोनों विद्याओं का दीपन, सकलीकरण और उद्धार न करे। इनका पाठ ही विशिष्ट है। पञ्चाङ्ग, देवताओं का उद्धार, दीपन, सकलीकरण, और समीकरण विधिपूर्वक करे। अन्यथा सब कुछ व्यर्थ हो जाता है।

वैष्णवी और दुर्गा ये दो अपराजिता कही जाती हैं। पूर्व से वशीकरण तथा दूसरे से निग्रह किया जाता है। पद्मोद्भव में जो विद्या कही गई है वैष्णवी विद्या है। ब्रह्मरात्र में जो विद्या कही गई है वह दुर्गा विद्या कही जाती है। गन्धर्वों को वश में करने के लिये वैष्णवी विद्या प्रशस्त है सभी विद्याधरों के निग्रह में, अनुग्रह में अथवा वशीकरण में अपराजिता दुर्गा प्रशस्त है। वैष्णवी भी गन्धर्वों का निग्रह करती है। सभी किन्नरों के निग्रह, अनुग्रह एवं वशीकरण के लिये वाराह मन्त्र प्रशस्त है। इनकी इन सभी की प्रतिकृति बनाकर काँटे गाड़ कर निग्रह करे। किन्तु आहुति देकर अनुग्रह करे तथा जप कर वशीकरण करे।

सर्पों एवं पक्षियों में गारुड़ मन्त्र उत्तम है। नाग एवं सर्प ये दो भेद सर्पों के हैं। जो सरक कर चलते हैं वे सर्प हैं, नाग इच्छानुसार स्वरूप धारण करते हैं। इनके निग्रहानुग्रह के लिये गारुड मन्त्र सर्वोत्तम कहे गए है। ये सभी मन्त्र ब्रह्मरात्र में कहे गये हैं।

अब इनके विषवाद के विषय में कहते हैं—यथाक्रम यकार, रकार, लकार और वकार इन चार वर्णों को चतुरक्षरी कहते हैं। इन चारों को अलग-अलग कर सभी कार्य संपादन करे। यकार वायु मन्त्र है। रेफ अग्निमन्त्र है। लकार इन्द्र का मन्त्र है और वकार वरुण का मन्त्र कहा जाता है। **१.** वायव्य मन्त्र से स्तोभ (स्तम्भन) होता है उसका धूम्र वर्ण है। **२.** आग्नेय मन्त्र से आवेश होता है । वह रक्त वर्ण का है। **३.** माहेन्द्रमन्त्र से संहार होता है उसका पीतवर्ण है और **४.** वारुणमन्त्र शुक्ल वर्ण का है उससे निर्विषीकरण होता है उनका अपना अलग-अलग मण्डल बनाकर स्तोभावेशादि करे।

वायव्य का आकार वेदी के समान है, मध्य में बिन्दु हैं। आग्नेय मण्डल त्रिकोण है, जो करोड़ों सूर्य के समान देदीप्यमान है और माहेन्द्र मण्डल चौकोर है उसका मध्य 'वज्र से युक्त है। वारुण मण्डल गोलाकार है उसके मध्य में कमन्ठ है। १. यकार से अनन्त गुलिक का, २. रेफ से वासुकि और शङ्खपाल का, ३. लकार से तक्षक एवं महापद्म का और ४. वकार से कर्कोटक और पद्म आदि नागों का निर्माण करे। १. अनन्त और गुलिक नाग को वायव्य मण्डल

से, २. वासुकि एवं शङ्खपाल नाग को आग्नेय मण्डल से, ३. तक्षक महापद्म नाग को माहेन्द्र मण्डल से तथा ४. कर्कोटक और पद्म नाग को मण्डल से वेष्टित करे।

अब समस्त क्रम कहते हैं—अव्यय विष्णु का वहन करते हुये गरुड़ का अपनी आत्मा में ध्यान करे। उत्कुटिक (उकरू बैठना) आसन वायव्य मण्डल में बैठकर धीरे-धीरे चतुरक्षरी मन्त्र का जप करे। ऐसा करने से आवेश उत्पन्न होगा तब आवेश की मुद्रा प्रदर्शित करे। उससे अपने को अवगुण्ठन कर माहेन्द्र मण्डल में स्थित हो जावे।

वहाँ संहारमन्त्र का मानसिक जप करे। माहेन्द्र मुद्रा प्रदर्शित करे मण्डल में स्थित होकर निर्विषीकरण करे। १. स्तोभ आवेशादि कर्म में मुद्रा प्रदर्शित करे। तर्जनी को फैला देने से स्तोभ आरम्भ करे। २. जब वह लगे तब आवेश प्रारम्भ करे। अग्रा (मध्यमा) अङ्गुली को समेट कर कर अथवा उसे ऊपर उठाकर सर्पण करे। ३. फिर कनिष्ठा को मुद्गर के बनाकर स्तम्भन आरम्भ करे। ४. फिर कोश में दोनों अंगूठों को डालकर आरम्भ करे। दोनों अंगूठों, हाथों को ऊपर उठाने से निर्विषीकरण हो जाता

अब मुद्रा मन्त्र कहते हैं—विधिदृष्ट कर्म के अनुसार उसी को गरुड़ भी कहते हैं। 'गुर्गुरु भक्षि स्वाहा ओं कपिलशिखे महामुद्रे स्वाहा' यह मुद्रा मन्त्र है, इस मन्त्र से महामुद्रा प्रदीप्त होती है। १. अनन्त, २. वासुकि तक्षक, ४. कर्कोटक, ५. पद्म, ६. महापद्म, ७. शङ्खपाल, ८. गुलिक जय एवं १०. विजय, इसी प्रकार अन्य सर्प भी महान् विष से संपन्न हैं। निग्रह या अनुग्रह तथा वशीकरण कार्य में प्रयोग करे। मन्त्रज्ञ जहाँ इन्हें हो वहाँ वे अवश्य जाते हैं।

अब अक्षर मन्त्र को कहते हैं—'ॐ प्रों नृं नमः' यह जो अक्षर मन्त्र गया है, इससे न्यासकर शूलमुद्रा प्रदर्शित करे। इस अक्षर मन्त्र के उरः, और शिर तीन न्यासस्थान हैं। तन्त्रवेत्ता संहार कार्य में संहारन्यास, स्तोभादि स्थितिन्यास तथा निर्विषीकरण में सृष्टिन्यास करे। उरःस्थान से प्रारम्भ शिरःपर्यन्त संहारन्यास कर्णपर्यन्त स्थितिन्यास तथा उरःपर्यन्त सृष्टिन्यास है। क्रमशः न्यास करने के पश्चात् गरुड़ का इस प्रकार ध्यान करें वज्र महाकाय, वज्राशनि के समान देदीप्यमान कान्ति वाले गरुड़ हैं। अनन्तनाग कण्ठाभरण है। वासुकि वक्षःस्थल के भूषण हैं, उदर में पद्मनाग भूषण है उनका मस्तक पद्मनाग से वेष्टित है। उनकी नाभि में कर्कोटक बँधे हुये हैं। प्रकार कटि में तक्षक बद्ध हैं। महापद्म कर्ण में स्थित हैं। शङ्खपालनाग उपवीत हैं, गुलिका उनके मस्तक में बँधे हुये हैं। उनकी आँखें सिन्दूर के हैं और वे विष्णु को वहन कर रहे हैं। इस प्रकार अपनी आत्मा में गरुड़

ध्यान कर शूलमुद्रा प्रदर्शित करे। वाणी से पूरण, मुष्टि से संक्रम, एक जप से स्तोभ करे। दो जप से आवेश करे। संहारमुद्रा से निर्विषीकरण होता है। शूलमुद्रा से पाँच बार जप कर भगवान् अनन्त का चिन्तन करे।

तदनन्तर निर्विषीकरण करने वाले मन्त्र का उच्चारण करे। इस क्रम से जप करने वाला यदि विषादि भी भक्षण कर ले तो उस विष से कदापि उसका मरण नहीं हो सकता। ध्यानयोग से अपने को सूर्य मण्डल में स्थित कर सौ बार इस मन्त्र का जप कर सूर्य का दर्शन करे तो नाग और सरक कर चलने वाले जीव तथा सर्प आ जाते हैं और साधक द्वारा निर्दिष्ट व्यक्ति को डँस लेकर उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस क्रिया से महाविष तथा उपविष (छोटे श्रेणी के विष) दोनों नष्ट हो जाते हैं।

अब प्रेत और ग्रहों के मन्त्रवाद कहते हैं—उनके विधान का समय तथा मुद्रामण्डल भी कहते हैं। अब आनुपूर्वी रूप से भूतों की चिकित्सा मन्त्रों को कहते हैं— **१.** 'ॐ नमो भगवते .. स्वाहा' से सात बार भस्म को अभिमन्त्रित कर शिखा बाँधे। पश्चात् मन्त्रज्ञ बलि विधान करे। इससे मन्त्रज्ञ की आत्मरक्षा होगी। **२.**'ॐ नमो भगवते..स्वाहा मन्त्र को पढ़कर भूतों के लिये बलिप्रदान करे। **३.** 'ॐ नमो भगवते विष्णवे लिप लप...स्वाहा' मन्त्र से भूतों को गन्ध प्रदान करे तो सारे भूतों से मुक्ति हो जाती है। **४.** 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय धरणी लिह मत्तवालिके स्वाहा' से जिसमें चाहे उसमें भूत का संक्रमण करा देवे। इस मन्त्र से भूतों का प्रवेश हो जाता है। इस मन्त्र से सात बार जल को अभिमन्त्रित कर खम्भे अथवा वृक्ष में फेंक दे तो भूत उसमें प्रवेश कर जाता है और उसी में स्थित होकर अतीत एवं अनागत सारी घटनायें बता देता है। सात बार पढ़कर वह मन्त्रवेत्ता का समस्त अभिवाञ्छित कार्य स्वयं पूर्ण करता है। इस मन्त्र को रज्जु में गूँथ कर उस रज्जु से वृक्ष अथवा खम्भे को वेष्टित करे तो भूत उसमें बँध कर निगृहीत हो जायेगा और समस्त अभिवाञ्छित कार्य स्वयं करेगा। पुनः बीस बार जप करने से मन्त्रवेत्ता जो कहेगा उसे वह करेगा। उसी मन्त्र को बीस बार पढ़कर रज्जु को मुक्त करे तो वह मुक्त हो जायेगा। **५.** साधक निग्रह मन्त्रों से महाग्रहों का भी निग्रह करे 'ॐ नमो भगवते नारायणाय हर हरिहर स्फुट स्फोटरे हरिराज्ञापयति चण्डिरे मण्डिरे स्वाहा'। शालि के चूर्ण से भूत की प्रतिकृति प्रतिमा का निर्माण करे। उस प्रतिमा का मुख खुला हो, गोली और पीतवर्ण की आँखें हों, ग्रीवा बलवान् हो, उदर बहुत बड़ा हो, ऐसी प्रतिमा निर्माण कर तीक्ष्ण शस्त्र से उसे काट दे तब भूत का अङ्ग कट जायेगा। वह उस प्रतिमा में आविष्ट होकर कहेगा कि हे महासत्त्व मेरा छेदन उद्भेदन मत करो। यह स्पष्ट कहेगा अथवा साधक के कान में कहेगा। इस प्रकार निगृहीत होकर वह साधक के चिन्तित सभी मनोरथों को पूर्ण करेगा। यदि इतने से वह वश में न

आवे तब पुनः उसका निग्रह करे। उस प्रतिमा में नीम के लकडी की बनाकर उसे सात बार अभिमन्त्रित कर उस प्रतिमा की छाती में गाड़ दे उसका निग्रह हो जायेगा।

६. यदि साधक निगृहीत की शान्ति करना चाहे तो महामन्त्र से अथवा शस्त्र का प्रवेश उस प्रतिमा में करा दे। 'ॐ नमो भगवते कृष्णपि सर्वभूतपते कुप्य सुरू हन स्वाहा' इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर में यष्टि (लाठी) वा शस्त्र प्रवेश करावे । तब ग्रहाविष्ट की शान्ति हो जाये **७.** आवेश मन्त्र से सभी ग्रहों को आविष्ट करे 'ॐ नमो भगवते सालिवह खट्वा लल हुं विष्णुराज्ञापयति स्वाहा' इस मन्त्र से सात अभिमन्त्रित सर्षप जिसके सिर पर फेंक देवे वह ग्रहाविष्ट हो जायेगा। अन्य ग्रह मोक्ष न हो तो कर्त्ता उसे छोड़ कर चला जाय । तब मन्त्रवेत्ता इस मन्त्र पढ़कर अपनी मुट्ठी से उसे खींचे। **८.** वशीकार मन्त्र से वशीकरण करे नमो भगवते विष्णवे सलो तम चुलु कुलु मिल स्वाहा स्वाहा'। साधक क (कर्णिकार) को इस मन्त्र से सौ बार अभिमन्त्रित कर जिसके शिर पर फेंके ग्रह उसके शरीर में प्रविष्ट होकर उसे वश में करा देता है और उसका मनोरथ पूर्ण करा देता है । **९.** संक्रमण मन्त्र से अपना सारा कार्य करे नमो भगवते सर्वेश्वराय हलमाज्ञापयति स्वाहा'। इसी मन्त्र से समस्त ग्रह प्रकार की प्रतिमाओं में एवं पुरुषों में संक्रमण कर जाते हैं । **१०.** विचक्षण क ग्रहों के आवाहन मन्त्र का प्रयोग करे 'ॐ नमो भगवते विष्णवे महादे मिलि मुञ्च स्वाहा' इस मन्त्र से प्रतिकृति (प्रतिमा) निर्माण करे । फिर प्रेषण से सभी ग्रहों को तथा समस्त दुष्ट ग्रहों को भी बुलाव।

११. नर्त्तन मन्त्र से सभी ग्रहों को नचावे । 'ॐ नमो भगवते विष्ण नमश्चण्डचक्राय निदर्शय मुखं जहि मा भिन्द चक्रानललोचनजिह्वभूत ता पिशाचान् स्वाहा' इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर ग्रह से गृहीत व्यक्ति को दे दे तो वह क्रमशः नाचने लगता है। **१२.** उत्सारण मन्त्र से ग्रहों बाहर उत्सारण कर भगा देवे । 'ॐ नमो भगवते चण्डचक्रधराय जिलि हिलि विष्णुः स्तम्भयति स्तम्भधारि वृद्धिकारिणि तन्त्र हत्रा उत्वाम्भः शूलिनी पिशा स्वाहा' इस मन्त्र से ग्यारह लोष्ठ (मिट्टी का ढेला) सात बार अभिमन्त्रित क्रम के अनुसार आठों दिशाओं ऊपर और नीचे फेंक देवे। शेष एक लोष्ठ चक्रमुद्रा से चक्र के समान अपने हाथ में धारण करे तो सभी ग्रह सौ योजन भी दूर भाग जाते हैं । वे साधक की आज्ञा का पालन करते हैं और मर्यादा का अतिक्रमण नहीं करते ।

अब मण्डल का विधान कहते हैं—वर्णों के अनुसार पाँच ही मण्डल होते हैं । १. भूतचक्र, २. भूतार्गल, ३. शूलार्गल ४. असिधार तथा ५. मूढार्ग

उनके क्रमशः नाम है । १. ब्राह्मण ग्रहों के लिये भूतचक्र कहा गया है । २. क्षत्रिय ग्रहों के लिये भूतार्गल होता है । ३. वैश्यों के लिये शूलार्गल और ४. शूद्रों के लिये असिधार कहा गया है । ५. अन्त्यज चाण्डालादि जातियों के लिये मूढार्गल कहा गया है । उसी को दुष्ट ग्रहों का मण्डल कहते हैं । ६. कोई लोग दुष्टग्रहों के लिये वातचक्र मण्डल कहते हैं।

१. अब भूतचक्र मण्डल कहते हैं—चार हाथ का चौकोर मण्डल निर्माण करे। उसमें बाहर की ओर चारों दिशाओं में एक अर्गल रेखा उसके मध्य में (किवाड़ को बन्द करने वाली कीली को अर्गला कहते हैं) निर्माण करे। मध्य में दक्षिण से उत्तर रेखा खीचकर वीथी निर्माण करे। जिससे वह तिरछी हो जायेगी। मध्य की रेखायें दो-दो होनी चाहिये जो मण्डल का अतिक्रमण न करे। वीथिका के मध्य में होने वाले में उसके प्रमाण के अनुसार संधिस्थल शङ्कु को गोला बनाकर स्थापित करे। उसी प्रमाण का दूसरा भी बनाकर द्वितीय शङ्कु भी स्थापित करे। मध्य में भूतपति लिखें । वीथि के मध्य में सरित्पति लिखें। आग्नेय, नैर्ऋत्य तथा वायव्य में क्रमशः कमण्डलु, दण्डकाष्ठ तथा अक्षसूत्र लिखें। ईशानकोण में ग्रहाविष्ट को आसन देवे और बाहर अर्गल रेखा से उसे बन्द करे।

२. भूतार्गल मण्डल कहते हैं—इसके बाद क्षत्रिय मण्डल में चौकोर वेदी बनाकर मण्डल के भीतर लिखें और अर्गला भी उसी प्रकार चौकोर एवं उसका आधा लिखें। प्रत्येक कोण के बाहर शूल लिखें वीथि के मध्य में चारों ओर चतुष्पथ के प्रमाण से मध्य में वीथि की पीठिका स्थापित करे। क्रमशः चार वीथिका बनाकर वीथि के अन्त के चारों दिशाओं में चतुष्पथ के कोण पर बाहर उसकी आधी पीठिका बनावे। ये चार पीठिकायें मण्डल के भीतर ही लिखें। मण्डल के भीतर शूलाग्र तथा उसके पीछे बाहर अर्गला लिखें। उसके कोनो पर नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान में धनुष, अश्व तथा नाग लिखे । फिर पूर्व दक्षिण के कोने पर ग्रहाविष्ट के लिये आसन रखे।

३. शूलार्गल मण्डल कहते हैं—वैश्य के लिये भी उसी प्रकार पूर्ववत् बाहर अर्गला करे। उसके भीतर उसका आधा चौकोर मण्डल बनावे। उसके भी भीतर एक चौकोर मण्डल बनावे। उसके भी भीतर उसके आधे में गोला मण्डल लिखें। पीठिका में चारो ओर बाहर चार अर्गला स्थापित करे। ये चारों अर्गलायें पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पीठिका के बाहर ही बनावे। भीतर को चतुरस्र मण्डल को बाहर का मण्डल कहा जाता है। बाहर के मूल से कोण-कोण पर अन्तर्मुख और बहिर्मुख का जिसमें शूलाग्र बहिर्मुख हो तथा बाहरी अर्गला का मुख भीतर की ओर हो ऐसा बनावे जब शूलाग्र अन्तर्मुख हो, तब उसके बाहर मध्यम मण्डल बनावे। वायव्य, ईशान तथा अग्निकोण में कलश, पादुका और कोष्ठ का आकार लिखें। दक्षिण में नैर्ऋत्यकोण में ग्रहाविष्ट को आसन देवे।

४. असिधार मण्डल कहते हैं—शूद्र के मण्डल में बाहर दो अ[र्गला] निर्माण करे और उससे बाहर की अर्गला से मिली हुई वीथियाँ बनावे चतु[ष्पथ] बनाकर उसके बाहर चौकोर मण्डल बनावे। उसके बाहर भी एक चौकोर म[ण्डल] बनावे। चतुष्पथ के बाहरी कोण में तन्त्रवेत्ता आग्नेय से लेकर ईशान प[र्यन्त] वृत्ताकार मण्डल बनावे। कोणों के पीछे भीतर तथा बाहर अर्गला निर्माण [करे।] ईशान, आग्नेय और नैर्ऋत्य में यथाक्रम लाङ्गल यष्टि का और कोष्ठ [का] निर्माण करे । वायव्य में ग्रहाविष्ट के लिये आसन का निर्माण करे

५. मूढार्गल मण्डल कहते हैं—चाण्डाल अन्यत्र तथा दुष्टों के लि[ये] अर्गला न बनावे। उनके मण्डल में चतुष्पथ युक्त चार वीथियाँ निर्माण करें। इस[के] लिये और कोई लेखनीय बात नहीं है आसन का भी विधान नहीं है। दुष्ट म[...] तो इस मण्डल को देखने मात्र से नष्ट हो जाते हैं।

६. वातचक्र मण्डल कहते हैं—एक रेखा से आधे चन्द्रमा के सम[ान] मण्डल बनावे। उन मण्डलों के चारों दिशाओं में लोकपालों के वज्र, यमदण्ड[...] पाश एवं धनुष आयुधों का निर्माण करे। चारों दिशाओं में अन्नपूर्ण श[...] (पुरवा) खन कर गाड़ देवे। दही और ओदन पूर्ण पात्र पूर्व द्वार में गाड़े। कृष्ण[...] तिल और मूँग मिश्रित अन्न दक्षिण द्वार में, पायस पश्चिम द्वार में तथा गु[ड] मिश्रित अन्न उत्तर द्वार में गाड़े। यह सब कार्य किसी को दिखा कर न क[रे।] गोष्ठ अथवा पर्वत के समीप अथवा श्मशान अथवा चतुष्पथ अथवा अर[ण्य] अथवा निर्जन स्थान अथवा देवतायतन में भूतों के लिये क्रूर बलि देकर ब्रह्मच[र्य] व्रत में स्थित होकर सर्वप्रथम चार प्रकार के चूर्णों से मण्डल लिखें। कृष्ण[...] चतुर्दशी को आचार्य उपवास कर अपनी रक्षा करते हुये शुक्ल, रक्त, पीत औ[र] काले वर्ण के चूर्णों से यथाविधि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों के लि[ये] विहित मण्डल लिखें। शेष के लिये भस्म का मण्डल निर्माण करें।

मण्डल इन्हीं वस्तुओं से निर्माण करे। इस प्रकार पाँच या छः मण्डल क्रमशः निर्माण कर आचार्य शुद्धवस्त्र धारण कर इन्द्रियों को वश में कर मण्डल के दक्षिण मण्डल की ओर मुख कर अपने हाथ के अनुभाग से विष्टर अथवा कुश समूह का आसन निर्माण करे। अपनी रक्षा करते हुये पवित्र होकर यथाविधि शिखा बाँधकर बने हुये पुत्रजीव से सूत्र में गूँथी हुई कवलगट्टा की माला धारण कर हाथ में कुशा की पवित्री धारण कर भूत रक्षा के लिये बायें हाथ में कट[...] (विशेष प्रकार का अस्त्र) धारण कर पूर्वोक्त विधान से आसन पर बैठने के बा[द] पूर्वोक्त मन्त्र से मुद्रा प्रदर्शित करे।

१. ब्राह्मण ग्रहों के चिह्न-ध्यान करने वाला जप करने वाला स्तुति कर[ने] वाला विनयशील पवित्रतायुक्त देवाराधन में आसक्त सन्ध्योपासन में तत्पर मु[नि] एवं देवताओं का कीर्त्तन करने वाला इन लक्षणों से युक्त पुरुष ब्राह्मण ग्रहगृही[त]

कहा जाता है। २. क्षत्रिय ग्रहों के चिह्न-जो लिखता है, हँसता है, मुँह बजाता है, नाचता है, हाँथी, घोड़ा, रथ-योद्धा और संग्राम का वर्णन करता है, गन्ध और माला से प्रेम करता है, सर्वदा शुक्ल वर्ण का वस्त्र धारण करता है, क्षत्र के अनुभाव से युक्त जातक क्षत्रिय ग्रहों से गृहीत होता है। ३. बुलाने पर भी नीचे की ओर देखता है, जँभाई लेता है, बारम्बार काँपता है, गाता है, नाचता है, बारम्बार रोता है, दुःखी होता है, हाँथी तथा वस्तुओं का भार ढोने वाले जन्तुओं को देखता है और उनसे भार वहन कराता है, विक्रय तथा लेन-देन का व्यवहार करता है, खेत को देख कर प्रसन्न होता है ऐसे लक्षणों वाला जातक वैश्य ग्रहगृहीत जानना चाहिये। ४. जो सदा मल, मूत्रादि से व्याहति (मारता) करता है, शौचभ्रष्ट एवं दुराचारी है, ब्राह्मण को देख कर क्रोध करता है, इतना ही नहीं हाथ से लिङ्गस्पर्श करता है और अमङ्गल वस्तुओं का मर्द्दन करता है, उत्तम बातें सुनता है किन्तु उसकी निन्दा करता है और स्वयं अपने को भी नहीं पहचानता उसे शूद्र ग्रहगृहीत समझना चाहिये। ५. जो जातक सभी प्रकार के कार्यों को एक में मिला देता है, भय और त्रास से संयुक्त रहता है उसे नीच ग्रह गृहीत जानना चाहिये।

जो अपने को छिपाता है और दूसरो को भयभीत करता है, रोता है, अपने को छिपा कर दूसरा बताता है उसे दुष्टग्रह समझना चाहिये। साधक इन चिह्नों से ग्रहों का ज्ञान कर उन्हें अपने-अपने स्थान पर सन्निविष्ट करे। आचार्य प्रथम उन्हें शान्ति से समझावे । ब्राह्मण ग्रहगृहीत पुरुष को 'भो एहि' इस प्रकार प्रिय वाणी बोले। क्षत्रिय ग्रहगृहीत पुरुष को 'भो महासत्त्व एहि' कहे। वैश्य ग्रहगृहीत पुरुष को 'भो नन्द एहि' कहें और शूद्र ग्रहगृहीत पुरुष को 'भोः साधो एहि' कहे। जो दुष्ट ग्रहगृहीत हैं उनसे शान्ति से बात न करे। धीरे-धीरे उनमें मन्त्र का आवेश करे।

१. 'ॐ नमो भगवते विष्णवे भूताधिपतये वासुदेवाय अलखङ्ग-रावण संकृन्त दानवशोणितदिग्धाङ्ग वज्रनरसिंह विलिनृत्यखङ्ग अनिवर्तिकोपालि हन भूतं त्रासय मण्डले कड्ढ अङ्कुशेन समयं प्रवेशय आह्वय चण्डासिधारावति विष्णुराज्ञापयति स्वाहा' यह आवेशमन्त्र है। यही मन्त्र ग्रहाविष्ट पुरुष में आविष्ट करे। **२.** दुष्ट ग्रहाविष्ट का शिखा बन्धन करे। 'कुण्डलं मण्डलं भूतं समये तिष्ठ स्वाहा' यह दुष्टग्रह के शिखा बन्धन का मन्त्र है। **३.** भक्षण मन्त्र से उसके मुख में अन्न देवे। वह अन्न वल्मीक मृत्तिका में गिरा देवे। 'ॐ नमश्चक्र क्रोधाय नरसिंहाय हिलि पुल कूलिभूत अण्डे ये गृह्ण इध्मं ग्रहं पुरोमुख महाकुक्कुरग्रहं महाविष्णुराज्ञापयति स्वाहा' से उसे भोजन करावे। इतना करने से वह ग्रह ग्रहाविष्ट पुरुष को निश्चय ही छोड़ देगा। **४.** साधक यह सारा कार्य कृष्ण मृत्तिका के साथ सर्व भक्षण मन्त्र से करे 'ॐ नमश्चक्रक्रोधाय चण्डलोडदमजिह्व

पन्नगत्वर निग्रह भक्षय महाभोगगतिराज्ञापय तिष्ठ' **५.** यदि इतने पर भी न
तब उसका निग्रह कर वेध करे । विचक्षण साधक गोबर से प्रतिमा निर्माण
उसे लोहे की कीली से वेधमन्त्र द्वारा वेधन करे 'ॐ नमश्चण्डासिधाराय
बन्धय मम ग्रहचण्डालं समयातिक्रान्तमर्यादं ज्वालय चक्रपाणिराज्ञापयति स्वाहा
से लोहे की कीली द्वारा प्रतिमा वेधन करे। इसके बाद छुरी से पुन: वेधन
विधिहीन कार्य से 'हा हा' की प्रथम हाहाकार जैसी अपनी आकृति बनावे,
से विधुर (अलग) बनाकर यह अब्रह्मण्य (अनुचित) कार्य करे । **६.** ऐसा
से सभी दुष्टग्रह वश में हो जाते हैं। यदि इतने पर भी वह ग्रह न छोड़े तब
क तैल मन्त्र से उसे प्रताड़ित करे 'ॐ नमश्चण्डासिप्रहाराय विष्णवे मुसलि
हन नट च निकृन्त मुसल मार प्रविश्य दारय ताडय भगवन् दुष्टग्रहान् स्वाहा
इस मन्त्र से तेल को सात बार अभिमन्त्रित करे। फिर उस तेल से मुशल
ताड़ित करे तब वह ग्रह उसको छोड़ देगा **७.** यदि इतने पर भी न छोड़े
उसका निग्रह करे। इस मन्त्र से नील निर्गुण्डी और सुरसा को एक में मल
उसके रस को ग्रहाविष्ट की नासिका में छोड़े तो ऐसा करने से उसका निग्रह
जायेगा। **८.** साधक मोक्ष मन्त्र से उसका विमोक्षरण कर देवे। 'ॐ नमश्चण्ड
धाराय विमिला चञ्चलि गच्छ समयं भो ग्रह स्वामिन् कोल स्वाहा' पढ़कर
छोड़ देवे। **९.** इस विनिग्रह के प्रकरण में अपस्मार (मिरगी) ग्रह का अन्य
है। 'ॐ नमश्चण्डक्रोधाय नरसिंहाय आनले कुनले चल अल मे अवदारम
वचनेन हन हन तन्म भूतपतिराज्ञापयति स्वाहा' मन्त्र से सात बार तैल
अभिमन्त्रित कर आग पर गरम कर रोगी के कान और नासिका में डाल
सिञ्चित करे तो अपस्मार तुरन्त भाग जायेगा।

१. देवता, २. यक्ष, ३. गन्धर्व, ४. भूत, ५. नाग, ६. राक्षस,
पिशाच और ८. प्रेतसङ्घ ये आठ ग्रह कहे गये हैं। क्रमयोग से उनकी
मुद्रायें भी कही गयी हैं। अङ्गुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा ये क्रमश
उन आठ ग्रहों की मुद्रायें हैं।

१. अब पशुओं का मन्त्र कहते हैं—ॐ नमो भगवते विष्णवे पशु
पतये नम: स्वाहा ।' इस मन्त्र से पशु को दोनों नासापुटों को दृढ़तापूर्वक पक
कर अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी से तत्त्वमुद्रा बनाकर नीचे कर दे। मात्र केवल इतने से
अश्वादि पशु वश में हो जाते हैं। **२.** हाथियों को वश में करने के लिए उत्त
मन्त्रवाद-साधक अपने दोनों पैर के अंगूठों को हाथी के कान में डालकर
देवे तो समस्त हाथी वश में हो जाते हैं। **३.** सरक कर चलने वाले सर्व
जन्तुओं का मन्त्र एवं **४.** उदकस्तम्भ (जल को स्तम्भित करने वाला) मन्त्र और
५. अग्निस्तम्भ मन्त्र से अग्नि का स्तम्भन मन्त्र कहा गया है। ६. वारुणी
धारणा कर विष को निर्विष करे। धारणा का क्रम भी पद्मोद्भव ग्रन्थ में कह दिया

गया है। धारणा का क्रम संयोग पटल नामक अध्याय में देखना चाहिये। किन्तु धारणा का क्रम यहाँ नहीं कहा गया है।

शिवरात्र में चतुर्थ अध्याय भूतविस्तार नामक है। विष्णु परिषद के ईश्वरों को कहते हैं—ये पारिषदेश्वर कुमुद, कुमुदाक्ष आदि क्रमश: एक हजार आठ की संख्या में कहे गये हैं। इन गणों में कोई कोई (गौरेया) बानर के समान मुख वाले, कोई भूरे वर्ण के मुख वाले, कुछ चटका के समान मुख वाले, कुछ दात्यूह (धूम रंग का जल काक) मुख वाले तथा कुछ कृकरास्य (गिरगिट) मुख वाले हैं। कोई-कोई पारिषद घोड़े के समान मुख वाले है। कोई-कोई हाथी के समान मुख वाले हैं । इतने तथा और भी बहुत से विष्णु के पारिषद कहे गये हैं। इतने पारिषदों के तथा अन्य बहुत से पारिषदों के भृत्य भूतगण भी कहे गये हैं। ऐसे सहस्रों गण है जिनके नाम विष्णु हैं। इस तन्त्र में गणों की संख्या करोड़ों है।

शिवरात्र में पञ्चम अध्याय हविर्निवेदनविधान नामक है। यहाँ चरु के पाक का विधान कहते हैं—विद्वानो द्वारा ताँबा अथवा मिट्टी से बने हुये दो चरुपात्र कहे गये हैं पात्रविधानम् ताम्रपात्र सर्वदा प्रशस्त है। यदि वह अप्राप्य हो तब मिट्टी से बने हुये पात्र का चरु के लिये उपयोग करे। बुद्धिमान् साधक सर्वप्रथम विष्णुगायत्री से पात्र का प्रक्षालन करे। अष्टाक्षर मन्त्र से प्रसृतिमुद्रा बनाकर उसका स्पर्श करे। द्वादशाक्षर विद्या से तण्डुलों का स्पर्श करे। विष्णु के चतुर्थ्यन्त द्वादश नाम के आगे नम: लगाकर नारायण प्रभु का ध्यान कर बारह-बारह मुट्ठी चावल अलग रखे। चार मुट्ठी चावल मूर्त्तियों के नाम लेकर अलग रखें। विष्णु के बीज मन्त्र से उन चावलों का प्रक्षालन करे। पुरुषात्म बीज से उसे चूल्हे पर स्थापित कर विश्व बीज से अग्नि को प्रदीप्त करे। निवृत्ति मुद्रा से उसे चलाकर सर्व मुद्रा से नीचे उतारे अथवा तन्त्रवेत्ता मूलमन्त्र से ही सारी क्रिया संपन्न करे।

आघ्रातादि चरुवर्जन कहते हैं—विलीन (जो पानी के तरह हो) ऐसा चरु यत्नपूर्वक वर्जित करे। वल्य (जला हुआ), अत्यन्त पका हुआ, (व्यापक) सब जगह फैला हुआ, केवल तण्डुल, दूसरे रंग में बदला हुआ चरु, गन्धदुष्ट, धूम से व्याप्त, अधपका, बहता हुआ आघ्रात अर्थात् विना सूँघा हुआ, विधानानुसार नहीं पकाया गया ऐसा चरु यत्नपूर्वक वर्जित करे। छींक से युक्त, श्वास से हत, मुख वायु से संस्पृष्ट, पैर तथा पशु से संस्पृष्ट, अगृहीत दीक्षित के द्वारा देखा गया, लाँघा हुआ, शीत, अत्यन्त उष्ण, कूटे हुये पात्र में स्थापित, कृमि या

केश युक्त, स्वेद के बिन्दु से हत, मन्त्रहीन, क्रियाहीन, गोपनीयता से र बनाते समय अभिभाषण से युक्त तथा मन्दार पत्र से युक्त चरु वर्जित करे।

उपाय से पकाये गये सभी फल वर्जित रखे। यत्नपूर्वक पकाये गये में केवल एक केले का फल ग्राह्य है। बिना पका हुआ अग्नि से जला फल विष्णु को निवेदन न करे। अब बिना पकाये हुये तण्डुलों की विधि क हूँ। खड़ा तण्डुल ग्रहण करे। आर्द्र तण्डुल (जिससे पानी निकलता हो) वर्जित करे। जिसमें भूसी न हो, त्वचा से वर्जित, पत्थर एवं कृमि से वि तण्डुल ग्राह्य है। जिसमें खुद्दी हो, धूल से तथा नीचे मुख कर स्पर्श कि हुआ हो ऐसे तण्डुल का उपयोग न करे। इसी प्रकार अपक्व तण्डुल भी च लिये किसी प्रकार ग्रहण न करे।

अच्छी प्रकार पका हुआ ही चरु विष्णु को निवेदन करे, वर्जित का करे। जो गुरु मोह वश ऊपर कहे गये वर्जित चरु का निवेदन करता है उस भगवान् क्रोध करते हैं। इसलिये सभी प्रयत्नों से वर्जित चरु निवेदन न करे।

अब फलों के विषय में कहते हैं—आम्र, पनस (कटहल), केल नारिकेल, खजूर, अंगूर, जामुन, करबिन्द, करीर, बेल, राजादन, कै ककड़ी, बैर, गूलर, पारावत, हव्य-मातुलुङ्ग (बड़ा नीबू) अनार, अमलक मधुर फल नैवेद्य में ग्राह्य हैं। मधुर फलों में केवल एक ताड़ का फल व करे। सभी प्रकार के तिक्त तथा कटु फल सर्वदा वर्जित करे। कृमिदूषित पक्षि क्षत स्वयं अपने आप पृथ्वी पर गिरे हुये अपवित्र स्थान में गिरे हुये-आघ्रा (सूँघे गये) घ्राणित विकृत, व्याधित एवं अग्निदग्ध ये सभी प्रकार के फल वि को निवेदित न करे।

यहाँ मूल के विषय में कहते हैं—१. बल्ली, २. महावल्ली, ३ नागबल्ली, ४. मधुवल्ली, ५. पिण्डा, ६. क्षुद्रपिण्डा, ७. गङ्गा और ८ महागङ्गा इनका मूल उत्तम कहा गया है। इनके अप्राप्त होने पर शेष मूल ग्राह्य है। किन्तु सूरन वर्जित है। मूलों को आग में पका कर निवेदन न करे स्वयं सिद्ध मूल ही निवेदित करे। मूल में होने वाले फलों को आग में न पकाये विष्णु के निवेदन किये जोने वाले पदार्थों में अपूप आदि पदार्थ सर्वोत्तम कहे गये हैं। किन्तु लवण मिश्रित पदार्थ किसी भी प्रकार विष्णु को निवेदन न करे।

ओषधियों का क्रम कहते हैं—चरुकर्म में ग्राह्य ओषधियों के क्रम में सभी प्रकार की ब्रीही तथा सभी प्रकार प्रियङ्गु (कँगुनी) विष्णु निवेदन में ग्राह्य हैं। यव वेणुयव, श्यामाक (साँवाँ), श्यामिका एवं नीवार निवेदन में ग्राह्य हैं। कोशीधान्य वर्जित हैं। कोशीधान्य मूँग एवं तिल ग्राह्य हैं ब्रीहि में शालिधान्य ग्राह्य हैं। उसके अप्राप्य होने पर साठी का चावल ग्राह्य है। धान्यों में कङ्गु, प्रियङ्गु आदि श्रेष्ठ हैं

उनके अप्राप्य होने पर रज्जु को ग्रहण करे। यव की अपेक्षा वेणुयव प्रशस्त है। उसके अप्राप्य होने पर जो भी प्राप्त हो वह ग्राह्य है। श्यामाक श्रेष्ठ है उसकी अपेक्षा श्यामिका श्रेष्ठ है। इन सभी धान्यों की अपेक्षा नीवार (बोरो) सर्वश्रेष्ठ है। इन धान्यों के अभाव में कोदों और कुरुविन्द को छोड़कर सभी धान्यों का उपयोग करे।

अब फलों के भेदों को कहते हैं—कुछ फलों की अस्थियाँ भीतर होती है और कुछ की बाहर होती है। नारिकेल, कपित्थ, बेल इनकी अस्थियाँ बाहर रहती हैं, शेष सभी फलों की अस्थियाँ भीतर रहती हैं। बाहरी अस्थियों वाले तथा भीतरी अस्थियों वाले फलों का प्रक्षालन करे। जो फल मधुर हों सात्त्विक, जो अम्ल हों वे राजस, तथा कषाय रस वाले एवं अत्यन्त पके हुये फलों को तामस समझना चाहिये। उत्तम फलों की गणना सात्त्विक में, मध्यम फलों की गणना राजस में और अधम फलों की गणना तामस में की गई है।

अब हविष्य के साङ्कर्य के लिये मिश्रामिश्र हविष्य कहते हैं—अपूप, सत्तु, मूँग, तिलों से मिश्रित हवि 'मिश्र हवि' कही गई है। विचक्षण साधक भगवान् विष्णु को इन द्रव्यों में से मिश्र हविष्य का निवेदन करे। अमिश्र हवि को भी निवेदन करे। १. पायस, २. कृसर, ३. गौड और ४. हरिद्रान्न चतुर्विध अन्न को विचित्रान्न कहा गया है। उससे भी श्रेष्ठ मुद्गान्न होता है अथवा अपूप षड् यवादि हैं उन्हें निवेदन करे। सभी प्रकार के अपूपों में उष्म अपूप विवर्जित हैं अथवा अच्छी प्रकार से सिद्ध किया हुआ केवल मूँग ही निवेदन करे। इन सभी हविष्य पदार्थों को अग्निकार्य (हवन) के लिये उपयोग करे। निवेदन के लिये तथा होम कार्य के लिये शुद्ध अन्न का विधान कहा गया है।

साधक सत्तू से मिला हुआ दही, लावा और धाना (भुजा हुआ गुड़ मिश्रित यव) से मिश्रित अन्न, भूपुर के बाहरी आवरण में तथा बलि कर्म में योजना करे।आचार्य के भक्षण में भी ये सभी अन्न संयोजित करे। निवेदन किया हुआ पुष्प एवं फल निर्माल्य कहा जाता है। उसे वर्जित करे अर्थात् निवेदन से शेष बचा हुआ सभी पदार्थ दीक्षित साधक सर्वदा भोजन करे। हवि:शेष जिन्होंने दीक्षा नहीं ली है उन्हें कदापि न देवे। यदि मोह वश उन्हें दे दिया गया तो सारी क्रिया निष्फल हो जाती है। इसलिये हवि:शेष सर्व प्रयत्नों से अदीक्षितों को न देवे और न दिलावे। हवि:शेष अपने सच्छिष्य को देवे अथवा महात्मा सन्यासी को दे देवे।

जब शास्त्रों में जैसा निश्चय कहा गया है, उस निश्चयानुसार हवि: पदार्थों की संज्ञा कहते हैं—(१) शुद्धान्न (२) विचित्रान्न (३) मिश्रान्न (४) अभिश्रान्न ये चार प्रकार के पक्वान्न कहे गए हैं। अपक्व में फल (५) तथा पक्व में एक मूल (६) इस प्रकार छ: प्रकार की हवि कही गई है ५३।

शिवरात्र में षष्ठ अध्याय पुष्पयागविधि नामक है। अब इसके बाद के अनुसार पुष्पाध्याय कहते हैं—अपने बगीचे में उत्पन्न हुआ पुष्प ग्राह्य दूसरे के बगीचे से क्रीत पुष्प भी ग्राह्य है। प्रतिग्रह में प्राप्त तथा अयाचित ग्राह्य है जल में उत्पन्न हुये समस्त पुष्प ग्राह्य है। यदि वे परिग्रह (दान) हैं। दूसरे के बगीचे में उत्पन्न हुये पुष्प अग्राह्य हैं, अन्त्यजस्पृष्ट, रज स्पृष्ट, निष्कला (रजोधर्म रहित) स्पृष्ट, पापियों से स्पृष्ट, हाथ से लाया वस्त्र में लाया गया, पैर से स्पृष्ट, सूँघा हुआ, मर्दित किया गया, टूटे-फूटे वाला, मुकुल (कुड्मल), कृमिदुष्ट, मकरी के सूत्र से युक्त, बासी एवं दूसरे में परिणत ये पुष्प अग्राह्य हैं। एक रात तक बासी, जल में उत्पन्न होने पुष्प अग्राह्य है। जिसका केसर जीर्ण हो गया हो उसे भी ग्रहण न करे।

अब वर्ज्यावर्ज्य पुष्पों के विषय में कहते हैं—उन्मत्त (धतूर), पा मन्दार, अमोक-अगस्त, कोविदार, अङ्केल, गिरिकर्णिका, जया, लाङ्गली, कु कुरणृक, आकुली, क्षीरिका, किङ्किणी, बीजपूरक, हासक, बैकुण्ठ, रक्त कु तपस्विनी, सुमद्रा, व्याघात, राजवृक्ष, मृतप, महाकुण्ड, सालक, महा (बहेड़ा), प्रियाल, पालिका पुष्प, कुन्दवीर वृक्ष, किंशुक (पलाश), पा (निम्ब), अर्जुन, ककु भ कदम्ब, वज्रवृक्ष, घन, सिलिन्ध्र, गोक्षुर, निर्गु इनको पुष्पयाग के मण्डप में वर्जित रखें।

अब पुष्पराधन में ग्राह्य पुष्पों को कहते हैं—कमल, करवीर (कर्णिका तुलसी, कुमुद, उत्पल, मिश्रक, सौगन्धिक, लाल कमल, कल्हार, शा श्वेत, लोहित, माधवी, कर्णिकार (कचनार), किङ्किरात, केतकी, नागद मल्लिका, नवमालिका, कुर्वक, नवमाला, मालती, राजमालती, नन्द्या नन्दीक, नवमल्लिका, आर्जक, वाणिज्य, गुण्डी, दमनक, असन, शि पलाश, खदिर, जाती, नवजाती, सिन्दुवार, कन्दली, स्थलपद्म (गुलाब), स शेफालिका, बकुल, करवीर, कङ्कुम, चन्दन आदि पुष्पों से विष्णु की अर्च करनी चाहिये। नमेरु, वकपुष्प, पुनाग, नाग, सुरीम, सुवीर, कुरु हजन्तिका, चणक, शिबिक, कलिपद्मक, सदाभद्रा, ह्रीवेर, सहदेवी, नील सुवचर्ला, करञ्जी, देवदारु, वृहन्नला, काश, कुश, तिभि, स्तिमित, ल भूरिक, श्यामाक, शमी, वसुभद्रा, कदली, कमली, क्रमुक, फलिनी, गोलि सिंहिका, सिंह, केसरी, तमाल, मालिका, शल्मली और बाण इतने पुष्प नि ग्राह्य हैं।

अब जिस समय जिन पुष्पों से विष्णु की अर्चना करनी चाहिये कालयोग को कहते हैं—

प्रात:काल में नन्दिक से विष्णु पूजा करे। मध्याह्न में केसर से सायङ्काल में जातीपुष्प से अर्चना करे। प्रदोष में बकुल तथा मध्यरात्रि

मल्लिका से महाविष्णु की अर्चना करे। प्रत्यूषमें नन्दिकावर्त्त से तथा तुलसी से सर्वकाल में विष्वार्चन करे।

विष्वार्चन में वर्ज्यपुष्पं—रात्रि में करवीर से, दिन में कुमुद से, पूर्वाह्न में मालती से और अपराह्न में माधवी से विष्णु पूजा न करे। प्रदोष में कमलों से और उषा काल में नील कमल से विष्णु पूजा न करे। मध्याह्न में किङ्किरात से विष्णु पूजा न करे। इससे केवल प्रात:काल में पूजा करे अन्य काल में नहीं। सुरभि से मध्यरात्र में पूजा न करे। केवल प्रदोष में उससे अर्चना करे। शेष सभी की माला बनाकर विधिपूर्वक विष्णु पूजा करे।

अब अङ्कुरों का क्रमयोग पूर्वक विधान कहते हैं—कुशा और दर्भ के अङ्कुर पूजा में श्रेष्ठ हैं, केवल दर्भाङ्कुर भी श्रेष्ठ है। इन्द्रवल्ली, सदाभद्रा, सर्षप, शमी, चणक तथा ऊपर कहे गये तीन कुल आठ अङ्कुर विष्णुपूजा में सर्वोत्तम है।

अब उन बीजाङ्कुरों को कहते हैं—जिन बीजों से विष्णु की पूजा की जाती है। प्रियङ्गु, निष्पाव, शाली, सरस्रे, साठी, कुलत्थ, शिम्ब .... माष ये दश तथा ग्यारहवाँ मूँग इनके बीज से भी की जाने वाली विष्णु पूजा प्रशस्त कही गई है। इन मङ्गलाङ्कुरों का रोपण पालिका में करे।

अब पुष्पों के विभागों को कहते हैं—पुष्पों के १. वायव्य, २. आग्नेय, ३. माहेन्द्र और ४. वारुण ये चार प्रकार हैं। श्याम वर्ण के सभी पुष्प वायव्य हैं। कमल को छोड़कर सभी रक्त वर्ण के पुष्प आग्नेय हैं। पीतवर्ण के पुष्प माहेन्द्र हैं और शुक्ल वर्ण के सभी पुष्प वारुण हैं। सभी वर्णों से युक्त पुष्प (मिश्रित) वैष्णव पुष्प हैं। इसी प्रकार सभी प्रकार से युक्त अङ्कुरों तथा जल में उत्पन्न होने वाले पुष्पों को वैष्णव समझना चाहिये।

शल्मली पुष्प आग्नेयी हैं और पङ्कज वारुणी है। विष्णु पूजा में वायव्य की अपेक्षा उत्तरोत्तर इनका फल शतगुणित है।

अब जिस समय इन पुष्पों से या अङ्कुर बीजों से विष्णु पूजन किया जाना चाहिये उस काल को कहते हैं— विष्णु पूजन के लिये दस नाड़ी से (दस घड़ी २४ मिनट की एक घड़ी) परिच्छिन्न काल प्रशस्त कहा गया है। पूर्वाह्न में दस नाड़ी, मध्याह्न में दस नाड़ी, अपराह्न में दस नाड़ी, प्रदोषकाल एवं मध्यरात्र तथा प्रत्यूष काल में भी दस नाड़ी इस प्रकार इन छ: कालों में केवल क्रमश: दस नाड़ी काल प्रशस्त कहा गया है ४३।

शिवरात्र में सप्तम अध्याय पत्रच्छेदविधान नामक है। अब अर्चना विधि में पत्रच्छेद कहते हैं—१. सूचीमुख, २. व्रीहिमुख, ३. नालिका, ४. कुमार, ५.

शिवरात्र में षष्ठ अध्याय पुष्पयागविधि नामक है। अब इसके बाद के अनुसार पुष्पाध्याय कहते हैं—अपने बगीचे में उत्पन्न हुआ पुष्प ग्राह्य दूसरे के बगीचे से क्रीत पुष्प भी ग्राह्य है। प्रतिग्रह में प्राप्त तथा अयाचित ग्राह्य है जल में उत्पन्न हुये समस्त पुष्प ग्राह्य है। यदि वे परिग्रह (दान) हैं। दूसरे के बगीचे में उत्पन्न हुये पुष्प अग्राह्य हैं, अन्त्यजस्पृष्ट, रजस्वला स्पृष्ट, निष्कला (रजोधर्म रहित) स्पृष्ट, पापियों से स्पृष्ट, हाथ से लाया वस्त्र में लाया गया, पैर से स्पृष्ट, सूँघा हुआ, मर्दित किया गया, टूटे-फूटे वाला, मुकुल (कुड्मल), कृमिदुष्ट, मकरी के सूत्र से युक्त, बासी एवं दूसरे में परिणत ये पुष्प अग्राह्य हैं। एक रात तक बासी, जल में उत्पन्न होने पुष्प अग्राह्य है। जिसका केसर जीर्ण हो गया हो उसे भी ग्रहण न करे।

अब वर्ज्यावर्ज्य पुष्पों के विषय में कहते हैं—उन्मत्त (धतूर), मन्दार, अमोक-अगस्त, कोविदार, अङ्केल, गिरिकर्णिका, जया, लाङ्गली, कुरणृक, आकुली, क्षीरिका, किङ्किणी, बीजपूरक, हासक, बैकुण्ठ, रक्त तपस्विनी, सुमद्रा, व्याघात, राजवृक्ष, मृतप, महाकुण्ड, सालक, (बहेड़ा), प्रियाल, पालिका पुष्प, कुन्दवीर वृक्ष, किंशुक (पलाश), (निम्ब), अर्जुन, ककु भ कदम्ब, वज्रवृक्ष, घन, सिलिन्ध्र, गोक्षुर, इनको पुष्पयाग के मण्डप में वर्जित रखें।

अब पुष्पराधन में ग्राह्य पुष्पों को कहते हैं—कमल, करवीर (कर्णिका), तुलसी, कुमुद, उत्पल, मिश्रक, सौगन्धिक, लाल कमल, कल्हार, श्वेत, लोहित, माधवी, कर्णिकार (कचनार), किङ्किरात, केतकी, मल्लिका, नवमालिका, कुर्वक, नवमाला, मालती, राजमालती, नन्दीक, नवमल्लिका, आर्जक, वाणिज्य, गुण्डी, दमनक, असन, पलाश, खदिर, जाती, नवजाती, सिन्दुवार, कन्दली, स्थलपद्म (गुलाब), शेफालिका, बकुल, करवीर, कङ्कुम, चन्दन आदि पुष्पों से विष्णु की अर्चना करनी चाहिये। नमेरु, बकपुष्प, पुनाग, नाग, सुरीम, सुवीर, हजन्तिका, चणक, शिबिक, कलिपद्मक, सदाभद्रा, ह्रीवेर, सहदेवी, नीलिका, सुवचर्ला, करञ्जी, देवदारु, वृहन्नला, काश, कुश, तिभि, स्तिमित, भूरिक, श्यामाक, शमी, वसुभद्रा, कदली, कमली, क्रमुक, फलिनी, गोलिका, सिंहिका, सिंह, केसरी, तमाल, मालिका, शल्मली और बाण इतने पुष्प ग्राह्य हैं।

अब जिस समय जिन पुष्पों से विष्णु की अर्चना करनी चाहिये कालयोग को कहते हैं—

प्रातःकाल में नन्दिक से विष्णु पूजा करे। मध्याह्न में केसर से सायङ्काल में जातीपुष्प से अर्चना करे। प्रदोष में बकुल तथा मध्यरात्रि

में नन्दिकावर्त्त से तथा तुलसी से मल्लिका से महाविष्णु की अर्चना करे। प्रत्यूषमें नन्दिकावर्त्त से तथा तुलसी से सर्वकाल में विष्ण्वार्चन करे।

विष्ण्वार्चन में वर्ज्यपुष्पं—रात्रि में करवीर से, दिन में कुमुद से, पूर्वाह्न में मालती से और अपराह्न में माधवी से विष्णु पूजा न करे। प्रदोष में कमलों से और उषा काल में नील कमल से विष्णु पूजा न करे। मध्याह्न में किङ्किरात से विष्णु पूजा न करे। इससे केवल प्रातःकाल में पूजा करे अन्य काल में नहीं। सुरभि से मध्यरात्र में पूजा न करे। केवल प्रदोष में उससे अर्चना करे। शेष सभी की माला बनाकर विधिपूर्वक विष्णु पूजा करे।

अब अङ्कुरों का क्रमयोग पूर्वक विधान कहते हैं—कुशा और दर्भ के अङ्कुर पूजा में श्रेष्ठ हैं, केवल दर्भाङ्कुर भी श्रेष्ठ है। इन्द्रवल्ली, सदाभद्रा, सर्षप, शमी, चणक तथा ऊपर कहे गये तीन कुल आठ अङ्कुर विष्णुपूजा में सर्वोत्तम है।

अब उन बीजाङ्कुरों को कहते हैं—जिन बीजों से विष्णु की पूजा की जाती है। प्रियङ्गु, निष्पाव, शाली, सरस्रे, साठी, कुलत्थ, शिम्ब .... माष ये दश तथा ग्यारहवाँ मूँग इनके बीज से भी की जाने वाली विष्णु पूजा प्रशस्त कही गई है। इन मङ्गलाङ्कुरों का रोपण पालिका में करे।

अब पुष्पों के विभागों को कहते हैं—पुष्पों के १. वायव्य, २. आग्नेय, ३. माहेन्द्र और ४. वारुण ये चार प्रकार हैं। श्याम वर्ण के सभी पुष्प वायव्य है। कमल को छोड़कर सभी रक्त वर्ण के पुष्प आग्नेय हैं। पीतवर्ण के पुष्प माहेन्द्र हैं और शुक्ल वर्ण के सभी पुष्प वारुण हैं। सभी वर्णों से युक्त पुष्प (मिश्रित) वैष्णव पुष्प हैं। इसी प्रकार सभी प्रकार से युक्त अङ्कुरों तथा जल में उत्पन्न होने वाले पुष्पों को वैष्णव समझना चाहिये।

शल्मली पुष्प आग्नेयी हैं और पङ्कज वारुणी है। विष्णु पूजा में वायव्य की अपेक्षा उत्तरोत्तर इनका फल शतगुणित है।

अब जिस समय इन पुष्पों से या अङ्कुर बीजों से विष्णु पूजन किया जाना चाहिये उस काल को कहते हैं— विष्णु पूजन के लिये दस नाड़ी से (दस घड़ी २४ मिनट की एक घड़ी) परिच्छिन्न काल प्रशस्त कहा गया है। पूर्वाह्न में दस नाड़ी, मध्याह्न में दस नाड़ी, अपराह्न में दस नाड़ी, प्रदोषकाल एवं मध्यरात्र तथा प्रत्यूष काल में भी दस नाड़ी इस प्रकार इन छः कालों में केवल क्रमशः दस नाड़ी काल प्रशस्त कहा गया है ४३।

शिवरात्र में सप्तम अध्याय पत्रच्छेदविधान नामक है। अब अर्चना विधि में पत्रच्छेद कहते हैं—१. सूचीमुख, २. व्रीहिमुख, ३. नालिका, ४. कुमार, ५.

एकपत्र, ६. नाराच, ७. द्विशिख, ८. त्रिश्शिख, ९. द्विपत्र, १०. छेदनी वृत्तवाहि, १२. क्षुर, १३. अर्धक्षुर १४. शलाका-ये चतुर्दश पत्र उपकरण सामग्री कही गयी है ।

पत्रछेदोपकरणप्रयोग कहते हैं—१. सूचीमुख विन्दुपात (चिह्न) ब्रीहिमुख वेध में, ३. नालिका आपीड में, ४. कुमारक छेदन में, ५. और ६. नाराच भी इसी काम में, ७. प्रथम में द्विशिख, ८. विषम में ९. रूपकरण में द्विपत्र १०. टुकड़ा करने में छेदनी, भिन्नपात में ११. भेदन एवं विपाटन में वृत्तवाहि तथा १२. पुष्पादिकों के पाटन कार्य में योजना करनी चाहिये । १३. अर्धक्षुर जिसे कृत्तिका कहते हैं उससे पूरा किया जाता है और १४. शलाका से नापना तथा शस्त्र व्यापार चाहिये ।

कदलीपत्रादि पत्रभेद कहते हैं—छेदन कार्य में कदलीपत्र मुख्य है पश्चात् वालुक उत्तम है । गङ्गापत्र और रजनीपत्र छेदन कर्म के लिये विशि पद्मपत्र, कुमुदपत्र, उत्पलपत्र, सुगन्धिपत्र, कल्हारपत्र, किंशुक (पलाश इत्यादि पत्र अर्चनाविधि में ग्राह्य हैं १. पल्लव २. पेनक ३. प्रकीर्णक ४. ५. रज्जुबद्ध और ६. रूपक-पत्रों के ये छः भेद हैं । इन छओं के पृथक् तीन सौ साठ भेद हैं । तान्त्रिको ने इस तन्त्र में दो हजार ऐकसठ भेद कहे हैं । इनके नाम तथा इन सभी के प्रयोग नारदार्चनिका नामक ग्रन्थ में वि प्रदर्शित हैं । एक दूसरे प्रकार का भी पत्रच्छेद कहा गया है जिसके चौस कहे गये हैं । पद्मोद्भव पुराण में गरुड़ की अर्चना विधि में ऐसा कहा गया उनके तीन सौ साठ भेद पृथक्-पृथक् कहे गये हैं । यह सब गरुड़ विस्तारपूर्वक कहा गया है। वहाँ उनका भेद साठ हजार चालीस कहा कुछ विद्वान् अन्यान्य देव अर्चना वाले पत्रच्छेद को असंख्येय कहते हैं ।

अब जिनसे विष्णु अर्चना की जाती है उन पत्रों के क्रम को कहते क दीप की शिखा में अर्चना पत्र को ठीक तरह से प्रतप्त करे । उसे तप्त न करे और तापरहित भी न करे । अत्यन्त ताप से वह आर्द्र होगा पिघलने लगेगा और न तपाने पर वह कर्कश (कड़ा रूख) रहेगा। धीरे-धीरे उसे मध्यम ताप देवे जैसे स्याही (मसी?) नीलाञ्जनसमूह को धारण करती है । उसी प्रकार निस्तल (गोला) बनाकर उस पत्ते को उत्क्रमरहित न करे, तथा धारापात भी न करे । पत्ते के सभी स्थानों अंगुलियों से धीरे-धीरे मले । इस प्रकार प्रयत्न से उसके समत्व और की परीक्षा करे। एक बार दोहरा किये गये उस पत्ते को पुनः द्विगुणित पुनः उसे दोहरा कर उसको छेदन आरम्भ करे ।

चिक्कन सेमर के पटरे पर से रखकर शलाका को स्थिर और

बनाकर विचक्षण साधक उसमें बिन्दु (निशान) बनावे । वे बिन्दु चाहे सम हों चाहे विषम हों पत्ते के छेदन के अनुरूप यथाविधि वहाँ रेखा निर्माण करे । उसके अनुरूप उसका छेदन करे । जिससे उसमें बुद-बुद (बुल्ला) निकले फिर उसके नीचे के तल का तथा बुद् बुद् को भी भेदन करे । मार्ग देश में वेधन करे और कोमल स्थानों में रेखा करे । जो शुद्ध हों उन्हें उठा ले । जो विच्छिन्न (टुकड़े) हों विचक्षण साधक उनका वर्जन करे । उस अवच्छिन्न पत्र को प्रत्येक पत्ते के ऊपर विस्तृत (फैला) कर चारो प्रकार के (शुक्ल, रक्त, पीत, कृष्ण) वर्णों से तथा चारों प्रकार के पत्ते से उसे शोभित करे । क्रियायोग्य अर्चनिका पत्र निर्माण में उस पर वितान बिछा कर उसे परिवर्तित (उल्टा) कर दे । फिर उसके प्रत्येक पत्ते को दूर हटा कर वर्णो का अवलोकन करे । जहाँ-जहाँ न्यूनता हो वहाँ-वहाँ पूर्ण करे फिर जल से प्रोक्षण कर छेदशेष को काट कर बुद् बुद् को तथा परतल को पूर्ण कर विचक्षण साधक उसे पत्र को अर्चन क्रिया के योग्य बनावे

अब उसके बन्धन में सभी पुष्पों के भेदों को कहते हैं-उसके ग्रन्थन के लिये केला का त्वक् उपयोगी है उसके अप्राप्य होने पर सूत का उपयोग करे अथवा जिसमें पत्ता न हो वैसा फूल अथवा कदली त्वक् का उपयोग करे अथवा नारिकेल के पत्र का अथवा केतकी के पत्र का उपयोग करे । बाँधने के लिये तालीपत्र अथवा तालपत्र का उपयोग करे यदि पुष्पों का मिलना संभव हो तब उसमें उन फूलों को भी ग्रन्थित करे । वर्णो के क्रम (श्वेत, रक्त पीत-कृष्ण) के अनुसार उसमें स्वस्तिक आदि चिन्ह बनावे । किसी फलक पर मिट्टी बिछाकर उससे बिन्दु रेखा को जोड़ दे । उस पर पुष्प और पत्रों को चिपका देवे ।

पत्रच्छेदन काल कहते हैं-वर्णो के अनुरूप ही फूलों का विभाग कर उसमें चिपकावे । दक्षिणी (वर्तमान तथा अगले दिन के मध्य वाली रात) रात्रि पत्रच्छेदन का काल कहा गया है । पुष्पादि चिपकाने में दिन रात तथा बन्धन में दश नाड़ी (२४ मिनट की एक नाड़ी) का काल कहा गया है, इतने समय बीतने तक वह पत्रच्छेद निर्माल्य नहीं होता इसके बाद निर्माल्य हो जाता है । प्रत्येक उत्सव काल में किसी फलक पर पत्रच्छेद को स्थापित कर अर्चना पीठ के दोनों पार्श्व में चारों ओर तिरछे कर उसे लटका देवे अथवा विष्णु के प्रत्येक उत्सव काल में पृथ्वी पर ही फूलों का भक्ति पूर्वक विन्यास करे । पूर्व में पल्लवी करे, दक्षिण में फेनक, पश्चिम में प्रकीर्ण, उत्तर में नन्दिक और दोनों पार्श्व में रूपक और नन्दिक स्थापित करे । विष्णुपञ्चमी में, उत्सव काल में एवं सोमसूर्यग्रहण में विशेष रूप से पत्रच्छेद का विधान है । पत्रच्छेद एवं पुष्पादि की प्रत्येक क्रिया करे तो कर्त्ता को यज्ञ का फल प्राप्त होता है । इसलिये सभी प्रयत्नों से साधक पत्रच्छेद क्रिया करे ४१ ।

शिवरात्र में अष्टम अध्याय स्नपनविधि नामक है । अब इसके बाद के श्रेष्ठ स्नपन की विधि कहते हैं-प्रासाद के आगे शास्त्रीय विधि के अ मण्डप निर्माण करे। उसे दश हाथ के परीमाण में रचना करे। ये चार द्वार चारो द्वारों पर चार तोरणों से संयुक्त हो। मण्डप के पश्चिम दिशा के तृतीय में स्नान वेदिका निर्माण करे। स्नानवेदिका के उत्तर में मध्यम सूत्र के द्वारा हाथ लम्बा उतना ही चौड़ा उतना ही ऊँचा स्नान के लिये गड्ढे का नि करे। वेदिका के ऊपर से आरम्भ कर गड्ढे तक धारा के लिये कुल्या नि निर्माण करे, उसका विस्तार प्रादेश मात्र अथवा ८ अङ्गुल का होना अथवा छः अङ्गुल अथवा चार अङ्गुल करे। पादपीठ के बाहर गोलाकार एक की ठिका निर्माण करावे। वह गोल हो या चौकोर हो। उसकी ऊँचाई चार तथा उतना ही विस्तार होना चाहिये। जितना गड्ढे का उदर हो उस परीमाण में कुल्या (नहर) का निर्माण करे। शेष दशहस्त कलश स्थापित का स्थान सुरक्षित रखे सूत्र मानके अनुसार दशहाथ परिमाण वाले मण्डप मध्य में कलश के लिये चौकोर स्थान बनावे। उसे भूमिभाग कहा जाता है।

अब कलशों का स्वरूप कहते हैं—वे कलश सुवर्ण निर्मित चाँदी ताम्र निर्मित अथवा मृत्तिका निर्मित होना चाहिये । इस प्रकार के कलश वि अनुसार क्रमशः कहा है, सभी प्रकार के कलश फूटे-टूटे या छिद्ररहित चिकने हो जिसमें एक आढक जल समा सके । यहाँ तक लोहज (सोना, च ताँबा) कलशों के विषय में कहा गया है ।

अब मिट्टी के कलशों के विषय में कहते हैं—मिट्टी के कलश पके बिम्ब (कुनुरू) के समान लाल, मण्डल में कहीं भी कालिमा न हो, टेढ़े न हो, बजाने पर शब्द करने वाले हों, कहीं भी भेद छेद न हो, चिकने हो, एवं तप्त हों, जिनका वर्ण बदला हुआ न हों ऐसे पाषाण स्फोटवर्जित मि कलश होने चाहिये ।

अब रत्न संग्रह के विषय में कहते हैं—पद्मराग, वैदूर्य, इन्द्रनील, ग पुष्पक, ब्रह्मराग, वज्र, मौक्तिक, सूर्यकान्त, इन्द्रकान्त, वज्रकान्त, अ स्फटिक तथा सभी लौह (सुवर्ण राजत ताम्रादि) ये एकत्रित करना चाहिये।

अब सभी वस्तुयें तथा बीजों को कहते हैं—व्रीहि, प्रियङ्गु, नि नीवार, यव, वेणुयव, गोधूम, तिल, मूँग और साँवा इन्हें एकत्रित करे

अब वितान कहते हैं-विचित्र विविध वस्त्रों से, पीताम्बर या कपास से हुये वितान होना चाहिए । महाराजन नामक फूल विशेष के आकार वाले रेशमी वस्त्र, काले वस्त्र, पीत वस्त्र इन सभी प्रकार के वस्त्रों से बुद्धिमान वि वितान का निर्माण करे । जितना मण्डप का विस्तार हो उतना बड़ा वितान होना चाहिये । कपास के बने हुये नवीन वस्त्र एकत्रित करे जो खम्भा में वे

करने के लिये, कलश में वेष्टित करने के लिये, वेदी पर बिछाने के लिये, तोरण वेष्टित करने के लिये, आचार्य को पहनने के लिये, पगड़ी बाँधने के लिये और स्नान के बाद पहनने के लिये जो वस्त्र आवश्यक हों उनको भी साधक एकत्रित करे ।

अब आचार्य क्रम कहते हैं-पद्मोद्भव पुराण में आचार्य का लक्षण कहा गया है, उन सभी लक्षणों से युक्त एक दो या बहुत से आचार्यों को एकत्रित करे जैसी कर्त्ता की इच्छा हो ।

अब मण्डपलेप कहते हैं—सर्वप्रथम आलेप योग्य भूमि का सहदेवी मिश्रित शलाका युक्त दर्भों से पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख हो भूमि का मार्जन करे । वस्त्र से छाने हुये जल से मिश्रित गोमय द्वारा आलेपन करे। उतर दिशा से ईशान दिशा पर्यन्त आलेपन की विधि है। द्वादशाक्षर विद्या से पञ्चगव्य द्वारा उस भूमि का संप्रोक्षण करे। तदनन्तर मण्डप के ईशानकोण में सभी कलश रखें। कलश भूमि पर शालिपिष्ट से उसे चित्रित करे। जहाँ कलश स्थापित करना है उससे पश्चिम समस्त कलश रखे। सर्व प्रथम प्रागग्र अथवा उदगग्र कुशा पृथ्वी पर बिछावे। 'ॐ' कहते हुये समस्त कलशों को अधोमुख कर उन कुशाओं पर स्थापित करे ।

दर्भो पर पूर्व से आरम्भ कर ईशान पर्यन्त क्रमशः कलश संख्या के अनुसार यथायोग्य पङ्क्ति बनाकर स्थापित करे। फिर वैदिक रीति के अनुसार प्रत्येक पङ्क्ति में प्रागग्र कुशा बिछावे और साधक दर्भमुद्रा प्रदर्शित करे । पुरुष सूक्त से सभी कलशों का गन्धयुक्त तोय से मार्जन करे। फिर उन कलशों पर विश्वात्म बीज से अक्षत छोड़े । निवृत्त बीज से उन कलशों के मुख को ऊपर की ओर उठावे और सर्वात्म बीज से ऊपर की ओर मुख कर कलशों को यथास्थिति स्थापित करे । इक्यासी पद वाले घड़ों से जो स्नान बताया जा रहा है वह अधम स्नपन है । इसमें जिन-जिन में स्नानीय द्रव्य रखना है ऐसे सत्रह कलश रखे ।

१. मध्यम नवक के मध्य में घृत कलश, २. पूर्व में उष्णोदक कलश, ३. आग्नेय में रत्नोदक कलश, ४. दक्षिण में फलोदक कलश, ५. नैर्ऋत्य में लोहितोदक, ६. पश्चिम में मार्जनोदक कलश, ७. वायव्य में गन्धोदक कलश, ८. उत्तर में अक्षतोदक कलश और ९. ईशान में यबोदक कलश स्थापित करे।

१. पूर्व नवक के मध्य में पाद्य कलश, २. दक्षिण नवक के मध्य में अर्घ्य कलश, ३. पश्चिम नवक के मध्य में आचमनीये कलश, ४. उत्तर नवक के मध्य में पञ्चगव्य कलश, ५. आग्नेय नवक के मध्य में दधि कलश, ६. नैर्ऋत्य नवक के मध्य में क्षीर कलश, ७. वायव्य नवक के मध्य में मधु कलश और ८. ऐशान नवक मध्य में कषाय कलश स्थापित करे।

यहाँ तक ८१ कलशों में १७ को इस प्रकार द्रव्य योग के लि गया है । शेष ६४ कलशों में साधक शुद्ध जल भर कर उन्हें स्थापि इन १७ कलशों को विष्णु गायत्री पढ़कर अलग-अलग स्थापित करे । शे कलशों को द्वादशाक्षर विद्या मन्त्र से अलग रखें । इस प्रकार उत्तराभिमु अथवा पूर्वाभिमुख होकर कलशों को स्थापना करे ।

१. साधक सर्वप्रथम घृतमन्त्र से घृत कलश में घृत डाले । २. साधक उष्णोदक मन्त्र से उष्णोदक वाल कलशे में उष्णोदक डाले । रत्नोदक मन्त्र से रत्नोदक कलश में रत्नोदक डाले । ४. तदनन्तर फल में फलमन्त्र से फलोदक डाले । ५. लौह कलश में लौह मन्त्र से लौहोद और ६. मार्जनकलश में मार्जन मन्त्र से मार्जनोदक डाले । ७. इस गन्धोदक मन्त्र से गन्धोदक कलश में गन्धोदक डाले । ८. अक्षत कल अक्षत मन्त्र से अक्षत डाले ।

१. यव कलश में यवोदक मन्त्र से यवोदक स्थापित करे। २. पाद्य में पाद्य मन्त्र से पाद्य स्थापित करे। ३. अर्घ्य कलश में अर्घ्यमन्त्र से स्थापित करे। ४. आचमन कलश में आचमन मन्त्र से आचमनोदक करे। ५. पञ्चगव्य कलश में पञ्चगव्यमन्त्र से पञ्चगव्य स्थापित करे। ६ कलश में दधि मन्त्र से दधि स्थापित करे। ७. क्षीर कलश में क्षीरमन्त्र स्थापित करे। ८. मधुकलश में मधुमन्त्र से मधु स्थापित करे तथा ९. वाले कलश में कषायमन्त्र से कषाय स्थापित करे और ६४ शुद्धजल शुद्धोदकमन्त्र से शुद्ध जल एवं चक्रमन्त्र से चक्रिका स्थापित करे। मूलवि से सभी कलशों को वस्त्र से वेष्टित करे।

१.'ॐ विष्णवे नमः' यह घृतमन्त्र हैं। २. ॐ सहस्र किरणाय नम उष्णोदकमन्त्र है। ३. ॐ ब्रह्मणे नमः यह रत्नमन्त्र है । ४. कुबेराय नम फलमन्त्र है। ५. ॐ वसुभ्यो नमः यह लौहमन्त्र है । ६. 'विश्वेभ्यो देवेभ्यो यह मार्जनमन्त्र है ७. ॐ गन्धर्वेभ्यो नमः गन्धमन्त्र एवं ८. ॐ निर्ऋतै अक्षतमन्त्र है।

१. ॐ आर्यायै नमः-यवोदकमन्त्र है । २. ॐ पितृभ्यो नमः -पा है । ३. ॐ श्रियै नमः-अर्घ्यमन्त्र है । ४. ॐ सरस्वत्यै नमः-आचमन म ५. ॐ प्रजापतये नमः-पञ्चगव्य मन्त्र है । ६. ॐ शुक्राय नमः यह द है । ७. ॐ सोमाय नमः-क्षीरमन्त्र है। ८. ॐ इन्द्राय नमः-मधु मन्त्र है ९. ॐ यमाय नमः-कषायमन्त्र है।

जिस प्रकार कलश स्थापित किये गये हैं उसी प्रकार उनका उद्ध करना चाहिये। अधमोत्तमस्नान में यहाँ पाद्य से लेकर यवोदकान्त कलशों उद्धरण विहित हैं। प्रथम कलश पाद्यकलश, द्वितीय अर्घ्यकलश, तृ

आचमनकलश, चतुर्थ पञ्चगव्यकलश, पञ्चम घृतकलश, षष्ठ दधिकलश, सप्तम क्षीरकलश, आठवाँ मधुकलश, नवम कषायकलश, दशम उष्णाम्भ, एकादश फलोदक, द्वादश मार्जनोदक, त्रयोदश अक्षतोदक, चतुर्दश रत्नोदक, पञ्चदश लौहोदक, षोडश गन्धोदक और सप्तदश यवोदककलश क्रमशः ऊपर उठावे। इस प्रकार स्व स्व नवक कलश एवं अष्ट कलश के साथ उनका समुद्धरण करे ।

मध्य के नवे कलश को छोड़कर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से मध्य के सभी कलशों को विष्णु गायत्री मन्त्र से उठावे । शेष कलशों का वस्त्र अष्टाक्षर मन्त्र से हटावे । फिर पुरुष सूक्त से क्रमशः पाद्यादि प्रदान करे ।

प्रथम ऋचा से पाद्य तथा शुद्धोदक देवे । द्वितीय ऋचा से अर्घ्य और शुद्धवारि देवे । तृतीय ऋचा से आचमन और शुद्धवारि देवे । चौथा ऋचा से पञ्चगव्य और शुद्धवारि देवे । पञ्चम ऋचा से घृत और शुद्धवारि देवे । षष्ठ ऋचा से दधि और शुद्धवारि देवे । सप्तम ऋचा से क्षीर और शुद्धवारि देवे । अष्टम ऋचा से मधु और शुद्धवारि देवे और नवम ऋचा से कषाय और शुद्धवारि देवे

दशम से उष्णोदक और शुद्धवारि देवे । एकादश से फलोदक और शुद्धवारि देवे । द्वादश से मार्जन और शुद्धवारि देवे । त्रयोदश ऋचा से अक्षतोदक और शुद्धवारि देवे । चतुर्दश ऋचा से रत्नोदक और शुद्धवारि देवे । पञ्चदश से लौहोदक और शुद्धवारि देवे । सोलहवीं ऋचा से गन्धोदक और शुद्धवारि यथाक्रम प्रदान करे । फिर 'इदं विष्णुविचक्रमे' इत्यादि ऋचा से यवोदक प्रदान करे। कोणो में स्थापित शुद्धवारि युक्त जो कलशे कहे गये हैं । उनके बिना शेष कलशों से स्नान अधम एवं मध्यम स्नान है । चारों दिशाओं में स्थापित शुद्धवारि वाले कलशों के बिना केवल सत्रह कलशों से कराया गया स्नान अधमाधम स्नान कहा गया है ।

चार अङ्गों से युक्त पाद्य होता है । आठ अङ्गों से युक्त अर्घ्य होता है । तीन अङ्गों से युक्त आचमनीय समझना चाहिये । षडङ्ग युक्त मार्जन होता है । अष्टाङ्ग गन्ध होता है । अष्टाङ्ग कषाय होता है । पञ्चाङ्ग रत्नोदक होता है । अष्टाङ्ग फलोदक होता है । पञ्चाङ्ग लौहोदक होता है ।

१. दूर्वा, २. विष्णुपर्णी, ३. श्यामाक और ४. पद्म ये चार पाद्य के अङ्ग है । १. सिद्धार्थ, २. अक्षत, ३. कुशाग्र, ४. तिल, ५. यव, ६. गन्ध, ७. फल और ८. पुष्प ये आठ अर्घ्य के अङ्ग है। १. लवङ्ग २. जाति और ३. तक्कोल ये तीन आचमन के अङ्ग हैं। १. रजनी, २. सहदेवी, ३. शिरीष, ४. सूर्यवल्लरी, ५. सदा भद्रा और ६. कुशाग्र ये मार्जन द्रव्य के विस्तार हैं। १. उशीर, २. कुङ्कुम, ३. जटामांसि, ४. मलयज, ५. मुरा, ६. हीवेर, ७. कुष्ठ

और ८. अगुरु ये गन्ध के अष्टाङ्ग हैं। १. शमी, २. पलाश, ३. ख
बिल्व, ५. अश्वत्थ, ६. विकङ्कत, ७. उदुम्बर और ८. न्यग्रोध ये सभी
के अङ्ग कहे गए हैं। १. मणि, २. मुक्ता, ३. प्रवाल, ४. वज्र, ५.
पाँच रत्नोदक के पाँच अङ्ग हैं।

द्रव्यों के अप्राप्त होने पर केवल दूर्वा ही पाद्य के लिये प्रशस्त है
द्रव्यशेषों के अप्राप्त होने पर अर्घ्य के लिये केवल सिद्धार्थक प्रश
आचमन में अन्य के अप्राप्य होने पर केवल तक्कोल प्रशस्त है। शेष के
में केवल सहदेवी मार्जन में प्रशस्त है। कषाय में अन्यों के अभाव में
अश्वत्थ प्रशस्त है। रत्नो के अभाव में केवल वज्र प्रशस्त है। अन्य फ
अभाव में केवल कदली फल उत्तम कहा गया है। लौह के अभाव में म
ही प्रशस्त है। पत्रों के अभाव में केवल पलाश पत्र उत्तम है।

अब मध्यम स्नपन विधि कहते हैं—इसमें कुल १९६ कलश अ
होते हैं। प्रत्येक दिशाओं में ४९, ४९ के क्रम से इस प्रकार कलश
करे। पूर्व दिशा में ब्रह्मबीज से ब्रह्मकलश,उसी से दक्षिण, पश्चिम एवं उ
४०-४० कलशों को स्थापित करे।

शेष आठ में कलशों में पृथक्-पृथक् मूल मन्त्र से गुडोदक,
नारिकेल रस तथा शान्त्युदक भर कर चारों दिशाओं में यथाक्रम स्थापि
शेष ४ ब्रह्मकलशों को ब्रह्मबीज से सिञ्चित कर स्थापित करे। शेष कु
प्रणव मन्त्र से शुद्ध जल भरकर स्थापित करे। पाद्यादि से यवोदकान्त
पूर्ववत् स्थापित करे। उसके पश्चात् गुडादि रसयुक्त कलश स्थापित क
दिशाओं में स्थापित ब्रह्मकलशों को ब्रह्मबीज पढ़कर ऊठावे। विष्णु का ध्य
उसी मन्त्र से कलश के वस्त्र को हटाकर 'त्वं विष्णुः' इस मन्त्र से क्रमश
करावे।

फिर शुद्धवारि से परिपूर्ण शेष कलशों से मूलमन्त्र पढ़ते हुये स्नान
यहाँ शुद्धोदक से हीन कलशों से जो स्नान कराया जाता है वह मध्यम
है। सभी शुद्धोदकों से हीन जो स्नान है वह मध्यमाधम होता है। यव,
नीवार, गौर सर्षप, तिल और तुलसीपत्रयुक्त जल शान्त्युदक कहा ज
इनके अभाव में मात्र तुलसीपत्रयुक्त जल शान्त्युदक कहा जाता है।
स्थापित कलशों को पूर्ववत् स्थापित करे। वहीं चार ब्रह्मकलश मूर्ति
स्थापित करे। वासुदेवादि विद्यामन्त्र से आग्नेयादि कोणों में कलशों को
कर शेष कलश शान्त्यादि देवीमन्त्रों से स्थापित करे।

उन ब्रह्मकुम्भो में आग्नेयादि कोण के क्रम से मङ्गलमन्त्रों द्वारा म
एवं शेष कलशों को उन-उन मन्त्रों से शुद्ध जल से पूर्ण करे। फिर उन्हीं
से कलशों को ऊपर उठा कर उन्हीं मन्त्रों से उनके वस्त्रों को हटा देवे।

'विष्णोर्नु कम्' इस मन्त्र को पढ़ते हुये मङ्गलोदकपूर्ण कलश से विष्णु को स्नान करावे। शेष शुद्धजल से परिपूर्ण कलशों से मूलमन्त्र पढ़ते हुये स्नान करावे। मङ्गलोदक में १. इन्द्रलता का अङ्कुर, २. अश्वत्थ का अङ्कुर, ३. एक पद्म तथा ४. पद्म डाल देवे तब वह मङ्गलोदक हो जाता है। यह उत्तमोत्तम स्नपन की विधि है।

आधे (२५ कलशों के) शुद्धोदक से हीन कलशों द्वारा स्नान 'उत्तममध्यम' स्नान है। यहाँ संक्षेप में २५ कलशों से स्नान कहा गया। सभी शुद्धोदक से हीन स्नान 'उत्तमाधम' हैं। जहाँ सभी शुद्धोदक विहीन केवल २१ इक्कीस कलशों से स्नान कहा गया है वह स्नान 'मध्यमाधम' है और केवल १७ कलशों से स्नान 'अधमाधम' है। अपना कल्याण चाहने वाला साधक इससे न्यून कलशों की संख्या न करे।

अब सभी द्रव्यों के अधिदैवत कहते हैं—१. घृत के देवता विष्णु २. उष्णोदक के दिवाकर ३. रत्नों के देवता ब्रह्मा ४. फलोदक के देवता कुबेर ५. लोह के देवता वसु ६. मार्जन के देवता विश्वेदेव ७. गन्धतोय के देवता गन्धर्व ८. अक्षत के देवता निर्ऋति हैं।

१. यवोदक की देवता आर्या, २. पाद्य के पितर, ३. अर्घ्य की श्री, ४. आचमनोदक की देवता वाग्देवी, ५. पञ्चगव्य के दक्ष, ६. दधि के देवता शुक्र हैं। ७. दूध के देवता सोम, ८. मधु के देवता महेन्द्र ९. कषाय के यमराज हैं। १०. गुडोदक के वराह तथा ११. इक्षुरस के अधि देवता नारसिंह हैं। १२. नारिकेल के देवता श्रीधर १३. शान्त्युदक के देवता हयग्रीव, १४. चारो मङ्गलोदक के देवता वासुदेव, बलभद्र, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध हैं तथा १५. सभी शुद्धोदकों की अधिदेवता क्रमशः शान्ति आदि हैं। १६. सभी कलशों के अधिदेवता अश्विनीकुमार हैं। १७. सभी चक्रिकाओं की देवता सप्तमातृकायें हैं। १८. सभी प्रकार के वस्त्रों के देवता विष्णु हैं अथवा सभी के अधिदेवता विष्णु हैं अथवा मूलमन्त्र से ही समस्त कार्य करे।

अन्य लोग उत्तम, मध्यम और अधम स्नान की विधि अन्य प्रकार से कहते हैं—अब वे अशक्तों पर अनुग्रह प्रदर्शित करते हुये कलशों का विन्यास कहते हैं।

द्रव्यसंयोग भेद और मन्त्रभेद कहते हैं—भूमियाग के भेदों को सुनिये। मण्डप के भूमि को सात भागों में विभक्त करे वित्ता के प्रमाण के अनुसार ४९ पद आते हैं। उसमें मध्य का भाग ब्राह्म पद है। उसके चारों ओर ८ पद दैविक भाग हैं। यहाँ तक प्रथम आवरण हुआ। दैविक भाग के बाद १६ पद चारों ओर मानुष भाग है। यहाँ तक द्वितीय आवरण हुआ। मानुष भाग के बाद चारों ओर पैतृकपद हैं जो तृतीयावरण में २४ पद की संख्या में बीज हैं।

पूर्ववद् उस भूमि का संस्कार उत्तराभिमुख होकर करे। फिर श्री ब्रह्मबीज पढ़ते हुये ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित करे। 'जितं ते इस मन्त्र से ब्रह्मकुम्भ स्थापना कर अष्टाक्षर मन्त्र के व्यस्त एक-एक अक्षर से पूर्वादि दिशाओं के से दैविक आठ कलशों को पूर्वाभिमुख कर स्थापित करे। फिर पूर्वोत्तराभिमुख प्रणाम करते हुये द्वादशाक्षर मन्त्र से १६ मानुष कलशों को स्थापित करे। पश्चिमाभिमुख होकर फट्कार मन्त्र से पैतृक २४ कलशों को स्थापित कलश स्थापित कर तत्तन्मुद्रा प्रदर्शित करे। मन्त्रज्ञ सर्वप्रथम ब्राह्मकलश में मन्त्र से पाद्य स्थापित करे ।

दैवभाग में पूर्व दिशा के कलश में पुंसा मुद्रा से अर्घ्य स्थापित कर मन्त्रज्ञ दक्षिण दिशा के कलश में विश्वमुद्रा से आचमनीय और पश्चिम के कलश में निवृत्तिमुद्रा से पञ्चगव्य: स्थापित कर मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता उत्तर के कलश में सर्वमुद्रा से घृत, आग्नेय कलश में मूर्त्ति मन्त्र से दधि स्थापित करे और नैर्ऋत्य कलश में द्वितीय मुद्रा से दूध तथा मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता साधक वायव्य कलश में तृतीय मुद्रा से मधु स्थापित करे । 'नमो नारायणाय' मन्त्र से ईशानकोण कलश में उष्णोदक स्थापित करे। यहाँ दैवपद के आठ कलशों में द्रव्य स्थापन की बात कही गई है।

अब मानुष पद में स्थापित कलशों के विषय में कहते हैं—१. मानुष के पूर्व दिशा में कलश में कषाय स्थापित करे। २. दक्षिण कलश में मार्जन, पश्चिम कलश में फलोदक, ४. उत्तर दिशा के कलश में परिमार्जन और आग्नेय दिशा के कलश में 'रा' इस मन्त्र से रत्नोदक स्थापित करे। ६. नैर्ऋत्य के कलश में सप्त लोहोदक, ७. वायव्य कलश मे कुशोदक, ८. ईशान कलश में सक्तूदक स्थापित करे।

अब पैतृक पद में स्थापित तृतीय आवरण में पूर्व के २४ कलशों के विषय में कहते हैं—१. पूर्व के कलश में गन्धोदक, २. दक्षिण कलश में पुष्पोदक, ३. पश्चिम कलश में उपमानोदक, ४. उत्तर कलश में आमलकोदक तथा ५. अग्निकोणस्थ कलश में अक्षतोदक स्थापित करे। ६. नैर्ऋत्यकोण में तिलोदक, ७. वायव्य कोण में यवोदक, ८. ईशानस्थ कलश में तण्डुलोदक स्थापित करे । विष्णु गायत्री से शुद्धोदक स्थापित करे।

अञ्जलि मुद्रा से प्रणाम कर 'इदं विष्णुर्विचक्रमे' इस ऋचा से भगवान् को पाद्य, 'आ त्वा वहन्तु' इस मन्त्र से अर्घ्य, 'आप: पुनन्तु' इस मन्त्र से आचमनीय, गायत्री मन्त्र से पञ्चगव्य, 'शुक्रमसि' मन्त्र से घृत, 'दधिक्राव्णो' मन्त्र से दधि, 'आप्यायस्व' इस मन्त्र से क्षीर, 'मधुवाता ऋतायते' इस मन्त्र से मधु, 'आदित्य शुक्र' इत्यादि मन्त्र से उष्णोदक, 'सदसस्पत्ति' इत्यादि ऋचा से कषायोदक, 'शन्नो देवी' इस मन्त्र से मार्जन, 'गणानान्त्वा' मन्त्र से फल,

विष्णु:' मन्त्र से परिमार्जन प्रदान करे। 'अग्न आयहि वीतये' इस ऋचा से रत्नोदक, 'इषे त्वोर्जे त्वा' ऋचा से लोहोदक तथा 'अग्निमीले' इस ऋचा से कुशोदक, 'किमित्त' इस ऋचा से सक्तूदक, 'आपो अशानि' इस ऋचा से शुद्धोदक, 'मा न स्तोके तनये' इस ऋचा से गन्धोदक प्रदान करे। शेष १६ कलशों का जल पुरुष सूक्त की षोडश ऋचाओं की प्रत्येक ऋचा से क्रमश: प्रदान करे।

१. किंवा उपर्युक्त सारा कार्य केवल मूलमन्त्र से ही करे। कोई-कोई इसी को उत्तम स्नपन मानते हैं। २. पैतृक भाग में स्थित शुद्धोदक के विना जो स्नान कराया जाता है वह उत्तममध्यमस्नान है। मानुष भाग में स्थित शुद्धोदक स्नानविहीन उत्तमाधम है।

१. बाहर के आवरण में भीतर पूर्व में शुद्धोदक के स्थान में स्थित गन्धोदकादि आठ कलशों से स्नान मध्यमोत्तम स्नान है। २. गन्धाष्टक से विहीन जो स्नान कराया जाता है वह मध्यम-मध्यम स्नान है । ३. मानुषजातीय कलशों से शून्य जो स्नान कराया जाता है वह मध्यमाधम कहा जाता है ।

१. केवल दैवाष्टक से युक्त स्नान 'अधमोत्तम' स्नान कहा जाता है। २. उसमें भी चार कलशों से हीन स्नान 'अधममध्यम' है। ३. केवल एक ब्रह्म कलश से स्नान 'अधमाधम' कहा जाता है ।

१. संक्षेप में नदी में, तालाब में, वल्मीक में और पर्वत में मृत्तिका ग्रहण 'परिमार्जन वस्तु' कही गयी है। २. शङ्ख, चक्र, कूर्म, वैनतेय अथवा गरुड़ की प्रतिकृति (प्रतिमा) तथा लौह निर्मित प्रतिमा 'औपमानिक वस्तु' कही गई है।

अन्य विद्वान् स्नान के प्रकार को अन्य प्रकार से कहते हैं—पूर्वोक्त भूमिभाग का पाँच भाग करे। फिर वहाँ पचीस कलश स्थापित करे। १. मध्यम भाग ब्राह्मभाग है । २. उसके बाद दैवतभाग है । ३. तृतीय मानुषभाग कहा गया है ।

मूल मन्त्र से ब्रह्मादि कलश में द्रव्य स्थापित करे । उसी से कलशों का प्रोक्षण करे और उसी मन्त्र से कलशों में तत्तद् द्रव्य स्थापित करे। १. प्रथम पूर्वाभिमुख होकर चुपचाप ब्राह्म कलश में स्नानोदक और २. तृतीय मानुष भाग में पूर्व में स्थित कलश में पाद्य, ३. दक्षिण में अर्घ्य और ४. पश्चिम में आचमनीय जल द्रव्य, ५. उत्तर के कलश में पञ्चगव्य, ६. आग्नेयकोणीय कलश में घृत, ७. नैर्ऋत्य में दधि, ८. वायव्य कलश में दूध,. ईशानस्थ कलश में मधु, ९. पूर्व अग्निकोण के मध्य में स्थित कलश में उष्णोदक, १०. दक्षिण अग्निकोण के मध्य में स्थित कलश में कषाय, ११. दक्षिण निर्ऋति के मध्य में मार्जन, १२. निर्ऋति एवं पश्चिम के मध्य में तिलोदक, १३. वायव्य

और पश्चिम के मध्य स्थित कलश में यवोदक, १४. वायव्य और उत्तर के स्थित कलश में रत्नोदक, १५. ईशान एवं सोम के मध्य में लौहोदक, ईशान और पूर्व के मध्य स्थित कलश में कुशोदक स्थापित करे।

इसके बाद दैविक भाग में १. पूर्व कलश में गन्धोदक, २. द पुष्पोदक स्थापित करे । ३. पश्चिम में औपमानिक द्रव्य (मिट्टी), ४. आमलकोदक ५. अग्निकोण स्थित कलश में अक्षतोदक स्थापित करे नैर्ऋत्यस्थ कलश में नारिकेलोदक, ७. बायव्यस्थ कलश में इक्षुरस करे । ८. ईशानस्थ कलश में तण्डुलोदक स्थापित करे ।

द्रव्य विन्यास की अन्य विधि १. मध्यम भाग में पाद्य, २. पूर्व कल अर्घ्य, ३. आग्नेय में आचमनीय, ४. दक्षिण में पञ्चगव्य ५. नैर्ऋत्य और ६. पश्चिम में दधि, ७. वायव्यस्थ कलश में क्षीर ८. उत्तर में मधु ईशान में उष्णोदक स्थापित करे ।

१. पूर्व और आग्नेय के मध्य में स्थित कलश में कषाय, २. दक्षि आग्नेय के मध्य स्थित कलश में मार्जन (द्र. ८.७४) ३. दक्षिण तथा नि के मध्य में फलोदक, ४. निर्ऋति और पश्चिम के मध्यस्थ कलश में पवि वस्तु, ५. पश्चिम के मध्यस्थ कलश में रत्नोदक, ६. वायव्य और उत्तर के कलश में लौहोदक, ७. ईशान और उत्तर के मध्यस्थ कलश में कुशोदक ईशान पूर्व के मध्यस्थ कलश में सक्तूदक स्थापित करे ।

इसके बाद दैविक भाग में १. पूर्वस्थ कलश में गन्धोदक, २. आग्ने कलश में पुष्पोदक ३. दक्षिण में औपमानिक, ४. नैर्ऋत्य कलश आमलकोदक, ५. पश्चिम में अक्षतोदक, ६. वायव्यस्थ कलश में तिलोदक उत्तर के कलश में यवोदक और ८. ईशान कोणस्थ कलश में तण्डु स्थापित करे ।

तत्तद् द्रव्यों के स्थापन में अष्टाक्षर मन्त्र अथवा द्वादशाक्षर मन्त्र विष्णुगायत्री मन्त्र इस प्रकार तीन मन्त्र कहे गये हैं। इस पक्ष में पाद्य से तण्डुल पर्यन्त स्नपन करना चाहिये । इस कार्य में तिल्ली की दक्षिणा वि अथवा अपनी शक्ति के अनुसार सुवर्ण की दक्षिणा देवे।

शिवरात्र में नवम अध्याय: उत्सवविधान नामक है । मङ्गलाङ्कुर तीन प्रकार के पात्र कहे गये हैं । १. प्रथम पालिका २. दूसरी घटिका तीसरा शराब (पुरवा) ये तीन पात्र भेद कहे गए हैं ।

१. पालिका (गमला) का मुख विस्तार १६ अङ्गुल कहा गया है। कण्ठविल आठ अङ्गुल विस्तृत होना चाहिये। नीचे का भाग ६ अङ्गुल

उतना ही होना चाहिये। पादपीठ का विस्तार ६ अङ्गुल कहा गया है। उसकी ऊँचाई ४ अङ्गुल तथा संधि एक अङ्गुल मात्र होनी चाहिये। उसकी संधि का नाह पादपीठ का आधा होना चाहिये। पालिका की ऊँचाई २५ अङ्गुल होनी चाहिये।

२. घटिका घटाकृति की होनी चाहिये तथा पाँच मुख वाली होनी चाहिये। उसके पाँचों मुख का विस्तार चार अङ्गुल होना चाहिये। चार मुख चारों दिशाओं में और एक मुख ऊपर की ओर होना चाहिये। घटिका की लम्बाई का विस्तार १२ अङ्गुल, कोई-कोई आचार्य लम्बाई का विस्तार १६ अङ्गुल कहते हैं।

३. शराव (पुरवा) का मुख विस्तार में १२ अङ्गुल होना चाहिये। नीचे की और मूलभाग का विस्तार चार अङ्गुल कहा गया है ।

१. पालिका विष्णुदेवताक है, २. घटिका ब्रह्मदेवताक तथा ३. शराव शिवदेवताक होता है।

मङ्गलाङ्कुर कर्म में प्रत्येक पात्र १२ संख्या में ग्रहण करना चाहिये। १. तिल, २. मूँग, ३. सरसो, ४. शालि, ५. प्रियङ्गु, ६. शिम्ब, ७. निष्पाव, ८. माष (उड़द), ९. श्यामाक और १०. कुलत्थ इन दस बीजों को सर्वप्रथम पानी से प्रक्षालित करे।

पालिका को मिट्टी, बालू और कर्सी से भर देवे । उसमें क्रमशः तीन पङ्क्ति आग्नेयकोण से ईशानकोण पर्यन्त निर्माण करे। फिर 'जितं ते' इस मन्त्र से सारे बीज बो देवे। फिर उसे वस्त्र से वेष्टित कर किसी सुरक्षित एवं गुप्त स्थान में रख देवे। श्याम वर्ण, रक्त वर्ण, तिरछे और जो अङ्कुर के रूप में उत्पन्न न हुये हो, उन्हें वर्जित करे।

अङ्कुर के श्याम वर्ण होने पर द्रव्य नाश होता है । रक्त वर्ण होने पर कलह, तिरछे होने पर रोग तथा न उगने पर मृत्यु होती है। पीतवर्ण होने पर करने वाले तथा कराने वाले दोनों का कल्याण होता है।

नवरात्र, सातरात्र अथवा पाँचरात्र किसी गुप्त स्थान में रख कर तब उससे काम लेवे । सभी रात्रियों में पृथक्-पृथक् विधानानुसार बलिदान करे । प्रथम भूतरात्रि और द्वितीय पैतृक हवि की रात्रि होती है । तृतीय यक्षरात्र यक्ष हवि की रात्रि होती है । चतुर्थ नागरात्र नाग हवि की रात्रि होती है और पञ्चम ब्रह्मरात्र ब्रह्म हवि की रात्रि होती है । षष्ठ शैवरात्र शैव हवि की रात्रि होती है । सप्तम, अष्टम और नवम वैष्णवरात्र वैष्णव हवि की रात्रियाँ कही जाती है ।

१. प्रथम भूतरात्रि में भूतों को प्रहर्षित करने के लिये क्रूरपदार्थों की बलि देवे। २. द्वितीय पैतृक रात्रि में तिल तण्डुल की बलि देवे। ३. तृतीय यक्षरात्रि में धाना (भुना हुआ यव) उडुविक लाजा की बलि यक्षों के लिये देवे। ४. चौथी

रात्रि में नारिकेल दूध धोई हुई शालि का पिष्ट इन्हें एक में मिलाकर बुद्धि साधक नागों के लिये बलि देवे। ५. पाँचवी रात्रि में ब्रह्मा के लिये कृसर और अक्षत की बलि देवे। ६. षष्ठ रात्रि में पूआ मिश्रित चरु की बलि बुद्धि साधक शिव जी के लिये देवे। ७. सातवें दिन गुड़ मिश्रित पदार्थ की बलि के लिये देवे। ८-९. आठवें और नवें दिन भी पायस, कृसर (तिलमिश्रित की बलि देवे। यह बलि पालिका के चारों ओर आठों दिशाओं में देवे।

पूर्वादि दिशाओं के क्रम से बलि मण्डल में ही देवे । बलि का अपने-अपने नाम के चतुर्थ्यन्त नमः शब्दान्त मन्त्र से देवे (यथा भूतेभ्यो इत्यादि) । दन्तधावन के अनन्तर स्नानादि क्रिया कर शुद्ध वस्त्र धारण पवित्र होकर हविष्य भोजन करने वाला जितेन्द्रिय आचार्य स्वयं बलिदान लावे । बलिदान क्रिया रात्रि में होती है । बलिदान के बाद स्नान अवश्य चाहिये । कर्म के दिन प्रातःकाल में विधानपूर्वक बलि देने वाला आचार्य प्रदान करे। जब से बीज वपन किया जाय उस समय से कोई अन्य उस पर किसी प्रकार न जावे और न स्पर्श करे केवल आचार्य ही प्रवेश करे पुष्प मिश्रित वारि से सेचन करे वहाँ का समस्त उच्छिष्ट दूर फेंके देवे । बलि देवे कोई भी पालिका सम्बन्धी क्रिया न करे । बिना बलि दिये क्रिया पर वह निष्फल हो जाती है

अमङ्गल अङ्कुरों की उत्पत्ति से याग निष्फल हो जाता है । इस बुद्धिमान् साधक प्रयत्नपूर्वक मङ्गलाङ्कुर का आरोपण करे ।

जिस दिन से अङ्कुरों का आरोपण करे उसी दिन से नित्य ग्राम गलियों का मार्जन कर यथाविधि उनका सिञ्चन कर ध्वजा एवं तोरण तान आठों दिशाओं में बलिपीठ का निर्माण करे । ग्राम के बाहर इतना कार्य के पश्चात् ग्राम के मध्य में सर्वत्र चतुष्पथ पर मण्डल निर्माण करावे । इस ग्राम की सफाई कर उस रात्रि मे यथाविधि अनेक प्रकार के कण्डा झण्डा नाना प्रकार के वितानों से ग्राम को सजाकर रात्रि के समय भेरी मृदङ्ग हुये रथ पर विचित्र कौतुक (तमाशा खिलवाड़ जादू से बनाई गई विष्णु स्थापित करे और ताड़ के बने हुये पङ्खों से निर्मित व्यजन से सजी सजाई से पंखा परिवीजित कराते हुये सैकड़ों दीपों से संयुक्त कर समस्त ग्राम में और बलि पीठिका पर भूतों के लिये क्रूर बलि प्रक्षिप्त करे। बुद्धिमान् सभी मण्डलो पर भी जलदान समन्वित बलि प्रदान करे । ऐसा करने कुसुमादि समस्त भूत नित्य के लिये तृप्त हो जाते हैं । शेष दिनों में अग्नि प्रदक्षिणा करे बलि पीठिका पर नित्य बलिदान करना चाहिये । यह बलि ग्राम के परिभ्रमण काल में कहा गया है । वैसे आचार्य अथवा पुजारी बलिदान करे । जुलूस के आगे-आगे गन्ध, पुष्प, धूप, दीप लिये हुये बलि

वाले चले । जिससे बलिदान करने वाले बलि देवें और बलि मुद्राप्रदर्शित करें । इस प्रकार नृत्य करते हुयें बाजा बजाते हुये ग्राम का परिभ्रमण करना चाहिये ।

कौतुक देखने वाले जो भी लोग इस कौतुक के पीछे-पीछे चलते हैं वे पद-पद पर यज्ञ फल प्राप्त करते हैं । ग्राम के मध्य तथा ग्राम के पार बलि का शेष समाप्त कर देवे वहाँ शब्द नृत्य आदि करे । जो इस कौतुक में भक्तिपूर्वक नाचते है नमस्कार करते हैं रमण करते हैं उनका पाप दूर हो जाता है और वे विष्णु परिषद् के ईश्वर हो जाते हैं । इस प्रकार कौतुक के साथ परिभ्रमण कर उत्तम बलिदान करे । कौतुक के पूर्व दिन प्रतिसर सूत्र (माङ्गलिक सूत्र तीन पाँच अथवा सात तागे का) का आरम्भ करावे चार खम्भो के बीच बनी हुई वेदी में जो चारों दिशाओं एवं कोणों में अङ्कुर की घटिकाओं तथा शरावों (पुरवा) अलङ्कृत ही उस पर स्थापित भगवान् को चार वैष्णव प्रथम घृतारोपण करें । इसके पश्चात् दर्पण दिखावे, फिर माङ्गलिक वस्तु दिखावें । तदनन्तर शङ्ख दुन्दुभी आदि बाजा बजाते हुये जय शब्द का उच्चारण करे ।

फिर पीताम्बर जटित ऊन के सूत्र से बने हुये त्रिसरा को अपने अंगूठा और अनामिका से फैलाकर दोनों हाथों से भगवान् के दाहिने हाथ में 'जितं ते' इस मन्त्र से बाँध देवे । स्वयं माङ्गलिक होकर चामर तथा ताड़ के पङ्खों से बीजन करे । एरका नामक तृण से बनी हुई शय्या पर भगवान् की प्रतिमा को उस पर सन्निविष्ट करे । दीपक जलाकर गुग्गुल अगुरु एवं धूप से धूपित करते हुये शेष रात्रि पर्यन्त बैठा रहे । फिर रात व्यतीत हो जाने पर प्रातःकाल में पूर्व की भाँति ग्राम की परिक्रमा करे । तदनन्तर प्रतिमा को नदी, कूप अथवा तालाब में स्नान करावे । तदनन्तर चार खम्भो के भीतर बनी हुई वेदिका जो गोमय से उपलिप्त हो, पञ्चगव्य और जल से अभिषिक्त हो, कुशा का विष्टर स्थापित हो, इस प्रकार की निर्मित वेदिका के विष्टर पर प्रतिमा स्थापित कर माङ्गलिक वादन करावे ।

फिर शालि यव गोधूम और हरदी इन चार प्रकारों से मिश्रित चूर्णो का वैष्णवीकरण करे । इस प्रकार सुवर्णमय चूर्ण बनाकर वेदी के उत्तर दिशा में स्थापित करे और चार पालिकाओं (गमलों) से उस वेदी को अलङ्कृत करे ।

प्रतिमास्नपनविधि फिर बुद्धिमान् साधक घी, दही, दूध और मधु और उष्णोदक से क्रमशः भगवान् की प्रतिमा को स्नान करावे । पहले बीज मन्त्र से घृत से, फिर पुंमुद्रा प्रदर्शित करे । दधि विश्व मुद्रा से, दूध निवृत्ति मुद्रा से और मधु द्वारा सर्वमुद्रा से स्नान करावे । फिर चूर्ण छोड़कर बुद्धिमान् साधक कुशा के कूर्च से मार्जन करे ।

फिर बुद्धिमान् साधक गन्धोदक से, तदनन्तर पुष्पोदक से, फिर मङ्गलोदक से क्रमशः स्नान करावे । अष्टाक्षर से गन्धोदक द्वारा द्वादशाक्षर से

पुष्पोदक द्वारा और विष्णु गायत्री से मङ्गलोदक द्वारा यथाक्रम स्नान क बुद्धिमान् साधक गन्धचूर्ण से समस्त प्रतिमा का मार्जन करे और कौतु उच्छेद करे । फिर समाहित चित्त हो प्रणव पढ़ते हुये शुद्धजल से स्नान कर शिर पर सौवर्ण जयकार शब्द करते हुये सुवर्णमय चूर्ण विकीर्ण करे।

फिर बुद्धिमान् साधक प्रतिमा को लेकर स्नान करावे । वस्तुगत्या प्रतिमा का स्नान जल तीर्थ जल के समान समस्त पापों का विनाश करता फिर बुद्धिमान् साधक वस्त्र आमरण आदि से अलङ्कृत कर वितान ध्व संयुक्त यागस्थान पर प्रतिमा को ले आवे । फिर बुद्धिमान् साधक चार तोरण चार द्वारों से अलङ्कृत पुष्पयाग विधान से पुष्पमण्डल की रचना क पुष्पयाग की विधि इन्द्ररात्र में कही गयी है । उसका विस्तार वहीं दे चाहिये। यहाँ केवल क्रिया ही कही जा रही है । बुद्धिमान् साधक सभी द्वार दो-दो अङ्कुर की घटिका स्थापित करे, प्रत्येक तोरण पर दो-दो अङ्कुर के (पुरवा) स्थापित करे । इन्हें बाहर स्थापित करे और घटिकायें भीतर रखें, मण्डल के कोणों पर बाहर पालिकायें (गमला) स्थापित करे ।

इस प्रकार चार पलिका स्थापित कर कर्णिका में प्रभु को स्थापित क बाहर के आवरण के क्रम से मण्डल का प्रकार और परिवार क्रम ब्रह्मरा पहले कह दिया गया है । वहीं अर्चनाध्याय में अर्चन की विधि भी कह दी है । यहाँ इसी अध्याय में जो तिथियाग कहा गया है उसी क्रम से अर्चना क

चरुयाग कहते हैं—१. पायस, २. कृसर, ३. गौड, ४. हरिद्रान्न और शुद्धान्न ये पाँच प्रकार के चरु कहे गये हैं। नैवेद्य निवेदन करने में और हे शुद्धान्न का विधान है। प्रथम आवरण में पायस निवेदन करे। द्वितीय आवरण कृसरान्न, तृतीय आवरण में गौड़ अथवा सभी आवरण में गौड़ का ही नि करे ।

बलिदान में हरिद्रान्न का विधान है किन्तु निवेदन कर्म में नहीं । अपूप, लावा, सात उड़ूविक निवेदन कर बलिदान में मूँग का उपयोग इसके बाद शुचि आचार्य पूर्वाभिमुख होकर हुतशेष भगवान् को निवेदन नैवेद्य में निवेदन शेष अन्न वैष्णवों को देवे तथा शेष निवेदित अन्न अग्नि अथवा जल में प्रक्षिप्त कर देवे । यहाँ तक संक्षेप में उत्सव की विधि कही है ८२।

शिवरात्र में दशम अध्याय मण्डलाध्याय नामक है । कपिला गाय गोमय अथवा बूढ़ी गाय का गोमय ग्रहण करे। उनके अप्राप्य होने पर शेष का गोमय ग्रहण किया जा सकता है। जो अपर्युषित (टटका), अक्लिन्न (

एवं कृमिकीट विपर्जित हो, चिकना पर्पटिका रहित हो, ऐसा गोमय शुभ कहा गया है जहाँ तक हो सके उष्ण गोमय ग्रहण करे । उसके अप्राप्य होने पर अन्य प्रकार का भी गोमय ग्राह्य होता है ।

रोगी, वन्ध्या, गौर्मणी, बछड़ा, अप्रसूत (बछिया), वैल नवप्रसूता, वत्सहीना । इसके अतिरिक्त अन्य शेष प्रकार के गायों का गोमय ग्रहण न करे । विचक्षण प्रातःकाल में विष्णु के मन्दिर के समीप मण्डल निर्माण करे ।

विष्णु मन्दिर के पश्चिम वृत्त, पूर्व में चौकोर, उत्तर में त्रिकोण, दक्षिण में धनुषाकार, वायव्य में आयत चौकोर, ईशान में आयत वृत्त, आग्नेय में आयत त्रिकोण तथा नैर्ऋत्य में आयत धनुषाकार मण्डल निर्माण करे । इस प्रकार विष्णु मन्दिर के आठों दिशाओं में मण्डल निर्माण करे । इन्द्रालय में वज्राकार, शिवालय में शूलाकार, अग्नि के मन्दिर में शक्त्याकार, वरुणालय में पद्माकार, वायु में उत्पलाकार, नैर्ऋत्य में मालाकार, यम मन्दिर में पञ्चकोण, कुबेरालय में षट् कोण गरुडालय में सप्तकोण शक्रालय में अष्टकोण शङ्ख में नवकोण पीठालय में दशकोण मण्डल निर्माण करे । पीठ के आठों दिशाओं में शेष दो के द्वार पर मण्डल निर्माण करे ।

विष्वक्सेन के मन्दिर में एकादशकोण और गोपुर में द्वादशकोण का मण्डल निर्माण करे । प्राकार चहारदिवारी के पार्श्व में सभी मण्डलों को मिश्रित कर मण्डल निर्माण करे । पृथ्वी में अपतित (ऊपर ही ऊपर) गोमय ग्रहण करे। वस्त्र से छाने गये जल द्वारा आलेपन करे ।

अब सभी मण्डलों के देवता कहते हैं—१. वृत्त मण्डल के देवता भगवान् विष्णु, २. चतुष्कोण के देवता ब्रह्मा, ३. त्रिकोण के स्कन्द, ४. धनुषाकार के भगवान् शिव, ५. चतुष्कोणायत के देवता वायु और ६. आयतवृत्त के देवता ईशान कहे गये हैं । ७. आयत त्रिकोण के अग्नि अधिदेवता है ८. धनुषाकार आयत के निर्ऋति, ९. वज्राकार मण्डल के इन्द्र, १०. त्रिकोण के वृषध्वज, ११. चक्राकार के विष्णु, १२. कमलाकार मण्डल के षणमुख देवता कहे गये हैं। १३. उत्पलाभ के धनद, १४. मालाकार के देवता चन्द्रमा, १५. पञ्चकोण के यम देव, १६. षट्कोण के देवता सरस्वती है ।

१७. सप्तकोण के देवता सूर्य, १८. अष्टकोण के देवता प्रजापति, १९. नवकोण के मनु, २०. दशकोण के भृगु, २१. एकादश कोण के बुध और २२. द्वादशकोण के देवता द्वादशादित्य हैं। २३. मिश्र मण्डल के देवता भगवान् विष्णु अथवा २४. सभी मण्डल के देवता भगवान् विष्णु हैं।

देवालय के मार्जन से ब्रह्मदेव की प्रसन्नता और सिक्त करने से शिव की प्रसन्नता होती है। आलेपन से विष्णु को प्रसन्नता होती है इसलिये बुद्धिमान्

देवालय का मार्जन, सेचन और उपलेपन तीनों करे जिससे तीनों देवा हों।

तीन पाँच या सात या नव या एकादश मण्डल सभी देवालयों में करे। लिपे हुये मण्डल का अतिक्रमण कदापि न करे भले ही वे शुष्क हो। प्रत्येक मण्डल अक्षत और पुष्पों से सुशोभित करे। केले आदि के लताङ्कुरों से मण्डल सुशोभित करे। साधक उन्हें साज-सज्जा से शून्य उत्तम-उत्तम श्लोक उत्तमोत्तम उपदेशात्मक शब्द, उत्तमोत्तम एवं विचित्र चित्रों से मण्डल को सुशोभित करे। उत्सवादि में मिश्रक को भी अमिश्रि बनाकर प्रयोग करे।

नित्य और नैमित्तिक भेद से दो प्रकार का मण्डल कहते हैं—देवता कहे गये हैं वे ही मण्डल नित्य हैं। उत्सवादि में अधिकृत जिनसे उत्सव जाता है ऐसे सभी रूपक नैमित्तिक कहे गये हैं। चार प्रकार के उत्स सभी गोष्ठों में, गृह कुट्टिम मार्ग में, द्वार स्थान पर, ग्राम के चारों ओर, प्रकार के बलिस्थानों में नैमित्तिक मण्डल निर्माण करे।

अब मण्डलों का फल कहते हैं—नित्यमण्डल के निर्माण का फ उत्तम सालोक्य (विष्णु लोक की) प्राप्ति। सभी नैमित्तिक मण्डल का फ उत्तम सायुज्य (विष्णु में मिल जाना) की प्राप्ति। नित्य एवं नैमित्तिक मण्ड विष्णु की अर्चना करे। ऐसा करने से वह सभी पापों से मुक्त होकर सायुज्य प्राप्त करता है। एक मास की अर्चना से स्वर्ग, ६ मास की अ इन्द्रलोक और संवत्सर पर्यन्त अर्चना से विष्णुलोक प्राप्त होता है इसमें नहीं। विष्णु स्नपन का फल एक वर्ष में प्राप्त करता है तथा याग का फ संवत्सर में प्राप्त करता है। उत्सव का फल तीन वर्षों में और प्रासादनिर्मा फल चार संवत्सर में प्राप्त करता है।

पाँच संवत्सर में प्रतिमा स्नपन का फल और छह संवत्सर में प्रतिष्ठा का फल प्राप्त करता है। सात संवत्सर में सप्तयाग का फल होता इसके बाद सायुज्य फल होता है। जो एक दिन भी मण्डल निर्माण करता संवत्सरपर्यन्त किये हुये अपने पापों को नष्ट कर देता है। उत्सवों में एक दिन भी उत्सव मनाता है वह अपने द्वारा किये गये दश वर्ष के पा नष्ट कर देता है। जो एक मास पर्यन्त अथवा आधे मास पर्यन्त उत्सव है वह सभी प्रकार के पापों से छूट कर विष्णु का पारिषद हो जाता है। परायणा स्त्री भी दीक्षित होकर विष्णु में लीन हो कर इस प्रकार के मण्डल निर्माण करे तो वह देवियों की सालोक्यता प्राप्त कर अन्त में विष्णुलोक करती है। एक संवत्सर मण्डल बनाने से वह रति की सालोक्यता प्राप्त है। दो वर्ष तक निरन्तर मण्डल निर्माण करने वाली स्त्री सरस्व

सालोक्यता प्राप्त करती है। तीन वर्ष तक निरन्तर ऐसा करने से वह लक्ष्मी की सालोक्यता प्राप्त करती है। पाँच वर्ष तक निरन्तर मण्डल निर्माण करने से शान्ति की सालोक्यता प्राप्त करती है। इसके बाद वह देवी की सायुज्यता प्राप्त कर लेती है। बारह वर्ष तक निरन्तर मण्डल निर्माण करने से स्त्री पुरुषत्व को प्राप्त करती है। इसके बाद विष्णु सालोक्य, उसके पश्चात् विष्णु सायुज्य प्राप्त करती है। इसलिये स्त्री या पुरुष दीक्षित होकर विष्णु के मन्दिर का सब प्रकार के प्रयत्नों से अपनी शक्ति के अनुसार मण्डल निर्माण करे। यहाँ तक शिवरात्र कहा गया है।

३. इन्द्ररात्र का विषय संक्षेप

प्रथम अध्याय पूरणाध्याय नामक है। जिस प्रकार पूर्त्ति के पदार्थ पञ्जर में पूर्ण किये जाते हैं, उस पञ्जर बन्ध को कहते हैं—साधक वेणु (वास) का पञ्जर (पिञ्जरा) निर्माण करे। सर्वप्रथम उसे पत्तों से रहित करे। जितनी प्रतिमा की लम्बाई हो उतना ही पिजरे का विस्तार होना चाहिये। प्रतिमा की ऊँचाई चार अङ्गुल कही गई है अथवा भीतर पत्र बिछाकर काष्ठ का पञ्जर निर्माण करे अथवा केवल नवीन पत्तों द्वारा पञ्जर निर्माण कर ऊपर से उसे बाँध देवे। उस पञ्जर के प्रमाण के अनुसार मधु में डुबोए गये पत्तों से अर्गला का निर्माण करे। अथवा लोह से, अथवा मिट्टी से अथवा शालि के पिष्ट से निर्माण करे।

पूर्वोक्त ऊचाई के अनुसार उस अर्गला का निर्माण कर उसमें प्रतिमा सन्निविष्ट कर उसका पूरण आरम्भ करे पञ्जर (पिञ्जरे) का नीचे वाले भाग में शिला (पत्थर), लोहा अथवा मधु स्थापित करे, सभी रस से उसे पूर्ण कर अर्गला से उसे बाँध देवे शेष अन्य भी वस्तुओं से निर्मित पञ्जर प्रशस्त कहा गया है। साधक विधिपूर्वक पकाये गये चरु से उस पञ्जर को पूर्ण करे। पूरण किया जाने वाला चरु अत्यन्त उष्ण न हो, अत्यन्त शीत भी न हो कुछ थोड़ा ही उष्ण हो, ऐसे चरु से विधिवत् पूर्ण कर दश नाड़ी (एक नाड़ी २४ मिनट के) पर्यन्त उसे वहीं स्थित रखे। विचक्षण साधक उस पूरण पदार्थ को दश नाड़ी से कुछ अधिक स्थापित कर उसे जल में या अग्नि में फेंक देवे अथवा पृथ्वी में खन कर गाड़ देवे रात्रि में अथवा दिन में इतने ही काल का विधान है। इस काल से अधिक होने पर वह निर्माल्य हो जाता है इसलिये सब प्रयत्नों से उचित काल तक उसे स्थापित करे।

सभी प्रकार के रसों से इसी क्रम से यदि प्रतिमा को पूर्ण करे तो साधक निश्चय ही अग्निष्टोम याग का फल प्राप्त करता है।

१. जो साधक अपने घर में ही सिद्ध अन्न से पूर्ण करता है वह

चातुर्मास्य का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। २. जो भक्तिपूर्वक उस विष्णु को प्रतिमा को घृत से पूर्ण करता है वह इस लोक के समस्त भोगों को भोग कर अन्त में विष्णुलोक में पूजित होता है। ३. जो के इस उत्तम कौतुक को तेल से पूर्ण करता है वह षोडशी का फल प्राप्त कर विष्णुलोक में पूजित होता है। ४. जो विष्णु की प्रतिमा को दूध से पूर्ण करता है वह वाजपेय यज्ञ का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। ५. जो विष्णु की प्रतिमा को मधु से पूर्ण करता है वह अतिरात्र का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। ६. जो अपूप (पूआ) से विष्णु प्रतिमा को पूर्ण करता है वह आप्तोर्याम का फल प्राप्त कर विष्णुलोक में पूजित होता है। ७. जो सत्तू से विष्णु प्रतिमा को पूर्ण करता है वह गो सेवा का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। ८. जो विष्णु प्रतिमा को फलों से पूर्ण करता है वह अश्वमेध का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में अनन्त काल तक पूजित होता है। ९. जो विष्णु की प्रतिमा को पुष्पों से पूर्ण करता है वह नरमेध का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। १०. जो विष्णु की प्रतिमा को भक्तिपूर्वक गन्ध से पूर्ण करता है वह राजसूय यज्ञ का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है।

११. जो भक्तिपूर्वक विष्णु की प्रतिमा को गुड से पूर्ण करता है वह विष्णुयाग का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। १२. जो विष्णु प्रतिमा को तण्डुलों से पूर्ण करता है वह पुष्ययाग का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। १३. जो विष्णु प्रतिमा को तिल से पूर्ण करता है वह महायाग का फल प्राप्तकर विष्णु लोक में पूजित होता है। १४. जो विष्णु प्रतिमा को दही से पूर्ण करता है वह समस्त तीर्थों का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में पूजित होता है। १५. जो लोह से भक्तिपूर्वक विष्णु प्रतिमा को पूर्ण करता है वह हरि स्तोम का फल प्राप्तकर विष्णुलोक में अनन्त काल तक पूजित होता है। १६. जो रत्न समूहों से विष्णु प्रतिमा को पूर्ण करता है वह समस्त यज्ञों का फल प्राप्तकर विष्णु सायुज्य प्राप्त कर लेता है। १७. इन उपर्युक्त वस्तुओं अथवा इसके अतिरिक्त अन्य वस्तुओं से विष्णु प्रतिमा को जो पूर्ण करता है वह विष्णु में सायुज्य होने के कारण साक्षात् भगवान् ही है ऐसा समझना चाहिये।

१. प्रात:काल में चरु, अन्न अथवा पूआ से प्रभु विष्णु को पूर्ण करे। २. घृत, मधु और तैल से मध्याह्न में प्रभु को पूर्ण करे। ३.अनेक प्रकार के पुष्पों एवं फलों से तथा रस मिश्रित सत्तू से सायङ्काल में प्रभु को पूर्ण करे। ४. रत्न, तण्डुल औ: लौह से मध्यरात्रि में पूर्ण करे। ५. भक्तिपूर्वक गुड एवं अनेक प्रकार के रसों से प्रभु को प्रत्यूष में पूर्ण करे। तिलों से रात्रि में पूर्ण न करे। इसी प्रकार अन्नों एवं फलों से भी रात्रि में पूर्ण न करे। रत्न एवं लोहा कभी निर्माल्य नहीं होते। शेष सभी वस्तुयें निर्माल्य हो जाती हैं। १. कुसु...

पायस, ३. हरिद्रान्न, ४. गुडोदन और ५. चरु ये पूर्ण में विशिष्ट है । इनसे पूर्ण करने में दशगुणित फल होता है ।

१. नारिकेल रस एवं २. इक्षु रस इत्यादि रसपूर्ति में विशिष्ट हैं। २. सभी प्रकार के घृतपूर्ति में गाय का घी प्रशस्त होता है । सभी प्रकार के गायों के घृत की अपेक्षा कपिला गाय का घृत प्रशस्त है। इनका उत्तरोत्तर दशगुणित फल कहा गया है। ३. तैलपूर्ति में काली तिल्ली का तेल विशिष्ट कहा गया है। इससे बढ़कर महातिल का तेल है। जिसके पूर्ण करने से साधक को दशगुणा फल प्राप्त होता है। ४. सभी प्रकार के दूधपूर्ति में गौ का दूध प्रशस्त कहा गया है। गौओं में भी सभी दूधपूर्ति की अपेक्षा जरा गौ का दूध प्रशस्त माना गया है। ५. जिस प्रकार जरा गौ का दूध श्रेष्ठ है उसी प्रकार उससे भी अधिक कपिला गौ का दूध श्रेष्ठ है। इसी प्रकार दधिपूर्ति सब पय:पूर्ति की अपेक्षा दशगुणा फल वाला है।

६. सभी मधुपूर्ति की अपेक्षा पर्वत का मधु श्रेष्ठ है। उससे भी उद्यान में होने वाला मधुपूर्ति दशगुणित कहा गया है। ७. सभी अपूपपूर्ति में घृत में पकाया अपूप श्रेष्ठ है। उससे भी उत्कारिकापूर्ति दशगुणिता फल देने वाला है। ८. उसी प्रकार सभी सक्तूपूर्ति में यव गोधूमपूर्ति सत्तू श्रेष्ठ कहा गया है। उससे भी श्रेष्ठ शालि का बना हुआ सत्तू दश गुणित फल प्रदान करता है। ९. सभी फलपूर्ति में कदली फलपूर्ति उत्तम हैं, उससे भी श्रेष्ठ आमफलपूर्ति दशगुणित फल प्रदान करता है। १०. इन सभी फलों की अपेक्षा कटहल फलपूर्ति विशिष्ट कहा गया है। सभी पुष्पपूर्ति में जाती पुष्प और तुलसीपूर्ति श्रेष्ठ है।

११. उसी प्रकार लाल कमल पुष्पपूर्ति श्रेष्ठ कहा गया है। इसके पूर्ति से दशगुणित फल होता है। १२. सभी तण्डुल की अपेक्षा शालि तण्डुल पूर्ति उत्तम है। १३. इसी प्रकार सभी तण्डुलपूर्ति में प्रियङ्गु तण्डुलपूर्ति श्रेष्ठ है। इस पूर्ति का फल दशगुणित कहा गया है। १४. सभी तिलपूर्ति में कृष्ण तिल श्रेष्ठ है १५. शुक्ल तिल भी उतना ही श्रेष्ठ है इस पूर्ति का भी फल दश गुणित होता है। १६. सभी गन्धपूर्ति में उशीर एवं चन्दन श्रेष्ठ है, इसी प्रकार कुङ्कुमगन्धपूर्ति श्रेष्ठ है। इसका भी फल दशगुणित होता है। १७. सभी लोहपूर्ति में सुवर्ण पूर्ति प्रशस्त है। १८. उसी प्रकार रजतपूर्ति भी श्रेष्ठ है । इस पूर्ति का भी फल दशगुणित है। १९. सभी रत्नपूर्ति में मुक्ता रत्न श्रेष्ठ है। २०. उसी प्रकार वज्रपूर्ति भी श्रेष्ठ है। इस पूर्ति का फल भी दशगुणित होता है २१. संपूर्ण पूर्ति से संपत्तिपूर्ति दशगुणा होती है।

पूर्ण फल प्राप्ति की इच्छा वाला पुरुष विष्णु पञ्चमी में, व्यतिपात में, सूर्य ग्रहण में, चन्द्रग्रहण में तथा द्रव्य पदार्थ उत्पन्न होने पर विधिपूर्वक पूर्ति कार्य करे। किसी एक भी पदार्थ की पूर्ति से साधक अपनी सभी कामनाओं को प्राप्त

कर लेता है। इसलिये सब प्रकार के प्रयत्न से पदार्थ पूरण कार्य संपन्न चाहिये ५५।

इन्द्ररात्रे में द्वितीयोऽध्याय मन्त्रोद्धार नामक है। अब मन्त्रोद्धार रूप में कहते है। सर्व प्रथम स्वर जिस प्रकार उत्पन्न हुये उन्हें बावत कहते १. स्वरों में सर्व प्रथम अकार उत्पन्न हुआ जो सबका आदि और अव्यय व्सके बाद उससे इकार उत्पन्न हुआ। ३. इस प्रकार से इकार से उकार हुआ। ४. तदनन्तर उकार से ऋकार, ५. फिर उससे ऌकार, ६. उससे ७. इस एकार से ओकार की उत्पत्ति हुई। ८. पुनः उस ओकार से उत्पन्न हुआ। इस प्रकार क्रमानुसार आठ ह्रस्व स्वर उत्पन्न हुये।

इसी प्रकार आठ से आठो दीर्घ स्वर उत्पन्न हुये। १. पहले आकार फिर उससे ईकार, ३. पुनः उससे ऊकार ४. उससे ॠकार ५. उससे ६. फिर ऐकार ७. तदनन्तर ओकार ८. पुनः विसर्ग इस प्रकार आठ दीर्घ उत्पन्न हुये।

१. अःकार (विसर्ग) से ककार, २. इससे खकार, ३. उससे गकार ४. उससे घकार उत्पन्न हुआ कहा गया है । ५. उससे ङकार, ६. फिर से चकार, ७. खकार से छकार, ८. गकार से जकार, ९. घकार से झकार १०. ङकार से ञकार उत्पन्न हुआ और ११. ङकार से टकार उत्पन्न हुआ

११. फिर छकार से ठकार, १२. जकार से डकार, १३. झकार ढकार और १४. ञकार से णकार उत्पन्न हुआ । १५. टकार से तकार, ठकार से थकार, १७. डकार से दकार और १८. ढकार से धकार हुआ । १९. फिर णकार से नकार, २०. तकार से पकार २१. थकार फकार तथा २२. दकार से बकार और २३. धकार से भकार २४. नकार मकार उत्पन्न हुआ। २५. फिर पकार से यकार और २६. फकार से रेफ हुआ। २७. फिर बकार से लकार २८. भकार से वकार, २९. मकार शकार, ३०. यकार से षकार ३१. रेफ से सकार ३२. लकार से हकार वकार से ळकार ३४. फिर श ष स ह इन चारो से क्षकार उत्पन्न (१६,३४-५०) क्षकार से प्रणव की पाँच मात्रायें उत्पन्न हुई।

अब स्वरों तथा व्यञ्जनों के अधिदेवताओं को कहते हैं—१. अकार सदाविष्णु, २. इकार के सदाशिव, ३. उकार के परब्रह्म, ४. ऋकार चन्द्रमा, ५. ऌकार के सूर्य, ६. एकार के हुताशन, ७. ओकार के दक्ष, अङ्कार के हरी और ईश्वर अधि देवता कहे गए हैं। ९. आकार के रुद्र, ईकार के स्वयं हरि, ११. ऊकार के शशाङ्क, १२. ॠकार के चतुर्मुख,

ॡकार के अग्नि, १४. ऐकार के दिवाकर, १५. औकार के हरि और ईश तथा १६. अःकार के प्रजापति देवता है।

१. ककार स्वयं आकाश है, २. खकार वायु, ३. गकार अग्नि, ४. घकार जल, ५. ङकार पृथ्वी, ६. चकार श्रोत्र, ७. छकार त्वक्, ८. जकार चक्षु, ९. झकार जिह्वा, १०. ञकार प्राण, ११. ढकार शब्द, १२. ठकार स्पर्श, १३. डकार रूप, १४. ढकार रस, १५. णकार गन्ध और १६. तकार स्वयं वाग् कही गई है । १७. थकार हाथ, १८. दकार पाद, १९. घकार वायु और २०. न उपस्थ कहा गया है । २१. पकार मुख, २२. फकार करण, २३. बकार गमन और २४. भ विसर्ग कहा गया है । २५. मकार गति, २६. यकार मांस, कहा गया है । २७. रेफ मेद, २८. लकार अस्थि, २९. वकार मज्जा, ३०. शकार शुक्र, ३१. षकार सामवेद, ३२. सकार यजुर्वेद, ३३. हकार ऋग्वेद और ३४. ळ अथर्ववेद कहा गया है । ३५. क्षकार छ वेदाङ्ग है । इसी से समस्त मन्त्र उत्पन्न हुये हैं।

तन्त्रवेत्ता ६४ पुटों (पात्रों) का निर्माण करे । जिसमें आदि के आठ पुट शून्य से युक्त हैं । यही बिन्दु और मन्त्र के पुट हैं। शेष ५६ पुट आनुपूर्वी वर्णों के हैं।

सदादि वर्ग-इन वर्णपुटों में आदि पुट में अकार व्यवस्थित करे। द्वितीय में इकार व्यवस्थित करे, तृतीय में उकार, चतुर्थ में ऋकार, पञ्चम में ऌकार, षष्ठ में एकार, सप्तम में ओकार, अष्टम में ओंकार व्यवस्थित करे।

असदादि वर्ग-असद वर्ग के आदि रहने वाला आकार को साधक प्रथम पुट में स्थापित करे। ईकार द्वितीय पुट में व्यवस्थित करे, ऊकार तृतीय में, ॠकार चतुर्थ में, ॡकार पञ्चम में, ऐकार षष्ठ में, औकार सप्तम में तथा अःकार अष्टम में व्यवस्थित करे ।

अब तिरछे रहने वाले पाँच पुटों में कवर्ग व्यवस्थित रहते हैं। प्रथम पुट में ककारे, द्वितीय में खकार, तृतीय में गकार, चतुर्थ में घकार और ङकार पञ्चम पुट में स्थापित करे।

द्वितीय पञ्चक के आदि पुट में प्रथम में चकार व्यवस्थित करे, द्वितीय में छकार, तृतीय में जकार, चतुर्थ में झकार और पञ्चम में ञकार स्थित करे ।

तृतीय पञ्चक के आदि में टकार, दूसरे में ठकार, तृतीय में डकार, चतुर्थ में ढकार और णकार पञ्चम पुट में व्यवस्थित करे ।

चतुर्थ पञ्चक के आदि पुट में तकार, द्वितीय में थकार, तृतीय में दकार, चतुर्थ में धकार और पञ्चम में नकार व्यवस्थित करे ।

पाँचवें पञ्चक के आदि में पकार, द्वितीय में फकार, तृतीय में चतुर्थ में मकार और पञ्चम में मकार स्थित है।

षष्ठ पञ्चक के प्रथम पुट में यकार द्वितीय में रेफ तृतीय में लकार में वकार और पञ्चम में शकार स्थित है । यहाँ तक षष्ठ पञ्चक कहा गया

सप्तम पञ्चक के आदि में षकार, द्वितीय में सकार, तृतीय में चतुर्थ में ळकार और पञ्चम में क्षकार व्यवस्थित है।

अष्टम पञ्चक में आदि में एक मात्रा होती है, द्वितीय में दो मात्रा, में तीन मात्रा, चतुर्थ में चार मात्रा और पञ्चम में पाँचवी मात्रा स्थित रहती

प्रथम मात्रा के अधिदेवता ब्रह्मा, द्वितीय मात्रा के शिव, तृतीय के विष्णु, नाद के महाविष्णु और श्वास के सदाविष्णु देवता कहे गये हैं । इस ५ मात्राओं के देवता कहे गये ।

अब यमकोत्पत्ति कहते हैं—जिससे वर्ण ग्रहण किये जाते हैं। उन मात्राओं को लेकर अकार में सन्निविष्ट करे। एक मात्रा अकार में विद्यमान है और समाविष्ट ५ मात्रायें इस प्रकार कुल छः मात्रायें हुई। प्रणव से निर्मन्थन करे। तब दो प्रणव उत्पन्न हो जायेंगे। इनमें एक-एक की तीन-तीन मात्रायें हैं इन्हीं की यमक संज्ञा है। इन्हीं दो प्रणवों से मन्त्रों का उद्धार करे।

तदनन्तर वर्णों के आनुपूर्वी से मन्त्रोद्धार करे। अब सर्वप्रथम मन्त्र के उद्धार का क्रम कहते हैं—जिसमें अष्टाक्षर मन्त्र न्यस्त हैं। पहला ॐकार का, द्वितीय नकार का, तृतीय मोकार का, चतुर्थ पुट नाकार का, पुट 'रा' का, षष्ठ पुट यकार का, सप्तम पुट णाकार का और अष्टम यकार का है।

मन्त्र के पुट में इस मन्त्र को तथा अन्य यमक (ॐ ॐ) अकार, फिर उकार, इन्हें तथा मकार को लेकर विचक्षण साधक सबको मिला देवें।

इसी प्रकार अलग-अलग व्यञ्जनों को और स्वरों को भी यमक (ॐ से वेष्टित करे। प्रकर्ष बीज के साथ प्रवेष्टन को ही सकलीकरण कहा सबका उद्धार कर सबको मिलाकर एक में वेष्टित करे। यह सभी मन्त्रों उद्धार का क्रम है।

अब मन्त्रों का विलय क्रम कहते हैं—अकार में यमकों को स्थापित प्रणव मन्त्र से उसका आलोडन करे। उससे पञ्चमात्रा का उद्धार करे। फिर क्षकार में स्थापित करे। इस प्रकार जैसे जिससे जिसकी उत्पत्ति हुई है उन सभी का लय भी हो जायेगा।

'अं अः' का जहाँ लय हो जाता है उसकी 'प्रलय' संज्ञा कही गयी है । दीर्घ आकारादि का जहाँ लय हो जाता है वह 'महाप्रलय' कहा जाता है । ऊ उकार का लय 'आभूतसंप्लव' कहा जाता है । ई इ का लय 'कल्प' संज्ञक होता है । आ अ का लय 'कल्पान्त' संज्ञक है, अकार का लय 'विष्णुपद' है । इनसे बढ़कर देवलोक तक कोई लोक नहीं और न कोई स्थूल है न कोई सूक्ष्म है ६८।

इन्द्ररात्र में तृतीय अध्याय पुराणाध्याय नामक है । प्रलयान्त के बाद सृष्टि के आदि में जब भगवान् अनिरुद्ध जागे तब उन्होंने समुद्र और पर्वतों के सहित पृथ्वी को सागर में निमग्न देखा । फिर उन परम परमेष्ठी को पृथ्वी के उद्धार की चिन्ता हुई ।

१. अनिरुद्ध का अत्यद्भुत वाराहरूप कहते हैं—चित्त में इस प्रकार की चिन्ता करते ही उनके चित्त से अत्यद्भुत महाबल पराक्रम से संयुक्त सद्यः बाराह रूप में उत्पन्न हुये। उनके दाँत देदीप्यमान थे । शरीर बहुत विशाल था । भुजायें बहुत लम्बी थी । उनके शरीर का वर्ण काले मेघ के समान और कज्जलागिरि के समान अत्यन्त काला था उनका रूप अप्रमेय था जिसका वर्णन इदमित्थं रूप से वर्णन नहीं किया जा सकता । वह रूप इतना विशाल था कि सारी दिशायें उससे व्याप्त थीं । उन्होंने अपना मुख वाराह के मुख के समान बना लिया । इस प्रकार ब्रह्ममय देह तथा वाराह मुख वाले भी हरि अनिरुद्ध ने पृथ्वी के उद्धार के लिये यत्न किया । तदनन्तर उन भगवान् अनिरुद्ध ने जल में डूब कर पृथ्वी को समुद्र से निकाल कर उसे अपने दाँत पर स्थापित कर समुद्र से बाहर प्रगट हो गये । उस समय समस्त समुद्र उनके पार्श्व (कुक्षि के नीचे का भाग) में संलीन दिखाई पड़ने लगे । जिस प्रकार मेरु की अधित्यका (ऊपरी भाग) में एक मुस्ता (मोथा) दिखाई पड़ता है उसी प्रकार उन भगवान् वराह के दाँत पर सारी पृथ्वी दिखाई पड़ती थी ।

उन्होंने समुद्रान्त समस्त पृथ्वी को पहले जैसा स्थापित किया । तदनन्तर अपने उस विशाल एवं अत्यद्भुत वराह रूप को समेट कर पूर्व दिशा में सुखपूर्वक आसीन हो गये । अब इसके बाद अत्यन्त उत्तम नारसिंह पुराण को कहता हूँ ।

२. अनिरुद्ध का नारसिंहरूप कहते हैं—हिरण्यकशिपु नाम का दुर्जय महासुर हुआ। वह अपने बल एवं तेज से समस्त देवताओं को पीड़ित करने लगा। उस दुरात्मा दानव से पीड़ित तथा व्याकुल होकर समस्त देवता भगवान् रुद्र के शरण में गये। तदनन्तर रुद्र देवताओं को साथ लेकर ब्रह्मदेव के शरण

गये। समस्त देव और व्याकुल हुये ब्रह्मदेव भी घबड़ाकर उन देवताओं को लेकर सबके शरण्य महादेव अनिरुद्ध के शरण में गये। भगवान् पु अनिरुद्ध उन लोगों को आया देख शेष शय्या से उठ गये। उन सभी दे को आया देख परमेश्वर अनिरुद्ध ने उनसे कहा। फिर पीछे ब्रह्मदेव को अ देकर उनकी पूजा की। उनके प्रसन्न होने के चिन्ह से आश्वस्त हुये देवता हाथ जोड़कर इस स्तोत्र से स्तुति की। हे सर्ववेत्ता, हे प्रभविष्णु आप विश्व नमस्कार है। हे नाथ! महाबलवान् हिरण्यकशिपु नाम का दानवेन्द्र ब्रह्मदेव के वरदान से अवध्य हो गया है। वह मत्सरता (डाह) से ग्रस्त अहङ्कार से पूर्ण होकर देवताओं को पीड़ित कर रहा है। अत: हे प्रभो उसके का उपाय आप अवश्य कीजिये।

देवताओं के द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर सुरेश्वर भगवान् अनिरु तत्क्षण अपने नारसिंह रूप का चिन्तन किया। उनके चित्त से इस प्रकार के की चिन्ता करते ही वह नारसिंह रूप स्वयं प्रगट हो गया। जिसका मुख न के समान तथा शेष शरीर नराकार था। नेत्र जलते हुये अङ्गार के समान दीप्यमान थे। कान्ति चन्द्रमा के किरण के समान थी। इस प्रकार भैरव चार बाहु वाले उज्ज्वल कान्ति से युक्त तथा हाथ में शङ्ख चक्र गदा लिये नारसिंह को देख कर सभी देवता हाथ जोड़कर स्थित हो गये। और ना मन्त्र का जप करने लगे। देवताओं के द्वारा उक्त मन्त्र के जप से भगवान् नृ स्वयं प्रसन्न हो गये। फिर भगवान् नरसिंह ने उन देवताओं से हिरण्यकशिपु वध की प्रतिज्ञा की और वे तत्क्षण हिरण्यकशिपु का वध करने के लिये च पड़े।

सन्ध्याकाल में उस राक्षस को प्राप्त कर देहली पर अपने दोनों ऊ (घुटने के ऊपरी भाग) पर उसे स्थापित कर उसका वक्ष:स्थल विदीर्ण कर दि इस प्रकार भगवान् नृसिंह ने देवताओं के हित की कामना कर हिरण्यकशिपु वध किया। फिर वे सुरेश्वर दक्षिण दिशा में जाकर आसीन हो गये।

३. सङ्कर्षण का मात्स्यरूप कहते हैं—पूर्वकाल में मधुकैटभ नाम के दानव उत्पन्न हुये । बल से गर्वित उन दोनों दानवों ने समुद्र के भीतर से निक कर ब्रह्मदेव से वेदों को छीनकर सभी देवताओं का निग्रह किया । फिर ब्रह्मदेव को तथा सभी को मारने के लिये वे दोनों अमित प्रभाव वाले सङ्क उद्यत हो गये । तब ब्रह्मदेव सङ्कर्षण देव के शरण गये । देवाधिदेव ने वहाँ द्वारा वेद के आहरण से उपस्थित भय जान कर उसके वध का उपाय सो लगे। उनके चिन्ता करते हुये ही उनका रूप मत्स्य रूप में परिणत हो गय तदनन्तर वे समुद्र के भीतर प्रवेश कर समस्त समुद्र में भ्रमण करने लगे। किसी प्रदेश में जल रूप पट से आच्छादित जल में निमग्न वेदों को देख

फिर उन मत्स्यरूपधारी सनातन भगवान् मत्स्य ने उन वेदों का उद्धार किया और ब्रह्मदेव के आगे स्वयं उपस्थित हो गये । उन हरे गये वेदों को अपने सामने प्रगट देखकर तत्क्षण उन्हें अपने मुख में रख लिया । इस प्रकार परमेष्ठी ब्रह्मदेव द्वारा निगले गये वेदों को देखकर सनातन भगवान् मत्स्य ने अपने सारे कार्य सफल मान लिए और वे समुद्र में विचरण करने लगे ।

४. सङ्कर्षण का कूर्मरूप कहते हैं—पूर्व मन्वन्तर में बलि द्वारा पाली गई त्रिलोकी को देखकर पके हुये बालों से संयुक्त एवं दु:ख से अत्यन्त संतप्त होकर सङ्कर्षण देव के शरण में गये। उनके दु:ख के प्रतीकार की चिन्ता करते हुये सङ्कर्षण देव ने कूर्म रूप धारण करने का विचार किया। उनके इस प्रकार चिन्ता करते ही उनके चित्त से समुद्र से कूर्म रूप उत्पन्न हो गया। तब सभी देवताओं ने उनकी पीठ पर मन्दराचल स्थापित कर उससे समुद्र का मन्थन किया। समुद्रमन्थन से अमृत उत्पन्न हुआ उस अमृत का भक्षण कर सभी देवताओं ने युवावस्था को प्राप्त कर लिया। इस प्रकार का कार्य संपादन कर देवताओं से पूजित वे कूर्म सरिता सागर में अपनी इच्छा से यथासुख विचरण करने लगे ।

५. विश्वक्सेन का ताक्ष्यर्यरूपकथन-देवराज इन्द्र द्वारा अपमानित हुये वालखिल्य महर्षियों के द्वारा याचना करने पर उनके तप के प्रभाव से प्रजापति तार्क्ष उत्पन्न हुये। उन्होंने सपत्नीक सुरेश्वर महाविष्णु की आराधना की। उन प्रजापति तार्क्ष की आराधना से भक्तवत्सल भगवान् विष्णु अत्यन्त प्रसन्न हो गये। उन्होंने अपने पार्श्व स्थित विश्वक्सेन की ओर देखते हुये स्वयं कहा। हे पारिषदेश्वर! मैं तुम्हें तार्क्ष्य का पुत्र बनने के लिये नियुक्त करता हूँ। उनकी बात सुनते ही विष्वक्सेन ने प्रणाम किया और अत्यन्त प्रसन्न हो गये स्वामी की प्रसन्नता जानकर उन्होंने अपने को वैसा करने के लिये नियुक्त किया। फिर तो विनता को गर्भ हुआ और वे तार्क्ष्य से उत्पन्न होकर उसके पुन: गर्भ से अरुण के अनुज अण्डज पक्षी गरुड़ हो गये। फिर वे ही पक्षीन्द्र विनता सुत गरुड़ ने बलगर्वित होकर उन वालखिल्यों की प्रीति के लिये एवं माता का मनोरथ पूर्ण करने के लिये तथा सर्पों का गर्व मर्दन करने के लिये सोमपालों पर विजय प्राप्त कर इन्द्र का पराभव किया और सोम आहरण कर उसका पान किया। उन्होंने अमृत पानकर समस्त लोकों को छोड़कर स्वयं विष्णु के पास जाकर विष्णु का वाहनत्व स्वीकार किया।

६. विष्णु का वामनरूप कथन-कश्यप द्वारा अदिति में स्वयं विष्णु द्वादश आदित्य के रूप में प्रगट हुये। उनके नाम इस प्रकार हैं। १. धाता, २. अर्यमा, ३. मित्र, ४. वरुण, ५. अंश, ६. भग, ७. इन्द्र, ८. विवस्वान्, ९. पूषा १०.अर्यमा, ११. त्वष्टा और १२. विष्णु ये १२ आदित्यों के नाम हैं। कश्यप...

ने इनमें से इन्द्र को ही देवताओं के अधिपत्य के लिये नियुक्त कि... अपने तेज से समस्त जगत् को भासित करते हैं। पूर्वकाल में म... विरोचन के पुत्र दानवेन्द्र बलि उत्पन्न हुए महाबलवान् बलोद्धत उन... देवताओं का अपमान कर इन्द्र का इन्द्रत्वपद छीन लिया। उन बलि को... दुर्जय समझ कर इन्द्र के छोटे भाई अव्यय विष्णु ने वामन, ब्राह्म... धारणकर बलि द्वारा किये जाने वाले उनके वर्तमान यज्ञ में तीन पग भू... याचना की। मना किये जाने पर भी बलि ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसा... तीन पद भूमि दान में दे दी। वामन ने केवल दो ही पग में सारा लोक... ले लिया। अवशिष्ट एक पद में उन्होंने बलि को पाताल भेज दिया। ऐसा... से सभी देवता सुखी हो गये।

७. अब हयग्रीव पुराण कहते हैं—ब्रह्मा के यहाँ से वेद दूसरों... हरण कर लिया गया। वेदों के अपहरण हो जाने पर ब्रह्मा प्रद्युम्न के पा... तब प्रद्युम्न ने जान लिया कि वेदों का अपहरण करने वाला हयग्रीव है।... रक्त वर्ण वाले, चतुर्भुज हाथ में शङ्ख चक्र गदा धारण किये हयग्रीव को... मानस पुत्र के रूप में उत्पन्न किया। उन हयशीर्ष ने समुद्र के उत्तर... स्थित होकर ब्रह्मदेव को स्वयं वेद पढ़ाया वेदज्ञो में श्रेष्ठ ब्रह्मदेव उन... पढ़कर कृतार्थ हो गये और वैराजपद प्राप्त कर लिया।

८. अब कापिल पुराण कहते हैं—जब सभी ज्ञान नष्ट हो गये तब... प्रतीकार की चिन्ता से सभी द्विजसत्तम सङ्कर्षण देव के पास गये। तब स... कपिल नामक विष्णु को उत्पन्न किया। उन महामतिमान् भगवान् क... सांख्य नामक ज्ञान को उत्पन्न किया। देवताओं को फिर पाताल तल में... भी उन महर्षि कपिल ने उसकी व्याख्या की। ईश्वर सहित समस्त सुर... संपन्न हो गये।

९. जामदग्न्याख्य पुराण कहते हैं—सङ्कर्षण पूर्व काल में किसी... वश जमदग्नि के पुत्र परशुराम का अवतार बन कर पृथ्वी पर विचरण... लगे। पृथ्वी पर उनके सञ्चरण काल में सभी दानव क्षत्रिय बन कर... होकर सारी पृथ्वी में विचरण करने लगे। भगवान् सङ्कर्षण ने हैहय को... बनाकर बलगर्वित उन समस्त क्षत्रियों को परशु से मार डाला। इस प्रकार... क्षत्रियों का वध कर वे परशुराम आग्नेयी दिशा में स्थित हो गये ।

१०. काकुत्स्थ पुराण कहते हैं—राक्षसेन्द्र रावण द्वारा सभी... बलपूर्वक जब निगृहीत कर लिये गये उनकी आज्ञा मानकर वह वहाँ... अयोध्यावासियों को लेकर आया । फिर भगवान् राम साकेतवासियों के... लिये दूसरा स्वर्ग बनाकर वहाँ उन्हें स्थापित किया और वहाँ से निवृत्त... भगवान् बन गये ।

११. सात्त्वतपुराणकथन-जब तारकामय संग्राम में सभी दानव मारे गये तब वे विष्णु के भय से पृथ्वी पर उत्पन्न हो गये । पृथ्वी उनके अत्याचार के श्रम से निपीड़ित होकर उन्हें वहन करने में असमर्थ हो गई । तब उनका प्रतीकार करने की इच्छा से शरण प्राप्त करने की कामना से पृथ्वी सनातन देवाधिदेव वासुदेव के शरण में गई । भक्त वत्सल भगवान् भार से दुःखी पृथ्वी को देखकर उसका भार उतारने के लिये एवं धर्म की संस्थापना के लिये वसुदेव पुत्र बन कर देवकी में उत्पन्न हो गये । तदनन्तर उन्होंने उन सभी असुरों को जो क्षत्रियकुल में जन्म लेकर पृथ्वी में अवतीर्ण हुये थे युद्ध में उनका वध कर पृथ्वी का भार उतार दिया । यतः सुरेश्वर पृथ्वी का भार उतारने के लिये पुनः सात्त्वत कुल में उत्पन्न हुये । इसलिये विद्वान् लोग उनसे सात्त्वत पुराण की उत्पत्ति कहते हैं । उन्होंने आहुकों को उद्देश्य बनाकर लोक के हित की इच्छा से पञ्चरात्र आगम का उपदेश किया । इसलिये भी इन्हें सात्त्वत कहा जाता है ।

वैष्णवों के भेद-उपदेश के कारण उनके जो शिष्य और भक्त हुये हैं उन्हें भी सात्त्वत कहा जाता है । कोई उन्हें भागवत कहते हैं, कोई उन्हें वैष्णव कहते हैं और कोई उन्हें पाञ्चरात्रिक कहते हैं । इस प्रकार उन दीक्षित वैष्णवों के नाम भेद हैं । यही विष्णु परायण होकर सदा महाविष्णु की पूजा करते हैं ८३।

इन्द्ररात्र में चतुर्थ अध्याय यागविधि नामक है। १. ब्राह्मण दीक्षा के लिये वसन्तकाल में चक्रमण्डल में प्रवेश करे ब्राह्मण को ही विशेषकर ब्रह्मयोनि वासन्त समझना चाहिये। २. क्षत्रिय ग्रीष्म काल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। क्षत्रिय को ग्रैष्म समझना चाहिये विशेषकर जब वह क्षत्रयोनि है। ३. वैश्य शरत् काल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। वैश्य को ही शारद दीक्षाकाल समझना चाहिये। विशेष कर जब वह वैश्य योनि हो। ४. सच्छूद्र हेमन्त में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। विशेषकर जब वह शूद्र योनि हो। स्त्रीजन वर्षाकाल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। स्त्री को वर्षा समझना चाहिये। वह शूद्र योनि कही जाती है। सूत शिशिर में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे ।

अनुलोम वर्ण वाले सभी दीक्षा में प्रवेश करें। आचार का पतन कराने वाले प्रतिलोम वर्ण वालों को दीक्षा में वर्जित करे । स्त्री, शूद्र और सूतों के लिये क्रमानुसार तत्तत्काल ही निर्दिष्ट है। उससे विपरीत अन्यकाल उन्हें वर्जित करना चाहिये। सभी द्विजातियों के लिये सभी काल प्रशस्त है । यह ब्रह्मरात्र के मण्डलाध्याय में यथाविधि कह दिया गया है। यागमण्डप का लक्षण और मण्डल का प्रकार आदि सभी कुछ वहाँ पर विस्तार के साथ कह दिया गया है । याग के सकल विकल और निष्कल इन तीनों भेदों को भी यथाविधि वहीं कह दिया

गया है । ब्रह्मरात्र के दीक्षाध्याय में दीक्षा विधि भी कह दिया गया है । मन्त्र का विचक्षण साधक वहाँ इन सभी बातों को देखकर मण्डप और मण्ड निर्माण करावे और दीक्षा भी वैसे ही देवे ।

१. रजोयाग में कोई-कोई वर्णानुपूर्वी (वर्ण के अनुसार) रज का मानते हैं । कोई पूर्वोक्त विधि के अनुसार रज का प्रयोग कहते हैं। प्रथम कर्म में रज अपने आप प्रशस्त होना चाहिये आनुलोम्येन रज का प्रयोग हैं । किन्तु प्रतिलोम में सर्वथा वर्जित करे । स्तोम (सामूहिक) याग में रज का प्रयोग करे जैसा कि महेन्द्र का मत है । इसमें चार द्वारों के आ आठ कलश प्रतिष्ठित करना चाहिये। इसमें सौ दक्षिणा और श्वेताश्व की कही गई है । स्त्री, शूद्र और सूत के लिये कृष्ण रज का प्रयोग कहा गया विकलयाग में अश्व और निष्कलयाग में केवल वस्त्र की दक्षिणा कही गई है याग में कलश एवं आसन और शयन सर्वदा विहित हैं। इस याग में शिष्य की 'समयी' संज्ञा होती है ।

२. स्तोमयाग कहते है-इसमें तन्त्रवेत्ता मिश्रित रजः पात करे। आवरण के बाहर दस कुम्भ स्थापित करे। पूर्व में दोनों कलशों के मध्य में को लिये उत्तम आसन प्रदान करे। दक्षिण दिशा में नारसिंह के लिये आसन पश्चिम दिशा में श्रीधर के लिये श्रेष्ठ आसन स्थापित करे । उत्तर में हयग्रीव के लिये आसन स्थापित करे । इसके बाद चार दीक्षित उनके क्रमशः स्थापित करे । ये चारो दीक्षित वैष्णव दर्मासन पर बैठ कर द्वादश मन्त्र का जप करे । सभी नवीन वस्त्र पहन कर शिर को उष्णीश (पगड़ी) आवेष्टित हों और पृथक्-पृथक् रहें। यहाँ पहले कही गई दक्षिणा से दक्षिणा कही गई है । आचार्य श्रद्धापूर्वक शिष्य के लिये पादुका प्रदान करे

३. अब महायाग की विधि कहते है-सोम मण्डल के समान ही आवरण का निर्माण करे । इसमें पहले कहे गये लक्षण से युक्त २४ होना चाहिये । तृतीय आवरण से बाहर क्रमश द्वादश कलश तथा आवरण के भीतर भी द्वादश कलश स्थापित करना चाहिये । फिर पूर्ववत् दिशाओं में यथाविधि चार आसन स्थापित करे । इसी प्रकार कोणों यथाक्रम आसन स्थापित करे । आग्नेय कोण में श्रेष्ठ जामदग्नीय आसन चाहिये । नैर्ऋत्य में राम का, वायव्य में वामन का तथा ईशान में वासुदेव का आसन होना चाहिये । इस याग में यदि भगवद्भक्त वैष्णव तब इस कर्म में दर्भ, पवित्र अथवा केवल आसन ही स्थापित करे । वासुदेव मण्डल में केवल एक ही कलश रखें । नारायण मण्डल में दिशाओं में आठ कलश स्थापित करे । तृतीय आवरण में आठ कलश हैं । यहाँ भी पूर्व की भाँति चारो दिशाओं में चार आसन स्थापित करे

पहले से तिगुनी दक्षिणा तथा एक अश्व दक्षिणा है । यहाँ कोई चौथा आवरण कदापि नहीं है । तदनन्तर आचार्य शिष्य को पूर्व की भाँति शत दक्षिणा तथा पादुकायें (खड़ाऊँ) प्रदान करे । तब इस महायाग में दीक्षित शिष्य का नामे 'चक्रवर्त्ती' हो जाता है ।

४. इसके बाद अध्वरयाग कहते हैं-द्वितीय आवरण के भीतर पूर्ववत् कलश स्थापित करे । तथा पूर्ववत् आसनादि भी स्थापित करे उसी प्रकार रज पात करे पूर्ववत् दक्षिणा भी देवे । आचार्य शिष्य का अभिषेक करे और उसे आसन प्रदान करे । इस प्रकार अध्वर में दीक्षित मनुष्य साधक 'अभिषिक्त' नाम वाला हो जाता हैं।

५. अब 'सव' कहते हैं-प्रथम आवरण के भीतर पूर्ववत् कलश स्थापित करे । बाहरी द्वार के तोरण पर उसी प्रकार आठ कलश स्थापित करे उन कलशों के भीतर रत्न होना चाहिये तथा बाहर से वस्त्र से परिवेष्टित होना चाहिये। इसमें एक हजार आठ दक्षिणा है । आचार्य शिष्य को किरीट के आकार का नवीन वस्त्रमय उष्णीश (पगड़ी) तथा पीताम्बर प्रदान करे । इस प्रकार सव में उस दीक्षित शिष्य का नाम 'गुरु' हो जाता है ।

६. अब 'क्रतु' के विषय में कहते हैं-समस्त यज्ञ मण्डल शुक्लवर्ण के रज से सुशोभित करे। फिर पूर्व की भाँति सभी कलश यथाविधि स्थापित कर 'सव' में कही गई पूर्ववत दक्षिणा देवे। आचार्य शिष्य को दक्षिणावर्त्त शङ्ख प्रदान करे । इस प्रकार क्रतु में दीक्षित शिष्य का नाम आचार्य हो जाता है ।

७. अब 'हरिस्तोम' कहते हैं-इसमें लोह का रज (चूर्ण) और लौह निर्मित कलश होना चाहिये । लोहे की पालिका (गमला) तथा वस्त्र पीताम्बर होना चाहिये । इसी प्रकार वितान पीतवर्ण के भी क्षौममय होना चाहिये । गुरु भी पीताम्बर धारण करें और शिष्य भी उसी प्रकार पीताम्बर धारण करे । शिष्य और आचार्य दोनों को ही सर्वाभरणभूषित होना चाहिये । इस यज्ञ में आचार्य की दक्षिणा एक सहस्र कही गयी है तथा भक्तों की दक्षिणा सौ-सौ कही गई है । शिष्य अपना सभी आभरणादि आचार्य को प्रदान करे । इतना ही नहीं अपनी शक्ति के अनुसार ग्राम, यान (वाहन) तथा आसन भी निवेदित करे । इस प्रकार हरिस्तोम में दीक्षित शिष्य का नाम भगवान् हो जाता है। वह हाथ में शङ्ख, चक्र और गदा धारण करे । पीताम्बर पहने हविष्य भोजन करे । हरिस्तोम से बढ़कर और कोई विशिष्ट याग नहीं है । वह दीक्षित साधक सभी पापों से मुक्त हो जाता है और वैष्णव पद प्राप्त करता है ।

१. याग में दीक्षित शिष्य की 'समयी' संज्ञा है । २. स्तोमयाग में 'दीक्षित' संज्ञा है । ३. महायाग में दीक्षित की 'चक्रवर्त्ती' संज्ञा होती है । ४. अध्वरयाग में दीक्षित की 'अभिषिक्त' संज्ञा होती है । ५. सव याग में दीक्षित की

'गुरु' संज्ञा होती है और ६. 'क्रतु' में दीक्षित की 'आचार्य' संज्ञा होती है। हरिस्तोम में दीक्षित की 'भगवान्' संज्ञा कही गयी है । इसका फल दश गु है । इस प्रकार संक्षेप में सात यज्ञ कहा गया है ५५।

इन्द्ररात्र में पञ्चम अध्याय परिवाराध्याय नामक है । इस तन्त्र में विष्णु तीन प्रकार के परिवार कहे गए है १. उत्तम, २. मध्यम और ३. अधम।

इसके बाद सर्वप्रथम परिवार के स्थित (खड़े रहने वाले) विष्णु के परिवार को कहते हैं—**१.** दक्षिणपार्श्व में ब्रह्मा और वामपार्श्व में सदाशिव स्थापित करे । दक्षिण उत्तर पार्श्व में क्रमशः चन्द्रमा और सूर्य को स्थापित क फिर चामर हाथ में लिये हुये लक्ष्मी और श्री को पीछे की ओर स्थापित क अर्चना पीठ के पार्श्व में मार्कण्डेय और पृथ्वी को स्थापित करे । इस स्थित (खड़े) विष्णु नारायण के उत्तम परिवार को कहा गया है। ब्रह्मा सदाशिव से रहित मध्यम परिवार कहे जाते हैं तथा ब्रह्मा रुद्र, चन्द्रमा और से रहित अधम परिवार कहे जाते हैं ।

अब आसीन (बैठे हुये) विष्णु के परिवारों को कहते हैं—दक्षिण पा दक्ष तथा वामपार्श्व में मनु को स्थापित करे । हाथ में चामर लिये हुये रति सरस्वती भित्ति भाग में निर्माण करे ऊपर चन्द्रमा और सूर्य का निर्माण क अर्चनापीठ के पार्श्व में भृगु और नारद का निर्माण करे । **२.** विद्वानों द्वारा और दक्ष से विहीन मध्यम परिवार कहा गया है । **३.** विद्वानों द्वारा मनु, चन्द्रमा और सूर्य से विहीन अधम परिवार कहा गया है । स्थित (खड़े) विष्णु के परिवार को स्थित (खड़ा) ही स्थापित करे । आसीन विष्णु के प को आसीन ही स्थापित करे। अर्चनापीठ के पार्श्व में स्थित परिवार अवस्था में आसीन ही निर्माण करे । चामर हाथ में लिये परिवार को (खड़ा) ही स्थापित करे ।

विष्णु के साथ एक आसन पर किसी भी देवता को स्थापित न क केवल देव विष्णु ही आसन पर रहें । अन्य परिवारजनों को आसन स्थापित करें । जो साधक लोभ वश एक ही आसन पर विष्णु के साथ देवता को स्थापित करते हैं ऐसे कर्त्ता और स्थापक शीघ्र ही विनष्ट हो जाते इस कारण विष्णु के साथ अन्य का सहासन वर्जित करना चाहिये । भगवान् विष्णु के यान पर स्थित रहने पर इनमें से किसी एक को या स्थापित करे । उत्तम, मध्यम और अधम परिवारों में किसी एक को स्था करने में कर्त्ता की इच्छा प्रधान है ।

अब बाहरी परिवार को यथावत् आनुपूर्वी रूप से कहते हैं— तन्त्र प्राकार और आलय के मध्य में प्रासाद मात्र अथवा उसका आधा अथवा उस

आधा अन्तर रखे। प्राकार और गृह में आधे का आधा अन्तर उत्तम है । प्रासाद मात्र अन्तर मध्यम है । तन्त्रवेत्ता को प्रासाद का आधा अन्तर अधम समझना चाहिये। विधानपूर्वक विभाजित गोपुर और विष्णु धाम के मध्य भाग में गोपुर के सन्निकट गरुड़ का आलय होना चाहिये। उतने मान में विभाजित गोपुर से बाहरी पार्श्व में द्वितीय गोपुर के पार्श्व में चक्रालय होना चाहिये । उसी मान से विभाजित दूसरे गोपुर के बाहर किन्तु तृतीय गोपुर के बाहर शङ्खालय होना चाहिये । शङ्ख और गोपुर में जितना अन्तर हो, उससे बाहर, उससे उतनी ही दूरी पर विचक्षण साधक बलि पीठ का निर्माण करे ।

आवरण से बाहर स्थित उत्तम परिवार कहा गया है । शङ्खहीन मध्यम परिवार है तथा चक्रहीन अधम परिवार कहा गया है। तन्त्रवेत्ता अधम में चारों ओर आठ परिवार स्थापित करे । १. इन्द्र, २. अग्नि, ३. यम, ४. निर्ऋति, ५. वरुण, ६. वायु, ७. सोम तथा ८. ईशान, किन्तु तन्त्रवेत्ता साधक मध्यम में चारों ओर द्वादश परिवार स्थापित करे ।

तन्त्रवेत्ता आग्नेय भित्तिकोण में १. नर को, नैर्ऋत्य में २. नारायण को, ३. वायव्य में हरि को, ४. ईशान में कृष्ण को स्थापित करे । फिर तन्त्रवेत्ता पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण चारों दिशाओं का दो-दो भाग करे । इसमें क्रमशः १. पूर्व के दोनों मध्य भाग में मृग एवं व्याध की और २. दक्षिण के दो मध्य भाग में शर्व एवं पिनाक की और ३. दक्षिण के दो मध्य भाग में निर्ऋति की, ४. पश्चिम के दोनों मध्य भाग में कपाली और ईश्वर की और उत्तर के दोनों मध्य भाग में स्थाणु और भव की स्थापना करे । यहाँ तक द्वादश परिवारों को कहा गया है ये मध्यम परिवार हैं ।

उत्तम सोलह परिवार के क्रम को कहते हैं—१. कौशिक, २. गणेश, ३. कन्दर्प और ४. स्कन्द इन्हें क्रमशः आग्नेयादि कोण में स्थापित करे । ५. वाराह, ६. नारसिंह, ७. श्रीधर और ८. हयशीर्ष आदि को क्रमशः पूर्वादि दिशाओं में स्थापित करे । ९. वाराह कौशिक के मध्य में धातो को, १०. नृसिंह कौशिक के मध्य में अर्यमा को, ११. गणेश नृसिंह के मध्य में मित्र को, १२. श्रीधर गणेश के मध्य में वरुण को, १३. कन्दर्प श्रीधर के मध्य में अंश को, १४. हयशीर्ष और काम के मध्य में भग को, १५. हयशिरा और कुमार के मध्य में पर्जन्य को और १६. वाराह स्कन्द के मध्य में त्वष्टा स्थापित करे । ये बहिः परिवार उत्तम कहे जाते हैं । बाहर के शून्य आवरण में सप्त मातृकाओं की स्थापना करनी चाहिये ।

अब क्रमशः उन सप्तमातृकाओं को कहते हैं—१. वागीश्वरी, २. क्रिया, ३. कीर्ति, ४. लक्ष्मी, ५. सृष्टि, ६. विद्या और ७. कान्ति ये सप्त मातृकायें है। इन्हें रक्षा के लिये सर्वदा उत्तर दिशा में स्थापित करे। द्वितीय आवरण के

भीतर और प्रथम आवरण के बाहर ईश.नकोण में विष्वक्सेन की स्थापना चाहिये। मातृकाओं के आलय में दक्षिण ओर लम्बा द्वार बनावे। श्री हयवक्त्र उनके दोनों द्वारपाल हैं । ऐसा करने से परिवार संपूर्ण हो जा ४१।

इन्द्ररात्र में षष्ठ अध्याय विघ्नेशोत्पत्ति नामक है । अब विघ्नेश उत्पत्ति कहते हैं-पूर्व में नारायण के अंश से चार मूर्त्तियाँ उत्पन्न हुईं ।

१. अव्यक्त, वासुदेव नाम वाले कूटस्थ अक्षर महात्मा सदा शि अक्षर वासुदेव का जन्म हुआ । उन देवताओं के आदिदेव ने स्वयं विग्रह किया । उन्हीं को लोग दिव्य पुरुष महाद्भुत महाविष्णु कहते हैं। परमेष्ठी उन्हीं प्रभु को सभी देवताओं तथा सभी लोकों का ईश्वर कहते हैं । उन्हीं समस्त विश्व का कर्ता और पालक कहते हैं। उन वासुदेव ने सर्वप्रथम शान्ति देवी की सृष्टि की। उस शान्ति देवी में उन्होंने क्रमशः पुत्र उत्पन्न कि २. नाम से वही सङ्कर्षण कहे जाते हैं । उन्हीं को लोग सर्वत्र विष्णु भी हैं। उन्हीं क्षयकर्त्ता ईश्वर को पुराणज्ञ शङ्कर भी कहते हैं । उन सङ्कर्षण के देह से श्रीदेवी उत्पन्न हुई । ३. फिर उन प्रभु सङ्कर्षण ने उन श्री देवी से की उत्पत्ति की । वही पुत्र प्रद्युम्न नाम से विख्यात हुए । जिसे विद्वानों ने भी कहा है । उन प्रद्युम्न ने वाङ्मयी देवी सरस्वती की सृष्टि की। फिर सृष्टि कर्ता प्रद्युम्न ने उस सरस्वती में पुत्र उत्पन्न किया । ४. उसी पुत्र को पुरुषोत्तम अनिरुद्ध कहते हैं । उन्होंने रति नाम की तेजोमयी सृष्टि की। फि उन्होंने अपने तेज एवं तप से समस्त लोकों के पितामहों की सृष्टि की। तक ब्रह्माण्ड से बाहर सूक्ष्म शरीर वालों की सृष्टि कही गयी है । इस सृ क्रम में पूर्व-पूर्व की अपेक्षा क्रमशः तेज, वीर्य प्रमाण और आयु कम गया। इस प्रकार आधा पुनः उसका आधा इत्यादि क्रम से ये चारो मूर्तियाँ होती गई । पूर्व के ये चारों मूर्त्तियाँ चतुर्भुज हैं । वर्ण में ये क्रमशः शुक्ल, पीत और कृष्ण वर्ण की हैं । इनमें मानसी शान्ति देवी शुद्धस्फटिक मणि समान स्वच्छ हैं। पद्मधारिणी श्री देवी पद्म के किञ्जल्क के समान रक्त वर्ण सरस्वती गाय के दूध के समान शुभ हैं । अनार पुष्प के समान रति देवी वर्ण हैं । ये सभी सूक्ष्म देवतायें इस ब्रह्माण्ड से बाहर स्थित हैं।

अब ब्रह्माण्ड के भीतर रहने वाली कल्याणकारिणी स्थूलसृष्टि के वि कहते हैं-भगवान् अनिरुद्ध ने सर्वप्रथम जल की सृष्टि की। अनिरुद्ध देव निद्रा के वशीभूत होकर उस जल में सो गये। उनकी नाभि में महत् कमल उत्पन्न हुआ। पद्म को धारण करने वाले उन्होंने सर्वप्रथम वीर्य की की। वह वीर्य अद्भुत हिरण्मय अण्ड हो गया, उस अण्ड से हिरण्य

उत्पत्ति हुई। यही हिरण्यगर्भ पञ्चमहाभूतों के पति तथा हविः के पति कहे गये। पुरावेत्ता लोग इन्हीं दिव्यपुरुष को ब्रह्म और ज्ञेय कहते हैं। वही चतुर्मुख पुरुष, आदि देव वासुदेव का अंश हैं। यही हिरण्मय पुरुष स्थूल सृष्टि का आदि हैं। यही अण्डाधिपति अव्यय और महान् कहा जाता है। उसके बायें शरीर के अर्धभाग से सन्ध्या देवी की उत्पत्ति हुई । उस सन्ध्या में उस पुरुष ने रुद्र नामक पुत्र उत्पन्न किया । मनीषी लोग उसी को सत्य एवं अहङ्कार नामों से कहते हैं। सन्ध्या में और मरीचि आदि पुरुष भी उत्पन्न हुये। ये सभी सत्य के सहोदर हैं जो प्रजासृष्टि में विचक्षण कहे गये हैं। इसके बाद दक्षादिको की उत्पत्ति हुई जिन्हें प्रजापति कहा जाता ह। दक्ष की मानसी कन्या जो यशस्विनी सती नाम वाली है। उनका मनोमय पुत्र अच्युत नाम वाला हुआ।

रुद्र नाम वाले सङ्कर्षण से अच्युत नाम वाला मनोमय पुत्र हुआ तन्त्रवेत्ता उसी अच्युत को साक्षात् 'प्रद्युम्न' कहते हैं।

उन अच्युत प्रद्युम्न से अनिरुद्ध हुये जो साक्षात् अनिरुद्ध के अंश कहे जाते हैं । ब्रह्माण्ड के भीतर होने वाली मूर्त्तियों की यह स्थूल सृष्टि कही गई । पुरुष से उत्पन्न हुई आठ मूर्त्ति भी ब्रह्माण्ड के भीतर कही जाती है । ये पुरुष से उत्पन्न हुई सभी अग्न्यादि आठ मूर्त्तियाँ हैं । उस पुरुष के मुख से अग्नि, पैर से पृथ्वी, निःश्वास से वायु, हृदय से अन्तरिक्ष, चक्षु से आदित्य, मूर्धा से द्युलोक, मन से चन्द्रमा और शुक्र से नक्षत्र उत्पन्न हुये । ये आठ मूर्त्तियाँ अक्षरमय हैं ।

सूक्ष्म वासुदेव नामक मूर्त्ति से १२ मूर्त्तियाँ उत्पन्न हुई जो विष्णु आदि नाम वाले मासाधिप कहे जाते हैं। यहाँ तक सूक्ष्म सृष्टि कही गयी है । ये सभी विघ्नेश्वर हैं। उन्हीं द्वादश मूर्त्तियों से द्वादशरूप में आदित्यों की उत्पत्ति हुई हैं। जो कश्यप से अदिति में स्थूलसृष्टि के रूप में उत्पन्न हुये । धात्रादि द्वादश आदित्य विघ्नेश्वर कहे जाते हैं।

जो ब्रह्म संज्ञक सदादि १६ कलायें पहले कही गयी हैं वही सूक्ष्म सृष्टि में क्रमशः षोडश मूर्त्तियाँ हैं । इन्हें मन्त्रोद्धार प्रकरण में कह दिया गया है। इन्हें वही अपने-अपने नामों से देखना चाहिये अर्थात् यह सब माहेन्द्र संहिता में कह दिया गया है । वही कलायें स्थूल रूप में चन्द्रमा में स्थित है । विष्णु महाविष्णु सदाविष्णु इन तीनों मूर्त्तियों को पहले कह आयें हैं । इनमें तीनों गुण स्थित हैं । तम विष्णु में, रज महाविष्णु में प्रतिष्ठित हैं और सत्त्व सदविष्णु में स्थित है । अग्नीषोमरूपेण ये दोनों एक में मिलकर स्थित हैं । उन्हें दो मूर्त्ती समझना चाहिये । इन दोनों, को द्वैत नाम से कहा जाता है । जो अद्वैत परंब्रह्म कहा जाता है उसी को एकमूर्त्ति कहते हैं ।

अब सभी विष्णु की उत्पत्ति कहते हैं—१. जो वाराहलोक में एकत्र व्यवस्थित रहते हैं । मन्त्रशक्ति से वही ब्राह्मण सौ विष्णु होकर उत्पन्न हुये हैं ।

वे ही एक-एक लोक के सहस्र सहस्र पुरुष के नायक हुये हैं और अष्टाक्ष[र] के जप में परायण हैं।

अब नानात्व भेद से नामों को कहते हैं—पूर्व दिशा में स्थित सौ वि[ष्णु] नाम १. विष्णु, २. जिष्णु, ३. वषट्कार आदि हैं।

२. अब आग्नेय दिशा में जो विष्णु स्थित हैं उन्हें क्रमश: कहते हैं लोक रामलोक में हैं जिनमें ये १०० विष्णु लोक निरन्तर निवास कर[ते] इनके लोकों के १०० विष्णु पति हैं जो प्रत्येक लोक के सहस्र-सहस्र पुरु[षों के] नायक हैं। ये सभी क्षत्रियों की कन्या में ब्राह्मणों द्वारा उत्पन्न किये गये हैं लोगों ने द्वादशाक्षर विद्या के जप के प्रभाव से भक्ति के कारण विष्णुत्व [प्राप्त] किया है। नानात्व के भेद से इनके नाम १. विश्वसृक्, २. विश्वकृत्, ३. ... आदि हैं।

३. अब दक्षिण दिशा में रहने वाले वैष्णव कहते हैं—नारसिंह लो[क] १०० लोक प्रतिष्ठित हैं। उन लोकों के पति १०० वैष्णव हैं वे सभी क्ष[त्रिय] जिन्होंने विष्णु की भक्ति से विष्णुत्व प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अष्टाक्षर म[न्त्र के] प्रभाव से अलग-अलग सिद्धि प्राप्त की है ये प्रत्येक सहस्र-सहस्र पुरु[षों के] नायक हैं। नानात्व भेद से उनके नाम कहते हैं—वे १. विक्रमी २. विक्र... व्यग्र आदि हैं।

४. अब नैर्ऋत्य में जो देव स्थित है उन सभी को कहते हैं—सौ... उन देवताओं के नायक हैं कहे गये हैं। क्षत्रिय से वैश्य कन्या में वैश्योत्त[म] भक्ति से द्वादशाक्षर विद्या के कारण विष्णुत्व प्राप्त किया है। वे ... सहस्रपुरुषों के नायक हैं नामों के नानात्व भेद से उनके नाम १. वैकुण्[ठ] ... पुरुष, ३. प्राण आदि हैं।

५. अब जो पश्चिम दिशा में रहने वाले विष्णु हैं उन्हें कहते हैं— ... वाद श्रीधर के लोक में १०० लोक हैं उनके भी नायक १०० विष्णु कहे... हैं। इनमें से प्रत्येक सहस्रों पुरुषों के नायक हैं। ये वैश्य थे और अ... महामन्त्र के जप से विष्णुत्व को प्राप्त हो गये। नामों के नानात्व भेद के... अब इनके नाम १. भग, २. भगोदय, ३. भर्ग आदि हैं।

६. अब वायव्य दिशा में जितने विष्णु हैं उन्हें कहते हैं—वहाँ ... लोक है जिसमें १०० लोक हैं। उनके नायक सौ विष्णु कहे गये हैं वहाँ ... से वैश्य कन्या में उत्पन्न १०० वैश्योत्तम हैं जिन्होंने द्वादशाक्षर विद्या के ... से विष्णुत्व प्राप्त किया है इनमें प्रत्येक सहस्र पुरुषों के नायक हैं। अब ... नानात्व भेद से उनके नाम १. पुमान्, २. पुराण, ३. पुष्पाशी आदि हैं।

७. अब जो वैष्णव उत्तर दिशा में स्थित हैं उन्हें कहते हैं—हय...

लोक में सौ और लोक हैं उनके १०० विष्णु नायक कहे गये हैं प्रत्येक सहस्र सहस्र पुरुषों के पति अर्थात् पालक हैं। ब्राह्मण से शूद्रकन्या में जो शूद्रोत्तम उत्पन्न हुये हैं । वे ही अष्टाक्षर जप के प्रभाव से विष्णु हो गये हैं । नाम के नानात्व भेद से उनके नाम १. भूत, २. भव्य, ३. भविष्य आदि हैं।

८. अब ईशान दिशा में रहने वाले जितने विष्णु हैं, उनके विषय में कह रहा हूँ । क्षत्रिय साधक से शूद्र कन्या में उत्पन्न जो शूद्रसत्तम हुये हैं उन्होंने भक्तिपूर्वक द्वादशाक्षर की उपासना से विष्णुत्व प्राप्त किया है । वासुदेव के लोक में और सौ लोक हैं उनके सौ नायक हैं, प्रत्येक सहस्र पुरुषों के वे सौ नायक हैं । नाम के नानात्व भेद से उन सौ विष्णु के नाम १. उग्र, २. निग्र, ३. समग्र, आदि हैं ।

कपिललोक में असंख्य विष्णु हैं। विद्येश्वर विष्णुओं का नाम संक्षेप में यहाँ कहा गया है १५४।

इन्द्ररात्र में सप्तम अध्याय विष्णुलोक नामक है जिसमें सभी विष्णुओं के लोकों को कहते हैं—

१. सर्वप्रथम पूर्व दिशा में स्थित सौ योजन लम्बा सौ योजन चौड़ा वाराहलोक है जो हरित मणि के प्राकार से शोभित है । वह ज्योतिस्वरूप अत्यन्त शुभ गोपुरों से सुशोभित है । वह बहुसंख्यक प्रासाद से उपशोभित हैं। वह इसी प्रकार चारो ओर दश-दश लोकों से आठों दिशाओं तथा नीचे और ऊपर दशो दिशाओं में सुशोभित है। उस वाराहलोक में लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के अथवा मित्रों के क्रीडा का पर्वत है। वहाँ के लोगों के लिये शुभा नाम की श्रेष्ठ नदी है और राजकल्पक नामक वृक्ष है। इन सभी के बाहर हिरण्मय साल (साखू) वृक्ष है जो सहस्रो योजन फैला हुआ है और चार गोपुरो से सुशोभित है। १. मुख्य और मुकुन्द पूर्व के द्वारपालों के नाम है। २. रक्ष और पिङ्गल दक्षिण के द्वारपाल का नाम है। ३. विरूप और विकृति पश्चिम के द्वारपाल का नाम है। ४. उत्कट और विकट उत्तर के द्वारपालों का नाम है । इन लोगों के द्वारा असंख्य गोपुर चारों ओर से सुरक्षित हैं। १. पूर्व द्वार का नाम विभद्र, २. दक्षिण द्वार का नाम भद्र, ३. पश्चिम द्वार का नाम सुभद्र और ४. उत्तर द्वार का नाम अभद्र है । १. उद्योत, २. द्योतकृत्, ३. द्योत और ४. द्युतिमान् ये उन चार गोपुरो के नाम क्रमशः कहे गये हैं ।

२. पश्चिम द्वार के पार्श्व में चक्रलोक है जो क्रमशः पश्चिम द्वार से सौ योजन दूर है। उसके अग्निकोण में रामलोक है जो शत योजन लम्बा और शत योजन चौड़ा है। वह पद्मरागमणि से निर्मित प्राकार से घिरा हुआ है। उसके गोपुर सुवर्ण निर्मित है तथा उसमें अनेक प्रासाद निर्मित है। पूर्व की भाँति उसके दशों

वे ही एक-एक लोक के सहस्र सहस्र पुरुष के नायक हुये हैं और अष्टाक्षर के जप में परायण हैं।

अब नानात्व भेद से नामों को कहते हैं—पूर्व दिशा में स्थित सौ विष्णु के नाम १. विष्णु, २. जिष्णु, ३. वषट्कार आदि हैं।

२. अब आग्नेय दिशा में जो विष्णु स्थित हैं उन्हें क्रमशः कहते हैं। लोक रामलोक में हैं जिनमें ये १०० विष्णु लोक निरन्तर निवास करते… इनके लोकों के १०० विष्णु पति हैं जो प्रत्येक लोक के सहस्र-सहस्र पुरुष… नायक हैं। ये सभी क्षत्रियों की कन्या में ब्राह्मणों द्वारा उत्पन्न किये गये हैं… लोगों ने द्वादशाक्षर विद्या के जप के प्रभाव से भक्ति के कारण विष्णुत्व… किया है। नानात्व के भेद से इनके नाम १. विश्वसृक्, २. विश्वकृत्, ३. … आदि हैं।

३. अब दक्षिण दिशा में रहने वाले वैष्णव कहते हैं—नारसिंह लोक… १०० लोक प्रतिष्ठित हैं। उन लोकों के पति १०० वैष्णव हैं वे सभी क्षत्रि… जिन्होंने विष्णु की भक्ति से विष्णुत्व प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अष्टाक्षर म… प्रभाव से अलग-अलग सिद्धि प्राप्त की है ये प्रत्येक सहस्र-सहस्र पुरुष… नायक हैं। नानात्व भेद से उनके नाम कहते हैं—वे १. विक्रमी २. विक्रम… व्यग्र आदि हैं।

४. अब नैर्ऋत्य में जो देव स्थित है उन सभी को कहते हैं—सौ… उन देवताओं के नायक हैं कहे गये हैं। क्षत्रिय से वैश्य कन्या में वैश्योत्त… भक्ति से द्वादशाक्षर विद्या के कारण विष्णुत्व प्राप्त किया है। वे… सहस्रपुरुषों के नायक हैं नामों के नानात्व भेद से उनके नाम १. वैकुण्ठ… पुरुष, ३. प्राण आदि हैं।

५. अब जो पश्चिम दिशा में रहने वाले विष्णु हैं उन्हें कहते हैं—… वाद श्रीधर के लोक में १०० लोक हैं उनके भी नायक १०० विष्णु… हैं। इनमें से प्रत्येक सहस्रों पुरुषों के नायक हैं। ये वैश्य थे और… महामन्त्र के जप से विष्णुत्व को प्राप्त हो गये। नामों के नानात्व भेद के… अब इनके नाम १. भग, २. भगोदय, ३. भर्ग आदि हैं।

६. अब वायव्य दिशा में जितने विष्णु हैं उन्हें कहते हैं—वहाँ… लोक है जिसमें १०० लोक हैं। उनके नायक सौ विष्णु कहे गये हैं वहाँ… से वैश्य कन्या में उत्पन्न १०० वैश्योत्तम हैं जिन्होंने द्वादशाक्षर विद्या के… से विष्णुत्व प्राप्त किया है इनमें प्रत्येक सहस्र पुरुषों के नायक हैं। अब… नानात्व भेद से उनके नाम १. पुमान्, २. पुराण, ३. पुष्पाशी आदि हैं।

७. अब जो वैष्णव उत्तर दिशा में स्थित हैं उन्हें कहते हैं—हय…

लोक में सौ और लोक हैं उनके १०० विष्णु नायक कहे गये हैं प्रत्येक सहस्र सहस्र पुरुषों के पति अर्थात् पालक हैं। ब्राह्मण से शूद्रकन्या में जो शूद्रोत्तम उत्पन्न हुये हैं । वे ही अष्टाक्षर जप के प्रभाव से विष्णु हो गये हैं । नाम के नानात्व भेद से उनके नाम १. भूत, २. भव्य, ३. भविष्य आदि हैं।

८. अब ईशान दिशा में रहने वाले जितने विष्णु हैं, उनके विषय में कह रहा हूँ । क्षत्रिय साधक से शूद्र कन्या में उत्पन्न जो शूद्रसत्तम हुये हैं उन्होंने भक्तिपूर्वक द्वादशाक्षर की उपासना से विष्णुत्व प्राप्त किया है । वासुदेव के लोक में और सौ लोक है उनके सौ नायक हैं, प्रत्येक सहस्र पुरुषों के वे सौ नायक हैं । नाम के नानात्व भेद से उन सौ विष्णु के नाम १. उग्र, २. निग्र, ३. समग्र, आदि हैं ।

कपिललोक में असंख्य विष्णु हैं। विद्येश्वर विष्णुओं का नाम संक्षेप में यहाँ कहा गया है ॥५४॥

इन्द्ररात्र में सप्तम अध्याय विष्णुलोक नामक है जिसमें सभी विष्णुओं के लोकों को कहते हैं—

१. सर्वप्रथम पूर्व दिशा में स्थित सौ योजन लम्बा सौ योजन चौड़ा वाराहलोक है जो हरित मणि के प्राकार से शोभित है । वह ज्योतिस्वरूप अत्यन्त शुभ गोपुरों से सुशोभित है । वह बहुसंख्यक प्रासाद से उपशोभित हैं। वह इसी प्रकार चारो ओर दश-दश लोकों से आठों दिशाओं तथा नीचे और ऊपर दशो दिशाओं में सुशोभित है। उस वाराहलोक में लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के अथवा मित्रों के क्रीडा का पर्वत है। वहाँ के लोगों के लिये शुभा नाम की श्रेष्ठ नदी है और राजकल्पक नामक वृक्ष है। इन सभी के बाहर हिरण्मय साल (साखू) वृक्ष है जो सहस्रो योजन फैला हुआ है और चार गोपुरों से सुशोभित हैं। १. मुख्य और मुकुन्द पूर्व के द्वारपालों के नाम है। २. रक्ष और पिङ्गल दक्षिण के द्वारपाल का नाम है। ३. विरूप और विकृति पश्चिम के द्वारपाल का नाम है। ४. उत्कट और विकट उत्तर के द्वारपालों का नाम है । इन लोगों के द्वारा असंख्य गोपुर चारों ओर से सुरक्षित हैं। १. पूर्व द्वार का नाम विभद्र, २. दक्षिण द्वार का नाम भद्र, ३. पश्चिम द्वार का नाम सुभद्र और ४. उत्तर द्वार का नाम अभद्र है । १. उद्योत, २. द्योतकृत्, ३. द्योत और ४. द्युतिमान् ये उन चार गोपुरो के नाम क्रमशः कहे गये है ।

२. पश्चिम द्वार के पार्श्व में चक्रलोक है जो क्रमशः पश्चिम द्वार से सौ योजन दूर है। उसके अग्निकोण में रामलोक है जो शत योजन लम्बा और शत योजन चौड़ा है। वह पद्मरागमणि से निर्मित प्राकार से घिरा हुआ है। उसके गोपुर सुवर्ण निर्मित है तथा उसमें अनेक प्रासाद निर्मित है। पूर्व की भाँति उसके दशों

दिशाओं में हजारों लोक स्थित हैं। वहाँ भी लोकालोक नामक ... राजमहिषियों के क्रीड़ा का स्थल है। यहाँ वाहिनी नाम की नदी है और ... वृक्ष है। इन सभी के बाहर वहाँ भी ताम्रवर्ण का साल गृह है जो सहस्र ... फैला हुआ है और यह चार गोपुरों (प्रधान फाटक) से घिरा हुआ है। ... कोणों पर स्थित सभी गोपुर हिरण्मय है। १. विरिञ्चि और विश्वक... आग्नेयकोण के द्वारपाल है। २. गोपी और वीरतर ये नैर्ऋत्यकोण के ... है। ३. निष्ठुर और दुर्मुख वायव्यकोण के द्वारपाल हैं। ४. भीमसेन और ... ये ईशानकोण के द्वारपाल हैं। १. मन्थर, २. वारुण, ३. वज्र और ४. ... क्रमशः गोपुरों के नाम हैं। दिशाओं के १. श्वभ्र, २. अभ्रंलिह, ३. प्रां... ४. उच्च-ये चारों गोपुरों के तोरणों के पृथक्-पृथक् नाम हैं।

वायव्य में स्थित गोपुर से सौ योजन की दूरी पर कालाग्नि का लो... जो सौ योजन लम्बा है।

३. नारसिंहलोक दक्षिण दिशा में स्थित है। यह सौ योजन लम्बा ... सौ योजन चौड़ा है । यह चारों ओर स्फटिकमय साल प्रासादों से ... अष्टापदमय (सुवर्णमय) दिव्य गोपुरों से सुशोभित है। सर्वत्र रजत निर्मित ... से उपशोभित है । आठो दिशाओं ऊपर और नीचे अर्थात् दशो दिशाओं ... गोपुरों से सर्वत्र सुशोभित हैं। यहाँ भी लोकालोक नामक महागिरि राजम... के क्रीड़ा का स्थल है। यहाँ भी मधुमती नाम की नदी है और उसके ... सुवर्णमय वृक्षों से उपशोभित है। उसके प्राकार भाग में पितरों का पुर निर्मित ... जो सहस्र योजन लम्बा तथा चार गोपुरों से युक्त है। १. कुटिल एवं कुटि... पूर्व द्वार के द्वारपाल हैं। २. तण्डिम एवं कुम्भनाभ दक्षिण दिशा के द्वारपाल ... ३. विद्युत्केश एवं विकेश पश्चिम दिशा के द्वारपाल हैं। (यहाँ ४. उत्तर दि... द्वारपालों को नहीं कहा गया है) । १. नन्दिक, २. विन्दक, ३. श्रेणिक ... ४. प्रापक ये चारों गोपुरों के नाम हैं। १. वसु भाग २. सुभाग ३. विभाग ... ४. भाग ये चारों दिशाओं के तोरणों के नाम हैं।

४. रामलोक दक्षिण गोपुर के बाद सौ योजन की दूरी पर नैर्ऋत्य ... में स्थित है जो सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है। जो आठों दि... ऊपर तथा नीचे इस प्रकार कुल दशों दिशाओं को घेरे हुये हैं। यहाँ लोका... नाम का महागिरि वहाँ के रहने वालों का क्रीडापर्वत है। यहाँ संतरणी ना... नदी है और संतानक नामक वृक्ष हैं। उसके बाहर चारो ओर आरकूट (पी... मय सुन्दर वृक्ष है। वह सहस्र योजन पर्यन्त फैला हुआ है और चार गोपु... संयुक्त है। सभी गोपुर कंसमय (काँसा) के आभोग से युक्त हैं। १. अ... और पराङ्मुख पूर्व दिशा के द्वारपाल है। २. वञ्चन एवं निषद दक्षिण दि... द्वारपाल हैं । ३. बल एवं अतिबल पश्चिम दिशा के तथा ४. कुहक और ...

उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं। १. सुवाह, २. प्रवाह, ३. निवाह और ४. वाह ये उन चारों गोपुरों के नाम हैं। १. वक्रक, २. तीक्ष्णक, ३. मुञ्ज और ४. वीरभद्र ये यथासंख्य उन तोरणों के नाम हैं। पूर्व के द्वार से सौ योजन दूर वारुणलोक स्थित है।

५. वामनलोक सौ योजन लम्बा एवं सौ योजन चौड़ा है। यह वैडूर्य मणि के साल प्रासादों से चारों ओर सुशोभित है। वह सुवर्णमय चार गोपुरों से युक्त है और चारों ओर सुवर्णमय सालों गृह से सुशोभित है। इस प्रकार के दस-दस लोकों से क्रमशः आठो दिशाओं तथा नीचे-ऊपर घिरा हुआ है। लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के क्रीडास्थल से सुशोभित है। यहाँ सरस्वती नाम की महानदी है और ब्रह्मवृक्ष के द्रुम विद्यमान है। इन सभी के बाहर लोहमय कल्याणकारी गोलाकार प्राकार है। वह प्राकार सहस्रयोजन तक फैला है और चार गोपुरों से युक्त है। ये सभी प्राकार चारों कोणों में सुवर्ण निर्मित है। १. भानुमान एवं उग्रतेजा आग्नेयकोण के द्वारपाल है। २. वरिष्ठ एवं कलह नैर्ऋत्यकोण के द्वारपाल है। ३. तुङ्गघोण एवं विकर्ण वायव्यकोण के तथा ४. उत्क्रोशन और विसारि ईशान कोण के द्वारपाल कहे गये है। १. सुधामा, २. निधामा, ३. प्रधामा और ४. बहुधामक ये गोपुरों के नाम हैं। १. तुङ्ग, २. अतितुङ्ग, ३. नितुङ्ग और ४. प्रतुङ्ग ये तोरणों के यथासंख्य नाम हैं। आग्नेय द्वार देश से सौ योजन दूर सौ योजन विस्तार वाला वायुलोक प्रतिष्ठित है।

६. हयशीर्षलोक उत्तर दिशा में स्थित है। यह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है और मोती से निर्मित प्राकारों से परिशोभित है। अत्यन्त मनोहर सुवर्णमय चार प्राकारों से शोभित है। इसी प्रकार वह क्रमशः दस दस लोकों से घिरा हुआ है। वह आठों दिशाओं एवं ऊपर तथा नीचे दसो दिशाओं में घिरा हुआ सुशोभित है। वहाँ भी लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों का क्रीडास्थल है। प्रस्रविणी नाम की महानदी है और अश्वत्थ के वृक्ष हैं। इनका बाहरी तल उत्कृष्ट गन्ध से युक्त समतल तथा मनोहर है। वहाँ काले लोहों से निर्मित परम सुन्दर चार गोपुर हैं। १. स्तब्धक और मुञ्जकेश ये पूर्व दिशा के द्वारपालों के नाम हैं २. एकनेत्र और त्रिनेत्र दक्षिण के, ३. भीषण और रोचन पश्चिम के, ४. प्रमोह और विश्वक उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं। १. नियोनि, २. निवय, ३. सुलय और ४. प्रलय ये गोपुरों के नाम हैं । १. संधान, २. प्रधान, ३. सुधान और ४. धान ये क्रमशः वार तोरणों के नाम हैं । दक्षिण के इस गोपुर से सौ योजन की दूरी पर सौ योजन लम्बा सोमलोक प्रतिष्ठित है। यहाँ तक अश्वशिरा लोक का वर्णन किया गया है।

७. वासुदेवलोक ईशानकोण में स्थित है। यह सौ योजन लम्बा सौ

योजन चौड़ा है और चारों ओर वज्रमणि से बने हुये प्राकार से परिवेष्टित यह अत्यन्त शुभ सुवर्णमय चार गोपुरों से घिरा हुआ है । इसी प्रकार दश-दश लोकों से यह क्रमशः घिरा हुआ है। यह आठो दिशाओं तथा ऊपर नीचे तक घिरा हुआ सुशोभित है । यहाँ लोका-लोक नाम का म राजमहिषियों का क्रीडास्थल है । वर्णवती नाम की नदी है । यहाँ विल्वमय वृक्ष विद्यमान है इन लोकों का बाहरी प्राकार अयस्कान्त मणि से हुआ अत्यन्त मनोहर है । इनके कोणों पर चार गोपुर बनाये गये हैं विद्रुमाक्ष एवं स्फुलिङ्गाक्ष ये आग्नेय दिशा के द्वारपाल हैं । २. उग्र वलाकास्य नैर्ऋत्य के द्वारपाल ताम्रफुल्ल और ३. किरीटी एवं वायव्य के ४. पीनबाहु और सुबाहु ईशान दिशा के द्वारपाल हैं । १. सुक्रीड, २. आ ३. क्रोडन और ४. क्रीड ये गोपुरों के नाम हैं । १. सुबन्धु, २. बन्धु प्रबन्धु और ४. निबन्धुक ये क्रमशः तोरणों के नाम कहे गये हैं । नैर्ऋत्य के पश्चात् सौ योजन दूरी पर ईशान का लोक है उसकी दूरी सौ योजन सभी लोकों के प्राकार पृथक्-पृथक् हैं, कोई चौकोर हैं या कोई गोल है सभी बाहर स्थित हैं ।

८. अब इन सबके नीचे **कपिल का लोक** है । महामुनि कपिल रसातल में महान् लोक हैं । यह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है ओर मुक्तामय सौंध से और पद्मराग मणियों द्वारा बने हुये गोपुरों से परि है उसके बाहर चारो ओर सैकड़ों लोक प्रतिष्ठित हैं । उसके बाहर विद्रुम से बनाया गया प्राकार हैं जो शुभ्र एवं स्फटिक मणि से बनाये गये चार से संयुक्त हैं । उसके चारों ओर सहस्त्रों लोक प्रतिष्ठित हैं उनके बाहर अत्यन्त सुन्दर प्राकार है । ये सभी प्राकार हरिजात शिला से निर्मित गोपुर सुशोभित है उसके बाद उसके चारो ओर दस हजार लोक स्थित है। उनके का प्राकार पद्मराग मणि से बनाया गया है जो अत्यन्त मनोहर है और मु से निर्मित शुभ्र गोपुरों से सुशोभित है। उसके ऊपर लाख संख्या में लोक है । उनके बाहर के प्रकार गरुत्मत् मणि से बनाये गये हैं। वे पुष्परागमय गोपुरों से सुशोभित है। उनके भी बाहर प्रमाण में करोड़ों संख्यक लोक स्थि उनके भी बाहर प्राकार हैं जो वैदूर्यमणि से निर्मित है और वे सुवर्णमय गोपुरों से सुशोभित है।

अब उनके द्वारपालों को कहते हैं—१. सुद्युम्न एवं मयीन्द पूर्वदिशा द्वारपाल है। २. सुमित्र शङ्कद दक्षिण दिशा के ३. पर्जन्य पाञ्चजन्य पश्चिम के ४. विशालाक्ष करालाक्ष उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं। १. पूर्व दिशा के का नाम विमन्दिर, २. दक्षिण के गोपुर का नाम सुमन्दिर, ३. पश्चिम के का नाम मन्दिर और ४. उत्तर दिशा के गोपुर का नाम प्रमन्दिर है। ये गोपुर

नाम कहे गये । अब तोरणों के नामों को कहते हैं—१. उल्लेख, २. सुलेख, ३. प्रलेख और ४. विलेख नामक यथासंख्य तोरणों के नाम है।

९. अब **विष्णुलोक** के विषय में कहता हूँ मेरु की जितनी ऊँचाई है उससे उतनी ऊपर विष्णुलोक हैं जहाँ नव विष्णु हैं । वह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है । उस लोक के प्रासाद सभी रत्नों से निर्मित है । उसके समस्त गोपुर वज्रमय तथा शुभ्र वर्ण के हैं । उसके चारो ओर सैकड़ों की संख्या में ब्रह्म लोक स्थित हैं । उनके बाहर का प्राकार ब्रह्मरागमय तथा अत्यन्त मनोहर है ।

उसके गोपुर गारुड़ मणियों से चित्रित हैं । उसी प्रकार सहस्त्रों रुद्रलोक भी निर्मित हैं । उन रुद्रलोक के बाहर के प्राकार पद्मरागमणि से निर्मित हैं । वह प्राकार स्फटिक मणि से निर्मित शुभ्र एवं गोपुरों से चारो ओर सुशोभित है । उसके बाद दस हजार देवलोक हैं । उनके बाहर का प्राकार मरकत मणि से विरचित है । वे वज्रमणि से निर्मित गोपुरों से अत्यन्त मनोहर हैं । उसके बाद लाखों की संख्या में सर्वलोक सुखावह देवताओं और पितरों के लोक हैं । उनके बाहर के प्राकार रजत निर्मित है । वे प्राकार सुवर्ण निर्मित शुभ्र गोपुरों से सर्वत्र शोभित हैं । १. कुमुद एवं कुमुदाक्ष ये पूर्वदिशा के द्वारपाल हैं । २. पुण्डरीक एवं वामन दक्षिण दिशा के, ३. शङ्कुकर्ण एवं सर्वनेत्र पश्चिम दिशा के द्वारपाल है । ४. सुमुख और सुप्रतिष्ठित उत्तर दिशा के द्वारपाल कहे गये है । उसके ऊपर महाविष्णु का लोक स्थित है उसका प्राकार और गोपुर दोनों ही रजत निर्मित है । वहाँ कोई और लोक नहीं है । वहाँ के देव ही एक मात्र पुरुष है। वे ज्योतिर्मण्डल के मध्य में उनको इदमित्थं ज्योतिर्मय रूप से निर्देश नहीं किया जा सकता । उनके चण्ड और प्रचण्ड नाम के दो द्वारपाल हैं । उसके ऊपर महाविष्णु का लोक है जो अचिन्त्यतम से परे है ।

१०. **महाविष्णुलोक** को दिव्य पुरुष एवं अनामय नारायण कहा जाता है । उनके बाद न कोई है, न हुआ था और न होगा । यह वही सनातन वासुदेव इस ब्रह्माण्ड से बाहर हैं जो अव्यक्त होने से महाविष्णु नाम से जाने जाते हैं । विष्णु के नीचे मेरु है जहाँ स्थूल मूर्त्तियों का निवास है । पुरुष, सत्य अच्युत अनिरुद्ध उन सदा विष्णु कक आवाहन विसर्जन से अर्चना करते हैं । वे नित्य अष्टाक्षर जप में परायण रहते हैं तथा उनके ज्ञान एवं ध्यान में लगे रहते हैं ।

अब सप्त वैष्णवमाताओं को कहते हैं—वहाँ से उत्तर दिशा में सात वैष्णव माताओं का निवास है। वागीश्वरी, क्रिया, कीर्त्ति, लक्ष्मी, सृष्टि, विद्या और कान्ति ये वैष्णव मातृकायें हैं। ये सभी शङ्ख एवं चक्र धारण करने वाली तथा चार भुजाओं वाली है। ये वर्ण से शुक्ल, रक्त, पीत और हरित वर्ण वाली है। इस

प्रकार वर्ण से इनका कीर्त्तन किया गया है। मूर्त्तिलोक में निवास करने वाले विष्णु को संक्षेप में यहाँ कहा गया है। ये सभी लोक का कल्याण करने के मूर्त्ति रूप धारण किये हुये हैं। इनके स्मरण मात्र स? साधक मनुष्य समस्त से छूट जाता है। इस कारण विष्णु परायण विष्णुभक्तों को सब प्रकार के से सर्वपाप प्रणाश करने वाले इस अध्याय का नित्य स्वाध्याय करना १९८।

इन्द्ररात्र में अष्टम अध्याय शिष्यलक्षण नामक है । अब योनि को कहता हूँ, जिनमें वैष्णव उत्पन्न होते हैं, क्षेत्र को योनि कहते हैं, वह क्षेत्र हैं । चातुर्वर्ण्य व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र चार प्रकार का कहा गया है । क्षेत्र, परिग्रह कन्या, विधवा पुनर्भू और स्वैरिणी ये चार प्रकार की स्त्रियाँ गई है, इन सभी क्षेत्रभूता स्त्रियों में पूर्व-पूर्व प्रशस्त मानी गई है । चारों के लिये कन्या प्रशस्त मानी गयी है, क्षत्रियादि तीन वर्णों के लिये उत्तमा कही गई है । इसमें क्षेत्रज उत्पन्न होते हैं । पुनर्भू वैश्य और शूद्र के प्रशस्त है स्वैरिणी नाम वाली केवल शूद्र के लिये प्रशस्त कही गई है ।

चातुर्वर्ण्य में यथाक्रम कन्या दो प्रकार की कही गई है । जिसकी कभी क्षत न हुई हो, वह अक्षत योनि और दूसरी क्षतयोनि ये कन्या के दो हैं, अक्षतयोनि शुद्ध है वह सबके लिये प्रशस्त मानी गई है । ब्राह्मण छोड़कर तीन वर्णों के लिये क्षतयोनि भी शस्त है जिसको क्षतयोनि कहा है, वही फिर विधवा कही जाती है। ब्राह्मण द्वारा क्षत्रिय वैश्य और शूद्र का क्षतयोनि होने पर उत्तम क्षतयोनि कही जाती है ।सवर्ण द्वारा जिसकी योनि हो गई है वह सवर्णक्षतयोनि कही जाती है इनमें भी पूर्व-पूर्व श्रेष्ठ है। ये क्षतयोनि यदि नियोग न करें तो प्रशस्त है, चाहे प्रसूत हाँ या अप्रसूत हो विवाह के योग्य होती है। ये सभी क्षतयोनियाँ दो प्रकार की कही गई है । प्रसूता और दूसरी गर्भिणी । इसमें जो प्रसूता है वह श्रेष्ठ है गर्भिणी वर्णानुसार कुमारी कन्या के विवाह के अनन्तर जो प्रसूत पुत्र होता है क्रमानुसार औरस पुत्र कहा जाता है वही पिता के सम्पति के अधिकारी अप्रणीता (अविवाहित) कन्या में प्रसूत पुत्र 'कानीन' पुत्र कहा जाता है गर्भिणी होने के बाद विवाह होने पर 'सहोढ़' पुत्र कहा जाता है। सहोढ़ सम्पत्ति का अधिकारी होता है, किन्तु कानीन पुत्र कदापि नही । कानीन छोड़कर सभी दीक्षा के योग्य कहे गये हैं, किन्तु सहोढ आचार्य होने के कदापि नहीं होता ।

अब विधवा के विषय में कहते हैं—जिसमें क्षेत्रज पुत्र उत्पन्न होता क्षत, अक्षत या अपत्यरहित विधवा यदि ब्राह्मण के द्वारा अथवा देवर द्वारा उत्पन्न करती है तब वह विधवा कही जाती है। उससे उत्पन्न पुत्र क्षेत्रज कहा जाता है ।

विधवा दो प्रकार की कही जाती है एक अक्षता दूसरी क्षता । अक्षता सर्वदा प्रशस्त कही गयी है । उसके अप्राप्य होने पर साधक के लिए 'क्षता' उपयोगी है । क्षता दो प्रकार की कही गई है प्रथम विक्षता और दूसरी स्वक्षता । कन्या अवस्था में क्षतयोनि 'विक्षता' कही जाती है । विवाह हो जाने पर पति द्वारा क्षतयोनि 'स्वक्षता' कही जाती है । स्वक्षता सर्वदा श्रेष्ठ है । उसके अभाव में विक्षता है। विधवावस्था में प्रसूता सर्वदा वर्जनीय है । उससे उत्पन्न पुत्र गोलक कहा जाता है। एक गोलक को छोड़कर सभी 'क्षेत्रज' पुत्र कहे जाते हैं सभी क्षेत्रज दीक्षा के योग्य हैं, परन्तु उन्हें सत्तत्रं (ऊँचा पद) वर्जित करे । विधवा में वैश्य शूद्र से उत्पन्न पुत्र पुनर्भू कहा जाता है। अक्षत योनि कन्या एक बार दे देने पर (विवाहित होने पर) जब उसका पुनः विवाह किया जाता है तब वह स्त्री पुनर्भू कही जाती है । उससे उत्पन्न हुआ पुत्र पौनर्भव कहा जाता है। जो क्षतयोनि होने पर विवाहित है उसे प्रभू कहा जाता है । उसका पुत्र 'प्राभव' कहा जाता है । इस प्रकार दोनों के लिये शास्त्रीय व्यवस्था है । पौनर्भव सर्वदा प्रशस्त है उसके अप्राप्य होने पर प्राभव है । यदि ऐसी उपर्युक्त कन्या में सवर्ण से पुत्र उत्पन्न हुये हों तो वे दोनों पौनर्भव ही कहे जायेंगे । वर्णों में आनुलोम्य से अथवा सवर्णा में सवर्ण से उत्पन्न हुये दोनों प्रकार के पुत्र सर्वदा प्रशस्त हैं । दीक्षा के लिए प्रातिलोम्य पुत्र सर्वदा विवर्जित है। जिसे पहले स्वैरिणी कहा गया है उसमें शूद्रजा प्रशस्त है ।

स्वैरिणी उसे कहते हैं जो पति के जीते जी काम के वशीभूत होकर चार वर्णों में किसी एक वर्ण के पति को स्वीकार कर ली हो, उससे उत्पन्न हुआ पुत्र बलल कहा जाता है । वर्णानुक्रम से वलल पुत्र चार प्रकार के होते हैं । महानसिक (१) पैठा (२) सूचक (३) और सूप (४) ये चारों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों से उत्पन्न पुत्रों के नाम हैं। यतः यह अपना वर्ण छोड़कर द्वितीय वर्ण में चली गई इसलिये यह स्वैरिणी हो गई। उसी समय से वह वेश्या हो गई उसका लड़का वेश्या पुत्र कहा जायेगा। उसकी अपेक्षा वलल श्रेष्ठ है। वेश्या पुत्र वर्जित है। स्वैरिणी दो प्रकार की कही गई है प्रसूता और अप्रसूता अप्रसूता श्रेष्ठ है। उसके अप्राप्य होने पर प्रसूता है। जो द्वितीय के साथ चली गई वह वर्जनीय है उसे सदा दासी कहा जाता है। दायभाग में उसके लड़के को दासीपुत्र कहा जाता है। उसे वर्जन करना चाहिये और प्रव्रजिता के पुत्र को भी वर्जित करें।

अब **बीजशुद्धि** के विषय में कहते हैं—चातुर्वण्य में जो बीज स्खलित न हो ब्रह्मचर्य पूर्वक स्थित हो, अविवाहित हो ऐसा बीज समस्त कर्म में प्रशस्त

कहा गया है । ब्रह्मचर्य का स्खलन तीन प्रकार का कहा गया है प्रथम द्वितीय वाचिकी और तीसरी कायिकी । ब्रह्मचर्य व्रत में पूर्व पूर्व स्खलन हैं ब्रह्मचर्य व्रत में जो मानसिक स्खलन होता है वह विष्णु का ध्यान क वैष्णव भक्त के विष्णु स्मरण मात्र से नष्ट हो जाता है वाचि की भी अष्टाक्षर मंत्र के जप से नष्ट होता है और कायिकी स्खलन योग उपवास से ही नष्ट होता है । कायिकी स्खलन पुनः दो प्रकार का कहा १. योनि में अथवा २. अयोनि में जो वीर्यस्खलन होता है वह कायि इसमें पूर्व प्रशस्त है । पूर्वा दो प्रकार का होता है प्रथम यत्नजा और अयत्नजा । स्त्री के देखने से अथवा स्वप्न में अथवा जो वीर्य स्खलन वह 'अयत्नजा' होता है । उससे अन्य बलपूर्वक जो वीर्य स्खलन होता 'यत्नजा' कहा जाता है । उसमें अयत्नजा श्रेयसी कही गयी है क्योंकि नित्य स्खलति होती रहती है।

योनि में स्खलित होने वाली ब्रह्मचर्य प्लुति दो प्रकार की कही १. तिर्यङ् योनि और २. मनुष्य योनि । मनुष्य योनि की अपेक्षा ति बलीयसी होती है । चारों वर्णों के लिये पूर्वा पूर्वा गरीयसी कही गई है स्त्री में वीर्य स्खलन कदापि दोषावह नहीं होता । केवल अपनी स्त्री में स्खलन करने वाला सर्वदा 'ब्रह्मचारी' ही कहा जाता है। अयोनि में स्खलन होता है वह 'प्लुति' नित्य अयत्नजा कही जाती है । विष्णु उपवास करने से उसका दोष नष्ट हो जाता है । अपनी स्त्री में यत्नजा नित्य ही व्रत और उपवास से नष्ट हो जाती है । जो तिर्यग्योनि (अन्य वीर्यप्लुति कही गई है वह प्रायश्चित्त से शुद्ध होती है । मनुष्य योनि में प्रकार की वीर्यप्लुति कही गई है वह ब्रह्मचर्य प्लुति 'महायोग' से शुद्ध एक सूत को छोड़कर प्रातिलोम्य वीर्यस्खलन वर्जित है ।

वर्णशुद्धि कहते हैं—स्वयंभू ब्रह्मा ने पूर्व में चार ही वर्णों की सृ उसके बाद होने वाले सात वर्ण शुद्ध कहे जाते हैं । तीन क्षत्रियादि वर्ण वर्ण प्रशस्त माने गये हैं। क्षत्रिय पुरुष से वैश्य एवं शूद्र कन्या में उत्पन्न को, वैश्य से शूद्रा में उत्पन्न एक तथा ब्राह्मण और क्षत्रिय से एक प्रकार सातों वर्णों को कहा गया है। (चार वर्ण स्वयंभू रचित और सात मिलाकर) उपर्युक्त एकादश वर्ण दीक्षा के योग्य कहे गये हैं ।

देशशुद्धि कहते हैं—मध्यदेश, कुरुक्षेत्र, पाञ्चाल, शूरसेन, ब्रह्म ब्रह्मदेश तथा आर्यावर्त्त में उत्पन्न सभी शुद्ध कहे गये हैं । जहाँ-जहाँ व्यवस्था है जहाँ-जहाँ भगवद् भक्त विद्यमान हैं और जहाँ-जहाँ कृष्ण मृ देश प्रशस्त कहा गया है । यहाँ तक देश शुद्धि कही गई है।

देहशुद्धि कहते हैं—व्रत और उपवास से शुद्धात्मा विष्णु

सदानिरत विष्णु का सदाध्यान करने वाले अभोज्यान्न का वर्जन करने वाले, नित्य अग्निहोत्र करने वाले, जाति भङ्ग कारक कर्म से विवर्जित, श्रीमान, सुन्दर वेष धारण करने वाले, एकादशवर्णों में उत्पन्न, साङ्गोपाङ्ग स्वरूप से युक्त अवस्था और रूप से समन्वित, अपने अपने उद्देश्य का पालन करने वाले, क्लीव, कुष्ठ, लकवा से रहित, अन्य प्रकार की दीक्षा से पराङ्गमुख ऐसा शिष्य दीक्षा के योग्य होता है ।

क्रियाशुद्धि कहते हैं—गर्भाधानादि क्रियाओं से जिसका संस्कार हुआ है और जिसकी क्रिया शुद्ध है वह सर्वदा दीक्षा के योग्य है । शुद्ध क्रिया वाले पुरुष दो प्रकार के कहे गये हैं १. जिनकी क्रिया गुरु के द्वार कराई गई है और दूसरे २. जिनकी क्रिया गुरु के द्वारा नहीं कराई गई है । इन दोनों में पहला प्रशस्त है उसके अभाव में दूसरा ग्राह्य है । दश वर्ण सक्रिया है और शूद्र वर्ण वाले अक्रिया है।जो लोग क्रियाविहीन है, उनकी क्रिया दीक्षाकाल में होनी चाहिये ऐसा करने से वे सभी शुद्ध क्रिया वाले हो जावेंगे, इसमें संशय नहीं । इस कारण विचक्षण साधक भक्त लोगों को क्रिया अवश्य करनी चाहिये ।

इन्द्ररात्र में नवम अध्याय शिष्यलक्षण नामक है । अब पूर्व में आचार्य का आचार कहते हैं-आचार्य विशेष रूप से निन्दित कर्म न करे और अयाज्य का यजन न करे । भगवान् के नाम पर अपनी जीविका न चलावे । निर्माल्य भक्षण न करे । अदीक्षित को हवि:शेष कदापि न देवे । अर्चना का लङ्घन न करे । प्रव्रजिता स्त्री से संभोग न करे । परान्न भोजन न करे । इसी प्रकार परस्पृष्ट वर्जित करे । काँस के पात्र में भोजन न करे । बकरी या भेड़ी का दूध न पीवे। शूद्र राज्य में निवास न करे और आन्ध्र देश में तो कदापि निवास न करे । सिंहल द्वीप या कटाह देश में तथा पारसिक भूमि में, म्लेच्छ और चोरों से सङ्कीर्ण भूमि में जहाँ चारों वर्ण निवास न करते हों वहाँ निवास न करे । धान्याम्ल का स्पर्श न करे और शार्ङ्गिष्टा का भक्षण न करे । छिपकर न बैठें एवं विष्णु नाम से रहित न रहे। जो अपना शिष्य नहीं है उसे कदापि उच्छिष्ट प्रदान न करे । प्रेतान्न और सूतिकान्न यत्नपूर्वक वर्जित करे । सर्वदा चक्र चिन्ह का टीका लगाकर अथवा चक्रमय ध्वजा धारण कर विचरण करे । दिन में शयन न करे । इसी प्रकार प्रात:काल भी शयन वर्जित करे । पद्मोभव पुराण में कहे गये आचार का पालन करे । यहाँ तक इतना सदाचार कहा गया है ।

अब बुद्धिशुद्धि कहते हैं—मन में लोभ न करे । गुरु की आज्ञा का उल्लङ्घन न करे । वैष्णवों के प्रति दुष्ट बुद्धि न करे । सभी प्राणियों के विषय में नृंशस बुद्धि न करे । दूसरे के धन और दूसरे की स्त्री को ग्रहण करने की इच्छा न करे । अहङ्कार, असूया (निन्दा), मान और दुष्ट बुद्धि न करे ।

अब जातिशुद्धि कहते हैं—आचार्य के ग्रहण में द्विजाति अदि [तीन] ग्राह्य हैं। शूद्र में कभी किसी दशा में आचार्यत्व की योग्यता नहीं [रहती]। आचार्य के लिये 'ब्राह्मण' का अर्हत्व-चारों वर्णों का आचार्य ब्राह्मण [को] चाहिये। २. आचार्य के लिये 'क्षत्रिय'का अर्हत्व-ब्राह्मण के अभाव में [वैश्य] शूद्र का आचार्य क्षत्रिय हो सकता है। ३. आचार्य के लिये [वैश्य] अर्हत्व-ब्राह्मण या क्षत्रिय के अप्राप्य होने पर शूद्र का आचार्य वैश्य हो [सकता] है। ४. आचार्य के लिये 'मूर्धावसित्कक'का अर्हत्व-ब्राह्मण से क्षत्रिय [कन्या में] मूर्धावसिक्त की उत्पत्ति हुई है। ब्राह्मण से मूर्धावसिक्त कन्या में जो उत्पन्न [होता है] वह पुत्र क्षत्रियादि तीन का तथा सूत का भी गुरु हो सकता है। ५. आ[चार्य के] लिये 'मूर्धावसिक्त'का अर्हत्व-ब्राह्मणी माता से उत्पन्न होने के कारण जो [ब्राह्मण] कहा जाता है और ब्राह्मण के समान कर्मधर्म में परायण है इन सभी का [आचार्य] ब्राह्मण को छोड़कर कोई अन्य नहीं हो सकता है।

६. आचार्य के लिये 'मात्राब्राह्मण' का अर्हत्व-मात्रा ब्राह्मण [कन्या में] ब्राह्मण से जो उत्पन्न उत्पन्न होता हं वह मूर्धावसिक्त के समान सभी का [आचार्य] हो सकता है। ७. आचार्य के लिये 'कल्पवैश्य' का अर्हत्व-साधक ब्रा[ह्मण से] वैश्य कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वह वैश्योत्तम है। वह भी क्षत्रिय के [समान] वैश्य एवं शूद्र का आचार्य हो सकता है। ८. आचार्य के लिये 'विराट्' [का] अर्हत्व-वैश्योत्तमा कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है उसे 'विराट्' कहा [जाता] है। वह भी ब्राह्मण के समान है ब्राह्मण को छोड़कर वह सबका आचा[र्य हो] सकता है। ९. आचार्य के लिये 'स्वराट्' का अर्हत्व-ब्राह्मण से विराट् कन्[या में] जो पुत्र उत्पन्न होता है वह 'स्वराट्' कहा जाता हं। वह कृत्रिम ब्राह्मण के [समान] है। सूत से क्षत्रिय कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वह आचार्यत्व के यो[ग्य है]। स्वराट् कन्या में ब्राह्मण से जो पुत्र उत्पन्न होता है वह ब्राह्मण ही होता है। [वह] सबका आचर्यत्व कर सकता है। ब्राह्मण से शूद्र कन्या में जो पुत्र उत्पन्न [होता] है वह 'शूद्रोत्तम' कहा जाता है। किन्तु वह शूद्रोत्तम होते हुये भी आचार्य[त्व के] योग्य नहीं कहा गया है। १०. आचार्य के लिए 'कल्पवैश्य' का [अर्हत्व-] शूद्रोत्तम की कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह 'कल्पवैश्य' कहा [जाता] है। वह वैश्य के समान ही है। वह सभी शूद्रों का आचार्य बन सकता है।

११. आचार्य के लिए 'प्रवैश्य' का अर्हत्व-कल्पवैश्य की कन्या [में] ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ है वह 'प्रवैश्य' कहा जाता है। वह वैश्य के स[मान] होता है। वह शूद्रों तथा कल्पवैश्यों का आचार्यत्व ग्रहण कर सकता है। [१२.] आचार्य के लिए 'कल्पक्षत्रिय' का अर्हत्व-प्रवैश्य की कन्या में ब्राह्मण से [जो] पुत्र 'कल्पक्षत्रिय' कहा जाता है । वह सर्वदा क्षत्रिय के समान होता है।

सभी वैश्य और शूद्रों का आचार्य हो सकता है। १३. आचार्य हेतु 'मात्रा क्षत्रिय' का अर्हत्व-कल्पक्षत्रिय कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह 'मात्रा क्षत्रिय' कहा जाता है और क्षत्रिय के समान ही होता है । वह कल्पक्षत्रियादि का आचार्य हो सकता है । १४. मात्रा क्षत्रिय कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह मूर्धावसिक्त के समान क्षत्रियोत्तम कहा जाता है । वह क्षत्रियादि तीनों का आचार्य हो सकता है । १५. क्षत्रियोत्तम कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह मात्रा ब्राह्मण कल्प के समान ब्राह्मण ब्रुव कहा जाता है और सर्वदा क्षत्रियों का आचार्य हो सकता है।

१६. ब्राह्मण ब्रुव की कन्या में ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ ब्राह्मण कल्प कहा जाता है वह कृत्रिम ब्राह्मण के समान है। ब्राह्मण को छोड़कर वह इन सभी का आचार्य हो सकता है। १७. क्षत्रिय से जो वैश्य कन्या में उत्पन्न होता है वह क्षत्रिय के समान है। वह क्षत्रिय से कुछ ऊँचा और वैश्य से कुछ ही उन्नत होता है। इसलिये नाम के क्रमयोग से वह क्षत्रियाधम कहा जाता है। वह शूद्रोत्तमादि का आचार्य हो सकता है। १८. क्षत्रियाधम कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है। उसे क्रमयोग तथा नाम से 'मात्राक्षत्रिय' जानना चाहिये वह कल्पवैश्यादि का आचार्य होता है। १९. मात्राक्षत्रिय कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है वह पुनः पार्थव नाम से कहा जाता है और क्षत्रिय के समान होता है। वह सभी पार्थिवों का आचार्य होता है। २०. क्षत्रिय से शूद्रकन्या में उत्पन्न सच्छूद्र कहा जाता है। वह शूद्रों का आचार्य हो सकता है किन्तु सबका आचार्य नहीं ।

२१. सच्छूद्र की कन्या में जो क्षत्रिय से उत्पन्न होता है वह मात्रा वैश्य कहा जाता है जो वैश्य से कुछ नीचा होता है। २२.मात्रावैश्य की कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है वह वैश्याद कहा जाता है जो वैश्यों के सदृश होता है। वह सभी शूद्रों के आचार्यत्व की योग्यता रखता है। २३. वैश्याद की कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है उसे क्षत्रिय से कुछ ही नीचे 'ऊनक्षत्रिय' कहा जाता है। वह मात्रावैश्यादि का आचार्य होता है। २४. ऊनक्षत्रिय कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है वह नाम से नरपति कहा जाता है जो क्षत्रिय की समता रखता है। वह सभी वैश्य और शूद्रों का आचार्य होता है। उस क्षत्रिय से वैश्य कन्या में उत्पन्न वैश्य के ही समान होता है वह दीक्षायोग्य तो होता है किन्तु आचार्यत्व के योग्य नहीं होता है। २५. वैश्याधम की कन्या में वैश्य से जो उत्पन्न होता है वह उत्तमर्ण कहा जाता है किन्तु आचार्य नहीं । जो उत्तमर्ण की कन्या में वैश्य से उत्पन्न होता है सज्जन लोग उसे वीथी कहते हैं वह शूद्रों का आचार्य होगा।

अब आचार्य का लक्षण कहते हैं—१. जिसके दोनों पैर में और हाथ में ऊर्ध्व रेखा विद्यमान है और ललाट में त्रिपताका का चिन्ह है वह आचार्य के

योग्य है । २. सिंह, मृग, कलश, तोरण और वेदी का चिन्ह जिसके हा
वह आचार्यत्व के योग्य है । ३. जिसके पैर और हाथ में शङ्ख, चक्र,
एवं यव का चिन्ह है वह आचार्यत्व के योग्य है । ४. पद्म, स्वास्तिक,
पणव का चिन्ह जिसके हाथ में है वह आचार्यत्व के योग्य है ५.
अङ्कुश, शक्ति और वनमाला का चिन्ह जिसके हाथ में है वह आचा
योग्य है । ६. करक,मणिक, पालिका एवं वर्धमान का चिन्ह जिसके हा
वह आचार्यत्व के योग्य है । ७. जिसके हाथ तथा पैर के तलवे रक्त
हैं, जिसकी जीभ विशाल है वह आचार्यत्व के योग्य है, ८. जिसके
नख पैर के नख और दोनों नेत्र रक्त वर्ण के हैं वह आचार्यत्व के योग्य है
जिसकी अङ्गुलियाँ एक समान गोली हैं, नासिका ऊँची है, शिर छत्राकार
आचार्यत्व के योग्य है । १०. जिसके शरीर के अवयव ह्रस्व नहीं है अथ
अङ्ग हीन नहीं है अथवा जो इन्द्रियविहीन नहीं है वह आचार्यत्व के योग्य

अब देहशुद्धि के विषय में कहते हैं—जो सूतक (जननाशौच)
मरणाशौच का अन्न भोजन नहीं करता है और न मधु (मद्य) मांस का
करता है और पर्युषित अन्न का भोजन करता है ऐसा आचार्य शुद्धदेह
जाता है ।

अब आनुपूर्वी रूप से याग दोष का विचार कहते हैं—प्रतिलोम जो
याग न करावे । अन्य देवताओं में भक्ति रखने वालों का भी यज्ञ न करा
नास्तिक, म्लेच्छ, पाषण्डी, दृष्टदोष तथा चारों वर्णों से बहिष्कृत ऐसे लो
यज्ञ कराने से यागदोष उत्पन्न होता है । यज्ञ के दोष से सभी दोष उत्पन्न
हैं । चातुर्वण्यविहीन तथा प्रतिलोम का यज्ञ कराने से एवं अन्य देवता के
का यज्ञ कराने से सभी देवताओं का प्रकोप होता है ।

देवताओं का प्रकोप होने से याजक का बहुत बड़ा अनर्थ होता है
के दोषी होने से समस्त क्रिया निष्फल होती है । जिस क्रिया में फल प्रा
हों और फल की संभावना भी न हो अत फल प्राप्ति में अयोग्य होने के
कर्त्ता को नरक निश्चित होता है । जिसका नरक में पात होता है उसकी
निष्कृति नहीं होती जिसका यज्ञ वह कराता है उसके उस शिष्य को यज्ञ
की प्राप्ति भी नहीं होती । सभी विद्याओं के नाश से सर्वनाश हो जा
इतना ही नहीं सर्व विद्या के प्रणाश संधर्मनाश होता है ।धर्म के नष्ट हो जा
सभी में वर्ण सङ्कर उत्पन्न होते हैं, फिर वर्ण सङ्कर सन्तान होने से सर्व
नरक की प्राप्ति होती है । सर्वनाश उत्पन्न होने पर आत्मनाश हो जा
इसलिये नास्तिक का यज्ञ कराना सर्वनाश का कारण है ।

म्लेच्छ का यज्ञ कराने से राष्ट्र का विनाश हो जाता है । राष्ट्र
उत्पन्न होने से राज का नाश हो जाता है । राजा के न रहने इसी त

अधर्म की वृद्धि होती है अधर्म के प्रवृत्त होने पर धर्म नाश होता है । धर्म के नष्ट होने पर सभी में वर्ण सङ्कर उत्पन्न होते हैं । वर्ण सङ्कर के उत्पन्न होने से सभी को नरक प्राप्त होता है । इसलिये बुद्धिमान् सब प्रकार के प्रयत्न से म्लेच्छ का यज्ञ न करावे पाखण्डी के यज्ञ कराने से सिद्धान्त का नाश होता है । सिद्धान्त के विनाश होने पर कोई देवयाग संभव नहीं होगा । देवयाग के विनाश होने पर लोकनाश होगा ।

लोकनाश उत्पन्न होने पर किसका नाश नहीं होगा? इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से पाखण्डियों का यज्ञ न करावे । दृष्टदोष का यज्ञ कराने से आचार्य की प्रतिष्ठा नष्ट हो जाती है । सब प्रकार के पाप करने वालों को दृष्टदोष कहा जाता है । दृष्टदोष का यजन कराने वाला आचार्य स्वयं दृष्टदोष के समान पापी हो जाता है । इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से दृष्टदोष का यज्ञ वर्जित करे । चातुर्वर्ण्य से बहिष्कृत व्यक्ति का यज्ञ कराने से शास्त्र का विनाश होता है और शास्त्र नाश के समुत्पन्न होने पर सभी धर्म विधान लुप्त होने लगते हैं । धर्मविधि में विप्लव होने से यज्ञ यागादि का अनुष्ठान विनष्ट होने लगता है । अनुष्ठान के विनष्ट होने पर वर्ण सङ्कर उत्पन्न होने लगते हैं । वर्ण सङ्कर के उत्पन्न होने से नरक प्राप्ति होती है इसमें संशय नहीं। इसलिये सर्व प्रयत्नों से चतुर्वर्ण बहिष्कृत भक्त जन का भी यज्ञ वर्जित करे। शुभ हस्त का विधान याग और प्रतिष्ठा इन्हीं दोनों अर्थों में देखा जा सकता है।

इस तन्त्र में याग चार प्रकार का कहा गया है। १. प्रोक्षण याग, २. पुष्पयाग, ३. मण्डल दर्शन याग और ४. दीक्षा याग । १. अर्चना काल प्राप्त होने पर शुश्रूषापूर्वक अर्चित गुरु अर्चना के जल से मूल मन्त्र द्वारा शिष्य का प्रोक्षण करे। फिर प्रसाद देवे इसे 'प्रोक्षणयाग' कहा जाता है। २. मण्डल लिखकर मन्त्र से उसका प्रोक्षण करे। चातुर्वर्ण्य के विधान से अनेक प्रकार के पुष्पों द्वारा उसकी अर्चना कर इस प्रकार मण्डल विम्ब में शिष्य को अनुग्रहपूर्वक आचार्य प्रवेश करावे तो उसे 'पुष्पयाग' कहा जाता है। ३. शास्त्रोक्त विधि से शुद्ध देश में अथवा शुद्ध गृह में अथवा देवायतन में अथवा पट पर अथवा भीत पर अथवा चित्रित कर मण्डप निर्माण कर शिष्य को मण्डल दर्शन करावे तो उसे 'मण्डल दर्शन याग' कहा जाता है । ४. अधिवास क्रिया कर चक्र मण्डल लिख कर उस पर क्रमशः रजःपात कर अग्नि में विधिवत् होम कर जो दीक्षा दी जाती है उसे 'दीक्षा याग' कहा जाता है। पूर्वोक्त चारों प्रकार के यज्ञ में शिष्य का सर्वदा कल्याण होता है, उसे ही शुभहस्त कहा जाता है ९३।

४. ऋषिरात्र का विषय संक्षेप

ऋषिरात्र में प्रथम अध्याय कालाध्याय नामक है। पञ्चकाल दीक्षित पुरुष विष्णु के उद्देश्य से जो कर्म करता है वह सब काल उसके अतिरिक्त अन्य नहीं। **१.** अभिगमन काल-सर्वप्रथम शयन उत्थाना प्रकार से जैसा किया जाता है उसे कहते हैं—शयन उत्थानादि के सोचें कि मैं यह सब भगवत् कर्म ही कर रहा हूँ। भगवान् का ध्यान कर विधिपूर्वक कर्म करने वाला दीक्षित समयी साधक उस कर्म से उपा जाता है और भगवान् भी उस कर्म से उपासित होते हैं यह अभिगम कहा जाता है। **२.** उपादानकाल-तन्त्रवेत्ता दीक्षित जिससे प्रतिग्रह क्रीत फल एवं पुष्प विष्णु की पूजा के लिये ग्रहण करता है वह काल उपादा कहा जाता है। **३.** याग कर्म में जो रज:पातादि कर्म, अर्चनाविधि, और दीक्षितों का पूजन, दान, विष्णुयाग आदि कर्म नित्य किये जाते इज्याकाल कहते हैं। **४.** स्वाध्याय काल में विष्णु के मन्त्रों का जप करे समझते हुये इतिहास, पुराण का पाठ करे उसे स्वाध्याय काल कहा **५.** योगवेत्ता योगी जिसे योग कहते हैं उस योग के द्वारा भगवान् पूजित वह षडंगयुक्त वेद है जिस पद्मोद्भव संहिता में कहा गया है (उसे योगका जाता है)।

अब संक्षेप में संपूर्ण नाड़ी चक्रों को कहते हैं—सभी नाड़ियों 'नाभि' है जो कन्द के समान है। जिस प्रकार कुमुद का मूल होता है प्रकार कमल का मूल होता है उसी प्रकार सभी नाड़ियों की नलिका उत्पत्ति स्थान 'नाभि' कहा गया है। इन नाड़ियों की कुल संख्या ७२ ह सभी नाड़ियाँ इस शरीर में तिरछे नीचे ऊपर व्यवस्थित है आग्नेय, सौ सौम्याग्नि इनके तीन भेद हैं। जिन नाड़ियों का मुख ऊपर है वे सभी हैं, जिनका मुख नीचे है वे सभी सौम्या हैं और जिनका मुख तिर्यक् है सौम्याग्नेयी नाड़ियाँ हैं।

प्रत्येक दिशाओं और आकाश में २६८ नाड़ियाँ फैली हुई हैं। शतसाहस्रिकसंहिता में इन सभी नाड़ियों का नाम विस्तारपूर्वक वर्णन कि है। यहाँ केवल दश प्रधान नाड़ियों के नाम कहे जा रहे हैं। १. इ पिङ्गला, ३. सुषुम्ना, ४. गान्धारी, ५. हस्तिजिह्वा, ६. पूषा, ७. सु अलम्बुसा, ९. कुहू और दशवीं १०. कौशिकी उन दश नाड़ियों के

१. इसमें 'इडा और सुषुम्ना' पिङ्गला नाडी के साथ रहती हैं। नासापुट (छिद्र) में ऊर्ध्वमुख स्थित हैं । ये क्रमशः शुक्ल और ला वर्ण है। **२.** 'गान्धारी एवं हस्तिजिह्वा' ये दोनों पूषा के साथ बस्तिदेश हैं। इनका वर्ण क्रमशः पीत और कृष्ण है। **३.** 'अलम्बुषा और सु

दक्षिण पार्श्व में स्थित है। इनका वर्ण भूरा और श्याम है । **४.** 'कौशिकी और कुहू' जो सौम्य और आग्नेय गुणों से युक्त हैं जिनका वर्ण क्रमश काला और लाल है ये वाम पार्श्व में स्थित हैं ।

पहले दश प्राणवहा नाड़ियों का नाम क्रमशः कहते है। १. प्राण, २. अपान, ३. समान, ४. उदान, ५. व्यान, ६. नाग, ७. कुमार, ८. कृकर, ९. धनञ्जय और १०. देवदत्त ये दश प्राण कहे गये हैं।

१. प्रथम कहा गया प्राणवायु है और शेष सभी प्राणों का स्वामी है। उस वायु को इडा धारण करती है, जो प्रथम नाड़ी है। प्राणियों के हृदयस्थान में स्थित प्राण शरीर की कमी को पूर्ण करता है और जीवन प्रदान करता है। निश्वास, उच्छ्वास और कास के द्वारा प्राण जीव के साथ रहकर उसे प्राण दान करता है इस कारण उसे 'प्राण' कहा जाता है। **२.** अपान वायु गान्धारी नाडी से वहन किया जाता हुआ अपने वेग से गुदा में रहने वाले मलमूत्र को सदा बाहर करता है इसलिये उसे अपान कहा जाता है, प्राण के अनन्तर वह दूसरा वायु है। **३.** पीत, भक्षित, आघ्रात, चाटा गया एवं पित्त कफादि नाना प्रकार के रसों को शरीर में समान रूप से यह पहुँचाता रहता है। इसलिये उसे 'समान' वायु कहा जाता है। **४.** वामपार्श्व में स्थित व्यान को कुहू नाड़ी वहन करती है और वह व्यान शरीर के अङ्गों को नवाता है व्याधियों का प्रकोप कराता है वृद्धावस्था में स्मृति एवं प्रीति का विनाश करता है इसलिये उसे 'व्यान' कहा जाता है। **५.** इसी प्रकार उदान वायु सुषुम्ना द्वारा वहन किया जाता हुआ अधर, वक्त्र एवं नेत्र में स्पन्दन उत्पन्न करता है । शरीर के अंगों में कम्पन उत्पन्न करता है। कर्म के लिये उद्यत करता है इसलिये उसे 'उदान' कहते हैं।

६. नाग नामक वायु पिङ्गला में ऊर्ध्वमुख स्थित है । वह उद्गार, वमन, हिक्का तथा मेहन कराता है और प्राणियों के शरीर में ही स्थित रहता है। **७.** जिह्वा में रहने वाला देवदत्त नामक वायु मारता है। **८.** कुमार नामक वायु पूषा नाडी में स्थित रहकर जम्हाई एवं गात्रों में जड़ता और नित्य नाड़ियों को मिलाता है। **९.** कृकर नामक वायु सुयशा नाडी में स्थित रहकर क्षोभ उत्पन्न करता है। **१०.** धनञ्जय कौशिकी में स्थित रहकर शब्द करता है। यह वायु मर जाने पर भी शरीर से बाहर नहीं निकलता। यहाँ तक नाडीचक्र यथावस्थ वर्णन किया।

जिसमें ये दश नाडियाँ स्थित हैं उसे दशार चक्र कहा जाता है। यह चक्र शरीर में दशों स्थानों पर घूमता रहता है। यह कर्मात्मा जिसको जीव कहा जाता है वह इस चक्र में निरन्तर भ्रमण करता है, यही प्रभु है जो हृत्पुण्डरीक के मध्य में स्थित होकर हृदय को संकुचित करता है। इसी की क्षेत्रज्ञ संज्ञा है। यही सदा विष्णु है, यह अणु से भी अणु है तथा शालि के शूक के अग्रभाग के

समान पिञ्जर है। उसी परमेश्वर की शक्ति से यह चक्र चलता रहता है, मध्य में जिस प्रकार इस हृत्पद्म का उद्भव होता है यह बात हमने पहले है। अष्टदल हृत कमल के मध्य में जो कर्णिकायें हैं उसमें परमे शक्तियाँ निवास करती है। वहीं परमेष्ठी (ब्रह्मदेव) पद्म के मध्य सदाविष्णु के आश्रित हैं शेष शक्तियाँ वहीं चारों दिशाओं में स्थित दिशाओं में रहने वाली इन चार शक्तियों का वर्ण सूर्य, अग्नि और समान कहा गया है। इनका नाम पुमान् विश्व निवृत्ति और सर्व है।

उनके मध्य में भगवान् नारायण की दश अवस्थाओं का निवास अवस्थाओं में निरामय पुरुष संलीन है। इस प्रकार से स्थित चक्र कमल दशों प्राण स्थित हैं, इडा और सुषुम्ना में प्राण क्रमशः सञ्चार करता इडा चान्द्रमसी नाडी है और सुषुम्ना सूर्य संभवा है इडा बायें नासापुट सुषुम्ना दक्षिण नासापुट में सञ्चार करती है। जब प्राण का सञ्चार क्रमश नाड़ियों (इडा सुषुम्ना) में होता है तब भेद से दोनों अयन सङ्क्रान्ति तथा होते हैं । जब प्राण इडा में रहता है तब दक्षिणायन, जब प्राण सुषुम्ना तब उत्तरायण होता है। जिस काल में वायु एक नासापुट से दूसरे नासा प्रवेश करता है तब उसे सङ्क्रान्ति कहा जाता है। यह प्राण संक्रम बारं होता है।

जब यह प्राण एक ही काल में दोनों नासापुटों में सञ्चार करता उसे विषुव काल कहा जाता है । यह काल पुण्यकर्म के लिये प्रशस्त साधक को दक्षिणायन में यथाविधि स्नान करना चाहिये और उत्तरायण कर्म करना चाहिये ।सङ्क्रान्ति में दान कर्म तथा विषुव में ध्यान करना जब प्राण ऊपर की ओर जावे तब दिन कहा जाता है और अपान जाता है। अयुते द्वे (बीस हजार) सहस्रे षट् (छह हजार) कुल २६ ह प्रकार दिन और रात्रि की मात्रा में प्रयुक्त की जाती है (रात दिन में इतनी संख्या है?) ।

अब प्राणायाम के विषय में कहते हैं—योगवेत्ता एक स्वर से उच्चारण करे । १. जितना अभीष्ट हो उतने वायु से उदर की पूर्ति करे पूरक प्राणायाम कहते हैं इससे शरीर को पूर्ण किया जाता है । २. इन्द्रियों को रोक कर निःश्वास और उच्छ्वास को वर्जित कर पूर्णकुम्भ स्थित हो जावे तब उसे कुम्भक प्राणायाम कहा जाता है । ३. योगी श्वास को नासिका के एक पुट प्राणायाम से ऊपर के वायु को बाहर नि उदर को रिक्त करे तब उसे रेचक प्राणायाम कहा जाता है ।

१. कुम्भक के समय उत्तम सोमग्रहण का काल होता है। २. में सूर्यग्रहण का काल होता है । ३. यह हृदयकमल ऊर्ध्वनाल और

है। जब यह पूरक से पूर्ण होता है तब विकास को प्राप्त होता है । वही कुम्भक से निरोधित होने पर ऊर्ध्वमुख हो जाता है। जब रेचक किया जाता है तब सद्यः प्राणहीन होकर वही हृद्गतपद्म ऊर्ध्वस्रोत रूप में व्यवस्थित हो जाता है। रेचनकाल में वही क्षणमात्र में ग्रन्थि को भेद कर ऊपर चला आता है। फिर अर्गलकपाल का भेदन कर ऊर्ध्वदीप के समान ऊपर उठ जाता है। इस प्रकार जब ऊपर की ओर उठ जाता है तो तत्क्षण विष्णुपद को प्राप्त कर लेता है इससे परे न कोई स्थूल है और न कोई सूक्ष्म लोक है। वही पद परमपद है वही कल्याणकारी सदाविष्णुपद है। उस तत्पद का प्रभु केवल एक पर नारायण है। इसलिये योगी प्रयत्न कर नारायण का स्मरण करे ७२।

ऋषिरात्र में द्वितीय अध्याय मुद्रालक्षण नामक है। सभी षोडशोपचार की मुद्राओं को कहते हैं। १. अंगूठे को ऊपर रखकर मुट्ठी बाँधे तो मुष्टिमुद्रा कही जाती है। २. उसी मुष्टिमुद्रा में जब कनिष्ठिका को बाहर रखे तब स्नानमुद्रा हो जाती है। ३. जब उसी मुष्ठिमुद्रा में अनामिका को बाहर रखे तो गन्धमुद्रा हो जाती है। ४. जब उसी मुद्रा में मध्यमा को बाहर रखे तब पुष्प मुद्रा हो जाती है। ५. मध्यमा को ऊपर उठाकर अङ्गुष्ठको सिकोड़कर तर्जनी और अनामिका से कनिष्ठिका को पकड़ कर सभी अङ्गुलियों के साथ अधोमुख बायें हाथ को उतान कर तथा दाहिने हाथ से भी ऊपर उठा कर स्थापित करे तो वह दीपमुद्रा कही जाती है, यह मुद्रा देवाधिदेव को अत्यन्त प्रिय है। ६. दोनों हाथ की अङ्गुलियों को उलट कर एक में मिला देवे उन्हीं के साथ दोनों अंगूठों को ऊपर रखे तब धूपमुद्रा बन जाती है। ७. मध्यमा और अंगूठे के ऊपरी भाग में स्थित आगे वाले पर्व के साथ एक में मिला देवे अन्य अङ्गुलियों को फैला देवे तो वह यज्ञोपवीतमुद्रा हो जाती है। ८. इसी प्रकार अङ्गुष्ठ और अनामिका के ऊपरीभाग को आगे वाले पर्व से एक में मिला देवे तब वह 'वस्त्रमुद्रा' बन जाती है। ९. अङ्गुष्ठ और कनिष्ठिका के शिरो भाग को आगे वाले पर्व से यदि एक में मिला देवें तब वह अलङ्कार मुद्रा हो जाती है। १०. अङ्गुष्ठ तर्जनी के शिरोभाग को आगे वाले पर्व से संयुक्त करे तब वह वैनत मुद्रिका हो जाती है।

११. अङ्गुलियों को फैला कर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे अङ्गुष्ठा को पृथक् रखे तब आचार मुद्रिका बन जाती है। १२. अङ्गुलियों को फैलाकर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे। अङ्गुष्ठ को पृथक् रखे। तब आचार मुद्रिका बन जाती है। अब उन्हीं अङ्गुलियों को ऊपर कर दे तो वह रक्षामुद्रा कही जाती है। १३. पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ नीचे की ओर गिरा देवे तो वह वरमुद्रिका बन जाती है। वही स्वागत मुद्रा है जो सबके लिये प्रशस्त है। १४. कनिष्ठा अङ्गुलि को नीचे की ओर मोड़ देवे तब वह संख्या मुद्रा हो जाती

है। १५. जब अंगूठे को ऊपर उठा ले और अन्य को नीचे मोड़ दे प्रतिमा मुद्रा कहा जाता है वह सर्वकार्य प्रसाधनी होती है। १६. जब अङ्गुलियों को अंगूठे में बाँध दे और तर्जनी को ऊपर रखे तब वह त कही जाती है, जो उत्साद (भय) का कारण बन जाती है। १७. उसी को मध्यमा के साथ जोड़ लेवे तब वह द्वन्द्व मुद्रा बन जाती है। १८. ज को कनिष्ठा से जोड़ देवे तब वह व्यूह मुद्रा बन जाती है। १९. जब पर्व (गाँठ) से वक्र (टेढ़ी) कर लेवे तब वह नागमुद्रा कही जाती है। २० पहले तर्जनी मुद्रा (द्र. २.१४) कही गई है वही वक्र होने पर अङ्कुश मु जाती है।

२१. जब अङ्गुष्ठ के अग्र भाग और शेष अङ्गुलियों के अग्र भा प्रकार जब पाँचों अङ्गुलियों को अग्र भाग को मिला दिया जाता है तब बन जाती है यह मुद्रा चरु के होम में प्रशस्त मानी गई है। २२. कनिष्ठिका और अनामिका अङ्गुलियों को तर्जनी मध्यमा में मिला दिया जा उपर की ओर फैला दिया जाता है और सभी को यथास्थित रखा जाता पशुमुद्रा कही जाती है। २३. जब मध्यमा और अनामिका अङ्गुलियों को के अग्रभाग में मिला दिया जाता है, तर्जनी को फैला दिया जाता है कनिष्ठिका को यथास्थित रखा जाता है तब मृगीमुद्रा कही जाती है जो में प्रशस्त मानी गई है। २४. अङ्गुष्ठ और कनिष्ठा को ऊपर उठाकर चार अङ्गुलियों को एक में मिला देवे तो वह हस्त मुद्रिका बन जाती है। जो स्वागतमुद्रा पहले कही गई है उसके समस्त पद पहले कह दिये पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ नीचे की ओर गिरा देवे तो वह वरमुद्रिका बन है। वही स्वागत मुद्रा है जो सबके लिये प्रशस्त है। २६. जो स्वागतमुद्रा कही गई है उसके समस्त पद पहले कह दिये गये हैं पूर्वोक्त रूप से अ सामने की ओर गिरा देवे तो वह दानमुद्रा बन जाती है । वही दानमुद्रा समय प्रशस्त कही गयी है।२७. मध्यमा को ऊपर उठाकर तर्जनी अनामि अत्यन्त छोटा बनाकर आग के समान उससे मध्यमा को वेष्टित करे अंगू कनिष्ठा को छोटा बना ले इस प्रकार जो मुद्रा बनती है वह लिङ्ग मुद्रा जाती है। २८. तर्जनी को ऊपर फैला देवे अनामिका को ऊपर उठा प्रतिमुद्रिका मुद्रा बन जाती है। २९. साधक तर्जनी से रहित चारों अङ्गुलि एक में मिलाकर उसे समेट कर यदि नीचे कर लेवे तब वह सृष्टिमुद्रा बन है। ३०. तर्जनी को मोड़कर उसे अंगूठे से आच्छादित करे इसी प्रकार अङ्गुलियों को मोड़ देवे तब प्रणवमुद्रिका बन जाती है।

३१. तर्जनी के पृष्ठभाग में मध्यमा को जोड़ देवे और अनामिका को अंगूठा से बाँध देवे जो मध्यमा से उलट पलट करे उसे आ

समझनी चाहिये। ३२. समस्त अङ्गुलियों को फैला देवे ऐसा करने से जो आकार बनता है वह विस्तीर्ण मुद्रा कहा जाता है, उसी को प्रसृतिमुद्रिका भी कहते हैं। ३३. अंगूठे को प्रकोष्ठ से जोड़ देवे, उसके पर्वमूल को बायें हाथ से पकड़ लेवे, शेष अङ्गुलियों को नीचे की ओर फैला देवे उसे ध्वजमुद्रा समझनी चाहिये क्योंकि वह ध्वज के समान ही लम्बी हो जाती है। ३४.दोनों हाथों को योनि के आकार में बना लेवे दूसरे कराग्र से दोनों मध्यमा को एक में सटा देवे, तब वह बीजमुद्रा बन जाती है। ३५. दोनों हाथों को पुट (गोला) बनाकर फिर समस्त अङ्गुलियों से उसे परस्पर ग्रहण करे तो उसे ब्रह्ममुद्रा कहते हैं। ३६. बायें हाथ की तर्जनी को फैला देवे, फिर दाहिने हाथ की कनिष्ठा के साथ एक दूसरे को आपस में सटा देवे तो उसे विष्णुमुद्रा कहते हैं। ३७. परस्पर वही श्लेषिताङ्गुष्ठा जब एक में मिला दी जाती है तब वही उभयाङ्गुष्ठ मुद्रा रुद्रमुद्रा कही जाती है। ३८. सभी अङ्गुलियों को समान रूप में रख कर बाहर से उन्हें उलट कर दोनों कनिष्ठाकाओं को फैलाकर परस्पर एक दूसरे में जोड़ देवे बायें अंगूठे के अग्रभाग से दाहिने हाथ के तर्जनी के अग्रभाग को तथा बायें से बायें को स्पर्श करे तो वह आशुगति नामक मुद्रा बन जाती है। ३९. दोनों मध्यमा अङ्गुलियों से बाहर जो अनामिका से युक्त संपुट कर उन दोनों को उलट कर दोनों तर्जनीयों से वेष्टित करे कनिष्ठा को समान रूप से फैला देवे फिर मध्यमा को फैलाकर उसके अग्रभाग से उसे मिला देवे इस प्रकार समान रूप से फैली हुई कनिष्ठा सिंह मुद्रिका कही जाती है। ४०. दोनों अंगूठों को ऊपर करे और उसमें समस्त अङ्गुलियो को उलट देवे इस प्रकार सभी के एक में मिला देने से हव तोरण मुद्रिका कही जाती है।

४१. हाथ को संपुट बनाकर फैली हुई अङ्गुलियों को व्यत्यस्त (उल्टा) कर बायें हाथ की कनिष्ठा को दाहिने हाथ की कनिष्ठा में जोड़ देवे तब वह चक्रमुद्रा बन जाती है जो सारे कर्म की प्रसाधिका है। ४२. प्रथम दोनों प्रकोष्ठों को जोड़ कर फिर दोनों कूर्परों को जोड़े फिर दोनों लम्बी एवं समान मध्यमा अङ्गुलियों को परस्पर जोड़े, इससे बाहर अन्य समस्त अङ्गुलियों को नीचे कर एक में मिला देवे तो उसे गदामुद्रा कहा जाता है। ४३. दाहिने हाथ का अंगूठा ऊपर हो और शेष समस्त अङ्गुलियाँ भीतर की ओर उससे मिली हों तब वह मुख मुद्रा बन जाती है। ४४. सभी अङ्गुलियों को एक में मिला देवे दोनों तर्जनियों को उलट देवे फिर दोनों अंगूठों से उसके अग्रभाग का स्पर्श करे तब वह स्वस्तिका मुद्रा बन जाती है। ४५. साधक मध्यमा को वक्र बनाकर उसके अग्रभाग से अङ्गुष्ठाग्र का स्पर्श करे तब धनुमुद्रा बन जाती है ४६.सभी अङ्गुलियों को फैला कर हाथ को उलट कर अंगूठे को मणिबन्ध में स्थापित करे तब वह शक्तिमुद्रा बन जाती है। ४७.बायें हाथ की कनिष्ठा से दाहिने हाथ की

कनिष्ठा को वेष्टित कर तथा दाहिने हाथ की तर्जनी से बायें हाथ की अ
के अग्र भाग को वेष्टित करे फिर दाहिने हाथ की अनामिका मध्यमा और
को ऊपर कर बायें हाथ की तर्जनी से सटा देवे, तब वह कूटमुद्रा बन
४८. दाहिने हाथ के करतल में बायें हाथ की मध्यमा को धीरे से तिरछे
करा दें तब शयनमुद्रिका बन जाती है ४९. हाथ को उलट कर दोनों
को एक में सटा कर तर्जनी के सहित दीर्घ (मध्यमा) को बायें हाथ के
से आच्छादित करे, दोनों अङ्गुष्ठों को नीचे करे, शेष को वक्र बना ले
प्रकार जो गरुड़ के समान जो मुद्रा की जाती है वह गरुड़ मुद्रा कही जा
५०.दोनों हाथों को मिलाकर दोनों अनामिकाओं को ऊपर उठाकर दोनों
के पीठ में सटा देवे, फिर व्यत्यास (उलट कर) दोनों अंगूठों से कनिष्ठा
वेष्टित करे तब व्योममुद्रा बन जाती है।

५१. अङ्गुलियों के द्वारा परस्पर पीठ मिला कर हाथों को उलट कर
अङ्गुलियों को नीचे कर देवे फिर ललाट से पृथ्वी पर गिर कर जानु
पृथ्वी पर लोटकर साधक जो करता है वह सर्पमुद्रा कही जाती है। ५२.
हाथों की अङ्गुलियों को लम्बी कर हाथ को संप्रट बनाकर बायें अंगूठे को
से वेष्टित करे तब वह महामुद्रा बन जाती है। ५३. दोनों हाथों को भीतर
में मिलाकर उसे लम्बा कर देवे तथा दोनों अंगूठों को ऊपर रखें तो
मालामुद्रा कहा जाता है। ५४. सभी अङ्गुलियों को एक में मिलाकर
साथ दोनों अंगूठों को एक में मिलाकर रखें तब मुसलमुद्रा बन जाती है।
दाहिने हाथ की कनिष्ठा से बायें हाथ की कनिष्ठा को बाँधे इसके बाद
अंगूठों से दोनों अनामिका को अलग-अलग तथा दोनों मध्यमा
अलग-अलग कर ऊपर लम्बा कर देवे फिर उनसे दोनों तर्जनीयों के अग्र
मिला देवे, इस प्रकार जो मुद्रा की जाती है वह श्री वृक्ष मुद्रा कही जा
५६. सभी अङ्गुलियों को अलग-अलग कर उन्हें शिरोभाग से पृथक्
गोला वलयाकार बना दे तब वलयमुद्रिका बन जाती है। ५७. सभी अ
के अग्रभागों को एक में मिलाकर अलग-अलग ऊपर करे ऊपर उठा
कुण्ड मुद्रा बन जाती है उसको बदलना नहीं चाहिये। ५८. उसी में जब
ऊपर उठावे अङ्गुलियों और अङ्गुलियाँ टेढ़ी न हों तब वह परममुद्रा बन
है। ५९. दाहिने हाथ की अङ्गुलियों के साथ बाये हाथ के अंगूठे को उ
इस प्रकार अङ्गुलियों को पकड़कर अङ्गुष्ठा को ऊपर उठाने के कारण बा
मुद्रिका कही जाती है। ६०. बायें हाथ की अङ्गुलियों के साथ बायें
तलों को फैला देवे उसके पश्चात् उसे दाहिने हाथ की अङ्गुलियों से
अंगूठों को ऊपर उठावे इस प्रकार साधक के द्वारा जो मुद्रा बनाई जाती
हयशीर्षक मुद्रा कही जाती है।

६१. भीतर के व्यतिकर क्रम से सभी अङ्गुलियों को एक में मिला देवे ।
फिर दोनों मणिबन्धों को सटाकर उसमें दो अंगूठों को प्रविष्ट कर दे इस प्रकार
जो मुद्रा बनती है वह वामनमुद्रा कही जाती है। ६२. अनामिका मध्यमा को
सिकोड़ कर उन्हें मध्यम पर्व में जोड़ देवे इसी प्रकार यथायोग दोनों कनिष्ठाओं
की लम्बी करे । दोनों तर्जनियों की अग्र भाग को वक्र बना कर परस्पर एक में
मिला देवे फिर मध्यमावलय को दोनों अङ्गुष्ठों से आच्छादित करे इस प्रकार जो
मुद्रा बनाई जाती है उसे शक्र मुद्रा कहते हैं। ६३. जब उसी मुद्रा में तर्जनी
ऊपर की ओर कर दी जाय तब अग्निमुद्रा बन जाती है। ६४. उसी मुद्रा में
जब अंगूठे को ऊपर कर दिया जाता है तब वह निर्ऋति मुद्रा बन जाती है। जब
उसी में कनिष्ठा को हटा दिया जाता है तब वह वरुणमुद्रा बन जाती है ६५.
जब उस मुद्रा में अनामिका को ऊपर दिया जाता है तब वह वायुमुद्रा बन जाती
है जब उस मुद्रा को ऊपर उठा दिया जाता है तब वह सोम मुद्रा बन जाती है।
६६. दोनों तलवों को एक में मिलाकर अङ्गुलियों को समेट कर दोनों लम्बी
तर्जनी के अग्रभाग को परस्पर एक में मिलाकर उसे अङ्गुष्ठा से आच्छादित करे
तब वह निर्माल्य मुद्रा बन जाती है। ६७. हाथ को उतान कर गोपुच्छ की
आकृति के समान बनाकर अङ्गुलियों को एक में मिला दे तो इस प्रकार जो मुद्रा
बनाई जाती है वह वसनमुद्रिका मुद्रा कही जाती है। ६८. मध्य पर्व में चिपकी
हुई अङ्गुलियों को जब भीतर कर ले तो जो इस प्रकार मुद्रा बनती है वह शक्ति
मुद्रा कही जाती है। ६९. चार के क्रम योग से बाहर से एक में मिली हुई दीर्घ
अङ्गुलियों से जो बनता है वह कालमुद्रा है। ७०. बायें हाथ के विस्तृत उतान
तल में दाहिने हाथ का उत्तान तल स्थापित करें तो वह लोकमुद्रा बन जाती है।

७१. मणिबन्ध से सम्बद्ध दोनों हाथों को उलटकर नीचे की ओर कर
उन्हें फैला देवे तब वह नृत्तमुद्रा बन जाती है। ७२. अनामिका को वक्र बनाकर
उस पर तलवे सहित अङ्गुली को फैला देवे और अङ्गुष्ठा में किञ्चित मिला देवे
तब गीतमुद्रा बन जाती है। ७३. अङ्गुष्ठ तर्जनी के साथ तथा शेष और
अङ्गुलियों के साथ मूल से विश्लेष करे और उसके ऊपर के भाग को नीचे कर
देवे तब वह वाद्य मुद्रा कही जाती है। ७४. अपने अङ्क में बायें हाथ को फैला
कर फिर उसे उतान कर देवे दाहिने हाथ को भी उसी प्रकार फैलाकर उतान कर
उस पर स्थापित कर देवे अङ्गुलिगों को मोड़ लेवे तब वह योगनिद्रा बन जाती
है। ७५. जब उसी योगमुद्रा को हृदय पर सन्निविष्ट करे तब तत्त्व मुद्रा बन
जाती है। ७६. जब उसी योगमुद्रा को हृदय पर सन्निविष्ट करे तब तत्त्व मुद्रा बन
जाती है स्थान की विशेषता से की तत्त्वमुद्रा ज्ञानमुद्रा कही जाती है। ७७.
कनिष्ठा और अनामिका को अंगूठे से घेर देवे फिर वक्र की गई मध्यमा और
तर्जनी को अधोमुख स्थापित करें दहिने और बायें को परस्पर सटा दे तो इस

प्रकार गवाक्ष के समान छिद्र वाली मुद्रा कर्ममुद्रा कही जाती है। ७८. हाथों को उत्तान कर दोनों के मध्य भाग को दोनों मध्यमा अङ्गुलियों करे तो न्यास मुद्रा बन जाती है। ७९. दोनों अंगूठों से दोनों तर्जनियों में स्पर्श कर उसे फैला देवे तब वह मन्त्र मुद्रा बन जाती है। ८०. तर्ज ऊपर उठाकर उसके ऊपर तल स्थापित करे शेष सभी अङ्गुलियों को फै तब वह पाशमुद्रा बन जाती है।

८१. बाईं अङ्गुलियों को एक में मिलाकर दाहिनी हाथ के अङ्गुष्ठ अङ्गुलियों से उसे घेर देवे तब वह कलशमुद्रा हो जाती है। ८२. तर्जनी सभी अङ्गुलियों के तल भाग को अलग-अलग करे, उस पर अंगुष्ठ तर्जनी विस्तीर्ण कर स्थापित करे। इसी प्रकार दोनों हाथों को भी चार अ पर तीन अङ्गुलियाँ स्थापित करे तब उसे कवचमुद्रा कहते हैं। यह 'सर्व विधायिनी मुद्रा कही जाती है। सभी मुद्राओं के विनियोग का विधिक्रम क्रमयोग बृहस्पतिरात्र (अप्राप्त) में द्रष्टव्य है।

ऋषिरात्र में तृतीय अध्याय योगाध्याय नामक है। योग का मुख्य योगियों के योगकर्म की सिद्धि के लिये आहार ही कहा गया है। ऋषियों ने तन्त्र में तीन प्रकार के आहारों को इस प्रकार कहा है—१. सात्त्विक २. रा और ३. तामस ये तीन प्रकार के आहार कहे गये हैं।

१. स्निग्ध २. मधुर और ३. हृद्य ये सात्त्विक आहार हैं। स्निग्ध आ चार प्रकार का एवं मधुर छः प्रकार का और हृद्य आठ प्रकार का कहा गया १. स्निग्ध, २. स्नेहसिद्ध, ३. स्नेह और ४. स्नेहयुक्त ये स्निग्ध के चार हैं। १. स्निग्ध स्वभावतः स्निग्ध होते हैं। वे नित्य और अकृत्रिम होते हैं। सभी प्राकृतिक होते हैं विशेष कर तिलादि स्निग्धाहार कहे गए हैं। २. स्नेहसि १. कृसर, २. अपूप और ३. पायस कहे जाते हैं, जो स्नेह में पकाये ज इसी प्रकार अन्य भी स्नेहस्निग्ध कहे जाते हैं। ३. स्नेह वे हैं जिसमें केवल मात्र रहता है जैसे घी, तैल आदि। ४. स्नेहयुक्त वे हैं जो स्नेह से मिश्रित

१. स्वभाव मधुर, २. कृत्रिम मधुर, ३. त्रिमधुर, ४. मिश्रित ५. तथा ६. रसान्तर युक्त ये मधुर के छः भेद हैं। १. शर्करा एवं माक्षिक (शहद) स्वभाव मधुर है। अतः ये स्वभाव मधुर कहे जाते हैं। इसी प्रकार को भी स्वभाव मधुर समझना चाहिये। २. जो कृत्रिम रूप से निर्मित हो कृत्रिम मधुर समझना चाहिये। ३. नारिकेल रस, दूध पानी और घी ये कहे जाते हैं। इसी प्रकार अन्यों को भी समझ लेना चाहिये। ४. मिश्रित जो रसों से मिश्रित हों जैसे सक्तु आदि। इस प्रकार अन्य भी मिश्रित पदार्थ समझना चाहिये। ५. जो मधुर द्रव्यों से सिद्ध किये जाँये जैसे गुडान्न आदि

मिश्रित समझना चाहिये। इसी प्रकार अन्यों को भी समझना चाहिये। ६. सभी रसों में जो मधुर रस हैं वह कषाय, अम्ल आदि रसों से संयुक्त होने पर रसान्तर युक्त मधुर कहे जाते हैं।

१. भक्ष्य, २. भोज्य, ३. पेय, ४. लेह्य, ५. चूष्य, ६. आम, ७. पक्व और ८. रस ये आठ प्रकार के हृद्य सात्त्विक आहार कहे जाते हैं। २. कटु, अम्ल, लवण, तीक्ष्ण, ऊष्ण, रुक्ष और विदाही ये ७ प्रकार के राजस आहार होते हैं। ३. तिक्त, कषाय, अन्य रस में परिणत, कृमि दूषित, गन्ध दूषित, वर्ण दूषित, पर्युषित, क्लिन्न, अमेध्य, उच्छिष्ट और विरस आहार तामस कहे गये हैं।

योगी सात्त्विक आहारों से योग करे। आम में सात्त्विक आहार से मनुष्य शुद्ध होता है। सत्त्व में राजस आहार से शुद्धि होती है। शरीर के विस्फारित (टूटन आदि) होने पर तामस आहार करने वाला मनुष्य शुद्धकाय होकर क्रियाशुद्ध हो जाता है। इसलिये योगी सब प्रकार के प्रयत्नों से सात्त्विक आहार का भोजन करे। उसमें भी योगी अत्यन्त अधिक भोजन भी न करे तथा हीन भोजन भी न करे। मनुष्य योगी तभी हो सकता है जब वह युक्ताहार करे।

अब योगियों के आसन को कहते हैं—१. स्वास्तिक, २. पद्मक, ३. विस्तीर्ण, ४. भद्रक, ५. योगासन, ६. दण्डासन, ७. जङ्घ, ८. अर्धजङ्घ, ९. पार्श्व और १०. उत्कटिकासन—ये दश योगासन पंचरात्र के नारदादि मुनियों ने इस तन्त्र में कहे हैं।

१. जङ्घा को एक दूसरे पर रख कर उसे हाथ के तलवे से स्पर्श करे, दाहिने हाथ के करतल से बायाँ जङ्घा और बायें हाथ के करतल से दायाँ जङ्घा सुश्लिष्ट करे ऐसा करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। २. जङ्घों को क्रम से उलट कर दोनों ऊरूओं पर यथाक्रम दोनों हाथ के तलवे स्थापित करे। इस प्रकार व्यत्यास (उलट फेर) से जो आसन बनता है उसे पद्मासन कहा जाता है। ३. पाद ऊरू प्रादेश मात्र एक दूसरे के सम्मुख स्थापित कर दोनों जानुओं को कुछ ऊपर उठा कर विस्तार के साथ कण्ठ में स्थापित करे। ४. दोनों हाथ के तलवों को उस पर क्रमशः अच्छी तरह स्थापित कर दें तब वह भद्रक आसन बन जाता है। ५. दोनों जानु तथा दोनों जङ्घों को उठाकर परस्पर उलट फेर कर दोनों पैरों को अच्छी तरह भूमितल पर स्थापित करे। पर्यङ्क के साथ देह, जङ्घा एवं ऊरू इनको वेष्टित करे तो यह ऋज्वासन यथायोग योगासन कहा जाता है।

६. दोनों जङ्घा को तोरण की तरह बनाकर उसे पर्यङ्कबन्धन में बाँध कर पूर्ववत् ऋज्वासन निर्माण करे तब वह दण्डासन कहा जाता है। ७. जङ्घा के मध्य में कटीचक्र में पर्यङ्कबन्धन बनाकर दोनों जानुओं को कुछ फैला देवे फिर उसी दण्डासन क्रम में अङ्गों को स्थिर कर बैठे तब वह जङ्घासन बन जाता है। ८. पर्यङ्क बन्धन में स्थित एक जङ्घा को यथाक्रम स्थिर रखे ऊरू से सटी हुई

अन्य जङ्घा को पृथ्वी पर सन्निविष्ट करे इस प्रकार के जिस आसन पर बैठता है उसे अर्धजङ्घासन कहा जाता है। ९. बँधी हुई एक जङ्घा को ऊपर दूसरी को भूमि पर सन्निविष्ट रखें, इस प्रकार से योगी जिस आसन से बैठे तब उसे पार्श्वासन कहा जाता है। १०. दोनों जानुओं को ऊपर उठा कर योगी पैरों के बल से पृथ्वी पर बैठता है तब उत्कुटिका आसन कहा जाता

अब जिस प्रदेश में योगी को निवास करना चाहिये उस प्रदेश को कहते हैं—योगियों के निवास के लिये पर्वत श्रेष्ठ हैं उसमें भी हिमालय सर्वश्रेष्ठ जहां गङ्गा का प्रदेश है वह उत्तम है, उससे भी वदरिकाश्रम श्रेष्ठ है।

इन स्थानों के अभाव में योगियों के निवास के योग्य शेष पर्वतों को कहते हैं—विन्ध्य, सह्य, महेन्द्र, श्रीकण्ठ, माल्यवान्, मलय, किष्किन्ध, श्री चित्रकूट ये नव पर्वत योगियों के निवास के योग्य है। इनके अप्राप्य होने पर सभी पर्वत प्रशस्त है। सभी नदियाँ प्रशस्त हैं उनमें गङ्गा सर्वापेक्षया प्रशस्त उससे भी पुष्कर श्रेष्ठ है पुष्कर से भी पुरुषोत्तम श्रेष्ठ है। उससे भी श्रेष्ठ है इनके अप्राप्य होने पर अन्य ग्राह्य हैं। इससे भी यमुना देवी सिन्धु सरस्वती शरावती विपाशा शतद्रु नर्मदा कावेरी ताम्रपर्णी क्रमशः ये दश इनके अभाव में अन्य नदियाँ प्रशस्त हैं सभी नदियों में उनका दाहिना प्रशस्त हैं। सभी तटों में द्वीप का भीतरी भाग प्रशस्त है।

नदियों के अभाव में निर्जन वन उत्तम है। वनों में भी नैमिष काम्यक, दण्डकारण्य, जनस्थान, महावन इतने वन उत्तम हैं। सभी सदैव ह्रद उत्तम है। चन्द्रपुष्करिणी पञ्चाप्सर नामक सर, पम्पा, अगस्त्य ह्रद, ब्रह्मसर ह्रद प्रशस्त हैं। आश्रम, पुण्यदेवतायतन, सभी तीर्थ आयतन और शुभस्थान योगासन के लिये प्रशस्त हैं। इन स्थानों पर नारायण अनामय क्षेत्रज्ञ महाविष्णु अणु से भी अत्यन्त महा अणु विष्णु सुरश्रेष्ठ वासुदेव सनातन की आराधना कर साधक कर्मयोगी बन जावे।

इस अर्चना से संतुष्ट होकर भगवान् ज्ञानयोग प्रदान करते हैं। उस पूतात्मा पञ्चरात्र में श्रम संपादन करने वाला पञ्चकालविशेषवित् पञ्चस्थाना उसमें प्रत्यय (श्रद्धा, विश्वास) प्राप्त कर विष्णु का अनुग्रह प्राप्त करे तदनन्तर विधिवत् आसन कर योगवेत्ता योग करे और नाड़ी शोधन करे वायु पर विजय प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करे।

नाडीचक्र का प्रकार कालाध्याय में कहा गया है। योग के षडङ्ग पद्मोद्भव में यथायोग कहा गया है।

अब वायु के अवरोध का प्रकार कहते हैं—क्रमशः पूरक, कुम्भक रेचक और इनकी मात्राओं का क्रम पद्मोद्भव कह दिया है। इससे वायु पूर्ण जाता है। पिङ्गला से कुम्भक में सुषुम्ना द्वारा मात्रायोगक्रम से वायु रिक्त

दक्षिण नासापुट को अङ्गुष्ठ से बन्द कर बायें नासापुट से वायु पूर्ण जाता है। दक्षिण नासापुट को अङ्गुष्ठ से बन्द कर बायें नासापुट से वायु पूर्ण किया जाता है फिर दोनों नासापुटों को बन्द कर कवेल कुम्भक करे। फिर बायें नासापुट को बन्द कर केवल दक्षिण नासा पुट से वायु रेचन करे तीन मात्रा से क्रम में छोड़ा गया वायु क्रम विपर्यास से तथा प्रयोग के विपर्यय से विषमता उत्पन्न करता है। पूरक प्राणायाम में क्रमशः सभी नाड़ियां वायु से परिपूर्ण होती हैं। कुम्भक में रोक ली जाती हैं पुनः रेचक में रिक्त की जाती हैं। प्रथम एक मात्रा के वायु से इडा पूर्ण होती है। द्वितीय और तृतीय मात्रा से पिङ्गला पूर्ण होती है चौथी मात्रा से सुषुना पूर्ण की जाती है। पाँचवी मात्रा से गान्धारी छठवी और सातवीं मात्रा से पूषा पूर्ण की जाती है। आठवीं से हस्तिजिह्वा, नवमी से अलम्बुसा, दशमी से सुयशा और ग्यारहवीं से कौशिकी पूर्ण की जाती है। इस प्रकार क्रमयोग से बारहवीं मात्रा द्वारा कुहू पूर्ण की जाती है। वायु से पूर्ण हो जाने पर सभी नाड़ियाँ चक्र के समान शरीर में घूमने लगती है। नाड़ियों के भ्रमण के वेग से नाभिदेश में रहने वाला हुताशन प्रज्वलित होकर शरीर के समस्त दोषों को जला देता है। भ्रमण करते हुये वायु तथा अग्नि के द्वारा शोधित होने से सभी नाड़ियाँ शुद्ध हो जाती है।

फिर मात्रा काल का ज्ञान कर रेचक प्राणायाम करे। दो मात्रा के वायु के रेचन से कुहू नाडी वायु से मुक्त हो जाती है तीसरी तथा चौथी मात्रा से वायु के द्वारा कौशिकी नाडी मुक्त हो जाती है। पाँचवी, छठी मात्रा से सुयशा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है। सातवीं, आठवीं मात्रा से अलम्बुसा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है नवमी, दशमी मात्रा से हस्तिजिह्वा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं एवं चौदहवीं मात्रा से पूषा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है। पन्द्रहवी, सोलहवीं मात्रा से गान्धारी नाडी वायु से मुक्त हो जाती है। सत्रहवी और अट्ठारहवीं मात्रा से इडा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है। फिर उन्नीसवीं, बीसवीं मात्रा से पिङ्गला नाडी वायु से मुक्त हो जाती है। शेष तीन मात्राओं से सुषुम्ना मुक्त होती है। उन नाड़ियों में क्रमशः प्राणादि वायु स्थित रहते हैं। वे सभी प्राणवायु पूरक प्राणायाम की स्थिति में चञ्चल हो जाते हैं। कुम्भक की स्थिति में भ्रमण करते हैं। रेचक प्राणायाम की स्थिति में क्रमशः इन वायुओं का उन्मूलन हो जाता है। यह उन्मूलन क्रम उनके जय के लिये होता है।

नाग, कुमार, कृकर, देवदत्त और धनञ्जय ये पाँच पूरक प्राणायाम से ही जीत लिये जाते है। ये यथासंख्य प्राणादि में लय हो जाते हैं। कुम्भक में अपान से लेकर जीते गये चार वायु केवल प्राण में ही लय हो जाते हैं। प्राण सबके जय का स्थान है। मन, बुद्धि, अहङ्कार और सभी इन्द्रियाँ ये सभी वायु से प्रेरित होकर उसी के साथ प्राण में ही प्रविष्ट हो जाती हैं। उतने ही काल तक प्रवृत्ति और उतने ही काल तक निवृत्ति कही जाती है।

योगी योगाभ्यास से जीव को ऊपर उठावे। ऊपर की ओर जाने वा
तत्र-तत्र कर्म को प्राप्त करता है हृत्पद्म जब रेचक से विकसित हो जाता
वायु के द्वारा स्थिर कर दिया जाता है तब यह जीव उसके भीतर प्रवे
है। जहाँ क्षेत्रज्ञ स्थित है कुम्भक से निरुद्ध वही पद्म ऊर्ध्वमुख होता है।
भीतर सुषुम्ना नामक सूर्यांशु जिसमें सुषिर (छिद्र?) है उसके मध्य में
नाम की चन्द्रामृत की धारा स्थित है। वह रक्तवर्ण के सूर्य मण्डल को
स्थित है वही सुषुम्ना शिर के मध्य का भेदन कर हृत्पद्म में स्थित रहती
प्रकार से उसी सुषुम्ना का सहारा लेकर जीव उसीके ध्यान में लग जावे।

सभी के शरीर में एक ही सूर्य की किरण स्थित है। योगी उसी
किरण में जीव को समाधि द्वारा सन्निविष्ट कर दोनों भ्रू के मध्य में नारा
सन्निविष्ट कर उन्हीं का ध्यान कर अमृत धारा के मध्य में ध्यान करे।
सुषुम्ना का अतिक्रमण कर उसके ऊपर सूर्य मण्डल का ध्यान करे। फिर
के पास जाकर उसी के मध्य में प्रभु स्थित हैं। उसी सर्वश्रेष्ठ सदाशि
आश्रय ग्रहण करे।

वही निष्कल देव हैं, वही नारायण है, वही प्रभु हैं, उन्हें ही लोग
जगद्बीज कूटस्थ अचल कहते हैं। वही परात्पर हैं वही तम से परे हैं
बढ़कर न कोई स्थूल है, न कोई सूक्ष्म है। वही नित्य पुरुष कहे जाते हैं।
विष्णु का परम पद है उस विष्णुपद को प्राप्त कर पुनः जन्म नहीं होता
प्रकार योगी वायु पर विजय प्राप्त कर अभ्यास से विष्णु सायुज्य में यत्न

१. स्वप्न में, २. अपनी देह में, ३. देव में, ४. मन में और ५.
इन्द्रियों में पृथक्-पृथक् प्रत्यय उत्पन्न होते हैं। १. दर्शन, २. संयोग,
संभाषण, ४. अतीत, अनागतोक्ति और ५. तत्त्व निवेदन ये पाँच अव
स्वप्नकाल के प्रत्यय कहे गये हैं। विष्णु का दर्शन प्रथम अवस्था है। विष्णु
साथ संयोग द्वितीय अवस्था है। विष्णु के साथ संभाषण तृतीय अवस्था
अतीत और अनागत की बात जानना चतुर्थ अवस्था है। असमय में आ
मण्डल में तत्त्वपङ्क्ति का दिखाई पड़ना यह पञ्चम अवस्था है।

प्रथम दशा में यदि साधक की मृत्यु हो जावे तब वह दैत्यों के लि
अत्यन्त भयङ्कर गरुड़ वाहन बनकर जन्म लेता है। यदि द्वितीय दशा में मरण
तब साधक शङ्ख चक्र धारण कर विष्णुलोक में महत्त्व प्राप्त करता है। तृ
दशा में यदि साधक की मृत्यु हो जावे तब वह विष्णु के समान ऐश्वर्य
होकर विष्णुपद प्राप्त करता है। चतुर्थ दशा में यदि मरण हो तो वह
लोक का अधिपति होकर सुरेश्वर इन्द्र का पद प्राप्त करता है। पञ्चमी दशा
यदि मरण हो तो वह महाविष्णुपुर प्राप्त कर द्वारपाल होगा।

मन के प्रत्ययकाल में भी पाँच ही अवस्थायें होती हैं। १. परोक्षदर्शन, २. भविष्यच्चिन्तन, ३. इन्द्रियों से परे वस्तु का ज्ञान ४. सभी शास्त्रों के अर्थ का दर्शन (ज्ञान) और ५. विष्णु में चित्त की एकाग्रता ये पाँच अवस्थायें मानसिक प्रत्यय होने पर होती हैं। जिसका परोक्ष में जैसा शुभ अशुभ कर्म है वह प्रत्यक्ष की तरह दिखाई पड़े वह प्रथमा मानसिक दशा कही जाती है। सभी वेदों एवं शास्त्रों का सर्वशः एवं सर्वत्र दर्शन होना यह चतुर्थी दशा है। देवाधिदेव विष्णु का एकान्त में चिन्तन करना और किसी भी देवता का चिन्तन न करना स्मृति शेष होने पर भी देवताओं में मन की एकाग्रता की व्यवस्था से जाग्रत एवं स्वप्न काल में निर्वाह करना यह पञ्चमी दशा कही गई।

यदि प्रथम मानसिक दशा में साधक की मृत्यु हो तो वह महाविष्णु पद प्राप्त कर धर्म में निरन्तर निरत रहता है। द्वितीय दशा में यदि मरण हो तब वह साधक महाविष्णु पद प्राप्त कर पुर का पालक होता है। तृतीय अवस्था में यदि मरण हो तब वह महाविष्णु पद प्राप्त कर महाविष्णु के समान हो जाता है।

पाँच कर्मेन्द्रियाँ और पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ कुल दश इन्द्रियाँ हैं। उनके कर्मों का संयोग उनके विषयों से होता है। उन सभी को मिलाकर एक और दशा होती है जिसका फल है दिव्यभोगों से युक्त होना है। इस दशा में मरण होने पर साधक को सदा विष्णु पद पहुँचा देती है। पाँच प्रकार के प्रत्यय काल में ये २१ दशायें कही गई हैं। ये दशायें प्रत्ययों में पृथक्-पृथक् होती है।

जिन योगियों में ये दशायें उत्पन्न होती हैं वह जीवन्मुक्त कहा जाता है वही जीवन्मुक्त सदा कर्मयोगी होंगे। इसलिये साधक योगयुक्त योगी बने ऐसे योगी अनामय नारायण में योगाभ्यास से विष्णु के परम पद को प्राप्त करेंगे।

ऋषिरात्र में चतुर्थ अध्याय तपस्याधर्मकथन नामक है। तपस्या के लिये प्रदेश कहते हैं—प्रयाग, ब्रह्मदुर्ग, कुरुक्षेत्र, गया, ब्रह्मावर्त्त, भृगुपथ, पुरुषोत्तम देवतीर्थ, महातीर्थ, चन्द्र पुष्करिणी, देवह्रद, पञ्चनद, पञ्चाप्सर नामक सर, श्रीकण्ठक, चन्द्रतीर्थ, महाबल, अगस्त्यतीर्थ, श्रीसानु, ब्रह्मकुण्ड, ईश्वर तीर्थ, गोकर्ण, कन्यकातीर्थ, सेतुभुख, शालग्राम, सरिद्दीप, अग्नितीर्थ और इसी प्रकार सभी पुण्याश्रम, सभी पुण्यनदियाँ, सभी पुण्याख्य पुण्यतीर्थ तपः के प्रदेश कहे गए हैं। यहाँ तप करने से तप की वृद्धि होती है।

पुण्यशैल, पुण्य आयतन सभी आश्रमों में सर्वोत्तम बदराश्रम और सभी नदियों में गङ्गा प्रशस्त है। सभी अरण्यों में पश्चिम द्वार सर्वोत्तम है। इन सभी अरण्यों में नदियों के तट पर स्थित अरण्य उत्तम हैं। सभी शैलों में हिमवान् गिरि प्रशस्त है। इसी प्रकार सभी आयतनों में विष्णु के आयतन उत्तम हैं सभी

विष्णु के आलयों में पश्चिम द्वार उत्तम हैं। इन सभी में नदी तीर के आलय अर्थात् मन्दिर उत्तम है। नदी तीरस्थ आलयों की अपेक्षा समुद्र के स्थित विष्णवालय श्रेष्ठ कहे गए हैं। उन सभी की अपेक्षा पुण्य विष्णवालय कल्याणकारक हैं। नदी के मध्य में रहने वाले विष्णवालयों की पर्वत पर स्थित विष्णवालय उत्तम है। जहाँ भगवद् भक्त हों उसी प्रदेश करना चाहिये।

तप के लिये बारहों मास प्रशस्त है। मासों में भी संक्रान्ति सङ्क्रान्तियों में भी अयन प्रशस्त है और अयनों की अपेक्षा विषुव श्रेष्ठ की अपेक्षा व्यतीपात उससे भी श्रेष्ठ विष्णुपञ्चमी है। प्रायश्चित्त क्रम के ये व्रत उपवास मुख्य हैं। कृच्छ्रमूल तप उत्तम है। कृच्छ्र, कृच्छ्रातिकृच्छ, तप्तकृच्छ, सान्तपन, चान्द्रायण, पराक इन सभी की है। अपनी शक्ति के अनुसार इन व्रतों को करके तब तप करें। तप नित्य और नैमित्तिक दो प्रकार के प्रायश्चित्त कहे गये हैं। जो नित्य किये नित्य प्रायश्चित्त हैं। इसके अतिरिक्त अन्य नैमित्तिक प्रायश्चित्त हैं।

तपस्या करते हुये जप करे क्योंकि जप का मूल तप कहा गया पयश्चर्या, २. मूलचर्या, ३. फलचर्या, ४. शाकचर्या, ५. यवचर्या पर्णचर्या, ७. जलचर्या एवं ८. वायुचर्या इस प्रकार आठ तप कहे गये

पय से व्रतचर्या करने वाले मनुष्य १. नियम, २. केवल, ३. मिश्रक ४. अमिश्रक विधि के चार प्रकार के होते हैं—

१. जो कुडव आदि निश्चित प्रमाण के अनुसार न उससे अधिक कम पयः पीते हैं वे नियमी कहे जाते हैं। यह शेष तीन से प्रशस्त है भक्त साधक बिना नियम किये जितना दूध प्राप्त हो उतना पान करे कम हो चाहे अधिक हो वह केवल पयोव्रती कहा जाता है। ३. जो भक्त दही घृत, गोमूत्र, गोमय मिला कर जितना दूध प्राप्त हो उतना पीता मिश्रक पयोव्रती कहा जाता है। ४. बिना कुछ मिलाये जितना दूध प्राप्त जो पीता है वह अमिश्रक पयोव्रती कहा जाता है।

२. मूलव्रत से चर्या करने वाले १. दग्ध, २. स्निग्ध, ३. अनग्नि ४. यथालाभ चार प्रकार के कहे गये हैं। १.जो केवल अग्निदग्ध मूल का करता है और कोई पदार्थ भोजन नहीं करता वह योगी दग्ध मूलव्रती कहा है। २. जो केवल पय में सिद्ध अथवा केवल जल में सिद्ध मूल का करता है वह योगी स्निग्ध मूलव्रती कहा जाता है। ३. जो भक्त नित्य मूल का भक्षण करता है वह अनग्नि मूलव्रती कहा जाता है वह अन्य की अपेक्षा प्रशस्त है। ४. जो कच्चा अथवा दग्ध अथवा स्निग्ध अथवा मिश्रित का भक्षण करता है वह यथालाभ मूलव्रती साधक कहा जाता है।

३. फलचर्याव्रती साधक १. पक्व २. तरुण, ३. युक्त एवं ४. आम इस क्रम से फल से व्रतचर्या करने वाले योगी के भी चार भेद कहे गये हैं। १. जो नित्य पके हुये फलों का भक्षण करता है वह फल चर्या का व्रती पक्व कही जाती है। २. जो तरुण पक्व अथवा अग्निपक्व फल का भक्षण करता है वह तरुण कहा जाता है। ३. जो अग्निपक्व आम (कच्चा) पक्व अथवा तरुण इस प्रकार मिश्रित फलों का भक्षण करता है वह युक्त कहा जाता है। ४. जो अपक्व, कच्चा अथवा तरुण फल का भक्षण करता है वह फल व्रतचारी आम कहा जाता है।

४. शाक व्रतचर्या वाला पुरुष १. पाचक, २. पूरक ३. निष्ठुर और ४. प्रकीर्णक भेद से चार प्रकार का होता है। १. जो स्नेहवार्जित पका हुआ केवल शाक भोजन करता है वह शाक व्रत चर्या वाला पुरुष पाचक कहा जाता है। २. जो घी, दही, दूध से मिश्रित अथवा अग्निपक्व शाक का भोजन करता है वह पूरक कहा जाता है। ३. जो पशु के समान केवल कच्चा शाक खाता है वह निष्ठुर कहा जाता है। ४. जो पक्वा पक्व मूल फलादि के साथ शाक भोजन करता है उसे प्रकीर्णक कहा जाता है।

५. यवव्रतचारी साधक १. यावक, २. सक्तुक, ३. गोनिष्क्रान्त और ४. समूत्रक भेद से चार प्रकार कहे गये हैं। १. यव अथवा वेणु यव से निर्मित यवागू का जो यवव्रत चारी भोजन करता है, वह यावक कहा जाता है। २. जो घृतमिश्रित अथवा केवल यवसक्तु अथवा जल अथवा दूध से मिश्रित यवसक्तु का भोजन करता है वह यवव्रतचारी सक्तुक कहा जाता है। ३. गाय के पेट से निकले हुये यव का यवागू (हलुआ) अथवा पायस (खीर) बनाकर अथवा घी से परिप्लुत कर जो साधक निरन्तर भोजन करता है वह गोनिष्क्रान्त कहा जाता है। ४. गोमूत्र में संसिद्ध यवागू या अन्न जो स्नेह वर्जित हो उसे जो साधक भोजन करता है वह समूत्रक कहा जाता है।

६. पर्णव्रतचारी १. पर्णी, २. स्वयंपाकी, ३. प्रवर और ४. प्लावक भेद से चार प्रकार के कहे गये हैं। १. जो केवल पत्ते चबाकर रहता है वह पर्णव्रतचारी पर्णी कहा जाता है। २. पत्तों वृक्षों के पत्ते जो स्वयं पक कर पीले हो पृथ्वी पर अपने आप गिर जाते हैं। उन्हें जो साधक भोजन करता है वह पर्णव्रतचारी स्वयंपाकी कहा जाता है। ३. जो भक्त सूखे पत्ते चबा कर अपनी प्राणयात्रा का निर्वाह करता है वह पर्ण व्रतचारी साधक प्रवर कहा जाता है। ४. जो भक्त डूबकर कमल के सूखे पत्ते चबा कर अपनी प्राणयात्रा का निर्वाह करता है वह पर्ण व्रतचारी साधक प्लविक कहा जाता है।

७. जलचर्या व्रती....३. जो जल में स्थित होकर जल भक्षण कर अपनी प्राणयात्रा करता है वह तोयव्रतचारी मासक कहा जाता है ४. जो दिन प्रतिदिन

इसी नियम से रहकर अपनी आत्मा में स्थित जल अपने आप पीकर करता है अन्य कोई भी वस्तु कदापि ग्रहण नहीं करता । वह जल मात्रिक कहा जाता है ।

८. १. रसिक, २. गान्धिका, ३. शुद्ध एवं ४. सङ्कीर्ण ये चार व्रतचर्या करने वाले मनुष्य के भेद हैं। १.फलादिकों से निकले हुये रस को १८ बार जो पीकर निर्वाह करता है वह वायुव्रतचारी रसिक कहा २. नवीन वर्षा होने परे पृथ्वी से निकले हुये वायु द्वारा आनीत गन्ध जो साधक निर्वाह करता है वह गान्धिक कहा जाता है। ३. जो साधक शुद्ध वायु पीकर निर्वाह करता है वह वायुव्रतचारी शुद्ध कहा जाता है। साधक सङ्कीर्ण मिश्रित वायु को प्राप्त कर उसी का भक्षण कर प्राणयात्रा है वह वायुव्रतचारी सङ्कीर्ण कहा जाता है इस प्रकार उपर्युक्त चार गु बराबर ३२ (बत्तीस) व्रतों से अपनी दिनचर्या करने वाले साधक भागवत जाते हैं।

इन्हीं व्रतों को करने के कारण तपस्वियों के उपर्युक्त ३२ भेद हैं। उन्हीं से अपनी दिनचर्या करने वाले भागवत जन मुनि होने के नारायणपरायण मुनि कहे जाते हैं। कुछ तपस्वी ग्रीष्म में पञ्चाग्नि के मध्य करते हैं। कुछ वर्षाकाल में खुले आकाश में पत्थर पर सोते हैं। कुछ श में आतप सहन करते हैं। कुछ तपस्वी अपनी दिनचर्या हेमन्त में ज करते हुए करते हैं। कुछ शिशिर में खुले आकाश में सोते हैं। कुछ तपस्वी वसन्त में अपने स्थान पर रहकर एकपैर से खड़े रहते हैं। कुछ जाते हैं और कुछ नैष्ठिक ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करते हैं। कोई भगवान् भक्ति करते हैं। कोई अनन्य देवता के भक्त पञ्चकाल में भगवान् की उ करते हैं। कुछ अष्टाक्षर जपपरायण हो जाते हैं और कुछ द्वादशाक्षर जप होते हैं। कुछ विष्णु गायत्री के जप में परायण रहते हुए तप तपस्या कर कुछ नारसिंह की उपासना में निरत रहते हैं। कुछ षडक्षर मन्त्र परायण हो कुछ पञ्चोपनिषद् का पाठ करते हैं। कुछ नवाक्षर मन्त्र के जप में परायण हैं।

तपस्या से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। तपस्या से प परमात्मा का दर्शन हो जाता है इस प्रकार तपस्या से सब कुछ प्राप्त क और ध्यान में निरत होना चाहिये ६७।

ऋषिरात्रे में पञ्चम अध्याय पुष्पयागकथन नामक है। अब पुष्पभेद हैं—पाँच वर्ण के पुष्प होते हैं। ये शुद्ध वर्ण वाले होते हैं। शेष अन्य पुष्प मिश्र कहे जाते हैं।

क्रियायोग में दक्ष साधक कर्णिका से वृन्त (गुच्छे) तथा पत्तों को अलग करे और उपर्युक्त पञ्चावरणमण्डल में वर्णों के अनुकूल पुष्पों से रचना करे। यथावर्णानुपूर्व मण्डल में पुष्पप्रयोग कर पीतवर्ण के पुष्पों से कर्णिका निर्माण करे। पीत एवं रक्त पुष्पों से केसर निर्माण करे। हरित अथवा रक्त वर्ण से कर्णिका का वलय (गोलाइ का) निमार्ण करे और केसर के भीतर रहने वाला वलय श्वेत पुष्पों से निर्माण करे। दलों का पूर्वभाग श्वेत-रक्त मिश्रित वर्ण वाले पुष्पों से निर्माण करे। साधक दलों के अन्तभाग का निर्माण केवल रक्त वर्णों के पुष्पों से करे। दलों की सन्धि रेखा श्याम वर्ण के पुष्पों से निर्माण करे और दलों के भीतरी वलय का निर्माण हरित शोभा वाले पुष्पों से करे। पश्चात् केवल नाभि श्वेत पुष्पों से तथा मध्य रेखा श्वेत पुष्पों से निर्माण करे। रक्त पुष्पों से भीतरी रेखा निर्माण करे। भीतरी रेखा के भी भीतर की रेखा हरितवर्ण के पुष्पों से कल्पित करे। नेमि का आदि वलय काले पुष्पों से तथा नेमि के अन्त का वलय श्वेत पुष्पों से बनावे। नेमि केवल पीत वर्णों से अथवा रक्त वर्णों से निर्माण करे। यहाँ तक पञ्चावरण मण्डल के निर्माण का विधान कहा गया है इसके आदि में, दल के संधि में और दल के अन्त में यथाक्रम तत्त्वविन्यास योग से तीन आवरण हुए। इसके बाद अरादि में और अरा के अन्त में दो आवरण हुये।

बहिरावरणत्रय कहते हैं—सर्व प्रथम बाहर पीत पुष्पों से अर्गल रेखा का निर्माण करे विचक्षण साधक इसी प्रकार पीत पुष्पों से द्वितीय रेखा बनावे। तीसरी रेखा हरितवर्ण के पुष्पों से अथवा सभी को हरित वर्ण के पुष्पों से निर्माण करे। इसी प्रकार पूर्वोक्त क्रमयोग से सभी पद्मों की रचना करे।

मण्डल का प्रमाणादि कहते हैं—मण्डल का प्रमाण, नामभेद का प्रकार, तत्त्वों के नाम, संख्या क्रम, बाहरी आवरण के भेद, उनके देवता और मण्डल के द्वार, द्वारों के क्रम, यागमण्डप के लक्षण, कलशों का विन्यास तथा पताकाओं के लक्षण यह सब ब्रह्मरात्र में कह दिया गया है।

अब यहाँ विशेष कहते हैं—इस पुष्पयाग में तिलहोम, पद्महोम तथा मधुहोम वर्जित करे। अधिवास तथा नववस्त्रादि संग्रह न करे। विद्वान् दक्षिणादान, शिष्य को शिरोवेष्टन तथा उसके शिर का स्पर्श सर्वथा वर्जित करे। आचार्य शेष सब पूर्वोक्त विधि से तथा दीक्षा भी पूर्वोक्त विधि से करे। समिधा, घृत एवं चरु होमकर्म के द्रव्य कहे गए हैं। पृथक् पृथक् द्रव्यों से सहस्र आहुतियाँ देनी चाहिए।

बहिरावरण में प्रयोज्य नैवेद्य कहते हैं—साधक पायस, कृसर, हरिद्रायुक्त अन्न, गुडौदन, अपूप, सब प्रकार के फल तथा विविध नैवेद्यों का प्रयोग बाहर के आवरण में करे। प्रथम आवरण में गुडान्न का नैवेद्य और द्वितीय आवरण में पायस का प्रयोग करे। हरिद्रान्न बाहर के आवरण में देवे क्योंकि देवों के

पारिषदगण बलि-प्रिय होते है। अपूप पकाकर सर्वत्र प्रदान करे। शराव ... दही मिलाकर शुद्धान्न प्रदान करे। समस्त फल सबको निवेदन करे।

प्रयोज्य नैवेद्य का दिक् कहते हैं—पूर्व दिशा में निवेद्यवस्तु ... होकर प्रदान करे। आग्नेय दिशा में निवेद्यवस्तु पूर्वाभिमुख होकर निवे... दक्षिण में निवेद्यवस्तु दक्षिणाभिमुख होकर निवेदन करे। निर्ऋति में ... पूर्वाभिमुख होकर निवेदन करे। पश्चिम दिशा में निवेद्यवस्तु उत्तराभि... ईशान में निवेदनीय वस्तु पूर्वाभिमुख होकर निवेदन करे। इसी प्रकार ... आवरण में तथा तृतीय आवरण में भी निवेदन करे। दल में सम्पूर्ण समस्त निवेदनीय वस्तु निवेदन करे। इस प्रकार आचार्य मण्डल की ... शिष्य का दाहिना हाथ अपने दाहिने हाथ से पकड़कर पुष्पाञ्जलि ... अपने दाहिने लेकर मण्डल में प्रवेश करावे। फिर गन्धपुष्पादि द्वारा ... अर्चन कराकर उसे व्रत की शिक्षा देकर अपना शिष्य बनावे।

प्रयोज्य मण्डले प्रवेशाचार कहते हैं—ब्राह्मण शिष्य प्रथमावरण ... करे, क्षत्रिय शिष्य द्वितीय आवरण में वैश्य शिष्य तृतीयावरण में प्रवेश ... और शूद्रों की स्थिति सर्वदा बाहर ही कही गई है स्त्री और शूद्र का ... प्रवेश विहित नहीं है यदि आचार्य लोभ मोह अज्ञान वश उन्हें मण्डप ... कराता है तब आचार्य सहित समस्त लोग घोर नरक में गिरते हैं जिसकी ... निष्कृति नहीं होती। इसलिये स्त्री और शूद्रों को कदापि प्रवेश न करा... के मण्डप में मन्त्र के १. वैदिक, २. तान्त्रिक और ३. वैदिक-तान्त्रिक ... भेद कहे गये हैं।

दीक्षितों का मन्त्राचार कहते हैं—साधारण विधान से ये सभी के ... है। कुछ लोग तान्त्रिक मन्त्रों से, कुछ लोग वैदिक तान्त्रिक दोनों से ... लोग केवल वैदिक मन्त्रों से सदा भगवान् विष्णु की पूजा करते हैं ... दीक्षितों के लिये तान्त्रिक विधि ही वलवत्तर है इसलिये आचार्य सब ... अर्चना में तान्त्रिक विधि वर्जित न करे स्त्री और शूद्र को वायव्य ... दीक्षित करे।

दीक्षितों की मण्डलादि विधि कहते हैं—वैश्य को आग्नेय म... क्षत्रिय को पूर्व मण्डल में और ब्राह्मण को वारुण (पश्चिम) मण्डल में ... दीक्षित करे स्त्री और शूद्र को क्रमशः वायव्य दिशा से ही प्रवेश करा... एवं आग्नेय में वैश्य दीक्षा प्राप्त करे क्षत्रिय साधक वायव्य, आग्नेय ... से दीक्षा के लिये प्रवेश करे। ब्राह्मण इन तीनों से तथा पश्चिम से भी ... के लिये प्रवेश करे।

दीक्षितों के मण्डल प्रवेश का फल कहते हैं—ब्राह्मण दीक्षा में ... तो अनन्त फल प्राप्त करता है। यहाँ जितनी भी विशेष बातें हैं, ...

पहले कह दिया है नारायणाभिधान नामक ग्रन्थ में मण्डल के विषय में कुछ अन्य बातें कही गई हैं। वहाँ मात्र द्विजाति ही दीक्षा कर्म के योग्य अधिकारी कहे गये हैं सभी शूद्र, मण्डल प्रवेश के अधिकारी नहीं है।

ऋषिरात्र में षष्ठ अध्याय बलिदानकर्मविधान नामक है। जिसके करने से देवता संतुष्ट होते हैं बलिदान में विषेशतः बलिपात्र मुख्य हैं क्योंकि देवता उसी में स्थित रहते हैं

बलिपात्र कहते हैं—सुवर्ण, रजत तथा ताम्रमय पात्र इसमें होना चाहिये अपने वित्त के अनुसार साधक कोई भी पात्र निर्माण करावे यह बलि पात्र गोला अथवा चौकोर होना चाहिये, उस बलि पात्र में कर्णिका केसरयुक्त पद्मपत्र लिखे वृत्ताकार पात्र में द्वादशदल का कमल और चौकोर पात्र में अष्टपत्र कमल बनावे। द्वादश कमल के दल में द्वादश देवताओं का निवास होता है।

बलिपात्रगत विष्वादि देवता कहते हैं—ये देवता विष्णवादि द्वादश मास कहे गये हैं। रुद्र, आदित्य, वसु, अश्विनी, मरुत, नाग, अप्सरायें, गन्धर्व एवं किन्नरों को महेन्द्रसंहिता के अनुसार दिशाओं के क्रम से स्थापित करे। यहाँ कर्णिका के मध्य में भगवान् नारायण स्थित रहते हैं। सभी पात्र के सभी देवता अपने अपने स्थान पर स्थित हैं। अन्य विष्णु के पारिषद् पात्र के अन्त में स्थित हैं। कर्णिका में सुरेश्वर वासुदेव स्थित रहते हैं। इसके अनन्तर अष्टपत्र के पद्म में मूर्त्ति के साथ देवताओं की स्थिति हैं। आग्नेयकोण में वासुदेव, नैर्ऋत्य में सङ्कर्षण, वायव्य में प्रद्युम्न, उत्तर में अनिरुद्ध, पूर्व में शान्ति और दक्षिण के दल में श्री देवी स्थित हैं सरस्वती पश्चिम में उत्तर में रति इसके बाद दलावसान में आठ विघ्नेश्वरों की स्थिति है पूर्व में आदि वराह, दक्षिण में नारसिंह, पश्चिम में श्रीधर, उत्तर में हयग्रीव, आग्नेय में भार्गव राम, नैर्ऋत में राम, वायव्य में वामन और ईशान में वासुदेव स्थित हैं। सबके अन्त में विष्णु पारिषदों की स्थिति हैं।

अब बलिद्रव्यों को कहते कहते है—व्रीहि, यव, मूँग, प्रियङ्गु, तिल, वेणुक, साँवाँ और नीवार ये धान्य बलिकर्म में प्रशस्त कहे गये हैं। इनका उत्तरोत्तर दश गुणा फल होता है। समयी इतनी वस्तुओं का संग्रह कर लिपी हुई शुद्धि भूमि में मर्दन करे अथवा शुद्ध गोचर्म पर मर्दन करे पैर से मर्द्दन न करे न हाथ से मर्द्दन करे और दीक्षारहित से भी मर्द्दन न करावे। फिर मर्दन के पश्चात् मण्डल बना कर पिष्टचूर्ण से अलङ्कृत पृथ्वी पर अञ्जलि मुद्रा से प्रणाम कर उसे पत्ते पर धाम में फैला देवे जब धान सूख जावे तब दीक्षित पुरुष आचमन कर गोमय से उपलिप्त उसे भूमि में उलूखल रखकर जल से प्रक्षालित करे उसी प्रकार मुसल भी प्रक्षालित करे। फिर विष्णु का स्मरण करते हुये अञ्जलि द्वारा अलूखल में धान्य डाल देवे।

बलिदानद्रव्यप्रयोग कहते हैं—पिसान के चूर्ण से विचित्रित पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख होकर मुसल मुद्रा प्रदर्शित कर मूल मुसल पकड़ कर मूलविद्या का तीन बार पाठ कर रक्षा मुद्रा दिखा कर दीक्षा सम्पन्न स्त्रियों द्वारा उसे कुटवावे।

सर्व प्रथम धान को प्रक्षालन के लिये लाये गये शूर्प से उसमें भूसा इत्यादि को दूर करे। उलूखल में उसके भूसी को दूर करने कुटवावे। शूप से पछोर कर उसके भूसी कन्ना आदि को दूर करे और के लिये उस धान्य को ग्रहण करे।

बलिदानप्रयोगान्तर कहते हैं—दीक्षितों के घर से अथवा वैष्णवों के गन्धवारि से अदूषित शुद्ध व्रीहि ले आवे सर्वथा सूखे हुये जल रहित से रहित प्रीति पूर्वक दिये हुये उस धान्य को लेकर पूर्वोक्त रीति से शुद्ध कर पूर्ववत् सारी शुद्धि की क्रिया संपादन कर बलिकर्म के लिये का उपयोग करे।

उसके भी अप्राप्य होने पर आनुपूर्वी विधि कहते हैं—वैष्णवों के गृह से विशेषकर दीक्षितों के गृह से अथवा किसी वैष्णव से साधक ग्रहण करे।

जो खुद्दी भूसी से रहित हो कृमिकीट विवर्जित हो केश पाषाण नाखून कोयला से वर्जित हो आर्द्रता तथा निम्नस्थान से विवर्जित हो न हो छोटा न हो, ऐसे चावल को प्रसूति मुद्रा प्रदर्शित कर मूल मन्त्र ग्रहण करे।

बलिप्रयोग में अशुद्ध द्रव्य का फल कहते हैं—कणयुक्त व्याधि भूसी से दरिद्रता कृमि से प्रत्रनाश कीट से बन्धु विनाश, स्त्रीनाश, पत्थर के कणों से विजली के द्वारा बध, नख युक्त होने से एवं कोयला युक्त होने से आग के द्वारा विनाश होता है आर्द्र होने से निम्न होने जाति से जल का भय, टूटा-फूटा होने से शरीर का भङ्ग होने से दुःख प्राप्त होता है अशुद्ध तथा पाप के स्पर्श से अनायास विधिहीन होने से विधि का क्षण इतने दोष कर्त्ता और कराने वाले को इसमें संशय न करे प्रातःकाल में तण्डुल से, मध्याह्न में चरु से और में केवल पुष्प से बलि देनी चाहिए अथवा सभी काल में भक्त वस्तुओं से बलि देनी चाहिये।

साधक प्रातःकाल ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित कर ब्रह्मबीज मन्त्र से जल का प्रक्षालन करे। फिर मूलमन्त्र से पात्र में उस चावल को परमेष्ठीबीज मन्त्र से जुल्ही पर चढ़ावे। क्रमपूर्वक मनोहर पुष्पों से तत्

से करे। अर्चना में रक्त कृष्ण तथा अशुभ बलि तण्डुल का अर्चन पुरुष सूक्त से करे। अर्चना में रक्त कृष्ण तथा अशुभ पुष्प वर्जित करे।

बलिप्रयोग में स्वस्तिवाचन कहते हैं—फिर वैष्णव मन्त्रों से स्वस्तिवाचन करे। विष्णु हमारा कल्याण करें। ब्रह्मदेव हमारा कल्याण करें। अग्निदेव हमारा कल्याण करें। यम हमारा कल्याण करें। निर्ऋति नाम वाले देव हमारा कल्याण करें। वरुण देव हमारा कल्याण करें। वायु हमारा कल्याण करें। धनेश्वर हमारा कल्याण करें। ईशान हमारा कल्याण करें। मरुद्गण हमारा कल्याण करें। वसु गण हमारा कल्याण करें। रुद्र हमारा कल्याण करें। आदित्य हमारे कल्याण के लिये हों। मुनिगण हमारे कल्याण के लिये हों। गन्धर्व हमारे स्वस्ति के लिये हों। किंनर हमारे स्वस्ति के लिये हों। नाग हमारे स्वस्ति के लिये हों और पन्नगगण भी हमारे स्वस्ति के लिये हों। सभी विश्वेश हमारे लिये कल्याणकारी हों। अप्सरायें हमारे लिये कल्याणकारी हों। नदियाँ हमारा कल्याण करें और समुद्र हमारा कल्याण करें।

पर्वत हमारे लिये कल्याणकारी हों। वेद हमारे लिये कल्याणकारी हों। मातृगण हमारे लिये स्वस्तिकारी हों और पितृगण हमारे लिये स्वस्तिकारी हों। देवों के सभी पारिषदगण हमारे लिये सदा स्वस्तिकारी हों। भगवद्भक्तों का, अग्रजन्मा ब्राह्मणों का, वैष्णवों का, गौओं का, स्थावरों का, जङ्गमों का, मन्त्रों का और समस्त कर्म का कल्याण हो। जिन विष्णु की बलि मैं लेकर चल रहा हूँ उन विष्णु को मेरा नमस्कार है।

बलिमुत्थापन प्रयोग कहते हैं—इस प्रकार स्वस्तिवाचन कर साधक बलि को उठावे। विश्वबीज के साथ प्रतिमामुद्रा प्रदर्शित करे। निवृत्ति बीज से बलि को शिर पर चढ़ावे और सर्वात्मबीज से मङ्गलों को धारण करें शङ्ख, चक्र, स्वस्तिक, कलश, श्री वृक्ष, चामर, सिंह, गरुड़ इन मङ्गलों के साथ धूप, दीप, ध्वज, भद्रपीठ एवं वितान ग्रहण कर भ्रमण करें। आचार्य आगे-आगे चलते हुये पुष्प जल समञ्जित पुष्प बलि अष्ट दिशाओं में प्रक्षिप्त करें। आगे माङ्गलिक वस्तुयें हों, उसके चारो ओर धूप दीप, सबसे आगे ध्वजा, पार्श्व में चामर, उसके पीछे भद्रपीठ और इसके पीछे सभी लोग क्रमशः चलें।

गरुडस्थान में प्रयोग कहते हैं—सर्वप्रथम गरुड़स्थान में जाकर महाविष्णु के वाहन, अमित तेजस्वी एवं सभी सर्पेन्द्रों को मारने वाले ताक्ष्र्य गरुड़ को मेरा नमस्कार है।

शक्रस्थान में प्रयोग कहते हैं—इन्द्र के स्थान पर दैत्यों के दर्प का विनाश करने वाले संहस्त्रनेत्रों वाले, अत्यन्त बुद्धिमान, कुलिश से व्यग्र हाथों वाले आप शतक्रतु को मेरा नमस्कार है।

अग्निस्थान में प्रयोग कहते हैं—अग्निस्थान पर जाकर अग्निमन्त्र का जप

करे। जो सभी देवताओं के मुख हैं, जो देवताओं का हव्य वहन करते जिनसे सब कुछ प्रवर्त्तित होता है उन भगवान् अग्निदेव को हमारा नमस्कार

यमस्थान में प्रयोग कहते हैं—दक्षिण दिशा में जाकर इस यम पढ़े जो सब कुछ का संहार करते हैं, जिनसे धर्म की रक्षा होती है समस्त संसार भयभीत रहता है उन प्रेतनाथ को मेरा नमस्कार है।

निर्ऋतिस्थान में प्रयोग कहते हैं—निर्ऋति स्थान में जाकर मन्त्र राक्षस, यातुधान और पिशाच जिसका सहारा लेते हैं उस निर्ऋति राक्षसपति को नमस्कार है।

वरुणस्थान में प्रयोग कहते हैं—जो सब कुछ की रक्षा करते हैं, सब कुछ लीन हो जाता है जिनके हाथ में अमोघ (कभी व्यर्थ न होने पाश है उन अपांपति वरुण को मेरा नमस्कार है।

वायुस्थान में प्रयोग कहते हैं—जिनके द्वारा प्राणापानादि क्रमशः किये जाते हैं तथा जिनके द्वारा हरण किये जाते हैं उन भूतों के पति वायु को मेरा नमस्कार है।

कुबेरस्थान में प्रयोग कहते हैं—जिनकी कृपा होने पर यह सारा जग से पूर्ण हो जाता है उन यक्षगुह्यकनाथ धननाथ को मेरा नमस्कार है। फिर स्थान को प्राप्त कर यह मन्त्र पढ़े—ब्रह्मदेव के पुत्र! हे विरूपाक्ष! जिनके द्वारा सारा लोक भस्म हो जाता है उन आप को नमस्कार है। प्र में इस प्रकार क्रमश पूजन कर एक परिक्रमा करे।

वक्त्रमात्रं ग्रसेत् पिण्डं नातिरिक्तं कदाचन ।
न हसेन्नोद्विजेच्चापि न चोत्तिष्ठेत् कदाचन ॥

मुख में जितना समा सके उतना ही अन्न का ग्रास लेवे अधिक अन्न का ग्रास कदापि न लेवे । भोजन करते समय हँसना चाहिये, उद्विग्न न होवे और खड़ा होकर भी भोजन न करे ।

न पाणिपादचपलो न वाक्चपल एव च ।

न जुगुप्सेत तच्चान्नं भुञ्जीयाच्छब्दवर्जितम् ॥ ५१ ॥

हाथ पैर तथा वाणी द्वारा चपलता न करे । प्राप्त अन्न की निन्दा न करे । शब्द रहित स्थान में भोजन करे ॥ ५१ ॥

श्वानं रजस्वलां चापि चण्डालं वा वियज्ञकम् ।
काकं पाखण्डिनं वापि देवलं वापि कुक्कुटम् ॥५२॥
कारुकान् वा यदा पश्येदन्नं तत्तुं विवर्जयेत् ।
स्नात्वा जलाशये पश्चात् पञ्चोपनिषदो जपेत् ॥ ५३ ॥

कुत्ता, रजस्वला, चाण्डाल, यज्ञाधिकार से हीन, कौआ, पाखण्डी देवद्रव्य से जीने वाले देवल, कुक्कुट एवं कारुक शिल्पी कारीगर यदि भोजन के समय दिखाई दें, तब साधक को अन्न का परित्याग कर देना चाहिए । फिर स्नान कर पञ्चोपनिषद् का जप करे । पञ्चोपनिषद् (द्र. ७. ९३) ॥ ५२-५३ ॥

स्नानस्य तु विधिं वक्ष्ये यथावत् तन्निबोधत ।
वैदिकं तान्त्रिकं चापि द्विविधं स्नानमुच्यते ॥ ५४ ॥

अब स्नान की विधि कहता हूँ उसे यथावत् समझो । वैदिक (१) और (२) तान्त्रिक दो प्रकार का स्नान कहा गया है ॥ ५४ ॥

तान्त्रिक स्नानविधि

वैदिकं वैदिके प्रोक्तं तान्त्रिकं कथयामि वः ।
मृत्तिकां गोमयं चैव कुशपुष्पतिलानपि ॥ ५५ ॥
यथालाभं तु संगृह्य स्नानार्थं प्रयतो व्रजेत् ।
कूपस्नानं न कुर्वीत तटाकादिषु सत्सु हि ॥ ५६ ॥

वैदिक स्नान वैदिक ग्रन्थों में कहे गये हैं अब आप लोगों के लिये तान्त्रिक स्नानविधि कहता हूँ । मृत्तिका, गोमय, कुशा, पुष्प, तिल जितनी आवश्यकता हो उतना लेकर नियमतः स्नान के लिये जावे । यदि तडाग आदि उपलब्ध हो तो उसी में स्नान करे कूपादि में स्नान न करे ॥ ५५-५६ ॥

स्नानजलस्योत्तमताकथनम्

तेषां नाल्पाम्भसि स्नायात् स्थितेषु बहुवारिषु ।
एतेष्वपि च न स्नायात् सत्यां सरिति साधकः ॥ ५७ ॥

यदि अधिक जल वाला जलीय स्थान मिले तो कम पानी के स्थान में स्नान न करे । यदि नदी मिले तो साधक अधिक जल वाले तडागादि में भी स्नान न करे ॥ ५७ ॥

एतास्वपि च सर्वासु विशिष्टा स्यात् समुद्रगा ।
तासामपि च सर्वासां सर्वाः प्राक्स्रोतसो वराः ॥ ५८ ॥

इन सभी स्थानों की अपेक्षा समुद्र में गिरने वाली नदी का विशेष महत्त्व है । इन सभी समुद्रगामिनी नदियों में भी जिसका प्रवाह पूर्व की ओर हो वह नदी अधिक श्रेष्ठ है ॥ ५८ ॥

नदीनामपि सर्वासां दक्षिणं तीरमुत्तमम् ।
प्रत्यङ्मुखस्रवन्तीनां यत्र चोदङ्मुखाः स्थिताः ॥ ५९ ॥
प्राक्तीरं तत्र तीर्थं स्यात् सर्वपापापनोदनम् ।
सुदूरमपि गन्तव्यं यत्र भागवतो जनः ॥ ६० ॥

सभी नदियों का दक्षिण (दाहिना) किनारा उत्तम कहा गया है पश्चिम की ओर बहने वाली नदी जहाँ उत्तर की ओर बहे ऐसी नदियों का पूर्वभाग तीर्थ कहा गया है वहाँ स्नान करने से सभी प्रकार के पाप दूर हो जाते हैं । जहाँ भगवद् भक्त स्नान करते हों, उस स्थान के दूर होने पर भी स्नान के लिये वहीं जावे ॥ ५९-६० ॥

तद्धि तीर्थं प्रशस्तं हि सर्वपापनिकृन्तनम् ।

भगवद् भक्तों द्वारा स्नान किया जाने वाला स्थान तीर्थ है वहाँ स्नान करने से समस्त पाप दूर हो जाते हैं ॥ ६१ ॥

कूपाद् दशगुणा वापी वाप्या दशगुणा नदी ॥ ६१ ॥

कूप की अपेक्षा वावली में स्नान करने से दशगुना फल प्राप्त होता है । वापी की अपेक्षा नदी में स्नान करने से उसका दशगुना फल मिलता है ॥ ६१ ॥

नद्या दशगुणं स्नानमेवं विद्यात् समुद्रगा ।
तस्या दक्षिणतीरं तु तथैव प्राक्तटे फलम् ॥ ६२ ॥

इसी प्रकार नदी की अपेक्षा समुद्रगा नदियों में स्नान करने से दशगुणित फल प्राप्त होता है, उसकी अपेक्षा पूर्वोक्त नदियों का दक्षिण तट तथा पूर्व तट पूर्व की अपेक्षा प्रशस्त है जहाँ जाने से पूर्व की अपेक्षा दश गुना फल प्राप्त होता है ॥ ६२ ॥

स्नाने भागवताक्रान्ते फलमानन्त्यमश्नुते ।
फलमानं समालोच्य तोयतीरं समेत्य च ॥ ६३ ॥
तीरे मृद्गोमयादीनि समीक्ष्य स्थापयेत् पृथक् ।
प्रदक्षिणं परिक्रम्य प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ॥ ६४ ॥

सभी स्थानों की अपेक्षा भगवद भक्तों द्वारा किया जाने वाला स्नान का स्थान अनन्त फलदायी होता है । इस प्रकार स्नान से जहाँ अधिक फल मिलने वाला हो उस स्थान पर जाकर नदी के तट को अच्छी तरह देख भाल कर वहीं मिट्टी गोमय आदि वस्तुयें स्थापित करे ।वहाँ अञ्जलि बाँधकर प्रणाम करे तदनन्तर प्रदक्षिणा करे ॥ ६३-६४ ॥

प्रणवेन प्रतिस्रोतः प्रमज्जेत् स्नानमुद्रया ।
मृदं समालभेच्चापि सम्यक् कृत्वा विचक्षणः ॥ ६५ ॥

फिर स्नान मुद्रा से नदी के प्रवाह के विपरीत मुख कर प्रणव पढ़कर जल में डुबकी लगावे, मिट्टी को समतल बना कर अङ्ग में लेपन करे ॥ ६५ ॥

आदित्याभिमुखो मज्जेत् ततश्च परमेष्ठिना ।
गोमयं च समालभ्य प्रणवेन शनैः शनैः ॥ ६६ ॥
प्रतिस्रोतः पुनर्मज्जेत् त्रिभिर्मन्त्रेण चात्मना ।
आचम्य मूलमन्त्रेण कृत्वा न्यासं यथाविधि ॥ ६७ ॥

मिट्टी लेप के पश्चात् पुनः सूर्य की ओर मुखकर स्नान करे । फिर धीरे-धीरे प्रणव पढ़कर गोमय का अनुलेप करे तदनन्तर पुनः धारा के विपरीत स्नान करे । तीन प्रणव से आचमन करे और मूलमन्त्र से विधिपूर्वक न्यास करे ॥ ६७ ॥

विश्वेनादित्यमालोक्य निवृत्त्याथ प्रणम्य च ।
सर्वेण दर्भानादाय सिञ्चेदम्बुनि केवलम् ॥ ६८ ॥

साधक विश्व मुद्रा से आदित्य का अवलोकन करे । निवृत्ति मुद्रा से उन्हें प्रणाम करे । फिर सर्वमुद्रा से केवल कुशा लेकर साधक अपने ऊपर सेचन करे ॥ ६८ ॥

अपराजितया सिक्त्वा मूलमन्त्रेण चैव हि ।
अष्टाक्षरसहस्रं तु जपेदन्तर्जलं गतः ॥ ६९ ॥

फिर अपराजिता मन्त्र से अङ्गो का सेचन कर मूलमन्त्र से करे तदनन्तर जल के भीतर साधक एक हजार बार अष्टाक्षर जप करे ॥ ६९ ॥

जप्त्वाघमर्षणं चैव धौतवस्त्रद्वयेन च ।
आचम्य मूलमन्त्रेण कृत्वा न्यासं च पूर्ववत् ॥ ७

जप के पश्चात् अघमर्षण करे । फिर दो धौतवस्त्र (एक उत्तरीय) धारण कर मूलमन्त्र से आचमन करे । फिर साधक न्यास करे ॥ ७० ॥

दर्भपाणिस्ततो भूत्वा दर्भासनगतः पुनः ।
मूलमन्त्रसहस्रं च जप्त्वा च जपमुद्रया ॥ ७१ ॥

इसके बाद हाथ में कुशा की पवित्री धारण कर कुशासन कर जपमुद्रा बना कर मूलमन्त्र का एक सहस्र जप करे ॥ ७१ ॥

सपुष्पं तोयमादाय प्रत्यादित्यं समुत्क्षिपेत् ।
व्योममुद्रां ततो बद्ध्वा सूर्यस्यैकाक्षरं जपेत् ॥ ७२ ॥

फिर पुष्प सहित जल लेकर सूर्य भगवान् को जलाञ्जलि व्योममुद्रा बनाकर सूर्य के एकाक्षर मन्त्र (रं.द्र.पृ.९४ नीचे से का जप करे ॥ ७२ ॥

जप्त्वा द्वादशकृत्वश्च सूर्यमन्त्रं ततो जपेत् ।
जप्त्वाथ चतुरो मन्त्रांस्त्रिकृत्वश्च पृथक् पृथक् ॥

सूर्य के एकाक्षर मन्त्र का १२ बार जप कर सूर्यमन्त्र का (द्र.दृ. ९४ नीचे से तीसरी पं.) इसके बाद चार मन्त्र तीन-तीन पृथक्-पृथक् पढ़े ॥ ७३ ॥

मुद्रादेवांस्तु चतुरः स्मृत्वा स्मृत्वा यथाक्रमम् ।
ईशानादि समारभ्य वायव्यान्तं समापयेत् ॥ ७

ये चार मन्त्र मुद्रा देवताओं की हैं । साधक इनका क्रमानुसा से आरम्भ कर वायव्य पर्यन्त स्मरण कर जप करे । फिर ज करे ॥ ७४ ॥

मुद्रादेवता स्थानकथनम्

ऐशान्यां तु घषोत्कश्च स्थितो मुद्राधिदैवतः ।

ऋग्विधाता तथाग्नेय्यामर्किमर्त्ये च नैर्ऋते ॥ ७५ ॥
महाश्वेतश्च वायव्यां नामैषां मन्त्रमुच्यते ।

मुद्रा देवता स्थान कथन—ईशान कोण में घषोत्कच नाम के मुद्रा देवता स्थित हैं । आग्नेय कोण में ऋग्विधाता नाम के मुद्रा देवता हैं नैर्ऋत्य में अर्किमर्त्य नाम के मुद्रा देवता तथा वायव्य में महाश्वेत नाम के मुद्रादेवता स्थित हैं । अब इनके मन्त्र को कहते हैं ॥ ७५ ॥

मुद्रादेवता मन्त्रकथनम्

प्रणवादिनमोऽन्तांश्च जप्त्वैवं चतुरः क्रमात् ॥ ७६ ॥

इनके आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः (ॐ घषोत्कचाय नमः, ऋग्विधाताय नमः, अर्किमर्त्याय नमः, महाश्वेताय नमः इत्यादि) लगाकर क्रमशः तीन-तीन बार पृथक्-पृथक् जप करे॥ ७६ ॥

ततः प्रदक्षिणीकृत्य मुद्रयाष्टाक्षरेण च ।
ऊर्ध्वबाहुस्ततो भूत्वा सूर्यमीक्षेत् समाहितः ॥ ७७ ॥

इसके पश्चात् मुद्रा के आठ अक्षर (ॐ घषोत्कचाय नमः इत्यादि) व अष्टाक्षर मन्त्र से प्रदक्षिणा कर दोनों भुजाओं को ऊपर उठाकर एकाग्र हो सूर्य का दर्शन करे ॥ ७७ ॥

जपेद्वै विष्णुगायत्रीमष्टाक्षरमथापि वा ।
द्वादशाक्षरमन्त्रं च शतकृत्वः पृथक् पृथक् ॥ ७८ ॥

तदनन्तर विष्णुगायत्री अथवा अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे । फिर द्वादशाक्षर मन्त्र का सौ बार पूर्वजप से अलग-अलग जप करे॥ ७८ ॥

नारसिंहं ततो जप्त्वा परिक्रम्य प्रदक्षिणम् ।
सतिलैस्तर्पयेत् तोयैः सदर्भैश्च पितॄनपि ॥ ७९ ॥

इसके बाद नारसिंह मन्त्र का जप कर प्रदक्षिणा करे । फिर कुशा तिल सहित जल लेकर पितरों का तर्पण करे ॥ ७९ ॥

पितृतर्पणकथनम्

द्वितया द्वितयाः प्रोक्ता निवापसलिलक्रियाः ।
देवानां पितरश्चापि प्रमीतपितरोऽपि च ॥ ८० ॥
सुतान् वैष्णवमातॄणां तर्पयेच्च पृथक् पृथक् ।
एते चान्ये च जीवन्ति दक्षिणां दिशमाश्रिताः ॥ ८१ ॥

तर्पण के लिये ग्रहण किये गये जल से प्रत्येक देवता के लिये दो-दो अञ्जलि जल देनी चाहिये । देवता-पितृगण पितृगण तदनन्तर वैष्णव माताओं के पुत्रों का अलग-अलग इनका तथा जो जीते-जीते ही मरे हुये दक्षिण दिशा (यम) आश्रय लिये हुये हैं उनका भी तर्पण करे ॥ ८०-८१ ॥

मृता ये मनुजादीनां पितरश्च पितामहाः ।
प्रपितापितरश्चोक्ता जलं कार्यं यथाविधि ॥ ८[२] ॥

मनुष्यो में मरे हुये अपने पिता-पितामह तथा प्रपितामह विधानपूर्वक तर्पण करे ॥ ८२ ॥

देवर्षिपितृकार्येण स्नानादस्ति फलं महत् ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन तर्पयेद् देवताः पितॄन् ॥ ८[३] ॥

यतः स्नान करने के पश्चात् देव कार्य, ऋषिकार्य और करने का महान् फल है, इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से ऋषियों और पितरों का तर्पण अवश्य करें ॥ ८३ ॥

तेषु तृप्तेषु तृप्ताः स्युः पितरः प्रस्थितास्ततः ।
ततस्ताननृणान् सर्वांस्तर्पयेच्च विचक्षणः ॥ ८[४] ॥

देव ऋषि और पितरों के तर्पण से वे सभी तृप्त हो तर्पण के बाद पितर प्रस्थान करते हैं । इसलिये बुद्धिमान ऋण रहित पितरों का तर्पण अवश्य करे ॥ ८४ ॥

स्थिताश्चेत् तृप्तिमायान्ति स्वर्गे वा नरकेऽपि वा ।
सुपुत्रेण गतिं यान्ति विष्णुमन्त्रविपूजिताः ॥

वे स्वर्ग अथवा नरक कहीं भी स्थित हो तो भी तर्पण तृप्त हो जाते हैं उत्तम पुत्र द्वारा विष्णु मन्त्र से पूजित होने गति (मोक्ष) भी हो जाती है ॥ ८५ ॥

तस्माद् दीक्षा प्रवेष्टव्या पितॄणामनृणाय च ।
सप्त पूर्वे प्रमुच्यन्ते समयस्थेन सूनुना ॥ ८[६] ॥

इसलिये पितरों को ऋण से मुक्त करने के लिये साधक अवश्य लेवे । विष्णु दीक्षा लेकर समय (द्र. ४.६, ५-१२०) का पालन करने वाले साधक से उसके पूर्व के सात पुश्त मुक्त हैं ॥ ८६ ॥

आचार्यत्वं गतेनात्र किं पुनः फलमश्नुते ।
आस्फोटयन्ति पितरः प्रनृत्यन्ति पितामहाः ॥ ८७ ॥

यदि विष्णु दीक्षा लेकर आचार्यत्व (द्र. ५.२२) प्राप्त कर लिया है तो फिर उस पुण्य के विषय में क्या कहा जाय? पितर लोग बाजा बजाते हैं और पितामह नाचते हैं ॥ ८७ ॥

वैष्णवो नः कुले जातः स नः संतारयिष्यति ।
वक्ष्ये तर्पणमन्त्रांश्च पूर्वं देवपितॄनपि ॥ ८८ ॥

अहा: हमारे कुल में वैष्णव उत्पन्न हो गया है जो हम सभी को मुक्त कर देगा । अब तर्पण के मन्त्रों को कहता हूँ । सर्व देवतर्पण तदनन्तर पितृ तर्पण के मन्त्र इस प्रकार है ॥ ८८ ॥

तर्पणमन्त्रांश्च कथनम्

तृप्यतां हव्यवाडग्निस्तृप्यतां सोम एव च ।
तृप्यतामर्यमाजोऽपि तृप्यतामर्यमापि च ॥ ८९ ॥
अग्निष्वात्ताश्च तृप्यन्तां तृप्यन्तां सोमपा अपि ।
तथा बर्हिषदश्चापि तृप्यन्तामिति तर्पयेत् ॥ ९० ॥

हव्यवाडग्निस्तृप्यताम् । सोमस्तृप्यताम् । अर्यमाजस्तृप्यताम् । अर्यमा तृप्यताम् । अग्निष्वात्ताः तृप्यन्ताम् । सोमपास्तृप्यन्ताभ् । बर्हिषदस्तृप्यन्ताम् इन मन्त्रों से तर्पण करे ॥ ८९-९० ॥

पश्चादृषिपितॄन् सर्वांस्तर्पयामीति तर्पयेत् ।
आचार्यं चाप्युपाध्यायं शिष्यान् भ्रातॄन् पितॄन् क्रमात् ॥
मातरं मातुलं चापि पितृव्यं श्वशुरं तथा ।
विविधांस्तर्पयेच्चैव पितॄन् पितृविधानपि ॥ ९२ ॥

इसके बाद सर्वान् ऋषीन् तर्पयामि । फिर सर्वान् पितृन् तर्पयामि इन मन्त्र से ऋषियों और पितरों का तर्पण करे । इसके बाद आचार्य, उपाध्याय, शिष्य, भ्रातृगण और पितृगण-माता-मामा पितृव्य (चाचा) श्वशुर इसी प्रकार अन्य सभी प्रकार के पितरों का वैष्णव साधक तर्पण करे ॥ ९१-९२ ॥

दर्शयित्वा महामुद्रास्तीर्थे पश्चाद्विसर्जयेत् ।
स्नानवस्त्रं विनिष्पीड्य सन्ध्योपासनमारभेत् ॥ ९३ ॥

तदनन्तर महामुद्रा दिखा कर उनका विसर्जन करे । स्नान हुआ वस्त्र निचोड़ कर संध्योपासन आरम्भ करे ॥ ९३ ॥

सन्ध्योपासनकालकथनम्

संध्यात्रयं समुद्दिष्टं तन्त्रेऽस्मिन् परमेष्ठिना ।
प्रातर्मध्याह्नसायाह्नौ सन्ध्यात्रितयमुच्यते ॥ ९४ ॥

परमेष्ठी ने इस तन्त्र में तीन संध्याओं का वर्णन किया है । संध्या, मध्याह्न संध्या और सायं सन्ध्या इस प्रकार तीन संध्यायें हैं ॥ ९४ ॥

विष्णुश्चोपास्यते प्रातः सन्ध्यायां संयतेन्द्रियैः ।
महाविष्णुश्च मध्याह्ने पूज्यते पुरुषोत्तमः ॥ ९५ ॥
सायाह्ने च सदाविष्णुः संधातृत्वेन पूज्यते ।
स्थित्वा चोपास्यते प्रातरुपविश्य च शेषयोः ॥ ९६ ॥

संयतेन्द्रिय साधक प्रातः सन्ध्या में विष्णु की उपासना कर मध्याह्न में पुरुषोत्तम महाविष्णु की पूजा तथा सायाह्न में सदाविष्णु धारण करने के कारण पूजे जाते हैं प्रातःकाल खड़े होकर तथा मध्याह्न एवं सायङ्काल में बैठकर उपासना की जाती है ॥९५-९६॥

सन्ध्योपासनमन्त्रविधानम्

मन्त्रत्रयं समुद्दिष्टं सन्ध्योपासनकर्मणि ।
प्रातश्च विष्णुगायत्री मध्याह्ने द्वादशाक्षरम् ॥ ९७ ॥
अष्टाक्षरं जपेत् सायं सर्वदाष्टाक्षरं तु वा ।
दर्भेषु दर्भपाणिः सन् ध्यात्वा पुरुषमव्ययम् ॥ ९८ ॥

सन्ध्योपासन कर्म में तीन मन्त्रों का विधान कहा गया प्रातःकाल में विष्णुगायत्री को, मध्याह्न में द्वादशाक्षर, साय अष्टाक्षर अथवा तीनों काल में अष्टाक्षर का जप करे कुशासन पवित्री धारण कर अव्यय पुरुष का ध्यान करे ॥ ९७-९८ ॥

ऋषिच्छन्दोविशेषं च ज्ञात्वा दैवतमेव च ।
बद्ध्वादौ जपमुद्रां च वहन्नप्यक्षमालिकाम् ॥ ९९ ॥

जप काल में जप मन्त्र के ऋषि छन्द तथा देवता पढ़कर करे फिर जपमुद्रा बनाकर जपमाला हाथ में लेवे ॥ ९९ ॥

ततः स्वयमृषिर्भूत्वा मनुदेवमनुस्मरन् ।
प्राणायामान् क्रमात् कृत्वा प्रणवेनैव साधकः ॥१००॥

फिर स्वयं ऋषि बनकर मन्त्र देवता का स्मरण करे । फिर साधक प्रणव पढ़ते हुये प्राणायाम करे ॥ १०० ॥

प्राणायामवर्णनम्

प्रणवः पञ्चमात्रः स्यात् प्राणायामे स्थितस्तु यः ।
मन्त्रस्थोऽपि तथाभूतस्त्रिमात्रोऽध्ययने स्थितः ॥१०१॥

प्राणायाम करने की स्थिति में प्रणव की पाँच मात्रा में, मन्त्र में आने वाले प्रणव का उसी प्रकार तथा अध्ययन काल में प्रणव का उच्चारण तीन मात्रा में करे ॥ १०१ ॥

वेष्टितं तु जपेन्मन्त्रं प्रणवेनैव साधकः ।
राक्षसाश्चासुराश्चापि मन्त्रं गृह्णन्त्यवेष्टितम् ॥ १०२ ॥

साधक जपनीयमन्त्र को प्रणव से वेष्टित कर जप करे । यदि प्रणवमन्त्र से वेष्टित मन्त्र नहीं है तो उस मन्त्र का फल राक्षस और असुर ले लेते हैं ॥ १०२ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन वेष्टयेत् प्रणवेन तु ।
वेष्टितानां तु बीजानां शरीरन्यास इष्यते ॥ १०३ ॥

इसलिये सब प्रकार प्रयत्न कर मन्त्र को प्रणव से वेष्टित करे। तदनन्तर प्रणववेष्टित मन्त्र के बीजाक्षरों से शरीरन्यास करे ॥ १०३ ॥

प्राङ्मुखः प्रातरेवं तु सन्ध्योपासनमाचरेत् ।
मध्याह्ने प्राङ्मुखस्तिष्ठेत्सायं प्रत्यङ्मुखस्तथा ॥१०४॥

इस प्रकार प्रातःकाल की सन्ध्या पूर्वाभिमुख स्थित होकर करे मध्याह्न में भी इसी प्रकार पूर्वाभिमुख तथा सायङ्काल में पश्चिमाभिमुख सन्ध्योपासन करे ॥ १०४ ॥

सन्ध्यां समापयेत् पश्चाच्चक्रमन्त्रेण साधकः ।
सूर्यमन्त्रैश्चतुर्भिस्तु त्रिकृत्वस्तु परिभ्रमेत् ॥ १०५ ॥

इसके बाद साधक चक्रमन्त्र से सन्ध्योपासन समाप्त करे । फिर सूर्य के चार मन्त्रों से तीन बार प्रदक्षिणा करे ॥ १०५ ॥

तदनन्तर महामुद्रा दिखा कर उनका विसर्जन करे । स्नान हुआ वस्त्र निचोड़ कर संध्योपासन आरम्भ करे ॥ ९३ ॥

सन्ध्योपासनकालकथनम्

संध्यात्रयं समुद्दिष्टं तन्त्रेऽस्मिन् परमेष्ठिना ।
प्रातर्मध्याह्नसायाह्नौ सन्ध्यात्रितयमुच्यते ॥ ९४ ॥

परमेष्ठी ने इस तन्त्र में तीन संध्याओं का वर्णन किया है । संध्या, मध्याह्न संध्या और सायं सन्ध्या इस प्रकार तीन संध्यायें हैं ॥ ९४ ॥

विष्णुश्चोपास्यते प्रातः सन्ध्यायां संयतेन्द्रियैः ।
महाविष्णुश्च मध्याह्ने पूज्यते पुरुषोत्तमः ॥ ९५ ॥
सायाह्ने च सदाविष्णुः संधातृत्वेन पूज्यते ।
स्थित्वा चोपास्यते प्रातरुपविश्य च शेषयोः ॥ ९६ ॥

संयतेन्द्रिय साधक प्रातः सन्ध्या में विष्णु की उपासना करे मध्याह्न में पुरुषोत्तम महाविष्णु की पूजा तथा सायाह्न में सदाविष्णु धारण करने के कारण पूजे जाते हैं प्रातःकाल खड़े होकर तथा मध्याह्न एवं सायङ्काल में बैठकर उपासना की जाती है ॥९५-९६॥

सन्ध्योपासनमन्त्रविधानम्

मन्त्रत्रयं समुद्दिष्टं सन्ध्योपासनकर्मणि ।
प्रातश्च विष्णुगायत्री मध्याह्ने द्वादशाक्षरम् ॥ ९७ ॥
अष्टाक्षरं जपेत् सायं सर्वदाष्टाक्षरं तु वा ।
दर्भेषु दर्भपाणिः सन् ध्यात्वा पुरुषमव्ययम् ॥ ९८ ॥

सन्ध्योपासन कर्म में तीन मन्त्रों का विधान कहा गया प्रातःकाल में विष्णुगायत्री को, मध्याह्न में द्वादशाक्षर, सायङ्काल अष्टाक्षर अथवा तीनों काल में अष्टाक्षर का जप करे कुशासन पर पवित्री धारण कर अव्यय पुरुष का ध्यान करे ॥ ९७-९८ ॥

ऋषिच्छन्दोविशेषं च ज्ञात्वा दैवतमेव च ।
बद्ध्वादौ जपमुद्रां च वहन्नप्यक्षमालिकाम् ॥ ९९ ॥

जप काल में जप मन्त्र के ऋषि छन्द तथा देवता पढ़कर करे फिर जपमुद्रा बनाकर जपमाला हाथ में लेवे ॥ ९९ ॥

ततः स्वयमृषिर्भूत्वा मनुदेवमनुस्मरन् ।
प्राणायामान् क्रमात् कृत्वा प्रणवेनैव साधकः ॥१००॥

फिर स्वयं ऋषि बनकर मन्त्र देवता का स्मरण करे । फिर साधक प्रणव पढ़ते हुये प्राणायाम करे ॥ १०० ॥

प्राणायामवर्णनम्

प्रणवः पञ्चमात्रः स्यात् प्राणायामे स्थितस्तु यः ।
मन्त्रस्थोऽपि तथाभूतस्त्रिमात्रोऽध्ययने स्थितः ॥१०१॥

प्राणायाम करने की स्थिति में प्रणव की पाँच मात्रा में, मन्त्र में आने वाले प्रणव का उसी प्रकार तथा अध्ययन काल में प्रणव का उच्चारण तीन मात्रा में करे ॥ १०१ ॥

वेष्टितं तु जपेन्मन्त्रं प्रणवेनैव साधकः ।
राक्षसाश्चासुराश्चापि मन्त्रं गृह्णन्त्यवेष्टितम् ॥ १०२ ॥

साधक जपनीयमन्त्र को प्रणव से वेष्टित कर जप करे । यदि प्रणवमन्त्र से वेष्टित मन्त्र नहीं है तो उस मन्त्र का फल राक्षस और असुर ले लेते हैं ॥ १०२ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन वेष्टयेत् प्रणवेन तु ।
वेष्टितानां तु बीजानां शरीरन्यास इष्यते ॥ १०३ ॥

इसलिये सब प्रकार प्रयत्न कर मन्त्र को प्रणव से वेष्टित करे। तदनन्तर प्रणववेष्टित मन्त्र के बीजाक्षरों से शरीरन्यास करे ॥ १०३ ॥

प्राङ्मुखः प्रातरेवं तु सन्ध्योपासनमाचरेत् ।
मध्याह्ने प्राङ्मुखस्तिष्ठेत्सायं प्रत्यङ्मुखस्तथा ॥१०४॥

इस प्रकार प्रातःकाल की सन्ध्या पूर्वाभिमुख स्थित होकर करे मध्याह्न में भी इसी प्रकार पूर्वाभिमुख तथा सायङ्काल में पश्चिमाभिमुख सन्ध्योपासन करे ॥ १०४ ॥

सन्ध्यां समापयेत् पश्चाच्चक्रमन्त्रेण साधकः ।
सूर्यमन्त्रैश्चतुर्भिस्तु त्रिकृत्वस्तु परिभ्रमेत् ॥ १०५ ॥

इसके बाद साधक चक्रमन्त्र से सन्ध्योपासन समाप्त करे । फिर सूर्य के चार मन्त्रों से तीन बार प्रदक्षिणा करे ॥ १०५ ॥

आश्रम में होते हैं १. ब्रह्मचारी, २. गृहस्थ, ३. वानप्रस्थ और भिक्षुक—ये चार आश्रम हैं । इन चारों आश्रमों में समयी आचार्य होते हैं ॥ ११९ ॥

१. समयीलक्षणम्

दीक्षामात्रं प्रविष्टा ये केवले समये स्थिताः ।
अतन्त्रज्ञा अदेवार्चास्ते वै समयिनः स्मृताः ॥ १२० ॥

जिन्होंने केवल दीक्षा ली है जो केवल समय धर्म का पालन करते हैं जिन्हें तन्त्र शास्त्र का ज्ञान नहीं है जो विष्णु की अर्चा से रहित हैं, वे समयी कहे जाते हैं ॥ १२० ॥

२. पुत्रकलक्षणम्

दीक्षितानां तु सर्वेषां पुत्रवद्ये प्रतिष्ठिताः ।
दीक्षां प्रविष्टा निर्ग्रन्थाः पुत्रकास्ते प्रकीर्तिताः ॥ १२१ ॥

सभी दीक्षितों के लिये जो पुत्र के समान प्रिय है, दीक्षित हैं जिन्हें किसी प्रकार की माया नहीं है वे पुत्रक कहे जाते हैं ॥ १२१ ॥

३. साधकलक्षणम्

साधको मन्त्रतत्त्वज्ञस्तन्त्रपाठे विचक्षणः ।
देवताराधने सक्तः सर्वदा तत्परायणः ॥ १२२ ॥
कर्माणि साधयेन्नित्यं देवपूजाभिरेव च ।
स साधक इति प्रोक्तस्तन्त्रमन्त्रविशारदः ॥ १२३ ॥

मन्त्र के रहस्य को जानने वाला साधक है, तन्त्रपाठ में निपुण देवाराधन में तत्पर, सर्वदा देवपरायण तथा देवपूजा के द्वारा समस्त कार्य सिद्ध करने वाला साधक कहा जाता है ॥ १२२-१२३ ॥

४. आचार्यलक्षणम्

व्याख्याता तन्त्रमन्त्राणां संहितानां च सर्वतः ।
संस्कर्तापि च शिष्याणामाचार्यः सोऽभिधीयते ॥ १२४ ॥

तन्त्र मन्त्र में विशारद, तन्त्र के मन्त्रों का और संहिता के स्थानों का व्याख्यान करने वाले तथा शिष्यों को संस्कृत करने वाला ऐसा साधक आचार्य कहा जाता है ॥ १२२-१२४ ॥

सर्वेषां समयस्थानां साधकस्तु विशिष्यते ।

साधकानां तु सर्वेषामाचार्यस्तु विशिष्यते ॥ १२५ ॥

सभी समयस्थों से साधक श्रेष्ठ है और सभी साधकों से आचार्य श्रेष्ठ है (१ द्र. पृ. ९३ पं. २०) ॥ १२५ ॥

साधकाचार्ययोरेवं प्रायेणाचारकथनम्

साधकाचार्ययोरेवं प्रायेणाचार उच्यते ।
व्याख्यानं श्रवणं चापि जपं च स्तवमेव च ॥ १२६ ॥
कुर्यात् संभाषणं चापि शब्दतन्मात्रविद्यया ।
चरून् पुरुषसूक्तेन भोज्यं पेयं तथैव च ॥ १२७ ॥
लेह्यं चापि तथा कुर्याद्रसतन्मात्रविद्यया ।
गन्धपुष्पादिदानं च आदानं च निवेदनम् ॥ १२८ ॥
कुर्याद् गन्धानुलेपं च गन्धतन्मात्रविद्यया ।

अब साधक एवं आचार्यों के सदाचार का वर्णन करता हूँ । व्याख्यान करना, व्याख्यान सुनना, जप एवं स्तुति करना, शब्द तन्मात्र विद्या से संभाषण करना, पुरुषसूक्त से चरु निर्माण करना, रसतन्मात्र विद्या से भोज्य, पेय, लेह्य पदार्थ का निर्माण करना, गन्धतन्मात्र विद्या से गन्धानुलेपादि साधक एवं आचार्यों के सदाचार है ॥१२६-१२९॥

आचार्यं च गुरुं ध्यायेद् दैवतं परमं गुरुम् ॥ १२९ ॥
तदुक्तान्येव कर्माणि सर्वाण्येव समाचरेत् ।
अनिवेद्य तु तं किंचिन्नावश्यकमपि त्यजेत् ॥ १३० ॥
प्रधानान्यपि कर्माणि तदर्थं तु समाचरेत् ।
छायेवानुगतो भूत्वा तमेवानुचरेत् सदा ॥ १३१ ॥

आचार्य गुरु का ध्यान करना, अपने गुरु को सर्वाधिक देवता मानना, उन्हीं के द्वारा कहे गये समस्त कर्मों का आचरण करना, इतना ही नहीं उन्हें विना निवेदन किये अपना कोई आवश्यक कार्य न करना, सभी प्रधान कार्य उन्हीं के लिये करे और छाया के समान उनके पीछे-पीछे सर्वदा अनुगत होकर चलना साधक एवं आचार्यों के सदाचार कहे गये हैं ॥ १२९-१३१ ॥

पादौ निपीड्य तस्यैव शयानं चानुसंविशेत् ।
न पादसेवनं कुर्यान्न देवप्रतियातने ॥ १३२ ॥
न भास्करे न वा वह्नौ न सोमे नोदकाशये ।

न च भागवते चैव न धान्ये नापि संविशेत् ॥ १३३ ॥

उनका पैर दबाना, जब सो जावें तब स्वयं भी शयन करना... अवस्था में, देवपूजा में, सूर्य पूजा में, अग्निहोत्र में ऐसी स्थिति... शिवपूजा में, जल में, विष्णुपूजा में एवं धान्य स्थान में पाद संस्पर्श... करना साधक एवं आचार्यों के सदाचार हैं ॥ १३२-१३३ ॥

उत्थायानुगुणं चात्र ध्यात्वा नारायणं प्रभुम् ।
दक्षिणेनैव पादेन भूमिं पूर्वमवष्टभेत् ॥ १३४ ॥

सोने के बाद उठकर भगवान् नारायण का ध्यान कर उनके ... का वर्णन करे । उठकर सर्वप्रथम पृथ्वी पर अपना दाहिना पैर रखे ...

नमस्ते प्रियदत्तायै देव्यै चेत्यभिधाय तु ।
निर्गच्छेद् गृहतः प्रातः प्रायः प्रागुदयाद्रवेः ।

फिर 'प्रियदत्तायै देव्यै नमः' इतना कहकर सूर्योदय से पहले प्रातःकाल में ग्राम से बाहर निकल जावे ।

आचारानाचरन्नेवं सदाविष्णुपुरं व्रजेत् ॥ १३५ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां ब्रह्मरात्रे वर्णाचारविधिः पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

इस प्रकार के आचार का सदा आचरण करने वाला साधक विष्णुलोक में जाता है ॥ १३४-१३५ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के वर्णाचारविधि नामक पञ्चम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ५ ॥

ब्रह्मरात्रे

षष्ठोऽध्यायः

प्रतिष्ठाविधिः

सनत्कुमार उवाच—

अथातः संप्रवक्ष्यामि प्रतिष्ठाविधिमुत्तमम् ।
देवतायतनस्याग्रे कुर्यान्मण्डपमादितः ॥ १ ॥

अब इसके बाद श्रेष्ठ प्रतिष्ठाविधि कहता हूँ । सर्व प्रथम साधक देवालय के आगे मण्डप निर्माण करे ॥ १ ॥

मण्डप निर्माणं तदलङ्करणञ्च

चतुर्द्वारसमायुक्तं चतुस्तोरणभूषितम् ।
यागमण्डपमात्रं वा दशहस्तं तु वा पुनः ॥ २ ॥

इस मण्डप को चार द्वारों एवं चार तोरणों से भूषित करना चाहिये। याग के लिये जितनी आवश्यकता हो उतना बड़ा मण्डप अथवा दश हाथ के परिमाण का मण्डप बनाना चाहिये ॥ २ ॥

मानेन यच्च संप्रोक्तं प्रमाणं यागमण्डपे ।
तदेवात्र प्रमाणं स्यादुत्तमाधममध्यमम् ॥ ३ ॥

अथवा याग मण्डप के लिये धर्मशास्त्रों में उत्तम मध्यम जितने प्रमाण कहे गये हैं साधक उसके अनुसार उतने प्रमाण का मण्डप निर्माण करे ॥ ३ ॥

सर्वतश्चार्द्रशाखाभिर्निश्छिद्रं कारयेद्बहिः ।
तोरणानां च केतूनां कलशानां तथैव च ॥ ४ ॥
दौवारिकाणां नामानि पूर्वोक्तान्येव मण्डपे ।
प्रासादमभितश्चापि वेष्टयेन्मण्डपं तथा ॥ ५ ॥

उसके बाहर चारों ओर हरे-हरे वृक्ष की शाखाओं से घेर कर उसे निश्छिद्र बनावे मण्डप के तोरण-केतु कलश तथा दीवारिकों के नाम

जैसे पहले कह आये हैं उसी प्रकार करे । प्रासाद (देवताल... मण्डप को चारो ओर से घेर देवे ॥ ४-५ ॥

शयनवेदिकामानकथनम्

तत्रापि कारयेत् सम्यङ् निश्छिद्रं पटलैः क्रमात् ।
पूर्वोक्तमण्डपे चैव षोडशस्तम्भसंयुते ॥ ६ ॥
कुर्यात् तस्मिंश्चतुस्तम्भां मध्ये शयनवेदिकाम् ।
दशतालेन विस्तीर्णां तावदायामसंयुताम् ॥ ७ ॥

उसे भी अच्छी तरह पटल लगाकर निश्छिद्र बनावे । पूर्व... गये सोलह खम्भों वाले मण्डप में चार खम्भा के बीच हाथ... अङ्गुलि तक नापी गई दश ताल लम्बी उतनी ही चौड़ी शय... बनावे ॥ ६-७ ॥

चतुरस्रां समां स्निग्धामेकहस्तसमुच्छ्रिताम् ।
तस्याः कुर्याच्चतुर्दिक्षु वह्नेरायतनानि च ॥ ८ ॥

उस वेदी के चारों ओर एक हाथ ऊँची चौकोर समतल और ... अग्नि का आयतन निर्माण करे ॥ ८ ॥

वेदिकाकुण्डमानकथनम्

प्राग्भवेच्चतुरस्रं तु धनुर्वक्रं तु दक्षिणे ।
वृत्तं पश्चिमभागे तु त्रिकोणं चोत्तरे तथा ॥ ९ ॥

पूर्व का आयतन (कुण्ड) चौकोर, दक्षिण का आयतन धनु... पश्चिम का गोला तथा उत्तर का आयतन त्रिकोण होना चाहिये ।

तेषां द्वितालं विस्तारस्तावद्गर्तस्य निम्नता ।
त्रितालं वेदिकायास्तु दूरीभूतानि सर्वतः ॥ १० ॥
प्रासादमभितः कुर्याच्चतुरश्रेणि सर्वशः ।

उन कुण्डों का विस्तार प्रमाण दो ताल लम्बा, दो ताल चौड़ा... उतना ही गहरा होना चाहिये । यदि वेदी हो तो तीन ताल के ... वाली हो, वे सभी वेदियाँ प्रासाद के चारों ओर कुछ दूर चौकोर ... चाहिये ॥ १०-११ ॥

अष्टावायतनान्येव दिक्ष्वष्टासु यथाक्रमम् ॥ ११ ॥
तेषां त्रितालविस्तारमेकैकं प्रति तालकम् ।

इसी प्रकार आठों दिशाओं में क्रमशः वह्नि का आठ आयतनों का निर्माण करे । उनका विस्तार तीन-तीन ताल का अथवा एक-एक ताल का होना चाहिये ॥ ११-१२ ॥

वेदिकाकलशमानकथनम्

अकृष्णाशाराः कलशा अभिन्नाः शब्दसंयुताः ॥ १२ ॥
सम्यक् पक्वाः समाः सर्वे वितस्त्याथ समुच्छ्रिताः ।
कर्णं त्रियङ्गुलं प्रोक्तं द्वियङ्गुलमथापि वा ॥ १३ ॥
अङ्गुलं वक्त्रवलयं द्वियङ्गुलमथापि वा ।
उत्सेवमानविस्तारं कलशानां प्रचक्षते ॥ १४ ॥

फिर जो काले न हो, फूटे-टूटे नहीं जिनके बजाने से ठीक शब्द निकले और जो अच्छी तरह परिपक्व हो, समतल विस्तृत और ऊँचे हो, जिनके कान तीन अङ्गुल अथवा दो अङ्गुल हो, उनके मुख की गोलाई एक अङ्गुल अथवा दो अङ्गुल हो ऐसे कलश स्थापित करना चाहिये । इस प्रकार कलशों की ऊँचाई का मान तथा उनके विस्तार का मान कहा गया ॥ १२-१४ ॥

वेदिकाच्छादनकथनम्

शयनं त्रिविधं प्रोक्तं क्षौमं कार्पासिकं तथा ।
ऊर्णामयं च तत् सर्वं व्याघ्रचर्मोत्तरच्छदम् ॥ १५ ॥
क्षौमोत्तरच्छदं वापि यथावित्तानुसारतः ।
शयनं वेदिकामध्ये कल्पयेन्मन्त्रवित्तमः ॥ १६ ॥

शयन क्षौम एवं कपास तथा ऊनी के भेद से तीन प्रकार का कहा गया है । इन सभी शयनों के ऊपर व्याघ्र चर्म का आच्छादन होना चाहिये अथवा क्षौम से बना आच्छादन होना चाहिये अथवा अपनी शक्ति के अनुसार शयन का आच्छादन करे । मन्त्र वेत्ता वेदिका के मध्य में शयन स्थान निर्माण करे ॥ १५-१६ ॥

कर्मार्चा स्थापनार्चा कथनम्

कर्मार्चा स्थापनार्चेति द्विविधा परिकीर्तिता ।
यत्कृता प्रतिमा पूर्वप्रासादे मृन्मयादिभिः ॥ १७ ॥
सा स्थापनार्चा विज्ञेया रत्नन्यासोपरि स्थिता ।
अन्या तु लोहजा यात्र सा कर्मार्चेति कीर्तिता ॥ १८ ॥

अर्चा १. कर्मार्चा और २. स्थापनार्चा दो प्रकार की कही गई है। जो पूर्व में प्रासाद में स्थापित करने के लिये मही आदि की निर्मित हो उसे स्थापनार्चा समझना चाहिये । जो रत्न के न्यास पर स्थित रहती है और लोहादि की निर्मित प्रतिमा होती है वह कर्मार्चा कही गई है ॥ १७-१८ ॥

कर्मार्चास्नपनार्थं तु तस्य वै मण्डपस्य ह ।
ऐशान्यां मण्डपं कुर्याच्चतुःस्तम्भसमन्वितम् ॥ १९ ॥

कर्मार्चा के स्नान के लिये उस मण्डप के ईशानकोण में चार खम्भे वाला एक अलग मण्डप निर्माण करे ॥ १९ ॥

वेदिकाप्रमाणकथनम्

वेदिकां तत्र कुर्वीत हस्तविस्तारसंयुताम् ।
वितस्तिमात्रमुत्सेधं स्नानपीठसमन्वितम् ॥ २० ॥

उस मण्डप में साधक एक हाथ लम्बी चौड़ी वेदी निर्माण करे। उसकी ऊँचाई एक वित्ते की हो तथा स्नान के लिये वह वेदिका स्नानपीठ से युक्त हो ॥ २० ॥

उत्तरे वेदिकायास्तु श्वभ्रं स्याद्धस्तमानतः ।
चतुरङ्गुलविस्तारा कुल्या स्याद्वेदिकोपरि ॥ २१ ॥

उस वेदिका के उत्तर एक हाथ का लम्बा चौड़ा श्वभ्र (गड्ढा) निर्माण करे और वेदिका के ऊपर चार अङ्गुल विस्तार वाली कुल्या निर्माण करे ॥ २१ ॥

कुल्यां तां श्वभ्रपतितामविच्छिन्नां तु कारयेत् ।
एवं च मण्डपे सर्वं कारयित्वा विचक्षणः ॥ २२ ॥

वह कुल्या अविच्छिन्न (निरन्तर प्रवाहित) तथा सीधे-सीधे उस श्वभ्र (गड्ढे) गिरने वाली होनी चाहिये । इस प्रकार विद्वान् साधक मण्डप का निर्माण करावे ॥ २२ ॥

वितानवस्त्रसंछन्नमलङ्कारैरलंकृतम् ।
अक्षतैर्विविधैर्गन्धैः फलैश्च विविधैः शुभैः ॥ २३ ॥

उस मण्डप को वितान वस्त्र से आच्छादित करे तथा अक्षत विविध गन्ध विविध शुभ फलों से अनेक अत्यङ्कारों से अलङ्कृत करे ॥ २३ ॥

मण्डपं तमलंकृत्य यथालाभमितस्ततः ।
दामानि लम्बयेत् तत्र तोरणेष्वपि सर्वशः ॥ २४ ॥

उस मण्डप को यथा लाभ वस्तुओं इधर-उधर अलङ्कृत कर, सभी तोरणों पर मालायें अनेक प्रकार की लम्बित करें ॥ २४ ॥

आतोद्यवादनम्

ततश्चतुर्विधातोद्यं वादयेन्मण्डपाद्बहिः ।
अवनद्धं घनं चैव ततं सुषिरमेव च ॥ २५ ॥

इसके बाद मण्डप के बाहर अवनद्ध घन-तत और सुषिर चार प्रकार के बाजे बजवावे ॥ २५ ॥

अवनद्धं मृदङ्गादि चर्मणाव्रियते तु यत् ।
घनं तालादि संप्रोक्तं ततं तन्त्रीकृतं भवेत् ॥ २६ ॥
सुषिरं चापि वंशादि चतुर्विधमुदाहृतम् ।

चाम से आच्छादित बाजे अवनद्ध कहे जाते हैं जैसे मृदङ्ग आदि । तालादि घन कहे जाते हैं और तन्त्रीकृत (वीणा, सितार) तत कहे जाते हैं। बाँस की बनी हुई वंशी आदि सुषिर कहे जाते हैं, इस प्रकार बाजों के चार भेद कहे जाते हैं ॥ २६-२७ ॥

निषिद्धजनानां बहिष्कारः

नास्तिकान् भिन्नमर्यादान् देवब्राह्मणदूषकान् ॥ २७ ॥
पापण्डिनश्च तद्भक्तान् पापण्डाजीवकानपि ।
दीक्षावहिष्कृतांश्चापि दूरमुत्सारयेत् ततः ॥ २८ ॥

निषिद्धजनों का बहिष्कार-इसके बाद नास्तिको (मर्यादा का उल्लङ्घन करने वाली) देव ब्राह्मण को निन्दा करने वालों पाषण्डियों उनके भक्तों तथा पाषण्ड से जीविका करने वालों दीक्षा विहीन लोगों को दूर भगा देवे ॥ २७-२८ ॥

कर्मणस्त्रैविध्यम्

आरभेताथ कर्माणि मन्त्रविद्धि यथाविधि ।
वैदिकं तान्त्रिकं चैव तथा वैदिकतान्त्रिकम् ॥ २९ ॥
त्रिविधं कर्म संप्रोक्तं प्रतिष्ठाराधनादिषु ।
वैदिकं ब्राह्मणानां तु राज्ञां वैदिकतान्त्रिकम् ॥ ३० ॥

त्रिविध कर्म कथन—इसके बाद मन्त्रवेत्ता आचार्य विधि... कार्यारम्भ करे। प्रतिष्ठा आराधनादि में १. वैदिक २. तान्त्रिक ... वैदिक-तान्त्रिक युक्त ये तीन प्रकार के कर्म कहे गये हैं। ब्राह्मणों के लिये वैदिक कर्म, क्षत्रियों के लिये वैदिक युक्त तान्त्रिक कर्म तथा ... एवं शूद्रों के लिये तान्त्रिक कर्म का विधान है अथवा सभी के तान्त्रिक कर्म विहित है ॥ २९-३० ॥

तान्त्रिकं वैश्यशूद्राणां सर्वेषां तान्त्रिकं तु वा।
गन्धतोयेन संपूर्णान् सूत्रेण परिवेष्टितान् ॥ ३१ ॥

कलशस्थापनावाहनादि

सरत्नान् सपिधानांश्च मुखे साश्वत्थपल्लवान्।
अष्टौ तु कलशांस्तत्र द्वौ द्वौ द्वारि विनिक्षिपेत् ॥ ३२ ॥

कलशस्थापनावाहनादि कर्म कथन—इसके बाद चारों द्वारों ... आठ अर्थात् दो-दो कलश स्थापित करे जो गन्धतोय से परिपूर्ण ... सूत्रों से परिवेष्टित हो और रत्न युक्त तथा ढक्कन से युक्त हों। ... मुख में पञ्च पल्लव अर्थात १. अश्वत्थ, २. पाकड, ३. बरगद ... उदुम्बर एवं ५. आम युक्त हो ॥ ३१-३२ ॥

ऋचेदं विष्णुरित्येवं विन्यसेत् कलशान् पृथक्।
प्रागादि चोत्तरान्तं तु तयाष्टाक्षरयुक्तया ॥ ३३ ॥
अष्टाक्षरेण विन्यस्य धान्यराशौ पृथक् पृथक्।
अष्टदिक्षु तथा चाष्टौ सूत्रेण परिवेष्टितान् ॥ ३४ ॥
अष्टाक्षरेण विन्यस्य इन्द्राद्येव प्रदक्षिणम्।

'ऋग्वेदं विष्णुः' इस मन्त्र से पृथक्-पृथक आठों कलशों को ... द्वारों पर स्थापित करे। इसी प्रकार पूर्व से प्रारम्भ कर उत्तर ... पर्यन्त अष्टाक्षर युक्त अष्टाक्षर मन्त्र से साणक धान्य ... पृथक्-पृथक् आठो दिशाओं में उन सूत्र परिवेष्टित कलशों को ... करे ॥ ३३-३५ ॥

अक्षतैर्विकिरेच्चापि प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ॥ ३५ ॥
प्रत्यगायतनं चापि तथा द्वादश निक्षिपेत्।

फिर साधक पूर्व दिशा से अञ्जलि बाँध कर प्रणाम करते हुये ... अक्षत विकिरण करे। देवायतन के पश्चिम भी बारह बार अक्षत ...

पालिकास्थापनम्

पूर्वभागे तु सर्वेषां यथोद्दिष्टक्रमेण तु ॥ ३६ ॥
पालिकाश्च तथा न्यस्य प्रत्यगायतनं क्रमात्।
ततः स्नपनवेद्याश्च पश्चिमे कलशान् न्यसेत् ॥ ३७ ॥

सभी के पूर्वयाग से यथाक्रम पश्चिम तक पालिका स्थापित करे। इसके बाद स्नान वेदी के पश्चिम कलश स्थापित करे ॥ ३६-३७ ॥

कलशानां तत्तद्द्रव्यैः पूरणम्

मण्डपं चतुरस्रं तु लिप्त्वालंकृत्य चाक्षतैः।
तत्र सप्तदशाभिन्नान् कलशान् पूरयेत् क्रमात् ॥ ३८ ॥

सर्व प्रथम स्नान वेदी के चारों ओर मण्डप का चौकोर लेप करे, ... अक्षत से भूषित करे। फिर १७ उत्तम लक्षण वाले कलशों को ... प्रकार के द्रव्यों से पूर्ण करे ॥ ३८ ॥

मध्यमं तु पदं ब्राह्मं ततश्चावरणद्वयम्।
प्रत्यावरणमष्टौ तु कलशाः परिकीर्तिताः ॥ ३९ ॥

ब्रह्मा के लिये मध्य में कलश रख कर आठ-आठ कलशों को दो आवरण में गोलाकार आठो दिशाओं में स्थापित करे ॥ ३९ ॥

यवोदकान्ताः पाद्याद्यास्तत्र सप्तदश क्रमात्।
बहिरावरणे पूर्वे पाद्यं तु विनिवेशयेत् ॥ ४० ॥
अर्घ्यं तु दक्षिणे न्यस्य प्रत्यगाचमनीयकम्।
उत्तरे पञ्चगव्यं तु घृतमाग्नेयगोचरे ॥ ४१ ॥
नैर्ऋते दधि विन्यस्य वायव्ये क्षीरमेव च।
ऐशाने मधु विन्यस्य व्यस्तैरष्टाक्षरैः पृथक् ॥ ४२ ॥

इन १७ कलशों को पाद्य से आरम्भ कर यवोदकान्त इस प्रकार स्थापित करें। बाहर के आवरण में पूर्व के कलश में पाद्य, दक्षिण के कलश में अर्घ, पश्चिम कलश में आचमनीय, उत्तर के कलश में पञ्चगव्य, आग्नेय में घृत, नैर्ऋत्य में दधि स्थापित करे और वायव्य के कलश में दूध, ईशान कोण के कलश में मधु अष्टाक्षर मन्त्र से पृथक्-पृथक् स्थापित करे ॥ ४०-४२ ॥

अन्तरावरणे प्राच्यां कषायं विनिवेशयेत्।

उष्णाम्भो दक्षिणस्यां च पश्चिमे रत्नमेव च ॥ ४३ ॥
फलोदकं चोत्तरस्यामाग्नेये लोहमेव च ।
नैर्ऋत्यां मार्जनं चैव वायव्ये गन्धतोयकम् ॥ ४४ ॥

वेरस्थापनम्

ऐशाने चाक्षतान् न्यस्य ब्रह्मभागे यवोदकम् ।
स्नपनार्थं विधिं चैव कृत्वा तन्त्रविचक्षणः ॥ ४५ ॥

भीतरी आवरण में स्थापित पूर्व कलश में कषाय (सुगन्धि... दक्षिण के कलश में गर्म जल, पश्चिम के कलश में रत्न, उ... कलश में फलोदक, आग्नेय कोण के कलश में लोहा, नैर्ऋत्य... में मार्जनद्रव्य वायव्य में गन्धोदक, ईशान कोण के कलश में ... और मध्य के ब्राह्म कलश में यवोदक स्थापित करे ।

इस प्रकार तन्त्र शास्त्र का विद्वान् स्नान के लिये सभी ... संपादित करे ॥ ४३-४५ ॥

एकवेरविधिः

कर्मार्चां स्थापनार्चा विन्यसेत् स्नानपीठके ।
एकवेरविधानं चेत् प्रथमार्चां निवेशयेत् ॥ ४६ ॥

एक बेर विधि-कर्मार्चा अथवा स्थापनार्चा स्नानपीठ पर ... यदि एक बेर का विधान हो तब कर्मार्चा विधि करे ॥ ४६ ॥

अश्मना मणिना वापि लोहैर्वा क्रियते तु या ।
ब्राह्मे च स्थाप्यते सा तु एकवेरविधिर्भवेत् ॥ ४७ ॥

पत्थर की, मणि की तथा लोहे की बनी मूर्ति जहाँ स्थापित ... हो और जिसे वैदिक रीति से स्थापित की जावे उसे एक बेर ... कहते हैं ॥ ४७ ॥

बहुवेरविधिः

मृन्मयी प्रतिमा या तु पूर्वोक्ता यापि काष्ठजा ।
दैविके स्थाप्यते चेत् सा बहुवेरविधिर्भवेत् ॥ ४८ ॥

बहुवेर विधि-पूर्व में कही गई मिट्टी की प्रतिमा अथवा ... बनी हुई प्रतिमा जहाँ दैविक विधि से स्थापित की जावे उसे बहु... कहते हैं ॥ ४८ ॥

एकवेरबहुबेरविध्योर्भेदः

बहुबेरविधौ सन्ति परिवारा यथाक्रमम् ।
एकबेरविधाने तु केवलं प्रतिमा भवेत् ॥ ४९ ॥

एकवेर बहुबेर विधियों में भेद-बहुवेर विधि से स्थापन में क्रमशः ... देव परिवार होते हैं । किन्तु एक बेर विधि में केवल एक प्रतिमा ... जाती है ॥ ४९ ॥

चतुर्विधं लिङ्गम्

लिङ्गस्य स्थापनायां चाप्येष एव विधिक्रमः ।
लिङ्गं तु त्रिविधं प्रोक्तं ब्राह्मं शाङ्करमेव च ॥ ५० ॥
वैष्णवं च त्रिदेवं च चतुर्थं परिकीर्तितम् ।
मूलस्थूलं भवेद् ब्राह्मं शिरःस्थूलं तु शाङ्करम् ॥ ५१ ॥
वैष्णवं समवृत्तं च धारालिङ्गं तथैव च ।
धाराकुल्याश्च कर्तव्या एकवेरविधौ सति ॥ ५२ ॥

लिङ्ग की स्थापना में भी क्रमशः इसी विधि का क्रम है । लिङ्ग भी ... प्रकार के कहे गये हैं ।

१. ब्राह्मलिङ्ग २. शाङ्कर लिङ्ग ३. वैष्णव लिङ्ग ये त्रिदैवत लिङ्ग ... हैं । इसके अतिरिक्त एक चतुर्थ लिङ्ग भी कहा गया है ।

ब्राह्म लिङ्ग में मूलभाग स्थूल होता है और शाङ्कर लिङ्ग शिरः प्रदेश में स्थूल होता है । किन्तु वैष्णव लिङ्ग सर्वत्र समतल कहा गया है ।

इसके बाद चतुर्थ लिङ्ग भी है जो एक बेर विधि में नहर की धारा ... समान बनाया जाता है । यह लिङ्ग एक बेर विधि में ही बनाना चाहिये ॥ ५०-५२ ॥

बहुवेरविधानम्

बहुवेरविधाने तु न च निर्माल्यकुल्यका ।
कर्मार्चा बहुवेरे तु गृह्यते लोहसंभवा ॥ ५३ ॥

जहाँ बहुवेर का विधान हो वहाँ निर्माल्य कुल्यका प्रतिमा नहीं बनानी चाहिये । बहुवेर विधि में कर्मार्चा में लोहे की लिङ्ग प्रतिमा ही होनी चाहिये ॥ ५३ ॥

पुरुषसूक्तेन तत्तद्द्रव्यैः स्नपनविधिः

प्रतिमां स्थापयित्वाथ प्रागग्रेषु कुशेषु च ।
प्रत्यृचं कलशं गृह्य षोडशावरणद्वये ॥ ५४ ॥
दद्यात् पुरुषसूक्तेन पाद्यादि क्रमयोगतः ।
पाद्यादीनां तु सर्वेषां सर्वाण्येव सविस्तरम् ॥ ५५ ॥

पुरुष सूक्त से तत्तद् द्रव्यों से स्नपनविधि-पूर्व में कुश... अग्रभाग रख कर उसी पर प्रतिमा रखनी चाहिये । फिर षोडश... में स्थापित एक-एक पाद्यादि के कलशों को उठाकर पुरुष... सोलह ऋचाओं के एक-एक ऋचा से क्रमशः विस्तारपूर्वक ... सभी पाद्यादि प्रदान करे ॥ ५४-५५ ॥

द्रव्याणि स्नपनाध्याये शिवरात्रे प्रवक्ष्यते ।
ऋचा प्रथमया पाद्यं दद्यान्मन्त्रविचक्षणः ॥ ५६ ॥

स्नान के लिये कहे गये द्रव्य आगे शिवरात्र प्रकरण में ... मन्त्रवेत्ता विद्वान् प्रथम ऋचा से पाद्य प्रदान करे ॥ ५६ ॥

द्वितीयया ततश्चार्घ्यमाचामं तु तृतीयया ।
चतुर्थ्या पञ्चगव्यं च पञ्चम्या घृतमेव च ॥ ५७ ॥
दधि षष्ठ्याथ सप्तम्या पयोऽष्टम्या मधु क्रमात् ।
नवम्या तु कषायाम्भो दशम्योष्णोदकं तथा ॥ ५८ ॥
एकादश्या च रत्नाम्भो द्वादश्या च फलोदकम् ।
लोहतोयं त्रयोदश्या चतुर्दश्या च मार्जनम् ॥ ५९ ॥
पञ्चदश्या च गन्धाम्भः षोडश्याक्षतवारि च ।
यवोदकं ततो दद्यान्मानस्तोक्या च साधकः ॥ ६० ॥
अष्टाक्षरं तु वै दद्यात् केवलाष्टाक्षरेण वा ।
कृत्वैवं स्नपनं पश्चाद् बीजमुद्रां च दर्शयेत् ॥ ६१ ॥

द्वितीय ऋचा से अर्घ्य, तृतीय ऋचा से आचमन, ... पञ्चगव्य, पञ्चम से घृत, षष्ठ से दधि, सातवें से दूध, अष्टम ... नवम से कषाय जल, दशम से उष्ण जल, एकादश ऋचा से ... जल, द्वादश ऋचा से फलोदक, तेरहवीं ऋचा से लौहजल, ... ऋचा से मार्जन, पन्द्रहवीं ऋचा से गन्धजल, सोलहवीं ... अक्षतयुक्त जल और यवोदक देकर प्रतिमा को स्नान करावे । मानस्तोके और अष्टाक्षर मन्त्र से साधक स्नान करावे, अथवा केवल अष्टाक्षर मन्त्र से प्रतिमा को स्नान करावे । इस प्रकार स्नान कराने के पश्चात् साधक बीजमुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ५७-६१ ॥

पुण्याहं वाचयेत् पश्चाद् वैष्णवैर्मन्त्रवित्तमैः ।
हिरण्यं वाथ वस्त्रं वा तिला वा दक्षिणा भवेत् ॥ ६२ ॥

इसके पश्चात् साधक मन्त्रवेत्ता वैष्णवों से पुण्याहवाचन करावे । इस पुण्याहवाचन की सुवर्ण, वस्त्र एवं तिल दक्षिणा होती है ॥ ६२ ॥

वेरस्य वस्त्रोपवीतादिसमर्पणम्

चतुर्भिरष्टभिर्वापि ततो द्वादशभिस्तु वा ।
आचार्यो वैष्णवैः सार्धमर्चां वस्त्रैस्तु वेष्टयेत् ॥ ६३ ॥

वेर प्रतिमा का वस्त्रोपवीतादि समर्पण-तदनन्तर आचार्य चार, आठ अथवा बारह वैष्णवों के साथ प्रतिमा पूजन कर वस्त्र से उस प्रतिमा को वेष्टित करे ॥ ६३ ॥

सूत्रं दद्याच्च हैरण्यं कटिसूत्रं च दापयेत् ।
सौवर्णं कुसुमं चापि सौवर्णं कटिसूत्रकम् ॥ ६४ ॥

सुवर्ण सूत्र तथा सुवर्ण निर्मित कटि सूत्र (करधनी), सौवर्ण पुष्प तथा पीत वर्ण का कटिवस्त्र समर्पित करे ॥ ६४ ॥

दत्त्वा देवाय गन्धादि कृत्वा च स्वस्तिवाचनम् ।
तैः सार्धं वेदिकामध्ये शयने संनिवेशयेत् ॥ ६५ ॥

फिर देवता को गन्धादि देकर स्वस्तिवाचन करे । इन सभी के साथ प्रतिमा को अलङ्कृत कर साधक उन्हें वेदी के मध्य में शय्या पर शयन करावे ॥ ६५ ॥

जयशब्दादिनादैश्च क्ष्वेलिकास्फोटितैरपि ।
नृत्तैर्गेयैश्च वाद्यैश्च नादयित्वा दिशो दश ॥ ६६ ॥

उस समय जयकार शब्दादि के उच्च शब्दों से ताली, मुख आदि के शब्दों के गड़गड़ाहट से नृत्य से गीतों से दशो दिशाओं को शब्दायमान कर देवे ॥ ६६ ॥

अष्टमङ्गलानां स्थापनम्

अत्राष्टमङ्गलान्येवमष्टदिक्षु निवेशयेत् ।

शङ्खं चक्रं पताकां च श्रीवत्सं दर्पणं वृषम् ।
मत्स्ययुग्मं च कुम्भं च मङ्गलानि प्रचक्षते ॥ ६७ ॥
लोहजान्येव कुर्वीत अलाभे काष्ठजानि तु ॥ ६८ ॥

अष्ट मङ्गल द्रव्यों का स्थापन-फिर देवता के आठों दिशा आठ मङ्गल द्रव्य स्थापित करे । शङ्ख, चक्र, पताका, श्रीवत्स, द वृष, दो मछलियाँ और कुम्भ ये आठ मङ्गल द्रव्य कहे गये उपर्युक्त आठो मङ्गल द्रव्य लोहे से निर्मित होने चाहिये । उसके में काठ के ही बनवा कर स्थापित करे ॥ ६७-६८ ॥

कलशानां च देवस्य मध्ये मध्ये यथादिशम् ।
इन्द्रादीशानपर्यन्तं स्थापयित्वा प्रदक्षिणम् ॥ ६९ ॥

कलश और देवता के मध्य में इन्द्रादि (पूर्व) से आरम्भ कर पर्यन्त दिशओं में उपर्युक्त आठों मङ्गल द्रव्य स्थापित कर प्रदक्षिणा करे ॥ ६९ ॥

एकं कुम्भं तु निर्दोषं सूत्रेण परिवेष्टितम् ।
अश्वत्थपल्लवाच्छन्नं तोयपूर्णं सरत्नकम् ॥ ७० ॥
देवस्य दक्षिणे पार्श्वे विन्यसेच्चान्यपूर्वकम् ।
तोरणानि च केतूंश्च कलशांश्च पृथक् पृथक् ॥ ७१ ॥
पूजयेद् गन्धपुष्पाद्यैः प्रत्येकं तु स्वनामभिः ।
अष्टौ विद्येश्वराः पूज्या वेदिकाकलशेष्वपि ॥ ७२ ॥

सूत्र से परिवेष्टित अश्वत्थ आदि पल्लवों से युक्त जल से एवं रत्नसहित एक सुलक्षण युक्त कलश देवता के दक्षिण ओर स्था करे, वहीं तोरण केतु भी स्थापित करे । इसके बाद उनके नाम पृथक्-पृथक् गन्ध पुष्पादि से उनका पूजन करे । फिर वेदिका स्थापित कलशों पर आठो विद्येश्वरों की पूजा करे ॥ ७०-७२ ॥

विद्येश्वरपूजाकथनम्

प्राच्यामादिवराहस्तु नारसिंहश्च दक्षिणे ।
प्रतीच्यां श्रीधरो देवो हयवक्त्रस्तथोत्तरे ॥ ७३ ॥
आग्नेये भार्गवो रामो नैर्ऋते राम एव च ।
वामनश्चापि वायव्ये वासुदेवस्तथैश्वरे ॥ ७४ ॥
स्वनाम्ना पूजयित्वैतान् कलशेषु पृथक् पृथक् ।

ब्रह्माणं च महाकुम्भे स्वनाम्ना पूजयेत् ततः ॥ ७५ ॥

पूर्व के कलश पर आदि वाराह की, दक्षिण के कलश पर नारसिंह की, पश्चिम के कलश पर श्रीधर की, उत्तर कलश पर हयग्रीव की, आग्नेय कलश पर परशुराम की, नैर्ऋत्य में दाशरथि राम की, वायव्य कलश में वामन की और ऐशान कलश में वासुदेव की तत्तन्नामों से उन-उन कलशों पर पूजन करे । तदनन्तर महाकुम्भ में ब्रह्मदेव की पूजा उनके नामों से करे ॥ ७३-७५ ॥

पूजयेद्विष्णुगायत्र्या मातृविद्याभिरेव च ।
कर्मार्चां शयनस्थां वा कर्मार्चां स्वयमर्चयेत् ॥ ७६ ॥

शयन पर स्थित कर्मार्चा की विष्णुगायत्री अथवा मातृविद्या से पूजा करे । उस कर्मार्चा की साधक स्वयं पूजा करे ॥ ७६ ॥

हारकेयूरकटक ब्रह्मसूत्रप्रलम्बनैः ।
वस्त्रैश्चित्रैरलंकुर्यात् स्वां स्वां मुद्रां च दर्शयेत् ॥ ७७ ॥

उनको हार केयूर कटक यज्ञोपवीत माला तथा विचित्र वस्त्रों से भूषित करे । फिर उन-उन देवताओं की मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ७७ ॥

मथित्वा पूर्वमन्त्राग्निं कृत्वा चैव क्रियास्तथा ।
आरभेद्धोमकर्मापि चतुर्ष्वायतनेषु च ॥ ७८ ॥

इन समस्त क्रियाओं को संपादन कर पूर्ववत् अग्निमन्थन कर चारों आयतनों में होम कार्य प्रारम्भ करे ॥ ७८ ॥

मूर्तयस्तन्मयाः प्रोक्ताश्चत्वारः क्रमयोगतः ।
पूर्वाग्निर्वासुदेवाख्यो दक्षिणाग्निश्च कर्षणः ॥ ७९ ॥
प्रद्युम्नः पश्चिमाग्निः स्यादनिरुद्धस्तथोत्तरः ।
मूर्तिधारा इति प्रोक्ता होतारस्तु चतुर्विधाः ॥ ८० ॥

क्रमानुसार इन चारो अग्नियों के तन्मय स्वरूप चारों अग्नि मूर्त्तियों के नाम इस प्रकार हैं पूर्वाग्नि वासुदेव नाम की, दक्षिणाग्नि सङ्कर्षण नाम की, पश्चिमाग्नि प्रद्युम्न नाम की और उत्तराग्नि अनिरुद्ध नाम वाली कही गयी है । इन्हें मूर्त्तिधारा भी कहते हैं इनके होता भी चार प्रकार के कहे गए है ॥ ७९-८० ॥

स्वनाम्ना जुहुयुश्चैतान् समिदाज्यचरूंस्तथा ।

अष्टोत्तरशतं चैव प्रत्येकं तु पृथक् पृथक् ॥ ८१

चारों प्रकार के होता उन-उन वासुदेवादि नामों से समिध... तथा चरु द्वारा पृथक्-पृथक नामों से १०८ आहुति प्रदान करें...

चतुर्ष्वग्निषु संप्रोक्ताः समिधश्च चतुर्विधाः ।
पालाशाः खादिराश्चापि बैल्वा औदुम्बरास्तथा ॥ ८२

चार अग्नियों के होम के लिये चार प्रकार की समिधायें पृथ... रूप से कही गई है १. पालाश. २. खदिर, ३. बिल्व तथा ४... उनके ये नाम है ॥ ८२ ॥

आज्यं चतुर्विधं प्रोक्तं यागाध्याये यथाविधि ।
चरूंश्चतुर्विधानत्र प्रवक्ष्यामि यथातथम् ॥ ८३

याग के प्रकरण में घी भी चार प्रकार के कहे गये हैं, इसी... चरु भी चार प्रकार के कहे गये हैं । अब यथा क्रम चरुओं के... कहता हूँ ॥ ८३ ॥

पायसं कृसरं गौडं हरिद्रान्नं चतुर्विधम् ।
यथासंख्यक्रमेणैव हुत्वाग्निषु यथाविधि ॥ ८४ ॥
चतुर्भिर्विविधैर्भक्ष्यैः पायसैश्च गुडौदनैः ।
निवेद्य देवदेवेशमुत्थाप्य प्रणवेन ह ॥ ८५ ॥

१. पायस २. कृसर ३. गौड़ और ४. हरिद्रान्न ये चार प्रका... चरु कहे गये हैं । इनका अग्नि में यथासंख्य यथाविधि हवन क... प्रकार के अनेक भक्ष्य पायस गुडौदन देवदेवेश को निवेदन कर प्रण... उन्हें शयन से उठावे ॥ ८४-८५ ॥

हरिद्रान्नैरपूपैश्च कृसरैश्च बलिं हरेत् ।
पायसं भोजयेद् भक्तान् वैष्णवान् द्वादश क्रमात् ॥८६

फिर हरिद्रान्न, अपूप तथा कृसर से बलिप्रदान करे । तदनन्तर... वैष्णव भक्तों को पायस का भोजन करावे ॥ ८६ ॥

कारयेच्छान्तिहोमं च मूर्तीर्ध्यायेद्यथाविधि ।
मधुना पयसा दध्ना हूयते यद् घृतेन च ॥ ८७ ॥
शान्तिहोमः समुद्दिष्टः स्थापनादिषु कर्मसु ।
कुर्यात् पुरुषसूक्तेन प्रत्यृचं षोडशाहुतीः ॥ ८८ ॥

फिर शान्ति होम करवा कर यथाविधि मूर्ती का ध्यान करे । मधु, दूध, दही और घृत से जो होम किया जाता है वह शान्ति होम कहा जाता है । इसे स्थापनादि कर्मों में पुरुषसूक्त के १६ मन्त्रों के प्रत्येक ऋचाओं से १६ आहुति देनी चाहिये ॥ ८७-८८ ॥

मधुहोमं तु पूर्वत्र पयोहोमं तु दक्षिणे ।
पश्चिमे दधिहोमं च घृतहोमं तथोत्तरे ॥ ८९ ॥

१. पूर्व में मधुहोम, २. दक्षिण में पयोहोम, ३. पश्चिम में दधि होम और ४. उत्तर में घृत होम करना चाहिये ॥ ८९ ॥

हुत्वा स्पृशेयुः प्रतिमां मूलमन्त्रेण ते क्रमात् ।
मधु हुत्वा स्पृशेत् पादं क्षीरं हुत्वोदरं स्पृशेत् ॥ ९० ॥
दधि हुत्वा च वदनं हुत्वाज्यं च शिरः स्पृशेत् ।
पूर्णाहुतिमथाचार्यः कुर्याद्वै पश्चिमेऽनले ॥ ९१ ॥

इस प्रकार होम करने के बाद सभी होता मूलमन्त्र से प्रतिमा का स्पर्श करें । मधु होम के बाद प्रतिमा का पाद स्पर्श करे । क्षीरहोम के बाद प्रतिमा का उदर स्पर्श करे । दधिहोम के बाद मुख तथा घृताहुती के बाद शिरः स्पर्श करे । तदनन्तर पश्चिम के अग्नि में आचार्य स्वयं पूर्णाहुति करे ॥ ९०-९१ ॥

हुत्वाथ सर्वगात्राणि स्पृशेत् प्रसृतिमुद्रया ।
सिञ्चेदद्भिर्यथादिक्कं वेदिकाकलशेष्वथ ॥ ९२ ॥

होम के पश्चात् प्रसृतिमुद्रा से प्रतिमा के सारे अङ्ग का स्पर्श करे । इसके बाद वेदिका पर स्थापित कलशों के दशो दिशाओं में इस प्रकार सेचन करे ॥ ९२ ॥

पलाशशाखया सिञ्चेत् प्राच्यां पूर्वं समाहितः ।
दक्षिणस्यां ततः सिञ्चेत् खदिरस्य तु शाखया ॥ ९३ ॥
सिञ्चेत् समूर्तिधाराश्च प्रतीच्यां बिल्वशाखया ।
उदुम्बरस्य चोदीच्यां सिञ्चेदेवं तु शाखया ॥ ९४ ॥

साधक एकाग्रचित्त से पूर्व में पलाश की शाखा से, दक्षिण में खदिर की शाखा से, पश्चिम में बिल्व की शाखा स और मूर्त्तिधारा सहित उत्तर दिशा में उदुम्बर की शाखा से सेचन करे ॥ ९३-९४ ॥

आचार्यः कोणदेशेषु सिञ्चेद्वेतसशाखया ।

सर्वे च विष्णुगायत्र्या सिञ्चेयुर्मुष्टिमुद्रया ॥ ९५ ॥

आचार्य कलश के सभी कोणों में वेंत की शाखा से (मार्जन) करे । शेष वैष्णव साधक विष्णुगायत्री से मुष्टि मुद्रा से करें ॥ ९५ ॥

रक्षामुद्रां तथा कृत्वा दर्शयेयुः समन्ततः ।
ततश्च दर्भशय्यां यजमानं तु शाययेत् ॥ ९६ ॥

रक्षा मुद्रा बनाकर सभी को दिखावें । फिर कुशासन की शय्या पर यजमान को शयन करावे ॥ ९६ ॥

एवं कृत्वाधिवासं च प्रभाते विधिनैव च ।
कृत्वा वेतसशाखाभिर्बहिरन्तश्च मार्जनम् ॥ ९७ ॥
सिक्त्वाथ गन्धतोयेन विनिष्क्रम्याथ तैरपि ।
प्रासादस्याष्टदिग्भागेष्वष्टौ होमांश्च कारयेत् ॥ ९८ ॥

इस प्रकार शयनाधिवास कर प्रात:काल में प्रतिमा को विधिपूर्वक वेंत की शाखा से बाहर और भीतर मार्जन करे, गन्धतोय से सिञ्चन करे और उन वैष्णवों के साथ स्वयं बाहर निकल कर प्रासाद के आठों दिशाओं में आठ समिधाओं से होम करे ॥ ९७-९८ ॥

समिधोऽष्टविधास्तत्र प्रोच्यन्ते होमकर्मणि ।
पालाशखादिराश्वत्थ प्लाक्षन्यग्रोधबैल्वकाः ॥ ९९ ॥
औदुम्बराश्च काश्मर्यः समिधोऽष्ट प्रकीर्तिताः ।
अष्टोत्तरशतं त्वेताः प्रत्येकं समिधः स्मृताः ॥ १०० ॥

उस होम में आठ प्रकार की समिधायें कही गई हैं ।

(१) पलाश, (२) खदिर, (३) अश्वत्थ, (४) प्लक्ष, (५) न्यग्रोध, (६) बिल्व, (७) गूलर एवं (८) काश्मीरी ये आठ प्रकार की समिधायें कही गई हैं । इन समिधाओं में प्रत्येक समिधा से एक सौ आठ आहुति देनी चाहिये ॥ ९९-१०० ॥

अग्नयो लोकपालास्ते स्वासु स्वास्वेव दिक्षु च ।
तन्नामान्येव मन्त्राः स्वाहान्तानि यथातथम् ॥ १०१ ॥

अग्नियाँ, पञ्च लोकपाल तथा तत्तत् दिशाओं के स्वामी के नाम में चतुर्थी विभक्ति लगाकर अन्त में स्वाहा लगावे यही उन समिधाओं से होम का मन्त्र है ॥ १०१ ॥

तथा घृतचरूणां चाप्यष्टोत्तरशतं हुनेत् ।
अष्टोत्तरशतं हुत्वा सूक्तेनाष्टाक्षरेण वा ॥ १०२ ॥
मिश्रितं वा घृतं हुत्वा केवलं प्रणवेन वा ।
गुडाज्यमधुसंमिश्र मष्टोत्तरशतं पुनः ॥ १०३ ॥

इसके बाद उसी प्रकार घृत और चरुओं का भी अष्टोत्तर शत हवन करे । इसके बाद अष्टाक्षर मन्त्र से अथवा प्रणव से घी चरु मिश्रित कर हवन करे । फिर गुड, आज्य एवं मधु मिलाकर १०८ आहुति प्रदान करे ॥ १०२-१०३ ॥

रत्नन्यासं ततः कुर्याद् गर्भाधानविधानतः ।
एकवेरविधानं चेत् सद्यः कुर्याद्विचक्षणः ॥ १०४ ॥
बहुवेरविधानं चेच्चूडाकाले कृतं भवेत् ।
महाकुम्भार्चनं कृत्वा गन्धपुष्पैः प्रदक्षिणम् ॥ १०५ ॥

एक बेर विधान में विद्वान् साधक गर्भाधान विधि से सद्यः रत्नन्यास करे । बहुबेर विधान में चूडाकर्म काल में रत्नन्यास करे । इसके बाद महाकुम्भ की गन्ध पुष्पों से अर्चना कर प्रदक्षिणा करे ॥१०४-१०५॥

जितं त इति मन्त्रेण कलशं चोद्धरेद् बुधः ।
प्रतिमां मूर्तिधारास्तु चोद्धरेयुरनन्तरम् ॥ १०६ ॥
मङ्गलान्युद्धरेयुश्च दिशाहोमकरास्ततः ।
शलाकामात्रया चैव धारयाच्छिन्नया पुनः ॥ १०७ ॥
सेचयेदुद्धरन् कुम्भमाचार्यस्त्वग्रतो व्रजेत् ।
प्रतिमामुद्वहन्तो वै मूर्तिधारास्त्वनन्तरम् ॥ १०८ ॥

पुनः साधक 'जितं ते' इस मन्त्र से कलश को ऊपर उठावे । इसके बाद अन्य लोग प्रतिमा और मूर्त्तिधारा को ऊपर उठावें । इसके बाद मङ्गल कलश तथा दिशा होम काल के कलशों को भी और लोग उठावें । फिर कलशों से अविच्छिन्न जल धारा गिराते हुये प्रतिमा का सेचन करे । इसके बाद वहाँ से आचार्य सबके आगे आगे चलें । इसके बाद प्रतिमा उठाकर चलने वाले लोग इसके बाद मूर्त्तिधारा लेकर चलने वाले लोग चले ॥ १०६-१०८ ॥

अन्तरा गमनं न स्यात् प्रतिमाचार्ययोस्तदा ।
तथैव मूर्तिधारास्ते गच्छेयुश्चैव संयुता: ॥ १०९ ॥

आचार्य और प्रतिमा के बीच से कोई न चले । इसके बाद ... वाले सभी लोग मिल कर चले ॥ १०९ ॥

अभितस्तं समायान्ति सर्वे मङ्गलधारकाः ।
ततः शाकुनसूक्तादीन् पठन्तो ब्राह्मणाः सह ॥ ११० ॥

उनके चारों ओर मङ्गल कलश लिये हुये और लोग चलें ... साथ शकुन तथा सूक्त पाठ करने वाले ब्राह्मण रहें ॥ ११० ॥

यान्ति चैव यथाकामं पश्चान्मङ्गलधारिणः ।
वाग्यतो यजमानश्च कुशहस्तप्रणामवान् ॥ १११ ॥
विप्राणां पृष्ठतो यायादितरे तस्य पृष्ठतः ।

माङ्गलिक वस्तुओं को लेकर चलने वाले लोग अपनी इच्छा ... चलें । उनके पीछे हाथ में कुशा लिये हुये सबको प्रणाम करते ... यजमान उन ब्राह्मणों के पीछे-पीछे चले शेष लोग उस यजमान ... पीछे-पीछे चलें ॥ १११-११२ ॥

साग्निं प्रदक्षिणीकृत्य देवागारमिति क्रमात् ॥ ११२ ॥
अनुधारापथं देवं देवागारं प्रवेशयेत् ।
जपंस्तु विष्णुगायत्रीं मूलमन्त्रद्वयं तथा ॥ ११३ ॥
स्थापयेत् प्रतिमां पश्चान्मूलमन्त्रमनुस्मरन् ।

इस प्रकार अग्नियुक्त देवागार (देवतायतन) की प्रदक्षिणा कर ... के पीछे-पीछे देवता (प्रतिमा) को प्रासाद में प्रवेश करावे । फिर ... गायत्री एवं मूलमन्त्र का जप करते हुये प्रतिमा को देवता... स्थापित करें ॥ ११२-११४ ॥

प्रतिष्ठापञ्चककथनम्

स्थापनास्थापना चैव तथा संस्थापनेति च ॥ ११४ ॥
प्रस्थापना प्रतिष्ठेति प्रतिष्ठापञ्चकं विदुः ।
स्थितां तु प्रतिमां पश्चात् स्थापयेत् परमेष्ठिना ॥ ११५ ॥

(१) स्थापना (२) आस्थापन! (३) संस्थापना (४) प्रस्थापना (५) प्रतिष्ठा ये प्रतिष्ठा के पाँच भेद कहे गये हैं । इस प्रकार ... स्थापन के पश्चात् पुनः वैदिक रीति से साधक मूर्त्ति (प्रतिमा) ... स्थापित करें ॥ ११४-११५ ॥

स्थापनादिलक्षणकथनम्

स्थापना सा समाख्याता सर्वशान्तिकरी शुभा ।
आसीनां स्थापयेत् पुंसा सा चास्थापनसंज्ञिता ॥११६॥

स्थापनादि प्रतिमा का लक्षण कथन—सबको शान्ति प्रदान करने वाली [illegible] सब का कल्याण करने वाली विधि 'स्थापना' कही जाती है पुंसा [illegible] से प्रतिमा को बैठाकर स्थापित की गई विधि 'आस्थापना' कही जाती है ॥११६॥

विश्लेन शयितां चापि सा च संस्थापना मता ।
निवृत्या यानगां चापि सा च प्रस्थापना भवेत् ॥११७॥

विशेष मुद्रा से शयन कराई गई मूर्त्ति को 'संस्थापना' कहते हैं । ... मुद्रा से किसी वाहन पर रखी गई प्रतिमा 'प्रस्थापना' कही जाती है ॥ ११७ ॥

चरा तु प्रतिमा ज्ञेया यावाहोद्वासनान्विता ।
देवालये गृहे वापि कर्मार्चान्या प्रकीर्तिता ॥ ११८ ॥

आवाहन और उद्वासन (विसर्जन) युक्त प्रतिमा 'चर' कही जाती है देवालय अथवा घर में कर्मार्चा के द्वारा स्थापित की गई प्रतिमा 'अचर' कही जाती है ॥ ११८ ॥

तासां प्रतिष्ठा या प्रोक्ता सर्वा च क्रियते पुनः ।
सा प्रतिष्ठापना ज्ञेया सर्वासां वक्ष्यते विधिः ॥११९॥

उनकी उपर्युक्त कही गई प्रतिष्ठा जो सभी मूर्त्तियों के लिये विहित है उसे ही 'प्रतिष्ठापना' कहते हैं । अब सभी प्रकार की प्रतिष्ठा की विधियों को कहता हूँ ॥ ११९ ॥

प्रतिष्ठाविधिकथनम्

कर्मार्चामर्चनापीठे स्थापयित्वा यथाविधि ।
धारावशिष्टं यत् तोयं तच्छरावे निषिच्य च ॥ १२० ॥
शलाकामात्रया चैव धारयाच्छिन्नया पुनः ।
परितः परिषेकं च कुर्याद्वै मूलमन्त्रतः ॥ १२१ ॥

कर्मार्चा को अर्चना पीठ पर विधि के अनुसार धारावशिष्ट जल किसी शराव में स्थापित करे । फिर उस शराव स्थित जल से शलाका

द्वारा छेद कर अविच्छिन्न धारा से मूलमन्त्र पढ़ते हुये मूर्ति को जल से सिक्त करे ॥ १२०-१२१ ॥

मूलेन प्रतिमान्यासं कुर्यान्मन्त्रविचक्षणः ।
स्थिते कुर्यात् स्थितिन्यासमासीने सृष्टिसंज्ञितम् ॥ १२२ ॥

फिर मन्त्रवेत्ता ब्राह्मण मूलमन्त्र से प्रतिमा में न्यास करे । यदि प्रतिमा स्थित (खड़ी) है तब 'स्थितिन्यास' यदि बैठी है तो 'सृष्टि न्यास' करे ॥ १२२ ॥

शयने संहृतिन्यासं त्रितयं यानगे पुनः ।
कृत्वा तथात्मनि न्यासं ततो ध्यानं समारभेत् ॥ १२३ ॥

शयन कराई गई प्रतिमा में 'संहार न्यास' करे । यदि प्रतिमा वाहन पर हैं तब तीनों प्रकार का न्यास करे । इसके बाद अपने में न्यास कर ध्यान का आरम्भ करे ॥ १२३ ॥

प्राणायामं समासीनः कुर्यादभिमुखं विभोः ।
ध्यायेच्च प्रतिमादेहे नाडीचक्रं यथाविधि ॥ १२४ ॥

सर्वप्रथम भगवान् के सामने बैठकर प्राणायाम करे । फिर प्रतिमा के शरीर में नाड़ी समूहों का ध्यान यथाविधि करे ॥ १२४ ॥

तत्सर्वमृषिरात्रे तु योगाध्याये प्रवक्ष्यते ।
अत्र तूद्देशमात्रं च कथयामि यथातथम् ॥ १२५ ॥

इन सभी बातों को ऋषिरात्र के योगाध्याय में कहूँगा । यहाँ उद्देशमात्र यथातथम् (जैसे-तैसे) कह रहा हूँ ॥ १२५ ॥

द्वासप्ततिसहस्राणि नाडयः परिकीर्तिताः ।
दश प्रधानास्तासां तु वायवश्च तथा दश ॥ १२६ ॥

७२००० (बहत्तर हजार) शरीर में नाड़ियाँ कही गई हैं । केवल १० ही प्रधान नाडियाँ हैं । उसी प्रकार वायु भी १० कहे गये हैं ॥ १२६ ॥

इडा च पिङ्गला चैव सुषुम्ना च तथा परा ।
गान्धारी हस्तिजिह्वा च पूषा च सुयशास्तथा ॥ १२७ ॥
अलम्बुसा कुहूश्चैव शङ्खिनी दशमी स्मृता ।

१. इडा, २. पिङ्गला, ३. सुषुम्ना, ४. गान्धारी, ५. हस्तिजिह्वा

६. पूषा, ७. सुयशा, ८. अलम्बुसा, ९. कुहू और दसवी १०. शङ्खिनी ये दस प्रधान नाडियों के नाम हैं ॥ १२७-१२८ ॥

प्राणोऽपानः समानश्च व्यानश्चोदान एव च ॥ १२८ ॥
नागश्च कूर्मः कृकरो देवदत्तो धनञ्जयः ।
वायवो दश संप्रोक्ता नाडीषु दशसु क्रमात् ॥ १२९ ॥

१. प्राण २. अपान ३. समान ४. व्यान ५. उदान ६. नाग ७. कूर्म ८. कृकर ९. देवदत्त और १०. धनञ्जय ये दश वायुओं के नाम हैं जो दशों नाडियों में रहते हैं ॥ १२८-१२९ ॥

नाभिर्मूलं भवेत् तासां नाडीनां कन्दवत् स्थिता ।
वायुभिस्ताश्च पूर्यन्ते कुम्भ्यन्ते ताश्च मात्रया ॥ १३० ॥

इन सभी नाडियों का मूल नाभि है जो शरीर में कन्द के समान स्थित है । तत्तन्मात्रा के अनुसार उन्हें वायु से पूर्ण किया जाता है और मात्रा के अनुसार उनका कुम्भक किया जाता है ॥ १३० ॥

रेच्यन्ते च यथायोगं प्राणायामैस्तथैव च ।
आत्मनि त्रितयं कुर्याद् देवे पूरककुम्भकौ ॥ १३१ ॥

इसी प्रकार प्राणायाम से यथायोग उनका रेचन किया जाता है । स्वयं अपने पूरक-कुम्भक और रेचक तीनों प्रकार का प्राणायाम करें किन्तु देव में पूरक और कुम्भक दो ही प्राणायाम करे ॥ १३१ ॥

पूरके नाडयः सर्वाः पूर्यन्ते नात्र संशयः ।
ततो हृदयपद्मं च विकासमुपयास्यति ॥ १३२ ॥

पूरक प्राणायाम से सारी नाडियाँ वायु से पूर्ण हो जाती हैं, इसमें संशय नहीं और हृदय कमल विकसित हो जाता है ॥ १३२ ॥

कुम्भकेन निरुद्धं तु भवेदूर्ध्वमुखस्थितम् ।
एवं पूरककुम्भौ तु कृत्वा देवे यथाविधि ॥ १३३ ॥

कुम्भक से वायु रुक कर ऊपर की ओर स्थित होकर रुक जाता है इस प्रकार देव में यथाविधि केवल पूरक और कुम्भक दो ही प्राणायाम करे ॥ १३३ ॥

आस्थापनादीनां क्रिया विवेचनम्

सदाविष्णुं ततो ध्यात्वा निष्कलं तु निरञ्जनम् ।

तेजोमयं परं ज्योतिस्तमसः परमव्ययम् ॥
आनीय प्रणवेनाथ आत्मपद्मे निवेशयेत् ।
निरुन्ध्यात् प्रणवेनैव सजीवो जायते तथा ॥

तदनन्तर निष्कल निरञ्जन तेजोमय तमः से परं ज्योति अव्यय सदाविष्णु का ध्यान कर प्रणव से जीव लाकर अपने ह... सन्निविष्ट करे और प्रणव से उसे वहीं रोके जिससे वह ... धारण कर लेवे ॥ १३४-१३५ ॥

शरावस्थेन तोयेन प्रोक्षयेत् परमेष्ठिना ।
एवमास्थापनादीनां क्रिया भवति मन्त्रतः ॥ १३...

फिर वैदिक मन्त्र से शरावस्थ जल से उसका प्रोक्षण ... प्रकार मन्त्र के द्वारा आस्थापनादि सारी क्रिया पूर्ण हो जाती ...

बीजमुद्रां ततः कृत्वा निरुध्य प्रणवेन च ।
प्रोक्षयेत् परिवारांश्च ततः प्रणवमुद्रया ॥ १३७ ॥

इसके बाद बीजमुद्रा बना कर प्रणव से उसे वहीं रोके । ... साधक पुनः प्रणवमुद्रा से प्रतिमा के आवरण देवताओं (... प्रोक्षण करे ॥ १३७ ॥

विष्णुश्चापि महाविष्णुरुभौ च प्रतिमागतौ ।
प्रतिमा सा क्रियाहीना विष्णुःस्यात्प्रतियातनम् ॥ ...

विष्णु और महाविष्णु प्रतिमा में निवास करते हैं जिस ... आस्थापनादि क्रिया नहीं होती वह विष्णु है उसे बाहर ही र...

प्रतिष्ठाकर्मसंयुक्तो महाविष्णुर्न संशयः ।
विष्णुश्चैव महाविष्णुस्तौ वै पूज्यौ च कर्मभिः ॥ ...

प्रतिष्ठाकर्म से संयुक्त प्रतिमा महाविष्णु कही जाती है ... नहीं । विष्णु और महाविष्णु कर्म के द्वारा पूजे जाते हैं ॥ ...

सकलस्तु भवेद्विष्णुरन्यः सकलनिष्कलः ।
निष्कलस्तु सदाविष्णुस्तस्य रूपं न विद्यते ॥ ...

विष्णु कलायुक्त होने से सकल (साकार) हैं । महाविष्णु ... निष्कल दोनों हैं और सदाविष्णु केवल निष्कल (निराकार) ... कोई रूप नहीं है ॥ १४० ॥

महाविष्णुमेवं च विधिनैव तु ।
प्रतिष्ठाप्य महाविष्णुमेवं च विधिनैव तु ।
साङ्गावरणमभ्यर्च्य गन्धपुष्पैर्यथाविधि ॥ १४१ ॥
पायसं कृसरं गौडं शुद्धान्नं च चतुर्विधम् ।
निवेदयेच्चतुर्दिक्षु पादपीठस्य शक्तितः ॥ १४२ ॥

इस प्रकार विधिपूर्वक महाविष्णु की प्रतिष्ठा कर पूजा करे । फिर गन्ध पुष्पादि से आवरण सहित उनकी अर्चना कर पादपीठ के चारों ओर अपनी शक्ति के अनुसार पायस, कृसर, गौड तथा शुद्धान्न चारों प्रकारों का अन्न उन्हें निवेदन करे ॥ १४१-१४२ ॥

ततश्चण्डप्रचण्डौ तु देवौ दौवारिकावुभौ ।
शङ्खचक्रधरौ वीरौ नरसिंहसुतावुभौ ॥ १४३ ॥
उत्तरे दक्षिणे चैव स्थितौ द्वारि गदाधरौ ।
प्रोक्षयेन्मूलमन्त्रेण ततः प्रणवमुद्रया ॥ १४४ ॥
गरुत्मन्तं ततः प्रोक्ष्य लोकपालांस्तथैव च ।
निवेद्य शेषमेतेभ्यः क्रमेणैव निवेदयेत् ॥ १४५ ॥

इसके बाद विष्णु के दो द्वारपाल जिनका नाम चण्ड और प्रचण्ड है नरसिंह के पुत्र ये दोनों ही वीर सदा शङ्ख, चक्र धारण किये विष्णु के उत्तर और दक्षिण गदा लिये द्वार पर स्थित रहते हैं मूलमन्त्र से उनका प्रोक्षण करे । फिर प्रणवमुद्रा से गरुड़ तथा लोकपालों का प्रोक्षण कर शेष अन्न क्रमशः इन्हें निवेदन करे ॥ १४३-१४५ ॥

अष्टदिक्षु बलिं दत्त्वा बलिपीठे बलिं हरेत् ।
दत्त्वाथाचमनं कृत्वा तन्निर्माल्यं व्यपोह्य च ॥ १४६ ॥
विष्वक्सेनप्रतिष्ठां च कृत्वा तत्र विनिक्षिपेत् ।
स्नानं कृत्वाथ विधिवत् प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ॥ १४७ ॥
दक्षिणां दापयेत् पश्चात् तेभ्यो ये वैष्णवाः स्थिताः ।
स्नपनं विधिवत् कृत्वा वस्त्राभरणभूषणम् ॥ १४८ ॥
क्षुरिकां बन्धयेद् देवे पुण्याहं तत्र कारयेत् ।
सूचीमुद्रां ततः पश्चाद् दर्शयेच्च विचक्षणः ॥ १४९ ॥

फिर आठों दिशाओं में बलि देकर बलिपीठ पर बलि प्रदान करे । आचमन कराकर समस्त निर्माल्य दूर करे फिर विष्वक्सेन को प्रतिष्ठापित कर उन्हें भी पत्नि देवे फिर स्नान कर हाथ जोड़कर उन्हें

प्रणाम करे । तदनन्तर वहाँ जितने वैष्णव जन स्थित हैं उन्हें देवें । फिर देवाधिदेव को स्नान करा कर वस्त्र और आभरण कर । उनके शरीर में छोटी तलवार बाँध देवे । तदनन्तर पु करावे । फिर विचक्षण साधक सूचीमुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १४६-

शङ्खतूर्यनिनादैश्च नादयित्वा दिशो दश ।
आचण्डालान्तमन्नाद्यं तत्र कुर्याद्विचक्षणः ॥ १५

फिर शङ्ख एवं चारों प्रकार के बाधों से दशों दि शब्दायमान करते हुये चाण्डाल पर्यन्त सभी लोगों को अन्न करावे ॥ १५० ॥

एवं पुराणे जीर्णे च क्रिया स्यात् प्रतियातने
आचार्यं पूजयेत् पश्चाद् ग्रामयानासनादिभिः
वस्त्रैराभरणैश्चित्रै विविधैश्चानुलेपनैः ॥ १५१

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां ब्रह्मरा
प्रतिष्ठाविधिः नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

यही क्रिया प्रतिमा के जीर्ण हो जाने पर पुराने हो जाने पर फिर ग्राम आसन, यान, वस्त्र, चित्र-विचित्र आभरण अनेक प्र सुगन्धित द्रव्यों से आचार्य का पूजन करे ॥ १५१ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के प्रति नामक षष्ठ अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६ ॥

ब्रह्मरात्रे

सप्तमोऽध्यायः

प्रतिमालक्षणोद्देशः

सनत्कुमार उवाच—

अथातः संप्रवक्ष्यामि प्रतिमाविधिमुत्तमम् ।
शिलामयी लोहमयीमथा रत्नमयीति च ॥ १ ॥
तथा काष्ठमयी चेति मृन्मयी चेति पञ्चधा ।
चतुर्वर्णा शिला प्रोक्ता चातुर्वर्ण्यक्रमेण तु ॥ २ ॥

सनत्कुमार ने कहा—अब इसके बाद सर्वोत्तम प्रतिमा के निर्माण का सर्वोत्तम विधान कहता हूँ, १. शिला की, २. लोह की, ३ रत्न की, ४. काष्ठ की तथा ५. मिट्टी की बनी हुई पाँच प्रकार की प्रतिमा कही गई है । चारों वर्णों के लिये चार वर्ण वाली चार प्रकार की शिलामयी प्रतिमा कही गई है ॥ १-२ ॥

ब्राह्मणस्य सिता ज्ञेया रक्ता वै क्षत्रियस्य तु ।
वैश्यस्य पीता संप्रोक्ता कृष्णा शूद्रस्य चोच्यते ॥ ३ ॥

ब्राह्मण के लिये श्वेत शिलामयी, क्षत्रिय के लिये रक्ताशिलामयी वैश्य के लिये पीले वर्ण की, तथा शूद्र के लिये काले वर्ण की शिलामयी प्रतिमा विहित है ॥ ३ ॥

ग्राह्याः शिलाः निरूपणम्

पर्वते तु शिला ग्राह्या तदलाभे तु भूतले ।
शुभवृक्षसमाकीर्णे बहूदकतृणान्विते ॥ ४ ॥
पद्मोत्पलवनाकीर्णे व्रीहिक्षेत्रसमावृते ।
हिन्तालतालन्यग्रोध- नालिकेरसमावृते ॥ ५ ॥
पलाशक्रमुकाश्वत्थ पिप्पलोदुम्बराकुले ।
कुशदर्भसमाकीर्णे देशे ग्राह्याः सदा शिलाः ॥ ६ ॥

प्रतिमा के लिये पर्वत जाकर शिला ग्रहण करनी चाहिये । यदि

पर्वत अप्राप्य हो तब ऐसी पृथ्वी पर से ही शिला ग्रहण करे। अनेक प्रकार के माङ्गलिक वृक्ष हों, जहाँ वहूदक एवं अनेक तृण हों, कमल बन से आच्छादित भूभाग हो, धान के खेत हों (तृण विशेष) ताल पर एवं नारिकेल से समादृत भूमि हो, पलाश, सुपारी, पीपर और गूलर के बहुत वृक्ष हों और जो भूमि तथा काश (तृण विशेष) से समाकीर्ण हों । ऐसे प्रदेश से ही शिला ग्रहण करनी चाहिये ॥ ४-६ ॥

वर्जनीयाः शिलाः कथनम्

नदीतीरे ह्रदतटे ग्राममध्ये चतुष्पथे ।
भूतिभूमौ श्मशाने च चण्डालशबरोषिते ॥ ७ ॥
वातातपाग्नितप्ते च तथा च जनदूषिते ।
शर्करोत्करसंयुक्ते निस्तृणे जलवर्जिते ॥ ८ ॥
मरुप्रायेषु देशेषु कण्टकिद्रुमसंकुले ।
गोमायुवृकभूयिष्ठे गृध्रर्क्षश्येनसंकुले ॥ ९ ॥
पक्षिसर्पसमाकीर्णे म्लेच्छदेशे च भीषणे ।
ग्रामोपान्ते च वल्मीके वर्जनीयाः शिलाः सदा ॥ १० ॥

नदी के तट की, तालाब के किनारे को, ग्राम के मध्य की वाली, चौराहे की राखी वाली भूमि पर पड़ी हुई, श्मशान की, चाण्डाल और शबर (कोल) हों, जो भूमि निरन्तर वायु, धूप, अग्नि से तप्त हो, मनुष्यों के द्वारा मल मूत्र से दूषित, शर्करा समूह से युक्त, तृणरहित जलवर्जित कण्टकाकीर्ण वृक्ष वाले प्रदेश से, बहुत सियार भेड़िया के निवास वाले स्थान से, गृध्र वाज के निवास वाले स्थान से, पक्षि और सर्पो से संकुल, म्लेच्छ से, भयानक लगने वाले तथा ग्राम के समीप वाले स्थान से शिला लेवें । इन्हें प्रयत्नपूर्वक वर्जित करे ॥ ७-१० ॥

अथ पुण्ये तु नक्षत्रे शकुनाद्यनुकूलतः ।
आचार्यः शिल्पिभिः सार्धं नवाम्बरधरः शुचिः ॥ ११ ॥
प्रतिमार्थं तु निर्गच्छेत् प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः ।
शिला यदि तु संपश्येद् भूगताः शुभलक्षणाः ॥ १२ ॥
तां दक्षिणोत्तरायामां प्रत्यक्प्रागायतां तु वा ।
पुण्याहं वाचयित्वा तु परिभ्रम्य प्रदक्षिणम् ॥ १३ ॥

प्राङ्मुखस्तु नमस्कुर्यात् ततः श्रीवत्समुद्रया ।
पूर्णकुम्भांस्तथा चाष्टावष्टदिक्षु च विन्यसेत् ॥ १४ ॥

पुण्य नक्षत्र में, अनुकूल शकुन होने पर, पवित्र होकर नवीन वस्त्र धारण कर आचार्य शिल्पियों के साथ ग्राह्य प्रतिमा शिला के लिये प्रस्थान करे ।

यदि पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख पृथ्वी में रहने वाली शुभ लक्षण युक्त शिला देखे जो उत्तर दक्षिण से लम्बी तथा पूर्व पश्चिम से चौड़ी हो तो पुण्याहवाचन कराकर प्रदक्षिणा कर पूर्वाभिमुख हो उसे नमस्कार करे । फिर श्रीवत्समुद्रा प्रदर्शित कर उसके आठों दिशाओं में आठ पूर्णकुम्भ स्थापित करे ॥ ११-१४ ॥

शिलायां ब्रह्मकलशं गन्धादिभिरलंकृतम् ।
अश्वत्थपल्लवाच्छन्नं स्थापयेत् परमेष्ठिना ॥ १५ ॥

शिला पर गन्धादि से अलङ्कृत पीपल के पत्ते से संयुक्त एक ब्रह्म कलश वैदिक रीति से स्थापित करे ॥ १५ ॥

तस्याष्टदिक्षु वै दद्यादक्षतान् पुरुषात्मना ।
ततो विश्वात्मबीजेन रत्नान्यन्तर्विनिक्षिपेत् ॥ १६ ॥
ततो निवृत्तिबीजेन परिषेकं समाचरेत् ।
चक्रिकां च सदा भद्रां ततः सर्वात्मना न्यसेत् ॥१७॥
दर्शयित्वा महामुद्रां प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ।
पश्चिमे दर्भशय्यायामासीनोऽधिवसेद् गुरुः ॥ १८ ॥

फिर उसके आठो दिशाओं में पुरुषसूक्त से अक्षत प्रदान करें। फिर विश्वात्म बीज से उस कलश के भीतर रत्न डाले । निवृत्ति बीज से उसका परिषेचन करे । फिर उस कलश का चक्रिका और भद्रा मुद्रा से न्यास करे । महामुद्रा प्रदर्शित कर अञ्जलिमुद्रा से प्रणाम करे । फिर पश्चिम की ओर स्थापित कुशासन पर गुरु शयन करे ॥ १६-१८ ॥

अष्टदिक्षु पताकाश्च स्थापयित्वा यथाक्रमम् ।
अपनीय जनान् सर्वानिमं मन्त्रमुदीरयेत् ॥ १९ ॥
अश्वत्थो ब्राह्मणो राजा विष्णुरूपाणि चैव हि ।
अदर्शनेऽपि गृह्णीयात् विपरीते निवर्तयेत् ॥ २० ॥

आठो दिशाओं में क्रमानुसार पूर्वदिशा से ईशान पर्यन्त स्थापित करे । फिर सभी लोगों को दूर भगा कर 'अश्वत्थे ... विष्णुरूपाणि चैव हि । अदर्शनेऽपि गृह्णीयात् विपरीते निवर्तयेत् ...' मन्त्र पढ़े ॥ १९-२० ॥

कलशान् प्रातरुद्वाचस्य शिल्पिभिः खानयेद् भुव...
सर्वेण च बलिं दत्त्वा स्पृशेत् पुंसा ततः शिलाम् ...

प्रातःकाल में कलशों का विसर्जन कर कारीगरों के द्वारा ... को खनवावे । फिर 'सर्वेण' इस मन्त्र से बलि देकर पुंसा ... कलश का स्पर्श करे ॥ २१ ॥

शिलाभेदकथनम्

सूत्रपातं ततः कुर्याद् ग्राहयेच्छिल्पिभिः शिलाम् ।
त्रिविधाश्च शिलाः प्रोक्तास्तन्त्रे पुंस्त्रीनपुंसकाः ॥ ...

शिल्पियों द्वारा शिलाग्रहण करावे । फिर स्वयं उसे सूत्र द्वारा ... विद्वानों द्वारा पुरुष एवं स्त्री और नपुंसक भेद से शिला तीन प्रकार की कही गई है ॥ २२ ॥

विवरावर्तरहिता सुस्निग्धा ग्रन्थिवर्जिता ।
व्यक्तवर्णैकशब्दा च सा पुमानिति कीर्तिता ॥ २३ ॥

पुरुष शिला—जिसमें विवर्त्त आवर्त्त न हो, जो चिकनी ... गाँठरहित हो, जिसका वर्ण एक ही और जिससे एक प्रकार का शब्द हो, वह शिला पुरुष शिला होती है ॥ २३ ॥

वरवर्णा लघुः स्निग्धा स्वच्छा शीता मृजावती ।
मृदुस्वना शिला प्रोक्ता स्त्रीति तन्त्रविचक्षणैः ॥ २४ ॥

स्त्री शिला—जो वर्ण से सुन्दर हो, चिकनी एवं स्वच्छ ... हो और मधुर शब्द करने वाली हो तन्त्रशास्त्र के विद्वानों ने ऐसी को स्त्री शिला कहा है ॥ २४ ॥

सिरामण्डलसंयुक्ता शरावोदरकर्कशा ।
शब्दहीनातिखर्वा च सा नपुंसकसंज्ञिता ॥ २५ ॥

नपुंसक शिला-जिसमें अनेक सिरायें (रेखा) हों, जो ... समान टेढ़ी मेढ़ी हो, जिसका उदर भाग कड़ा हो एवं शब्दहीन ... खराब शब्द वाली हो ऐसी शिला नपुंसक कही जाती है ॥ २५ ॥

या पुंलिङ्गशिला प्रोक्ता तया तु प्रतिमा भवेत् ।
अतो नपुंसकाख्यां च रत्नन्यासाय कल्पयेत् ॥ २६ ॥

पुरुष संज्ञक शिला ही मूर्त्ति निर्माण के योग्य है । नपुंसक संज्ञक ... रत्नन्यासी के लिये स्थापित करे ॥ २६ ॥

स्त्रीलिङ्गेति च या प्रोक्ता सा भवेत् पादपीठिका ।
शिलायाश्च शिरो ज्ञात्वा कारयेत् प्रतिमां ततः ॥ २७ ॥

स्त्रीलिङ्ग शिला पादपीठ के योग्य होती है । इसके बाद शिला का शिर जहाँ हो वहीं से मूर्ति निर्माण करावे ॥ २७ ॥

कांस्यघण्टाध्वनिर्यत्र तच्छिलायाः शिरो भवेत् ।
प्रासादे प्राङ्मुखे स्थाप्या प्राक्शिराः प्रतिमा ततः ॥ २८ ॥

मन्दिर में जहाँ कांस्य घण्टा की ध्वनि हो वहीं शिला का शिर होता ... पूर्वाभिमुख प्रासाद में प्रतिमा का शिर पूर्वाभिमुख होकर स्थापित करना चाहिये ॥ २८ ॥

तथैव दक्षिणग्रीवा दक्षिणद्वारवेश्मनि ।
तथैव पश्चिमग्रीवा पश्चिमद्वारवेश्मनि ॥ २९ ॥

दक्षिण ओर द्वार वाले प्रासाद में दक्षिण की ओर शिर कर प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये । पश्चिम ओर द्वार वाले प्रासाद में पश्चिम ओर शिर कर प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये ॥ २९ ॥

तथैव चोत्तरग्रीवा उत्तरद्वारवेश्मनि ।
प्राग्द्वारे दक्षिणग्रीवा प्रासादे प्रतिमा भवेत् ॥ ३० ॥
तथैव चोत्तरग्रीवा प्रत्यग्द्वारे च शस्यते ।
प्रासादयुक्त्या प्रतिमा कर्तव्या तन्त्रवित्तमैः ॥ ३१ ॥
प्रतियातनयुक्त्या वा प्रासादं तु समारभेत् ।

इसी प्रकार उत्तर की ओर द्वार वाले प्रासाद में उत्तराभिमुख प्रतिमा स्थापित करनी चाहिये । पूर्व की ओर द्वार वाले प्रासाद में दक्षिण की ओर प्रतिमा की ग्रीवा रहे तथा पश्चिम द्वार वाले प्रासाद में उत्तर की ओर प्रतिमा की ग्रीवा होती है । तन्त्रवेत्ताओं को प्रासाद की सुविधानुसार प्रतिमा निर्माण कराना चाहिये अथवा प्रतिमा के अनुसार प्रासाद का निर्माण कराना चाहिये ॥ ३०-३२ ॥

प्रतिमायामकथनम्

अत्र तु प्रतिमायामः पञ्चधा परिकीर्तितः ॥ ३२ ॥

यहाँ इस तन्त्र में प्रतिमा का आयाम (लम्बाई) तन्त्रशा... पाँच प्रकार का कहा गया है ॥ ३२ ॥

प्रासादगर्भभागार्धसमायामा समा भवेत् ।
पञ्चभागीकृते तत्र त्रिभागैर्मध्यमा भवेत् ॥ ३३ ॥
त्रिभागीकृतगर्भे तु द्विभागा चोत्तमा भवेत् ।
प्रासादायामश्च कर्तव्यो द्वारायामस्तथैव च ॥ ३४ ॥

१. प्रासाद गर्भ के आधे भाग के समान आयाम वाली प्रति... कही जाती है । २. प्रासादगर्भ का पाँच भाग कर उसके तीन भा... समान वाली प्रतिमा मध्यमा कही गई हैं । ३. तीन भाग कर ... के समान आयाम वाली प्रतिमा उत्तमा कही जाती है । ४. प्रास... की लम्बाई के समान आयाम वाली तथा ५. प्रासाद द्वार के ... आयाम वाली प्रतिमा भी होती है ॥ ३३-३४ ॥

प्रतिमा नवहस्तान्ता त्वेकहस्तादिरुच्यते ।
अत ऊर्ध्वं न कुर्वीत हीनां वापि कदाचन ॥ ३५ ॥

एक हाथ से लेकर नव हाथ तक प्रतिमा बनाई जा सकती... इससे अधिक आयाम की प्रतिमा तथा एक हाथ से कम आयाम ... प्रतिमा कभी निर्माण न करे ॥ ३५ ॥

कालयोगप्रमाणेन कर्तव्या प्रतिमा तथा ।
त्रिविधं प्रतिमाकर्म शास्त्रज्ञाः संप्रचक्षते ॥ ३६ ॥
चित्रं चाप्यर्धचित्रं च चित्राभासं तथैव च ।

कालयोग के अनुसार प्रतिमा निर्माण कराना चाहिये । शास्त्र... तीन प्रकार की प्रतिमा का स्वरूप बताते हैं । १. चित्र, २. अर्ध... और ३. चित्राभास ये तीन प्रतिमा के स्वरूप होते हैं ॥ ३६-३७ ॥

दृश्यन्तेऽवयवा यस्याः प्रतिमायाः समन्ततः ॥ ३७ ॥
मानोन्मानप्रमाणा हि सा चित्रमिति कीर्तिता ।

१. जिस प्रतिमा के चारों ओर स्पष्ट रूप से अङ्ग के अ... दिखाई पड़ें तथा जिसका मान और उन्मान (नाप) शास्त्र के अनुस... उसे चित्र कहते हैं ॥ ३७-३८ ॥

शिलागताया यस्यास्तु पृष्ठभागो न दृश्यते ॥ ३८ ॥
मानप्रमाणसंयुक्ता सार्धचित्रमिति स्मृता ।

२. जिस प्रतिमा का शिला में पृष्ठभाग दिखाई न देवे और जो शास्त्रीय मान (नाप) से संयुक्त हो उसे अर्धचित्र कहा जाता है ॥३८॥

या स्थितालेख्यरूपेण लिखिता वापि शिल्पिभिः ॥३९॥
मानप्रमाणसंयुक्ता सा चित्राभासमुच्यते ।

३. चित्राभास-जो कारीगर के द्वारा (चित्र) लेख्य शास्त्रीय नाप से युक्त रूप में बनाई गई हो उसे चित्राभास कहा जाता है ॥ ३९ ॥

उत्तमं तु फलं चित्रे मध्यमं चार्धचित्रके ॥ ४० ॥
आलेख्ये त्वधमं प्रोक्तं प्रतिमाकर्मणि क्रमात् ।

१. चित्र प्रतिमा का फल उत्तम होता है, २. अर्धचित्र का मध्यम तथा ३. चित्राभास रूप में कारीगर द्वारा बनाई गई प्रतिमा का फल अधम कहा गया है ॥ ४०-४१ ॥

चतुर्विधं किरीटकथनम्

चतुर्विधं किरीटाख्यमस्मिंस्तन्त्रे मया श्रुतम् ॥ ४१ ॥
छत्राण्डपद्मकूर्माणां कुर्यादाकारमन्ततः ।
शान्तिदं पद्मसङ्काशं कूर्माकारं शुभप्रदम् ॥ ४२ ॥
छत्राकारं तु वा कुर्यादथवा कुक्कुटाण्डवत् ।
श्रीकरं छत्रसङ्काशमण्डाकारं सुखप्रदम् ॥ ४३ ॥

इस तन्त्र में किरीट (मुकुट) के चार प्रकार कहे गए हैं- १. छत्राकार २. मण्डपाकार ३. पद्माकार और ४. कूर्माकार मुकुट के ये चार प्रकार हैं । १. पद्माकार मुकुट शान्ति प्रदान करता है । २. कूर्माकार मुकुट कल्याणकारी होता है । ३. छत्राकार मुकुट लक्ष्मीप्रद कहा गया है तथा ४. अण्डाकार मुकुट सुखदायी होता है ॥४१-४३॥

पद्माकारं तु वा केचित् कूर्माकारं तु वा पुनः ।
प्रवदन्ति किरीटान्तं शेषमन्यद् विवर्जयेत् ॥ ४४ ॥

कोई-कोई पद्माकार और कूर्माकार दो प्रकार के मुकुट बताते हैं । शेष अन्य प्रकार वर्जित हैं ॥ ४४ ॥

प्रणीते तु महान् दोषः कर्तुः कारयितुर्भवेत् ।

यदि शेष छत्राकार अथवा अण्डाकार मुकुट निर्माण किया तो उससे करने वाले और वैसा कराने वाले दोनों को महान् दो है ॥ ४५ ॥

पदपद्मं भवेत् फुल्लमष्टपत्रं सकर्णिकम् ॥ ४५ ॥
द्वाराष्टभागविस्तारं तावदुत्सेधसंयुतम् ।
तस्य नालं तु वृत्तं वा चतुरस्रं तु वा भवेत् ॥ ४६ ॥

पद्माकार मुकुट प्रफुल्ल, अष्टपत्र तथा कर्णिका युक्त होना उसका विस्तार द्वार के आठवें भाग के समान तथा ऊँचाई भी उत होनी चाहिये । उसका नाल गोला या चौकोर होना चाहिये ॥ ४६ ॥

प्रशस्यमुकुटकथनम्

वृत्तं शिवात्मकं प्रोक्तं ब्राह्मं स्याच्चतुरस्रकम् ।
आयामोऽत्र तु यावान् स्यात् तावांश्चात्र प्रशस्यते ॥४७॥

गोल नाल वाला मुकुट शिवात्मक कहा गया है और चौकोर वाला मुकुट ब्रह्मात्मक कहा गया है । उस मुकुट की जितनी अ लम्बाई हो वह मुकुट उतना ही प्रशस्त कहा जाता है ॥ ४७ ॥

रत्नन्यासस्पृगेव स्यान्नान्यथा नालमिष्यते ।
ततः पादशिलायाश्च छिद्रं तन्नाभिमानतः ॥ ४८ ॥

नाल रत्न जटित होना चाहिये । रत्न से शून्य नाल प्रशंसास्पद होती । प्रतिमा के पैर की शिला (पीठ) का छिद्र उसके नाभि मान का होना चाहिये ॥ ४८ ॥

चतुरस्रं तु वा वृत्तं तद्युक्तं कारयेद् बुधः ।
स्थाने चैष विधिः प्रोक्त आसीने कथयामि वः ॥४९॥

वह शिलापीठ चौकोर या गोला होना चाहिये । बुद्धिमान् साधक रत्नजटित बनवावें । यहाँ तक खड़ी प्रतिमा की विधि कही गई है बैठी हुई प्रतिमा की विधि कहता हूँ ॥ ४९ ॥

पादपद्मस्य मानकथनम्

गर्भागारचतुर्भागः पादपद्मस्य चोच्छ्रयः ।
तावदायामविस्तारः शेषं सर्वं तु पूर्ववत् ॥ ५० ॥
न चैष शयने याने विधिरुक्तः कदाचन ।

गर्भागार के चतुर्थ भाग की नाप से पादपद्म (सिंहासन) की ऊँचाई उतना ही लम्बा उसका विस्तार होना चाहिये । शेष भाग पूर्ववत् करे । शयन करने वाली मूर्ति के लिये उपर्युक्त विधि नहीं कही है ॥ ५० ॥

शिलादोषाः

तत्र चैव शिलादोषाः प्रवक्ष्यन्ते यथाविधि ॥ ५१ ॥

अब विधि के अनुसार शिला में रहने वाले दोषों को कहा जा रहा है ॥ ५१ ॥

सिराश्च विवराश्चैव आवर्ता ग्रन्थयस्तथा ।
मण्डलानि तथा गर्भा रूक्षताश्चेति सप्त वै ॥ ५२ ॥
शिलादोषाः समाख्याताः सर्वसंपद्विनाशनाः ।

१. सिरा (लकीर रेखा), २. विवर (छिद्र), ३. आवर्त्त (चौकोर), ४. ग्रन्थि, ५. मण्डल, ६. गर्भ एवं ७. रुक्षता ये सात शिला के दोष कहे गये हैं । उपर्युक्त कहे गये शिला के सात दोष संपत्ति का नाश करते हैं ॥ ५२ ॥

प्रतिमादोषकथनम्

अधिकं चैव हीनं च स्फुटितं वक्रमेव च ॥ ५३ ॥
स्थूलं चैव कृशं चैव सुषिरं चेति सप्त वै ।
वदन्ति प्रतिमादोषाच्छास्त्रेऽस्मिंस्तन्त्रवित्तमाः ॥ ५४ ॥

अब प्रतिमा के दोष कहता हूँ । १. प्रमाण से अधिक, २. प्रमाण से न्यून, ३. स्फुटित, ४. वक्र (टेढ़ा), ५. स्थूल (मोटा), ६. कृश (पतला) और ७. सच्छिद्र ये प्रतिमा के सात दोष हैं, जिसे तन्त्र के ने इस तन्त्र में कहा है ॥ ५३-५४ ॥

शिलादोषस्य फलकथनम्

अत्र दोषफलं वक्ष्ये शिलासु प्रतिमासु च ।
सिरायां संपदां नाशो विवरे राष्ट्रविग्रहः ॥ ५५ ॥
आवर्ते चापि दुर्भिक्षं ग्रन्थौ स्याद्राष्ट्रविप्लवः ।
मण्डले सर्वदोषास्तु गर्भे सर्वजनक्षयः ॥ ५६ ॥
रूक्षतायां धनापायः कर्तुः कारयितुर्भवेत् ।

अब शिला के सात दोषों का तथा प्रतिमा में रहने वाले का फल कहता हूँ । १. शिलागत सिरा दोष से संपत्ति का विवर से राष्ट्रविग्रह, ३. आवर्त्त से दुर्भिक्ष, ४. गाँठ से राष्ट्र मण्डल में उपर्युक्त सभी दोष रहते हैं तथा ६. गर्भ में सर्व ७. रुक्षता में धन का नाश होता है जो कर्त्ता और कराने को प्राप्त होता है ॥ ५५-५७ ॥

प्रतिमादोषस्य फलकथनम्

अधिके तु भवेद् व्याधिर्हीने चैव धनक्षयः ॥ ५
स्फुटिते प्राणनाशस्तु कर्तुः कारयितुर्भवेत् ।
वक्रे तु सर्वसंतापः स्थूले व्याधिर्भविष्यति ॥ ५
कृशेऽपि च कृशं द्रव्यं सुषिरे स्वामिनाशनम् ।
प्रतिमा द्विविधा प्रोक्ता सौम्याग्नेयीति संज्ञिता ॥

१. प्रतिमा के मान से अधिक होने पर कर्त्ता कारयिता के २. हीन होने पर धन का क्षय, ३. फूटने पर प्राण का टेढ़ा-मेढ़ा होने पर सब प्रकार का संताप, ५. स्थूल होने पर ६. कृश होने पर कम द्रव्य और ७. छिद्र होने पर स्वामी होता है ॥ ५५-५९ ॥

प्रतिमाभेदकथनम्

सौम्यायां तु भवेत् प्रीतिः प्रतिमा श्रीविवर्धनी ।
आग्नेय्यां तु भवेदुष्णं सा दारिद्र्यविवर्धनी ॥

प्रतिमा के दो भेद होते हैं १. प्रथम सौम्या प्रतिमा आग्नेयी प्रतिमा । १. सौम्या प्रतिमा में प्रीति होती है और वृद्धि करती है । २. आग्नेयी प्रतिमा उष्णता प्रदान करती दरिद्रता की वृद्धि करती है ॥ ६० ॥

सौम्या तु वैष्णवी ज्ञेया आग्नेयी शाङ्करी मता ।
तस्मात् सौम्यैव कर्तव्या आग्नेयी न कदाचन ॥

१. सौम्या प्रतिमा वैष्णवी और २. आग्नेयी प्रतिमा शाङ्करी है । इसलिये सौम्या प्रतिमा ही स्थापित करनी चाहिये, आग्नेयी कदापि स्थापित न करे ॥ ६१ ॥

सङ्कीर्णेति च शुद्धेति अत्रापि प्रतिमाद्वयम् ।

एकवर्णा भवेच्छुद्धा सङ्कीर्णा वर्णमिश्रिता ॥ ६२ ॥

सौम्या में भी १. शुद्धा और २. सङ्कीर्णा ये दो भेद होते हैं । १. एक वर्ण वाली प्रतिमा शुद्धा होती है तथा २. विविध वर्णों से युक्त सङ्कीर्णा प्रतिमा कही गई है ॥ ६२ ॥

वर्ज्यप्रतिमाकथनम्

शुद्धैव प्रतिमा ग्राह्या सङ्कीर्णा तदलाभतः ।
अनुलोमं तु गृह्णीयात् प्रतिलोमं विवर्जयेत् ॥ ६३ ॥

जहाँ तक हो सके प्रतिष्ठा के लिये शुद्धा प्रतिमा ग्रहण करे । यदि शुद्धा न मिले तब सङ्कीर्णा प्रतिमा लेवे । उसमें भी अनुलोम सङ्कीर्णा प्रतिमा ग्रहण करें । प्रतिलोम सङ्कीर्णा प्रतिमा वर्जित करे ॥ ६३ ॥

शुक्ले रक्तं च गृह्णीयात् रक्ते पीतं तथैव च ।
पीते चैव तथा कृष्णं कृष्णे सर्वं विवर्जयेत् ॥ ६४ ॥

शुक्लवर्ण में यदि रक्त वर्ण मिला हो तो उसे ग्रहण करे । इसी प्रकार रक्त में पीत, पीत में कृष्ण मिले तो ग्रहण करे । किन्तु कृष्ण में किसी प्रकार का वर्ण (रंग) मिले तो उसे वर्जित करे ॥ ६४ ॥

चत्वारो यत्र वर्णाः स्युस्तां शिलां परिवर्जयेत् ।
दृष्ट्वैव तानि सर्वाणि परिच्छेत्तुं न शक्यते ॥ ६५ ॥

जिस शिला में शुक्ल रक्त पीत और कृष्ण चारों वर्ण हों तो उस शिला को वर्जित करे । केवल देखने मात्र से गर्भ का निश्चय करना सम्भव नहीं है ॥ ६५ ॥

गर्भलक्षणकथनम्

गर्भेणान्तर्गतिनैव तस्माद्गर्भं वदामि वः ।
शिलायां यत्र दृश्यन्ते मण्डलानि यथाक्रमम् ॥ ६६ ॥

शिला के भीतर में रहने वाले गर्भ को देखकर ही निश्चय किया जा सकता है । इसलिये गर्भ का लक्षण कहता हूँ । शिला में मण्डल के देखने से यथाक्रम गर्भ का ज्ञान होता है ॥ ६६ ॥

तानि द्विविधवर्णानि तत्र गर्भं विनिर्दिशेत् ।
मण्डले रक्तवर्णे तु रक्तपांसुं विनिर्दिशेत् ॥ ६७ ॥
श्वेतपद्मसमे चैव श्वेतपांसुं विनिर्दिशेत् ।

वे मण्डल दो प्रकार के होते हैं । अब उसमें रहने वाले ... वर्णन करता हूँ । यदि शिला में रहने वाला मण्डल रक्तवर्ण ... तो उसमें रक्त वर्ण की धूलि और यदि श्वेत कमल के समान ... दिखाई पड़े तो श्वेतवर्ण की धूलि वाला गर्भ होगा ॥ ६७-६८ ॥

स्निग्धे तु कपिले कूर्मं रूक्षे फेनकमेव च ॥
कपोतसदृशे वर्णे निर्दिशेद् गृहगोलिकाम् ।
मञ्जिष्ठसदृशे वर्णे निर्दिशेद्रक्तदर्दुरम् ॥
शुकपिञ्जरवर्णे तु रक्तपीते च कच्छपः ।
कुसुम्भपीतवर्णे तु तत्र स्यात् पीतदर्दुरः ॥

स्निग्ध और कपिल वर्ण होने पर कूर्म तथा रूक्षमण्डल ... फेनक, कपोतसदृश वर्ण होने पर गृहगोलिका, मजीठा के सदृश ... पर लालवर्ण का दर्दुर मेढक होता है और शुक, पिञ्जर के समान ... होने पर तथा रक्त पीत वर्ण होने पर उसके भीतर कच्छप, कुसुम्भ ... समान वर्ण होने पर पीला मेढक होता है ॥ ६८-७० ॥

शुक्लपीतनिभे वर्णे तत्र स्यात् कृकलासकः ।
अपां सदृशवर्णे तु गोधां तत्र विनिर्दिशेत् ॥
गुडवर्णे तु पाषाणः खद्योतो मधुवर्णके ।
सारंगसदृशे वर्णे वृश्चिकं तु विनिर्दिशेत् ॥

शुक्ल और पीत वर्ण होने पर वहाँ गिरगिट होगा । जल के ... मण्डल होने पर वहाँ गोधा, गुड़ सदृश वर्ण होने पर पत्थर, ... समान वर्ण होने पर खद्योत, हरिणसदृश वर्ण होने पर वृश्चिक ... निवास कहना चाहिये ॥ ७१-७२ ॥

निस्त्रिंशवर्णे सलिलं नीले तु शकलं तथा ।
रूक्षे तु मूषिको ज्ञेयः कृष्णे कृष्णाहिरेव च ॥
शष्पश्यामे तथा मत्स्यमिन्द्रगोपं मधुप्रभे ।
शान्तिहोमं ततः कुर्याद् गर्भाणां दर्शने तदा ॥

तलवार के समान वर्ण होने पर जल, नीलवर्ण होने पर शिला ... का टुकड़ा, रूक्ष वर्ण दिखाई पड़ने पर मूषिका, कृष्ण वर्ण दिखाई ... पर काला साँप, घास के समान हरित वर्ण दिखाई देने पर मत्स्य, ... मधु के समान मण्डल दिखाई देने पर इन्द्र गोप रहेगा । गर्भ ...

... वस्तुओं के दिखाई देने पर साधक को शान्ति होम करना चाहिये ॥ ७३-७४ ॥

न कुर्याद्गर्भसंयुक्तां प्रतिमां लोभमोहितः ।
क्रियते यदि वा मोहाज्जगन्नाश्यायतेऽखिलम् ॥ ७५ ॥

लोभ से मोहित होकर गर्भ युक्त शिला की प्रतिमा निर्माण न करावे यदि मोहवश ऐसा करें तो वह जगत् का सर्वनाश करेगी ॥ ७५ ॥

लोहं तु त्रिविधं प्रोक्तं तन्त्रेऽस्मिन् प्रतिमाविधौ ।
सुवर्णं रजतं ताम्रं यथावित्तानुसारतः ॥ ७६ ॥

इस तन्त्र में प्रतिमा के प्रकरण में लोहा तीन प्रकार का कहा गया है । १. सुवर्ण, २. रजत और ३. ताम्र प्रतिमा का साधक वित्तानुसार उसका उपयोग करे ॥ ७६ ॥

सुवर्णं द्विविधं प्रोक्तं जातरूपं च हाटकम् ।
जातरूपं प्रशस्तं स्यात् तदलाभे तु हाटकम् ॥ ७७ ॥

सुवर्ण भी १. जातरूप और २. हाटक भेद से दो प्रकार का होता है । इसमें जातरूप सुवर्ण प्रशस्त है । उसके न मिलने पर हाटक का उपयोग करे ॥ ७७ ॥

द्विविधं रजतं चोक्तं रूप्यं रजतमित्यपि ।
रूप्यमत्र प्रशस्तं स्यात् तदलाभे तु राजतम् ॥ ७८ ॥

रजत के भी १. रूप्य और २. रजत दो भेद कहे गये हैं । इसमें रूप्य प्रशस्त है । उसके अभाव में साधक को रजत का उपयोग करना चाहिये ॥ ७८ ॥

ताम्रं च द्विविधं प्रोक्तं शुल्बमौदुम्बरं तथा ।
शुल्बं तत्र प्रशस्तं स्यात् तदलाभे उदुम्बरम् ॥ ७९ ॥

१. शुल्ब और २. उदुम्बर भेद से ताँबा भी दो प्रकार का होता है इसमें शुल्ब प्रशस्त है । उसके अभाव में उदुम्बर ताम्र का उपयोग करना चाहिये ॥ ७९ ॥

अत्र च द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं मिश्रितमेव च ।
शुद्धमेव प्रशस्तं स्यात् तदलाभे तु मिश्रितम् ॥ ८० ॥

शुल्ब दो प्रकार का होता है । १. एक शुद्ध दूसरा २. मिश्रित

शुद्ध शुल्ब ग्राह्य है । उसके अभाव में मिश्रित भी ग्रहण करें ।

शुल्बमौदुम्बरं चैव मिश्रितं तु विवर्जयेत् ।
अत्रापि वर्जयेत् कुप्यं मृदाद्यैः शिल्पिभिः कृतम् ॥

मिश्रित शुल्ब और औदुम्बर ग्रहण न करे । इसमें भी शिल्पियों से भिन्न ताँबा, मिट्टी आदि से बने हुये कुप्य को ग्रहण करें ।

अर्धचित्रं न कुर्वीत लोहजे तु विचक्षणः ।
सुवर्णं रजतं ताम्रं ब्राह्मणानां विशिष्यते ॥ ८२ ॥

विचक्षण साधक लोह में अर्धचित्र प्रतिमा का निर्माण न करें । ब्राह्मण के लिये सुवर्ण एवं रजत की तथा ताम्र की बनी हुई प्रशस्त कही गई है ॥ ८२ ॥

रजतं चैव ताम्रं च क्षत्रियस्य विशस्तथा ।
ताम्रमेव तु शूद्राणां सर्वेषां ताम्रमेव वा ॥ ८३ ॥

क्षत्रिय एवं वैश्य के लिये रजत तथा ताम्र प्रतिमा का विधान है । शूद्रों के लिये केवल ताम्र की प्रतिमा अथवा सभी के लिये ताम्र विहित है ॥ ८३ ॥

लोहजाः प्रतिमाः सर्वा निर्दोषाः समुदाहृताः ।

लौह निर्मित सभी प्रकार की प्रतिमायें निर्दोष कही गई हैं ।

त्रिविधा मणिजा चाथ सौम्याग्नेयी समेति च ॥ ८४ ॥

१. सौम्या, २. आग्नेयी और २. समा भेद से मणिजा प्रतिमा तीन प्रकार की कही गई है ॥ ८४ ॥

चन्द्रकान्तमयी सौम्या आग्नेयी सूर्यकान्तजा ।
समा स्फटिकजा प्रोक्ता पूर्वा पूर्वा गरीयसी ॥ ८५ ॥

१. चन्द्रकान्त मणि से बनी प्रतिमा सौम्या, २. सूर्यकान्त से बनी प्रतिमा आग्नेयी और ३. स्फटिक मणि से बनी प्रतिमा समा कही जाती है । इसमें पूर्व-पूर्व प्रतिमायें प्रशस्त हैं ॥ ८५ ॥

अर्धचित्रं च चित्रं च चित्राभासं तथैव च ।
त्रितयं मणिजं कुर्यात् फलं पूर्वोक्तमेव च ॥ ८६ ॥

अर्धचित्र, चित्र और चित्राभास तीनों प्रकार की प्रतिमायें मणि से निर्मित करनी चाहिये । इनका फल पहले कहा जा चुका है ॥ ८६ ॥

प्रतिमार्थे वर्जनीयाः वृक्षाः

शिलानामिव वृक्षाणां भूमिभागो विधीयते ।
कटुकण्टकिनो वृक्षा वर्जनीयाः प्रयत्नतः ॥ ८७ ॥

जिस प्रकार शिलाओं में भूमि के भाग होते हैं उसी प्रकार वृक्षों में होते हैं । प्रतिमा के लिये कटु (कड़े) और काँटे वाले वृक्ष प्रयत्नपूर्वक वर्जित करना चाहिये ॥ ८७ ॥

भुग्ना भग्नाः प्रभिन्नाश्च भिन्नशाखा गतत्वचः ।
शुष्का दग्धाः क्षता घृष्टा दक्षिणाप्रवणास्तथा ॥ ८८ ॥
उत्कीर्णाः क्रिमिदुष्टाश्च सङ्कीर्णाः पक्षिसेविताः ।
ग्रामे चैत्ये च जाता ये वर्जनीयास्त्वनेकशः ॥ ८९ ॥

टेढ़े-मेढ़े, टूटे-फटे, खण्ड-खण्ड टूटी शाखा वाले तथा त्वचा हीन सूखे, दग्ध, क्षत-विक्षत, घिसे हुये, दक्षिण दिशा की ओर झुके हुये, कटे हुये, कुछ खुदे हुये, उत्कीर्ण, नीचे की ओर उखड़े हुये, कीटदष्ट, कीड़े पड़े हुये, पक्षिसेवित, गाँव और चैत्य (देवस्थान का चबूतरा) में उत्पन्न हुये इसी प्रकार अन्य भी वृक्ष प्रतिमा के कार्य में वर्जित कहे गए हैं ॥ ८८-८९ ॥

प्रतिमार्थ प्रशस्तवृक्षा

चन्दनश्चागरुश्चैव सालः खदिर एव च ।
मधूको देवदारुश्च तमालः पनसस्तथा ॥ ९० ॥
लिकुचश्चैव शाकश्च काश्मर्यो हरिचन्दनः ।
कदम्बस्तिलको बिल्वो नमेरुः फलिनी तथा ॥ ९१ ॥
सुरभिश्चैव नागश्च चम्पकः स्तवकस्तथा ।
शिंशुपा च तथा श्यामा बीजकः कुरुविन्दकः ॥ ९२ ॥
केसरः कुरवश्चैव कुटजश्चासनस्तथा ।
राजादनः शिरीषश्च प्रतिमार्थमुदाहृताः ॥ ९३ ॥

चन्दन, अगुरु, साल, खैर, महुआ, देवदारु, तमाल, कटहल, लिकुच (बड़हर), शाक, कश्मीरी, हरिचन्दन, कदम्ब, तिलक, बेल, नमेरु, फलिनी, सुरभि, नाग, केशर, चम्पा, स्तवक, शीशम, श्यामा (कंगुनी), बीजद (नीबू), कुरुविन्द, केसर (सुपारी), कुरवक, कुटज, असन, राजादन (पियार), शिरीष ये वृक्ष प्रतिमा कार्य के लिये प्रशस्त कहे गये हैं ॥ ९०-९३ ॥

सारवन्तस्तु संग्राह्या ये चान्ये दोषवर्जिताः ।
शिलायामिव वृक्षेषु गर्भाः प्रोक्ता यथाविधि ॥ ९४ ॥

जिनमें सार हों, उन्हें ही प्रतिमा कार्य में ग्रहण करे, दोषयुक्त वृक्षों को प्रतिमा कार्य के लिये ग्रहण न करे । जिस प्रकार शिला में गर्भ होते हैं, उसी प्रकार वृक्षों में भी गर्भ होते हैं ॥ ९४ ॥

चित्रं चाप्यर्धचित्रं च वृक्षे कुर्यान्न चापरम् ।
सर्वासामपि चैतासां पादपद्मं तु पूर्ववत् ॥ ९५ ॥

वृक्ष से चित्र और अर्धचित्र प्रतिमा का निर्माण करे । अन्य की प्रतिमा का नहीं । इन सभी प्रतिमाओं की पादपीठिका संपादित करे ॥ ९५ ॥

लोहस्फटिककाष्ठानां प्रतिमानां यथाविधि ।
पादपीठं तु शैलं स्याद्रत्नजानां तु लोहजम् ॥ ९६ ॥

लोहा, स्फटिक और काठ की प्रतिमाओं का पादपीठ शिला पर्वत की शिला से बनी होती है और रत्न से बनी प्रतिमा का पादपीठ लोहे से निर्मित करना चाहिये ॥ ९६ ॥

मृण्मयीप्रतिमाविधिकथनम्

मृण्मयीं प्रतिमां वक्ष्ये सर्वसंपत्प्रसाधिनीम् ।
शुक्ला रक्ता च पीता च कृष्णा चेति चतुर्विधा ॥ ९७ ॥

अब सब प्रकार की संपत्ति प्रदान करने वाली मृण्मयी प्रतिमा की विधि कहता हूँ । शुक्ल, मृत्तिका, रक्त, पीत और कृष्णा चार प्रकार की होती है ॥ ९७ ॥

मृत्तिकाविधानम्

शूद्रस्योक्ता तु कृष्णैव कृष्णा पीता विशस्तथा ।
कृष्णा पीता च रक्ता च क्षत्रियस्य प्रकीर्तिता ॥ ९८ ॥
कृष्णा पीता च रक्ता च शुक्ला स्याद्द्विजन्मनः ।
अनुलोमं तु गृह्णीयात् प्रतिलोमं विवर्जयेत् ॥ ९९ ॥

शूद्र के लिये केवल कृष्णा मृत्तिका की प्रतिमा कही गई है । वैश्य के लिये कृष्णा और पीता क्षत्रिय के लिये कृष्णा पीता और रक्त मृत्तिका का विधान है । ब्राह्मण के लिये कृष्णा पीता रक्त और शुक्ल चारों प्रकार की मृत्तिका का विधान है । अनुलोम रूप की मृत्तिका ग्रहण करे । प्रतिलोम मृत्तिका वर्जित करे ॥ ९८-९९ ॥

वर्णसङ्करदूषितमृत्तिका वर्जनम्

मिश्रितं वर्जयेच्चैव वर्णसङ्करदूषितम् ।
नदीसङ्गमतीर्थेषु देवतायतनेषु च ॥ १०० ॥
क्षेत्रे च पर्वताग्रे च मृदं गृह्य यथाविधि ।
गर्तं कृत्वा निखातेषु स्थापयेत् तत्र मृत्तिकाम् ॥ १०१ ॥

इसी प्रकार मिश्रित मृत्तिका और वर्णसङ्करदूषित मृत्तिका वर्जित करे । नदी सङ्गम की, तीर्थ की, देवतायतन की, क्षेत्र की एवं पर्वताग्र की यथाविधि मृत्तिका लेकर गड्ढा बनावे । उस मृत्तिका को उस गड्ढे में स्थापित करे ॥ १००-१०१ ॥

मृत्तिकाविन्यासकथनम्

लोहपाषाणचूर्णं तु शर्कराचूर्णमेव च ।
मृत्तिकायाश्चतुर्थांशं क्षिपेद्भागक्रमेण तु ॥ १०२ ॥

फिर उस मृत्तिका का चतुर्थांश और चतुर्थांश लोहा का चूर्ण, पत्थर का चूर्ण, शर्करा चूर्ण भाग के क्रम से उसमें मिला देवे ॥ १०२ ॥

खादिरं चार्जुनं चैव कषायं तत्र सेचयेत् ।
कषाये सर्वमालोड्य मासं तत्रैव वासयेत् ॥ १०३ ॥

फिर खदिर एवं अर्जुन कषाय वृक्ष के पानी से उसे सेचन करे । उन तीनों वृक्षों के पानी में उन चूर्णों को भीगों कर महीने भर तक उसी गड्ढे में रहने दे ॥ १०३ ॥

कुङ्कुमं चैव कुष्ठं च श्रीवेरं कटुकत्रयम् ।
मृत्तिकायां यथालाभं श्लक्ष्णं चूर्णीकृतं न्यसेत्॥१०४॥
तदप्यालोड्य मासं तु तत्रैव परिवासयेत् ।
ततो गर्भगृहे पीठं कुर्याच्छूलसमन्वितम् ॥ १०५ ॥

फिर कुङ्कुम, कुष्ठ, श्रीवेर तथा तीनों कटुक का अत्यन्त महीन चूर्ण कूट कर उस मृत्तिका में मिला देवे । उन सभी को अच्छी तरह मिलाकर पुनः एक महीने तक उसी गड्ढे में रखे । तदनन्तर गर्भगृह में शूल संयुक्त पादपीठ निर्माण करे ॥ १०४-१०५ ॥

हस्तमात्रां भुवं खात्वा पञ्चगव्येन सेचयेत् ।
नपुंसकशिलायां तु स्थापयेत् परमेष्ठिना ॥ १०

फिर उसे पञ्चगव्य से सींच कर एक हाथ का गड्ढा
मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर उस शूलयुक्त मृत्तिका पीठ को नपुंसक
पर स्थापित कर देवे ॥ १०६ ॥

रत्नादि विन्यसेत् तत्र ततः पुंसा पृथक् पृथक् ।
वज्रमौक्तिकवैडूर्य प्रवालस्फटिकादिकान् ॥
चन्द्रकान्तं महानीलं ब्रह्मरागं तथैव च ।

फिर उसमें पुंसा मुद्रा से हीरा, मोती, वैदूर्य, प्रवाल,
चन्द्रकान्त, महीनील, ब्रह्मराग आदि मणियाँ डाल देवें ॥१०७-१०

मणिविन्यासक्रमकथनम्

पूर्वस्यां दिशि वज्रं तु दक्षिणस्यां तु मौक्तिकम् ॥
पश्चिमायां तु वैडूर्यमुत्तरस्यां तु विद्रुमम् ।
आग्नेय्यां स्फटिकं चैव नैर्ऋत्यां पुष्पकं तथा ॥
वायव्यां चन्द्रकान्तं च नीलमीशानगोचरे ।
मध्यमे ब्रह्मरागं च विन्यस्यैवं प्रदक्षिणम् ॥११
विश्वेन प्रोक्षयेत् तोयैस्ततः प्रणवमुद्रया ।

पूर्व दिशा में हीरा, दक्षिण में मोती, पश्चिम में वैदूर्य,
विद्रुम, अग्निकोण में स्फटिक, नैर्ऋत्य में पुष्पक, वायव्य में
ईशान में नीलम मणियाँ तथा मध्य में ब्रह्मराग स्थापित कर
क्रम से जल द्वारा उनका सेचन करे ॥ १०८-१११ ॥

निवृत्त्या चाक्षतांस्तत्र यथादिक्षु च विन्यसेत् ॥ १११

विश्वमुद्रा दिखा कर सेचन करे इसके बाद प्रणवमुद्रा से सेचन
निवृत्ति मुद्रा से पूर्व से दक्षिण तक यथाक्रम अक्षत छोड़े ॥ १११

तत्र पादशिलां चैव ततः सर्वेण विन्यसेत् ।
वृत्तं वा चतुरस्रं वा पादपीठं तु तद्भवेत् ॥ ११२ ॥
प्रतिमायां शिलामय्यां शिलां चैव विनिक्षिपेत् ।
शिलायामुपरिष्टात्तु शेषाणां पीठकल्पना ॥ ११३ ॥

फिर उसके ऊपर सर्वमुद्रा से पादशिला स्थापित करे ।

अथवा गोला होना चाहिये । यदि प्रतिमा शिला की है तब पीठ
के लिये वहाँ शिला स्थापित करे उस शिला के ऊपर शेष सभी
की कल्पना (स्थिति) करनी चाहिये ॥ ११२-११३ ॥

भवेत् पादशिलायां तु शूलार्थं सुषिरद्वयम् ।
इष्टकाभिस्ततः कुर्यात् पीठिकां तु शिलोपरि ॥११४॥

पादशिला में शूल के लिये दो छिद्र करना चाहिये । फिर शिला के
ईंटों द्वारा पीठिका निर्माण करनी चाहिये ॥ ११४ ॥

पीठिकानिर्माणकथनम्

उत्सेधश्चापि चायामो भूमिभागप्रमाणतः ।
द्वाराष्टभागमथवा पादाष्टकमथापि वा ॥ ११५ ॥

जितनी भूमि में पीठिका निर्माण करनी हो उसी भूमि भाग के
अनुसार पीठ की लम्बाई एवं ऊँचाई होनी चाहिये । अथवा उसकी
लम्बाई-ऊँचाई द्वार के आठवें भाग के समान अथवा पाद के आठवें
भाग के अनुसार होनी चाहिये ॥ ११५ ॥

प्रतिमाष्टांशभागं वा पादपीठप्रमाणतः ।
वृत्तं वा चतुरस्रं वा पादपीठं यथा भवेत् ॥ ११६ ॥

अथवा प्रतिमा का अष्टांशभाग अथवा पादपीठ का जितना प्रमाण हो
उतनी लम्बाई ऊँचाई करे । पादपीठ वृत्त अथवा चौकोर बनावे॥११६॥

वृत्ते वा चतुरस्रे वा पद्मं चोपरि कारयेत् ।
स्थानेतु पीठिका प्रोक्ता आसीने द्विगुणा भवेत् ॥११७॥

वृत्ताकार अथवा चौकोर पादपीठ पर कमल निर्माण करे । खड़ी
प्रतिमा के लिये पीठिका बनावे और बैठी प्रतिमा के लिये पीठिका दूनी
होनी चाहिये ॥ ११७ ॥

उत्सेधश्चापि चायामस्तत्र पद्मासने समम् ।
तथानन्तासने चैव वृत्तमेव भविष्यति ॥ ११८ ॥

पद्मासन से बिठाई गई प्रतिमा पीठ की लम्बाई-ऊँचाई समान होती
है । विशेष यह है कि अनन्त भगवान् की प्रतिमा में पीठ गोलाकार ही
होना चाहिये ॥ ११८ ॥

पीठिका किंचिदायामा चतुरस्रा तथोच्छ्रिता ।

सिंहासने तु सा प्रोक्ता सिंहैश्च विविधैर्वृता ॥ ११९ ॥

सिंहासन में अनेक सिंहों से घिरी हुई पीठिका प्रमाण से युक्त चौकोर तथा ऊँची होनी चाहिये ॥ ११९ ॥

एकवेरविधिः

शयने तावदुत्सेधः प्रतिमायामसंमितः ।
प्रासादे गर्भभागं तु सप्तधा परिकल्पयेत् ॥ १२० ॥
ब्राह्मं तु मध्यमं भागं दैविकं तदनन्तरम् ।
तृतीयं मानुषं चैव पैशाचं चापरं विदुः ॥ १२१ ॥

शयन कराई गई प्रतिमा के लिये पीठ परिमाण निश्चित [illegible] प्रासाद में गर्भभाग को सात भागों में प्रविभक्त करे । मध्य भाग [illegible] उसके बाद द्वितीय भाग दैविक, तृतीय भाग मानुष तथा चौथा पैशाचिक कहा जाता है ॥ १२०-१२१ ॥

बहुवेरविधिः

एकवेरविधिः प्रोक्तो दैविके बहुवेरकम् ।
मानुषं किंचिदाश्रित्य आसनं तु विधीयते ॥ १२२ ॥

यहाँ तब दैविक कार्य में एकवेर विधि कही गई । अब बहुवेर में आसन की विधि कहता हूँ, उपरोक्त कहे गये सात भागों में मानुष भाग हो वहाँ आसन प्रदान करे ॥ १२२ ॥

दैवमानुषभागाभ्यां शयनं परिकल्पयेत् ।
केचित्तु नवधा भागं गर्भगेहस्य कुर्वते ॥ १२३ ॥
तत्रापि मध्यमं ब्राह्मं दैविकं तदनन्तरम् ।
तृतीयं पैतृकं भागं चतुर्थं मानुषं भवेत् ॥ १२४ ॥
पञ्चमं चापि पैशाचं भागमाहुर्मनीषिणः ।
प्रतिष्ठा दैविके चैव परिवारास्तु पैतृके ॥ १२५ ॥

प्रतिमा का शयन उपरोक्त दैव और मानुष भागों को मिलाकर [illegible] चाहिये । कोई-कोई गर्भ गृह का नवभाग करते हैं । उसमें प्रथम ब्राह्म, उसके बाद दैविक, उसके बाद तीसरा पैतृक और चौथा [illegible] भाग होता है तथा पञ्चम भाग पैशाच ऐसा कहते हैं । दैविक [illegible] मूर्त्ति की प्रतिष्ठा और पैतृक भाग में उनके परिवार आवरण [illegible] स्थापित करे ॥ १२३-१२५ ॥

मानुषे चायुधानि स्युः पैशाचे तु न किञ्चन ।
त्रिशूलं स्थापयेत् तत्र रत्नस्पृष्टं विचक्षणः ॥ १२६ ॥

मानुष भाग में आयुध स्थापित करे । किन्तु पैशाच भाग में कुछ भी स्थापित न करे । इसके बाद बुद्धिमान तन्त्रसाधक रत्नजटित त्रिशूल [illegible] करे ॥ १२६ ॥

त्रिशूलस्थापनविधानम्

खदिराद्यास्तु संप्रोक्ताः सारवन्तस्तु ये द्रुमाः ।
तान्निर्दोषान् समानीय कृत्वा च स्वस्तिवाचनम् ॥ १२७ ॥

जो वृक्ष सारवान् (मजबूत) हों, ऐसे निर्दोष खैर आदि के वृक्ष घर [illegible] उनका स्वस्तिवाचन करे ॥ १२७ ॥

शिल्पिभिस्तक्षयित्वा च असारं व्यपनीय तु ।
ततस्तु कारयेच्छूलं यथाप्रोक्तप्रमाणतः ॥ १२८ ॥

फिर विद्वान् शिल्पी के द्वारा उसका निष्कल भाग दूर करा कर शेष [illegible] को गढ़वा कर शास्त्र प्रमाण के अनुसार उससे त्रिशूल निर्माण [illegible] ॥ १२८ ॥

द्वादशाङ्गुलमायामं मुखं प्रोक्तं च साधकैः ।
उष्णीषमङ्गुलं चापि मूर्धायामोऽङ्गुलत्रयम् ॥ १२९ ॥

साधकों ने त्रिशूल के मुख की लम्बाई बारह अङ्गुल कही है, [illegible] उष्णीष एक अङ्गुल का होता है और मूर्धा की लम्बाई तीन अङ्गुल कही गयी है ॥ १२९ ॥

भागः कण्ठस्य चायामः सोष्णीषं मुखमेव हृत् ।
नाभेरूर्ध्वं तथा तालं तावन्नाभेरधस्तथा ॥ १३० ॥

उष्णीष के सहित मुख और हृदय जितना लम्बा हो उतनी ही कण्ठ की लम्बाई करे । नाभि से ऊर्ध्व भाग का प्रमाण एक ताल और उतना ही नाभि के नीचे का परिमाण बनाना चाहिये ॥ १३० ॥

पञ्चविंशाङ्गुलायाममूरुदण्डं प्रचक्षते ।
पञ्चाङ्गुलं ततो जानु जङ्घा चोरुसमा भवेत् ॥ १३१ ॥

[illegible] अङ्गुल की ऊरुदण्ड (घुटने के ऊपर का भाग), उसके बाद [illegible] अङ्गुल का जानु (घुटने), इसके बाद जंघा (जानु का ऊपरी भाग) [illegible] के प्रमाण का बनावे ॥ १३१ ॥

जानुमानं च पादान्तं दशतालक्रमस्त्वयम् ।
नवतालादि शेषं तु त्रितालान्तं वदाम्यतः ॥ १३
मुखमासप्ततालं तु मुखमेव प्रमाणतः ।
शेषाङ्गानां प्रमाणानि कथयामि यथातथम् ॥ १३

पादान्त जानु के मान का बनावे । यह दशताल के त्रिशूल निर्माण का क्रम कहा गया । शेष नव ताल से तीन परिमाण वाले त्रिशूल होते हैं । इसमें सात ताल वाला त्रिशूल वही प्रमाण भी है । शेष त्रिशूलों के अङ्गों का प्रमाण जैसा उसे उसी प्रकार कहता हूँ ॥ १२३-१३३ ॥

नवतालत्रिशूलक्रमकथनम्

उष्णीषमङ्गुलं प्रोक्तं मूर्धा गोलकमेव च ।
अध्यर्धगोलकं कण्ठं हृदयं मुखमुच्यते ॥ १३४

एक अङ्गुल का उष्णीश कहा गया है । १. मूर्धा, २. गो... अध्यर्ध, ४. गोलक, ५. कण्ठ, ६. हृदय और ७. मुख ... प्रमाण का कहा गया है (द्र. ७.१२९+१३०) ॥ १३४ ॥

नाभेरूर्ध्वं तथा तावत् तावन्नाभेरधोऽपि च ।
मुखद्वयं भवेदूरुर्जानु कण्ठसमं भवेत् ॥ १३

नाभि के ऊर्ध्व का तथा नाभि के अधोभाग का प्रमाण भी ... (द्र. ७.१३०) समझना चाहिये । मुख के प्रमाण का दूना ... जानु, कण्ठ का परिमाण (द्र. ६.१३०) समझना चाहिये ॥१३

जङ्घा चोरुसमा ज्ञेया पादान्तं जानुसंमितम् ।
नवतालक्रमश्चायम् अष्टतालमथोच्यते ॥ १३

जङ्घा, ऊरू के समान समझना चाहिये । पादान्त जानु के ... जानना चाहिये । यहाँ तक नवताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहा अब अष्टताल वाले त्रिशूल का परिमाण कहता हूँ ॥ १३६ ॥

अष्टतालत्रिशूलक्रमकथनम्

गोलकं च भवेत् कण्ठं वृत्तमेकादशाङ्गुलम् ।
नाभेरूर्ध्वं तथा तावत् तावन्नाभेरधोऽपि च ॥ १३

गोलाकार परिमाण में एकादश अङ्गुल कण्ठ गोला ...

... के ऊर्ध्व का भाग तथा नाभि के नीचे का भाग परिमाण में उतना (द्र. ७.१३०) ही कहा गया है ॥ १३७ ॥

अङ्गुलेन भवेन्मूर्धा न चोष्णीषं तु मानुषे ।
द्वाविंशाङ्गुलमूरुं च जघनं च प्रचक्षते ॥ १३८ ॥

पूर्वोक्त अङ्गुल कर परिमाण का शिर बनावे । मानव के लिये निर्मित त्रिशूल में उष्णीश नहीं होता । २२ अङ्गुल मान का ऊरू और जघन कहा गया है ॥ १३८ ॥

गोलकं जानुपादान्तमष्टताले त्वयं क्रमः ।
कण्ठाङ्गुलमुद्दिष्टं हृदयं तु दशाङ्गुलम् ॥ १३९ ॥

गोलक जानु से पादान्त निर्माण करे । आठ ताल के त्रिशूल में यह क्रम कहा गया है । कण्ठ के अङ्गुल का परिमाण पहले कहा जा चुका है । हृदय दश अङ्गुल का होना चाहिये ॥ १३९ ॥

तावती च भवेन्नाभिरधस्ताच्च नवाङ्गुलम् ।
विंशत्यङ्गुलमूरुः स्यात् जङ्घा तावत् प्रकीर्तिता॥१४०॥

नाभि भी दश अङ्गुल की, उसके नीचे का भाग नव अङ्गुल का, बीस अङ्गुल का ऊरू और उतने ही प्रमाण में प्रतिमा की जङ्घा बनाई जानी चाहिये ॥ १४० ॥

अङ्गुलं जानुपादान्तं सप्तताले त्वयं क्रमः ।
पादान्तं जानुकण्ठानां नाभिमानमतः परम् ॥ १४१ ॥

जानु से लेकर पादान्त भी उतने ही अङ्गुल का बनावे । सात ताल के त्रिशूल निर्माण का यही क्रम है । जानु और कण्ठ से लेकर पादान्त तक का मान कह दिया गया है । अब इसके बाद नाभि का मान इस प्रकार है ॥ १४१ ॥

नाभिमानकथनम्

एवं दशाङ्गुलं प्रोक्तं प्रतितालं मुखेऽपि च ।
मुखे हीनं शरीरे तु प्रक्षिपेच्च विचक्षणः ॥ १४२ ॥

इस प्रकार प्रतिताल मुख को भी दश अङ्गुल कहा गया है । विचक्षण मुख में जहाँ हीन है उसे शरीर में प्रक्षिप्त कर देवे ॥१४२॥

पञ्चविंशाङ्गुलं कायं मुखमेकादशाङ्गुलम् ।

अष्टादशाङ्गुलावूरू जङ्घे तावत् प्रकल्पयेत् ।
शरीरगोलकं गृह्य कुब्जपादे नियोजयेत् ॥ १४३ ॥
यथायोगं तु शेषाणां वामने विपरीतकम् ॥ १४४ ॥

२५ अङ्गुल का शरीर, मुख ११ अङ्गुल, ऊरू और जङ्घा ... अङ्गुल निर्माण करना चाहिये । शरीर का गोलक ग्रहण कर कुब्ज ... त्रिशूल में जोड़ देवे । शेष अङ्ग जैसे का तैसा निर्माण करे । ... त्रिशूल, वामन त्रिशूल विपरीत अर्थात् कुब्ज पाद की गोलाई ... जोड़ देवे ॥ १४३-१४४ ॥

कुब्जवामनत्रिशूललक्षणम्

पादमानं तु वा काये कायमानं तु पादयोः ।
कुब्जवामनकौ प्रोक्तौ पादतालक्रमेषु वै ॥ १४५ ॥

पाद तालक्रम में पैर का मान शरीर में और शरीर का मान ... साथ जोड़ देवे तो वे क्रमशः कुब्ज और वामन त्रिशूल का मान ... जाते हैं ॥ १४५ ॥

सप्ततालेऽपि केचित्तु कुब्जमाहुर्मनीषिणः ।
पञ्चताले प्रवक्ष्यामि प्रमाणं तदनन्तरम् ॥ १४६ ॥

कोई-कोई विद्वान् सप्तताल वाले त्रिशूल को कुब्ज कहते हैं । इसके बाद पञ्चताल में प्रमाण करता हूँ ॥ १४६ ॥

पञ्चतालप्रमाणकथनम्

दशाङ्गुलं मुखं प्रोक्तं कायं तद्द्विगुणं भवेत् ।
ऊरुश्चापि तथा जङ्घा स्यातां पञ्चदशाङ्गुलम् ॥ १४७ ॥

पञ्चताल प्रमाण वाले त्रिशूल में दश अङ्गुल का मुख होता है ... शरीर उसका दूना होता है । ऊरू तथा जङ्घा का प्रमाण पन्द्रह अङ्गुल का होता है ॥ १४७ ॥

वामने कायमानं तु पादयोः प्रक्षिपेद् बुधः ।
पादमानं तथा काये शेषाणां स्याद्यथाविधि ॥ १४८ ॥

वामन त्रिशूल में कायमान को दोनों पैरों में निक्षिप्त करे तथा ... का मान शरीर में निर्माण करे । शेष का प्रमाण जैसे का तैसा ... रखे ॥ १४८ ॥

त्रितालप्रमाणकथनम्

चतुस्ताले क्रमश्चोक्तस्त्रिताले कथयामि वः ।
अष्टाङ्गुलं मुखं प्रोक्तं कायं चापि दशाङ्गुलम् ॥ १४९ ॥

... क्रम चार ताल के विषय में कहा गया है । अब त्रिताल प्रमाण ... त्रिशूल के विषय में कहता हूँ । त्रिताल में आठ अङ्गुल का मुख ... है और उसका काय दश अङ्गुल का होता है ॥ १४९ ॥

नवाङ्गुलो भवेदूरुर्जङ्घे वै तावदेव तु ।
शूलप्रमाणमित्युक्तं शूलसंख्यां वदामि वः ॥ १५० ॥

ऊरू नव अङ्गुल का होता है तथा जङ्घा उतने ही प्रमाण का होता है । यहाँ तक तत्तद् शूलों का प्रमाण कहा गया है । अब शूलों को ... कहता हूँ ॥ १५० ॥

वंशदण्डः कटीदण्डो वक्षोदण्डस्तथैव च ।
बाहुदण्डाश्च चत्वारः प्रकोष्ठास्तावदेव तु ॥ १५१ ॥
पाददण्डौ च इत्येते शूलदण्डास्त्रयोदश ।
वक्षोदण्डस्य चायामं प्रवदन्ति मुखद्वयम् ॥ १५२ ॥

वंशदण्ड, कटीदण्ड, वक्षोदण्ड और चार बाहुदण्ड में उतने ही प्रकोष्ठ और दो पाददण्ड होते हैं । इस प्रकार शूल दण्ड की तेरह संख्या हुई । कुछ विद्वान् लोग वक्षोदण्ड की लम्बाई दो मुख के बराबर कहते हैं ॥ १५१-१५२ ॥

कटिदण्डस्य चायामो भागयुक्तं मुखं तथा ।
बाहुदण्डस्य चायाम ऊरुदण्डसमो भवेत् ॥ १५३ ॥

कटिदण्ड की लम्बाई एक भाग युक्त मुख के समान होती है ... बाहुदण्ड की लम्बाई ऊरूदण्ड के समान होती है ॥ १५३ ॥

प्रकोष्ठबन्धस्तावांस्तु मणिबन्धकमङ्गुलम् ।
विंशत्यङ्गुलमायाममुरोबाह्वोर्वदन्ति च ॥ १५४ ॥

प्रकोष्ठबन्ध उतना ही रखे । मणिबन्ध की लम्बाई एक अङ्गुल करे । उरु और बाहू की लम्बाई २० अङ्गुल करे ॥ १५४ ॥

श्लेषयेत् तांश्च मतिमान् सुषिरं तु न कारयेत् ।
न कीलकं कदाचितु दातव्यं शूलकर्मणि ॥ १५५ ॥

इन दण्डों में बुद्धिमान् छेद न करे और इन्हें एक
शूलकर्म में कभी भी कीली न ठोंके ॥ १५५ ॥

द्विशिखं त्रिशिखं वापि तथैकशिखमेव वा
दण्डं कृत्वा च निम्नं च श्लेषयेच्चपृथक् पृथक्

दो शिखा तीन शिखा अथवा एक शिखा का दण्ड निर्माण
पतला बना कर पृथक्-पृथक् जोड़ देवे ॥ १५६ ॥

वक्षोदण्डस्य मध्ये तु निम्नं कुर्याद् विचक्षणः ।
तथा चैव कटीदण्डे मध्ये निम्नं न कारयेत् ॥

वक्षोदण्ड के मध्य भाग को पतला करे । कटीदण्ड के
पतला न करें ॥ १५७ ॥

वंशदण्डं तयोः सम्यङ् निश्छिद्रं निम्नयोः क्षिपेत्
वंशदण्डं मुखं प्राहुः सकिरीटं च केचन ॥

उस पतले किये गये दोनों स्थानो में निश्छिद्र (छिद्ररहित)
जोड़ देवे । किरीट सहित वंशदण्ड त्रिशूल का मुख है ऐसा
कहते हैं ॥ १५८ ॥

मूर्धान्तमेव केचित्तु उभयं तु मतं मम ।
वक्षोदण्डं ततः कुर्यात् त्रिशिखाग्रं विचक्षणः ॥

कोई मूर्धान्त को मुख मानते हैं । किन्तु मेरी मान्यता दोनों
के मतों में हैं । इसके बाद विद्वान् कारीगर वक्षोदण्ड जिसका
तीन शिखा वाला हो निर्माण करे ॥ १५९ ॥

ततश्च बाहुमूलानि विशिखान्येव कारयेत् ।
तथोपबाहुमूलानि अन्तं चैकशिखं पृथक् ॥ १६०

इसके बाद शिखारहित बाहुमूल का निर्माण करावे । फिर
जो अन्त में एक शिखा वाला हो उसे विद्वान् साधक पृथक्
निर्माण करावे ॥ १६० ॥

द्विशिखं च प्रकोष्ठादि कुर्यात् तत् कूर्परं विदुः ।
दण्डान् सर्वांस्तथैवं तु श्लेषयेन्मतिमान् नरः ॥

दो शिखा वाला प्रकोष्ठादि निर्माण करावे जिसे कूर्पर
फिर बुद्धिमान् कारीगर सभी दण्डों को एक में जोड़ देवे ॥

श्लेषितं श्लेषितं सन्धिं ताम्रपट्टेन वेष्टयेत् ।
तथा दार्ढ्यं भवेत्सन्धेस्तथा सम्यक् तु वेष्टयेत्॥१६२॥

जहाँ-जहाँ जोड़ हो वहाँ दृढ़ता के लिये ताँबे के पट्टे से वेष्टित कर
जिससे वह संधिस्थान और मजबूत हो जावे ॥ १६२ ॥

कृत्वा चैकशिखं पश्चात् कटिदण्डं च तन्त्रवित् ।
द्विशिखं चोरुमूलं च श्लेषयित्वा तु वेष्टयेत् ॥ १६३ ॥

इसके पश्चात् तन्त्रवेत्ता विद्वान् एक शिखा का कटिदण्ड तथा दो
शिखा वाले ऊरूदण्ड का निर्माण कर एक में जोड़ देवे । तदनन्तर
ताम्रपट्ट से उसे वेष्टित कर देवे ॥ १६३ ॥

न जानुसंधिश्चात्रोक्तो दार्ढ्यार्थं स्नानकर्मणि ।
प्रतिमासंमितायामं शूलकं वृत्तमेव च ॥ १६४ ॥

स्नानकर्म में दृढ़ता के लिये यहाँ जानुओं की सन्धि नहीं कही गई
प्रतिमा के अनुकूल शूल का आयाम (लम्बाई) और उसका वृत्त
निर्माण करावे ॥ १६४ ॥

उपशूलं प्रकुर्वीत प्रतिमास्थितये पुनः ।
विष्णुब्रह्मशिवानां तु दशतालं प्रचक्षते ॥ १६५ ॥

फिर प्रतिमा की स्थिरता के लिये उपशूल का निर्माण करावे । फिर
बुद्धिमान् कारीगर विष्णु, ब्रह्मा तथा शिव की प्रतिमा में दश ताल का
शूल बनवावे ॥ १६५ ॥

शेषाणामथ देवानां नवतालं प्रशस्यते ।
अष्टतालं मनुष्याणां स्त्रीणां चैव प्रशस्यते ॥ १६६ ॥

शेष देवताओं के लिये नवताल का और मनुष्यों एवं स्त्रियों के लिये
आठ ताल का शूल निर्माण करावे ॥ १६६ ॥

दशतालं च संप्रोक्तं तद्विंशतिशताङ्गुलम् ।
नवतालं च संप्रोक्तं ततश्चाष्टशताङ्गुलम् ॥ १६७ ॥

जहाँ दशताल का शूल कहा गया है वहाँ वह एक सौ बीस अङ्गुल
का मान होता है जहाँ नवताल का कहा गया है वहाँ ११८ अङ्गुल का
मान होता है ॥ १६७ ॥

षण्णवत्यङ्गुलं प्रोक्तमष्टतालं मनीषिभिः ।

आसने जानुसंधौ च शयने चापि कारयेत् ॥ १६
तत्र पञ्चदश प्रोक्ताः शूलदण्डाः पृथक् पृथक् ।
केचिच्चरणमूलं च पार्श्वमूलं च कुर्वते ॥
चतुरः श्लेषयेद् दण्डान् विशिखानेव तान् पुनः ।
दण्डाः सप्तदशैते तु स्थाने प्रोक्ता विचक्षणैः ॥१७०॥

जहाँ आठ ताल का मान कहा गया है वहाँ वह ९६ अङ्गु होता है । आसन में, जानुसंधि में और शयन में १५ शूल पृथक्-पृथक बनवावे । कोई चरणमूल में और पार्श्वमूल में भी क्रम से पृथक्-पृथक् शूल का निर्माण कराते हैं । इस प्रकार रहित ४ दण्ड और उसमें संयुक्त करे । तब १७ शूल दण्ड हो जाते हैं ऐसा बुद्धिमान् कारीगर कहते हैं ॥ १६८-१७० ॥

एवं शूलं क्रमात् कृत्वा स्थापयेत् परमेष्ठिना ।
आसने स्थापयेत् पुंसा तत्र स्याज्जानु संहितम् ॥१७१॥

इस प्रकार १७ शूल बना कर बैदिक रीति से उसे स्थापित चाहिये और पुंसा मुद्रा से उसे आसन पर जानु सहित स्थापित चाहिये ॥ १७१ ॥

जङ्घादि द्विशिखं कुर्यादूरुमेकशिखं तथा ।
एकोनविंशतिर्ज्ञेयाः शूलदण्डास्तथा खलु ॥ १७२ ॥

दो शिखा का जङ्घादि में और एक शिखा का जानु में स्थापि तब त्रिशूल के दण्ड १९ हो जाते हैं ॥ १७२ ॥

शयने च तथा दण्डास्तत ऊर्ध्वं न कारयेत् ।
न च पादशिलादीनि शयने कारयेद् बुधः ॥ १७३ ॥

ये दण्ड शयन वाली प्रतिमा में करे । इससे ऊपर शूलदण्ड करावे । शयन में पादशिला आदि भी न बनवावे ॥ १७३ ॥

विश्वेन शूलं शयने स्थापयेत् तन्त्रवित्तमः ।
नालिकेरत्वचां सारं गृह्णीयाद्रज्जुकर्मणि ॥ १७४ ॥

तन्त्रवित् बुद्धिमान् कारीगर विश्वमुद्रा से शयन में शूल स्थापित इन शूल दण्डों को बाँधने के लिये नारिकेल की त्वचा की रस्सी करे ॥ १७४ ॥

समवृत्ता यथा रज्जुर्नातिस्थूला न वा कृशा ।
शलाकामात्रनाभिश्च शूलग्रन्थिविवर्जिता ॥ १७५ ॥
न चैवातिदृढा कार्या नातिमृद्वी कदाचन ।
एवं रज्जुमयं कृत्वा सर्वेष्वङ्गेषु वेष्टयेत् ॥ १७६ ॥

वह रज्जु गोल होनी चाहिये । बहुत मोटी अथवा अत्यन्त पतली बनानी चाहिये । उसकी नाभि शलाकामात्र होनी चाहिये । रस्सी में नहीं होनी चाहिये । उसे अत्यन्त दृढ़ तथा सर्वथा कमजोर भी नहीं चाहिये । इस प्रकार नारिकेल को रज्जुमय बना कर शूल के सारे अङ्गों को वेष्टित करे (लपेट देवे) ॥ १७५-१७६ ॥

यथा शरीरे सर्वेषां चतुःषष्टिः सिराः स्मृताः ।
शूले तथैव पाशास्तु कर्तव्यास्तन्त्रकोविदैः ॥ १७७ ॥

जिस प्रकार शरीर में ६४ सिरायें (नाड़ियाँ) होती हैं उसी प्रकार तन्त्रवेत्ता बुद्धिमान् कारीगर शूल में पाशों (बाँधने वाली रस्सी) का निर्माण करे ॥ १७७ ॥

शूलमस्थिसिरारज्जुर्मृन्मांसं त्वक् पटं भवेत् ।
द्वाभ्यांद्वाभ्यांतुरज्जुभ्यां बद्ध्वाबद्ध्वा तु वेष्टयेत्॥१७८॥

शूल अस्थि है, रज्जु सिरायें (नाड़ियाँ) हैं, मिट्टी मांस है और त्वक् पट है, इस प्रकार दो-दो रस्सों से बाँधकर उसे शूल में लपेट देवे ॥ १७८ ॥

आलोड्य त्रिफलातोये नालिकेरफलान्विते ।
नालिकेररसं सारं सारयित्वा मृदं शनैः ॥ १७९ ॥
श्लेषयेत् स्थूलबन्धेषु सर्वाङ्गेषु शनैः शनैः ।
आद्येष्वेव चतुष्केषु तेषु रज्ज्वाथ वेष्टयेत् ॥ १८० ॥

नारिकेल के फल से युक्त त्रिफला के जल को अच्छी तरह मथकर नारिकेल का रस निकाले । फिर उसमें मिट्टी डालकर शूल के आदि के स्थूल बन्धों एवं सर्वाङ्ग में शनैः शनैः उस मिट्टी से लेप करे । फिर उन चारों को एक साथ रस्सी से वेष्टित करे ॥ १७९-१८० ॥

वेष्टयित्वा समीकृत्य मृदा चैवं शनैः शनैः ।
त्रैरेव रज्जुबन्धं च त्रिशुष्कं चापि दापयेत् ॥ १८१ ॥

रस्सी से वेष्टित कर उसे एक समान बनाकर मिट्टी से ... पुनः उस रज्जु पर लेप लगावे । फिर तीन बार सुखाई गई मिट्टी ... पर देवे ॥ १८१ ॥

अत ऊर्ध्वं न रज्जुं च न शुष्कं चापि कारयेत् ।
मृदा चैव शनैर्ज्ञात्वा शुष्काशुष्कं विचक्षणः ॥ १८२ ॥

इसके बाद रज्जु से न बाँधे और न शुष्क मिट्टी लगावे ... कारीगर मिट्टी से ही धीरे धीरे उसके शुष्क और अशुष्क (...) ज्ञान करें ॥ १८२ ॥

कुर्याच्छरीरसंवेष्टं भेदच्छिद्रविवर्जितम् ।
हस्तेनैव मृदं दद्यात् कूर्चेन कटुशर्कराम् ॥ १८३ ॥

फिर शूल का संवेष्टन इस प्रकार करे जिससे उसके ... और समस्त भिन्नता मिट जावे । फिर हाथ से मिट्टी का लेप ... तदनन्तर कड़े शर्करा के चूर्ण का लेप कूँची से करे ॥ १८३ ॥

पिष्ट्वा तु त्रिफलातोये शर्कराकल्कमेव च
कार्पासमूलसंयुक्तं सम्यक् कृत्वा विचक्षणः ॥ १८४ ॥
कूर्चेनैव तु तत्कल्कं शनैरेव परामृजेत् ।
ततः करण्डिकाग्रेण लिप्ताङ्गानि च लेपयेत् ॥ १८५ ॥

त्रिफला के जल में कपास के जड़ से युक्त शर्करा का चूर्ण ... कर एक में मिला देवे । फिर कूर्च से पुनः उस कल्क का लेप ... फिर बाँस के करण्ड के अग्र भाग से उस लिपे हुये स्थान पर लेप करे ॥ १८४-१८५ ॥

लिप्तेष्वङ्गेषु सर्वेषु पटेनाच्छाद्य बुद्धिमान् ।
शुक्तिकादिक्रियास्तत्र सर्ववर्णांश्च कारयेत् ॥ १८६ ॥
वर्णयोगविधिं पश्चात् प्रकुर्वीत विचक्षणः ।
किरीटं मुखतोऽप्यर्धं तदर्धं फालपट्टकम् ॥ १८७ ॥

बुद्धिमान् कारीगर इस प्रकार लेप किये गये शूल के समस्त ... को वस्त्र से आच्छादित करे । फिर शुक्तिकादि क्रिया तथा सभी ... (रंग) उस पर लगावे । इसके बाद विचक्षण कारीगर वर्णयोग की ... करे । मुख का आधा किरीट और किरीट का आधा फालपट्ट ... करे ॥ १८६-१८७ ॥

मानोन्मानप्रमाणानि सर्वाण्येव सविस्तरम् ।
चित्राध्याये प्रवक्ष्यन्ते इन्द्ररात्रे यथाविधि ॥ १८८ ॥

सभी प्रकार के मान और उन्मान के प्रमाण इन्द्ररात्र के चित्राध्याय में विस्तारपूर्वक यथाविधि कहेंगे ॥ १८८ ॥

पुराणप्रतिमोद्धारविधानम्

पुराणप्रतिमा शीर्णा कर्तव्या पुनरेव तु ।
स्थानं तत्र प्रकुर्वीत स्थानयोगविधानतः ॥ १८९ ॥

प्रतिमा यदि पुरानी हो गई हो तब पुनः उसके स्थान पर नवीन प्रतिमा निर्माण करावे । फिर स्थान योग के विधान से उसके स्थान का निर्माण करावे ॥ १८९ ॥

ततः स्थाने विशीर्णे च कुर्यादासनकर्म च ।
तथासने विशीर्णे च शयनं तत्र कारयेत् ॥ १९० ॥

यदि स्थान भी पुराना पड़ गया हो तो वहाँ आसन कर्म करावे । आसन के फूट टूट जाने पर अथवा नष्ट हो जाने पर शयन क्रिया करावे ॥ १९० ॥

शयने तु विशीर्णे च कुर्याच्छयनमेव च ।
नातः परतरं कुर्याच्छयनादन्यदेव तु ॥ १९१ ॥

शयन के टूट-फूट जाने पर पुनः शयन का ही निर्माण करावे । इसके बाद शयन से अन्य कुछ न करावे ॥ १९१ ॥

न स्वस्थोत्पाटनं कुर्यात् कदाचित् तन्त्रवित्तमः ।
अचिरान्नाशमभ्येति स्वस्थोत्पाटनकृन्नरः ॥ १९२ ॥

तन्त्रवेत्ता प्रतिमा के स्वस्थ रहते-रहते उसका उत्पाटन (उखाड़ना) न करे । स्वस्थ प्रतिमा का उत्पाटन करने वाला थोड़े ही दिनों में नष्ट हो जाता है ॥ १९२ ॥

मृण्मये शूलभागे च बुधः कुर्यात् पुनः क्रियाम् ।
शेषाणां शैलजातीनामङ्गभङ्गे पुनः क्रिया ॥ १९३ ॥

मिट्टी के बने हुये शूल के भाग में पुनः उसकी क्रिया (जीर्णोद्धार) करे । शेष पत्थर से बने हुये अङ्गों के भङ्ग होने पर पुनः उसका जीर्णोद्धार करावे ॥ १९३ ॥

पुराणां निक्षिपेदप्सु प्रतिमां लोहजामृते ।
भग्नां तु सर्वदा योग्ये लोहजे प्रतियातने ॥ १९४ ॥

लोहे से बनी हुई प्रतिमा के अतिरिक्त मिट्टी आदि से निर्मित के पुरानी पड़ जाने पर उसे जल में फेंक देवे । लौह निर्मित ... भङ्ग हो जाने पर उसे किसी सुयोग्य को प्रदान कर देवे ॥ १९४ ॥

प्रदद्यात् तद्विदे चैव तथा भागवताय वा ।
तेषामलाभे दद्याद्वै दीक्षिताय न संशयः ॥ १९५ ॥

अथवा किसी प्रतिमा के जानकार को उसे दे देवें अथवा ... भक्त को दे देवे । उनके न प्राप्त होने पर किसी दीक्षित साधक को देवे संशय न करे ॥ १९५ ॥

प्रतिमासु विशीर्णासु राष्ट्रनाशो भवेद् ध्रुवम् ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन बुधः कुर्यात् पुनः क्रियाम् ॥ १९६ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां ब्रह्मरात्रे प्रतिमालक्षणोद्देशः सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

प्रतिमा के नाश हो जाने पर निश्चय ही उस राष्ट्र का नाश होता है । इसलिये बुद्धिमान् कारीगर सब प्रयत्नों से पुनः प्रतिमा का निर्माण करावे ॥ १९६ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के प्रतिमालक्षणोद्देश नामक सप्तम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

ब्रह्मरात्रे

अष्टमोऽध्यायः

प्रासादविधिः

सनत्कुमार उवाच—

अथातः संप्रवक्ष्यामि प्रासादस्य विधिं परम् ।
प्रशस्तभूमिभागे तु कुर्याद् भूमिपरिग्रहम् ॥ १ ॥

अब इसके बाद प्रासाद की उत्कृष्ट विधि कहता हूँ । प्रासाद के लिये किसी प्रशस्त भूमिभाग में भूमि का परिग्रह करे ॥ १ ॥

भूमिपरिग्रहकथनम्

सूत्रपातं क्रमात् कुर्यादाप्राकारपरिग्रहम् ।
दिक्षु कोणेषु चैवाष्टौ शङ्कूनश्वत्थवृक्षजान् ॥ २ ॥

प्रासाद के लिये प्राकार पर्यन्त परिगृहीत भूमि पर क्रमशः सूत्रपात करे । या उसके आठों दिशाओं में अश्वत्थ वृक्ष से बनी हुई आठ खूँटी गाड़ देवे ॥ २ ॥

भूमिपूजनकथनम्

ऐन्द्रादि प्राङ्मुखो भूत्वा स्थापयेत् परमेष्ठिना ।
पुंसा तु परिषिच्याथ विश्वेनाक्षतमुत्सृजेत् ॥ ३ ॥

पूर्वाभिमुख होकर वैदिक रीति से इन्द्रादि देवताओं की स्थापना कर ... मुद्रा से जल द्वारा सेचन करे और विश्वमुद्रा से अक्षत छोड़े॥३॥

निवृत्यात्र प्रणम्याथ सर्वेण तु बलिं हरेत् ।
पायसं कृसरं गौडं शुद्धान्नं बलिकर्मणि ॥ ४ ॥

निवृति मुद्रा से प्रणाम कर वहाँ सर्वमुद्रा से बलि प्रदान करे । बलि कर्म में पायस कृसर गौड़ और शुद्ध अन्न की विधि है ॥ ४ ॥

वृक्षमूलान्यपाकृष्य शोधयेच्च ततः क्षितिम् ।
उक्षाभ्यां च सवर्णाभ्यां कर्षयेद् विधिनैव तु ॥ ५ ॥

फिर उसमें से पेड़ों के जड़ों को हटाकर वहाँ की भूमि का संशोधन करे और समान वर्ण वाले दो बैलों से हल द्वारा पृथ्वी का कर्षण करे ॥ ५ ॥

यावान् प्रासादविस्तारः खानयेत् तावदेव तु ।
खाते होमं ततः कृत्वा मूलमन्त्रेण साधकः ॥ ६ ॥
पूरयेत् तं पुनः खातं यथा वै यागमण्डपम् ।
इष्टकाधानहोमं च मूलमन्त्रेण कारयेत् ॥ ७ ॥

जितना प्रासाद के लिये भूमि परिग्रहीत हो उतने दूर तक खन कर पृथ्वी का कर्षण करे। तदनन्तर साधक खात में मूल मन्त्र (द्वादशाक्षर) से होम कर पुनः यागमण्डप के समान उस खात को से पूर्ण करे । पुनः ईंट स्थापित कर मूल मन्त्र से होम करे ॥ ६-७ ॥

इष्टकाविधानम्

सुपक्वाः सुस्वनाश्चैव इष्टकाः समुदाहृताः ।
विलीनाश्चापि वक्राश्च परावृत्ताः क्षतान्विताः ॥ ८ ॥
भिन्ननासाश्च भग्नाश्च अतिदग्धाश्च वर्जयेत् ।

ईंटें उत्तम शब्द करने वाले तथा अच्छी तरह से पके होने चाहिये । विलीन (पिघलने वाले) टेढ़े-मेढ़े, उलटे, फूटे-टूटे नाक टूटी हो, भग्न या अत्यन्त जले कटे ईंट प्रासाद में वर्जित

तक्षकलक्षणम्

सर्वलक्षणसंपन्नो नीरोगः कोपवर्जितः ॥ ९ ॥
युवा भद्रः सुशीलश्च कृतहस्तो विचक्षणः ।
तक्षकश्चात्र संप्रोक्तः शास्त्रज्ञैस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ १० ॥

प्रासाद के लिये कारीगर सर्वलक्षण संपन्न नीरोग क्रोधरहित युवा अच्छे कुल का सुशील हस्तकला में निपुण विद्वान् और होना चाहिये एसा तत्त्वज्ञ शास्त्रकारों ने कहा है ॥ ९-१० ॥

वाशिं च हस्तवाशिं च क्रकचं चैषणिं तथा ।
आदाय प्राङ्मुखो भूत्वा वस्त्रालङ्कारभूषितः ॥ ११ ॥

इष्टकास्तक्षकः कुर्यादष्टौ वा द्वादश क्रमात् ।
वाश्या तु तक्षणं कृत्वा हस्तवाश्या ततः परम् ॥ १२ ॥
क्रकचेन परामृश्य ऐषण्या परिमीय तु ।
द्वारस्य दक्षिणे पार्श्वे इष्टकाधानमाचरेत् ॥ १३ ॥

ऐसा तक्षक कारीगर वस्त्रालङ्कार से भूषित होकर वाशि (वसूला) हस्तवाशी (कुल्हाड़ी) क्रकच (आरी) ऐषणि (नापने वाला गज) लेकर प्राङ्मुख आठ या १२ ईंटों का निर्माण करे । प्रथमतः वसूले से उसे छीले । इसके बाद हस्तवांशी से छीले । फिर आरे से काट कर एषणि से नाप कर उन ईंटों का निर्माण करे । प्रासाद के द्वार के दक्षिण पार्श्व में उन ईंटों को स्थापित करे ॥ ११-१३ ॥

इन्द्रादि स्थापयेदष्टौ ततो द्वादश वा पुनः ।
गर्भाधाननिमित्तं तु श्वभ्रं मध्ये तु कारयेत् ॥ १४ ॥

उस पर इन्द्रादि आठ देवताओं की अथवा पुनः १२ देवताओं की स्थापना करे । गर्भाधान के निमित्त बीच में गड्ढा निर्माण करे ॥१४॥

गर्भाधानं क्रमात् कृत्वा प्रासादं च समारभेत् ।
जगती कुमुदं चैव वेदिकापट्टिका ततः ॥ १५ ॥
पादं कपोतो वेदिश्च ततश्चोपरि पट्टिका ।
कण्ठनालश्च कण्ठश्च शिरश्चैव शिरोघटः ॥ १६ ॥
एवमादि क्रमात् कुर्यात् पञ्चहस्तानि चैव ह ।
ऊर्ध्वं च पञ्चहस्तं च शालाकूटचरं तथा ॥ १७ ॥

क्रमशः गर्भाधान कर प्रासाद को आरम्भ करे । जगती, कुमुद वेदिकापट्टिका, पाद, कपोत वेदी, उसके ऊपर पट्टिका, कण्ठनाल, कण्ठ, शिर और शिरोघट (कलशाकार शिखर) निर्माण करे । इस प्रकार क्रमशः ५ हाँथ निर्माण कर उसके ऊपर ५ हाँथ का शाला कूटचर निर्माण करे ॥ १५-१७ ॥

तथा निम्नप्रदेशाश्च कर्तव्याः शास्त्रकोविदैः ।
वृत्तं वा चतुरस्रं वा आयतं वृत्तमेव वा ॥ १८ ॥
आयतं चतुरस्रं वा प्रासादं च चतुर्विधम् ।
वृत्ते च चतुरस्रे च चतस्रो नाडिकाः पुनः ॥ १९ ॥

इसके बाद प्रासाद शास्त्र का जानकार प्रासाद के नीचे के निर्माण करे । प्रासाद वृत्ताकार अथवा चौकोर अथवा वृत्त और दोनों अथवा चौकोर आयताकार दोनों चार प्रकार के होते हैं । चौकोर में चार नाड़ी होती है ॥ १८-१९ ॥

अष्टौ कपोता नाड्यश्च प्रतिदिक्षु विभागशः ।
अष्टास्रे शिखरं कुर्यादष्टौ वै नाडिकाः क्रमात् ॥ २० ॥

प्रासाद के प्रत्येक दिशाओं में विभागपूर्वक आठ कपोत और नाड़ियों का निर्माण करे । आठ कोण में शिखर और आठ नाड़ी क्रमशः निर्माण करे ॥ २० ॥

अष्टास्रं चैव वृत्ते च वृत्त एव शिखाघटः ।
वृत्तं वा चतुरस्रं वा चतुरस्रेषु कारयेत् ॥ २१ ॥

अष्टास्र में और वृत्त में गोलाकार शिखाघट निर्माण करे। शिखाघट चार कोणों में वृत्त अथवा चौकोर होना चाहिये ॥ २१ ॥

आयते चतुरस्रे च आयते वृत्त एव वा ।
शयनं तत्र कुर्वीत न स्थानं नासनं तथा ॥ २२ ॥

विद्वान् साधक चौकोर आयत में अथवा वृत्ताकार आयत में का शयन स्थान निर्माण करे । उसमें प्रतिमा का स्थान और आसन होना चाहिये ॥ २२ ॥

यानं च शयनं चैव सर्वत्रैव तु कारयेत् ।
सर्वं वै ग्राममध्ये च पश्चिमे चासनं तथा ॥ २३ ॥

यान और शयन सर्वत्र करे और ग्राम के मध्य में बने प्रासाद में सब करे । ग्राम के पश्चिम प्रासाद में आसन निर्माण करावे ॥ २३ ॥

शयनादिस्थानविधानम्

शयनं चोत्तरे चैव स्थानं प्राच्यां प्रशस्यते ।
दक्षिणस्यां तथा यानं कोणेषु स्थानमेव च ॥ २४ ॥

उसमें उत्तर में शयन स्थान तथा पूर्व में स्थान का निर्माण प्रशस्त कहा गया है । इसी प्रकार दक्षिण में यान और कोणों में (स्थिति) प्रशस्त कहा गया है ॥ २४ ॥

शयनादिस्थाने द्वारविधानम्

शयने च चतुर्दिक्षु द्वारं शस्तं मनीषिभिः ।
प्राग्द्वारे दक्षिणग्रीवं शयनं तु प्रशस्यते ॥ २५ ॥

शयन के लिये बनाये गये प्रासाद में चारों ओर द्वार प्रशस्त है । प्रासाद के पूर्व भाग में द्वार होने पर दक्षिण की ओर ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त कहा गया है ॥ २५ ॥

कुर्यात् तथोत्तरग्रीवं प्रत्यग्द्वारे तु धामनि ।
तथैव दक्षिणद्वारे प्रत्यग्ग्रीवं प्रशस्यते ॥ २६ ॥

प्रासाद के पश्चिम में द्वार होने पर उत्तर ग्रीवा से युक्त शयन तथा दक्षिण दिशा में द्वार होने पर पश्चिम दिशा में ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त होता है ॥ २६ ॥

प्राग्ग्रीवमुत्तरद्वारे विपरीतं विवर्जयेत् ।
प्राक्प्रत्यग्द्वारमेव स्यात् तथा स्थानासनादिषु ॥ २७ ॥

उत्तर दिशा में द्वार होने पर पूर्व की ओर ग्रीवा वाला शयन प्रशस्त कहा गया है । इसके विपरीत शयन वर्जित है । प्रतिमा के स्थान तथा आसन कार्य में क्रमशः पूर्व और पश्चिम की ओर द्वार निर्माण कराना चाहिये ॥ २७ ॥

भित्तिभागविधानम्

गर्भभागाच्चतुर्भागं भित्तिभागं प्रचक्षते ।
शिलाभिरिष्टकाभिर्वा काष्ठैर्वा मृद्भिरेव वा ॥ २८ ॥
कुर्यात् प्रासादविस्तारं यथावित्तानुसारतः ।
एकहस्तादि कुर्वीत त्रिंशद्धस्तान्तमेव वा ॥ २९ ॥

गर्भ भाग का चार भाग भित्ति का भाग कहा गया है । पत्थरों से अथवा ईंटों से अथवा काष्ठ से अथवा मिट्टी से अथवा अपने वित्त के अनुसार प्रासाद का निर्माण करे । प्रासाद आदि का विस्तार एक हाथ से आरम्भ कर ३० हाथ तक लम्बा बनवाना चाहिये ॥ २८-२९ ॥

एकभूम्यादिप्रासादतलविधानम्

एकभूम्यादि कुर्वीत नवभूम्यन्तमेव वा ।
अथ द्वादशभूम्यन्तमत ऊर्ध्वं न कारयेत् ॥ ३० ॥

प्रासाद एक भूमि से प्रारम्भ कर नवभूम्यन्त निर्माण करावे द्वादश भूम्यन्त निर्माण करावे । इससे ऊपर न बनवावे ॥ ३०

गोपुरोच्छ्रायनिरूपणम्

प्रासादात् पादहीनस्तु गोपुरोच्छ्राय उच्यते ।
त्रिभागहीनं प्रासादाद् गोपुरार्धं तु मण्डपम् ॥ ३
गर्भभागार्धमानस्तु तथा गरुडमण्डपः ।
तावच्च लोकपालानां तदर्धं बलिपीठिका ॥

प्रासाद की ऊँचाई से चौथाई कम गोपुर की ऊँचाई होनी चाहिये अथवा प्रासाद का तीन भाग होना चाहिये । मण्डप गोपुर का बनवाना चाहिये । गर्भभाग के आधे भाग का गरुड़मण्डप लोकपालों का मण्डप और उसकी आधी बलिपीठिका का निर्माण चाहिये ॥ ३१-३२ ॥

उपरिष्टाच्चतुर्दिक्षु दिङ्मूर्तीः कारयेद् बुधः ।
प्राच्यां दिशि च वाराहं नारसिंहं च दक्षिणे ॥ ३३ ॥
श्रीधरं पश्चिमायां च हयवक्त्रं तथोत्तरे ।
कोणेषु गरुडं कुर्याद् भित्तिं मुक्त्वा तु किञ्चन ॥ ३४ ॥

बुद्धिमान् साधक प्रासाद के ऊपरी भाग में चारो दिशाओं में दि निर्माण करावे पूर्व दिशा में वाराह की तथा दक्षिण में नारसिंह की निर्माण करावे पश्चिम में श्रीधर की मूर्त्ति उत्तर में हयग्रीव की मूर्ति में गरुड़ की मूर्त्ति निर्माण करावे । भित्ति को छोड़कर कहीं कोई मूर्त्ति निर्माण न करावे ॥ ३३-३४ ॥

वाराहं श्यामलं रूपं नारसिंहं सितं भवेत् ।
श्रीधरस्तु सुवर्णाभो रक्तः स्याद्धयशीर्षकः ॥ ३५ ॥

वाराह का स्वरूप वाला, नृसिंह का श्वेत, श्रीधर का सुवर्ण और हयग्रीव का वर्ण रक्त है ॥ ३५ ॥

वैनतेयः सुवर्णाभो भवेन्नीलाग्रनासिकः ।
दिङ्मूर्तीनां च सर्वासां प्रत्येकं पद्मासनम् ॥ ३६ ॥

गरुड़ का वर्ण सुवर्ण के समान, उनके अग्रभाग नासिका का वर्ण का बनवाना चाहिये । इन सभी दिङ्मूर्त्तियों को स्वरूप पद्मासन बनवाना चाहिये ॥ ३६ ॥

सुखासनं च वाराहं रूपमद्भुतदर्शनम् ।
पर्यङ्कबन्धसंयुक्तं नारसिंहं तथाद्भुतम् ॥ ३७ ॥

वाराह का रूप सुखासन है, इनका दर्शन अद्भुत है, नारसिंह पर्यङ्क के आसन से संयुक्त है । इनका भी दर्शन अद्भुत है ॥ ३७ ॥

श्रीधरः श्रीसहायो वा सुखासनगतोऽपि वा ।
योगासनस्थं कुर्वीत तथैव हयशीर्षकम् ॥ ३८ ॥

श्रीधर श्री के साथ और सुखासन पर विराजमान हैं । हयग्रीव को योगासन पर स्थित हुआ निर्माण करावे ॥ ३८ ॥

दक्षिणं चोरुमुन्नम्य वामं चासनगं भवेत् ।
सुखासनमिदं प्रोक्तं तथैव गरुडस्य च ॥ ३९ ॥

दाहिना ऊरू पैर का घुटने के ऊपर वाले हिस्से ऊपर उठाकर बायें पैर के ऊपर स्थापित करे तो वह सुखासन हो जाता है । इसी प्रकार गरुड़ को भी सुखासन पर निर्माण करावे (द्र. ८.३७) ॥ ३९ ॥

दिङ्मूर्तयस्त्वधस्ताच्च चतस्रः संप्रकीर्तिताः ।
नरो नारायणश्चैव हरिः कृष्णस्तथैव च ॥ ४० ॥

प्रासाद के निचले भाग के चारों दिशाओं में नर नारायण हरि और कृष्ण की दिङ्मूर्त्ती स्थापित करे । कोई लोग इन्द्र, यम, वरुण और सोम को दिङ्मूर्त्ती कहते हैं ॥ ४० ॥

ऐन्द्रादि सोमपर्यन्तं चतस्रो मूर्तयः स्मृताः ।
केचिच्च वासुदेवादीनाचार्याः परिचक्षते ॥ ४१ ॥
अपरे पुरुषाद्यास्तु दिशामूर्तीः प्रचक्षते ।
एतेषामपि सर्वेषां प्रत्येकं पद्मासनम् ॥ ४२ ॥

कोई-कोई आचार्य १. वासुदेव, २. सङ्कर्षण, ३. प्रद्युम्न और ४. अनिरुद्ध इन चार को दिङ्मूर्त्तियाँ कहते हैं । अन्य लोग पुरुषादिकों को भी दिशामूर्ती कहते हैं । इन सभी लोगों में प्रत्येक की मूर्ति को पद्मासन रूप में ही कहा गया है ॥ ४१-४२ ॥

चित्रे चाप्यर्धचित्रे च चित्राभासेऽपि वा पुनः ।
स्थानासनादि कुर्वीत शयनं यानगं तथा ॥ ४३ ॥

चित्र प्रतिमा, अर्धचित्र प्रतिमा, चित्राभास प्रतिमा को स्थान शयन एवं यानगामी बनावे ॥ ४३ ॥

स्थिता एवं दिशामूर्तीः स्थिते देवे प्रचक्षते ।
आसीनाश्च तथासीने उभयं वापि कुर्वते ।
एवं शास्त्रान्तरान्वेषी कारयेत् तन्त्रवित्तमः ॥ ४४ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां ब्रह्मरात्रे प्रासादविधिः अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

यदि देव खड़े हों तब दिङ्मूर्त्तियाँ भी खड़ी निर्माण करावे बैठे पर बैठी निर्माण करावे अथवा दोनों प्रकार का निर्माण करावे ।

इस प्रकार तन्त्र का अनुसंधान करने वाला तन्त्रवेत्ता प्रतिमा का निर्माण करावे ॥ ४४ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के प्रासादविधि नामक अप्टम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

ब्रह्मरात्रे
नवमोऽध्यायः
अर्चनाविधिः

सनत्कुमार उवाच—

अथातः संप्रवक्ष्यामि देवस्याराधनक्रमम् ।
अर्चना द्विविधा प्रोक्ता स्थावरास्थावरेति च ॥ १ ॥

अब इसके बाद विष्णु के आराधन का क्रम कहता हूँ । स्थावरा अस्थावरा भेद से अर्चना दो प्रकार की कही गई है ॥ १ ॥

स्थावरार्चनादिकथनम्

एकवेरविधानेन कर्तव्या स्थावरार्चना ।
कर्मार्चायां तु कर्तव्या भवेदस्थावरार्चना ॥ २ ॥

१. स्थावरा अर्चना एक बेर विधि से करनी चाहिये । २. कर्मार्चा में अस्थावरा अर्चना की जाती है ॥ २ ॥

एकवेरविधिस्थाने प्रायेण परिकीर्तिते ।
शयनासनयानेषु बहुवेरविधिर्नयेत् ॥ ३ ॥

एकवेर की विधि प्रतिमा की स्थिति में प्रायः कहा जा चुका हैं । प्रतिमा के शयन, आसन और यानविधि में बहुवेरविधि होती है ॥ ३ ॥

न कार्याः स्थावरार्चायां परिवाराः कथञ्चन ।
कर्मार्चायां परीवाराः कर्तव्याः परितः क्रमात् ॥ ४ ॥

साधक को स्थावरा अर्चा में किसी भी प्रकार परिवार (आवरण) का निर्माण नहीं करना चाहिये । कर्मार्चा में प्रतिमा के चारों ओर साधक को परिवार बनाना चाहिये ॥ ४ ॥

पादपीठार्चनादिकथनम्

उभयत्र यथाशास्त्रं योगपीठं प्रकल्पयेत् ।
धर्मं ज्ञानं च वैराग्यमैश्वर्यं च क्रमादिमे ॥ ५ ॥
योगपीठस्य पादाः स्युराग्नेयादिदिगाश्रिताः ।
तत्र मध्यमपादस्तु शिवः स्यान्नीललोहितः ॥ ६ ॥

स्थावरा और अस्थावरा दोनों अर्चा में शास्त्र की रीति से योगपीठ निर्माण करावे । धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य क्रमशः पीठ के आग्नेयादि कोणों में स्थापित करे । नीललोहित शिव मध्यपाद बनाकर निर्माण करे ॥ ५-६ ॥

न्यासार्चनादिकथनम्

परमेष्ठ्या न्यसेद्धर्मं पुंसा ज्ञानं च विन्यसेत् ।
विश्वेन चैव वैराग्यं निवृत्त्यैश्वर्यमेव च ॥ ७ ॥

पारमेष्ठी मुद्रा से धर्म का, पुंसा मुद्रा से ज्ञान का, विश्व मुद्रा से वैराग्य का और निवृत्ति मुद्रा से ऐश्वर्य में न्यास करे ॥ ७ ॥

सर्वेण रुद्रं मध्ये च योगपीठं समर्चयेत् ।
पद्मं तु विन्यसेन्मध्ये प्रणवेन समाहितः ॥ ८ ॥
तमश्चापि रजश्चापि सत्त्वं चापि गुणत्रयम् ।
कर्णिकायां न्यसेत् पूर्वं प्रणवेनोत्तरोत्तरम् ॥ ९ ॥

मध्य में स्थित रुद्र का सर्वमुद्रा से न्यास करे । इस प्रकार योगपीठ की अर्चा करे । तदनन्तर स्थिर चित्त से प्रणव के द्वारा मध्य में पद्म का न्यास करे । पद्म की कर्णिका में पूर्व से सत्त्व, रज और तम इन तीनों गुणों का प्रणव द्वारा उत्तरोत्तर न्यास करे ॥ ८-९ ॥

मन्त्रन्यासं ततः कुर्यात् मूलमन्त्रेण साधकः ।
मूलमन्त्रो द्विधा प्रोक्तस्तन्त्रेऽस्मिन् परमेष्ठिना ॥ १० ॥
अष्टाक्षरस्ततो मन्त्रो द्वादशाक्षर एव च ।
कुर्वीत चानयोरेकं न्यासकर्मणि साधकः ॥ ११ ॥

इसके बाद साधक मूलमन्त्र से न्यास करे । इस तन्त्र में मूलमन्त्र दो प्रकार का कहा गया है । प्रथम अष्टाक्षर मन्त्र और दूसरा द्वादशाक्षर मन्त्र । साधक न्यास के लिये इन दोनों में से किसी एक का न्यास करे ॥ १०-११ ॥

सृष्टिन्यासः स्थितिन्यासः संहृतिन्यास इत्यपि ।
यथाभिलषितं कुर्यात् सर्वथा कर्तुरिच्छया ॥ १२ ॥

सृष्टिन्यास, स्थितिन्यास और संहारन्यास इन तीनों में जो इच्छा हो वह न्यास करे, इसमें कर्त्ता की इच्छा ही प्रमाण है ॥ १२ ॥

मूर्धादिपादपर्यन्तः सृष्टिन्यासः प्रकीर्तितः ।
नाभ्यादिहृदयान्तस्तु स्थितिन्यास उदाहृतः ॥ १३ ॥
यः पादादिशिरोऽन्तः स संहृतिन्यास उच्यते ।
अष्टाक्षरस्य स्थानानि वक्ष्यन्ते क्रमयोगतः ॥ १४ ॥

शिर से लेकर पैर तक जो न्यास किया जाता है । वह सृष्टिन्यास नाभि से लेकर हृदयपर्यन्त जो न्यास किया जाता है । वह स्थितिन्यास पैर से लेकर शिर पर्यन्त किया जाने वाला न्यास संहारन्यास कहा जाता है । अब क्रम प्राप्त होने के कारण अष्टाक्षर न्यास के प्रत्येक अक्षरों का न्यास कहता हूँ ॥ १३-१४ ॥

अष्टाक्षरन्यासकथनम्

मूर्धा चक्षुर्मुखं चापि हृदयं नाभिरेव च ।
गुह्यं चापि ततो जानु चरणश्चाष्टमः स्मृतः ॥ १५ ॥
सृष्टिन्यास इति प्रोक्तः फलमैहिकमस्य तु ।
क्रियते राज्यकामैश्च धनकामैश्च योगिभिः ॥ १६ ॥
पुत्रकामैर्वधूकामैर्ग्रामकामैः सुखार्थिभिः ।
प्रायेणैषा गृहस्थैश्च क्रियते ब्रह्मचारिभिः ॥ १७ ॥

१. मूर्धा, २. चक्षु, ३. मुख, ४. हृदय, ५. नाभि, ६. गुह्य, ७. जानु और ८. चरण ये आठ स्थान है यह सृष्टिन्यास है—इसका इसी लोक में फल है, जो राज्य कामना, धन कामना, पुत्र कामना, बधू कामना, ग्राम कामना से प्रायोगी जब सुख की इच्छा वाले गृहस्थ और ब्रह्मचारी करते है ॥ १५-१७ ॥

स्थितिन्यासं तु वक्ष्यामि यथावत् तं निबोधत ।
पूर्वं नाभिर्भवेत् स्थानं द्वितीयं गुह्यमेव च ॥ १८ ॥
तृतीयं जानुदेशः स्याच्चतुर्थं चरणः स्मृतः ।
पञ्चमस्तु भवेन्मूर्धा षष्ठं चक्षुस्तथा स्मृतम् ॥ १९ ॥
सप्तमं मुखमध्यं तु हृदयं चाष्टमं तथा ।

स्थितिन्यास इति प्रोक्तः पूर्वोक्तक्रमयोगतः ॥ २०॥

अब स्थितिन्यास जिस प्रकार किया जाता है ... स्थितिन्यास में प्रथम नाभि, दूसरे में गुह्य, तीसरा जानु, ... पाँचवाँ मूर्धा, छठां नेत्र, सातवाँ मुख का मध्य एवं आठवाँ ... स्थान है । यहाँ तक स्थितिन्यास कहा गया जो पहले ... क्रमपूर्व कहा है ॥ १८-२० ॥

स्थितिन्यासफलकथनम्

हृदयादि च नाभ्यन्तं केचिदाहुर्मनीषिणः ।
नाभ्यन्तं तु स्थितिन्यासमाहुरूर्ध्वमुखं बुधाः ॥ २१ ॥
आहुस्तमेव विद्वांसो हृदयान्तमधोमुखम् ।
स्थितिकामैरयं कार्योऽमुत्रेह च फलार्थिभिः ॥ २२ ॥

कोई विद्वान् हृदय से आरम्भ कर नाभि पर्यन्त स्थितिन्यास ... इस नाम्यन्त न्यास को वे बुद्धिमान् ऊर्ध्वमुख कहते हैं । कोई विद्वान् इसी को नाभि से आरम्भ कर हृदयान्त को अधोमुख ... परलोक में तथा इस लोक में फल प्राप्त करने की इच्छा ... को यह स्थितिन्यास करना चाहिये ॥ २१-२२ ॥

स्थिते चोर्ध्वमुखे चास्मिन्नमुत्र द्विगुणं फलम् ।
स्थिते चाधोमुखे चास्मिन्निहैव द्विगुणं फलम् ॥ २३ ॥

ऊर्ध्वमुख स्थिति न्यास करने वालों को परलोक में दूना फल ... है तथा अधोमुख स्थितिन्यास करने वालों को इस लोक में ... फल प्राप्त हो जाता है ॥ २३ ॥

प्रायेणैष गृहस्थानां न्यास उक्तः सनातनः ।
वक्ष्यामि संहृतिन्यासं साक्षान्मोक्षमुखप्रदम् ॥ २४ ॥

प्रायः गृहस्थों के लिये यह सनातन न्यास कहा गया है । अब ... का सुख प्रदान करने वाले संहारन्यास को कहता हूँ ॥ २४ ॥

संहारन्यासफलकथनम्

पादः स्थानं भवेदाद्यं द्वितीयं जानु कीर्तितम् ।
तृतीयं गुह्यदेशस्तु चतुर्थं नाभिरेव च ॥ २५ ॥
हृदयं पञ्चमं प्रोक्तं षष्ठं वै मुखमुच्यते ।

चक्षुश्च सप्तमं स्थानं मूर्धा चाष्टम उच्यते ॥ २६ ॥

संहारन्यास में सर्वप्रथम पाद, द्वितीय जानु, तृतीय गुह्यप्रदेश, चौथा ... पाँचवाँ हृदय, छठा मुख, सातवाँ नेत्र और आठवाँ मूर्धा कहा ... है ॥ २५-२६ ॥

एष वै संहृतिन्यासः क्रियते मोक्षकाङ्क्षिभिः ।
वानप्रस्थयतीनां च प्रायो न्यासस्त्वयं भवेत् ॥ २७ ॥

यह संहारन्यास मोक्ष की इच्छा रखने वाले लोग करते हैं । यह ... प्रायः वानप्रस्थ अवस्था वालों के लिये कहा गया है ॥ २७ ॥

द्वादशाक्षरमन्त्रस्य सृष्टिन्यासकथनम्

द्वादशाक्षरबीजानां स्थानानि कथयामि वः ।
पूर्वं तु शिरसो मध्यं द्वितीयं दक्षिणं ततः ॥ २८ ॥
तृतीयं पश्चिमं चैव चतुर्थं चोत्तरं ततः ।
पूर्वं तु पञ्चमं प्रोक्तं चक्षुः षष्ठमुदाहृतम् ॥ २९ ॥
सप्तमं तु मुखं प्रोक्तमष्टमं हृदयं विदुः ।
नवमं नाभिदेशस्तु दशमं गुह्यमेव च ॥ ३० ॥
एकादशं भवेज्जानु द्वादशं चरणस्तथा ।
सृष्टिन्यास इति प्रोक्तः स्थितिन्यासस्तु वक्ष्यते ॥ ३१ ॥

अब द्वादशाक्षर बीजों का स्थान आप लोगों से कहता हूँ । सर्व... शिर का मध्य भाग द्वितीय शिर का दक्षिण भाग तृतीय पश्चिम भाग चतुर्थ उत्तर का भाग पञ्चम शिर का पूर्व भाग षष्ठ चक्षु सदाम ... अष्टम हृदय नवम नाभिदेश दशम गुह्य स्थान एकादश जानु तथा द्वादश चरण स्थान होता है । यहाँ तक द्वादशाक्षर का सृष्टिन्यास कहा ... अब स्थितिन्यास कहा जा रहा है ॥ २८-३१ ॥

द्वादशाक्षरमन्त्रस्य स्थितिन्यासकथनम्

मुखं तु प्रथमं स्थानं द्वितीयं हृदयं तथा ।
तृतीयं नाभिदेशस्तु चतुर्थं गुह्यमुच्यते ॥ ३२ ॥
पञ्चमं जानुदेशश्च षष्ठं चरण उच्यते ।
मूर्धनि सप्तमं प्राहुरष्टमं तस्य दक्षिणम् ॥ ३३ ॥
नवमं पश्चिमं प्रोक्तमुत्तरं दशमं तथा ।

पूर्वमेकादशं प्रोक्तं द्वादशं चक्षुरुच्यते ॥ ३४ ॥

प्रथम मुख, द्वितीय हृदय, तृतीय नाभि स्थान, चौथा गुह्य, जानु, षष्ठ चरण, सातवाँ मूर्धा, आठवाँ मूर्धा का दक्षिण भाग, मूर्धा का पश्चिम भाग, दशम उत्तर भाग, एकादश पूर्व भाग और द्वादश चक्षु कहा गया है ॥ ३२-३४ ॥

स्थितिन्यासकथनम्

अत्रापि चक्षुरादिं च स्थितिन्यासं प्रचक्षते ।
आहुरूर्ध्वमुखं चैतन्मुखान्तं तन्त्रवित्तमाः ॥ ३५ ॥
तथैव कथयन्त्येते चक्षुरन्तमधोमुखम् ।

यहाँ पर भी तन्त्रवेत्ता चक्षु से लेकर मुखान्त न्यास को ऊर्ध्व स्थितिन्यास कहते हैं । इसी प्रकार कोई तन्त्रवेत्ता मुख से आरम्भ चक्षु के अन्त तक अधोमुख स्थितिन्यास कहते हैं ॥ ३५-३६ ॥

स्थितिकामैरयं कार्यः फलं पूर्वोक्तमेव तु ॥ ३६ ॥

स्थितिन्यास की कामना वाले इस न्यास को करें । फल पूर्व में दिया गया है ॥ ३६ ॥

द्वादशाक्षरमन्त्रस्य संहृतिन्यासकथनम्

वक्ष्यते संहृतिन्यासः पूर्वोक्तक्रमयोगतः ।
पादस्तु प्रथमं स्थानं द्वितीयं जानु कीर्तितम् ॥ ३७ ॥

अब द्वादशाक्षर का पूर्वोक्त क्रम के योग से संहृतिन्यास कहते हैं । प्रथम स्थान पाद, द्वितीय जानु, कहा गया है ॥ ३७ ॥

तृतीयं गुह्यदेशश्च चतुर्थं नाभिरेव च ।
पञ्चमं हृदयं प्रोक्तं षष्ठं वै मुखमुच्यते ॥ ३८ ॥

तृतीय गुह्यस्थान, चतुर्थ नाभि, पञ्चम हृदय, षष्ठस्थान मुख गया है ॥ ३८ ॥

सप्तमं तु तथा चक्षुः शिरसः पूर्वमष्टमम् ।
उत्तरं नवमं प्रोक्तं पश्चिमं दशमं तथा ॥ ३९ ॥
एकादशं दक्षिणं तु मूर्धा द्वादशमुच्यते ।
एष वै संहृतिन्यासः फलं पूर्वोक्तमेव तु ॥ ४० ॥

सप्तम चक्षु, अष्टम शिर का पूर्व भाग, नवम शिर का उत्तर भाग, दशम शिर का पश्चिमभाग, एकादश शिर का दक्षिण भाग तथा द्वादश मूर्धा स्थान कहा गया है । यही संहार न्यास है इसका फल पहले कह चुके हैं ॥ ३९-४० ॥

अष्टाक्षरमन्त्रस्य करन्यासकथनम्

वक्ष्यते च करन्यासो येन शुद्धिः करस्य तु ।
सर्वाङ्गुलीनां मध्ये च करन्यासः प्रशस्यते ॥ ४१ ॥

अब करन्यास कहते हैं, जिससे कर शुद्ध होता है । सभी अङ्गुलियों के मध्य में करन्यास प्रशस्त कहा गया है ॥ ४१ ॥

बीजानां करन्यासस्थलकथनम्

अङ्गुल्याद्यन्तरेखाः स्युः स्थानानि प्रणवस्य ह ।
अत्रापि त्रिविधो न्यासः पूर्ववत् परिकीर्तितः ॥ ४२ ॥

अङ्गुलियों की आदि रेखा से प्रारम्भ कर अन्तरेखा तक का स्थान प्रणव द्वारा न्यास करन्यास होता है । यह न्यास भी पूर्व की भाँति तीन प्रकार का (सृष्टि, स्थिति, संहार) कहा गया है ॥ ४२ ॥

यस्तु दक्षिणहस्तादि वामहस्तान्त इष्यते ।
स सृष्टिन्यास इत्युक्तः संहारे विपरीतकः ॥ ४३ ॥

दक्षिण हाथ की आदि रेखा से प्रारम्भ कर वामहाथ की अन्त रेखा तक जो न्यास किया जाता है वह सृष्टि न्यास कहा जाता है । संहार में उससे विपरीत अर्थात् बायें हाथ की अन्त रेखा से प्रारम्भ कर दाहिने हाथ की आदि रेखा तक संहार न्यास कहा जाता है ॥ ४३ ॥

कनिष्ठाद्यन्तमत्रापि स्थितिन्यासं प्रचक्षते ।

यहाँ कनिष्ठा अङ्गुलि की आदि रेखा से प्रारम्भ कर अन्त रेखा तक स्थितिन्यास कहा जाता है ॥ ४४ ॥

प्रणवस्य करन्यासस्थलकथनम्

त्रिमात्रं प्रणवं हस्ते दक्षिणे विनिवेशयेत् ॥ ४४ ॥
तथा चाङ्गुष्ठमध्ये तु तर्जन्यादौ तथैव च ।

दाहिने हाथ में तीन मात्रा में प्रणव का उच्चारण कर न्यास करे । विद्वान् साधक अङ्गुष्ठ के मध्य में तथा तर्जनी के आदि में तीन प्रणव से न्यास करे ॥ ४४-४५ ॥

अष्टाक्षरादिबीजस्य करन्यासस्थलकथनम्

अष्टाक्षरादिबीजं च तर्जन्या मध्यमे न्यसेत् ॥ ४५ ॥
अन्ते त्रिमात्रं प्रणवं मध्यमादौ तथैव च ।

अष्टाक्षर के प्रथम बीज से तर्जनी के मध्य में न्यास करे । ... के अन्त में तीन मात्रा वाले प्रणव से न्यास करे । इसी प्रकार ... के आदि में तीन प्रणव से न्यास करे ॥ ४५-४६ ॥

द्वितीयं मध्यमामध्ये प्रणवं चान्तगोचरे ॥ ४६ ॥
प्रणवं चाप्यनामादौ तृतीयं मध्यमे न्यसेत् ।

द्वितीय अक्षर से मध्यमा के मध्य में और अन्त में प्रणव से न्यास करे । अनामिका के आदि में प्रणव से, मध्यमा में तृतीय वर्ण से ... प्रकार अन्त में प्रणव से न्यास करे ॥ ४६-४७ ॥

अन्ते च प्रणवं तद्वत् कनिष्ठादौ तथैव च ॥ ४७ ॥
चतुर्थं मध्यमे तस्याः प्रणवं चान्तगोचरे ।

उसी प्रकार कनिष्ठा के आदि में प्रणव से, मध्य में चतुर्थ वर्ण ... और अनामिका में प्रणव से न्यास करे ॥ ४७-४८ ॥

सृष्टिन्यासकथनम्

तथा वामकनिष्ठादौ प्रणवं विनिवेशयेत् ॥ ४८ ॥
मध्ये च पञ्चमं तस्या अन्ते प्रणवमेव च ।

इसी प्रकार बायें हाथ की कनिष्ठा के आदि में प्रणव से न्यास करे । उसके मध्य में पञ्चम वर्ण से एवं अन्त में भी प्रणव से न्यास करे ॥ ४८-४९ ॥

प्रणवं चाप्यनामादौ षष्ठं वै मध्यतो न्यसेत् ॥ ४९ ॥
तस्यां तु प्रणवं चान्ते मध्यमादौ तथा पुनः ।
सप्तमं मध्यमामध्ये प्रणवं चान्तगोचरे ॥ ५० ॥

तदनन्तर अनामिका के आदि में प्रणव से और मध्य में षष्ठ ... से फिर अन्त में प्रणव से न्यास करे । तदनन्तर विद्वान् साधक ... के आदि में प्रणव से एवं मध्य में सप्तम बीज से और अन्त में ... से न्यास करे ॥ ३५-३६ ॥

तर्जन्यादौ तथा चैव मध्ये चाष्टममेव तु ।

अन्ते च प्रणवं तस्यास्तथा चाङ्गुष्ठमध्यमे ॥ ५१ ॥

फिर तर्जनी के आदि में प्रणव से और मध्य में अष्टमवर्ण से न्यास करे । पुनः अन्त में प्रणव से न्यास करे । इसी प्रकार अङ्गुष्ठ में प्रणव से न्यास करे ॥ ५१ ॥

वामहस्तस्य मध्ये च तथैव प्रणवं न्यसेत् ।
सृष्टिन्यास इति प्रोक्तः संहारे विपरीतकः ॥ ५२ ॥

साधक बाम हाथ के मध्य में पूर्व की भाँति प्रणव का न्यास करे । इस प्रकार सृष्टिन्यास कहा गया । संहारन्यास में इससे विपरीतन्यास होता है ॥ ५२ ॥

अङ्गुष्ठे करमध्ये च तर्जन्या न्यास इष्यते ।
केचिन्मध्यमा न्यासं करमध्ये प्रचक्षते ॥ ५३ ॥

अङ्गुष्ठ और कर के मध्य में तर्जनी से न्यास करना चाहिये कोई-कोई आचार्य कर के मध्य में मध्यमा से न्यास कहते हैं ॥ ५३ ॥

अङ्गुलीष्वथ सर्वासु अङ्गुष्ठाग्रेण विन्यसेत् ।
स्वस्वाङ्गुलीषु स्वाङ्गुल्या करयोर्न्यास इष्यते ॥ ५४ ॥

दोनों हाथों के सभी अङ्गुलियों में अङ्गुष्ठ के अग्रभाग से न्यास करे बायें तथा दाहिने हाथ की अङ्गुलियों में बाये हाथ की अङ्गुलियों में बायें अङ्गुष्ठ के अग्र भाग से तथा दाहिने हाथ की अङ्गुलियों में दाहिने अँगूठे के अग्रभाग से न्यास करे ॥ ५४ ॥

द्वादशाक्षरबीजानां न्यासस्थलकथनम्

द्वादशाक्षरबीजानामेवं न्यासं प्रचक्षते ।
अङ्गुष्ठे करमध्ये चाप्याद्यन्ते प्रणवं न्यसेत् ॥ ५५ ॥

द्वादशाक्षर मन्त्र के बीजों द्वारा भी इसी प्रकार न्यास करे । अंगूठे में तथा करके मध्य दोनों हाथ की अङ्गुलियों के आदि अन्त में आदि तथा अन्त में प्रणव से न्यास करे ॥ ५५ ॥

दक्षिणेन करेणैव शरीरे न्यास इष्यते ।
मूर्ध्नि मध्यमया न्यासमङ्गुल्या समुदाहृतम् ॥ ५६ ॥

शरीर में दाहिने हाथ से ही न्यास करे । शिर में मध्यमा अङ्गुली से न्यास की विधि कही गई है ॥ ५६ ॥

मध्यमातर्जनीभ्यां तु चक्षुषोर्न्यास इष्यते ।
अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु मुखे न्यासः प्रकीर्तितः ॥ ५७ ॥

दोनों नेत्रों में मध्यमा और तर्जनी से तथा मुख में अङ्गुष्ठ अनामिका से न्यास विधान कहा गया है ॥ ५७ ॥

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु हृदये न्यास उच्यते ।
तथाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां नाभिन्यासं प्रकल्पयेत् ॥ ५८ ॥

हृदय में अङ्गुष्ठ तर्जनी से न्यास करे अङ्गुष्ठ और कनिष्ठा से नाभि स्थान में न्यास करे ॥ ५८ ॥

गुह्येऽङ्गुष्ठेन शेषाभिर्जानुनोर्न्यास उच्यते ।
पञ्चभिश्चाङ्गुलीभिस्तु पादे न्यासः प्रकीर्तितः ॥ ५९ ॥
एवमेव स्थितिन्यासे संहारे च प्रकल्पयेत् ।
एष त्वष्टाक्षरन्यासो विशेषो द्वादशाक्षरे ॥ ६० ॥

गुह्य में अङ्गुष्ठ से शेष अङ्गुलियों से दोनों जानुओं में न्यास पाँचों अङ्गुलियों से पैर में न्यास कहा गया है । इसी प्रकार स्थिति एवं संहारन्यास में अङ्गुलियों का प्रयोग कहा गया है । यही अष्टाक्षर न्यास कहा गया है । अब द्वादशाक्षर द्वारा शरीर न्यास विशेषता कहते हैं ॥ ५९-६० ॥

द्वादशाक्षरमन्त्रस्य करन्यासकथनम्

शिरसो दक्षिणे भागे तर्जन्या विन्यसेद् बुधः ।
पश्चिमे मध्यमाग्रेण उत्तरे चाप्यनामया ॥ ६१ ॥
कनिष्ठया पूर्वभागे शेषं सर्वं तु पूर्ववत् ।
बीजानि विन्यसेदेवं कृत्वा प्रणवसंपुटम् ॥ ६२ ॥

बुद्धिमान् साधक शिर के दक्षिण भाग में तर्जनी से पश्चिम में मध्यमा के अग्रभाग से उत्तर भाग में अनामिका से पूर्व भाग में कनिष्ठा से न्यास करे । शेष आठ न्यास पूर्ववत् करे । इसी प्रकार प्रणव संपुट कर बीज न्यास करे ॥ ६१-६२ ॥

अष्टाक्षरबीजानां वर्णकथनम्

सर्वं पृथक्पृथग्वर्णं ध्यात्वा ध्यात्वा तु विन्यसेत् ।
वर्णानष्टाक्षराणां तु प्रवक्ष्यामि यथायथम् ॥ ६३ ॥

न्यास में उपयोग किये जाने वाले बीजों के अक्षरों को पृथक्-पृथक (वर्णों) का ध्यान करते हुये न्यास करे । अब प्रसङ्ग प्राप्त के बीजों (अक्षरों) जैसा वर्ण है उसे वर्ण कहता हूँ ॥ ६३ ॥

रक्तं तु प्रथमं बीजं द्वितीयं गौरमेव च ।
तृतीयं धूम्रवर्णं तु चतुर्थं श्यामलं भवेत् ॥ ६४ ॥
पञ्चमं ज्योतिषो रूपं षष्ठं स्फटिकसंनिभम् ।
शङ्खाभं सप्तमं बीजमष्टमं रजतप्रभम् ॥ ६५ ॥

अष्टाक्षर में प्रथम बीजाक्षर रक्त, द्वितीय और तृतीय धूम्रवर्ण, चौथा श्यामल, पञ्चम ज्योति रूप, षष्ठ स्फटिक तुल्य, सप्तम शङ्ख के समान तथा अष्टम रजत वर्ण के तुल्य कहा गया है ॥ ६४-६५ ॥

द्वादशाक्षरबीजानां वर्णकथनम्

द्वादशाक्षरबीजानां वर्णान् वक्ष्ये यथाक्रमम् ।
पीतं तु प्रथमं बीजं द्वितीयं कृष्णमेव च ॥ ६६ ॥
गौरवर्णं तृतीयं तु चतुर्थं श्यामलं भवेत् ।
रक्तं तु पञ्चमं षष्ठं धूम्रवर्णमुदाहृतम् ॥ ६७ ॥
सप्तमं तु भवेन्नीलमष्टमं रक्तमेव च ।
नवमं शुक्लवर्णं तु दशमं लोहितप्रभम् ॥ ६८ ॥
एकादशं तमोरूपं द्वादशं पीतमेव च ।
एवं ध्यायेद्यथान्यासं न्यासस्थानेषु साधकः ॥ ६९ ॥

अब द्वादशाक्षर के बीज के अक्षरों का वर्ण यथाक्रम कहता हूँ । प्रथम अक्षर पीत वर्ण दूसरा काला तीसरा गौर चौथा श्यामल पाँचवाँ रक्त छठा धूम्र वर्ण कहा गया है सातवाँ नील आठवाँ रक्त नवम शुक्ल दशम लोहित प्रभा के समान एकादश अन्धकार के समान तथा द्वादश अक्षर का वर्ण पीत है । साधक इस प्रकार से द्वादशाक्षर मन्त्र के बीजों का ध्यान करते हुये न्यास स्थान में न्यास करें ॥ ६६-६९ ॥

सकृदेष करन्यासो द्विः करन्यास उच्यते ।
यथा देहे तथा देवे न्यासं कुर्याद्विचक्षणः ॥ ७० ॥

यह करन्यास एक बार कहा गया अब दूसरा कहता हूँ जिस प्रकार अपने शरीर में न्यास कहा गया है उसी प्रकार देवता के विग्रह में करें तो वह द्वितीय न्यास होता है ॥ ७० ॥

न्यासबीजार्चनादिकथनम्

करन्यासं तु देवस्य कारयित्वा यथोदितम् ।
अर्चयेद्गन्धपुष्पैस्तु न्यासबीजानि साधकः ॥ ७१ ॥
एवं कृत्वा करन्यासमर्चनापात्रमाहरेत् ।
प्रक्षाल्य विष्णुगायत्र्या प्रणवेन परामृशेत् ॥ ७२ ॥

उपर्युक्त प्रकार से देवता का करन्यास संपादन कराकर गन्ध पुष्पादि से न्यास बीजों की अर्चना करे । इस प्रकार करन्यास कर पात्र स्थापित करे । उस पूजापात्र को विष्णु गायत्री से प्रक्षालित कर प्रणव से उसका स्पर्श करे ॥ ७१-७२ ॥

अष्टाक्षरेण तोयं तु सगन्धं तत्र सेचयेत् ।
पञ्च गन्धांश्च मूलं च क्रमेण विनिवेशयेत् ॥ ७३ ॥

अष्टाक्षर मन्त्र से गन्धयुक्त जल उसमें डाले फिर उसमें पञ्चगन्ध और मूल क्रमशः डाले ॥ ७३ ॥

चक्रमन्त्रैर्दिशाबन्धं प्रकुर्याच्चक्रमुद्रया ।
षडक्षरेण संदध्यादग्निप्राकारमेव च ॥ ७४ ॥

तदनन्तर चक्रमन्त्र पढ़कर चक्रमुद्रा प्रदर्शित करते हुये दिग्बन्ध करे। षडक्षर मन्त्र पढ़कर उसके आचारों और अग्नि का प्राकार करे ॥ ७४ ॥

दर्शयित्वा महामुद्रां ततः कवचमुद्रया ।
विष्णुं चापि महाविष्णुं सदाविष्णुं च चिन्तयेत् ॥ ७५ ॥

तदनन्तर महामुद्रा दिखाकर कवच मुद्रा बनाकर विष्णु महाविष्णु सदाविष्णु का ध्यान करे ॥ ७५ ॥

तेजोमयं सदाविष्णुं प्रणवेन समाह्वयेत् ।
तं च युञ्ज्यान्महाविष्णौ तं विष्णौ विनिवेशयेत् ॥ ७६ ॥

तेजोमय सदाविष्णु को प्रणव से आवाहन करे । उन्हें महाविष्णु में लीन करे । फिर साधक उन दोनों को विष्णु में लीन कर दे ॥ ७६ ॥

तं च पात्रे प्रयुञ्जीत पात्रेऽस्मिंश्चिन्तयेद्धरिम् ।
तत् तोयं प्रतिमामूर्ध्नि मूलमन्त्रेण सेचयेत् ॥ ७७ ॥

फिर उन विष्णु को पात्र में स्थापित कर पात्र के जल में हरि का ध्यान करे । फिर वह जल प्रतिमा के सिर पर मूल मन्त्र पढ़ते हुये छिड़क दे ॥ ७७ ॥

अर्घ्यं दद्याच्च मूलेन पाद्यमाचमनीयकम् ।
ततः स्वागतमुद्रां तु दर्शयित्वा विचक्षणः ॥ ७८ ॥
आसनं विष्णुगायत्र्या दत्त्वा स्थानानि कल्पयेत् ।
कल्पयेत् परिवाराणां सरस्वत्यास्तु नैर्ऋते ॥ ७९ ॥
वायव्ये तु रतेः स्थानं शान्तेरीशानगोचरे ।
द्वितीयावरणे पश्चान्मुद्रास्थानानि कल्पयेत् ॥ ८० ॥

तदनन्तर मूलमन्त्र से अर्घ्य पाद्य आचमनीय देकर विचक्षण साधक स्वागत मुद्रा प्रदर्शित कर विष्णु गायत्री से आसन प्रदान करे । उनके परिवार (आवरण) देवताओं को तत्तत्स्थानों में स्थापित करे । सरस्वती को नैर्ऋत्य में, रति को वायव्य में और शान्ति को ईशान में स्थापित करे । इसके पश्चात् द्वितीय आवरण में विचक्षण साधक मुद्रास्थान स्थापित करे ॥ ७८-८० ॥

पूर्वे शङ्खं नियुञ्जीत दक्षिणे चक्रमेव च ।
पश्चिमे तु गदां कुर्यादुत्तरे पद्मेव च ॥ ८१ ॥
आग्नेये लाङ्गलं चैव नैर्ऋते खड्गमेव च ।
वायव्ये च तदा शार्ङ्गमीशाने वनमालिकाम् ॥ ८२ ॥

पूर्व में शङ्ख दक्षिण दिशा में चक्र, पश्चिम में गदा, उत्तर में कमल, आग्नेय में लाङ्गल (हल), नैर्ऋत्य में खड्ग, वायव्य में शार्ङ्गधनुष और ईशान में वनमाला स्थापित करे ॥ ८१-८२ ॥

तृतीयावरणे पश्चाल्लोकपालांस्तु कल्पयेत् ।
स्वनाम परिवाराणां मन्त्र इत्यभिधीयते ॥ ८३ ॥

तृतीय आवरण में उसके पश्चिम लोकपालों को स्थापित करे । इन परिवारों को उनके नामों से स्थापित करे यथा 'सरस्वतीमावाहयामि सरस्वत्यै नमः' इत्यादि ॥ ८३ ॥

सर्वेषामपि चैतेषां प्रत्येकं तु पद्मासनम् ।
भगवत्प्रमुखं पश्चाद् गरुत्मानं नियोजयेत् ॥ ८४ ॥

इन सभी परिवारों में प्रत्येक का पद्मासन कहा गया है । इन भगवत् प्रमुख आवरणों के पश्चात् गरुड़ को नियुक्त करे ॥ ८४ ॥

विष्वक्सेनं तथैशान्यां तृतीयावरणाद्बहिः ।
पात्रस्थं सेचयेत् तोयं प्रत्यावरणमासने ॥ ८५ ॥

फिर तृतीय आवरण से बाहर विचक्षण साधक ईशान में विष्वक्सेन का आवाहन करे । तदनन्तर प्रत्येक आवरण के आसन पर पात्रस्थ जल छिड़के ॥ ८५ ॥

सेचयित्वा क्रमेणैव स्वां स्वां मुद्रां च दर्शयेत् ।
अत्रावशिष्टं सर्वं तु विष्वक्सेनाय निक्षिपेत् ॥ ८६ ॥

इस प्रकार क्रमशः सेचन कर तत्तन्मुद्रा प्रदर्शित करे । शेष जल विष्वक्सेन के ऊपर छोड़ देवे ॥ ८६ ॥

बद्ध्वा निर्माल्यमुद्रां च प्रक्षाल्य विधिवत् करम् ।
अथाचमनमुद्रां च दर्शयित्वा विचक्षणः ॥ ८७ ॥
ततः पुरुषसूक्तेन देवं तमभिषेचयेत् ।
स्नानमुद्रां ततो बद्ध्वा स्नापयेत् परिवारकान् ॥ ८८ ॥

तदनन्तर निर्माल्यमुद्रा बाँध कर विधिवार कर प्रक्षालन कर विचक्षण साधक आचमन मुद्रा प्रदर्शित कर पुरुषसूक्त से देव प्रतिमा का अभिषेचन करे । स्नानमुद्रा बाँध कर परिवार गणों को स्नान करावे ॥ ८७-८८ ॥

दद्याद् वस्त्रं च मूलेन वस्त्रमुद्रां च दर्शयेत् ।
तेन यज्ञोपवीतं च तन्मुद्रान्तं निवेदयेत् ॥ ८९ ॥

मूलमन्त्र से देवता को वस्त्र देवे और वस्त्रमुद्रा प्रदर्शित करे, उसी से यज्ञोपवीत देवे फिर वही मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ८९ ॥

तथैव परिवारेभ्यो दत्त्वा मुद्राश्च दर्शयेत् ।
तेनालङ्करणं दत्त्वा कृत्वालङ्कारमुद्रिकाम् ॥ ९० ॥

इसी प्रकार सभी परिवारों को वस्त्र यज्ञोपवीत देकर मुद्रा प्रदर्शित करे फिर देवाधि देव को अलङ्कार देकर अलङ्कार मुद्रा करे ॥ ९० ॥

गन्धं पुंसा तु दातव्यं पुष्पं विश्वेन चैव हि ।
धूपं चापि निवृत्त्या तु दीपं सर्वेण चैव हि ॥ ९१ ॥
दत्त्वा दत्त्वा क्रमादेवं स्वां स्वां मुद्रां च दर्शयेत् ।

एतांस्तु परिवारेभ्यो दद्यात्तन्मात्रविद्यया ॥ ९२ ॥

पुंसा मुद्रा से गन्ध, विश्व मुद्रा से पुष्प, निवृत्तिमुद्रा से धूप, सर्वमुद्रा से दीपप्रदान करे । इस प्रकार क्रमशः सभी पूजा सामग्री प्रदान कर तत्तन्मुद्रा प्रदर्शित करे । इसी क्रम से समस्त पूजा विधि परिवार के देवताओं के लिये भी तत्तन्मात्र विद्या से प्रदान करे ॥ ९१-९२ ॥

वस्त्रं सूत्रमलङ्कारं स्पर्शतन्मात्रविद्यया ।
गन्धं पुष्पं च धूपं च गन्धतन्मात्रविद्यया ॥ ९३ ॥
दीपमादर्शकं चापि रूपतन्मात्रविद्यया ।
चरून् निवेदयेत् पश्चात् साधकः परमेष्ठिना ॥ ९४ ॥

वस्त्र यज्ञोपवीत और अलङ्कार स्पर्शतन्मात्र विद्या से, गन्ध, पुष्प और धूप तन्मात्रविद्या से, दीप और आदर्श रूपतन्मात्रविद्या से प्रदान करे । तदनन्तर साधक वैदिक रीति से चरू समर्पण करे ॥ ९३-९४ ॥

रसतन्मात्रया वापि मूलमन्त्रेण वा पुनः ।
एकवेरविधानं चेद्धोमस्तत्र न विद्यते ॥ ९५ ॥

चरू का समर्पण रस तन्मात्र विद्या से करे । यदि एक वेर विधान से (आवरण रहित) पूजा हो तब होम न करे ॥ ९५ ॥

तत्रापि चाग्निकार्याणि केचिदाहुर्मनीषिणः ।
अग्नौ च कल्पयेद् देवं योगपीठादिलक्षणम् ॥ ९६ ॥

कोई-कोई विद्वान् एकवेर विधि से की जाने वाली अर्चना में अग्नि कार्य का विधान करते हैं । अतः अग्नि में भी योगपीठादि लक्षण देव की कल्पना करे ॥ ९६ ॥

समिधो मूलमन्त्रेण प्रणवेनाज्यमेव च ।
चरुं पुरुषसूक्तेन हुत्वा ध्यायेत् सदा हरिम् ॥ ९७ ॥

मूल मन्त्र से समिधा की आहुति प्रणव से आज्य की आहुति पुरुषसूक्त से चरु की आहुति देकर सदाविष्णु का ध्यान करे ॥ ९७ ॥

आचम्य मूलमन्त्रेण न्यासं कृत्वा तु पूर्ववत् ।
मूर्ध्नि प्रणवमुद्रां च विन्यस्यार्कमुदीक्ष्य च ॥ ९८ ॥
नमस्कृत्वा ततो देवं दद्यादाचमनं ततः ।
बद्ध्वाचमनमुद्रां च उच्छिष्टान्यपनीय च ॥ ९९ ॥

हस्तौ प्रक्षाल्य तोयेन कृत्वा निर्माल्यमुद्रिकाम् ।
मालामञ्जलिपुष्पं च दत्त्वा देवाय मात्रया ॥ १०० ॥

मूलमन्त्र से आचमन कर पूर्ववत् न्यास कर शिर पर अर्घ्य स्थापित कर सूर्य का दर्शन कर देवाधिदेव को नमस्कार करे । आचमनमुद्रा से आचमन करावे ।

उच्छिष्ट दूर कर देवे । दोनों हाथ का प्रक्षालन कर निर्माल्यमुद्रा बनाकर देवाधि देव को माला और पुष्पाञ्जलि प्रदान देवे ॥ ९८-१०० ॥

देवस्याभिमुखो भूत्वा जपेच्चैवाक्षमालया ।
मूलमन्त्रद्वयं चापि पञ्चोपनिषदो जपेत् ॥ १०१ ॥
ततश्च विष्णुगायत्रीमष्टोत्तरशतं क्रमात् ।
जप्त्वाथ जपमुद्रां च दर्शयित्वा विचक्षणः ॥ १०२ ॥
कृत्वाष्टाङ्गनमस्कारं जपेत् त्रिर्वै षडक्षरम् ।
अर्चनां च फलं चापि आत्मानं विनिवेद्य च ॥ १०३ ॥

तदनन्तर साधक प्रतिमा के सामने बैठकर दोनों मूलमन्त्र का जप करे । पञ्चोपनिषद् का पाठ करे । फिर साधक एक सौ विष्णु गायत्री का जप करे ।

जप करने के पश्चात् विचक्षण साधक जपमुद्रा प्रदर्शित कर ... अर्चन सामग्री फल और स्वय अपने को भी भगवान् के लिये ... करे ॥ १०१-१०३ ॥

उत्थाय त्रिः परिक्रम्य प्रदक्षिणमनुस्मरन् ।
अग्निं प्रदक्षिणीकृत्य प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ॥ १०४ ॥
दक्षिणां च यथाशक्ति वैष्णवाय निवेदयेत् ।
तदनुज्ञासमायुक्तो देवमुद्वासयेत् ततः ॥ १०५ ॥

फिर आसन से उठकर अञ्जलिमुद्रा से प्रणाम कर तीन बार प्रदक्षिणा कर अग्नि की प्रदक्षिणा करे । वैष्णवों को यथाशक्ति दक्षिणा देवे उनकी आज्ञा स देवता का विसर्जन करे ॥ १०४-१०५ ॥

पात्रे तोयं समादाय कराभ्यां वै पिधाय च ।
सेचयेत् प्रतिमामूर्ध्नि मन्त्रमेतमुदीरयन् ॥ १०६ ॥

जितं त इति यो मन्त्रस्तारत्रयनमोऽन्तकः ।
मानसं तु जपं कृत्वा त्रिस्त्रीन् विष्णूननुस्मरन् ।
यथैव देवता भूता तथैव तु लयं स्मरेत् ॥ १०७ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां ब्रह्मरात्रे अर्चनाविधिः नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

किसी पात्र में जल लेकर हाथ से ढक कर 'जितं ते' इस मन्त्र को पढ़ते हुये प्रतिमा के शिर पर सेचन करे । इस मन्त्र में आदि में तीन ॐ और अन्त में नमः लगावे यथा

ॐ ॐ ॐ जितं ते पुण्डरीकाक्ष' का स्मरण करते हुये महापुरुष ॐ नमस्तेऽस्तु हृषीकेश नमस्ते विश्वभावना ।

फिर इस मन्त्र का तीन बार जप करे । साधक तीनों विष्णु जैसे उत्पन्न हुये थे उसी प्रकार उन देवताओं के लय का भी स्मरण करे ॥ १०६-१०७ ॥

॥ इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के अर्चनाविधि नामक नवम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ९ ॥

ब्रह्मरात्रे

दशमोऽध्यायः

दानविधिः

सनत्कुमार उवाच—

दानस्य लक्षणं वक्ष्ये मुच्यन्ते येन जन्तवः ।
देशं कालं च पात्रं च द्रव्याणां संग्रहं तथा ॥ १ ॥
फलान्यपि च दानानां प्रवक्ष्यन्ते यथातथम् ।

सनत्कुमार ने कहा—अब जिससे जीव पापमुक्त हो जाते हैं उस दान के लक्षण को कहता हूँ । देश, काल, पात्र एवं द्रव्यों के संग्रह और विविध दानों के फल जिस प्रकार होते हैं उसी प्रकार से कहता हूँ ॥ १-२ ॥

दानाय प्रशस्तक्षेत्रकथनम्

कुरुक्षेत्रं गयां चैव पुष्करं पुरुषोत्तमम् ॥ २ ॥
प्रयागं ब्रह्मदुर्गं च सालग्रामं च सङ्गमम् ।
प्रभासं जाह्नवीपातं तथा बदरिकाश्रमम् ॥ ३ ॥
ब्रह्मावर्तं ब्रह्मसरस्तथा नैमिषमेव च ।
कालञ्जरं मतङ्गं च गङ्गाद्वीपं सरिन्मुखम् ॥ ४ ॥
विष्णुतीर्थानि सर्वाणि तथा विष्णवालयाश्च वै ।
सङ्गमं वैष्णवानां च क्षेत्रं भागवतोषितम् ॥ ५ ॥
यतीनां च तथावासं यतीनां सङ्गमानपि ।
देशानिमान् प्रधानांश्च दानाय कथयामि ते ॥ ६ ॥

कुरुक्षेत्र, गया, पुष्कर, पुरुषोत्तम क्षेत्र (जगन्नाथपुरी), प्रयाग, ब्रह्मदुर्ग, सालग्राम, सङ्गम, प्रभास क्षेत्र, गङ्गासागर, बदरिकाश्रम, ब्रह्मावर्त, ब्रह्मसर, नैमिष, कालञ्जर, मतङ्ग, गङ्गाद्वीप, सरिताओं का मुख, समस्त विष्णु तीर्थ, समस्त विष्णवालय सङ्गम स्थान, वैष्णव क्षेत्र, भागवतों

के निवास, यतियों का निवास, यतियों का सङ्गम, प्रधान-प्रधान रूप से इन्हें देश दान के लिये कहे गये हैं । अब दान के लिये काल कहता हूँ ॥ १-६ ॥

दानाय प्रशस्तकालकथनम्

द्वादश्यां श्रवणे चैव नवम्यां चापि पर्वणि ।
सोमसूर्यग्रहे चैव व्यतीपातेऽयने तथा ॥ ७ ॥
विषुवे चैव संक्रान्त्यामुत्सवेषु स्वजन्मनि ।
तथैव चार्चनाकाले दीक्षाकाले तथैव च ॥ ८ ॥
यतीनां दर्शने चापि दीक्षितानां च दर्शने ।
दर्शने वैष्णवानां च कर्मारम्भे तथैव च ॥ ९ ॥
व्रतारम्भे व्रतान्ते च पुत्रजन्मनि चैव हि ।
देयमेतत्तु कालेऽस्मिन् दानं दानफलार्थिभिः ॥ १० ॥

द्वादशी, श्रवण नवमी पर्व दिन सोम सूर्य का ग्रहण व्यतीपात उत्तरायण दक्षिणायन दोनों अयन विषुव (जब रात दिन बराबर होते हैं तुला और मेष की संक्रान्ति) संक्रान्ति उत्सकों में अपने जन्म के दिन अर्चनकाल में दीक्षाकाल में यतियों के दर्शन होने पर दीक्षितो एवं वैष्णवों के दर्शन होने पर कर्मारम्भ में व्रतारम्भ में व्रतान्त में पुत्रजन्म काल में इन सभी प्रशस्त कालों में दान का फल चाहने वाले पुण्यात्माजनों को दान देना चाहिये ॥ ७-१० ॥

दानाय प्रशस्तपात्रकथनम्

वैष्णवः प्रथमं पात्रं वैष्णवात् समयी परः ।
चक्रवर्ती ततः श्रेष्ठस्त्वभिषिक्तस्ततो वरः ॥ ११ ॥
अभिषिक्ताद् गुरुः श्रेष्ठ आचार्यश्च ततो वरः ।
आचार्याद्भगवान् मुख्यस्तस्माद्विष्णुर्विशिष्यते ॥ १२ ॥
विष्णोः परतरं पात्रं न भूतं न भविष्यति ।
पात्राण्युक्तानि चैतानि द्रव्याणि कथयामि वः ॥ १३ ॥

दान का प्रथम पात्र वैष्णव है । वैष्णव की अपेक्षा समयी श्रेष्ठ है, उससे श्रेष्ठ चक्रवर्त्ती, उससे श्रेष्ठ अभिषिक्त, अभिषिक्त से गुरु श्रेष्ठ है, उनमें भी आचार्य श्रेष्ठ है, आचार्य से भगवान् तथा सभी भगवानों में विष्णु विशेष है । विष्णु से अधिक दान का पात्र न हुआ है न आगे

होगा । यहाँ तक हमने दानपात्र का वर्णन किया । अब दान देने वाले द्रव्यों को कहता हूँ ॥ ११-१३ ॥

दानाय प्रशस्तदेयद्रव्यकथनम्

भूमिर्गावो हिरण्यं च कन्या चान्नं गृहाणि च ।
वस्त्रालङ्कारशयनान्यासनं वाहनं तथा ॥ १४ ॥
भक्ष्यभोज्यान्नपानानि गन्धपुष्पफलानि च ।
फलवृक्षास्तथा तोयं तोयपात्रं च पादुके ॥ १५ ॥
छत्रं च चामरं चापि वितानं केतुरेव च ।
तैलं सर्पिर्दधि क्षीरं मधुस्नेहगुडादिकम् ॥ १६ ॥
धान्यौषधिविशेषाश्च तिला मूलं वनस्पतिः ।
बीजानि रत्नमणयो लोहानि च परिच्छदाः ॥ १७ ॥
विद्या तीर्थाभिषेकश्च दासी दासा वसूनि च ।
एवमादीनि चान्यानि देयान्येव विशेषतः ॥ १८ ॥

भूमि, गाय, सोना, कन्या, अन्न, गृह, वस्त्र, अलङ्कार, शयन, अतिरिक्त आसन, वाहन, भक्ष्य, भोज्य, अन्न, पान, गन्ध, पुष्प, फलों के वृक्ष जल, जलपात्र, पादुका छत्र, चामर, वितान, ध्वजा, तैल, घी, दही, दूध, मधु, स्नेह, गुड़ आदि धान्य-धान्य औषधि विशेष, तिल, मूल, वनस्पति बीज, रत्न, मणियाँ, लोहा, परिच्छद, तीर्थ स्नान, दासी, दास, वसु, (रत्न औषधि धनादि) इत्यादि विशेष कर दान में देय द्रव्य कहे गए हैं ॥ १४-१८ ॥

देयद्रव्यस्य फलकथनम्

फलं दशगुणं दद्याद् दानं पुण्यस्थले कृतम् ।
तस्माच्छतगुणं काले पात्रे शतगुणं ततः ॥ १९ ॥
फलं शतगुणं दद्याद् पात्रेभ्यो वैष्णवे कृतम् ।
तस्माच्छतगुणं दद्यात् समयी फलमुत्तमम् ॥ २० ॥
ततः शतगुणं दद्याद् दीक्षितः फलमुत्तमम् ।
ततः शतगुणं चैव चक्रवर्ती फलं महत् ॥ २१ ॥
ततः शतगुणं दद्यादभिषिक्तः फलं परम् ।
ततः शतगुणं दद्याद् गुरुर्वै फलमुत्तमम् ॥ २२ ॥
ततः शतगुणं दद्यादाचार्यः फलमुत्तमम् ।

ततः शतगुणं दद्याद्भगवान् फलमुत्तमम् ॥ २३ ॥
अनन्तं हि फलं दद्याद्विष्णुर्नात्र विचारणा ।
द्रव्याणां फलभेदं तु दाने वक्ष्याम्यशेषतः ॥ २४ ॥

अन्य स्थान की अपेक्षा पुण्य स्थल में दिया गया दान दशगुणा फल प्रदान करता है । उससे सौगुना उचित काल में उससे सौगुना पात्र में पात्र की अपेक्षा वैष्णव वैष्णवो को दिया गया दान शतगुणित फल प्रदान करता है, उससे भी शतगुणित फल व समयी को उससे शतगुणित दीक्षित को उससे महान् शत गुणित फल चक्रवर्त्ती को उससे शतगुणित अभिषिक्त को उससे शतगुणित फल गुरु उनसे भी शतगुणित फल आचार्य को उनसे भी शतगुणित फल भगवान् को दान देने से प्राप्त होता है । विष्णु को दान देने से वे अनन्त फल देते हैं । इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है । अब इस दान कार्य में देय द्रव्यों का फल कहता हूँ ॥ १९-२४ ॥

भूम्यादिदेयद्रव्यस्य फलकथनम्

भूमिस्तु द्विविधा प्रोक्ता व्रीहिक्षेत्रं मरुक्षितिः ।
व्रीहिक्षेत्रं परं तत्र तदलाभे मरुक्षितिः ॥ २५ ॥

भूमि दो प्रकार की होती है एक व्रीहि वाला क्षेत्र, दूसरा मरुक्षेत्र । उसमें दान के लिये व्रीहिक्षेत्र प्रशस्त है । उसके न होने पर मरुभूमि (बंजर भूमि) का दान करे ॥ २५ ॥

द्विविधा व्रीहिभूमिश्च यस्याश्च फलमुत्तमम् ।
अदेवमातृकं चापि देवमातृकमित्यपि ॥ २६ ॥
अदेवमातृकं प्रोक्तं नदीतोयेन पच्यते ।
पच्यते वृष्टिपातेन केवलं देवमातृकम् ॥ २७ ॥

व्रीहि भूमि दो प्रकार की होती है । उसमें जिसके दान से अधिक फल होता है वह—

१. अदेवमातृका भूमि व २. देवमातृका भूमि है । वह अदेवमातृका भूमि है जो नदियों के जल से सींची जाती है और जो केवल वर्षा के जल से सींची जाती है वह देवमातृका भूमि कही जाती है ॥ २६-२७ ॥

अदेवमातृकं श्रेष्ठं तदलाभे ततः परम् ।
अदेवमातृका या तु सा च भूमिश्चतुर्विधा ॥ २८ ॥

इसमें अदेवमातृका श्रेष्ठ है । उसके न प्राप्त होने पर देव... भूमि का दान करे । यह अदेवमातृका भूमि भी चार प्रकार की ... है ॥ २८ ॥

अदेवमातृकाभूमिनिरूपणम्

केवला च तथा कृष्टा उप्ता सस्यवतीति च ।
केवला केवला भूमिः कृष्टा कर्षणसंयुता ॥ २९ ॥
उप्ता विन्यस्तबीजा तु पक्वा सस्यवती स्मृता ।
एतासामपि सर्वासां गरीयस्युत्तरोत्तरा ॥ ३० ॥
दद्यात् पृथक् पृथक् चैव फलं दशगुणोत्तरम् ।

चतुर्विध अदेवमातृका भूमि लक्षण—चार प्रकार की अदे... भूमि होती है-केवला, कृष्टा, उप्ता एवं सस्यवती । (१) जो ... जोतकर बीज बो दी गई हो और बीज बो देने पर हरे भरे ... युक्त हो वह केवला भूमि होती है, (२) जो भूमि केवल हल से ... गई हो उसमें कुछ भी बोया न गया हो वह कृष्टा भूमि होती है, ... जो जोती गई हो और उसमें बीज डाल दिये गये हों वह उप्ता ... होती है और (४) जो भूमि जोतकर बीजवपन करने के उपरान्त ... भरा हो जाने के बाद जिस क्षेत्र का बीज पक गया है वह सस्य... होती है । विद्वानों द्वारा इन चार प्रकार के भूमि में उत्तरोत्तर भूमि ... कही गई हैं । पृथक्-पृथक् दान देने पर यह चारों प्रकार की ... पृथक्-पृथक् तारतम्येन दशगुणित फल प्रदान करती हैं ॥ २९-३१ ॥

गोदाननिरूपणम्

कुमारी गर्भिणी सूता क्षीरिणी चेति भेदतः ॥ ३१ ॥
गावश्चतुर्विधाः प्रोक्तास्तन्त्रेऽस्मिन् दानकर्मणि ।

(१) कुमारी (२) गर्भिणी (३) सूता और (४) क्षीरिणी भेद से ... तन्त्र में दान में देय गौ चार प्रकार की कही गई है ॥ ३१-३२ ॥

गोलक्षणनिरूपणम्

वत्सभावमतिक्रान्ता कुमारीत्यभिधीयते ॥ ३२ ॥
गर्भिणी तु वृषारूढा प्रसूता प्रसवस्थिता ।
क्षीरिणी प्राप्तदोहा स्यादतिक्रान्तदशाहिका ॥ ३३ ॥

गोलक्षणनिरूपणम्—१. अपने वत्सभाव का अतिक्रमण करने ...

... कुमारी (बछिया) कही जाती है । २. जिसके ऊपर साँड़ चढ़ गया ... गर्भिणी कही जाती है । ३. जो प्रसूता एवं प्रसव की स्थिति में ... प्रसूता कही जाती है । ४. जिसके प्रसव का काल दश दिन ... गया हो और जो दूध देने की स्थिति में हो वह गाय क्षीरिणी कही ... है ॥ ३२-३३ ॥

एतासामपि सर्वासां गरीयस्युत्तरोत्तरा ।
फलं दशगुणं चापि तत्रोभयमुखी परा ॥ ३४ ॥
फलं शतगुणं तासामियं दद्याद्विशेषतः ।

... इन चारों में भी उत्तर-उत्तर वाली गौ प्रशस्त कही जाती है । दान ... से इनके दान का फल भी तारतम्य से क्रमशः दश गुणित है, ... में इन चारों से सर्वश्रेष्ठ उभयमुखी गौ कही जाती है ऐसी गौ ... देने पर सर्वापेक्षमा विशेषरूप से दाता को शतगुणित फल प्रदान ... है ॥ ३४-३५ ॥

...मुखी—उभयमुखी = प्रसूति काल में जब गौ के बच्चे का मुख ... से बाहर आ गया हो ऐसी गाय उभयमुखी कही जाती है । उस ... में दान देने का फल सर्वोपेक्षया शतगुणित है ।

अनड्वानदाननिरूपणम्

गवां दशगुणं दद्यादनड्वान् फलमुत्तमम् ॥ ३५ ॥

... के दान की अपेक्षा दान दिया गया बैल उत्तम फल प्रदान ... है ॥ ३५ ॥

तत्रापि द्विविधोऽनड्वान् दम्यश्चादम्य एव च ।
वत्सभावमतिक्रान्तो दम्य इत्यभिधीयते ॥ ३६ ॥
धुर्यश्चादम्य इत्युक्तस्तस्माद्धुर्यो विशिष्यते ।

१. दम्य और २. अदम्य भेद से अनड्वान के दो भेद कहे गये हैं ... वत्सभाव का अतिक्रमण कर युवावस्था में प्रवेश किया है वह ... कहा जाता है । १. जो गाड़ी में जोता जा कर भार वहन करता ... वह धुर्य है उसे अदम्य कहा जाता है । दम्य और अदम्य इन दोनों ... धुर्य बैल विशेष महत्त्व रखता है ॥ ३६-३७ ॥

सुवर्णदाननिरूपणम्

हिरण्यं द्विविधं प्रोक्तमलङ्कारश्च केवलम् ॥ ३७ ॥

सोना दो प्रकार का होता है । एक अलङ्कार रूप दूसरा
सुवर्णरूप ॥ ३७ ॥

अलङ्कारीकृतं यत्तदलङ्कार उदाहृतः ।
केवलं केवलं तस्मादलङ्कारो विशिष्यते ॥ ३८ ॥

जिस सोने का अलङ्कार बना दिया गया है वह अलङ्कार है,
केवल सुवर्ण है वह केवल सुवर्ण कहा जाता है इन दोनों में
का विशेष महत्त्व है ॥ ३८ ॥

सुतादाननिरूपणम्

कन्या च द्विविधा प्रोक्ता स्वसुतान्यसुतेति च ।
स्वसुता तु स्वतो जाता यान्यतोऽन्यसुता स्मृता ॥ ३९ ॥

१. स्वसुता तथा २. अन्यसुता के भेद से कन्या दो प्रकार की
होती है । जिसे स्वयं दाता ने उत्पन्न किया है वह स्वसुता है
दूसरे से उत्पन्न हुई है वह अन्यसुता है ॥ ३९ ॥

प्रायेणान्यसुता दाने स्वसुताया विशिष्यते ।
दत्ता क्रीतापविद्धा च त्रिविधान्यसुतापि च ॥ ४० ॥

प्रायः स्वसुता के दान की अपेक्षा अन्य सुता का दान
महत्त्वशाली है । अन्यसुता भी दत्ता, क्रीता और अपविद्धा भेद से
प्रकार की कही गई है ॥ ४० ॥

अन्यसुताभेदकथनम्

मात्रा भ्रात्रा च पित्रा च दत्ता या मातुलेन वा ।
सा दत्तेति समुद्दिष्टा क्रीता क्रीतैव वस्तुभिः ॥ ४१ ॥

१. माता, भाई अथवा पिता, अथवा मामा के द्वारा दी गई
दत्ता कही जाती है । २. जो वस्तु देकर खरीदी जाती है वह
कन्या है ॥ ४१ ॥

बाल्ये मात्रा परित्यक्ता मृतबन्धुसुहृज्जना ।
अपविद्धेति विज्ञेया दानकर्मणि पूजिता ॥ ४२ ॥
फलं दशगुणं दद्यादेतासामुत्तरोत्तरम् ।

३. बाल्यावस्था में ही माता ने जिसका त्याग कर दिया है जिसके
समस्त बन्धु सुदृढ़ संरक्षक मर चुके हैं । वह कन्या अपविद्धा

दानकर्म में वह प्रशस्त है । इन कन्याओं का दान उत्तरोत्तर दशगुणा
फल देता है ॥ ४२-४३ ॥

अन्नदाननिरूपणम्

द्विविधं चान्नदानं स्यादग्रान्नं केवलं तथा ॥ ४३ ॥
दद्यात्तु पाकभेदेन स्वयं निम्नासनस्थितः ।
अग्रासने द्विजं स्थाप्य पक्वान्नं चापि संहितम् ॥ ४४ ॥
तदेवाग्रान्नमित्युक्तं केवलं चान्यदुच्यते ।
अग्रान्नं तु प्रधानं स्यात् फलं दशगुणोत्तरम् ॥ ४५ ॥

अग्रान्न एवं केवलान्न भेद से अन्न दान दो प्रकार का होता है ।
स्वयं नीचे आसन पर बैठ कर ब्राह्मण को ऊँचे स्थान पर बैठा कर
अपने पाक से भिन्न सामग्री समेत जो पक्वान्न दान किया जाता है उसे
अग्रान्न कहते हैं । जहाँ केवल अन्न का दान किया जाता है वह
केवलान्न कहा जाता है । इसमें अग्रान्न प्रधान है वह केवलान्न के दान
से दशगुणा फल देता है ॥ ४४-४५ ॥

गृहदाननिरूपणम्

गृहं च द्विविधं प्रोक्तं केवलं सपरिच्छदम् ।
केवलाद् गृहदानात्तु प्रधानं सपरिच्छदम् ॥ ४६ ॥

गृह भी दो प्रकार का होता है । प्रथम केवल गृह, दूसरा सपरिच्छद
(घर के समस्त उपकरणों) सहित । केवल गृहदान की अपेक्षा सोपकरण
गृह का दान विशेष महत्त्वशाली है ॥ ४६ ॥

वस्त्रदाननिरूपणम्

वस्त्रं तु द्विविधं प्रोक्तं विचित्रं केवलं तथा ।
विचित्रं चित्रवर्णं तु केवलं शुद्धमुच्यते ॥ ४७ ॥
विचित्रं केवलान्मुख्यं फलं दशगुणोत्तरम् ।

वस्त्र भी दो प्रकार का होता है प्रथम विचित्र वस्त्र, दूसरा केवल वस्त्र ।
विचित्र वर्णों से युक्त वस्त्र विचित्र कहा जाता है और शुद्ध वस्त्र (बिना किसी
रंग का) 'केवल वस्त्र' कहा जाता है केवल वस्त्र की अपेक्षा विचित्र वस्त्र
श्रेष्ठ है । शुद्ध (केवल) की अपेक्षा उसका फल दशगुणित है॥ ४७-४८ ॥

द्विविधं स्याद्विचित्रं च क्षौमं कार्पासमित्यपि ॥ ४८ ॥
मुख्यं क्षौमं तु कार्पासात् फलं दशगुणोत्तरम् ।

शयनासनयानेषु महार्घं तु विशिष्यते ॥ ४९ ॥

विचित्र वस्त्र भी दो प्रकार का होता है । प्रथम क्षौम (रेशमी) और दूसरा कार्पास इसमें क्षौम मुख्य है । कार्पास वस्त्र के अपेक्षा क्षौमवस्त्र का दान दशगुणित है । शयन, आसन और जो सबसे कीमती हो वही श्रेष्ठ है ॥ ४८-४९ ॥

एवमेव तु शेषाणां फलं द्रव्यविशेषतः ।
विद्यादाने विशेषो यस्तत्र तं कथयाम्यथ ॥ ५० ॥

इस प्रकार शेष द्रव्यों की विशेषता के कारण उनका फल गया । अब विद्यादान में जो विशेष है उसका फल कहता हूँ ॥ ५० ॥

विद्यादाननिरूपणम्

लौकिकं वैदिकं चापि तथाध्यात्मिकमेव च ।
त्रिविधं तत् समुद्दिष्टं प्रधानं चोत्तरोत्तरम् ॥ ५१ ॥

(१) लौकिक, (२) वैदिक, (३) आध्यात्मिक भेद से विद्या के भेद कहे गये हैं । इनमें उत्तरोत्तर प्रधान है ॥ ५१ ॥

लौकिकं त्वर्थशास्त्रादि वैदिकं वेदसंयुतम् ।
अध्यात्मज्ञानमन्यच्च योगतन्त्रादि कथ्यते ॥ ५२ ॥

अर्थशास्त्र आदि लौकिक शास्त्र हैं । वेद संयुक्त रूप में वैदिक शास्त्र कहे गए हैं । इसके अतिरिक्त अध्यात्म ज्ञान देने वाले शास्त्र तन्त्रादि कहे जाते है ॥ ५२ ॥

योगतन्त्रेषु सर्वेषु विष्णुतन्त्रमनुत्तमम् ।
विष्णुतन्त्रेषु सर्वेषु पञ्चरात्रं विशिष्यते ॥ ५३ ॥

सभी योग एवं तन्त्रों में विष्णुतन्त्र उत्तम कहा गया है । सभी तन्त्रों में पाञ्चरात्र आगम उत्तम कहा गया है ॥ ५३ ॥

पञ्चरात्रे तथा मन्त्रा मन्त्रेष्वर्थो विशिष्यते ।
अर्थेष्वप्युपदेशश्च नोपदेशात् परं ततः ॥ ५४ ॥

पाञ्चरात्र में भी मन्त्र उत्तम हैं । मन्त्रों में भी उनका अर्थ उत्तम है । अर्थों में भी उपदेशात्मक अर्थ श्रेष्ठ हैं । इस उपदेशात्मक अर्थ से बड़ा कुछ नहीं है ॥ ५४ ॥

सलोक्यं वैष्णवे दानात् सैश्वर्यं समयस्थिते ।

सौभाग्यं दीक्षिते चैव सामीप्यं चक्रवर्तिनि ॥ ५५ ॥

वैष्णव को दान देने से सालोक्य और समयी साधक को दान देने से ऐश्वर्य, दीक्षित साधक को दान देने से सौभाग्य तथा चक्रवर्त्ती साधक को दान देने से विष्णु सामीप्य प्राप्त होता है ॥ ५५ ॥

सैश्वर्यमभिषिक्ते च तदेव च गुरौ कृते ।
सार्ष्टिता च तथाचार्ये सायुज्यं भगवत्यपि ॥ ५६ ॥

अभिषिक्त को दान देने से तथा गुरु को दान देने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है । आचार्य को दान देने से सार्ष्टि मुक्ति प्राप्त होती है। विष्णु भगवान् को दान देने से सायुज्य मुक्ति प्राप्त होती है ॥ ५६ ॥

न शक्यते फलं वक्तुं दाने वै विष्णुसात्कृते ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन देयं दानं च विष्णवे ॥ ५७ ॥

विष्णु को निमित्त वना कर दान देने का फल मुख से कहना संभव नहीं है। इसलिये सभी प्रयत्नों से केवल विष्णु को ही अपना दानपात्र बनाना चाहिये ॥ ५७ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तयां ब्रह्मरात्रे दानविधिः दशमोऽध्यायः ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ब्रह्मरात्र के दानविधि नामक दसवें अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ १० ॥

ब्रह्मरात्रे

एकादशोऽध्यायः

मन्त्रकोशः

सनत्कुमार उवाच—

मन्त्रकोशं प्रवक्ष्यामि यथावत् तं निबोधत।
ज्ञानानां परमं ज्ञानं मन्त्रज्ञानं प्रचक्षते ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—अब मन्त्र कोश जैसा है उसे कहता हूँ उसे सावधान होकर समझो। सभी ज्ञानों में मन्त्रज्ञान ज्ञान कहा जाता है ॥ १ ॥

मन्त्रमाहात्म्यम्

मन्त्रमूलाः क्रियाः सर्वा मन्त्रमूलमिदं जगत्।
मन्त्रमूलो हि भगवान् विष्णुर्मन्त्रमयः प्रभुः ॥ २ ॥

समस्त क्रियाओं का मूल मन्त्र है। इस सारे जगत् का मूल मन्त्र है। भगवान् भी मन्त्र के मूल है। किं बहुना विष्णु मन्त्रमय हैं ॥ २ ॥

न मन्त्रेण विना किंचित् कृत्यमस्ति जगत्त्रये।
शब्दब्रह्मसमाख्यातो मन्त्र एव प्रसाधकः ॥ ३ ॥
यथा ब्रह्मा ममाचष्ट मन्त्रेऽस्मिन् भगवान् स्वयम्।

इन तीनों जगत् में मन्त्र के अतिरिक्त और कोई कृत्य नहीं है। शब्द ब्रह्म कहा जाता है उसे साक्षात्कार कराने वाला मन्त्र ही है। भगवान् ब्रह्मदेव ने इस मन्त्र के विषय में मुझे जैसा उपदेश किया उन मन्त्रों को मैं वैसे ही कहता हूँ ॥ ३-४ ॥

विमर्श—तन्त्र ग्रन्थों में प्रायः षडङ्गन्यास (हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र और अस्त्र) कहा गया है किन्तु यहाँ इस तन्त्र में नेत्र छोड़कर केवल पञ्चाङ्गन्यास कहा गया है। कहीं-कहीं चार ही न्यास

होते हैं जैसे सुदर्शन मन्त्र में। अतः वहाँ अन्तिम की आवृत्ति कर पञ्चम मान लेना चाहिये।

विमर्श—शिखायै वषट्, कवचाय हुं, अस्त्राय फट्। इस पुस्तक में कहीं-कहीं आदर्श में बीज और पञ्चाङ्गों को अलग-अलग नहीं लिखा गया है। अतः मैं अपनी बुद्धि के अनुसार उन्हें पृथक्-पृथक् कर लिख रहा हूँ—(सम्पादक)

अष्टाक्षरद्वादशाक्षरमन्त्रस्य बीजपञ्चाङ्गन्यासादिकथनम्

ओं; प्रणवः। ऐं; प्रणवबीजम्। ओं नमो भगवते वासुदेवाय; द्वादशाक्षरम्। हं; द्वादशाक्षरबीजम्। ओं नमो नारायणाय; अष्टाक्षरम्। अं; अष्टाक्षरबीजम्। क्रुद्धोल्काय स्वाहा ठठ; हृदयम्। महोल्काय; शिरः। वीरोल्काय; शिखा। अर्धोल्काय; कवचम्। सहस्रोल्काय स्वाहा अस्त्राय फट्। अष्टाक्षरपञ्चाङ्गानि।

'ॐ' प्रणव मन्त्र हैं 'ऐं' प्रणव का बीज है। 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' यह द्वादशाक्षर मन्त्र है। 'हं' द्वादशाक्षर का बीज है। 'ॐ नमो नारायणाय' यह अष्टाक्षर मन्त्र है। 'अं' अष्टाक्षर का बीज है। 'क्रुद्धोल्काय स्वाहा' इस मन्त्र से हृदय में, 'महोल्काय' से शिर में, 'वीरोल्काय' से शिखा में, 'अर्धोल्काय' से कवच और 'सहस्रोल्काय स्वाहा अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से अस्त्र न्यास करे।

यहाँ तक अष्टाक्षर एवं द्वादशाक्षर मन्त्र के बीज और पञ्चाङ्गन्यास आदि कहे गए हैं।

नारसिंहमन्त्रस्य बीजपञ्चाङ्गन्यासादिकथनम्

ओं नमो नारसिंहाय महानारसिंहाय दानवशोणितदिग्धनखाय पच पच शोषय ग्रन्थय हन सर लिह हुं फट्। दर हुं फट्। हुलु हुं फट्। कल हुं फट्। गर हुं फट्। चुलु हुं फट्। क्षुरु हुं फट्। ए हुं फट्। ऐ हुं फट्। क्षीरु हुं फट्। द्रव सर्वपातालनिवासिनां हृदयान्याकर्षय नृसिंहरूप भगवन्नारायण वासुदेव हृषीकेश केशव दानवदहन राक्षसान्तक सुदर्शनपाञ्चजन्यनन्दककौमोदकीधर गरुडध्वज त्रिधामन् नमोऽस्तु ते त्वां प्रपन्नोऽस्मि। ठठ नारसिंहाय।

क्ष्रौं; नारसिंहबीजम्। ज्वल हुं फट्; हृदयम्। स्तोभय हुं फट्;

शिरः । गुलु हुं फट्; शिखा । वज्रनखाय ठठ; कवचम् । ... ठठ; अस्त्रम् । नरसिंहपञ्चाङ्गानि ।

'ॐ नमो नारसिंहाय .... स्वाहा नारसिंहाय' यहाँ तक ... मन्त्र है ।

'क्ष्रौं' नारसिंह बीज है । 'ज्वल हुं फट्' से हृदय में, ... फट्' से शिर में, 'ग्लु हुं फट्' से शिखा में, 'वज्रनखाय ...' से कवच और 'तीक्ष्णनखाय स्वाहा' से अस्त्रन्यास करे । नारसिंह ... बीज और पञ्चाङ्गन्यास यहाँ तक कहा गया है ॥

अन्यथा चापरे ब्रुयुर्बीजं पञ्चाङ्गमेव च ॥ ४ ॥
तदप्यत्र यथाशास्त्रं मया चाद्य प्रवक्ष्यते ।

अन्य विद्वान् नारसिंह का बीज और पञ्चाङ्ग अन्य रूप में कहते ... उसे भी शास्त्र के अनुसार जैसा है वैसा कहता हूँ ॥ ४-५ ॥

क्ष्रौं, बीजम् । पुरुषविग्रहाय नमः, हृदयम् । सिंहमुखाय ... शिरः। भीमरूपाय नमः, शिखा । दिव्यसिंहाय नमः, कवचम् । विस्फारणाय नमः, अस्त्रम् ।

यमघटोझिणि चिन्तामणि सूरु कामदुघे यथामनीषितानि मे दिशन्तु ... ओं ठठ, यथागतं पापं तथा गच्छतु ठठ, अतिबले ठठ, महाबले ... असिद्धसाधनि अपराजितवैष्णावि नमोऽस्तु ते ठठ ॥ ५ ॥

नारसिंह का 'क्ष्रौं' बीज है । 'पुरुषविग्रहाय नमः' से हृदय, 'सिंहमुखाय नमः' से शिर, 'भीमरूपाय नमः' से शिखा, 'दिव्यसिंहाय नमः' से कवच और 'विस्फारणाय नमः' से अस्त्रन्यास करे ।

शान्ति होम की विधि के अनुसार सूर्य मन्त्र (द्र० मन्त्रकोश) से ... करे । फिर पूर्व दिशा से प्रारम्भ कर उत्तर दिशा पर्यन्त चारो ... में गायत्री मन्त्र से दिशा होम करावे । इसमें मन्दार की ... होनी चाहिये । तदनन्तर सूर्य बीज (द्र० कोश) से अपने ... में तथा सूर्य की प्रतिमा में न्यास करे ॥ १४९-१५० ॥

सूर्यस्य पूजाकथनम्

ब्रह्मरात्रे तथा मन्त्रा द्रष्टव्या मन्त्रकोशके ।
पूजामस्य प्रवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥ १५१ ॥

सूर्य का मन्त्र तथा बीजमन्त्र ब्रह्मरात्र में मन्त्रकोश के देखना चाहिये । अब जैसी पूजा कही गई है वही पूजा अनुपूर्वी कह रहा हूँ ॥ १५१ ॥

अष्टपत्रं ततः पद्मं सूर्यबीजेन योजयेत् ।
कर्मार्चां कर्णिकामध्ये सूर्यबीजेन विन्यसेत् ॥ १५२ ॥

सूर्यबीज से युक्त अष्टपत्र पद्म का निर्माण करे । फिर सूर्यबीज उसके कर्णिका के मध्य में कर्मार्चा का न्यास करे ॥ १५२ ॥

खखोल्कायेति मन्त्रेण देवमावाहयेत् ततः ।
ततस्तेनैव मन्त्रेण तद्वदासनमादितः ॥ १५३ ॥

उस पद्मपत्र पर 'खखोल्काय नमः' इस मन्त्र से सूर्य का करे । फिर उसी मन्त्र से उन्हें सर्वप्रथम आसन प्रदान करे ॥

सूर्यस्य पूजायां ग्रहस्थानकथनम्

स्थानानि कल्पयेत् पश्चाद् ग्रहाणामनुपूर्वशः ।
बृहस्पतेश्च पूर्वस्यां शुक्रस्यैव तु दक्षिणे ॥ १५४ ॥
शनैश्चरस्य वारुण्यामुत्तरस्यां निशाकृतः ।
अङ्गारकस्य चाग्नेय्यां बुधस्यैव च नैर्ऋते ॥ १५५ ॥
राहोश्चैव च वायव्ये केतोरीशानगोचरे ।
आसनं देयमाद्येन सूर्यमन्त्रेण चादितः ॥ १५६ ॥

तदनन्तर आनुपूर्वी रूप से ग्रहों के स्थान इस प्रकार कल्पित पूर्व में बृहस्पति, दक्षिण में शुक्र, पश्चिम में शनिश्चर, उत्तर में अग्निकोण में मङ्गल और नैर्ऋत्य में बुध, वायव्य में राहु और केतु के लिये स्थान कल्पित करे । प्रथम सूर्य मन्त्र से सबको प्रदान करे ॥ १५४-१५६ ॥

पाद्यं दत्त्वा द्वितीयेन तृतीयेनार्घ्यमेव च ।
चतुर्थेन ततो दद्यात् क्रमेणाचमनीयकम् ॥ १५७ ॥
तथाभिषेकमन्त्रेण देवं तमभिषेचयेत् ।
वस्त्रं सूत्रमलङ्कारं दद्यात् सावित्रिया ततः ॥ १५८ ॥

द्वितीय सूर्य मन्त्र से पाद्य, तृतीय से अर्घ्य, चतुर्थ से आचमनीय प्रदान करे । इसी प्रकार अभिषेक मन्त्र से

अभिषेक (स्नान) करावे । तदनन्तर गायत्री मन्त्र से वस्त्र, सूत्र एवं अलङ्कार समर्पित करे ॥ १५७-१५८ ॥

गन्धं तु आदिमन्त्रेण ततो दद्याद् विचक्षणः ।
द्वितीयेनापि पुष्पाणि तृतीयेन प्रदीपकम् ॥ १५९ ॥
चतुर्थेनाथ धूपं च पञ्चमेनैव तं यजेत् ।
एवं कृत्वा यथापूर्वं व्योममुद्रां च दर्शयेत् ॥ १६० ॥

फिर विचक्षण साधक आदि मन्त्र से गन्ध, द्वितीय से पुष्प, तृतीय से प्रदीप, चतुर्थ से धूप, पञ्चम से नैवेद्यादि देकर उनका पूजन करे । इस प्रकार साधक पूर्व की भाँति समस्त क्रिया संपन्न कर व्योममुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १५९-१६० ॥

अथोपस्थानमन्त्रेण कृत्वोपस्थानमन्ततः ।
उद्वासयेत् ततो देवं सूर्यबीजेन साधकः ॥ १६१ ॥
द्रष्टव्या ब्रह्मरात्रे तु मन्त्रा वै मन्त्रकोशके ।
वक्ष्यामि तिथियागं तु सर्वसंवत्सरावधि ॥ १६२ ॥

फिर साधक उपस्थान मन्त्र से उपस्थान कर अन्त में सूर्य बीज से उद्वासन करे । सूर्य के समस्त मन्त्र ब्रह्मरात्र के मन्त्रकोश प्रकरण देखना चाहिये । अब सूर्य का तिथियाग जो एक संवत्सर पर्यन्त किया जाता है उसे कहता हूँ ॥ १६१-१६२ ॥

संवत्सरपर्यन्त सूर्यस्य तिथियागनिरूपणम्

उपोष्य वागयतो भूत्वा सप्तम्यां संयतेन्द्रियः ।
रक्तचन्दनचूर्णेन चक्रं कृत्वा यथाविधि ॥ १६३ ॥

साधक इन्द्रियों का संयम करते हुये मौन होकर सप्तमी तिथि में उपवास करे । संयमी साधक रक्त चन्दन के चूर्ण से यथाविधि चक्र का निर्माण करे ॥ १६३ ॥

पूजयेद्भास्करं देवं विविधैर्द्रव्यविस्तरैः ।
कमलैः करवीरैश्च सुरक्तैः कुसुमैरपि ॥ १६४ ॥
रक्तचन्दनगन्धेन कृसरापूपपायसैः ।
पूजयित्वा यथाकाममिष्टान् कामानवाप्नुयात् ॥ १६५ ॥

फिर साधक उसमें अनेक द्रव्यों के विस्तार से भास्कर देवता की पूजा करे । कमल, करवीर (कर्णिकार), अनेक प्रकार के सुरक्त वर्ण

वाले पुष्प, रक्तचन्दन का गन्ध, कृसर (तिल मिश्रित मुद्ग), ... आदि पदार्थों से पूजा करने पर साधक अपनी मनोवाञ्छित ... कर लेता है ॥ १६४-१६५ ॥

रुद्रयागनिरूपणम्

कथितः सूर्ययागस्तु रुद्रयागं ब्रवीमि वः ।
ग्रामाद् धनुःशताद् दूरं बहिः कुर्याच्छिवालयम् ॥ १६...
ग्रामाद्धनुःशतादर्वाङ् नाशयेन्नात्र संशयः ।
वायव्याग्नेयकोणं च ग्राममध्यं च वर्जयेत् ॥ १६...

यहाँ तक सूर्ययाग कहा गया है । अब रुद्रयाग कहता हूँ । ... से १०० धनुष की दूरी पर शिवालय निर्माण कराना चाहिये । ... धनुष के भीतर शिवालय का निर्माण करने से वह ग्राम का ... देता है इसमें संशय नहीं । जहाँ तक हो सके ग्राम से ... अग्निकोण तथा ग्राम का मध्य शिवालय के लिये संयमी साधक ... रखें ॥ १६६-१६७ ॥

श्मशानं कुरुते ग्रामं वायव्ये तु शिवालयम् ।
आग्नेये राष्ट्रनाशः स्याद् ग्रामनाशस्तु मध्यमे ॥ १६...

ग्राम के वायव्य में निर्मित शिवालय ग्राम को श्मशान बना दे... आग्नेय में राष्ट्र का नाश करता है । ग्राम के मध्य में निर्मित शिवा... समस्त ग्राम का नाश करता है ॥ १६८ ॥

यस्मिन् शिवालयच्छाया ग्रामे नित्यं पतिष्यति ।
तदूष्मणा तु स ग्रामो विनश्यति शनैः शनैः ॥ १६...

शिवालय की छाया जिस ग्राम में पड़ती है उसकी उष्णता से ... ग्राम धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है ॥ १६९ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन दूरं कुर्याच्छिवालयम् ।
श्रीधाम्ना विष्णुधाम्ना वा न नाशयति यन्त्रितः ॥१...

इसलिये सभी प्रकार के प्रयत्नों से शिवालय को ग्राम से दू... निर्माण करावे । यदि उसमें श्री का मन्दिर निर्माण किया गया है ... विष्णु मन्दिर का धाम है तो उससे यन्त्रित होने के कारण वह शि... ग्राम का नाश नहीं करता है ॥ १६९-१७० ॥

शिवालयस्य ग्रामस्य मध्ये तस्मात् प्रयत्नतः ।

अन्तरा श्रीगृहं वापि कुर्याद्विष्णुगृहं तु वा ॥ १७१ ॥

इस कारण साधक प्रयत्नपूर्वक ग्राम के मध्य में निर्माण किये जाने ... शिवालय के भीतर श्रीगृह अथवा विष्णुगृह का निर्माण अवश्य ... ॥ १७१ ॥

प्राग्द्वारमुत्तरे कुर्यात् प्रत्यग्द्वारं तु दक्षिणे ।
प्रत्यग्द्वारं प्रतीच्यां च प्राच्यां प्राग्द्वारमेव वा ॥ १७२ ॥

... उत्तर में शिवालय निर्माण करे तो उसका द्वार पूर्व की ओर ... । दक्षिण में पश्चिम द्वार वाला, पश्चिम में पश्चिमद्वार वाला और पूर्व ... द्वार वाला शिवालय होना चाहिये ॥ १७२ ॥

प्रत्यग्द्वारं च नैर्ऋत्ये प्राग्द्वारं चेशगोचरे ।
शिवालयं प्रशंसन्ति प्रायो ग्रामपराङ्मुखम् ॥ १७३ ॥

नैर्ऋत्य में निर्मित शिवालय का द्वार पश्चिम दिशा में और ईशान ... शिवालय का द्वार पूर्व दिशा में होना चाहिये । प्रायः संयमी ... ग्राम से पराङ्मुख बनाये जाने वाले शिवालय की प्रशंसा करते ... ॥ १७३ ॥

ग्रामपार्श्वे शिवालयवर्जनकथनम्

ग्रामपार्श्वे न कुर्वन्ति ग्रामवृद्धिर्यदीष्यते ।
अरण्ये पर्वते चैव प्रशंसन्ति शिवालयम् ॥ १७४ ॥

यदि ग्राम की वृद्धि चाहे तब गाँव के पास शिवालय का निर्माण न ... । अरण्य में अथवा पर्वत पर शिवालय का निर्माण प्रशंसनीय ... है ॥ १७४ ॥

प्रासादं पूर्ववत् कुर्यात् पूर्वोक्तैर्द्रव्यविस्तरैः ।
प्रासादस्यानुरूपेण प्रतिमां कारयेद् बुधः ॥ १७५ ॥

पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार से प्रासाद पूर्ववत् निर्माण करावे । बुद्धिमान् ... प्रासाद के अनुरूप प्रतिमा का निर्माण करावे ॥ १७५ ॥

आसीनमेव कुर्वीत स्वैरं पूर्वे च पश्चिमे ।
स्थितमन्यत्र कुर्वीत शयितं न तु कारयेत् ॥ १७६ ॥

पूर्व और पश्चिम में स्वतन्त्र रूप से बनाये जाने वाले शिव मन्दिर में ... को आसीन (बैठी हुई) बनाना चाहिये । अन्यत्र खड़ी निर्माण ... । किन्तु शयनस्थित न करावे ॥ १७६ ॥

शिवप्रतिमामानकथनम्

पीतमष्टभुजं कुर्याच्चर्माम्बरधरं हरम् ।
बद्धनगोत्तरासङ्गं जटामकुटधारिणम् ॥ १७७ ॥
नीलकण्ठं त्रिनेत्रं च कुर्याच्छशिकलाधरम् ।
हरं पिङ्गलपद्माक्षमङ्गारसमतारकम् ॥ १७८ ॥
त्रिशूलपट्टिशधरमर्कमालाविभूषितम् ।
आसीनं वा स्थितं वापि हरमेवं तु कारयेत् ॥ १७९ ॥

शिव की प्रतिमा पीत वर्ण, आठ भुजा वाली, व्याघ्र चर्म के ... से युक्त, कटि तट के ऊपर का व्याघ्र चर्म एवं नागों से लपेटे ... जटा पर मुकुट धारण की हुई, नीलकण्ठ, त्रिनेत्र, चन्द्रकला से ... पिङ्गल वर्ण के पद्म के समान एवं अंगार के समान लाल तारक ... नेत्र, त्रिशूल एवं पट्टिश धारण की हुई, मदार पुष्प की माला से विभूषित प्रतिमा बनानी चाहिए । वह प्रतिमा चाहे बैठी या चाहे ... निर्माण करानी चाहिये ॥ १७७-१७९ ॥

शिवपरिवारकथनम्

पद्मपीठं भवेत् स्थाने सिंहासनमथासने ।
पश्चाच्चामरधारिण्यौ गङ्गा च यमुना तथा ॥ १८० ॥
दक्षिणे चैव वामे च स्थिते कार्ये सितासिते ।

खड़ी प्रतिमा बनवाने की स्थिति में पद्मपीठ और आसीन स्थिति ... प्रतिमा को सिंहासनासीन निर्माण कराना चाहिये । उसके पीछे ... धारण की हुई गङ्गा और यमुना को खड़े रूप में निर्माण करना ... श्वेत वर्ण वाली दाहिनी ओर गङ्गा तथा असित (काली) स्वरूप ... यमुना बायीं ओर होनी चाहिये ॥ १८०-१८१ ॥

उपमन्युरुमास्वरूपकथनम्

उपमन्युरुमा चापि अर्चनापीठपार्श्वयोः ॥ १८१ ॥
दक्षिणे चोत्तरे कार्यौ रक्तश्यामौ कृताञ्जली ।
उपमन्युर्जटाधारी उमा वै मौलिधारिणी ॥ १८२ ॥

अर्चना पीठ के दोनों ओर उपमन्यु एवं उमा को क्रमशः ... और उत्तर में निर्माण कराना चाहिये । उपगन्यु जटाधारी और ... के हैं । उमा श्याम वर्ण वाली है और जटा पर मुकुट धारण ... दोनों ही अञ्जलि बाधे हुये हो ॥ १८१-१८२ ॥

स्कन्दं सनत्कुमारं च तयोः कुर्वीत पृष्ठतः ।
दक्षिणे चोत्तरे चैव दशसंवत्सराकृती ॥ १८३ ॥

फिर उन उपमन्यु एवं उमा के भी पीछे दक्षिण और उत्तर में क्रमशः दस वर्ष की अवस्था वाले स्कन्द और सनत्कुमार का निर्माण कराना चाहिये ॥ १८३ ॥

ब्रह्मा चाग्निश्च कर्तव्यौ देवस्योभयपार्श्वतः ।
दक्षिणं बाहुमाश्रित्य ब्रह्मा तिष्ठति यन्त्रितः ॥ १८४ ॥

सदाशिव के दोनों पार्श्व में ब्रह्मा और अग्नि का निर्माण कराना चाहिये । ब्रह्मदेव को सदाशिव के दाहिने हाथ का सहारा लिये हुये ... होना चाहिये ॥ १८४ ॥

वामबाहुं समाश्रित्य वह्निस्तिष्ठत्ययन्त्रितः ।
तयोस्तु पृष्ठतः कार्यौ चन्द्रादित्यौ यथाविधि ॥ १८५ ॥

किन्तु अग्नि वाम बाहु का सहारा लेने पर भी अयन्त्रित (स्वतन्त्र) ... चाहिये । फिर उनके पीछे चन्द्रमा और आदित्य को यथाविधि ... करावे ॥ १८५ ॥

उत्तमाः परिवारास्तु दशैते परिकीर्तिताः ।
कुमारद्वयहीनाः स्युः शेषास्त्वष्टौ च मध्यमाः ॥१८६॥
ब्रह्माग्निसोमसूर्यैश्च कुमारद्वितयेन च ।
विहीनास्त्वधमाः प्रोक्ताश्चत्वारः परिवारकाः ॥ १८७ ॥

ऊपर कहे गये ये दसो सदाशिव के उत्तम परिवार हैं । दोनों कुमार (स्कन्द और सनत्कुमार) से रहित शेष आठ मध्यम परिवार हैं तथा ब्रह्मा, अग्नि, सोम, सूर्य, दोनों कुमार इन छः से रहित शेष चार अधम परिवार कहे गये हैं ॥ १८६-१८७ ॥

वृषभस्थाननिरूपणम्

पूर्ववल्लोकपालाश्च कर्तव्याः स्युर्यथादिशम् ।
प्रासादस्याग्रतः कुर्याद् वृषभस्थानमुत्तमम् ॥ १८८ ॥

इसके बाद दिशाओं के क्रम से पूर्ववत् लोकपालों को भी स्थापित करे । प्रासाद के आगे नन्दी वृषभ का भी स्थान निर्माण करावे ॥१८८॥

चण्डस्थानमथेशाने तत्सूत्रं परिहृत्य च ।
प्रासादलक्षणं सर्वं ब्रह्मरात्रे प्रकीर्तितम् ॥ १८९ ॥

शिवसूत्र को छोड़कर ईशानकोण में चण्ड का स्थान निर्मित ...
शेष प्रासाद का लक्षण ब्रह्मरात्र में कह दिया गया है ॥ १८९ ॥

तस्मादत्र न संप्रोक्तः प्रासादस्य तु विस्तरः ।
लिङ्गत्रयस्य भेदश्च तत्रैव कथितो मया ॥ १९० ॥

इसलिये यहाँ प्रासाद के विस्तार के विषय में नहीं कहा गया ...
वहीं तीनों प्रकार के लिङ्गों का भेद भी कह दिया गया है ॥ १९० ॥

प्रतिष्ठा च तथा कार्या विशेषं कथयामि वः ।
पञ्चभिर्ब्रह्मरात्रोक्ता प्रतिष्ठा शङ्करस्य च ॥ १९१ ॥

ब्रह्मरात्र में पाँच अध्याय में प्रतिष्ठा कह दी गई है उसी प्रकार ...
भी प्रतिष्ठा करे । अब यहाँ शङ्कर की प्रतिष्ठा में जो विशेषता है ...
कह रहा हूँ ॥ १९१ ॥

शान्तिहोमादिकथनम्

स्थापना स्यादघोरेण शान्तिहोमस्तथा परैः ।
रुद्रगायत्रिया कुर्याद् दिशाहोमं समन्ततः ॥ १९२ ॥

अघोर मन्त्र से शिव की स्थापना करे । अन्य मन्त्रों से शान्ति ...
करे। रुद्र गायत्री (तत्पुरुषाय विद्महे...) से चारो ओर होम करे ॥ १९२ ॥

एवं प्रतिष्ठां कृत्वा तु कौतुकार्चामथार्चयेत् ।
तालमुद्रां ततः कृत्वा योगपीठं प्रकल्पयेत् ॥ १९३ ॥

इस प्रकार प्रतिष्ठा कर कौतुकार्चा की अर्चना करे । फिर तालमुद्रा ...
बनाकर योगपीठ की रचना करे ॥ १९३ ॥

कर्मार्चा रुद्रगायत्र्या स्थापयेत् परमेष्ठिना ।
एतयोरेव कुर्वीत प्रतिमायां तथात्मनि ॥ १९४ ॥

वैदिक रुद्र गायत्री से कर्मार्चा स्थापित करे । फिर इन दोनों ...
अपने शरीर में तथा प्रतिमा में न्यास करे ॥ १९४ ॥

प्रतिमायां न्यासप्रतिपादनम्

सद्योजातेन मन्त्रेण देवमावाहयेच्छिवम् ।
स्थापयेत् तमघोरेण प्रतिमायां यथाविधि ॥ १९५ ॥

'सद्योजात' मन्त्र से सदाशिव देव का आवाहन करे । फिर 'अघोर' ...
मन्त्र से यथाविधि उन्हें प्रतिमा में स्थापित करे ॥ १९५ ॥

वामदेवेन सान्निध्यं ततः कुर्याद्विचक्षणः ।
प्रणवेनासनं दत्त्वा ततः स्थानानि कल्पयेत् ॥ १९६ ॥

विचक्षण साधक वामदेव मन्त्र से सान्निध्य करे । तदनन्तर प्रणव से
आसन देकर तत्तद्देवताओं के स्थान की कल्पना करे ॥ १९६ ॥

अनन्तस्य ततः प्राच्यां सूक्ष्मस्यैव तु दक्षिणे ।
शिवोत्तमस्य वारुण्यामेकनेत्रस्य चोत्तरे ॥ १९७ ॥
शिखण्डिनस्तथाग्नेय्यां श्रीकण्ठस्य च नैर्ऋते ।
त्रिमूर्तेश्चैव वायव्ये एकरुद्रस्य चैश्वरे ॥ १९८ ॥

विचक्षण साधक पूर्व में अनन्त को, दक्षिण में सूक्ष्म को, पश्चिम में
शिवोत्तम को, उत्तर में एक नेत्र को, अग्निकोण में शिखण्डी को,
नैर्ऋत्य में श्रीकण्ठ को, वायव्य में त्रिमूर्त्ति को और ईशान में एक रुद्र
को स्थान देवे ॥ १९७-१९८ ॥

द्वितीयावरणे मुद्रास्थानकथनम्

द्वितीयावरणे पश्चान्मुद्रास्थानानि कल्पयेत् ।
मालिन्याः कल्पयेत्प्राच्यां निष्ठुरायाश्च दक्षिणे ॥१९९॥
पद्मस्य पश्चिमायां च कालकण्ठ्यास्तथोत्तरे ।
मुकुलाश्च तथाग्नेय्यां शशिकन्याश्च नैर्ऋते ॥ २०० ॥
वायव्ये ध्वजमुद्राया ऐशान्यामञ्जलेरपि ।
तृतीयावरणे पश्चाल्लोकपालांस्तु कल्पयेत् ॥ २०१ ॥

इसके बाद द्वितीय आवरण में मुद्रा स्थान प्रकल्पित करे । विचक्षण
साधक मालिनी को पूर्व में, निष्ठुरा को दक्षिण में, पद्म को पश्चिम में,
कालकण्ठ को उत्तर में, मुकुला को आग्नेय में, शशिकन्या को नैर्ऋत्य
में, ध्वजमुद्रा को वायव्य में और अञ्जलि को ईशान कोण में स्थान
प्रकल्पित करे । तृतीय आवरण में लोकपालों के लिये आसन प्रदान
करे ॥ १९९-२०१ ॥

तृतीयावरणे लोकपालार्चनविवेचनम्

अर्घ्यं पाद्यं तथा स्नानं दद्यात् तत्पुरुषेण तु ।
तेनैवाचमनीयं च वस्त्रदानं तथैव च ॥ २०२ ॥
ब्रह्मसूत्रमलङ्कारमीशानेन नियोजयेत् ।
गन्धं पुष्पं च दीपं च धूपं च चरुमेव च ॥ २०३ ॥

ततश्चाञ्जलिपुष्पं च होममन्त्रेण योजयेत् ।
शेषान् सर्वान् स्वनाम्ना तु पूजयेच्च विचक्षणः ।

विचक्षण साधक 'तत्पुरुष' मन्त्र से अर्घ्य पाद्य तथा ... उसी मन्त्र से आचमन एवं वस्त्रदान भी करे । 'ईशानः सर्व... मन्त्र से ब्रह्मसूत्र एवं अलङ्कार प्रदान करे । होम मन्त्र से ... दीप, धूप, चरु एवं पुष्पाञ्जलि प्रदान करे । शेष सभी को ... पूजन करें ॥ २०२-२०४ ॥

उद्वासनं तु बीजेन रुद्रगायत्रियापि वा ।
एवमेव तमष्टम्यामहोरात्रमुपोषितः ॥ २०५ ॥
पूजयेद् देवदेवेशं सर्वकामसमृद्धये ।
शिवयाग इति प्रोक्तो देवीयागं ब्रवीमि वः ॥ २०६ ॥

विचक्षण साधक बीज मन्त्र से अथवा रुद्र गायत्री से ... उद्वासन करे । इसी प्रकार अष्टमी तिथि को दिन-रात ... देवदेवेश भगवान् सदाशिव का अपनी कामनाओं की सिद्धि ... पूजन करे । यहाँ तक शिवयाग कहा गया है । अब आप ... देवीयाग के विषय में कहता हूँ ॥ २०५-२०६ ॥

देवीयागकथनम्

चतसृष्वपि वै दिक्षु दुर्गास्थानं विधीयते ।
ग्राममध्ये च कोणे च प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥ २०७ ॥
प्रत्यग्द्वारं भवेत् प्राच्यां प्राग्द्वारमेतरत्र तु ।
सिंहाङ्कं वापि कुर्वीत कृष्णसाराङ्कमेव वा ॥ २०८ ॥

दुर्गा का प्रासाद चारों दिशाओं में निर्माण का विधान है, किन्तु ... का मध्य एवं कोण प्रयत्न कर वर्जित करे । यदि ग्राम में ... निर्मित हो तो उसका द्वार पश्चिम ओर रखे । अन्य दिशाओं में ... हो तो उसका द्वार पूर्व में निर्माण करे । द्वार पर सिंह का चिह्न ... कृष्णसार मृग का चिह्न निर्माण करावे ॥ २०७-२०८ ॥

देवीप्रतिमामानकथनम्

प्रासादमेवं कुर्वीत तत्र स्थाने तु पूर्ववत् ।
प्रासादं तत्र कुर्वीत पूर्वोक्तद्रव्यविस्तरैः ॥ २०९ ॥
प्रासादस्यानुरूपेण प्रतिमां कारयेद् बुधः ।

नवतालेन वा कुर्यादष्टतालेन वा पुनः ॥ २१० ॥

पूर्वोक्त स्थान में प्रासाद निर्माण पूर्वोक्त द्रव्य के अनुसार पूर्ववत् करे। ... साधक प्रासाद के अनुरूप प्रतिमा का निर्माण करावे । वह ... प्रमाण में नवताल अथवा आठ ताल की बनावे ॥२०९-२१०॥

देवीप्रतिमास्वरूपकथनम्

श्यामां त्रिलोचनां कुर्याच्छङ्खचक्रधनुर्धराम् ।
शूलोपघ्नांशुकधरां रक्ताम्बरविभूषणाम् ॥ २११ ॥
रक्तपादाननां सौम्यां हारनूपुरशोभिनीम् ।
रक्ताशोकस्रजोपेतां मौलिनीं सावतंसकाम् ॥ २१२ ॥
त्रयोदशाब्दे देशीयामुत्पलायतलोचनाम् ।
सकृष्णसारां तामार्यां कुर्यात् सर्पेन्द्रमेखलाम् ॥ २१३ ॥
योगनिद्रेति सा प्रोक्ता विष्णोर्देवेश्वरस्य ह ।
अतः परं ब्रवीम्यस्याः परिवारचतुष्टयम् ॥ २१४ ॥

प्रतिमा का स्वरूप श्याम वर्ण, तीन नेत्र, शङ्ख, चक्र, धनुष, सूर्य ... किरणों के समान देदीप्यमान त्रिशूल, रक्त वस्त्र तथा रक्त आभूषण ... युक्त हाथ, रक्त पाद, सौम्य हार, नूपुर, रक्त वर्ण के अशोक की ... मुकुट तथा कर्ण भूषण धारण किये हुये तेरह वर्ष की अवस्था ... कमल के समान विशाल नेत्र वाला, कृष्णसार मृग तथा सर्पेन्द्र ... मेखला धारण किये हुये आर्या का निर्माण कराना चाहिये । यही ... देवेश्वर विष्णु की योगनिद्रा का कहा गया है । अब इनके चार ... परिवारों का वर्णन करता हूँ ॥ २११-२१४ ॥

देवीपरिवारकथनम्

पश्चाच्चामरधारिण्यौ जया च विजयापि च ।
चूडामकुटधारिण्यौ रक्तशुक्लाम्बरस्रजौ ॥ २१५ ॥
दक्षिणे चैव वामे च स्थिते कुर्याद्विचक्षणः ।
पुष्कला चैव पूर्णा च कार्ये चोभयपार्श्वयोः ॥ २१६ ॥
शुक्लनीलाम्बरधरे चूडामकुटशोभिते ।
दक्षिणे चैव वामे च स्थिते कुर्याद्विचक्षणः ॥ २१७ ॥
ताम्बूलपत्रहस्ता स्यात् पुष्कला रूपशालिनी ।
पूर्णा कन्दुकहस्ता स्याद्वहन्ती च दर्पणम् ॥ २१८ ॥

१. विचक्षण साधक प्रतिमा के पीछे चामर और … धारण करने वाली जया का तथा विजया का निर्माण करे … तथा शुक्ल वर्ण की माला धारण की हुई जया दक्षिण में तथा … एवं शुक्ल वर्ण की माला धारण की हुई विजया वाम भाग में … होना चाहिये । २. दक्षिण और उत्तर दोनों पार्श्व भाग में … धारण की हुई पुष्कला और पूर्णा का निर्माण करे । पुष्कला … शुक्ल और पूर्णा का वस्त्र नील वर्ण का होना चाहिये । … पुष्कला ताम्बूल पात्रहस्ता तथा हाथ में दर्पण लिये हुये और … कन्दुकहस्ता निर्माण करे ॥ २१५-२१८ ॥

एवं कुर्यात् स्थितां देवीं नासीनां तु कदाचन ।
पादपीठं भवेत् पद्मं देव्या नान्यत् कदाचन ॥ २१…

भगवती योगनिद्रा का निर्माण इस प्रकार करे किन्तु … हुई) न करे । इनका पादपीठ कमल होना चाहिये अन्य नहीं …

देवीप्रतिष्ठाविधिकथनम्

प्रतिष्ठां शान्तिहोमेन कुर्याद्वै जातवेदसा ।
आर्यायै नम इत्यस्याः स्थापनं पुनराचरेत् ॥ २२…

शान्ति होमपूर्वक 'जातवेदसे' ऋचा मन्त्र से इनकी प्रतिष्ठा … फिर 'आर्यायै नमः' इस मन्त्र से स्थापना करे ॥ २२० ॥

कुर्यात् स्थानमनेनैव देव्याः पञ्चाक्षरेण च ।
एवं प्रतिष्ठां कृत्वा तु पूजनं पुनराचरेत् ॥ २२…

देवी के इसी पञ्चाक्षर मन्त्र से उनकी स्थापना तथा प्रतिष्ठा … पूजन प्रारम्भ करे ॥ २२१ ॥

देवीपूजनविधिकथनम्

अष्टपत्रं ततः पद्मं योगपीठं प्रकल्पयेत् ।
पञ्चाक्षरेण कर्मार्चां विन्यसेत् कर्णिकोपरि ॥ २२…

फिर अष्टपत्र युक्त कमल का योगपीठ निर्माण करे … कर्णिकाओं पर इसी पञ्चाक्षर मन्त्र से कर्मार्चा न्यास करे ॥ २२…

आवाह्य तेन मन्त्रेण कर्मार्चायां नियोजयेत् ।
तेनैव विष्टरं दत्त्वा ततः स्थानानि कल्पयेत् ॥ २२…

उसी मन्त्र से आवाहन कर उन्हें कर्मार्चा में संयुक्त कर …

… मन्त्र से कुशा का विष्टर देकर तत्तद्देवताओं के लिये स्थान … करे ॥ २२३ ॥

पूर्वस्यां दिशि पुष्ट्याश्च तुष्ट्याश्चैव तु दक्षिणे ।
सृष्ट्याश्च पश्चिमे भागे प्रीतेरुत्तरपार्श्वतः ॥ २२४ ॥
शङ्खस्य तु तथाग्नेय्यां तथा चक्रस्य नैर्ऋते ।
धनुषश्चैव वायव्ये त्रिशूलस्येशगोचरे ॥ २२५ ॥

पूर्व दिशा में पुष्टि के लिये, दक्षिण में तुष्टि, पश्चिम में सृष्टि; उत्तर में प्रीति; आग्नेय में शङ्ख, नैर्ऋत्य में चक्र, वायव्य में धनुष, ईशान में त्रिशूल के लिये स्थान कल्पित करे ॥ २२४-२२५ ॥

पाद्यं स्नानं तथा चार्घ्यं ततश्चाचमनीयकम् ।
दद्यात् पञ्चाक्षरेणैव तथा वस्त्रं च भूषणम् ॥ २२६ ॥
गन्धं पुष्पं च धूपं च दीपं च चरुमेव च ।
दद्यान्मांसोपहारैश्च सर्वं वै जातवेदसा ॥ २२७ ॥

पुनः पञ्चाक्षर मन्त्र से ही पाद्य, अर्घ्य, स्नान, आचमनीय तथा 'जातवेदसे' इस मन्त्र से वस्त्र, आभूषण, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, चरु तथा मांसोपहार आदि सब कुछ समर्पित करे ॥ २२६-२२७ ॥

शेषान् स्वनामभिः सर्वान् पूजयेच्च विचक्षणः ।
पञ्चाक्षरेण मन्त्रेण देवीमुद्वासयेत् ततः ॥२२८॥

तदनन्तर विद्वान् साधक शेष देवताओं का तत्तन्नामों से पूजन करे। फिर पूर्वोक्त पञ्चाक्षर मन्त्र से देवी का उद्वासन करे ॥२२८॥

देवीव्रतविधिकथनम्

नवम्यामम्बिकामेवमहोरात्रमुपोषितः ।
पूजयेद् विविधैः पुष्पैश्चरुभिर्मांसशोणितैः ॥ २२९ ॥
सर्वान् कामानवाप्नोति इष्टान् देव्याः प्रसादतः ।
दुर्गायाग इति प्रोक्तो यमयागं ब्रवीमि वः ॥ २३० ॥

नवमी तिथि को इस प्रकार दिन-रात उपवास कर साधक अनेक प्रकार के पुष्पों, चरु, मांस एवं शोणित से अम्बिका का पूजन करे तो वह देवी की प्रसन्नता से अपनी समस्त मनवाञ्छित कामनायें प्राप्त कर लेता है । यहाँ तक दुर्गायाग कहा गया है अब यहाँ आप लोगों से यम याग कहता हूँ ॥ २२९-२३० ॥

यमयागकथनम्

ग्रामस्य दक्षिणे पार्श्वे यमस्यायतनं भवेत् ।
तत् कुर्याद् दक्षिणद्वारं पूर्वोक्तैर्द्रव्यविस्तरैः ॥ २३१ ॥
न चान्यत्र प्रकुर्वीत यमायतनमण्डपम् ।
वृत्तं वा चतुरस्त्रं वा महिषीणां तथा भवेत् ॥ २३२ ॥

ग्राम के दक्षिण ओर यमराज का आयतन होना चाहिये। पूर्वोक्त द्रव्यों से दक्षिण द्वार वाला निर्माण करावे । यमराज का ... एवं मण्डप अन्यत्र निर्माण न करावे । यमराज की महिषी ... आयतन चौकोर अथवा गोला निर्माण करावे ॥ २३१-२३२ ॥

यमप्रतिमामानकथनम्

प्रतिमां कारयेत् तत्र नवतालप्रमाणतः ।

यमराज की प्रतिमा प्रमाण में नवताल की बनवावे ॥ २३३ ॥

यमप्रतिमास्वरूपकथनम्

मेघश्यामं तु रक्ताक्षं द्विभुजं दण्डधारिणम् ॥ २३३ ॥
पीतमाल्याम्बरधरमुभयांसोपवीतकम् ।
विचित्रमकुटं भीमं किङ्किणीबद्धपादकम् ॥ २३४ ॥

उन यम का स्वरूप मेघ के समान काला, आँखे लाल ... दो भुजा और दण्ड धारण किये हुये होना चाहिये । पीतवर्ण ... तथा दोनों कन्धे यज्ञोपवीत से युक्त, विचित्र वर्ण का मुकुट, ... भयङ्कर स्वरूप तथा पैर में छोटे-छोटे घुघुरु से युक्त किङ्किणी ... चाहिये ॥ २३३-२३४ ॥

सिंहासने समासीनं न स्थितं शयितं न च ।
प्रबद्धवामपादाग्रं पीठस्थेतरपादकम् ॥ २३५ ॥
कुर्याद्वैवस्वतं देवं सौम्याग्नेयगुणान्वितम् ।

उन्हें खड़ा तथा शयित रूप में निर्माण न करावे । सिंहासन ... समासीन निर्माण करावे । वामपाद का अग्रभाग नीचे की ओर ... तथा इतर पाद पीठस्थ निर्माण करावे । सौम्य (शान्त) तथा ... (क्रोध) गुणों से युक्त इस प्रकार वैवस्वत यम का स्वरूप बनवावे ...

यमपरिवारकथनम्

सुधर्मा च विधर्मा च तालव्यजनशोभिते ॥ २३६ ॥

चूडामकुटधारिण्यौ पीताम्बरविभूषणे ।
रक्तोत्पलनिभे ते तु नीलनीरजलोचने ॥ २३७ ॥

... के पीछे दाहिने और बायें क्रमशः तालव्यजन से शोभित, ... मुकुट धारण की हुई, पीताम्बर और आभूषणों से युक्त, लाल ... के समान कान्ति से युक्त एवं नीले कमल के समान नेत्रों वाली ... और विधर्मा का खड़े रूप में निर्माण करावे ॥ २३६-२३७ ॥

दक्षिणे चैव वामे च स्थिते कार्ये तु पृष्ठतः ।
चित्रगुप्तः कलिश्चैव कर्तव्यौ यमपार्श्वयोः ॥ २३८ ॥
दक्षिणे चित्रगुप्तस्तु गौरवर्णः सिताम्बरः ।
नीलवर्णः कलिर्वामे पीताम्बरविभूषणः ॥ २३९ ॥

... के पार्श्वभाग में दक्षिण और गौरवर्ण श्वेत वस्त्रधारी चित्रगुप्त का ... बायीं ओर पीताम्बर धारण किये हुये नीलवर्ण के कलि का निर्माण ... ॥ २३८-२३९ ॥

कृतान्तं चैव मन्युं च अर्चनापीठपार्श्वयोः ।
आसीनौ श्यामलौ कार्यौ रक्ताग्बरविभूषणौ ॥ २४० ॥
प्रासादस्याग्रतः कुर्यान्महिषस्थानमुत्तमम् ।

... पीठ के दोनों पार्श्व में कृतान्त और मन्यु का श्यामल वर्ण, ... एवं रक्त आभूषण से युक्त बैठे हुये निर्माण करावे । प्रासाद के ... उत्तम महिष का स्थान निर्माण करावे ॥ २४०-२४१ ॥

यमपूजाकथनम्

प्रतिष्ठां शान्तिहोमेन यमगायत्रिया भवेत् ॥ २४१ ॥
ओं वैवस्वताय विद्महे प्रेतनाथाय धीमहि ।
तन्नो धर्मः प्रचोदयात् ॥ २४२ ॥

... होम के पश्चात् यम गायत्री से उनकी प्रतिष्ठा करे । 'ॐ ... विद्महे प्रेतनाथाय धीमहि । तन्नो धर्मः प्रचोदयात्' यह यम ... है ॥ २४१-२४२ ॥

अनयैव दिशाहोमं प्रतिष्ठां चापि कारयेत् ।
यमाय नम इत्येव न्यासं पञ्चाक्षरेण तु ॥ २४३ ॥

... से दिशा होम तथा प्रतिष्ठा करावे फिर 'यमाय नमः' इस ... से न्यास करे ॥ २४३ ॥

एवं प्रतिष्ठां कृत्वा तु पूजनं पुनरारभेत् ।
पद्मस्य यमगायत्र्या कर्मार्चां मध्यमे न्यसेत् ॥ २४४ ॥

इस प्रकार प्रतिष्ठा कार्य संपन्न कर पुनः पूजन प्रारम्भ ... गायत्री से पद्म के मध्य में कर्मार्चा स्थापित करे ॥ २४४ ॥

तयैवावाहयेद् देवं तया दद्याच्च विष्टरम् ।
अथाष्टपरिवाराणां तत्र स्थानानि कल्पयेत् ॥ २४५ ॥

उसी यम गायत्री से देव का आवाहन तथा विष्टर सं... तदनन्तर उनके आठों परिवारों का स्थान प्रकल्पित करे ॥ २४५ ॥

यमपरिवारस्थानविवेचनम्

प्राच्यां च चित्रगुप्तस्य कलेश्चैव तु दक्षिणे ।
प्रतीच्यां च कृतान्तस्य मृत्योश्चैव तथोत्तरे ॥ २४६ ॥
आग्नेये कालरात्र्यास्तु निद्रायाश्चैव नैर्ऋते ।
तन्द्र्याश्चैव तु वायव्ये मन्योरीशानगोचरे ॥ २४७ ॥

पूर्व में चित्रगुप्त दक्षिण में कलि पश्चिम में काल उत्तर ... आग्नेय कोण में कालरात्रि नैर्ऋत्य में निद्रा, वायव्य में तन्द्रा ... कोण में मन्यु के स्थान की कल्पना करे ॥ २४६-२४७ ॥

यमपरिवारपूजाविवेचनम्

पाद्यार्घ्याचमनीयानि दद्यात् पञ्चाक्षरेण तु ।
शेषं तु यमगायत्र्या कुर्यात् तत्र विचक्षणः ॥ २४८ ॥
परिवारान् स्वनाम्नैव पूजयेच्च यथाक्रमम् ।
उद्वासयेच्च गायत्र्या ततः पञ्चाक्षरेण वा ॥ २४९ ॥

पञ्चाक्षर से पाद्य अर्घ्य और आचमनीय देवे । विचक्षण ... पूजा कार्य यमगायत्री से संपादन करे । परिवारों का क्रमानुसार ... से पूजन करे । फिर यमगायत्री से अथवा पञ्चाक्षर से यम का ... करे ॥ २४८-२४९ ॥

यमव्रतोपवासविवेचनम्

दशम्यां पूजयेद् देवमहोरात्रमुपोषितः ।
मांसपुष्पोपहारैश्च तिलकल्कैर्गुडाप्लुतैः ॥ २५० ॥
तिलैर्वा पूजयेद् देवमिष्टान् कामानवाप्नुयात् ।
यमयाग इति प्रोक्तः शक्रयागं ब्रवीमि वः ॥ २५१ ॥

साधक दशमी तिथि को दिन रात उपवास कर मांस पुष्प के उपहारों से तिल का चूर्ण एक गुड़ में मिलाकर अथवा केवल तिल से देव का पूजन करे तो उसका समस्त अभीष्ट सिद्ध हो जाता है । यहाँ तक यम याग कहा गया । अब इन्द्र याग कहता हूँ ॥ २५०-२५१ ॥

शक्रयागनिरूपणम्

शक्रस्यायतनं कुर्यात् प्राच्यां वा ग्राममध्यमे ।
प्राच्यां तु पश्चिमद्वारं प्राग्द्वारं ग्राममध्यमे ॥ २५२ ॥

ग्राम के पूर्वभाग में अथवा मध्य में इन्द्र के आयतन का निर्माण करे । यदि पूर्व में आयतन हो तो उसका द्वार पश्चिम में मध्य में आयतन हो तब उसका द्वार पूर्व में करे ॥ २५२ ॥

शक्रयागे इन्द्रप्रतिमानिरूपणम्

माहेन्द्रं नाम नाम्ना तु चतुरस्रं त्रिभूमिकम् ।
ततश्च प्रतिमां कुर्यान्नवतालप्रमाणतः ॥ २५३ ॥

तीन भूमि (तीन छत) वाले तथा चौकोर उस आयतन का 'माहेन्द्र' ऐसा नामकरण करे । फिर नवताल प्रमाण की इन्द्र की प्रतिमा का निर्माण करे ॥ २५३ ॥

शिलामयीं मृन्मयीं वा ततो लोहमयीं तु वा ।
द्वितीयभूमौ कुर्वीत नानारत्नविभूषिते ॥ २५४ ॥

वह प्रतिमा शिला की, मिट्टी की अथवा लोहे की बनी होनी चाहिये। अनेक प्रकार के रत्नों से जटित द्वितीय तल भूमि में उस प्रतिमा की स्थापना करे ॥ २५४ ॥

इन्द्रप्रतिमास्वरूपनिरूपणम्

सिंहासने विचित्रे तु समासीनं शतक्रतुम् ।
किरीटहारकेयूरप्रलम्बकटकान्वितम् ॥ २५५ ॥

विचित्र सिंहासन पर समासीन, किरीट, हार, केयूर, अत्यन्त लम्बे कटक नाम के आभूषणों से सुशोभित प्रतिमा होनी चाहिए ॥ २५५ ॥

दूर्वामरकतश्यामं पद्मायतविलोचनम् ।
पीतमाल्याम्बरधरं कल्पद्रुमसमाश्रितम् ॥ २५६ ॥
सर्वरत्नोपवीतं च सर्वाभरणभूषितम् ।
प्रबद्धवामपादान्तं पीठस्थेतरपादकम् ॥ २५७ ॥

एवं देवेश्वरं कुर्यात् सौम्यं कुलिशधारिणम् ।

दूर्वा अथवा मरकतमणि के समान श्याम वर्ण कमल के … विशाल नेत्र, पीत माला एवं पीत वस्त्र धारण किये हुये, कल्प… नीचे बैठे हुये, सभी रत्नों से भूषित हुये, सर्वाभरणों से संयुक्त, … पर वामपाद को स्थिर तथा दाहिने पाद को पीठ पर स्थापित कि… हाथ में वज्र लिये हुये सौम्य स्वरूप वाले देवेश्वर इन्द्र की प्रति… अत्यन्त मनोरम स्वरूप निर्माण करावे ॥ २५६-२५८ ॥

इन्द्रपरिवारस्वरूपनिरूपणम्

कार्ये चामरधारिण्यावुर्वशी च तिलोत्तमा ॥ २५८ ॥
दक्षिणे चैव वामे च पीतवर्णे सिताम्बरे ।
बृहस्पतिश्च शुक्रश्च कर्तव्यौ शक्रपार्श्वयोः ॥ २५९ ॥
पीतमाल्याम्बरधरौ शुद्धस्फटिकसंनिभौ ।
दक्षिणे चैव वामे च स्थितौ मौलिजटाधरौ ॥ २६० ॥

उनके दक्षिण तथा वाम भाग में पीत वर्ण वाली, श्वेत वस्त्र … की हुई, हाथ में चामर लिये हुये क्रमशः उर्वशी और तिलोत्तमा … निर्माण करावे । इन्द्र के दोनों पार्श्व दक्षिण तथा बाँयी ओर क्र… बृहस्पति और शुक्र का निर्माण करावे । इन दोनों की प्रतिमा को … पर मुकुट धारण किये हुये, पीतमाला और पीत वस्त्र से युक्त … स्फटिक के समान श्वेत वर्ण का होना चाहिये ॥ २५८-२६० ॥

अत्रिश्चापि शची चापि अर्चनापीठपार्श्वयोः ।
शुक्लरक्तौ सुखासीनौ शुक्लरक्ताम्बरस्रजौ ॥ २६१ ॥
अत्रिर्मुनिर्जटाधारी शची वै मौलिधारिणी ।
सर्व एव च कर्तव्याश्चाष्टतालप्रमाणतः ॥ २६२ ॥

अर्चनापीठ के दोनों और सुखासन से बैठे हुये अत्रि और शची … निर्माण करावे । जिसमें अत्रि मुनि जटा धारण किये हुये शुक्ल वर्ण … शुक्ल वस्त्र तथा शुक्ल वर्ण की माला से शोभित हों, शची सि… मुकुट धारण की हुई रक्त वर्ण की तथा रक्त वर्ण के वस्त्र एवं रक्त … की माला धारण की हो । इन सभी प्रतिमाओं का प्रमाण आठ ता… होना चाहिये ॥ २६१-२६२ ॥

इन्द्रवाहनस्थानविधानम्

कुर्यादैरावतस्थानं प्रासादस्याग्रतस्ततः ।

प्रतिष्ठा शान्तिहोमेन शक्रगायत्रिया भवेत् ॥ २६३ ॥
ओं सहस्राक्षाय विद्महे शतयज्ञाय धीमहि ।
तन्नः शक्रः प्रचोदयात् ॥ २६४ ॥

…अनन्तर प्रासाद के अग्रभाग में इन्द्र के वाहन ऐरावत के स्थान का …माण करे । अनन्तर शक्र गायत्री से शान्ति होम तथा इन्द्र की … करनी चाहिये । 'ॐ सहस्राक्षाय विद्महे शतयज्ञाय धीमहि । तन्नः … प्रचोदयात्' यह शक्र गायत्री है ॥ २६३-२६४ ॥

इन्द्रपूजाविधानम्

अनया शान्तिहोमः स्यादश्वत्थसमिधः स्मृताः ।
ततः पुरुषसूक्तेन दिशाहोमं तु कारयेत् ॥ २६५ ॥

शक्र गायत्री से ही शान्ति होम करे । होम में अश्वत्थ की समिधा … चाहिये । फिर पुरुषसूक्त से दिशा होम करावे ॥ २६५ ॥

षडक्षरेण मन्त्रेण स्थापयेत्तं सुरेश्वरम् ।
अयं नमो महेन्द्राय इति मन्त्रः षडक्षरः ॥ २६६ ॥
अनेनैव भवेन्न्यासो देवे चैव तथात्मनि ।
एवं प्रतिष्ठां कृत्वा तु पूजनं पुनरारभेत् ॥ २६७ ॥

'नमो महेन्द्राय' वह षडक्षर मन्त्र है । इसी मन्त्र से सुरेश्वर को …पित करे । इसी से स्वयं अपने शरीर में तथा देव प्रतिमा में भी …न्यास करे । इस प्रकार इन्द्र को प्रतिष्ठापित कर साधक पुनः पूजन …आरम्भ करे ॥ २६३-२६७ ॥

कर्मार्चाविधानम्

स्थण्डिले शक्रगायत्र्या ततः पद्मं तु कल्पयेत् ।
षडक्षरेण मन्त्रेण कर्मार्चां तत्र विन्यसेत् ॥ २६८ ॥

वेदी पर शक्र गायत्री से कमल निर्माण करे । फिर षडक्षर मन्त्र से … पर कर्मार्चा का न्यास करे ॥ २६८ ॥

तेनावाह्यासनान्तं च दत्त्वा स्थानानि कल्पयेत् ।
प्राच्यां बृहस्पतेः स्थानं शुक्रस्यैव तु दक्षिणे ॥ २६९ ॥
ऐरावतस्य वारुण्यामुच्चैःश्रवस उत्तरे ।
शच्याः स्थानमथाग्नेये नैर्ऋत्यां चाप्युपश्रुतेः ॥ २७० ॥
वायव्ये चाप्यलाभाया ऐशाने कुलिशस्य च ।

पाद्यादि दद्यात् सर्वं तु सदसस्पतिमित्यृचा ॥ २७१ ॥

इसी से आवाहन कर आसन देवे । फिर स्थान की कल्पना पूर्व में बृहस्पति का स्थान, दक्षिण में शुक्र का स्थान, पश्चिम में ... का, उत्तर में उच्चैःश्रवा का स्थान, आग्नेय में शची का, ... उपश्रुति का, वायव्य में अलाभ का और ईशान में कुलिश का निर्माण करे । फिर 'सदसस्पति' इस ऋचा से पाद्यादि अर्घ्य प्रदान करे ॥ २६९-२७१ ॥

षडक्षरेण वा दद्याद् गायत्र्याथापि वा पुनः ।
शेषान् स्वनाममन्त्रेण सर्वान् संपूजयेत् पृथक् ॥ २७२ ॥

अथवा षडक्षर से अथवा गायत्री से सबकुछ पूजा सामग्री प्रदान करे । शेष की पृथक्-पृथक् उनके नामों से ही पूजा करे ॥ २७२ ॥

व्रतपूजाविधानम्

षडक्षरेण मन्त्रेण देवमुद्वासयेत् ततः ।
एवं संपूजयेद् विद्वानेकादश्यामुपोष्य च ॥ २७३ ॥
पायसं कृसरं गौडं हरिद्रान्नं चतुर्विधम् ।
चरुकर्मणि संप्रोक्तं पद्मं कुसुमकर्मणि ॥ २७४ ॥

इसके बाद षडक्षर मन्त्र से देवाधिदेव का उद्वासन करे । इस प्रकार विद्वान् साधक एकादशी तिथि में दिन-रात उपवास कर इन्द्र का पूजन करे और पायस कृसर गौड़ (गुड़ निर्मित पदार्थ) हरिद्रान्न जो चार प्रकार का होता है जिसे चरुकर्म के प्रकरण में कह दिया गया है और पुष्प कर्म में प्रतिपादित पद्म समर्पण करे ॥ २७३-२७४ ॥

विष्णुयागकथनम्

शक्रयाग इति प्रोक्तो विष्णुयागं ब्रवीमि वः ।
प्रासादलक्षणं सर्वं प्रतिमालक्षणं तथा ॥ २७५ ॥
प्रतिष्ठालक्षणं चापि ब्रह्मरात्रे प्रकीर्तितम् ।
अत्र वर्णविशेषं तु प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम् ॥ २७६ ॥

यहाँ तक शक्रयाग कहा गया है । अब विष्णु याग कहता हूँ । ब्रह्मरात्र में विष्णु का प्रासाद लक्षण, प्रतिमा लक्षण और प्रतिष्ठा लक्षण कह दिया गया है । यहाँ विष्णुयाग में केवल वर्ण विशेष के द्वारा अर्चन को यथाक्रम से कहा जा रहा है ॥ २७५-२७६ ॥

विष्णुयागे विशेषकथनम्

आसने रक्तवर्णो वा पीतो वा विष्णुरव्ययः ।
शयने श्यामलो वापि हरितो वा हरिः स्वयम् ॥२७७॥

यदि आसन पर विष्णु की स्थापना हो, तब उन्हें रक्त वर्ण अथवा पीतवर्ण का निर्माण करे । शयन पर श्याम वर्ण अथवा हरितवर्ण के विष्णु का निर्माण करावे ॥ २७७ ॥

याने हरित एव स्यान्महाविष्णुः कृते युगे ।
पीतश्च हरितः श्यामः क्षत्रियस्य कृते युगे ॥ २७८ ॥
हरितः श्यामलश्चापि वैश्यस्य तु कृते युगे ।
श्याम एव तु शूद्राणां शेषाणां च कृते युगे ॥ २७९ ॥

कृतयुग में यान पर केवल हरितवर्ण के महाविष्णु कहे गये हैं । कृतयुग में क्षत्रिय के लिये पीत, हरित एवं श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं । वैश्य के लिये कृतयुग में हरित और श्याम वर्ण के महाविष्णु कहे गये हैं । शेष शूद्रों के लिये केवल श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं ॥ २७८-२७९ ॥

विप्रक्षत्रिययोः पीतहरितश्यामलास्त्रयः ।
वर्णा विष्णोः समुद्दिष्टास्त्रेतायां वर्णकर्मणि ॥२८०॥

त्रेता में वर्ण विचार कर्म में ब्राह्मण और क्षत्रिय के लिये पीत हरित और श्याम तीन वर्ण के विष्णु कहे गये हैं ॥ २८० ॥

वैश्यस्य हरितः श्यामो श्यामः शूद्रस्य वै भवेत् ।

वैश्य के लिये त्रेता में हरे और श्याम वर्ण के तथा शूद्र के लिये केवल श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं ।

द्वापरे तु द्विजातीनां पीतश्यामौ प्रकीर्तितौ ॥ २८१ ॥

द्विजातियों के लिये द्वापर में पीले और श्याम वर्ण के विष्णु कहे गये हैं ॥ २८१ ॥

कलौ युगे तु सर्वेषां श्यामवर्णः प्रशस्यते ।
एष एव क्रमः प्रोक्तो विपरीतोऽन्य उच्यते ॥ २८२ ॥

किन्तु कलि में सबके लिये विष्णु श्याम वर्ण के कहे गये हैं । यही क्रम आगम में कहा गया है । विपरीत होने पर परिणाम भी अन्य हो जाता है ॥ २८२ ॥

वर्णविपर्यस्य फलकथनम्

वर्णस्य विपरीते तु भवेल्लोकविपर्ययः ।
कर्तुः कारयितुश्चापि नाशः स्यादचिरादिव ॥ [illegible]

विष्णु के वर्ण के विपर्यय में लोक का विपर्यय हो जाता [illegible] ही नहीं वर्ण विपर्यय होने पर कर्त्ता और कराने वाले [illegible] नाश हो जाता है ॥ २८३ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन विपरीतं न कारयेत् ।
पूजा च ब्रह्मरात्रे तु कथिता सम्यगेव च ॥ २८[illegible]

इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से विपरीतवर्ण विवर्जित [illegible] की पूजा ब्रह्मरात्र में अच्छी तरह कह दी गयी है ॥ २८४ ॥

द्वादश्यां यागकर्मणि विशेषकथनम्

विशेषमत्र वक्ष्यामि द्वादश्यां यागकर्मणि ।
एकादश्यामुपोष्याथ द्वादश्यामर्चयेत् प्रभुम् ॥ २८[illegible]

द्वादशी तिथि में किये जाने वाले विष्णु याग कर्म में [illegible] कर्म कह रहे हैं । साधक एकादशी को उपवास कर द्वादशी [illegible] की अर्चना करे ॥ २८५ ॥

यद्वा पुरुषसूक्तं तु षोडशर्चमुदाहृतम् ।
तेन संपूजयेद् देवं यथावत् क्रमयोगतः ॥ २८६ ॥
आद्ययावाहयेद् देवमृचा तु पुरुषोत्तमम् ।
द्वितीययासनं दद्यात् पाद्यं चैव तृतीयया ॥ २८७ ॥
चतुर्थ्यार्घ्यं प्रदातव्यं पञ्चम्याचमनीयकम् ।
षष्ठ्या स्नानं प्रदातव्यं सप्तम्या वस्त्रमेव च ॥ २८[illegible]
उपवीतं तथाष्टम्या नवम्या गन्ध एव च ।
पुष्पं दशम्या दातव्यमेकादश्या च दीपकम् ॥ २८[illegible]
द्वादश्या च तथा धूपं त्रयोदश्या चरुं ततः ।
चतुर्दश्याञ्जलिं दद्यात् पञ्चदश्या प्रदक्षिणम् ॥ २९[illegible]
षोडश्योद्वासनं कुर्याच्छेषान् संपूज्य नामभिः ।
सूक्तेन चरुहोमं च कुर्याच्छेषं तु पूर्ववत् ॥ २९१ ॥

पुरुषसूक्त में कही गई १६ ऋचाओं से क्रमपूर्वक देव [illegible] पूजन करना चाहिये । पहली ऋचा से पुरुषोत्तम देव का आवाहन [illegible]

[illegible] ऋचा से आसन, तृतीय ऋचा से पाद्य, चतुर्थ से अर्घ्य, पञ्चम [illegible], षष्ठ से स्नान, सप्तम से वस्त्र, अष्टम से उपवीत, नवम [illegible], दशम से पुष्प, एकादश से दीपक, द्वादश से धूप, तेरहवीं [illegible] से चरु, चौदहवीं से पुष्पाञ्जलि, पन्द्रहवी से प्रदक्षिणा और [illegible] ऋचा से विष्णु का उद्वासन करे । शेष देवताओं का उनके [illegible] से पूर्ववत् पूजन करे । फिर वैष्णव साधक पुरुषसूक्त से चरु का [illegible] करे ॥ २८६-२९१ ॥

एवं संपूजयेद् विद्वान् देवदेवं जनार्दनम् ।
षण्मासात् सिद्धिमाप्नोति तिथियागपरो नरः ॥ २९२ ॥
विष्णुयाग इति प्रोक्तः कामयागं ब्रवीमि वः ।

विद्वान् साधक इस प्रकार देवाधिदेव जनार्दन की पूजा करे तो छः [illegible] के भीतर विष्णु तिथियाग करने वाले उस साधक को सिद्धि प्राप्त [illegible] जाती है । यहाँ तक विष्णुयाग कहा गया है । अब आप लोगों से [illegible] कह रहा हूँ ॥ २९२-२९३ ॥

कामयागविधानम्

ग्राममध्ये च कोणे वा कन्दर्पस्थानमाचरेत् ॥ २९३ ॥

ग्राम के मध्य में अथवा कोण में कामदेव का प्रासाद निर्माण [illegible] ॥ २९३ ॥

कामदेवस्वरूपविधानम्

प्रत्यग्द्वारं क्रमात् कृत्वा पूर्वोक्तैर्द्रव्यविस्तरैः ।
हस्तिपृष्ठं तु वा कुर्यात् परिवृत्तमथापि वा ॥ २९४ ॥
हस्तिपृष्ठमशोकाङ्कं मकराङ्कमथोत्तरम् ।
अशोकं प्रतिमाशूलं कन्दर्पस्य विशिष्यते ॥ २९५ ॥

पूर्वोक्त द्रव्य विस्तार से काम के आयतन का द्वार पश्चिम दिशा में [illegible] करावे । उसे हस्ति पृष्ठ बनवावे अथवा गोला बनवावे । उस पर [illegible] का, अशोक का अथवा मकर का चिन्ह बनावे । यहाँ [illegible] यह है कि कन्दर्प की प्रतिमा त्रिशूल एवं अशोक वृक्ष से [illegible] निर्मित होनी चाहिये ॥ २९४-२९५ ॥

कन्दर्पप्रतिमामानकथनम्

नवतालप्रमाणेन प्रतिमां कारयेत् ततः ।

तन्नः कामः प्रचोदयात् ।
इत्यनेनैव मन्त्रेण प्रतिष्ठामारभेत् ततः ॥ ३०९

कन्दर्प पूजा कथन-शान्ति होम के साथ कामगायत्री से प्रतिष्ठा करे । 'मनोभवाय विद्महे पञ्चबाणाय धीमहि । तन्नः प्रचोदयात्' यह काम गायत्री है । इसी काम गायत्री से प्रतिष्ठा करे ॥ ३०८-३०९ ॥

अर्चनं पुनरस्यैव प्रवक्ष्यामि यथातथम् ।
स्थण्डिले पद्मकं कृत्वा तद्गायत्र्या समाहितः ॥ ३१०

अब पुनः जिस प्रकार अर्चन किया जाता है उसे यथा... हूँ । एकाग्रचित्त हो साधक किसी स्थण्डिल पर कामगायत्री ... निर्माण करे ॥ ३१० ॥

अशोकशाखां तन्मध्ये स्थापयेदोमिति ब्रुवन् ।
अलाभे चूतशाखां वा माधवीलतिकां तु वा ॥ ३१

फिर 'ॐ' उच्चारण करते हुये उस कमल के मध्य में ... शाखा की खूँटी स्थापित करे । अशोक शाखा के अभाव में आम की शाखा अथवा माधवी लता का उपयोग करे ॥ ३११ ॥

तद्गायत्र्या तमावाह्य तया दद्याच्च विष्टरम् ।
नमः पुष्पशरायेति न्यासं सप्ताक्षरेण तु ॥ ३१

फिर कामगायत्री से काम का आवाहन कर विद्वान् साधक ... विष्टर प्रदान करे । 'नमः पुष्पशराय' इस सप्ताक्षर मन्त्र का ... न्यास करे ॥ ३१२ ॥

कृत्वा निरुध्य तेनैव ततः स्थानानि कल्पयेत् ।
वसन्तस्यैव पूर्वस्यां दक्षिणस्यां मदस्य च ॥ ३
रागस्य पश्चिमायां च सोमस्यैव तथोत्तरे ।
आग्नेये च रतेः स्थानं वारुण्या निर्ऋतावपि ॥ ३
उषायाश्चापि वायव्ये मकरस्यैशगोचरे ।
पाद्यादीनि च कर्माणि दद्यात् सप्ताक्षरेण तु ॥ ३

पुनः उसी से कामदेव को निरुद्ध कर स्थान की कल्पना ... वसन्त को पूर्व दिशा में, मद को दक्षिण दिशा में, राग को ... दिशा में, सोम को उत्तर में, रति को आग्नेय में, वारुणी को ...

... उषा को वायव्य में तथा मकर को ईशान कोण में स्थान प्रकल्पित करे । तदनन्तर सप्ताक्षर से पाद्यादि प्रदान करे ॥ ३१३-३१५ ॥

समुद्गकर्परैश्चैव तण्डुलैश्च गुडाप्लुतैः ।
पूजयेत् तस्य गायत्र्या रक्तपुष्पानुलेपनैः ॥ ३१६ ॥

गुड़ में पकाये गये तण्डुल और मूँग में लपेटे हुए मोदकों से समुद्गकर्पर, रक्त पुष्प और रक्त अनुलेपन से काम गायत्री द्वारा पूजन करे ॥ ३१६ ॥

एवमेव त्रयोदश्यामहोरात्रमुपोषितः ।
पूजयेद्य इमं भक्त्या वश्याः स्युस्तस्य योषितः॥३१७॥

इसी प्रकार त्रयोदशी में दिन रात उपवास कर भक्ति सहित काम का पूजन करे तो सारी स्त्रियाँ उसके वश में हो जाती है ॥ ३१७ ॥

अश्वियागविधानम्

कामयाग इति प्रोक्तश्चाश्वियागं ब्रवीमि वः ।
ग्राममध्ये महादिक्षु स्थानं स्यादश्विनोः शुभम् ॥ ३१८ ॥

यहाँ तक कामयाग कहा गया है । अब अश्विन याग कहता हूँ । ग्राम के मध्य में महान् पूर्व दिशा में विद्वान् साधक अश्विनीकुमार के स्थान का निर्माण करे ॥ ३१८ ॥

अश्वियागे प्रासादविधानम्

प्राग्द्वारं ग्राममध्ये स्याद् ग्रामाभिमुखमन्यतः ।
आयतं चतुरस्त्रं वा आयतं वृत्तमेव वा ॥ ३१९ ॥

ग्राम के मध्य में निर्मित प्रासाद का द्वार पूर्व की ओर होना चाहिये। अन्यत्र निर्मित प्रासाद का द्वार ग्रामाभिमुख होना चाहिये । वह आयत या चौकोर अथवा गोल होना चाहिये ॥ ३१९ ॥

अश्वियागे प्रतिमामानविधानम्

प्रासादमश्विनोः कुर्यादश्वाङ्कं चैकभूमिकम् ।
नवतालप्रमाणेन प्रतिमां कारयेत् ततः ॥ ३२० ॥

अश्विनीकुमार का प्रासाद एक भूमिक तथा घोड़े के चिन्ह से युक्त होना चाहिये । इसके बाद अश्विनी कुमारों की प्रतिमा प्रमाण में नवताल का निर्माण करावे ॥ ३२० ॥

कुमारों की प्रतिष्ठा करे 'नमोऽश्विभ्याम्' यह चतुरक्षर मन्त्र है

व्यस्तैस्तैः शान्तिहोमः स्यात् सहितैः स्थापना
एवं प्रतिष्ठां कृत्वा तु पूजनं पुनरारभेत् ॥ ३३४ ॥

उस चतुरक्षर मन्त्र के व्यस्त एक-एक अक्षर से शान्ति समस्त (सबको मिलाकर) स्थापना की जानी चाहिये । इस प्रकार कर पुनः पूजन प्रारम्भ करे ॥ ३३४ ॥

चतुरस्रायते पीठे पद्मं तत्र प्रकल्पयेत् ।
पद्मस्य कर्णिकायां च कर्मार्चाद्वितयं न्यसेत् ॥ ३३५ ॥

चौकोर पीठ बनाकर उस पर कमल निर्माण करे । पद्म की में दो बार कर्मार्चा न्यास करे ॥ ३३५ ॥

चतुरक्षरमन्त्रेण तौ समावाहयेद्बुधः ।
तेनैव विष्टरं दत्त्वा ततः स्थानानि कल्पयेत् ॥ ३३

फिर चतुरक्षर मन्त्र से दोनों अश्विनीकुमारों का आवाहन मन्त्र से कुशा का विष्टर देवे, फिर स्थान की कल्पना करे ॥ ३३

आयुर्वेदस्य च प्राच्यां धनुर्वेदस्य दक्षिणे ।
धन्वन्तरेः प्रतीच्यां च तथात्रेयस्य चोत्तरे ॥ ३३
आग्नेये च चिकित्साया रोपिण्या निर्ऋतावपि ।
वायव्ये चैव जीवन्या विशल्यायास्तथैश्वरे ॥ ३३८ ॥

विद्वान् शिल्पकार पूर्व में आयुर्वेद, दक्षिण में धनुर्वेद, धन्वन्तरि, उत्तर में आत्रेय, आग्नेय में चिकित्सा, निर्ऋति में वायव्य में मृतसंजीवनी तथा ईशानकोण में विशल्यकरणी को प्रदान करे ॥ ३३७-३३८ ॥

पाद्यार्घ्याचमनीयानि आसनं स्नानमेव च ।
वस्त्रं च ब्रह्मसूत्रं च दीपं धूपमलंकृतम् ॥ ३३
गन्धं पुष्पं चरुं चापि तेन मन्त्रेण कारयेत् ।
शेषान् स्वनाममन्त्रेण पूजयेच्च विचक्षणः ॥ ३४

फिर पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, आसन, स्नान, वस्त्र, धूप, अलङ्कार, गन्ध, पुष्प एवं चरू भी उसी चतुरक्षर मन्त्र से करे । शेष देवताओं की तत्तन्नाम मन्त्रों से अर्चना करे ॥३३९-३

एवमेव चतुर्दश्यामहोरात्रमुपोषितः ।
दाडिमीपुष्पदूर्वाभिर्हरिद्रावारिणापि च ॥ ३४१ ॥
मुद्गान्नेन च तौ देवौ पूजयेत् पूर्ववत् क्रमात् ।
एवं पूजयतो भक्त्या न तु स्याद्रोगवेदना ॥ ३४२ ॥

इसी प्रकार चतुर्दशी तिथि में दिन-रात उपवास कर अनार, पुष्प, दूर्वा, हरिद्रा, जल तथा मुद्ग अन्न से दोनों देवताओं की पूजा करे । इस प्रकार भक्ति युक्त होकर दोनों अश्विनीकुमारों की पूजा करने से रोग या वेदना नहीं होती ॥ ३४१-३४२ ॥

सोमयागकथनम्

अश्वियाग इति प्रोक्तः सोमयागं ब्रवीमि वः ।
ग्रामस्योत्तरतः पार्श्वे सोमस्यायतनं भवेत् ॥ ३४३ ॥

यहाँ तक अश्विनयाग कहा गया है । अब सोमयाग कहता हूँ । ग्राम के उत्तरभाग के समीप सोम देवता का आयतन निर्माण करावे ॥३४३॥

सोमस्यायतनकथनम्

चतुरस्रं तु वृत्तं वा हस्तिपृष्ठमथापि वा ।
प्राग्द्वारं वापि कुर्वीत प्रत्यग्द्वारमथापि वा ॥ ३४४ ॥
श्वेताश्वाङ्कं मृगाङ्कं वा शशाङ्कं वापि कारयेत् ।

वह आयतन चौकोर अथवा गोला अथवा हस्ति-पृष्ठ के समान होना चाहिये । उसका द्वार पूर्व की ओर अथवा पश्चिम की ओर निर्माण करे। वह आयतन श्वेताश्व के अथवा मृग के अथवा खरहे के चिन्ह से युक्त होना चाहिये ॥ ३४४-३४५ ॥

सोमप्रतिमामानकथनम्

नवतालप्रमाणेन प्रतिमां कारयेत् ततः ॥ ३४५ ॥
शुक्लं रक्ताम्बरधरं शुक्लमण्डलशोभितम् ।
सिंहासने समासीनं कुर्यात् कुमुदमालिनम् ॥ ३४६ ॥

इसके बाद नवताल के प्रमाण की चन्द्रमा की प्रतिमा निर्माण करे । वह प्रतिमा शुक्ल वर्ण की, रक्तवर्ण का वस्त्र धारण की हुई, शुक्ल वर्ण के मण्डल वाली एवं कुमुद की माला धारण की हुई सिंहासन पर समासीन निर्माण करावे ॥ ३४५-३४६ ॥

सोमस्वरूपकथनम्

बद्धपादद्वयं सोमं द्विभुजं रक्तलोचनम् ।

दोनों पैर स्थिर, दो भुजा एवं रक्त वर्ण के नेत्रों से युक्त ... चाहिये ॥ ३४७ ॥

सोमपरिवारकथनम्

पश्चाच्चामरधारिण्यौ रेवती चैव रोहिणी ॥ ३४...
शुक्लकृष्णाम्बरधरे पीतमाल्यविभूषणे ।
श्यामपीते तु वर्णेन चूडामकुटशोभिते ॥ ३४८ ॥

उस प्रतिमा के पीछे चामर हाथ में लिये रेवती और ... निर्माण करावे । रेवती शुक्ल वर्ण का वस्त्र तथा रोहिणी को ... का वस्त्र धारण किये हुये होना चाहिये । रेवती का वर्ण ... रोहिणी का वर्ण पीला होना चाहिये । दोनों ही पीत वर्ण की ... विभूषित चूडा पर मुकुट धारण किये बनाना चाहिये ॥ ३४७-३...

ज्योत्स्ना चापि निशा चापि अर्चनापीठपार्श्वयोः ।
शुक्लकृष्णे च कर्तव्ये पीताम्बरविभूषणे ॥ ३...

अर्चना पीठ के दोनों पार्श्व में शुक्ल वर्ण की ज्योत्स्ना ... कृष्णवर्ण की निशा दोनों को पीताम्बर धारण किये हुये निर्माण ... चाहिये ॥ ३४९ ॥

प्रासादस्याग्रतः कुर्याच्छ्वेताश्वस्थानमुत्तमम् ।
मृगस्थानं तु वा कुर्याद् यथाश्रद्धं विचक्षणः ॥ ३५...

प्रासाद के आगे श्वेत अश्व के लिये उत्तम स्थान बनावे अथवा ... का स्थान बनावे । कर्त्ता की जैसी इच्छा हो वैसा बनावे ॥ ३५...

सोमप्रतिष्ठाकथनम्

प्रतिष्ठा शान्तिहोमेन सोमगायत्रिया भवेत् ।
विप्रराजाय विद्महे निशानाथाय धीमहि ।
तन्नः सोमः प्रचोदयात् ॥ ३५१ ॥
अनयाशान्तिहोमः स्यात् प्रतिष्ठा च तया भवेत् ॥ ३५...
न्यासं चापि तया कुर्यात् पूजनं पुनरारभेत् ।

सोमगायत्री से शान्ति होम के साथ प्रतिष्ठा करे । 'विप्रराजाय विद्महे निशानाथाय धीमहि । तन्नः सोमः प्रचोदयात्' यह सोम गायत्री है । ... शान्ति होम तथा प्रतिष्ठा दोनों ही करे । उसी से न्यास भी करे । ... पूजन प्रारम्भ करे ॥ ३५१-३५३ ॥

सोमपूजाकथनम्

स्थण्डिले कल्पयेत् पद्मं तद्गायत्र्या समाहितः ॥ ३५३ ॥

साधक समाहित चित्त से सोम गायत्री पढ़कर स्थण्डिल पीठ पर ... दल का निर्माण करे ॥ ३५३ ॥

कर्मार्चान्यासकथनम्

कर्मार्चां कर्णिकामध्ये तयैव च निवेशयेत् ।
आवाहयेत् तया चैव तया दद्याच्च विष्टरम् ॥ ३५४ ॥

पुनः उसी गायत्री से कर्णिका के मध्य में कर्मार्चा न्यास करे । फिर ... से आवाहन तथा कुश का विष्टर प्रदान करे ॥ ३५४ ॥

रोहिण्यादिस्थानकल्पनम्

कृत्वा चाञ्जलिमुद्रां च ततः स्थानानि कल्पयेत् ।
रोहिण्यास्तु ततः प्राच्यां रेवत्याश्चापि दक्षिणे ॥ ३५५ ॥
पश्चिमायां ततो रात्र्या ज्योत्स्नायां उत्तरे ततः ।
कृत्तिकायास्तथाग्नेये भरण्या निर्ऋतावपि ॥ ३५६ ॥
वायव्ये च तथार्द्रायाः कला ईशानगोचरे ।

फिर अञ्जलि मुद्रा बनाकर स्थान कल्पित करे । पूर्व में रोहिणी का ... निर्माण करे । दक्षिण में रेवती का, पश्चिम में रात्रि का, उत्तर में ... का स्थान निर्माण करे । आग्नेय में कृत्तिका का, निर्ऋति में ... का, वायव्य में आर्द्रा का तथा ईशानकोण में कला का स्थान ... करे ॥ ३५५-३५७ ॥

रोहिण्यादिपूजाकथनम्

सोमं राजानमित्येवं पाद्यादीनि प्रयोजयेत् ॥ ३५७ ॥
स्वनाम्ना पूजयेच्छेषान् गायत्र्योद्वासनं भवेत् ।
एवं च पौर्णमास्यां तु पूजयेत् तमुपोषितः ॥ ३५८ ॥
चन्दनैः कुमुदैश्चापि पायसैर्यावकेन च ।
एवं पूजयतः कामाः सिध्यन्त्येव न संशयः ।

फिर विचक्षण साधक 'सोमं राजानम्' इस मन्त्र से पाद्यादि पूजा

सामग्री समर्पित करे । फिर शेष का पूजन तत्तन्नामों से कर गायत्री से उद्वासन करे । इस प्रकार पूर्णमासी को दिन-रात सोम का चन्दन, कुमुदपुष्प, पायस एवं यावक से पूजा करके सारी कामनायें पूर्ण हो जाती है इसमें संशय नहीं ॥ ३५८-३

अभिचारप्रयोगकथनम्

एतेनैवाभिचारार्थी कृष्णपक्षे समर्चयेत् ॥ ३५९ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां शिवरात्रे तिथियागो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

अभिचार प्रयोग की इच्छा वाला कृष्णपक्ष में ही इस प्र अर्चना करे ॥ ३५९ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के शिवरात्र के तिथियाग नामक चतुर्थ अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ १ ॥

शिवरात्रे

द्वितीयोऽध्यायः

मन्त्रलक्षणम्

सनत्कुमार उवाच

अथातः संप्रवक्ष्यामि मन्त्रलक्षणमुत्तमम् ।
सौम्याश्चापि तथाग्नेयाः सौम्याग्नेयास्तथैव च ॥ १ ॥
मन्त्रास्तु त्रिविधाः प्रोक्तास्तन्त्रेऽस्मिन् सर्वसाधकाः ।

सनत्कुमार ने कहा—अब इसके बाद उत्तम मन्त्रलक्षण कहते हैं । १. सौम्य, २. आग्नेय और ३. सौम्याग्नेय भेद से मन्त्र तीन के होते हैं जो सब कुछ सिद्ध करने में समर्थ हैं ऐसा इस तन्त्र कहा गया है ॥ १-२ ॥

सौम्यमन्त्रलक्षणकथनम्

सौम्या स्याद्विष्णुगायत्री मूलमन्त्रद्वयं तथा ॥ २ ॥

१. विष्णु गायत्री तथा विष्णु के दो मन्त्र (अष्टाक्षर एवं द्वादशाक्षर) सौम्य मन्त्र कहे गये हैं ॥ २ ॥

आग्नेय मन्त्रलक्षणकथनम्

नारसिंहाश्च ये मन्त्राश्चक्रमन्त्रास्तथैव च ।
हेतिमन्त्राश्च सौराश्च आग्नेयास्त्वग्निमन्त्रकाः ॥ ३ ॥

२. नारसिंह के मन्त्र, चक्रमन्त्र, शस्त्रों के मन्त्र, सूर्य के मन्त्र एवं अग्नि के मन्त्र ये सभी आग्नेय मन्त्र होते हैं ॥ ३ ॥

सौम्याग्नेय मन्त्रलक्षणकथनम्

मुद्रामन्त्राश्च ये सर्वे तथा चैवापराजिता ।
पञ्चोपनिषदश्चापि मूर्तिमन्त्रास्तथैव च ॥ ४ ॥
वाराहाश्च तथा मन्त्राः सौम्याग्नेयाः प्रकीर्तिताः ।

३. मुद्रा मन्त्र, अपराजिता मन्त्र. पञ्चोपनिषद् मूर्तिमन्त्र ... मन्त्र ये सभी **सौम्याग्नेय** कहे गये हैं ॥ ४-५ ॥

सौम्याग्नेयीकरणविधानम्

सौम्यभावविधानं च आग्नेयीकरणं तथा ॥ ५ ॥
मन्त्राणामपि सर्वेषां कथयिष्यामि वः क्रमात् ।
आग्नेया अपि सौम्याः स्युर्नमस्कारान्तसंयुताः ॥ ६ ॥

अब सभी मन्त्रों के सौम्यभाव का विधान तथा आग्नेयीकरण विधान कहता हूँ । आग्नेय मन्त्रों के अन्त में 'नमः' लगा देने से सौम्य मन्त्र हो जाते हैं ॥ ५-६ ॥

सौम्याश्चापि तथाग्नेयाः फट्कारान्तसमन्विताः ।
तथा हुङ्कारयुक्ताश्च स्वाहान्ताश्चोभयात्मकाः ॥ ७ ॥

सौम्य मन्त्रों के अन्त में 'फट्' लगा देने से आग्नेय हो जाते हैं पुनः उनके अन्त में हुङ्कार लगा देने पर अथवा 'स्वाहा' लगा देने से वे सौम्याग्नेय हो जाते हैं ॥ ७ ॥

बीजानां विधिकथनम्

बीजानामपि सर्वेषां विधिं वक्ष्यामि वः क्रमात् ।
समुद्राद्वाङ्मयाद् देवैर्मन्त्रा निर्मथ्य चोद्धृताः ॥ ८ ॥

अब आप लोगों से सभी बीजों की विधि कहता हूँ देवों ने जिनका उद्धार वाङ्मय समुद्र को मथ कर किया था ॥ ८ ॥

तेभ्यस्तथैव बीजानि प्रोद्धृतानि पृथक् पृथक् ।
प्राणिनां च यथा जीव इन्द्रियाणां यथा मनः ॥ ९ ॥
तथा बीजानि मन्त्राणां जीवभूतानि सर्वशः ।
बीजहीनाश्च ये मन्त्रा निर्जीवास्ते न संशयः ॥ १० ॥

जिस प्रकार प्राणियों में जीव तथा इन्द्रियों में मन प्रधान है उसी प्रकार मन्त्रों में पृथक्-पृथक् बीज प्रधान हैं । मन्त्र जीव स्वरूप हैं बीज प्राण स्थानीय है । जो मन्त्र बीज रहित हैं वे प्राण रहित होने से निर्जीव है इसमें संशय नहीं ॥ ९-१० ॥

पञ्चाङ्गानां विधानम्

पञ्चाङ्गानां विधानं च शृणुध्वं मुनिपुङ्गवाः ।

देहिनां तु यथा देहे जायन्तेऽङ्गानि गर्भके ॥ ११ ॥
तथैव गर्भादङ्गानामुत्पत्तौ पञ्च जज्ञिरे ।

अब हे मुनिपुङ्गवगण! पञ्चाङ्गों के विधान को सुनिए । जिस प्रकार गर्भ में प्राणियों के अङ्गों का निर्माण होता है । उसी प्रकार मन्त्र के गर्भ से पाँच अङ्ग उत्पन्न हुये हैं ॥ ११-१२ ॥

अङ्गहीना यथा लोका यान्ति कर्मण्ययोग्यताम् ॥ १२ ॥
तथैवायोग्यतां मन्त्रा यान्ति कर्मण्यसंशयः ।
गायत्रीणां तु वक्ष्यामि लक्षणं विधिनैव तु ॥ १३ ॥

जिस प्रकार अङ्गहीन मनुष्य कार्य करने में अशक्त होते हैं उसी प्रकार मन्त्र भी इन पञ्चाङ्गों से हीन होने के कारण कार्य सिद्धि में असमर्थ होते हैं इसमें संशय नहीं । अब विधिपूर्वक समस्त गायत्री का लक्षण कहता हूँ ॥ १२-१३ ॥

गायत्रीलक्षणकथनम्

दद्याच्च विष्णुगायत्री सर्वमेव न संशयः ।
अष्टाक्षराश्च पादाः स्युः सर्वासां हि न संशयः ॥ १४ ॥

विष्णु गायत्री सब कुछ दे सकती है इसमें संशय नहीं करना चाहिये सभी गायत्री के एक-एक पाद आठ अक्षर के होते हैं इसमें संशय नहीं ॥ १४ ॥

यत् कृतं च हुतं चापि यदिष्टं जप्तमेव च ।
जप्तायामथ गायत्र्यां संपूर्णं स्यान्न संशयः ॥ १५ ॥

जो कर्म किये गये हैं, जो हुत हैं अथवा जो इष्ट किया गया है अथवा जिसके लिये जप किया गया है, वे सभी गायत्री के जप करने पर पूर्ण हो जाते हैं इसमें संशय नहीं ॥ १५ ॥

विघ्नाश्चापि न जायन्ते कर्म चैव प्रसिध्यति ।
स्वराणां व्यञ्जनानां तु भेदमद्य वदामि वः ॥ १६ ॥

इस गायत्री के जप करने से किसी कार्य में विघ्न नहीं होता । किं बहुना कार्य की सिद्धि भी हो जाती है । अब स्वर और व्यञ्जनों का भेद कहता हूँ ॥ १६ ॥

चतुर्दश स्वराः प्रोक्ता अकाराद्या यथाक्रमम् ।

सप्त ह्रस्वास्तु विज्ञेयाः सप्त दीर्घास्तथैव च ॥ १७ ॥

अकार के आदि से लेकर यथाक्रम चौदह स्वर कहे गये हैं। ७ स्वर ह्रस्व तथा ७ स्वर दीर्घ समझना चाहिये ॥ १७ ॥

पञ्चत्रिंशत्व्यञ्जननिरूपणम्

पञ्चत्रिंशत्प्रकाराणि व्यञ्जनानि समासतः ।
ककारादीनि चैतानि क्षान्तानि तु न संशयः ॥ १८ ॥
विसर्जनीयो बिन्दुश्च स्वराणामन्तगोचरौ ।
स्वरादौ व्यञ्जनानि स्युः प्रायशः केवलानि तु ॥ १९ ॥

ककार से लेकर क्षकार पर्यन्त संक्षेप में पैंतीस प्रकार के व्यञ्जन कहे गये हैं इसमें संशय नहीं । विसर्ग और बिन्दु स्वरों के अन्त में लगाये जाते हैं । प्रायः व्यञ्जन स्वर के आदि में होते हैं ॥ १८-१९ ॥

बिन्दुं तथा विसर्गं च न कदापि प्रयोजयेत् ।
अकारः केवलस्त्वेको मन्त्रान्ते तु प्रयुज्यते ॥ २० ॥
अस्वरं व्यञ्जनं त्वेकं न द्वितीयं कथं च न ।
मन्त्रान्ते योजनीयं हि न मन्त्रादौ कथं च न ॥ २१ ॥

केवल बिन्दु तथा विसर्ग का प्रयोग न करे । मन्त्र के अन्त में केवल अकार का प्रयोग करे । मन्त्र के अन्त में स्वररहित केवल एक व्यञ्जन की योजना करे द्वितीय व्यञ्जन की नहीं । मन्त्र के आदि में किसी भी प्रकार केवल व्यञ्जन का प्रयोग न करे ॥ २०-२१ ॥

सर्वेषामपि वर्णानां देवताः कथनम्

सर्वेषामपि चैतेषां देवताः कथयामि वः ।
अकारस्तु स्वयं देवः सदाविष्णुर्न संशयः ॥ २२ ॥

अब इन समस्त स्वरों तथा व्यञ्जनों के देवताओं को कहता हूँ । **अकार** स्वयं विष्णु देवता है इसमें संशय नहीं ॥ २२ ॥

इकारस्तु भवेद्रुद्रः सदाशिव इति स्मृतः ।
उकारस्तु भवेद् ब्रह्मा अज इत्युच्यते च यः ॥ २३ ॥

इकार के देवता रुद्र है जिन्हें सदाशिव कहा जाता है । उकार के ब्रह्मा हैं जिन्हें अज कहा जाता है ॥ २३ ॥

ऋकारश्चन्द्रमा ज्ञेयः लृकारः सूर्य उच्यते ।

लृकारस्तु भवेदग्निरैकारः सूर्य उच्यते ॥ २४ ॥

ऋकार के देवता चन्द्रमा है **लृकार** के सूर्य हैं । लृकार अग्नि हैं और ऐकार सूर्य कहे जाते हैं ॥ २४ ॥

औकारश्च भवेद्विष्णुः शुद्धो व्यापी च यो भवेत् ।
प्रजापतिर्विसर्गः स्यात् शुद्धाख्योऽक्षरतः परः ॥ २५ ॥

औकार विष्णु है जो सर्वथा शुद्ध (मायारहित) और व्यापक हैं । विसर्ग स्वयं प्रजापति हैं जो अक्षरों से परे शुद्ध कहे जाते हैं ॥२५॥

कवर्गः पञ्च भूतानि चवर्गश्चेन्द्रियाणि च ।
टवर्गो विषयास्तस्य यथासंख्यक्रमेण तु ॥ २६ ॥

कवर्ग पञ्चभूत हैं । **चवर्ग** पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ हैं । **टवर्ग** उसके क्रमशः विषय हैं (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श एवं शब्द) हैं ॥ २६ ॥

कर्मेन्द्रियास्तवर्गस्तु पवर्गो विषयो भवेत् ।
यादिशान्तस्तु यो वर्गः स धातूनि न संशयः ॥ २७ ॥

तवर्ग पञ्च कर्मेन्द्रियाँ हैं, **पवर्ग** उन कर्मेन्द्रियों के विषय हैं । 'य' से लेकर 'श' वर्ण पर्यन्त धातु है, इसमें संदेह नहीं ॥ २७ ॥

षादिलान्तस्तु वेदाः स्युः क्षकारोऽङ्गानि तस्य ह ।
अतः परं न वर्णोऽस्ति मन्त्रवादे कदाचन ॥ २८ ॥

'ष' से लेकर लान्त पर्यन्त स्वयं वेद है, 'क्षकार' वेदाङ्ग हैं । मन्त्र शास्त्र में इससे परे कोई वर्ण है ही नहीं ॥ २८ ॥

माहेन्द्रसंहितायां तु द्रष्टव्यो वर्णविस्तरः ।
सर्वेषामपि मन्त्राणां दीपनं संप्रवक्ष्यते ॥ २९ ॥

वर्णों का विस्तार माहेन्द्र संहिता में देखना चाहिये । अब सभी मन्त्रों का दीपन कहता हूँ ॥ २९ ॥

मन्त्राणां दीपनकथनम्

प्रतिस्वरं यमाभ्यां च प्रतिव्यञ्जनमेव च ।
वेष्टनं दीपनं ज्ञेयं विधिहीनं विनाशनम् ॥ ३० ॥

प्रतिस्वर एवं यमों तथा प्रतिव्यञ्जन के बीच वेष्टन एवं दीपन जानना चाहिये । प्रत्येक स्वर को 'दो' से संयुक्त करना **वेष्टन** है और प्रत्येक व्यञ्जन को दो से संयुक्त करना **दीपन** कहा जाता है । इसके अतिरिक्त

विधिहीन वेष्टन और दीपन विनाश के कारण बन जाते हैं ॥

समीकरणकथनम्

मन्त्रस्य वेष्टनं चाभ्यां समीकरणमुच्यते ।

दो से मन्त्र का वेष्टन समीकरण कहा जाता है ॥

सकलीकरणकथनम्

समासीकृत्य चोद्धारं सकलीकरणं भवेत् ॥ ३१ ॥

संक्षेप में मन्त्रों का उद्धार सकलीकरण कहा जाता है ॥ ३१ ॥

विकलीकरणकथनम्

उद्धारं वा समासस्तु विकलीकरणं भवेत् ।
मूलमन्त्रद्वयस्योक्तं समासव्यासलक्षणम् ॥ ३२ ॥

मन्त्रों का उद्धार अथवा समास विकलीकरण कहा जाता है। मूल मन्त्रों का समास और व्यास का लक्षण पहले अध्याय में आये हैं ॥ ३२ ॥

मन्त्राणां समस्तव्यस्तत्वकथनम्

प्रत्यक्षरं तु यत् कर्म तद्व्यस्तमिति कीर्तितम् ।
समस्तेनैव मन्त्रेण यत् कृतं तत् समस्तकम् ॥ ३३ ॥

मन्त्र के प्रत्येक अक्षर से किया जाने वाला कर्म व्यस्त कहा जाता है और समस्त मन्त्र से किया जाने वाला कार्य समस्त कहा जाता है ॥ ३३ ॥

मन्त्राणां समस्तव्यस्तदेवतात्वकथनम्

सर्वासामपि विद्यानां मूलविद्या प्रशस्यते ।
व्यस्ते प्रत्यक्षरं देवाः समस्ते त्वेक एव ह ॥ ३४ ॥

सभी विद्याओं में मूलविद्या प्रशस्त कही गई है । मन्त्र के व्यस्त (एक-एक अक्षरों में) अक्षर के भिन्न-भिन्न देवता होते हैं । किन्तु समस्त मन्त्र के एक ही देवता होते हैं ॥ ३४ ॥

तस्माद् व्यस्तसमस्तेन मन्त्रलक्षणमुच्यते ।
उद्धारे व्यस्तभेदः स्यात् समासे तु समस्तकम् ॥ ३५ ॥

इसलिये मन्त्र का व्यस्त क्रम तथा समस्तक्रम मन्त्र का लक्षण

कहा जाता है । एक-एक अक्षर का उद्धार 'व्यस्तक्रम' होता है तथा समास होने पर 'समस्तक्रम' कहा जाता है ॥ ३५ ॥

न व्यञ्जनं तु व्यस्तं स्यात् स्वरहीनं कथं च न ।
केवलं तु स्वरे व्यस्ते व्यस्त एव न संशयः ॥ ३६ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां शिवरात्रे मन्त्रलक्षणं नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

मन्त्र में स्वररहित केवल व्यञ्जन व्यस्त नहीं किये जाते । केवल स्वर व्यस्त होने पर वे व्यस्त होते हैं, इसमें संशय नहीं ॥ ३६ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के शिवरात्र के मन्त्रलक्षण नामक द्वितीय अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ २ ॥

शिवरात्रे
तृतीयोऽध्यायः
मन्त्रवादः

सनत्कुमार उवाच

अथातः संप्रवक्ष्यामि मन्त्रवादविधिं परम् ।
देवानां तु प्रवक्ष्यामि पूर्वं मन्त्रान् यथाविधि ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा-अब इसके बाद श्रेष्ठ मन्त्रवाद विधि को सर्वप्रथम देवताओं के मन्त्रों को विधिपूर्वक कहता हूँ ॥ १ ॥

देवतानां मन्त्रकथनम्

पूर्वमष्टाक्षरो मन्त्रो द्वितीयो द्वादशाक्षरः ।
तृतीयो विष्णुगायत्री मन्त्रत्रयमुदाहृतम् ॥ २ ॥

प्रथम अष्टाक्षर मन्त्र (ॐनमो नारायणाय) और दूसरा द्वा... (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय) मन्त्र और तीसरा विष्णु गायत्री मन्त्र कह दिया गया है ॥ २ ॥

एतेन देवा वश्याः स्युर्भीतास्त्रस्तास्तथैव च ।
स्वाहान्तं च नमोऽन्तं च त्रियमेतद्वशीकरम् ॥ ३ ॥

इन तीनों मन्त्रों के अनुष्ठान से देवता वश्य भयभीत तथा त्रस्त हो जाते हैं । ये तीनों मन्त्रों का स्वाहान्तं नमोऽन्त अनुष्ठान करने से वश में हो जाते हैं ॥ ३ ॥

फडन्तं भयकृच्चैव हुङ्कारान्तं तु मारणम् ।
उच्चाटनं विसर्गान्तं वौषडन्तं रुजावहम् ॥ ४ ॥

इन मन्त्रों का फडन्त अनुष्ठान भयकारक होता है तथा हुङ्कारान्त अनुष्ठान मारण होता है विसर्गान्त उच्चाटन तथा वौषडन्त रोग देने वाला होता है ॥ ४ ॥

विघ्नान्तं प्रीतिकृच्चैव केवलं पूजनं परम् ।
एतेन त्रितयेनैव जिता देवा न संशयः ॥ ५ ॥

विघ्नान्त मन्त्र प्रीतिकारक, केवल पूजन सर्व श्रेष्ठ है, इन तीनों के अनुष्ठान से देवता जीत लिये जाते हैं इसमें संशय नहीं ॥ ५ ॥

असुराणां मन्त्रकथनम्

अथासुराणां मन्त्राश्च प्रवक्ष्यन्ते यथाविधि ।
नारसिंहाश्च ये मन्त्रास्ते सर्वे ह्यसुरान्तकाः ॥ ६ ॥

अब इसके बाद यथाविधि असुरों का मन्त्र कहता हूँ । नारसिंह के जो मन्त्र हैं वे सभी असुरान्तक मन्त्र हैं ॥ ६ ॥

चतुःशताक्षरी चेति महाविद्येति च द्वयम् ।
चतुःशताक्षरी सर्वान् पातालान् साधयेत् सदा ॥ ७ ॥

इसके अतिरिक्त १. चतुःशताक्षरी मन्त्र और २. महाविद्या दो मन्त्र हैं । चतुःशताक्षरी मन्त्र सभी पातालों तक का कार्य सदा सिद्ध करते हैं ॥ ७ ॥

पातालनिरतांश्चापि महाविद्यापि साधयेत् ।
उद्धारश्च समासश्च नानयोस्तु विधीयते ॥ ८ ॥

उसी तरह महाविद्या मन्त्र भी पाताल में रहने वालों से कार्य की सिद्धि करा देते हैं । इनके उद्धार और समास (संक्षेप) का कोई विधान नहीं है ॥ ८ ॥

पाठ एव प्रशस्तः स्यात् कल्पोक्तविधिनैव तु ।
अत्रापि चैव पञ्चाङ्गं गायत्री बीजमेव तु ॥ ९ ॥

कल्पोक्त विधि से इन १. चतुःशताक्षरी मन्त्र और २. महाविद्या मन्त्र का पाठ ही प्रशस्त कहा गया है । इसमें गायत्री बीज से पञ्चाङ्ग किया जाता है ॥ ९ ॥

पद्मोद्भवे चतुःशताक्षरीविद्याविधानम्

उद्धृते तु न गृह्णीयाद् दीपनं तेन जायते ।
चतुःशताक्षरी विद्या प्रोक्ता पद्मोद्भवे तु सा ॥ १० ॥

इनका उद्धार किये जाने पर इसे ग्रहण न करे । क्योंकि उससे मन्त्र का उद्दीपन होता है । चतुःशताक्षरी विद्या 'पद्मोद्भव' नामक ग्रन्थ में कही गई है ॥ १० ॥

महाविद्येति या प्रोक्ता ब्रह्मरात्रे स्थिता तु सा ।
सुदर्शनद्वयं मन्त्रो यक्षाणां रक्षसामपि ॥ ११ ॥

जिसे महाविद्या कहा जाता है उसे ब्रह्मरात्र में कह दिया [illegible] (द्र० ब्रह्मरात्र पृ०१४०) । सुदर्शन के दोनों मन्त्र यक्ष और राक्षस के लिये है ॥ ११ ॥

महासुदर्शनं चापि तथा चैव षडक्षरी ।
महासुदर्शनं प्रोक्तं ब्रह्मरात्रे यथाक्रमम् ॥ १२ ॥

१. महासुदर्शन मन्त्र और २. षडक्षरी दो मन्त्र हैं । [illegible] महासुदर्शन मन्त्र क्रमशः कह दिया गया है ॥ १२ ॥

न तस्य दीपनं चापि सकलीकरणं तथा ।
उद्धारश्च न कर्तव्यः पाठ एव विशिष्यते ॥ १३ ॥

इस महासुदर्शन मन्त्र का दीपन, सकलीकरण एवं उद्धार [illegible] चाहिये । इसका पाठ ही विशेष रूप से श्रेष्ठ कहा गया है ॥ [illegible]

षडक्षरीमन्त्रप्रयोगकथनम्

या च पद्मोद्भवे प्रोक्ता सा ज्ञेया तु षडक्षरी ।
स पञ्चाङ्गयुतो मन्त्रः सर्वकर्मसु पूजितः ॥ १४ ॥

पद्मोद्भव ग्रन्थ में जो कहा गया है वह षडक्षरी मन्त्र है । [illegible] युक्त वह मन्त्र सभी कर्मों में श्रेष्ठ है ॥ १४ ॥

महासुदर्शनमन्त्रप्रयोगकथनम्

तथा कृष्णचतुर्दश्यामहोरात्रमुपोषितः ।
दक्षिणाभिमुखो भूत्वा श्मशाने वा चतुष्पथे ॥ [illegible]
महासुदर्शनं मन्त्रं मध्यरात्रे जपेत् स्वयम् ।
प्रयच्छन्तीप्सितान् कामान् राक्षसा नात्र संशयः ॥ [illegible]

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में दिन-रात उपवास कर श्मशान में [illegible] चतुष्पथ में दक्षिणाभिमुख होकर मध्यरात्रि में महासुदर्शन मन्त्र [illegible] करे तो राक्षस उस साधक की सारी कामनायें पूर्ण कर देते [illegible] संशय नहीं ॥ १५-१६ ॥

निग्रहं कर्तुकामश्चेत् कुर्याद्वै सर्षपाहुतीः ।
यावदष्टशतं तावत् त्रस्यन्त्येव च राक्षसाः ॥ [illegible]

भवन्ति किङ्कराश्चास्य साधयन्त्यर्थमीप्सितम् ।
यक्षान् षडक्षरेणैव साधयेत् साधकः स्वयम् ॥ १८ ॥

[illegible] किसी का निग्रह करना हो तब सरसों की केवल १०८ [illegible] देवे । मात्र इतने से राक्षस संत्रस्त हो जाते हैं । वे उस साधक [illegible] हो जाते हैं और उसकी अभिलाषायें पूर्ण करते हैं । साधक [illegible] मन्त्रों से यक्षों की सिद्धि करे ॥ १७-१८ ॥

महासुदर्शनमन्त्र प्रयोगान्तरकथनम्

न्यग्रोधस्यैव चाधस्तात् पूजयित्वा सुदर्शनम् ।
न्यग्रोधसमिधः पश्चाज्जुहुयादयुतं क्रमात् ॥ १९ ॥

[illegible] (वट) के नीचे सुदर्शन की पूजा कर पश्चात् वरगद वृक्ष की [illegible] का क्रमशः दश हजार हवन करे ॥ १९ ॥

भवन्ति तावता वश्या यक्षाः सर्वे न संशयः ।
अतीतानागतं सर्वं कर्णेऽस्य कथयन्त्यमी ॥ २० ॥

[illegible] इतने ही से समस्त यक्ष वश में हो जाते हैं वे वशीभूत होकर [illegible] के कान में अतीत एवं अनागत सारी घटनायें कह देते हैं [illegible] संशय नहीं ॥ २० ॥

षडक्षरमन्त्र प्रयोगान्तरकथनम्

कर्तुं चेन्निग्रहं तेषां य इच्छेदचिरादिव ।
शालिपिष्टेन वै सम्यक् कृत्वा वैश्रवणाकृतिम् ॥ २१॥
अशोकशङ्कुना चास्य हृदये च निखानयेत् ।
षडक्षरेणाभिमन्त्र्य क्रमेणाष्टसहस्रकम् ॥ २२ ॥

यदि साधक शीघ्र उनका निग्रह करना चाहे तब शालि के पिष्ट से [illegible] की आकृति बनावे । फिर उसके हृदय पर अशोक की लकड़ी का [illegible] गाड़ देवे । फिर षडक्षर मन्त्र से उसे आठ सहस्र बार अभिमन्त्रित [illegible] ॥ २१-२२ ॥

तावता तस्य रोगः स्याद्यक्षास्त्रस्यन्ति तावता ।
भवन्ति किङ्कराश्चास्य पालयन्तोऽस्य शासनम् ॥ २३ ॥

[illegible] इतने मात्र से उसे रोग हो जायेगा और समस्त यक्ष भयभीत [illegible] । फिर तो उसके किङ्कर बन कर उसकी आज्ञा का सतत [illegible] ॥ २३ ॥

शान्तिप्रयोगकथनम्

कर्तुमिच्छति चेच्छान्तिं कीलमुत्पाट्य तत् पुनः ।
जपेत् सहस्रं प्रयतस्तद्व्रतं परिपूर्य च ॥ २४ ॥
तावता रोगशान्तिः स्यात् तेन मुक्तो धनेश्वरः ।

शान्तिप्रयोगकथन—यदि शान्ति करना चाहे तो हृदय से उखाड़ कर उस व्रत को पूर्ण कर नियमपूर्वक एक हजार जप करे । इतने से ही उसके रोग की शान्ति हो जायेगी और उससे मुक्त हो जायेंगे ॥ २४ ॥

अपराजिता विद्याविधानम्

गन्धर्वाणां तु सर्वेषां तथा विद्यामृतामपि ॥ २५ ॥
विद्यापराजिता ज्ञेया सर्वकर्मप्रसाधनी ।

सभी गन्धर्वों एवं सभी विद्याधरों की सर्वकामप्रसाधनी अपराजिता विद्या है इसे जान लेना चाहिये ॥ २५-२६ ॥

अपराजिताविद्या द्वैविध्यविधानम्

निग्रहेऽनुग्रहे चैव द्वे विद्ये चापराजिते ॥ २६ ॥

१. निग्रह और २. अनुग्रह के लिये अपराजिता दो विद्या में कही गई है ॥ २६ ॥

एनयोर्दीपनं चैव सकलीकरणं तदा ।
उद्धारश्च न कर्तव्यः पाठ एव विशिष्यते ॥ २७ ॥

अपराजिता की इन दोनों विद्याओं का दीपन, सकलीकरण उद्धार न करे । इनका पाठ ही विशिष्ट है ॥ २७ ॥

समीकरणमत्रापि सम्यगेव विशिष्यते ।
पञ्चाङ्गानि च देवानामुद्धारं दीपनं तथा ॥ २८ ॥
सकलीकरणं चापि समीकरणमेव च ।
कर्तव्यं विधिना सर्वमन्यथा विकलं भवेत् ॥ २९ ॥

इसके सम्यक् समीकरण में विशेषता है १. पञ्चाङ्ग, २. देव का उद्धार, ३. दीपन, ४. सकलीकरण, और ५. समीकरण विधि करे अन्यथा सब कुछ व्यर्थ हो जाता है ॥ २८-२९ ॥

वैष्णवी चैव दुर्गा चापराजिते द्वैविध्य विद्याविधानम्

वैष्णवी चैव दुर्गा च द्वे चोक्ते चापराजिते ।

पूर्वया तु वशीकारश्चान्यया निग्रहो भवेत् ॥ ३० ॥

वैष्णवी और दुर्गा ये दो अपराजिता कही जाती है । पूर्व से वशीकरण होता है तथा दूसरे से निग्रह किया जाता है ॥ ३० ॥

या च पद्मोद्भवे प्रोक्ता सा विद्या वैष्णवी मता ।
ब्रह्मरात्रे तु या प्रोक्ता सा दुर्गेति प्रकीर्तिता ॥ ३१ ॥

पद्मोद्भव ग्रन्थ में जो विद्या कही गई है वह वैष्णवी विद्या है । ब्रह्मरात्र में जो विद्या कही गई है वह दुर्गा विद्या कही जाती है ॥ ३१ ॥

वैष्णवी विद्याकथनम्

गन्धर्वाणां वशीकारे वैष्णवी तु प्रशस्यते ।
विद्याधराणां सर्वेषां निग्रहेऽनुग्रहेऽपि च ॥ ३२ ॥
वशीकारे च संप्रोक्ता दुर्गा चैवापराजिता ।
वैष्णवी च निगृह्णीयाद् गन्धर्वान् नैव संशयः ॥ ३३ ॥

वैष्णवी विद्याकथन—गन्धर्वों को वश में करने के लिये वैष्णवी प्रशस्त है । सभी विद्याधरों के निग्रह में, अनुग्रह में अथवा वशीकरण में अपराजिता दुर्गा प्रशस्त हैं । वैष्णवी भी गन्धर्वों का निग्रह करती है इसमें संशय नहीं ॥ ३२-३३ ॥

निग्रहेऽनुग्रहे वशीकरणकर्मणि मन्त्रकथनम्

किन्नराणां च सर्वेषां वाराहो मन्त्र उत्तमः ।
निग्रहेऽनुग्रहे चैव वशीकरणकर्मणि ॥ ३४ ॥
शङ्कुना निग्रहं कुर्यात् सर्वेषां प्रतियातने ।
अनुग्रहो हुतेनैव वशीकारो जपेन तु ॥ ३५ ॥

सभी किन्नरों के निग्रह, अनुग्रह एवं वशीकरण के लिये वाराह मन्त्र उत्तम है । इन सभी की प्रतिकृति बनाकर साधक काँटे गाड़ कर निग्रह करे । किन्तु आहुति देकर अनुग्रह करे तथा जप कर वशीकरण करे ॥ ३४-३५ ॥

सर्पाणां पक्षिणां चापि गारुडो मन्त्र उत्तमः ।
सर्पास्तु द्विविधा ज्ञेया नागाः सर्पा इति क्रमात् ॥ ३६ ॥

सर्पों एवं पक्षियों में गारुड मन्त्र उत्तम है । नाग एवं सर्प ये दो भेद जानने चाहिए ॥ ३६ ॥

सर्पाः सरीसृपा ज्ञेया नागाः स्युः कामरूपिणः ।
निग्रहानुग्रहे तेषां गारुडो मन्त्र उत्तमः ॥ ३७ ॥

जो सरक कर चलते हैं वे सर्प कहे गये हैं, नाग स्वरूप धारण करते हैं। इनके निग्रह और अनुग्रह के लिये सर्वोत्तम कहे गए हैं ॥ ३७ ॥

विषवादे विशेषमन्त्रकथनम्

सर्व एते महामन्त्रा ब्रह्मरात्रे समीरिताः ।
विशेषमन्त्र वक्ष्यामि विषवादे यथाविधि ॥ ३८ ॥

ये सभी मन्त्र ब्रह्मरात्र में कह दिये गये हैं। अब इनके विषय में यथाविधि कहता हूँ ॥ ३८ ॥

विषवादे चतुरक्षरी कथनम्

यकारश्चापि रेफश्च लकारश्च यथाक्रमम् ।
वकारश्चेति चत्वारो विज्ञेया चतुरक्षरी ॥ ३९ ॥

यथाक्रम यकार, रकार, लकार और वकार इन चार को चतुरक्षरी समझना चाहिये ॥ ३९ ॥

विषवादे व्यस्तक्रमकथनम्

व्यस्तैरेतैश्चतुर्भिस्तु सर्वकर्माणि कारयेत् ।
वायव्यस्तु यकारः स्यादाग्नेयो रेफ उच्यते ॥ ४० ॥
लकारश्चैव माहेन्द्रो वकारो वारुणो भवेत् ।

इन चारों को अलग-अलग कर सभी कार्य संपादन करे। वायु मन्त्र है, रेफ अग्नि मन्त्र है, लकार इन्द्र का मन्त्र है और वरुण का मन्त्र कहा जाता है ॥ ४०-४१ ॥

वायव्यादिमण्डलस्य स्तोभादिप्रयोगविधानम्

वायव्येन भवेत् स्तोभो धूम्रवर्णः स उच्यते ॥ ४१ ॥
आग्नेयेनैव चावेशो रक्तवर्णः स उच्यते ।
माहेन्द्रेणैव संहारः स भवेत् पीतवर्णकः ॥ ४२ ॥
वारुणेनैव शुक्लेन निर्विषीकरणं भवेत् ।
मण्डलीकृतितः स्वे स्वे स्तोभावेशादि कारयेत् ॥ ४३ ॥

१. वायव्य मन्त्र से स्तोभ (स्तम्भन) होता है। उसका धूम्र वर्ण कहा गया है। २. आग्नेय मन्त्र से आवेश होता है। वह रक्त वर्ण का है। ३. माहेन्द्र मन्त्र से संहार होता है उसका पीतवर्ण है और ४. वारुण मन्त्र शुक्ल वर्ण का कहा गया है। उससे निर्विषीकरण होता है। अपना-अपना, अलग-अलग मण्डल बनाकर स्तोभावेशादि कर्म करे ॥ ४१-४३ ॥

वायव्यादिमण्डलस्य स्वरूपविधानम्

वायव्यं वेदिकाकारं मध्ये बिन्दुसमन्वितम् ।
त्रिकोणं च तथाग्नेयं कोटिसूर्यसमप्रभम् ॥ ४४ ॥
चतुरस्त्रं तु माहेन्द्रं मध्ये वज्रसमन्वितम् ।
वारुणं तु भवेद् वृत्तं मध्ये पद्मसमन्वितम् ॥ ४५ ॥

वायव्य का आकार वेदी के समान है। उसके मध्य में बिन्दु हैं। आग्नेय मण्डल त्रिकोण है, जो करोड़ों सूर्य के समान देदीप्यमान है और माहेन्द्र मण्डल चौकोर है उसका मध्य 'वज्र से युक्त है। वारुण मण्डल गोलाकार है उसके मध्य में कमल है ॥ ४४-४५ ॥

व्यस्तक्रमकथनम्

अनन्तं गुलिकं चैव यकारेण तु कारयेत् ।
वासुकिं शङ्खपालं च रेफेणैव तु योजयेत् ॥ ४६ ॥
तक्षकं च महापद्मं लकारेणैव योजयेत् ।
कार्कोटकं च पद्मं च वकारेणैव योजयेत् ॥ ४७ ॥

१. यकार से अनन्त गुलिक का, २. रेफ से वासुकि और शङ्खपाल का, ३. लकार से तक्षक एवं महापद्म नाग का और ४. वकार से कार्कोटक और पद्म आदि नागों का निर्माण करे ॥ ४६-४७ ॥

वायव्यादिमण्डलस्य प्रयोगविधानम्

अनन्तो गुलिकश्चैव वायव्यपरिवेष्टितौ ।
वासुकिः शङ्खपालश्च आग्नेयपरिवेष्टितौ ॥ ४८ ॥
तक्षकश्च महापद्मो माहेन्द्रपरिवेष्टितौ ।
कार्कोटकश्च पद्मश्च वारुणेनैव वेष्टितौ ॥ ४९ ॥

१. अनन्त और गुलिक नाग को वायव्य मण्डल से वेष्टित करे। २. वासुकि एवं शङ्खपाल नाग को आग्नेय मण्डल से वेष्टित करे। ३. तक्षक एवं महापद्म नाग को माहेन्द्र मण्डल से वेष्टित करे तथा साधक

को ४. कर्कोटक और पद्म नाग को वारुण मण्डल में
चाहिए ॥ ४८-४९ ॥

गारुडमन्त्रस्य समस्तक्रमकथनम्

उक्तो व्यस्तक्रमश्चात्र समस्तक्रम उच्यते ।
आत्मानं गरुडं ध्यात्वा वहन्तं विष्णुमव्ययम् ॥ ५० ॥

यहाँ तक अलग-अलग क्रम कहा गया है । अब समस्त
कहता हूँ । अव्यय विष्णु का वहन करते हुये भगवान् गरुड का
आत्मा में ध्यान करे ॥ ५० ॥

वायव्यमण्डले मध्ये शनैरुत्कुटिकासनः ।
जपेच्च मनसा चैव शनकैश्चतुरक्षरीम् ॥ ५१ ॥

उत्कुटिक (उकरू बैठना) आसन से वायव्य मण्डल में
धीरे-धीरे चतुरक्षरी मन्त्र का जप करे ॥ ५१ ॥

आवेशस्तु भवेत् तेन मुद्रां तामेव दर्शयेत् ।
अवगुण्ठ्यैव गात्राणि माहेन्द्रे मण्डले स्थितः ॥ ५२ ॥

ऐसा करते रहने से आवेश उत्पन्न होगा । तब आवेश की
प्रदर्शित करे । फिर उससे अपने शरीर को अवगुण्ठन कर
मण्डल में स्थित हो जावे ॥ ५२ ॥

दर्शयित्वा तु तां मुद्रां संहारं मनसा जपेत् ।
निर्विषीकरणं कुर्याद्वारुणे मण्डले स्थितः ॥ ५३ ॥

वहाँ संहार मन्त्र का मानसिक जप करे फिर माहेन्द्र मुद्रा
करे तदनन्तर वारुण मण्डल में स्थित होकर निर्विषीकरण करे ॥ ५३ ॥

महामुद्राप्रदर्शनकथनम्

दर्शयेद्वा महामुद्रां स्तोभावेशादिकर्मणि ।
प्रसृतां तर्जनीं कृत्वा स्तोभनं च समारभेत् ॥ ५४ ॥
तया कम्पितया वाथ आवेशं चापि कारयेत् ।
आकुञ्चिताग्रयाकर्षं क्षिप्त्वा वाध्र्वोपसर्पणम् ॥ ५५ ॥
घनां कनिष्ठिकां कृत्वा स्तम्भनं तु समारभेत् ।
कोशे प्रविष्टाङ्गुष्ठाभ्यां संहारं तु समारभेत् ॥ ५६ ॥
विक्षिप्ताभ्यामुभाभ्यां तु निर्विषीकरणं भवेत् ।

१. स्तोभ आवेशादि कर्म में महामुद्रा प्रदर्शित करे । तर्जनी को
फैला देने से स्तोभ आरम्भ करे । २. जब वह काँपने लगे तब आवेश
करे । अग्रा (मध्यमा) अङ्गुली को समेट कर आकर्षण कर
उसे ऊपर उठाकर उपसर्पण करे । ३. फिर कनिष्ठा को मुद्गर के
बनाकर स्तम्भन आरम्भ करे । ४. फिर कोश में दोनों अंगूठों
संहार आरम्भ करे । तदनन्तर दोनों अंगूठों, हाथों को ऊपर
देने तब निर्विषीकरण हो जाता है ॥ ५४-५७ ॥

मुद्रामन्त्रकथनम्

मुद्रामन्त्रं प्रवक्ष्यामि महामुद्रेति या स्मृता ॥ ५७ ॥
या वै गरुडमुद्रा च विधिदृष्टेन कर्मणा ।
गुर्गुरु भक्षि ठठ ओं कपिलशिखे महामुद्रे ठठ ॥५८ ॥
मुद्रामन्त्रस्ततः प्रोक्तस्तेन मुद्रा प्रदीप्यते ।

अब मुद्रा मन्त्र कहता हूँ जिसे महामुद्रा भी कहते हैं । विधिदृष्ट कर्म
अनुसार उसी को गरुड़ मुद्रा भी कहते हैं । 'गुर्गुरु भक्षि स्वाहा ओं
कपिलशिखे महामुद्रे स्वाहा' यह मुद्रा मन्त्र है । इस मन्त्र से महामुद्रा
दीप्त होती है ॥ ५७-५९ ॥

महाविषाः दशमहानागाः

अनन्तो वासुकिश्चैव तक्षकश्च महाबलः ॥ ५९ ॥
कार्कोटकश्च पद्मश्च महापद्मस्तथैव च ।
शङ्खपालश्च गुलिको जयो विजय एव च ॥ ६० ॥
एवमाद्या महानागाः पन्नगाश्च महाविषाः ।
निग्रहानुग्रहे योज्या वशीकारे तथैव च ॥ ६१ ॥

महाबलवान् १. अनन्त, २. वासुकि, ३. तक्षक, ४. कर्कोटक, ५.
पद्म, ६. महापद्म, ७. शङ्खपाल, ८. गुलिक, ९. जय एवं १०.
विजय, इसी प्रकार अन्य सर्प भी महान् विष से संपन्न हैं । इनको
निग्रह या अनुग्रह तथा वशीकरण कार्य में प्रयोग करे ॥ ५९-६१ ॥

यत्राभिलक्ष्यते मन्त्री तत्रायान्ति न संशयः ।
कथयामि यथाशास्त्रं व्यक्षरं समुदाहृतम् ॥ ६२ ॥
ओं प्रों नृं ठ इति प्रोक्तो मन्त्रो यस्तु त्र्यक्षरः ।
न्यासं कृत्वा त्वनेनैव शूलमुद्रां च दर्शयेत् ॥ ६३ ॥

मन्त्रज्ञ साधक जहाँ इन्हें चाहता हो वहाँ वे अवश्य जाते हैं, इसमें संशय नहीं । अब शास्त्र में जैसा कहा गया है उस अक्षर मन्त्र को कह रहा हूँ । 'ॐ प्रों नृं नमः' यह जो अक्षर मन्त्र कहा गया है उससे विधिपूर्वक न्यास कर शूलमुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ६२-६३ ॥

उरः कण्ठः शिरश्चैव न्यासदेशोऽस्य कीर्तितः ।
संहारे संहृतिन्यास कर्तव्यस्तन्त्रवित्तमैः ॥ ६४ ॥

इस अक्षर मन्त्र के उरः, कण्ठ और शिर तीन न्यास स्थान कहे गये हैं । तदनन्तर तन्त्रवेत्ता संहार कार्य में संहार न्यास करे ॥ ६४ ॥

क्रमयोगतः न्यासत्रयकथनम्

स्तोभावेशे स्थितिन्यासः कर्तव्यः क्रमयोगतः ।
निर्विषीकरणे चैव सृष्टिन्यास उदाहृतः ॥ ६५ ॥
शिरोऽन्तः संहृतिन्यासः कर्णान्तः स्थितिसंज्ञितः ।
सृष्टिन्यास उरोऽन्तस्तु एतन्न्यासत्रयं क्रमात् ॥ ६६ ॥
एवं कृत्वा क्रमान्न्यासं चिन्तयेद् गरुडं ततः ।

स्तोभावेश में क्रमशः स्थिति न्यास करे तथा निर्विषीकरण में सृष्टिन्यास करे । उरः स्थान से प्रारम्भ कर शिरः पर्यन्त संहार, कर्ण पर्यन्त स्थिति न्यास तथा उरःपर्यन्त सृष्टिन्यास होता है । इस प्रकार तीनों न्यास का क्रम है । इस प्रकार क्रमशः न्यास कर पश्चात् गरुड़ का इस प्रकार ध्यान करें ॥ ६५-६७ ॥

वहन्तं विष्णुं गरुडध्यानकथनम्

वक्रतुण्डं महाकायं वज्राशनिसमद्युतिम् ॥ ६७ ॥
अनन्तकण्ठाभरणमुरोवासुकिभूषणम् ।
उदरे पद्मभूषं तु पद्मवेष्टितमस्तकम् ॥ ६८ ॥
बद्धकार्कोटकं नाभौ कटिबद्धं तु तक्षकम् ।
कर्णस्थितं महापद्मं शङ्खपालोपवीतकम् ॥ ६९ ॥
गुलिकाबद्धमूर्धानं सिन्दूरसदृशेक्षणम् ।
वहन्तं विष्णुमेवैनं चिन्तयेत् सुसमाहितः ॥ ७० ॥

वक्रतुण्ड, महाकाय एवं वज्राशनि के समान देदीप्यमान कान्ति वाले गरुड़ हैं । अनन्त नाग उनके कण्ठाभरण हैं । वासुकि नाग उनके उर का भूषण हैं । उदर में पद्म नाग भूषण हैं तथा उनका मस्तक महापद्म से

वेष्टित है । उनकी नाभि में कर्कोटक बँधे हुये हैं । इसी प्रकार कटि में तक्षक बद्ध है । महापद्म कर्ण में स्थित हैं । शङ्खपाल नाग का यज्ञोपवीत धारण किये हुए हैं । गुलिका उनके मस्तक में बँधे हुये हैं । उनकी आँखें सिन्दूर के समान हैं और वे विष्णु को वहन कर रहे हैं । इस प्रकार के गरुड़ को साधक एकाग्रचित्त से ध्यान करे ॥ ६७-७० ॥

ध्यानानन्तरं मुद्रादिकर्मकथनम्

आत्मानं च तथा ध्यात्वा शूलमुद्रां च दर्शयेत् ।
पूरणं तु भवेद्वाचा मुष्टिना संक्रमो भवेत् ॥ ७१ ॥
स्तोभ एकजपेन स्यादावेशो द्विजपेन तु ।
संहारो निर्विषं स्याच्च ततः शूलेन तज्जपन् ॥ ७२ ॥
जप्त्वाथ पञ्चकृत्वस्तु अनन्तं चिन्तयेत् ततः ।

इस प्रकार अपनी आत्मा में गरुड़ का ध्यान कर शूलमुद्रा प्रदर्शित करे । वाणी से पूरण, मुष्टि से संक्रम एवं एक जप से स्तोभ करे । दो जप से आवेश करे । संहार मुद्रा से निर्विषीकरण करे । इसके बाद शूलमुद्रा से पाँच बार जपकर अनन्त का चिन्तन करे ॥ ७१-७३ ॥

निर्विषीकरणं त्वेतन्मन्त्रमुच्चारयेत् ततः ॥ ७३ ॥
अतः परं क्रमाज्जप्त्वा विषादीन्यपि भक्षयेत् ।
न विषेण भवेत् तस्य मरणं तु कदाचन ॥ ७४ ॥

तदनन्तर निर्विषीकरण करने वाले मन्त्र का उच्चारण करे । इस क्रम से जप करने वाला यदि विषादि भी भक्षण कर ले तो उस विष से कभी उसका मरण नहीं हो सकता ॥ ७३-७४ ॥

सूर्यमण्डलगम् आत्मानं ध्यानकथनम्

सूर्यमण्डलगं ध्यात्वा आत्मानं ध्यानयोगतः ।
शतकृत्वो जपित्वाथ आदित्यमवलोकयेत् ॥ ७५ ॥
तेनागच्छन्ति नागाश्च सर्पाश्चापि सरीसृपाः ।
दशन्ति चैव निर्दिष्टं सर्वे कुर्वन्ति वाञ्छितम् ॥ ७६ ॥

ध्यानयोग से अपने को सूर्य मण्डल में स्थित कर सौ बार इस मन्त्र का जप करे एवं सूर्य का दर्शन करे तो इससे नाग और सरक कर चलने वाले जीव तथा सर्प आ जाते हैं और साधक द्वारा निर्दिष्ट व्यक्ति को ये डस कर उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं ॥ ७५-७६ ॥

जल को अभिमन्त्रित कर खम्भे अथवा वृक्ष में फेंक दे ... प्रवेश कर जाता है और उसी में स्थित होकर अतीत एवं ... घटनायें बता देता है ॥ ८६-८७ ॥

करोति वाञ्छितं सर्वं यत्कृत्यं मन्त्रवादिनः ।
ग्रथित्वानेन रज्जुं च कृत्वा सप्ताभिमन्त्रितम् ॥ ८८ ॥
तया तु वेष्टयेत् पश्चात् वृक्षं वा स्तम्भमेव वा ।
तत्र बद्धं भवेद्भूतं निगृहीतं भविष्यति ॥ ८९ ॥

सात बार पढ़कर वह मन्त्रवेत्ता का समस्त अभिवाञ्छित ... पूर्ण करता है । इस मन्त्र को रज्जु में गूँथ कर उस रज्जु ... अथवा खम्भे को वेष्टित करे तो भूत उसमें बँध कर निगृहीत हो ... और समस्त अभिवाञ्छित कार्य स्वयं करेगा ॥ ८८-८९ ॥

तद्विंशतिजपेनैव यदुक्तं तत् करिष्यति ।
मुक्ते मुक्तं भवत्येव निग्रहानुग्रहं तथा ॥ ९० ॥

पुनः बीस बार जप करने से मन्त्रवेत्ता जो कहेगा उसे ... उसी मन्त्र को बीस बार पढ़कर रज्जु को मुक्त करे तो ... जायेगा । इस प्रकार यहाँ आगम द्वारा उसके निग्रह तथा अनु... विधि कही गई है ॥ ९० ॥

निग्रहमन्त्रेण महाग्रहनिग्रहकथनम्

ततो निग्रहमन्त्रेण निगृह्णीयान् महाग्रहान् ।
ओं नमो भगवते नारायणाय हर हरिहर स्फुट स्फोटरे
हरिराज्ञापयति चण्डिरे मण्डिरे ठठ ॥ ९१ ॥
एष निग्रहमन्त्रः स्यान्निगृह्णीयादनेन हि ।

५. निग्रहमन्त्र विधान—साधक निग्रह मन्त्रों से महाग्रहों का निग्रह करे ।

'ॐ नमो भगवते नारायणाय हर हरिहर स्फुट
स्फोटरे हरिराज्ञापयति चण्डिरे मण्डिरे स्वाहा ॥'

यह महाग्रहों के निग्रह का मन्त्र है । इसी से महाग्रहों का ... करना चाहिये ॥ ९१-९२ ॥

महाग्रहनिग्रहविधिकथनम्

शालिपिष्टमयीं कृत्वा भूतप्रतिकृतिं ततः ॥ ९२ ॥

व्यात्तास्यां वृत्तपिङ्गाक्षीमसुग्रीवां महोदरीम् ।
छेदयेत् तीक्ष्णशस्त्रेण भूतच्छेदो भवेत् ततः ॥ ९३ ॥
मा मां छिन्द महासत्त्व मा मां भिन्देति चैव हि ।
तत्राविष्टं वदेद्भूतं कर्णे वाप्यस्य शंसति ॥ ९४ ॥

... के चूर्ण से भूत की प्रतिकृति प्रतिमा का निर्माण करे । उस ... का मुख गोल और खुला हो एवं पीतवर्ण की आँखें हो, ग्रीवा ... हो, उदर बहुत बड़ा हो, ऐसी प्रतिमा निर्माण कर तीक्ष्ण शस्त्र ... काट दे तब भूत का अङ्ग कट जायेगा । वह उस प्रतिमा में ... होकर कहेगा कि हे महासत्त्व मेरा छेदन उद्भेदन मत करो । यह ... अथवा साधक के कान में कहेगा ॥ ९२-९४ ॥

साधयेत् तस्य कर्माणि मनसा चिन्तितानि वै ।
न चेदेतावता वश्यं पुनर्निग्रहमारभेत् ॥ ९५ ॥

... प्रकार निगृहीत होकर वह साधक के चिन्तित सभी मनोरथों को ... । यदि इतने से वह वश में न आवे तब पुनः उसका निग्रह ... ॥ ९५ ॥

ततो निम्बमयं कीलं कृत्वा सप्ताभिमन्त्रितम् ।
उरस्यनेन मन्त्रेण खानयेन्निग्रहस्तथा ॥ ९६ ॥

... प्रतिमा में नीम के लकडी की कीली बना कर उसे सात बार ... कर उस प्रतिमा की छाती में गाड़ देवे तो उसका निग्रह हो ... ॥ ९६ ॥

निगृहीतस्य शान्तिकथनम्

शान्तिमिच्छति चेत् कर्तुं निगृहीतस्य साधकः ।
महामन्त्रेण यष्टिं वा शस्त्रं वा प्रेषयेत् ततः ॥ ९७ ॥
ओं नमो भगवते कृष्णपिङ्गलाय
सर्वभूतपते कुप्य सुरू हन ठठ ।
महामन्त्रस्तु संप्रोक्तः सर्वकर्मप्रसाधकः ॥ ९८ ॥

... **निगृहीत की शान्ति विधान**—यदि साधक निगृहीत की शान्ति ... तो महामन्त्र से लाठी अथवा शस्त्र का प्रवेश उस प्रतिमा में ...

'ॐ नमो भगवते कृष्णपिङ्गलाय ।

जल को अभिमन्त्रित कर खम्भे अथवा वृक्ष में फेंक दे तो भूत प्रवेश कर जाता है और उसी में स्थित होकर अतीत एवं अनागत घटनायें बता देता है ॥ ८६-८७ ॥

करोति वाञ्छितं सर्वं यत्कृत्यं मन्त्रवादिनः ।
ग्रथित्वानेन रज्जुं च कृत्वा सप्ताभिमन्त्रितम् ॥ ८८ ॥
तया तु वेष्टयेत् पश्चात् वृक्षं वा स्तम्भमेव वा ।
तत्र बद्धं भवेद्भूतं निगृहीतं भविष्यति ॥ ८९ ॥

सात बार पढ़कर वह मन्त्रवेत्ता का समस्त अभिवाञ्छित कार्य पूर्ण करता है । इस मन्त्र को रज्जु में गूँथ कर उस रज्जु से वृक्ष अथवा खम्भे को वेष्टित करे तो भूत उसमें बँध कर निगृहीत हो जाता है और समस्त अभिवाञ्छित कार्य स्वयं करेगा ॥ ८८-८९ ॥

तद्विंशतिजपेनैव यदुक्तं तत् करिष्यति ।
मुक्ते मुक्तं भवत्येव निग्रहानुग्रहं तथा ॥ ९० ॥

पुनः बीस बार जप करने से मन्त्रवेत्ता जो कहेगा उसे वह करेगा । उसी मन्त्र को बीस बार पढ़कर रज्जु को मुक्त करे तो वह मुक्त हो जायेगा । इस प्रकार यहाँ आगम द्वारा उसके निग्रह तथा अनुग्रह की विधि कही गई है ॥ ९० ॥

निग्रहमन्त्रेण महाग्रहनिग्रहकथनम्

ततो निग्रहमन्त्रेण निगृह्णीयान् महाग्रहान् ।
ओं नमो भगवते नारायणाय हर हरिहर स्फुट स्फोटरे
हरिराज्ञापयति चण्डिरे मण्डिरे ठठ ॥ ९१ ॥
एष निग्रहमन्त्रः स्यान्निगृह्णीयादनेन हि ।

५. निग्रहमन्त्र विधान—साधक निग्रह मन्त्रों से महाग्रहों का निग्रह करे ।

'ॐ नमो भगवते नारायणाय हर हरिहर स्फुट
स्फोटरे हरिराज्ञापयति चण्डिरे मण्डिरे स्वाहा ॥'

यह महाग्रहों के निग्रह का मन्त्र है । इसी से महाग्रहों का निग्रह करना चाहिये ॥ ९१-९२ ॥

महाग्रहनिग्रहविधिकथनम्

शालिपिष्टमयीं कृत्वा भूतप्रतिकृतिं ततः ॥ ९२ ॥

व्यात्तास्यां वृत्तपिङ्गाक्षीमसुग्रीवां महोदरीम् ।
छेदयेत् तीक्ष्णशस्त्रेण भूतच्छेदो भवेत् ततः ॥ ९३ ॥
मा मां छिन्द महासत्त्व मा मां भिन्देति चैव हि ।
तत्राविष्टं वदेद्भूतं कर्णे वाप्यस्य शंसति ॥ ९४ ॥

शालि के चूर्ण से भूत की प्रतिकृति प्रतिमा का निर्माण करे । उस प्रतिमा का मुख गोल और खुला हो एवं पीतवर्ण की आँखें हो, ग्रीवा छोटी हो, उदर बहुत बड़ा हो, ऐसी प्रतिमा निर्माण कर तीक्ष्ण शस्त्र से काट दे तब भूत का अङ्ग कट जायेगा । वह उस प्रतिमा में आविष्ट होकर कहेगा कि हे महासत्त्व मेरा छेदन उद्भेदन मत करो । यह वह भूत अथवा साधक के कान में कहेगा ॥ ९२-९४ ॥

साधयेत् तस्य कर्माणि मनसा चिन्तितानि वै ।
न चेदेतावता वश्यं पुनर्निग्रहमारभेत् ॥ ९५ ॥

इस प्रकार निगृहीत होकर वह साधक के चिन्तित सभी मनोरथों को पूर्ण करेगा । यदि इतने से वह वश में न आवे तब पुनः उसका निग्रह करे ॥ ९५ ॥

ततो निम्बमयं कीलं कृत्वा सप्ताभिमन्त्रितम् ।
उरस्यनेन मन्त्रेण खानयेन्निग्रहस्तथा ॥ ९६ ॥

प्रतिमा में नीम के लकडी की कीली बना कर उसे सात बार अभिमन्त्रित कर उस प्रतिमा की छाती में गाड़ देवे तो उसका निग्रह हो जाता है ॥ ९६ ॥

निगृहीतस्य शान्तिकथनम्

शान्तिमिच्छति चेत् कर्तुं निगृहीतस्य साधकः ।
महामन्त्रेण यष्टिं वा शस्त्रं वा प्रेषयेत् ततः ॥ ९७ ॥
ओं नमो भगवते कृष्णपिङ्गलाय
सर्वभूतपते कुप्य सुरू हन ठठ ।
महामन्त्रस्तु संप्रोक्तः सर्वकर्मप्रसाधकः ॥ ९८ ॥

६. निगृहीत की शान्ति विधान—यदि साधक निगृहीत की शान्ति करना चाहे तो महामन्त्र से लाठी अथवा शस्त्र का प्रवेश उस प्रतिमा में करे ।

'ॐ नमो भगवते कृष्णपिङ्गलाय ।

सर्वभूतपते कुप्य सुरू हन स्वाहा ॥'

यह लाठी अथवा शस्त्र के प्रवेश का महामन्त्र है जो ... का प्रसाधक है ॥ ९७-९८ ॥

सप्ताभिमन्त्रितं कृत्वा यष्टिं वा शस्त्रमेव वा ।
प्रेषयेच्च ग्रहाविष्टे ततः शान्तिर्भविष्यति ॥ ९९ ॥

इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर प्रतिमा में यष्टि ... शस्त्र प्रवेश करावे । तब ग्रहाविष्ट की शान्ति हो जायेगी ॥ ९९ ॥

आवेशमन्त्रविधानम्

निग्रहं पूर्ववत् कुर्यादनेनैव न संशयः ।
ततश्चावेशमन्त्रेण सर्वानावेशयेद् ग्रहान् ॥ १०० ॥
ओं नमो भगवते विष्णवे सालिवह खट्वा लल हुं
विष्णुराज्ञापयति ठठ ।
आवेशमन्त्र उक्तोऽयं सर्वानावेशयिष्यति ॥ १०१ ॥

७. आवेशमन्त्र विधान—पूर्व में कहे गये इसी मन्त्र से नि... संशय न करे । इसके बाद आवेश मन्त्र से सभी ग्रहों को आ...

'ॐ नमो भगवते विष्णवे सालिवह खट्वा
लल हुं विष्णुराज्ञापयति स्वाहा ॥'

यह आवेश मन्त्र है जो सभी ग्रहों को आविष्ट करने वाला गया है ॥ १००-१०१ ॥

सप्ताभिमन्त्रित कृत्वा सर्षपं यस्य मूर्धनि ।
निक्षिपेत् स ग्रहाविष्टो भवत्येव न संशयः ॥ १०२ ॥

इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित सर्षप जिसके सिर पर फेंके वह ग्रहाविष्ट हो जायेगा इसमें संशय न करे ॥ १०२ ॥

नान्येन ग्रहमोक्षः स्यात् कर्त्रा चैवापनीयते ।
मुष्टिना कर्षयेच्चापि मन्त्रेणानेन मन्त्रवित् ॥ १०३ ॥

अन्य से ग्रह मोक्ष न हो तो कर्त्ता उसे छोड़ कर चला जा... मन्त्रवेत्ता इस मन्त्र को पढ़कर अपनी मुट्ठी से उसे खींचे ॥ १०३ ॥

वशीकरणमन्त्रविधानम्

वशीकरणमन्त्रेण वशीकारं प्रयोजयेत् ।

ओं नमो भगवते विष्णवे सलो तम
कुलु कुलु मिल ठठ व ठठ ॥ १०४ ॥
वशीकरणमन्त्रोऽयं प्रयोज्यो वश्यकर्मणि ।

८. वशीकरणमन्त्र विधान—फिर वशीकार मन्त्र से वशीकरण करे

'ॐ नमो भगवते विष्णवे सलो तम
कुलु कुलु मिल स्वाहा स्वाहा ॥'

यह वशीकरण मन्त्र है । इस मन्त्र का प्रयोग साधक वशीकरण में करे ॥ १०४-१०५ ॥

शताभिमन्त्रितं कृत्वा करवीरं यथाविधि ॥ १०५ ॥
यस्य मूर्धनि वै दद्यात् तं प्रविश्य ग्रहः सदा ।
वशमानयति क्षिप्रं ततः कर्माणि साधयेत् ॥ १०६ ॥

विचक्षण साधक विधि के अनुसार करवीर (कर्णिकार) को इस मन्त्र से सौ बार अभिमन्त्रित कर जिसके शिर पर फेंके तो ग्रह उसके शरीर में प्रवेश होकर उसे वश में करा देता है और उसका सारा मनोरथ पूर्ण करता है ॥ १०५-१०६ ॥

संक्रमणमन्त्रविधानम्

सर्वं संक्रममन्त्रेण ततः कुर्याद्विचक्षणः ।
ओं नमो भगवते सर्वेश्वराय
हलमाज्ञापयति स्वाहा ॥ १०७ ॥
अनेनैव तु मन्त्रेण संक्रामन्ति ततो ग्रहाः ।
प्रतिमासु च सर्वासु तथैव पुरुषान्तरे ॥ १०८ ॥

९. संक्रमणमन्त्र विधान—विचक्षण साधक संक्रमण मन्त्र से अपना कार्य करे ।

'ॐ नमो भगवते सर्वेश्वराय हलमाज्ञापयति स्वाहा ॥'

इसी मन्त्र से समस्त ग्रह सभी प्रकार की प्रतिमाओं में एवं पुरुषों में संक्रमण कर जाते हैं ॥ १०७-१०८ ॥

महावाहनमन्त्रविधानम्

महावाहनमन्त्रं तु ततः कुर्याद्विचक्षणः ।
ओं नमो भगवते विष्णवे

महादेवाय मिलि मुञ्च ठठ ॥ १०९ ॥
मन्त्रेणानेन कृत्वा तु ततः प्रतिकृतिं क्रमात् ।
प्रेषयित्वानयेत् सर्वान् ग्रहान् दुष्टग्रहानपि ॥ ११० ॥

१०. ग्रहावाहनमन्त्र विधान—इसके बाद विचक्षण साधक ग्र... आवाहन मन्त्र का प्रयोग करे ।

'ॐ नमो भगवते विष्णवे महादेवाय मिलि मुञ्च स्वाहा'

इस मन्त्र से प्रतिकृति (प्रतिमा) निर्माण करे । फिर प्रेषण ... सभी ग्रहों को तथा समस्त दुष्ट ग्रहों को भी बुलावे ॥ १०९-११० ॥

११. नर्तनमन्त्रविधानम्

ततो नर्तनमन्त्रेण नर्तयेच्च ग्रहानपि ।
ओं नमो भगवते विष्णवे नमश्चण्डचक्राय
निदर्शय मुखं जहि मा भिन्द चक्रानललोचन
जिह्व भूत तापय पिशाचान् ठठ ॥ १११ ॥
अनेनैव तु मन्त्रेण ततः सप्ताभिमन्त्रितम् ।
कृत्वा ग्रहगृहीताय दातव्यं नृत्यति क्रमात् ॥ ११२ ॥

११. नर्तनमन्त्र विधान—फिर नीचे लिखे नर्तन मन्त्र से ग्रहों को नचावे ।

'ॐ नमो भगवते विष्णवे नमश्चण्डचक्राय निदर्शय मुखं जहि मा भिन्द चक्रानललोचनजिह्वभूत तापय पिशाचान् स्वाहा ॥'

इस मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित कर ग्रह से गृहीत व्यक्ति को दे तो वह क्रमशः नाचने लगता है ॥ १११-११२ ॥

१२. उत्सारणमन्त्रविधानम्

अथोत्सारणमन्त्रेण ग्रहानुत्सारयेद् बहिः ।
ओं नमो भगवते चण्डचक्रधराय
जिलि हिलि विष्णुः स्तम्भयति
स्तम्भधारि वृद्धिकारिणि
तत्र हत्रा उत्वाम्भः शूलिनी पिशाच ठठ ॥ ११३ ॥

१२. उत्सारणमन्त्र विधान—उत्सारण मन्त्र से ग्रहों को उत्सारण कर भगा देवे ।

'ॐ नमो भगवते चण्डचक्रधराय जिलि हिलि विष्णुः स्तम्भयति स्तम्भधारि वृद्धिकारिणि तत्र हत्रा उत्वाम्भः शूलिनी पिशाच स्वाहा ॥'

... उत्सारण मन्त्र है ॥ ११३ ॥

सप्ताभिमन्त्रितं कृत्वा लोष्टानेकादश क्रमात् ।
अष्टदिक्षु क्षिपेदूर्ध्वमधश्चापि यथाक्रमम् ॥ ११४ ॥

... मन्त्र से साधक ग्यारह लोष्ठ (मिट्टी का ढेला) सात बार ... कर दिक् क्रम के अनुसार आठों दिशाओं में ऊपर और ... देवे ॥ ११४ ॥

हस्ते चैकं तु गृह्णीयाच्चक्रवच्चक्रमुद्रया ।
ग्रहा निर्यान्ति सर्वेऽपि योजनानां शतात् परम् ॥११५॥
नातिक्रामन्ति मर्यादां तच्छासनपरायणाः ।

... शेष एक लोष्ठ चक्रमुद्रा से चक्र के समान अपने हाथ में ... तो सभी ग्रह सौ योजन से भी दूर भाग जाते हैं । वे साधक ... का पालन करते हैं और मर्यादा का अतिक्रमण भी नहीं ... ॥ ११४-११६ ॥

मण्डलस्य विधानम्

मण्डलस्य विधानं तु कथयामि यथातथम् ॥ ११६ ॥
पञ्चैव मण्डलानि स्युर्यथावर्णानुपूर्वशः ।
भूतचक्रं च नाम्ना तु ततो भूतार्गलं तथा ॥ ११७ ॥
शूलार्गलं चासिधारं तथा मूढार्गलं क्रमात् ।

... मण्डल का विधान जैसा कहा गया है उसी प्रकार यहाँ कहा ... ।

... के अनुसार पाँच ही मण्डल होते हैं । १. भूतचक्र, २. ... ३. शूलार्गल ४. असिधार तथा ५. मूढार्गल उनके क्रमशः ... ॥ ११६-११८ ॥

... ब्राह्मणानां तु भूतचक्रं तु मण्डलम् ॥ ११८ ॥
भूतार्गलं नृपाणां तु तथा शूलार्गलं विशाम् ।
असिधारं तु शूद्राणां मण्डलं समुदाहृतम् ॥ ११९ ॥
अन्त्यचण्डालजातीनां मूढार्गलमुदाहृतम् ।

तच्च दुष्टग्रहाणां च मण्डलं समुदाहतम् ॥ १२० ॥

१. ब्राह्मण ग्रहों के लिये भूतचक्र मण्डल कहा गया है । २. [illegible] ग्रहों के लिये भूतार्गल होता है । ३. वैश्यों के लिये शूलार्गल [illegible] शूद्रों के लिये असिधार मण्डल कहा गया है । ५. अन्त्यज [illegible] जातियों के लिये मूढार्गल मण्डल कहा गया है । उसी को दुष्ट [illegible] मण्डल कहते हैं ॥ ११८-१२० ॥

केचिद् दुष्टग्रहाणां तु वातचक्रं प्रचक्षते ।
षष्ठं तु मण्डलं ह्येतद्वातचक्रमिति श्रुतम् ॥ १२१ ॥

६. कोई लोग दुष्टग्रहों के लिये वातचक्र मण्डल कहते हैं । वातचक्र नामक मण्डल छठवाँ कहा गया है, ऐसा सुना है ॥ १२१ ॥

१. ब्राह्मणस्य भूतचक्राख्य मण्डलविधानम्

मण्डलं भूतचक्राख्यं ब्राह्मणानां ब्रवीमि वः ।
चतुरस्रं ततः कुर्याच्चतुर्हस्तं समन्ततः ॥ १२२ ॥
बहिरर्गलरेखैकाः चतुर्दिक्षु समन्ततः ।
पूर्वापरायता वीथी मध्ये वै हस्तविस्तरा ॥ १२३ ॥

१. भूतचक्राख्य मण्डलविधान—अब ब्राह्मणों के लिये [illegible] भूतचक्र नामक मण्डल का विधान यहाँ कहा जा रहा है ।

चार हाथ का चौकोर मण्डल निर्माण करे । उसमें बाहर की चारों दिशाओं में एक अर्गल रेखा उसके मध्य में (किवाड़ बंद करने वाली कीली को अर्गला कहते हैं) निर्माण करे ॥ १२२-१२३ ॥

विमर्श—१२२ श्लोक से १४७ तक जहाँ से भूतचक्र आदि [illegible] स्वरूप का वर्णन है, समझ में नहीं आया है ।

वीथी निर्माणकथनम्

तथा तिर्यग्भवेद्वीथी मध्ये वै दक्षिणोत्तरा ।
द्वे द्वे च वीथी रेखा तु अनतिक्रान्तमण्डला ॥ १२४ ॥

इसी प्रकार मध्य में दक्षिण से उत्तर रेखा खीचकर वीथी [illegible] करे। जिससे वह तिरछी हो जायेगी । मध्य की रेखायें दो-दो [illegible] चाहिये जो मण्डल का अतिक्रमण न करे ॥ १२४ ॥

ततश्च वीथिकासंधौ शङ्कुं कृत्वा तु मध्यमे ।

वलयं वर्तयेत् तेन संधिमानप्रमाणतः ॥ १२५ ॥
वलयं वर्तयेत् तेन द्वितीयं वर्तयेत् ततः ।
तावतैव प्रमाणेन द्वितीयं वर्तयेत् ततः ।
लिखेद्भूतपतिं मध्ये मध्ये वीथि सरित्पतिम् ॥ १२६ ॥
कमण्डलुं दण्डकाष्ठमक्षसूत्रं च वै क्रमात् ।
आग्नेये नैर्ऋते चैव वायव्ये च समालिखेत् ॥ १२७ ॥

[illegible] वीथिका के मध्य में होने वाले में उसके प्रमाण के अनुसार [illegible] शङ्कु को गोला बनाकर स्थापित करे । उसी प्रमाण का दूसरा [illegible] द्वितीय शङ्कु भी स्थापित करे । मध्य में भूतपति लिखें । [illegible] के मध्य में सरित्पति लिखें । इसी प्रकार आग्नेय, नैर्ऋत्य तथा [illegible] में क्रमशः कमण्डलु, दण्डकाष्ठ तथा अक्षसूत्र लिखें । [illegible] कोण में ग्रहाविष्ट को आसन देवे । फिर बाहर अर्गल रेखा [illegible] बन्द करे ॥ १२५-१२९ ॥

२. क्षत्रियस्य भूतार्गलमण्डलविधानम्

तत्तदीशानकोणे तु ग्रहाविष्टस्य चासनम् ।
बहिरर्गलरेखा तु ततः क्षत्रियमण्डले ॥ १२८ ॥
चतुरस्रं ततः कृत्वा अन्तर्मण्डलमालिखेत् ।
तथैव चार्गलं चापि चतुरस्रं तदर्धकम् ॥ १२९ ॥

२. **भूतार्गल मण्डलविधान**—इसके बाद क्षत्रिय मण्डल में चौकोर [illegible] मण्डल के भीतर लिखें और अर्गला भी उसी प्रकार चौकोर [illegible] आधा बनावे ॥ १२८-१२९ ॥

कोणे कोणे बहिःशूलं मध्येवीथि चतुर्दिशम् ।
चतुष्पथप्रमाणेन मध्ये वै वीथिपीठिका ॥ १३० ॥

प्रत्येक कोण के बाहर शूल लिखें वीथि के मध्य में चारों ओर [illegible] के प्रमाण से मध्य में वीथि की पीठिका स्थापित करे ॥१३०॥

चतस्रः क्रमशः कृत्वा वीथ्यन्ते च चतुर्दिशम् ।
चतुष्पथस्य कोणे तु तदर्धा पीठिका बहिः ॥ १३१ ॥

क्रमशः चार वीथिका बनाकर वीथि के अन्त के चारों दिशाओं में [illegible] के कोण पर बाहर उसकी आधी पीठिका बनावे ॥ १३१ ॥

अन्तर्मण्डल एवैताश्चतस्रस्तु समालिखेत् ।
अन्तर्मण्डलशूलाग्रानर्वाक् च बहिरर्गला ॥ १३२ ॥

धनुरश्वं तथा नागं तत्कोणेषु समालिखेत् ।
नैर्ऋते चैव वायव्य ईशाने च यथाक्रमम् ।
पूर्वदक्षिणकोणे तु ग्रहाविष्टस्य चासनम् ॥ १३

ये चार पीठिकायें मण्डल के भीतर ही लिखें । मण्डल के शूलाग्र तथा उसके पीछे बाहर अर्गला लिखें । उसके कोनों में वायव्य और ईशान में धनुष, अश्व तथा नाग लिखे । फिर पू के कोने पर ग्रहाविष्ट के लिये आसन रखे ॥ १३२-१३४ ॥

३. वैश्यस्य शूलार्गलमण्डलविधानम्

वैश्यस्यापि तथा कुर्यात् सपूर्वबहिरर्गलाः ॥ १३
तथान्तर्मण्डलं कुर्यात् तदर्धं चतुरस्रकम् ।

३. शूलार्गल मण्डलविधान—वैश्य के लिये भी उसी प्रकार बाहर अर्गला करे । फिर साधक उसके भीतर उसका आधा मण्डल बनावे ॥ १३४-१३५ ॥

तदर्धं चतुरस्रं स्यात् तस्याप्यन्तरमण्डलम् ॥ १३
तदन्तश्च प्रकुर्वीत तदर्धं वृत्तमण्डलम् ।
पीठिकायां चतुर्दिक्षु चतस्रो बहिरर्गलाः ॥ १३
बहिरेव क्रमात् कुर्यादिन्द्रादिक्रमयोगतः ।
अन्तर्यच्चतुरस्रं तु बहिर्मण्डलमुच्यते ॥ १३

उसके भी भीतर एक चौकोर मण्डल बनावे । उसके भी उसके आधे में गोला मण्डल लिखें । पीठिका में चारों ओर अर्गला स्थापित करे । ये चारों अर्गलायें पूर्वादि दिशाओं के क्रम पीठिका के बाहर ही बनावे । भीतर को चतुरस्र मण्डल को बा मण्डल कहा जाता है ॥ १३५-१३७ ॥

कोणे कोणे बहिर्मूलादन्तर्मुखबहिर्मुखाः ।
बहिर्मुखास्तु शूलाग्रास्त्वन्तः स्युर्बहिरर्गलाः ॥ १३

बाहर के मूल से कोण-कोण पर अन्तर्मुख और बहिर्मुख शूलाग्र बहिर्मुख हो तथा बाहरी अर्गला का मुख भीतर की ओर बनावे ॥ १३८ ॥

अन्तर्मुखास्तु शूलाग्रा बहिर्मध्यममण्डलाः ।
कलशं पादुकां चैव कोष्ठाकारं समालिखेत् ॥ १३

वायव्येशानवह्नीनां प्रदेशेषु यथाक्रमम् ।
दक्षिणे चापकोणे च ग्रहाविष्टस्य चासनम् ॥ १४० ॥

शूलाग्र अन्तर्मुख हो, तब उसके बाहर मध्यम मण्डल बनावे वायव्य, ईशान तथा अग्निकोण में कलश, पादुका और कोष्ठ का लिखे । फिर साधक दक्षिण में नैर्ऋत्य कोण में ग्रहाविष्ट को आसन देवे ॥ १३९-१४० ॥

४. शूद्रस्य असिधारमण्डलविधानम्

शूद्रस्य मण्डले प्रोक्तं बहिरेवार्गलद्वयम् ।
वीथयश्च तथा कार्या बहिरर्गलसङ्गताः ॥ १४१ ॥

४. असिधार मण्डलविधान—साधक शूद्र के मण्डल में बाहर दो निर्माण करे और उससे बाहर की अर्गला से मिली हुई वीथियाँ ॥ १४१ ॥

चतुष्पथं बहिश्चापि चतुरस्रं तु मण्डलम् ।
तस्माच्चापि बहिश्चापि चतुरस्रं तु मण्डलम् ॥ १४२ ॥

फिर चतुष्पथ बनाकर उसके बाहर चौकोर मण्डल बनावे । उसके भी एक चौकार मण्डल बनावे ॥ १४२ ॥

चतुष्पथाद्बहिष्कोणे वृत्ताकारं तु मण्डलम् ।
ईशानान्तमथाग्न्यादि कारयेत् तन्त्रवित्तमः ॥ १४३ ॥
कोणेषु च लिखेत् पश्चादन्तश्च बहिरर्गलान् ।
लाङ्गलं चापि यष्टिं च कोष्ठं चापि यथाक्रमम्॥१४४॥
ईशाने च तथाग्नेये नैर्ऋते च यथाक्रमम् ।
पश्चिमोत्तरभागे तु ग्रहाविष्टस्य चासनम् ॥ १४५ ॥

चतुष्पथ के बाहरी कोण में तन्त्रवेत्ता आग्नेय से लेकर ईशान पर्यन्त मण्डल बनावे । कोणों के पीछे भीतर तथा बाहर अर्गला करे । फिर ईशान, आग्नेय और नैर्ऋत्य में यथाक्रम लाङ्गल का और कोष्ठ का निर्माण करे । वायव्य में ग्रहाविष्ट के लिये का निर्माण करे ॥ १४३-१४५ ॥

५. चाण्डालस्य मूढार्गलमण्डले विशेषकथनम्

चण्डालानां तथान्त्यानां दुष्टानां च न चार्गलम् ।
चतस्रो वीथयः कार्याश्चतुष्पथयुतास्तथा ॥ १४६ ॥

न चैषां लेखनीयाश्च न चैषामासनं तथा ।
दर्शनेनैव नश्यन्ति दुष्टा एवं तु मानवाः ॥ १४७ ॥

५. **मूढार्गलमण्डलविधान**—चाण्डाल अन्यत्र तथा दुष्टों के अर्गला न बनावे । उनके मण्डल में चतुष्पथ युक्त चार वीथियों करे । इनके लिये और कोई लेखनीय बात नहीं है आसन विधान नहीं है । दुष्ट मानव तो इस मण्डल को देखने मात्र से जाते हैं ॥ १४६-१४७ ॥

६. वातचक्राख्य मण्डलविधानम्

तेषां तु वातचक्राख्यं किञ्चिन्मण्डलमुच्यते ।
अर्धचन्द्रसमं कार्यमेकरेखाविधानतः ॥ १४८ ॥

६. **वातचक्राख्य मण्डलविधान**—अब छठाँ वातचक्र नामक के विषय में कुछ थोड़ा सा कह रहा हूँ । एक रेखा से आधे चन्द्र समान मण्डल बनावे ॥ १४८ ॥

चतुर्वर्णाश्रितमण्डलविधानम्

चतुर्वर्णाश्रितानां तु मण्डलानां समासतः ।
लोकपालायुधान्यत्र चतुर्दिक्षु समालिखेत् ॥ १४९ ॥
कुलिशं यमदण्डं च पाशं च धनुरेव च ।
तथैवान्नशरावांश्च चतुर्दिक्षु निखानयेत् ॥ १५० ॥

अब चारों वर्णों के लिये बनाये गये मण्डल के विषय में कहता हूँ । उन मण्डलों के चारों दिशाओं में लोकपालों के आयुध निर्माण करे वे आयुध इस प्रकार हैं १. वज्र, २. यमदण्ड, ३. एवं ४. धनुष । इसी प्रकार साधक चारों दिशाओं में अन्न से शराव (पुरवा) खन कर गाड़ देवे ॥ १४९-१५० ॥

बलिविधानम्

दध्योदनशरावं च पूर्वद्वारे निखानयेत् ।
कृसरं दक्षिणद्वारे पायसं पश्चिमे तथा ॥ १५१ ॥
गुडान्नमुत्तरद्वारे चादृश्यानेव कारयेत् ।

दही और ओदन पूर्ण पात्र पूर्व द्वार में गाड़े । कृसर तिल मिश्रित अन्न दक्षिण द्वार में, पायस पश्चिम द्वार में तथा गुड़ मिश्रित उत्तर द्वार में गाड़े । साधक यह सब कार्य किसी अन्य को दिखा न करे ॥ १५१-१५२ ॥

गोष्ठे पर्वतपार्श्वे वा श्मशाने वा चतुष्पथे ॥ १५२ ॥
अरण्ये निर्जने वापि देवतायतनेषु च ।
भूतक्रूरबलिं दत्वा ब्रह्मचर्यव्रते स्थितः ॥ १५३ ॥
चतुर्विधैस्तथा चूर्णैर्लिखेन्मण्डलमादितः ।

गोष्ठ अथवा पर्वत के समीप अथवा श्मशान अथवा चतुष्पथ अरण्य अथवा निर्जन स्थान अथवा देवतायतन में भूतों के लिये बलि देकर ब्रह्मचर्य व्रत में स्थित होकर सर्वप्रथम चार प्रकार के चूर्णों से मण्डल लिखें ॥ १५२-१५४ ॥

ततः कृष्णाचतुर्दश्यामाचार्यः समुपोषितः ॥ १५४ ॥
कृतरक्षो यथान्यायं लिखेन्मण्डलमादितः ।
शुक्लै रक्तैश्च पीतैश्च कृष्णाचूर्णैर्यथाविधि ॥ १५५ ॥
ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च तथाविधम् ।
अङ्गारचूर्णैः शेषाणां कर्तव्यं चैव मण्डलम् ॥ १५६ ॥

कृष्ण चतुर्दशी को आचार्य उपवास कर अपनी रक्षा करते हुये रक्त, पीत और काले वर्ण के चूर्णों से यथाविधि ब्राह्मण, वैश्य और शूद्रों के लिये विहित मण्डल विधानानुसार लिखें । के लिये भस्म का मण्डल निर्माण करें ॥ १५४-१५६ ॥

एतैरेव तु कुर्वीत इतरैस्तु विवर्जयेत् ।
लिखित्वा मण्डलान्येवं पञ्च षड् वा क्रमेण तु ॥१५७॥
आचार्यः प्रयतो भूत्वा शुद्धवासा जितेन्द्रियः ।
मण्डलाभिमुखः स्थित्वा दक्षिणे मण्डलस्य तु ॥१५८॥
विष्टरं वाथ कूर्चं वा कृत्वा चाग्रकरेण च ।

मण्डल इन्हीं वस्तुओं से निर्माण करे इतर से निर्माण वर्जित करे । इस प्रकार पाँच या छः मण्डल क्रमशः निर्माण कर आचार्य नियमित शुद्धवस्त्र धारण कर इन्द्रियों को वश में कर मण्डल के दक्षिण की ओर मुख कर अपने हाथ के अनुभाग से विष्टर अथवा कुश का आसन निर्माण कर ॥ १५७-१५९ ॥

पूजाप्रयोगकथनम्

कृतरक्षः शुचिर्भूत्वा शिखां बद्ध्वा यथाविधि ॥१५९॥
पुत्रजीवमयं सूत्रं तथा पद्माक्षमेव वा ।

धारयेत् करशाखाभिः कुशबन्धमथापि वा ॥ १६०
वामे च कटकं हस्ते धारयेद् भूतरक्षणम् ।
पूर्वोक्तेनैव मन्त्रेण तां मुद्रां दर्शयेत् ततः ॥ १६१ ॥

अपनी रक्षा करते हुये पवित्र होकर यथाविधि शिखा ... हुये पुत्रजीव से सूत्र में गूँथी हुई या कवलगट्टा की माला ... हाथ में कुशा की पवित्री धारण कर भूत रक्षा के लिये ... कटक (विशेष प्रकार का अस्त्र) धारण कर पूर्वोक्त विधान से ... बैठने के बाद पूर्वोक्त मन्त्र से मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १५९-१६१ ॥

तेषां ग्रहाणां चिह्नानि

तावता स्तोभमायान्ति ब्राह्मणाद्या यथाक्रमम् ।
तेषां ग्रहाणां चिह्नानि कथयामि यथातथम् ॥ १६२ ॥

मात्र केवल इतने से ही ब्राह्मणादि ग्रह स्तोभ में (क्षुब्ध) ... हैं। अब ब्राह्मणादि ग्रहों के जिस प्रकार लक्षण होते हैं उन्हें ... उसी रूप में कहता हूँ ॥ १६२ ॥

१. ब्राह्मणग्रहाणां चिह्नानि

ध्यायन् जपन् स्तुवंश्चैव विनीतश्च शुचिव्रतः ।
देवताराधने सक्तः सन्ध्योपासनतत्परः ॥ १६३ ॥

ब्राह्मण ग्रहों के चिह्न—ध्यान करने वाला, जप करने वाला, ... करने वाला, विनयशील, पवित्रतायुक्त, देवाराधन में ... सन्ध्योपासन में तत्पर तथा मुनि एवं देवताओं का कीर्त्तन करने ... इन लक्षणों से युक्त पुरुष ब्राह्मण ग्रह गृहीत कहा जाता है ॥ १६३ ॥

२. क्षत्रियग्रहाणां चिह्नानि

कीर्तयेन्मुनिदेवांश्च स ब्राह्मण इति स्मृतः ।
लिखति हसति क्षिप्रमास्फोटयति नृत्यति ॥ १६४ ॥
हस्त्यश्वरथयोधांश्च संग्रामं चानुकीर्तयेत् ।
गन्धमाल्यप्रियो नित्यं शुक्लाम्बरधरः सदा ॥ १६५ ॥
क्षत्रानुभावयुक्तो यस्तं विद्यात् क्षत्रियग्रहम् ।

२. क्षत्रिय ग्रहों के चिह्न—जो लिखता है, हँसता है, मुँह ... है, नाचता है, हाँथी, घोड़ा, रथ-योद्धा और संग्राम का वर्णन करता ... गन्ध और माला से प्रेम करता है, सर्वदा शुक्ल वर्ण का वस्त्र ...

... (क्षत् अर्थात् त्राण की भावना) के अनुभाव से युक्त ... है, क्षत्र ... वाले जातक को क्षत्रिय ग्रहों से गृहीत होता है ऐसा समझना चाहिये ॥ १६४-१६६ ॥

३. वैश्यग्रहाणां चिह्नानि

आहूतोऽधो निरीक्षेत जृम्भते कम्पते मुहुः ॥ १६६ ॥
गायन् नृत्यंस्तथा क्रोशन् क्रन्दते च पुनः पुनः ।
नागांश्चापि तथा धुर्यान् वीक्षते वाहयेत् सदा ॥१६७॥
पण्यैर्व्यवहतिं कुर्यात् सदा क्षेत्रेषु रज्यते ।
एवंविधैस्तथा लिङ्गैस्तं वैश्यग्रहमादिशेत् ॥ १६८ ॥

३. वैश्य ग्रहों के चिह्न—बुलाने पर भी नीचे की ओर देखता है ... लेता है, बारम्बार काँपता है, गाता है, नाचता है, बारम्बार रोता ... होता है, हाँथी तथा वस्तुओं का भार ढोने वाले जन्तुओं को ... है और उनसे भार वहन कराता है, विक्रय तथा लेन-देन का ... करता है, खेत को देख कर प्रसन्न होता है, इस प्रकार के ... अन्य चिन्हों से युक्त ऐसे लक्षणों वाला जातक वैश्य ग्रह गृहीत ... चाहिये ॥ १६७-१६८ ॥

४. शूद्रग्रहाणां चिह्नानि

यस्तु मूत्रपुरीषाद्यैर्व्याहतिं कुरुते सदा ।
शौचभ्रष्टो दुराचारो दृष्ट्वा विप्रं तु कुप्यति ॥ १६९ ॥
हस्तेन मेढ्रं स्पृशति मर्दयत्यशुभानि च ।
शृणोति यस्य सद्वाक्यं तत्र क्रोशति भूयसा ॥१७०॥
नाभिजानाति चात्मानं तं शूद्रग्रहमादिशेत् ।

४. शूद्र ग्रहों के चिह्न—जो सदा मल, मूत्रादि से व्याहति (मारता) ... है, शौचभ्रष्ट एवं दुराचारी है, ब्राह्मण को देख कर क्रोध करता ... इतना ही नहीं हाथ से लिङ्ग स्पर्श करता है और अमङ्गल वस्तुओं ... मर्दन करता है, जिसकी उत्तम बातें सुनता है किन्तु उसकी निन्दा ... है और स्वयं अपने को भी नहीं पहचानता उस जातक को शूद्र ... गृहीत समझना चाहिये ॥ १६९-१७१ ॥

५. नीचग्रहाणां चिह्नानि

यस्तु सर्वाणि संमिश्रं कुर्यात् कर्माणि सर्वशः ॥१७१॥

भीतित्राससमायुक्तस्तं नीचग्रहमादिशेत् ।

५. नीच ग्रहों के चिह्न—जो जातक सभी प्रकार के ... में मिला देता है, भय और त्रास से संयुक्त रहता है ... गृहीत समझना चाहिये ॥ १७१-१७२ ॥

६. दुष्टग्रहाणां चिह्नानि

आत्मानं गूहते यस्तु भीषयेद्वापि रोदिति ॥ १७२ ॥
आत्मानमन्यथा वक्ति तं दुष्टग्रहमादिशेत् ।
एवं लिङ्गैर्ग्रहान् ज्ञात्वा स्वस्थाने विनिवेशय च ॥ १७३ ॥

६. दुष्ट ग्रहों के चिह्न—जो अपने को छिपाता है और ... भयभीत करता है, रोता है, अपने को छिपा कर दूसरा बताता ... दुष्टग्रह समझना चाहिये । साधक इन चिह्नों से ग्रहों का ज्ञान ... अपने-अपने स्थान पर सन्निविष्ट करे ॥ १७२-१७३ ॥

ग्रहगृहीतजातकस्य संबोधनविधानम्

पूर्वं संबोधयेदेनं साम्नाचार्यः प्रयत्नतः ।
भो एहीति प्रियं पूर्वं ब्राह्मणग्रहमादितः ॥ १७४ ॥

आचार्य प्रथम उन्हें शान्ति से समझावे । साधक ब्राह्मण-ग्रह... पुरुष को 'भो एहि' इस प्रकार प्रिय वाणी बोले ॥ १७४ ॥

महासत्त्वेति च ब्रूयात् भो पूर्वं क्षत्रियग्रहम् ।
भो नन्देति वदेद्वैश्यं भो साधो इति शूद्रकम् ॥ १७५ ॥

साधक क्षत्रिय-ग्रहगृहीत पुरुष को 'भो महासत्त्व एहि' ऐसा क... वैश्य-ग्रहगृहीत पुरुष को 'भो नन्द एहि' ऐसा कहें और शूद्र-ग्र... पुरुष को 'भोः साधो एहि' ऐसा कहे ॥ १७५ ॥

दुष्टग्रहाविष्टेषु प्रयोगविधानम्

ये तु दुष्टग्रहास्तेषु न ब्रूयात् सामभिः क्वचित् ।
शनैरावेशमन्त्रं तु ततस्तु समुदीरयेत् ॥ १७६ ॥

दुष्टग्रहाविष्ट का आवेशमन्त्र कथन—जो दुष्टग्रह हैं उनसे साम... बात न करे । धीरे-धीरे उनमें मन्त्र का आवेश करे ॥ १७६ ॥

१. आवेशमन्त्रकथनम्

ओं नमो भगवते विष्णवे भूताधिपतये वासुदेवाय ...

खड्गरावण संकृन्त दानवशोणितदिग्धाङ्ग वज्र
नरसिंह विलिनृत्यखड्ग अनिवर्तिकोपालि हन भूतं
त्रासय मण्डले कड्ढ अङ्कुशेन समयं प्रवेशय
आह्वय चण्डासिधारावति विष्णुराज्ञापयति स्वाहा ।
एष आवेशमन्त्रस्तु अनेनावेशयेद् ग्रहान् ॥ १७७ ॥

१. आवेशमन्त्र कथन—'ॐ नमो भगवते विष्णवे भूताधिपतये ... अलखड्ग-रावण संकृन्त दानवशोणितदिग्धाङ्ग वज्रनरसिंह ...खड्ग अनिवर्तिकोपालि हन भूतं त्रासय मण्डले कड्ढ अङ्कुशेन ... आह्वय चण्डासिधारावति विष्णुराज्ञापयति स्वाहा ।' ... आवेश का मन्त्र है । विद्वान् साधक यही मन्त्र ग्रहाविष्ट पुरुष में ... करे ॥ १७७ ॥

२. दुष्टग्रहाविष्टेषु शिखाबन्धनमन्त्रविधानम्

शिखाबन्धं ततः कुर्यात् शिखामन्त्रेण साधकः ।
कुण्डलं मण्डलं भूतं समये तिष्ठ स्वाहा ॥ १७८ ॥
शिखाबन्धस्य मन्त्रोऽयं ग्रहाविष्टस्य कीर्तितः ।

२. शिखाबन्धनमन्त्रविधान—इसके बाद साधक दुष्ट ग्रहाविष्ट का ...बन्धन करे । 'कुण्डलं मण्डलं भूतं समये तिष्ठ स्वाहा' ... दुष्टग्रह के शिखा बन्धन का मन्त्र कहा गया है ॥ १७८-१७९ ॥

३. भक्षणमन्त्रकथनम्

ततो भक्षणमन्त्रेण दद्यादन्नं मुखे पुनः ॥ १७९ ॥
वल्मीकमृत्तिकायां तु दद्यादन्नं विचक्षणः ।
ओं नमश्चक्रक्रोधाय नरसिंहाय हिलि पुल
कूलिभूत अण्डे ये गृह्ण इध्मं ग्रहं पुरोमुख
महाकुक्कुरग्रहं महाविष्णुराज्ञापयति ठठ ॥ १८० ॥
एष भक्षणमन्त्रस्तु मन्त्रेणानेन भोजयेत् ।
ग्रहाविष्टं ग्रहो मुञ्चेत् तावता नात्र संशयः ॥ १८१ ॥

३. भक्षण मन्त्र विधान—इसके बाद साधक भक्षण मन्त्र से उसके ... अन्न देवे विचक्षण साधक वह अन्न वल्मीक मृत्तिका में गिरा देवे।

'ॐ नमश्चक्र क्रोधाय नरसिंहाय हिलि पुल

कूलिभूत अण्डे ये गृह्ण इध्मं ग्रहं पुरोमुख
महाकुक्कुरग्रहं महाविष्णुराज्ञापयति स्वाहा ।'

यह भक्षण मन्त्र है इससे साधक उसे भोजन करावे । इत से वह ग्रह ग्रहाविष्ट पुरुष को निश्चय ही छोड़ देगा इसमें संश है ॥ १८०-१८१ ॥

४. सर्वभक्षण मन्त्रकथनम्

सर्वभक्षणमन्त्रेण ततः सर्वं तु कारयेत् ।
कृष्णमृत्तिकया सर्वं कारयित्वा विचक्षणः ॥ १८
ओं नमश्चक्रक्रोधाय चण्डलोडमजिह्व पन्नगत्वर
निग्रह भक्षय महाभोगगतिराज्ञापयति ठठ ॥ १८

४. सर्वभक्षण मन्त्र विधान—विचक्षण साधक यह सारा का मृत्तिका के साथ सर्व भक्षण मन्त्र से करे ॥ १८२॥

'ॐ नमश्चक्रक्रोधाय चण्डलोडमजिह्व पन्नगत्वर
निग्रह भक्षय महाभोगगतिराज्ञापयति स्वाहा ।'

(यह सर्वभक्षण मन्त्र है) ॥ १८२-१८३ ॥

५. वेधमन्त्रकथनम्

निग्रहं च ततः कुर्याद्यदि तं न विमुञ्चति ।
कृत्वा प्रतिकृतिं पश्चाद् गोमयेन विचक्षणः ॥ १८
लोहकीलेन वेद्धव्यं वेधमन्त्रेण साधकैः ।
ओं नमश्चण्डासिधराय चक्रिणे बन्धय मम
ग्रहचण्डालं समयातिक्रान्तमर्यादं ज्वालय
चक्रपाणिराज्ञापयति ठठ ॥ १८५ ॥
एष वेधनमन्त्रस्तु भवेद्वेधमनेन च ।
ततः क्षुरिकया चापि वेद्धव्यं नात्र संशयः ॥ १८

५. वेध मन्त्र विधान—यदि इतने पर भी न छोड़े तो उसका निग्रह कर वेध करे । विचक्षण साधक गोबर से प्रति कर उसे लोहे की कीली से वेधमन्त्र द्वारा वेधन करे ॥ १८४-

'ॐ नमश्चण्डासिधाराय चक्रिणे बन्धय मम ग्रहचण्डालं
समयातिक्रान्तमर्यादं ज्वालय चक्रपाणिराज्ञापयति स्वाहा ।'

यह वेध मन्त्र हैं, इसी से लोहे की कीली द्वारा प्रतिमा वेध

छुरी से पुनः वेधन करे सशय न करे ॥ १८४-१८६ ॥

हा हेति हाकृतिं कुर्यादविधा चेति चाग्रतः ।
अब्रह्मण्यं ततः कुर्याद्वेधेन विधुरीकृतः ॥ १८७ ॥

इस प्रकार विधिहीन कार्य से 'हा हा' की प्रथम हाहाकार जैसी आकृति बनावे, फिर वेध से विधुर (अलग) बनाकर यह (अनुचित) कार्य करे ॥ १८७ ॥

६. तैलप्रहारमन्त्रकथनम्

अपि दुष्टग्रहाः सर्वे वशे तिष्ठन्त्यसंशयः ।
ताडयेत् तैलमन्त्रेण तावता चेन्न मुञ्चति ॥ १८८ ॥
ओं नमश्चण्डासिप्रहाराय विष्णवे मुसलिका हन
नट च निकृन्त मुसल मार प्रविश्य
दारय ताडय भगवन् दुष्टग्रहान् स्वाहा ।
तैलप्रहारमन्त्रोऽयं दुष्टानां शासनं परम् ॥ १८९ ॥

६. तैलप्रहारमन्त्रकथन—ऐसा करने से सभी दुष्टग्रह वश में हो इसमें संशय नहीं । यदि इतने पर भी वह ग्रह न छोड़े तब तैल मन्त्र से उसे प्रताड़ित करे ॥ १८८ ॥

'ॐ नमश्चण्डासिप्रहाराय विष्णवे मुसलिका हन
नट च निकृन्त मुसल मार प्रविश्य
दारय ताडय भगवन् दुष्टग्रहान् स्वाहा ।'

तेल से प्रहार का मन्त्र है जो दुष्टों पर क्रूर शासन करने वाला ॥ १८९ ॥

सप्ताभिमन्त्रितं कृत्वा मन्त्रेणानेन तैलकम् ।
मुसलं ताडयेत् तेन ततो दिष्टो विमुञ्चति ॥ १९० ॥

इस मन्त्र से तेल को सात बार अभिमन्त्रित करे । फिर उस तेल से ताड़ित करे तब वह ग्रह उसको छोड़ देगा ॥ १९० ॥

७. नीलनिर्गुण्डीमन्त्रकथनम्

पुनश्च निग्रहं कुर्यात् तावता चेन्न मुञ्चति ।
ओं नमश्चण्डक्रोधाय नरसिंहाय चिलि
योगयोगिनि व्यात्तकराले मेषाभचर्ममुद्रावृत्तिशरीरे

शङ्खिनि चक्रहस्ते दुर्गे ज्वलित पिङ्गल केशि
कृतपिञ्छशेखरे जहि कृष्णभुजगे नेतुं
ग्रहमार्तय भ्रामय मूर्छन संमोहनं कुरु आवेशय
ग्रहमजहत्सौष्ठवकर्ण विकलाङ्ग प्रमिङ्गं हृदयं
क्लिष्टं विक्रोशन्तं सकलमानय ।
खनि भूतानि भूपतिराज्ञापयति संप्रविश चण्डि
गच्छसि हो ग्रह स्वनी कोल ठठ ॥ १९१ ॥
अनेन नीलनिर्गुण्डिं सुरसां च विमृज्य तु ।
नासापुटे प्रयोक्तव्यं निग्रहस्तेन जायते ॥ १९२ ॥

७. नील निर्गुण्डी मन्त्रकथन—यदि इतने पर भी न
उसका पुन निग्रह करे ।

'ॐ नमश्चण्डक्रोधाय नरसिंहाय ज्वलि
योगयोगिनि व्यात्तकराले मेषाभचर्म मुद्रा-वृत्तिशरीरे
शङ्खिनि चक्रहस्ते दुर्गे ज्वलित पिङ्गल केशि
कृतपिञ्छशेखरे जहि कृष्णभुजगे नेतुं
ग्रहमार्तय भ्रामय मूर्छन संमोहनं कुरु आवेशय
ग्रहमजहत्सौष्ठवकर्ण विकलाङ्ग प्रमिङ्गं हृदयं
क्लिष्टं विक्रोशन्तं सकलमानय
खनि भूतानि भूपतिराज्ञापयति संप्रविश चण्डि
गच्छसि हो ग्रह स्वनी कोल स्वाहा ।'

इस मन्त्र से नील निर्गुण्डी और सुरसा को एक में मल कर रस को ग्रहाविष्ट की नासिका में छोड़े तो ऐसा करने से ... हो जायेगा ॥ १९१-१९२ ॥

८. मोक्षणमन्त्रकथनम्

मोक्षमन्त्रेण मोक्षं तु ततः कुर्याद्विचक्षणः ।
ओं नमश्चण्डासिधराय विमिला चञ्चलि गच्छ ...
भो ग्रह स्वामिन् कोल ठ ठ ठ ॥ १९३ ॥
एष मोक्षणमन्त्रस्तु मन्त्रेणानेन मोक्षयेत् ।

८. मोक्षण मन्त्र कथन-फिर विचक्षण साधक मोक्ष मन्त्र से ...
विमोक्षण कर देवे ।

'ॐ नमश्चण्डासिधाराय विमिला चञ्चलि गच्छ समर्

भो ग्रह स्वामिन् कोल स्वाहा ।'
इस मोक्षण मन्त्र को पढ़कर साधक उसे छोड़ देवे ॥ १९३ ॥

९. अपस्मारग्रहस्य मन्त्रकथनम्

अपस्मारग्रहस्यान्यो मन्त्र एष विनिग्रहे ॥ १९४ ॥
ओं नमश्चण्डक्रोधाय नरसिंहाय आनले कुनले
चल अल मे अवदारमनेन वचनेन हन हन
तन्मे भूतपतिराज्ञापयति ठठ ।
सप्ताभिमन्त्रितं कृत्वा मन्त्रेणानेन तैलकम् ॥ १९५ ॥
प्रताप्य सेचयेत् कर्णे नासिकायां तथैव च ।
अपस्मारस्ततस्तूर्णमपयाति न संशयः ॥ १९६ ॥

९. अपस्मार ग्रह का मन्त्र- इस विनिग्रह के प्रकरण में अपस्मार ग्रह का अन्य मन्त्र है । 'ॐ नमश्चण्डक्रोधाय नरसिंहाय आनले कुनले चल अल मे अवदारमनेन वचनेन हन हन तन्मे भूतपतिराज्ञापयति ठठ' इस मन्त्र से साधक सात बार तैल को अभिमन्त्रित कर आग पर तपा कर रोगी के कान और नासिका में डाल कर सिञ्चित करे तो अपस्मार तुरन्त भाग जायेगा इसमें संशय नहीं ॥ १९४-१९६ ॥

क्रमयोगतः ग्रहस्य मुद्राकथनम्

देवा यक्षाश्च गन्धर्वा भूता नागाश्च राक्षसाः ।
पिशाचाः प्रेतसङ्घाश्च अष्टौ ग्रहगणाः स्मृताः ॥ १९७ ॥
मुद्राश्चापि तथा चाष्टौ तेषां तु क्रमयोगतः ।

१. देवता, २. यक्ष, ३. गन्धर्व, ४. भूत, ५. नाग, ६. राक्षस, ७. पिशाच और ८. प्रेतसङ्घ ये आठ ग्रह कहे गये हैं । क्रमयोग से इनकी आठ मुद्रायें भी कही गयी हैं ॥ १९७-१९८ ॥

अङ्गुष्ठं तर्जनी चापि मध्यमा चाप्यनामिका ॥ १९८ ॥
कनिष्ठिका .. .. मुद्राभिरेव च ।
अष्टावष्टग्रहाणां तु मुद्राः प्रोक्ता यथाक्रमम् ॥ १९९ ॥

अङ्गुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा, ... ये ... इन आठ ग्रहों की मुद्रायें कही गयी हैं ॥ १९८-१९९ ॥

स्वां स्वां च दर्शयेन्मुद्रां ग्रहाणामेव सर्वशः ।

... इस प्रकार अपनी-अपनी मुद्रा प्रदर्शित करे ।

१. पशूनां स्तम्भमन्त्रविधानम्

भूतमन्त्रमिति प्रोक्तं पशूनां मन्त्रमुच्यते ॥ २०
ओं नमो भगवते विष्णावे पशूनां पतये नमः स्वा
मन्त्रेणानेन संगृह्य पशून् नासापुटे भृशम् ॥ २०
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु नामयेत् तत्त्वमुद्रया ।
तावतैव वशं यान्ति पशवोऽश्वादयस्तथा ॥ २०

१. अश्वादि पशुओं का स्तम्भमन्त्रविधान—यहाँ तक भू
कहा गया है । अब पशुओं का मन्त्र कहता हूँ—

ॐ नमो भगवते विष्णावे पशूनां पतये नमः स्वाहा ।'

इस मन्त्र से पशु को दोनों नासापुटों को दृढ़तापूर्वक पक
अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी से तत्त्वमुद्रा बनाकर नीचे कर दे । मात्र
से ही अश्वादि पशु वश में हो जाते हैं ॥ २०१-२०२ ॥

२. हस्तिस्तम्भमन्त्रकथनम्

हस्तिनां कथयाम्यद्य मन्त्रवादमनुत्तमम् ।
ओं नमो गणपतये शूर्पकर्णाय ठठ ॥ २०३
पादाङ्गुष्ठद्वयेनैव कर्णमूले तु हस्तिनाम् ।
जपन्नेव तु संमर्देद्वश्याः स्युः सर्वदन्तिनः ॥ २०

२. हस्तिस्तम्भ मन्त्र कथन—अब हाथियों का वश मे क
लिए उत्तम मन्त्रवाद कहता हूँ—

'ॐ नमो गणपतये शूर्पकर्णाय स्वाहा ।'

इस मन्त्र का जप करते हुये बुद्धिमान साधक अपने दोनों
अंगूठों को हाथी के कान में डालकर रगड़ देवे तो समस्त हाथी
हो जाते हैं ॥ २०३-२०४ ॥

३. परीसृपस्तम्भमन्त्रकथनम्

सरीसृपाणां सर्वेषां मन्त्रं तु कथयामि वः ।
ओं नमो भगवते विष्णवे सर हल हुं फट् ठठ ॥ २०
सरीसृपाणां सर्वेषां विषसंहार एव च ।

३. सरीसृप स्तम्भ मन्त्र कथन—अब सरक कर चलने वाले
जन्तुओं का मन्त्र कहता हूँ—

'ॐ नमो भगवते विष्णावे सर हल हुं फट् स्वाहा ।'

यह मन्त्र सभी सरीसृपों के विष का संहार करने वाला है ।

४. उदकस्तम्भमन्त्रकथनम्

उदकस्तम्भमन्त्रं तु कथयामि यथातथम् ॥ २०६ ॥
ओं नमो भगवते वायवे मर्दय विमर्दय
यवोदकमथैशाने यथावद्विनिवेशयेत् ॥ ३८ ॥

१. मध्यम नवक के मध्य में घृत कलश, २. पूर्व में उष्णोदक ... ३. आग्नेय में रत्नोदक कलश, ४. दक्षिण में फलोदक ... ५. नैर्ऋत्य में लोहतोदक, ६. पश्चिम में मार्जनोदक कलश, ७. ... में गन्धोदक कलश, ८. उत्तर में अक्षतोदक कलश और ९. ... में यवोदक कलश स्थापित करे ॥ ३६-३८ ॥

पूर्वे तु नवके मध्ये पाद्यं तु विनिवेशयेत् ।
याम्ये तु नवके मध्ये विन्यसेदर्घ्यमेव च ॥ ३९ ॥
वारुणे नवके मध्ये न्यसेदाचमनीयकम् ।
सौम्ये तु नवके मध्ये पञ्चगव्यं तु विन्यसेत् ॥ ४० ॥
आग्नेये नवके मध्ये दधि तत्र तु विन्यसेत् ।
नैर्ऋते नवके मध्ये क्षीरं तत्र तु विन्यसेत् ॥ ४१ ॥
वायव्ये नवके मध्ये मधु तत्र च विन्यसेत् ।
ऐशाने नवके मध्ये कषायं विनिवेशयेत् ॥ ४२ ॥

... १. पूर्व नवक के मध्य में पाद्य कलश, २. दक्षिण नवक ... में अर्घ्य कलश, ३. पश्चिम नवक के मध्य में आचमनीये ... ४. उत्तर नवक के मध्य में पञ्चगव्य कलश, ५. आग्नेय नवक ... में दधि कलश, ६. नैर्ऋत्य नवक के मध्य में क्षीर कलश, ... नवक के मध्य में मधु कलश और ८. ऐशान नवक मध्य ... कलश स्थापित करे ॥ ३९-४२ ॥

शेषास्तु कलशाः सर्वे शुद्धोदकसमन्विताः ।
अत्र सप्तदश प्रोक्ताः प्रधानकलशास्तु ये ॥ ४३ ॥

... तक इक्यासी कलशों में १७ को इस प्रकार द्रव्य योग के ... कहा गया है । शेष ६४ कलशों में साधक शुद्ध जल भर कर ... स्थापित करे ॥ ४३ ॥

तान् सर्वान् विष्णुगायत्र्या स्थापयेच्च पृथक् पृथक् ।

शेषानन्यांश्चतुःषष्टिं द्वादशाक्षरविद्यया ॥

इन १७ कलशों को विष्णु गायत्री पढ़कर अलग-अलग ... करे शेष ६४ कलशों को द्वादशाक्षर विद्या मन्त्र से अलग-अलग ...

द्रव्ययोगे कलशोदके सेचनद्रव्यकथनम्

स्थापयेत् कलशानेवं प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः ।
सेचयेद् घृतमन्त्रेण घृतं पूर्वं तु साधकः ॥ ४५ ॥

इस प्रकार उत्तराभिमुख होकर अथवा पूर्वाभिमुख होकर कलश स्थापना करे । तदनन्तर १. साधक सर्वप्रथम घृतमन्त्र से घृत कलश में घृत डाले ॥ ४५ ॥

तथोष्णोदकमन्त्रेण क्षिपेदुष्णोदकं बुधः ।
रत्नोदकस्य मन्त्रेण ततो रत्नोदकं न्यसेत् ॥ ४६ ॥

२. बुद्धिमान् साधक उष्णोदक मन्त्र से उष्णोदक वाले कलश में उष्णोदक डाले । ३. फिर रत्नोदक मन्त्र से रत्नोदक कलश में रत्नोदक डाले ॥ ४६ ॥

सेचयेत् फलमन्त्रेण कलशे तु फलोदकम् ।
लोहमन्त्रेण लोहाम्भः स्वमन्त्रेण तु मार्जनम् ॥ ४७ ॥

४. तदनन्तर फल कलश में फलमन्त्र से फलोदक डाले । ५. ... कलश में लौह मन्त्र से लौहोदक डाले और ६. मार्जनकलश में ... मन्त्र से मार्जनोदक डाले ॥ ४७ ॥

गन्धोदकस्य मन्त्रेण स्वमन्त्रेणाक्षतोदकम् ।

७. इसी प्रकार गन्धोदक मन्त्र से गन्धोदक कलश में गन्धोदक डाले । ८. अक्षत कलश में अक्षत मन्त्र से अक्षत डाले ॥ ४८ ॥

द्रव्ययोगे कलशोदके यवादिसेचनद्रव्यकथनम्

यवोदकं स्वमन्त्रेण तथा कुर्याद्विचक्षणः ॥ ४८ ॥
पाद्यं तु पाद्यमन्त्रेण स्वमन्त्रेणार्घ्यमेव तु ।
तथाचमनमन्त्रेण न्यसेदाचमनीयकम् ॥ ४९ ॥

१. यव कलश में यवोदक मन्त्र से यवोदक स्थापित करे । २. पाद्य कलश में पाद्य मन्त्र से पाद्य स्थापित करे । ३. अर्घ्य कलश में अर्घ्यमन्त्र से अर्घ्य स्थापित करे ।

... आचमन कलश में आचमन मन्त्र से आचमनोदक स्थापित करे ॥ ४८-४९ ॥

पञ्चगव्यस्य मन्त्रेण पञ्चगव्यं तु विन्यसेत् ।
तथैव दधिमन्त्रेण कलशे दधि विन्यसेत् ॥ ५० ॥

... पञ्चगव्य कलश में पञ्चगव्यमन्त्र से पञ्चगव्य स्थापित करे । ६. ... कलश में दधि मन्त्र से दधि स्थापित करे ॥ ५० ॥

क्षीरं च क्षीरमन्त्रेण मधुं चैव स्वविद्यया ।
स्वमन्त्रेण कषायाम्भः शुद्धाम्भश्च स्वविद्यया ॥ ५१ ॥

... क्षीर कलश में क्षीरमन्त्र से क्षीर स्थापित करे । ८. मधुकलश ... से मधु स्थापित करे तथा ९. कषाय वाले कलश में कषाय ... कषाय द्रव्य स्थापित करे और ६४ शुद्ध कलशों में शुद्धोदक ... शुद्ध जल स्थापित करे ॥ ५१ ॥

चक्रिकाः स्थापयेत् पश्चाच्चक्रमन्त्रेण साधकः ।
वासोऽभिवेष्टयेत् पश्चात् कलशान् मूलविद्यया ॥ ५२ ॥

... तदनन्तर साधक चक्र मन्त्र से चक्रिका स्थापित करे । फिर मूलविद्या ... के द्वारा सभी कलशों को वेष्टित करे ॥ ५२ ॥

ओं विष्णवे नमः—घृतमन्त्रः । ओं सहस्रकिरणाय नमः— ...कमन्त्रः । ओं ब्रह्मणे नमः—रत्नमन्त्रः । ओं कुबेराय नमः— ...मन्त्रः । ओं वसुभ्यो नमः—लोहमन्त्रः । ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यो ...—मार्जनमन्त्रः । ओं गन्धर्वेभ्यो नमः—गन्धमन्त्र । ओं निर्ऋत्यै ...—अक्षतमन्त्रः ।

ओं आर्यायै नमः—यवोदकमन्त्रः । ओं पितृभ्यो नमः—पाद्यमन्त्रः । ओं ... नमः—अर्घ्यमन्त्रः । ओं सरस्वत्यै नमः—आचमनमन्त्रः । ओं ... नमः—पञ्चगव्यमन्त्रः । ओं शुक्राय नमः—दधिमन्त्रः । ओं ... नमः—क्षीरमन्त्रः । ओं इन्द्राय नमः—मधुमन्त्रः । ओं यमाय ...—कषायमन्त्रः ।

१. 'ॐ विष्णवे नमः' यह घृत का मन्त्र है । २. ॐ सहस्र-किरणाय नमः यह उष्णोदक मन्त्र है । ३. ॐ ब्रह्मणे नमः यह ... है । ४. 'ॐ कुबेराय नमः' यह फल मन्त्र है । ५. ॐ

वसुभ्यो नमः यह लौह मन्त्र है । ६. 'विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः' यह ...
मन्त्र है । ७. ॐ गन्धर्वेभ्यो नमः यह गन्ध मन्त्र है । ८. ॐ ...
नमः यह अक्षत मन्त्र है ।

१. ॐ आर्यायै नमः' यह यवोदक मन्त्र है । २. ॐ ...
नमः यह पाद्य मन्त्र है । ३. ॐ श्रियै नमः यह अर्घ्य मन्त्र है । ४. ॐ ...
सरस्वत्यै नमः यह आचमन मन्त्र है । ५. ॐ प्रजापतये नमः यह
पञ्चगव्य मन्त्र है । ६. ॐ शुक्राय नमः यह दधि मन्त्र है । ७. ॐ
सोमाय नमः यह क्षीर मन्त्र है । ८. ॐ इन्द्राय नमः यह मधु मन्त्र है ।
९. ॐ यमाय नमः यह कषाय मन्त्र है ।

कलशानां यथान्यासं तथोद्धरणकथनम्

कलशानां यथान्यासं तथोद्धरणमिष्यते ।

जिस प्रकार कलश स्थापित किये गये हैं उसी प्रकार उनका उद्धरण भी करना चाहिये ॥ ५३ ॥

अधमोत्तमस्नाने पाद्यादिककलशस्य क्रमोद्धरणकथनम्

यवोदकान्तं पाद्यादिस्थानमत्र विधीयते ॥ ५३ ॥

अधमोत्तम स्नाने में यहाँ पाद्य से लेकर यवोदकान्त कलशों का उद्धरण विहित है ॥ ५३ ॥

नवके चाष्टौ सह उद्धरणक्रमकथनम्

पाद्यं तु प्रथमं दद्याद् द्वितीयं चार्घ्यमेव तु ।
ततश्चाचमनीयं च पञ्चगव्यं चतुर्थकम् ॥ ५४ ॥
घृतं च पञ्चमं दद्यात् दधि षष्ठं तथैव च ।
सप्तमं तु ततः क्षीरं मधु चैव तथाष्टमम् ॥ ५५ ॥
कषायं नवमं ज्ञेयमुष्णाम्भो दशमं स्मृतम् ।
एकादशं फलाम्भस्तु द्वादशं मार्जनोदकम् ॥ ५६ ॥
त्रयोदशं चाक्षताम्भो रत्नतोयं चतुर्दशम् ।
लोहं पञ्चदशं ज्ञेयं षोडशं गन्धवारि च ॥ ५७ ॥
यवोदकं सप्तदशं तत उद्धारणक्रमः ।
स्वे स्वे च नवके चाष्टौ सह तेन समुद्धरेत् ॥ ५८ ॥

सत्रह कलशों का उद्धारण क्रम कथन—प्रथम कलश पाद्य कलश, द्वितीय अर्घ्य कलश, तृतीय से आचमन कलश, चतुर्थ पञ्चगव्य कलश, पञ्चम घृत कलश, षष्ठ दधि कलश, सप्तम क्षीर कलश, आठवाँ मधु कलश, नवम कषाय कलश, दशम से उष्णाम्भ, एकादश फलोदक, द्वादश मार्जनोदक, त्रयोदश से अक्षतोदक, चतुर्दश रत्नोदक, पञ्चदश लोहोदक, षोडश गन्धोदक और सप्तदश यवोदक कलश क्रमशः यह उद्धारण क्रम है । इस प्रकार स्व स्व नवक कलश एवं अष्ट कलश के साथ समुद्धरण करे ॥ ५४-५८ ॥

ऐन्द्रादिक्रमयोगतः वासमोचनकथनम्

मध्यमं नवकं मुक्त्वा ऐन्द्रादिक्रमयोगतः ।
मध्यमान् कलशान् सर्वान् विष्णुगायत्रियोद्धरेत्॥ ५९ ॥
शेषानष्टाक्षरेणैव वासस्तेनैव मोचयेत् ।
ततः पुरुषसूक्तेन दद्यात् पाद्यादिकं क्रमात् ॥ ६० ॥

मध्य के नवे कलश को छोड़कर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से मध्य के कलशों को विष्णु गायत्री मन्त्र से उठावे । शेष कलशों का अष्टाक्षर मन्त्र से हटावे । फिर पुरुष सूक्त से क्रमशः पाद्यादि प्रदान करे ॥ ५९-६० ॥

अधमोत्तमस्नाने पाद्यादिककलशस्योद्धरणे मन्त्रकथनम्

दद्यादृचाद्यया पाद्यं तच्छुद्धाम्भस्तथैव च ।
अर्घ्यं द्वितीयया दद्यात् तया तच्छुद्धवारि च ॥ ६१ ॥
तृतीयया ततो दद्यात् क्रमेणाचमनीयकम् ।
पञ्चगव्यं चतुर्थ्या तु पञ्चम्या घृतमेव च ॥ ६२ ॥
षष्ठ्या तु दधि वै दद्यात् सप्तम्या क्षीरमेव च ।
अष्टम्या मधु वै दद्यात् नवम्या तु कषायकम् ॥ ६३ ॥

प्रथम ऋचा से पाद्य तथा शुद्धोदक देवे । द्वितीय ऋचा से अर्घ्य और शुद्ध वारि देवे । तृतीय ऋचा से आचमन और शुद्ध वारि देवे । चतुर्थ ऋचा से पञ्चगव्य और शुद्धवारि देवे । पञ्चम ऋचा से घृत और शुद्ध वारि देवे । षष्ठ ऋचा से दधि और शुद्ध वारि देवे । सप्तम ऋचा से क्षीर और शुद्ध वारि देवे । अष्टम ऋचा से मधु और शुद्ध वारि देवे नवम ऋचा से कषाय और शुद्ध वारि देवे ॥ ६१-६३ ॥

उष्णोदकं दशम्या तु एकादश्या फलोदकम् ।

द्वादश्या मार्जनं चैव त्रयोदश्याक्षतोदकम् ॥ ६४ ॥
रत्नतोयं चतुर्दश्या पञ्चदश्या तु लोहकम् ।
षोडश्या गन्धतोयं च तथा दद्याद्यथाक्रमम् ॥ ६५ ॥
यवोदकं ततो दद्यादिदं विष्णुरिति ब्रुवन् ।

दशम से उष्णोदक और शुद्ध वारि देवे । एकादश से ... शुद्ध वारि देवे । द्वादश से मार्जन और शुद्ध वारि देवे । त्रयोदश से अक्षतोदक और शुद्ध वारि देवे । चतुर्दश ऋचा से रत्नोदक शुद्ध वारि देवे । पञ्चदश से लौहोदक और शुद्ध वारि देवे । षोडश ऋचा से गन्धोदक और शुद्ध वारि यथाक्रम प्रदान करे । 'इदं विष्णु विचक्रमे' इत्यादि ऋचा से यवोदक प्रदान करे ॥ ६४-६६ ॥

१. अधमोत्तमस्नानकथनम्

अधमोत्तममेतत्तु स्नपनं परिकीर्तितम् ॥ ६६ ॥
कोणेषु कलशा ये च द्वात्रिंशच्छुद्धवारयः ।
तैर्विहीनं च यत् स्नानं तत् स्यादधममध्यमम् ॥ ६७ ॥

यहाँ तक अधमोत्तम स्नान का वर्णन किया गया है (द्र. ८...) । कोणो में स्थापित शुद्ध वारि युक्त जो कलशे कहे गये हैं । उनसे ... शेष कलशों से स्नान अधम एवं मध्यम स्नान है ॥ ६६-६७ ॥

२. अधमाधमस्नानकथनम्

यच्छुद्धवारिकलशैर्हीनं सर्वैर्यथादिशम् ।
केवलैः सप्तदशभिः कृतं तदधमाधमम् ॥ ६८ ॥

अधमाधम स्नान कथन—चारों दिशाओं में स्थापित शुद्धवारि ... कलशों के बिना केवल सत्रह कलशों से कराया गया स्नान 'अधमाधम स्नान' कहा गया है ॥ ६८ ॥

चतुरङ्गं भवेत् पाद्यमष्टाङ्गं चार्घ्यमुच्यते ।
अङ्गत्रयसमायुक्तं विद्यादाचमनीयकम् ॥ ६९ ॥

१. चार अङ्गों से युक्त पाद्य होता है । २. आठ अङ्गों से युक्त अर्घ्य होता है । ३. तीन अङ्गों से युक्त आचमनीय होता है ॥ ६९ ॥

षडङ्गं मार्जनं ज्ञेयमष्टाङ्गं गन्धमुच्यते ।
कषायं च तथाष्टाङ्गं पञ्चाङ्गं रत्नवारि च ॥ ७० ॥
फलाम्भश्च तथाष्टाङ्गं पञ्चाङ्गं लोहवारि च ।

... षडङ्ग युक्त मार्जन होता है । ५. अष्टाङ्ग गन्ध होता है । ६. ... कषाय होता है । ७. पञ्चाङ्ग रत्नोदक होता है । ८. अष्टाङ्ग ... होता है । ९. पञ्चाङ्ग लौहोदक होता है ॥ ७०-७१ ॥

१. चतुरङ्गपाद्यकथनम्

दूर्वा च विष्णुपर्णी च श्यामाकं पद्ममेव च ॥ ७१ ॥
पाद्याङ्गानीह चत्वारि कथितानि समासतः ।

१. दूर्वा, २. विष्णुपर्णी, ३. श्यामाक और ४. पद्म ये चार पाद्य ... हैं जिन्हें यहाँ संक्षेप में कहा गया है ॥ ७१-७२ ॥

२. अष्टाङ्गमर्घ्यकथनम्

सिद्धार्थमक्षतं चैव कुशाग्रं तिलमेव च ॥ ७२ ॥
यवो गन्धः फलं पुष्पमर्घ्यमष्टाङ्गमुच्यते ।

१. सिद्धार्थ, २. अक्षत, ३. कुशाग्र, ४. तिल, ५. यव, ६. ..., ७. फल और ८. पुष्प ये आठ अर्घ्य के अङ्ग हैं ॥ ७२-७३ ॥

३. अष्टाङ्गमर्घ्यकथनम्

लवङ्गजातितक्कोलद्रव्याण्याचमनीयके ॥ ७३ ॥

१. लवङ्ग २. जाति और ३. तक्कोल ये तीन आचमन के अङ्ग ... गये हैं ॥ ७३ ॥

४. षडङ्गमार्जनकथनम्

रजनी सहदेवी च शिरीषं सूर्यवल्लरी ।
सदाभद्रा कुशाग्राणि मार्जनद्रव्यविस्तरः ॥ ७४ ॥

१. रजनी, २. सहदेवी, ३. शिरीष, ४. सूर्यवल्लरी, ५. सदाभद्रा ... ६. कुशाग्र ये मार्जन द्रव्य के विस्तार हैं ॥ ७४ ॥

५. अष्टाङ्गगन्धकथनम्

उशीरं कुङ्कुमं चैव मांसी मलयजं तथा ।
मुरा तथा च ह्रीबेरं कुष्ठं चागरुरेव च ॥ ७५ ॥
अष्टाङ्गान्यत्र चैतानि गन्धस्य तु विशेषतः ।

१. उशीर, २. कुङ्कुम, ३. जटामासि, ४. मलयज, ५. मुरा, ६. ह्रीबेर, ७. कुष्ठ और ८. अगुरु ये सभी विशेष रूप से गन्ध के अष्टाङ्ग ... ॥ ७५-७६ ॥

६. कषायाङ्गकथनम्

शमीपलाशखदिरबिल्वाश्वत्थविकङ्कताः ॥ ७६ ॥
उदुम्बरश्च न्यग्रोधः कषायाङ्गानि चैव हि ।

१. शमी, २. पलाश, ३. खदिर, ४. बिल्व, ५. अश्वत्थ, ६. विकङ्कत, ७. उदुम्बर और ८. न्यग्रोध ये सभी कषाय के अङ्ग हैं ॥ ७६-७७ ॥

७. रत्नोदकस्य पञ्चाङ्गकथनम्

मणिमुक्ताप्रवालानि वज्रं वैदूर्यमेव च ॥ ७७ ॥
रत्नोदकस्य चाङ्गानि पञ्चैतानि समासतः ।

संक्षेप में १. मणि, २. मुक्ता, ३. प्रवाल, ४. वज्र, ५. वैदूर्य ये पाँच रत्नोदक के पाँच अङ्ग है ॥ ७७-७८ ॥

विशेष—८. अष्टाङ्ग फलोदक और ९. पञ्चाङ्ग लौहोदक का ... अप्राप्त है ।

द्रव्याणामप्यलाभे प्राशस्त्यकथनम्

द्रव्याणामप्यलाभे तु पाद्ये दूर्वा प्रशस्यते ॥ ७८ ॥
शेषाणामप्यलाभे तु अर्घ्ये सिद्धार्थकं परम् ।
शेषालाभे तु तक्कोलं शस्तमाचमनीयके ॥ ७९ ॥

द्रव्यों के अप्राप्य होने पर केवल दूर्वा ही पाद्य के लिये प्रशस्त ... अन्य द्रव्यशेषों के अप्राप्य होने पर अर्घ्य के लिये केवल सिद्धार्थक ... प्रशस्त है । आचमन में अन्य के अप्राप्य होने पर केवल तक्कोल ... प्रशस्त है ॥ ७८-७९ ॥

मार्जने सहदेवी तु शेषालाभे प्रशस्यते ।
तथा प्रशस्यतेऽश्वत्थः शेषालाभे कषायके ॥ ८० ॥

शेष के अभाव में केवल सहदेवी मार्जन में प्रशस्त है । कषाय में ... अन्यों के अभाव में केवल अश्वत्थ प्रशस्त है ॥ ८० ॥

रत्नानामप्यलाभे तु वज्रमेकं प्रशस्यते ।
फलानामप्यलाभे तु कदलीफलमुत्तमम् ॥ ८१ ॥

रत्नो के अभाव में केवल वज्र प्रशस्त है । अन्य फलों के अभाव में केवल कदली फल उत्तम कहा गया है ॥ ८१ ॥

लौहानामप्यलाभे तु सुवर्णं शस्यते परम् ।
पत्राणामप्यलाभे तु पालाशं पर्णमुत्तमम् ॥ ८२ ॥

लौहों के अभाव में मात्र सुवर्ण ही प्रशस्त है । पत्रों के अभाव में पलाश पत्र उत्तम है ॥ ८२ ॥

१. मध्यमस्नपनविधिकथनम्

मध्यमं स्नपनं वक्ष्ये यथावित्तानुसारतः ।
चतुर्भिः कलशैर्हीनं कलशानां शतद्वयम् ॥ ८३ ॥

... वित्त के अनुसार मध्यम स्नपन विधि कहता हूँ । इसमें कुल ... कलश आवश्यक होते हैं ॥ ८३ ॥

क्रमादेकोनपञ्चाशत् प्रतिदिक्षु चतुर्दिशम् ।
ऐन्द्रे तु ब्रह्मकलशं ब्रह्मबीजेन विन्यसेत् ॥ ८४ ॥
तेनैव दक्षिणे चैव पश्चिमे चोत्तरे न्यसेत् ।
चत्वारिंशत् प्रतिदिशं शेषाश्चाष्टोत्तरास्तु ये ॥ ८५ ॥

... दिशाओं में ४९, ४९ के क्रम से इस प्रकार कलश ... करे । पूर्व दिशा में ब्रह्म बीज से ब्रह्म कलश स्थापित करे । ... बीज से दक्षिण एवं पश्चिम और उत्तर में क्रमशः ४०, ४० ... को स्थापित करे ॥ ८४-८५ ॥ (१६०)

तान् सर्वान् मूलमन्त्रेण विन्यसेत् कलशान् पृथक् ।
गुडोदकं चेक्षुरसं नालिकेररसं तथा ॥ ८६ ॥
ततः शान्त्युदकं चैव चतुर्दिक्षु यथाक्रमम् ।
चतुर्षु ब्रह्मकुम्भेषु ब्रह्मबीजेन सेचयेत् ॥ ८७ ॥

... उन आठ कलशों में पृथक्-पृथक् मूल मन्त्र से १. गुडोदक, २. ... ३. नारिकेल रस तथा ४. शान्त्युदक भर कर चारों दिशाओं में ... स्थापित करे । शेष चार ब्रह्म कलशों को ब्रह्मबीज से सिञ्चित ... करे ॥ ८६-८७ ॥

ततः शेषेषु शुद्धाम्भः प्रणवेनैव सेचयेत् ।
यवोदकान्तं पाद्यादि स्थापयित्वा च पूर्ववत् ॥ ८८ ॥
पश्चाद् गुडोदकाद्यैस्तु स्थापयेत् तन्त्रवित्तमः ।
उद्धरेद् ब्रह्मबीजेन ब्रह्मकुम्भांश्चतुर्दिशम् ॥ ८९ ॥

वासस्तेनैव निर्मोच्य ध्यात्वा विष्णुं समाहितः ।
त्वं विष्णुरिति मन्त्रेण स्नापयेत् क्रमयोगतः ॥ ९० ॥

शेष कुम्भों को प्रणव मन्त्र से शुद्ध जल भर कर [illegible] पाद्यादि से लेकर यवोदकान्त कलश पूर्ववत् स्थापित करे । [illegible] तन्त्रवेत्ता गुडादि रस युक्त कलश स्थापित करे । फिर [illegible] स्थापित ब्रह्म कलशों को ब्रह्म बीज पढ़कर ऊठावे । फिर [illegible] ध्यान कर उसी मन्त्र से कलश के वस्त्र को हटा कर [illegible] मन्त्र से क्रमशः स्नान करावे ॥ ८८-९० ॥

मूलमन्त्रेण शेषास्तु कलशाः शुद्धवारयः ।
मध्यमोत्तममेतत्तु स्नपनं परिकीर्तितम् ॥ ९१ ॥

फिर शुद्ध वारि से परिपूर्ण शेष कलशों से मूल मन्त्र [illegible] स्नान करावे । यहाँ तक 'मध्यमोत्तम स्नान' की विधि कही [illegible] ८३) ॥ ९१ ॥

२. मध्यमाधमस्नपनकथनम्

अत्र शुद्धोदकैर्हीनं भवेन्मध्यममध्यमम् ।
सर्वैः शुद्धोदकैर्हीनं तद्भवेन्मध्यमाधमम् ॥ ९२ ॥

यहाँ शुद्धोदक से हीन कलशों से जो स्नान कराया जाता [illegible] 'मध्यम-मध्यम स्नान' है । सभी शुद्धोदकों से हीन जो स्नान [illegible] 'मध्यमाधम स्नान' होता है ॥ ९२ ॥

शान्त्युदकलक्षणकथनम्

यवैर्वेणुयवैश्चैव नीवारैर्गौरसर्षपैः ।
तिलैश्च तुलसीपत्रैर्भवेच्छान्त्युदकं युतम् ॥ ९३ ॥

शान्त्युदक कथन—१. यव, २. वेणुयव, ३. नीवार, ४. [illegible] सर्षप, ६. तिल और ७. तुलसी पत्र से युक्त जल शान्त्युदक [illegible] जाता है ॥ ९३ ॥

एतेषामप्यलाभे तु तुलसीपत्रमुत्तमम् ।
स्नपनं चोत्तमं वक्ष्ये यथावित्तानुसारतः ॥ ९४ ॥

इनके अभाव में मात्र तुलसी पत्रयुक्त जल शान्त्युदक [illegible] अब वित्त के अनुसार उत्तम स्नपन विधि कहता हूँ ॥ ९४ ॥

३. उत्तमोत्तमस्नपनकथनम्

पूर्ववत् कोणदेशेषु कलशाः संप्रकीर्तिताः ।
तत्र च ब्रह्मकुम्भांस्तु मूर्तिमन्त्रेण विन्यसेत् ॥ ९५ ॥

[illegible] में स्थापित कलशों को जिन्हें पहले कहा जा चुका है पूर्ववत् [illegible] करे । वहीं चार ब्रह्मकलश मूर्तिमन्त्र से स्थापित करे ॥ ९५ ॥

आग्नेयादिषु कोणेषु वासुदेवादिविद्यया ।
देवीमन्त्रैस्तु शेषांस्तु ततः शान्त्यादिभिर्न्यसेत् ॥ ९६ ॥

फिर वासुदेवादि विद्यामन्त्र से आग्नेयादि कोणों में कलशों को [illegible] करे । शेष कलश शान्त्यादि देवी मन्त्रों से स्थापित करे ॥९६॥

तत्र च ब्रह्मकुम्भेषु सेचयेन् मङ्गलोदकम् ।
स्वमन्त्रेण यथा दिक्षु आग्नेयादिक्रमेण तु ॥ ९७ ॥

[illegible] ब्रह्म कुम्भों में आग्नेयादि कोण के क्रम से मङ्गल मन्त्रों द्वारा [illegible] से पूर्ण करे । शेष कलशों को उन-उन मन्त्रों से शुद्ध जल [illegible] करे ॥ ९७ ॥

शुद्धाम्भसा तु शेषांस्तु स्वमन्त्रेणैव पूरयेत् ।
उद्धरेच्च स्वमन्त्रेण तेन वासो विमोचयेत् ॥ ९८ ॥

[illegible] उन्हीं मन्त्रों से कलशों को ऊपर उठा कर उन्हीं मन्त्रों से [illegible] वस्त्रों को हटा देवे ॥ ९८ ॥

विष्णोर्नु कमिति प्राज्ञः स्नापयेन्मङ्गलाम्भसा ।
शेषैस्तु मूलमन्त्रेण स्नापयेच्छुद्धवारिभिः ॥ ९९ ॥

फिर साधक 'विष्णोर्नु कम्' इस मन्त्र को पढ़ते हुये मङ्गलोदक पूर्ण [illegible] से विष्णु को स्नान करावे । शेष शुद्ध जल से परिपूर्ण कलशों [illegible] मूलमन्त्र पढ़ते हुये स्नान करावे ॥ ९९ ॥

मङ्गलोदककथनम्

इन्द्रवल्ल्यङ्कुरं चैव अश्वत्थाङ्कुरमेव च ।
एकपद्मं च पद्मं च विन्यसेन्मङ्गलोदके ॥ १०० ॥
उत्तमोत्तममेतत्तु स्नपनं परिकीर्तितम् ।

मङ्गलोदक कथन—मङ्गलोदक में १. इन्द्रलता का अङ्कुर, २. [illegible] का अङ्कुर, ३. एक पद्म तथा ४. एक और पद्म डाल देवे तब

वह मङ्गलोदक हो जाता है । यहाँ तक उत्तमोत्तम स्नपन की विधि ...
गयी है ॥ १०० ॥

१. उत्तममध्यमस्नपनकथनम्

अर्धशुद्धोदकैर्हीनं भवेदुत्तममध्यमम् ॥ १०१ ॥
सर्वैः शुद्धोदकैर्हीनमुत्तमाधममुच्यते ।
समासादत्र संप्रोक्ताः कलशाः पञ्चविंशतिः ॥ १०२ ॥

आधे शुद्धोदक से हीन कलशों द्वारा स्नान केवल (२५ कलशों ...)
'उत्तममध्यम स्नान' कहा जाता है । यहाँ संक्षेप में पचीस कलशों ...
स्नान कहा गया है ॥ १०१-१०२ ॥

२. उत्तमाधमस्नपनकथनम्

शुद्धोदकविहीनास्तु स्नपने चोत्तमाधमे ।

सभी स्नानों शुद्धोदक से हीन स्नान उत्तमाधम स्नान है ॥ १०३ ॥

३. मध्यमाधमस्नपनकथनम्

शुद्धोदकविहीनाश्च कलशास्त्वेकविंशतिः ॥ १०३ ॥
समासादत्र संप्रोक्ताः स्नपने मध्यमाधमे ।
ततः सप्तदश प्रोक्ताः स्नपने चाधमाधमे ॥ १०४ ॥

जहाँ सभी शुद्धोदक से विहीन केवल इक्कीस कलशों से ...
स्नान कहा गया है वह स्नान मध्यमाधम है और केवल १७ कलशों ...
स्नान अधमाधम कहा गया है ॥ १०३-१०४ ॥

अतो न्यूनं न कर्तव्यं स्नपनं भूतिमिच्छता ।
द्रव्याणामपि सर्वेषां कथयाम्यधिदैवतम् ॥ १०५ ॥

अपना कल्याण चाहने वाला साधक इससे न्यून कलशों को ...
न करे । अब सभी द्रव्यों के अधिदैवत कहता हूँ ॥ १०५ ॥

द्रव्याणामधिदैवतकथनम्

घृतस्य दैवतं विष्णुरुष्णोदस्य दिवाकरः ।
रत्नानां दैवतं ब्रह्मा कुबेरश्च फलाम्भसः ॥ १०६ ॥
लोहानां वसवो देवा विश्वेदेवास्तु मार्जने ।
गन्धर्वा गन्धतोयस्य निर्ऋतिश्चाक्षतस्य तु ॥ १०७ ॥

१. घृत के देवता विष्णु, २. उष्णोदक के दिवाकर, ३. रत्नों के
देवता ब्रह्मा, ४. फलोदक के देवता कुबेर, ५. लोह के देवता ...

... के देवता विश्वेदेव, ७. गन्धतोय के देवता गन्धर्व और ८. अक्षत
... निर्ऋति कहे गये हैं ॥ १०६-१०७ ॥

आर्या यवोदकस्यापि पाद्यस्य पितरस्तथा ।
श्रीरर्घ्यस्य भवेद् देवी वाग्देव्याचमनोदके ॥ १०८ ॥
पञ्चगव्यस्य दक्षस्तु दध्नः शुक्रस्तु दैवतम् ।
पयसो दैवतं सोमो महेन्द्रो मधुनस्तथा ॥ १०९ ॥
कषायस्य यमो देवो वराहश्च गुडाम्भसः ।

१. यवोदक की देवता आर्या, २. पाद्य के देवता पितर, ३. अर्घ्य
की देवता श्री, ४. आचमनोदक की देवता वाग्देवी, ५. पञ्चगव्य के
देवता दक्ष, ६. दधि के देवता शुक्र हैं । ७. दूध के देवता सोम, ८.
मधु के देवता महेन्द्र और ९. कषाय के देवता स्वयं यमराज ही देवता
... ॥ १०८-११० ॥

तथा चेक्षुरसस्यापि नारसिंहोऽधिदैवतम् ॥ ११० ॥
श्रीधरो नालिकेरस्य हयास्यः शान्तिवारिणः ।
मूर्तयो वासुदेवाद्याश्चतस्रो मङ्गलाम्भसः ॥ १११ ॥
शुद्धोदकानां सर्वेषां देव्यः शान्त्यादयः क्रमात् ।
कलशानां तु सर्वेषामश्विनौ दैवतं परम् ॥ ११२ ॥

१०. गुडोदक के वराह तथा ११. इक्षुरस के अधि देवता नारसिंह
१२. नारिकेल के देवता श्रीधर १३. शान्त्युदक के देवता हयग्रीव,
१४. चारों मङ्गलोदक के देवता वासुदेव, बलभद्र, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध
हैं, १५. सभी शुद्धोदकों की अधिदेवता क्रमशः शान्ति आदि हैं,
१६. सभी कलशों के अधिदेवता श्रेष्ठ अश्विनीकुमार हैं ॥११०-११२॥

चक्रिकाणां तु सर्वासां दैवतं सप्त मातरः ।
वाससां दैवतं विष्णुः सर्वेषां विष्णुरेव वा ॥ ११३ ॥
मूलमन्त्रेण वा सर्वं कुर्यात् तत्र विचक्षणः ।

१७. सभी चक्रिकाओं की देवता सप्तमातृकायें हैं । १८. सभी
... वस्त्रों के देवता विष्णु हैं अथवा सभी के अधिदेवता विष्णु हैं
... विचक्षण तन्त्रवेत्ता मूलमन्त्र से ही समस्त कार्य करे ॥ ११३ ॥

उत्तमाधममध्यमस्नपनस्य अपरविधिकथनम्

अपरे स्नपनं प्राहुरुत्तमाधममध्यमम् ॥ ११४ ॥

अन्य लोग उत्तम, मध्यम और अधम स्नान की विधि कर
से कहते हैं ॥ ११४ ॥

कलशानां च विन्यासमशक्तानामनुग्रहात् ।
कलशा ये तु संप्रोक्ताश्चत्वारिंशन्नवोत्तराः ॥ ११५ ॥
तेषां तु क्रमयोगं च प्रवक्ष्यामि यथातथम् ।

अब वे अशक्तों पर अनुग्रह प्रदर्शित करते हुये कलशों का
कहते हैं । पहले जो ४९ कलश कहा गया है उनके क्रमयोग को
होना चाहिये उस प्रकार को कहता हूँ ॥ ११५-११६ ॥

यथातथं क्रमयोगकथनम्

द्रव्यसंयोगभेदं च मन्त्रभेदं तथैव च ॥ ११६ ॥

१. द्रव्यसंयोग भेद और २. मन्त्रभेद भी कह रहा हूँ ॥ ११६ ॥

भूमिभागस्य भेदकथनम्

भूमिभागस्य भेदं च शृणुध्वं मुनिपुङ्गवाः ।
मण्डपे भूमिभागं तु सप्तधा परिकल्पयेत् ॥ ११७ ॥

अब हे मुनिपुङ्गवगण ! भूमियाग के भेदों को सुनिये । मण्डप
भूमि को सात भागों में विभक्त करे ॥ ११७ ॥

पदान्येकोनपञ्चाशद्वितस्तिस्तु प्रमाणतः ।
मध्यमं तु पदं ब्राह्मं तस्याष्टौ परितः क्रमात् ॥ ११८ ॥
दैविकानि पदान्याहुः प्रथमावरणे क्रमात् ।

हस्त वित्ता के प्रमाण के अनुसार ४९ पद आते हैं । उनमें बी
का भाग ब्राह्म पद कहा गया है । उसके चारों ओर आठ पद दै
भाग हैं । यहाँ तक प्रथम आवरण हुआ ॥ ११८-११९ ॥

दैविकानां तु परितो मानुषाणि ततः क्रमात् ॥ ११९ ॥
पदानि षोडशोक्तानि द्वितीयावरणे तथा ।

दैविक भाग के बाद सोलह पद के चारों ओर मानुष भाग की
हैं । यहाँ तक द्वितीय आवरण हुआ ॥ ११९-१२० ॥

मानुषाणां तु परितः पैतृकानि पदानि च ॥ १२० ॥
तृतीयावरणे चैव चतुर्विंशतिसंख्यया ।

मानुष भाग के बाद चारों ओर पैतृक पद हैं जो तृतीयावरण में २४
की संख्या में बीज हैं ॥ १२०-१२१ ॥

पूर्ववद् भूमिसंस्कारं कृत्वा चोदङ्मुखः स्थितः ॥ १२१ ॥
दर्शयेद् ब्रह्ममुद्रां च ब्रह्मबीजं शनैर्गृणन् ।
जितं त इति मन्त्रेण ब्रह्मकुम्भं तु विन्यसेत् ॥ १२२ ॥

पूर्ववत् उस भूमि का संस्कार उत्तराभिमुख होकर करे । फिर
धीरे ब्रह्मबीज पढ़ते हुये ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित करे ।

'जितं ते पुण्डरीकाक्ष महापुरुष पूर्वज ।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश नमस्ते विश्वभावन ॥'

इस मन्त्र से ब्रह्मकुम्भ की स्थापना करे ॥ १२१-१२२ ॥

१. दैवपदस्याष्टकलशस्थापनकथनम्

व्यस्तैरष्टाक्षरैः पश्चादैन्द्रादिक्रमयोगतः ।
दैविकान्कलशानष्टौ विन्यसेत्प्राङ्मुखः स्थितः ॥ १२३ ॥

फिर साधक अष्टाक्षर मन्त्र के व्यस्त एक-एक अक्षर से पूर्वादि
दिशाओं के क्रम से दैविक आठ कलशों को पूर्वाभिमुख कर स्थापित
करे ॥ १२३ ॥

२. मानुषपदस्य षोडशकलशस्थापनकथनम्

द्वादशाक्षरमन्त्रेण ततः षोडश मानुषान् ।
कलशान् विन्यसेन्मन्त्री प्रणम्य प्रागुदङ्मुखः ॥ १२४ ॥

फिर मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता पूर्वोत्तराभिमुख हो प्रणाम करते हुये द्वादशाक्षर
मन्त्र से १६ मानुष कलशों को स्थापित करे ॥ १२४ ॥

३. पैतृकपदस्य चतुर्विंशकलशस्थापनकथनम्

फट्कारैः पैतृकांश्चापि ततः प्रत्यङ्मुखः स्थितः ।
कृत्वैवं कलशन्यासं तन्मुद्रां दर्शयेत् ततः ॥ १२५ ॥

फिर मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता पश्चिमाभिमुख स्थित होकर फट्कार मन्त्र से
पैतृक २४ कलशों को स्थापित करे । इस प्रकार कलश स्थापित कर
मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १२५ ॥

प्रथमं ब्राह्मे सेचनकथनम्

सेचयेत् प्रथमं ब्राह्मे पाद्यं तु परमेष्ठिना ।

दैवे भागे तथैन्द्रे तु पुंसा चार्घ्यं तु विन्यसेत् ॥ १२[illegible]

मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता साधक सर्वप्रथम ब्राह्म कलश में [illegible] पाद्य स्थापित करे। इसके बाद दैवभाग में पूर्व दिशा के कलश में [illegible] मुद्रा से अर्घ्य स्थापित करे ॥ १२६ ॥

विश्वेन याम्यभागे तु न्यसेदाचमनीयकम्।
पञ्चगव्यं तु वारुण्यां निवृत्त्या सेचयेद् दिशि ॥ १२[illegible]

मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता दक्षिण दिशा के कलश में विश्वमुद्रा से [illegible] और पश्चिम के कलश में निवृत्तिमुद्रा से पञ्चगव्य स्थापित करे [illegible]

सर्वेण तु तथा सौम्ये कलशे सेचयेद् घृतम्।
आग्नेये मूर्तिमन्त्रेण दध्याद्येन तु सेचयेत् ॥ १२८ ॥
नैर्ऋते तु द्वितीयेन कलशे सेचयेत् पयः।
वायव्ये तु तृतीयेन कलशे सेचयेन्मधु ॥ १२९ ॥

मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता उत्तर के कलश में सर्वमुद्रा से घृत, आग्नेय [illegible] में मूर्त्ति मन्त्र से दधि स्थापित करे और नैर्ऋत्य कलश में द्वितीय [illegible] से दूध तथा मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता साधक वायव्य कलश में तृतीय [illegible] मधु स्थापित करे ॥ १२८-१२९ ॥

'नमो नारायणाय' मन्त्रेण सेचनकथनम्

ऐशाने तु चतुर्थेन क्षिपेदुष्णोदकं बुधः।
कषायं मानुषे प्राच्यां प्रणवेन विनिक्षिपेत् ॥ १३० ॥

मन्त्रज्ञ तन्त्रवेत्ता ईशानकोण के कलश में उष्णोदक स्थापित [illegible] यहाँ दैव पद के आठ कलशों में द्रव्य स्थापित की बात कही [illegible]

अब मानुष पद में स्थापित कलशों के विषय में कहते हैं—

१. मानुषपद के पूर्व दिशा में स्थापित कलश में प्रणव [illegible] कषाय स्थापित करे ॥ १३० ॥

मार्जनं दक्षिणस्यां तु नकारेण विनिक्षिपेत्।
फलोदकं तु वारुण्यां मो इत्येतेन सेचयेत् ॥ १३१ ॥
ना इत्येव तथा सौम्ये निक्षिपेत् परिमार्जनम्।
रत्नोदकं तथाग्नेये रा इत्येव निवेशयेत् ॥ १३२ ॥

२. दक्षिण कलश में नमो के नकार मन्त्र से मार्जन, ३. [illegible]

[illegible] में भी 'मो' मन्त्र से फलोदक, ४. उत्तर दिशा के कलश में [illegible] के 'ना' इस मन्त्र से परिमार्जन और ५. आग्नेय दिशा के [illegible] में 'रा' इस मन्त्र से रत्नोदक स्थापित करे ॥ १३१-१३२ ॥

सप्तलोहोदकं पश्चाद्यकारेण तु नैर्ऋति।
कुशोदकं तु वायव्ये णा इत्येव विनिक्षिपेत् ॥ १३३ ॥
सक्तूदकमथेशाने यकारेण तु निक्षिपेत्।

६. नैर्ऋति के कलश में यकार मन्त्र से सप्त लोहोदक, ७. वायव्य [illegible] में 'णा' मन्त्र से कुशोदक, ८. ईशानस्थ कलश में यकार मन्त्र [illegible] सक्तूदक स्थापित करे ॥ १३३-१३४ ॥

मध्ये मध्ये तथैतेषां शुद्धाम्भः प्रणवेन च ॥ १३४ ॥
इन्द्राग्न्योर्मध्यमारभ्य यावदीशानशक्रयोः।

[illegible] सभी के पूर्व आग्नेयकोण से लेकर ईशान और पूर्व तक [illegible] में स्थापित कलशों को प्रणव मन्त्र से शुद्धोदक से परिपूर्ण [illegible] ॥ १३४-१३५ ॥

तृतीयावरणे कलशे पुष्पोदकादिस्थापनकथनम्

ततस्तृतीयावरणे प्राच्यां गन्धोदकं न्यसेत् ॥१३५॥
दक्षिणस्यां तु पुष्पाम्भः पश्चिमे चौपमानिकम्।
सौम्ये चामलकाम्भस्तु आग्नेये चाक्षतोदकम् ॥१३६॥

[illegible] तक मानुष पद में स्थापित १६ कलशों के विषय में कहा [illegible]। अब पैतृक पद में स्थापित तृतीय आवरण में पूर्व के चौबिस [illegible] के विषय में कहते हैं—

१. साधक पूर्व के कलश में गन्धोदक, २. दक्षिण कलश में [illegible], ३. पश्चिम कलश में औपमानोदक, ४. उत्तर कलश में [illegible] तथा ५. अग्निकोणस्थ कलश में अक्षतोदक साधक [illegible] करे ॥ १३५-१३६ ॥

तिलोदकं तु नैर्ऋत्यां वायव्ये च यवोदकम्।
तण्डुलोदकमीशाने द्वादशाक्षरविद्यया ॥ १३७ ॥

६. नैर्ऋत्यकोण में स्थापित कलश में तिलोदक, ७. वायव्यकोण में [illegible] कलश में यवोदक, ८. ईशानस्थ कलश में तण्डुलोदक स्थापित

करे और इन सभी कलशों में तत्तद् द्रव्य द्वादशाक्षर विद्या से [illegible] करे ॥ १३७ ॥

षोडशकलशे शुद्धोदकस्थापनकथनम्

घटाञ्छुद्धोदकैः शेषान् पूरयेत् षोडश क्रमात् ।
मध्ये घटौ द्वौ द्वौ द्वौ च विष्णुगायत्रिया ततः ॥ १३८ ॥

इनके मध्य-मध्य में स्थापित दो-दो कलश इस प्रकार [illegible] कलशों में क्रमशः विष्णु गायत्री से शुद्धोदक स्थापित करे ॥ १३८ ॥

एवं तु पूरयित्वाम्भः प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ।
पूर्वं पाद्यं तु वै दद्यादिदं विष्णुरिति त्वृचा ॥ १३९ ॥

इस प्रकार सर्वत्र जल स्थापित करने के पश्चात् अञ्जलि मुद्रा से प्रणाम कर प्रथम पाद्य 'इदं विष्णुर्विचक्रमे' इस ऋचा से भगवान् को पाद्य समर्पित करे ॥ १३९ ॥

आ त्वा वहन्त्वित्यर्घ्यं तु ततो दद्याद्विचक्षणः ।
ततश्चाचमनीयं तु दद्यादापः पुनन्त्विति ॥ १४० ॥

इसके बाद 'आ त्वा वहन्तु' इस मन्त्र से विचक्षण साधक अर्घ्य प्रदान करे । फिर 'आपः पुनन्तु' इस मन्त्र से साधक आचमन समर्पित करे ॥ १४० ॥

गायत्र्या पञ्चगव्यं तु घृतं शुक्रमसीति च ।
दधिक्राव्णोति मन्त्रेण दधिं दद्याद्विचक्षणः ॥ १४१ ॥

गायत्री मन्त्र से पञ्चगव्य, 'शुक्रमसि' इत्यादि मन्त्र से घृत 'दधिक्राव्णो इस मन्त्र से दधि समर्पित करे ॥ १४१ ॥

आप्यायस्वेति च क्षीरं मधु वातेति वै मधु ।
आदित्यः शुक्र इत्येवं दद्यादुष्णोदकं ततः ॥ १४२ ॥

'आप्यायस्व' इस मन्त्र से क्षीर, 'मधुव्वाता ऋतायते' इस मन्त्र से मधु, आदित्य शुक्र इत्यादि मन्त्र से उष्णोदक समर्पित करे ॥ १४२ ॥

दद्यात् कषायतोयं च सदसस्पतिमित्यृचा ।
मार्जनं तु ततो दद्यात् शं नो देवीरिति ब्रुवन् ॥ १४३ ॥

फिर 'सदसस्पति' इत्यादि ऋचा से कषायोदक, 'शन्नो देवी[illegible]' इस मन्त्र को पढ़ते हुये मार्जन प्रदान करे ॥ १४३ ॥

गणानां त्वेति मन्त्रेण दद्याच्चैव फलोदकम् ।
त्वं विष्णुरिति मन्त्रेण दद्याच्च परिमार्जनम् ॥ १४४ ॥
अग्न आ याहि वीतयेति दद्याद्रत्नोदकं ततः ।
इषे त्वेति च लोहाम्भश्चाग्निमीले कुशोदकम् ॥१४५॥

'गणानां त्वा' इस मन्त्र से फल, 'त्वं विष्णुः' इस मन्त्र से परिमार्जन करे । 'अग्न आयहि वीतये' इस ऋचा से रत्नोदक, 'इषे त्वोर्जे [illegible]' इस ऋचा से लोहोदक तथा 'अग्निमीले पुरोहितम्' इस ऋचा से कुशोदक प्रदान करे ॥ १४४-१४५ ॥

सक्तूदकं ततो दद्यात् किमित्त इति चैव हि ।
शुद्धोदकं ततो दद्यादापो अशानिति त्वृचा ॥ १४६ ॥
ततो गन्धोदकादीनि मानस्तोकैर्निवेदयेत् ।
शेषान् पुरुषसूक्तेन षोडश प्रत्यृचं क्रमात् ॥ १४७ ॥

'किमित्त' इस ऋचा से सक्तूदक, 'आपो अशानि' इस ऋचा से शुद्धोदक प्रदान करे । फिर 'मा न स्तोके तनये' इस ऋचा से गन्धोदक प्रदान करे । शेष १६ कलशों का जल पुरुष सूक्त की षोडश ऋचाओं के प्रत्येक ऋचा से क्रमशः प्रदान करे ॥ १४६-१४७ ॥

उत्तमस्नपनादिस्नपनत्रयविधानम्

मूलमन्त्रेण वा कुर्यात् सर्वमेव विचक्षणः ।

१. उत्तमस्नानविधानम्

उत्तमस्नपनं ह्येतत् केचिदिच्छन्ति साधकाः ॥ १४८ ॥

विचक्षण विद्वान् उपर्युक्त सारा कार्य केवल मूलमन्त्र से ही करे । कुछ साधक इसी को उत्तम स्नपन मानते हैं ॥ १४८ ॥

२. उत्तममध्यमस्नानविधानम्

शुद्धोदकैर्विहीनं तु जगुरुत्तममध्यमम् ।

[illegible] भाग में स्थित शुद्धोदक के विना जो स्नान कराया जाता है [illegible] 'उत्तम मध्यम स्नान' है ॥ १४९ ॥

३. उत्तमाधमस्नानविधानम्

शुद्धोदैर्मानुषे भागे विहीनं चोत्तमाधमम् ॥ १४९ ॥

मानुष भाग में स्थित शुद्धोदक स्नानविहीन 'उत्तमाधम स्नान' कहा [illegible] ॥ १४९ ॥

१. मध्यमोत्तमस्नानविधानम्

अन्तः शुद्धोदकस्थाने स्थितगन्धोदकाष्टकम् ।
बहिरावरणे प्राच्यां स्नपनं मध्यमोत्तमम् ॥ १५० ॥

बाहर के आवरण में भीतर पूर्व में शुद्धोदक के स्थान में स्थित गन्धोदकादि आठ कलशों से स्नान मध्यमोत्तम स्नान है ॥ १५० ॥

२. मध्यममध्यमस्नानविधानम्

गन्धाष्टकविहीनं तु भवेन्मध्यममध्यमम् ।

गन्धाष्टक से विहीन जो स्नान कराया जाता है वह 'मध्यममध्यम स्नान' है ॥ १५१ ॥

३. मध्यमाधमस्नानविधानम्

शून्यमानुषजातीकं भवेत् तन्मध्यमाधमम् ॥ १५१ ॥

मानुषजातीय कलशों से शून्य जो स्नान कराया जाता है वह 'मध्यमाधम स्नान' कहा जाता है ॥ १५१ ॥

१. अधमोत्तमस्नानविधानम्

दैवाष्टकसमायुक्तमधमोत्तममुच्यते ।

केवल दैवाष्टक से युक्त स्नान 'अधमोत्तम स्नान' कहा जाता है ।

२. अधममध्यमस्नानविधानम्

चतुर्भिस्तत्र वै न्यूनं भवेदधममध्यमम् ॥ १५२ ॥

उसमें भी ४ कलशों से हीन स्नान 'अधममध्यम स्नान' कहा जाता है ॥ १५२ ॥

३. अधमाधमस्नानविधानम्

यद्ब्रह्मकलशेनैव तद्भवेदधमाधमम् ।

केवल एक ब्रह्म कलश से स्नान 'अधमाधम स्नान' कहा जाता है ।

परिमार्जनादिवस्तुपरिभाषाकथनम्

परिमार्जनवस्तूनि औपमानिकमेव च ॥ १५३ ॥
विशेषमत्र वक्ष्यामि पूर्वोक्तानीतराणि तु ।
नद्यां तटाके वल्मीके पर्वते चैव मृत्तिका ॥ १५४ ॥
परिमार्जनवस्तूनि कथितानि समासतः ।
शङ्खं चक्रं च कूर्मं च वैनतेयं तथैव च ॥ १५५ ॥

कृत्वा प्रतिकृतिं लोहैरौपमानिकमुच्यते ।

पहले जो परिमार्जन वस्तु और औपमानिक वस्तु तथा इतर वस्तु कही गई है । उनके विषय में अब विशेष बातें कहता हूँ-

१. परिमार्जन वस्तु—संक्षेप में नदीं में, तालाब में, वल्मीक में पर्वत में मृतिका ग्रहण 'परिमार्जन वस्तु' कही गयी है ।

२. औपमानिक वस्तु—शङ्ख, चक्र, कूर्म, वैनतेय अथवा गरुड़ की आकृति (प्रतिमा) तथा लौह निर्मित प्रतिमा 'औपमानिक वस्तु' कही गई है ॥ १५३-१५६ ॥

अपरस्नपनकथनम्

अपरे स्नपनं चान्यत् कथयन्ति च तद्यथा ॥ १५६ ॥

अन्य विद्वान् स्नान के प्रकार को अन्य प्रकार से कहते हैं वह इस प्रकार वर्णित है ॥ १५६ ॥

पञ्चधा तु कृते स्थाने कलशाः पञ्चविंशतिः ।
ब्राह्मं तु मध्यमं भागं दैवतं तदनन्तरम् ॥ १५७ ॥
तृतीयं मानुषं प्रोक्तं द्रव्यन्यासस्त्वथोच्यते ।

प्रत्येक भूमिभाग का पाँच भाग करे । फिर वहाँ पचीस कलश स्थापित करे । १. मध्यम भाग ब्राह्म भाग है । २. उसके बाद दैवत भाग है फिर तृतीय मानुष भाग कहा गया है ॥ १५७-१५८ ॥

मूलमन्त्रेण कलशान्ब्राह्मादीन् विन्यसेत् क्रमात्॥१५८॥

अब उसमें द्रव्य स्थापन का प्रकार कहते हैं । मूल मन्त्र से ब्रह्मादि कलश स्थापित करे ॥ १५८ ॥

तेनैव प्रोक्षणं कुर्यात् तेन द्रव्याणि निक्षिपेत् ।

उसी से कलशों का प्रोक्षण करे और उसी मन्त्र से कलशों में तत्तद् द्रव्य स्थापित करे ॥ १५९ ॥

प्रयतः प्राङ्मुखं पूर्वं ब्राह्मे स्नानोदकं न्यसेत् ॥ १५९ ॥

१. प्रथम पूर्वाभिमुख होकर चुपचाप ब्राह्म कलश में स्नानोदक स्थापित करे ॥ १५९ ॥

ततश्च मानुषे भागे प्राच्यां पाद्यं तु विन्यसेत् ।
याम्यामर्घ्यं तु वारुण्यां न्यसेदाचमनीयकम् ॥ १६० ॥

२. इसके बाद तृतीय मानुष भाग में पूर्व में स्थित कलश में ... स्थापित करे । ३. दक्षिण में अर्घ्य और ४. पश्चिम में आचमनीय द्रव्य स्थापित करे ॥ १६० ॥

पञ्चगव्यं तथा सौम्ये घृतमाग्नेयगोचरे ।
निर्ऋत्यां दधि वै दद्यात् वायव्ये क्षीरमेव तु ॥ १६१ ॥

५. उत्तर के कलश में पञ्चगव्य, ६. आग्नेयकोण में स्थापित कलश में घृत, ७. नैर्ऋत्य में दधि और ८ वायव्यकोण के कलश में क्षीर स्थापित करे ॥ १६१ ॥

ईशाने मधुविन्यासः कर्तव्यः क्रमयोगतः ।
इन्द्राग्न्योर्मध्यभागे तु कुर्यादुष्णोदकं ततः ॥ १६२ ॥

८. ईशानस्थ कलश में मधु क्रमयोग से स्थापित करे । ९. अग्निकोण के मध्य में स्थित कलश में उष्णोदक स्थापित करे ॥ १६२ ॥

क्षिपेन्मध्ये यमाग्न्योस्तु कषायमपि साधकः ।
मध्ये यमनिर्ऋत्योस्तु स्थापयेन्मार्जनं ततः ॥ १६३ ॥

१०. दक्षिण अग्निकोण के मध्य में स्थित कलश में कषाय ११. दक्षिण निर्ऋति के मध्य में मार्जन द्रव्य स्थापित करे ॥ १६३ ॥

निर्ऋतेर्वरुणस्यापि मध्ये कुर्यात् तिलोदकम् ।
वायोश्च वरुणस्यापि मध्ये कुर्याद्यवोदकम् ॥ १६४ ॥

१२. निर्ऋति एवं पश्चिम के मध्य में तिलोदक स्थापित करे । १३. वायव्य और पश्चिम के मध्य स्थित कलश में यवोदक स्थापित करे ॥ १६४ ॥

रत्नोदकं ततः कुर्यान्मध्ये वै वायुसोमयोः ।
ईशानसोमयोर्मध्ये लोहतोयं तु विन्यसेत् ॥ १६५ ॥

१४. वायव्य और उत्तर के मध्य स्थित कलश में रत्नोदक स्थापित करे । १५. ईशानकोण एवं सोम के मध्य में साधक लोहोदक स्थापित करे ॥ १६५ ॥

ईशानशक्रयोर्मध्ये विन्यसेच्च कुशोदकम् ।

१६. ईशानकोण और पूर्व के मध्य स्थित कलश में कुशोदक स्थापित करे ॥ १६६ ॥

ततस्तु दैविके भागे प्राच्यां गन्धोदकं न्यसेत् ॥ १६६ ॥

पुष्पाम्भो दक्षिणस्यां तु पश्चिमे चौपमानिकम् ।
सौम्ये चामलकाम्भस्तु आग्नेये चाक्षतोदकम् ॥ १६७ ॥

इसके बाद दैविक भाग में १. पूर्व कलश में गन्धोदक, २. दक्षिण में पुष्पोदक स्थापित करे । ३. पश्चिम में औपमानिक द्रव्य (मिट्टी), ४. उत्तर में आमलकोदक ५. अग्निकोण स्थित कलश में अक्षतोदक स्थापित करे ॥ १६६-१६७ ॥

निर्ऋत्यां नालिकेराम्भो वायौ चेक्षुरसं तथा ।
ईशानगोचरे कुर्यात् क्रमाद्वै तण्डुलोदकम् ॥ १६८ ॥

६. नैर्ऋत्यस्थ कलश में नारिकेलोदक, ७. वायव्यस्थ कलश में इक्षुरस स्थापित करे । ८. ईशानस्थ कलश में तण्डुलोदक क्रम से स्थापित करे ॥ १६८ ॥

अन्यथा द्रव्यविन्यासं कथयन्तीह केचन ।
पाद्यं तु मध्यमे भागे प्राच्यामर्घ्यं तथैव च ॥ १६९ ॥
आग्नावाचमनीयं तु पञ्चगव्यं तु दक्षिणे ।
घृतं तु नैर्ऋते भागे वारुणे तु तथा दधि ॥ १७० ॥

कुछ लोग द्रव्य विन्यास की विधि अन्य रूप में कहते हैं । १. मध्य भाग में पाद्य, २. पूर्व कलश में अर्घ्य, ३. आग्नेय में आचमनीय स्थापित करे । ४. दक्षिण में पञ्चगव्य ५. नैर्ऋत्य में घृत ६. पश्चिम में दधि स्थापित करे ॥ १६९-१७० ॥

तथा क्षीरं च वायव्ये सौम्ये चैव तथा मधु ।
उष्णोदकमथेशाने यथावद्विनिवेशयेत् ॥ १७१ ॥

७. वायव्यस्थ कलश में क्षीर ८. उत्तर में मधु तथा ईशान में उष्णोदक यथावत् स्थापित करे ॥ १७१ ॥

इन्द्राग्न्योर्मध्यभागे तु कषायं विनिवेशयेत् ।
यमाग्न्योर्मार्जिनं मध्ये यमस्य निर्ऋतेः फलम् ॥ १७२ ॥

१. पूर्व और आग्नेय के मध्य में स्थित कलश में कषाय स्थापित करे । २. दक्षिण एवं आग्नेय के मध्य स्थित कलश में मार्जन (द्र. ८.) स्थापित करे । ३. दक्षिण तथा निर्ऋति के मध्य में फलोदक स्थापित करे ॥ १७२ ॥

निर्ऋतेर्वरुणस्यापि मध्ये तु परिमार्जनम् ।

रत्नं वाय्वम्बुपत्योस्तु लोहाम्भो वायुसोमयोः ॥ १७३ ॥

४. निर्ऋति और पश्चिम के मध्यस्थ कलश में परिमार्जन [illegible] वायु) और ५. पश्चिम के मध्यस्थ कलश में रत्नोदक तथा ६. [illegible] और उत्तर के मध्य कलश में लोहोदक स्थापित करे ॥ १७३ ॥

ईशानसोमयोर्मध्ये कुर्याच्चैव कुशोदकम् ।
ईशानशक्रयोर्मध्ये सम्यक् सक्तूदकं न्यसेत् ॥ १७४ ॥

७. ईशान और उत्तर के मध्यस्थ कलश में कुशोदक और [illegible] पूर्व के मध्यस्थ कलश में सक्तूदक स्थापित करे ॥ १७४ ॥

ततस्तु दैविके भागे प्राच्यां गन्धोदकं न्यसेत् ।
आग्नेये पुष्पतोयं तु दक्षिणे चौपमानिकम् ॥ १७५ ॥
तथामलकतोयं तु निर्ऋत्यां विनिवेशयेत् ।
अक्षताम्भस्तु वारुण्यां वायव्ये तु तिलोदकम् ॥ १७६ ॥

इसके बाद दैविक भाग में १. पूर्वस्थ कलश में गन्धोदक, २. आग्नेयस्थ कलश में पुष्पोदक ३. दक्षिण में औपमानिक, ४. नैर्ऋत्य कलश में आमलकोदक, ५. पश्चिम में अक्षतोदक, ६. वायव्यस्थ कलश में तिलोदक स्थापित करे ॥ १७५-१७६ ॥

यवोदकं तथा सौम्ये ईशाने तण्डुलोदकम् ।

७. उत्तर के कलश में यवोदक ८. ईशानकोणस्थ कलश में तण्डुलोदक स्थापित करे ॥ १७७ ॥

मन्त्रमष्टाक्षरं चात्र द्वादशाक्षरमेव वा ॥ १७७ ॥
अथापि विष्णुगायत्री मन्त्रत्रयमुदाहृतम् ।

तत्तद् द्रव्यों के स्थापन में अष्टाक्षर मन्त्र अथवा द्वादशाक्षर मन्त्र विहित हैं अथवा विष्णुगायत्री मन्त्र विहित है। इस प्रकार तीन मन्त्र कहे गये हैं ॥ १७७-१७८ ॥

पाद्यादि तण्डुलान्तं तु स्नपनं चात्र कीर्तितम् ।
तिलाश्च दक्षिणा देयाः सुवर्णं वा स्वशक्तितः ॥१७८ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायां शिवरात्रे स्नपनविधिर्नाम अष्टमोऽध्यायः

[illegible] में पाद्य से लेकर तण्डुल पर्यन्त स्नपन करना चाहिये । [illegible] में तिल्ली की दक्षिणा विहित है अथवा अपनी शक्ति के [illegible] सुवर्ण की दक्षिणा देवे ॥ १७८ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के शिवरात्र के स्नपनविधि नामक अष्टम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

दशैतानि तु बीजानि पयोभिः क्षालयेत् ततः ॥ ११ ॥

मङ्गलाङ्कुर कर्म में प्रत्येक पात्र १२ संख्या में ग्रहण करना चाहिये । १. तिल, २. मूँग, ३. सरसो, ४. शालि, ५. प्रियङ्गु, ६. ... निष्पाव, ८. माष (उड़द), ९. श्यामाक और १०. कुलत्थ इन बीजों को सर्व प्रथम पानी से प्रक्षालित करे ॥ ११-१२ ॥

मृद्बालुकाकरीषैस्तु पूरयित्वा तु पालिकाः ।
त्रिपङ्क्तीकृत्य ताः सर्वाः प्रत्येकं क्रमयोगतः ॥ १३ ॥
आग्नेयादीशपर्यन्तं विन्यस्य तु विचक्षणः ।
जितं त इति मन्त्रेण सर्वबीजानि वापयेत् ॥ १४ ॥

पालिका को मिट्टी, बालू और करसी से भर देवे । उसमें क्रम से तीन पङ्क्ति आग्नेय कोण से ईशान कोण पर्यन्त निर्माण करे । 'जितं ते' इस मन्त्र से सारे बीज उसमें बो देवे ॥ १३-१४ ॥

परिवेष्ट्य ततो वस्त्रैः सुगुप्ते स्थापयेत् ततः ।
श्यामलाश्च तथा रक्ता ये तिर्यग्गतयोऽपि च ॥ १५ ॥
अङ्कुरास्त्वप्ररूढाश्च वर्जनीयाः प्रयत्नतः ।

फिर उसे वस्त्र से वेष्टित कर किसी सुरक्षित एवं गुप्त स्थान में रख देवे । श्याम वर्ण, रक्त वर्ण, तिरछे और जो अङ्कुर के रूप में उत्पन्न न हुये हों, उन्हें प्रयत्नपूर्वक वर्जित करे ॥ १५-१६ ॥

वर्जनीयांकुरस्य प्रयोगे फलकथनम्

श्यामेषु द्रव्यनाशः स्याद् रक्तेषु कलहो भवेत् ॥ १६ ॥
तिर्यग्गतेषु रोगः स्यादप्ररूढे मृतिर्भवेत् ।
शुभं पीतेषु वर्णेषु ऋजुषूर्ध्वगतिष्वपि ॥ १७ ॥
कर्तुः कारयितुश्चापि भवत्येव न संशयः ।

अङ्कुर के श्याम वर्ण होने पर द्रव्य नाश होता है । रक्त वर्ण होने पर कलह, तिरछे होने पर रोग तथा न उगने पर मृत्यु होती है । पीतवर्ण होने पर कर्म करने वाले तथा कर्म कराने वाले दोनों का कल्याण होता है । इसी प्रकार सीधे ऊपर की ओर होने पर भी दोनों का कल्याण होता है इसमें संशय नहीं ॥ १६-१८ ॥

बलिप्रयोगकथनम्

नवाहं सप्तरात्रं वा पञ्चरात्रमथापि वा ॥ १८ ॥

स्थापयित्वा सुगुप्ते तु पश्चात् कर्मणि योजयेत् ।
बलिं च सर्वदा दद्यात् प्रतिरात्रं पृथक् पृथक् ॥ १९ ॥

नवाह, सात रात्र अथवा पाँच रात्र किसी गुप्त स्थान में रख कर काम में लेवे । सर्वदा सभी रात्रियों में पृथक्-पृथक् विधानानुसार बलि प्रदान करे ॥ १८-१९ ॥

भूतादिनवरात्रस्य देवताकथनम्

प्रथमं भूतरात्रं तु द्वितीयं पैतृकं हविः ।
तृतीयं यक्षरात्रं तु नागरात्रं चतुर्थकम् ॥ २० ॥
ब्राह्मं तु पञ्चमं ज्ञेयं षष्ठं शैवमुदाहृतम् ।
सप्तमं वैष्णवं ज्ञेयमष्टमं नवमं तथा ॥ २१ ॥

प्रथम भूतरात्रि और द्वितीय पैतृक हवि की रात्रि होती है । तृतीय यक्षरात्र यक्ष हवि की रात्रि होती है । चतुर्थ नागरात्र नाग हवि की रात्रि होती है और पञ्चम ब्रह्मरात्र ब्रह्म हवि की रात्रि होती है । षष्ठ शैवरात्र शिव हवि की रात्रि होती है । सप्तम, अष्टम और नवम वैष्णवरात्र वैष्णव हवि की रात्रियाँ कही जाती है ॥ २०-२१ ॥

भूतादिनवरात्रस्य बलिपदार्थकथनम्

भूतक्रूरबलिं दद्यात् पूर्वं भूतप्रहर्षणम् ।

१. प्रथम भूतरात्रि में भूतों को प्रहर्षित करने के लिये क्रूरपदार्थों की बलि देवे ॥ २२ ॥

द्वितीयं पैतृकं दद्याद् बलिं च तिलतण्डुलैः ॥ २२ ॥

२. द्वितीय पैतृक रात्रि में तिल तण्डुल की बलि देवे ॥ २२ ॥

धानोडुविकलाजैस्तु ततो यक्षबलिं हरेत् ।

३. तृतीय यक्ष रात्रि में धाना (भुजा हुआ यव) उडुविक लाजा की बलि यक्षों के लिये देवे ॥ २३ ॥

नालिकेरपयः सिक्तशालिपिष्टविमिश्रितैः ॥ २३ ॥
चतुर्थेऽहनि वै दद्यात् ततो नागबलिं बुधः ।

४. चौथी रात्रि में नारिकेल दूध धोई हुई शालि का पिष्ट इन्हें एक में मिलाकर बुद्धिमान् साधक नागों के लिये बलि देवे ॥ २४ ॥

पञ्चम्यां तु बलिं दद्यात् ब्राह्मं पद्माक्षतैर्युतम् ॥ २४ ॥

५. पाँचवी रात्रि में ब्रह्मा के लिये कँवलगट्टा और अक्षत की बलि ...
देवे ॥ २४ ॥

चरुणापूपयुक्तेन षष्ठं शैवबलिं हरेत् ।

६. षष्ठ रात्रि में पूआ मिश्रित चरु की बलि बुद्धिमान् साधक ...
जी के लिये देवे ॥ २५ ॥

गुडान्नं वैष्णवं दद्यात् सप्तमं तु बलिं हरेत् ॥ २५ ॥

७. सातवें दिन गुड़ मिश्रित पदार्थ की बलि बुद्धिमान् साधक ...
के लिये देवे ॥ २५ ॥

पायसं कृसरं दद्यादष्टमं नवमं तथा ।
पालिकानां तु परितः क्रमादष्टासु दिक्षु च ॥ २६ ॥

८-९. आठवें और नवें दिन भी पायस एवं कृसर (तिलमिश्रित ...) की बलि देवे । बुद्धिमान् साधक यह बलि पालिका के चारों ओर ... दिशाओं में देवे ॥ २६ ॥

बलिमन्त्रविधानम्

बलिं तु मण्डले दद्यादैन्द्रादिक्रमयोगतः ।
बलिमन्त्रं स्वनाम्ना तु तेषां चैव नमोऽन्वितम् ॥ २७ ॥

बुद्धिमान् साधक को पूर्वादि दिशाओं के क्रम से मण्डल में ही ... देनी चाहिये । बलि का मन्त्र अपने-अपने नाम के चतुर्थ्यन्त ... शब्दान्त मन्त्र से देवे (यथा भूतेभ्यो नमः इत्यादि) ॥ २७ ॥

बलिदानप्रयोगकथनम्

शुद्धवासाः शुचिर्भूत्वा कृतदन्तानुधावनः ।
हविष्यभुग्यतात्मा तु आचार्यो बलिमानयेत् ॥ २८ ॥

दन्तधावन के अनन्तर स्नानादि क्रिया कर शुद्ध वस्त्र धारण कर पवित्र होकर हविष्य भोजन करने वाला जितेन्द्रिय आचार्य स्वयं प्रयत्नपूर्वक बलिदान पदार्थ लावे ॥ २८ ॥

बलिदानप्रयोगे कालकथनम्

रात्रौ तु बलिदानं स्याद् दत्त्वा स्नानं समाचरेत् ।
प्रातः कर्मदिने दद्याद् बलिं बलिविधानवित् ॥ २९ ॥

बलिदान क्रिया रात्रि में होती है । बलिदान के बाद स्नान आदि ...

... लिये । कर्म के दिन प्रातःकाल में विधानपूर्वक बलि देने वाला ... बलि प्रदान करे ॥ २९ ॥

बलिदानप्रयोगे कर्मविधिकथनम्

यदा चोप्तानि बीजानि तदा प्रभृति नित्यशः ।
न कश्चित् प्रविशेत् तत्र न स्पृशेद्वा कथंचन ॥ ३० ॥

... से बीज वपन किया जाय उस समय से कोई अन्य उस स्थान ... किसी प्रकार न जावे और न स्पर्श करे ॥ ३० ॥

आचार्य एव प्रविशेत् सिञ्चेत् कुसुमवारिणा ।
उच्छिष्टादीनि सर्वाणि दूरतः परिवर्जयेत् ॥ ३१ ॥

केवल आचार्य ही प्रवेश करे और पुष्प मिश्रित वारि से सेचन करे ... का समस्त उच्छिष्ट दूर फेंके देवे ॥ ३१ ॥

अदत्त्वा तु बलिं कांचिन्न कुर्यात् पालिकाक्रियाम् ।
बलीनामप्यदाने तु क्रिया भवति निष्फला ॥ ३२ ॥

बिना बलि देवे कोई भी पालिका सम्बन्धी क्रिया न करे । बिना ... दिये क्रिया करने पर वह निष्फल हो जाती है ॥ ३२ ॥

अमङ्गलाङ्कुरो यागो निष्फलः स्यान्न संशयः ।
तस्माद्यत्नेन वै कुर्यान् मङ्गलाङ्कुररोपणम् ॥ ३३ ॥

अमङ्गल अङ्कुरों की उत्पत्ति से याग निष्फल हो जाता है । इस ... बुद्धिमान् साधक प्रयत्नपूर्वक मङ्गलाङ्कुर का आरोपण करे ॥३३॥

यदाभूदङ्कुरारोपस्तदा प्रभृति नित्यशः ।
मार्जनं ग्रामवीथीनां कृत्वासिच्य यथाविधि ॥ ३४ ॥
उत्थापयित्वा केतूंश्च तोरणानि च सर्वशः ।
अष्टदिक्षु यथायोगं बलिपीठं प्रकल्पयेत् ॥ ३५ ॥

जिस दिन से अङ्कुरों का आरोपण करे उसी दिन से नित्य ग्राम की ... का मार्जन करे । यथाविधि उनका सिञ्चन कर ध्वजा एवं तोरण ... कर आठों दिशाओं में बलिपीठ का निर्माण करे ॥ ३४-३५ ॥

एवं कृत्वा बहिर्ग्रामाद् ग्राममध्ये च कारयेत् ।
चतुष्पथेषु सर्वेषु मण्डलानि च कारयेत् ॥ ३६ ॥

ग्राम के बाहर इतना कार्य करने के पश्चात् ग्राम के मध्य में चतुष्पथ पर मण्डल निर्माण करावे ॥ ३६ ॥

कृत्वैवं ग्रामसंस्कारं तस्यां रात्र्यां यथाविधि ।
केतुभिर्विविधाकारैर्वितानैर्विविधैरपि ॥ ३७ ॥
भेरीमृदङ्गसंयुक्तं रथमारोप्य कौतुकम् ।
व्यजनैस्तालवृन्तैश्च दिव्यस्त्रीपरिवीजितम् ॥ ३८ ॥
प्रदीपशतसंयुक्तं रात्रौ ग्रामं परिभ्रमेत् ।
भूतक्रूरबलिं चैव पीठिकासु विनिक्षिपेत् ॥ ३९ ॥

इस प्रकार ग्राम की सफाई कर उस रात्रि में यथाविधि अनेक के झण्डा तथा नाना प्रकार के वितानों से ग्राम को सजाकर समय भेरी मृदङ्ग बजाते हुये रथ पर विचित्र कौतुक (तमाशा जादू से बनाई गई विष्णु मूर्त्ति) स्थापित करे और ताड़ के पत्ते से निर्मित व्यजन से सजी सजाई स्त्रियों से पंखा परिवीजित कर सैकड़ों दीपों से संयुक्त कर समस्त ग्राम में घुमावे और बलि पीठ पर भूतों के लिये क्रूर बलि प्रक्षिप्त करे ॥ ३७-३९ ॥

मण्डलेषु तथा कुर्याज्जलदानसमन्वितम् ।
कुमुदाद्यास्तु भूतेशास्तेन तृप्यन्ति नित्यशः ॥ ४० ॥

बुद्धिमान् साधक सभी मण्डलों पर भी जलदान समन्वित बलि करे । ऐसा करने से कुमुदादि समस्त भूत नित्य के लिये तृप्त हो जाते हैं ॥ ४० ॥

अग्निप्रदक्षिणं कुर्याच्छेषेषु दिवसेषु च ।
पूर्वोक्तं च बलिं दद्यात् पीठिकासु यथाक्रमम् ॥ ४१ ॥

शेष दिनों में अग्नि की प्रदक्षिणा करे और बलि पीठिका पर बलिदान करना चाहिये ॥ ४१ ॥

परिभ्रमणकाले तु बलिदानमिहोच्यते ।
आचार्यो देवदासो वा नयन्ति बलिमन्वहम् ॥ ४२ ॥

यह बलिदान ग्राम के परिभ्रमण काल में कहा गया है । आचार्य अथवा पुजारी नित्य बलिदान करे ॥ ४२ ॥

कौतुकस्य पुरस्तात्तु गच्छन्ति बलिदायिनः ।
गन्धपुष्पसमायुक्तं धूपदीपसमन्वितम् ॥ ४३ ॥

भवेत्तु बलिविक्षेपो बलिमुद्रां च दर्शयेत् ।
तत्र नृत्तं च वाद्यं च कृत्वा कृत्वा परिभ्रमेत् ॥ ४४ ॥

कौतुक के आगे-आगे गन्ध, पुष्प, धूप, दीप लिये हुये बलि देने वाले चलें । जिससे बलिदान करने वाले बलि देवें और बलि मुद्रा प्रदर्शित करें । इस प्रकार नृत्य करते हुये बाजा बजाते हुये ग्राम का परिभ्रमण करना चाहिये ॥ ४३-४४ ॥

क्रतुफलकथनम्

अनुगच्छन्ति ये त्वेते कौतुकं कौतुकान्विताः ।
पदे पदे क्रतुफलं लभन्ते नात्र संशयः ॥ ४५ ॥

कौतुक देखने वाले जो भी लोग इस कौतुक के पीछे-पीछे चलते हैं वे पद पद पर यज्ञ फल प्राप्त करते हैं इसमें संशय नहीं ॥ ४५ ॥

पारे च ग्राममध्ये च बलिशेषं समापयेत् ।
तत्र नादं च नृत्तं च प्रयत्नेन तु कारयेत ॥ ४६ ॥

ग्राम के मध्य तथा ग्राम के पार बलि का शेष समाप्त कर देवे वहाँ नृत्य आदि प्रयत्नपूर्वक करे ॥ ४६ ॥

नृत्यन्त्यत्र च ये भक्त्या नमस्यन्ति रमन्ति च ।
विमुक्तकल्मषास्ते स्युः क्रमात् पारिषदेश्वराः ॥ ४७ ॥

जो इस कौतुक में भक्तिपूर्वक नाचते हैं, नमस्कार करते हैं एवं रमण करते हैं उनका पाप दूर हो जाता है और वे विष्णु परिषद् के स्वामी हो जाते हैं ॥ ४७ ॥

एवं नित्यं परिभ्राम्य दद्याच्च बलिमुत्तमम् ।
रात्रौ प्रतिसरारम्भं पूर्वेद्युः कारयेत् ततः ॥ ४८ ॥

इस प्रकार कौतुक के साथ परिभ्रमण कर उत्तम बलिदान करे । उत्सव के पूर्व दिन प्रतिसर सूत्र (माङ्गलिक सूत्र तीन, पाँच अथवा सात धागों का) का आरम्भ करावे ॥ ४८ ॥

चतुःस्तम्भयुतायां तु वेदिकायां यथाविधि ।
प्ररोहघटिकाभिस्तु शरावैश्च चतुर्दिशम् ॥ ४९ ॥
कोणेष्वलंकृतायां तु चतुर्भिः क्रमयोगतः ।
वैष्णवैः कारयेत् तत्र घृतारोपणमादितः ॥ ५० ॥

चार खम्भो के बीच बनी हुई वेदी में, जो चारों दिशाओं ... में अङ्कुर की घटिकाओं तथा शरावों (पुरवा), अलङ्कृत ... स्थापित भगवान् को चार वैष्णव प्रथम घृतारोपण करें ॥ ४९-५० ॥

दर्पणं दर्शयेत् पश्चात् मङ्गलानि च दर्शयेत् ।
शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषैर्जयशब्दैश्च नादयेत् ॥ ५१ ॥

इसके पश्चात् दर्पण दिखावे फिर उन्हें माङ्गलिक वस्तु प्रदर्शित ... तदनन्तर शङ्ख दुन्दुभी आदि बाजा बजाते हुये जय जयकार शब्द ... उच्चारण करे ॥ ५१ ॥

ऊर्णामयेन सूत्रेण तथा क्षौमयुतेन च ।
अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु सारयित्वा विचक्षणः ॥ ५२ ॥
ततश्चोभयहस्ताभ्यां दक्षिणे भगवत्करे ।
जितं त इति मन्त्रेण बध्नीयात् साधकः क्रमात् ॥ ५३ ॥

फिर पीताम्बर जटित ऊन के सूत्र से बने हुये त्रिसूत्र को अंगूठा और अनामिका से फैलाकर दोनों हाथों से भगवान् के ... हाथ में 'जितं ते' इस मन्त्र से साधक बाँध देवे ॥ ५२-५३ ॥

चामरैस्तालवृन्तैश्च बीजयेन् मङ्गलान्वितः ।
एरकायां तु क्लृप्तायां निवेश्य प्रतिमां क्रमात् ॥ ५४ ॥

स्वयं माङ्गलिक होकर चामर तथा ताड़ के पङ्खों से बीजन करे ... फिर एरका नामक तृण से बनी हुई शय्या पर भगवान् की प्रतिमा ... उस पर सन्निविष्ट करे ॥ ५४ ॥

रात्रिशेषं समासीत अनिर्वाणैः प्रदीपकैः ।
गुग्गुल्वगरुधूपैश्च धूपयित्वा विचक्षणः ॥ ५५ ॥

दीपक जलाकर गुग्गुल, अगुरु एवं धूप से धूपित करके ... विचक्षण साधक शेष रात्रिपर्यन्त बैठा रहे ॥ ५५ ॥

प्रभातायां तु शर्वर्यां ग्रामं प्राग्वत् परिभ्रमेत् ।
स्नापयेत् प्रतिमां पश्चान्नद्यां कूपे ह्रदेऽपि वा ॥ ५६ ॥

फिर रात व्यतीत हो जाने पर प्रातःकाल में पूर्व की भाँति ग्राम ... परिक्रमा करे । तदनन्तर प्रतिमा को नदी, कूप अथवा तालाब में स्नान करावे ॥ ५६ ॥

चतुःस्तम्भयुतायां तु वेदिकायां विचक्षणः ।

गोमयेनोपलिप्तायां पञ्चगव्येन चैव हि ॥ ५७ ॥
प्रोक्षितायां तु तोयेन क्लृप्तायां विष्टरैर्भुवि ।
स्थापयित्वा तु प्रतिमां कुर्यान्मङ्गलवादनम् ॥ ५८ ॥

तदनन्तर विचक्षण तन्त्रवेत्ता चार खम्भों के भीतर बनी हुई वेदिका ... गोमय से उपलिप्त हो, पञ्चगव्य और जल से अभिषिक्त हो, जिस ... कुश का विष्टर स्थापित हो, इस प्रकार की निर्मित वेदिका के विष्टर पर प्रतिमा स्थापित कर माङ्गलिक वादन करावे ॥ ५७-५८ ॥

ततो मङ्गलचूर्णानि वैष्णवीकरणं नयेत् ।
शालिभिर्यवगोधूमैः रजनीचूर्णमिश्रितैः ॥ ५९ ॥
कृत्वा सुवर्णचूर्णं च स्थापयित्वा तथोत्तरे ।
चतुर्भिः पालिकाभिस्तु अलंकृत्य च वेदिकाम्॥ ६० ॥

फिर शालि, यव, गोधूम और हल्दी इन चार द्रव्यों से मिश्रित चूर्णों ... वैष्णवीकरण करे । इस प्रकार सुवर्णमय चूर्ण बनाकर वेदी के उत्तर में स्थापित करे और चार पालिकाओं (गमलों) से उस वेदी को अलङ्कृत करे ॥ ५९-६० ॥

प्रतिमास्नपनविधिकथनम्

घृतेन दध्ना पयसा मधुना च यथाक्रमम् ।
ततश्चोष्णोदकेनापि स्नापयेत् क्रमयोगतः ॥ ६१ ॥
घृतेन स्नापयेत् पूर्वं बीजेन परमेष्ठिना ।
पुंसा चाथ तथा दध्ना विश्वेन पयसा तथा ॥ ६२ ॥
निवृत्त्या मधुना चापि सर्वेणोष्णोदकेन च ।
ततश्च विसृजेच्चूर्णैः कुशकूर्चेन मार्जयेत् ॥ ६३ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक घी, दही, दूध और मधु एवं उष्णोदक से भगवान् की प्रतिमा को स्नान करावे । पहले ब्रह्मबीज मन्त्र से घी से स्नान करावे । फिर पुंमुद्रा प्रदर्शित करे । दधि स्नपन विश्व मुद्रा ... दुग्ध स्नपन निवृत्ति मुद्रा से और मधु द्वारा सर्वमुद्रा से स्नान करावे। ... चूर्ण छोड़कर बुद्धिमान् साधक कुशा के कूर्च से प्रतिमा का मार्जन करे ॥ ६१-६३ ॥

ततश्च गन्धतोयेन पुष्पतोयेन चैव हि ।
ततो मङ्गलतोयेन स्नापयेत् क्रमयोगतः ॥ ६४ ॥

अष्टाक्षरेण गन्धाम्भः पुष्पाम्भो द्वादशाक्षरैः ।
ततश्च विष्णुगायत्र्या मङ्गलाम्भो यथाक्रमम् ॥ ६५ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक गन्धोदक से, तदनन्तर पुष्पोदक से मङ्गलोदक से क्रमशः स्नान करावे । अष्टाक्षर से गन्धोदक से द्वादशाक्षर से पुष्पोदक द्वारा और विष्णु गायत्री से मङ्गलोदक से यथाक्रम स्नान करावे ॥ ६४-६५ ॥

गन्धचूर्णेन विमृजेत् कौतुकं छेदयेत् ततः ।
ततः शुद्धाम्भसा पश्चात् प्रणवेन समाहितः ॥ ६६ ॥
स्नापयित्वा यथान्यायं मूर्ध्नि चूर्णं तु कारयेत् ।
सौवर्णं तु तथा कृत्वा जयशब्दरवैर्युतम् ॥ ६७ ॥

बुद्धिमान् साधक गन्धचूर्ण से समस्त प्रतिमा का मार्जन करे कौतुक का उच्छेद करे । फिर समाहित चित्त हो प्रणव पढ़ते शुद्धजल से स्नान कराकर शिर पर चूर्ण चढावे तथा जयशब्द करते हुये सुवर्णमय चूर्ण विकीर्ण करे ॥ ६६-६७ ॥

आदाय प्रतिमां पश्चात् ततः स्नानं तु कारयेत् ।
तच्च तीर्थजलं स्नानात् सर्वपापप्रणाशनम् ॥ ६८ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक प्रतिमा को लेकर स्नान करावे । उस प्रतिमा का स्नान-जल तीर्थ जल के समान समस्त पापों का नाश करता है ॥ ६८ ॥

अलंकृत्य यथान्यायं वस्त्रैराभरणैरपि ।
वितानध्वजसंयुक्तं यागस्थानं समानयेत् ॥ ६९ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक वस्त्र एवं आभरण आदि से अलङ्कृत कर वितान ध्वजा से संयुक्त यागस्थान पर प्रतिमा को ले आवे ॥ ६९ ॥

चतुर्भिस्तोरणैर्युक्तं चतुर्द्वारमलंकृतम् ।
पुष्पयागविधानेन कुर्याद्वै पुष्पमण्डलम् ॥ ७० ॥
पुष्पयागविधानं तु इन्द्ररात्रे प्रकीर्तितम् ।
द्रष्टव्यस्तत्र विस्तारः क्रियामात्रमिहोच्यते ॥ ७१ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक चार तोरणों से चार द्वारों से अलङ्कृत पुष्पयाग विधान से पुष्पमण्डल की रचना करे । पुष्पयाग की विधि ...

... कही गयी है द्रष्टव्य पृ. ४४५ । उसका विस्तार वहीं देखना ... केवल क्रिया ही कही जा रही है ॥ ७०-७१ ॥

प्ररोहघटिकाः कुर्याद् द्वे द्वे द्वारेषु सर्वशः ।
ये प्ररोहशरावास्तु द्वौ द्वौ तौ प्रतितोरणम् ॥ ७२ ॥
बहिरेव तु कर्तव्या अन्तस्तु घटिकाः क्रमात् ।
यागमण्डलकोणे तु बहिः स्थाप्यास्तु पालिकाः ॥ ७३ ॥

बुद्धिमान् साधक सभी द्वारों पर दो-दो अङ्कुर की घटिका स्थापित करे प्रत्येक तोरण पर दो-दो अङ्कुर के शराव (पुरवा) स्थापित करे । ... स्थापित करे और घटिकायें भीतर रखें, याग मण्डल के कोण पर बाहर पालिकायें (गमला) स्थापित करे ॥ ७२-७३ ॥

चतस्रः स्थापयित्वैवं कर्णिकायां न्यसेत् प्रभुम् ।
मण्डलस्य प्रकारश्च बहिरावरणक्रमात् ॥ ७४ ॥
परिवारक्रमश्चापि ब्रह्मरात्रे प्रकीर्तितः ।
तत्रैव चार्चनाध्याये कथितश्चार्चनाक्रमः ॥ ७५ ॥

इस प्रकार चार पलिका स्थापित कर कर्णिका में प्रभु को स्थापित करे । ... के आवरण के क्रम से मण्डल का प्रकार और परिवार क्रम ... पहले कह दिया गया है । वहीं अर्चनाध्याय द्र. पृ १०५ में ... विधि भी कह दी गयी है ॥ ७४-७५ ॥

तिथियागं च यत् प्रोक्तमत्र तेनैव चार्चयेत् ।
विशेषमत्र वक्ष्यामि चरुयागविधौ तथा ॥ ७६ ॥

... अध्याय में जो तिथियाग कहा गया है उसी क्रम से ... । यहाँ चरुयाग विधि में विशेष बातें कह रहा हूँ ॥ ७६ ॥

चरुयागविधौ विशेषकथनम्

पायसं कृसरं गौडं हरिद्रान्नं तथैव च ।
शुद्धान्नं चेति पञ्चैते चरवः परिकीर्तिताः ॥ ७७ ॥

१. पायस, २. कृसर, ३. गौड, ४. हरिद्रान्न और ५. शुद्धान्न ये ... चरु कहे गये हैं ॥ ७७ ॥

... चैव होमे च शुद्धान्नं तु विधीयते ।
...वरणे चैव पायसं तु निवेदयेत् ॥ ७८ ॥

नैवेद्य निवेदन करने में और होम में शुद्धान्न का विधान है। आवरण में पायस निवेदन करे ॥ ७८ ॥

द्वितीयावरणे चैव कृसरं तु निवेदयेत्।
तृतीयावरणे गौडं सर्वेषां गौडमेव वा ॥ ७९ ॥

द्वितीय आवरण में कृसरान्न, तृतीय आवरण में गौड़ अथवा आवरण में गौड़ का ही निवेदन करे ॥ ७९ ॥

बलिदाने हरिद्रान्नादिविधानम्

बलिदाने हरिद्रान्नं न निवेदनकर्मणि।
फलैरपूपैर्लाजैश्च सप्तभिश्चाप्युडुविकैः ॥ ८० ॥
निवेद्य बलिदाने च मुद्गांश्चैव प्रकल्पयेत्।
हुतशेषमथाचार्यः प्रणीयात् प्राङ्मुखः शुचिः ॥ ८

बलिदान में हरिद्रान्न का विधान है। किन्तु निवेदन कर्म में फल, अपूप, लावा, सात उडूविक निवेदन कर बलिदान में उपयोग करे। इसके बाद शुचि आचार्य पूर्वाभिमुख होकर भगवान् को निवेदन करे ॥ ८०-८१ ॥

निवेद्यशेषं सर्वेषां वैष्णवानां तु दापयेत्।
हे पारिषदेश्वर! मैं तुम्हें तार्क्ष्य का पुत्र बनने के लिये नियुक्त करता

उनकी बात सुनते ही विष्वक्सेन ने प्रणाम किया और अत्यन्त प्रसन्न हो गये । स्वामी की प्रसन्नता जानकर उन्होंने अपने को वैसा करने के लिये नियुक्त किया ॥ ४४-४५ ॥

विनतायामभूद् गर्भस्तार्क्षेणोत्पादितः स तु ।
स पुनर्गर्भवृद्धाण्डः पक्षी जातोऽरुणानुजः ॥ ४६ ॥

तार्क्ष्य से विनता को गर्भ हुआ और वे तार्क्ष्य से उत्पन्न होकर उसके गर्भ से अरुण के अनुज अण्डज पक्षी गरुड़ हो गये ॥ ४६ ॥

स पुनर्वालखिल्यानां प्रीत्यर्थं बलगर्वितः ।
सर्पाणां मर्दनार्थं च मातुश्च प्रियकाम्यया ॥ ४७ ॥
सोमपालान् विनिर्जित्य परिभूय शतक्रतुम् ।
आहार सोमं पक्षीन्द्रः पपौ च विनतासुतः ॥ ४८ ॥

वे ही पक्षियों में इन्द्र के समान विनता सुत गरुड़ ने बलगर्वित हो वालखिल्यों की प्रीति के लिये एवं माता का मनोरथ पूर्ण करने के लिये तथा सर्पों का गर्व मर्दन करने के लिये सोमपालों पर विजय प्राप्त कर इन्द्र का पराभव किया और सोम आहरण कर उसका पान किया ॥ ४७-४८ ॥

पीत्वा तदमृतं दृप्तः सर्वलोकान् विहाय सः ।
वाहनत्वं समासाद्य गत्वा विष्णोः स्वयं ययौ ॥ ४९ ॥
पुराणं वामनं वक्ष्ये यथावदृषिसत्तमाः ।

उन्होंने अमृत पानकर समस्त लोकों को छोड़कर स्वयं विष्णु के पास जाकर विष्णु का वाहनत्व स्वीकार किया । अब हे ऋषिसत्तमो ! वामनपुराण कह रहा हूँ ॥ ४९-५० ॥

६. विष्णोः वामनरूपकथनम्

अदित्यां कश्यपाज्जातो विष्णुर्द्वादशधा किल ॥ ५० ॥
धातार्यमा च मित्रश्च वरुणोंऽशो भगस्तथा ।
इन्द्रो विवस्वान् पूषा च पर्जन्यश्च तथैव च ॥ ५१ ॥
त्वष्टा चैवाथ विष्णुश्च इति नाम्ना तु देवताः ।
सुराधिपत्ये चैतेषामिन्द्र एव नियोजितः ॥ ५२ ॥

कश्यप द्वारा अदिति में स्वयं विष्णु द्वादश आदित्य के रूप में प्रगट

उनके नाम इस प्रकार हैं । १. धाता, २. अर्यमा, ३. मित्र, ४.
वरुण, ५. अंश, ६. भग, ७. इन्द्र, ८. विवस्वान्, ९. पूषा, १०.
अर्यमा, ११. त्वष्टा और १२. विष्णु ये १२ आदित्यों के नाम हैं।
कश्यप ने इनमें से इन्द्र को ही देवताओं के अधिपत्य के लिये
किया । इसी कारण इन्द्र अपने तेज से समस्त जगत् को व्याप्त
हैं। ॥ ५०-५२ ॥

बलिर्वैरोचनो नाम दानवेन्द्रो महाबलः ॥ ५३ ॥
जहार शक्रस्त्वं देवानवमत्य बलोद्धतः ।
दुर्जयं तं ततो ज्ञात्वा कनिष्ठो विष्णुरव्ययः ॥ ५४ ॥
वर्तमाने मखे तस्य वितते वामनः स्वयम् ।
स ततो द्विजरूपेण पदत्रयमयाचत ॥ ५५ ॥

पूर्वकाल में महाबलवान् विरोचन के पुत्र दानवेन्द्र बलि उत्पन्न हुए।
महाबलवान् बलोद्धत उन बलि ने देवताओं का अपमान कर इन्द्र का
इन्द्रत्व पद भी छीन लिया । तदनन्तर उन बलि को अत्यन्त दुर्जय
समझ कर इन्द्र के छोटे भाई अव्यय विष्णु ने वामन, ब्राह्मण रूप
धारण कर बलि द्वारा किये जाने वाले उनके वर्तमान यज्ञ में तीन पग
भूमि की याचना की ॥ ५४-५५ ॥

वारितोऽपि बलिस्तस्मै तदाश्रुत्य ददौ स्वयम् ।
ततः पदद्वयेनासौ सर्वलोकं जहार ह ॥ ५६ ॥

मना किये जाने पर भी बलि ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार
तीन पद भूमि दान में दे दी । वामन ने केवल दो ही पग में सभी
लोक नाप कर ले लिया ॥ ५६ ॥

अवशिष्टेन पश्चात् तं कृत्वा पातलगोचरम् ।
ततश्च त्रिदशाः सर्वे निर्वृताः सर्व एव हि ॥ ५७ ॥

अवशिष्ट एक पद में उन्होंने बलि को पाताल भेज दिया । ऐसा
करने से सभी देवता सुखी हो गये ॥ ५७ ॥

७. हयग्रीव पुराणकथनम्

पुराणमपि वक्ष्यामि क्रमेण हयशीर्षकम् ।
पुनरेव ततो वेदा ब्रह्मणस्तु हृताः किल ॥ ५८ ॥
ततो हृतेषु वेदेषु ब्रह्मा प्रद्युम्नमाययौ ।

प्रद्युम्नस्तु ततो ज्ञात्वा सवेदं हयशीर्षकम् ॥ ५९ ॥

अब हयशीर्ष पुराण कहता हूँ । ब्रह्मा के यहाँ से वेद दूसरी बार भी
हरण कर लिया गया । वेदों के अपहरण हो जाने पर ब्रह्मा प्रद्युम्न के
पास गये । तब प्रद्युम्न ने जान लिया कि वेदों का अपहरण करने वाला
हयशीर्ष है ॥ ५८-५९ ॥

असृजन्मानसं पुत्रं रक्ताङ्गं तु चतुर्भुजम् ।
शङ्खचक्रगदापाणिः स पुनर्हयशीर्षकः ॥ ६० ॥

उन्होंने रक्त वर्ण वाले, चतुर्भुज हाथ में शङ्ख, चक्र एवं गदा धारण
करने वाले हयशीर्ष को अपने मानस पुत्र के रूप में उत्पन्न किया ॥ ६० ॥

समुद्रेणोत्तरे स्थित्वा वेदानध्यापयच्च तम् ।
तस्मादधीतवेदोऽसौ ब्रह्मा ब्रह्मविदां वरः ॥ ६१ ॥
कृतार्थस्तं प्रणम्याशु वैराजमगमत् पदम् ।
ततश्च कापिलं वक्ष्ये पुराणमृषिसत्तमाः ॥ ६२ ॥

हयशीर्ष ने समुद्र के उत्तर तट पर स्थित होकर ब्रह्मदेव को
वेद पढ़ाया । वेदज्ञों में श्रेष्ठ ब्रह्मदेव उनसे वेद पढ़कर कृतार्थ हो
वैराजपद प्राप्त कर लिया । अब हे ऋषिसप्तमो! कापिल
पुराण कहता हूँ ॥ ६१-६२ ॥

८. विष्णोः कापिलरूपकथनम्

ततो नष्टेषु सर्वेषु ज्ञानेषु द्विजसत्तमाः ।
जग्मुः सङ्कर्षणं देवं तत्प्रतीकारचिन्तया ॥ ६३ ॥
सङ्कर्षणस्ततो देवः ससर्ज कपिलं हरिम् ।
स पुनर्भगवान् ज्ञानं सांख्यं नाम महामतिः ॥ ६४ ॥

जब सभी ज्ञान नष्ट हो गये तब उसके प्रतीकार की चिन्ता से सभी
ऋषि सङ्कर्षण देव के पास गये । तब सङ्कर्षण ने कपिल नामक
हरि को उत्पन्न किया । उन महामतिमान् भगवान् कपिल ने सांख्य
नामक ज्ञान को उत्पन्न किया ॥ ६३-६४ ॥

व्याचष्ट भगवान् सर्वं पातालतलमाश्रितः ।

उन्होंने ज्ञानों को फिर पाताल तल में रहते हुये भी उन महर्षि कपिल
ने व्याख्या की ॥ ६५ ॥

एवं ज्ञानसमायुक्ताः सेश्वराश्च सुरेश्वराः ॥ ६५ ॥
तेन ज्ञानेन देवास्तु योजिताश्च यथाविधि ।

इस प्रकार ईश्वर सहित समस्त सुरेश्वर ज्ञान संपन्न हो गये । ज्ञान से यथाविधि देवताओं को भी संयुक्त कर दिया ॥ ६५-६६ ॥

९. जामदग्न्याख्यपुराणकथनम्

पुराणं जामदग्न्याख्यं कथयामि यथातथम् ॥ ६६ ॥
सङ्कर्षणस्तु भगवान् हेतुना केनचित् पुरा ।
जमदग्निसुतो भूत्वा चचार पृथिवीमिमाम् ॥ ६७ ॥

अब जामदग्न्य नामक पुराण जैसा है वैसा कह रहा हूँ । भगवान् सङ्कर्षण पूर्वकाल में किसी कारणवश जमदग्नि के पुत्र परशुराम अवतार बनकर पृथ्वी पर विचरण करने लगे ॥ ६६-६७ ॥

तस्मिंश्चरति रामे तु दानवाः सर्व एव हि ।
पृथिव्यां क्षत्रिया भूत्वा चेरुर्बलसमन्विताः ॥ ६८ ॥

पृथ्वी पर उनके सञ्चरण काल में सभी दानव क्षत्रिय बन बलवान् होकर सारी पृथ्वी में विचरण करने लगे ॥ ६८ ॥

तान् सर्वान् हन्तुकामोऽसौ निमित्तीकृत्य हैहयम् ।
परश्वेन स तान् सर्वांश्चिच्छेद बलगर्वितान् ॥ ६९ ॥

भगवान् सङ्कर्षण ने हैहय को निमित्त बनाकर बलगर्वित उन सभी क्षत्रियों को परशु से मार डाला ॥ ६९ ॥

निहत्य क्षत्रियान् सर्वानाग्नेयीं दिशमाश्रितः ।
पुराणं चापि काकुत्स्थं कथयामि यथातथम् ॥ ७० ॥

इस प्रकार सभी क्षत्रियों का वध कर वे परशुराम आग्नेयी दिशा में स्थित हो गये । अब काकुत्स्थ पुराण जैसा है उसे उसी रूप में कह रहा हूँ ॥ ७० ॥

१०. काकुत्स्थपुराणकथनम्

देवास्तु राक्षसेन्द्रेण रावणेन बलात्कृताः ।
तामाज्ञां व्यचरत् कृत्वा ततः साकेतवासिनः ॥ ७१ ॥
गृहीत्वाभ्यागमत् तुष्टस्ततः पश्चिमदक्षिणम् ।
ततः स्वर्गान्तरं कृत्वा तेषां तु हितकाम्यया ॥ ७२ ॥

निवृत्तः स यथाकामं भगवानभवत् पुनः ।

... रावण द्वारा सभी देवता बलपूर्वक जब निगृहीत कर लिये ... उनकी आज्ञा मानकर वह वहाँ से जाकर अयोध्यावासियों को ... । फिर भगवान् राम साकेतवासियों के हित के लिये दूसरा ... वहाँ उन्हें स्थापित किया और वहाँ से निवृत्त होकर भगवान् ... ॥ ७१-७३ ॥

(... ३.७१ के बाद ग्रन्थ लुप्त हो गया है)

११. सात्त्वतपुराणकथनम्

पुराणं सात्त्वतं वक्ष्ये यथावत् तन्निबोधत ॥ ७३ ॥
हतास्तु दानवाः सर्वे समरे तारकामये ।
ते भूमौ तु समुत्पन्नाः सर्वे विष्णुभयार्दिताः ॥ ७४ ॥

अब मैं सात्त्वत पुराण जैसा है उसे उसी रूप में कह रहा हूँ उसे ... । जब तारकासुर संग्राम में सभी दानव मारे गये तब वे विष्णु ... से पृथ्वी पर पुनः उत्पन्न हो गये ॥ ७४ ॥

तांस्तु वोढुमशक्ताभूरतः श्रमनिपीडिता ।
तत्प्रतीकारबुद्ध्या तु वासुदेवं सनातनम् ॥ ७५ ॥
अगमद्वसुधा देवं शरणं शरणार्थिनी ।

... उनके अत्याचार के श्रम से निपीड़ित होकर उन्हें वहन करने ... असमर्थ हो गई । तब उनका प्रतीकार करने की इच्छा से शरण ... करने की कामना से पृथ्वी सनातन देवाधिदेव वासुदेव के शरण में ... ॥ ७५-७६ ॥

तां दृष्ट्वा भारदुःखार्तां भगवान् भक्तवत्सलः ॥ ७६ ॥
भारावतरणार्थं च धर्मं स्थापयितुं भुवि ।
वसुदेवसुतो भूत्वा देवक्यां समजायत ॥ ७७ ॥

भक्तवत्सल भगवान् भार से दुःखी पृथ्वी को देखकर उसका भार ... करने के लिये एवं धर्म की संस्थापना के लिये वसुदेव पुत्र कृष्ण बन ... देवकी में उत्पन्न हो गये ॥ ७६-७७ ॥

ततः सर्वासुरान् भूमौ क्षत्रजन्मन्यवस्थितान् ।
योधयित्वा निहत्याशु भूमेर्भारमपानयत् ॥ ७८ ॥

तदनन्तर उन्होंने उन सभी असुरों को जो क्षत्रियकुल में [illegible] पृथ्वी में अवतीर्ण हुये थे युद्ध में उनका वध कर पृथ्वी का [illegible] दिया ॥ ७८ ॥

सात्त्वतपुराणस्य नामनिर्वचनकथनम्

स पुनः सात्त्वते यस्मात् कुले जातः सुरेश्वरः ।
तस्मात्तु सात्त्वतं नाम पुराणं कोविदा विदुः ॥ ७९ ॥

यतः सुरेश्वर पृथ्वी का भार उतारने के लिये पुनः सात्वत कुल में उत्पन्न हुये । इसलिये विद्वान् लोग उनसे सात्वत पुराण की [illegible] कहते हैं ॥ ७९ ॥

सात्त्वतसंज्ञाविवेचनम्

उपदिष्टं पञ्चरात्रं तेन लोकहितैषिणा ।
आहुकांस्तु समुद्दिश्य तेन सात्त्वतमुच्यते ॥ ८० ॥

उन्होंने आहुकों को उद्देश्य बनाकर लोक के हित की इच्छा से पञ्चरात्र आगम का उपदेश किया । इसलिये भी इन्हें सात्वत कहा जाता है ॥ ८० ॥

वैष्णवानां भेदकथनम्

ये तस्य शिष्यास्तद्भक्तास्ते सर्वे सात्त्वताः स्मृताः ।
केचित् तान् सात्त्वतानाहुः केचिद्भागवतान् विदुः॥८१॥
केचिच्च वैष्णवानाहुः केचित् तान पाञ्चरात्रिकान् ।
इति नाम्ना तु भेदेन दीक्षिता वैष्णवाः स्मृताः ॥ ८२ ॥

उपदेश के कारण उनके जो शिष्य और भक्त हुये हैं उन्हें भी 'सात्त्वत' कहा जाता है । कोई उन्हें भागवत कहते हैं, कोई उन्हें वैष्णव कहते हैं और कोई उन्हें पाञ्चरात्रिक कहते हैं । इस प्रकार उन दीक्षित वैष्णवों के नाम भेद हैं ॥ ८१-८२ ॥

पूजयन्ति महाविष्णुं सदाविष्णुपरायणाः ।
एवं पुराणं सर्वं वः कथितं सात्त्वतं मया ॥ ८३ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे पुराणाध्यायस्तृतीयः ॥ ३ ॥

[illegible] विष्णु परायण होकर सदा महाविष्णु की पूजा करते हैं । इस [illegible] समस्त सात्वत पुराण कहा गया है ॥ ८३ ॥

[illegible] सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्रात्र के पुराणा-[illegible] नामक तृतीय अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ३ ॥

इन्द्ररात्रे
चतुर्थोऽध्यायः
यागविधिः

सनत्कुमार उवाच—

अथ यागं प्रवक्ष्यामि यथावर्णानुपूर्वशः ।

सनत्कुमार ने कहा—अब वर्णों के क्रम के अनुसार याग को कहता हूँ ॥ १ ॥

वर्णानुसार दीक्षाकालकथनम्

ब्राह्मणः प्रविशेद् दीक्षां वासन्ते चक्रमण्डले ॥ १ ॥
वासन्तो ब्राह्मणो ज्ञेयो ब्रह्मयोनिर्विशेषतः ।
तस्माद्वसन्ते यष्टव्यं ब्राह्मणेन विजानता ॥ २ ॥

१. ब्राह्मण दीक्षा के लिये वसन्तकाल में चक्रमण्डल में प्रवेश करे। ब्राह्मण को ही विशेषकर 'ब्रह्मयोनि' वासन्त समझना चाहिये। अतः विद्वान् ब्राह्मण को वसन्त में ही दीक्षा यज्ञ करना चाहिये ॥ २ ॥

ग्रीष्मे तु प्रविशेद् दीक्षां क्षत्रियश्चक्रमण्डले ।
ग्रैष्मस्तु क्षत्रियो ज्ञेयः क्षत्रयोनिर्विशेषतः ॥ ३ ॥

२. क्षत्रिय ग्रीष्म काल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। क्षत्रिय को ग्रैष्म दीक्षाकाल समझना चाहिये । विशेषकर जब वह 'क्षत्रयोनि' हो ॥ ३ ॥

शरदि प्रविशेद् दीक्षां वैश्यो वै चक्रमण्डले ।
वैश्यस्तु शारदो ज्ञेयो वैश्ययोनिः प्रकीर्त्यते ॥ ४ ॥

३. वैश्य शरत्काल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे। वैश्य को ही शारद दीक्षाकाल समझना चाहिये । विशेष कर जब 'वैश्ययोनि' हो ॥ ४ ॥

हेमन्ते प्रविशेद् दीक्षां सच्छूद्रश्चक्रमण्डले ।

शूद्रश्चैव तु हैमन्तः शूद्रयोनिः प्रकीर्त्यते ॥ ५ ॥

४. सच्छूद्र हेमन्त में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे । शूद्र को हैमन्त दीक्षाकाल समझना चाहिये । विशेषकर जब वह 'शूद्र योनि' हो ॥ ५ ॥

स्त्रीजनस्य दीक्षाकालकथनम्

वर्षासु प्रविशेद्दीक्षां स्त्रीजनश्चक्रमण्डले ।
वर्षा स्त्री चेति विज्ञेया स्त्रीयोनिश्चेति कीर्तिता ॥ ६ ॥

स्त्रीजन वर्षाकाल में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे । स्त्री को वर्षा समझना चाहिये यदि वह शूद्र योनि कही जाती है ॥ ६ ॥

सूतजनस्य दीक्षाकालकथनम्

शिशिरे प्रविशेद् दीक्षां सूतो वै चक्रमण्डले ।
सूतस्तु शैशिरो ज्ञेयः सूतयोनिस्तु कीर्तितः ॥ ७ ॥

सूत शिशिर में दीक्षा के लिये चक्रमण्डल में प्रवेश करे । सूत को शैशिर दीक्षाकाल समझना चाहिये । यदि वह सूत योनि वाला कहा जाता है ॥ ७ ॥

दीक्षाकाले वर्ज्यविशेषकथनम्

दीक्षामथानुलोम्येन प्रविशेत् सर्व एव हि ।
वर्जयेत् प्रतिलोमं तु पातनीयं न संशयः ॥ ८ ॥

१. अनुलोम वर्ण वाले सभी दीक्षा में प्रवेश करें । आचार का पतन करने वाले प्रतिलोम वर्ण वालों को दीक्षा में वर्जित करे ॥ ८ ॥

स्त्रीणां चैव तु शूद्राणां सूतानां च यथाक्रमम् ।
स एव कालो निर्दिष्टो विपरीतं तु वर्जयेत् ॥ ९ ॥

२. स्त्री, शूद्र और सूतों के लिये क्रमानुसार दीक्षा के लिये वही काल ही निर्दिष्ट है उससे विपरीत अन्य काल उन्हें वर्जित करना चाहिये ॥ ९ ॥

सर्वेषु च द्विजातीनां सर्वेषां सा प्रशस्यते ।
प्रोक्तं तन्मण्डलाध्याये ब्रह्मरात्रे यथाविधि ॥ १० ॥

सभी द्विजातियों के लिये सभी काल प्रशस्त है । यह बात ब्रह्मरात्र के मण्डलाध्याय में यथाविधि कह दिया गया है ॥ १० ॥

सर्वमेव सविस्तारं यागमण्डपलक्षणम्।
मण्डलस्य प्रकारं तु तत्रैव कथितं मया ॥ ११ ॥

यागमण्डप का लक्षण और मण्डल का प्रकार आदि सभी कुछ … पर विस्तार के साथ कह दिया गया है ॥ ११ ॥

सकलं विकलं चैव निष्कलं च यथाविधि।
यागभेदत्रयं चापि तत्रैव कथितं मया ॥ १२ ॥

याग के १. सकल २. विकल और ३. निष्कल इन तीनों भेदों … भी यथाविधि वहीं कह दिया गया है ॥ १२ ॥

दीक्षाध्याये च दीक्षाया ब्रह्मरात्रे मया कृतम्।
एवं सर्वं समालोक्य सर्वमन्त्रविचक्षणः ॥ १३ ॥
कारयेन्मण्डपं चापि मण्डलं च विचक्षणः।
दीक्षां चापि तथा कुर्याद्विशेषं कथयामि वः ॥ १४ ॥

ब्रह्मरात्र के दीक्षाध्याय में दीक्षा विधि भी कह दिया गया है। मन्त्रशास्त्र का विचक्षण साधक वहाँ इन सभी बातों को देखकर … और मण्डल का निर्माण करावे और दीक्षा भी वैसे ही देवे। यहाँ कुछ विशेष बातें आप लोगों से कहता हूँ ॥ १३-१४ ॥

दीक्षाविषये विशेषकथनम्

रजो वर्णानुपूर्व्येण केचिदिच्छन्ति पण्डिताः।
केचित् पूर्वोक्तविधिना रजो यागे प्रचक्षते ॥ १५ ॥

रजो याग में कोई-कोई पण्डित वर्णानुपूर्वी (वर्ण के अनुसार) रज का प्रयोग मानते हैं। कोई पूर्वोक्त विधि के अनुसार रज का प्रयोग कहते हैं ॥ १५ ॥

रजः स्वमेव शस्तं स्यात् प्रथमे यागकर्मणि।
आनुलोम्यं प्रशस्तं स्यात् प्रातिलोम्यं तु वर्जयेत् ॥ १६ ॥

प्रथम याग कर्म में रज अपने आप प्रशस्त होना चाहिये क्योंकि आनुलोम्येन रज का प्रयोग प्रशस्त कहा गया है। किन्तु प्रतिलोम रज सर्वथा वर्जित करे ॥ १६ ॥

स्तोमादौ मिश्रितं कुर्यान्महेन्द्रस्य मतं तथा।
अष्टौ तु कल… …न्तर्ये प्रतिष्ठिताः ॥ १७ ॥

…(सामूहिक) याग में मिश्रित रज का प्रयोग करे जैसा कि …संहिता का मत है। इसमें चार द्वारों के आन्तर्य में आठ कलश …स्थापित करना चाहिये ॥ १७ ॥

शतं तु दक्षिणा चात्र श्वेताश्वश्चापि दक्षिणा।
ततः स्त्रीशूद्रसूतानां कृष्णमेव रजः स्मृतम् ॥ १८ ॥

…सौ दक्षिणा और श्वेताश्व की दक्षिणा कही गई है। स्त्री, शूद्र …सूत के लिये कृष्ण रज का प्रयोग कहा गया है ॥ १८ ॥

पश्चाद्भागवतानां च दक्षिणा शतमेव हि।
एषां सकलयागे तु दक्षिणा समुदाहृता ॥ १९ ॥

…दीक्षा के पश्चात् भागवतों के लिये सौ की ही दक्षिणा कही गई है। …याग में यही दक्षिणा उद्धृत की गयी है ॥ १९ ॥

अश्वस्तु विकले प्रोक्तो निष्कले वस्त्रमेव तु।
कलशाः सर्वदा याग आसनं शयनं तथा ॥ २० ॥

…विकलयाग में अश्व और निष्कलयाग में केवल वस्त्र की दक्षिणा …गई है। इस याग में कलश एवं आसन और शयन सर्वदा विहित … ॥ २० ॥

१. स्तोमयागकथनम्

याग एष मया प्रोक्तः स्तोमं तु कथयामि वः।
मिश्रं तत्र रजःपातं कुर्यात् तन्त्रविचक्षणः ॥ २१ ॥

…याग हमने कह दिया। अब आप लोगों से स्तोम याग कह… इसमें तन्त्रवेत्ता मिश्रित रजः पात करे ॥ २१ ॥

कुर्याद्वा दशकुम्भं तु बहिरावरणाद्बहिः।
प्राच्यां कलशयोर्मध्ये वाराहासनमुत्तमम् ॥ २२ ॥

…आवरण के बाहर दस कुम्भ स्थापित करे। पूर्व में दोनों …के मध्य में वराह के लिये उत्तम आसन प्रदान करे ॥ २२ ॥

नारसिंहासनं चाथ दक्षिणस्यां विधीयते।
पश्चिमायां ततः कुर्याच्छ्रीधरासनमुत्तमम् ॥ २३ ॥

…दिशा में नारसिंह के लिये आसन तथा पश्चिम दिशा में …के लिये श्रेष्ठ आसन स्थापित करे ॥ २३ ॥

हयवक्त्रासनं कुर्यादुत्तरस्यां यथाविधि ।
ततश्चाभिमुखाः स्थाप्याश्चत्वारो दीक्षिता क्रमात् ॥ २४ ॥

उत्तर में यथाविधि हयग्रीव के लिये आसन स्थापित करे । इसके बाद चार दीक्षित वैष्णव उनके सामने क्रमशः स्थापित करे ॥ २४ ॥

दर्भासने समासीना जपन्तो द्वादशाक्षरम् ।
नवाम्बरधराः सर्वे बद्धोष्णीषाः पृथक् पृथक् ॥ २५ ॥

ये चारो दीक्षित वैष्णव दर्भासन पर बैठ कर द्वादशाक्षर मन्त्र का जप करे । सभी वैष्णव नवीन वस्त्र पहने हों, शिर उष्णीश (पगड़ी) से आवेष्टित हों और पृथक्-पृथक् रहें ॥ २५ ॥

पूर्वोक्ता द्विगुणा चात्र दक्षिणा समुदाहृता ।
आचार्यः पादुके दद्याच्छिष्याय श्रद्धयान्वितः ॥ २६ ॥

यहाँ पहले कही गई दक्षिणा से दूनी दक्षिणा कही गई है । आचार्य श्रद्धापूर्वक शिष्य के लिये पादुका प्रदान करे ॥ २६ ॥

२. महायागविधिकथनम्

स्तोम एष मया प्रोक्तो महायागं ब्रवीमि वः ।
स्तोमवन्मण्डलं कुर्यात् बहिरावरणं ततः ॥ २७ ॥

यहाँ तक स्तोम याग की विधि कही गयी है । अब आप लोगों से महायाग की विधि कहता हूँ । सोम मण्डल के समान ही बाहरी आवरण का निर्माण करे ॥ २७ ॥

चतुर्विंशतिसंख्याताः कलशाः पूर्वलक्षणाः ।
बहिस्तृतीयावरणात् पूर्ववद् द्वादशैव तु ॥ २८ ॥
अन्तस्तृतीयावरणात् तथैव द्वादशैव तु ।
आसनं पूर्ववत् कुर्याच्चतुर्दिक्षु यथाविधि ॥ २९ ॥

इस याग में पहले कहे गये लक्षणों से युक्त चौबिस कलश होने चाहिये । तृतीय आवरण से बाहर क्रमशः द्वादश कलश तथा तृतीय आवरण के भीतर भी द्वादश कलश स्थापित करना चाहिये । फिर पूर्ववत् चारो दिशाओं में यथाविधि चार आसन स्थापित करे ॥२८-२९॥

कोणेषु च तथा कुर्यादासनानि यथाक्रमम् ।
आग्नेये जामदग्नीयं भवेदासनमुत्तमम् ॥ ३० ॥

इसी प्रकार कोणों में भी यथाक्रम आसन स्थापित करे । आग्नेय में जामदग्नीय आसन होना चाहिये ॥ ३० ॥

नैर्ऋत्यां चैव रामस्य वायव्यां वामनस्य च ।
ईशाने वासुदेवस्य भवेदासनमुत्तमम् ॥ ३१ ॥

नैर्ऋत्य में राम का, वायव्य में वामन का तथा ईशान में भगवान् वासुदेव का आसन होना चाहिये ॥ ३१ ॥

अत्र भागवतालाभे दिक्ष्वेवंविधकर्मणि ।
कुर्याद् दर्भ पवित्रं वा केवलासनमेव वा ॥ ३२ ॥

इस याग में यदि भगवद् भक्त वैष्णव प्राप्त हों तब इस कर्म में दर्भ पवित्र अथवा केवल आसन ही स्थापित करे ॥ ३२ ॥

कलशस्त्वेक एव स्याद्वासुदेवस्य मण्डले ।
अष्टदिक्षु तथा चाष्टौ स्युर्नारायणमण्डले ॥ ३३ ॥

वासुदेव मण्डल में केवल एक ही कलश रखें । नारायण मण्डल के आठों दिशाओं में आठ कलश स्थापित करे ॥ ३३ ॥

तृतीयावरणादेव तदा चाष्टौ प्रकीर्तिताः ।
आसनानि यथापूर्वमत्राप्यासु च दिक्षु च ॥ ३४ ॥
दक्षिणां त्रिगुणां दद्यादश्वमेकं तथैव च ।
चतुर्थावरणं चात्र न कदाचन विद्यते ॥ ३५ ॥

तृतीय आवरण में आठ कलश कहे गये हैं । यहाँ भी पूर्व की भाँति चारो दिशाओं में चार आसन स्थापित करे । यहाँ पहले से तिगुनी दक्षिणा तथा एक अश्व दक्षिणा है । यहाँ कोई चौथा आवरण कदापि नहीं है ॥ ३४-३५ ॥

दद्याच्छतं तु शिष्याय पूर्ववत् पादुके तथा ।
चक्रवर्ती भवेन्नाम्ना महायागे तु दीक्षितः ॥ ३६ ॥

इसमें आचार्य शिष्य को पूर्व की भाँति १०० दक्षिणा तथा पादुका (खड़ाऊं) प्रदान करे । तब इस महायाग में दीक्षित वह शिष्य चक्रवर्ती नाम वाला वैष्णव हो जाता है ॥ ३६ ॥

३. अध्वरयागकथनम्

महायाग इति प्रोक्तः प्रवक्ष्याम्यध्वरं ततः ।

अन्तर्द्वितीयावरणात् तथैव कलशा अपि ॥ ३७ ॥
पूर्वोक्ताश्च तथा स्थाप्या आसनादीनि कारयेत् ।
रजःपातं तथा कुर्याद् दक्षिणा पूर्ववत् तथा ॥ ३८ ॥

यहाँ तक महायाग कहा गया है । अब इसके बाद [illegible] कहता हूँ । द्वितीय आवरण के भीतर पूर्ववत् कलश स्थापित करे । पूर्ववत् आसनादि भी स्थापित करे । उसी प्रकार रजःपात करे । पूर्ववत् दक्षिणा भी देवे ॥ ३७-३८ ॥

अभिषेकं तु शिष्याय दद्यादासनमेव तु ।
अभिषिक्त इति प्रोक्तः सोऽध्वरे दीक्षितो नरः ॥ ३९ ॥

आचार्य शिष्य का अभिषेक करे और उसे आसन प्रदान करे । [illegible] प्रकार अध्वर में दीक्षित मनुष्य साधक 'अभिषिक्त' नाम वाला है ॥ ३९ ॥

अध्वरस्तु मया प्रोक्तः सवं तु कथयामि वः ।
प्रथमावरणादन्तः कलशान् पूर्ववन्न्यसेत् ॥ ४० ॥
तोरणेषु बहिर्द्वारि तथैवाष्टौ तु विन्यसेत् ।
रत्नगर्भाः सवस्त्रास्तु सर्वे तु कलशाः स्मृताः ॥ ४१ ॥

यहाँ तक हमने 'अध्वर' कहा है । अब आप लोगों से 'सव' [illegible] हूँ । प्रथम आवरण के भीतर पूर्ववत् कलश स्थापित करे । [illegible] के तोरण पर उसी प्रकार आठ कलश स्थापित करे । उन [illegible] भीतर रत्न होना चाहिये तथा बाहर से उनको वस्त्र से परिवेष्टित [illegible] चाहिये ॥ ४०-४१ ॥

सहस्रं दक्षिणा चात्र दद्यादष्टोत्तरं तथा ।
किरीटाकारमुष्णीषं नववस्त्रमयं तथा ॥ ४२ ॥
शिष्याय दद्यादाचार्यस्तथा क्षौममयं तु वा ।
गुरुर्नाम भवेच्छिष्यो दीक्षितश्च भवेत्तु यः ॥ ४३ ॥

इसमें एक हजार आठ दक्षिणा है । आचार्य शिष्य को किरीट [illegible] आकार का नवीन वस्त्रमय उष्णीश (पगड़ी) तथा पीताम्बर प्रदान [illegible] इस प्रकार दीक्षा 'सव' में उस दीक्षित शिष्य का प्रदत्त नाम गुरु [illegible] जाता है ॥ ४२-४३ ॥

४. क्रतुकथनम्

सवश्चैव समाख्यातः क्रतुं च कथयामि वः ।
शुक्लेन रजसा सर्वं मण्डलं तु प्रवर्तयेत् ॥ ४४ ॥

[illegible] तक 'सव' कहा गया है । अब 'क्रतु' याग के विषय में [illegible] । प्रथमतः समस्त यज्ञ मण्डल शुक्लवर्ण के रज से सुशोभित [illegible] ॥ ४४ ॥

पूर्ववत् कलशान् सर्वान् स्थापयित्वा यथाविधि ।
दक्षिणां पूर्ववद् दद्यात् सवे प्रोक्ता तु या मया ॥ ४५ ॥
ततश्च दक्षिणावर्तं शङ्खं शिष्याय दापयेत् ।
क्रतौ तु दीक्षितस्त्वेवमाचार्यः परिकीर्तितः ॥ ४६ ॥

[illegible] पूर्व की भाँति सभी कलश यथाविधि स्थापित कर 'सव' में [illegible] पूर्ववत् दक्षिणा देवे । गुरु आचार्य शिष्य को दक्षिणावर्त्त शङ्ख [illegible] । इस प्रकार क्रतु में दीक्षित शिष्य का नाम 'आचार्य' हो [illegible] ॥ ४५-४६ ॥

५. हरिस्तोमकथनम्

एवं क्रतुर्मया प्रोक्तो हरिस्तोमं ब्रवीमि वः ।
लोहजं च रजश्चात्र कलशा लोहसंभवाः ॥ ४७ ॥

[illegible] तक क्रतु के विषय में कहा गया है । अब 'हरिस्तोम' आप [illegible] कहता हूँ । इसमें लोह का रज (चूर्ण) और लौह निर्मित [illegible] होना चाहिये ॥ ४७ ॥

पालिका लोहजाश्चैव क्षौमं वै वस्त्रकर्मणि ।
एवं वितानके चापि सर्वे क्षौममयाः स्मृताः ॥ ४८ ॥

[illegible] की पालिका (गमला) तथा वस्त्र पीताम्बर होना चाहिये । इसी [illegible] भी पीत वर्ण का क्षौममय होना चाहिये ॥ ४८ ॥

क्षौमवासा गुरुश्चैव शिष्याश्चैव तथाविधाः ।
शिष्याश्चैव तथाचार्याः सर्वाभरणभूषिताः ॥ ४९ ॥

[illegible] पीताम्बर धारण करें और शिष्य भी उसी प्रकार पीताम्बर [illegible] । शिष्य और आचार्य दोनों को ही सर्वाभरणभूषित होना [illegible] ॥ ४९ ॥

सहस्रं दक्षिणाचार्ये भक्तेषु च शतं शतम् ।
आत्मीयाभरणं सर्वमाचार्याय निवेदयेत् ॥ ५० ॥

इस यज्ञ में आचार्य की दक्षिणा एक सहस्र कही गयी है ... की दक्षिणा सौ-सौ कही गई है । शिष्य अपना सभी आभरणादि ... को प्रदान करे ॥ ५० ॥

ग्रामयानासनादीनि यथाशक्ति निवेदयेत् ।
भगवानिति विख्यातो हरिस्तोमे तु दीक्षितः ॥ ५१ ॥

इतना ही नहीं अपनी शक्ति के अनुसार ग्राम, यान (वाहन) ... आसन भी निवेदित करे । इस प्रकार हरिस्तोम याग में दीक्षित ... का नाम 'भगवान्' हो जाता है ॥ ५१ ॥

शङ्खचक्रगदापाणिः पीतवासा हविष्यभुक् ।
अतः परं न यागस्तु हरिस्तोमाद्विशिष्यते ॥ ५२ ॥

वह हाथ में शङ्ख, चक्र और गदा धारण करे । पीतवस्त्र ... हविष्य भोजन करे । हरिस्तोम से बढ़कर और कोई विशिष्ट याग नहीं है । यही सबसे विशेष है ॥ ५२ ॥

हरिस्तोमस्य फलकथनम्

सर्वपापविनिर्मुक्तः पदं गच्छति वैष्णवम् ।

वह हरिस्तोम याग दीक्षित साधक सभी पापों से मुक्त हो जाता है और 'वैष्णव' पद प्राप्त करता है ।

यागे तु समयी ज्ञेयः स्तोमे वै दीक्षितः स्मृतः ॥ ५३ ॥
चक्रवर्ती महायागे अध्वरे चाभिषिक्तकः ।
सवे चैव गुरुः प्रोक्त आचार्यः स्तोमतो भवेत् ॥ ५४ ॥
भगवांस्तु हरिस्तोमे फलं दशगुणोत्तरम् ।

इस प्रकार

१. याग में दीक्षित शिष्य की 'समयी' संज्ञा होती है ।

२. स्तोम में 'दीक्षित' संज्ञा है ।

३. महायाग में दीक्षित की 'चक्रवर्ती' संज्ञा है ।

४. अध्वर में दीक्षित की 'अभिषिक्त' संज्ञा है ।

... याग में दीक्षित की 'गुरु' संज्ञा हो जाती है और ... में दीक्षित की 'आचार्य' संज्ञा होती है । ७. हरि स्तोम ... शिष्य की 'भगवान्' संज्ञा कही गयी है ॥ ५३-५५॥

संक्षेपात् सप्त यागास्तु कथिता वः समासतः ॥ ५५ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे
यागविधिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

... फल दश गुणित कहा गया है । इस प्रकार संक्षेप में सात ... गया है ॥ ५३-५५ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के
यागविधि नामक चतुर्थ अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर
मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर
मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ४ ॥

इन्द्ररात्रे

पञ्चमोऽध्यायः

परिवाराध्यायः

सनत्कुमार उवाच—

परिवारान् प्रवक्ष्यामि यथाहेन्द्रः पुरा मम ।

सनत्कुमार ने कहा—अब मैं विष्णु के परिवारों के विषय में कहता हूँ । जैसा कि इन्द्र ने मुझसे कहा था ॥ १ ॥

त्रिविधाः परिवारास्तु तन्त्रेऽस्मिन् कथिता मया ॥
अर्चितस्य तु देवस्य विष्णोर्नारायणस्य हि ।
उत्तमा मध्यमाश्चापि अधमा इति भेदतः ॥ २ ॥

इस तन्त्र में विष्णु के तीन प्रकार के परिवार कहे गए हैं । अर्चित विष्णु नारायण देवता के परिवार के १. उत्तम, २. मध्यम और ३. अधम तीन भेद कहे गए हैं ॥ १-२ ॥

नारायणस्योत्तमपरिवारकथनम्

अतः पूर्वं प्रवक्ष्यामि स्थितस्य परमेष्ठिनः ।
ब्रह्मा तु दक्षिणे पार्श्वे वामपार्श्वे सदाशिवः ॥ ३ ॥

इसके बाद सर्वप्रथम परिवार के स्थित (खड़े रहने वाले) विष्णु के उत्तम परिवार को कहता हूँ । दक्षिणपार्श्व में ब्रह्मा और वामपार्श्व में सदाशिव को स्थापित करे ॥ २-३ ॥

चन्द्रार्कौ पृष्ठतः कार्यौ दक्षिणोत्तरपार्श्वयोः ।
तथा चामरहस्ते तु लक्ष्मीः श्रीरिति पृष्ठतः ॥ ४ ॥

दक्षिण उत्तर पार्श्व में क्रमशः चन्द्रमा और सूर्य को स्थापित करे । फिर चामर हाथ में लिये हुये लक्ष्मी और श्री को पीछे की ओर स्थापित करे ॥ ४ ॥

अर्चनापीठपार्श्वे तु मार्कण्डेयो मही तथा ।

उत्तमास्तु परीवाराः स्थितस्यैते प्रकीर्तिताः ॥ ५ ॥

अर्चनापीठ के पार्श्व में मार्कण्डेय और पृथ्वी को स्थापित करे । स्थित (खड़े) रहने वाले विष्णु नारायण के उत्तम परिवार को कहा गया ॥ ५ ॥

२, ३. नारायणस्य मध्यमाधमपरिवारकथनम्

महेश्वरविहीनास्तु मध्यमाः परिकीर्तिताः ।
ब्रह्मरुद्रेन्दुसूर्यैस्तु विहीनाश्चाधमाः स्मृताः ॥ ६ ॥

ब्रह्मा और सदाशिव से रहित मध्यम परिवार कहे जाते हैं तथा ब्रह्मा, रुद्र, चन्द्रमा और सूर्य से रहित अधम परिवार कहे जाते हैं ॥ ६ ॥

१. आसीनस्थस्योत्तमपरिवारकथनम्

आसीनस्य प्रवक्ष्यामि परिवारान् हरेः प्रभोः ।
दक्षस्तु दक्षिणे पार्श्वे वामपार्श्वे मनुस्तथा ॥ ७ ॥

अब आसीन (बैठे हुये) विष्णु प्रभु के परिवारों को कहता हूँ । दक्षिणपार्श्व में दक्ष तथा वामपार्श्व में मनु को स्थापित करे ॥ ७ ॥

चामरव्यग्रहस्ते तु रतिश्चैव सरस्वती ।
भित्तिभागे तु कर्तव्यौ चन्द्रादित्यौ तथोपरि ॥ ८ ॥

हाथ में चामर लिये हुये रति और सरस्वती भित्ति भाग में निर्माण करे तथा ऊपर चन्द्रमा और सूर्य का निर्माण करे ॥ ८ ॥

भृगुश्च नारदश्चैव अर्चनापीठपार्श्वयोः ।
आसीनस्य परीवारा उत्तमाः परिकीर्तिताः ॥ ९ ॥

अर्चनापीठ के पार्श्व में भृगु और नारद का निर्माण करे । यहाँ तक आसीन विष्णु के उत्तम परिवार को कहा गया ॥ ९ ॥

२. आसीनस्य मध्यम परिवारकथनम्

मनुदक्षविहीनास्तु मध्यमाः परिकीर्तिताः ।

इनमें द्वारा मनु और दक्ष से विहीन मध्यम परिवार कहा गया है ।

३. आसीनस्याधमपरिवारकथनम्

मनुदक्षेन्दुसूर्यैस्तु विहीनाश्चाधमाः स्मृताः ॥ १० ॥

इनमें द्वारा मनु, दक्ष, चन्द्रमा और सूर्य से विहीन अधम परिवार कहा गया है ॥ १० ॥

स्थितस्य तु परीवाराः स्थिता चैव न संशयः ।
आसीनस्य तथासीनाः परिवाराः प्रकीर्तिताः ॥ ११ ॥

स्थित (खड़े हुये) विष्णु के परिवार को स्थित (खड़ा) ही स्थापित करे । आसीन विष्णु के परिवार को आसीन ही स्थापित करें, ऐसा कहा गया है ॥ ११ ॥

अर्चनापीठपार्श्वस्था आसीना चैव नित्यशः ।
चामरव्यग्रहस्ते तु स्थिते चैव न संशयः ॥ १२ ॥

अर्चनापीठ के पार्श्व में स्थित परिवार प्रत्येक अवस्था में आसीन निर्माण करे । चामर हाथ में लिये परिवार को स्थित (खड़ा) ही स्थापित करे ॥ १२ ॥

सहासनवर्जनकथनम्

सहासने न कुर्वीत विष्णोः किंचिच्च दैवतम् ।
देव एवासने कार्यः परिवारास्त्वनासनाः ॥ १३ ॥

विष्णु के साथ एक आसन पर किसी भी देवता को स्थापित न करे। केवल देव विष्णु ही आसन पर रहें । अन्य परिवार को आसनविहीन स्थापित करें ॥ १३ ॥

सहासनं तु यः कुर्याल्लोभात् किंचिच्च दैवतम् ।
विनाशं प्रतियात्याशु कारकः स्थापकस्तथा ॥ १४ ॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन वर्जयेच्च सहासनम् ।

जो साधक लोभ वश एक ही आसन पर विष्णु के साथ किसी अन्य देवता को स्थापित करते हैं ऐसे कर्त्ता और स्थापक शीघ्र ही विनष्ट हो जाते हैं । इस कारण विष्णु के साथ अन्य का सहासन वर्जित करना चाहिये ॥ १४ ॥

एषामन्यतमं ग्राह्यं यानगे परमेष्ठिनि ॥ १५ ॥
उत्तमाधमयोगेन सर्वथा कर्तुरिच्छया ।

किन्तु भगवान् विष्णु के यान पर स्थित रहने पर इनमें से किसी एक को यान पर स्थापित करे । उत्तम, मध्यम और अधम परिवार में किसी एक को स्थापित करने में कर्त्ता की इच्छा प्रधान है ॥ १५ ॥

बहिः परिवारकथनम्

वक्ष्ये बहिः परीवारान् यथावदनुपूर्वशः ॥ १६ ॥

प्रासादमात्रमर्धं वा तदध्यर्धं तु वा पुनः ।
प्राकारालययोः कुर्यादन्तरं तन्त्रवित्तमः ॥ १७ ॥

अब बाहरी परिवार को यथावत् आनुपूर्वी रूप से कहता हूँ । प्राकार और आलय के मध्य में प्रासाद मात्र अथवा उसका आधा अथवा उसका आधा अन्तर रखे ॥ १७ ॥

अध्यर्धमुत्तमं ज्ञेयं तन्मात्रं मध्यमं स्मृतम् ।
तदर्धमधमं विद्यादन्तरं सालगेहयोः ॥ १८ ॥

प्राकार और गृह में आधे का आधा अन्तर उत्तम कहा गया है । प्रासाद का अन्तर मध्यम है । तन्त्रवेत्ता साधक को प्रासाद का आधा अन्तर अधम समझना चाहिये ॥ १८ ॥

धामगोपुरयोर्मध्ये विधिनैव विभाजिते ।
भागे गोपुरपार्श्वे तु वैनतेयालयं भवेत् ॥ १९ ॥

विधिपूर्वक विभाजित गोपुर और विष्णु धाम के मध्य भाग में गोपुर के पार्श्व में गरुड़ का आलय होना चाहिये ॥ १९ ॥

गोपुरात्तु बहिः पार्श्वे तावन्मानेन भाजिते ।
गोपुरस्य द्वितीयस्य पार्श्वे चक्रालयं भवेत् ॥ २० ॥

उसी मान में विभाजित गोपुर से बाहरी पार्श्व में द्वितीय गोपुर के पार्श्व में चक्रालय होना चाहिये ॥ २० ॥

द्वितीयस्य बहिः पश्चान्मानेनैव विभाजिते ।
गोपुरस्य तृतीयस्य बहिः शङ्खालयं भवेत् ॥ २१ ॥

उसी मान से विभाजित दूसरे गोपुर के बाहर किन्तु तृतीय गोपुर के बाहर शङ्खालय होना चाहिये ॥ २१ ॥

शङ्खगोपुरयोर्यावदन्तरं तस्य बाह्यतः ।
तावद्दूरं तु कुर्वीत बलिपीठं विचक्षणः ॥ २२ ॥

शङ्खालय और गोपुर में जितना अन्तर हो, उससे बाहर, उतनी ही दूरी पर विचक्षण साधक बलि पीठ का निर्माण करे ॥ २२ ॥

उत्तमास्तु परीवारा बहिरावरणे स्मृताः ।
मध्यमं शङ्खहीनं तु चक्रहीनं तथाधमम् ॥ २३ ॥

आवरण से बाहर स्थित उत्तम परिवार कहा गया है । शङ्खालय हीन

मध्यम परिवार है तथा चक्रहीन अधम परिवार कहा गया है ॥ [illegible] ॥

अष्टौ स्युरधमे चैव परिवाराः समन्ततः ।
इन्द्रमग्निं यमं चैव निर्ऋतिं वरुणं तथा ॥ २४ ॥
वायुं सोमं तथेशानमष्टौ कुर्याद्विचक्षणः ।
मध्यमे द्वादशप्रोक्ता परिवाराः समन्ततः ॥ २५ ॥

तन्त्रवेत्ता अधम में चारों ओर आठ परिवार स्थापित करे । १. इन्द्र, २. अग्नि, ३. यम, ४. निर्ऋति, ५. वरुण, ६. वायु, ७. सोम और ८. ईशान, किन्तु तन्त्रवेत्ता साधक मध्यम में चारों ओर द्वादश परिवार स्थापित करे ॥ २४-२५ ॥

द्वादशमध्यमपरिवारकथनम्

आग्नेये भित्तिकोणे तु नरं कुर्याद्विचक्षणः ।
नारायणं निर्ऋत्यां तु हरिं वायव्यगोचरे ॥ २६ ॥
कृष्णं चैव तथैशाने चतुर्धांशीकृते क्रमात् ।

विचक्षण तन्त्रवेत्ता १. आग्नेय भित्तिकोण में नर को, २. नैर्ऋत्य में नारायण को, ३. वायव्य में हरि को, ४. ईशानकोण में कृष्ण को स्थापित करे । फिर तन्त्रवेत्ता पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण चारों दिशाओं का दो-दो भाग करे ॥ २६-२७ ॥

द्वयोस्तु भागयोः प्राच्यामुत्तरे दक्षिणे तथा ॥ २७ ॥
मृगव्याधश्च शर्वश्च क्रमात् कार्यौ विचक्षणैः ।
पिनाकिनं च निर्ऋतिं दक्षिणे मध्यभागयोः ॥ २८ ॥
कपालिनं चेश्वरं च पश्चिमे मध्यभागयोः ।
स्थाणुं चैव भवं चैव उत्तरे मध्यभागयोः ॥ २९ ॥
मध्यमास्तु परीवारा द्वादशैते प्रकीर्तिताः ।

इसमें क्रमशः १. पूर्व के दोनों मध्यभाग में मृगव्याध एवं शर्व को और २. दक्षिण के दो मध्यभाग में पिनाकी और निर्ऋति को, ३. पश्चिम के दोनों मध्य भाग में कपाली और ईश्वर की, ४. उत्तर के दोनों मध्यभाग में स्थाणु और भव की स्थापना करे । यहाँ तक द्वादश परिवारों को कहा गया है । ये मध्यम परिवार हैं ॥ २८-२९ ॥

षोडशोत्तमपरिवारकथनम्

उत्तमाः षोडश प्रोक्तास्तान् वै वक्ष्यामि च क्रमात् ॥ ३० ॥

[illegible] परिवार हैं । उन्हें क्रम से कहता हूँ ॥ ३० ॥

[illegible] कौशिकं च गणेशं च कन्दर्पं स्कन्दमेव च ।
आग्नेयादिषु कोणेषु यथासंख्यं प्रकल्पयेत् ॥ ३१ ॥
वाराहं नारसिंहं च श्रीधरं हयशीर्षकम् ।
ऐन्द्र्याद्यासु महादिक्षु यथासंख्येन कल्पयेत् ॥ ३२ ॥

[illegible] कौशिक, २. गणेश, ३. कन्दर्प और ४. स्कन्द इन्हें क्रमशः [illegible] कोण में स्थापित करे ।

[illegible] वाराह, ६. नारसिंह, ७. श्रीधर और ८. हयशीर्ष आदि को [illegible] दिशाओं में स्थापित करे ॥ ३१-३२ ॥

मध्ये वाराहकौशिक्योर्धातारं विनिवेशयेत् ।
मध्ये नृसिंहकौशिक्योः कुर्यादर्यमणं बुधः ॥ ३३ ॥
गणेशसिंहयोर्मध्ये कुर्यान्मित्रं विचक्षणः ।
श्रीधरस्य गणेशस्य मध्ये तु वरुणं न्यसेत् ॥ ३४ ॥
कामश्रीधरयोर्मध्ये कुर्यादंशं विचक्षणः ।
भगं तं विन्यसेन्मध्ये हयशीर्षककामयोः ॥ ३५ ॥
पर्जन्यं विन्यसेन्मध्ये हयवक्त्रकुमारयोः ।
त्वष्टारं विन्यसेन्मध्ये वाराहस्कन्दयोस्तथा ॥ ३६ ॥
एते बहिः परीवारा उत्तमाः परिकीर्तिताः ।

[illegible] वाराह कौशिक के मध्य में धाता को, १०. नृसिंह कौशिक के [illegible] अर्यमा को, ११. गणेश नृसिंह के मध्य में मित्र को, १२. [illegible] गणेश के मध्य में वरुण को, १३. कन्दर्प श्रीधर के मध्य में [illegible] १४. हयशीर्ष और काम के मध्य में भग को स्थापित करे । [illegible] हयग्रीव और कुमार के मध्य में पर्जन्य को और १६. वाराह एवं [illegible] के मध्य में त्वष्टा को स्थापित करे । ये बहिः परिवार उत्तम कहे [illegible] ॥ ३३-३६ ॥

क्रमयोगेन सप्त वैष्णवमातरः कथनम्

शून्ये बहिः परीवाराः कार्या वै सप्त मातरः ॥ ३७ ॥
उच्यन्ते क्रमयोगेन सप्त वैष्णवमातरः ।
वागीश्वरी क्रिया कीर्तिर्लक्ष्मीः सृष्टिस्तथैव च ॥ ३८ ॥
विद्या कान्तिश्च सप्तैता मातरः परिकीर्तिताः ।

उत्तरस्यां दिशि सदा कार्या रक्षानिमित्ततः ॥ ३९ ॥

बाहर के शून्य आवरण में सप्त मातृकाओं की स्थापना चाहिये । अब क्रमशः उन सप्तमातृकाओं को कहता हूँ । १. ... २. क्रिया, ३. कीर्त्ति, ४. लक्ष्मी, ५. सृष्टि, ६. विद्या और ७. ... ये सप्त मातृकायें हैं । इन्हें रक्षा के लिये सर्वदा उत्तर दिशा में ... करे ॥ ३७-३९ ॥

विष्वक्सेनस्थापनकथनम्

विष्वक्सेनमथैशान्यां कुर्यात् तन्त्रविचक्षणः ।
द्वितीयावरणादन्तः प्रथमावरणाद्बहिः ॥ ४० ॥

द्वितीय आवरण के भीतर और प्रथम आवरण के बाहर ईशान ... में विष्वक्सेन की स्थापना करनी चाहिये ॥ ४० ॥

मातृणामालयं कुर्याद् दक्षिणद्वारमायतम् ।
श्रीधरो हयवक्त्रश्च तासां पर्यन्तपालकौ ।
एवं कृते परीवाराः संपूर्णाः स्युर्न संशयः ॥ ४१ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे परिवाराध्यायः पञ्चमः ॥ ५ ॥

मातृकाओं के आलय में दक्षिण ओर लम्बा द्वार निर्माण ... श्रीधर और हयवक्त्र उनके दोनों द्वारपाल हैं । ऐसा करने से परि... संपूर्ण हो जाता है इसमें संशय नहीं ॥ ४१ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के परिवाराध्याय नामक पञ्चम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ५ ॥

इन्द्ररात्रे

षष्ठोऽध्यायः

विद्येशोत्पत्तिः

सनत्कुमार उवाच—

विद्येश्वराणामुत्पत्तिं कथयामि यथातथम् ।

सनत्कुमार ने कहा—हे महर्षियो! अब विद्याधरों की उत्पत्ति जिस प्रकार हुई है उसी प्रकार कहता हूँ ॥ १ ॥

नारायणांशजाः चतस्रो मूर्तयः विधानम्

चतस्रो मूर्तयः पूर्वं जाता नारायणांशजाः ॥ १ ॥
अव्यक्ताद् वासुदेवाख्यात् सदाविष्णोर्महात्मनः ।
कूटस्थादक्षरात् तस्माद् वासुदेवोऽक्षरोऽजनि ॥ २ ॥

पूर्व में नारायण के अंश से चार मूर्त्तियाँ उत्पन्न हुई ।

अव्यक्त, वासुदेव नाम वाले कूटस्थ अक्षर महात्मा सदा विष्णु से वासुदेव का जन्म हुआ ॥ २ ॥

१. सूक्ष्मसृष्टिविधानम्

आदिदेवः स देवानामभूद् विग्रहवान् स्वयम् ।
तमाहुः पुरुषं दिव्यं महाविष्णुं महाद्भुतम् ॥ ३ ॥

उन देवताओं के आदिदेव ने स्वयं विग्रह धारण किया । उन्हीं को दिव्य पुरुष महाद्भुत महाविष्णु कहते हैं ॥ ३ ॥

ईश्वरं सर्वदेवानां लोकानां परमेष्ठिनः ।
कर्तारं सर्वविश्वानां पातारं च स्वयं प्रभुम् ॥ ४ ॥

... लोग उन्हीं प्रभु को सभी देवताओं तथा सभी लोकों का ... कहते हैं । उन्हीं प्रभु को समस्त विश्व का कर्ता और पालक कहते

स पुनर्मानसीं देवीं शान्तिं पूर्वं ससर्ज ह ।
तस्यां शान्त्यां ततो देव्यां क्रमादजनयत् सुतम् ॥ ५ ॥

१. उन वासुदेव ने सर्वप्रथम मानसी शान्ति देवी की सृष्टि की। उस शान्ति देवी में उन्होंने क्रमशः पुत्र उत्पन्न किया ॥ ५ ॥

सङ्कर्षणः स नाम्नाभूद् विष्णुः सर्वत्र संज्ञितः ।
तमेव शङ्करं प्राहुः क्षयकर्तारमीश्वरम् ॥ ६ ॥
क्षये सङ्कर्षणात् तस्मात् पुराणज्ञाः प्रचक्षते ।
तस्याथ वामतो देहाच्छ्रीर्देवी समजायत ॥ ७ ॥

२. नाम से वही सङ्कर्षण कहे जाते हैं। उन्हीं को लोग सर्वत्र विष्णु भी कहते हैं। उन्हीं क्षयकर्त्ता ईश्वर को पुराणज्ञ शङ्कर भी कहते हैं। फिर उन सङ्कर्षण के वाम देह से श्रीदेवी उत्पन्न हुई ॥ ५-७ ॥

तस्यां देव्यां ततो देवं जनयामास स प्रभुः ।
प्रद्युम्नाख्यः स पुत्रोऽभूद् ब्रह्मेति परिकीर्तितः ॥ ८ ॥

३. फिर उन प्रभु सङ्कर्षण ने उन श्री देवी में देव की उत्पत्ति की। वही पुत्र प्रद्युम्न नाम से विख्यात हुए। जिसे विद्वानों ने ब्रह्मा भी कहा है ॥ ८ ॥

स पुनर्वाङ्मयीं देवीं ससर्ज तु सरस्वतीम् ।
सृष्टिकर्ता स देवोऽभूत् तस्यामजनयत् सुतम् ॥ ९ ॥

फिर उन प्रद्युम्न ने वाङ्मयी देवी सरस्वती की सृष्टि की। फिर उन्हीं सृष्टि कर्त्ता प्रद्युम्न ने उस सरस्वती में पुत्र उत्पन्न किया ॥ ९ ॥

अनिरुद्धमिति प्राहुस्तमेव पुरुषोत्तमम् ।
तत्र तेजोमयी देवी रतिरित्यभिसंज्ञिता ॥ १० ॥
तपसा तेजसा सृष्टाः सर्वलोकपितामहाः ।
एवं सूक्ष्मशरीरा हि कीर्तिता बहिरण्डजाः ॥ ११ ॥

४. उसी पुत्र को लोग पुरुषोत्तम अनिरुद्ध कहते हैं। उन्होंने रति नाम की तेजोमयी सृष्टि की। जिसमें उन्होंने अपने तेज एवं तप से समस्त लोकों के पितामहों की सृष्टि की। यहाँ तक ब्रह्माण्ड से बाहर सूक्ष्म शरीर वालों की सृष्टि कही गयी है ॥ १०-११ ॥

अर्धमर्धं यथापूर्वं पूर्वात् पूर्वात् प्रहीयते ।

तथा तेजश्च वीर्यं च प्रमाणं चायुरेव च ॥ १२ ॥

इस सृष्टि के क्रम में पूर्व-पूर्व की अपेक्षा क्रमशः मनुष्य का तेज, वीर्य, प्रमाण और आयु कम होता गया ॥ १२ ॥

क्रमादर्धार्धहीनानि भवन्त्येव न संशयः ।
चतस्रो मूर्तयस्त्वेताः पूर्वा एव चतुर्भुजाः ॥ १३ ॥

इस प्रकार आधा पुनः उसका आधा इत्यादि क्रम से ये चारो मूर्त्तियाँ होती गईं। पूर्व के ये चारों मूर्त्तियाँ चतुर्भुज हैं ॥ १३ ॥

शुक्ला रक्ता च पीता च कृष्णा चैव तु वर्णतः ।
शुद्धस्फटिकसङ्काशा शान्तिर्देवी च मानसी ॥ १४ ॥

वर्ण में शान्ति देवी क्रमशः शुक्ल, रक्त, पीत और कृष्ण वर्ण है। इनमें मानसी शान्ति देवी शुद्ध स्फटिक मणि के समान स्वच्छ है ॥ १४ ॥

पद्मकिञ्जल्कवर्णाभा श्रीर्देवी पद्मधारिणी ।

पद्मधारिणी श्री देवी पद्म के किञ्जल्क के समान रक्त वर्ण हैं।

गोक्षीरसदृशी शुभ्रा नित्यमेव सरस्वती ॥ १५ ॥

सरस्वती गाय के दूध के समान शुभ्र हैं ॥ १५ ॥

दाडिमीपुष्पसङ्काशा रक्ता वै रतिरुच्यते ।
बहिरण्डस्थितास्त्वेताः सर्वाः सूक्ष्माश्च देवताः ॥ १६ ॥

अनार पुष्प के समान रति देवी रक्त वर्ण हैं। ये सभी सूक्ष्म शरीर की देवता इस ब्रह्माण्ड से बाहर स्थित हैं ॥ १६ ॥

स्थूलसृष्टिविधानम्

स्थूलसृष्टिमथो वक्ष्ये अन्तरण्डस्थितां शुभाम् ।
अनिरुद्धोऽथ भगवान् ससर्ज प्रथमं जलम् ॥ १७ ॥

अब ब्रह्माण्ड के भीतर रहने वाली कल्याणकारिणी स्थूल सृष्टि के विषय में कहता हूँ। उन भगवान् अनिरुद्ध ने सर्वप्रथम जल की सृष्टि की ॥ १७ ॥

शिश्ये तत्र जले देवो मायानिद्रावशं गतः ।
तस्य नाभौ समुद्भूतं महदाख्यं तु पङ्कजम् ॥ १८ ॥

अनिरुद्ध देव माया निद्रा के वशीभूत होकर उस जल में ... उनकी नाभि में महत् नाम का कमल उत्पन्न हुआ ॥ १८ ॥

पद्माधरेण तेनाथ वीर्यमादावसृज्यत ।
अण्डं तदभवद्वीर्यमद्भुतं तु हिरण्मयम् ॥ १९ ॥
हिरण्यगर्भ इत्यस्मादण्डात्तु समजायत ।
भूतस्य पतिरेकोऽयं हविषां पतिरग्रतः ॥ २० ॥

पद्म को धारण करने वाले उन्होंने सर्व प्रथम वीर्य की सृष्टि ... वह वीर्य अद्भुत हिरण्मय अण्ड हो गया । इस अण्ड से हिरण्यगर्भ की उत्पत्ति हुई । यही हिरण्यगर्भ समस्त पञ्चमहाभूतों के पति तथा ... पति कहे गये ॥ १९-२० ॥

तमाहुः पुरुषं दिव्यं ब्रह्म ज्ञेयं पुराविदः ।
स चादि वासुदेवांशः पुरुषस्तु चतुर्मुखः ॥ २१ ॥

पुरावेत्ता लोग इन्हीं दिव्यपुरुष को ब्रह्म और ज्ञेय कहते हैं । चतुर्मुख पुरुष, आदि देव वासुदेव का अंश है ॥ २१ ॥

स्थूलसृष्टेरयं चादिः पुरुषस्तु हिरण्मयः ।
महानित्युच्यते सोऽयमण्डाधिपतिरव्ययः ॥ २२ ॥

यही हिरण्मय पुरुष स्थूल सृष्टि का आदि है । यही अण्डाधिपति अव्यय और महान् कहा जाता है ॥ २२ ॥

तस्य वामशरीरार्धात् सन्ध्या देवी व्यजायत ।
सन्ध्यायामथ तस्यां तु रुद्र उत्पादितः सुतः ॥ २३ ॥
तं च सत्यमिति प्राहुरहङ्कारं मनीषिणः ।
सन्ध्यायामेव जाता ये ते मरीच्यादयः सुताः ॥ २४ ॥

उसके बायें शरीर के अर्धभाग से सन्ध्या देवी की उत्पत्ति हुई । ... सन्ध्या में उस पुरुष ने रुद्र नामक पुत्र उत्पन्न किया । मनीषी लोग उसको सत्य एवं अहङ्कार नामों से कहते हैं । सन्ध्या में मरीचि आदि ... पुत्र भी उत्पन्न हुये ॥ २३-२४ ॥

सत्यस्य सोदराः सर्वे प्रजासृष्टिविचक्षणाः ।
दक्षादयस्ततो जाता ये प्रजापतयः स्मृताः ॥ २५ ॥

ये सभी सत्य के सहोदर हैं जो प्रजासृष्टि में विचक्षण ...

... इसके बाद दक्षादिको की उत्पत्ति हुई जिन्हें प्रजापति कहा ...

दक्षस्य मानसी कन्या सा सत्याख्या यशस्विनी ।
ततो मनोमयः पुत्रस्तस्य जातोऽच्युताह्वयः ॥ २६ ॥

... की मानसी कन्या जो यशस्विनी 'सती' नाम वाली है । उसका ... 'अच्युत' नाम वाला हुआ ॥ २६ ॥

सङ्कर्षणात्तु रुद्राख्यादच्युताख्यो मनोमयः ।
तमाहुरच्युतं साक्षात् प्रद्युम्नं तन्त्रवित्तमाः ॥ २७ ॥

... नाम वाले सङ्कर्षण से अच्युत नाम वाला मनोमय पुत्र हुआ ... उसी अच्युत को साक्षात् 'प्रद्युम्न' कहते हैं ॥ २७ ॥

अच्युतादनिरुद्धोऽभूदनिरुद्धांश एव सः ।
स्थूलसृष्टिरियं प्रोक्ता मूर्तीनामन्तरण्डजा ॥ २८ ॥

अच्युत प्रद्युम्न से अनिरुद्ध हुये जो साक्षात् अनिरुद्ध के अंश ... हैं । ब्रह्माण्ड के भीतर होने वाली मूर्त्तियों की यह स्थूल सृष्टि ... ॥ २८ ॥

अन्तरण्डं सूक्ष्मसृष्टिकथनम्

चतुर्मूर्तिरिति स्थूला अन्तरण्डं तु यत् स्थितम् ।
अष्टौ तु मूर्तयः पश्चात् पुरुषादन्तरण्डजाः ॥ २९ ॥

... चतुर्मूर्ति ब्रह्माण्ड के भीतर स्थित हैं । इसके बाद पुरुष ... हुई आठ मूर्ति भी ब्रह्माण्ड के भीतर कही जाती है ॥ २९ ॥

अग्न्यादयस्त्वष्टावष्टाक्षरमयत्वकथनम्

अग्न्यादयस्तु सञ्जाताः सर्व एव न संशयः ।
अग्निश्च मुखतो जातः पृथिवी पादतोऽजनि ॥ ३० ॥
वायुर्निश्वासतोऽभूत्तु हृदयादन्तरिक्षकम् ।
आदित्यश्चक्षुषो जातो मूर्ध्नो द्यौरप्यजायत ॥ ३१ ॥
चन्द्रस्तु मनसो जातः शुक्लान्नक्षत्रसंज्ञकः ।
एतास्तु मूर्तयस्त्वष्टावष्टाक्षरमयाः स्मृताः ॥ ३२ ॥

... पुरुष से उत्पन्न हुई सभी अग्न्यादि आठ मूर्त्तियाँ हैं, उस ... मुख से अग्नि, पैर से पृथ्वी, निःश्वास से वायु, हृदय से

अन्तरिक्ष, चक्षु से आदित्य, मूर्धा से द्युलोक, मन से चन्द्रमा और ... से नक्षत्र संज्ञक मूर्त्तियाँ हुई । ये आठ मूर्त्तियाँ अक्षरमय हैं ॥ ...

द्वादशमूर्त्तिविधानम्

सूक्ष्मात्तु वासुदेवाख्याज्जाता द्वादश मूर्तयः ।
ये तु मासाधिपाः प्रोक्ता विष्ण्वाद्याः परिकीर्तिताः ॥ ३३ ॥

सूक्ष्म वासुदेव नामक मूर्त्ति से बारह मूर्त्तियाँ उत्पन्न हुईं जो ... आदि नाम वाले मासाधिप कहे जाते हैं ॥ ३३ ॥

एते सूक्ष्माः समाख्याताः सर्वे विद्येश्वरा अमी ।
एतेभ्यो द्वादशेभ्यस्तु निर्गता द्वादशात्मना ॥ ३४ ॥
स्थूलसृष्टेः समुद्भूता अदित्यां काश्यपस्य तु ।
धात्राद्या द्वादश सुताः सर्वे विद्येश्वरा अमी ॥ ३५ ॥

यहाँ तक सूक्ष्म सृष्टि कही गयी है । ये सभी विद्येश्वर हैं । ... द्वादश मूर्त्तियों से द्वादशरूप में आदित्यों की उत्पत्ति हुई है । जो कश्यप से अदिति में स्थूल सृष्टि के रूप में उत्पन्न हुये । वे धात्रादि ... द्वादश आदित्य 'विद्येश्वर' कहे जाते हैं ॥ ३४-३५ ॥

याः षोडश कलाः प्रोक्ताः सदाद्या ब्रह्मसंज्ञिताः ।
ताः सूक्ष्मसृष्टौ संप्रोक्ताः क्रमात् षोडश मूर्तयः ॥ ३६ ॥

जो ब्रह्म संज्ञक सदादि सोलह कलायें पहले कही गयी हैं वही सूक्ष्म सृष्टि में क्रमशः षोडश मूर्त्तियाँ हैं ॥ ३६ ॥

मन्त्रोद्धारे तु संप्रोक्ता द्रष्टव्याश्च स्वनामतः ।
माहेन्द्र्यां संज्ञितायां तु कथितं सर्वमेव तत् ॥ ३७ ॥

इन्हें मन्त्रोद्वार प्रकरण में कह दिया गया है । इन्हें वहीं अपने-अपने नामों से देखना चाहिये, अर्थात् यह सब माहेन्द्र संहिता में कह दिया गया है ॥ ३७ ॥

कलास्ता एव स्थूलेन स्थिताश्चन्द्रमसि क्रमात् ।
विष्णुश्चैव महाविष्णुः सदाविष्णुरिति त्रिधा ॥ ३८ ॥
मूर्तित्रयं समाख्यातं स्थितमत्र गुणत्रयम् ।
तमो विष्णौ रजश्चापि महाविष्णौ प्रतिष्ठितम् ॥ ३९ ॥
सत्त्वं चैव सदाविष्णौ स्थितमेतद्गुणत्रयम् ।

अग्नीषोमीयरूपेण यौ स्थितौ सहितावुभौ ॥ ४० ॥
तौ द्विमूर्तीकृतौ ज्ञेयौ द्वैताख्यं तद् द्वयं विदुः ।
अद्वैतं तु परं ब्रह्म एकमूर्ति तदुच्यते ॥ ४१ ॥

... कलायें स्थूल रूप में चन्द्रमा में स्थित हैं । विष्णु, महाविष्णु ... सदाविष्णु इन तीनों मूर्त्तियों को पहले कह आयें हैं । इनमें तीनों ... गुण हैं । तम विष्णु में, रज महाविष्णु में प्रतिष्ठित हैं और सत्त्व ... सदाविष्णु में स्थित है । अग्नीषोमरूपेण ये दोनों एक में मिलकर स्थित ... हैं उन्हें दो मूर्त्ती समझना चाहिये । इन दोनों, को द्वैत नाम से कहा ... जाता है । जो अद्वैत परं ब्रह्म कहा जाता है उसी को एकमूर्त्ति कहा ... जाता है ॥ ३८-४१ ॥

मन्त्रशक्तितः विष्णूनामिह विधानम्

विष्णूनामिह सर्वेषां प्रवक्ष्यामीह संभवम् ।
यदेकत्र च वाराहे लोके ये तु व्यवस्थिताः ॥ ४२ ॥
ते शतं विष्णवो जाता ब्राह्मणा मन्त्रशक्तितः ।
एकैकस्य च लोकस्य सहस्रपुरुषस्य ह ॥ ४३ ॥
नायकाः सर्व एवासन्नष्टाक्षरपरायणाः ।
वक्ष्यामि नामान्येतेषां नाम नानात्वभेदतः ॥ ४४ ॥

... इन सभी विष्णु की उत्पत्ति कहता हूँ जो वाराह लोक में एकत्र स्थित रहते हैं । मन्त्रशक्ति से वही ब्राह्मण सौ विष्णु होकर उत्पन्न हुये । वे ही एक-एक लोक के सहस्र सहस्र पुरुष के नायक हुये हैं ... अष्टाक्षर मन्त्र के जप में परायण हैं । अब नानात्व भेद से इनके नामों को कहता हूँ ॥ ४२-४४ ॥

१. पूर्वस्यां दिशि स्थितं शतं विष्णावः विधानम्

विष्णुर्जिष्णुर्वषट्कारो वाराहो विश्वभुग्विभुः ।
योगीशः सर्वविद्योगी योगाधिष्ठानमुच्यते ॥ ४५ ॥
माहेन्द्रः पुण्डरीकाक्षो वृषकर्मा वृषाकृतिः ।
महादेवो वासुदेवो देवेशो देवभृद् गुरुः ॥ ४६ ॥
उपेन्द्रः पुण्डरीकाक्षो विश्वेशो विश्वभावनः ।
चित्यतिश्चित्रिधिर्मायी यज्ञभुग्यज्ञभृत् कविः ॥ ४७ ॥
अविजः कनको दक्षो विक्षतो रोहितः स्वराट् ।

विश्वमूर्तिरमेयात्मा मायात्मा प्रपिता शुभः ॥ ४८ ॥
भूतावासः सदावासो वसुर्वसुमना मुनिः ।
तीर्थस्तीर्थकरः श्रीमान् विश्वेशो वसुधाधिपः ॥ ४९ ॥
भगवान् भगहा नन्दी नन्दीशो नरकान्तकः ।
निमित्तः कारणः कर्ता क्रिया कार्यो हविष्पतिः ॥ ५० ॥
देवराड् देवनाथश्च देवराजः सनातनः ।
धर्मी धर्मश्च धर्मात्मा धर्मभुग् धर्मसाधनः ॥ ५१ ॥
धनदो धननाथश्च धनवान् धनिनां पतिः ।
परमः परमेष्ठी च परमेश्वर उच्यते ॥ ५२ ॥
शङ्खी चक्री गदी धन्वी हली च हलसाधनः ।
मुसली वनमाली च जगन्नाथो जगत्पतिः ॥ ५३ ॥
भूतकृद् भूतभृद्भूतो भूतात्माथो विभुर्भुवः ।
त्रिविक्रमस्त्रिधामा च त्रयीवासस्त्रयीपतिः ॥ ५४ ॥
वेदो वेदविदव्यङ्गो वेदाङ्गो वेदविद्विभुः ।
विष्णवः शतमेते तु प्राचीं दिशमुपाश्रिताः ॥ ५५ ॥

१. विष्णु, २. जिष्णु, ३. वषट्कार, ४. वाराह, ५. विश्वभुक् ६. विभु, ७, योगीश, ८, सर्ववित्, ९. योगी, १०. योगाधिष्ठान, ११. माहेन्द्र, १२. पुण्डरीकाक्ष, १३. वृषकर्मा, १४. वृषाकृति, १५. महादेव, १६. वासुदेव, १७. देवेश, १८. देवभृत्, १९. गुरु, २०. उपेन्द्र, २१. पुण्डरीकाक्ष २२. विश्वेश, २३. विश्वभावन, २४. चित्... २५. चिन्निधि, २६. मायी, २७. यज्ञभुक्, २८. यज्ञभृत्, २९. ... ३०. अविजः, ३१. कनक, ३२. दक्ष, ३३. विक्षत, ३४. ... ३५. स्वराट्, ३६. विश्वमूर्त्ति, ३७. अमेयात्मा, ३८. मायात्मा, ३९. प्रपिता शुभ, ४०. भूतावास, ४१. सदावास, ४२. वसु, ४३. वसुमना ४४. मुनि, ४५ तीर्थ, ४६. तीर्थकर, ४७. श्रीमान्, ४८. विश्वेश ४९. वसुधाधिप ५०. भगवान्

५१. भगहा, ५२. नन्दी, ५३. नन्दीश, ५४. नरकान्तक, ५५. निमित्त, ५६. कारण, ५७. कर्त्ता, ५८. क्रिया, ५९. कार्य, ६०. हविष्पति, ६१. देवराट्, ६२. देवनाथ, ६३. देवराज, ६४. सनातन ६५. धर्मी, ६६. धर्म, ६७. धर्मात्मा, ६८. धर्मभुक्, ६९. धर्मसाधन ७०. धनद, ७१. धननाथ, ७२. धनवान्, ७३. धनिनां पति, ७४. ...

... परमेष्ठी, ७६. परमेश्वर, ७७. शङ्खी, ७८. वक्री, ७९. ... धन्वी, ८१. हली, ८२. हलसाधन, ८३. मुसली, ८४. ... जगन्नाथ, ८६. जगत्पति, ८७. भूतकृत्, ८८. भूतभृत्, ... ९०. विभुःभुवः, ९१. त्रिविक्रम, ९२. त्रिधामा, ९३. ... त्रयीपति, ९५. वेद, ९६. वेदविद्, ९७. अव्यङ्ग, ९८. ... वेदवित्, १००. विभु

... विष्णु पूर्व दिशा में स्थित हैं ॥ ४५-५५ ॥

... नामावली में जहाँ एक ही नाम कई बार आया है वहाँ ... भेद से तथा जहाँ एक ही अर्थ के कई नाम आये हैं वहाँ ... भेद से सौ संख्या जाननी चाहिये ।

... स वै न पुमान् न स्त्री न नपुंसकम् ॥

... श्रुति से यहाँ विष्णु के नामों में लिङ्ग विवक्षित नहीं हैं ।

आग्नेय्यां दिशि विष्णूनामिह विधानम्

आग्नेय्यां दिशि तिष्ठन्ति ये तान् वक्ष्यामि वः क्रमात् ।
रामलोके तु ते लोकाः शतं तिष्ठन्ति शाश्वतम् ॥ ५६ ॥

... आग्नेय दिशा में जो विष्णु स्थित हैं उन्हें क्रमशः कहता हूँ । ... रामलोक में हैं जिनमें ये १०० विष्णु लोक निरन्तर निवास ... ॥ ५६ ॥

लोकानां पतयस्त्वेषां शतं वै विष्णवः स्मृताः ।
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ॥ ५७ ॥

... लोकों के १०० विष्णु पति हैं जो प्रत्येक लोक के ... पुरुषों के नायक हैं ॥ ५७ ॥

ते सर्वे क्षत्रकन्यासु द्विजैरुत्पादिताः सुताः ।
विष्णुत्वं भक्तितो याता द्वादशाक्षरविद्यया ॥ ५८ ॥

... क्षत्रियों की कन्या में ब्राह्मणों द्वारा उत्पन्न किये गये हैं । ... ने द्वादशाक्षर विद्या के जप के प्रभाव से भक्ति के कारण ... किया है ॥ ५८ ॥

२. आग्नेयां दिशि शतं विष्णवः विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम नानात्वभेदतः ।

विश्वसृग्विश्वकृत कृष्णो विष्वक्सेनो जनार्दनः ॥
मकुटः पद्मनाभश्च बलक्षों वसुदो वसुः ।
भीमो भीमबलो धाता विधाता विधिरव्ययः ॥ ६० ॥
नागो नागपतिर्नागी नागेशो नागसाधनः ।
मनुजेशो मनुर्मानी मनीषी मतिमान् पतिः ॥ ६१ ॥
हंसः परमहंसश्च सर्वः शर्वः शुचिश्रवाः ।
परः परतरः पक्षः पर्जन्यः पावनोऽनलः ॥ ६२ ॥
शैलधन्वा सुधन्वा च रुद्रो बहुशिरास्तथा ।
सहस्रमूर्धा सर्वेशः सहस्राक्षः सहस्रपात् ॥ ६३ ॥
बुद्धिमान् बुद्धितत्त्वज्ञो बुधावासो बुधाधिपः ।
पाञ्चजन्यो हृषीकेशः केशवः क्लेशनाशनः ॥ ६४ ॥
नरो नारायणो ब्रह्मा ब्रह्मविद्विशदः शिवः ।
शुचिः शुचितमः सूर्यो मरीचिश्च मरीचिमान् ॥ ६५ ॥
सविता तपनः सूर्यः सहस्रांशू रसांशुकः ।
ताक्ष्यर्केतुररिष्टारिः सर्वाङ्गः सर्वभावनः ॥ ६६ ॥
अणुर्बृहत् कृशः स्थूलो दीर्घो वामन एव च ।
शार्ङ्गपाणिर्गदापाणिश्चक्रपाणिश्चतुर्भुजः ॥ ६७ ॥
वरेण्यो वरदो वक्ता रक्तः श्यामश्च पिङ्गलः ।
सुकृती च सुकृत् स्वर्गः स्वर्गेशः स्वर्गभावनः ॥ ६८ ॥
वह्निग्निर्जातवेदाः सप्तजिह्वो हुताशनः ।
शतमेते तु संप्रोक्ता आग्नेय्यां दिशि विष्णवः ॥ ६९ ॥

अब नानात्व के भेद से इनके नामों को कहता हूँ।

१. विश्वसृक्, २. विश्वकृत्, ३. कृष्ण, ४. विष्वक्सेन, ५.
६. मुकुट, ७. पद्मनाभ, ८. बलर्क्ष, ९. वसुद, १०. वसु, ११.
१२. भीमबल, १३. धाता, १४. विधाता, १५. विधि, १६.
१७. नाग, १८. नागपति, १९. नागी, २०. नागेश, २१.
२२. मनुजेश, २३. मनु, २४. मानी, २५. मनीषी, २६.
२७. मति, २८. हंस, २९. परमहंस, ३०. सर्व, ३१.
शुचिश्रवा, ३३. पर, ३४. परतर, ३५. पक्ष, ३६.
पावन, ३८. अनल, ३९. शैलधन्वा, ४०. सुधन्वा, ४१.

सहस्रमूर्धा, ४४. सर्वेश, ४५. सहस्राक्ष, ४६.
बुद्धिमान, ४८. बुद्धितत्त्वज्ञ, ४९. बुधावास, ५०.

५२. हृषीकेश, ५३. केशव, ५४. क्लेशनाशन,
नारायण, ५७. ब्रह्मा, ५८. ब्रह्मविद्, ५९. विशद,
शुचि, ६२. शुचितम, ६३. सूर्य, ६४. मरीचि, ६५.
सविता, ६७. तपन, ६८. सूर्य, ६९. सहस्रांशु,
७१. ताक्ष्यर्केतु, ७२. अरिष्टारि, ७३. सर्वाङ्ग, ७४.
अणु, ७६. बृहत्, ७७. कृश, ७८. स्थूल, ७९.
वामन, ८१. शार्ङ्गपाणि, ८२. गदापाणि, ८३. चक्रपाणि,
८५. वरेण्य, ८६. वरद, ८७. वक्ता, ८८. रक्त, ८९.
पिङ्गल, ९१. सुकृती, ९२. सकृत्, ९३. स्वर्ग, ९४.
स्वर्गभावन, ९६. वह्नि, ९७. अग्नि, ९८. जातवेदा,
१००. हुताशन ये सौ आग्नेय दिशा में रहने वाले
गये हैं ॥ ५९-६९ ॥

दक्षिणस्यां दिशि विष्णूनामिह विधानम्

एते ये दक्षिणस्यां तु दिशि ये तान् वदामि वः ।
नारसिंहेऽथ लोके तु शतं लोकाः प्रतिष्ठिताः ॥ ७० ॥

जो दक्षिण दिशा में रहने वाले वैष्णव हैं उन्हे कहता हूँ। लोके में १०० लोक प्रतिष्ठित हैं ॥ ७० ॥

तेषां तु पतयश्चात्र शतं वै विष्णवः स्मृताः ।
ते सर्वे क्षत्रिया एव भक्त्या विष्णुत्वमागताः ॥ ७१ ॥

लोकों के पति १०० वैष्णव हैं वे सभी क्षत्रिय थे जिन्होंने भक्ति से विष्णुत्व प्राप्त कर लिया है ॥ ७१ ॥

अष्टाक्षरेण मन्त्रेण सिद्धिं याताः पृथक् पृथक् ।
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ॥ ७२ ॥

अष्टाक्षर मन्त्र के प्रभाव से अलग-अलग सिद्धि प्राप्त की है। सहस्र-सहस्र पुरुषों के नायक हैं ॥ ७२ ॥

३. दक्षिणस्यां दिशि शतं विष्णवः विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम्नां नानात्वभेदतः ।

विक्रमी विक्रमो व्यग्रः समग्रः प्रग्रहस्तथा ॥ ७३ ॥
शक्तः शक्तिधरो धार्यः सुपर्णो भुजगोत्तमः ।
रथी रथाङ्गी रक्षोघ्नो राजा राजीवलोचनः ॥ ७४ ॥
शितश्च शतधामा च धरो धाराधरोऽधिपः ।
ज्योतिर्ज्योतिष्पतिः साक्षी क्षेत्रज्ञोऽक्षर एव च ॥ ७५ ॥
सिन्धुः सिन्धुपरः शैलः स्रोतः स्रोतस्वतः पतिः ।
गुणवान् पवनो वायुरनलोऽग्निस्तथैव च ॥ ७६ ॥
असुरारिर्महाविष्णुर्महासेनो महीपतिः ।
भावनो भावाभावश्च भवनो भावनाशनः ॥ ७७ ॥
भक्तिर्भक्तप्रियो भक्तो भक्तिमान् भक्तिभावनः ।
स्वापनः स्वपनो व्यापी वीरसेनो वृषाकपिः ॥ ७८ ॥
मनो मनुष्यो मान्यश्च मनोनाथो मनोमयः ।
मनोभवो मनोजातो मनुजेशो महाशनः ॥ ७९ ॥
महान् महत्करश्चैव परो वीरः पराशनः ।
धरणो धारणो रामो मारणो हारणस्तथा ॥ ८० ॥
सत्यः सत्यधरो राशिः प्रद्युम्नोऽमितविक्रमः ।
वर्णोत्तरः सुवर्णश्च वर्णदो वर्णनाशनः ॥ ८१ ॥
वर्णकृद्वर्णभुग्वर्णी वर्णात्मा वर्णभावनः ।
अक्षरात्मा स्वरात्मा च स्वरो व्यञ्जन एव च ॥ ८२ ॥
वाक्यं वाक्यविदर्थश्च विषयो विषयाधिपः ।
एते शतं दिशि प्रोक्ता दक्षिणस्यां तु विष्णवः ॥ ८३ ॥

नामों के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूँ—

१. विक्रमी २. विक्रम ३. व्यग्र ४. समग्र ५. प्रग्रह ६. श...
शक्तिधर ८. धार्य ९. सुपर्ण १०. भुजगोत्तम, ११. रथी, ...
रथाङ्गी, १३. रक्षोघ्न, १४. राजा, १५. राजीवलोचन, १६. ...
१७. शतधामा, १८. धर, १९. धाराधर, २०. अधिप, २१. ...
२२. ज्योतिष्पति, २३. साक्षी, २४. क्षेत्रज्ञ, २५. अक्षर ...
सिन्धु, २७. सिन्धुपर, २८. शैल, २९. स्रोत, ३०. स्रोतस्वत ...
पतिः, ३२. गुणवान्, ३३. पवन, ३४. वायु, ३५. अनल ...
अग्नि, ३७. असुरारि, ३८. महाविष्णु, ३९. महासेन, ४०. मही...

... ४२. भाव, ४३. अभाव, ४४. भवन, ४५. भावनाशन,
... ४७. भक्तप्रिय, ४८. भक्त, ४९. भक्तिमान्, ५०.

...स्वापन, ५२. स्वपन, ५३. व्यापी, ५४. वरिसेन, ५५.
... ५६. मन, ५७. मनुष्य, ५८. मान्य, ५९. मनोनाथ, ६०.
... ६१. मनोभव, ६२. मनोजात, ६३. मनुजेश, ६४. महाशन,
... ६६. महत्कर ६७. पर, ६८. वीर, ६९. पराशन, ७०.
... धारण, ७२. राम, ७३. मारण, ७४. हारण, ७५.
... सत्यधर, ७७. राशि, ७८. प्रद्युम्न, ७९. अमित, ८०.
... वर्णोत्तर, ८२. सुवर्ण ८३. वर्णद, ८४. वर्णनाशन, ८५.
... ८६. वर्णभुक्, ८७. वर्णी, ८८. वर्णात्मा, ८९. वर्णभावन,
...अक्षरात्मा, ९१. स्वरात्मा, ९२. स्वर, ९३. व्यञ्जन, ९४. वाक्य,
...वाक्यविद्, ९६. अर्थ, ९७. विषय और १००. विषयाधिप ये
...दिशा में विष्णु बनकर रहने वाले स्थित है ॥ ८३ ॥

निर्ऋत्यां विष्णूनामिह विधानम्

निर्ऋत्यां ये स्थिता देवास्तान् प्रवक्ष्याम्यशेषतः ।
शतं तु विष्णवस्तेषां नायकाः परिकीर्तिताः ॥ ८४ ॥

... नैर्ऋत्य दिक् में जो देव स्थित है उन सभी को कहता हूँ ।
...णु उन देवताओं के नायक कहे गये हैं ॥ ८४ ॥

क्षत्रियाद्वैश्यकन्यायां जाता वैश्योत्तमास्तु ये ।
विष्णुत्वमागता भक्त्या द्वादशाक्षरविद्यया ॥ ८५ ॥
पुरुषाणां सहस्रस्य प्रत्येकं नायकास्तु ये ।

...से वैश्य कन्या में वैश्योत्तमों ने भक्ति से द्वादशाक्षर विद्या के
...कारण विष्णुत्व प्राप्त किया है वे प्रत्येक सहस्र पुरुषों के नायक
...८५-८६ ॥

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम नानात्वभेदतः ॥ ८६ ॥

...नामों के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूँ ॥ ८६ ॥

४. निर्ऋत्यां दिशि स्थित शतं विष्णवः विधानम्

वैकुण्ठः पुरुषः प्राणः प्राणदः प्रणवः प्रियः ।
हुताशी हुतकर्ता च हुतनाथो हुतप्रियः ॥ ८७ ॥

विक्रमी विक्रमो व्यग्रः समग्रः प्रग्रहस्तथा ॥ ७३ ॥
शक्तः शक्तिधरो धार्यः सुपर्णो भुजगोत्तमः ।
रथी रथाङ्गी रक्षोघ्नो राजा राजीवलोचनः ॥ ७४ ॥
शितश्च शतधामा च धरो धाराधरोऽधिपः ।
ज्योतिर्ज्योतिष्पतिः साक्षी क्षेत्रज्ञोऽक्षर एव च ॥ ७५ ॥
सिन्धुः सिन्धुपरः शैलः स्त्रोतः स्त्रोतस्वतः पतिः ।
गुणवान् पवनो वायुरनलोऽग्निस्तथैव च ॥ ७६ ॥
असुरारिर्महाविष्णुर्महासेनो महीपतिः ।
भावनो भावाभावश्च भवनो भावनाशनः ॥ ७७ ॥
भक्तिर्भक्तप्रियो भक्तो भक्तिमान् भक्तिभावनः ।
स्वापनः स्वपनो व्यापी वीरसेनो वृषाकपिः ॥ ७८ ॥
मनो मनुष्यो मान्यश्च मनोनाथो मनोमयः ।
मनोभवो मनोजातो मनुजेशो महाशनः ॥ ७९ ॥
महान् महत्करश्चैव परो वीरः पराशनः ।
धरणो धारणो रामो मारणो हारणस्तथा ॥ ८० ॥
सत्यः सत्यधरो राशिः प्रद्युम्नोऽमितविक्रमः ।
वर्णोत्तरः सुवर्णश्च वर्णदो वर्णनाशनः ॥ ८१ ॥
वर्णकृद्वर्णभुग्वर्णी वर्णात्मा वर्णभावनः ।
अक्षरात्मा स्वरात्मा च स्वरो व्यञ्जन एव च ॥ ८२ ॥
वाक्यं वाक्यविदर्थश्च विषयो विषयाधिपः ।
एते शतं दिशि प्रोक्ता दक्षिणस्यां तु विष्णवः ॥ ८३ ॥

नामों के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूँ—

१. विक्रमी २. विक्रम ३. व्यग्र ४. समग्र ५. प्रग्रह ६. ... शक्तिधर ८. धार्य ९. सुपर्ण १०. भुजगोत्तम, ११. रथी, ... रथाङ्गी, १३. रक्षोघ्न, १४. राजा, १५. राजीवलोचन, १६. ... १७. शतधामा, १८. धर, १९. धाराधर, २०. अधिप, २१. ... २२. ज्योतिष्पति, २३. साक्षी, २४. क्षेत्रज्ञ, २५. अक्षर ... सिन्धु, २७. सिन्धुपर, २८. शैल, २९. स्त्रोत, ३०. स्त्रोतस्वत ... पतिः, ३२. गुणवान्, ३३. पवन, ३४. वायु, ३५. अनल ... अग्नि, ३७. असुरारि, ३८. महाविष्णु, ३९. महासेन, ४०. ... ४२. भाव, ४३. अभाव, ४४. भवन, ४५. भावनाशन, ... ४७. भक्तप्रिय, ४८. भक्त, ४९. भक्तिमान्, ५०. ... स्वापन, ५२. स्वपन, ५३. व्यापी, ५४. वरिसेन, ५५. ... ५६. मन, ५७. मनुष्य, ५८. मान्य, ५९. मनोनाथ, ६०. ... ६१. मनोभव, ६२. मनोजात, ६३. मनुजेश, ६४. महाशन, ... ६६. महत्कर ६७. पर, ६८. वीर, ६९. पराशन, ७०. ... ७१. धारण, ७२. राम, ७३. मारण, ७४. हारण, ७५. ... ७६. सत्यधर, ७७. राशि, ७८. प्रद्युम्न, ७९. अमित, ८०. ... ८१. वर्णोत्तर, ८२. सुवर्ण ८३. वर्णद, ८४. वर्णनाशन, ८५. ... ८६. वर्णभुक्, ८७. वर्णी, ८८. वर्णात्मा, ८९. वर्णभावन, ... अक्षरात्मा, ९१. स्वरात्मा, ९२. स्वर, ९३. व्यञ्जन, ९४. वाक्य, ... वाक्यविद्, ९६. अर्थ, ९७. विषय और १००. विषयाधिप ये ... दिशा में विष्णु बनकर रहने वाले स्थित है ॥ ८३ ॥

निर्ऋत्यां विष्णूनामिह विधानम्

निर्ऋत्यां ये स्थिता देवास्तान् प्रवक्ष्याम्यशेषतः ।
शतं तु विष्णवस्तेषां नायकाः परिकीर्तिताः ॥ ८४ ॥

... नैर्ऋत्य दिक् में जो देव स्थित है उन सभी को कहता हूँ । ... उन देवताओं के नायक कहे गये हैं ॥ ८४ ॥

क्षत्रियाद्वैश्यकन्यायां जाता वैश्योत्तमास्तु ये ।
विष्णुत्वमागता भक्त्या द्वादशाक्षरविद्यया ॥ ८५ ॥
पुरुषाणां सहस्त्रस्य प्रत्येकं नायकास्तु ये ।

... से वैश्य कन्या में वैश्योत्तमों ने भक्ति से द्वादशाक्षर विद्या के ... कारण विष्णुत्व प्राप्त किया है वे प्रत्येक सहस्त्र पुरुषों के नायक ... ८५-८६ ॥

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम नानात्वभेदतः ॥ ८६ ॥

... नामों के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूँ ॥ ८६ ॥

४. निर्ऋत्यां दिशि स्थित शतं विष्णवः विधानम्

वैकुण्ठः पुरुषः प्राणः प्राणदः प्रणवः प्रियः ।
हुताशी हुतकर्ता च हुतनाथो हुतप्रियः ॥ ८७ ॥

व्यासश्चैव समासश्च समस्तो व्यस्त एव च ।
वैद्यो विद्येश्वरो व्यापी वीरो धीरो धराधरः ॥ ८८ ॥
धृतिमान् धृतिधृष्टश्च प्रतिमा प्रतियातनः ।
प्रकृतिर्विकृतिश्चैव निकृतिः सुकृतिः कृती ॥ ८९ ॥
निलयोऽनिलयः क्षेत्रः क्षेत्री क्षेत्रज्ञ एव च ।
एको नैको युवा वृद्धो व्यापको व्याप्तिरेव च ॥ ९० ॥
दुःसहो दुर्धरो दुष्टो दुरारोहो दुरागमः ।
दुर्मना दुर्गतिर्दुर्गो दूरगो दुर्गतिस्तथा ॥ ९१ ॥
कोमलः कर्कशो व्यामः कठिनो मृदुरेव च ।
ऋजुर्वक्रः कृपावासः कृपावान् कृप एव च ॥ ९२ ॥
दयावान् दानवान् दानी दानदो दान एव च ।
दयावासो दयाचारो दयी दानपरः परः ॥ ९३ ॥
मन्थरो मन्दरो मन्दी मन्दिरो मन्थनस्तथा ।
वार्धिर्वारिधिरक्षोभ्यो मकरी मकरालयः ॥ ९४ ॥
सुद्युम्नो द्युम्नकृद् द्युम्नो द्युम्न एव च ।
सारथः सारथिः साधुः सर्वावासो वरप्रदः ॥ ९५ ॥
प्रत्ययी प्रत्ययः प्राज्ञः प्रणम्यः प्रणवालयः ।
समता सङ्गतः साङ्गो निरंगो निर्ममस्तथा ॥ ९६ ॥

१. वैकुण्ठ, २. पुरुष, ३. प्राण, ४. प्राणद, ५. प्रणव, ६. प्रि... ७. हुताश, ८. हुतकर्त्ता, ९. हुतनाथ, १०. हुतप्रिय, ११. ... १२. समास, १३. समस्त, १४. व्यस्त, १५. वैद्य, १६. विद्ये... १७. व्यापी, १८. वीर, १९. धीर, २०. धराधर, २१. धृतिमा... २२. धृति, २३. धृष्ट, २४. प्रतिमा, २५. प्रतियातन, २६. प्रकृति, २७. विकृति, २८. निकृति, २९. सुकृति, ३०. कृती, ३१. निलय, ३२. अनिलय, ३३. क्षेत्र, ३४. क्षेत्री, ३५. क्षेत्रज्ञ, ३६. एक, ३७. नैक, ३८. युवा, ३९. वृद्ध, ४०. व्यापक, ४१. व्याप्ति, ४२. दुःसह, ४३. दुर्धर, ४४. दुष्ट, ४५. दुरारोह, ४६. दुरागम, ४७. दुर्मना, ४८. दुर्गति, ४९. दुर्ग, ५०. दूरग ।

५१. दुर्गति, ५२. कोमल, ५३. कर्कश, ५४. व्याम, ५५. कठिन, ५६. मृदु, ५७. ऋजु, ५८. वक्र, ५९. कृपावास, ६०.

६१. कृप, ६२. दयावान्, ६३. दानवान्, ६४. दानी, ६५. ... ६६. दान, ६७. दयावास ६८. दयाचार, ६९. दयी, ७०. ... ७१. पर, ७२. मन्थर, ७३. मन्दर, ७४. मन्दी, ७५. मन्दिर, ... ७७. वार्धि, ७८. वारिधि, ७९. अक्षोभ्य, ८०. ... ८१. सुद्युम्न, ८२. द्युम्नकृत, ८३. द्युम्नी, ८४. प्रद्युम्न, ... ८६. सारथः, ८७. सारथी, ८८. साधु, ८९. सर्ववास, ... ९१. प्रत्ययी, ९२. प्रत्यय, ९३. प्राज्ञ, ९४. प्रणम्य, ... ९६. समता, ९७. सङ्गतः ९८. साङ्ग, ९९. निरंग, ... ॥ ८७-९६ ॥

इत्येते विष्णवः प्रोक्ता नैर्ऋतीं दिशमाश्रिताः ।

... दिशा में रहने वाले इतने विष्णु हैं ॥ ९७ ॥

श्रीधरलोके विष्णूनामिह विधानम्

वारुण्यां ये दिशि प्रोक्ता विष्णवस्तान् वदामि वः ।९७॥

... जो पश्चिम दिशा में रहने वाले विष्णु हैं उन्हें आप लोगों से ... हूँ ॥ ९७ ॥

ततः श्रीधरलोके तु शतं लोकास्तथैव च ।
तेषां तु नायकाः प्रोक्ताः शतमेवात्र विष्णवः ॥ ९८ ॥
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ।
वैश्यास्ते विष्णुतां याता अष्टाक्षरपरायणाः ॥ ९९ ॥

... इसके बाद श्रीधर के लोक में १०० लोक हैं । उनके भी ... १०० विष्णु कहे जाते हैं । इनमें से प्रत्येक सहस्त्रों पुरुषों के ... हैं । वे वैश्य थे और अष्टाक्षर महामन्त्र के जप से विष्णुत्व को ... हो गये ॥ ९८-९९ ॥

५. वारुण्यां दिशि स्थित शतं विष्णवः विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम नानात्वभेदतः ।
भगो भगोदयो भर्गो विविक्तो विलिकस्तथा ॥ १०० ॥
वरुणो वारुणो वृक्षो वृक्षराजो वृषप्रियः ।
पयोनाथः पयोयुक्तः पयोराशिः पयोगतिः ॥ १०१ ॥
नीरूपो रूपवान् रूपो रूपदो रूपनायकः ।
शैलजातिः कविः कालश्चतुष्कालः कलाविदः ॥१०२॥

कालीकालश्च कालात्मा कालाष्टः कालकात्मजः ।
कालभोग्यः कालयोग्यो वल्गुवाग्वल्गुभाषणः ॥ १०३ ॥
वदान्यो वल्गुलो वल्गुवदनो वल्गुभाषणः ।
मत्तो विमत्त उन्मत्तः प्रमत्तः प्राणदस्तथा ॥ १०४ ॥
लास्येशो लासको लास्यो लास्याचार्यो लयस्तथा ।
शैलराड् भूमिराड् गोराट् तुराषाट् सुरराडपि ॥ १०५ ॥
अरिहा दैत्यहादित्यः सर्वासुरनिषूदनः ।
वेला वेलावलिर्वेली वेलाङ्गो विश्वभावनः ॥ १०६ ॥
स्रष्टा हर्ता च गोप्ता च स्थावरो जङ्गमस्तथा ।
विश्वावसुर्विश्वगुरुर्विश्वात्मा विश्वभावनः ॥ १०७ ॥
शिखण्डी खण्डनः खण्डी शिखी मुण्डो विमुण्डकः ।
एकनेत्रस्त्रिनेत्रश्च बहुनेत्रस्तथैव च ॥ १०८ ॥
विनेत्रः शतनेत्रश्च पद्मनेत्रस्तथैव च ।
अजः शतधृतिर्धुर्यो धूमकेतुर्धुरंधरः ॥ १०९ ॥
त्रयीपतिस्त्रयीवेद्यस्त्रयीवासो महोरगः ।
गीर्वाणो गीर्वणो गीर्वा गीर्वाणो गीर्निवेदकः ॥ ११० ॥
पीतवासा हरिश्मश्रुः प्राणदः पूरणोऽरुणः ।
इत्येते विष्णवः प्रोक्ता वारुणीं दिशमाश्रिताः ॥ १११ ॥

नामों के नानात्व भेद के कारण अब इनके नामों को कहता [illegible]

१. भग, २. भगोदय, ३. भर्ग, ४. विवित्त, ५. [illegible] वरुण, ७. वारुण, ८. वृक्ष, ९. वृक्षराज, १०. [illegible] पयोनाथ, १२. पयोयुक्त, १३. पयोराशि, १४. पयोगति, १५. [illegible] १६. रूपवान्, १७. रूप, १८. रूपद, १९. [illegible] शैलजाति, २१. कवि, २२. काल, २३. चतुष्काल, २४. [illegible] २५. कालि, २६. काल, २७. कालात्मा, २८. कालाष्ट, [illegible] कालकात्मज, ३०. कालभोग्य, ३१. कालयोग्य, ३२. [illegible] वल्गुभाषण, ३४. वदान्य, ३५. वल्गुल, ३६. [illegible] वल्गुभाषण, ३८. मत्त, ३९. विमत्त, ४०. उन्मत्त, ४१. [illegible] प्राणद, ४३. लास्येश, ४४. लासक, ४५. लास्य, ४६. [illegible] ४७. लय, ४८. शैलराट्, ४९. भूमिराट्, ५०. गोराट्, [illegible] ५१. तुराषाद, ५२. सुरराद, ५३. अरिहा, ५४. दैत्यहा, ५५. [illegible] ५६. सर्वासुरनिषूदन, ५७. वेला, ५८. वेलावलि, ५९. वेली, [illegible] ६१. विश्व, ६२. भावना, ६३. स्रष्टा, ६४. हर्त्ता, ६५. [illegible] ६६. स्थावर, ६७. जङ्गम, ६८. विश्वावसु, ६९. विश्वगुरु, ७०. [illegible] ७१. विश्वभावन, ७२. शिखण्डी, ७३. खण्डन, ७४. [illegible] ७५. शिखी, ७६. मुण्ड, ७७. विमुण्डक, ७८. एकनेत्र, ७९. [illegible] ८०. बहुनेत्र, ८१. विनेत्र, ८२. शतनेत्र, ८३. पद्मनेत्र, ८४. [illegible] ८५. शतधृति, ८६. धुर्य, ८७. धूमकेतु, ८८. धुरन्धर, ८९. [illegible] ९०. त्रयीवेद्य, ९१. त्रयीवास, ९२. महोरग, ९३. गीर्वाण, [illegible] ९५. गीर्वा, ९६. गीर्वाण, ९७. गोनिर्वेदक, ९८. [illegible] ९९. हरिश्मश्रुप्राणद, १००. पूरणानल । इतने विष्णुओं को [illegible] है जो पश्चिम दिशा में निवास करते हैं ॥ १००-१११ ॥

वामनलोके विष्णूनामिह विधानम्

वायव्ये च दिशाभागे विष्णवस्तान् वदामि वः ।
तत्र वामनलोके तु शतं लोकास्तथापरे ॥ ११२ ॥

अब वायव्य दिशा में जितने विष्णु हैं उन्हें कहता हूँ वहाँ वामन [illegible] है जिसमें १०० अन्य लोक भी हैं ॥ ११२ ॥

शतं तु विष्णवस्तेषां नायकाः परिकीर्तिताः ।
ब्राह्मणाद्वैश्यकन्यायां जाता वैश्योत्तमास्तु ये ॥ ११३ ॥
ते सर्वे विष्णुतां याता द्वादशाक्षरविद्यया ।
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ॥ ११४ ॥

उनके नायक सौ विष्णु कहे गये हैं । वहाँ ब्राह्मण से वैश्य कन्या [illegible] उत्पन्न १०० वैश्योत्तम कहे गये हैं जिन्होंने द्वादशाक्षर विद्या के जप के प्रभाव से विष्णुत्व प्राप्त किया है । इनमें प्रत्येक सहस्र पुरुषों के नायक हैं ॥ ११३-११४ ॥

६. वायव्यां दिशि स्थित शतं विष्णवः विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नाम नानात्वभेदतः ।
पुमान् पुराणः पुण्याशीः पुण्यदः पुण्यतापनः ॥ ११५ ॥
यागो यागपतिर्यागी यागात्मा यागभावनः ।
छन्दश्छन्दाधिपो वेदश्छन्दी च च्छन्दसां पतिः ॥ ११६ ॥

छन्दोमयो जीर्णवर्णो वर्णात्मा वर्ण एव च ।
सुयोगः सुयशा गुह्यो गुणवान् गुणसाधनः ॥ ११७ ॥
चिन्त्यश्चिन्तामणिश्चिन्ता चित्तावासश्चितांपतिः ।
कृत्तिवासाः सुवासाश्च विवासा बहुवासकः ॥ ११८ ॥
नीचो मरुस्थलो निम्नो विषमश्च समस्तथा ।
पद्मदृष्टिः सुदृष्टिश्च पाचनः पाकशासनः ॥ ११९ ॥
अदृष्टिर्दृष्टिरिष्टाशी श्वासनः श्वसनो नसः ।
आविष्कारस्तिरस्कारो दुर्ज्ञेयो ज्ञेय एव च ॥ १२० ॥
स्थानं गतिश्च शयनमासनो वासनस्तथा ।
विभ्रमः संभ्रमो द्वेष्टा वेग उद्वेग एव च ॥ १२१ ॥
शोको भयं विषादश्च लोभो मोहस्तथैव च ।
ब्रह्मण्यदेवो ब्रह्मण्यो ब्राह्मण्यो ब्राह्मणप्रियः ॥ १२२ ॥
कारकाश्च क्रियाश्चैव देवदो देवलस्तथा ।
पञ्चात्मा पञ्चकालात्मा बाह्यात्मा बहुशीर्षकः ॥ १२३ ॥
दूरात्मा परमात्मा च कर्मात्मा कर्मकारणः ।
कर्ता विकर्ता गहनो महिमा महिमालयः ॥ १२४ ॥
महिमा महिमावासो वासवो वसुदो वसुः ।
इत्येते विष्णवः प्रोक्ता वायवीं दिशमाश्रिताः ॥ १२५ ॥

अब नाम के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूँ ।

१. पुमान्, २. पुराण, ३. पुष्पाशी, ४. पुण्यद, ५. पुण्यात्म, ६. याग, ७. यागपति, ८. यागी, ९. यागात्मा, १०. यागभावन, ११. छन्द, १२. छन्दाधिप, १३. वेद, १४. छन्दी, १५. छन्दसां पति, १६. छन्दोमय, १७. जीर्णवर्ण, १८. वर्णात्मा, १९. वर्ण, २०. सुयोग, २१. सुयशा, २२. गुह्य, २३. गुणवान्, २४. गुणसाधन, २५. चिन्त्य, २६. चिन्तामणि, २७. चिन्ता, २८. चित्तावास, २९. चितांपति, ३०. कृत्तिवास, ३१. सुवास, ३२. निवास, ३३. बहुवास, ३४. नीच ३५. मरुस्थ ३६. निम्न ३७. विषय, ३८. सम, ३९. पद्मदृष्टि, ४०. सुदृष्टि, ४१. पाचन, ४२. पाकशासन, ४३. अदृष्टि, ४४. दृष्टि, ४५. दृष्टाशी, ४६. श्वासन, ४७. श्वसन, ४८. नस, ४९. आविष्कार, ५०. तिरस्कार ।

५१. दुर्ज्ञेय, ५२. ज्ञेय, ५३. स्थान, ५४. गति, ५५. शयन, ५६. आसन, ५७. वासन, ५८. विभ्रम, ५९. संभ्रम, ६०. द्वेष्टा, ६१. वेग, ६२. उद्वेग, ६३. शोकमय, ६४. विषाद, ६५. लोभ, ६६. मोह, ६७. ब्रह्मण्यदेव, ६८. ब्रह्मण्य, ६९. ब्राह्मण्य, ७०. ब्राह्मणप्रिय, ७१. कारक, ७२. क्रिया, ७३. देवद, ७४. देवल, ७५. पञ्चात्मा, ७६. पञ्चकालात्मा, ७७. बाह्यात्मा, ७८. बहुशीर्षक, ७९. दुरात्मा, ८०. परमात्मा, ८१. कर्मात्मा, ८२. कर्मकारण, ८३. कर्त्ता, ८४. विकर्त्ता, ८५. गहन, ८६. महिमा, ९५. महिमालय, ९६. महिमा, ९७. महिमावास, ९८. वासव, ९९. वसुद, १००. वसु । इतने वैष्णव दिशा के नायक कहे गए हैं । ये सभी वायव्य दिशा में रहने वाले हैं ॥ ११५-१२५ ॥

हयशीर्षस्य लोके विष्णूनामिह विधानम्

विष्णवो ये च तान् वक्ष्ये उत्तरस्यां दिशि स्थितान् ।
हयशीर्षस्य लोकोऽत्र शतं लोकास्तथा परे ॥ १२६ ॥
शतं तु विष्णवस्तेषां नायकाः परिकीर्तिताः ।
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ॥ १२७ ॥

अब जो वैष्णव उत्तर दिशा में स्थित हैं उन्हें कहता हूँ । हयशीर्ष लोक में सौ और लोक हैं उनके १०० विष्णु नायक कहे गये हैं जो प्रत्येक सहस्र पुरुषों के पति अर्थात् पालक हैं ॥ १२६-१२७ ॥

ब्राह्मणाच्छूद्रकन्यायां जाताः शूद्रोत्तमास्तु ये ।
ते सर्वे विष्णुतां याता अष्टाक्षरपरायणाः ॥ १२८ ॥

ब्राह्मण से शूद्रकन्या में जो शूद्रोत्तम उत्पन्न हुये हैं वे ही अष्टाक्षर मन्त्र के प्रभाव से विष्णु हो गये हैं ॥ १२८ ॥

७. उत्तरस्यां दिशि स्थित शतं विष्णवः विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नामनानात्वभेदतः ।
भूतं भव्यं भविष्यच्च प्रभूतं प्रभवः सवः ॥ १२९ ॥
स्तोमः स्तोमाधिपश्चैव सप्ततन्तुमुखस्तथा ।
जीवो जीवत्करो जप्यो जीवनं जीवनस्तथा ॥ १३० ॥
देहो देहविदो देही देहवान् देहसाधनः ।
रहस्यं शंभुरग्रण्यः शम्बरः शङ्करः शिवः ॥ १३१ ॥

शतानन्दः शतस्तोमः शतायुः शतशासनः ।
श्रीधरः श्रीपतिः श्रेयः श्रीनिधिः श्रीवृषस्तथा ॥ १३२ ॥
श्रीकरः श्रीपरः श्रीशः श्रीनिवासः श्रियः पतिः ।
तेजस्वी द्युतिमानाढ्यस्तेजोऽहस्तेजसां पतिः ॥ १३३ ॥
प्रभावः प्रभवः श्रीमान् प्रभविष्णुर्भवोद्भवः ।
प्रभाकरः प्रभानाथः प्रभावान् प्रयतः पृथक् ॥ १३४ ॥
सर्वदः शर्वदः शास्ता शमहासः शमाकरः ।
शत्रुहा शत्रुजः शक्यः शतर्द्धिः शतशासनः ॥ १३५ ॥
शरीरशासनः श्लाघ्यः शरधिः शरशासनः ।
स्यन्दनाङ्गी रथाङ्गी च स्यन्दनः स्यन्दनाधिपः ॥ १३६ ॥
आयुधी सायुधीः स्वाधीः साधीयः समरप्रियः ।
त्रयी त्रयीपतिर्दान्तः पात्री पात्रं तथैव च ॥ १३७ ॥
मन्त्री मन्त्राधिपो मार्गो मातङ्गः पतगाधिपः ।
पतङ्गकेतुः पातङ्गी पतङ्गी पतङ्गेश्वरः ॥ १३८ ॥
पन्नगः पन्नगी पन्नो गरीयान् गरिमा गुरुः ।
इत्येते विष्णवः प्रोक्ताः कौबेरीं दिशमाश्रिताः ॥ १३९ ॥

अब नाम के नानात्व भेद से उनके नामों को कहता हूं ।

१. भूत, २. भव्य, ३. भविष्य, ४. प्रभूत, ५. प्रभव, ६. ... ७. स्तोम, ८. स्तोमाधिप, ९. सप्ततन्तुमुख, १०. जीव, ११. जीवत्कर, १२. जप्य, १३. जीवन, १४.जीवन, १५. देह, १६. देहविद, १७. देही, १८. देहवान्, १९. देहसाधन, २०. रहस्य, २१. शंभु, २२. रहस्य, २३. अग्रण्य, २४. शम्बर, २५. शङ्कर, २६. शिव, २७. शतानन्द, २८. शतस्तोम, २९. शतायु, ३०. शतशासन, ३१. श्रीधर, ३२. श्रीपति, ३३. श्रेय, ३४. श्रीनिधि, ३५. श्रीवृष, ३६. श्रीकर, ३७. श्रीपर, ३८. श्रीश, ३९. श्रीनिवास, ४०. श्रिय:पति, ४१. तेजस्वी, ४२. द्युतिमान्, ४३. आढ्य, ४४. तेज, ४५. अहः, ४६. तेजसा पति, ४७. प्रभाव, ४८. प्रभव, ४९. श्रीमान्, ५०. प्रभविष्णु ।

५१. भवोद्भव, ५२. प्रभाकर, ५३. प्रभानाथ, ५४. प्रभावान्, ५५. प्रयत, ५६. पृथक्, ५७. सर्वद, ५८. शर्वद, ५९. शास्ता, ६०. ...

... ६१. शमाकर, ६२. शत्रुहा, ६३. शत्रुज, ६४. शक्य, ६५. ... ६६. शतशासन, ६७. शरीर, ६८. शासन, ६९. श्राध्य, ... ७१. शरशासन, ७२. स्यन्दन्ताङ्गी, ७३. रथाङ्गी, ७४. ... ७५. स्यन्दनाधिप, ७६. आयुधी, ७७. सायुधी, ७८. स्वाधी, ... ८०. समरप्रिय, ८१. त्रयी, ८२. त्रयीपति, ८३. दान्त, ... ८५. पात्र, ८६. मन्त्री, ८७. मन्त्राधिप, ८८. मार्ग, ८९. ... पतगाधिप, ९१. पतङ्गकेतु, ९२. पातङ्गी, ९३. पतङ्गी, ... ९५. पन्नगः, ९६. पन्नगी, ९७. पन्न, ९८. गरीयान्, ... १००. गुरु । इतने कहे गये वैष्णव नायक उत्तर दिशा में ... हैं ॥ १२९-१३९ ॥

वासुदेवस्य लोके विष्णूनामिह विधानम्

ऐशान्यां दिशि ये प्रोक्ता विष्णवस्तान् वदामि वः ।

... ईशान दिशा में रहने वाले जितने विष्णु हैं, उनके विषय में ... हूँ ॥ १४० ॥

क्षत्रियाच्छूद्रकन्यायां जाता ये शूद्रसत्तमाः ॥ १४० ॥
ते वैष्णवं गता भक्त्या द्वादशाक्षरविद्यया ।

... साधक से शूद्र कन्या में उत्पन्न जो शूद्रसत्तम हुये हैं उन्होंने ... द्वादशाक्षर मन्त्र की उपासना से विष्णुत्व प्राप्त किया है ।

वासुदेवस्य लोकेऽत्र शतं लोकास्तथा परे ॥ १४१ ॥
शतं तु नायकास्तेषां विष्णवः परिकीर्तिताः ।
प्रत्येकं तु सहस्रस्य पुरुषाणां तु नायकाः ॥ १४२ ॥

... के लोक में और सौ लोक हैं उनके सौ नायक हैं । प्रत्येक ... के वे सौ नायक हैं ॥ १४०-१४२ ॥

८. ऐशान्यां दिशि स्थितस्य शतं वैष्णवनायकस्य विधानम्

तेषां नामानि वक्ष्यामि नामनानात्वभेदतः ।
उग्रो निग्रः समग्रश्च व्यग्रः साग्रस्तथैव च ॥ १४३ ॥
वरिष्ठो वासरोऽरिष्टोऽरिष्टारिः सृष्टसाधनः ।
मेचको वारिदेवश्च वलक्षो मणिको मणिः ॥ १४४ ॥
जरजीरश्च घटिकाकारकः कलशस्तथा ।
केतुमान् केतुमाली च केतुः केतुनिषूदनः ॥ १४५ ॥

विद्युद्विद्युत्पतिर्विद्वान् मेषो जलमनेकलः ।
मालामयो मयो माली मालात्मा मालिकापतिः ॥ १४६ ॥
स्रग्गुणो गुणवान् मेध्यो मेधावी विबुधाधिपः ।
आधारो धारको धारी विधारी वीतकल्मषः ॥ १४७ ॥
अशोकः शोकदः शौरिः शोकारिः शोकनाशनः ।
मरुन्मरुत्पतिर्मर्मा मर्मात्मा मर्म एव च ॥ १४८ ॥
कन्दर्पो दर्पदो दर्पो दर्पात्मा दर्पनाशनः ।
कर्परः कर्पटः कन्दः कन्दनः कन्दलोचनः ॥ १४९ ॥
कमलेशः कलानाथः कान्तात्मा कान्तसूदनः ।
श्वेतः श्वेतपतिः श्वेती श्वेतात्मा श्वेतसंभवः ॥ १५० ॥
धराधरो धराधारो धारा!वान् धारकोपमः ।
शुचिश्रवाः श्रवश्चैव श्रवणः श्रवणाधिपः ॥ १५१ ॥
धूर्धरो धूरिषो धूरिर्धूनतिर्धूर्विधारणः ।
निराकरिष्णुर्वर्तिष्णुर्वर्धिष्णुर्वर्धमानकः ॥ १५२ ॥
द्यौर्वियद् द्युमणिः सूर्यः सर्वेशः सर्वभावनः ।
इत्येते विष्णवः प्रोक्ता ऐशान्यां दिशि नायकाः॥१५३॥

अब नाम के नानात्व भेद से उन सौ विष्णु के नाम को कहते हैं—

१. उग्र, २. निग्र, ३. समग्र, ४. व्यग्र, ५. साग्रु, ६. ... वासर, ८. अरिष्ट, ९. अरिष्टारि, १०. सृष्टसाधन, ११. मेचक, १२. वारिदेव, १३. वलर्क्ष, १४. मणिक, १५. मणि, १६. जर, १७. ... १८. घटिका, १९. कारक, २०. कलश, २१. केतुमन, २२. केतुमाली, २३. केतु, २४. केतुनिषूदन, २५. विद्युत, २६. विद्युत्पति, २७. विद्वान्, २८. मेष, २९. जल, ३०. अनेकल, ३१. मालामय, ३२. मय, ३३. माली; ३४. मालात्मा, ३५. मालिकापति, ३६. स्रग्गुण, ३७. गुणवान्, ३८. मेध्य, ३९. मेधावी, ४०. विबुधाधिप, ४१. आधार, ४२. धारक, ४३. धारी, ४४. विधारी, ४५. वीतकल्मष, ४६. अशोक, ४७. शोकद, ४८. शौरि, ४९. शोकारि, ५०. शोकनाशन ।

५१. मरुत्, ५२. मरुत्पति, ५३. मर्मा, ५४. मर्मात्मा, ५५. मर्म, ५६. कन्दर्प, ५७. दर्पद, ५८. दर्प, ५९. दर्पात्मा, ६०. दर्पनाशन,

६१. कर्पर, ६२. कर्पट, ६३. कन्द ६४. कन्दन, ६५. कन्दलोचन, ६६. कमलेश, ६७. कलानाथ, ६८. कान्तात्मा, ६९. कान्तसूदन, ७०. श्वेत, ७१. श्वेतपति, ७२. श्वेती, ७३. श्वेतात्मा, ७४. श्वेतसंभव, ७५. धराधर, ७६. धराधार, ७७. धारावान्, (७८. धारवान्,) ७९. धारकोपम, ८०. शुचिश्रवा, ८१. श्रव, ८२. श्रवण, ८३. श्रवणाधिप, ८४. धूर्धर, ८५. धूरिष, (८६. धूरिय,) ८७. धूरि, ८८. धूनति, ८९. धूर्विधारण, ९०. विधारण, ९१. निराकरिष्णुः, ९२. वर्तिष्णु, ९३. वर्धिष्णु, ९४. वर्धमानक, ९५. द्यौ, ९६. वियत्, ९७. द्युमणि ९८. सूर्य, ९९. सर्वेश, १००. सर्वभावन इतने वैष्णव ईशान दिशा के नायक कहे गये हैं ॥ १४३-१५३ ॥

असंख्याः कापिले लोके संक्षिप्ताश्च मयाधुना ।
अत्र संक्षेपतः प्रोक्तो विद्येशा विष्णवो मया ॥ १५४ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे विद्येशोत्पत्तिर्नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

कापिल लोक में असंख्य विष्णु हैं । यहाँ संक्षेप में इतने विष्णु को कहा है । इस प्रकार विद्येश्वर विष्णुओं का नाम संक्षेप में यहाँ कहा है ॥ १५४ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के विद्येशोत्पत्ति नामक षष्ठ अध्याय की महाकवि प० राम-कुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६ ॥

इन्द्ररात्रे

सप्तमोऽध्यायः

विष्णुलोकविस्तारः

सनत्कुमार उवाच—

विष्णूनामथ सर्वेषां लोकान् सर्वान् वदामि वः ।

सनत्कुमार ने कहा—हे महर्षियो! अब सभी विष्णुओं के [illegible] कहता हूँ ॥ १ ॥

१. वाराहलोकविवेचनम्

पूर्वस्यां दिशि वाराहो लोकः पूर्वं मयोच्यते ॥ १ ॥

सर्व प्रथम पूर्व दिशा में स्थित वाराहलोक को कह रहा हूँ ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ।
हरिन्मणिमयेनैव प्राकारेणोपशोभितः ॥ २ ॥

सौ योजन लम्बा सौ योजन चौड़ा वाराहलोक है जो हरित [illegible] प्राकार से शोभित हैं ॥ २ ॥

ज्योतीरूपमयैः शुभ्रैर्गोपुरैरुपशोभितः ।
अनेकशतसंख्यैस्तु प्रासादैरुपशोभितः ॥ ३ ॥

वह ज्योति स्वरूप अत्यन्त शुभ गोपुर से सुशोभित है । [illegible] बहुसंख्यक प्रासाद से उपशोभित है ॥ ३ ॥

दशभिर्दशभिर्लोकैरीदृग्भूतैः समन्ततः ।
दिक्ष्वष्टास्वप्यवस्ताच्च ऊर्ध्वं च परिशोभितः ॥ ४ ॥

वह इसी प्रकार चारो ओर दश-दश लोकों से आठों दिशाओं [illegible] नीचे और ऊपर दशो दिशाओं में सुशोभित है ॥ ४ ॥

आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ।

[illegible] लोक में लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के [illegible] क्रीडा का पर्वत है ॥ ४- ॥

शुभा सरिद्वरा तेषां राजकल्पकपादपः ॥ ५ ॥

[illegible] लोगों के लिये शुभा नाम की श्रेष्ठ नदी है और राजकल्पक [illegible] है ॥ ५ ॥

एतेषामपि सर्वेषां बहिःसालो हिरण्मयः ।
सहस्रयोजनाकीर्णश्चतुर्गोपुरशोभितः ॥ ६ ॥

[illegible] सभी के बाहर हिरण्मय साल (साखू) वृक्ष है जो सहस्रों योजन [illegible] हुआ है और चार गोपुरों से सुशोभित है ॥ ६ ॥

चतुर्णां गोपुराणां तु वक्ष्ये दौवारिकान् पृथक् ।
मुख्यश्चैव मुकुन्दश्च पूर्वगोपुरपालकौ ॥ ७ ॥

[illegible] इन चारों गोपुरो के द्वारपालों को पृथक्-पृथक् कह रहा हूँ । मुख्य और मुकुन्द पूर्व के द्वारपालों के नाम है ॥ ७ ॥

रक्षश्च पिङ्गलाक्षश्च दक्षिणद्वारपालकौ ।
विरूपो विकृतिश्चैव पश्चिमद्वारपालकौ ॥ ८ ॥

[illegible] और पिङ्गल दक्षिण के द्वारपाल का नाम है । विरूप और विकृति पश्चिम के द्वारपाल का नाम है ॥ ८ ॥

उत्कटो विकटश्चैव उत्तरद्वारपालकौ ।
एतैर्गुप्तान्यचिन्त्यानि गोपुराणि समन्ततः ॥ ९ ॥

उत्कट और विकट उत्तर के द्वारपालों का नाम है । इन लोगों [illegible] असंख्य गोपुर चारों ओर से सुरक्षित है ॥ ९ ॥

पूर्वद्वारं भवेन्नाम्ना सदा तत्र विभद्रकम् ।
भवेच्च दक्षिणद्वारं नाम्ना भद्रमिति श्रुतम् ॥ १० ॥
सुभद्रं पश्चिमद्वारमभद्रं चोत्तरं तथा ।
उद्योतद्योतकृद् द्योतद्युतिमानिति नामतः ॥ ११ ॥
तोरणानि यथासंख्यं गोपुराणां क्रमेण हि ।
वाराहो लोक उद्दिष्टो मया संक्षेपतोऽधुना ॥ १२ ॥

पूर्व द्वार का नाम विभद्र २. दक्षिण द्वार का नाम भद्र ऐसा

सुना जाता है । ३. पश्चिम द्वार का नाम सुभद्र ४. उत्तर द्वार ... अभद्र है । उद्योत, द्योतकृत्, द्योत और द्युतिमान् ये उन गोपुरों के ... क्रमशः कहे गये है । इस प्रकार यहाँ वराहलोक का संक्षेप में ... किया गया है ॥ १०-१२ ॥

चक्रलोकविवेचनम्

तत्पार्श्वे चक्रलोको हि पश्चिमद्वारदेशतः ।
क्रमेण पश्चिमद्वारं दूरेण शतयोजनम् ॥ १३ ॥

पश्चिम द्वार के पार्श्व में चक्रलोक है जो क्रमशः पश्चिम द्वार से ... योजन दूर है ॥ १३ ॥

२. रामलोकविवेचनम्

आग्नेये चाथ दिग्भागे रामलोकं ब्रवीमि वः ।
शतयोजनविस्तीर्णं शतयोजनमायतम् ॥ १४ ॥

उसके अग्निकोण में रामलोक है जो शत योजन लम्बा और ... योजन चौड़ा है ॥ १४ ॥

प्राकारेण परिक्षिप्तं पद्मरागमयेन च ।
गोपुरा हाटकमयास्तथा प्रासादसञ्चयाः ॥ १५ ॥

वह पद्मरागमणि से निर्मित प्राकार से घिरा हुआ है । उसके ... सुवर्ण निर्मित है तथा उसमें अनेक प्रासाद भी निर्मित है ॥ १५ ॥

पूर्ववत् तस्य लोकस्य दिक्षु सर्वास्वधस्तथा ।
ऊर्ध्वंच तादृशा लोकाः क्रमाद् दशशतं स्थिताः॥१६॥

पूर्व की भाँति (७.४) इसी प्रकार उसके दशों दिशाओं में ... लोक स्थित हैं ॥ १६ ॥

लोकालोको महागिरिः विवेचन्म्

आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ।
नदी च वाहिनी नाम मन्दारास्तत्र भूरुहाः ॥ १७ ॥

वहाँ भी लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के क्रीड़ा का ... है । यहाँ वाहिनी नाम की नदी है और मन्दार वृक्ष है ॥ १७ ॥

सर्वेषामपि चैतेषां सालस्ताम्रमयः स्मृतः ।
सहस्त्रयोजनाकीर्णश्चतुर्भिर्गोपुरैर्युतः ॥ १८ ॥

... के बाहर वहाँ भी ताम्रवर्ण का साल गृह है जो सहस्त्र ... हुआ है और यह चार गोपुरों (प्रधान फाटक) से घिरा ... १८ ॥

कोणदिक्षु चतुर्ष्वेव गोपुरास्तु हिरण्मयाः ।
तेषां दौवारिकान् वक्ष्ये नामतश्च पृथक् पृथक् ॥ १९ ॥

... चारों कोणों पर स्थित सभी गोपुर हिरण्मय है । अब वहाँ रहने ... के नाम पृथक्-पृथक् कह रहा हूँ ॥ १९ ॥

विरिञ्चो विश्वकर्मा च आग्नेय्यां द्वारपालकौ ।
गोपो वीरतरश्चैव नैर्ऋत्यां द्वारपालकौ ॥ २० ॥

१. विरिञ्च और विश्वकर्मा ये आग्नेयकोण के द्वारपाल है ।
२. गोपी और वीरतर ये नैर्ऋत्यकोण के द्वारपाल है ॥ २० ॥

निष्ठुरो दुर्मुखश्चैव वायव्यां द्वारपालकौ ।
भ्रमसेनो विकुक्षी च ईशानद्वारपालाकौ ॥ २१ ॥

३. निष्ठुर और दुर्मुख वायव्यकोण के द्वारपाल हैं ।
४. भीमसेन और विकुक्षी ये ईशानकोण के द्वारपाल हैं ॥ २१ ॥

मन्थरो वारुणो वज्रो वलाहक इति क्रमात् ।
गोपुराणां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण वा ॥ २२ ॥
श्वभ्रश्चाभ्रंलिहः प्रांशुरुच्च इत्यभिधानतः ।
चतुर्णां गोपुराणां तु तोरणानि यथादिशम् ॥ २३ ॥

१. मन्थर, २. वारुण, ३. वज्र और ४. वलाहक क्रमशः गोपुरों के ... दिशाओं के १. श्वभ्र, २. अभ्रंलिह, ३. प्रांशु और ४. उच्च ... गोपुरों के तोरणों के पृथक्-पृथक् नाम हैं ॥ २२-२३ ॥

वायव्ये गोपुरात् तस्य दूरेण शतयोजनम् ।
कालाग्नेरिह तल्लोकः शतयोजनमायतः ॥ २४ ॥

... में स्थित गोपुर से सौ योजन की दूरी पर कालाग्नि का ... जो सौ योजन लम्बा है ॥ २४ ॥

३. नारसिंहलोकवर्णनम्

रामलोक इति प्रोक्तो नारसिंहं वदामि वः ।
नारसिंहस्य लोकस्तु दक्षिणस्यां दिशि स्थितः ॥ २५ ॥

यहाँ तक रामलोक कहा गया है । अब नारसिंहलोक कहता हूँ। यह नारसिंहलोक दक्षिण दिशा में स्थित है ॥ २४-२५ ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ।
स्फाटिकेनैव सालेन समन्तात् परिशोभितः ॥ २६ ॥

यह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है । यह चारों ओर स्फटिकमय साल प्रासादों से सुशोभित है ॥ २६ ॥

अष्टापदमयैर्दिव्यैर्गोपुरैरुपशोभितः ।
प्रासादै राजतैरेव सर्वतः परिशोभितः ॥ २७ ॥

यह अष्टापदमय (सुवर्णमय) दिव्य गोपुरों से सुशोभित है । सर्वत्र रजत निर्मित प्रासादों से उपशोभित है ॥ २७ ॥

अष्टदिक्षु यथा चोर्ध्वमधस्ताच्च तथाविधैः ।
दशभिः शोभितस्तद्वद् गोपुराणां यथादिशम् ॥ २८ ॥
आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ।
नदी मधुमती नाम भूरुहाः काञ्चनद्रुमाः ॥ २९ ॥

आठो दिशाओं ऊपर और नीचे अर्थात् दशो दिशाओं में दस गोपुरों से सर्वत्र सुशोभित हैं । यहाँ भी लोकालोक नामक महागिरि राजकीय के क्रीड़ा का स्थल है । यहाँ भी मधुमती नाम की नदी है और तट सुवर्णमय वृक्षों से सुशोभित है ॥ २८-२९ ॥

तेषां प्राकारभागेऽभूत् पितृणां निर्मितं पुरम् ।
सहस्त्रयोजनाकीर्णं चतुर्भिर्गोपुरैर्युतम् ॥ ३० ॥

उसके प्राकार भाग में पितरों का पुर निर्मित है जो सहस्र योजन लम्बा तथा चार गोपुरों से युक्त है ॥ ३० ॥

दौवारिकस्य नामकथनम्

तेषां दौवारिकान् वक्ष्ये गोपुराणां यथादिशम् ।
कुटिलः कुटिलाक्षश्च पूर्वद्वारस्य पालकौ ॥ ३१ ॥

अब उन गोपुरों के दिशाओं के अनुसार द्वारपालों को कहता हूँ।
१. कुटिल एवं कुटिलाक्ष पूर्व द्वार के द्वारपाल हैं ॥ ३१ ॥

तण्डिमः कुम्भनाभश्च दक्षिणद्वारपालकौ ।
विद्युत्केशो विकेशश्च पश्चिमद्वारपालाकौ ॥ ३२ ॥

२. तण्डिम एवं कुम्भनाभ दक्षिण दिशा के द्वारपाल हैं । ३. विद्युत्केश एवं विकेश पश्चिम दिशा के द्वारपाल हैं (यहाँ ४. उत्तर दिशा के द्वारपालों को नहीं कहा गया है) ॥ ३२ ॥

गोपुराणां नामानि

नन्दिको विन्दकश्चैव श्रेणिकः प्रापकस्तथा ।
गोपुराणां तु नामानि तोरणानि ब्रवीमि वः ॥ ३३ ॥

१. नन्दिक, २. विन्दक, ३. श्रेणिक और ४. प्रापक ये चारों गोपुरों के नाम है अब तोरणों के नाम कहता हूँ ॥ ३३ ॥

तोरणानां नामानि

वसुभागः सुभागश्च विभागो भाग एव च ।
तोरणानि चतुर्दिक्षु नामतः कीर्तितानि वः ॥ ३४ ॥

१. वसु भाग २. सुभाग ३. विभाग और ४. भाग ये चारों दिशाओं के तोरणों के नाम हैं जिन्हें आप लोगों से कहा है ॥ ३४ ॥

दक्षिणगोपुरात् पश्चाद् दूरेण शतयोजनम् ।
रामलोको भवत्यत्र शतयोजनमायतम् ॥ ३५ ॥

दक्षिण गोपुर के बाद सौ योजन को दूरी पर रामलोक है जिसकी लम्बाई सौ योजन है ॥ ३५ ॥

४. रामलोकविवेचनम्

लोकोऽत्र नारसिंहस्य संक्षेपात् कथितो मया ।
रामलोकमथो वक्ष्ये नैर्ऋतीं दिशमाश्रितम् ॥ ३६ ॥

यहाँ तक नारसिंह लोक का संक्षेप में वर्णन किया गया है । अब नैर्ऋत्य दिशा में स्थित रामलोक को कहता हूँ ॥ ३६ ॥

रावणान्तकरस्यात्र लोको रामस्य कीर्तितः ।
शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ॥ ३७ ॥
दिक्षु चाष्टास्वधस्ताच्च ऊर्ध्वं चैव समावृतः ।
आक्रीडापर्वतस्तेषां लोकालोको महागिरिः ॥ ३८ ॥

यहाँ रावण का वध करने वाले रामलोक को कहा गया है जो सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है । जो आठों दिशाओं ऊपर तथा नीचे इस प्रकार कुल दशों दिशाओं को घेरे हुये हैं । यहाँ लोकालोक नामक महागिरि वहाँ के रहने वालों का क्रीडा पर्वत है ॥ ३८ ॥

नदी संतरणी नाम वृक्षाः संतानकाः स्मृताः ।
तेषां चैव बहिः सालस्त्वारकूटमयः शुभः ॥ ३९ ॥

यहाँ संतरणी नाम की नदी है और संतानक नामक वृक्ष हैं । उसके बाहर चारो ओर आरकूट (पीतल) मय सुन्दर वृक्ष है ॥३९॥

सहस्त्रयोजनाकीर्णश्चतुर्भिर्गोपुरैर्युतः ।
सर्वे कंसमयाभोगा गोपुरास्तु न संशयः ॥ ४० ॥

वह सहस्त्र योजन पर्यन्त फैला हुआ है और चार गोपुरों से युक्त है । सभी गोपुर कंसमय (काँसा) के आभोग से युक्त है इसमें संशय नहीं ॥ ४० ॥

तेषां दौवारिकान् सर्वान् प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम् ।
पूर्वस्यां द्वारपालौ तु अवाङ्मुखपराङ्मुखौ ॥ ४१ ॥

अब उन गोपुरों के द्वारपालों को क्रमानुसार कहता हूँ ।

१. अवाङ्मुख और पराङ्मुख पूर्व दिशा के द्वारपाल है ॥ ४१ ॥

वञ्चनो निषदश्चैव दक्षिणद्वारपालकौ ।
बलश्चातिबलश्चैव पश्चिमद्वारपालकौ ॥ ४२ ॥
कुहको वरुणश्चैव उत्तरद्वारपालकौ ।

२. वञ्चन एवं निषद दक्षिण दिशा के द्वारपाल हैं ।

३. बल एवं अतिबल पश्चिम दिशा के तथा ४. कुहक और वरुण उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं ॥ ४२-४३ ॥

सुवाहश्च प्रवाहश्च निवाहो वाह एव च ॥ ४३ ॥
गोपुराणां तु नामानि तोरणानां ब्रवीमि वः ।

१. सुवाह, २. प्रवाह, ३. निवाह और ४. वाह ये उन चारों गोपुरों के नाम हैं अब तोरणों के नाम कहता हूँ ॥ ४३-४४ ॥

वक्रकं तीक्ष्णकं मुञ्जं वीरभद्रमिति क्रमात् ॥ ४४ ॥
तोरणानां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण वै ।
प्राग्द्वाराद्वारुणो लोको दूरेण शतयोजनम् ॥ ४५ ॥

१. वक्रक, २. तीक्ष्णक, ३. मुञ्ज और ४. वीरभद्र ये यथाक्रम उन तोरणों के नाम हैं । पूर्व के द्वार से सौ योजन दूर वारुणलोक स्थित है ॥ ४५ ॥

५. वामनलोकवर्णनम्

शतयोजनविस्तीर्णं शतयोजनमायतम् ।
वैडूर्यरत्नसालेन समन्तात् परिशोभितम् ॥ ४६ ॥

सौ योजन लम्बा एवं सौ योजन चौड़ा है । यह वैडूर्य मणि के प्राकारों से चारों ओर सुशोभित है ॥ ४६ ॥

शातकुम्भमयैश्चैव चतुर्भिर्गोपुरैर्युतः ।
सौवर्णैः सर्वसालैश्च सर्वतः परिशोभितः ॥ ४७ ॥

सुवर्णमय चार गोपुरों से युक्त है और चारों ओर सुवर्णमय गृह से सुशोभित है ॥ ४६ ॥

एवंविधैस्तथा लोकैर्दशभिर्दशभिः क्रमात् ।
दिक्ष्वष्टासु तथा चोर्ध्वमधस्ताच्चोपशोभितः ॥ ४८ ॥

इस प्रकार के दस-दस लोकों से क्रमशः आठो दिशाओं तथा ऊपर नीचे घिरा हुआ है ॥ ४८ ॥

आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ।
नदी सरस्वती नाम ब्रह्मवृक्षास्तथा द्रुमाः ॥ ४९ ॥

लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों के क्रीडास्थल से सुशोभित है। वहाँ सरस्वती नाम की महानदी है और उन ब्रह्मवृक्ष के द्रुम हैं ॥ ४७-४९ ॥

बहिः प्राकार एतेषां वृत्तो लोहमयः शुभः ।
सहस्त्रयोजनाकीर्णश्चतुर्भिर्गोपुरैर्युतः ॥ ५० ॥

इन सभी के बाहर लोहमय कल्याणकारी गोलाकार प्राकार है । वह सहस्त्रयोजन तक फैला है और चार गोपुरों से युक्त है ॥ ५० ॥

गोपुराः कोणदेशे तु जाम्बूनदमयाः शुभाः ।
तेषां दौवारिकान् वक्ष्ये यथासंख्यक्रमेण तु ॥ ५१ ॥

ये सभी प्राकार चारों कोणों में सुवर्ण निर्मित हैं । अब यथासंख्य क्रम से इनके द्वारपालों को कहता हूँ ॥ ५१ ॥

भानुमानुग्रतेजाश्च आग्नेय्यां द्वारपालकौ ।
वरिष्ठः कलहश्चैव नैर्ऋत्यां द्वारपालकौ ॥ ५२ ॥

तुङ्गघोणो विकर्णश्च वायव्यां द्वारपालकौ ।
उत्क्रोशनो विसारिश्च ऐशान्यां द्वारपालकौ ॥ ५३ ॥

१. भानुमान एवं उग्रतेजा आग्नेय कोण के द्वारपाल हैं । २. ... एवं कलह नैर्ऋत्य कोण के द्वारपाल है । ३. तुङ्गघोण एवं विकर्ण वायव्य कोण के तथा ४. उत्क्रोशन और विसारि ईशान कोण के द्वारपाल कहे गये है ॥ ५२-५३ ॥

सुधामा च निधामा च प्रधामा बहुधामकः ।
गोपुराणां तु नामानि तोरणानि वदामि वः ॥ ५४ ॥

१. सुधामा, २. निधामा, ३. प्रधामा और ४. बहुधामक ये गोपुरों के नाम हैं । अब तोरणों के नाम कहता हूँ ॥ ५४ ॥

तुङ्गश्चाप्यतितुङ्गश्च नितुङ्गश्च प्रतुङ्गकः ।
तोरणानां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण वै ॥ ५५ ॥

१. तुङ्ग, २. अतितुङ्ग, ३. नितुङ्ग और ४. प्रतुङ्ग ये तोरणों के यथासंख्य नाम हैं ॥ ५४-५५ ॥

आग्नेय्यां द्वारदेशे तु दूरेण शतयोजनम् ।
शतयोजनविस्तीर्णो वायुलोकः प्रतिष्ठितः ॥ ५६ ॥

आग्नेय द्वार देश से सौ योजन दूर सौ योजन विस्तार वाला वायुलोक प्रतिष्ठित है ।

६. हयशीर्षलोकवर्णनम्

उक्तो वामनलोकस्तु हयवक्त्रस्य चोच्यते ।
हयशीर्षस्य लोकस्तु उत्तरस्यां दिशि स्थितः ॥ ५७ ॥

यहाँ तक वामनलोक कहा गया है । अब अश्वशिरा लोक कहता हूँ। यह हयशीर्ष लोक उत्तर दिशा में स्थित है ॥ ५६-५७ ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ।
मुक्ताप्राकारजालेन सर्वतः परिशोभितः ॥ ५८ ॥

यह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है और मोती से निर्मित प्राकारों से परिशोभित है ॥ ५८ ॥

चतुर्भिर्गोपुरैश्चैव युक्तो हेममयैः शुभैः ।
एवंविधैस्तथा लोकैर्दशभिर्दशभिः क्रमात् ॥ ५९ ॥

... मनोहर सुवर्णमय चार प्राकारों से शोभित है । इसी प्रकार ... इस दस लोकों से घिरा हुआ है ॥ ५९ ॥

दिक्ष्वष्टासु तथा चोर्ध्वमधस्ताच्चोपशोभितः ।
आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ॥ ६० ॥

... आठों दिशाओं एवं ऊपर तथा नीचे दसो दिशाओं में घिरा हुआ ... है । वहाँ भी लोकालोक नामक महागिरि राजमहिषियों का ... है ॥ ५९-६० ॥

नदी प्रस्रवणी नाम अश्वत्थाश्च द्रुमास्तथा ।
बहिस्तलस्तथैतेषां तुङ्गगन्धिः समः शुभः ॥ ६१ ॥

... नाम की महानदी है और अश्वत्थ के वृक्ष हैं । इनका ... उत्कृष्ट गन्ध से युक्त समतल तथा मनोहर है ॥ ६१ ॥

गोपुरास्तत्र चत्वारः कृष्णलोहमयाः शुभाः ।
तेषां दौवारिकाणां तु वक्ष्ये नामानि च क्रमात् ॥ ६२ ॥

... काले लोहों से निर्मित परम सुन्दर चार गोपुर हैं । अब उन ... द्वारपाल के नामों को क्रमशः कह रहा हूँ ॥ ६२ ॥

दौवारिकाणामभिधानकथनम्

स्तब्धको मुञ्जकेशश्च प्राच्यां दौवारिकौ स्मृतौ ।
एकनेत्रस्त्रिनेत्रश्च दक्षिणद्वारपालकौ ॥ ६३ ॥
भीषणो रोचनश्चैव पश्चिमद्वारपालकौ ।
प्रमोहो विश्वकश्चैव उत्तरद्वारपालकौ ॥ ६४ ॥

... स्तब्धक और मुञ्जकेश ये पूर्व दिशा के द्वारपालों के नाम हैं २. ... और त्रिनेत्र दक्षिण के, ३. भीषण और रोचन पश्चिम के, ४. ... और विश्वक उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं ॥ ६३-६४ ॥

नियोनिर्निवयश्चैव सुलयः प्रलयस्तथा ।
गोपुराणां तु नामानि तोरणानां ब्रवीमि वः ॥ ६५ ॥

... नियोनि, २. निवय, ३. सुलय और ४. प्रलय ये गोपुरों के ... । अब तोरणों के नाम कहता हूँ ॥ ६५ ॥

तोरणानामभिधानकथनम्

संधानश्च प्रधानश्च सुधानो धान एव च ।

तोरणानां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण तु ॥ ६६ ॥

१. संधान, २. प्रधान, ३. सुधान और ४. धान ये क्रमशः … तोरणों के नाम हैं ॥ ६६ ॥

दक्षिणागोपुरस्यास्य दूरेण शतयोजनम् ।
शतयोजनविस्तीर्णः सोमलोकः प्रतिष्ठितः ॥ ६७ ॥

दक्षिण के इस गोपुर से सौ योजन की दूरी पर सौ योजन … सोमलोक प्रतिष्ठित है ॥ ६७ ॥

७. वासुदेवलोकवर्णनम्

उक्तो हयास्यलोकोऽयं वासुदेवस्य वक्ष्यते ।
वासुदेवस्य लोकोऽयमैशान्यां दिशि तिष्ठति ॥ ६८ ॥

यहाँ तक अश्वशिरा लोक का वर्णन किया गया है । अब वासु… लोक का वर्णन करता हूँ । यह वासुदेव का लोक ईशानकोण में स्थित है ॥ ६८ ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ।
प्राकारेण परिक्षिप्तस्ततो वज्रमयेन तु ॥ ६९ ॥

यह सौ योजन लम्बा सौ योजन चौड़ा है और चारों ओर वज्र… से बने हुये प्राकार से परिवेष्टित है ॥ ६९ ॥

हैमैस्तु गोपुरैः शुभ्रैश्चतुर्भिः सर्वतो वृतः ।
एवंविधैस्तथा लोकैर्दशभिर्दशभिः क्रमात् ॥ ७० ॥

यह अत्यन्त शुभ सुवर्णमय चार गोपुरों से घिरा हुआ है । इसी प्रकार के दश-दश लोकों से यह क्रमशः घिरा हुआ है ॥ ७० ॥

दिक्ष्वष्टासु तथा चोर्ध्वमधस्ताच्चोपशोभितः ।
आक्रीडापर्वतस्तत्र लोकालोको महागिरिः ॥ ७१ ॥

इसप्रकार यह आठो दिशाओं तथा ऊपर एवं नीचे तक घिरा हुआ सुशोभित है । यहाँ लोका-लोक नाम का महागिरि राजमहिषियों का क्रीडास्थल है ॥ ७१ ॥

नदी वर्णवती नाम वृक्षा बिल्वमयाः स्मृताः ।
बहिः प्राकार एतेषामयस्कान्तमयः शुभः ॥ ७२ ॥

वर्णवती नाम की नदी है । यहाँ सर्वत्र बिल्वमय वृक्ष विद्यमान हैं …

… का बाहरी प्राकार अयस्कान्त मणि से बना हुआ अत्यन्त … है ॥ ७२ ॥

गोपुराश्चापि कोणेषु चत्वार इति निर्मिताः ।
तेषां दौवारिकान् वक्ष्ये यथासंख्यक्रमेण वः ॥ ७३ ॥

… कोणों पर चार गोपुर बनाये गये हैं । अब क्रमानुसार इनके … को कहता हूँ ॥ ७३ ॥

दौवारिकाणामभिधानकथनम्

विद्रुमाक्षः स्फुलिङ्गाक्ष आग्नेय्यां द्वारपालकौ ।
उलूकास्यो वकास्यश्च नैर्ऋतद्वारपालकौ ॥ ७४ ॥
ताम्रफुल्लः किरीटी च वायव्ये द्वारपालकौ ।
पीनबाहुः सुबाहुश्च ऐशानद्वारपालकौ ॥ ७५ ॥

विद्रुमाक्ष एवं स्फुलिङ्गाक्ष ये आग्नेय दिशा के द्वारपाल हैं । उलूकास्य एवं वकास्य नैर्ऋत्य के द्वारपाल एवं ताम्रफुल्ल और ३. … वायव्य के तथा ४. पीनबाहु और सुबाहु ईशान दिशा के … हैं ॥ ७४-७५ ॥

सुक्रीडश्च तथाक्रीडः क्रीडनः क्रीड एव च ।
गोपुराणां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण वै ॥ ७६ ॥
सुबन्धुर्बन्धुरश्चैव प्रबन्धुश्च निबन्धुकः ।
तोरणानां तु नामानि कथितानि यथाक्रमम् ॥ ७७ ॥

१. सुक्रीड, २. आक्रीड, ३. क्रीडन और ४. क्रीड ये चार गोपुरों … हैं । १. सुबन्धु, २. बन्धुर, ३. प्रबन्धु और ४. निबन्धुक ये … तोरणों के नाम कहे गये ॥ ७६-७७ ॥

नैर्ऋताद् गोपुरात् पश्चाद् दूरेण शतयोजनम् ।
ईशानस्य च लोकोऽभूद् दूरेण शतयोजनम् ॥ ७८ ॥

नैर्ऋत्य गोपुर के पश्चात् सौ योजन दूरी पर ईशान का लोक है … की दूरी सौ योजन है ॥ ७८ ॥

सर्वेषामपि लोकानां प्राकारास्तु पृथक् पृथक् ।
चतुरस्रास्तथा वृत्ताः सर्वे चैव बहिः स्थिताः ॥ ७९ ॥

सभी लोकों के प्राकार पृथक्-पृथक् हैं, कोई चौकोर हैं या कोई … हैं । ये सभी बाहर स्थित हैं ॥ ७९ ॥

८. कापिललोकवर्णनम्

अधस्तात् कापिलं लोकं कथयिष्यामि वः क्रमात् ।
रसातले महान् लोकः कपिलस्य महामुनेः ॥ ८० ॥

अब इन सबके नीचे कपिल का लोक है जिसे क्रमपूर्वक कहता हूँ । महामुनि कपिल का रसातल में महान् लोक है ॥ ८० ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ।
मुक्तामयेन सौधेन सर्वतः परिशोभितः ॥ ८१ ॥
पद्मरागमयैश्चैव गोपुरैरुपशोभितः ।
बहिस्तस्यैव परितः शतं लोकाः प्रतिष्ठिताः ॥ ८२ ॥

यह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है चारों ओर मुक्तामय सौंध से और पद्मराग मणियों द्वारा बने हुये गोपुरों से परिशोभित है। उसके बाहर चारो ओर सैकड़ों लोक प्रतिष्ठित हैं ॥ ८२ ॥

तेषां बहिश्च प्राकारो विद्रुमैः परिकल्पितः ।
स्फाटिकैर्गोपुरैः शुभ्रैश्चतुर्भिश्च समन्वितः ॥ ८३ ॥

उसके बाहर विद्रुम मणि से बनाया गया प्राकार है जो शुभ्र स्फटिक मणि से बनाये गये चार गोपुरों से संयुक्त हैं ॥ ८३ ॥

तस्यैव परितो लोकाः सहस्रं वै प्रतिष्ठिताः ।
तेषां बहिश्च प्राकारः स्थितो वज्रमयः शुभः ॥ ८४ ॥

उसके चारों ओर सहस्रों लोक प्रतिष्ठित हैं उनके बाहर वज्रमय अत्यन्त सुन्दर प्राकार है ॥ ८४ ॥

हरिजातशिलाक्लृप्तैर्गोपुरैरुपशोभितः ।
ततो दशसहस्रं वै स्थिता लोकाः समततः ॥ ८५ ॥

ये सभी प्राकार हरिजात शिला से निर्मित गोपुरों से सुशोभित हैं। उसके बाद उसके चारो ओर दस हजार लोक स्थित है ॥ ८५ ॥

तेषां बहिश्च प्राकारः पद्मरागमयः शुभः ।
मुक्तामयैस्तथा शुभ्रैर्गोपुरैरुपशोभितः ॥ ८६ ॥

उनके बाहर का प्राकार पद्मराग मणि से बनाया गया है जो अत्यन्त मनोहर है और मुक्तामणि से निर्मित शुभ्र गोपुरों से सुशोभित है ॥ ८६ ॥

लोकाः शतसहस्रं वै तस्य चोपरि संस्थिताः ।

तेषां बहिश्च प्राकारो गारुडैर्मणिभिः कृतः ॥ ८७ ॥

उसके ऊपर लाख संख्या में लोक स्थित है । उनके बाहर के प्राकार गारुत्मत मणि से बनाये गये हैं ॥ ८७ ॥

पुष्परागमयैः शुभ्रैर्गोपुरैरुपशोभितः ।
तेषां बहिः स्थिता लोकाः कोटिसंख्याप्रमाणतः ॥८८॥

वह पुष्परागमय स्वच्छ गोपुरों से सुशोभित है । उनके भी बाहर करोड़ों संख्यक लोक स्थित हैं ॥ ८८ ॥

तेषां बहिश्च प्राकारो वैडूर्यमणिनिर्मितः ।
जाम्बूनदमयैः शुभ्रैर्गोपुरैरुपशोभितः ॥ ८९ ॥

उनके भी बाहर प्राकार हैं जो वैदूर्यमणि से निर्मित है और वे जाम्बूनद शुभ्र गोपुरों से सुशोभित हैं ॥ ८९ ॥

दौवारिकाणामभिधानकथनम्

तस्य दौवारिकान् वक्ष्ये यथासंख्यक्रमेण तु ।
सुद्युम्नश्च मयीन्दश्च प्राच्यां वै द्वारपालकौ ॥ ९० ॥
सुमित्रः शङ्खदश्चैव दक्षिणद्वारपालकौ ।
पर्जन्यः पाञ्चजन्यश्च पश्चिमद्वारपालकौ ॥ ९१ ॥
विशालाक्षकरालाक्षावुत्तरद्वारपालकौ ।

अब उनके द्वारपालों को क्रमशः कह रहा हूँ । १. सुद्युम्न एवं मयीन्द पूर्वदिशा के द्वारपाल है । २. सुमित्र एवं शङ्खद दक्षिण दिशा के ३. पर्जन्य एवं पाञ्चजन्य पश्चिम दिशा के ४. विशालाक्ष एवं करालाक्ष उत्तर दिशा के द्वारपाल हैं ॥ ९०-९२ ॥

विमन्दिरं तथा प्राच्यां दक्षिणस्यां सुमन्दिरम् ॥ ९२ ॥
मन्दिरं पश्चिमायां तु उत्तरस्यां प्रमन्दिरम् ।
गोपुराणां तु नामानि तोरणानां वदामि वः ॥ ९३ ॥

१. पूर्व दिशा के गोपुर का नाम विमन्दिर, २. दक्षिण के गोपुर का नाम सुमन्दिर, ३. पश्चिम के गोपुर का नाम मन्दिर और ४. उत्तर दिशा के गोपुर का नाम प्रमन्दिर है । ये गोपुरों के नाम कहे गये । अब तोरणों के नामों को कहता हूँ ॥ ९१-९३ ॥

उल्लेखश्च सुलेखश्च प्रलेखश्च विलेखकः ।
तोरणानां तु नामानि यथासंख्यक्रमेण तु ॥ ९४ ॥

१. उल्लेख, २. सुलेख, ३. प्रलेख और ४. विलेख ये यथासंख्य तोरणों के नाम है ॥ ९४ ॥

९. विष्णुलोकवर्णनम्

उक्तस्तु कापिलो लोको विष्णुलोकं वदामि वः ।
मेरोस्तु यावदुत्सेधस्तावदूर्ध्वमथोपरि ॥ ९५ ॥
विष्णुलोकस्ततश्चोर्ध्वं यत्रासन् नव विष्णवः ।

यहाँ तक कापिल लोक का वर्णन किया गया है । अब विष्णुलोक के विषय में कहता हूँ मेरु की जितनी ऊँचाई है उससे ऊपर विष्णुलोक स्थित हैं जहाँ नव विष्णु हैं ॥ ९५-९६ ॥

शतयोजनविस्तीर्णः शतयोजनमायतः ॥ ९६ ॥
सर्वरत्नमयस्तस्य प्रासादः परिकल्पितः ।
तथा वज्रमयैः शुभ्रैर्गोपुरैरुपशोभितः ॥ ९७ ॥

वह सौ योजन लम्बा और सौ योजन चौड़ा है । उस लोक का प्रासाद सभी रत्नों से निर्मित है । उसके समस्त गोपुर वज्रमय तथा शुभ्र वर्ण के हैं ॥ ९६-९७ ॥

तस्यापि परितः पश्चाद् ब्रह्मलोकाः शतं स्थिताः ।
तेषां बहिश्च प्राकारो ब्रह्मरागमयः शुभः ॥ ९८ ॥

उसके चारो ओर सैकड़ों की संख्या में ब्रह्मलोक स्थित हैं । उनके बाहर का प्राकार ब्रह्मरागमय तथा अत्यन्त मनोहर है ॥ ९८ ॥

गारुडैर्मणिभिश्चित्रैः कल्पितास्तस्य गोपुराः ।
सहस्रं रुद्रलोकास्तु तथैव परिकल्पिताः ॥ ९९ ॥

उसके गोपुर गारुड़ मणियों से चित्रित हैं । उसी प्रकार सहस्र रुद्रलोक भी निर्मित हैं ॥ ९९ ॥

तेषां बहिश्च प्राकारो पद्मरागमयः शुभः ।
स्फाटिकैर्गोपुरैः शुभ्रैः समन्तात् परिशोभितः ॥१००॥

उन रुद्रलोक के बाहर के प्राकार पद्मरागमणि से निर्मित हैं । उनके प्राकार स्फटिक मणि से निर्मित शुभ्र एवं गोपुरों से चारो ओर सुशोभित है ॥ १०० ॥

ततो दशसहस्रं तु देवलोकाः प्रकीर्तिताः ।

तेषां बहिश्च प्राकारः क्लृप्तो मरकतैः शुभैः ॥१०१॥

उसके बाद दस हजार देवलोक हैं । उनके बाहर का प्राकार मरकत मणि से विरचित हैं ॥ १०१ ॥

गोपुरैर्वज्रक्लृप्तैस्तु सर्वतः परिशोभितः ।
ततः शतसहस्रं तु तस्यैव परिसंस्थिताः ॥ १०२ ॥
लोका देवपितृणां तु सर्वलोकसुखावहाः ।
तेषां बहिश्च प्राकारो राजतः परिकल्पितः ॥ १०३ ॥

वज्रमणि से निर्मित गोपुरों से अत्यन्त मनोहर हैं । उसके बाद लाखों की संख्या में सर्वलोक सुखावह देवताओं और पितरों के लोक हैं उनके बाहर के प्राकार रजत निर्मित है ॥ १०२-१०३ ॥

सौवर्णैर्गोपुरैः शुभ्रैः सर्वतः परिशोभितः ।
तेषां दौवारिकान् वक्ष्ये यथासंख्यक्रमेण तु ॥ १०४ ॥

प्राकार सुवर्ण निर्मित शुभ्र गोपुरों से सर्वत्र शोभित हैं । अब द्वारपालों को यथासंख्य कह रहा हूँ ॥ १०४ ॥

दौवारिकाणामभिधानकथनम्

कुमुदः कुमुदाक्षश्च प्राच्यां दौवारिकौ स्मृतौ ।
दक्षिणद्वारपालस्तु पुण्डरीकोऽथ वामनः ॥ १०५ ॥
शङ्कुकर्णः सर्वनेत्रः पश्चिमद्वारपालकौ ।
उत्तरद्वारपालौ तु सुमुखः सुप्रतिष्ठितः ॥ १०६ ॥

१. कुमुद एवं कुमुदाक्ष ये पूर्वदिशा के द्वारपाल हैं । २. पुण्डरीक एवं वामन दक्षिण दिशा के, ३. शङ्कुकर्ण एवं सर्वनेत्र पश्चिम दिशा के द्वारपाल हैं । ४. सुमुख और सुप्रतिष्ठित उत्तर दिशा के द्वारपाल कहे गये हैं ॥ १०५-१०६ ॥

तस्योपरि महाविष्णोर्लोक एव प्रतिष्ठितः ।
प्राकारो राजतः प्रोक्तो गोपुरश्च तथाविधः ॥ १०७ ॥

उसके ऊपर महाविष्णु का लोक स्थित है । उसका प्राकार और गोपुर दोनों ही रजत निर्मित है ॥ १०७ ॥

न कश्चित् तत्र लोकोऽभूद् देव एव परः पुमान् ।
ज्योतिर्मयो ह्यनिर्देश्यो ज्योतिर्मण्डलमध्यगः ॥ १०८ ॥

वहाँ कोई और लोक नहीं है । वहाँ के देव ही एक मात्र पुरुष ... वे ज्योतिर्मण्डल के मध्य में स्थित उनको इदमित्थं ज्योतिर्मय रूप ... निर्देश नहीं किया जा सकता ॥ १०८ ॥

चण्डश्चैव प्रचण्डश्च तस्य दौवारिकौ स्मृतौ ।
तस्योपरि महाविष्णोरचिन्त्यस्तमसः परः ॥ १०९ ॥

उनके चण्ड और प्रचण्ड नाम के दो द्वारपाल हैं । उनके ... महाविष्णु का लोक है जो अचिन्त्यतमस् से परे है ॥ १०९ ॥

१०. महाविष्णुलोकवर्णनम्

तमाहुः पुरुषं दिव्यं नारायणमनामयम् ।
तस्मात् परतरं किंचिन्न भूतं न भविष्यति ॥ ११० ॥

उनको दिव्य पुरुष एवं अनामय नारायण कहा जाता है । उनसे ... न कोई है, न हुआ था और न होगा ॥ ११० ॥

बहिरण्डाद् बहिः सोऽयं वासुदेवः सनातनः ।
बहिरण्डान् महाविष्णोरव्यक्तान्नामनामतः ॥ १११ ॥

यह वही सनातन वासुदेव इस ब्रह्माण्ड से बाहर हैं जो अव्यक्त ... से महाविष्णु नाम से जाने जाते हैं ॥ १११ ॥

विष्णोरधस्तान्मेरुः स्यात्तत्र स्थूलास्तु मूर्तयः ।
पुरुषश्चापि सत्यश्च अच्युतश्चानिरुद्धकः ॥ ११२ ॥
तत्रार्चन्ति सदाविष्णुमावाहनविसर्जनैः ।
ज्ञानध्यानपरा नित्यमष्टाक्षरपरायणाः ॥ ११३ ॥

विष्णु के नीचे मेरु है जहाँ स्थूल मूर्त्तियों का निवास है । १. पुरुष, २. सत्य, ३. अच्युत, ४. अनिरुद्ध उन सदाविष्णु के आवाहन ... विसर्जन से अर्चना करते हैं । वे नित्य अष्टाक्षर जप में परायण रहते ... तथा ज्ञान एवं ध्यान में लगे रहते हैं ॥ ११२-११३ ॥

सप्त वैष्णवमातरः विधानम्

दिश्युत्तरस्यां तत्रैव सप्त वैष्णवमातरः ।
वागीश्वरी क्रिया कीर्तिर्लक्ष्मीः सृष्टिस्तथैव च ॥ ११४ ॥
विद्या कान्तिश्च सप्तैता मातरः परिकीर्तिताः ।
शङ्खचक्रधराः सर्वाः सर्वा एव चतुर्भुजाः ॥ ११५ ॥

... से उत्तर दिशा में सात वैष्णव माताओं का निवास है १. ... २. क्रिया, ३. कीर्त्ति, ४. लक्ष्मी, ५. सृष्टि, ६. विद्या और ... ये सदावैष्णव मातृकायें हैं, ये सभी शङ्ख एवं चक्र धारण ... तथा चार भुजाओं वाली हैं ॥ ११५ ॥

शुक्ला रक्ता च पीता च हरिवर्णा च वर्णतः ।
एवमेव प्रकारेण वर्णतः परिकीर्तिताः ॥ ११६ ॥

... से शुक्ल, रक्त, पीत और हरित वर्ण वाली है । इस प्रकार ... इनका कीर्तन किया गया है ॥ ११६ ॥

मूर्तिलोक इति प्रोक्तः संक्षेपादेव विष्णवः ।
मूर्तिमन्तो हि ते सर्वे लोकानां हितकाम्यया ॥ ११७ ॥

... में निवास करने वाले इतने विष्णु को संक्षेप में यहाँ कहा ... । ये सभी लोक का कल्याण करने के लिये मूर्त्ति रूप धारण ... है ॥ ११७ ॥

स्मरणादेव वै तेषां सद्यः पापात् प्रमुच्यते ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन सदाविष्णुपरायणैः ।
अध्येतव्योऽमध्यायः सर्वपापप्रणाशनः ॥ ११८ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे विष्णुलोकविस्तारो नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

... स्मरण मात्र से साधक मनुष्य समस्त पापों से छूट जाता है। ... विष्णु परायण विष्णुभक्तों को सब प्रकार के प्रयत्नों से ... प्रणाशन करने वाले इस अध्याय का नित्य स्वाध्याय करना ... ॥ ११८ ॥

... प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के विष्णुलोकविस्तार नामक सप्तम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

इन्द्रात्रे

अष्टमोऽध्यायः

शिष्यलक्षणम्

सनत्कुमार उवाच—

योनिशुद्धिं प्रवक्ष्यामि जायन्ते यत्र वैष्णवाः ।

सनत्कुमार ने कहा—अब योनि की शुद्धि कहता हूँ, जिनमें वै... उत्पन्न होते हैं ॥ १ ॥

योनिरित्युच्यते क्षेत्रं क्षेत्रभूताः स्त्रियः स्मृताः ॥ १ ॥

क्षेत्र को योनि कहते हैं, वह क्षेत्र स्त्रियाँ होती हैं ॥ १ ॥

योनिशुद्धिकथनम्

क्षेत्रं चतुर्विधं प्रोक्तं चातुर्वर्ण्यव्यवस्थया ।
कन्या च विधवा चैव पुनर्भूः स्वैरिणीति च ॥ २ ॥
चतुर्विधाः स्त्रियः प्रोक्ताः स्वतः क्षेत्रपरिग्रहे ।
एतासामपि सर्वासां पूर्वा पूर्वा गरीयसी ॥ ३ ॥

चातुर्वर्ण्य व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र चार प्रकार का कहा गया है। स्वतः क्षेत्र, १. परिग्रह कन्या, २. विधवा ३. पुनर्भू और ४. स्वैरिणी ये चार प्रकार की स्त्रियों कही गई है । इन सभी क्षेत्रभूता स्त्रियों में पूर्व-पूर्व प्रशस्त मानी गई है ॥ २-३ ॥

चतुर्णामपि वर्णानां कन्या चैव प्रशस्यते ।
त्रयाणां क्षत्रियादीनामुत्तमा तु प्रशस्यते ॥ ४ ॥
विधवा च प्रशस्ता तु क्षेत्रजो यत्र जायते ।
द्वयोरेव प्रशस्ता तु पुनर्भूर्वैश्यशूद्रयोः ॥ ५ ॥
शूद्रस्यैव प्रशस्ता तु स्वैरिणी नाम नामतः ।

१. चारों वर्णों के लिये कन्या प्रशस्त मानी गयी है । क्षत्रियादि तीन वर्णों के लिये 'उत्तमा' प्रशस्त कही गई है । २. विधवा प्रशस्त

है जिसमें क्षेत्रज उत्पन्न होते हैं । ३. पुनर्भू वैश्य और शूद्र के लिये प्रशस्त है । ४. स्वैरिणी नाम वाली केवल शूद्र के लिये कही गई है ॥ ४-६ ॥

कन्या च द्विविधा प्रोक्तां चातुर्वर्ण्ये यथाक्रमम् ॥ ६ ॥
नित्यमक्षतयोनिश्च क्षतयोनिरिति द्विधा ।
शुद्धा चाक्षतयोनिस्तु सर्वेषामपि शस्यते ॥ ७ ॥

चातुर्वर्ण्य में यथाक्रम कन्या दो प्रकार की कही गई है । १. जिसकी योनि कभी क्षत न हुई हो, वह अक्षतयोनि कही गई है २. क्षतयोनि ये कन्या के दो भेद हैं । अक्षतयोनि शुद्ध है । सबके लिये प्रशस्त मानी गई है ॥ ६-७ ॥

विप्रवर्जं त्रयाणां तु क्षतयोनिश्च शस्यते ।
सा पुनर्विधवा प्रोक्ता क्षतयोनिरितीरिता ॥ ८ ॥

ब्राह्मण को छोड़कर तीन वर्णों के लिये क्षतयोनि भी प्रशस्त है 'क्षतयोनि' कहा गया है वही फिर 'विधवा' कही जाती है ॥८॥

उत्तमा क्षतयोनिश्च सवर्णक्षतयोनिका ।
त्रयाणां क्षत्रियादीनां ब्राह्मणक्षतयोनयः ॥ ९ ॥

ब्राह्मण द्वारा क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र कन्यायें क्षतयोनि होने पर क्षतयोनि कही जाती है ॥ ९ ॥

सवर्णक्षतयोनिलक्षणकथनम्

सवर्णेन क्षताः सर्वाः सवर्णक्षतयोनयः ।
एतासामपि सर्वासां पूर्वा पूर्वा गरीयसी ॥ १० ॥

सवर्ण द्वारा जिसकी योनि क्षत हो गई है वह 'सवर्णक्षतयोनि' कही है । इनमें भी पूर्व-पूर्व श्रेष्ठ होती है ॥ १० ॥

अभियोगे च शस्तास्तु सर्वाः स्युः क्षतयोनयः ।
विवाहयोग्याः सर्वाः स्युः प्रसूता अपि वा न वा ॥११॥

सभी क्षतयोनि यदि नियोग न करें तो प्रशस्त है, चाहे प्रसूत हों सभी विवाह के योग्य होती हैं ॥ ११ ॥

द्विविधा क्षतयोनिकथनम्

तत्रापि द्विविधा प्रोक्ता प्रसूता गर्भिणीति च ।

गरीयसी प्रसूताया गर्भिणी तु न संशयः ॥ १२ ॥

ये सभी क्षतयोनियाँ दो प्रकार की कही गई हैं । प्रथम प्रसूता और दूसरी गर्भिणी । इसमें जो प्रसूता है वह श्रेष्ठ है गर्भिणी नहीं ॥ १२ ॥

अप्रसूतासु कन्यासु प्रणीतासु यथाक्रमम् ।
जाताः स्युरौरसाः पुत्रा रिक्थभाजः पितुः सदा ॥ १३ ॥

वर्णानुसार कुमारी कन्या के विवाह के अनन्तर जो प्रसूत पुत्र है वह क्रमानुसार 'औरस' पुत्र कहा जाता है और वही पिता के सम्पत्ति का अधिकारी है ॥ १३ ॥

कानीनादिसन्तानलक्षणकथनम्

प्रसूतायां तु कानीनो गर्भिण्यां तु सहोढकः ।
सहोढो रिक्थभागेव कानीनो न कथंचन ॥ १४ ॥

अप्रणीता (अविवाहित) कन्या में प्रसूत पुत्र 'कानीन' पुत्र कहा जाता है और गर्भिणी होने के बाद विवाह होने पर 'सहोढ़' पुत्र कहा जाता है। सहोढ़ पुत्र सम्पत्ति का अधिकारी होता है, किन्तु कानीन पुत्र कदापि नहीं ॥ १४ ॥

कानीनादिसन्तानस्य दीक्षार्हताकथनम्

कानीनं वर्जयित्वा तु सर्वे दीक्षार्हकाः स्मृताः ।
सहोढश्च कदाचित्तु न चाचार्यत्वमर्हति ॥ १५ ॥

कानीन को छोड़कर सभी दीक्षा के योग्य कहे गये हैं, किन्तु सहोढ़ आचार्य होने के योग्य कदापि नहीं होता ॥ १४-१५ ॥

विधवाक्षतयोनिलक्षणकथनम्

विधवामत्र वक्ष्यामि क्षेत्रजो यत्र जायते ।
क्षता वा अक्षता वापि विधवा त्वनपत्यका ॥ १६ ॥
ब्राह्मणाद् देवराद्वापि या क्रमेण प्रसूयते ।
सा ज्ञेया विधवा चेति क्षेत्रजोऽत्र प्रसूयते ॥ १७ ॥

अब विधवा के विषय में कह रहा हूँ जिसमें क्षेत्रज पुत्र उत्पन्न होता है । क्षत, अक्षत या अपत्यरहित विधवा यदि ब्राह्मण के द्वारा अथवा देवर द्वारा पुत्र उत्पन्न करती है तब वह विधवा कही जाती है, उससे उत्पन्न पुत्र 'क्षेत्रज' कहा जाता है ॥ १६-१७ ॥

द्विविधा विधवाकथनम्

विधवा द्विविधा ज्ञेया अक्षता च क्षतेति च ।
अक्षता सर्वदा शस्ता तदलाभे क्षता पुनः ॥ १८ ॥

विधवा दो प्रकार की कही जाती है एक अक्षता दूसरी क्षता । १. अक्षता सर्वदा प्रशस्त कही गयी है २. उसके अप्राप्य होने पर साधक को 'क्षता' उपयोगी है ॥ १८ ॥

द्विविधा क्षताकथनम्

क्षता च द्विविधा प्रोक्ता विक्षता स्वक्षतेति च ।
कन्यायां च क्षतायां तु विक्षतेति च संमता ॥ १९ ॥

क्षता विधवा दो प्रकार की कही गई है—प्रथम विक्षता और दूसरी स्वक्षता ।

१. कन्या अवस्था में क्षतयोनि 'विक्षता' कही जाती है ॥१९॥

ऊढा भर्तुः क्षतायां तु स्वक्षतेति च सा स्मृता ।
स्वक्षता सर्वदा शस्ता तदलाभे तु विक्षता ॥ २० ॥

२. विवाह हो जाने पर पति द्वारा क्षतयोनि 'स्वक्षता' कही जाती है । स्वक्षता सर्वदा श्रेष्ठ है । उसके अभाव में विक्षता है ॥ २० ॥

दीक्षार्हत्वे वर्जनीयत्वादिकथनम्

प्रसूता विधवा वर्ज्या तत्सुतो गोलको भवेत् ।
गोलकं वर्जयित्वैकं क्षेत्रजः सर्व एव हि ॥ २१ ॥
अर्हत्येव सदा दीक्षां सतन्त्रं तु विवर्जयेत् ॥
पुनर्भूरुच्यते चात्र या जाता वैश्यशूद्रयोः ॥ २२ ॥

विधवावस्था में प्रसूता सर्वदा वर्जनीय है । उससे उत्पन्न पुत्र गोलक कहा जाता है । एक गोलक को छोड़कर सभी 'क्षेत्रज' पुत्र कहे जाते हैं। 'क्षेत्रज' पुत्र दीक्षा के योग्य हैं, परन्तु उन्हें सतत्र (ऊँचा पद) वर्जित करें । विधवा में वैश्य एवं शूद्र से उत्पन्न पुत्र 'पुनर्भू' कहा जाता है ॥ २२ ॥

ऊढा याक्षतयोनिश्च दत्ता तु पुनरुह्यते ।
सा पुनर्भूः सुतस्तस्याः पौनर्भव उदाहृतः ॥ २३ ॥

अक्षत योनि कन्या एक बार दे देने पर (विवाहित होने पर) जब

उसका पुनः विवाह किया जाता है तब वह स्त्री पुनर्भू कही जाती है, उससे उत्पन्न हुआ पुत्र पौनर्भव कहा जाता है ॥ २३ ॥

ऊढा च क्षतयोनिर्या सा प्रभूरिति कीर्तिता ।
तत्सुतः प्राभवः स्याद्वै द्विधैवं तु व्यवस्थितौ ॥ २४ ॥

जो क्षतयोनि होने पर विवाहित है उसे 'प्रभू' कहा जाता है । उसका पुत्र 'प्राभव' कहा जाता है । इस प्रकार दोनों के लिये शास्त्रीय व्यवस्था है ॥ २४ ॥

पौनर्भवः सदा शस्तः प्राभवस्तदलाभतः ।
द्वौ वै पौनर्भवौ प्रोक्तौ जातौ तस्यां सवर्णजौ ॥ २५ ॥

पौनर्भव (द्र. ८.३३) सर्वदा प्रशस्त है उसके अप्राप्य होने पर प्राभव है । यदि ऐसी उपर्युक्त कन्या में सवर्ण से पुत्र उत्पन्न हुये तो वे दोनों पौनर्भव ही कहे जायेंगे ॥ २५ ॥

उत्तमश्चानुलोम्येन वर्णेषु च सवर्णजः ।
तावुभौ सर्वदा शस्तौ प्रातिलोम्यं विवर्जयेत् ॥ २६ ॥

वर्णों में आनुलोम्य से अथवा सवर्णा में सवर्ण से उत्पन्न हुये दोनों प्रकार के पुत्र सर्वदा प्रशस्त हैं । दीक्षा के लिए प्रातिलोम्य पुत्र वर्जित विवर्जित है ॥ २६ ॥

'बलल'लक्षणकथनम्

स्वैरिणी चेति या प्रोक्ता शूद्रजा तु प्रशस्यते ।
स्वैरिणी या पतिं त्यक्त्वा पत्यौ जीवति कामतः ॥२७॥
चतुर्णामपि वर्णानां पतिमन्यतमं व्रजेत् ।
स्वैरिणी सा समुद्दिष्टा तत्सुतो बललो भवेत् ॥२८॥

जिसे पहले स्वैरिणी कहा गया है उसमें शूद्रजा प्रशस्त है । स्वैरिणी उसे कहते हैं जो पति के जीते जी काम के वशीभूत होकर चार वर्णों में किसी एक वर्ण के पति को स्वीकार कर ली हो, उससे उत्पन्न हुआ पुत्र बलल कहा जाता है ॥ २७-२८ ॥

चतुर्विधास्तु बलला जाता वर्णक्रमेण तु ।
महानसिकपैठारसूचकाः सूप इत्यपि ॥ २९ ॥
ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च क्रमात् सुताः ।
द्वितीये गामिनी वर्णे स्वैरिणी नात्र संशयः ॥ ३० ॥

... से बलल पुत्र चार प्रकार के होते हैं । (१) महानसिक, ... (३) सूचक और (४) सूप ये चारों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ... से उत्पन्न पुत्रों के नाम हैं ।

... अपना वर्ण छोड़कर द्वितीय वर्ण में चली गई इसलिये यह ... हो गई इसमें संशय नहीं ॥ २९-३० ॥

ततः प्रभृति सा वेश्या वेश्यापुत्रस्तु तत्सुतः ।
बललः सर्वदा शस्तो वेश्यापुत्रं तु वर्जयेत् ॥ ३१ ॥

... समय से यदि वह स्वैरिणी वेश्या हो गई तो उसका लड़का ... कहा जायेगा । उसकी अपेक्षा बलल श्रेष्ठ है वेश्या पुत्र ... ॥ ३१ ॥

स्वैरिणी द्विविधा प्रोक्ता प्रसूता चाप्रसूतिका ।
अप्रसूता सदा शस्ता प्रसूता तदलाभतः ॥ ३२ ॥

... दो प्रकार की कही गई है प्रसूता और अप्रसूता । अप्रसूता ... उसके अप्राप्य होने पर प्रसूता ग्राह्य है ॥ ३२ ॥

या च द्वितीयगा वर्ज्या सा दासीति सदोच्यते ।
दायभागे सुतस्तस्या दासीपुत्र उदाहृतः ॥ ३३ ॥

... द्वितीय के साथ चली गई वह वर्जनीय है उसे सदा दासी कहा ... दाय सम्पति के भाग में उसके लड़के को दासी पुत्र कहा जाता ... ३३ ॥

स यत्नाद्वर्जनीयस्तु तथा प्रव्रजितासुतः ।
योनिशुद्धिरिति प्रोक्ता वीजशुद्धिं वदामि वः ॥ ३४ ॥

... यत्नपूर्वक वर्जन करना चाहिये इसी प्रकार प्रव्रजिता के पुत्र को ... । यहाँ तक योनि शुद्धि के विषय में कहा गया है । ... शुद्धि के विषय में कहता हूँ ॥ ३४ ॥

बीजशुद्धिकथनम्

अविप्लुतब्रह्मचर्यश्चातुवर्ण्ये तु यः स्थितः ।
अविवाहः स बीजः स्यात् प्रशस्तः सर्वकर्मसु ॥ ३५ ॥

... में जो बीज स्खलित न हो, ब्रह्मचर्यपूर्वक स्थित हो और ... ऐसा बीज समस्त कर्म में प्रशस्त कहा गया है ॥३५॥

त्रिविधा ब्रह्मचर्यप्लुतिकथनम्

ब्रह्मचर्यप्लुतिश्चात्र त्रिविधा परिकीर्तिता ।
मानसी वाचिकी चैव कायिकी चेति वै त्रिधा ॥ ३६ ॥

ब्रह्मचर्य का स्खलन तीन प्रकार का कहा गया है प्रथम १. मानसी द्वितीय २. वाचिकी और तीसरी ३. कायिकी ॥ ३६ ॥

ब्रह्मचर्यव्रते चापि पूर्वा पूर्वा गरीयसी ।
ब्रह्मचर्यप्लुतिर्या तु मानसी परिकीर्तिता ॥ ३७ ॥
सा विष्णोः स्मरणान्नश्येद् ध्यानाकलितचेतसः ।
प्लुतिश्च वाचिकी नश्येदष्टाक्षरजपेन तु ॥ ३८ ॥
यागैर्व्रतोपवासैश्च नश्येदेव तु कायिकी ।

ब्रह्मचर्य व्रत में पूर्व पूर्व स्खलन प्रशस्त है । ब्रह्मचर्य व्रत में जो मानसिक स्खलन होता है वह विष्णु का ध्यान करने वाले वैष्णव के विष्णु स्मरण मात्र से नष्ट हो जाता है । वाचिकी प्लुति अष्टाक्षर मंत्र के जप से नष्ट होता है और कायिकी स्खलन याग व्रत और उपवास से ही नष्ट होता है ॥ ३७-३८ ॥

द्विविधा कायिकीप्लुतिकथनम्

कायिकी च प्लुतिर्या तु सा पुनर्द्विविधा मता ॥ ३९ ॥
अयोन्यां चापि योन्यां च या भवेद्रेतसः प्लुतिः ।
सा कायिकीति विज्ञाता पूर्वा तत्र गरीयसी ॥ ४० ॥

कायिकी स्खलन पुनः दो प्रकार का कहा गया है । १. योनि में अथवा २. अयोनि में जो वीर्यस्खलन होता है वह 'कायिकी' प्लुति है इसमें पूर्व प्रशस्त है ॥ ३९-४० ॥

पूर्वा च द्विविधा प्रोक्ता यत्नजा चाप्ययत्नजा ।
स्त्रीणां तु दर्शने चैव स्वप्ने चैव तु या सृतिः ॥ ४१ ॥
बलादयत्नजा सा स्यात् तदन्या यत्नजा स्मृता ।
श्रेयसी यत्नजा प्रोक्ता नित्यमेवाप्ययत्नजा ॥ ४२ ॥

पूर्वा प्लुति दो प्रकार का होती है प्रथम १. यत्नजा और दूसरा २. अयत्नजा । स्त्री के देखने से अथवा स्वप्न में जो वीर्य स्खलन होता है वह 'अयत्नजा' होता है ।

उससे अन्य बलपूर्वक जो वीर्य स्खलन होता है वह 'यत्नजा' है ।

इसमें यत्नजा श्रेयसी कही गयी है क्योंकि अयत्नजा नित्य होती रहती है ॥ ४१-४२ ॥

योनौ च द्विविधा प्रोक्ता ब्रह्मचर्यप्लुतिः क्रमात् ।
तिर्यङ्मनुष्ययोनौ वा द्विविधा सा प्रकीर्तिता ॥ ४३ ॥

योनि में स्खलित होने वाली ब्रह्मचर्यप्लुति दो प्रकार की कही जाती है १. तिर्यङ् (अन्य स्त्री) योनि और २. मनुष्य योनि ॥ ४३ ॥

ततो मनुष्ययोन्यास्तु तिर्यग्योनिर्बलीयसी ।
चतुर्णामपि वर्णानां पूर्वा पूर्वा गरीयसी ॥ ४४ ॥

मनुष्य योनि की अपेक्षा तिर्यग्योनि बलीयसी होती है । चारों वर्णों में पूर्वा पूर्वा गरीयसी कही गई है ॥ ४४ ॥

स्वदारे ब्रह्मविच्छित्तिर्न कदाचन विद्यते ।
सर्वदा ब्रह्मचारी स्यात् स्वदारव्रतिको नरः ॥ ४५ ॥

अपनी स्त्री में वीर्य स्खलन कदापि दोषावह नहीं होता । केवल अपनी स्त्री में ही वीर्य स्खलन करने वाला सर्वदा 'ब्रह्मचारी' ही कहा जाता है ॥ ४५ ॥

अयोन्यां तु प्लुतिः प्रोक्ता नित्यमेवाप्ययत्नजा ।
उपवासेन सा नश्येत् पञ्चम्यां विष्णुगोचरे ॥ ४६ ॥

अयोनि में जो वीर्य स्खलन होता है वह 'प्लुति' नित्य 'अयत्नजा' कही जाती है । विष्णुपञ्चमी में उपवास करने से उसका दोष नष्ट हो जाता है ॥ ४६ ॥

व्रतोपवासैर्नश्येच्च नित्यमेव तु यत्नजा ।
तिर्यग्योनिषु या प्रोक्ता समये सा विशुध्यति ॥ ४७ ॥

अपनी स्त्री में यत्नजा वीर्यप्लुति नित्य ही व्रत और उपवास से नष्ट हो जाती है । जो तिर्यग्योनि (अन्य स्त्री) में वीर्यप्लुति कही गई है वह समय से शुद्ध होती है ॥ ४७ ॥

चतुर्विधा च या प्रोक्ता नित्यं मानुषयोनिषु ।
ब्रह्मचर्यप्लुतिः सा तु महायोगेन शुध्यति ॥ ४८ ॥

मनुष्य योनि में जो चार प्रकार की वीर्यप्लुति कही गई है वह ब्रह्मचर्य प्लुति 'महायोग' से शुद्ध होती है ॥ ४८ ॥

सूतमेकं परित्यज्य प्रातिलोम्यं तु वर्जयेत् ।
बीजशुद्धिश्च संप्रोक्ता वर्णशुद्धिं वदामि वः ॥ ४९ ॥

एक सूत को छोड़कर प्रातिलोम्य वीर्यस्खलन वर्जित है । ... बीजशुद्धि कही गई है । अब वर्णशुद्धि कहता हूँ ॥ ४९ ॥

वर्णशुद्धिकथनम्

वर्णाश्चत्वार एवासन् पूर्वं सृष्टाः स्वयंभुवा ।
अनुवर्णास्तथा सप्त शुद्धा इति च कीर्तिताः ॥ ५० ॥
त्रयाणां क्षत्रियादीनां तयोर्वर्णं तु शस्यते ।

स्वयंभू ब्रह्मा ने पूर्व में चार ही वर्णों की सृष्टि की । उसके ... होने वाले सात वर्ण शुद्ध कहे जाते हैं । तीन क्षत्रियादि वर्णों में ... प्रशस्त माने गये हैं ॥ ५०-५१ ॥

जाता द्वौ च तथा जातौ क्षत्रियाद् वैश्यशूद्रयोः ॥ ५१ ॥
एक एव तु शूद्रायां जातो वर्णस्तु वैश्यतः ।
ब्राह्मणात् क्षत्रियादेकः सप्तवर्णाः प्रकीर्तिताः ॥ ५२ ॥

क्षत्रिय पुरुष से वैश्य एवं शूद्र कन्या में उत्पन्न दो वर्ण ... से शूद्रा में उत्पन्न एक तथा ब्राह्मण और क्षत्रिय से एक-एक इस ... सातों वर्णों को कहा गया है ॥ -५१-५२ ॥

वर्णास्त्वेकादशैते तु दीक्षायोग्या न संशयः ।
वर्णशुद्धिरिति प्रोक्ता देशशुद्धिं वदामि वः ॥ ५३ ॥

(चार वर्ण स्वयंभू रचित और सात अनुवर्ण मिलाकर) ... एकादश वर्ण दीक्षा के योग्य कहे गये हैं इसमें संशय नहीं है । ... तक 'वर्णशुद्धि' कही गई अब देश शुद्धि कहता हूँ ॥ ५३ ॥

देशशुद्धिकथनम्

मध्यदेशः कुरुक्षेत्रं पञ्चालाः शूरसेनकाः ।
ब्रह्मावर्तस्तथा मध्यो ब्रह्मदेशस्तथैव च ॥ ५४ ॥
आर्यावर्तसमुद्भूताः शस्तास्ते सर्व एव हि ।
चातुर्वर्ण्यक्रमो यत्र यत्र भागवता जनाः ॥ ५५ ॥
स सर्वत्र प्रशस्तः स्याद्यत्र कृष्णमृगा अपि ।
देशशुद्धिरिति प्रोक्ता देहशुद्धिं वदामि वः ॥ ५६ ॥

... कुरुक्षेत्र, पाञ्चाल, शूरसेन, ब्रह्मावर्त्त, ब्रह्मदेश तथा ... में उत्पन्न सभी शुद्ध कहे गये हैं । जहाँ-जहाँ चातुर्वर्ण्य ... जहाँ-जहाँ भगवद् भक्त विद्यमान हैं और जहाँ-जहाँ कृष्ण मृग ... देश प्रशस्त कहा गया है । ... तक देश शुद्धि कही गई है । अब 'देहशुद्धि' के विषय में ... हूँ ॥ ५४-५६ ॥

देहशुद्धिकथनम्

व्रतोपवासशुद्धात्मा शुश्रूषाभिरतः सदा ।
विष्णुमेव सदा ध्यायन्नभोज्यान्नविवर्जितः ॥ ५७ ॥
पावकेनाविहीनस्तु जातिभ्रंशविवर्जितः ।
ह्रीमानक्षतवेषश्च तथैकादशवर्णजः ॥ ५८ ॥
अभिन्नावयवश्चैव वयोरूपसमन्वितः ।
तथानुद्देश्यस्त्रीक्लीबकुष्ठस्तम्भविवर्जितः ॥ ५९ ॥
दीक्षायोग्यो भवेच्छिष्यो ह्यन्यदीक्षापराङ्मुखः ।

... और उपवास से शुद्धात्मा साधक, विष्णुशुश्रूषा में सदा निरत, ... का सदा ध्यान करने वाले, अभोज्यान्न का वर्जन करने वाले, ... अग्निहोत्र करने वाले साधक, जाति भङ्गकारक कर्म से विवर्जित, ... सुन्दर वेष धारण करने वाले, एकादश वर्णों में उत्पन्न, ... अवयव से युक्त, अवस्था और रूप से समन्वित, अपने अपने ... का पालन करने वाले शिष्य, क्लीव, कुष्ठ एवं लकवा से ... अन्य प्रकार की दीक्षा से पराङ्मुख ऐसा शिष्य दीक्षा के योग्य ... है ॥ ५७-६० ॥

क्रियाशुद्धिकथनम्

देहशुद्धिरिति प्रोक्ता क्रियाशुद्धिं वदामि वः ॥ ६० ॥
गर्भाधानादिभिर्यस्तु क्रियाभिः कृतसंस्कृतिः ।
स शुद्धक्रिय इत्युक्तो दीक्षायोग्यस्तु सर्वदा ॥ ६१ ॥

... तक 'देहशुद्धि' कही गयी है । अब आप लोगों से ... क्रियाशुद्धि कहता हूँ । गर्भाधानादि क्रियाओं से जिसका संस्कार हुआ ... और जिसकी नित्य एवं नैमित्तक क्रिया शुद्ध है वह साधक सर्वदा ... दीक्षा के योग्य है ॥ ६०-६१ ॥

द्विविधाः शुद्धक्रियाकथनम्

शुद्धक्रियास्तु द्विविधाः पुरुषाः परिकीर्तिताः ।
कृतक्रियास्तु गुरुणा तथा ह्यगुरुणापि च ॥ ६२ ॥

शुद्ध क्रिया वाले पुरुष दो प्रकार के कहे गये है १. जिनकी क्रिया गुरु के द्वारा कराई गई है और दूसरे २. जिनकी क्रिया गुरु के द्वारा नहीं कराई गई है ॥ ६२ ॥

गरीयानेतयोस्त्वाद्यस्तदलाभे तथेतरः ।
सक्रिया दशवर्णाः स्युरक्रियाः शूद्रवर्णजाः ॥ ६३ ॥

इन दोनों में पहला प्रशस्त है । उसके अभाव में दूसरा प्रशस्त । दश वर्ण सक्रिया है और शूद्र वर्ण वाले अक्रिया है ॥ ६३ ॥

अक्रियाणां च सर्वेषां दीक्षाकाले क्रिया भवेत् ।
क्रियाशुद्धास्तदा सर्वे भविष्यन्ति न संशयः ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन क्रिया कार्या विचक्षणैः ॥ ६४ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे शिष्यलक्षणं नाम अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

जो लोग क्रियाविहीन है, उनकी सभी संस्कार क्रिया दीक्षाकाल में होनी चाहिये । ऐसा करने से वे सभी शुद्ध क्रिया वाले हो जावेंगे, इसमें संशय नहीं । इस कारण विचक्षण साधक भक्त लोगों को क्रिया आदि संस्कार युक्त अवश्य करना चाहिये ॥ ६४ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के शिष्यलक्षण नामक अष्टम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

इन्द्ररात्रे

नवमोऽध्यायः

शिष्यलक्षणम्

सनत्कुमार उवाच—

आचार्य उच्यते पूर्वमाचार्यश्च विशेषतः ।

सनत्कुमार ने कहा—अब पूर्व में आचार्य का आचार कहता हूँ ।

न कुर्यान्निन्दितं कर्म न त्वयाज्यं च याजयेत् ॥ १ ॥

आचार्य विशेष रूप से निन्दित कर्म न करे और अयाज्य का न करे ॥ १ ॥

न चोपजीवेद् देवेशं न निर्माल्यानि भक्षयेत् ।
नादीक्षिताय दद्याद्वै हविःशेषं कदाचन ॥ २ ॥

भगवान् के नाम पर अपनी जीविका न चलावे । ३. निर्माल्य न करे । ४. अदीक्षित को हविःशेष कदापि न देवे ॥ २ ॥

नार्चनालङ्घनं कुर्यान्न च प्रव्रजितां व्रजेत् ।
परान्नं नैव भुञ्जीत परस्पृष्टं तथैव च ॥ ३ ॥

अर्चना का लङ्घन न करे । ६. प्रव्रजिता स्त्री से संभोग न करे। भोजन न करे । इसी प्रकार परस्पृष्ट वर्जित करे ॥ ३ ॥

न कंसपात्रे भोक्तव्यं नाविकं च पयः पिबेत् ।
न शूद्रराज्ये निवसेन्नान्ध्रदेशे कथं च न ॥ ४ ॥

८. काँसे के पात्र में भोजन न करे । ९. बकरी या भेड़ी का दूध पिये । १०. शूद्र राज्य में निवास न करे और ११. आन्ध्र देश में निवास न करे ॥ ४ ॥

न सिंहलकटाहेषु न पारसिकभूमिषु ।
न म्लेच्छतस्कराकीर्णे चातुर्वर्ण्यविवर्जिते ॥ ५ ॥

१२. सिंहल द्वीप या कटाह देश में तथा पारसिक भूमि में, और चोरों से सङ्कीर्ण भूमि में जहाँ चारों वर्ण निवास न करते हों वहाँ निवास न करे ॥ ५ ॥

धान्याम्लं न स्पृशेच्चैव न शार्ङ्गिष्टां च भक्षयेत् ।
नानन्तर्धाय चासीत न चर्तें विष्णुनामभिः ॥ ६ ॥

१३. धान्याम्ल का स्पर्श न करे और १४. शार्ङ्गिष्टा का भक्षण न करे । १५. छिपकर न बैठे एवं १६. विष्णु नामरहित न रहे ॥ ६ ॥

न चाशिष्याय चोच्छिष्टं दातव्यं तु कदाचन ।
प्रेतान्नं सूतिकान्नं च यत्नतः परिवर्जयेत् ॥ ७ ॥

१७. जो अपना शिष्य नहीं है उसे कदापि उच्छिष्ट प्रदान न करे । १८. प्रेतान्न और सूतिकान्न यत्नपूर्वक वर्जित करे ॥ ७ ॥

चक्राङ्कः सर्वदा भूत्वा चरेच्चक्रध्वजोऽपि वा ।
वर्जयेच्च दिवा स्वप्नमह्नां च विवर्जयेत् ॥ ८ ॥

१९. सर्वदा चक्र चिन्ह का टीका लगाकर अथवा चक्रध्वज धारण कर विचरण करे । २०. दिन में शयन न करे । इसी प्रकार प्रातःकाल भी शयन वर्जित करे ॥ ८ ॥

यश्च पद्मभवे प्रोक्त आचारस्तं समाचरेत् ।
एष आचार उद्दिष्टो बुद्धिशुद्धिं वदामि वः ॥ ९ ॥

२१. पद्मोभव पुराण में कहे गये आचार का पालन करे । यहाँ तक इतना सदाचार कहा गया है । अब यहाँ बुद्धिशुद्धि के विषय में कहता हूँ ॥ ९ ॥

बुद्धिशुद्धिकथनम्

कुर्यान्न लोभमर्थेषु कुर्यान्न गुरुलङ्घनम् ।
नाशुभां तु मतिं कुर्याद् वैष्णवानां कदाचन ॥ १० ॥

१. धन में लोभ न करे । २. गुरु की आज्ञा का उल्लङ्घन न करे । ३. वैष्णवों के प्रति दुष्ट बुद्धि न करे ॥ १० ॥

न नृशंसां मतिं कुर्यात् सर्वप्राणिषु सर्वदा ।
न धृतिं च परस्वेषु परदारेषु जातुचित् ॥ ११ ॥

४. सभी प्राणियों के विषय में नृशंस बुद्धि न करे । ५. दूसरे के धन और दूसरे की स्त्री को ग्रहण करने की इच्छा न करे ॥ ११ ॥

नाहङ्कारं न चासूयां न मानं नाशुभां मतिम् ।
बुद्धिशुद्धिरिति प्रोक्ता जातिशुद्धिं वदामि वः ॥ १२ ॥

अहङ्कार, असूया (निन्दा), मान और दुष्ट बुद्धि न करे । यहाँ बुद्धिशुद्धि कही गई है । अब आप लोगों से जातिशुद्धि के विषय में कहता हूँ ॥ १२ ॥

जातिशुद्धिकथनम्

आचार्यग्रहणे योग्यास्त्रयो वर्णा द्विजातयः ।
आचार्यत्वं न शूद्रस्तु लभते जातुचित् क्वचित् ॥ १३ ॥

आचार्य के ग्रहण में द्विजाति आदि तीन वर्ण ग्राह्य हैं । शूद्र में किसी दशा में आचार्यत्व की योग्यता नहीं रहती ॥ १३ ॥

१. आचार्याय 'ब्राह्मण'स्यार्हत्वकथनम्

चतुर्णामपि वर्णानामाचार्यो ब्राह्मणो भवेत् ।

चारों वर्णों का आचार्य ब्राह्मण ही होना चाहिये ॥ १४ ॥

२. आचार्याय 'क्षत्रिय'स्यार्हत्वकथनम्

तदलाभे क्षत्रियस्तु आचार्यो वैश्यशूद्रयोः ॥ १४ ॥

उसके अभाव में वैश्य और शूद्र का भी आचार्य क्षत्रिय हो सकता है ॥ १४ ॥

३. आचार्याय 'वैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

ब्राह्मणक्षत्रियालाभे वैश्यः स्याच्छूद्रजन्मनः ।

ब्राह्मण या क्षत्रिय के अप्राप्य होने पर शूद्र का आचार्य वैश्य हो सकता है ॥ १५ ॥

४. आचार्याय 'मूर्धावसिक्तक'स्यार्हत्वकथनम्

ब्राह्मणात् क्षत्रकन्यायां जातो मूर्धावसिक्तकः ॥ १५ ॥
त्रयाणां क्षत्रियादीनां सूतस्यापि गुरुर्भवेत् ।

ब्राह्मण से क्षत्रिय कन्या में मूर्धावसिक्त की यदि उत्पत्ति हुई है तो ब्राह्मण से क्षत्रिय कन्या में जो उत्पन्न होता है वह पुत्र क्षत्रियादि तीन वर्णों तथा सूत का भी गुरु हो सकता है ॥ १५-१६ ॥

५. आचार्याय 'मूर्धावसिक्तक'स्यार्हत्वकथनम्

मूर्धावसिक्तकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ॥ १६ ॥

मात्राब्राह्मण इत्युक्तो ब्रह्मकर्मपरायणः ।
सर्वेषामपि चैतेषामाचार्यो ब्राह्मणादृते ॥ १७ ॥

ब्राह्मणी माता से उत्पन्न होने के कारण जो 'मात्राब्राह्मण' कहा जाता है और मूर्धावसिक्त ब्राह्मण के समान धर्म कर्म में परायण है वो ब्राह्मण को छोड़कर इन सभी का आचार्य हो सकता है ॥ १७ ॥

६. आचार्याय 'मात्राब्राह्मण'स्यार्हत्वकथनम्

मात्राब्राह्मणकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
मूर्धावसिक्तसदृशः सर्वाचार्यो भविष्यति ॥ १८ ॥

मात्रा ब्राह्मण कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न उत्पन्न होता है मूर्धावसिक्त के समान सभी का आचार्य हो सकता है ॥ १८ ॥

७. आचार्याय 'कल्पवैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

ब्राह्मणाद्वैश्यकन्यायां जातो वैश्योत्तमस्तु सः ।
क्षत्रियेण समः सोऽपि आचार्यो वैश्यशूद्रयोः ॥ १९ ॥

साधक ब्राह्मण से वैश्य कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वैश्योत्तम है । वह भी क्षत्रिय के समान वैश्य एवं शूद्र का आचार्य हो सकता है ॥ १९ ॥

८. आचार्याय 'विराट्'स्यार्हत्वकथनम्

वैश्योत्तमायां कन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
विराडित्युच्यते सोऽपि भवेद् ब्राह्मणसंनिभः ॥ २० ॥
आचार्यः स भवेदेव सर्वेषां ब्राह्मणादृते ।

वैश्योत्तमा कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है उसे 'विराट्' कहा जाता है । वह भी ब्राह्मण के समान है । ब्राह्मण को छोड़कर वह सब का आचार्य हो सकता है ॥ २० ॥

९. आचार्याय 'स्वराट्'स्यार्हत्वकथनम्

विराट्सुतायां यो जातो ब्राह्मणात् क्रमयोगतः ॥ २१ ॥
स्वराडित्युच्यते सोऽपि कृत्रिमब्राह्मणोपमः ।
सूतस्य क्षत्रकन्यायां स चाचार्यत्वमर्हति ॥ २२ ॥

ब्राह्मण से विराट् कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वह 'स्वराट्' कहा जाता है । वह कृत्रिम ब्राह्मण के समान है । सूत से क्षत्रिय कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ २१-२२ ॥

१०. आचार्याय 'ब्राह्मण'स्यार्हत्वकथनम्

स्वराट्सुतायां यो जातो ब्राह्मणात् क्रमयोगतः ।
स ब्राह्मण इति प्रोक्तः सर्वाचार्यो भविष्यति ॥ २३ ॥

स्वराट् कन्या में ब्राह्मण से जो पुत्र उत्पन्न होता है वह ब्राह्मण ही है । अतः सबका आचार्यत्व कर सकता है ॥ २३ ॥

११. आचार्याय 'शूद्रोत्तम'स्यार्हत्वकथनम्

ब्राह्मणाच्छूद्रकन्यायां जातः शूद्रोत्तमस्तु यः ।
शूद्राणामुत्तमः सोऽपि न चाचार्यत्वमर्हति ॥ २४ ॥

ब्राह्मण से शूद्र कन्या में जो पुत्र उत्पन्न होता है वह 'शूद्रोत्तम' कहा जाता है । किन्तु वह शूद्रोत्तम होते हुये भी आचार्यत्व के योग्य नहीं कहा गया है ॥ २४ ॥

१२. आचार्याय 'कल्पवैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

शूद्रोत्तमस्य कन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
कल्पवैश्यस्तु स प्रोक्तो वैश्यकल्पो न संशयः ॥ २५ ॥
सर्वेषामपि शूद्राणां स चाचार्यो भविष्यति ।

शूद्रोत्तम की कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह 'कल्पवैश्य' कहा जाता है । वह वैश्य के समान ही है इसमें संशय नहीं । वह सभी शूद्रों का आचार्य बन सकता है ॥ २५ ॥

१३. आचार्याय 'प्रवैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

कल्पवैश्यस्य कन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ॥ २६ ॥
प्रवैश्य इति विज्ञेयो वैश्येन सदृशस्तु सः ।
शूद्राणां कल्पवैश्यानां स चाचार्यत्वमर्हति ॥ २७ ॥

कल्पवैश्य की कन्या में जो ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ है वह 'प्रवैश्य' कहा जाता है । वह वैश्य के समान ही होता है । वह शूद्रों तथा कल्पवैश्यों का आचार्यत्व ग्रहण कर सकता है ॥ २६-२७ ॥

१४. आचार्याय 'कल्पक्षत्रिय'स्यार्हत्वकथनम्

प्रवैश्यस्य तु कन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
कल्पक्षत्रिय इत्युक्तः क्षत्रकल्पः स सर्वदा ॥ २८ ॥
सर्वेषां वैश्यशूद्राणां स चाचार्यत्वमर्हति ।

'प्रवैश्य' की कन्या में जो ब्राह्मण से पुत्र उत्पन्न होता है वह 'कल्पक्षत्रिय' कहा जाता है । वह सर्वदा क्षत्रिय के समान है । वह वैश्य और शूद्रों का आचार्य हो सकता है ॥ २८-२९ ॥

१५. आचार्याय 'मात्राक्षत्रिय'स्यार्हत्वकथनम्

कल्पक्षत्रियकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ॥ २९ ॥
मात्राक्षत्रिय इत्युक्तः क्षत्रियेण समः सदा ।
स कल्पक्षत्रियादीनामाचार्यत्वं सदार्हति ॥ ३० ॥

कल्पक्षत्रिय कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह 'मात्रा-क्षत्रिय' कहा जाता है और वह क्षत्रिय के समान ही होता है । वह कल्पक्षत्रियादि का आचार्य हो सकता है ॥ २९-३० ॥

१६. आचार्याय 'क्षत्रियोत्तम'स्यार्हत्वकथनम्

मात्राक्षत्रियकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
मूर्धावसिक्तसदृशः क्षत्रियोत्तम उच्यते ॥ ३१ ॥
त्रयाणां क्षत्रियादीनां स चाचार्यत्वमर्हति ।

'मात्राक्षत्रिय' कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह मूर्धावसिक्त के समान क्षत्रियोत्तम कहा जाता है । वह क्षत्रियादि तीनों का आचार्य हो सकता है ॥ ३१-३२ ॥

१७. आचार्याय 'कल्पवैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

क्षत्रियोत्तमकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ॥ ३२ ॥
मात्राब्राह्मणकल्पोऽयं ब्राह्मणब्रुव उच्यते ।
स क्षत्रियोत्तमादीनामाचार्यत्वं सदार्हति ॥ ३३ ॥

क्षत्रियोत्तम कन्या में ब्राह्मण से जो उत्पन्न होता है वह 'मात्रब्राह्मण' कल्प के समान 'ब्राह्मणब्रुव' कहा जाता है और सर्वदा क्षत्रियों का आचार्य हो सकता है ॥ ३२-३३ ॥

१८. आचार्याय 'कल्पवैश्य'स्यार्हत्वकथनम्

ब्राह्मणब्रुवकन्यायां ब्राह्मणाद्यस्तु जायते ।
कल्पब्राह्मण इत्युक्तः कृत्रिमब्राह्मणोपमः ॥ ३४ ॥
आचार्यः स भवेदेषां सर्वेषां ब्राह्मणादृते ।

ब्राह्मण ब्रुव की कन्या में ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ कल्पब्राह्मण कहा जाता है । वह कृत्रिम ब्राह्मण के समान है । ब्राह्मण को छोड़कर वह सबका आचार्य हो सकता है ॥ ३४ ॥

१९. आचार्याय ''क्षत्रियाधम'स्यार्हत्वकथनम्

क्षत्रियाद्वैश्यकन्यायां जातो यः क्षत्रियोपमः ॥ ३५ ॥

क्षत्रिय से वैश्य कन्या में जो उत्पन्न होता है वह क्षत्रिय के समान है ॥ ३५ ॥

क्षत्रियात् किंचिदूनः स वैश्याच्च किंचिदोन्नतः ।
क्षत्रियाधम इत्युक्तो नाम्ना च क्रमयोगतः ॥ ३६ ॥
स च शूद्रोत्तमादीनामाचार्यो नैव संशयः ।

वह क्षत्रिय से कुछ ऊँचा और वैश्य से कुछ ही उन्नत होता है अपने नाम के क्रमयोग से वह 'क्षत्रियाधम' कहा जाता है । वह शूद्रोत्तमादि का आचार्य हो सकता है इसमें संशय नहीं ॥ ३६-३७ ॥

२०. आचार्याय 'मात्राक्षत्रिय'स्यार्हत्वकथनम्

क्षत्रियाधमकन्यायां क्षत्रियाद्यस्तु जायते ॥ ३७ ॥
स मात्राक्षत्रियो ज्ञेयो नाम्ना च क्रमयोगतः ।
स कल्पवैश्यादीनां तु आचार्यः स्यान्न संशयः ॥ ३८ ॥

क्षत्रियाधम कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है । उसे क्रमयोग से नाम से मात्राक्षत्रिय जानना चाहिये । वह कल्पवैश्यादि का आचार्य हो सकता है इसमें संशय नहीं ॥ ३७-३८ ॥

२१. आचार्याय 'पार्थिव'स्यार्हत्वकथनम्

मात्राक्षत्रियकन्यायां क्षत्रियाद्यस्तु जायते ।
स पुनः पार्थिवो नाम क्षत्रियेण समः सदा ॥ ३९ ॥
स पार्थिवानां सर्वेषामाचार्यः स्यान्न संशयः ।

'मात्राक्षत्रिय' कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है वह पुनः पार्थिव नाम से कहा जाता है और वह क्षत्रिय के समान होता है । वह सभी पार्थिवों का आचार्य होता है इसमें संशय नहीं ॥ ३९-४० ॥

२२. आचार्याय 'सच्छूद्र'स्यार्हत्वकथनम्

क्षत्रियाच्छूद्रकन्यायां जातः सच्छूद्रसंज्ञकः ॥ ४० ॥
तदाचार्यो भवत्येव न चाचार्यत्वमर्हति ।

क्षत्रिय से शूद्रकन्या में उत्पन्न 'सच्छूद्र' कहा जाता है । वह शूद्रों का आचार्य हो सकता है किन्तु सबका आचार्य नहीं ॥ ४०-४१ ॥

२३. आचार्याय 'वैश्याद'स्याहत्वकथनम्

यस्तु सच्छूद्रकन्यायां क्षत्रियात्तु प्रजायते ॥ ४१ ॥
मात्रावैश्य इति प्रोक्तो वैश्यात् किंचिदिवाधमः ।

सच्छूद्र की कन्या में जो क्षत्रिय से उत्पन्न होता है वह 'मात्रावैश्य' कहा जाता है जो वैश्य से कुछ नीचा होता है ॥ ४१-४२ ॥

मात्रावैश्यस्य कन्यायां क्षत्रियाद्यस्तु जायते ॥ ४२ ॥
वैश्याद इति विज्ञेयो वैश्येन सदृशः सदा ।
सर्वेषामपि शूद्राणां स चाचार्यत्वमर्हति ॥ ४३ ॥

मात्रावैश्य की कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है वह 'वैश्याद' कहा जाता है । वह वैश्यों के सदृश होता है । वह सभी शूद्रों के आचार्यत्व की योग्यता रखता है ॥ ४१-४३ ॥

२४. आचार्याय 'ऊनक्षत्रिय'स्याहत्वकथनम्

ततो वैश्यादकन्यायां क्षत्रियाद्यस्तु जायते ।
ऊनक्षत्रिय इत्युक्तः क्षत्रात् किंचिदिवाधमः ॥ ४४ ॥
स मात्रावैश्यकादीनामाचार्यः स्यात्र संशयः ।

इसके बाद वैश्याद की कन्या में क्षत्रिय से जो पुत्र उत्पन्न होता है उसे क्षत्रिय से कुछ ही नीचे 'ऊनक्षत्रिय' कहा जाता है । वह 'मात्रा-वैश्यादिक' आदि का आचार्य होता है, इसमें संशय नहीं है॥४४-४५॥

२५. आचार्याय 'नरपतिर्नाम क्षत्रिय'स्याहत्वकथनम्

न्यूनक्षत्रियकन्यायां क्षत्रियाद्यस्तु जायते ॥ ४५ ॥
नाम्ना नरपतिर्नाम क्षत्रियेण समः सदा ।
स सर्ववैश्यशूद्राणामाचार्यः स्यात्र संशयः ॥ ४६ ॥

न्यूनक्षत्रिय कन्या में क्षत्रिय से जो उत्पन्न होता है, वह नाम से 'नरपति' कहा जाता है । वह क्षत्रिय की समता रखता है । वह सभी वैश्य और शूद्रों का आचार्य होता है इसमें संशय नहीं ॥ ४४-४६ ॥

२६. आचार्याय 'वैश्योपम'स्यानर्हत्वकथनम्

ततस्तु वैश्यकन्यायां जातो वैश्योपमस्तु सः ।

दीक्षायोग्यो भवेदेव न चाचार्यत्वमर्हति ॥ ४७ ॥

क्षत्रिय से वैश्य कन्या में उत्पन्न वैश्य के ही समान 'वैश्योपम' होता है । वह दीक्षायोग्य तो होता है किन्तु वह वैष्णव आचार्यत्व के योग्य नहीं होता है ॥ ४७ ॥

२७. आचार्याय 'उत्तमर्ण'स्याहत्वकथनम्

वैश्याधमस्य कन्यायां वैश्याद्यश्चापि जायते ।
उत्तमर्ण इति ज्ञेयो न चाचार्यो भविष्यति ॥ ४८ ॥

वैश्याधम की कन्या में वैश्य से जो उत्पन्न होता है वह 'उत्तमर्ण' कहा जाता है किन्तु वह आचार्यत्व के योग्य नहीं होता है ॥ ४८ ॥

२८. आचार्याय 'वीथी'इत्यस्याहत्वकथनम्

उत्तमर्णस्य कन्यायां यो वैश्यादपि जायते ।
स वीथीत्युच्यते सद्भिः शूद्राचार्यो भविष्यति ॥ ४९ ॥

उत्तमर्ण की कन्या में वैश्य से उत्पन्न होता है सज्जन लोग उसे 'वीथी' कहते हैं । वह शूद्रों का आचार्य होगा ॥ ४९ ॥

आचार्यस्याहत्व 'लक्षण'कथनम्

जातिशुद्धिरिति प्रोक्ता लक्षणं तु वदामि वः ।

अब तक साधक की 'जातिशुद्धि' के विषय में कहा गया है । अब उसका लक्षण कहता हूँ ॥ ५० ॥

पादयोरूर्ध्वरेखा तु यस्य हस्ते च विद्यते ॥ ५० ॥
ललाटे त्रिपताका च स चाचार्यत्वमर्हति ।

जिसके दोनों पैर में और हाथ में ऊर्ध्व रेखा विद्यमान है और ललाट में त्रिपताका का चिन्ह है वह आचार्य के योग्य है ॥५०-५१॥

सिंहो मृगश्च कलशस्तोरणं वेदिरेव च ॥ ५१ ॥
यस्य हस्ततले सन्ति स चाचार्यत्वमर्हति ।

सिंह, मृग, कलश, तोरण और वेदी का चिन्ह जिसके हाथ में हो वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५१-५२ ॥

यस्य शङ्खं च चक्रं च मत्स्यश्च यव एव च ॥ ५२ ॥
वर्तन्ते पादयोः पाणौ स चाचार्यत्वमर्हति ।

३. जिसके पैर और हाथ में शङ्ख, चक्र, मत्स्य एवं यव का चिन्ह
है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५२-५३ ॥

पद्मं च स्वस्तिकं चैव भेरी पणवमेव च ॥ ५३ ॥
यस्य हस्ततले सन्ति स चाचार्यत्वमर्हति ।

४. पद्म, स्वस्तिक, भेरी एवं पणव का चिन्ह जिसके हाथ में है वह
आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५३-५४ ॥

श्रीवृक्षश्चाङ्कुशं शक्तिर्वनमाला तथैव च ॥ ५४ ॥
यस्य हस्ततले सन्ति स चाचार्यो भविष्यति ।

५. श्रीवृक्ष, अङ्कुश, शक्ति और वनमाला का चिन्ह जिसके हाथ में
है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५४-५५ ॥

करकं मणिकं चैव पालिका वर्धमानकम् ॥ ५५ ॥
यस्य हस्ततले सन्ति स चाचार्यत्वमर्हति ।

६. करक, मणिक, पालिका एवं वर्धमान का चिन्ह जिसके हाथ में
है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५५-५६ ॥

रक्ते पादतले यस्य रक्ते पाणितले तथा ॥ ५६ ॥
जिह्वा यस्यास्ति दीर्घा च स चाचार्यत्वमर्हति ।

७. जिसके हाथ तथा पैर के तलवे रक्तवर्ण के हैं, जिसकी जीभ
लम्बी है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५६-५७ ॥

रक्ताः पादनखाश्चापि तथा हस्तनखा अपि ॥ ५७ ॥
तथैव चक्षुषी चापि स चाचार्यत्वमर्हति ।

८. जिसके हाथ के नख पैर के नख और दोनों नेत्र रक्त वर्ण के
हैं वह आचार्यत्व के योग्य है ॥। ५७-५८ ॥

समवृत्ताङ्गुलिर्यस्तु यश्च स्यात् तुङ्गनासिकः ॥ ५८ ॥
छत्राकारशिराश्चापि स चाचार्यत्वमर्हति ।

९. जिसकी अङ्गुलियाँ एक समान गोली है, नासिका ऊँची है, सिर
छत्राकार है वह आचार्यत्व के योग्य है ॥ ५८-५९ ॥

अनूनावयवश्चापि तथा चानतिरिक्तकः ॥ ५९ ॥
अतीन्द्रियविहीनश्च स चाचार्यो भविष्यति ।

१०. जिसके शरीर के अवयव ह्रस्व नहीं है अथवा जो अंग हीन

अथवा जो साधक इन्द्रियविहीन नहीं है वह आचार्यत्व के योग्य
है ॥ ५९-६० ॥

उक्ता लक्षणशुद्धिस्तु देहशुद्धिं वदामि वः ॥ ६० ॥

... जातिशुद्धि और आचार्यत्व की योग्यता का लक्षण कहा
... अब देहशुद्धि के विषय में कहता हूँ ॥ ६० ॥

देहशुद्धिकथनम्

असूतप्रेतकान्नाशी न मांसमधुभोजनः ।
आचार्यः शुद्धदेहः स्यादपर्युषितभोजनः ॥ ६१ ॥

... सूतक (जननाशौच) और मरणाशौच का अन्न भोजन नहीं करता
... न मधु (मद्य) मांस का भोजन करता है और पर्युषित गर्म अन्न
... करता है ऐसा आचार्य 'शुद्धदेह' कहा जाता है ॥ ६१ ॥

यागदोषविचारविवेचनम्

यागदोषविचारं च प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वशः ।

... आनुपूर्वी रूप से याग दोष का विचार कहता हूँ ॥ ६२ ॥

प्रतिलोमयागवर्ज्यकथनम्

वर्ज्यास्तु प्रतिलोमाः स्युरन्यभक्तास्तथैव च ॥ ६२ ॥

... प्रतिलोम जाति का याग न करावे । अन्य देवताओं में भक्ति रखने
... का भी यज्ञ न करावे ॥ ६२ ॥

नास्तिकाश्च तथा म्लेच्छाः पाषण्डाश्च तथैव च ।
दृष्टदोषास्तथा सर्वे चातुर्वर्ण्यबहिष्कृताः ॥ ६३ ॥
एतेषां यजनादेव यागदोषो भविष्यति ।
सर्वे दोषा भवन्त्येव यागदोषान्न संशयः ॥ ६४ ॥

... नास्तिक, म्लेच्छ, पाषण्डी, दृष्टदोष तथा चारों वर्णों से बहिष्कृत
... लोगों का यज्ञ कराने से यागदोष उत्पन्न होता है । यज्ञ के दोष से
... दोष उत्पन्न होते हैं इसमें संशय नहीं ॥ ६४ ॥

चातुर्वर्ण्यविहीनस्य प्रातिलोम्यस्य याजने ।
सर्वदेवप्रकोपः स्यादन्यभक्तस्य याजने ॥ ६५ ॥

... चातुर्वर्ण्यविहीन तथा प्रतिलोम का यज्ञ कराने से एवं अन्य देवता के
... यज्ञ कराने से सभी देवताओं का प्रकोप होता है ॥ ...

देवकोपान् महादोषो याजकस्य भविष्यति।
याजकस्य सदा दोषात् क्रिया भवति निष्फला ॥ ६६ ॥

देवताओं का प्रकोप होने से याजक का बहुत बड़ा अनर्थ होता है। याजक के दोषी होने से समस्त क्रिया निष्फल होती है ॥ ६६ ॥

यस्यां क्रियायां तु फलं न प्राप्नोति न युज्यते।
फलावाप्तावयुक्तायां पातश्च नरके ध्रुवम् ॥ ६७ ॥

जिस क्रिया में फल प्राप्त न हों और फल की संभावना भी न हो अत: फल प्राप्ति में अयोग्य होने के कारण कर्त्ता को नरक निश्चित होता है ॥ ६७ ॥

नरके पतितस्यास्य निष्कृतिर्न विधीयते।
फलप्राप्तिर्भवेन्नैव तच्छिष्यस्य न संशयः ॥ ६८ ॥

जिसका नरक में पात होता है उसकी कोई निष्कृति नहीं होती जिसका यज्ञ वह कराता है उसके उस शिष्य को यज्ञ फल की प्राप्ति भी नहीं होती इसमें संशय नहीं ॥ ६८ ॥

विनाशे सर्वविद्यानां सर्वनाशो भविष्यति।
सर्वविद्याप्रणाशे तु धर्मनाशो भविष्यति ॥ ६९ ॥

सभी विद्याओं के नाश से सर्वनाश हो जाता है। इतना ही नहीं सर्व विद्या के प्रणाश से धर्मनाश होता है ॥ ६९ ॥

धर्मे नष्टेऽथ सर्वेषां जायते वर्णसङ्करः।
सङ्करान्नरकप्राप्तिः सर्वेषां तु न संशयः ॥ ७० ॥

धर्म के नष्ट हो जाने से सभी में वर्ण सङ्कर उत्पन्न होते हैं। फिर वर्ण सङ्कर सन्तान होने से सभी को नरक की प्राप्ति होती है इसमें संशय नहीं ॥ ७० ॥

सर्वनाशे समुत्पन्ने आत्मनाशो न संशयः।
तस्मान्नास्तिकयाज्यत्वं सर्वनाशस्य कारणम् ॥ ७१ ॥

सर्वनाश उत्पन्न होने पर आत्म नाश हो जाता है। इसलिये नास्तिक का यज्ञ कराना सर्वनाश का कारण है ॥ ७१ ॥

राष्ट्रस्य तु विनाशः स्यान्म्लेच्छानामपि याजने।
राष्ट्रनाशे समुत्पन्ने राजनाशो भविष्यति ॥ ७२ ॥

म्लेच्छों का यज्ञ कराने से राष्ट्र का विनाश हो जाता है। राष्ट्रनाश होने से राजा का नाश हो जाता है ॥ ७२ ॥

अराजके तु लोकेऽस्मिन्नधर्मो वृद्धिमेष्यति।
अधर्मस्य प्रवृत्तौ तु धर्मनाशो भविष्यति ॥ ७३ ॥

राजा के न रहने पर इसी लोक में अधर्म की वृद्धि होती है। अधर्म के प्रवृत्त होने पर धर्म नाश होता है ॥ ७३ ॥

धर्मे नष्टेऽथ सर्वेषां जायते वर्णसङ्करः।
सङ्करान्नरकप्राप्तिः सर्वेषां तु न संशयः ॥ ७४ ॥

धर्म के नष्ट होने पर सभी में वर्ण सङ्कर उत्पन्न होते हैं। वर्ण सङ्कर के उत्पन्न होने से सभी को नरक प्राप्त होता है ॥ ७४ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन न म्लेच्छं याजयेद् बुधः।
सिद्धान्तस्य विनाशः स्यात् तथा पाषण्डयाजने ॥ ७५ ॥

इसलिये बुद्धिमान् वैष्णव सब प्रकार के प्रयत्न से म्लेच्छ का यज्ञ न करावे। क्योंकि पाखण्डी के यज्ञ कराने से वैष्णव सिद्धान्त का नाश होता है ॥ ७५ ॥

विनष्टे चैव सिद्धान्ते देवयागो न युज्यते।
देवयागविनाशे तु लोकनाशो न युज्यते।
देवयागविनाशे तु लोकनाशो न संशयः ॥ ७६ ॥

सिद्धान्त के विनाश होने पर कोई देवयाग संभव नहीं होगा। देवयाग के विनाश होने पर लोक नाश होगा इसमें संशय नहीं ॥७६॥

लोकनाशे समुत्पन्ने नाशः कस्य न जायते।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन पाषण्डानां न याजयेत् ॥ ७७ ॥

लोकनाश उत्पन्न होने पर किसका नाश नहीं होगा? इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से पाखण्डियों का यज्ञ न करावे ॥ ७७ ॥

असंग्राह्यः स्यादाचार्यो दृष्टदोषस्य याजने।
दृष्टदोषा इति प्रोक्ताः सर्वे पातकिनो जनाः ॥ ७८ ॥

दृष्टदोष का यज्ञ कराने से आचार्य की प्रतिष्ठा नष्ट हो जाती है। सभी प्रकार के पाप करने वालों को 'दृष्टदोष' कहा जाता है।

स्वयं च तत्समानः स्याद् दृष्टदोषस्य याजने।

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन दृष्टदोषं न याजयेत् ॥ ७९ ॥

दृष्टदोष का यजन कराने वाला आचार्य स्वयं दृष्टदोष के [illegible] हो जाता है । इसलिये सब प्रकार के प्रयत्नों से दृष्टदोष का [illegible] करे ॥ ७९ ॥

शास्त्राणां तु विनाशः स्याद्वर्णबाह्यस्य याजने ।
शास्त्रनाशे समुत्पन्ने जायन्ते विधिविप्लवाः ॥ ८० ॥

चातुर्वर्ण्य से बहिष्कृत व्यक्ति का यज्ञ कराने से शास्त्र का [illegible] होता है और शास्त्रनाश के समुत्पन्न होने पर सभी धर्म विधान [illegible] होने लगते हैं ॥ ८० ॥

विधेर्विनाशे संप्राप्ते त्वनुष्ठानं विनश्यति ।
विनष्टे चाप्यनुष्ठाने जायते वर्णसङ्करः ॥ ८१ ॥

धर्मविधि में विप्लव होने से यज्ञ यागादि का अनुष्ठान विनष्ट [illegible] लगता है । वस्तुतः अनुष्ठान के विनष्ट होने पर वर्ण सङ्कर उत्पन्न [illegible] लगते हैं ॥ ८१ ॥

सङ्करे नरकप्राप्तिर्जायते नात्र संशयः ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन वर्णबाह्यं न याजयेत् ॥ ८२ ॥

वर्ण सङ्कर के उत्पन्न होने से नरक प्राप्ति होती है इसमें [illegible] नहीं। इसलिये सर्व प्रयत्नों से चतुर्वर्ण बहिष्कृत भक्त जन का यज्ञ [illegible] करे ॥ ८२ ॥

शुभहस्तविधानम्

यागयोग इति प्रोक्तः शुभहस्तं वदामि वः ।

यहाँ तक यागयोग का वर्णन किया गया है । अब 'शुभहस्त' के विषय में कहता हूँ ॥ ८३ ॥

शुभहस्तविधिश्चात्र लभ्यते चार्थयोर्द्वयोः ॥ ८३ ॥
यागे चैव प्रतिष्ठायामनयोरेव लक्ष्यते ।

शुभ हस्त का विधान याग और प्रतिष्ठा इन्हीं दोनों अर्थों में देखा जा सकता है । साधक को याग की प्रतिष्ठा भी इन्हीं दोनों के [illegible] से प्राप्त होती है ॥ ८३-८४ ॥

चतुर्विधयागकथनम्

यागश्चतुर्विधः प्रोक्तः सर्वथास्मिन् हि शासने ॥ ८४ ॥

प्रोक्षणं पुष्पयागश्च तथा मण्डलदर्शनम् ।
दीक्षा चेति तथा चात्र याग उक्तः समासतः ॥ ८५ ॥

[illegible] में याग चार प्रकार का कहा गया है । १. प्रोक्षण याग, [illegible] ३. मण्डल दर्शन याग और ४. दीक्षा याग । इस प्रकार [illegible] के याग संक्षेप में इस तन्त्र में कहे गये हैं ॥ ८४-८५ ॥

१. प्रोक्षणयागकथनम्

संप्राप्ते त्वर्चनाकाले शुश्रूषाभ्यर्चितो गुरुः ।
प्रोक्षयेदर्चनातोयैर्मूलमन्त्राभिमन्त्रितैः ॥ ८६ ॥
ततः शिष्यं प्रसादेन तत् प्रोक्षणमुदाहृतम् ।

अर्चना काल प्राप्त होने पर शुश्रूषापूर्वक अर्चित गुरु अर्चना के [illegible] मूल मन्त्र द्वारा शिष्य का प्रोक्षण करे । फिर प्रसाद देवे इसे कहा जाता है ॥ ८६-८७ ॥

२. पुष्पयागकथनम्

लिखित्वा मण्डलं सम्यक् प्रोक्षयित्वाथ मन्त्रतः ॥८७॥
पुष्पैश्च विविधैरर्चां चातुर्वर्ण्यैर्यथाविधि ।
मण्डलं विधिवत् कृत्वा शिष्यं तत्र प्रवेशयेत् ॥ ८८ ॥
अनुग्रहेण चाचार्यः पुष्पयागः स उच्यते ।

सम्यक् रूप से मण्डल लिख कर मन्त्र से उसका प्रोक्षण करे । चातुर्वर्ण्य के विधान से अनेक प्रकार के पुष्पों द्वारा उसकी अर्चना इस प्रकार मण्डल बिम्ब में शिष्य को अनुग्रहपूर्वक आचार्य प्रवेश [illegible] तो उसे 'पुष्पयाग' कहा जाता है ॥ ८७-८९ ॥

३. मण्डलदर्शनयागकथनम्

लिखित्वा मण्डलं सम्यक्शास्त्रोक्तविधिना क्रमात्॥८९॥
शुद्धे देशे गृहे वापि देवतायतनेऽपि वा ।
पटे वाप्यथवा कुड्ये मण्डपे वापि चित्रिते ॥ ९० ॥
मण्डलं दर्शयेच्छिष्यं तस्मान्मण्डलदर्शनम् ।

शास्त्रोक्त विधि से शुद्ध देश में अथवा शुद्ध गृह में अथवा [illegible] में अथवा पट पर अथवा भीत पर सम्यक् रूप से चित्रित [illegible] निर्माण कर शिष्य को मण्डल दर्शन करावे तो उसे 'मण्डल [illegible]' कहा जाता है ॥ ८९-९० ॥

४. दीक्षायागकथनम्

अधिवासक्रियां कृत्वा लिखित्वा चक्रमण्डलम् ॥ ११ ॥
रजःपातं क्रमात् कृत्वा हुत्वा चाग्निं यथाविधि ।
या दीक्षा विधिवत् प्रोक्ता सा दीक्षेति प्रशस्यते ॥ १२ ॥

४. इस प्रकार अधिवास क्रिया कर चक्र मण्डल लिख कर उस पर क्रमशः रजःपात करे । अतः अग्नि में विधिवत् होम कर जो दीक्षा दी जाती है उसे 'दीक्षायाग' कहा जाता है ॥ ११-१२ ॥

शुभहस्तकथनम्

चतुर्विधेषु यागेषु पूर्वोक्तेष्वेषु सर्वदा ।
शुभं भवेच्च शिष्याणां शुभहस्तः स उच्यते ॥ १३ ॥

इस प्रकार पूर्वोक्त चारों प्रकार के यज्ञ में शिष्य का सर्वदा कल्याण होता है, उसे ही शुभहस्त कहा जाता है ॥ १३ ॥

ततः..............................

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् इन्द्ररात्रे शिष्यलक्षणं नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

तत.. ॥ १४ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के इन्द्ररात्र के शिष्यलक्षण नामक नवम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ९ ॥

॥ श्रीः ॥

सनत्कुमारसंहितान्तर्गत
सनत्कुमारप्रोक्तं
चतुर्थम्
ऋषिरात्रम्

ऋषिरात्रस्य विषयानुक्रमणिका

प्रथमोऽध्यायः	
कालाध्यायः	४४९-४६१
द्वितीयोऽध्यायः	
मुद्रालक्षणम्	४६२-४८०
तृतीयोऽध्यायः	
योगाध्यायः	४८१-५००
चतुर्थोऽध्यायः	
तपस्याधर्मकथनम्	५०१-५१२
पञ्चमोऽध्यायः	
पुष्पयागकथनम्	५१३-५२०
षष्ठोऽध्याय	
बलिदानकर्मविधानम्	५२१-५५२
सप्तमोऽध्यायः	
छन्दोविधि	५५३-५६५
अष्टमोऽध्यायः	
प्रायश्चित्तविधानम्	५६६-५९५
नवमोऽध्यायः	
ब्रह्मकूर्चविधिः	५९६-६०४
दशमोऽध्यायः	
शस्त्रलक्षणम्	६०५-६१५

ऋषिरात्रे

प्रथमोऽध्यायः

कालाध्यायः

…कुमार उवाच—

ऋषिरात्रं प्रवक्ष्यामि यथाहुर्ऋषयः पुरा ।

…कुमार ने कहा—अब मैं ऋषिरात्र कह रहा हूँ जैसा कि ऋषियों …ने कहा है ॥ १ ॥

पञ्चकालान् यथावत्तु कथयाम्यनुपूर्वशः ॥ १ ॥

…काल का विधान जैसा कहा गया है उसे आनुपूर्वी रूप में यहाँ …कह रहा हूँ ॥ १ ॥

१. कालसंबद्धकथनम्

यच्च विष्णुं समुद्दिश्य क्रियते कर्म दीक्षितैः ।
तत् सर्वं कालसंबद्धं ततोऽन्यत्तु न विद्यते ॥ २ ॥

…पुरुष विष्णु के उद्देश्य से जो कर्म करता है वह सब काल…बद्ध है उसके अतिरिक्त अन्य नहीं ॥ २ ॥

२. अभिगमनकालकथनम्

अथाभिगमनं पूर्वं काल एष मयोच्यते ।
शयनोत्थानकर्मादि क्रियतेऽथ यथा तु यत् ॥ ३ ॥
तत् सर्वं भगवत्कर्म करोमीत्यनुचिन्तयेत् ।
तेनाभिसंहितं सर्वं कर्म कुर्वन् यथाविधि ॥ ४ ॥
दीक्षितः समयी नित्यमनेन स्यादुपासकः ।
उपासितो भवेद्देवो नित्यमेव तु कर्मणा ॥ ५ ॥
इत्युक्तोऽभिगमः कालः प्रीतस्तेन सुरेश्वरः ।

…गमन कालकथन—अब अभिगमन काल कह रहा हूँ ।

सर्वप्रथम शयन एवं उत्थानादि क्रिया जिस प्रकार से [illegible] है उस शयन एवं उत्थानादि के समय यही सोचें कि मैं [illegible] कर्म ही कर रहा हूँ । भगवान् का ध्यान करता हुआ विधिपूर्वक [illegible] करने वाला दीक्षित समयी साधक उस नियमित कर्म से 'उपासन' [illegible] जाता है और भगवान् भी उस कर्म से उपासित होते हैं वह '[illegible] काल' कहा जाता है । इससे भी भगवान् प्रसन्न होते हैं ॥ ४-५ ॥

३. उपादानकालकथनम्

उपादानं प्रवक्ष्यामि कालं कालविदां तु वः ॥ ६ ॥
वस्तु यद् गृह्यते सर्वं दीक्षितैस्तन्त्रवित्तमैः ।
प्रतिग्रहं वा क्रीतं वा अयाचितमथापि वा ॥ ७ ॥
गृह्यते फलपुष्पादि विष्ण्वर्थमिति चिन्तया ।
तदुपादानमित्युक्तः कालस्तेन सदा हरिः ॥ ८ ॥

अब कालज्ञों के लिये उपादान काल कहता हूँ । तन्त्रवेत्ता [illegible] जिससे प्रतिग्रह, क्रीत, अयाचित फल एवं पुष्प विष्णु की पूजा के लिये ग्रहण करता है वह काल 'उपादान काल' कहा जाता है । उस [illegible] मन्त्रवेत्ता से भी भगवान् विष्णु सदा अर्चित हो जाते हैं ॥ ६-८ ॥

४. इज्याकालकथनम्

अर्चितो देवदेवेशः कालज्ञेन तु मन्त्रिणा ।
इज्या चेति समाख्याता यागकर्मणि यद् कृतम् ॥ ९ ॥
रजःपातादि यागश्च अर्चनाविधिरेव च ।
यतीनां चैव भक्तानां दीक्षितानां च पूजनम् ॥ १० ॥
दानं चैव हरेर्नित्यमिज्या सेति प्रकीर्तिता ।
तेन कालेन देवेशः पूजितः स्याद्विशेषतः ॥ ११ ॥

'४. इज्या काल'कथन—उस मन्त्रवेत्ता कालज्ञ से भी भगवान् अर्चित हो जाते हैं जो याग कर्म में रजःपातादि कर्म, याग अर्चनादि, यति, भक्त और दीक्षितों का पूजन, दान, विष्णुयाग आदि कर्म नित्य किये जाते हैं उसे 'इज्या काल' कहते हैं । ऐसे उस इज्या काल में विष्णु विशेष रूप से पूजित होते हैं ॥ ९-११ ॥

५. स्वाध्यायकालकथनम्

स्वाध्याये तु तथा काले चिन्तयेद्वैष्णवान् मनून् ।

इतिहासपुराणानि पठेदर्थावबोधतः ॥ १२ ॥
स्वाध्यायः काल इत्युक्तः पूजितस्तेन वै प्रभुः ।

स्वाध्याय काल में विष्णु के मन्त्रों का जप करे । अर्थ को समझते हुए इतिहास एवं पुराण का पाठ करे तब उसे 'स्वाध्याय काल' कहा जाता है । उससे भी विष्णु पूजित होते हैं ॥ ११-१३ ॥

योगकथनम्

यो योग इति संप्रोक्तो योगिभिर्योगवित्तमैः ॥ १३ ॥
तेन योगेन देवेशः पूजितः स्यात् स्वयं हरिः ।
षडङ्गयुक्तो योगः स उक्तः पद्मोद्भवे किल ॥ १४ ॥

योगवेत्ता योगी जिसे योग कहते हैं उस योग के द्वारा भगवान् पूजित होते हैं । वह षडंगयुक्त वेद है जिसे पद्मोद्भव संहिता में कहा गया है । (वह योगकाल कहा जाता है) ॥ १३-१४ ॥

नाडीचक्रकथनम्

संक्षेपेणाथ वक्ष्यामि नाडीचक्रमशेषतः ।
कन्दं नाभिर्भवेन्मूलं नाडीनामेव सर्वशः ॥ १५ ॥

अब संक्षेप में संपूर्ण नाड़ी चक्रों को कहता हूँ । सभी नाड़ियों का मूल 'नाभि' है जो कन्द के समान है ॥ १५ ॥

कुमुदस्य यथा मूलमुत्पलस्य तथैव च ।
नालानामपि सर्वेषामुत्पत्तिस्थानमुत्तमम् ॥ १६ ॥
तथैव नाभिर्नाडीनामुत्पत्तिस्थानमुच्यते ।

जिस प्रकार कुमुद का मूल होता है और जिस प्रकार कमल का मूल होता है उसी प्रकार सभी नाड़ियों की नलिकाओं का उत्पत्ति स्थान नाभि कहा गया है ॥ १६-१७ ॥

नाडीनां भेदकथनम्

द्विसप्ततिसहस्राणि नाडयः परिकीर्तिताः ॥ १७ ॥
तिर्यगूर्ध्वमधश्चैव देहे ताः स्युर्व्यवस्थिताः ।
आग्नेय्यश्चैव सौम्याश्च सौम्याग्नेयस्तथैव च ॥ १८ ॥

इन नाड़ियों की कुल संख्या ७२ हजार है । ये सभी नाड़ियाँ इस देह में तिरछे, नीचे, ऊपर व्यवस्थित है । आग्नेय, सौम्य और सौम्याग्नेय इनके तीन भेद है ॥ १७-१८ ॥

नाडीनां भेदे आग्नेय्यादि नाडीलक्षणकथनम्

सर्वा ऊर्ध्वमुखा नाड्यस्त्वाग्नेय्यः परिकीर्तिताः ।
अधोमुखास्तथा सौम्यास्तिर्यक् चैवोभयात्मिकाः ॥ १९ ॥

जिन नाड़ियों का मुख ऊपर हैं वे सभी आग्नेयी हैं, जिनका मुख नीचे है वे सभी सौम्या हैं और जिनका मुख तिर्यक् है वे सभी आग्नेय नाड़ियाँ हैं ॥ १९ ॥

शतद्वयं चाष्टषष्टिः प्रतिदिक्कं व्यवस्थिताः ।
शतसाहस्त्रिकायां तु संहितायां पुरा खलु ॥ २० ॥
नामान्यासां तु सर्वासां कथितानि सविस्तरम् ।
दशानां तु प्रधानानां तन्नामात्र प्रवक्ष्यते ॥ २१ ॥

प्रत्येक दिशाओं और आकाश में २६८ नाड़ियाँ फैली हुई है । पूर्व रचित 'शतसाहस्त्रिक संहिता' में इन सभी नाड़ियों का नाम विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है । यहाँ केवल दश प्रधान नाड़ियों के नाम कहे जा रहे हैं ॥ २०-२१ ॥

दश प्राणवहा नाडयः विधानम्

इडा च पिङ्गला चैव सुषुम्ना च तथा परा ।
गान्धारी हस्तिजिह्वा च पूषा च सुयशास्तथा ॥ २२ ॥
अलम्बुसा कुहूश्चैव कौशिकी दशमी तथा ।

१. इडा, २. पिङ्गला, ३. सुषुम्ना, ४. गान्धारी, ५. हस्तिजिह्वा, ६. पूषा, ७. सुयशा, ८. अलम्बुसा, ९. कुहू और दशवीं १०. कौशिकी उन दश नाड़ियों के नाम है ॥ २२-२३ ॥

इडा चैव सुषुम्ना च स्थिते पिङ्गलया सह ॥ २३ ॥
नासापुटे चोर्ध्वमुख्यौ शुक्लरक्ते च वर्णतः ।

१. इसमें 'इडा और सुषुम्ना' पिङ्गला नाडी के साथ रहती है । ये दोनों नासापुट (च्छिद्र) में ऊर्ध्वमुख स्थित हैं । ये क्रमशः शुक्ल और लाल इनका वर्ण है ।

गान्धारी हस्तिजिह्वा च पूष्णा च सहिते स्थिते ॥ २४ ॥
बस्तिदेशं समाश्रित्य पीतकृष्णे स्थिते समे ।

२. 'गान्धारी एवं हस्तिजिह्वा' ये दोनों पूषा के साथ बस्तिदेश में

इनका वर्ण क्रमशः पीत और कृष्ण है ॥ २४-२५ ॥

अलम्बुसासुयशसौ स्थिते दक्षिणपार्श्वतः ॥ २५ ॥
बभ्रुश्यामे च वर्णेन सौम्याग्नेयगुणान्विते ।

'अलम्बुषा और सुयशसी' ये दक्षिण पार्श्व में स्थित है । इनका वर्ण बभ्रु और श्याम है ॥ २४-२६ ॥

कौशिकी च कुहूश्चैव वामपार्श्वं समाश्रिते ॥ २६ ॥
अञ्जनारुणसङ्काशे सौम्याग्नेयगुणान्विते ।
दश प्राणवहा ह्येता नाडयः परिकीर्तिताः ॥ २७ ॥

'कौशिकी और कुहू' जो सौम्य और आग्नेय गुणों से युक्त है, इनका वर्ण क्रमशः काला और लाल है ये वाम पार्श्व में स्थित है । ये दश प्राणवहा नाड़ियों का वर्णन किया गया है ॥ २६-२७ ॥

दश प्राणाः विधानम्

प्राणास्तु दश संप्रोक्ता यथासंख्यक्रमेण तु ।
प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च ॥ २८ ॥
नागश्चैव कुमारश्च कृकरश्च तथा परः ।
धनञ्जयो देवदत्त इति प्राणा दश स्मृताः ॥ २९ ॥

इसमें दश प्राणवहा नाड़ियों का नाम क्रमशः कह दिया है । १. प्राण, २. अपान, ३. समान, ४. उदान, ५. व्यान, ६. नाग, ७. कुमार, ८. कृकर, ९. धनञ्जय और १०. देवदत्त ये दश प्राण कहे गये हैं ॥ २८-२९ ॥

१. प्राणवायुलक्षणकथनम्

प्राणस्तु प्रथमो वायुः शेषाणां प्रभुरेव सः ।
इडा वहति तं वायुं नाडी या प्रथमा मता ॥ ३० ॥

प्रथम कहा गया प्राणवायु है और शेष सभी प्राणों का स्वामी है। इस वायु को इडा धारण करती है, जो प्रथम नाड़ी है ॥ ३० ॥

प्राणः प्राणयते यस्माद्विसर्गं पूरणं प्रति ।
नित्यमापूरयत्येष प्राणिनामुरसि स्थितः ॥ ३१ ॥

प्राणियों के हृदयस्थान में स्थित प्राण शरीर की कमी को पूर्ण करता है और जीवन प्रदान करता है ॥ ३१ ॥

प्राणस्य व्युत्पत्तिकथनम्

निश्वासोच्छ्वासकासैश्च प्राणो जीवसमाश्रितः ।
प्राणनं कुरुते यस्मात् तस्मात् प्राण इति स्मृतः ॥ ३२ ॥

निश्वास, उच्छ्वास और कास के द्वारा प्राण जीव के साथ रहकर उसे प्राण दान करता है इस कारण उसे 'प्राण' कहा जाता है ॥३२॥

२. अपानवायुलक्षणकथनम्

उह्यमानस्तु गान्धार्या नाड्यापानः स्ववेगतः ।
शुक्लमूत्रपुरीषादि गुदस्थोऽपनयेत् सदा ॥ ३३ ॥
तस्मादपान इत्युक्तो वायुः प्राणादनन्तरः ।
उह्यमानः समानस्तु समोऽलम्बुसया मतः ॥ ३४ ॥

अपान वायु गान्धारी नाडी से वहन किया जाता हुआ अपने वेग से गुदा में रहने वाले मलमूत्र को सदा बाहर करता है इसलिये उसे अपान कहा जाता है, प्राण के अनन्तर वह दूसरा वायु है ॥ ३३-३४ ॥

३. समानवायुलक्षणकथनम्

पीतं भक्षितमाघ्रातं लीढं पित्तकफादिकान् ।
रसान् नानाविधांश्चैव समानयति सर्वतः ॥ ३५ ॥
सर्वदा सर्वगात्रेषु समानस्तेन मारुतः ।

पीत, भक्षित, आघ्रात, चाटा गया एवं पित्त कफादि नाना प्रकार के रसों को शरीर में समान रूप से यह पहुँचाता रहता है । इसलिये उसे 'समान' वायु कहा जाता है ॥ ३५ ॥

४. व्यानवायुलक्षणकथनम्

कुहूर्वहति च व्यानं वामपार्श्वं समाश्रितः ॥ ३६ ॥
कुरुते स पुनर्व्यानः कर्माण्येतानि सर्वशः ।
विनामयत्यथाङ्गानि कुर्याद् व्याधिप्रकोपनम् ॥ ३७ ॥
स्मृतिप्रीतिविनाशं च वार्द्धके व्यान उच्यते ।

वामपार्श्व में स्थित व्यान को कुहू नाड़ी वहन करती है और यह व्यान शरीर के अङ्गों को नवाता है व्याधियों का प्रकोप कराता है वृद्धावस्था में स्मृति एवं प्रीति का विनाश करता है इसलिये उसे 'व्यान' कहा जाता है ॥ ३६-३८ ॥

५. उदानवायुलक्षणकथनम्

सुषुम्नायामुह्यमानस्तथैव च ॥ ३८ ॥
उदानस्तु स्पन्दयत्यधरं वक्त्रं नेत्रं गात्रप्रकम्पनम् ।
उद्योजयति कर्माणि उदानस्तेन कीर्तितः ॥ ३९ ॥

इसी प्रकार उदान वायु सुषुम्ना द्वारा वहन किया जाता हुआ अधर एवं नेत्र में स्पन्दन उत्पन्न करता है । शरीर के अंगों में कम्पन करता है, कर्म के लिये उद्यत करता है इसलिये उसे उदान कहते हैं ॥ ३८-३९ ॥

६. नागवायुलक्षणकथनम्

पिङ्गलायां तु नागाख्यो वायुरूर्ध्वमुखः स्थितः ।
उद्गारं वमनं हिक्कां तथा वै मेहनं पुनः ॥ ४० ॥
करोति मारुतो नागः प्राणिनां देहमाश्रितः ।

नाग नामक वायु पिङ्गला में ऊर्ध्वमुख स्थित है । वह उद्गार, वमन, हिक्का तथा मेहन कराता है और प्राणियों के शरीर में ही स्थित है ॥ ४०-४१ ॥

७. देवदत्तवायुलक्षणकथनम्

हरतिजिह्वागतो वायुर्देवदत्त इति स्मृतः ॥ ४१ ॥

जिह्वा में रहने वाला देवदत्त नामक वायु मारता है ॥ ४१ ॥

८. कुमारवायुलक्षणकथनम्

विजृम्भणं च गात्राणां स्तम्भनं च करोत्यसौ ।
मीलनं कुरुते नित्यं कुमारः पूषणि स्थितः ॥ ४२ ॥

कुमार नामक वायु पूषा नाडी में स्थित रहकर जम्हाई एवं गात्रों का स्तम्भन और नित्य नाड़ियों को मिलाता है ॥ ४२ ॥

९. धनञ्जयवायुलक्षणकथनम्

तथा सुयशसि स्थित्वा कृकरः क्षुभितं नयेत् ।

कृकर नामक वायु सुयशा नाडी में स्थित रहकर क्षोभ उत्पन्न करता है ॥ ४३ ॥

१०. कृकरवायुलक्षणकथनम्

घोषं च कुरुते स्थित्वा कौशिक्यां तु धनञ्जयः॥ ४३ ॥

न मुञ्चति सदा चासौ मृतस्यापि कलेवरम् ।
नाडीचक्रं यथावस्थं कथितं चानुपूर्वशः ॥ ४४ ॥

१०. धनञ्जय कौशिकी में स्थित रहकर शब्द करता है । यह मर जाने पर भी शरीर से बाहर नहीं निकलता । यहाँ तक नाडीचक्र का यथावस्थ वर्णन किया ॥ ४३-४४ ॥

दशारचक्रकथनम्

दशारं चक्रमेतत्तु नाडयो यत्र संस्थिताः ।
चक्रं तु भ्रमते देहे दशस्थानेषु सर्वदा ॥ ४५ ॥

जिसमें ये दश नाडियाँ स्थित हैं उसे 'दशारचक्र' कहा जाता है। यह चक्र शरीर में दशों स्थानों पर घूमता रहता है ॥ ४५ ॥

कर्मात्मा जीवसंज्ञोऽस्मिंश्चक्रे भ्रमति शाश्वतम् ।
हृत्पुण्डरीकमध्ये तु सदा सङ्कोचयन् प्रभुः ॥ ४६ ॥
सदाविष्णुर्भवत्येष क्षेत्रज्ञ इति संज्ञितः ।
अणोरणीयानत्यन्तं शालिशूकाग्रपिञ्जरः ॥ ४७ ॥

यह कर्मात्मा जिसको 'जीव' कहा जाता है वह इस चक्र में निरन्तर भ्रमण करता है, यही प्रभु है जो हृत्पुण्डरीक के मध्य में स्थित होकर हृदय को संकुचित करता है । इसी की 'क्षेत्रज्ञ' संज्ञा है । यही सदा विष्णु है, यह अणु से भी अणु है तथा शालि के शूक के अग्रभाग के समान पिञ्जर है ॥ ४६-४७ ॥

तस्येश्वरस्य चैश्वर्याच्चक्रमेतत् प्रवर्तते ।
चक्रमध्येऽस्य संप्रोक्तो हृत्पद्मस्य यथोद्भवः ॥ ४८ ॥

उसी परमेश्वर की शक्ति से यह चक्र चलता रहता है, चक्र के मध्य में जिस प्रकार इस हृत्पद्म का उद्भव होता है यह सब कुछ पहले बता दी है । (द्र. १.४५-४६) ॥ ४७ ॥

हृत्पद्मस्याष्टपत्रस्य मध्ये वै कर्णिका मता ।
शक्तयस्तत्र तिष्ठन्ति परमेष्ठ्यादयः क्रमात् ॥ ४९ ॥

हृत कमल के मध्य अष्टदल में जो कर्णिकायें हैं उसमें परमेष्ठी आदि शक्तियाँ निवास करती है ॥ ४९ ॥

परमेष्ठी पद्ममध्ये सदाविष्णुं समाश्रितः ।

चतुर्दिक्षु ततः पश्चाच्छेषा वै शक्तयः स्मृताः ॥ ५० ॥

परमेष्ठी (ब्रह्मदेव) पद्म के मध्य में स्थित सदाविष्णु के आश्रित हैं, शेष शक्तियाँ वहीं चारों दिशाओं में स्थित है ॥ ५० ॥

अर्कवह्निहिरण्याभा वर्णतः परिकीर्तिताः ।
नाम्ना चैव पुमान् विश्वो निवृत्तिः सर्व एव च ॥ ५१ ॥

चारों दिशाओं में रहने वाली इन चार शक्तियों का वर्ण सूर्य, अग्नि और सुवर्ण के समान कहा गया है । इनका नाम पुमान्, विश्व, निवृत्ति और सर्व है ॥ ५१ ॥

प्रभोर्नारायणस्य दशावस्थाः वर्णनम्

तेषां मध्ये दशावस्थाः प्रभोर्नारायणस्य ह ।
तास्ववस्थासु संलीनः पुरुषस्तु निरामयः ॥ ५२ ॥

उनके मध्य में भगवान् नारायण की दश अवस्थाओं का निवास है। उन अवस्थाओं में निरामय पुरुष संलीन है ॥ ५२ ॥

एवं स्थिते चक्रपद्मे बहिः प्राणा दश स्थिताः ।
इडायां च सुषुम्नायां प्राणश्चरति वै क्रमात् ॥ ५३ ॥

इस प्रकार से स्थित चक्र कमल के बाहर दशों प्राण स्थित हैं, इडा और सुषुम्ना में प्राण क्रमशः सञ्चार करता रहता है ॥ ५३ ॥

इडा चान्द्रमसी नाडी सुषुम्ना सूर्यसंभवा ।
इडा नासापुटे वामे सुषुम्ना दक्षिणे स्थिता ॥ ५४ ॥

इडा चान्द्रमसी नाडी है और सुषुम्ना सूर्य संभवा नाडी है । इडा बायें नासपुट में रहती है और सुषुम्ना नाडी दक्षिण नासापुट में रहती है ॥ ५४ ॥

शरीरमध्ये प्राणसञ्चारक्रमे अयनकथनम्

अयने द्वे च संक्रान्ती विषुवे चेति भेदतः ।
भवन्ति प्राणसञ्चारक्रमान्नाड्योस्तथोभयोः ॥ ५५ ॥

इस प्राण का सञ्चार क्रमशः दोनों नाड़ियों (इडा सुषुम्ना) में होता है उसके भेद से दोनों अयन सङ्क्रान्ति तथा विषुव होते हैं ॥ ५५ ॥

शरीरमध्ये दक्षिणायनोत्तरायणकथनम्

इडायां वर्तते प्राणो यदा तद् दक्षिणायनम् ।

यदा वसेत् सुषुम्नायां तद् भवेदुत्तरायणम् ॥ ५६ ॥

जब प्राण इडा में रहता है तब दक्षिणायन होता है और जब प्राण सुषुम्ना में रहे तब उत्तरायण होता है ॥ ५६ ॥

शरीरमध्ये संक्रान्तिकालकथनम्

प्रयाति यस्माद्यं वायुः काले नासापुटात् पुटम् ।
संक्रान्तिरिति स प्रोक्तः क्रमेण प्राणसंक्रमः ॥ ५७ ॥

जिस काल में वायु एक नासापुट से दूसरे नासापुट में प्रवेश करता है तब उसे सङ्क्रान्ति कहा जाता है । यह प्राण संक्रम बारी-बारी से होता है ॥ ५७ ॥

शरीरमध्ये विषुवकालकथनम्

यदा द्वाभ्यां पुटाभ्यां तु समकालं वहत्यसौ ।
कालं तं विषुवं प्राहुः पुण्यकर्मणि पूजितम् ॥ ५८ ॥

जब यह प्राण एक ही काल में दोनों नासापुटों में सञ्चार करता है तब उसे 'विषुव काल' कहा जाता है । यह काल पुण्यकर्म के लिये प्रशस्त है ॥ ५८ ॥

स्नानादिकर्मकालकथनम्

अयने दक्षिणे कुर्यात् स्नानकर्म यथाविधि ।
अयने चोत्तरे कुर्यात् सर्वकर्माणि साधकः ॥ ५९ ॥

साधक को दक्षिणायन में यथाविधि स्नान करना चाहिये और उत्तरायण में सारा कर्म करना चाहिये ॥ ५९ ॥

संक्रान्त्यादिकाले दानादिकर्मकथनम्

संक्रान्त्यां दानकर्माणि ध्यानं तु विषुवे तथा ।
ऊर्ध्वं प्राणस्त्वहः प्रोक्तस्त्वपानो रात्रिरुच्यते ॥ ६० ॥

सङ्क्रान्ति में दान कर्म तथा विषुव में ध्यान करना चाहिये । जब प्राण ऊपर की ओर जावे तब दिन कहा जाता है और अपान रात्रि कहा जाता है ॥ ६० ॥

अयुते द्वे सहस्रं च षट् शतान्यधिकानि च ।
अहोरात्रेण वै योगे मात्रासंख्या प्रयुज्यते ॥ ६१ ॥

अयुते द्वे (बीस हजार) सहस्रे षट् (छह हजार) कुल २६ हजार

...प्रकार दिन और रात्रि की मात्रा में प्रयुक्त की जाती है । ...श्वास की इतनी संख्या है?) ॥ ६१ ॥

प्राणायामभेदकथनम्

प्राणायामं समासेन कथयामि यथाविधि ।
उच्चारयेत्तु प्रणवं स्वरेणैकेन योगवित् ॥ ६२ ॥

...में यथाविधि प्राणायाम के विषय में कहता हूँ । योगवेत्ता ...से प्रणव का उच्चारण करे ॥ ६२ ॥

१. पूरकप्राणायामस्य प्रक्रियाकथनम्

उदरं पूरयित्वा तु वायुना यावदीप्सितम् ।
प्राणायामो भवत्येष पूरको देहपूरकः ॥ ६३ ॥

...अभीष्ट हो उतने वायु से उदर की पूर्त्ति करे इसको 'पूरक ...कहते हैं । इस 'पूरक प्राणायाम' से शरीर को प्राणवायु से ...जाता है ॥ ६३ ॥

२. कुम्भकप्राणायामस्य प्रक्रियाकथनम्

पिधाय सर्वगात्राणि निश्वासोछ्वासवर्जितम् ।
संपूर्णकुम्भवत् तिष्ठेत् प्राणायामः स कुम्भकः ॥६४ ॥

...जब सारी इन्द्रियों को रोक कर निःश्वास और उच्छ्वास को ...पूर्णकुम्भ के समान स्थित हो जावे तब उसे 'कुम्भक ...कहा जाता है ॥ ६४ ॥

३. रेचकप्राणायामस्य प्रक्रियाकथनम्

मुञ्चेद्वायुं तथैकेन क्रमान्निश्वस्य चैव हि ।
योगी निश्वासकृद्यस्तु वायुमूर्ध्वं विरेचयेत् ॥ ६५ ॥
रेचकस्त्वेष संप्रोक्तः प्राणायामो न संशयः ।

...धीरे-धीरे श्वास को नासिका के एक पुट प्राणायाम से ऊपर के ...बाहर निकाल कर उदर को रिक्त करे तब उसे रेचक कहा ...इसमें संशय नहीं ॥ ६५-६६ ॥

कुम्भकादिप्राणायामस्य प्रक्रियायां योगकालकथनम्

कुम्भकाले भवेदेव सोमग्रहणमुत्तमम् ॥ ६६ ॥
ततो रेचककाले तु सूर्यग्रहणमिष्यते ।

यद्वै हृदयपद्माख्यमूर्ध्वनालमधोमुखम् ॥ ६७ ॥
तद्वै विकासमायाति पूरणेन तु पूरितम् ।
ऊर्ध्ववक्त्रं भवेत् पद्मं कुम्भकेन निरोधितम् ॥ ६८ ॥
रेचकेन समाक्षिप्तं सद्यः प्राणहरं भवेत् ।
भूत्वा तु हृद्गतं पद्ममूर्ध्वस्रोतो व्यवस्थितम् ॥ ६९ ॥

१. कुम्भक के समय उत्तम सोमग्रहण का काल होता है । रेचनकाल में सूर्यग्रहण का काल होता है । ३. यह हृदयकमल ... नाल और अधोमुख है, जब यह पूरक से पूर्ण होता है तब विकास ... प्राप्त होता है । वही कुम्भक से निरोधित होने पर ऊर्ध्वमुख हो जाता है । जब रेचक किया जाता है तब सद्यः प्राणहीन होकर वही हृदयकमल ऊर्ध्व स्रोत रूप में व्यवस्थित हो जाता है ॥ ६७-६९ ॥

रेचनकाले ग्रन्थिभेदकथनम्

रेचनेनोर्ध्वमायाति ग्रन्थिं भित्त्वा क्षणेन तु ।
भित्त्वार्गलकपालं तु ऊर्ध्वं दीप इवोत्थितः ॥ ७० ॥

रेचनकाल में वही क्षणमात्र में ग्रन्थि को भेद कर ऊपर चला आता है । फिर अर्गलकपाल का भेदन कर ऊर्ध्वदीप के समान ऊपर उठ जाता है ॥ ७० ॥

तद्विष्णोः परमं पदकथनम्

अचिरेण समभ्येति तद्विष्णोः परमं पदम् ।
अतः परतरं नैव स्थूलं वा सूक्ष्ममेव वा ॥ ७१ ॥

इस प्रकार जब ऊपर की ओर उठ जाता है तो तत्क्षण विष्णुपद को प्राप्त कर लेता है इससे परे न कोई स्थूल है और न कोई सूक्ष्म लोक है ॥ ७१ ॥

तत् पदं परमं प्राहुः सदाविष्णुपदं शुभम् ।
तत्पदस्य प्रभुश्चैको नित्यो नारायणः परः ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन योगी नारायणं स्मरेत् ॥ ७२ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम्
ऋषिरात्रे कालाध्यायः प्रथमः ॥ १ ॥

... परमपद है वही कल्याणकारी सदाविष्णुपद है । उस तत्पद ... एक पर नारायण है । इसलिये योगी सब प्रकार का ... नारायण का स्मरण करे ॥ ७२ ॥

... प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के ...ध्याय नामक प्रथम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ १ ॥

ऋषिरात्रे

द्वितीयोऽध्यायः

मुद्रालक्षणम्

सनत्कुमार उवाच—

मुद्राध्यायं प्रवक्ष्यामि सर्वमेव यथातथम् ।

सनत्कुमार ने कहा—अब सभी षोडशोपचार की मुद्राओं को मुद्राध्याय में यथावत् रूप में प्रतिपादन करता हूँ ॥ १ ॥

१. मुष्टिमुद्राकथनम्

मुष्टिमुद्रा तु मुष्टिः स्यादङ्गुष्ठेन तु पीडिता ॥ १ ॥

मुष्टिमुद्रा विधान—अंगूठे को ऊपर रखकर मुट्ठी बाँधे तो मुष्टिमुद्रा कही जाती है ॥ १ ॥

२. स्नानमुद्राकथनम्

स्नानमुद्रेति विज्ञेया सैव मुक्तकनिष्ठिका ।

स्नानमुद्रा विधान—उसी मुष्टिमुद्रा में जब कनिष्ठिका को बाहर रखे तब स्नानमुद्रा हो जाती है ।। २ ।।

३. गन्धमुद्राकथनम्

गन्धमुद्रा तु विज्ञेया विमुक्तानामिका च सा ॥ २ ॥

गन्धमुद्रा विधान—जब उसी मुष्टिमुद्रा में अनामिका को बाहर रखे तो गन्धमुद्रा हो जाती है ॥ २ ॥

४. पुष्पमुद्राकथनम्

विमुक्तमध्यमा चैव पुष्पमुद्रेति कीर्तिता ।

पुष्प मुद्रा विधान—जब उसी मुद्रा में मध्यमा को बाहर रखे तब पुष्प मुद्रा हो जाती है ।। ३ ।।

५. दीपमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वां तु मध्यमां कृत्वा संहत्याङ्गुष्ठमेव च ॥ ३ ॥
तर्जन्यनामिकाभ्यां तु संगृह्य तु कनिष्ठिकाम् ।
अवाङ्मुखेन वामेन संहताङ्गुलिना सह ॥ ४ ॥
तेनोत्तानेन हस्तेन दक्षिणेन तु तौ यथा ।
दीपमुद्रेति सा प्रोक्ता देवदेवप्रियाधिका ॥ ५ ॥

दीपमुद्रा विधान—मध्यमा को ऊपर उठा कर अङ्गुष्ठ को सिकोड़ तर्जनी और अनामिका से कनिष्ठिका को पकड़ कर सभी अङ्गुलियों वाले अधोमुख बायें हाथ को उतान कर तथा दाहिने हाथ से भी उठा कर स्थापित करे तो वह 'दीपमुद्रा' कही जाती है, यह मुद्रा देवों को अत्यन्त प्रिय है ॥ ३-५ ॥

६. धूपमुद्राकथनम्

संहताग्राङ्गुली या तु कृतव्यतिकराङ्गुलिः ।
सहैवोर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा कराभ्यां धूपमुद्रिका ॥ ६ ॥

धूपमुद्रा विधान—दोनों हाथ की अङ्गुलियों को उलट कर एक में मिला देवें । उन्हीं के साथ दोनों अंगूठों को ऊपर रखे तब 'धूपमुद्रा' कही जाती है ॥ ६ ॥

७. यज्ञोपवीतमुद्राकथनम्

मध्यमाङ्गुष्ठशिरसोः सङ्गतिर्याग्रपर्वणा ।
यज्ञोपवीतमुद्रा सा विस्तृतान्याङ्गुलिः क्रमात् ॥ ७ ॥

यज्ञोपवीत मुद्रा विधान—मध्यमा और अंगूठे के ऊपरी भाग में आगे वाले पर्व के साथ एक में मिला देवे और अन्य अङ्गुलियों को फैला देवे तो वह 'यज्ञोपवीतमुद्रा' हो जाती है ॥ ७ ॥

८.वस्त्रमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु तथा वै वस्त्रमुद्रिका ।

वस्त्रमुद्रा विधान—इसी प्रकार अङ्गुष्ठ और अनामिका के ऊपरीभाग में आगे वाले पर्व से एक में मिला देवे तब वह 'वस्त्रमुद्रा' बन जाती है ॥ ८ ॥

९. अलङ्कारमुद्राकथनम्

तथाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां ज्ञेयालङ्कारमुद्रिका ॥ ८ ॥

ऋषिरात्रे

द्वितीयोऽध्यायः

मुद्रालक्षणम्

सनत्कुमार उवाच—

मुद्राध्यायं प्रवक्ष्यामि सर्वमेव यथातथम् ।

सनत्कुमार ने कहा—अब सभी षोडशोपचार की मुद्राओं को मुद्राध्याय में यथावत् रूप में प्रतिपादन करता हूँ ॥ १ ॥

१. मुष्टिमुद्राकथनम्

मुष्टिमुद्रा तु मुष्टिः स्यादङ्गुष्ठेन तु पीडिता ॥ १ ॥

मुष्टिमुद्रा विधान—अंगूठे को ऊपर रखकर मुट्ठी बाँधे तो मुष्टिमुद्रा कही जाती है ॥ १ ॥

२. स्नानमुद्राकथनम्

स्नानमुद्रेति विज्ञेया सैव मुक्तकनिष्ठिका ।

स्नानमुद्रा विधान—उसी मुष्टिमुद्रा में जब कनिष्ठिका को बाहर रखे तब स्नानमुद्रा हो जाती है ॥ २ ॥

३. गन्धमुद्राकथनम्

गन्धमुद्रा तु विज्ञेया विमुक्तानामिका च सा ॥ २ ॥

गन्धमुद्रा विधान—जब उसी मुष्टिमुद्रा में अनामिका को बाहर रखे तो गन्धमुद्रा हो जाती है ॥ २ ॥

४. पुष्पमुद्राकथनम्

विमुक्तमध्यमा चैव पुष्पमुद्रेति कीर्तिता ।

पुष्प मुद्रा विधान—जब उसी मुद्रा में मध्यमा को बाहर रखे तब पुष्प मुद्रा हो जाती है ॥ ३ ॥

५. दीपमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वां तु मध्यमां कृत्वा संहृत्याङ्गुष्ठमेव च ॥ ३ ॥
तर्जन्यनामिकाभ्यां तु संगृह्य तु कनिष्ठिकाम् ।
अवाङ्मुखेन वामेन संहृताङ्गुलिना सह ॥ ४ ॥
तेनोत्तानेन हस्तेन दक्षिणेन तु तौ यथा ।
दीपमुद्रेति सा प्रोक्ता देवदेवप्रियाधिका ॥ ५ ॥

दीपमुद्रा विधान—मध्यमा को ऊपर उठा कर अङ्गुष्ठ को सिकोड़ तर्जनी और अनामिका से कनिष्ठिका को पकड़ कर सभी अङ्गुलियों सहित अधोमुख बायें हाथ को उतान कर तथा दाहिने हाथ से भी उठा कर स्थापित करे तो वह 'दीपमुद्रा' कही जाती है, यह मुद्रा देवेश को अत्यन्त प्रिय है ॥ ३-५ ॥

६. धूपमुद्राकथनम्

संहताग्राङ्गुली या तु कृतव्यतिकराङ्गुलिः ।
सहैवोर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा कराभ्यां धूपमुद्रिका ॥ ६ ॥

धूपमुद्रा विधान—दोनों हाथ की अङ्गुलियों को उलट कर एक में मिला देवे । उन्हीं के साथ दोनों अंगूठों को ऊपर रखे तब 'धूपमुद्रा' कही जाती है ॥ ६ ॥

७. यज्ञोपवीतमुद्राकथनम्

मध्यमाङ्गुष्ठशिरसोः सङ्गतिर्याग्रपर्वणा ।
यज्ञोपवीतमुद्रा सा विस्तृतान्याङ्गुलिः क्रमात् ॥ ७ ॥

यज्ञोपवीत मुद्रा विधान—मध्यमा और अंगूठे के ऊपरी भाग में उनके आगे वाले पर्व के साथ एक में मिला देवे और अन्य अङ्गुलियों को फैला देवे तो वह 'यज्ञोपवीतमुद्रा' हो जाती है ॥ ७ ॥

८.वस्त्रमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु तथा वै वस्त्रमुद्रिका ।

वस्त्रमुद्रा विधान—इसी प्रकार अङ्गुष्ठ और अनामिका के ऊपरीभाग के आगे वाले पर्व से एक में मिला देवे तब वह 'वस्त्रमुद्रा' बन जाती है ॥ ८ ॥

९. अलङ्कारमुद्राकथनम्

तथाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां ज्ञेयालङ्कारमुद्रिका ॥ ८ ॥

अलङ्कार मुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ और कनिष्ठिका के शिरो भाग को आगे वाले पर्व से यदि एक में मिला देवे तब वह 'अलङ्कार मुद्रा' बन जाती है ॥ ८ ॥

१०. वैनतमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु तथा वैनतमुद्रिका ।

वैनतमुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ तर्जनी के शिरोभाग को आगे वाले पर्व से संयुक्त करे तब वह 'वैनत मुद्रिका' हो जाती है ।

११. आचारमुद्राकथनम्

विस्तारिताङ्गुली या तु संहताधोगताङ्गुलिः ॥ ९ ॥
ज्ञेया पृथक् स्थिताङ्गुष्ठा नित्यमाचारमुद्रिका ।

आचारमुद्रा विधान—अङ्गुलियों को फैला कर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे । अङ्गुष्ठ को पृथक् रखे तब 'आचार मुद्रिका' बन जाती है ॥ ९-१० ॥

१२. रक्षामुद्राकथनम्

सा चैवोर्ध्वाङ्गुली ज्ञेया रक्षामुद्रेति कीर्तिता ॥ १० ॥

रक्षामुद्रा विधान—अङ्गुलियों को फैला कर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे । अङ्गुष्ठ को पृथक् रखे तब आचार मुद्रिका बन जाती है । अब उन्हीं अङ्गुलियों को ऊपर कर दे तो वह 'रक्षामुद्रा' कही जाती है ॥ ९-१० ॥

१३. वरमुद्राकथनम्

पतिताग्राङ्गुलिर्या तु पूर्वोक्ता वरमुद्रिका ।
ज्ञेया स्वागतमुद्रा सा सर्वासां तु प्रशस्यते ॥ ११ ॥

वरमुद्रा विधान—पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ नीचे की ओर गिरा देवे तो वह 'वरमुद्रिका' बन जाती है । वही स्वागत मुद्रा है जो सबके लिये प्रशस्त है ॥ ११ ॥

१४. संख्यामुद्राकथनम्

या संहतकनिष्ठा तु संख्यामुद्रेति सा स्मृता ।

संख्यामुद्रा विधान—साधक कनिष्ठा अङ्गुलि को नीचे की ओर मोड़ देवे तब वह 'संख्या मुद्रा' हो जाती है ॥ १२ ॥

१५. प्रतिमामुद्राकथनम्

या चाप्यूर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा संहताङ्गुलिका सकृत् ॥ १२ ॥
सा ज्ञेया प्रतिमामुद्रा सर्वकामप्रसाधनी ।

प्रतिमामुद्रा विधान—साधक जब अंगूठे को ऊपर उठा ले और अङ्गुलियों को नीचे मोड़ देवे, उसे प्रतिमा मुद्रा कहा जाता है वह 'सर्वकार्य साधिनी' होती है ॥ १२ ॥

१६. तर्जनीमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठबद्धाङ्गुलिका या चोर्ध्वीकृततर्जनी ॥ १३ ॥
सा ज्ञेया तर्जनीमुद्रा सर्वोत्सादकरी शुभा ।

तर्जनीमुद्रा विधान—जब समस्त अङ्गुलियों को अंगूठे में बाँध दे और तर्जनी को ऊपर रखे तब वह 'तर्जनी मुद्रा' कही जाती है, जो सबके लिये उत्साद (भय) का कारण बन जाती है ॥ १३-१४ ॥

१७. द्वन्द्वमुद्राकथनम्

सैव मध्यमया युक्ता द्वन्द्वमुद्रेति कीर्तिता ॥ १४ ॥

द्वन्द्वमुद्रा विधान—उसी तर्जनी को मध्यमा के साथ जोड़ लेवे तब वह 'द्वन्द्व मुद्रा' बन जाती है ॥ १३-१४ ॥

१८. व्यूहमुद्राकथनम्

सा कनिष्ठिकया युक्ता व्यूहमुद्रेति कीर्तिता ।

व्यूहमुद्रा विधान—जब उसी को कनिष्ठा से जोड़ देवे तब वह 'व्यूह मुद्रा' बन जाती है ॥ १५ ॥

१९. नागमुद्राकथनम्

नागमुद्रेति विज्ञेया सा वक्राङ्गुलिपर्वका ॥ १५ ॥

नागमुद्रा विधान—जब उसी को पर्व (गाँठ) से वक्र (टेढ़ी) कर देवे तब वह 'नागमुद्रा' कही जाती है ॥ १५ ॥

२०. अंकुशमुद्राकथनम्

या चैव तर्जनीमुद्रा सा वक्राङ्कुशमुद्रिका ।

अङ्कुशमुद्रा विधान—जो पहले तर्जनी मुद्रा (द्र. २.१४) कही गई है वही वक्र होने पर 'अङ्कुश मुद्रा' कही जाती है ॥ १६ ॥

अलङ्कार मुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ और कनिष्ठिका के शिरो भाग को आगे वाले पर्व से यदि एक में मिला देवे तब वह 'अलङ्कार मुद्रा' हो जाती है ॥ ८ ॥

१०. वैनतमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु तथा वैनतमुद्रिका ।

वैनतमुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ तर्जनी के शिरोभाग को आगे वाले पर्व से संयुक्त करे तब वह 'वैनत मुद्रिका' हो जाती है ।

११. आचारमुद्राकथनम्

विस्तारिताङ्गुली या तु संहताधोगताङ्गुलिः ॥ ९ ॥
ज्ञेया पृथक् स्थिताङ्गुष्ठा नित्यमाचारमुद्रिका ।

आचारमुद्रा विधान—अङ्गुलियों को फैला कर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे । अङ्गुष्ठ को पृथक् रखे तब 'आचार मुद्रिका' बन जाती है ॥ ९-१० ॥

१२. रक्षामुद्राकथनम्

सा चैवोर्ध्वाङ्गुली ज्ञेया रक्षामुद्रेति कीर्तिता ॥ १० ॥

रक्षामुद्रा विधान—अङ्गुलियों को फैला कर सबको एक में मिलाकर नीचे की ओर करे । अङ्गुष्ठ को पृथक् रखे तब आचार मुद्रिका बन जाती है । अब उन्हीं अङ्गुलियों को ऊपर कर दे तो वह 'रक्षामुद्रा' कही जाती है ॥ ९-१० ॥

१३. वरमुद्राकथनम्

पतिताग्राङ्गुलिर्या तु पूर्वोक्ता वरमुद्रिका ।
ज्ञेया स्वागतमुद्रा सा सर्वासां तु प्रशस्यते ॥ ११ ॥

वरमुद्रा विधान—पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ नीचे की ओर गिरा देवे तो वह 'वरमुद्रिका' बन जाती है । वही स्वागत मुद्रा है जो सबके लिये प्रशस्त है ॥ ११ ॥

१४. संख्यामुद्राकथनम्

या संहतकनिष्ठा तु संख्यामुद्रेति सा स्मृता ।

संख्यामुद्रा विधान—साधक कनिष्ठा अङ्गुलि को नीचे की ओर मोड़ देवे तब वह 'संख्या मुद्रा' हो जाती है ॥ १२ ॥

१५. प्रतिमामुद्राकथनम्

या चाप्यूर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा संहताङ्गुलिका सकृत् ॥ १२ ॥
सा ज्ञेया प्रतिमामुद्रा सर्वकामप्रसाधनी ।

प्रतिमामुद्रा विधान—साधक जब अंगूठे को ऊपर उठा ले और अंगुलियों को नीचे मोड़ देवे, उसे प्रतिमा मुद्रा कहा जाता है वह 'सर्वकार्य सिद्ध करने वाली' होती है ॥ १२ ॥

१६. तर्जनीमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठबद्धाङ्गुलिका या चोर्ध्वीकृततर्जनी ॥ १३ ॥
सा ज्ञेया तर्जनीमुद्रा सर्वोत्सादकरी शुभा ।

तर्जनीमुद्रा विधान—जब समस्त अङ्गुलियों को अंगूठे में बाँध दे और तर्जनी को ऊपर रखे तब वह 'तर्जनी मुद्रा' कही जाती है, जो सबके लिये उत्साद (भय) का कारण बन जाती है ॥ १३-१४ ॥

१७. द्वन्द्वमुद्राकथनम्

सैव मध्यमया युक्ता द्वन्द्वमुद्रेति कीर्तिता ॥ १४ ॥

द्वन्द्वमुद्रा विधान—उसी तर्जनी को मध्यमा के साथ जोड़ लेवे तब 'द्वन्द्व मुद्रा' बन जाती है ॥ १३-१४ ॥

१८. व्यूहमुद्राकथनम्

सा कनिष्ठिकया युक्ता व्यूहमुद्रेति कीर्तिता ।

व्यूहमुद्रा विधान—जब उसी को कनिष्ठा से जोड़ देवे तब वह 'व्यूह मुद्रा' बन जाती है ॥ १५ ॥

१९. नागमुद्राकथनम्

नागमुद्रेति विज्ञेया सा वक्राङ्गुलिपर्वका ॥ १५ ॥

नागमुद्रा विधान—जब उसी को पर्व (गाँठ) से वक्र (टेढ़ी) कर दे तब वह 'नागमुद्रा' कही जाती है ॥ १५ ॥

२०. अंकुशमुद्राकथनम्

या चैव तर्जनीमुद्रा सा वक्राङ्कुशमुद्रिका ।

अङ्कुशमुद्रा विधान—जो पहले तर्जनी मुद्रा (द्र. २.१४) कही गई वही वक्र होने पर 'अङ्कुश मुद्रा' कही जाती है ॥ १६ ॥

२१. ग्रासमुद्राकथनम्

पश्चाङ्गुलीनामग्रैस्तु या चाङ्गुष्ठाग्रसङ्गतिः ।
ग्रासमुद्रा तु विज्ञेया चरुहोमे प्रपूजिता ॥ १६ ॥

ग्रासमुद्रा विधान—जब अङ्गुष्ठ के अग्र भाग और शेष अङ्गुलियों के अग्र भाग इस प्रकार जब पाँचों अङ्गुलियों को अग्र भाग को मिला दिया जाता है तब 'ग्रासमुद्रा' बन जाती है यह मुद्रा चरु के होम में प्रशस्त मानी गई है ॥ १६-१७ ॥

२२. पशुमुद्राकथनम्

कनिष्ठिकानामिकाभ्यामङ्गुलीभ्यामेव च ॥ १७ ॥
तर्जनीमध्यमाभ्यां तु ऊर्ध्वाभ्यां क्रियते तथा ।
ततश्च संहताभ्यां च पशुमुद्रेति सा स्मृता ॥ १८ ॥

पशुमुद्रा विधान—जब कनिष्ठिका और अनामिका अङ्गुलियों को तर्जनी एवं मध्यमा में मिला दिया जाता है, ऊपर की ओर फैला दिया जाता है और सभी को यथास्थित रखा जाता है तब 'पशुमुद्रा' कही जाती है ॥ १७-१८ ॥

२३. मृगीमुद्राकथनम्

मध्यमानामिकाग्राभ्यामङ्गुष्ठाग्रेण सङ्गतिः ।
विस्तीर्णतर्जनी वापि तथा स्थितकनिष्ठिका ॥ १९ ॥
मृगीमुद्रेति सा ज्ञेया तिलहोमे प्रशस्यते ।

मृगीमुद्रा विधान—जब मध्यमा और अनामिका अङ्गुलियों को अङ्गुष्ठ के अग्रभाग में मिला दिया जाता है, तर्जनी को फैला दिया जाता है और कनिष्ठिका को यथास्थित रखा जाता है तब 'मृगीमुद्रा' कही जाती है जो तिलहोम में प्रशस्त मानी गई है ॥ १९-२० ॥

२४. हस्तमुद्राकथनम्

तथाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यामूर्ध्वाभ्यां क्रियते तु या ॥ २० ॥
चतुर्भिः संहिताग्राभिः शेषाभिर्हस्तमुद्रिका ।

हस्तमुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ और कनिष्ठा को ऊपर उठाकर शेष चार अङ्गुलियों को एक में मिला देवे तो वह 'हस्त मुद्रिका' बन जाती है ।

२५. स्वागतमुद्राकथनम्

या च स्वागतमुद्रा च किंचिदुक्तपदानि तु ॥ २१ ॥

... विधान—जो स्वागतमुद्रा पहले कही गई है उसके ... पहले कह दिये गये हैं । पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ नीचे की ... दे तो वह 'वरमुद्रिका' बन जाती है । वही स्वागत मुद्रा है ... के लिये प्रशस्त कही गयी है ॥ २१ ॥

२६. दानमुद्राकथनम्

...तानतीतान् पुनर्ज्ञेया क्रमाद्वा वरमुद्रिका ।
कथिता दानमुद्रेति दानकाले प्रशस्यते ॥ २२ ॥

... विधान—जो स्वागतमुद्रा कही गई है उसके समस्त विधान ... कह दिये गये हैं पूर्वोक्त रूप से अङ्गुलियाँ सामने की ओर गिरा ... वह 'दानमुद्रा' बन जाती है । वही दानमुद्रा दान के समय ... कही गयी है ॥ २२ ॥

२७. लिङ्गमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वां तु मध्यमां कृत्वा वह्निमद्वामनामया ।
तर्जन्यनामिकाभ्यां तु वेष्टयित्वा क्रमेण तु ॥ २३ ॥
तथाङ्गुष्ठकनिष्ठे तु संहृत्य क्रियते तु या ।
लिङ्गमुद्रेति सा ज्ञेया विस्तृता चोर्ध्वतर्जनी ॥ २४ ॥

...मुद्रा विधान—मध्यमा को ऊपर उठाकर तर्जनी अनामिका को ... छोटा बनाकर आग के समान उससे मध्यमा को वेष्टित करे और कनिष्ठा को छोटा बना ले इस प्रकार जो मुद्रा बनती है वह ...मुद्रा' कही जाती है ॥ २३-२४ ॥

२८. प्रतिमुद्रिका मुद्राकथनम्

सैवोर्ध्वानामिका ज्ञेया क्रमाद्वा प्रतिमुद्रिका ।

...मुद्रिका मुद्रा विधान—तर्जनी को ऊपर फैला देवे अनामिका को ... देवे तो 'प्रतिमुद्रिका-मुद्रा' बन जाती है ॥ २५ ॥

२९. सृष्टिमुद्राकथनम्

संहताभिश्चतसृभिरङ्गुलीभिश्च संहतिः ॥ २५ ॥
विमुक्ता तर्जनी चैव सृष्टिमुद्रेति कीर्तिता ।

सृष्टिमुद्राविधान—साधक तर्जनी से रहित चारों अङ्गुलियों को एक ...कर उसे समेट कर यदि नीचे कर लेवे तब वह 'सृष्टिमुद्रा' बन ... है ॥ २५ ॥

३०. प्रणवमुद्राकथनम्

संहृत्य तर्जनीं पश्चादङ्गुष्ठेन पिधाय ताम् ॥ २६ ॥
संहताभिश्चतसृभिर्ज्ञेया प्रणवमुद्रिका ।

प्रणवमुद्रा विधान—साधक तर्जनी को मोड़कर उसे अंगूठे आच्छादित करे इसी प्रकार चारो अङ्गुलियों को मोड़ देवे 'प्रणवमुद्रिका' बन जाती है ॥ २६-२७ ॥

३१. आश्लेषमुद्रिका मुद्राकथनम्

तर्जन्याः पृष्ठभागे तु श्लेषयित्वा तु मध्यमाम् ॥ २७ ॥
अनामिकाकनिष्ठे तु बन्द्धवाङ्गुष्ठेन या कृता ।
साश्लेषमुद्रिका ज्ञेया विक्रमाक्रममध्यमा ॥ २८ ॥

आश्लेषमुद्रिका मुद्रा विधान—तर्जनी के पृष्ठभाग में मध्यमा जोड़ देवे और अनामिका कनिष्ठा को अंगूठा से बाँध देवे जो मध्यमा उलट पलट करे उसे 'आश्लेषमुद्रा' समझनी चाहिये ॥ २७-२८ ॥

३२. प्रसृतिमुद्रिका मुद्राकथनम्

विस्तीर्णाभिः समस्ताभिरङ्गुलीभिस्तु या कृता ।
विस्तीर्णमुद्रा विज्ञेया सैव प्रसृतिमुद्रिका ॥ २९ ॥

प्रसृतिमुद्रिका मुद्रा विधान—समस्त अङ्गुलियों को फैला देने करने से जो आकार बनता हैं वह विस्तीर्ण मुद्रा कहा जाता है, को 'प्रसृतिमुद्रिका' भी कहते हैं ॥ २९ ॥

३३. ध्वजमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठे तु प्रकोष्ठेन श्लेषयित्वा निजेन वा ।
प्रगृह्य वामहस्तेन पर्वमूले क्रिया भवेत् ॥ ३० ॥
प्रसृताभिश्च शेषाभिरङ्गुलीभिरवाङ्मुखी ।
सा ज्ञेया ध्वजमुद्रा तु ध्वजदीर्घसमैव तु ॥ ३१ ॥

ध्वज़मुद्रा विधान—अंगूठे को प्रकोष्ठ से जोड़ देवे, उसके को बायें हाथ से पकड़ लेवे, शेष अङ्गुलियों को नीचे की ओर देवे उसे ध्वजमुद्रा समझनी चाहिये क्योंकि वह ध्वज के समान हो जाती है ॥ ३०-३१ ॥

३४. बीजमुद्राकथनम्

योनीकृत्य च हस्तौ तु श्लेषयेन्मध्यमाद्वयम् ।

तच्चेतरकराग्रेण बीजमुद्रेति सा स्मृता ॥ ३२ ॥

बीजमुद्रा विधान—दोनों हाथों को योनि के आकार में बना लेवे ... से दोनों मध्यमा को एक में सटा देवे, तब वह 'बीजमुद्रा' ... है ॥ ३२ ॥

३५. ब्रह्ममुद्राकथनम्

उभौ हस्तौ पुटौ कृत्वा ग्रहणं च परस्परम् ।
अङ्गुलीभिः समस्ताभिर्ब्रह्ममुद्रेति सा स्मृता ॥ ३३ ॥

ब्रह्ममुद्रा विधान—दोनों हाथों को पुट (गोला) बनाकर फिर समस्त ... से उसे परस्पर ग्रहण करे तो उसे 'ब्रह्ममुद्रा' कहते हैं ॥३३॥

३६. विष्णुमुद्राकथनम्

विस्तीर्णतर्जनी वामे सा दक्षिणकनिष्ठया ।
सह युक्ता मिथः श्लिष्टा विष्णुमुद्रेति कीर्तिता ॥ ३४ ॥

विष्णुमुद्रा विधान—बायें हाथ की तर्जनी को फैला देवे, फिर दाहिने ... कनिष्ठा के साथ एक दूसरे को आपस में सटा देवे तो उसे ... कहते हैं ॥ ३४ ॥

३७. रुद्रमुद्राकथनम्

सा चैव श्लेषिताङ्गुष्ठा समस्तेन परस्परम् ।
उभयाङ्गुष्ठमुद्रा सा रुद्रमुद्रेति कीर्तिता ॥ ३५ ॥

रुद्रमुद्रा विधान—परस्पर वही श्लेषिताङ्गुष्ठा जब एक में मिला दी ... तब वही उभयाङ्गुष्ठ मुद्रा 'रुद्रमुद्रा' कही जाती है ॥ ३५ ॥

३८. आशुमुद्रिका मुद्राकथनम्

बहिर्व्यतिकरं कृत्वा समा एव तथाङ्गुलीः ।
कनिष्ठिके तु विस्तीर्य श्लेषिते तु परस्परम् ॥ ३६ ॥
अङ्गुष्ठाग्रेण वामेन तर्जन्यग्रं तु दक्षिणे ।
तथा वामे च वामे च स्पृष्ट्वाशुगतिमुद्रिका ॥ ३७ ॥

आशुमुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों को समान रूप में रख कर ... उन्हें उलट कर दोनों कनिष्ठाकाओं को फैलाकर परस्पर एक ... जोड़ देवे बायें अंगूठे के अग्रभाग से दाहिने हाथ के तर्जनी के ... को तथा बायें से बायें को स्पर्श करे तो वह 'आंशुगति' नामक ... बन जाती है ॥ ३६-३७ ॥

३९. सिंहमुद्राकथनम्

मध्यमाभ्यां बहिर्या तु अनामान्वितसंपुटा ।
कृतव्यतिकरौ चाग्रे तर्जनीभ्यां तु वेष्टिता ॥ ३८ ॥
समदीर्घकनिष्ठा तु दीर्घाग्रश्लिष्टमध्यमा ।
समदीर्धकनिष्ठा सा विदिता सिंहमुद्रिका ॥ ३९ ॥

सिंहमुद्रा विधान—दोनों मध्यमा अङ्गुलियों से बाहर जो अनामिका से युक्त संपुट कर उन दोनों को उलट कर दोनों तर्जनीयों से वेष्टित करे और कनिष्ठा को समान रूप से फैला देवे फिर मध्यमा को फैलाकर उसके अग्रभाग से उसे मिला देवे । इस प्रकार समान रूप से फैली हुई कनिष्ठा 'सिंह मुद्रिका' कही जाती है ॥ ३८-३९ ॥

४०. तोरणमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वाङ्गुष्ठद्वया या च तद्वद्व्यतिकराङ्गुलिः ।
स सर्वाभिः संहताभिः श्लिष्टा तोरणमुद्रिका ॥ ४० ॥

तोतणमुद्रा विधान—दोनों अंगूठों को ऊपर करे और उसमें सभी अङ्गुलियों को उलट देवे । इस प्रकार सभी को एक में मिला देवे तब वह 'तोरणमुद्रिका' कही जाती है ॥ ४० ॥

४१. चक्रमुद्राकथनम्

करौ तु संपुटौ कृत्वा व्यत्यस्तौ विस्तृताङ्गुली ।
श्लेषयेद् दक्षिणाङ्गुष्ठं शनैर्वामकनिष्ठया ॥ ४१ ॥
वामाङ्गुष्ठं तथा योज्यं या दक्षिणकनिष्ठया ।
कृता सा चक्रमुद्रा स्यात् सर्वकर्मप्रसाधनी ॥ ४२ ॥

चक्रमुद्रा विधान—हाथ को संपुट बनाकर फैली हुई अङ्गुलियों को व्यत्यस्त (उल्टा) कर बायें हाथ की कनिष्ठा को दाहिने हाथ की कनिष्ठा में जोड़ देवे तब वह 'चक्रमुद्रा' बन जाती है जो सारे कर्म की प्रसाधिका है ॥ ४१-४२ ॥

४२. गदामुद्राकथनम्

प्रकोष्ठौ श्लेषयित्वा तु क्रमाद्वै कूर्परं पुनः ।
दीर्घाभ्यां समयुक्ताभ्यां मध्यमाभ्यां परस्परम् ॥ ४३ ॥
बहिर्व्यतिकराभिस्तु नम्राग्राभिः कृता तु या ।
शेषाङ्गुलीभिरन्याभिर्गदामुद्रेति सा स्मृता ॥ ४४ ॥

गदामुद्रा विधान—प्रथम दोनों प्रकोष्ठो को जोड़ कर फिर दोनों कूर्परों को जोड़े फिर दोनों लम्बी एवं समान मध्यमा अङ्गुलियों को परस्पर जोड़े । इससे बाहर अन्य समस्त अङ्गुलियों को नीचे कर एक में जोड़ देवे तो उसे 'गदामुद्रा' कहा जाता है ॥ ४३-४४ ॥

४३. मुखमुद्राकथनम्

अन्तर्व्यतिकराभिर्या सा सर्वाङ्गुलिभिः क्रमात् ।
कृतोर्ध्वदक्षिणाङ्गुष्ठा मुखमुद्रेति सा स्मृता ॥ ४५ ॥

मुखमुद्रा विधान—दाहिने हाथ का अंगूठा ऊपर हो और शेष अङ्गुलियाँ भीतर की ओर उससे मिली हों तब वह 'मुखमुद्रा' बन जाती है ॥ ४५ ॥

४४. स्वस्तिकामुद्राकथनम्

संहत्य चाङ्गुलीः सर्वास्तर्जन्यौ व्यतिकृत्य च ।
अङ्गुष्ठाभ्यां स्पृशेदग्रं सा मुद्रा स्वस्तिका मता ॥ ४६ ॥

स्वस्तिकामुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों को एक में मिला देवे दोनों तर्जनियों को उलट देवे फिर दोनों अंगूठों से उसके अग्रभाग का स्पर्श करे तब वह 'स्वस्तिका मुद्रा' बन जाती है ॥ ४६ ॥

४५. धनुमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठाग्रं तथा स्पृष्ट्वा मध्यमाग्रेण साधकः ।
वक्रिकां मध्यमां कृत्वा धनुर्मुद्रेति सा स्मृता ॥ ४७ ॥

धनुमुद्रा विधान—साधक मध्यमा को वक्र बनाकर उसके अग्रभाग से अंगुष्ठाग्र का स्पर्श करे तब 'धनुमुद्रा' बन जाती है ॥ ४७ ॥

४६. शक्तिमुद्राकथनम्

मणिबन्धौ नयेत् कायं करव्यत्यासतः क्रमात् ।
विस्तीर्य चाङ्गुलीः सर्वाः शक्तिमुद्रेति सा स्मृता ॥४८॥

शक्तिमुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों को फैला कर हाथ को उलट फिर अंगूठे को मणिबन्ध में स्थापित करे तब वह 'शक्तिमुद्रा' बन जाती है ॥ ४८ ॥

४७. कूटमुद्राकथनम्

कनिष्ठां दक्षिणां वेष्ट्य क्रमाद्वामकनिष्ठया ।
तथा दक्षिणतर्जन्या वामानामाग्रमेव च ॥ ४९ ॥

अनामामध्यमाङ्गुष्ठान्यूर्ध्वीकृत्य तु दक्षिणे ।
श्लेषयेद्वामतर्जन्या कूटमुद्रेति सा स्मृता ॥ ५० ॥

कूटमुद्रा विधान—बायें हाथ की कनिष्ठा से दाहिने हाथ की कनिष्ठा को वेष्टित कर तथा दाहिने हाथ की तर्जनी से बायें हाथ की कनिष्ठा के अग्र भाग को वेष्टित करे फिर दाहिने हाथ की अनामिका मध्यमा और अंगूठे को ऊपर कर बायें हाथ की तर्जनी से सटा देवे, तब वह 'कूटमुद्रा' बन जाती है ॥ ४९-५० ॥

४८. शयनमुद्राकथनम्

तत्र मध्ये करतले दक्षिणे वाममध्यमाम् ।
शाययेच्छनकैस्तिर्यग् ज्ञेया शयनमुद्रिका ॥ ५१ ॥

शयनमुद्राकथन—दाहिने हाथ के करतल में बायें हाथ की मध्यमा उँगली को धीरे से तिरछे शयन करा दें तब वह शयनमुद्रिका बन जाती है ॥ ५१ ॥

४९. गरुड़ मुद्राकथनम्

कृत्वा पराङ्मुखौ हस्तौ श्लेषयित्वा कनिष्ठिके ।
तर्जन्या सहितं दीर्घं वामाग्रेण पिधाय तु ॥ ५२ ॥
अधोमुखौ तथाङ्गुष्ठौ कृत्वा शेषास्तु वक्रिताः ।
कृता तु या पुनर्मुद्रा ज्ञेया गरुडसंनिभा ॥ ५३ ॥

गरुड़ मुद्रा विधान—हाथ को उलट कर दोनों कनिष्ठा को एक में सटा कर तर्जनी के सहित दीर्घ (मध्यमा) को बायें हाथ के अग्रभाग से आच्छादित करे, दोनों अङ्गुष्ठों को नीचे करे, शेष को वक्र बना ले। इस प्रकार गरुड़ के समान जो मुद्रा की जाती है वह 'गरुड़मुद्रा' कही जाती है ॥ ५२-५३ ॥

५०. व्योममुद्राकथनम्

करव्यतिकरं कृत्वा ऊर्ध्वीकृत्याप्यनामिके ।
क्रमेण पृष्ठसंश्लिष्टे तर्जन्योस्तु विधाय च ॥ ५४ ॥
अङ्गुष्ठाभ्यां कनिष्ठे तु व्यत्यासेनाग्र एव च ।
वेष्टयित्वा तु या कार्या व्योममुद्रेति सा स्मृता ॥ ५५ ॥

व्योममुद्रा विधान—दोनों हाथों को मिलाकर दोनों अनामिकाओं को ऊपर उठाकर साधक दोनों तर्जनी के पीठ में सटा देवे, फिर व्यत्यास

दोनों अंगूठों से कनिष्ठा को वेष्टित करे तब वह 'व्योममुद्रा' है ॥ ५४-५५ ॥

५१. सर्पमुद्राकथनम्

पृष्ठव्यतिकरं कृत्वा अङ्गुलीभिः परस्परम् ।
हस्तौ पुनः परावृत्य कृत्वाङ्गुष्ठावधोगतौ ॥ ५६ ॥
ललाटेन भुवं गत्वा जानुभ्यां धरणीं गतः ।
साधकः कुरुते यां तु सर्पमुद्रेति सा स्मृता ॥ ५७ ॥

मुद्रा विधान—अङ्गुलियों के द्वारा परस्पर पीठ मिला कर हाथों कर साधक दोनों अङ्गुलियों को नीचे कर देवे । फिर ललाट पर गिर कर जानु के बल पृथ्वी पर लोटकर साधक जो करता 'सर्पमुद्रा' कही जाती है ॥ ५६-५७ ॥

५२. महामुद्राकथनम्

करौ तु संपुटौ कृत्वा दीर्घीकृत्याङ्गुलीः सह ।
अङ्गुष्ठेनाप्यथाङ्गुष्ठं वाममन्येन वेष्टयेत् ॥ ५८ ॥
महामुद्रेति सा ज्ञेया मुक्ताङ्गुष्ठाङ्गुलिः स्मृता ।

मुद्रा विधान—दोनों हाथों की अङ्गुलियों को लम्बी कर हाथ को बनाकर बायें अंगूठे को दाहिने से वेष्टित करे तब वह ष्ठाङ्गुलि 'महामुद्रा' बन जाती है ॥ ५८-५९ ॥

५३. मालामुद्राकथनम्

अन्तर्व्यतिकरं कृत्वा विस्तीर्य च करद्वयम् ॥ ५९ ॥
ऊर्ध्वीकृत्य तथाङ्गुष्ठौ मालामुद्रेति सा स्मृता ।

मालामुद्रा विधान—दोनों हाथों को भीतर एक में मिलाकर साधक कर देवे तथा दोनों अंगूठों को ऊपर रखें तो उसे 'मालामुद्रा' जाता है ॥ ५९-६० ॥

५४. प्रतिमुद्रिका मुद्राकथनम्

अन्तर्व्यतिकरं कृत्वा संहत्याङ्गुलिकाः सह ॥ ६० ॥
ऊर्ध्वीकृत्य तथाङ्गुष्ठौ श्लिष्टौ च सहितावुभौ ।
क्रियते या पुनर्मुद्रा सा स्यान्मुसलमुद्रिका ॥ ६१ ॥

मुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों को एक में मिलाकर उसी के

साथ दोनों अंगूठों को एक में मिलाकर रखे तब 'मुसलमुद्रा' बन जाती है ॥ ६०-६१ ॥

५५. श्रीवृक्षमुद्राकथनम्

बद्ध्वा वामकनिष्ठां तु दक्षिणस्य कनिष्ठया ।
कृतव्यतिकरे पश्चादङ्गुष्ठाभ्यामनामिके ॥ ६२ ॥
मध्यमे चापि विस्तीर्य कृतव्यतिकरे तथा ।
तर्जन्योः श्लेषयेत् पश्चादग्राभ्यां तु तयोः पुनः ॥ ६३ ॥
एवं कृता तु या मुद्रा श्रीवृक्षेति प्रकीर्तिता ।

श्रीवृक्षमुद्राकथन—दाहिने हाथ की कनिष्ठा से बायें हाथ की कनिष्ठा को बाँधे । इसके बाद दोनों अंगूठों से दोनों अनामिका को अलग-अलग तथा दोनों मध्यमा को अलग-अलग कर ऊपर लम्बा कर देवे । फिर उनसे दोनों तर्जनीयों के अग्रभाग से मिला देवे । इस प्रकार जो मुद्रा की जाती है वह 'श्रीवृक्षमुद्रा' कही जाती है ॥ ६२-६४ ॥

५६. वलयमुद्रिका मुद्राकथनम्

तर्जन्यौ च तथाङ्गुष्ठौ वक्रीकृत्य परस्परम् ॥ ६४ ॥
संहत्य चाङ्गुलिश्लेषाच्छिरोभिः श्लेषयेत् पृथक् ।
वृत्तं वलयवत् तस्मात् कृता वलयमुद्रिका ॥ ६५ ॥

वलयमुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों को अलग-अलग कर उसे शिरोभाग से पृथक्-पृथक् गोला वलयाकार बना दे तब 'वलयमुद्रा' बन जाती है ॥ ६४-६५ ॥

५७. कुण्डमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वीकृत्याङ्गुलीः सर्वाः संहिताग्राः सहैव तु ।
अङ्गुष्ठं च तथा कृत्वा सम्यगभ्युद्यते करे ॥ ६६ ॥
कुण्डमुद्रेति सा ज्ञेया परावृत्तविवर्जिता ।

कुण्डमुद्रा विधान—सभी अङ्गुलियों के अग्रभागों को एक में मिलाकर अलग-अलग ऊपर करे । इसी प्रकार ऊपर उठ जाने से 'कुण्ड मुद्रा' बन जाती है उसको बदलना नहीं चाहिये ॥ ६६-६७ ॥

५८. परममुद्राकथनम्

सैव चोर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा पृष्ठप्रह्वेतराङ्गुलिः ॥ ६७ ॥
ज्ञेया परममुद्रेति अवक्राङ्गुलिभिः सह ।

परममुद्रा विधान—उसी में जब अंगूठा ऊपर उठावे अङ्गुलियों और टेढ़ी न हों तब वह 'परममुद्रा' बन जाती है ॥ ६७-६८ ॥

५९. तोमरमुद्राकथनम्

वामाङ्गुष्ठं तथा चोर्ध्वं दक्षिणाङ्गुलिभिः सह ॥ ६८ ॥
गृहीत्वोर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा ज्ञेया तोमरमुद्रिका ।

तोमरमुद्रा विधान—दाहिने हाथ की अङ्गुलियों के साथ बाये हाथ के अङ्गुष्ठा को ऊपर करे इस प्रकार अङ्गुलियों को पकड़कर अङ्गुष्ठा को उठाने के कारण वह तोमर मुद्रिका कही जाती है ॥ ६८-६९ ॥

६०. हयशीर्षकमुद्राकथनम्

विस्तीर्य च तलं वाममङ्गुलीभिः सह क्रमात् ॥ ६९ ॥
दक्षिणाङ्गुलिभिः पश्चात् तद्यथा परिगृह्य वै ।
ऊर्ध्वीकृत्य तथाङ्गुष्ठौ क्रियते या तु साधकैः ॥ ७० ॥
हयशीर्षकमुद्रेति कीर्तिता सा यथाविधि ।

हयशीर्षकमुद्रा विधान—बायें हाथ की अङ्गुलियों के साथ बायें हाथ की अङ्गुलियों को फैला देवे उसके पश्चात् उसे दाहिने हाथ की अङ्गुलियों से पकड़कर अंगूठों को ऊपर उठावे इस प्रकार साधक के द्वारा जो मुद्रा की जाती है वह 'हयशीर्षक' मुद्रा कही जाती है ॥ ६९-७१ ॥

६१. वामनमुद्राकथनम्

संहत्य चाङ्गुलीः सर्वा अन्तर्व्यतिकरक्रमात् ॥ ७१ ॥
निवेश्य तत्र चाङ्गुष्ठौ सुश्लिष्टमणिबन्धकौ ।
क्रमेण यागता मुद्रा ज्ञेया वामनमुद्रिका ॥ ७२ ॥

वामनमुद्रा विधान—भीतर के व्यतिकर क्रम से सभी अङ्गुलियों को एक में मिला देवे । फिर दोनों मणिबन्धों को सटाकर उसमें दो अंगूठों को संश्लिष्ट कर दे इस प्रकार जो मुद्रा बनती है वह वामनमुद्रा कही जाती है ॥ ७१-७२ ॥

६२. शक्रमुद्राकथनम्

संहत्यानामिकामध्ये योज्यं मध्यमपर्वणि ।
परस्परं यथायोगं दीर्घीकृत्य कनिष्ठिके ॥ ७३ ॥
तर्जन्यौ वक्रिताग्रे तु श्लेषयित्वा परस्परम् ।
मध्यमावलये पश्चादङ्गुष्ठाभ्यां पिधाय च ॥ ७४ ॥

क्रियते या पुनर्मुद्रा शक्रमुद्रेति सा स्मृता ।

शक्रमुद्रा विधान—अनामिका मध्यमा को सिकोड़ कर उन्हें मध्य पर्व में जोड़ देवे इसी प्रकार यथायोग दोनों कनिष्ठाओं की लम्बी कर दोनों तर्जनियों की अग्र भाग को वक्र बना कर परस्पर एक में मिला देवे फिर मध्यमावलय को दोनों अङ्गुष्ठों से आच्छादित करे इस प्रकार जो मुद्रा बनाई जाती है उसे शक्र मुद्रा कहते हैं ॥ ७३-७५ ॥

६३. अग्निमुद्राकथनम्

अग्निमुद्रेति विज्ञेया सैवोर्ध्वीकृततर्जनी ॥ ७५ ॥

अग्निमुद्रा विधान—जब उसी मुद्रा में तर्जनी ऊपर की ओर कर दी जाय तब अग्निमुद्रा बन जाती है ॥ ७५ ॥

६४. वरुणमुद्राकथनम्

सा चैवोर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा ज्ञेया निर्ऋतिमुद्रिका ।
सा संहृतकनिष्ठा तु ज्ञेया वरुणमुद्रिका ॥ ७६ ॥

वरुणमुद्रा विधान—उसी मुद्रा में जब अंगूठे को ऊपर कर दिया जाता है तब वह निर्ऋति मुद्रा बन जाती है जब उसी में कनिष्ठा को हटा दिया जाता है तब वह वरुणमुद्रा बन जाती है ॥ ७६ ॥

६५. सोममुद्राकथनम्

सा चोर्ध्वानामिका ज्ञेया वायुमुद्रेति कीर्तिता ।
सा चोर्ध्वीकृतमुद्रा तु सोममुद्रेति कीर्तिता ॥ ७७ ॥

सोममुद्रा विधान—जब उस मुद्रा में अनामिका को ऊपर दिया जाता है तब वह वायुमुद्रा बन जाती है जब उस मुद्रा को ऊपर उठा दिया जाता है तब वह सोम मुद्रा बन जाती है ॥ ७७ ॥

६६. निर्माल्यमुद्राकथनम्

तलव्यतिकरं कृत्वा सर्वाः संहृत्य चाङ्गुलीः ।
दीर्घीकृत्याथ तर्जन्यौ श्लिष्टाग्रे तु परस्परम् ॥ ७८ ॥
अङ्गुष्ठाभ्यां पिधायाथ सा च निर्माल्यमुद्रिका ।

निर्माल्यमुद्रा विधान—दोनों तलवों को एक में मिलाकर अङ्गुलियों को समेट कर दोनों लम्बी तर्जनी के अग्रभाग को परस्पर एक में मिलाकर उसे अङ्गुष्ठा से आच्छादित करे तब वह 'निर्माल्य मुद्रा' बन जाती है ॥ ७८-७९ ॥

६७. वसनमुद्राकथनम्

गोपुच्छाकृतिवत् कृत्वा उत्तानिततलं करम् ॥ ७९ ॥
सुश्लिष्टाङ्गुलिका या सा ज्ञेया वसनमुद्रिका ।

वसनमुद्रा विधान—हाथ को उतान कर गोपुच्छ की आकृति के समान कर अङ्गुलियों को एक में मिला दे तो इस प्रकार जो मुद्रा बनती है वह 'वसनमुद्रिका मुद्रा' कही जाती है ॥ ७९-८० ॥

६८. शक्तिमुद्राकथनम्

दीर्घश्लिष्टोभयाङ्गुष्ठा तथा श्लिष्टकनिष्ठया ॥ ८० ॥
अन्तर्यताङ्गुलीभिस्तु श्लिष्टाभिर्मध्यपर्वसु ।
क्रियते या पुनर्मुदा शक्तिमुद्रेति सा स्मृता ॥ ८१ ॥

शक्तिमुद्रा विधान—मध्य पर्व में चिपकी हुई अङ्गुलियों को जब अन्दर कर ले तो जो इस प्रकार मुद्रा बनती है वह 'शक्ति मुद्रा' कही जाती है ॥ ८१ ॥

६९. कालमुद्राकथनम्

बहिर्व्यतिकराभिस्तु चतस्रः क्रमयोगतः ।
अङ्गुलीभिश्च दीर्घाभिः कालमुद्रेति सा स्मृता ॥ ८२ ॥

कालमुद्रा विधान—चार के क्रम योग से बाहर से एक में मिली दीर्घ अङ्गुलियों से जो बनता है वह 'कालमुद्रा' है ॥ ८२ ॥

७०. लोकमुद्राकथनम्

वामे तु दक्षिणं न्यस्य विस्तृते तु तले तलम् ।
उत्तानिता तथोत्ताने कृता सा लोकमुद्रिका ॥ ८३ ॥

लोकमुद्रा विधान—बायें हाथ के विस्तृत उतान तल में दाहिने हाथ का उतान तल स्थापित करें तो वह 'लोकमुद्रा' बन जाती है ॥ ८३ ॥

७१. नृत्तमुद्राकथनम्

करौ च विस्तृतौ कृत्वा व्यस्तौ वा चाप्यवाङ्मुखौ ।
मणिबन्धेन संबद्धौ नृत्तमुद्रेति कीर्तिता ॥ ८४ ॥

नृत्तमुद्रा विधान—मणिबन्ध से संबद्ध दोनों हाथों को उलटकर नीचे की ओर कर उन्हें फैला देवे तब वह 'नृत्तमुद्रा' बन जाती है ॥ ८४ ॥

७२. गीतमुद्राकथनम्

वक्रितानामिकायां तु विस्तारिततलाङ्गुलिः ।
किंचिद् व्यतिकराङ्गुष्ठा गीतमुद्रेति सा स्मृता ॥ ८५ ॥

गीतमुद्रा विधान—अनामिका को वक्र बनाकर उस पर तलवे सहित अङ्गुली को फैला देवे और अङ्गुष्ठा में किञ्चित् मिला देवे तव 'गीतमुद्रा' बन जाती है ॥ ८५ ॥

७३. वाद्यमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु सहिताभ्यां च मूलतः ।
विश्लेषश्चापि शेषाणां सहितानां सहैव तु ॥ ८६ ॥
अवाङ्मुखतला या च वाद्यमुद्रेति सा स्मृता ।

वाद्य मुद्रा विधान—अङ्गुष्ठ तर्जनी के साथ तथा शेष अङ्गुलियों के साथ मूल से विश्लेष करे और उसके ऊपर के भाग को नीचे कर देवे तब वह वाद्य मुद्रा कही जाती है ॥ ८६-८७ ॥

७४. योगनिद्रामुद्राकथनम्

अङ्के वामं तु विस्तीर्य करमुत्तानितं पुनः ॥ ८७ ॥
दक्षिणं च तथा कृत्वा तस्योपरि निवेश्य च ।
सङ्कोचिताङ्गुली या तु योगमुद्रेति सा स्मृता ॥ ८८ ॥

योगनिद्रा मुद्रा विधान—अपने अङ्क में बायें हाथ को फैला कर फिर उसे उतान कर देवे दाहिने हाथ को भी उसी प्रकार फैलाकर उतान कर उस पर स्थापित कर देवे अङ्गुलियों को मोड़ लेवे तब वह 'योगनिद्रा' बन जाती है ॥ ८७-८८ ॥

७५. तत्त्वमुद्राकथनम्

तत्त्वमुद्रेति सा ज्ञेया हृदये संनिवेशिता ।

तत्त्वमुद्रा विधान—जब उसी योगमुद्रा को हृदय पर सन्निविष्ट करे तब वह 'तत्त्वमुद्रा' बन जाती है ॥ ८९ ॥

७६. तत्त्वमुद्राकथनम्

ज्ञानमुद्रेति सा ज्ञेया स्थानस्य तु विशेषतः ॥ ८९ ॥

ज्ञानमुद्रा विधान—जब उसी योगमुद्रा को हृदय पर सन्निविष्ट करे तब तत्त्व मुद्रा बन जाती है । स्थान की विशेषता से वही तत्त्वमुद्रा 'ज्ञानमुद्रा' कही जाती है ॥ ८९ ॥

७७. कर्ममुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठेन तु संवेष्ट्य कनिष्ठानामिके क्रमात् ।
मध्यमातर्जनीभ्यां तु वक्रिताभ्यामधोमुखम् ॥ ९० ॥
दक्षिणे च तथा वामे चान्योन्यश्लेषणं तु यत् ।
तत् कर्ममुद्रा विज्ञेया गवाक्षसदृशान्तरा ॥ ९१ ॥

...मुद्रा विधान—कनिष्ठा और अनामिका को अंगूठे से घेर देवे ...की गई मध्यमा और तर्जनी को अधोमुख स्थापित करे । ...बायें को परस्पर सटा दे तो इस प्रकार गवाक्ष के समान ...मुद्रा 'कर्ममुद्रा' कही जाती है ॥ ९०-९१ ॥

७८. न्यासमुद्राकथनम्

उभयोः करयोर्मध्यं मध्यमाभ्यां तु संस्पृशेत् ।
उत्तानितकरो भूत्वा न्यासमुद्रेति सा स्मृता ॥ ९२ ॥

...मुद्रा विधान—जब दोनों हाथों को उतान कर साधक दोनों के ...को दोनों मध्यमा अङ्गुलियों से स्पर्श करे तो 'न्यास मुद्रा' ...है ॥ ९२ ॥

७९. मन्त्रमुद्राकथनम्

अङ्गुष्ठाभ्यामुभाभ्यां तु तर्जन्योरुभयोरपि ।
मध्ये स्पृष्ट्वा सुविस्तीर्य मन्त्रमुद्रेति सां स्मृता ॥ ९३ ॥

...मुद्रा विधान—दोनों अंगूठों से दोनों तर्जनियाँ के मध्य में स्पर्श ...फैला देवे तब वह 'मन्त्र मुद्रा' बन जाती है ॥ ९३ ॥

८०. पाशमुद्राकथनम्

ऊर्ध्वां तु तर्जनीं कृत्वा तस्योपरि तले न्यसेत् ।
विस्तारिताङ्गुलीश्चापि पाशमुद्रेति सा स्मृता ॥ ९४ ॥

...मुद्रा विधान—साधक तर्जनी को ऊपर उठाकर उसके ऊपर ...स्थापित करे और शेष सभी अङ्गुलियों को फैला देवे तब वह ...बन जाती है ॥ ९४ ॥

८१. कलशमुद्राकथनम्

वामाङ्गुलीस्तु संहृत्य दक्षिणाङ्गुलिभिस्तु या ।
वेष्टयेच्चापि साङ्गुष्ठं सा वै कलशमुद्रिका ॥ ९५ ॥

कलशमुद्रा विधान—बाईं अङ्गुलियों को एक में मिलाकर दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ सहित अङ्गुलियों से उसे घेर देवे तब 'कलशमुद्रा' हो जाती है ॥ ९५ ॥

८२. कवचमुद्राकथनम्

तर्जन्या सहिताः सर्वा विश्लेषिततलाङ्गुलीः ।
तत्र विस्तीर्य साङ्गुष्ठास्तर्जन्याश्लेषयेत् ततः ॥ ९६ ॥

कवचमुद्रा विधान—तर्जनी सहित सभी अङ्गुलियों के तल भाग को अलग-अलग करे, उस पर अंगुष्ठ सहित तर्जनी विस्तीर्ण कर स्थापित करे ॥ ९६ ॥

तिस्रश्चतसृषु न्यस्य तथैव तु करद्वयम् ।
ज्ञेया कवचमुद्रा सा सर्वरक्षाविधायिनी ॥ ९७ ॥

इसी प्रकार दोनों हाथों को भी चार अङ्गुलियों पर तीन अङ्गुलियाँ स्थापित करे तब उसे 'कवचमुद्रा' कहते हैं । वह 'सर्व रक्षा विधायिनी मुद्रा' कही जाती है ॥ ९७ ॥

मुद्राणामपि सर्वासां विनियोगविधिक्रमः ।
स बृहस्पतिरात्रे तु द्रष्टव्यः क्रमयोगतः ॥ ९८ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् ऋषिरात्रे मुद्रालक्षणं नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

सभी मुद्राओं के विनियोग का विधिक्रम एवं क्रमयोग बृहस्पतिरात्र (अप्राप्त) में द्रष्टव्य है ॥ ९८ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के मुद्रालक्षण नामक द्वितीय अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ २ ॥

ऋषिरात्रे

तृतीयोऽध्यायः

योगाध्यायः

सनत्कुमार उवाच—

योगाध्यायं प्रवक्ष्यामि योगिनां कर्मसिद्धये ।
आहारमेव योगस्य साधनं परिचक्षते ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—

मैं योगियों के योगकर्म की सिद्धि के लिये योगाध्याय का वर्णन करता हूँ । योग का मुख्य साधन योगियों के योगकर्म की सिद्धि के लिये आहार ही कहा गया है ॥ १ ॥

आहारास्त्रिविधाः

वक्ष्यामि च यथायोगं तस्मादाहारमादितः ।
आहारास्त्रिविधाः प्रोक्तास्तन्त्रेऽस्मिन्नृषिभिः पुरा ॥ २ ॥

इसलिये सर्वप्रथम यथायोग आहार का वर्णन करता हूँ । ऋषियों ने इस तन्त्र में तीन प्रकार के आहारों को इस प्रकार कहा है ॥ २ ॥

सात्त्विका राजसाश्चैव तामसाश्चेति वै त्रिधा ।

१. सात्त्विक २. राजस और ३. तामस ये तीन प्रकार के आहार कहे गये हैं ।

१. सात्त्विकाहारकथनम्

स्निग्धाश्च मधुरा हृद्या आहाराः सात्त्विका मताः ॥ ३ ॥

सात्त्विक आहार १. स्निग्ध २. मधुर और ३. हृद्य ये सात्त्विक ऋषियों द्वारा कहे गये हैं ॥ ३ ॥

स्निग्धाश्चतुर्विधाः प्रोक्ता मधुराः षड्विधास्तथा ।
हृद्याश्चाष्टविधाः प्रोक्ता आहारक्रमयोगतः ॥ ४ ॥

स्निग्ध आहार चार प्रकार का होता है । मधुर छः प्रकार का होता है और हृद्य आठ प्रकार का क्रमशः माना गया है ॥ ४ ॥

स्निग्धाश्चतुर्विधाः स्मृताः

स्निग्धाश्च स्नेहसिद्धाश्च स्नेहाः स्नेहयुता इति ।

१. स्निग्ध, २. स्नेहसिद्ध, ३. स्नेह और ४. स्नेहयुक्त ये स्निग्ध के चार भेद हैं ।

स्निग्धाः स्वभावतः स्निग्धा नित्यमेवाप्यकृत्रिमाः ॥ ५ ॥
स्नेहिनः सहजाः सर्वे विशेषेण तिलादयः ।

१. स्निग्धाहार विवेचन—स्निग्ध स्वभावतः स्निग्ध होते हैं । नित्य और अकृत्रिम होते हैं । स्नेही सभी प्राकृतिक होते हैं विशेष कर तिलादि स्निग्धाहार कहे गए हैं ॥ ५ ॥

स्नेहसिद्धाश्च ये चान्ये कृसरापूपपायसाः ॥ ६ ॥
एवमाद्यास्तथा चान्ये स्नेहसिद्धा इति स्मृताः ।

२. स्नेहसिद्धाहार विवेचन—स्नेहसिद्ध १. कृसर, २. अपूप और ३. पायस कहे जाते हैं, जो स्नेह (घृत एवं तेल) में पकाये जाते हैं । इसी प्रकार अन्य भी स्नेहस्निग्ध कहे जाते हैं । ॥ ६ ॥

स्नेहास्तु केवलस्नेहाः सर्पिस्तैलादयस्तु ये ॥ ७ ॥

३. स्नेहाहार विवेचन—स्नेह वे हैं जिसमें केवल स्नेह मात्र रहता है जैसे घी, तैल आदि ॥ ७ ॥

स्नेहयुक्ता इति प्रोक्ताः सह स्नेहेन मिश्रिताः ।
स्निग्धाश्चतुर्विधाः प्रोक्ता मधुरान् षड्विधाञ्छृणु ॥ ८ ॥

४. स्नेहयुक्ताहार विवेचन—स्नेह युक्त वे होते हैं जो स्नेह से मिश्रित होते हैं । यहाँ तक चार प्रकार के स्निग्ध पदार्थों का वर्णन किया गया । अब छः प्रकार के मधुरों के विषय में सुनो ॥ ८ ॥

मधुराहारा षड्विधाः स्मृताः

स्वभावाः कृत्रिमाश्चापि तथा त्रिमधुरा अपि ।
मिश्रिताश्चापि सिद्धाश्च रसान्तरयुता अपि ॥ ९ ॥

१. स्वभाव मधुर, २. कृत्रिम मधुर, ३. त्रिमधुर, ४. मिश्रित ५. सिद्ध तथा ६. रसान्तर युक्त ये मधुर के छः भेद हैं ॥ ९ ॥

१. स्वभावमधुराहारकथनम्

स्वभावमधुरा ये तु शर्करामाक्षिकादयः ।
ते स्वभावा इति ज्ञेया ये चान्येऽप्येवमादयः ॥ १० ॥

शर्करा एवं माक्षिक मधु (शहद) स्वभाव मधुर है । अतः ये स्वभाव मधुर कहे जाते हैं । इसी प्रकार अन्य को भी स्वभाव मधुर समझना चाहिये ॥ १० ॥

२. कृत्रिममधुराहारकथनम्

कृत्रिमा इति विज्ञेयाः कृत्रिमेण कृतास्तु ये ।

जो कृत्रिम रूप से निर्मित हो उन्हें कृत्रिम मधुर समझना चाहिये जैसे लौगलता आदि ॥ ११ ॥

३. त्रिमधुराहारकथनम्

नालिकेररसक्षीरवारिसर्पींषि चैव हि ॥ ११ ॥
तानि त्रिमधुराः स्युर्वै ये चान्येऽप्येवमादयः ।

नारिकेल रस, दूध पानी और घी ये त्रिमधुर कहे जाते हैं । इसी प्रकार अन्यों को भी समझ लेना चाहिये ।

४. मिश्रितमधुराहारकथनम्

मिश्रिता मधुरैर्ये तु रसैः सक्त्वादयस्तु ये ॥ १२ ॥
मिश्रिताः इति विज्ञेया ये चान्येऽप्येवमादयः ।

मिश्रित वे हैं जो रसों से मिश्रित हों जैसे सक्तु आदि । इसी प्रकार अन्य भी मिश्रित पदार्थों को समझना चाहिये ॥ ११-१२ ॥

५. सिद्धामधुराहारकथनम्

ये सिद्धा मधुरद्रव्यैर्गुडान्नाद्यास्तथैव च ॥ १३ ॥
ते सिद्धा इति विज्ञेया ये चान्येऽप्येवमादयः ।

जो मधुर द्रव्यों से सिद्ध किये जाँये जैसे गुडान्न आदि उन्हें मिश्रित समझना चाहिये । इसी प्रकार अन्यों को भी समझना चाहिये ।

६. रसमधुराहारकथनम्

रसेष्वपि च सर्वेषु ये चैव मधुरा रसाः ॥ १४ ॥
कषायाम्लादिसंयुक्ता रसा रसयुतास्तु ये ।
मधुरा इति संप्रोक्ता हृद्यानष्टविधाञ्छृणु ॥ १५ ॥

सभी रसों में जो मधुर रस हैं वह कषाय, अम्ल आदि रसों से संयुक्त होने पर रसान्तर युक्त मधुर कहे जाते हैं । यहाँ तक मधुर रस के विषय में कहा गया है । अब आठ प्रकार के हृद्य आहार के विषय में सुनो ॥ १३-१५ ॥

अष्टविधहृद्याहारकथनम्

भक्ष्ये भोज्ये च पेये च लेह्ये चूष्ये तथैव च ।
आमे पक्वे रसे चैव हृद्यमष्टविधं स्मृतम् ॥ १६ ॥

१. भक्ष्य, २. भोज्य, ३. पेय, ४. लेह्य, ५. चूष्य, ६. आम, ७. पक्व और ८. रस ये आठ प्रकार के हृद्य कहे जाते हैं ॥ १६ ॥

२. राजसाहारकथनम्

आहाराः सात्त्विकाः प्रोक्ता राजसान् कथयामि वः ।
कट्वम्ललवणास्तीक्ष्णा उष्णारूक्षविदाहिनः ॥ १७ ॥
आहारा राजसास्त्वेते सप्तवा परिकीर्तिताः ।

यहाँ तक हमने सात्त्विक आहार कहा है । अब राजस आहार के विषय में सुनो । कटु, अम्ल, लवण, तीक्ष्ण, उष्ण, रुक्ष और विदाही ये सात प्रकार के राजस आहार होते हैं ॥ १७-१८ ॥

३. तामसाहारकथनम्

तथा तिक्तकषायाश्च रसान्तरगता अपि ॥ १८ ॥
क्रिमिदुष्टा गन्धदुष्टा वर्णदुष्टास्तथैव च ।
तथा पर्युषिताश्चापि क्लिन्नाश्चामेध्यमेव च ॥ १९ ॥
उच्छिष्टं विरसं चैव आहारास्तामसा मताः ।

तिक्त, कषाय, अन्य रस में परिणत, कृमि दूषित, गन्ध दूषित, वर्ण दूषित, पर्युषित, क्लिन्न, अमेध्य, उच्छिष्ट और विरस आहार तामस कहे गये हैं । ॥ १७-२० ॥

सात्त्विकराजसाहारादिफलकथनम्

आहारैः सात्त्विकैरेव योगी योगविधिं चरेत् ॥ २० ॥
आमे तु सात्त्विकाहारे नरः शुद्धो भवेत् सदा ।
सत्त्वे तु राजसाहारे नरः शुद्धो भविष्यति ॥ २१ ॥

योगी सात्त्विक आहारों से योग करे । आम (अन्न) में सात्त्विक

से मनुष्य शुद्ध होता है । सत्त्व में राजस आहार से शुद्धि होती ॥ २१ ॥

विस्फारितस्तु देहेन तामसाहारभुङ्नरः ।
शुद्धकायो भवेत् पश्चात् क्रियायोग्यो भविष्यति ॥ २२ ॥

शरीर के विस्फारित (टूटने आदि) होने पर तामस आहार करने मनुष्य शुद्धकाय होकर क्रिया के योग्य होगा ॥ २२ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन सात्त्विकाहारभुग्भवेत् ।
तत्राप्यत्यशनो नैव हीनभुग्वा कदाचन ॥ २३ ॥

इसलिये योगी सब प्रकार के प्रयत्नों से सात्त्विक आहार का भोजन । उसमें भी योगी अत्यन्त अधिक भोजन भी न करे तथा हीन भी न करे ॥ २३ ॥

युक्ताहारो भवेद्योगी तेन योगी भविष्यति ।
आसनानि प्रवक्ष्यामि योगिनस्तु यथातथम् ॥ २४ ॥

मनुष्य योगी तभी हो सकता है जब वह युक्ताहार करे । अब योगी के आसन को यथावत् कह रहा हूँ ॥ २४ ॥

योगासनकथनम्

स्वस्तिकं पद्मकं चैव विस्तीर्णं भद्रकं तथा ।
तथा योगासनं चैव दण्डासनमथापि वा ॥ २५ ॥
जङ्घं चैवार्धजङ्घं च पार्श्वमुत्कुटिकासनम् ।
दशासनानि संप्रोक्तान्यस्मिंस्तन्त्रे मुनीश्वरैः ॥ २६ ॥

१. स्वस्तिकासन, २. पद्मकासन, ३. विस्तीर्णासन, ४. भद्रकासन, ५. योगासन, ६. दण्डासन, ७. जङ्घासन, ८. अर्धजङ्घासन, ९. पार्श्वासन और १०. उत्कटिकासन ये दश आसन पञ्चरात्र के नारदादि मुनियों ने इस तन्त्र में कहे है ॥ २५-२६ ॥

१. स्वस्तिकासनकथनम्

जङ्घाव्यतिकरं कृत्वा स्पृशेत् करतलेन तु ।
दक्षिणेन तथा वामां वामेनैव तु दक्षिणाम् ॥ २७ ॥
कृतं सुश्लिष्टमेवं तु स्वस्तिकं चासनं भवेत् ।

जङ्घाओं को एक दूसरे पर रख कर उसे हाथ के तलवे से स्पर्श करे,

दाहिने हाथ के करतल से बायाँ जङ्घा और बायें हाथ के करतल से दायाँ जङ्घा सुश्लिष्ट करे ऐसा करने से 'स्वस्तिकासन' बन जाता है ।

२. पद्मासनकथनम्

तथा व्यतिकरे कृत्वा जङ्घे चैव क्रमेण तु ॥ २८ ॥
तले तु विन्यसेदूर्वोरुपरिष्टाद्यथाक्रमम् ।
कृतव्यत्यासमेतत्तु पद्मासनमिहोच्यते ॥ २९ ॥

जङ्घों को क्रम से उलट कर दोनों ऊरूओं पर यथाक्रम दोनों हाथ के तलवे स्थापित करे । इस प्रकार व्यत्यास (उलट फेर) से जो आसन बनता है उसे 'पद्मासन' कहा जाता है ॥ २६-२९ ॥

३. विस्तीर्णासनकथनम्

अन्योन्याभिमुखौ पादावूरू प्रादेशमात्रकम् ।
जानुनी किंचिदुन्नम्य कण्ठे विस्तीर्णमेव तत् ॥ ३० ॥

पाद ऊरू प्रादेश मात्र एक दूसरे के सम्मुख स्थापित कर दोनों जानुओं को कुछ ऊपर उठाकर विस्तार के साथ कण्ठ में स्थापित करे उसे 'विस्तीर्णासन' कहा जाता है ॥ ३० ॥

४. भद्रकासनकथनम्

सुश्लिष्टौ तावुभौ कुर्यात् तलौ तद्भद्रकं भवेत् ।

दोनों हाथ के तलवों को उस पर क्रमशः अच्छी तरह स्थापित कर दें तब वह 'भद्रकासन' बन जाता है ॥ ३१ ॥

५. योगासनकथनम्

उन्नम्य जानुनी जङ्घे व्यत्यस्य च परस्परम् ॥ ३१ ॥
उभौ निवेश्य पादौ च सम्यग्भूमितले क्रमात् ।
संवेष्ट्य देहजङ्घोरू पर्यङ्केन सहैव तु ॥ ३२ ॥
ऋज्वासनं यथायोगं योगासनमिहोच्यते ।

दोनों जानु तथा दोनों जङ्घों को उठा कर परस्पर उलट फेर कर दोनों पैरों को अच्छी तरह भूमितल पर स्थापित करे फिर पर्यङ्क के साथ देह जङ्घा ऊरू इनको वेष्टित करे तो यह ऋज्वासन यथायोग 'योगासन' कहा जाता है ॥ ३१-३३ ॥

६. दण्डासनकथनम्

जङ्घे तोरणवत् कृत्वा बन्धं पर्यङ्कबन्धने ॥ ३३ ॥

ऋज्वासनं यथापूर्वं दण्डासनमिहोच्यते ।

दोनों जङ्घा को तोरण की तरह बनाकर उसे पर्यङ्कबन्धन में बाँध कर पूर्ववत् ऋज्वासन निर्माण करे तब वह 'दण्डासन' कहा जाता है ।

७. जङ्घासनकथनम्

जङ्घामध्ये कटीचक्रे कृत्वा पर्यङ्कबन्धनम् ॥ ३४ ॥
विस्तीर्य जानुनी किंचित् तस्मिन् दण्डासनक्रमे ।
आस्यते यत् स्थिराङ्गेन जङ्घासनमिहोच्यते ॥ ३५ ॥

जङ्घा के मध्य में कटीचक्र में पर्यङ्कबन्धन बनाकर दोनों जानुओं को कुछ फैला देवे । फिर उसी दण्डासन क्रम में अङ्गों को स्थिर कर बैठे तब वह 'जङ्घासन' बन जाता है ॥ ३४-३५ ॥

८. अर्धजङ्घासनकथनम्

एकजङ्घां स्थिरीकृत्य बन्धनस्थां यथाक्रमम् ।
भूमावेकां निवेश्याथ ऊरू श्लिष्टामरुन्वता ॥ ३६ ॥

पर्यङ्क बन्धन में स्थित एक जङ्घा को यथाक्रम स्थिर रखे ऊरू से सटी हुई अन्य जङ्घा को पृथ्वी पर सन्निविष्ट करे इस प्रकार के जिस आसन पर योगी बैठता है उसे 'अर्धजङ्घासन' कहा जाता है ॥ ३६ ॥

९. पार्श्वासनकथनम्

आस्यते योगिभिर्यत्तदर्धजङ्घासनं भवेत् ।
संवेष्ट्य चोर्ध्वां जङ्घां तु तथा चान्यां विचक्षणः ॥३७॥
ऊर्ध्वीकृत्य च बद्ध्वैकां भूमौ चान्यां निवेश्य च ।
आस्यते योगिभिर्यत्तत् पार्श्वासनमिहोच्यते ॥ ३८ ॥

बँधी हुई एक जङ्घा को ऊपर रखे, दूसरी को भूमि पर सन्निविष्ट करे इस प्रकार से योगी जिस आसन से बैठता है तब उसे 'पार्श्वासन' कहा जाता है ॥ ३७-३८ ॥

१०. उत्कुटिकासनकथनम्

उन्नम्य जानुनी चोभे पादाभ्यामेव भूतले ।
आस्यते योगिभिर्यत्तद् विद्यादुत्कुटिकासनम् ॥ ३९ ॥

दोनों जानुओं को ऊपर उठा कर जब योगी पैरों के बल से पृथ्वी पर बैठता है तब उसे 'उत्कुटिका' आसन कहा जाता है ॥ ३९ ॥

कर्मयोगिनां योगस्थानकथनम्

आस्यते यत्र देशे तु तान् देशान् कथयामि वः ।
गिरयः सर्वदा श्रेष्ठा गिरीणां तु हिमालयः ॥ ४० ॥

अब जिस प्रदेश में योगी को निवास करना चाहिये उस प्रदेश को कहता हूँ । योगियों के निवास के लिये पर्वत श्रेष्ठ है । उनमें भी हिमालय सर्वोत्तम है ॥ ४० ॥

गङ्गाप्रदेशो यस्तत्र तस्माद्बदरिकाश्रमः ।
तदलाभे च शेषाश्च पर्वतान् कथयामि वः ॥ ४१ ॥

जहाँ गङ्गा का प्रदेश है वह उत्तम है । उससे भी बदरिकाश्रम श्रेष्ठ है । इन स्थानों के अभाव में योगियों के निवास के योग्य शेष पर्वतों को कहता हूँ ॥ ४१ ॥

विन्ध्यसह्यौ महेन्द्रश्च ततः श्रीकण्ठको गिरिः ।
माल्यवान् मलयश्चैव किष्किन्धो नाम पर्वतः ॥ ४२ ॥
श्रीगिरिश्चित्रकूटश्च नवैते पर्वताः स्मृताः ।
एतेषामप्यलाभे तु शैलाः सर्वे तु पूजिताः ॥ ४३ ॥

१. विन्ध्य, २. सह्य, ३. महेन्द्र, ४. श्रीकण्ठ पर्वत, ५. माल्यवान्, ६. मलय, ७. किष्किन्ध, ८. श्रीगिरि और ९. चित्रकूट ये नव पर्वत योगियों के निवास के योग्य है । इनके अप्राप्य होने पर सभी पर्वत प्रशस्त है ॥ ४२-४३ ॥

नद्यस्तु सर्वदा श्रेष्ठास्तासां गङ्गा प्रशस्यते ।
तत्रापि पुष्करं श्रेष्ठं पुष्करात् पुरुषोत्तमम् ॥ ४४ ॥
प्रयागस्तु ततस्तस्मात् तदलाभेऽन्यसंग्रहः ।

सभी नदियाँ प्रशस्त हैं । उनमें गङ्गा सर्वापेक्षया प्रशस्त है । उससे भी पुष्कर श्रेष्ठ है । पुष्कर से भी पुरुषोत्तम क्षेत्र प्रयाग श्रेष्ठ है । इनके अप्राप्य होने पर अन्य ग्राह्य हैं ॥ ४४ ॥

ततस्तु यमुना देवी सिन्धुर्गोदा सरस्वती ॥ ४५ ॥
शरावती विपाशा च शतद्रुर्नर्मदा तथा ।
कावेरी ताम्रपर्णी च दशैताः क्रमशः स्मृताः ॥ ४६ ॥

इससे भी १. यमुना देवी, २. सिन्धु, ३. गोदावरी, ४. सरस्वती,

...ती, ६. विपाशा, ७. शतद्रु, ८. नर्मदा, ९. कावेरी और १०. ... क्रमशः ये दश नदियों के तट ग्राह्य हैं ॥ ४५-४६ ॥

एतासामप्यलाभे तु शस्ताश्चान्यास्तु सिन्धवः ।
नदीनामपि सर्वासां दक्षिणं तीरमुत्तमम् ॥ ४७ ॥

...के अभाव में अन्य नदियाँ प्रशस्त हैं । सभी नदियों में उनका ...तट प्रशस्त हैं ॥ ४७ ॥

तीराणामपि सर्वेषामन्तर्द्वीपः प्रशस्यते ।
नदीनामप्यलाभे तु निर्जनं वनमुत्तमम् ॥ ४८ ॥

...तटों में द्वीप का भीतरी भाग प्रशस्त है । नदियों के अभाव में ...वन उत्तम है ॥ ४८ ॥

नैमिषारण्यादि उत्तमस्थानकथनम्

वनानामपि सर्वेषां नैमिषारण्यमुत्तमम् ।
काम्यकं दण्डकारण्यं जनस्थानं महावनम् ॥ ४९ ॥
वनान्यन्यानि शस्तानि यानि पुण्यानि चैव हि ।
ह्रदानामपि सर्वेषां सदैवं ह्रदमुत्तमम् ॥ ५० ॥

...में भी नैमिषारण्य उत्तम है । १. काम्यक, २. दण्डकारण्य, ...जनस्थान और ४. महावन इतने वन उत्तम है । इसके अतिरिक्त ...उत्तम है। सभी ह्रदों में देवता युक्त ह्रद उत्तम है ॥४९-५०॥

पञ्चाप्सरकथनम्

चन्द्रपुष्करिणी चैव सरः पञ्चाप्सरस्तथा ।
पम्पा चैव विशाला च आगस्त्यं ह्रदमेव च ॥ ५१ ॥
ततो ब्रह्मसरश्चैव प्रशस्तान्यपराणि च ।

१. चन्द्रपुष्करिणी नामक सर २. पम्पासर, ३. विशाला सर, ४. ...ह्रद हैं । इसके बाद ५. ब्रह्मसर नामक पञ्च सर हैं । इसके ...अन्य भी ह्रद प्रशस्त हैं ॥ ५१-५२ ॥

योगासनयोग्यस्थानविधानम्

आश्रमाश्चैव पुण्यानि देवतायतनानि च ॥ ५२ ॥
सर्वाण्यपि च तीर्थानि शुभान्यायतनानि च ।
स्थानानि च प्रशस्तानि योगासनविधिं प्रति ॥ ५३ ॥

१. आश्रम, २. पुण्यदेवतायतन, ३. सभी तीर्थ एवं ४. शुभ आयतन और ५. शुभ स्थान योगासन विधान के लिये प्रशस्त कहे गये हैं ॥ ५२-५३ ॥

तत्राराध्य च देवेशं नारायणमनामयम् ।
क्षेत्रज्ञं तं महाविष्णुमणीयांसमणोरपि ॥ ५४ ॥
विष्णुं जिष्णुं सुरश्रेष्ठं वासुदेवं सनातनम् ।
कर्मयोगी भवेत् पूर्वं कर्मणानेन साधकः ॥ ५५ ॥

इन स्थानों पर देवेश नारायण अनामय क्षेत्रज्ञ महाविष्णु अणु से भी अत्यन्त महा अणु विष्णु जिष्णु सुरश्रेष्ठ वासुदेव सनातन की आराधना कर साधक इस कर्म से सर्वप्रथम कर्मयोगी बन जावे ॥ ५४-५५ ॥

कर्मयोगिनां योगस्थानार्चनफलकथनम्

तेन तुष्टः सदाविष्णुर्ज्ञानयोगं प्रयच्छति ।
तेन ज्ञानेन पूतात्मा पञ्चरात्रकृतश्रमः ॥ ५६ ॥
पञ्चस्थानार्चनं कृत्वा पञ्चकालविशेषवित् ।
तत्र च प्रत्ययं लब्ध्वा विष्णुनानुग्रहीकृतः ॥ ५७ ॥

इस अर्चना से संतुष्ट होकर भगवान् ज्ञानयोग प्रदान करते हैं। उस ज्ञान से पूतात्मा साधक पञ्चरात्र में श्रम संपादन करने वाला, पञ्चकाल विशेषवित् होकर पञ्चस्थानार्चन कर उन भगवान् में प्रत्यय (श्रद्धा एवं विश्वास) प्राप्त कर विष्णु का अनुग्रह प्राप्त करता है ॥ ५६-५७ ॥

आसनं विधिवत् कृत्वा योगं युञ्जीत योगवित् ।
यत्नं वायुजये कुर्यान्नाडीशोधनपूर्वकम् ॥ ५८ ॥

तदनन्तर विधिवत् आसन कर योगवेत्ता योग करे। फिर नाड़ी शोधन करते हुये भक्त साधक वायु पर विजय प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करे ॥ ५८ ॥

नाडीचक्रप्रकारस्तु कालाध्याये प्रकीर्तितः ।
षडङ्गान्यपि योगस्य तथा पद्मोद्भवे किल ॥ ५९ ॥

नाडीचक्र का प्रकार कालाध्याय में पहले कहा गया है। योग के षडङ्गों को भी पद्मोद्भव में यथायोग कह दिया गया है ॥ ५९ ॥

कथितानि यथायोगं वायुरोधं ब्रवीमि वः ।

यथायोगं वायुरोधप्रकारकथनम्

पूरकं कुम्भकं चैव रेचकं चेति वै क्रमात् ॥ ६० ॥
एषां मात्राक्रमश्चैव प्रोक्तः पद्मोद्भवे किल ।
इडया पूर्यते वायुः पिङ्गल्या कुम्भके खलु ॥ ६१ ॥
मात्रायोगक्रमेणैव रेच्यते तु सुषुम्नया ।

... के अवरोध प्राणायाम का प्रकार आप लोगों से कहता हूँ। पूरक, कुम्भक एवं रेचक इनकी मात्राओं का क्रम यह सब ... संहिता में कह दिया गया है। १. पूरक में इडा से वायु पूर्ण ... जाता है। २. पिङ्गला से कुम्भक में वायु को रोका जाता है। ३. सुषुम्ना द्वारा मात्रायोग क्रम से वायु रिक्त किया जाता है।

यथायोगं वायुरेचनप्रकारकथनम्

पिधाय पूर्यते वायुरङ्गुष्ठेन तु दक्षिणम् ॥ ६२ ॥
नासापुटं तु वामेन पुटेन क्रमयोगतः ।
कुम्भकं केवलं कुर्यात् कृत्वा नासापुटं पुनः ॥ ६३ ॥
रेचयेद् दक्षिणेनैव पिधाय च तथा पुनः ।

... नासापुट को अङ्गुष्ठ से बन्द कर बायें नासापुट से वायु पूर्ण ... ता है। फिर दोनों नासापुटों को बन्द कर केवल कुम्भक करे। ... नासापुट को बन्द कर केवल दक्षिण नासापुट से वायु का ... करे ॥ ६०-६३ ॥

मात्रातृतीयकं न्यूनं विषमं कुरुते मरुत् ॥ ६४ ॥
तथा क्रमविपर्यासे प्रयोगस्य विपर्ययात् ।
पूरणे सर्वनाड्यस्तु पूर्यन्ते क्रमयोगतः ॥ ६५ ॥

... मात्रा से कम में छोड़ा गया वायु क्रम विपर्यास से तथा प्रयोग ... से विषमता उत्पन्न करता है। पूरक प्राणायाम में क्रमशः ... नाड़ियाँ वायु से परिपूर्ण होती है ॥ ६४-६५ ॥

कुम्भके चैव रुध्यन्ते मुच्यन्ते रेचके पुनः ।
मात्रया पूर्यते पूर्वमिडा प्रथमया ततः ॥ ६६ ॥

... में वायु रोक ली जाती हैं। पुनः रेचक में वायु रिक्त की ... । प्रथम एक मात्रा के वायु से इडा नाडी पूर्ण होती है ॥ ६६ ॥

सा द्वितीयतृतीयाभ्यां पिङ्गला पूर्यते तथा ।
चतुर्थ्यैव सुषुम्ना तु मात्रया परिपूर्यते ॥ ६७ ॥

द्वितीय और तृतीय मात्रा से पिङ्गला पूर्ण होती है और चौथी से सुषुम्ना पूर्ण की जाती है ॥ ६७ ॥

पञ्चम्या मात्रया चैव गान्धारी परिपूर्यते ।
षष्ठ्या चैव तु सप्तम्या पूषा च परिपूर्यते ॥ ६८ ॥

पाँचवी मात्रा से गान्धारी, छठवी और सातवीं मात्रा से पूषा पूर्ण जाती है ॥ ६८ ॥

अष्टम्या हस्तिजिह्वा च नवम्या चाप्यलम्बुसा ।
दशम्या सुयशाश्चैव एकादश्या तु कौशिकी ॥ ६९ ॥

आठवीं से हस्तिजिह्वा, नवमी से अलम्बुसा, दशमी से सुयशा ग्यारहवीं से कौशिकी पूर्ण की जाती है ॥ ६९ ॥

द्वादश्या तु कुहूश्चैव पूर्यते क्रमयोगतः ।
भ्रमन्ति चक्रवत् सर्वा नाडयो वायुपूरिताः ॥ ७० ॥

इस प्रकार क्रमयोग से बारहवीं मात्रा द्वारा कुहू पूर्ण की जाती वायु से पूर्ण हो जाने पर सभी नाड़ियाँ चक्र के समान शरीर में घू लगती है ॥ ७० ॥

यथायोगं वायुरोधस्य फलकथनम्

नाडीभ्रमणवेगेन नाभिदेशाद्धुताशनः ।
उत्थितो निर्दहेद् दोषान् सर्वानिव शरीरगान् ॥ ७१ ॥
नाडयः शुद्धिमायान्ति शोधिता वह्निमारुतैः ।

नाड़ियों के भ्रमण के वेग से नाभिदेश में रहने वाला हुता प्रज्वलित होकर शरीर के समस्त दोषों को जला देता है । भ्रमण क हुये वायु तथा अग्नि के द्वारा शोधित होने से सभी नाड़ियाँ शुद्ध जाती है ॥ ७१ ॥

रेचकं तु ततः कुर्यान्मात्राकालमवेक्ष्य च ॥ ७२ ॥
द्वाभ्यामेव तु मात्राभ्यां कुहूर्मुच्येत वायुना ।
तृतीयया चतुर्थ्या च कौशिकी परिमुच्यते ॥ ७३ ॥

फिर योगी मात्राकाल का ज्ञान कर रेचक प्राणायाम करे । दो

रेचन से कुहू नाडी वायु से मुक्त हो जाती है । तीसरी तथा से वायु के द्वारा कौशिकी नाडी मुक्त हो जाती है ॥ ७३ ॥

पञ्चम्या चाथ षष्ठ्या च सुयशाः परिमुच्यते ।
सप्तम्या च तथाष्टम्या मुच्यतेऽलम्बुसा ततः ॥ ७४ ॥
नवम्या च दशम्या च हस्तिजिह्वा तु मुच्यते ।
एकादश्या तु द्वादश्या त्रयोदश्या तथैव च ॥ ७५ ॥
चतुर्दश्या च मात्राभिः पूषा हि परिमुच्यते ।
पञ्चदश्याथ षोडश्या गान्धारी परिमुच्यते ॥ ७६ ॥

एवं छठी मात्रा से सुयशा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है । आठवीं मात्रा से अलम्बुसा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है । मात्रा से हस्तिजिह्वा नाडी वायु से मुक्त हो जाती है । बारहवीं, तेरहवीं एवं चौदहवीं मात्रा से पूषा नाडी वायु से मुक्त है । पन्द्रहवी, सोलहवीं मात्रा से गान्धारी नाडी वायु से मुक्त है ॥ ७४-७६ ॥

सप्तदश्याष्टदश्या च इडैव परिमुच्यते ।
ततश्चैकोनविंशत्या विंशत्या च तथैव च ॥ ७७ ॥
मात्राभिर्मुच्यते चापि पिङ्गला च त्रिकेण च ।
मात्राभ्यामथ शेषाभ्यां सुषुम्ना परिमुच्यते ॥ ७८ ॥

और अट्ठारहवीं मात्रा से इडा नाडी वायु से मुक्त हो जाती उन्नीसवीं, बीसवीं मात्रा से पिङ्गला नाडी वायु से मुक्त हो शेष तीन मात्राओं से सुषुम्ना मुक्त होती है ॥ ७७-७८ ॥

प्राणादयः स्थितास्तासु क्रमान्नाडीषु वायवः ।
क्षोभमायान्ति पूरे तु भ्रमन्त्येव तु कुम्भके ॥ ७९ ॥

नाड़ियों में क्रमशः प्राणादि वायु स्थित रहते हैं । वे सभी प्राणायाम की स्थिति में चञ्चल हो जाते हैं । कुम्भक की भ्रमण करते हैं ॥ ७९ ॥

रेचके तु क्रमादेते उन्मूल्यन्ते न संशयः ।
उन्मूलनक्रमस्तेषां जयायैव तु जायते ॥ ८० ॥

प्राणायाम की स्थिति में क्रमशः इन वायुओं का उन्मूलन हो

जाता है । यह उन्मूलन क्रम उन नाडी स्थित वायु के जय के लिये होता है ॥ ८० ॥

यथायोगं वायुरोधस्य फलकथनम्

नागः कुमारः कृकरो देवदत्तो धनञ्जयः ।
जितास्तु पूरके चैव पञ्च चैते न संशयः ॥ ८१ ॥

१. नाग, २. कुमार, ३. कृकर, ४. देवदत्त और ५. धनञ्जय ये पाँच वायु पूरक प्राणायाम से ही जीत लिये जाते हैं । योगी इसमें संशय न करे ॥ ८१ ॥

प्राणादिषु मनो बुद्धिरहङ्कारादिलयकथनम्

प्राणादिषु लयं यान्ति यथासंख्यक्रमेण तु ।
कुम्भके च जिता एव चत्वारोऽपानपूर्वकाः ॥ ८२ ॥
प्राण एव लयं यान्ति प्राणो जयसमाश्रयः ।

ये यथासंख्य प्राणादि में लय हो जाते हैं । कुम्भक में अपान से लेकर जीते गये चार वायु केवल प्राण में ही लय होकर विलीन हो जाते हैं । प्राण सबके जय का स्थान है ॥ ८२-८३ ॥

मनो बुद्धिरहङ्कार इन्द्रियाण्यपि सर्वशः ॥ ८३ ॥
प्राणमेव समायान्ति सहैव मरुदीरिताः ।
तावदेव प्रवृत्तिः स्यान्निवृत्तिस्तावदेव तु ॥ ८४ ॥

१. मन, २. बुद्धि, ३. अहङ्कार और ४. सभी इन्द्रियाँ वे सभी वायु से प्रेरित होकर उसी के साथ प्राण में ही प्रविष्ट हो जाती हैं उतने ही काल तक प्रवृत्ति और उतने ही काल तक निवृत्ति कही जाती है ॥ ८३-८४ ॥

योगाभ्यासेन जीवोन्मीलनकथनम्

योगाभ्यासेन योगी तु जीवोन्मीलनमाचरेत् ।
उन्मीलितस्तथा जीवः कर्म चैति च तत्र च ॥ ८५ ॥

योगी योगाभ्यास से जीव को ऊपर उठावे । ऊपर की ओर जाने वाला जीव तत्र-तत्र कर्म को प्राप्त करता है ॥ ८५ ॥

हृत्पद्मं रेचके फुल्लं वायुना निश्चलीकृतम् ।
अन्तस्तत् प्रविशेत् काले क्षेत्रज्ञो यत्र वै स्थितः ॥ ८६ ॥

... जब रेचक से विकसित हो जाता है और वायु के द्वारा स्थिर ... जाता है तब यह जीव उसके भीतर प्रवेश करता है, जहाँ ... स्थित है ॥ ८६ ॥

कुम्भकेन निरुद्धं तत् पद्ममूर्ध्वमुखं भवेत् ।
सुषुम्ना इति सूर्यांशुरन्तः सुषिरसंयुतः ॥ ८७ ॥
तन्मध्ये चामृता नाम धारा चन्द्रामृतस्य तु ।
स्थितारक्तस्य शुक्ला तु भित्त्वा सूर्यस्य मण्डलम्॥८८॥
सुषुम्ना च शिरोमध्यं भित्त्वा हृत्पद्ममाश्रिता ।
सर्वतः परिगृह्यैतत् तन्निध्यानपरो भवेत् ॥ ८९ ॥

... से निरुद्ध वही पद्म ऊर्ध्वमुख होता है, उसके भीतर सुषुम्ना ... सूर्यांशु जिसमें सुषिर (छिद्र?) है उसके मध्य में अमृता नाम की ... की धारा स्थित है जो रक्तवर्ण के सूर्य मण्डल को भेदकर वही ... सुषुम्ना शिर के मध्य का भेदन कर हृत्पद्म में स्थित रहती है। ... से उसी सुषुम्ना का सहारा लेकर योगी उसी जीव के ध्यान ... जावे ॥ ८७-८९ ॥

समाधिना सुषुम्नान्तमतिक्रमणकथनम्

स्थितः सर्वेषु देहेषु एक एव रवेः करः ।
तस्मिन् करे संनिवेश्य जीवं योगी समाधिना ॥ ९० ॥
विन्यस्य तं भ्रुवोर्मध्ये ध्यायेन्नारायणं प्रभुम् ।
ध्यात्वा चामृतधारायां तन्मध्ये विनिवेश्य च ॥ ९१ ॥

... के शरीर में एक ही सूर्य की किरण स्थित है । योगी उसी ... किरण में जीव को समाधि द्वारा सन्निविष्ट कर दोनों भ्रू के मध्य ... नारायण को सन्निविष्ट कर उन्हीं का ध्यान कर अमृत धारा ... में ध्यान सन्निविष्ट करे ॥ ९०-९१ ॥

सुषुम्नान्तमतिक्रम्य ऊर्ध्वं वै सूर्यमण्डलम् ।
ततश्चन्द्रमसं गत्वा तन्मध्ये च स्थितः प्रभुः ॥ ९२ ॥

... सुषुम्ना का अतिक्रमण कर उसके ऊपर सूर्य मण्डल का ध्यान ... चन्द्रमा के पास जाकर उसी के मध्य में प्रभु स्थित हैं । ... सर्वश्रेष्ठ सदाविष्णु का आश्रय ग्रहण करे ॥ ९२ ॥

ततः परतरं देवं सदाविष्णुं समाश्रयेत् ।

स एव निष्कलो देवः स च नारायणः प्रभुः ॥ ९३ ॥
वासुदेवं जगद्बीजं कूटस्थमचलं विदुः ।
परात् परतरः सोऽयं स एव तमसः परः ॥ ९४ ॥

वही निष्कल देव हैं । वही नारायण है । वही प्रभु है । उन्हें ही लोग वासुदेव जगद्बीज कूटस्थ एवं अचल कहा जाता है । वही परात्पर है । वही तम से परे हैं ॥ ९३-९४ ॥

तद्विष्णोः परमपदकथनम्

तस्मात् परतरं नास्ति स्थूलं वा सूक्ष्ममेव वा ।
तमाहुः पुरुषं नित्यं तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ ९५ ॥

उनसे बढ़कर न कोई स्थूल है और न कोई सूक्ष्म है । वही नित्य और पुरुष कहे जाते हैं । वही विष्णु का परम पद है ॥ ९५ ॥

तद्विष्णुपदमासाद्य न भूय इह जायते ।
एवं वायुजयं कृत्वा योगी योगविचक्षणः ॥ ९६ ॥
अभ्यासाद्विष्णुसायुज्ये यत्नं परममास्थितः ।
अभ्यासात् प्रत्ययाः सर्वे जायन्ते मुक्तिहेतवः ॥ ९७ ॥

उस विष्णुपद को प्राप्त कर पुनः जन्म नहीं होता । इस प्रकार योग विचक्षण योगी वायु पर विजय प्राप्त कर अभ्यास से विष्णु सायुज्य का प्रयत्न करे । अभ्यास से सभी प्रकार के प्रत्यय (ज्ञान) मुक्ति के हेतु हो जाते हैं ॥ ९६-९७ ॥

पञ्चावस्थाकथनम्

स्वप्ने चैव स्वदेहे च देवे चैवं मनस्यपि ।
इन्द्रियेषु च सर्वेषु जायन्ते प्रत्ययाः पृथक् ॥ ९८ ॥

१. स्वप्न में, २. अपनी देह में, ३. देव में, ४. मन में और ५. सभी इन्द्रियों में पृथक्-पृथक् प्रत्यय उत्पन्न होते हैं ॥ ९८ ॥

पञ्चावस्थाप्रत्ययकथनम्

दर्शनं चैव संयोगः संभाषणमतः परम् ।
अनीतानागतोक्तिश्च तथा तत्त्वनिवेदनम् ॥ ९९ ॥
स्वप्नप्रत्ययकाले तु पञ्चावस्थाः प्रकीर्तिताः ।

१. दर्शन, २. संयोग, ३. संभाषण, ४. अतीत, अनागतोक्ति और ५. तत्त्वनिवेदन ये पाँच अवस्थायें स्वप्नकाल के प्रत्यय कहे गये हैं ।

पञ्चावस्थाफलकथनम्

केवलं दर्शनं विष्णोः प्रथमा सा दशा स्मृता ॥ १०० ॥
द्वितीया तेन संयोगस्तृतीया भाषणं भवेत् ।
अतीतानागतोक्तिश्च तुरीया तत्त्वपङ्क्तयः ॥ १०१ ॥
अकाले खे प्रदृश्यन्ते पञ्चमी सा दशा स्मृता ।

केवल विष्णु का दर्शन प्रथम अवस्था है । २. विष्णु के साथ संयोग द्वितीय अवस्था है । ३. विष्णु के साथ संभाषण यह तृतीय अवस्था है । ४. अतीत और अनागत की बात जानना यह चतुर्थ अवस्था है । ५. असमय में आकाश मण्डल में तत्त्वपङ्क्ति का दिखाई देना यह पञ्चम अवस्था है ॥ १०१-१०२ ॥

प्रथमादि दशायां मरणफलकथनम्

प्रथमायां दशायां तु मरणं यदि जायते ॥ १०२ ॥
भयङ्करस्तु दैत्यानां भवेद्गरुडवाहनः ।

प्रथम दशा में यदि साधक की मृत्यु हो जावे तब वह दैत्यों के लिये अत्यन्त भयङ्कर गरुड़वाहन बनकर जन्म लेता है ॥१०२-१०२॥

द्वितीयायां दशायां तु मरणं यदि जायते ॥ १०३ ॥
शङ्खचक्रधरो भूत्वा विष्णुलोके महीयते ।

यदि द्वितीय दशा में मरण हो तब साधक शङ्ख चक्र धारण कर विष्णुलोक में महत्त्व प्राप्त करता है ॥ १०३-१०४ ॥

तृतीयायां दशायां तु मरणं यदि जायते ॥ १०४ ॥
समानैश्वर्ययुक्तस्तु विष्णोर्विष्णुपदं व्रजेत् ।

तृतीय दशा में यदि साधक की मृत्यु हो जावे तब वह विष्णु के समान ऐश्वर्य संपन्न होकर विष्णुपद प्राप्त करता है ॥ १०४-१०५ ॥

चतुर्थ्यां च दशायां तु मरणं यदि जायते ॥ १०५ ॥
सर्वलोकाधिपः श्रीमान् सुरैश्वर्यपदं व्रजेत् ।

चतुर्थी दशा में यदि मरण हो तो वह श्रीमान् समस्त लोक का अधिपति होकर सुरेश्वर इन्द्र का पद प्राप्त करता है ॥ १०५-१०६ ॥

पञ्चम्यां च दशायां तु मरणं यदि जायते ॥ १०६ ॥
महाविष्णुपुरं प्राप्य द्वारपालो भविष्यति ।

पञ्चमी दशा में यदि मरण हो तो वह महाविष्णु पुर प्राप्त कर विष्णु का द्वारपाल होगा ॥ १०४-१०७ ॥

विमर्श—यहाँ स्वदेह प्रत्यय एवं देव प्रत्यय छूट गया है ।

पञ्चप्रत्ययकाले तु एकविंशतिका दशाकथनम्

मनःप्रत्ययकालेऽपि पञ्च चैव दशाः स्मृताः ॥ १०७ ॥

मन के प्रत्ययकाल में भी पाँच ही अवस्थायें होती हैं ॥ १०७ ॥

मनःप्रत्ययकाले पञ्चावस्थाकथनम्

परोक्षदर्शनं चैव भविष्यच्चिन्तनं तथा ।
अतीन्द्रियेषु च ज्ञानं सर्वशास्त्रार्थदर्शनम् ॥ १०८ ॥
ऐकाग्र्यञ्च तथा विष्णौ दशाः पञ्च प्रकीर्तिताः ।

१. परोक्षदर्शन, २. भविष्यच्चिन्तन, ३. इन्द्रियों से परे वस्तु का ज्ञान ४. सभी शास्त्रों के अर्थ का दर्शन (ज्ञान) और ५. विष्णु में चित्त की एकाग्रता ये पाँच अवस्थायें साधक को मानसिक प्रत्यय होने पर होती है ॥ १०८ ॥

परोक्षे यस्य यत् कर्म शुभं वा यदि वाशुभम् ॥१०९॥
प्रत्यक्षमिव दृश्येत प्रथमा सा दशा स्मृता ।

जिसका परोक्ष में जैसा शुभ अशुभ कर्म है वह प्रत्यक्ष की तरह दिखाई पड़े । वह प्रथमा मानसिक दशा कही जाती है ॥ १०९ ॥

विमर्श—यहाँ द्वितीय और तृतीय दशा वाला ग्रन्थ लुप्त है ।

सर्वेषामपि वेदानां शास्त्राणामपि सर्वशः ॥ ११० ॥
सर्वत्र दर्शनं यच्च चतुर्थी तु दशा स्मृता ।
एकान्तचिन्तना देवे नान्यचिन्ता कदाचन ॥ १११ ॥

सभी वेदों एवं शास्त्रों का सर्वशः एवं सर्वत्र दर्शन होना यह चतुर्थी दशा है जो इस प्रकार है देवाधिदेव विष्णु का एकान्त में चिन्तन करना और किसी भी देवता का चिन्तन न करना ॥ ११०-१११ ॥

स्मृतिशेषे तु देवानामेकान्तत्वव्यवस्थया ।
जाग्रत्स्वप्नेऽपि काले तु पञ्चमी सा दशा स्मृता॥११२॥

स्मृति शेष होने पर भी देवताओं में मन की एकाग्रता की व्यवस्था

एवं स्वप्न काल में निर्वाह करना यह पञ्चमी दशा कही

पञ्चप्रत्ययकाले प्रथमादि दशायां मरणफलकथनम्

प्रथमायां दशायां तु मरणं यदि जायते ।
महाविष्णुपदं प्राप्य भवेद्धर्मरतः सदा ॥ ११३ ॥

यदि प्रथम मानसिक दशा में साधक की मृत्यु हो तो वह पद प्राप्त कर धर्म में निरन्तर निरत रहता है ॥ ११३ ॥

द्वितीयायां दशायां तु मरणं यदि जायते ।
महाविष्णुपदं प्राप्य भवेच्च पुरपालकः ॥ ११४ ॥

२. द्वितीय दशा में यदि मरण हो तब वह साधक महाविष्णु पद उस पुर का पालक होता है ॥ ११४ ॥

तृतीयायां दशायां तु मरणं यदि जायते ।
महाविष्णुपदं प्राप्य महाविष्णुसमो भवेत् ॥ ११५ ॥

३. तृतीय अवस्था में यदि मरण हो तब वह महाविष्णु पद प्राप्त महाविष्णु के समान हो जाता है ॥ ११५ ॥

विमर्श—यहाँ चतुर्थ एवं पञ्चम दशा के फल वाला ग्रन्थ लुप्त है ।

इन्द्रियाणि दश प्राहुः कर्मबुद्धीन्द्रियाख्यया ।
तेषां तु कर्म संयोगः स्वैः स्वैस्तु विषयैरपि ॥ ११६ ॥
एकैवात्र दशा प्रोक्ता दिव्यभोगेन योजिता ।
अस्यां दशायामुत्क्रान्तिः सदाविष्णुपदं नयेत् ॥ ११७ ॥

कर्मेन्द्रियाँ और पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इस प्रकार कुल दस इन्द्रियाँ उनके कर्मों का संयोग उनके विषयों से होता है । उन सभी को एक और दशा होती है जिसका फल है दिव्य भोगों से युक्त इस दशा में मरण होने पर साधक को सदा विष्णु पद पहुँचा ॥ ११६-११७ ॥

पञ्चप्रत्ययकाले तु एकविंशतिका दशाः ।
नित्यमेव दशाश्चेमाः प्रत्ययेषु पृथक् पृथक् ॥ ११८ ॥

प्रकार के प्रत्यय काल में ये २१ दशायें कही गईं । ये दशायें में पृथक्-पृथक् होती है ॥ ११८ ॥

कर्मयोगिनः जीवन्मुक्तत्वकथनम्

योगिनो यस्य जायन्ते स जीवन्मुक्त उच्यते ।
एत एव भविष्यन्ति सदा वै कर्मयोगिनः ॥ ११९ ॥

जिन योगियों में ये दशायें उत्पन्न होती हैं वह जीवन्मुक्त कहा जाता है । वही जीवन्मुक्त सदा कर्मयोगी होंगे ॥ ११९ ॥

तस्माद्योगी भवेन्नित्यं नारायणमनामयम् ।
योगाभ्यासेन यास्यन्ति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ १२० ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम्
ऋषिरात्रे योगविधिर्नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

इसलिये साधक योगयुक्त योगी बने ऐसे योगी अनामय नारायण में योगाभ्यास से विष्णु के परम पद को प्राप्त करेंगे ॥ २० ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के योगविधि नामक तृतीय अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ३ ॥

ऋषिरात्रे

चतुर्थोऽध्यायः

तपस्याधर्मकथनम्

सनत्कुमार उवाच—

अथातः संप्रवक्ष्यामि तप्यते तु यथा तपः ।
पूर्वं देशं प्रवक्ष्यामि तपोवृद्धिश्च यत्र तु ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—अब जिस प्रकार तप किया जाता है उसे कहता हूँ । सर्वप्रथम तपस्या के लिये देश कहूँगा जहाँ तप करने से वृद्धि होती है ॥ १ ॥

तपःप्रदेशकथनम्

प्रयागो ब्रह्मदुर्गं च कुरुक्षेत्रं गया तथा ।
ब्रह्मावर्तं भृगुपथं पुरुषोत्तमसंज्ञितम् ॥ २ ॥
देवतीर्थं महातीर्थं चन्द्रपुष्करिणी तथा ।
देवह्रदः पञ्चनदं तथा पञ्चाप्सरः सरः ॥ ३ ॥
तथा श्रीकण्ठकं चैव चन्द्रतीर्थं महाबलम् ।
अगस्त्यतीर्थं श्रीसानुर्ब्रह्मकुण्डं तथैश्वरम् ॥ ४ ॥
गोकर्णं कन्यकातीर्थं ततः सेतुमुखं तथा ।
शालग्रामं सरिद्द्वीपमग्नितीर्थं तथैव च ॥ ५ ॥

प्रयाग, ब्रह्मदुर्ग, कुरुक्षेत्र, गया, ब्रह्मावर्त्त, भृगुपथ, पुरुषोत्तम, देवतीर्थ, महातीर्थ, चन्द्रपुष्करिणी, देवह्रद, पञ्चनद, पञ्चाप्सर नामक सर, श्रीकण्ठक, चन्द्रतीर्थ, महाबल, अगस्त्यतीर्थ, श्रीसानु, ब्रह्मकुण्ड, अग्नितीर्थ, गोकर्ण, कन्यकातीर्थ, सेतुमुख, शालग्रामक्षेत्र, सरिद्द्वीप और सेतुतीर्थ (रामेश्वरम्) तप के प्रदेश कहे गए है ॥ ४-५ ॥

सर्वे पुण्याश्रमाश्चापि पुण्यनद्यस्तथैव च ।

पुण्यारण्यानि सर्वाणि पुण्यतीर्थानि चैव ह ॥ ६ ॥

इसी प्रकार सभी पुण्याश्रम, सभी पुण्यनदियाँ, सभी पुण्य... पुण्यतीर्थ तप के प्रदेश कहे गए है ॥ ४-६ ॥

पुण्याश्चैव तथा शैलाः पुण्यान्यायतनानि च ।
आश्रमाणां तु सर्वेषामुत्तमं बदराश्रमम् ॥ ७ ॥
नदीनामपि सर्वासां गङ्गा चैव प्रशस्यते ।
अरण्यानां च सर्वेषां पश्चिमद्वारमुत्तमम् ॥ ८ ॥

पुण्यशैल, पुण्य आयतन, सभी आश्रमों में सर्वोत्तम बदरिकाश्रम और सभी नदियों में गङ्गा प्रशस्त कही गयी है । फिर सभी अरण्यों में पश्चिम द्वार सर्वोत्तम कहा गया है ॥ ७-८ ॥

तेषामपि च सर्वेषां नदीतीरस्थमुत्तमम् ।
शैलानामपि सर्वेषामुत्तमो हिमवान् गिरिः ॥ ९ ॥

इन सभी अरण्यों में नदियों के तट पर स्थित अरण्य उत्तम है । सभी शैलों में हिमवान् गिरि प्रशस्त है ॥ ९ ॥

तथैवायतनानां तु विष्ण्वायतनमुत्तमम् ।
विष्ण्वालयानां सर्वेषां पश्चिमद्वारमुत्तमम् ॥ १० ॥

इसी प्रकार सभी आयतनों में विष्णु के आयतन (मन्दिर) उत्तम है । सभी विष्णु के आलयों में पश्चिम द्वार उत्तम हैं ॥ १० ॥

तेषामपि च सर्वेषां नदीतीरस्थमुत्तमम् ।
नदीतीरगतानां तु जलधेस्तीरजं परम् ॥ ११ ॥

इन सभी में नदी तीर के विष्णु के आलय अर्थात् मन्दिर उत्तम है। नदी तीरस्थ आलयों की अपेक्षा समुद्र के तीर में स्थित विष्ण्वालय श्रेष्ठ कहे गए हैं ॥ ११ ॥

तेषामपि च सर्वेषां पुष्प्योद्यानगतं शुभम् ।
नदीमध्यगतानां तु पर्वतस्थं विशिष्यते ॥ १२ ॥

उन सभी की अपेक्षा पुष्प्योद्यान के विष्ण्वालय कल्याणकारक है । नदी के मध्य में रहने वाले विष्ण्वालयों की अपेक्षा पर्वत पर स्थित विष्ण्वालय उत्तम हैं ॥ १२ ॥

तत्र देशे तपः कुर्याद्यत्र भागवतो जनः ।

...भागवद् भक्त हों उसी प्रदेश में तप करना चाहिये ॥ १३ ॥

तपस्यार्थ कालयोगकथनम्

कालयोगं प्रवक्ष्यामि येन कालेन तप्यते ॥ १३ ॥

...जिन-जिन कालों में तप करना चाहिये उस कालयोग को ...हूँ ॥ १३ ॥

मासाश्च द्वादश प्रोक्ताः संक्रान्तिस्तेषु शस्यते ।
अयनं शस्यते तस्यां तस्मात्तु विषुवं परम् ॥ १४ ॥

...के लिये बारहों सास प्रशस्त है । मासों में भी संक्रान्ति प्रशस्त ...क्रान्तियों में भी अयन प्रशस्त है और अयनों की अपेक्षा विषुव ...है ॥ १४ ॥

विषुवात्तु व्यतीपातस्तस्माद्वै विष्णुपञ्चमी ।
उपवासे प्रशस्तानि सर्व एते न संशयः ॥ १५ ॥

...की अपेक्षा व्यतीपात श्रेष्ठ है । उससे भी श्रेष्ठ विष्णुपञ्चमी ...गयी है । ये सभी उपवास के लिये प्रशस्त कहे गये हैं इसमें ...नहीं ॥ १५ ॥

प्रायश्चित्तक्रमारम्भे मुख्यभूतान्यमूनि च ।
कृच्छ्रमूलं तपो ज्ञेयं कृच्छ्रसंज्ञां वदाम्यतः ॥ १६ ॥

...श्चित क्रम के आरम्भ में ये व्रत उपवास मुख्य कहे गये हैं । ...तप उत्तम कहा गया है । इसलिए अब कृच्छ्र संज्ञक तपों को ...हूँ ॥ १६ ॥

कृच्छ्रसंज्ञकतपकथनम्

कृच्छ्रं चाप्यतिकृच्छ्रं च तथा कृच्छ्रातिकृच्छ्रकम् ।
तप्तकृच्छ्रं च यत् प्रोक्तं ततः सांतपनं तथा ॥ १७ ॥
चान्द्रायणं पराकं चाप्येतान्यन्यानि सर्वशः ।
कृत्वा तानि यथायोगं तपः पश्चात् समाचरेत् ॥ १८ ॥

१. कृच्छ्र, २. अतिकृच्छ्र, ३. कृच्छ्रातिकृच्छ्र, ४. तप्तकृच्छ्र, इसके ५. सान्तपन, ६. चान्द्रायण और ७. पराक इन सभी की कृच्छ्र ...कही गयी है । अपनी शक्ति के अनुसार इन व्रतों को करके तब ...आरम्भ करें ॥ १७-१८ ॥

नित्यनैमित्तिकान्यत्र प्रायश्चित्तानि कर्मणि ।
नित्यानि नित्यकृत्यानि तथान्योनीतराणि तु ॥ १९ ॥

तपः कर्म में नित्य और नैमित्तिक दो प्रकार के प्रायश्चित्त कहे गये हैं। जो नित्य किये जाँवे वे 'नित्य प्रायश्चित' हैं और इसके अतिरिक्त अन्य 'नैमित्तिक प्रायश्चित्त' हैं ॥ १९ ॥

जपमूलं तपकथनम्

जपं कुर्यात् तपः कुर्वञ्जपमूलं तपो विदुः ।

तपस्या करते हुये जप करे क्योंकि तप का मूल जप कहा गया है।

पयश्चर्याद्यचर्याष्टककथनम्

पयश्चर्या भवेत् पूर्वं मूलचर्या तथैव च ॥ २० ॥
ततश्च फलचर्या तु शाकचर्या तथैव च ।
यवचर्या पर्णचर्या जलचर्या तथैव च ॥ २१ ॥
ततस्तु वायुचर्या च तपोऽष्टकमुदाहृतम् ।

उसमें सर्वप्रथम १. पयश्चर्या, इसके बाद २. मूलचर्या करनी चाहिये, इसके बाद ३. फलचर्या, फिर ४. शाकचर्या, फिर ५. यवचर्या, क्रमशः ६. पर्णचर्या, ७. जलचर्या एवं ८. वायुचर्या - इस प्रकार आठ तप कहे गये हैं ॥ २०-२२ ॥

१. पयोव्रतचर्याकथनम्

अत्र चेदं प्रवक्ष्यामि पयश्चर्यादिकं क्रमात् ॥ २२ ॥
नियमी केवलश्चापि मिश्रकश्चाप्यमिश्रकः ।
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ताः पयोव्रतचरा नराः ॥ २३ ॥

अब क्रमशः पयश्चर्या आदि के विषय में कहता हूँ । पय से व्रतचर्या करने वाले तपस्वी मनुष्य १. नियम २. केवल, ३. मिश्रक और ४. अमिश्रक विधि के चार प्रकार के साधक होते हैं ॥२१-२३॥

पूर्वोक्तेन प्रमाणेन कुडवादिव्यवस्थया ।
नातिरिक्तं न च न्यूनमन्वहं च पयः पिबेत् ॥ २४ ॥
नियमी स तु विज्ञेयः शेषाणां तु विशिष्यते ।

१. नियमी पयोव्रती साधक—जो कुडव आदि निश्चित प्रमाण के अनुसार न उससे अधिक न उससे कम पयः पीते हैं वे नियमी कहे जाते हैं । यह शेष तीन से प्रशस्त है ॥ २४-२५ ॥

नित्यं चानियमेनैव यथालाभं पयः पिबेत् ॥ २५ ॥
न्यूनं वाप्यतिरिक्तं वा स केवल उदाहृतः ।

२. केवल पयोव्रती साधक—जो भक्त साधक बिना नियम किये जितना दूध प्राप्त हो उतना पान करे चाहे वह कम हो चाहे अधिक हो वह केवल पयोव्रती कहा जाता है ॥ २५-२६ ॥

दध्ना घृतेन मूत्रेण गोमयेनापि मिश्रितम् ॥ २६ ॥
यथालाभं तु पिबति मिश्रकः स उदाहृतः ।
पयो वा दधि वा सर्पिर्मूत्रं वा गोमयं तु वा ॥ २७ ॥

३. मिश्रक पयोव्रती साधक—जो भक्त साधक दही घृत, गोमूत्र, गोबर मिला कर जितना दूध प्राप्त हो उतना पीता हो वह मिश्रक कहा जाता है ॥ २६-२७ ॥

केवलं तु यथालाभममिश्रं भक्षयेत्तु यः ।
स चामिश्र इति प्रोक्तः पयोव्रतचरो नरः ॥ २८ ॥

४. अमिश्रक पयोव्रती साधक—बिना कुछ मिलाये जितना दूध मिले उसे जो पीता है वह अमिश्रक पयोव्रती कहा जाता है । यहाँ पयोव्रत से चर्या करने वाले मनुष्य के विषय में कहा गया ॥२८॥

२. मूलव्रतचर्याकथनम्

दग्धः स्निग्धस्तथानग्निर्यथालाभ इति क्रमात् ।
मूलव्रतचराः प्रोक्ताश्चत्वारस्तत्र संज्ञिताः ॥ २९ ॥

मूलव्रत से चर्या करने वाले १. दग्ध, २. स्निग्ध, ३. अनग्नि और ४. यथालाभ चार प्रकार के कहे गये हैं ॥ २९ ॥

केवलं चाग्निदग्धं तु मूलं यश्चापि भक्षयेत् ।
न किंचिद्भक्षयेदन्यत् स दग्ध इति कीर्तितः ॥ ३० ॥

१. दग्ध मूलव्रती साधक—जो केवल अग्निदध मूल का भक्षण करता है और कोई पदार्थ भोजन नहीं करता वह योगी दग्ध मूलव्रती कहा जाता है ॥ ३० ॥

सिद्धं पयसि वान्यस्मिन्नुदके वापि केवले ।
भक्षयेद्यस्तु वै योगी स स्निग्धः परिकीर्तितः ॥ ३१ ॥

२. स्निग्ध मूलव्रती साधक—जो केवल पय में सिद्ध अथवा केवल

जल में सिद्ध मूल का भक्षण करता है वह योगी स्निग्ध मूलव्रती कहा जाता है ॥ ३१ ॥

आममेव सदा मूलं भक्षयेद्यस्तु नित्यश: ।
सोऽनग्निरिति संप्रोक्त: शेषाणामेष शस्यते ॥ ३२ ॥

३. अनग्निमूलेव्रती साधक—जो भक्त नित्य कच्चा मूल का भक्षण करता है वह अनग्नि मूलव्रती कहा जाता है । वह अन्य शेषों की अपेक्षा प्रशस्त है ॥ ३२ ॥

आमं वाप्यथ दग्धं वा स्निग्धं वा मिश्रितं तु वा ।
भक्षयेद्यस्तु मूलं वै यथालाभ: स उच्यते ॥ ३३ ॥

४. यथालाभमूलव्रती साधक—जो कच्चा अथवा दग्ध अथवा स्निग्ध अथवा मिश्रित मूल का यथालाभ भक्षण करता है वह 'यथालाभ मूलव्रती' साधक कहा जाता है ॥ ३३ ॥

३. फलचर्याव्रतीसाधककथनम्

पक्वश्च तरुणश्चैव युक्त आम इति क्रमात् ।
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ता: फलव्रतचरा नरा: ॥ ३४ ॥

१. पक्व २. तरुण, ३. युक्त एवं ४. आम इस क्रम से फल से व्रतचर्या करने वाले योगी के भी चार भेद कहे गये हैं ॥ ३४ ॥

भक्षयेद्यस्तु वै नित्यं सुपक्वानि फलानि तु ।
स पक्व इति विज्ञेय: फलव्रतचरो नर: ॥ ३५ ॥

१. पक्व फलचर्याव्रती साधक—जो नित्य पके हुये फलों का भक्षण करता है वह पक्वफल चर्या व्रती कहा जाता है ॥ ३५ ॥

तरुणान्यपि पक्वानि अग्निपक्वानि चैव हि ।
फलानि भक्षयेद्यस्तु तरुण: स उदाहृत: ॥ ३६ ॥

२. तरुण फलचर्याव्रती साधक—जो तरुण पक्व अथवा अग्निपक्व फल का भक्षण करता है वह तरुण फलचर्याव्रती कहा जाता है ॥३६॥

अग्निपक्वमथामं वा पक्वं वा तरुणं तु वा ।
मिश्रितं भक्षयेद्यस्तु स युक्त इति संज्ञित: ॥ ३७ ॥

३. युक्त फलचर्याव्रती साधक—जो अग्निपक्व, आम (कच्चा),

अथवा तरुण इस प्रकार मिश्रित फलों का भक्षण करता है वह युक्तफलचर्याव्रती कहा जाता है ॥ ३७ ॥

आममेव तु चाश्नीयादपक्वं तरुणं तु वा ।
आम इत्युच्यते सोऽयं फलव्रतचरो नर: ॥ ३८ ॥

४. आम फलचर्याव्रती साधक—जो अपक्व, कच्चा अथवा तरुण का भक्षण करता है वह 'आमफलचर्याव्रती' कहा जाता है ॥३८॥

४. शाकव्रतचर्याकथनम्

पाचक: पूरकश्चैव निष्ठुरश्च प्रकीर्णक: ।
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ता: शाकव्रतचरा नरा: ॥ ३९ ॥

शाक व्रतचर्या वाला पुरुष १. पाचक, २. पूरक ३. निष्ठुर और प्रकीर्णक भेद से चार प्रकार का होता है ॥ ३९ ॥

पक्वं तु केवलं शाकं योऽश्नीयात् स्नेहवर्जितम् ।
स पाचक इति ज्ञेय: शाकव्रतचरो नर: ॥ ४० ॥

१. पाचकचर्याव्रती साधक—जो स्नेहवर्जित किन्तु पका हुआ शाक भोजन करता है वह शाकव्रतचर्या वाला पुरुष 'पाचकशाकव्रती' कहा जाता है ॥ ४० ॥

घृतेन दध्ना पयसा मिश्रितं यस्तु भक्षयेत् ।
क्रमेण चाग्निना पक्वं पूरक: समुदाहृत: ॥ ४१ ॥

२. पूरकचर्याव्रती साधक—जो घी, दही, दूध से मिश्रित अथवा पक्व शाक का भोजन करता है वह साधक 'पूरकशाकव्रती' कहा जाता है ॥४१॥

आमं तु केवलं शाकं भक्षयेत् पशुवच्च य: ।
स निष्ठुर इति प्रोक्त: शाकव्रतचरो नर: ॥ ४२ ॥

३. निष्ठुरचर्याव्रती साधक—जो पशु के समान केवल कच्चा शाक खाता है वह 'निष्ठुरशाकव्रती' कहा जाता है ॥ ४२ ॥

मिश्रितं भक्षयेद्यस्तु शाकं मूलफलादिभि: ।
पक्वापक्वैर्यथायोगं स प्रकीर्णक उच्यते ॥ ४३ ॥

४. प्रकीर्णकचर्याव्रती साधक—जो पक्वापक्व मूल फलादि के साथ शाक भोजन करता है उसे प्रकीर्णक कहा जाता है ॥ ४३ ॥

५. यवव्रतचर्याकथनम्

यावकः सक्तुकश्चैव गोनिष्क्रान्तः समूत्रकः ।
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ता यवव्रतचरा नराः ॥ ४४ ॥

यवव्रतचारी साधक १. यावक, २. सक्तुक, ३. गोनिष्क्रान्त और ४. समूत्रक भेद से चार प्रकार कहे गये हैं ॥ ४४ ॥

यवैर्वेणुयवैश्चापि यवागूं यः पिवेत् सदा ।
स यावक इति प्रोक्तो यवव्रतचरो नरः ॥ ४५ ॥

१. यावकचर्याव्रती साधक—यव अथवा वेणु यव से निर्मित यवागू का जो यवव्रतचारी भोजन करता है, वह साधक 'यावकचर्याव्रती' कहा जाता है ॥ ४५ ॥

यवसक्तुं पिबेद्यस्तु घृताक्तं वापि केवलम् ।
तोयेन पयसा वापि सक्तुकः स उदाहृतः ॥ ४६ ॥

२. यवसक्तुकचर्याव्रती साधक—जो घृतमिश्रित अथवा केवल यवसक्तु अथवा जल अथवा दूध से मिश्रित यवसक्तु का भोजन करता है वह यवव्रतचारी साधक 'यवसक्तुकचर्याव्रती' कहा जाता है ॥ ४६ ॥

गोनिष्क्रान्तयवैर्यस्तु यवागूं पायसं तु वा ।
भुङ्क्ते घृताप्लुतां शश्वद् गोनिष्क्रान्तः स उच्यते ॥ ४७ ॥

३. गोनिष्क्रान्तचर्याव्रती साधक—गाय के पेट से निकले हुये यव का यवागू (हलुआ) अथवा पायस (खीर) बनाकर अथवा घी से परिप्लुत कर जो साधक निरन्तर भोजन करता है वह 'गोनिष्क्रान्तयवचर्याव्रती' कहा जाता है ॥ ४७ ॥

गोमूत्रे चैव संसिद्धां यवागूं वान्नमेव वा ।
स्नेहवर्जं तु यो भुङ्क्ते समूत्रक उदाहृतः ॥ ४८ ॥

४. समूत्रकचर्याव्रती साधक—गोमूत्र में संसिद्ध यवागू अथवा अन्न जो स्नेहवर्जित हो उसे जो साधक भोजन करता है वह 'समूत्रक यवचर्याव्रती' कहा जाता है ॥ ४८ ॥

६. पर्णव्रतचर्याकथनम्

पर्णी चैव स्वयंपाकी प्रवरः प्लविकस्तथा ।
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ताः पर्णव्रतचरा नराः ॥ ४९ ॥

...व्रतचारी साधक १. पर्णी, २. स्वयंपाकी, ३. प्रवर और ४. ... भेद से चार प्रकार के कहे गये हैं ॥ ४९ ॥

पर्णानि भक्षयेद्यस्तु केवलान्यपि सर्वशः ।
पर्णी चेति स विज्ञेयः पर्णव्रतचरो नरः ॥ ५० ॥

१. पर्णीचर्याव्रती साधक—जो केवल पत्ते चबाकर रहता है वह ...चारी 'पर्णीचर्याव्रती' कहा जाता है ॥ ५० ॥

पाण्डुं तत्र च संत्यक्तं स्वयमेव महीरुहैः ।
भक्षयेद्यः सदा पर्णं स्वयंपाकी स उच्यते ॥ ५१ ॥

२. स्वयंपाकीचर्याव्रती साधक—पत्तों वृक्षों के पत्ते जो स्वयं पक ...के ही पृथ्वी पर अपने आप गिर जाते हैं । उन्हें जो साधक ...करता है वह पर्णव्रतचारी भक्त 'स्वयंपाकीचर्याव्रती' साधक कहा ...है ॥ ५१ ॥

शुष्कैरेव सदा पर्णैर्यात्रां यश्चापि वर्तयेत् ।
प्रवरश्चोच्यते सोऽयं पर्णव्रतचरो नरः ॥ ५२ ॥

३. प्रवरचर्याव्रती साधक—जो भक्त सूखे पत्ते चबा कर अपनी ...का निर्वाह करता है वह पर्ण व्रतचारी साधक प्रवर कहा जाता ...२ ॥

...में ग्रन्थ लुप्त है)..............................

४. प्लविकचर्याव्रती साधक—जो भक्त जल में डूबकर कमल के ...को चबा कर अपनी प्राणयात्रा का निर्वाह करता है वह पर्ण ...साधक प्लविक कहा जाता है ॥ ५२ ॥

७. जलचर्याकथनम्

१. अहर्निश जलचर्याव्रती साधक—(यहाँ ग्रन्थ लुप्त है)............

२. पाक्षिक जलचर्याव्रती साधक—(यहाँ ग्रन्थ लुप्त है)............

तोये चैव सदा स्थित्वा तोयपानेन यश्चरेत् ।
स मासक इति प्रोक्तस्तोयव्रतचरो नरः ॥ ५३ ॥

३. मासकजलचर्याव्रती साधक—जो जल में स्थित होकर ... भक्षण कर अपनी प्राणयात्रा करता है वह तोयव्रतचारी मासक कहा जाता है ॥ ५३ ॥

एतेनैव तु यः स्थित्वा नियमेन दिने दिने ।
आत्मन्येवागतं तोयं पिबेन्नान्यत् कदाचन ॥ ५४ ॥
स गात्रिक इति प्रोक्तस्तोयव्रतचरो नरः ।

४. गात्रिकजलचर्याव्रती साधक—जो दिन प्रतिदिन इसी नियम से रहकर अपनी आत्मा में स्थित जल अपने आप पीकर निर्वाह करता है, अन्य कोई भी वस्तु कदापि ग्रहण नहीं करता । वह जल व्रतचारी 'गात्रिकजलचर्याव्रती' साधक कहा जाता है ॥ ५४-५५ ॥

८. वायुचर्याकथनम्

रसिको गान्धिकश्चैव शुद्धः सङ्कीर्णकस्तथा ॥ ५५ ॥
चत्वारस्तत्र संप्रोक्ता वायुव्रतचरा नराः ।

१. रसिक, २. गान्धिक, ३. शुद्ध एवं ४. सङ्कीर्णक ये चार वायु से व्रतचर्या करने वाले मनुष्य के भेद हैं ॥ ५५-५६ ॥

रसयुक्तस्तु यो वायुः फलादिभ्यः समुत्थितः ॥ ५६ ॥
तं त्रिः षड् भक्षयेद्यस्तु रसिकः स उदाहृतः ।

१. रसिकवायुचर्याव्रती साधक—फलादिकों से निकले हुये रसयुक्त वायु को १८ बार जो पीकर निर्वाह करता है वह वायुव्रतचारी रसिक वायुचर्याव्रती साधक कहा जाता है ॥ ५६-५७ ॥

भूमेरासारसंयोगे गन्धो यः सुरभिः स्मृतः ॥ ५७ ॥
वायुतस्तं समानीतं भक्षयेद्यस्तु गान्धिकः ।

२. गान्धिकवायुचर्याव्रती साधक—नवीन वर्षा होने पर पृथ्वी से निकले हुये वायु द्वारा आनीत गन्ध को पीकर जो साधक निर्वाह करता है वह गान्धिकवायुचर्याव्रती साधक कहा जाता है ॥ ५७-५८ ॥

शुद्धं तु केवलं वायुं भक्षयेद्यस्तु साधकः ॥ ५८ ॥
स शुद्ध इति संप्रोक्तो वायुव्रतचरो नरः ।

३. शुद्ध वायुचर्याव्रती साधक—जो साधक केवल शुद्ध वायु पीकर निर्वाह करता है वह वायुव्रतचारी 'शुद्ध वायुचर्याव्रती' साधक कहा जाता है ॥ ५८-५९ ॥

सङ्कीर्णं मिश्रितं यस्तु भक्षयेद्वायुमुद्वहन् ॥ ५९ ॥
स सङ्कीर्ण इति प्रोक्तो वायुव्रतचरो नरः ।

४. सङ्कीर्णकवायुचर्याव्रती साधक—जो साधक सङ्कीर्ण मिश्रित वायु को प्राप्त कर उसी का भक्षण कर प्राणयात्रा करता है वह वायुव्रतचारी 'सङ्कीर्णकवायुचर्याव्रती' साधक कहा जाता है ॥ ५९-६० ॥

एवं द्वात्रिंशद्भेदभागवतविवेचनम्

एते भागवताः प्रोक्ता द्वात्रिंशद्व्रतचारिणः ॥ ६० ॥

इस प्रकार उपर्युक्त चार गुणे आठ बराबर ३२ (बत्तीस) व्रतों से दिनचर्या करने वाले मनुष्य 'भागवत' कहे जाते हैं ॥ ६० ॥

नारायणपरायणाः मुनिविवेचनम्

अनेन तापसाः सर्वे द्वात्रिंशद्भेदमाश्रिताः ।
मुनित्वान्मुनयो जाता नारायणपरायणाः ॥ ६१ ॥

इन व्रतों को करने के कारण तपस्वियों के उपर्युक्त ३२ भेद किये गये । उन्हीं से अपनी दिनचर्या करने वाले भागवत जन मुनि होने के कारण नारायणपरायण मुनि कहे जाते हैं ॥ ६१ ॥

ग्रीष्मे पञ्चाग्निमध्यस्थाः प्रावृष्यपि शिलाशयाः ।
शरद्यातपिनः केचिद्धेमन्ते जलशायिनः ॥ ६२ ॥

कुछ तपस्वी ग्रीष्म काल में पञ्चाग्नि के मध्य में निवास करते हैं । वर्षा काल में खुले आकाश में पत्थर पर सोते हैं । कुछ शरत् काल में आतप सहन करते हैं । कुछ तपस्वी अपनी दिनचर्या हेमन्त में जल में शयन करते हुए करते हैं ॥ ६२ ॥

शिशिरे खशयाः केचिद्वसन्ते स्थानमाश्रिताः ।
पादेनैकेन तिष्ठन्ति केचिद्वैखानसा नराः ॥ ६३ ॥

कुछ शिशिर में खुले आकाश में सोते हैं । कुछ वैखानस तपस्वी वसन्त में अपने स्थान पर रहकर एक पैर से खड़े रहते हैं ॥ ६३ ॥

.... केचिच्च यतयोऽभवन् ।
सञ्जाता नैष्ठिकाः केचित् केचिद्भागवतव्रताः ॥ ६४ ॥

इस प्रकार ....कुछ 'यति' हो जाते हैं, कुछ नैष्ठिक ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं । कोई भगवान् की भक्ति करते हैं ॥ ६४ ॥

अनन्यदेवताभक्ताः पञ्चकालमुपासकाः ।
अष्टाक्षरपराः केचिद् द्वादशाक्षरतत्पराः ॥ ६५ ॥

कोई अनन्य देवता के भक्त पञ्चकाल में भगवान् की उपासना करते हैं । कुछ अष्टाक्षर जप परायण हो जाते हैं और कुछ द्वादशाक्षर जप परायण होते हैं ॥ ६५ ॥

केचित्तु विष्णुगायत्र्या परावरपरा नराः ।
नारसिंहपराः केचित् षडक्षरपरायणाः ॥ ६६ ॥
पञ्चोपनिषदाः केचिन्नवाक्षरपरायणाः ।

कुछ विष्णुगायत्री के जप में परायण रहते हुए तपस्या करते हैं । कुछ नारसिंह की उपासना में निरत रहते हैं । कुछ षडक्षर मन्त्र परायण होते हैं । कुछ पञ्चोपनिषद् का पाठ करते हैं । कुछ साधक नवाक्षर मन्त्र के जप में परायण रहते हैं ॥ ६६-६७ ॥

तपसा प्राप्यते सर्वं तपसा दृश्यते परम् ।
एवं हि तपसा लब्ध्वा तपोध्यानपरो भवेत् ॥ ६७ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम्
ऋषिरात्रे तपोऽध्यायश्चतुर्थः ॥ ४ ॥

तपस्या से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है, तपस्या से परब्रह्म परमात्मा का दर्शन हो जाता है, इस प्रकार तपस्या से सब कुछ प्राप्त कर तप और ध्यान में निरत होना चाहिये ॥ ६७ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के तपोध्याय नामक चतुर्थ अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ४ ॥

ऋषिरात्रे
पञ्चमोऽध्यायः
पुष्पयागकथनम्

...कुमार उवाच—

.... ।
.... **पुष्पयागं तथैव च ॥ १ ॥**

...कुमार ने कहा—........................

.... पुष्पयाग कहता हूँ ॥ १ ॥

पुष्पयागे पुष्पभेदकथनम्

पञ्चवर्णानि पुष्पाणि जायते रंगभेदतः ।
शुद्धवर्णानि चैतानि मिश्रितान्यपराणि तु ॥ २ ॥

...भेद से पाँच वर्ण के पुष्प होते हैं । ये शुद्ध वर्ण वाले होते हैं । ...अन्य मिश्रित पुष्प मिश्र कहे जाते हैं ॥ २ ॥

पञ्चावरणमण्डलनिर्माणकथनम्

वृन्तं कर्णिकया छित्त्वा पर्णान्यपि च सर्वशः ।
ऊहापोहविधानज्ञः क्रियायोगविचक्षणः ॥ ३ ॥
कुर्यात् तन्मण्डले पुष्पं यथावर्णानुपूर्वशः ।

...ऊहापोह के विधान को जानने वाला क्रियायोग में दक्ष साधक ...से वृन्त (गुच्छे) तथा पत्तों को अलग करे । फिर उपर्युक्त ...में वर्णों के अनुकूल पुष्पों से रचना करे ॥ ३-४ ॥

यथावर्णानुपूर्वशः तन्मण्डले पुष्पप्रयोगकथनम्

पीतैस्तु कर्णिका कार्या पीतरक्तैस्तु केसरः ॥ ४ ॥
कर्णिकावलयं कुर्याद्रक्तैर्वा हरितैस्तु वा ।
यत् केसरान्तर्वलयं श्वेतैस्तत् परिकल्पयेत् ॥ ५ ॥

पीत वर्ण के पुष्पों से कर्णिका निर्माण करे । पीत एवं रक्त पुष्पों से केसर निर्माण करे । हरित अथवा रक्त वर्ण से कर्णिका का आवरण (गोलाइ का) निमार्ण करे और केसर के भीतर रहने वाला वलय श्वेत पुष्पों से निर्माण करे ॥ ४-५ ॥

दलानां पूर्वभागं तु श्वेतरक्तविमिश्रितैः ।
रक्तैस्तु केवलैः कुर्याद्दलान्तानि विचक्षणः ॥ ६ ॥

दलों का पूर्व भाग श्वेत रक्त विमिश्रित वर्ण वाले पुष्पों से निर्माण करे । विलक्षण साधक दलों के अन्त भाग का निर्माण केवल रक्त वर्ण के पुष्पों से करे ॥ ६ ॥

सन्धिरेखा दलानां तु श्यामैस्तु परिकल्पयेत् ।
दलान्तर्वलयं कुर्याद्धरितैः कुसुमैः शुभैः ॥ ७ ॥

दलों की सन्धि रेखा श्याम वर्ण के पुष्पों से निर्माण करे और दलों के भीतरी वलय का निर्माण हरित शोभा वाले पुष्पों से करे ॥ ७ ॥

नाभीरेव ततः पश्चात् सितैः कुर्याद्विचक्षणः ।
मध्यरेखां ततः पश्चात् सितैः कुर्याद्विचक्षणः ॥ ८ ॥

इसके पश्चात् विचक्षण साधक केवल नाभि श्वेत पुष्पों से तथा मध्य रेखा श्वेत पुष्पों से निर्माण करे ॥ ८ ॥

अन्तरेखां ततः कुर्याद्रक्तैस्तु कुसुमैः शुभैः ।
अन्तरान्तररेखास्तु हरितैः कल्पयेद्बुधः ॥ ९ ॥

इसके बाद रक्त पुष्पों से भीतरी रेखा निर्माण करे । फिर बुद्धिमान् साधक भीतरी रेखा के भी भीतर की रेखा हरितवर्ण के पुष्पों से कल्पित करे ॥ ९ ॥

नेम्यादिवलयं कृष्णैर्नेम्यन्तवलयं सितैः ।
नेमिं पीतैस्तु कुर्वीत रक्तैर्वापि विचक्षणः ॥ १० ॥
पञ्चावरणमेतत्तु मण्डलं परिकीर्तितम् ।

नेमि का आदि वलय काले पुष्पों से तथा नेमि के अन्त का वलय श्वेत पुष्पों से बनावे । नेमि केवल पीत वर्णों से, अथवा रक्त वर्णों से निर्माण करे । यहाँ तक पञ्चावरण मण्डल के निर्माण का विधान कहा गया है ॥ १० ॥

दलादौ दलसंधौ च दलान्ते च यथाक्रमम् ॥ ११ ॥
तत्त्वविन्यासयोगेन स्थितमावरणत्रयम् ।
अरादौ चाप्यरान्ते च स्थितमावरणद्वयम् ॥ १२ ॥

इस प्रकार आदि में, दल के संधि में और दल के अन्त में तत्त्वविन्यास योग से तीन आवरण हुए । इसके बाद अरादि में अरा के अन्त में दो आवरण हुये । ये पञ्चावरण प्रयोग मण्डल कहे गये है ॥ ११-१२ ॥

बहिरावरणत्रयकथनम्

कथयामि यथायोगं बहिरावरणत्रयम् ।
बहिरर्गलरेखां तु पीतैः पूर्वां तु कल्पयेत् ॥ १३ ॥

अब यथायोग बाहर के तीन आवरणों को कहता हूँ । सर्व प्रथम पीत पुष्पों से अर्गल रेखा का निर्माण करे ॥ १३ ॥

द्वितीयां पीतवर्णैस्तु कल्पयेच्च विचक्षणः ।
तृतीयां हरितैः कुर्यात् सर्वा वा हरितैरपि ॥ १४ ॥
एभिः पद्मानि सर्वाणि पूर्वोक्तक्रमयोगतः ।

विचक्षण साधक इसी प्रकार पीत पुष्पों से द्वितीय रेखा बनावे । तृतीय रेखा हरितवर्ण के पुष्पों से अथवा सभी को हरित वर्ण के पुष्पों से निर्माण करे । इसी प्रकार पूर्वोक्त क्रमयोग से सभी पद्मों की रचना करे ॥ १४ ॥

मण्डलस्य प्रमाणादिविवेचनम्

मण्डलस्य प्रमाणं च नामभेदविधिस्तथा ॥ १५ ॥
तत्त्वानामपि नामानि संख्यायाः क्रम एव च ।
बहिरावरणभेदश्च दैवतानि च सर्वशः ॥ १६ ॥
द्वाराणि मण्डलस्यापि द्वाराणां क्रम एव च ।
तोरणानां क्रमश्चापि यागमण्डपलक्षणम् ॥ १७ ॥
कलशानां तु विन्यासः पताकानां च लक्षणम् ।
कथितं ब्रह्मरात्रे तु विशेषं कथयामि वः ॥ १८ ॥

१. मण्डल का प्रमाण, २. नामभेद का प्रकार, ३. तत्त्वों के नाम, ४. संख्या क्रम, ५. बाहरी आवरण के भेद, ६. उनके देवता और ७. मण्डल के द्वार, ८. द्वारों के क्रम, ९. याग मण्डप के लक्षण, १०.

कलशों का विन्यास तथा ११. पताकाओं के लक्षण यह सब ब्रह्मरात्र में कह दिया गया है । अब यहाँ पुष्पयाग के विषय में विशेष बातें कही जा रही हैं ॥ १५-१८ ॥

पुष्पयागे वर्ज्यकर्मविवेचनम्

तिलहोमं पद्महोमं मधुहोमं च वर्जयेत् ।
अधिवासं न कुर्यात्तु नववस्त्रादिसंग्रहम् ॥ १९ ॥

इस पुष्पयाग में तिलहोम, पद्महोम तथा मधुहोम वर्जित करे। अधिवास तथा नववस्त्रादि का संग्रह न करे ॥ १९ ॥

दक्षिणानां प्रदानं च न शिष्यशिरवेष्टनम् ।
न शिरःस्पर्शनं चापि विद्यते तु कदाचन ॥ २० ॥

विद्वान् दक्षिणादान, शिष्य को शिरोवेष्टन तथा उसके शिर का स्पर्श सर्वथा वर्जित करे ॥ २० ॥

शेषं सर्वं तु पूर्वोक्तं दीक्षा चापि तथाविधा ।
समिद्घृतं चरुश्चापि द्रव्यं वै होमकर्मणि ॥ २१ ॥
सहस्राहुतयश्चापि कार्याश्चैव पृथक् पृथक् ।

आचार्य शेष सब पूर्वोक्त विधि से तथा दीक्षा भी पूर्वोक्त विधि से करे । समिधा, घृत एवं चरु होमकर्म के द्रव्य कहे गए हैं । पृथक् पृथक् द्रव्यों से सहस्र आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ २०-२१ ॥

बहिरावरणे प्रयोज्य नैवेद्यकथनम्

पायसं कृसरं चापि हरिद्रान्नं गुडौदनम् ॥ २२ ॥
अपूपानि च सर्वाणि फलानि विविधानि च ।
निवेद्यं च प्रयोज्यानि बहिरावरणे क्रमात् ॥ २३ ॥

विचक्षण साधक पायस, कृसर, हरिद्रा युक्त अन्न, गुडौदन, अपूप, सब प्रकार के फल तथा विविध नैवेद्यों का प्रयोग बाहर के आवरण में करे ॥ २०-२३ ॥

प्रथमावरणे दद्याद् गुडान्नं तु विचक्षणः ।
द्वितीयावरणे दद्यात् पायसं च विचक्षणः ॥ २४ ॥

विचक्षण साधक प्रथम आवरण में गुडान्न का नैवेद्य प्रदान करे और द्वितीय आवरण में विचक्षण साधक पायस का प्रयोग करे ॥ २४ ॥

हरिद्रान्नं बहिर्दद्याद् बलिं पारिषदप्रियम् ।
श्रपयित्वाप्यपूपानि सर्वत्र विनियोजयेत् ॥ २५ ॥

विचक्षण साधक हरिद्रान्न बाहर के आवरण में देवे क्योंकि देवों के पार्षद गण बलि-प्रिय होते हैं, इसलिये उन्हें बलि प्रदान करे । अपूप पका कर सर्वत्र प्रदान करे ॥ २५ ॥

शरावे दधिशुद्धान्नं निवेद्यानि निवेदयेत् ।
फलान्यपि च सर्वाणि सर्वेषां तु निवेदयेत् ॥ २६ ॥

शराव (पुरवा) में दही मिला कर शुद्धान्न प्रदान करे । समस्त फल भी निवेदन करे ॥ २६ ॥

प्रयोज्य नैवेद्यस्य प्रयोगे दिक्कथनम्

प्राच्यां तु प्राङ्मुखो भूत्वा निवेद्यानि निवेदयेत् ।
आग्नेये प्राङ्मुखश्चैव दक्षिणे दक्षिणामुखः ॥ २७ ॥

पूर्व दिशा में निवेद्य वस्तु पूर्वाभिमुख होकर प्रदान करे । आग्नेय कोण में निवेद्य वस्तु पूर्वाभिमुख होकर निवेदन करे । दक्षिण में निवेद्य दक्षिणाभिमुख होकर निवेदन करे ॥ २७ ॥

प्रत्यङ्मुखो निर्ऋत्यां तु प्रतीच्यां च तथा पुनः ।
प्रत्यङ्मुखस्तु वायव्ये उदीच्यां चाप्युदङ्मुखः ॥ २८ ॥
प्राङ्मुखश्च तथेशाने पूजयेच्च विचक्षणः ।
एवं द्वितीयावरणे तृतीयावरणेऽपि च ॥ २९ ॥

निर्ऋति में निवेद्य वस्तु पूर्वाभिमुख होकर निवेदन करे । इसी प्रकार उत्तर दिशा में निवेद्य वस्तु उत्तराभिमुख तथा ईशान में निवेदनीय वस्तु पूर्वाभिमुख होकर निवेदन करे । इसी प्रकार द्वितीय आवरण में तथा तृतीय आवरण में भी निवेदन करे ॥ २८-२९ ॥

दले चाभिमुखे दद्यान्निवेद्यं सर्वमेव तु ।
विधिना चार्चयित्वैवं शिष्यं हस्तेऽपि दक्षिणे ॥ ३० ॥
संगृह्य दक्षिणेनैव पुष्पाञ्जलिसमन्वितः ।
नीत्वा प्रदक्षिणं शिष्यं मण्डलं तु प्रवेशयेत् ॥ ३१ ॥

दल में सम्मुख होकर समस्त निवेदनीय वस्तु निवेदन करे । इस प्रकार आचार्य मण्डल की अर्चना कर शिष्य का दाहिना हाथ अपने

दाहिने हाथ से पकड़ कर पुष्पाञ्जलि समन्वित होकर उसे अपने दाहिने लेकर मण्डल में प्रवेश करावे ॥ ३०-३१ ॥

आराधयित्वा तेनापि गन्धपुष्पादिभिः क्रमात् ।
व्रतानि शिक्षयित्वाथ शिष्यमापादयेत् ततः ॥ ३२ ॥

फिर गन्धपुष्पादि द्वारा उसे भी अर्चन कराकर उसे व्रत की शिक्षा देकर अपना शिष्य बनावे ॥ ३२ ॥

प्रयोज्य मण्डले प्रवेशाचारकथनम्

प्रथमावरणे चैव ब्राह्मणस्य प्रवेशनम् ।
द्वितीयावरणे चैव क्षत्रियस्य प्रवेशनम् ॥ ३३ ॥
तृतीयावरणे चापि वैश्यस्यापि प्रवेशनम् ।
बहिरेव स्थितिः प्रोक्ता स्त्रीशूद्राणां तु सर्वदा ॥ ३४ ॥
न मण्डलप्रवेशस्तु स्त्रीशूद्राणां विधीयते ।
मोहात् प्रवेशयेदेतानाचार्योऽज्ञानतोऽपि वा ॥ ३५ ॥
पतन्ति नरके घोरे निष्कृतिश्च न विद्यते ।

ब्राह्मण शिष्य प्रथमावरण में प्रवेश करे, क्षत्रिय शिष्य द्वितीय आवरण में, वैश्य शिष्य तृतीयावरण में प्रवेश करे । स्त्री और शूद्रों की स्थिति सर्वदा बाहर ही कही गई है । स्त्री और शूद्र का मण्डप प्रवेश विहित नहीं है । यदि आचार्य लोभ मोह अज्ञान वश उन्हें मण्डप में प्रवेश कराता है तब आचार्य सहित समस्त लोग घोर नरक में गिरते हैं जिसकी कोई निष्कृति नहीं होती ॥ ३३-३५ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन स्त्रीशूद्रान् न प्रवेशयेत् ॥ ३६ ॥

इसलिये स्त्री और शूद्रों को कदापि प्रवेश न करावे ॥ ३६ ॥

वैदिकं तान्त्रिकं चैव तथा वैदिकतान्त्रिकम् ।
मन्त्रत्रयं क्रमेणोक्तं दीक्षितानां तु मण्डले ॥ ३७ ॥

दीक्षित साधकों के मण्डप में मन्त्र के १. वैदिक, २. तान्त्रिक और ३. वैदिक-तान्त्रिक - ये तीन भेद कहे गये हैं ॥ ३७ ॥

दीक्षितानां मन्त्राचारविधिकथनम्

सर्वेषां समयाचाराः साधारणविधानतः ।
केचिच्च तान्त्रिकैर्मन्त्रैः केचिद्वैदिकतान्त्रिकैः ॥ ३८ ॥

वैदिकैरेव केचिच्च पूजयन्ति सदा हरिम् ।
प्रायशो दीक्षितानां तु तान्त्रिकं बलवत्तरम् ॥ ३९ ॥

साधारण विधान से ये सभी के समयाचार है । कुछ लोग तान्त्रिक से, कुछ लोग वैदिक-तान्त्रिक दोनों से तथा कुछ लोग केवल मन्त्रों से सदा भगवान् विष्णु की पूजा करते हैं । किन्तु दीक्षितों को तान्त्रिक विधि ही बलवत्तर कही गयी है ॥ ३८-३९ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन तांन्त्रिकं न तु वर्जयेत् ।
स्त्रीशूद्रौ दीक्षयेन्नित्यं वायव्ये चैव मण्डले ॥ ४० ॥

इसलिये आचार्य सब प्रकार से अर्चना में तान्त्रिक विधि वर्जित न करे। स्त्री और शूद्र को वायव्य मण्डल में नित्य दीक्षित करे ॥ ४० ॥

दीक्षितानां मण्डलादिविधिकथनम्

आग्नेये तु तथा वैश्यं माहेन्द्रे क्षत्रियं तथा ।
वारुणे ब्राह्मणं चापि विधिना दीक्षयेन्नरः ॥ ४१ ॥

वैश्य को आग्नेय मण्डल में, क्षत्रिय को पूर्व मण्डल में और ब्राह्मण को वारुण (पश्चिम) मण्डल में आचार्य दीक्षित करे ॥ ४१ ॥

वायव्य एव शूद्रश्च स्त्री चापि प्रविशेत् क्रमात् ।
वायव्ये चापि चाग्नेये वैश्यो दीक्षामवाप्नुयात् ॥ ४२ ॥

स्त्री और शूद्र को क्रमशः वायव्य दिशा से ही प्रवेश करावे और वायव्य एवं आग्नेय में वैश्य दीक्षा प्राप्त करे ॥ ४२ ॥

तयोस्तु चापि माहेन्द्रे क्षत्रियः प्रविशेत् ततः ।
एतेष्वपि च सर्वेषु वारुणे चापि नित्यशः ॥ ४३ ॥

क्षत्रिय साधक वायव्य, आग्नेय तथा माहेन्द्र से दीक्षा के लिये प्रवेश करे। ब्राह्मण इन तीनों से तथा पश्चिम से भी नित्य दीक्षा के लिये प्रवेश करे ॥ ४३ ॥

दीक्षितानां मण्डले प्रवेशफलकथनम्

ब्राह्मणः प्रविशेद्दीक्षां फलानन्त्यं समश्नुते ।
उक्तः खलु विशेषस्तु ब्रह्मरात्रे पुरा किल ॥ ४४ ॥

ब्राह्मण दीक्षा में प्रवेश करे तो अनन्त फल प्राप्त करता है । यहाँ और भी विशेष बातें हैं, ब्रह्मरात्र में पहले कह दिया है ॥ ४४ ॥

नारायणाभिधाने तु मण्डले चान्यथा क्रमः ।
तत्र द्विजातयो योग्या दीक्षाकर्मणि सर्वदा ।
न शूद्रास्तत्र सर्वे च मण्डलेष्वधिकारिणः ॥ ४५ ॥

॥ इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् ऋषिरात्रे पुष्पयागाध्यायः पञ्चमः ॥ ५ ॥

नारायणाभिधान नामक ग्रन्थ में मण्डल के विषय में कुछ अन्य बातें कही गई हैं। वहाँ मात्र द्विजाति ही दीक्षा कर्म के योग्य अधिकारी कहे गये हैं सभी शूद्र, मण्डल प्रवेश के अधिकारी नहीं है ॥ ४५ ॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के पुष्पयागाध्याय नामक पञ्चम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ५ ॥

ऋषिरात्रे

षष्ठोऽध्यायः

बलिदानकर्मविधानम्

सनत्कुमार उवाच—

बलिदानक्रमं वक्ष्ये येन तुष्यन्ति देवताः ।
बलिपात्रं भवेन्मुख्यं तत्र तिष्ठन्ति देवताः ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—अब बलिदान कर्म कहता हूँ जिसके करने से देवता संतुष्ट होते हैं। बलिदान में विषेशतः बलिपात्र मुख्य हैं क्योंकि देवता उसी में स्थित रहते हैं ॥ १ ॥

बलिपात्रकथनम्

सौवर्णं राजतं वापि तथा ताम्रमयं तु वा ।
पात्रमेवात्र संप्रोक्तं यथावित्तानुसारतः ॥ २ ॥

१. सुवर्ण, २. रजत तथा ३. ताम्रमय पात्र इसमें होना चाहिये। अपने वित्त के अनुसार साधक कोई भी पात्र निर्माण करावे ॥ २ ॥

वृत्तं वा चतुरस्रं वा बलिपात्रं तु कारयेत् ।
पद्मपत्रं लिखेत् सम्यक् कर्णिकाकेसरान्वितम् ॥ ३ ॥

यह बलिपात्र गोला अथवा चौकोर होना चाहिये। उस बलि पात्र में कर्णिका केसरयुक्त पद्मपत्र लिखे ॥ ३ ॥

तद् द्वादशदलं वृत्ते चतुरस्रेऽष्टपत्रकम् ।
यद् द्वादशदलं तत्र दले द्वादश देवताः ॥ ४ ॥

गोलाकार पात्र में द्वादशदल का कमल और चौकोर पात्र में अष्टपत्र कमल बनावे। द्वादश कमल के दल में द्वादश देवताओं का निवास रहता है ॥ ४ ॥

बलिपात्रगाः विष्णवाद्याः देवताः विधानम्

मासाश्च द्वादश प्रोक्ता विष्णवाद्याः क्रमयोगतः ।

रुद्रादित्यास्तु वसवश्चाश्विनौ मरुतस्तथा ॥ ५ ॥
नागाश्चाप्सरसश्चैव गन्धर्वाः किन्नरा अपि ।
माहेन्द्रसंहितायां तु द्रष्टव्यास्ते यथादिशम् ॥ ६ ॥

ये देवता विष्ण्वादि द्वादश मास कहे गये हैं । रुद्र, आदित्य, वसु, अश्विनी, मरुत, नाग, अप्सरायें, गन्धर्व एवं किन्नरों को महेन्द्रसंहिता के अनुसार दिशाओं के क्रम से स्थापित करे ॥ ५-६ ॥

अत्र वै कर्णिकायां तु मध्ये नारायणः स्थितः ।
स्थाने तिष्ठन्ति सर्वत्र सर्वेऽथ बलिपात्रगाः ॥ ७ ॥

यहाँ कर्णिका के मध्य में भगवान् नारायण स्थित रहते हैं । सभी पात्र के सभी देवता अपने अपने स्थान पर स्थित रहते हैं ॥ ७ ॥

अन्ये तु पात्रपर्यन्ते विष्णुपारिषदाः स्मृताः ।
वासुदेवः स्थितो देवः कर्णिकायां सुरेश्वरः ॥ ८ ॥

अन्य विष्णु के पारिषद् पात्र के अन्त में स्थित रहते हैं । कर्णिका में सुरेश्वर वासुदेव देवता स्थित रहते हैं ॥ ८ ॥

अष्टपत्रे ततः पद्मे स्थिता देवाः समूर्तयः ।
वासुदेवस्तथाग्नेये नैर्ऋते कर्षणस्तथा ॥ ९ ॥
प्रद्युम्नश्चापि वायव्ये अनिरुद्धस्तथोत्तरे ।
शान्तिरैन्द्रे स्थिता देवी श्रीः स्थिता दक्षिणे दले॥ १० ॥

इसके अनन्तर अष्टपत्र के पद्म में मूर्त्ति के साथ देवताओं की स्थिति हैं । आग्नेयकोण में वासुदेव, नैर्ऋत्य में सङ्कर्षण, वायव्य में प्रद्युम्न, उत्तर में अनिरुद्ध, पूर्व में शान्ति और दक्षिण के दल में श्री देवी स्थित रहते हैं ॥ ९-१० ॥

सरस्वती पश्चिमे तु रतिश्चाप्युत्तरे स्थिता ।
ततो दलावसाने तु अष्टौ विघ्नेश्वरास्तथा ॥ ११ ॥

सरस्वती पश्चिम में और उत्तर में रति स्थित हैं । इसके बाद दलावसान में आठ विघ्नेश्वरों की स्थिति है ॥ ११ ॥

प्राच्यामादिवराहस्तु नारसिंहस्तु दक्षिणे ।
पश्चिमे श्रीधरश्चैव उत्तरे हयशीर्षकः ॥ १२ ॥
आग्नेये भार्गवो रामो नैर्ऋते राम एव च ।

वायव्ये वामनश्चैव वासुदेवस्तथैश्वरे ॥ १३ ॥

पूर्व में आदि वराह, दक्षिण में नारसिंह, पश्चिम में श्रीधर, उत्तर में ... आग्नेय में भार्गव राम, नैर्ऋत्य में दाशरथी राम, वायव्य में ... और ईशान में वासुदेव स्थित हैं ॥ १२-१३ ॥

ततः पारिषदाः सर्वे पर्यन्ते तु व्यवस्थिताः ।
बलिपात्रविधिश्चोक्तो बलिद्रव्यं वदामि वः ॥ १४ ॥

इसके बाद सबके अन्त में विष्णु पारिषदों की स्थिति है । बलिपात्र ... पहले कह आये हैं । अब बलिद्रव्यों को कहता हूँ ॥ १४ ॥

बलिद्रव्यकथनम्

व्रीहयश्च यवा मुद्गाः प्रियङ्गुतिलवेणुकाः ।
श्यामाकाश्चापि नीवाराः प्रशस्ता बलिकर्मणि ॥ १५ ॥

बलिद्रव्य कथन-१. व्रीहि, २. यव, ३. मूँग, ४. प्रियङ्गु, ५. ... ६. वेणुक, ७. सॉवॉ और ८. नीवार ये धान्य बलिकर्म में ... कहे गये हैं ॥ १५ ॥

फलं दशगुणं प्रोक्तमेतेषामुत्तरोत्तरम् ।
एतानि चैव संगृह्य समयी भूतले शुचौ ॥ १६ ॥
आलिप्ते चैव गोमयात् गोचर्मणि शुभेऽपि वा ।
पादेन मर्दयेन्नापि न स्पृशेन्नाप्यदीक्षितैः ॥ १७ ॥

... उत्तरोत्तर दश गुणा फल होता है । समयी इतनी वस्तुओं का ... से लिपी हुई शुद्धि भूमि में मर्दन करे, अथवा शुद्ध गोचर्म पर ... पैर से मर्द्दन न करे, न हाथ से मर्द्दन करे और ... से भी मर्द्दन न करावे ॥ १६-१७ ॥

बलिदानप्रयोगकथनम्

भूतले मण्डलं कृत्वा पिष्टचूर्णैरलंकृते ।
विकिरेदातपे पत्रे प्रणम्याञ्जलिमुद्रया ॥ १८ ॥

... मर्दन के पश्चात् मण्डल बना कर पिष्टचूर्ण से अलङ्कृत पृथ्वी ... मुद्रा से प्रणाम कर उसे पत्ते पर घाम में फैला देवे ॥१८॥

शुष्केषु चैव धान्येषु प्रक्षाल्योलूखलं शुभम् ।
प्रक्षाल्य मुसलं चापि क्रमेणाचम्य दीक्षितः ॥ १९ ॥

अञ्जल्या प्रक्षिपेद् व्रीहीन् स्मृत्वा विष्णुमुलूखले ।
भूमावुलूखलं न्यस्य लिप्तायां गोमयेन तु ॥ २० ॥

जब धान सूख जावे तब दीक्षित पुरुष आचमन कर गोमय से उपलिप्त उसे भूमि में उलूखल रखकर जल से प्रक्षालित करे । उसी प्रकार मुसल भी प्रक्षालित करे । फिर विष्णु का स्मरण करते हुये अञ्जलि द्वारा उलूखल में धान्य डाल देवे ॥ १९-२० ॥

बलिदानद्रव्यप्रयोगकथनम्

पिष्टचूर्णविचित्रायां प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः ।
मूलमन्त्रेण मुसलं ततो मुसलमुद्रया ॥ २१ ॥
गृहीत्वा प्रक्षिपेत् तत्र त्रिकृत्वो मूलविद्यया ।
रक्षामुद्रां ततः कृत्वा वैष्णवीभिस्तु कुट्टयेत् ॥ २२ ॥

पिसान के चूर्ण से विचित्रित भूमि में पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख होकर मुसल मुद्रा प्रदर्शित कर मूल मन्त्र से मुसल पकड़ कर मूलविद्या का तीन बार पाठ कर रक्षा मुद्रा दिखा कर विष्णु दीक्षा सम्पन्न स्त्रियों द्वारा उसे कुटवावे ॥ २१-२२ ॥

शूर्पेण तन्नियुक्तेन त्वपनीय तुषादिकम् ।
उलूखले ततः कृत्वा त्वचामप्यपनुत्तये ॥ २३ ॥
शूर्पेण धुनुयादत्र कणादीनपनीय तु ।
बलिकर्मणि गृह्णीयात् तदलाभे वदाम्यतः ॥ २४ ॥

सर्व प्रथम धान को प्रक्षालन के लिये लाये गये शूर्प से उसमें रहने वाले भूसा इत्यादि को दूर करे । फिर उलूखल में उसके भूसी को दूर करने के लिये कुटवावे । तदनन्तर शूप से पछोर कर उसके भूसी कना आदि को दूर करे । इस प्रकार बलिकर्म के लिये उस धान्य को ग्रहण करे । उसके न कर सकने पर दूसरा प्रकार कहता हूँ ॥ २३-२४ ॥

बलिदानप्रयोगान्तरकथनम्

दीक्षितानां गृहे वापि वैष्णवानां गृहेऽपि वा ।
व्रीहीनदुष्टानानीय गन्धवार्याद्यदूषितान् ॥ २५ ॥

दीक्षितों के घर से अथवा वैष्णवों के घर से गन्धवारि से अदूषित शुद्ध व्रीहि ले आवे ॥ २५ ॥

अतोयनिम्नानक्लिन्नान् प्रीतिदत्तान् प्रगृह्य वै ।

पूर्वोक्तेन विधानेन शोधयित्वा महीतले ॥ २६ ॥
तथैव पूर्ववत् कृत्वा बलिकर्मणि योजयेत् ।
तदलाभे विधिं पश्चात् प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वशः ॥ २७ ॥

... सूखे हुये, जलरहित, भूसी कन्ना से रहित, प्रीतिपूर्वक दिये ... धान्य को लेकर पूर्वोक्त रीति से महीतल पर शुद्ध कर पूर्ववत् ... की क्रिया संपादन कर बलिकर्म के लिये उस धान्य का ... करे । उसके भी अप्राप्य होने पर आनुपूर्वी विधि अब पीछे कह ... ॥ २६-२७ ॥

वैष्णवानां गृहे रम्ये दीक्षितानां विशेषतः ।
तण्डुलान् वै प्रगृह्णीयाद्विष्णुना चापि साधकः ॥ २८ ॥

... के मनोहर गृह से, विशेषकर दीक्षितों के गृह से अथवा ... से साधक तण्डुल ग्रहण करे ॥ २८ ॥

अकणानतुषानेव क्रिमिकीटविवर्जितान् ।
केशपाषाणहीनांश्च नखाङ्गारादिवर्जितान् ॥ २९ ॥
अक्लिन्नानप्यनिम्नांश्च अभग्नानलघूनपि ।
गृह्णीयान्मूलमन्त्रेण स्पृष्ट्वा प्रसृतिमुद्रया ॥ ३० ॥

... खुद्दी भूसी से रहित हो, कृमिकीट विवर्जित हो, केश पाषाण ... हो, नाखून कोयला से वर्जित हो, आर्द्रता तथा निम्नस्थान से ... हो, टूटा-फूटा न हो, छोटा न हो, ऐसे चावल को प्रसृति मुद्रा ... कर मूल मन्त्र पढ़ते हुये ग्रहण करे ॥ २९-३० ॥

बलिप्रयोगे अशुद्धद्रव्यस्य फलकथनम्

कणैस्तु भवति व्याधिस्तुषैर्दारिद्र्यसंभवः ।
क्रिमिभिः पुत्रनाशः स्यात् कीटैर्बन्धुक्षयो भवेत्॥ ३१ ॥
केशैस्तु दारनाशः स्यात् पाषाणैरशनेर्वधः ।
नखेन चापमृत्युश्चाप्यङ्गारैरग्निनाशनम् ॥ ३२ ॥

...युक्त तण्डुल से व्याधि, भूसी से दरिद्रता, कृमि से पुत्रनाश, ... से बन्धु विनाश, केश से स्त्रीनाश, पत्थर के कणों से बिजली के ..., नख युक्त होने से अपमृत्यु एवं कोयला युक्त होने से आग ... विनाश होता है ॥ ३१-३२ ॥

क्लिन्नैः प्राप्नोति चोद्बन्धं निम्नैस्तोयभयं भवेत् ।

भग्नैस्तु देहभङ्गः स्याल्लघुभिश्चावसादनम् ॥ ३३ ॥

आर्द्र होने से बन्धन, निम्न जाति से जल का भय, टूटा-फूटा होने से शरीर का भङ्ग और लघु होने से दुःख प्राप्त होता है ॥ ३३ ॥

पापस्पृष्टैरनारोग्यं विधिहीनैर्विधिक्षयः ।
कर्तुः कारयितुर्वापि भवत्येव न संशयः ॥ ३४ ॥

अशुद्ध तथा पाप के स्पर्श से अनारोग्य और विधिहीन होने से विधि का क्षय इतने दोष कर्त्ता और कराने वाले को होते हैं—इसमें संशय न करे ॥ ३४ ॥

तण्डुलैस्तु बलिः प्रातर्मध्याह्ने चरुणैव तु ।
पुष्पैरेव बलिः सायं सर्वदाप्येभिरेव वा ॥ ३५ ॥

प्रातःकाल में तण्डुल से, मध्याह्न में चरु से और सायंकाल में केवल पुष्प से बलि देनी चाहिए, अथवा सभी काल में भक्त को इन्हीं वस्तुओं से बलि देनी चाहिये ॥ ३५ ॥

बलिप्रयोगे मन्त्रादिकथनम्

प्रा....... पुष्पै .... ।
प्रातर्वै ब्रह्ममुद्रां तु दर्शयित्वा विचक्षणः ॥ ३६ ॥
तण्डुलान् क्षालयेत् तोयैर्ब्रह्मबीजेन साधकः ।
पात्रे तु प्रक्षिपेत् पश्चान्मूलमन्त्रेण मन्त्रवित् ॥ ३७ ॥

.... विचक्षण साधक प्रातःकाल ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित कर ब्रह्म बीज मन्त्र से जल द्वारा चावल का प्रक्षालन करे। फिर मूलमन्त्र से पात्र में उस चावल को डाल देवे ॥ ३६-३७ ॥

चुल्ल्यामारोपयेत् पश्चाद्बीजेन परमेष्ठिना ।
अर्चयेच्च सुपुष्पैस्तु तन्मन्त्रेण ततः क्रमात् ॥ ३८ ॥

फिर परमेष्ठी बीज मन्त्र से चुल्ही पर चढ़ावे । तदनन्तर क्रमपूर्वक मनोहर पुष्पों से तत्तन्मन्त्रों द्वारा बलि तण्डुल का अर्चन करे ॥ ३८ ॥

अत्र पुष्पत्रयं वर्ज्यं रक्तं कृष्णं तथाशुभम् ।
अर्चयित्वा यथायोगं ततस्तु पुरुषात्मना ॥ ३९ ॥

अर्चना में रक्त, कृष्ण तथा अशुभ पुष्प वर्जित करे । इस प्रकार पुरुष सूक्त से यथायोग अर्चना करे ॥ ३९ ॥

बलिप्रयोगे स्वस्तिवाचनकथनम्

वैष्णवैस्तु ततः कुर्यात् क्रमेण स्वस्तिवाचनम् ।
स्वस्तयेऽस्तु सदा वह्निः स्वस्तयेऽस्तु चतुर्मुखः॥ ४० ॥

... वैष्णव मन्त्रों से स्वस्तिवाचन करे (स्वस्तिवाचन के मन्त्र ४० ... के आधे से प्रारम्भ कर ४९ वें श्लोक के अन्त तक है अर्थ ... है फिर भी अर्थ लिखा जा रहा है) । विष्णु हमारा कल्याण करें । ... हमारा कल्याण करे ॥ ४० ॥

स्वस्तयेऽस्तु सदा वह्निः स्वस्तयेऽस्तु यमः सदा ।
स्वस्तयेऽस्तु निर्ऋत्याख्यः स्वस्तये वरुणोऽस्तु नः।४१।

...अग्निदेव हमारा कल्याण करें । यम देवता हमारा कल्याण करें । ... नाम वाले देवता हमारा कल्याण करें । वरुण देवता हमारा ... करें ॥ ४१ ॥

स्वस्तयेऽस्तु सदा वायुः स्वस्तयेऽस्तु धनेश्वरः ।
स्वस्तयेऽस्तु सदेशानः स्वस्तयेऽस्तु मरुद्गणः ॥ ४२ ॥

...यु हमारा कल्याण करें । धनेश्वर हमारा कल्याण करें । ईशान ... कल्याण करें । मरुद्गण हमारा कल्याण करे ॥ ४२ ॥

स्वस्तये सन्तु वसवो रुद्राश्च स्वस्तये तथा ।
आदित्याः स्वस्तये सन्तु मुनयः स्वस्तये तथा ॥ ४३ ॥

...सु गण हमारा कल्याण करें । रुद्र हमारा कल्याण करें । आदित्य ... कल्याण के लिये हों और समस्त मुनिगण भी हमारे कल्याण के ... हों ॥ ४३ ॥

गन्धर्वाः स्वस्तये सन्तु स्वस्तये सन्तु किन्नराः ।
स्वस्तये सन्तु नागाश्च स्वस्तये सन्तु पन्नगाः ॥ ४४ ॥

...स्त गन्धर्व हमारे स्वस्ति के लिये हों । किंनर हमारे स्वस्ति के ... हों । नाग हमारे स्वस्ति के लिये हों और पन्नग गण भी हमारे ... के लिये हों ॥ ४४ ॥

स्वस्तये सन्तु विश्वेशाः स्वस्तयेऽप्सरसः सदा ।
स्वस्तये सन्तु नद्यश्च स्वस्तये सन्तु सागराः ॥ ४५ ॥

...सं विश्वेश हमारे लिये कल्याणकारी हों । अप्सरायें हमारे लिये

कल्याणकारी हों । नदियाँ हमारा कल्याण करें और समुद्र हमारा कल्याण करें ॥ ४५ ॥

स्वस्तये सन्तु शैलाश्च वेदाश्च स्वस्तये तथा ।
स्वस्तये मातरः सन्तु पितरः स्वस्तये तथा ॥ ४६ ॥

पर्वत हमारे लिये कल्याणकारी हों । वेद हमारे लिये कल्याणकारी हों । मातृगण हमारे लिये स्वस्तिकारी हों और पितृगण भी हमारे लिये कल्याणकारी हों ॥ ४६ ॥

देवपारिषदाः सर्वे स्वस्तये सन्तु नः सदा ।
स्वस्ति भागवतानां तु स्वस्ति चाप्यग्रजन्मनाम् ॥ ४७ ॥

देवों के सभी पारिषद गण हमारे लिये सदा स्वस्तिकारी हों और भगवद् भक्तों का सर्वदा कल्यांण करें । अग्रजन्मा ब्राह्मणों का सर्वदा कल्याण हो ॥ ४७ ॥

स्वस्ति वै वैष्णवानां तु स्वस्ति चैव गवामपि ।
स्वस्ति वै स्थावराणां तु जङ्गमानां तथैव च ॥ ४८ ॥
स्वस्ति चैवाथ मन्त्राणां स्वस्ति वै कर्मणामपि ।
बलिं नयामि देवस्य विष्णोस्तस्मै नमो नमः ॥ ४९ ॥

वैष्णवों का कल्याण हो । गौओं का कल्याण हो । स्थावरों का कल्याण हो एवं जङ्गम प्राणियों का कल्याण हो । मन्त्रों का कल्याण हो और समस्त कर्म का कल्याण हो । जिन विष्णु की बलि लेकर मैं चल रहा हूँ उन विष्णु को मेरा नमस्कार है । उन विष्णु को बारम्बार नमस्कार है ॥ ४८-४९ ॥

बलिमुत्थापनप्रयोगकथनम्

इति स्वस्त्ययनं चोक्त्वा बलिमुत्थापयेत् ततः ।
दर्शयेत् प्रतिमामुद्रां विश्वबीजेन साधकः ॥ ५० ॥

इस प्रकार स्वस्तिवाचन कर साधक बलि को उठावें । फिर विश्व बीज के साथ प्रतिमामुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ५० ॥

ततो निवृत्तिबीजेन शिरसि स्थापयेद्बलिम् ।
ततः सर्वात्मबीजेन मङ्गलानि समुद्धरेत् ॥ ५१ ॥

फिर निवृत्ति बीज से बलि को शिर पर चढ़ावे और सर्वात्म बीज से मङ्गलों को धारण करें ॥ ५१ ॥

ततः शङ्खं च चक्रं च स्वस्तिकं कलशं तथा ।
श्रीवृक्षं चामरं चापि सिंहं गरुडमेव च ॥ ५२ ॥
एतैस्तु मङ्गलैः सार्धं धूपं दीपं ध्वजं तथा ।
भद्रं चैव वितानं च गृहीत्वा तु परिभ्रमेत् ॥ ५३ ॥

१. शङ्ख, २. चक्र, ३. स्वस्तिक, ४. कलश, ५. श्री वृक्ष, ६. चामर, ७. सिंह, ८. गरुड़ इन मङ्गलों पदाथों के साथ धूप, दीप एवं ध्वज, भद्रपीठ एवं वितान ग्रहण कर भ्रमण करे ॥ ५२-५३ ॥

आचार्यस्त्वग्रतो भूत्वा पुष्पतोयसमन्वितम् ।
दिक्ष्वष्टासु क्षिपेत् पूर्वं ततः पुष्पबलिं क्रमात् ॥ ५४ ॥

आचार्य आगे-आगे चलते हुये पुष्प एवं जल समन्वित पुष्प की आठ दिशाओं में प्रक्षिप्त करें ॥ ५४ ॥

दीपं धूपं पुरस्ताच्च मङ्गलान्यभितः क्रमात् ।
पुरस्तात् केतनं चापि पार्श्वे चामरमेव च ॥ ५५ ॥
भद्रं पश्चात् ततः सर्वे पश्चा यान्ति यथाक्रमम् ।

जो माङ्गलिक वस्तुयें हो, उसके चारो ओर धूप दीप, सबसे आगे ध्वज, पार्श्व में चामर, उसके पीछे भद्र (पीठ) और इसके पीछे सभी क्रमशः चलें ॥ ५५-५६ ॥

१. गरुडस्थाने प्रयोगकथनम्

प्रथमं गरुडस्थाने गायन् गीतमिदं पुनः ॥ ५६ ॥
वाहनाय महाविष्णोस्ताक्ष्र्यायामिततेजसे ।
गरुडाय नमस्तेऽस्तु सर्वसर्पेन्द्रमृत्यवे ॥ ५७ ॥

१. सर्व प्रथम **गरुड़** के स्थान में जाकर इस गीत का गान करें ।

'वाहनाय महाविष्णोस्ताक्ष्र्यायामिततेजसे ।
गरुडाय नमस्तेऽस्तु सर्वसर्पेन्द्रमृत्यवे ॥'

अर्थ—महाविष्णु के वाहन, अमित तेजस्वी एवं सभी सर्पेन्द्रों को मारने वाले ताक्ष्र्य गरुड़ को मेरा नमस्कार है ॥ ५७ ॥

२. शक्रस्थाने प्रयोगकथनम्

शक्रस्थाने ततो गायेत् स्थित्वा गीतमिदं पुनः ।
दैत्यदर्पविनाशाय सहस्राक्षाय धीमते ॥ ५८ ॥

कुलिशव्यग्रहस्ताय नमस्तेऽस्तु शतक्रतो ।

२. फिर **इन्द्र** के स्थान पर जाकर इस गीत को गावे—

'दैत्यदर्पविनाशाय सहस्राक्षाय धीमते ।
कुलिशव्यग्रहस्ताय नमस्तेऽस्तु शतक्रतो ॥'

अर्थ—दैत्यों के दर्प का विनाश करने वाले, संहस्र नेत्रों वाले, अत्यन्त बुद्धिमान्, कुलिश धारण से व्यग्र हाथों वाले आप शतक्रतु को मेरा नमस्कार है ॥ ५८-५९ ॥

३. अग्निस्थाने प्रयोगकथनम्

वह्निस्थाने ततः स्थित्वा वह्निमन्त्रमिमं जपेत् ॥ ५९ ॥
मुखं यः सर्वदेवानां येन हव्यं तु नीयते ।
येन प्रवर्तते सर्वं नमस्तेऽस्तु हविर्भुजे ॥ ६० ॥

३. इसके बाद **अग्नि** स्थान पर जाकर इस अग्नि मन्त्र का जप करे— 'मुखं यः सर्वदेवानां येन हव्यं तु नीयते ।
येन प्रवर्तते सर्वं नमस्तेऽस्तु हविर्भुजे ॥'

अर्थ—जो सभी देवताओं के मुख हैं, जो देवताओं का हव्य वहन करते हैं और जिनसे सब कुछ प्रवर्त्तित होता है उन भगवान् अग्निदेव को हमारा नमस्कार है ॥ ६० ॥

४. यमस्थाने प्रयोगकथनम्

दक्षिणां दिशमासाद्य यममन्त्रमिमं पठेत् ।
येन संह्रियते सर्वं येन धर्मश्च रक्ष्यते ॥ ६१ ॥
यस्माद्बिभेति लोकोऽयं प्रेतनाथ नमोऽस्तु ते ।

४. इसके बाद दक्षिण दिशा में जाकर इस **यम** मन्त्र को पढ़े

'येन संह्रियते सर्वं येन धर्मश्च रक्ष्यते ।
यस्माद्बिभेति लोकोऽयं प्रेतनाथ नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—जो प्रेतनाथ यम सब कुछ का संहार करते हैं, जिनसे धर्म की रक्षा होती है और जिससे समस्त संसार भयभीत रहता है उन प्रेतनाथ को मेरा नमस्कार है ॥ ६१-६२ ॥

५. निर्ऋतिस्थाने प्रयोगकथनम्

निर्ऋतिस्थानमासाद्य ततो मन्त्रमिमं पुनः ॥ ६२ ॥

राक्षसा यातुधानाश्च पिशाचाश्च श्रयन्ति यम् ।
तस्मै निर्ऋतिरुद्राय रक्षसां पतये नमः ॥ ६३ ॥

इसके बाद **निर्ऋति** स्थान में जाकर इस मन्त्र को पढ़े—

'राक्षसा यातुधानाश्च पिशाचाश्च श्रयन्ति यम् ।
तस्मै निर्ऋतिरुद्राय रक्षसां पतये नमः ॥'

अर्थ—राक्षस, यातुधान और पिशाच जिसका सहारा लेते हैं उस रुद्र रूप राक्षसों के पति को नमस्कार है ॥ ६३ ॥

६. वरुणस्थाने प्रयोगकथनम्

वरुणस्थानमासाद्य ततो मन्त्रमिमं पठेत् ।
येन संरक्ष्यते सर्वं यस्मिन् सर्वं प्रलीयते ॥ ६४ ॥
अमोघपाशहस्ताय तदपांपतये नमः ।

६. इसके बाद **वरुण** स्थान पर जाकर इस मन्त्र को पढ़े—

'येन संरक्ष्यते सर्वं यस्मिन् सर्वं प्रलीयते ।
अमोघपाशहस्ताय तदपांपतये नमः ॥'

अर्थ—जो सब कुछ की रक्षा करते हैं, जिसमें सब कुछ लीन हो जाता है जिनके हाथ में अमोघ (कभी व्यर्थ न होने वाला) पाश है उन जलों के पति वरुण को मेरा नमस्कार है ॥ ६४-६५ ॥

७. वायुस्थाने प्रयोगकथनम्

वायुस्थानं समासाद्य वायुमन्त्रमिमं पठेत् ॥ ६५ ॥
ध्रियन्ते च ह्रियन्ते च येन प्राणादयः क्रमात् ।
भूतानां पतये नित्यं नमस्तस्मै मरुत्पते ॥ ६६ ॥

७. इसके बाद **वायु** स्थान पर जाकर इस वायु मन्त्र को पढ़े—

'ध्रियन्ते च ह्रियन्ते च येन प्राणादयः क्रमात् ।
भूतानां पतये नित्यं नमस्तस्मै मरुत्पते ॥'

अर्थ—जिनके द्वारा प्राणापानादि क्रमशः धारण किये जाते हैं तथा जिनके द्वारा हरण किये जाते हैं उन भूतों के पति मरुत्पति वायु को नमस्कार है ॥ ६५-६६ ॥

८. धनदस्थाने प्रयोगकथनम्

धनदस्थानमासाद्य ततो मन्त्रमुदाहरेत् ।

यत्प्रसादाज्जगत् सर्वं धनेन परिपूर्यते ॥ ६७ ॥
यक्षगुह्यकनाथाय धननाथ नमोऽस्तु ते ।

७. इसके बाद **कुबेर** के स्थान को प्राप्त कर इस मन्त्र को पढ़े—

'यत्प्रसादाज्जगत् सर्वं धनेन परिपूर्यते ।
यक्षगुह्यकनाथाय धननाथ नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—जिनकी कृपा होने पर यह सारा जगत् धन से पूर्ण हो जाता है उन यक्षगुह्यक नाथ धन नाथ को मेरा नमस्कार है ॥ ६७-६८ ॥

९. ईशानस्थाने प्रयोगकथनम्

ईशानस्थानमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ॥ ६८ ॥
येन कालाग्निना लोको युगान्तेषु प्रदह्यते ।
तस्मै ते ब्रह्मणः पुत्र विरूपाक्ष नमोऽस्तु ते ॥ ६९ ॥

९. फिर **ईशान** स्थान को प्राप्त कर यह मन्त्र पढ़े—

'येन कालाग्निना लोको युगान्तेषु प्रदह्यते ।
तस्मै ते ब्रह्मणः पुत्र विरूपाक्ष नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—ब्रह्मदेव के पुत्र ! हे विरूपाक्ष ! युगान्त में जिनके द्वारा सारा लोक भस्म हो जाता है उन आप को नमस्कार **है** ॥ ६८-६९ ॥

एक एवं परिक्रम्य प्रथमावरणे क्रमात् ।
.... सोम आत्मनः ॥ ७० ॥

प्रथमावरण में इस प्रकार क्रमशः पूजन कर एक परिक्रमा करे ....॥ ७० ॥

द्वितीयावरणे पूजाप्रयोगकथनम्

पितृदेवा मनोजाताः क्रियायै ते नमो नमः ।

१. द्वितीयावरण में क्रिया देवी की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'पितृदेवा मनोजाताः क्रियायै ते नमो नमः ।'

अर्थ—जिनके मन से पितृदेवों की उत्पत्ति हुई है उन **क्रिया देवी** को नमस्कार है ॥ ७१ ॥

प्रद्युम्नस्य मुखाज्जाता या यस्याश्च यमः सुतः ॥ ७१ ॥
पितृदेवा मनोजाताः कान्त्यै तुभ्यं नमो नमः ।

२. द्वितीयावरण में कान्ति देवी की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'प्रद्युम्नस्य मुखाज्जाता या यस्याश्च यमः सुतः ।
पितृदेवा मनोजाताः कान्त्यै तुभ्यं नमो नमः ॥'

अर्थ—जो प्रद्युम्न के मुख से उत्पन्न हुई है यमराज जिनके पुत्र है जिनके मन से पितृदेवों की उत्पत्ति हुई है ऐसी **कान्ति देवी** को नमस्कार है ॥ ७१-७२ ॥

अनिरुद्धमुखाज्जाता तस्यै सृष्ट्यै नमो नमः ॥ ७२ ॥

३. द्वितीयावरण में **सृष्टि देवी** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'अनिरुद्धमुखाज्जाता तस्यै सृष्ट्यै नमो नमः ॥'

अर्थ—अनिरुद्ध के मुख से उत्पन्न सृष्टि देवी को नमस्कार है ।

नरप.......... जातास्तु लक्ष्म्यै तस्यै नमो नमः ।

४. द्वितीयावरण में **लक्ष्मी देवी** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

नरप.......... जातास्तु लक्ष्म्यै तस्यै नमो नमः ।

अर्थ—जो समुद्र से उत्पन्न हैं उन लक्ष्मी देवी को नमस्कार है।

जाता चतुर्मुखाद्यस्या अग्निष्वात्ताः सुताः पुनः ॥ ७३ ॥
मानसा देवपितरस्तस्यै तुष्ट्यै नमो नमः ।

५. द्वितीयावरण में **तुष्टि देवी** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

जाता चतुर्मुखाद्यस्या अग्निष्वात्ताः सुताः पुनः ।
मानसा देवपितरस्तस्यै तुष्ट्यै नमो नमः ।

अर्थ—जो चतुर्मुख ब्रह्मदेव से उत्पन्न हुई हैं, जिनके मानस रूप पितर अग्निष्वात्तादि पुत्र हैं, उन तुष्टि देवी को नमस्कार हैं ।

नरसिंहमुखाज्जाता या यस्याः सोमपाः सुताः ॥ ७४ ॥
मानसा देवपितरो विद्यायै ते नमो नमः ।

६. द्वितीयावरण में **विद्या देवी** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'नरसिंहमुखाज्जाता या यस्याः सोमपाः सुताः ।
मानसा देवपितरो विद्यायै ते नमो नमः ॥'

अर्थ—जो नरसिंह के मुख से उत्पन्न हुई हैं, सोमपा जिनके पुत्र हैं पितर जिनके मानस पुत्र हैं उन विद्या देवी को नमस्कार है ।

जाता या हि वराहात्तु यस्या ब्रह्मर्षय: सुता: ॥ ७५ ॥
मानसा देवपितर: शान्त्यै तुभ्यं नमो नम: ।

७. द्वितीयावरण में **शान्ति देवी** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'जाता या हि वराहात्तु यस्या ब्रह्मर्षय: सुता: ।
मानसा देवपितर: शान्त्यै तुभ्यं नमो नम: ॥'

अर्थ—जो वराह से उत्पन्न हुई हैं ब्रह्मर्षि जिनके पुत्र हैं, देव पितर जिनके मानस पुत्र हैं उन शान्ति देवी को नमस्कार है ॥ ७५ ॥

यस्मिन् वसति देवे श्री: सा सदा पद्मधारिणी ॥ ७६ ॥
लोकपालाधिनाथाय श्रीधराय नमोऽस्तु ते ।

८. द्वितीयावरण में **श्रीधर** की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'यस्मिन् वसति देवे श्री: सा सदा पद्मधारिणी ।
लोकपालाधिनाथाय श्रीधराय नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—जिनमें पद्म धारण करने वाली श्री सदा निवास करती है ऐसे लोकपालों के स्वामी श्रीधर को नमस्कार हैं ॥ ७६ ॥

यस्मादध्यैष्ट वेदांस्तु ब्रह्मा पूर्वं चतुर्मुख: ॥ ७७ ॥
देवानां पतये तुभ्यं हयवक्त्र नमोऽस्तु ते ।
इति प्रदक्षिणीकृत्य द्वितीयावरणे तत: ॥ ७८ ॥

९. फिर **ईशान** स्थान को प्राप्त कर हयवक्त्र की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'यस्मादध्यैष्ट वेदांस्तु ब्रह्मा पूर्वं चतुर्मुख: ।
देवानां पतये तुभ्यं हयवक्त्र नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—चतुर्मुख ब्रह्मदेव ने सर्वप्रथम जिनसे वेदों का अध्ययन किया ऐसे देवताओं के पति अश्वशिरा को मेरा नमस्कार है । इस प्रकार प्रार्थना कर द्वितीय आवरण की परिक्रमा करे ॥ ७७-७८ ॥

तृतीयावरणे पूजाप्रयोगकथनम्

प्रदक्षिणं तत: कुर्यात् तृतीयावरणे क्रमात् ।
चक्रस्थानं समासाद्य इमं मन्त्रमुदीरयेत् ॥ ७९ ॥
सहस्रारं हरेश्चक्रं दर्शनेन सुदर्शनम् ।
दैत्यशोणितदिग्धाङ्गं तं नमामि सुदर्शनम् ॥ ८० ॥

तदनन्तर तृतीयावरण में चक्र स्थान में आकर प्रदक्षिणा कर यह मन्त्र पढ़े—

'सहस्रारं हरेश्चक्रं दर्शनेन सुदर्शनम् ।
दैत्यशोणितदिग्धाङ्गं तं नमामि सुदर्शनम् ॥'

अर्थ—जो दर्शन में भी सुदर्शन हैं ऐसे दैत्यों के रक्त से रञ्जित अङ्ग वाले एवं सहस्रों अरा वाले भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ७९-८० ॥

बलिपीठं तत: प्राप्य इमं मन्त्रमुदीरयेत् ।
ये समस्तं जगद्व्याप्य तिष्ठन्ति बलिकाङ्क्षिण: ॥ ८१ ॥
विष्णुपारिषदास्त्वस्मिन् गृह्णन्तु बलिमुत्तमम् ।
इत्युक्त्वा बलिमन्त्रेण बलिं तत्र तु निक्षिपेत् ॥ ८२ ॥

तदनन्तर बलि पीठ प्राप्त कर विष्णु के पारिषद गणों की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'ये समस्तं जगद्व्याप्य तिष्ठन्ति बलिकाङ्क्षिण: ।
विष्णुपारिषदास्त्वस्मिन् गृह्णन्तु बलिमुत्तमम् ॥'

अर्थ—जो समस्त जगत् को व्याप्त कर विद्यमान हैं वे बलि की इच्छा वाले भगवान् विष्णु के पारिषद गण इस उत्तम बलि को ग्रहण करें ।

इस बलि मन्त्र से समस्त बलि बलिपीठ पर डाल देवे ॥८१-८२॥

पश्चादथात्मरक्षार्थं मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
दानवोर:स्थलोदीर्णशोणितारुणपाणये ॥ ८३ ॥
वज्रायुधनखस्पर्श दिव्यसिंह नमोऽस्तु ते ।
इत्युक्त्वा दर्शयित्वा तु सिंहमुद्रां विचक्षण: ॥ ८४ ॥
प्रवेश्य मङ्गलादीनि पश्चात् कर्मकरो भवेत् ।

इसके बाद साधक अपनी रक्षा के लिये दिव्यसिंह की पूजा कर यह मन्त्र पढ़े—

'दानवोर:स्थलोदीर्णशोणितारुणपाणये ।
वज्रायुधनखस्पर्श दिव्यसिंह नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—दानवों के उर:स्थल को विदीर्ण कर लाल रंग के शोणित को

हाथ में लिए हुए वज्रायुध रूप नखस्पर्श वाले दिव्यसिंह को नमस्कार है। इस मन्त्र को पढ़कर विचक्षण साधक सिंहमुद्रा प्रदर्शित कर मन्त्र... समस्त पदार्थों को याग मण्डप में पधरा कर आगे की क्रिया सम्पादित करे ॥ ८३-८४ ॥

ततो मध्याह्नकाले तु शुचिः स्नात्वा कृताञ्जलिः ॥८५॥
तण्डुलांश्च समानीय विष्णुमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
स्थाल्यां द्वादश मुष्टीस्तु क्षिपेद् द्वादशनामभिः ॥ ८६ ॥

मध्याह्न काल में शुचितापूर्वक स्नान करे और हाथ जोड़कर तण्डुल लाकर विष्णु मुद्रा प्रदर्शित करे । तदनन्तर विष्णु के द्वादश नाम को लेकर द्वादश मुट्ठी चावल किसी पात्र में रख देवे ॥ ८३-८६ ॥

शेषाणि मूलमन्त्रेण तस्यां स्थाल्यां तु निक्षिपेत् ।
चरुपात्रं भवेत् ताम्रं तदलाभे तु मृण्मयम् ॥ ८७ ॥

शेष चावल मूल मन्त्र पढ़ते हुये उसी स्थाली में स्थापित करे। जहाँ तक हो सके चरु का पात्र ताँबे का होना चाहिये । उसके अभाव होने पर मिट्टी का पात्र उपयोग करे ॥ ८७ ॥

तण्डुलान् क्षालयेत् पश्चाद्बीजेन परमेष्ठिना ।
वह्निं समेधयेत् पश्चाद्बीजेन पुरुषात्मना ॥ ८८ ॥
वह्निमारोपयेत् पश्चाद्विश्वबीजेन साधकः ।
ततो निवृत्तिबीजेन निधानादवतारयेत् ॥ ८९ ॥

इसके पश्चात् परमेष्ठी बीज से तण्डुल का प्रक्षालन करे । फिर पुरुषबीज से अग्नि प्रज्वलित करे । फिर साधक विश्वबीज से आग पर पात्र रखें । फिर निवृत्त बीज से चूल्ही पर से उसको उतारे ॥८८-८९॥

ततः सर्वात्मबीजेन बलिपात्रे च निक्षिपेत् ।
सर्पिर्दधिपयोयुक्तां कुर्यात् प्रतिकृतिं ततः ॥ ९० ॥

तदनन्तर सर्वात्मबीज से चरु को बलिपात्र में स्थापित करे । फिर घी, दूध, दही को मिलाकर प्रतिकृति निर्माण करे ॥ ९० ॥

चतुरस्रं त्रिकोणं वा तथा वृत्तमथापि वा ।
चतुरस्रे कृते सम्यक् स्वर्गवृद्धिर्भविष्यति ॥ ९१ ॥

साधक उस प्रतिकृति को चतुरस्र (चौकोर), त्रिकोण अथवा वृत्ताकार

...करे । उत्तम चतुरस्र प्रतिकृति निर्माण करने से स्वर्ग में वृद्धि ...है ॥ ९१ ॥

अन्तरिक्षचराणां तु त्रिकोणे वृद्धिरुच्यते ।
भूमिगानां भवेद्वृद्धिर्वृत्ते नैवात्र संशयः ॥ ९२ ॥

त्रिकोण प्रतिकृति से अन्तरिक्षचारियों की वृद्धि कही गई है । वृत्त ...से पृथ्वी पर रहने वालों की वृद्धि होती है ॥ ९२ ॥

१. दैववृत्तलक्षणकथनम्

वृत्तं चतुर्विधं चात्र साधकाः परिचक्षते ।
धारालिङ्गं तु यत् प्रोक्तं तच्च दैवं प्रचक्षते ॥ ९३ ॥

साधक गण चार प्रकार का दैवादि वृत्त कहते हैं ।

...धारालिङ्ग वृत्त जिसे पहले कह आये हैं उसे **दैव वृत्त** कहा ...है ॥ ९३ ॥

२. पैशाचवृत्तलक्षणकथनम्

द्वादशाङ्गुलमुत्सेधं विस्तारे षोडशाङ्गुलम् ।
अतिरिक्तमथोत्सेधे पैशाचं तत् प्रचक्षते ॥ ९४ ॥

...उस वृत्त की ऊँचाई १२ अङ्गुल तथा लम्बाई षोडश अङ्गुल ...चाहिये । इसके अतिरिक्त होने पर वह वृत्त **पैशाच वृत्त** बन जाता ...॥ ९४ ॥

३. भूतवृत्तलक्षणकथनम्

उत्सेधं च तथा न्यूनमधस्तात् परिचक्षते ।

...उससे कम ऊँचाई नीचे कह रहा हूँ । उससे कम ऊँचाई होने ...का **भूतवृत्त** होता है ।

४. राक्षसवृत्तलक्षणकथनम्

ततोऽतिरिक्तं भूतानां ततो न्यूनं तु राक्षसम् ॥ ९५ ॥
वृत्तं तत्तद्भवेत् कुर्यात् परावृत्तं तथासुरम् ।

...उससे भी कम ऊँचाई **राक्षस वृत्त** की कही गई है । वृत्त जैसा ...कह आये हैं वैसा ही होना चाहिये । उलटा होने पर वह आसुर ...हो जाता है ॥ ९५-९६ ॥

अत्युष्णं राजसं ज्ञेयमतिशीतं तु तामसम् ॥ ९६ ॥

पायस अत्यन्त उष्ण होने पर राजस होता है तथा अति शीत होने पर तामस हो जाता है ॥ ९६ ॥

पिशाचबलिकथनम्

पैशाचे बलिदाने तु पिशाचबलिरुच्यते ।
पिशाचबलिदानेन निष्फलं तत् कृतं भवेत् ॥ ९७ ॥

पैशाच बलिदान करने पर पिशाच बलि कही जाती है। पिशाच बलिदान करने से वह सब कृत्य निष्फल हो जाता है ॥ ९७ ॥

तामसबलिकथनम्

तामसे बलिदाने तु भवन्त्यल्पायुषो नराः ।
भूताख्ये बलिदाने तु ग्रहा गृह्णन्ति देहिनः ॥ ९८ ॥

तामस बलिदान करने पर मनुष्य अल्पायु हो जाते हैं भूत नामक बलिदान से ग्रह मनुष्यों को पकड़ लेते हैं ॥ ९८ ॥

राक्षसबलिकथनम्

राक्षसे बलिदाने तु राष्ट्रनाशो भविष्यति ।
पैशाचे बलिदाने तु भवेद्धर्मक्षयः सदा ॥ ९९ ॥

राक्षस बलिदान से राष्ट्रनाश होता है। पैशाच बलिदान से सर्वदा धर्मनाश होता है ॥ ९९ ॥

आसुरादिबलिदानफलकथनम्

आसुरे बलिदाने तु देवाः कुप्यन्ति सर्वदा ।
देवकोपेन सर्वेषां भवेयुर्व्याधिमृत्यवः ॥ १०० ॥

आसुर बलिदान से देवताओं को कोप होता है फिर देवकोप होने से सभी को व्याधि तथा अन्ततः मृत्यु होती है ॥ १०० ॥

राजसे बलिदाने तु जायन्ते रोगिणो नराः ।
तामसे बलिदाने तु पापवृद्धिर्भविष्यति ॥ १०१ ॥

राजस बलिदान से मनुष्य रोगी होते हैं। तामस बलिदान से पाप की वृद्धि होती है ॥ १०१ ॥

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन सर्वाण्येतानि वर्जयेत् ।
कृत्वा प्रतिकृतिं चैव लिङ्गमुद्रां तु दर्शयेत् ॥ १०२ ॥

इस कारण से सभी प्रकार के प्रयत्नों से इस प्रकार की बलि वर्जित करे। प्रतिकृति निर्माण के पश्चात् लिङ्ग मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १०२ ॥

बलिमन्त्रकथनम्

अर्चयेच्च यथापूर्वं गन्धपुष्पादिभिः क्रमात् ।
दर्शयेत् तच्च देवाय मन्त्रेणानेन साधकः ॥ १०३ ॥
बलिं वहामि देवेश सदाविष्णो भवत्प्रियम् ।
तवैवानुज्ञया देव तस्मादनुगृहाण माम् ॥ १०४ ॥

पूर्व की भाँति गन्ध-पुष्पादि से प्रतिकृति में अर्चन करे। फिर यह मन्त्र पढ़े—

'बलिं वहामि देवेश सदाविष्णो भवत्प्रियम् ।
तवैवानुज्ञया देव तस्मादनुगृहाण माम् ॥'

अर्थ—हे देवेश ! हे सदाविष्णो ! आपकी आज्ञा से आपके प्रिय बलि का वहन कर रहा हूँ। इस कारण आप भगवान् विष्णु मुझ पर कृपा करें ॥ १०३-१०४ ॥

क्रमेण दर्शयित्वैवं कृत्वा च स्वस्तिवाचनम् ।
समभ्यर्च्य च देवेशं मूलमन्त्रेण साधकः ॥ १०५ ॥

इस प्रकार साधक मूलमन्त्र से देवेश विष्णु की अर्चना कर क्रमशः प्रदर्शित कर स्वास्तिवाचन करे ॥ १०५ ॥

१. आदिवराहमन्त्रकथनम्

पूर्ववन्मङ्गलैः सार्धं निर्गम्याथ कृताञ्जलिः ।
पूर्ववद्गरुडस्थाने पठेद्वै मन्त्रमुत्तमम् ॥ १०६ ॥
त्वया समुद्धृता देव धरणी सधराधरा ।
तस्मै आदिवराहाय देवानां पतये नमः ॥ १०७ ॥

फिर हाथ जोड़कर पूर्व की भाँति मङ्गलों के साथ निकल कर गरुड़ स्थान पर जाकर पूर्ववत् यह उत्तम मन्त्र पढ़े—

'त्वया समुद्धृता देव धरणी सधराधरा ।
तस्मै आदिवराहाय देवानां पतये नमः ॥'

अर्थ—हे देव! आपने पर्वतों के सहित समस्त धारणी का उद्धार किया है। उन आदिवराह स्वरूप देवताओं के स्वामी एवं पालक पति को नमस्कार है ॥ १०६-१०७ ॥

२. राममन्त्रविधानम्

देवानां च तथा स्थाने राममन्त्रमुदीरयेत् ।
दैत्याः शरापदेशेन दग्धा यत्कोपवह्निना ॥ १०८ ॥
सौम्याग्नेयगुणायाथ तस्मै रामाय ते नमः ।

इसी प्रकार देवताओं के स्थान में राम मन्त्र पढ़े—

'दैत्याः शरापदेशेन दग्धा यत्कोपवह्निना ।
सौम्याग्नेयगुणायाथ तस्मै रामाय ते नमः ॥'

अर्थ—जिन श्रीराम की क्रोधाग्नि ने बाण के बहाने दैत्यों को जला दिया ऐसे सौम्य एवं आग्नेय गुण वाले भगवान् श्रीराम आपको मेरा नमस्कार है ॥ १०८-१०९ ॥

३. नरसिंहमन्त्रविधानम्

दक्षिणां दिशमासाद्य मन्त्रमेनमुदाहरेत् ॥ १०९ ॥
प्रदीप्ताङ्गारनेत्राय प्रस्फुरत्सटशालिने ।
दानवान्तकर श्रीमन् नरसिंह नमोऽस्तु ते ॥ ११० ॥

फिर दक्षिण दिशा में जाकर साधक इस मन्त्र को पढ़े—

'प्रदीप्ताङ्गारनेत्राय प्रस्फुरत्सटशालिने ।
दानवान्तकर श्रीमन् नरसिंह नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—जलते हुये अङ्गार के समान लाल वर्ण के नेत्रों वाले फड़कती हुई जटाओं से युक्त दानवान्तकर नरसिंह आप को मेरा नमस्कार है ॥ १०९-११० ॥

४. राममन्त्रविधानम्

रामस्थानं समासाद्य जपन्मन्त्रमुदीरयेत् ।
सुखेन स्थापिता येन रावणस्य विनिग्रहात् ॥ १११ ॥
शक्रादयः सुराः सर्वे तस्मै रामाय ते नमः ।

फिर राम के स्थान में जाकर यह जप करते हुए यह मन्त्र पढ़े ।

सुखेन स्थापिता येन रावणस्य विनिग्रहात् ।
शक्रादयः सुराः सर्वे तस्मै रामाय ते नमः ॥

अर्थ—जिन्होंने रावण का निग्रह कर इन्द्रा देवताओं सुखपूर्वक स्थापित किया । उन राम को हमारा नमस्कार है ॥ १११-११२ ॥

५. श्रीधरमन्त्रविधानम्

श्रीधरस्थानमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ॥ ११२ ॥
यत्प्रसादाश्रया बुद्धिः सर्वेषां मन्त्रवादिनाम् ।
तस्मै सर्वाधिनाथाय श्रीधराय नमो नमः ॥ ११३ ॥

अनन्तर श्रीधर के स्थान में जाकर इस मन्त्र को पढ़े—

'यत्प्रसादाश्रया बुद्धिः सर्वेषां मन्त्रवादिनाम् ।
तस्मै सर्वाधिनाथाय श्रीधराय नमो नमः ॥'

अर्थ—समस्त मन्त्रवादियों की बुद्धि जिनकी कृपा पर अवलम्बित है, सर्वाधिनाथ भगवान् श्रीधर को मेरा नमस्कार है, पुनः मेरा नमस्कार ११२-११३ ॥

६. वामनमन्त्रविधानम्

वामनस्थानमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
बलिर्नियमितो येन विक्रमाणां त्रयेण वै ॥ ११४ ॥
भूत्वोग्रवपुषा तस्मै वामनाय नमो नमः ।

फिर वामन स्थान पर जाकर साधक यह मन्त्र पढ़े—

'बलिर्नियमितो येन विक्रमाणां त्रयेण वै ।
भूत्वोग्रवपुषा तस्मै वामनाय नमो नमः ॥

अर्थ—जिन्होंने विराट् रूप धारण कर अपने तीन पग में पृथ्वी कर बलि को नियन्त्रित किया उन भगवान् वामन को मेरा नमस्कार नमस्कार है ॥ ११४-११५ ॥

७. हयवक्त्रमन्त्रविधानम्

लोकस्थितिविधानाय स्थितो यश्चोत्तरार्णवे ॥ ११५ ॥
वेदानां पतये तस्मै हयवक्त्र नमोऽस्तु ते ।

तदनन्तर हयवक्त्र के स्थान में जाकर इस मन्त्र को पढ़े—

'लोकस्थितिविधानाय स्थितो यश्चोत्तरार्णवे ।
वेदानां पतये तस्मै हयवक्त्र नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—लोक स्थिति सुरक्षित रखने के लिये जो उत्तरी समुद्र तट पर स्थित है, उन वेदों के पति हयग्रीव को नमस्कार है ॥ ११५-११६ ॥

८. शार्ङ्गभृतविष्णुमन्त्रविधानम्

क्षत्रियव्यपदेशेन दानवा येन पातिताः ॥ ११६ ॥
धर्मवृद्धिर्यमाश्रित्य तस्मै शार्ङ्गभृते नमः ।

तदनन्तर विष्णु के स्थान में जाकर इस मन्त्र को पढ़े—

'क्षत्रियव्यपदेशेन दानवा येन पातिताः ।
धर्मवृद्धिर्यमाश्रित्य तस्मै शार्ङ्गभृते नमः ॥'

अर्थ—जिन्होंने क्षत्रियों का बहाना लेकर दानवों का वध किया जिसका सहारा लेकर धर्म बढ़ता है उन शार्ङ्ग धनुष् धारण करने वाले विष्णु को नमस्कार है ॥ ११४-११७ ॥

एवमेतत् परिक्रम्य प्रथमावरणं ततः ॥ ११७ ॥

इस प्रकार परिभ्रमण कर प्रथमावरण की परिक्रमा करे ॥ ११७ ॥

द्वितीयावरणपूजनविधानम्

द्वितीयावरणे चापि मातृस्थानमुपेत्य च ।
पठित्वा पूर्ववन्मन्त्रान् यथावत् क्रमयोगतः ॥ ११८ ॥

तदनन्तर द्वितीयावरण में मातृस्थान में पहुँच कर यथावत् क्रमपूर्वक पूर्व मन्त्रों को पढ़कर तृतीयावरण में क्रमशः परिभ्रमण करे ।

तृतीयावरणे पश्चात् क्रमेणैव परिभ्रमेत् ।
पीठस्थानं समासाद्य इमं मन्त्रमुदीरयेत् ॥ ११९ ॥
मुख्यानां विष्णुलोकानां ये च दौवारिकाः स्मृताः ।
सर्वेषां पार्षदाश्चापि नमस्तेभ्यः पुनः पुनः ॥ १२० ॥

तदनन्तर तृतीयावरण में पार्षदस्थान में पहुँच कर यथावत् क्रमपूर्वक पूर्व मन्त्रों को पढ़कर तृतीयावरण में क्रमशः परिभ्रमण करे ।

वहाँ पीठस्थान प्राप्त कर इस मन्त्रों को पढ़े—

'मुख्यानां विष्णुलोकानां ये च दौवारिकाः स्मृताः ।
सर्वेषां पार्षदाश्चापि नमस्तेभ्यः पुनः पुनः ॥'

अर्थ—मुख्य मुख्य विष्णुलोकों के जितने भी दौवारिक कहे गये हैं तथा सभी विष्णु लोकों के जितने पार्षद हैं उन सभी को नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है ॥ ११८-१२० ॥

इत्युक्त्वा बलिपीठे तु बलिलिङ्गं तु विन्यसेत् ।

दर्शयेद्बलिमुद्रां च क्रमात् प्रत्यङ्मुखः स्थितः ॥ १२१ ॥

इस मन्त्र को पढ़कर बलिपीठ पर बलिलिङ्ग का न्यास करे । फिर पश्चिममुख होकर बलिमुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १२१ ॥

व्योममुद्रामथाकाशे दर्शयेत्तु विचक्षणः ।
विलोक्याथ दिशः सर्वाः परिभ्रम्य प्रदक्षिणम् ॥ १२२ ॥

फिर विचक्षण साधक आकाश में व्योममुद्रा प्रदर्शित करे । तदनन्तर सब दिशाओं की ओर देखकर घूमकर प्रदक्षिणा करे ॥ १२२ ॥

ध्यात्वा पारिषदान् सर्वानिमं मन्त्रमुदीरयेत् ।
सर्वेऽपि चात्र रूपेण बलिनो बलिकाङ्क्षिणः ॥ १२३ ॥
अनुपारिषदाश्चापि बलिं गृह्णन्तु सर्वशः ।
इत्युक्त्वा तोयमुत्क्षिप्य रक्षामुद्रां तु पूर्ववत् ॥ १२४ ॥

फिर सभी पारिषदों का ध्यान कर यह मन्त्र पढ़े—

'सर्वेऽपि चात्र रूपेण बलिनो बलिकाङ्क्षिणः ।
अनुपारिषदाश्चापि बलिं गृह्णन्तु सर्वशः ॥'

अर्थ—यहाँ जितने भी बलवान् पारिषद एवं अनुपारिषद बलि की इच्छा से एकत्रित हैं । वे सभी इस बलि को ग्रहण करें । इतना कहकर जल गिरावे और पूर्ववत् रक्षामुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १२३-१२४ ॥

जप्त्वावलोकयेद्देवं मूलमन्त्रेण मन्त्रवित् ।
मङ्गलानि प्रवेश्याथ कर्मशेषं समापयेत् ॥ १२५ ॥

फिर साधक जपकर मूल मन्त्र से देवाधिदेव का अवलोकन करे, मङ्गल प्रवेश कर शेष कर्म समाप्त करे ॥ १२५ ॥

ततः सायंतने प्राप्ते स्नात्वाचम्य कृताञ्जलिः ।
स्रजं वा स्तबकं वापि केवलं पद्ममेव वा ॥ १२६ ॥
आदाय पात्रे विन्यस्य तत्त्वमुद्रां तु दर्शयेत् ।
मालां तु मूलमन्त्रेण विन्यसेत्तु विचक्षणः ॥ १२७ ॥

इसके बाद सायङ्काल के समय स्नान कर आचमन कर हाथ जोड़कर माला अथवा माला का गुच्छा अथवा केवल कमल लेकर पात्र में रख कर तत्त्वमुद्रा प्रदर्शित करे । फिर विचक्षण साधक पुष्पमाला मूलमन्त्र से विष्णु को पहना देवे ॥ १२६-१२७ ॥

स्तबकं विष्णुगायत्र्या पद्मं तु परमेष्ठिना ।
पुष्पमुद्रां ततः पश्चाद् दर्शयेत्तु विचक्षणः ॥ १२८ ॥

यदि गुच्छा हो तो विष्णु गायत्री से समर्पित करे, कमल हो तो वैदिक मन्त्र से समर्पित करे । फिर पुष्प मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १२८ ॥

अर्चयित्वा यथापूर्वं कृत्वा च स्वस्तिवाचनम् ।
षडक्षरेण मन्त्रेण बलिमुद्वासयेत् ततः ॥ १२९ ॥

पूर्व की भाँति विष्णु की अर्चना करे । फिर स्वस्तिवाचन करे तदनन्तर षडक्षर मन्त्र से बलि का उद्वासन करे ॥ १२९ ॥

उन्नम्य विष्णुगायत्र्या शिरसि स्थापयेत् ततः ।
दर्शयेत् तत्त्वमुद्रां तु ध्यायन् विष्णुमवस्थितः ॥ १३० ॥

फिर उसे उठाकर विष्णु गायत्री से शिर पर स्थापित करे । फिर खड़ा होकर मन्त्रवेत्ता साधक विष्णु का ध्यान करते हुये तत्त्व मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १३० ॥

तथापूर्वं तु निष्क्रम्य मङ्गलैः सह मन्त्रवित् ।
स्थित्वा तु गरुडस्थाने पठेन्मन्त्रं च पूर्ववत् ॥ १३१ ॥

फिर मन्त्रवेत्ता मङ्गल द्रव्यों को साथ लेकर वहाँ से चलकर गरुड़ स्थान में जाकर पूर्व की भाँति मन्त्रों को पढ़े ॥ १३१ ॥

प्रथमावरणपूजनम्

ततः प्राचीं दिशं प्राप्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
जगन्निर्माणसंहारस्थित्यनुग्रहकारिणे ॥ १३२ ॥
देवानां पतये तस्मै पुरुषाय नमो नमः ।

१. तदनन्तर **पूर्व दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'जगन्निर्माणसंहारस्थित्यनुग्रहकारिणे ।
देवानां पतये तस्मै पुरुषाय नमो नमः ॥'

अर्थ—जगन्निर्माण, संहार तथा स्थिति के अनुग्रह के कारण भूतादि प्रपञ्च एवं सभी देवों के पति पालक उन महापुरुष को नमस्कार है, पुनः नमस्कार है ॥ १३२-१३३ ॥

आग्नेयीं दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ॥ १३३ ॥
येन तप्तं तपश्चोग्रं येन नम्रीकृतो हरिः ।

धर्मप्रभव देवेश नमस्तस्मै नमो नमः ॥ १३४ ॥

फिर **आग्नेयी दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'येन तप्तं तपश्चोग्रं येन नम्रीकृतो हरिः ।
धर्मप्रभव देवेश नमस्तस्मै नमो नमः ॥'

अर्थ—जिन्होंने उग्र तप किया और जिन्होंने विष्णु को भी नम्र किया धर्म से उत्पन्न देवेश आप को मेरा नमस्कार है, भूयोभूयः आप को नमस्कार है ॥ १३३-१३४ ॥

दक्षिणां दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
ब्रह्मा यस्य प्रसादेन सृष्टिं वहति शाश्वतीम् ॥ १३५ ॥
मुक्तिकामो नमस्तेऽस्तु सत्यायामिततेजसे ।

फिर **दक्षिण दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'ब्रह्मा यस्य प्रसादेन सृष्टिं वहति शाश्वतीम् ।
मुक्तिकामो नमस्तेऽस्तु सत्यायामिततेजसे ॥'

अर्थ—जिनके प्रसाद से ब्रह्मा इस शाश्वती सृष्टि को धारण करते हैं सभी की मुक्ति की कामना करते हैं ऐसे अमित तेजस्वी सत्यदेव को नमस्कार है ॥ १३५-१३६ ॥

नैर्ऋतीं दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ॥ १३६ ॥
येन तप्तं तपो घोरं चिरं बदरिकाश्रमे ।
यदधीनं जगत् तस्मै नमो नारायणाय ते ॥ १३७ ॥

फिर **नैर्ऋति दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'येन तप्तं तपो घोरं चिरं बदरिकाश्रमे ।
यदधीनं जगत् तस्मै नमो नारायणाय ते ॥'

अर्थ—जिन्होंने बदरिकाश्रम में चिरकाल तक घोर तप किया, यह जगत् जिनके आधीन है उन नारायण को नमस्कार है ॥ १३७ ॥

वारुणीं दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
येन विश्वमिदं प्राप्तं यस्मिन् विश्वमिदं व्रजेत् ॥ १३८ ॥
तस्मै न्यस्तसमस्ताय अच्युताय नमो नमः ।

फिर **पश्चिम दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'येन विश्वमिदं प्राप्तं यस्मिन् विश्वमिदं व्रजेत् ।

तस्मै न्यस्तसमस्ताय अच्युताय नमो नमः ॥'

अर्थ—जिनसे यह सारा जगत् उत्पन्न हुआ है तथा जिसमें यह लय होता है, यह समस्त जिसमें न्यस्त है उन अच्युत को मेरा नमस्कार है भूयोभूयः नमस्कार है ॥ १३८-१३९ ॥

वायवीं दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ॥ १३९ ॥
कृता धैर्यस्थितिर्येन दैत्यविप्रकृताय वै ।
पुरा पद्मोद्भवायाथ तस्मै ते हरये नमः ॥ १४० ॥

६. फिर **वायवी दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'कृता धैर्यस्थितिर्येन दैत्यविप्रकृताय वै ।
पुरा पद्मोद्भवायाथ तस्मै ते हरये नमः ॥'

अर्थ—जिन्होंने दैत्यों से उपद्रुत हुए ब्रह्मदेव को धैर्य एवं स्थिति प्रदान किया उन हरि को नमस्कार है ॥ १३९-१४० ॥

उदीचीं दिशमासाद्य मन्त्रमेतमुदाहरेत् ।
आनन्दं परमं योगी पौरुषं येन नीयते ॥ १४१ ॥
बीजभूताय जगतामनिरुद्धं नमोऽस्तु ते ।

७. फिर **उत्तर दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'आनन्दं परमं योगी पौरुषं येन नीयते ।
बीजभूताय जगतामनिरुद्धं नमोऽस्तु ते ॥'

अर्थ—जो परम आनन्द योगी और पौरुष प्रदान करते हैं ऐसे जगत् के बीजभूत अनिरुद्ध को नमस्कार है ॥ १४१-१४२ ॥

ऐशानीं दिशमासाद्य मन्त्रं चैतमुदाहरेत् ॥ १४२ ॥
यत्प्रसादाज्जगत् सर्वं सदा च परिवर्धितम् ।
धर्मस्थितिः कृता येन तस्मै कृष्णाय ते नमः॥ १४३ ॥

८. फिर **ईशान दिशा** में जाकर यह मन्त्र पढ़े—

'यत्प्रसादाज्जगत् सर्वं सदा च परिवर्धितम् ।
धर्मस्थितिः कृता येन तस्मै कृष्णाय ते नमः ॥'

अर्थ—जिन कृष्ण की प्रसन्नता से यह सारा जगत् परिवर्द्धित होता है जिन्होंने धर्म को स्थापित किया है उन भगवान् श्रीकृष्ण को मेरा नमस्कार है ॥ १४३-१४३ ॥

प्रथमावरणं त्वेवं परिभ्रम्य क्रमेण वै ।
द्वितीयावरणात् पश्चात् पूर्ववत् संपरिभ्रमेत् ॥ १४४ ॥

इस प्रकार परिभ्रमण कर प्रथमावरण करे । फिर उसी क्रम से द्वितीयावरण करे ॥ १४४ ॥

तृतीयावरणे चापि परिभ्रम्य क्रमेण वै ।
विष्वक्सेनपदं प्राप्य बलिवाचनमारभेत् ॥ १४५ ॥

उसी क्रम से तृतीयावरण का परिभ्रमण कर विष्वक्सेन के स्थान में और वहाँ बलिवाचन का आरम्भ करे ॥ १४५ ॥

बलिमङ्गलवाचनम्

मङ्गलान्ते द्विजास्तत्र वदेयुर्वै तथास्त्विति ।
जगन्निर्माणसंहारस्थित्यनुग्रहकारिणः ॥ १४६ ॥
देवानामीश्वरा देवा मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

मङ्गल के बाद सभी ब्राह्मण 'तथास्तु' ऐसा कहें—

अर्थ—जगन्निर्माण संहार, स्थिति तथा अनुग्रह करने वाले देवताओं के विष्णुदेव हमारा मङ्गल करें ॥ १४६-१४७ ॥

विष्णुर्ब्रह्मा च रुद्रश्च प्रचण्डश्चण्ड एव च ॥ १४७ ॥
गरुत्मान् विनतापुत्रो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—विष्णु, ब्रह्मा, रुद्र, प्रचण्ड, चण्ड, विनतापुत्र गरुड़ हमारा मङ्गल करें ॥ १४६-१४८ ॥

इन्द्रश्चाग्निर्यमश्चैव निर्ऋतिर्वरुणस्तथा ॥ १४८ ॥
वायुर्वैश्रवणेशानौ मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु एवं कुवेर हमारा मङ्गल करें ॥ १४८-१४८ ॥

वागीश्वरी क्रिया कीर्तिर्लक्ष्मीः सृष्टिस्तथैव च ॥१४९॥
विद्या कान्तिश्च सर्वास्ता मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—वागीश्वरी, क्रिया, कीर्त्ति, लक्ष्मी, सृष्टि, विद्या एवं कान्ति ये शक्तियाँ हमारा मङ्गल करें ॥ १४९-१५० ॥

शङ्खश्चक्रं गदा पद्मं मुसलं खड्ग एव च ॥ १५० ॥

धनुश्च वनमाला च मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म, मुसल, खड्ग, धनुष एवं वनमाला ये सभी हमारा मङ्गल करे ॥ १५०-१५१ ॥

शान्तिश्चापि तथा श्रीश्च तथा चैव सरस्वती ॥ १५१ ॥
रतिश्चापि तथा देव्यो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—शान्ति, श्री, सरस्वती एवं रति आदि देवियाँ हमारा मङ्गल करें ॥ १५१-१५२ ॥

कुमुदः कुमुदाक्षश्च पुण्डरीकोऽथ वामनः ॥ १५२ ॥
शङ्कुकर्णः सर्पनेत्रः सुमुखः सुप्रतिष्ठितः ।
विष्णुदौवारिकाश्चैते मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५३ ॥

अर्थ—कुमुद, कुमुदाक्ष, पुण्डरीक, वामन, शङ्कुकर्ण, सर्पनेत्र, सुमुख और सुप्रतिष्ठित ये विष्णु के आठ द्वारपाल हमारा मङ्गल करें ।

अष्टोत्तरसहस्रं तु विष्णुपारिषदेश्वराः ।
अनुपारिषदाश्चापि मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५४ ॥

अर्थ—एक हजार आठ की संख्या वाले विष्णु पारिषदेश्वर और इतनी ही संख्या में अनुपारिषदेश्वर हमारा मङ्गल करें ॥ १५४ ॥

भूलोकाद्याश्च ये लोकाः सप्त संपरिकीर्तिताः ।
सागराश्च तथा सप्त मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५५ ॥

अर्थ—भूलोकादि जो सात लोक कहे गये हैं वे सातो लोक तथा सप्त सागर जो समस्त दिशाओं में व्याप्त होकर स्थित हैं वे सभी हमारा मङ्गल करे ॥ १५५ ॥

ये वै वराहलोकाद्या विष्णुलोकाः प्रकीर्तिताः ।
दिक्षु सर्वासु तिष्ठन्तो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५६ ॥

अर्थ—वराह लोकादि जितने भी विष्णु लोक कहे गये हैं जो सभी दिशाओं में फैले हुये हैं वे सभी हमारा मङ्गल करें ॥ १५६ ॥

वेदाश्चाप्युपवेदाश्च सेतिहासाः कथा अपि ।
षडङ्गानि च शास्त्राणि मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५७ ॥

अर्थ—सभी वेद, उपवेद, इतिहास के सहित समस्त कथायें एवं षडङ्ग शास्त्र सभी हमारा मङ्गल करें ॥ १५७ ॥

गङ्गा च यमुना चैव तथा गोदा सरस्वती ।
नर्मदा चैव कावेरी मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५८ ॥

अर्थ—गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा तथा कावेरी सभी मङ्गल प्रदान करें ॥ १५८ ॥

शङ्खः पद्मो महापद्मः कार्कोटगुलिकादयः ।
वासुकिस्तक्षकश्चापि मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १५९ ॥

अर्थ—शङ्ख, पद्म, महापद्म, कर्कोट, गुलिक आदि वासुकि एवं सभी हमारा मङ्गल करें ॥ १५९ ॥

यक्षरक्षोग्रहा नागा गन्धर्वाप्सरसां गणाः ।
ग्रहा विद्याधराश्चापि ये दिव्या ये च मानुषाः ॥ १६० ॥
दिव्यन्तरिक्षभूताश्च मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—यक्ष, राक्षस, ग्रह, नाग, गन्धर्व तथा अप्सरायें, ग्रह, विद्याधर दिव्य देवता तथा मनुष्य, दिव्य अन्तरिक्ष में रहने वाले भूत गण हमें मङ्गल प्रदान करे ॥ १६०-१६१ ॥

धरो ध्रुवश्च सोमश्च आपश्चैवानिलोऽनलः ॥ १६१ ॥
प्रत्यूषश्च प्रभातश्च मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—धर, ध्रुव, सोम, आप (जल), वायु, अग्नि, प्रत्यूष, प्रभात हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १६१-१६२ ॥

यज्ञाश्च पञ्च यज्ञाश्च पाकयज्ञास्तथैव च ॥ १६२ ॥
सर्व एते महायज्ञा मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—यज्ञ, पञ्चयज्ञ, पाकयज्ञ ये सभी प्रकार के यज्ञ हमारा मङ्गल ॥ १६२-१६३ ॥

कुमारी च कुमारश्च गणेशश्च विनायकः ॥ १६३ ॥
सिद्धाश्च किन्नराश्चापि मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—कुमारी, कुमार, गणेश, विनायक, सिद्ध और किन्नर सभी मङ्गल प्रदान करे ॥ १६१-१६४ ॥

मृगव्याधश्च सर्वश्च निर्ऋतिश्चाज एकपात् ॥ १६४ ॥
अहिर्बुध्न्यः पिनाकी च वह्निनाथेश्वरस्तथा ।
स्थाणुर्भवश्च कापाली मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १६५ ॥

अर्थ—मृग, व्याध, शर्व, निर्ऋति, अजएकपाद, अहिर्बुध्न्य, पिनाकी, वह्निनाथ, ईश्वर, स्थाणु, भव और कापाली आदि समस्त रुद्र हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १६४-१६५ ॥

धातार्यमा च मित्रश्च वरुणोंऽशो भगस्तथा ।
इन्द्रो विवस्वान् पूषा च पर्जन्यत्वष्टविष्णवः ॥१६६॥
एते तु द्वादशादित्या मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—धाता, अर्यमा, मित्र, वरुण, अंश, भग, इन्द्र, विवस्वान्, पूषा, पर्जन्य, त्वष्टाओं एवं विष्णु ये समस्त द्वादश आदित्य भगवान् हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १६६-१६७ ॥

यवक्रीतश्च रेभश्च अर्वाग्वसुपराग्वसू ॥ १६७ ॥
कक्षीवान् नारदः कण्वो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—यवकीत, रेभ, अर्वाग्वसु, परावसु, कक्षीवान्, नारद और कण्व ये सभी हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १६७-१६८ ॥

...... उन्मुग्धः प्रजयोऽगस्त्य एव च ॥ १६८ ॥
दृढायुश्चोर्ध्वबाहुश्च तृणसोमोऽग्निरेव च ।
सप्तैते धर्ममुनयो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १६९ ॥

अर्थ—........उन्मुग्ध, प्रजय, अगस्त्य, दृढायु, ऊर्ध्वबाहु, तृणसोम, अग्नि ये सात धर्म मुनि हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १६८-१६९ ॥

ऋषिद्रुश्च महद्रुश्च परिव्राजस्तथैव च ।
सारस्वतश्चैकतश्च पीतश्च क्रीत एव च ॥ १७० ॥
मुनयो वरुणश्चैते मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—ऋषिद्रु, महद्रु, परिव्राज, सारस्वत, एकत, पीत, क्रीत एवं वरुण ये मुनिगण हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १७० ॥

काश्यपोऽत्रिर्वसिष्ठश्च भरद्वाजोऽङ्गिरास्तथा ॥ १७१ ॥
कौशिको भार्गवश्चैव मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

अर्थ—काश्यप, अत्रि, वसिष्ठ, भरद्वाज, अङ्गिरा, कौशिक और भार्गव हमें मङ्गल प्रदान करें ॥ १७१ ॥

आवहो विवहश्चैव उद्वहः संवहस्तथा ॥ १७२ ॥
प्रवहः परिवाहश्च तथैव च परावहः ।

सप्तैते मरुतः सर्वे मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १७३ ॥

...१. आवह, २. विवह, ३. उद्वह, ४. संवह, ५. प्रवह, ६. ... और ७. परावह ये सात आकाशस्थ मरुत हमारा मङ्गल एवं ... करें ॥ १७२-१७३ ॥

धरा पद्मा महापद्मा वसुर्वसुमती तथा ।
सरसा सुरसा चैव मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १७४ ॥

...१. धरा, २. पद्मा, ३. महापद्मा, ४. वसु, ५. वसुमती, ६. ... और ७. सुरसा ये सात पृथ्वी हमारा मङ्गल करें ॥ १७४ ॥

महेन्द्रो मलयः सह्यः शुक्तिमानृक्षपर्वतः ।
विन्ध्यश्च पारियात्रश्च मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ॥ १७५ ॥

...१. महेन्द्र, २. मलय, ३. सह्य, ४. शुक्तिमान्, ५. ...त, ६. विन्ध्य एवं ७. पारियात्र ये सात पर्वत हमें मङ्गल प्रदान ... १७५ ॥

श्वेतकेतुश्च व्यासश्च वाल्मीकिः सुयशास्तथा ।
और्वशेयश्च शक्तिश्च तथा चैव पराशरः ॥ १७६ ॥
सप्तैते दिव्यमुनयो मङ्गलं प्रदिशन्तु नः ।

...१. श्वेतकेतु, २. व्यास, ३. वाल्मीकि, ४. सुयशा, ५. ...तु, ६. शक्ति और ७. पराशर ये सात दिव्य मुनि हमें मङ्गल ... करें ॥ १७६-१७७ ॥

अनेन बलिदानेन प्रीताः सर्व इमे चिरम् ॥ १७७ ॥
बलियज्ञे यथा दृष्टास्तुष्टास्तुष्टिं दिशन्तु नः ।

...—इस बलिदान में प्रसन्न हुये ये सभी जो इस बलियज्ञ में ... पड़े हैं वे सभी प्रसन्न होकर चिरकाल के लिये हमें सन्तुष्टि ... करें ॥ १७७-१७८ ॥

विष्वक्सेनाधिनाथाय विश्वकर्मविधायिने ॥ १७८ ॥
विश्वपारिषदेशाय विष्वक्सेनाय ते नमः ।

...—विष्वक्सेन के अधिनाथ, विश्वकर्म के विधाता एवं विश्व... विष्वक्सेन आप को नमस्कार है ॥ १७८-१७९ ॥

इत्युक्त्वा मूलमन्त्रेण बलिं तमवतारयेत् ॥ १७९ ॥

पुष्पं वा क्षिपेद् पश्चाद् विष्वक्सेनस्य मूर्धनि ।

इतना कह कर उस बलि को उतारे । इसके पश्चात् विष्वक्सेन के शिर पर पुष्प प्रक्षेप करे ॥ १७८-१८० ॥

ततो निर्माल्यमुद्रां च मन्त्रेणानेन कारयेत् ॥ १८० ॥
नमो विश्वसृजे तुभ्यं विष्वक्सेनाय शार्ङ्गिणे ।
अनया मुद्रया देव प्रीतस्त्वनुगृहाण माम् ।
इत्युक्त्वा बलिदानज्ञो बलिकर्म समापयेत् ॥ १८१ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् ऋषिरात्रे बलिविधानं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

फिर भक्त साधक इस मन्त्र से निर्माल्यमुद्रा प्रदर्शित करे—

'नमो विश्वसृजे तुभ्यं विष्वक्सेनाय शार्ङ्गिणे ।
अनया मुद्रया देव प्रीतस्त्वनुगृहाण माम् ॥'

इतना कहकर बलिदान करने वाला विचक्षण साधक बलिकर्म समाप्त करे ॥ १८०-१८१॥

इस प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के बलिविधान नामक षष्ठ अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ६ ॥

ऋषिरात्रे

सप्तमोऽध्यायः

छन्दोविधिः

सनत्कुमार उवाच—

ऋषिच्छन्दोविधिं वक्ष्ये मन्त्राणां दैवतं च यत् ।

सनत्कुमार ने कहा—अब मैं मन्त्रों के ऋषि, छन्द और जो-जो ... हैं उन्हें कहता हूँ ।

ऋषिलक्षणकथनम्

येनोद्धृतस्तु यो मन्त्र ऋषिस्तस्य स एव च ॥ १ ॥

जिन्होंने जिस मन्त्र का उद्धार किया है उस मन्त्र के वे ऋषि कहे जाते हैं ॥ १ ॥

वासुदेव इति प्रोक्तो यो जातस्त्वात्मनात्मनि ।
मूर्तीनामादिभूतः स सङ्कर्षणमजीजनत् ॥ २ ॥

जो स्वयं अपने में आप से प्रगट हुये हैं, वही मूर्त्तियों के आदिभूत वासुदेव कहे जाते हैं उन्होंने सङ्कर्षण को उत्पन्न किया ॥२॥

प्रणवस्य अधिदेवताकथनम्

स एव ब्रह्मसंज्ञस्तु सर्वलोकहितङ्करः ।
चकार प्रणवोद्धारमृषिस्तस्य स उच्यते ॥ ३ ॥

उन्हीं सर्वलोक हितकारी ब्रह्मसंज्ञक वासुदेव ने 'प्रणव' का उद्धार किया । इसलिये वे ही प्रणव के ऋषि कहे जाते हैं ॥ ३ ॥

दैवतं चापि गायत्रं छन्दस्तस्य तु कथ्यते ।
भगवान् यः सदाविष्णुर्देवदेवः प्रकीर्तितः ॥ ४ ॥

उस प्रणव मन्त्र का गायत्री छन्द है और भगवान् सदाविष्णु देवदेव ... उसके देवता भी है ॥ ४ ॥

अष्टाक्षरो महामन्त्रस्य अधिदेवताकथनम्

तेनैव वासुदेवेन उद्धृतः सकलेष्टदः ।
अष्टाक्षरो महामन्त्रस्तस्मादेषोऽधिदैवतम् ॥ ५ ॥

उन्हीं वासुदेव ने संपूर्ण इष्ट प्रदान करने वाला अष्टाक्षर महामन्त्र का उद्धार किया है । इसलिये वही उसके अधिदेवता हैं ॥ ५ ॥

द्वादशाक्षरमन्त्रस्य अधिदेवताकथनम्

कूटस्थो वासुदेवस्तु द्वादशाक्षरदैवतम् ।
यश्च नारायणाख्यः स कूटस्थोऽक्षरसंज्ञितः ॥ ६ ॥
अष्टाक्षरस्य मन्त्रस्य दैवतं परमं मतम् ।
अष्टाक्षरो ह्यनुष्टुप् स्याज्जगती द्वादशाक्षरी ॥ ७ ॥

कूटस्थ वासुदेव **द्वादशाक्षर मन्त्र** के देवता हैं, जो नारायण कूटस्थ हैं, जिन्हें अक्षर कहा जाता है, वह **अष्टाक्षर मन्त्र** के देवता हैं । अष्टाक्षर मन्त्र का अनुष्टुप् छन्द है और द्वादशाक्षरी मन्त्र का जगती छन्द है ॥ ६-७ ॥

ब्रह्मा तु विष्णुगायत्र्या ऋषिः संपरिकीर्तितः ।
गायत्रं तु भवेच्छन्दो विष्णुर्देवः सनातनः ॥ ८ ॥

विष्णु गायत्री के ब्रह्मा देवता कहे गये हैं । गायत्री छन्द है और सनातन विष्णु देवता है ॥ ८ ॥

चतुर्णां चक्रमन्त्राणामृषिदेवताकथनम्

चतुर्णां चक्रमन्त्राणामृषिर्वै शिव उच्यते ।
छन्दश्चापि च गायत्रं कालचक्रं तु दैवतम् ॥ ९ ॥

चारों चक्रमन्त्रों के ऋषि शिव कहे जाते हैं । गायत्री छन्द है और कालचक्र उसके देवता हैं ॥ ९ ॥

षडक्षरमन्त्रस्य ऋषिदेवताकथनम्

षडक्षरस्य मन्त्रस्य ऋषिः सङ्कर्षणः प्रभुः ।
छन्दश्चापि च गायत्रं दैवतं वै सुदर्शनम् ॥ १० ॥

षडक्षर मन्त्र के सङ्कर्षण प्रभु ऋषि हैं । गायत्री छन्द है एवं सुदर्शन देवता है ॥ १० ॥

पञ्चोपनिषद् मन्त्रस्य ऋषिदेवताकथनम्

आदित्य एव मन्त्राणां पञ्चोपनिषदामृषिः ।
छन्दश्चापि तु गायत्रं पारमेष्ठ्ये प्रकीर्तितम् ॥ ११ ॥

पञ्चोपनिषद् मन्त्रों के ऋषि आदित्य हैं, गायत्री छन्द हैं ऐसा पारमेष्ठ्य सम्प्रदाय में कहा गया है ॥ ११ ॥

दैवतं च सदाविष्णुः सर्वलोकनमस्कृतः ।
गायत्रमेव च्छन्दस्तु वासुदेवश्च दैवतम् ॥ १२ ॥

सर्वलोक नमस्कृत सदाविष्णु उसके देवता हैं । **पुरुष मन्त्र** के गायत्री वासुदेव देवता है ऐसा मन्त्र तत्त्व के विचक्षण विद्वान् को जानना ॥ १२ ॥

पुरुषस्येति विज्ञेयं मन्त्रतत्त्वविचक्षणैः ।
उष्णिक् छन्दस्तु विश्वस्य देवः सङ्कर्षणः स्मृतः ॥ १३ ॥

मन्त्रतत्त्वविचक्षण साधक **'पुरुषस्य'** इस मन्त्र के उष्णिक् छन्द है देवता है ॥ १३ ॥

निवृत्तेश्चापि गायत्रं प्रद्युम्नश्चाधिदैवतम् ।
उष्णिक् छन्दस्तु सर्वस्य अनिरुद्धस्तु दैवतम् ॥ १४ ॥

निवृत्ति मन्त्र का गायत्री छन्द है, प्रद्युम्न अधिदेवता हैं, **सर्वस्य मन्त्र** उष्णिक् छन्द है, अनिरुद्ध देवता है ॥ १४ ॥

पञ्चतन्मात्रमन्त्राणामृषिदेवताकथनम्

पञ्चतन्मात्रमन्त्राणामृषिरादित्य उच्यते ।
छन्दो बृहत्यतिश्चैषां तद्दैवं कथयामि वः ॥ १५ ॥

पञ्चतन्मात्रा मन्त्रों के आदित्य ऋषि हैं, अतिबृहती छन्द है । अब देवता को कहते हैं ॥ १५ ॥

शब्दतन्मात्रमन्त्रस्य दैवमाकाश उच्यते ।
स्पर्शतन्मात्रमन्त्रस्य दैवतं वायुरुच्यते ॥ १६ ॥

१. शब्द तन्मात्रा मन्त्र के आकाश देवता हैं, **२. स्पर्श तन्मात्रा** के वायु देवता कहे गए है ॥ १६ ॥

रूपतन्मात्रमन्त्रस्य दैवमग्निरुदाहृतः ।
रसतन्मात्रमन्त्रस्य दैवमाप उदाहृताः ॥ १७ ॥

छन्दश्चापि तु गायत्रं दैवतं मुसलं भवेत् ॥ २९ ॥

४. मुशल मन्त्र के सङ्कर्षण देव ऋषि हैं । गायत्री छन्द है महान् मुसल देवता हैं ॥ २९ ॥

५. खड्गमन्त्रस्य ऋषिदेवताकथनम्

ऋषिस्तु खड्गमन्त्रस्य स्वयमेव जनार्दनः ।
गायत्रं तु भवेच्छन्दो नारदश्चास्य दैवतम् ॥ ३० ॥

५. खड्ग मन्त्र के स्वयं जनार्दन ऋषि हैं । गायत्री छन्द है और नारद देवता है ॥ ३० ॥

१. धनुर्मन्त्रस्य ऋषिदेवताकथनम्

ऋषिर्वै वासुदेवस्तु धनुर्मन्त्रस्य शाश्वतः ।
छन्दश्च सुप्रतिष्ठं तु शार्ङ्गं चैव दैवतम् ॥ ३१ ॥

१. धनुर्मन्त्र के शाश्वत वासुदेव ऋषि हैं । सुप्रतिष्ठ छन्द है और शार्ङ्ग देवता हैं ॥ ३१ ॥

२. मालामन्त्रस्य ऋषिदेवताकथनम्

ऋषिर्वै नारदो ज्ञेयो मालामन्त्रस्य शाश्वतः ।
अनुष्टुप् च भवेच्छन्दो मालादेवी तु दैवतम् ॥ ३२ ॥

२. माला मन्त्र के शाश्वत नारद ऋषि हैं । अनुष्टुप् छन्द है और मालादेवी देवता है ॥ ३२ ॥

मूर्तयो मूर्तिमन्त्राणामृषयः परिकीर्तिताः ।
एवं वै देवतास्तेषां सूक्ष्मरूपेण ये स्थिताः ॥ ३३ ॥

मूर्त्ति मन्त्रों के ऋषि पहले कह आये हैं । इस प्रकार इनके देवता है जो सूक्ष्मरूप से निवास करते हैं ॥ ३३ ॥

यो वासुदेवमन्त्रस्तु तस्योष्णिक् छन्द उच्यते ।
तथा सङ्कर्षमन्त्रस्य च्छन्दः समभिधीयते ॥ ३४ ॥

१. वासुदेव मन्त्र का उष्णिक् छन्द है ।

२. सङ्कर्षण मन्त्र के भी छन्द कह दिये गये हैं ॥ ३४ ॥

ततः प्रद्युम्नमन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ।
ततोऽनिरुद्धमन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ३५ ॥

३. **प्रद्युम्न मन्त्र** का गायत्री छन्द हैं ।

४. **अनिरुद्ध मन्त्र** का उष्णिक् छन्द कहा जाता है ॥ ३५ ॥

देवीमन्त्राणां च्छन्दकथनम्

देवीनामपि मन्त्राणामृषयो मूर्तयः स्मृताः ।
देव्यस्तु दैवतं तेषां छन्दस्तु कथयामि वः ॥ ३६ ॥

देवियों के मन्त्र के देवता मूर्त्तियाँ कही गई हैं । वे देवियाँ ही मन्त्रों के देवता हैं अब छन्द कहता हूँ ॥ ३६ ॥

प्रतिष्ठा शान्तिमन्त्रस्य च्छन्दः समभिधीयते ।
श्रीमन्त्रस्य प्रतिष्ठैव च्छन्दः समभिधीयते ॥ ३७ ॥

१. **शान्ति मन्त्र** का प्रतिष्ठा छन्द है ।

२. **श्रीमन्त्र** का भी प्रतिष्ठा ही च्छन्द है ॥ ३७ ॥

ततः सरस्वतीमन्त्रे गायत्रं छन्द उच्यते ।
रतिमन्त्रे प्रतिष्ठैव च्छन्दः समभिधीयते ॥ ३८ ॥

३. **सरस्वती मन्त्र** का गायत्री छन्द कहा गया है ।

४. **रति मन्त्र** का प्रतिष्ठा ही छन्द है ॥ ३८ ॥

सूर्यादिद्वादशमन्त्राणां च्छन्दकथनम्

ऋषिश्च सूर्यमन्त्राणां चतुर्णामज एकपात् ।
छन्दः षडक्षरस्यापि गायत्रं छन्द उच्यते ॥ ३९ ॥

सूर्यमन्त्रों के अज एकपात् ऋषि हैं । **षडक्षर सूर्यमन्त्र** का छन्द है ॥ ३९ ॥

त्रयाणामपि शेषाणामुष्णिक् छन्द उदाहृतम् ।
षडक्षरस्य दैवं तु ऋचीको नाम दैवतम् ॥ ४० ॥

तीन मन्त्रों का उष्णिक् छन्द कहा गया है । **षडक्षर** मन्त्र के ऋचीक नाम वाले हैं ॥ ४० ॥

ऋषिर्धात्रर्ककर्कीशमहाश्वेताश्च वै क्रमात् ।
त्रयाणामपि शेषाणां दैवतं समुदाहृतम् ॥ ४१ ॥

धाता, अर्क, कर्की, ईश और महाश्वेता ये ऋषि हैं । तीन मन्त्रों के देवता कह दिये गये हैं ॥ ४१ ॥

चत्वार ऋषयश्चैते रवेरेकाक्षरस्य च ।
छन्दश्चैवाप्यतिच्छन्दो दैवतं रविरेव च ॥ ४२ ॥

१. ये चार ऋषि सूर्य और एकाक्षर मन्त्र के हैं । इनका छन्द अति दैवत हैं और रवि देवता हैं ॥ ४२ ॥

ऋषिर्वराहमन्त्रस्य अनिरुद्ध उदाहृतः ।
छन्दश्चैवाप्यनुष्टुप् च दैवमादिवराहकः ॥ ४३ ॥

२. वराह मन्त्र के ऋषि अनिरुद्ध है यह कह दिया गया है । इस मन्त्र का अनुष्टुप् छन्द है और आदि वराह इसके देवता हैं ॥ ४३ ॥

छन्दश्चापि तु गायत्री दैवतं वामनो भवेत् ।
ऋषिर्माधवमन्त्राणां मार्कण्डेयः प्रकीर्तितः ॥ ४४ ॥

३. माधव मन्त्र के मार्कण्डेय ऋषि हैं । गायत्री छन्द है और वामन देवता कहे गये हैं ॥ ४४ ॥

छन्दस्तु विष्णुमन्त्रस्य सुप्रतिष्ठा प्रकीर्तिता ।
मधुसूदनमन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ४५ ॥

४. विष्णु मन्त्र का सुप्रतिष्ठा छन्द कहा गया है ।

५. मधुसूदन मन्त्र का उष्णिक् छन्द है ॥ ४५ ॥

ततो वामनमन्त्रस्य गायत्री छन्द उच्यते ।
हृषीकेशस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ४६ ॥

६. वामनमन्त्र का गायत्री छन्द है ।

७. हृषीकेश मन्त्र का उष्णिक् छन्द है ॥ ४६ ॥

पद्मनाभस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ।
ततः केशवमन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ॥ ४७ ॥

८. पद्मनाभ मन्त्र का उष्णिक् छन्द है ।

९. केशव मन्त्र का गायत्री छन्द कहा गया है ॥ ४७ ॥

नारायणस्य मन्त्रस्य छन्द उष्णिगुदाहृतम् ।
ततो माधवमन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ॥ ४८ ॥

१०. नारायण मन्त्र का उष्णिक् छन्द है ।

११. **माधव मन्त्र** का गायत्री छन्द कहा गया है ॥ ४८ ॥

ततो गोविन्दमन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ।
एतेषामपि मन्त्राणां द्वादशैते च देवताः ॥ ४९ ॥

१२. **गोविन्द मन्त्र** का गायत्री छन्द कहा गया है । इन मन्त्रों के द्वादश देवता है ॥ ४९ ॥

सप्तवैष्णवमातृकामन्त्राणामृषिदेवताच्छन्दकथनम्

ततस्तु मातृमन्त्राणामृषिर्वै नर उच्यते ।
एष वै दैवतं तेषां छन्दस्तु कथयामि वः ॥ ५० ॥

इन मातृ मन्त्रों के ऋषि नर हैं और यही मातृकायें देवता भी हैं छन्द कहता हूँ ॥ ५० ॥

वागीश्वर्यास्तु गायत्रं छन्दः समभिधीयते ।
क्रियायाः सुप्रतिष्ठा तु च्छन्द उक्ता सनातनी ॥ ५१ ॥

१. **वागीश्वरी** का गायत्री छन्द कहा गया है ।

२. **क्रिया** का सनातनी सुप्रतिष्ठा छन्द है ॥ ५१ ॥

प्रतिष्ठैव तु कीर्त्यास्तु लक्ष्म्याश्चापि प्रकीर्तिता ।
सृष्ट्याश्चापि प्रतिष्ठैव च्छन्दः समभिधीयते ॥ ५२ ॥

३. **कीर्ति** का प्रतिष्ठा ही छन्द है ।

४. **लक्ष्मी** का भी वही प्रतिष्ठा ही छन्द है ।

५. **सृष्टि** का भी सुप्रतिष्ठा छन्द है ॥ ५२ ॥

विद्यायाः सुप्रतिष्ठा तु च्छन्दः उक्ता सनातनी ।
कान्त्याश्चापि प्रतिष्ठा तु च्छन्दः समभिधीयते ॥ ५३ ॥

६. **सनातनी विद्या** का भी सुप्रतिष्ठा छन्द है ।

७. **कान्ति** का भी सुप्रतिष्ठा छन्द कहा गया है ॥ ५३ ॥

एतेषां दैवतं चापि सप्त वैष्णवमातरः ।

इन मन्त्रों की देवता भी सप्त वैष्णव मातृकायें हैं ।

विष्वक्सेनस्य मन्त्रस्य ऋषिदेवताच्छन्दकथनम्

विष्वक्सेनस्य मन्त्रस्य ऋषिस्तार्क्ष्य उदाहृतः ॥ ५४ ॥

उष्णिक् छन्दस्तु संप्रोक्तं विष्वक्सेनस्तु दैवतम् ।

विष्वक्सेन मन्त्र के ऋषि तार्क्ष्य कहे गये हैं । छन्द उष्णिक् है और विष्वक्सेन देवता हैं ॥ ५४-५५ ॥

चण्डप्रचण्डयोर्मन्त्रस्य ऋषिदेवताच्छन्दकथनम्

चण्डप्रचण्डयोर्मन्त्रे ऋषिर्वैवस्वतः स्मृतः ॥ ५५ ॥

चण्ड प्रचण्ड इन दोनों मन्त्रों के वैवस्वत ऋषि हैं ॥ ५५ ॥

छन्दस्तु चण्डमन्त्रस्य सुप्रतिष्ठा उदाहृता ।
छन्दः प्रचण्डमन्त्रस्य गायत्र समुदाहृतम् ॥ ५६ ॥

चण्ड मन्त्र का छन्द सुप्रतिष्ठा कहा जाता है और प्रचण्ड मन्त्र का गायत्री छन्द है ॥ ५६ ॥

गारुडमन्त्रस्य ऋषिदेवताच्छन्दकथनम्

ऋषिर्ब्रह्मा समुद्दिष्टो गारुडे चतुरक्षरे ।
प्रतिष्ठा छन्द उद्दिष्टा गरुडश्चाधिदैवतम् ॥ ५७ ॥

चार अक्षर वाले **गारुड़ मन्त्र** के ऋषि ब्रह्मा कहे जाते हैं । प्रतिष्ठा छन्द है और गरुड़ अधिदेवता है ॥ ५७ ॥

नीलकण्ठस्त्वृषिः प्रोक्तो गारुडे च त्रियक्षरे ।
छन्दश्चापि तु गायत्रं गरुत्मान् दैवतं परम् ॥ ५८ ॥

तीन अक्षर वाले **गारुड़ मन्त्र** के नीलकण्ठ ऋषि है, गायत्री छन्द है और गरुत्मान् पर देवता है ॥ ५८ ॥

भूतयक्षग्रहाणां तु मन्त्राणामृषिरच्युतः ।
छन्दश्चैवाप्यतिच्छन्दः श्रीधरश्चाधिदैवतम् ॥ ५९ ॥

भूत, यक्ष और ग्रहों के मन्त्रों के ऋषि अच्युत हैं । अतिच्छन्द छन्द है और श्रीधर अधिदेवता है ॥ ५९ ॥

कुमुदादिमन्त्राणामृषिदेवताच्छन्दकथनम्

कुमुदादिममन्त्राणां नि ..... द्वाराणि रक्षिणाम् ।
ऋषिर्गरुत्मान् विज्ञेयश्छन्दस्तु कथयामि वः ॥ ६० ॥

कुमुदादि मन्त्रों के तथा समस्त द्वारपालों के गरुत्मान् ऋषि हैं । अब उनके छन्द कहता हूँ ॥ ६० ॥

ततः कुमुदमन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ।
कुमुदाक्षस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ६१ ॥

कुमुद मन्त्र का गायत्री छन्द कहा जाता है ।

कुमुदाक्षमन्त्र का उष्णिक् छन्द है ॥ ६१ ॥

पुण्डरीकमन्त्रस्य च्छन्दकथनम्

पुण्डरीकस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ।

पुण्डरीक मन्त्र का उष्णिक् छन्द कहा जाता है ॥ ६२ ॥

वामनस्य मन्त्रस्य च्छन्दकथनम्

वामनस्य तु मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ६२ ॥

वामन मन्त्र का भी उष्णिक् छन्द कहा गया है ॥ ६२ ॥

शङ्कुकर्णस्य मन्त्रस्य च्छन्दकथनम्

शङ्कुकर्णस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ।

शङ्कुकर्ण मन्त्र का उष्णिक् छन्द कहा जाता है ।

सर्पनेत्रस्य मन्त्रस्य छन्दकथनम्

सर्पनेत्रस्य मन्त्रस्य उष्णिक् छन्द उदाहृतम् ॥ ६३ ॥

सर्पनेत्र मन्त्र का भी उष्णिक् छन्द कहा गया है ॥ ६३ ॥

सुमुखस्य मन्त्रस्य च्छन्दकथनम्

सुमुखस्य तु मन्त्रस्य गायत्रं छन्द उच्यते ।

सुमुख मन्त्र का गायत्री छन्द कहा जाता है ॥ ६४ ॥

सुप्रतिष्ठस्य मन्त्रस्य च्छन्दकथनम्

सुप्रतिष्ठस्य मन्त्रस्य अनुष्टुप् छन्द उच्यते ॥ ६४ ॥
एतेषामपि मन्त्राणां देवा दौवारिकास्त्वमी ।

सुप्रतिष्ठ मन्त्र का अनुष्टुप् छन्द कहा गया है । इन सभी मन्त्रों के द्वारपाल ही देवता हैं ॥ ६४ ॥

अग्निमन्त्राणामृषिदेवताच्छन्दकथनम्

सर्वेषामग्निमन्त्राणामृषिर्ब्रह्मा प्रकीर्तितः ॥ ६५ ॥

सभी अग्निमन्त्रों के ब्रह्मा ऋषि कहे गये हैं ॥ ६५ ॥

छन्दश्चापि तु गायत्रं गायत्र्याः समुदाहृतम् ।
शेषाणामपि मन्त्राणां त्रिष्टुप् छन्द उदाहृतम् ॥ ६६ ॥

गायत्री मन्त्र का भी गायत्री छन्द है । शेष मन्त्रों का त्रिष्टुप् छन्द कहा गया है ॥ ६६ ॥

दैवतं च भवेदग्निर्जातवेदा इति स्मृतः ।
प्रजापतिर्विराडाख्य ऋषिरपि इति स्मृतः ॥ ६७ ॥
गायत्रं तु भवेच्छन्दो दैवतं हव्यवाडभूत् ।

इनके देवता जातवेदा अग्नि कहे गये है । प्रजापति विराड् नाम वाले ऋषि कहे गए हैं । गायत्री छन्द हैं और हव्यवाड् देवता हैं ॥६७॥

शेषाणां विष्णुमन्त्राणामृषिदेवताछन्दकथनम्

शेषाणां विष्णुमन्त्राणामादित्य ऋषिरुच्यते ॥ ६८ ॥
छन्दश्चापि तु गायत्रं महाविष्णुश्च दैवतम् ।

शेष विष्णु मन्त्रों के आदित्य ऋषि कहे गये हैं । इन विष्णु मन्त्रों के छन्द गायत्री हैं और महाविष्णु देवता हैं ॥ ६८-६७ ॥

अनुक्तानां तु मन्त्राणां हनूमानृषिरुच्यते ॥ ६९ ॥
छन्दश्चापि तु गायत्रं सदाविष्णुश्च दैवतम् ।
संहितासु च सर्वासु द्रष्टव्यो वर्णविस्तरः ॥ ७० ॥

जो मन्त्र नहीं कहे गये हैं उनके ऋषि हनुमान् होते हैं । उनके गायत्री छन्द जाने जाते है और सदाविष्णु देवता होते हैं । इनके वर्णों का विस्तार संहिता ग्रन्थों में द्रष्टव्य है ॥ ६९-७० ॥

ऋषिर्भूत्वा साधनाकथनम्

मन्त्रं तु साधकः कृत्वा ऋषिर्भूत्वा स्वयं ततः ।
जन्मनैवमुपासीत बलियज्ञादिभिः क्रमात् ॥ ७१ ॥

साधक इस प्रकार मन्त्र का अनुष्ठान कर स्वयं ऋषि बन कर जन्म से ही बलि यज्ञादि के विधान द्वारा विष्णु की उपासना करे ॥ ७१ ॥

अनेन विधिवन्मन्त्रः शक्तिमन्त्रो भवत्युत ।
करोति कार्यसिद्धिं च प्रसीदति च देवता ॥ ७२ ॥

इस प्रकार विधि से संपादित मन्त्र शक्तियुक्त मन्त्र हो जाते हैं । वे शीघ्र ही प्रसन्न होकर कार्यसिद्धि करते हैं ॥ ७२ ॥

मन्त्रवीर्यबलैर्युक्तः साधकश्चापि जायते ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन ऋषिच्छन्दोऽधिदैवतम् ।
विदित्वा साधकः सम्यक् सर्वकर्माणि साधयेत् ॥७३॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् ऋषिरात्रे छन्दोविधिर्नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

…नित्य, अनियतकाल तथा पञ्चमी काल अथवा एक काल में जो …न करता है उस साधक का मन्त्र बल और वीर्य युक्त हो जाता है। …लिये ये साधक सब प्रकार के प्रयत्नों से ऋषि, छन्द और देवता का …कर अच्छी तरह सभी कर्मों का संपादन करे ॥ ७३ ॥

…प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के छन्दोविधि नामक सप्तम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

ऋषिरात्रे

अष्टमोऽध्यायः

प्रायश्चित्तविधानम्

सनत्कुमार उवाच—

प्रायश्चित्तानि वक्ष्यामि समयादिव्यतिक्रमे ।
ये वै समयिनां धर्माः समयास्ते प्रकीर्तिताः ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—समयी संप्रदाय के जितने समय नामक धर्म हैं उन्हें मैं पहले कह आया हूँ। अब समय धर्म के व्यतिक्रम का प्रायश्चित्त कह रहा हूँ ॥ १ ॥

समयधर्मकथनम्

तान् सर्वान् समयान् वक्ष्ये रक्ष्यन्ते ये च दीक्षितैः ।
दीक्षाकाले त्वथाचार्यैर्वक्तव्याः समयाः खलु ॥ २ ॥

अब मैं उन समयों को कहता हूँ जिन्हें समयधर्म के दीक्षित लोग पालन करते हैं। आचार्य लोगों को दीक्षा काल में अपने शिष्यों को समयधर्म का उपदेश अवश्य करना चाहिये ॥ २ ॥

अर्चनाद्यास्ततः सर्वे विहाराहारसंयुताः ।
एककालो द्विकालश्च त्रिकालश्च तथा परः ॥ ३ ॥
षट्कालश्च यथायोगः पञ्चमीकाल एव च ।
षड्विधाश्चात्र संप्रोक्ताः पुरुषोत्तमपूजकाः ॥ ४ ॥

विहाराहार संयुक्त सभी आचार्यादि एककाल, द्विकाल, त्रिकाल, इसके बाद का काल (चतुर्थ काल), षट्काल एवं पञ्चम काल इस प्रकार छः प्रकार के पुरुषोत्तम पूजक कहे गये हैं ॥ ३-४ ॥

१. द्विविधस्त्वेककालकोपासकविधानम्

नित्योऽनियतकालश्च द्विविधस्त्वेककालकः ।

... छः कालों में १. नित्यकाल और २. अनियतकाल द्विविध एक उपासक कहा गया है ॥ ५ ॥

षट्कालेषु तु चैकस्मिन्नर्चनानि करोति यः ॥ ५ ॥
स नित्य इति संप्रोक्तो नित्ययुक्तो दृढव्रतः ।

१. जो नित्ययुक्त दृढ़व्रत होकर छह काल में पूजा करता है उसे '... काल' उपासक कहते हैं ॥ ५-६ ॥

एकस्मिन्नेव काले तु योऽर्चयेन्नियमं विना ॥ ६ ॥
प्रोक्तोऽनियतकालः स पूर्वाह्णे तु विशिष्यते ।

२. जो साधक बिना किसी नियम के विशेष कर पूर्वाह्ण में ही पूजा ...ता है वह 'अनियत काल' उपासक कहा जाता है ॥ ६-७ ॥

२. द्विकालकोपासकविधानम्

सायंप्रातः क्रमश्चैव मध्याह्नो रात्रिरेव च ॥ ७ ॥
प्रत्यूषश्च प्रदोषश्च तथानियम एव च ।
चतुर्विधास्तु संप्रोक्ता दीक्षितास्तु द्विकालकाः ॥ ८ ॥

दो काल में पूजा करने वाले दीक्षित साधक १. सायं-प्रातः, २. ...ह्न एवं रात्रि, ३. प्रत्यूष एवं प्रदोष तथा ४. अनियत काल में पूजा ...ने वाले भेद से चार प्रकार के कहे गये हैं ॥ ६-८ ॥

यश्च प्रातश्च सायं च नियमेनैव पूजयेत् ।
सायंप्रातःक्रमश्चेति नाम्ना स परिकीर्तितः ॥ ९ ॥

१. जो सधक प्रातः काल एवं सायङ्काल नियमपूर्वक पूजा करते हैं ... सायं प्रातः क्रम वाले नाम से कहा जाता है ॥ ९ ॥

मध्याह्ने मध्यरात्रे च नियमाद्यस्तु पूजयेत् ।
मध्याह्नरात्र इत्युक्तो नाम्ना सोऽयमुपासकः ॥ १० ॥

२. मध्याह्न में और मध्यरात्रि में नियमपूर्वक जो पूजा करता है वह ...सक मध्याह्नरात्र नाम से कहा जाता है ॥ १० ॥

प्रत्यूषे च प्रदोषे च नियमाद्यस्तु पूजयेत् ।
स प्रत्यूषप्रदोषश्च स्वनाम्ना परिकीर्तितः ॥ ११ ॥

३. प्रातः और प्रदोष काल में जो नियमपूर्वक पूजा करता है वह ...त्यूष-प्रदोषक नाम से कहा जाता है ॥ ११ ॥

यस्तु कालद्वये कुर्यात् पूजामनियमेन तु ।
स चानियम इत्युक्तो नाम्ना चैषां तु पश्चिमः ॥ १२ ॥

४. जो साधक दो काल में पूजा तो करता है किन्तु नियमतः नहीं उसे अनियमक्रम का साधक कहा जाता है । यह सबसे पश्चिम (पिछड़ा हुआ) साधक है ॥ १२ ॥

३. त्रिकालकोपासकाः

आह्निको रात्रिकश्चेति त्रिकालो द्विविधो मतः ।

त्रिकाल पुरुषोत्तम पूजा करने वाले साधक १. आह्निक एवं २. रात्रिक भेद से दो प्रकार के कहे गये है ।

अह्नि त्रिकालपूजां तु कुरुते यः स आह्निकः ॥ १३ ॥

१. दिन में जो भक्त त्रिकाल पुरुषोत्तम पूजा करता है वह आह्निक साधक कहा जाता है ॥ १३ ॥

रात्रौ त्रिकालपूजां तु कुरुते यः स रात्रिकः ।

२. जो भक्त रात्रि में त्रिकाल पुरुषोत्तम पूजा करता है वह रात्रिक साधक कहा जाता है ॥ १४ ॥

४. षट्कालकोपासकाः

षट्कालः स यथायोगं षट्सु कालेषु योऽर्चयेत् ॥१४॥
उपासकेन्द्र इत्युक्तो नाम्ना षट्कालिको नरः ।

जो साधक छओं कालों में यथायोग पुरुषोत्तम पूजा करता है उसे षट्काल उपासकेन्द्र कहा जाता है जिसे षट्कालिक कहा गया है उसे 'षट्कालिकोपासकेन्द्र' कहते हैं ॥ १४-१५ ॥

५. यथायोगभक्तकथनम्

दिने वाप्यथ रात्रौ वा एककालमथापि वा ॥ १५ ॥
द्विकालं वा त्रिकालं वा षट्कालमथवा पुनः ।
द्रव्यसंयोगकाले वा संभवे सति कर्मणाम् ॥ १६ ॥
श्रद्धया पूजयेद्यस्तु यथायोगः स उच्यते ।

जो दिन में या रात्रि में किसी भी एक काल में, दो कालों में अथवा तीन कालों में, अथवा छओं कालों में, अथवा जब पूजा द्रव्य कर्म का संयोग संभव हो उस समय जो श्रद्धापूर्वक पूजा करे उसे **यथायोग** उपासक कहा जाता है ॥ १५-१७ ॥

६. पञ्चमीकालकोपासकाः

यस्तु वै विष्णुपञ्चम्यां देवं कृत्वाधिवासनम् ॥ १७ ॥
पूजयेद्विधिना यः स पञ्चमीकाल उच्यते ।

जो विष्णुपञ्चमी के दिन विष्णु का अधिवासन कर श्रद्धापूर्वक विष्णु पूजन करता है उस साधक को **पञ्चमी काल** उपासक कहा जाता है ॥ १७-१८ ॥

पञ्चमीकालकोपासकस्य भेदकथनम्

तत्र स्थण्डिलयाजो च तथा मण्डलयाजकः ॥ १८ ॥

पञ्चम काल उपासक के दो भेद हैं १. स्थण्डिलयाजक और २. मण्डलयाजक ॥ १५-१८ ॥

स्थण्डिले योऽर्चयेद्देवं पञ्चम्यां विधिपूर्वकम् ।
स तु स्थण्डिलयाजीति नाम्ना च परिकीर्त्यते ॥ १९ ॥

१. जो विष्णुपञ्चमी के दिन स्थण्डिल पर देवाधिदेव का पूजन करता है वह स्थण्डिलयाजी कहा जाता है ॥ १९ ॥

मण्डले पूजयेद्यस्तु स च मण्डलयाजकः ।
एते द्वादशभेदेन प्रोक्ता नित्यमुपासकाः ॥ २० ॥

२. जो विष्णुपञ्चमी के दिन मण्डल में विष्णु पूजन करता है वह मण्डलयाजक कहा जाता है । इस प्रकार द्वादश भेद से यहाँ विष्णु के नित्य उपासकों को कहा गया है ॥ २० ॥

क्रमयोगेन फलसंपत्तिकथनम्

एतेषां फलसंपत्तिः क्रमयोगेन कथ्यते ।
अब्दैर्द्वादशभिर्युक्तो नित्यः सिद्धिमवाप्नुयात् ॥ २१ ॥

अब इनकी पूजा से उत्पन्न फलनिष्पत्ति क्रमयोग से कहता हूँ । १. नित्य साधक बारह वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २१ ॥

अष्टाब्दैः सिद्धिमायाति सायंप्रातःक्रमो नरः ।
षड्भिरब्दैः समभ्येति मध्याह्नोरात्रिको नरः ॥ २२ ॥

२. सायं-प्रातः क्रम नामक साधक आठ वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है ।

३. मध्याह्नरात्रिक उपासक छः वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता हं ।

अब्दैश्चतुर्भिः संयाति तं प्रत्यूषप्रदोषकः ।
दशभिर्वत्सरैः सिद्धिं प्राप्नोत्यनियमो नरः ॥ २३ ॥

४. प्रत्यूष-प्रदोषक उपासक चार वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है । ५. अनियम साधक दश संवत्सर में सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २३ ॥

आह्निकः सिद्धिमायाति द्वाभ्यामेव न संशयः ।
रात्रिको वत्सरेणैव सिद्धिं प्राप्नोत्यसंशयम् ॥ २४ ॥

६. आह्निक पुरुषोत्तम पूजक दो ही वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है, इसमें संशय नहीं । ७. रात्रिक पुरुषोत्तम पूजक एक ही वर्ष में निश्चय सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २४ ॥

षट्कालिकस्तु षण्मासात् सिद्धिमाप्नोत्यसंशयम् ।
अष्टाब्दैः सिद्धिमायाति यथायोगो न संशयः ॥ २५ ॥

८. षट्कालिक पुरुषोत्तम पूजक छः मास में तथा ९. यथायोग पुरुषोत्तम पूजक आठ वर्षों में निश्चित सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

ततः स्थण्डिलयाजी तु वत्सरात् सिद्धिमाप्नुयात् ।
षण्मासात् सिद्धिमभ्येति यस्तु मण्डलयाजकः ॥ २६ ॥

१०. इसके बाद स्थण्डिलयाजी एक संवत्सर में तथा ११. मण्डलयाजक छह मास में सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २६ ॥

काले तु लङ्घिते प्रायश्चित्तकथनम्

अर्चने लङ्घिते चैषां प्रायश्चित्तमतः शृणु ।
काले तु लङ्घिते पश्चादष्टोत्तरसहस्रकम् ॥ २७ ॥
जप्त्वाष्टाक्षरमन्त्रं तु तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ।

अब अर्चन में उल्लङ्घन का प्रायश्चित्त सुनिए । पूजा काल के उल्लङ्घन से एक हजार आठ अष्टाक्षर मन्त्र का जप कर साधक उस दोष से मुक्त होता है ॥ २७-२८ ॥

एकदा लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

एकदा लङ्घने कृत्वाप्युपवासं तथा जपेत् ॥ २८ ॥
अर्चनां द्विगुणां कृत्वा तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ।

एक बार के उल्लङ्घन से उपवास तथा जप करे और द्विगुणित उपासना करे तब उस दोष से शुद्धि होती है ॥ २८-२९ ॥

पक्षस्य लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

जपं च प्रत्यहं चैव अष्टोत्तरसहस्रकम् ॥ २९ ॥
एकं वाप्युपवासं च यावत् पक्षस्य लङ्घने ।
जपं तु प्रत्यहं तावदुपवासत्रयं तथा ॥ ३० ॥

पक्ष के उल्लङ्घन से प्रतिदिन एक हजार आठ जप और एक करे प्रतिदिन जप तथा तीन उपवास करे ॥ ३० ॥

मासस्य लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

मासस्य लङ्घने प्राप्ते हुत्वाज्यसमिधः क्रमात् ।
सहस्रं मूलमन्त्रेण चरुहोमं घृतं पुनः ॥ ३१ ॥
आराधयित्वा देवेशं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

एक मास के उल्लङ्घन होने पर ही समिधा से हवन करे । इसके मन्त्र से एक सहस्र की संख्या में चरु एवं घृत का होम करें की आराधना से उस पाप से निवृत्ति होती है ॥ ३१ ॥

षण्मासलङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

षण्मासलङ्घने कुर्याज्जपं शतसहस्रकम् ॥ ३२ ॥
उपवासत्रयं कुर्याद्धुत्वा चैव यथाविधि ।
पलाशसमिधश्चापि घृतस्य च चरोरपि ॥ ३३ ॥
तिलानां चापि पद्मानां शतसाहस्रिकं पृथक् ।
हुत्वाराध्य सदाविष्णुं तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ॥ ३४ ॥

छः मास के उल्लङ्घन होने पर एक लाख जप करे । तदनन्तर पूर्वक होम कर तीन उपवास करे । लाश की समिधा, घृत, चरु, तिल और कमल का पृथक्-पृथक् लाख हवन करे । फिर विष्णु की आराधना कर पुरुषोत्तम पूजक पाप से मुक्त हो जाता है ॥ ३२-३४ ॥

संवत्सरलङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

लङ्घने वत्सरस्याथ शरदः स्मृतिसंयुतः ।
वर्णलक्षं जपेत् पश्चात् पुनः संस्कारमर्हति ॥ ३५ ॥
अशक्ताश्चापि ये चान्ये प्रायश्चित्तविधिं प्रति ।
पुनर्दीक्षाप्रवेशेन सर्वे शुध्यन्ति मानवाः ॥ ३६ ॥

अब्दैश्चतुर्भिः संयाति तं प्रत्यूषप्रदोषकः ।
दशभिर्वत्सरैः सिद्धिं प्राप्नोत्यनियमो नरः ॥ २३ ॥

४. प्रत्यूष-प्रदोषक उपासक चार वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है । ५. अनियम साधक दश संवत्सर में सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २३ ॥

आह्निकः सिद्धिमायाति द्वाभ्यामेव न संशयः ।
रात्रिको वत्सरेणैव सिद्धिं प्राप्नोत्यसंशयम् ॥ २४ ॥

६. आह्निक पुरुषोत्तम पूजक दो ही वर्षों में सिद्धि प्राप्त करता है, इसमें संशय नहीं । ७. रात्रिक पुरुषोत्तम पूजक एक ही वर्ष में निश्चय सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २४ ॥

षट्कालिकस्तु षण्मासात् सिद्धिमाप्नोत्यसंशयम् ।
अष्टाब्दैः सिद्धिमायाति यथायोगो न संशयः ॥ २५ ॥

८. षट्कालिक पुरुषोत्तम पूजक छः मास में तथा ९. यथायोग पुरुषोत्तम पूजक आठ वर्षों में निश्चित सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

ततः स्थण्डिलयाजी तु वत्सरात् सिद्धिमाप्नुयात् ।
षण्मासात् सिद्धिमभ्येति यस्तु मण्डलयाजकः ॥ २६ ॥

१०. इसके बाद स्थण्डिलयाजी एक संवत्सर में तथा ११. मण्डलयाजक छह मास में सिद्धि प्राप्त करता है ॥ २६ ॥

काले तु लङ्घिते प्रायश्चित्तकथनम्

अर्चने लङ्घिते चैषां प्रायश्चित्तमतः शृणु ।
काले तु लङ्घिते पश्चादष्टोत्तरसहस्रकम् ॥ २७ ॥
जप्त्वाष्टाक्षरमन्त्रं तु तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ।

अब अर्चन में उल्लङ्घन का प्रायश्चित्त सुनिए । पूजा काल के उल्लङ्घन से एक हजार आठ अष्टाक्षर मन्त्र का जप कर साधक उस दोष से मुक्त होता है ॥ २७-२८ ॥

एकदा लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

एकदा लङ्घने कृत्वाप्युपवासं तथा जपेत् ॥ २८ ॥
अर्चनां द्विगुणां कृत्वा तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ।

एक बार के उल्लङ्घन से उपवास तथा जप करे और द्विगुणित उपासना करे तब उस दोष से शुद्धि होती है ॥ २८-२९ ॥

पक्षस्य लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

जपं च प्रत्यहं चैव अष्टोत्तरसहस्रकम् ॥ २९ ॥
एकं वाप्युपवासं च यावत् पक्षस्य लङ्घने ।
जपं तु प्रत्यहं तावदुपवासत्रयं तथा ॥ ३० ॥

पक्ष के उल्लङ्घन से प्रतिदिन एक हजार आठ जप और एक ... करे प्रतिदिन जप तथा तीन उपवास करे ॥ ३० ॥

मासस्य लङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

मासस्य लङ्घने प्राप्ते हुत्वाज्यसमिधः क्रमात् ।
सहस्रं मूलमन्त्रेण चरुहोमं घृतं पुनः ॥ ३१ ॥
आराधयित्वा देवेशं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

... मास के उल्लङ्घन होने पर ही समिधा से हवन करे । इसके ... मन्त्र से एक सहस्र की संख्या में चरु एवं घृत का होम करें ... की आराधना से उस पाप से निवृत्ति होती है ॥ ३१ ॥

षण्मासलङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

षण्मासलङ्घने कुर्याज्जपं शतसहस्रकम् ॥ ३२ ॥
उपवासत्रयं कुर्याद्धुत्वा चैव यथाविधि ।
पलाशसमिधश्चापि घृतस्य च चरोरपि ॥ ३३ ॥
तिलानां चापि पद्मानां शतसाहस्रिकं पृथक् ।
हुत्वाराध्य सदाविष्णुं तस्माद् दोषात् प्रमुच्यते ॥ ३४ ॥

... मास के उल्लङ्घन होने पर एक लाख जप करे । तदनन्तर ...पूर्वक होम कर तीन उपवास करे ।

...लाश की समिधा, घृत, चरु, तिल और कमल का पृथक्-पृथक् ... लाख हवन करे । फिर विष्णु की आराधना कर पुरुषोत्तम पूजक ... पाप से मुक्त हो जाता है ॥ ३२-३४ ॥

संवत्सरलङ्घनप्रायश्चित्तकथनम्

लङ्घने वत्सरस्याथ शरदः स्मृतिसंयुतः ।
वर्णलक्षं जपेत् पश्चात् पुनः संस्कारमर्हति ॥ ३५ ॥
अशक्ताश्चापि ये चान्ये प्रायश्चित्तविधिं प्रति ।
पुनर्दीक्षाप्रवेशेन सर्वे शुध्यन्ति मानवाः ॥ ३६ ॥

शरद् काल के एक वत्सर पर्यन्त उल्लङ्घन से सावधानीपूर्वक मन्त्र में जितने वर्ण हैं उतने लाख (८ लाख) जप करे। फिर संस्कार करावे। जो उपासक प्रायश्चित्त के प्रति अशक्त हैं वे मानव पुनः दीक्षा संस्कार के बाद शुद्ध होते हैं ॥ ३५-३६ ॥

अकामकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

अकामकृतमज्ञानान्मासं समयिनां भवेत्।
पापमामरणं तेषां यागेनैकेन शुध्यति ॥ ३७ ॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन यागं कुर्याद्विचक्षणः।

अकाम या अज्ञान से पूजा का उल्लङ्घन होने पर समयी साधक के लिये एक मास का प्रायश्चित्त कहा गया है। उनका यह पाप आमरण होता है वे एक याग करने पर शुद्ध होते हैं। अतएव विचक्षण साधक प्रयत्नपूर्वक याग करे ॥ ३७-३८ ॥

व्रतलोपस्य कालविधानम्

सूतके प्रेतके चैव कर्मकाले तथाध्वनि ॥ ३८ ॥
दुर्भिक्षे राष्ट्रसङ्घाते विपत्त्याप्युपप्लवे।
ततो निरोधकाले तु व्याधितो विपरीकृते ॥ ३९ ॥
भयार्ते विक्लवे शून्ये राजदण्डस्य पातने।
चित्तोन्मादनकालेऽपि व्रतलोपो न विद्यते ॥ ४० ॥

सूतक, प्रेतकर्म, कर्म काल, रास्ता, दुर्भिक्ष, राष्ट्रविप्लव, विपत्ति, उपद्रव, निरोधकाल, व्याधि, विपरीत परिस्थिति, भय, वैक्लव्य, शून्य, राजदण्ड उपस्थित होने पर और चित्त के उन्मादन काल में व्रत का लोप नहीं होता है ॥ ३८-४० ॥

विहाराहारदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

विहाराहारदोषेषु प्रायश्चित्तं वदामि वः।
उपेत्य विष्णुपञ्चम्यां स्त्रियं मोहेन साधकः ॥ ४१ ॥
अष्टाक्षरसहस्रं तु मनुं त्वन्तर्जले जपेत्।
अष्टाक्षरशतेनाथ उपस्थाय दिवाकरम् ॥ ४२ ॥
सहस्रं तु जपेत् पश्चाद् दर्भपाणिः समाहितः।
ध्यात्वा तु परमं विष्णुं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ ४३ ॥

अब आहार एवं विहार के दोष में उत्पन्न पूजोल्लङ्घन का दोष कह

[रहे हैं।] साधक विष्णुपञ्चमी के दिन अज्ञानवश स्त्री सहवास कर जल में एक हजार आठ अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे। पुनः एक सौ आठ अष्टाक्षर मन्त्र से सूर्य भगवान् का उपस्थान कर हाथ में कुशा लेकर स्थिर चित्त से एक सहस्र मन्त्र का जप करे। फिर विष्णु का ध्यान कर उस पाप से मुक्त हो जाता है ॥ ४१-४३ ॥

दिवा स्त्रीगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

अयने चैव संक्रान्त्यां विषुवे सन्ध्ययोरपि।
दिवा चापि स्त्रियं गत्वा अहोरात्रमुपोषितः ॥ ४४ ॥
जप्त्वा सहस्रं तावत्तु हुत्वा चाज्यसमिच्चरुम्।
कृत्वाथ विष्णुमुद्रां च तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ ४५ ॥

अयन, संक्रान्ति, दोनों विषुव, दोनों सन्ध्या तथा दिन में स्त्री गमन करने पर दिन रात उपवास करे और एक सहस्र जप करे। उतनी ही संख्या में घी समिधा का होम करे। फिर विष्णुमुद्रा धारण करे तब उस पाप से मुक्ति होती है ॥ ४४-४५ ॥

विहाराहारसमयस्त्वर्चनासमयेषु
प्रायश्चित्तनिरूपणम्

यन्त्रे गोष्ठेऽथ याने वा वृक्षमूले चतुष्पथे।
सभायां च प्रपायां च तीर्थेष्वावसथेषु वा ॥ ४६ ॥
जलेऽध्वनि तरे चैव देवतायतनेषु च।
गत्वा स्त्रियं तु मोहेन स्नात्वानश्नन् दिनत्रयम् ॥ ४७ ॥
कृत्वा त्रिषवणस्नानमार्द्रवासा उपोषितः।

यन्त्र, गोष्ठ, यान, वृक्षमूल, चतुष्पथ, सभा, पौसरा, तीर्थ, आवसथ (घर), जल, रास्ता, नाव, देवतायतन इन स्थानों में अज्ञानवश स्त्री गमन करने वाला साधक स्नान कर और तीन दिन तक उपवास कर त्रिकाल स्नान करे तथा गीले वस्त्रों सहित उपवास करे ॥ ४६-४८ ॥

मूलमन्त्रायुतं जप्त्वा हुत्वा तान् समिदादिकान् ॥ ४८ ॥
दत्त्वा भागवते गां च तस्मात् पापात् प्रमुच्यते।

दस हजार मूलमन्त्र का जप करे। फिर समिधा आज्य का होम करे और भागवत् पुरुष को गाय प्रदान करे। तब उस पाप से मुक्ति होती है ॥ ४८-४९ ॥

विष्ण्वालये स्त्रीगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

विष्ण्वालये स्त्रियं मोहाद्यदि गच्छति मानवः ॥ ४९ ॥
सबीजं लिङ्गमुत्कृत्य हस्ते कृत्वाप्युदङ्मुखः ।
यावच्छरीरपातः स्यात् तावत्तां दिशमाव्रजेत् ॥ ५० ॥

यदि मनुष्य विष्णु मन्दिर में स्त्री के साथ संभोग करे तब बीज सहित लिङ्ग काट कर उसे हाथ में लेकर उत्तराभिमुख हो तब तक उसी दिशा में चलता रहे जब तक शरीर पात नहीं हो जावे ॥ ४९-५० ॥

विष्णवे वाथ सर्वस्वं दद्याद्भागवताय वा ।
अग्निं वा प्रविशेद्विष्णुं ध्यात्वा तोयं तु वा विशेत्॥५१॥

अथवा अपना सर्वस्व विष्णु को दे देवे अथवा भागवत को ही अपना सर्वस्व दे देवे अथवा विष्णु का ध्यान कर अग्नि में अथवा जल में प्रवेश करे ॥ ५१ ॥

कुर्यात् तदर्चनां वापि यावत् प्राणविमोक्षणम् ।
उक्तं वा गुरुणा कुर्यात् तस्मात् पापात् प्रमुच्यते॥ ५२ ॥

अथवा जब तक प्राणान्त नहीं हो जाता तब तक विष्णु की अर्चना करता रहे अथवा इस विषय में गुरु जो आज्ञा दें वही करे । तब पाप से मुक्ति होती है ॥ ५२ ॥

परस्त्रीगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

विधवां कन्यकां शिष्यां परस्त्रियमथापि वा ।
तथा प्रव्रजितां चापि गत्वा मोहेन मानवः ॥ ५३ ॥
मासं शाकव्रतो भूत्वा मन्त्रमष्टाक्षरं जपेत् ।
कृत्वा त्रिषवणस्नानं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ ५४ ॥

विधवा, कन्यका, शिष्या, परस्त्री अथवा प्रव्रजिता (सन्यासिनी, साधुनी) के साथ मोहवश सहवास कर एक महीने तक शाक का व्रत करे । त्रिषवण स्नान करे और अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे तब उस पाप से मुक्त होता है ॥ ५३-५४ ॥

पितृव्यां मातुलानीं वा अथो नप्तृस्त्रियं तथा ।
गत्वा मातृस्वसारं च मूलव्रतपरायणः ॥ ५५ ॥
कृत्वा त्रिषवणस्नानमार्द्रवासा जितेन्द्रियः ।
मासमेकं जपेन् मन्त्रमष्टाक्षरमतन्द्रितः ॥ ५६ ॥

कपिलां विष्णवे दत्त्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

...मामी, नाति की स्त्री और मौसी इनके साथ सहवास कर ...का जप करे तथा त्रिषवण स्नान करे । गीला वस्त्र रखे ...हे । इस प्रकार एक मास पर्यन्त सावधानी से अष्टाक्षर मन्त्र ...करे । पीली गाय विष्णु के निमित्त देवे तब उस पाप से ...होता है ॥ ५५-५७ ॥

आचार्यस्त्रीगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

आचार्यस्य स्त्रियं मोहाद्राजस्त्रियमथापि वा ॥ ५७ ॥
उपैति चेत् स्वकं देहं गृध्रेभ्यस्तु निवेदयेत् ।
ध्यात्वा देवं महाविष्णुमष्टाक्षरपरायणः ॥ ५८ ॥
यावत् प्राणविमुक्तिः स्यात् तावद्विष्णुमनुस्मरेत् ।
गृध्रग्रस्तशरीरोऽसौ तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ ५९ ॥

...वश आचार्य की स्त्री, राजा की स्त्री के साथ यदि सहवास ...अपना शरीर (देह) गृध्र को दे देवे और महाविष्णु देव का ...अष्टाक्षर परायण होकर जब तक प्राण न चला जाय तब तक ...स्मरण करे । इस प्रकार गृध्रग्रस्त शरीर वाला पापी उस पाप ...होता है ॥ ५८-५९ ॥

कन्यादिगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

गत्वा दुहितरं पौत्रीं स्वसारं स्वस्त्रियां तु वा ।
पैतृष्वसेयीं मातृश्च स्वसारं मातरं तु वा ॥ ६० ॥
लिङ्गमुत्कृत्य चानश्नन् सागराभिमुखो व्रजेत् ।
सागरं प्रविशेत् कामं यावत् प्राणविमोक्षणम् ॥ ६१ ॥
तावदष्टाक्षरं जप्त्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

...पौत्री, बहिन, कुटुम्ब की स्त्री, चाची, माता की बहन अथवा माता के साथ सहवास कर लिङ्ग काट देवे और भूखे ...की ओर जाकर सागर में प्रवेश करे । अष्टाक्षर जप कर ...करे जब तक प्राणविमोक्षण नहीं होता ॥ ६०-६१ ॥

...—स्वस्त्रियम् (यहाँ स्व का दो अर्थ आत्मा एवं आत्मीय है) ...स्त्री में कोई दोष नहीं । इसलिये यहाँ आत्मीय अर्थ लेना ...है ।

गत्वा मोहेन पतितामपीदं व्रतमाचरेत् ॥ ६२ ॥

प्राणविसर्जन तक अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे । इस प्रकार प्रायश्चित्त करने से पाप से मुक्ति होती है । अज्ञानवश पतित स्त्री से सहवास करे तो यही प्रायश्चित्त करे ॥ ६२

चण्डालीगमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

कामेन गत्वा चण्डालीं चातुर्मास्यव्रतं चरेत् ।
मासमेकं तु पयसा मासमेकं घृतेन च ॥ ६३ ॥
मासमेकं तु मूलेन मासमेकं तु सक्तुना ।
वर्तयन्नियतात्मा च मूलमन्त्रपरायणः ॥ ६४ ॥
पुनर्दीक्षां प्रविश्याथ तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

यदि कामनापूर्वक चाण्डाली से सहवास करे तो चातुर्मास्य व्रत करे और एक महीने तक दूध से, एक महीने तक घृत से, एक मास मूल से, एक मास सत्तू का सेवन करते हुये नियतात्मा होकर साधक प्राणयात्रा करे । मूलमन्त्र का जप करता रहे । फिर दीक्षा ग्रहण करे तब उस पाप से निवृत्ति होती है ॥ ६३-६५ ॥

रजस्वलागमनकृतदोषेषु प्रायश्चित्तकथनम्

गत्वा रजस्वलां मोहान्मासं वै यावकाशनः ॥ ६५ ॥
मूलमन्त्रजपं कृत्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।
असेव्यस्त्रियमासेव्य तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ६६ ॥

अज्ञानवश रजःस्वला स्त्री से सहवास कर एक महीने तक यावकाशन (गोयुक्त यव जो गोबर में रहे, उसे पृथ्वी पर गिरने से पहले लेकर गोमूत्र, जल अथवा गोदुग्ध में पकावे अथवा उसका यवागू निर्माण करे) करे । मूल मन्त्र का जप करे तब उस पाप से मुक्ति होती है । यदि अज्ञानवश असेव्य स्त्री का सेवन कर ले तो भी साधक वही व्रत करे ॥ ६५-६६ ॥

सिक्त्वा रेतस्त्वयोनिषु प्रायश्चित्तकथनम्

भूमौ वाथ जले वाथ सिक्त्वा रेतस्त्वयोनिषु ।
गोमूत्रयावकाहारो मासमष्टाक्षरं जपेत् ॥ ६७ ॥

योनि के बिना जो अपने रेत (वीर्य) को भूमि पर अथवा जल पर गिरा देता है वह गोमूत्र में पकाये गये आहार का मासपर्यन्त सेवन करे और अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे ॥ ६७ ॥

त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा स्पर्शयेद् गां च विष्णवे ।
समित्सहस्रं हुत्वाथ तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ ६८ ॥

भक्त साधक तीन रात तक उपवास कर विष्णु के निमित्त गौ दे । फिर एक हजार समिधा से हवन करे तब उस पाप से मुक्ति होती है ॥ ६८ ॥

वर्धक्यादियोनिषु सहवासस्य प्रायश्चित्तकथनम्

वर्धकीं नर्तकीं वाथ कुलटां वृषलीं तु वा ।
गत्वा मासं यावकाशी मूलमन्त्रायुतं जपेत् ॥ ६९ ॥
समिदादिहुतं कृत्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

यदि अज्ञानवश वर्धकी (नाऊन), नर्त्तकी, कुलटा या शूद्रा स्त्री के साथ सहवास कर ले तो एक मास तक दीक्षा गृहीत वैष्णव मूलमन्त्र का जप करे और यावक भोजन करे एवं समिधादि का हवन करे । तब उस पाप से निवृत्ति होती है ॥ ६९-७० ॥

सूतकान्नं भुक्त्वा प्रायश्चित्तकथनम्

सूतान्नं प्रेतकान्नं च भुक्त्वा मोहेन दीक्षितः ॥ ७० ॥
त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा मूलमन्त्रायुतं जपेत् ।

दीक्षा गृहीत वैष्णव यदि अज्ञान वश सूतकान्न या प्रेतकान्न का भोजन कर ले तो वह मूलमन्त्र का जप करे और तीन रात तक उपवास करे ॥ ७०-७१ ॥

लशुनादिभुक्त्वा प्रायश्चित्तकथनम्

लशुनं गृञ्जनं मद्यं भुक्त्वा पर्युषितं तथा ॥ ७१ ॥
स्नात्वानश्नन्नहोरात्रं तिष्ठेदासनवर्जितः ।
अष्टाक्षरसहस्रं तु जपेत् पीत्वा सुवर्चलाम् ॥ ७२ ॥

लशुन, गृञ्जन, मद्य तथा पर्युषित भोजन करने पर स्नान कर एक दिन रात तक खड़ा रहे । सुवर्चला पीकर अष्टाक्षर मन्त्र का सहस्र वार जप करे ॥ ७१-७२ ॥

अदीक्षितस्यान्नं भुक्त्वा प्रायश्चित्तकथनम्

भुक्त्वाप्यदीक्षितस्यान्नमुपोष्य विधिनैव तु ।
अष्टाक्षरसहस्रेण जप्तेन तु शुचिर्भवेत् ॥ ७३ ॥

दीक्षित यदि अदीक्षित साधक का अन्न खा ले तो विधिपूर्वक उपवास

करे । तदनन्तर अष्टाक्षर मन्त्र का एक सहस्र जप करे । तब वह शुद्ध होता है ॥ ७३ ॥

तुम्बीं कोशातकं चैव च्छत्राकं कोद्रवं तथा ।
शार्ङ्गिष्ठमारनालं च भुक्त्वानश्नंस्त्र्यहं क्षिपेत् ॥ ७४ ॥
पञ्चगव्यं ततः पीत्वा पूतो भवति साधकः ।

वैष्णव साधक तुम्बी (लौकी), कोशातक, छत्राक, कोदों, शार्ङ्गिष्ठ या आरनाल (कॉजी) खाकर तीन दिन उपवास से बितावे । इसके बाद पञ्चगव्य पान करे तब साधक पवित्र होता है ॥ ७४-७५ ॥

मत्स्यकूर्मवराहाणां मांसं जग्ध्वा प्रायश्चित्तकथनम्

मत्स्यकूर्मवराहाणां जग्ध्वा मांसानि साधकः ॥ ७५ ॥
त्रियहं पञ्चगव्येन त्रियहं पयसा पुनः ।
त्रियहं ब्रह्मकूर्चेन त्रियहं यावकेन तु ॥ ७६ ॥
वर्तयित्वायुतं जप्त्वा पूतो भवति साधकः ।

वैष्णव साधक मत्स्य, कूर्म या वराह का मांस खाकर तीन दिन तक पञ्चगव्य से, पुनः तीन दिन तक दूध से एवं तीन दिन तक ब्रह्मकूर्च एवं यावक पीकर निर्वाह करे और अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे तब पवित्र होता है ॥ ७५-७७ ॥

निर्माल्यं भक्षयित्वा प्रायश्चित्तकथनम्

निर्माल्यं भक्षयित्वा चाप्युच्छिष्टमगुरोरपि ॥ ७७ ॥
मासं पयोव्रतो भूत्वा जप्त्वा चाष्टाक्षरं सदा ।
ब्रह्मकूर्चं ततः पीत्वा पूतो भवति साधकः ॥ ७८ ॥

निर्माल्य खाकर तथा गुरु से अतिरिक्त अन्य का उच्छिष्ट भोजन करे तो एक मास तक पयोव्रत रहकर अष्टाक्षर मन्त्र का जप कर ब्रह्मकूर्च पीकर मनुष्य पवित्र होता है ॥ ७७-७८ ॥

भुक्त्वा चानुपनीतेन भुक्त्वा चैव स्त्रिया सह ।
भुक्त्वाप्यदीक्षितेनापि तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ७९ ॥

अनुपनीत तथा स्त्री के साथ या अदीक्षित के साथ भोजन कर वही व्रत करे ॥ ७९ ॥

बिडालकाकोच्छिष्टं भक्षयित्वा प्रायश्चित्तकथनम्

बिडालकाकोच्छिष्टं तु पक्षिदष्टं च नीरसम् ।
कृमिकेशादिदुष्टं च भुक्त्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ ८० ॥
आकाशस्थं च हस्तस्थमासनस्थं तथैव च ।
शयनस्थं च कांस्यस्थं पद्मपत्रगतं तथा ॥ ८१ ॥
परहस्तस्थितं भुक्त्वा तदेव व्रतमाचरेत् ।

बिडाल या काक का उच्छिष्ट तथा पक्षि के चोंच से दष्ट, नीरस एवं केशादि से दूषित भोजन करने पर उसी व्रत का आचरण करे। आकाश में स्थित, हाथ पर रखा हुआ, आसन पर पड़ा हुआ, शयन में, कांस्य पात्र में स्थित, कमलपत्र पर रखा हुआ तथा दूसरे के हाथ पर रखा हुआ भोजन करने पर वही व्रत करे ॥ ८०-८१ ॥

श्वचण्डालादिभिर्दृष्टमाघ्रातावक्षुतं तथा ॥ ८२ ॥
पादस्पृष्टं तथाक्रान्तं भुक्त्वा तद्व्रतमाचरेत् ।
उत्थाय च पुनर्भुक्त्वा तथा वान्तविमिश्रितम् ॥ ८३ ॥
दष्टपीतावशिष्टं च भुक्त्वा तद्व्रतमाचरेत् ।

श्वान या चाण्डालादि द्वारा देखा गया । सूँघा हुआ, छींक का छिटा पड़ा हुआ, पादस्पृष्ट या पादाक्रान्त भोजन कर लेने पर वही व्रत करे । (वान्तविमिश्रित) उगले गये अन्न को या उठकर पुनः भोजन करने पर, दष्ट तथा पीत से अवशिष्ट को पुनः भोजन करने पर वही व्रत करे ॥ ८२-८४ ॥

कुक्कुटादि दृष्टान्नं भक्षयित्वा प्रायश्चित्तकथनम्

दृष्ट्वा च कुक्कुटं श्वानं चण्डालं च रजस्वलाम् ॥ ८४ ॥
पतितं चैव पाषण्डं देवनिर्माल्यभक्षकम् ।
अन्त्यजं वापि भुञ्जानो व्रतमेतत् समाचरेत् ॥ ८५ ॥

यदि वैष्णव साधक को भोजन करते समय कुक्कुट, श्वान, चाण्डाल, रजःस्वला, पतित, पाखण्डी, देवनिर्माल्य का भक्षण करने वाले या अन्त्यज के देख लेने पर वैष्णव साधक उसी व्रत का आचरण करे ॥ ८४-८५ ॥

यो नार्चयेदप्यतिथिं तथा भागवतान् जनान् ।
कालप्राप्तान् स्वयं भुक्त्वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ८६ ॥

यदि वैष्णव साधक समय से घर पर प्राप्त हुये अतिथियों तथा भागवत जनों का जो अर्चन नहीं करता या स्वयं भोजन कर लेता है उसे भी यही व्रत करना चाहिये ॥ ८६ ॥

विहाराहारसमयस्त्वर्चनासमयस्तथा ।
समासादत्र संप्रोक्त आचारसमयः परः ॥ ८७ ॥
तस्यापि लङ्घने वक्ष्ये प्रायश्चित्तं यथाविधि ।

वैष्णव साधक के विहार एवं आहार का समय तथा अर्चना समय का यहाँ संक्षेप में वर्णन किया गया है । किन्तु उससे भी श्रेष्ठ आचार 'समय' है । अत: उस आचार के लङ्घन का प्रायश्चित्त यथाविधि कह रहा हूँ ॥ ८७ ॥

समयोल्लङ्घने प्रायश्चित्तविधानम्

आदित्याभिमुखो भूत्वा मूत्रोच्चारं विसृज्य च ॥ ८८ ॥
स्नात्वानश्नन्नहःशेषमार्द्रवासा जितेन्द्रियः ।
अष्टाक्षरसहस्रं तु जप्त्वा पूतो भविष्यति ॥ ८९ ॥

सूर्य के सामने जो मूत्र विसर्जन करता है वह स्नान कर बिना भोजन किये गीले वस्त्र धारण किये जितेन्द्रिय होकर अष्टाक्षर मन्त्र का एक हजार जप कर लेने पर पवित्र होता है ॥ ८८-८९ ॥

विदिकोत्सृष्टमूत्रपुरीषस्तु प्रायश्चित्तकथनम्

रात्रावुदङ्मुखश्चापि दिवा वा दक्षिणामुखः ।
कुर्यान्मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९० ॥

रात्रि में उत्तराभिमुख और दिन में दक्षिणाभिमुख होकर जो मूत्र एवं मल विसर्जन करता है उसके लिये भी वही प्रायश्चित्त है ॥ ९० ॥

आदित्याभिमुखो भूत्वा मूत्रविसर्जनस्य प्रायश्चित्तविधानम्

प्रत्यर्कं प्रति गां वापि प्रति सोमोदकं तु वा ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९१ ॥

सूर्य के सामने, गाय या चन्द्रमा और जल के सामने मल मूत्र त्याग करने पर वही प्रायश्चित्त कहा गया है ॥ ९१ ॥

सृष्टमूत्रपुरीषस्तु प्रायश्चित्तकथनम्

सृष्टमूत्रपुरीषस्तु दृष्ट्वा ज्योतिर्गणान् दिशि ।

तथाग्निं चन्द्रसूर्यौ च तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९२ ॥

ज्योतिर्गणों को तथा अग्नि, चन्द्रमा या सूर्य को देखकर उसी दिशा में वैष्णव मलमूत्र का विसर्जन करता है उसके लिये भी प्रायश्चित्त का नियम कहा गया है ॥ ९२ ॥

कृष्टक्षेत्रे मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

अकृत्वा व्यवधानं तु कृत्वा मूत्रपुरीषकम् ।
दग्धे कृष्टेऽपि च क्षेत्रे तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९३ ॥

यदि वैष्णव साधक दग्ध अथवा कृष्ट क्षेत्र में बिना व्यवधान किये मल-मूत्र त्याग करता है उसके लिये भी वही प्रायश्चित्त है ॥ ९३ ॥

आचमनं विना मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

कृतोच्चारस्तु संभाष्य यावदाचमनक्रमम् ।
सृष्टमूत्रपुरीषश्च तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९४ ॥

यदि वैष्णव साधक मूत्र अथवा मल-मूत्र दोनों कर आचमन के बिना ... कर देता है उसके लिये भी वही क्रम है ॥ ९४ ॥

प्रविश्यान्तर्जले कृत्वा पायुशोधं तु साधकः ।
गोमयेनापि वा कृत्वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९५ ॥

यदि वैष्णव साधक जल के भीतर प्रविष्ट होकर गुदा का संशोधन ... है अथवा गोमय से पायु संशोधन करता है वह भी उसी प्रायश्चित्त ... ॥ ९५ ॥

गोमये वाथ गोष्ठे वा वृक्षे वा कूप एव वा ।
कृत्वा मूत्रपुरीषं तु तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९६ ॥

यदि वैष्णव साधक गोमय में, गोष्ठ में, वृक्ष पर अथवा कूप में ... करने वाला उसी प्रायश्चित्त का आचरण करे ॥ ९६ ॥

चत्वरे मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

चत्वरे वृक्षमूले वा शून्यागारेऽपि वा पुनः ।
कृत्वा मूत्रपुरीषं तु तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९७ ॥

यदि वैष्णव साधक चत्वर (आँगन चबूतरा), वृक्षमूल या शून्यागार ... विसर्जित करे तो वही व्रत करे ॥ ९७ ॥

स्वच्छायायां तथान्यस्य च्छायायां वा कदाचन ।

कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९८ ॥

यदि वैष्णव साधक अपनी छाया अथवा अन्य व्यक्ति की छाया में कदाचित मल मूत्र कर वही व्रत करे ॥ ९८ ॥

मूत्रे वाथ पुरीषे वा श्वभ्रे वा यत्र कुत्रचित् ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ९९ ॥

मूत्र पर पुरीष में अथवा श्वभ्र भूमि के गड्ढे में अथवा जिस किसी स्थान में मल-मूत्र कर वही प्रायश्चित्त करे ॥ ९९ ॥

देवसंनिधौ मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

पात्रे वा धान्यकोष्ठे वा क्षेत्रे वा देवसंनिधौ ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषे वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०० ॥

पात्र में, धान्य के कोठिले में, क्षेत्र में या देवता के सन्निधान में मल मूत्र कर वही व्रत करे ॥ १०० ॥

सभायां वा प्रपायां वा वह्न्यगारे महापथे ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०१ ॥

सभा में, जल पीने के स्थान में, अग्न्यागार में या महापथ में मल मूत्र कर वही व्रत करे ॥ १०१ ॥

तुषे भस्मनि मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

तोये वा तोयतीरे वा तुषे भस्मनि वा पुनः ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०२ ॥

जल में अथवा जलाशय के तट पर भूसा तथा भस्म में मल-मूत्र कर वही व्रत करे ॥ १०२ ॥

अन्तर्द्वीपे तथा नद्यामुद्यानोपवनेषु च ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०३ ॥

द्वीप के भीतर, नदी, उद्यान या उपवन में मल-मूत्र कर उसी व्रत का आचरण करे ॥ १०३ ॥

वल्मीके मूत्रपुरीषकस्य प्रायश्चित्तकथनम्

कुलीरवासे वल्मीके मूषिकाबिल एव वा ।
कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०४ ॥

केकड़े के स्थान में, वल्मीक या मूषिका के बिल में मल मूत्र कर व्रत करे ॥ १०४ ॥

आचामेत् कृतशौचस्तु अकृत्वा पादधावनम् ।
तथाप्यनुपवीतं च तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०५ ॥

शौच क्रिया के पश्चात् पैर बिना धोये जो आचमन करता है अथवा उपवीत के जो आचमन करता है वह भी उसी व्रत का आचरण ॥ १०५ ॥

प्रक्षाल्य केवलौ पादौ हस्तौ वापि मृदा विना ।
अनाचान्तस्तथाभूतस्तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०६ ॥

मिट्टी के बिना जो हाथ पैर का प्रक्षालन करता है और आचमन करता है वह भी उसी व्रत का आचरण करे ॥ १०६ ॥

विनाघमर्षणं स्नात्वा विसृज्यौपासनं तथा ।
विना भानोरुपस्थानं तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०७ ॥

जो विना अघमर्षण के स्नान करे और सूर्योपस्थान के बिना उपासना को भी त्याग देता है वह भी वही व्रत करे ॥ १०७ ॥

अन्यभक्तैरदीक्षितैः सहासनस्य प्रायश्चित्तकथनम्

सहासनं तु संसेव्य अन्यभक्तैरदीक्षितैः ।
तथा पाषण्डिभिर्व्रात्यैस्तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०८ ॥

जो विष्णु से अन्य का भक्त है अथवा दीक्षारहित है उसके साथ एक आसन पर बैठने वाला तथा पाखण्डी एवं व्रात्य के साथ एक आसन पर बैठता है वह भी उसी व्रत का आचरण करे ॥ १०८ ॥

सह शय्यां ततः कृत्वा तादृग्भूतैर्नराधमैः ।
सर्वैर्महिश्वैश्चापि तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १०९ ॥

उपर्युक्त नराधमों के साथ शय्या पर एक साथ बैठने वाला, सभी ...ों के साथ एक साथ शय्या पर बैठने वाला उसी व्रत का आचरण करे ॥ १०९ ॥

पाण्डराङ्गं ततः स्पृष्ट्वा पाखण्डिनमथापि वा ।
तथा देवलकं चापि तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ११० ॥

श्वेत कुण्ठी, पाखण्डी और देवलक का स्पर्श कर भी साधक वही व्रत करे ॥ ११० ॥

श्वानं वाप्यथ चण्डालं दस्युमन्तिमवर्णजम् ।
प्रतिलोमं ततः स्पृष्ट्वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १११ ॥

कुत्ता, चाण्डाल, डाकू एवं अन्तिम वर्ण से उत्पन्न प्रतिलोम आदि का स्पर्श कर वही व्रत करे ॥ १११ ॥

अभिन्नाचारसमयैः शपथादिव्यतिक्रमे ।
प्रायश्चित्तविधानं तु कथयामि यथातथम् ॥ ११२ ॥

समयाचार का पालन करने वाले वैष्णवों के साथ शपथादि का व्यतिक्रम होने से किये जाने वाले प्रायश्चित का विधान यहाँ यथायोग कहता हूँ ॥ ११२ ॥

शपथादिव्यतिक्रमे प्रायश्चित्तविधानम्

शपथो द्विविधः प्रोक्तः शपथः शाप एव च ।
कृत्वा तु शपथं मोहाद् वृथा वै देवतां प्रति ॥ ११३ ॥
आराध्य देवतास्तद्वन्मासं शाकव्रतान्वितः ।
अष्टाक्षरमहोरात्रं जप्त्वा पापात् प्रमुच्यते ॥ ११४ ॥

शपथ दो प्रकार का होता है प्रथम शपथ और दूसरा शाप । देवता के प्रति अज्ञानवश शपथ करने से एक मास तक देवता की आराधना करे और शाकव्रत से मुक्त होकर दिन रात अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे तब उस पाप से मुक्त होता है ॥ ११३-११४ ॥

तथैव देवतां शप्त्वा तथा भागवतानपि ।
आचार्यं च तथा नारीं तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ११५ ॥

उसी प्रकार देवता को तथा भगवद् भक्तों को आचार्य तथा स्त्री को शाप देने पर वही व्रत करे ॥ ११५ ॥

राजानं च महाभूतमश्वत्थं गां यतिं द्विजम् ।
उपाध्यायं तथा शप्त्वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ११६ ॥

राजा, महाभूत, अश्वत्थ, गौ, यति, ब्राह्मण एवं उपाध्याय को शाप देकर उसी व्रत का आचरण करे ॥ ११६ ॥

मातरं पितरं पुत्रं मातुलं श्वशुरं तथा ।
पितामहं पितृव्यं च शप्त्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ ११७ ॥

माता, पिता, पुत्र, मामा, श्वशुर, पितामह एवं चाचा (पितृव्य) को शाप देकर उसी व्रत का आचरण करे ॥ ११७ ॥

जलं नदीं समुद्रांश्च सरस्तीर्थानि पर्वतान् ।
आत्मानं च तथा शप्त्वा तदेव व्रतमाचरेत् ॥ ११८ ॥

जल, नदी, समुद्र, सर, तीर्थ, पर्वत तथा स्वयं अपने को शप्त उसी व्रत का आचरण करे ॥ ११८ ॥

नागान् यक्षान् ग्रहान् सिद्धान् किन्नरानपि देवताः ।
गन्धर्वाप्सरसश्चैव शप्त्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ ११९ ॥

नाग, यक्ष, ग्रह, सिद्ध, किन्नर, देवता-गन्धर्व तथा अप्सराओं को शाप देकर उसी व्रत का आचरण करे ॥ ११९ ॥

उक्तस्तु देवताशापे प्रायश्चित्तविधिः परः ।
कुत्सने वैष्णवानां च प्रायश्चित्तं वदामि वः ॥ १२० ॥

यहाँ तक देवता के शाप के विषय में प्रायश्चित्तविधि कही गयी है। वैष्णवों की निन्दा करने पर प्रायश्चित्त कहता हूँ ॥ १२० ॥

वैष्णवानां कुत्सने प्रायश्चित्तकथनम्

अष्टाक्षरपराः सर्वे वैष्णवा इति कीर्तिताः ।
तेषां तु कुत्सने त्वेष प्रायश्चित्तविधिः परः ॥ १२१ ॥

अष्टाक्षर जाप परायण को वैष्णव कहा जाता है उनकी निन्दा करने पर यह प्रायश्चित्त करना चाहिये ॥ १२१ ॥

उपोष्य विधिना पीत्वा ब्रह्मकूर्चं यथाविधि ।
मूलमन्त्रसहस्रं तु जप्त्वाराध्य हरिं गुरुम् ॥ १२२ ॥
अभिवाद्य यथान्यायं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

वैष्णवों की निन्दा कर सविध ब्रह्मकूर्च पान करे । मूल मन्त्र का जप कर हरि गुरु की उपासना कर विधिपूर्वक उनका अभिवादन करे तब उस पाप से छुटकारा होता है ॥ १२२ ॥

हुङ्कारं वैष्णवस्योक्त्वा त्वङ्कारं च गरीयसः ॥ १२३ ॥
अतिक्रम्य गुरुं पश्चात् तदेव व्रतमाचरेत् ।

वैष्णव को हुङ्कार (साभिमान अपमान का शब्द) कर अपने बड़ों को त्वङ्कार (अपमानजनक शब्द) तथा गुरु की आज्ञा का उल्लङ्घन कर उसी व्रत का आचरण करे ॥ १२३-१२४ ॥

अवगृह्य तु कोपेन वैष्णवं प्रति यत्नतः ॥ १२४ ॥

हस्तेनाप्यथ वस्त्रेण तदेव व्रतमाचरेत् ।
पातयित्वास्य शस्त्राणि तदेव द्विगुणं चरेत् ॥ १२५ ॥

वैष्णवों के साथ यत्नपूर्वक हाथ से अथवा वस्त्र से पकड़कर झगड़ा करे तब भी उसी व्रत का आचरण करे । उसके शस्त्र को छीन लेवे अथवा गिरा देवे तब उसका द्विगुण व्रत करे ॥ १२४-१२५ ॥

उत्पाद्य शोणितं गात्रे तदेवाष्टगुणं चरेत् ।
हन्तुस्तस्य कदाचित्तु निष्कृतिर्न विधीयते ॥ १२६ ॥

उसके शरीर में मार कर यदि रक्त रंजित करे तब आठ गुणित प्रायश्चित्त करे । ऐसा न करने पर मारने वाले की कोई निष्कृति नहीं होती ॥ १२६ ॥

जातिभ्रंशकरे प्रायश्चित्तकथनम्

जातिभ्रंशकरे पश्चात् प्रायश्चित्तं वदामि वः ।
पुंसि चापि च मैथुन्यं जिह्वामैथुनमेव च ॥ १२७ ॥
जात्यन्तरगतिश्चैव ब्राह्मणानां च हिंसनम् ।
अथवा गोषु वै गच्छेज्जातिभ्रंशकरं भवेत् ॥ १२८ ॥

अब जाति भ्रंशकर पाप के विषय में प्रायश्चित्त कह रहा हूँ । पुरुष में मैथुन एवं जिह्वा में मैथुन करने वाले को जाति भ्रंशकर पाप लगता है । इसी प्रकार जात्यन्तर गमन करना या ब्राह्मण की हिंसा अथवा गौ में मैथुन यह भी जाति भ्रंशकर पाप है ॥ १२७-१२८ ॥

जातिभ्रंशकरे त्वत्र व्रतमेतन्निबोधत ।
पयसा मासमेकं तु शाकेनैकं तथापि च ॥ १२९ ॥
मूलेनैकं यावकेन उदकेन तथापरम् ।
वर्तयेन्नियतात्मा तु मूलमन्त्रपरायणः ॥ १३० ॥

जाति भ्रंशकर पाप करने पर यहाँ इस प्रकार का प्रायश्चित्त कहा गया है उसे समझो । एक महीने तक दूध से, एक महीने तक शाक से, एक महीने तक मूल से, इसके अतिरिक्त एक महीना यावक से, उसके बाद जल से प्रायश्चित्ती मूल मन्त्र का जप करते हुये वर्तन करे इसके बाद पञ्चगव्य पीकर उस पाप से मुक्त होता है ॥ १२९-१३० ॥

पञ्चगव्यं ततः पीत्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।
जनयित्वा सुतं मोहात् प्रतिलोमान्त्यजातिषु ॥ १३१ ॥

सत्यां प्रव्रजितायां च तदेव व्रतमाचरेत् ।
चण्डाल्यां जातपुत्रस्य निष्कृतिर्न विधीयते ॥ १३२ ॥

अज्ञान वश प्रतिलोम अन्त्य जाति में पुत्र उत्पन्न करे या सती स्त्री अथवा प्रव्रजिता स्त्री में पुत्र उत्पन्न करे तब भी उसी प्रकार का व्रत करे । जो चाण्डाली में पुत्र उत्पन्न करता है उसकी कोई निष्कृति नहीं है ॥ १३१-१३२ ॥

पतितानां प्रायश्चित्तकथनम्

पतितानां तु वक्ष्यामि प्रायश्चित्तं सुदुष्करम् ।
सुरापः स्वर्णहर्ता च भ्रूणहा गुरुतल्पगः ॥ १३३ ॥
तत्संयुक्तं इति प्रोक्ता महापातकिनो जनाः ।

अब पतित जनों के लिये अत्यन्त दुष्कर प्रायश्चित्त कहता हूँ । १. सुरापी, २. स्वर्णहर्त्ता, ३. भ्रूणहा, ४. गुरुतल्पग तथा ५. उनसे संसर्ग करने वाला ये पाँच महापातकी जन कहे गये हैं ॥ १३३ ॥

आसवं त्रिविधं प्राहुः

आसवश्च सुरा चेति सुरा तु द्विविधा भवेत् ॥ १३४ ॥
हिन्तालजं तालजं च तथा वै नारिकेलजम् ।
आसवं त्रिविधं प्राहुः पतनीयं द्विजन्मनाम् ॥ १३५ ॥

आसव और सुरा भेद से सुरा दो प्रकार की कही गई है । हिन्तालज, तालज (ताडी) तथा नारिकेलज ये तीन प्रकार कें आसव कहे गये हैं । इसके सेवन से द्विजाति पतित होते हैं ॥ १३४-१३५ ॥

त्रिविधा सुराकथनम्

गौडी माध्वी च पैष्टी च विज्ञेया त्रिविधा सुरा ।
पतन्ति पानादेतेषां सर्वथा तु द्विजातयः ॥ १३६ ॥

१. गौड़ी, २. माध्वी और ३. पैष्टी भेद से सुरा तीन प्रकार की है । द्विजाति जन इन तीनों प्रकार के सुरापान से पतित हो जाते हैं ॥ १३६ ॥

प्रायश्चित्तं सुरापाने प्राणान्तिकमुदाहृतम् ।
विलीनं वा पिबेत् ताम्रं सदा विष्णुमनुस्मरन् ॥१३७॥

सुरापान का प्रायश्चित्त प्राणान्तिक (प्राणों का ही अन्त कर लेना)

कहा गया है अथवा सदा विष्णु का स्मरण करते हुये ताँबें को गला कर पान करे यह भी प्रायश्चित्त है ॥ १३७ ॥

अग्निवर्णां सुरां पीत्वा तप्त्वा सम्यगयाग्निना ।
आप्राणान्तं हरिं ध्यात्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते॥१३८॥

अग्नि के समान लाल वर्ण की सुरा पान कर विष्णु का ध्यान कर जलती हुई अग्नि में आप्राणान्त अपने शरीर को जला देवे । तब सुरापान के पाप से मुक्ति होती है ॥ १३८ ॥

सुवर्णपतितस्य प्रायश्चित्तकथनम्

ये ब्राह्मणं सुवर्णं च शप्त्वा वाथ च्छलेन वा ।
गृह्णन्ति वञ्चयित्वा वा सुवर्णपतितास्तु ते ॥ १३९ ॥

जो ब्राह्मण सुवर्ण को अभिशप्त कर अथवा छल से वञ्चना कर किसी से ले लेते हैं वे सुवर्ण पतित कहे जाते हैं ॥ १३९ ॥

प्रायश्चित्तं तथैतेषां कथयिष्यामि वः क्रमात् ।
गृहीत्वा मुसलं सम्यगायसीं यष्टिमेव वा ॥ १४० ॥
राज्ञे निवेदयेदेवं सुवर्णपतितोऽस्म्यहम् ।
मां हनानेन राजेन्द्र मुक्तिं तेनाहमाप्नुयाम् ॥ १४१ ॥

अब इनका प्रायश्चित्त क्रमशः आप सभी से कहता हूँ । अपने हाथ में मुसल लेकर अथवा लोहे की लाठी लेकर राजा के पास जाकर निवेदन करे कि महाराज मैं सुवर्ण पतित हूँ । हे राजेन्द्र ! आप इसी से मेरा वध कीजिये जिससे मेरी मुक्ति हो जावे । इस प्रकार अपना सारा दोष कहे ॥ १४०-१४१ ॥

इत्युक्त्वा तु स्मरेद्विष्णुमुक्तदोषः कृताञ्जलिः ।
राजा तु प्रहरेन्मूर्ध्नि मुसलेन विशुद्धये ॥ १४२ ॥

फिर हाथ जोड़ कर विष्णु का स्मरण करे । राजा उसे शुद्ध करने के लिये मुशल से उसके शिर पर प्रहार करे ॥ १४२ ॥

मरणेनैव तेनासौ तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।
अथवा द्विगुणं दत्त्वा सुवर्णं विष्णवे पुनः ॥ १४३ ॥
ब्राह्मणाय च तावत्तु दत्त्वा यावद्धृतं धनम् ।
अब्दं पयोव्रतो भूत्वा जपेदष्टाक्षरं सदा ॥ १४४ ॥

जपान्ते प्रविशेद्दीक्षां तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

इस प्रकार मर जाने पर वह उस पाप से मुक्त होता है अथवा विष्णु को द्विगुणित सुवर्ण दान करे और ब्राह्मण का जितना सुवर्ण लिया है उतना देकर वर्ष पर्यन्त पयोव्रत करे और सदा अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे । जप के अन्त में पुनः दीक्षा में प्रवेश करे । तब उस पाप से मुक्ति होती है ॥ १४३-१४५ ॥

ब्रह्महादिप्रायश्चित्तकथनम्

हत्वा स्त्रियश्च विप्रांश्च भ्रूणहा जायते नरः ॥ १४५ ॥
प्रायश्चित्तमथास्यापि कथयाम्यनुपूर्वशः ।

स्त्री और ब्राह्मण का वध कर मनुष्य भ्रूण हत्यारा बन जाता है । इस पाप का आनुपूर्वी प्रायश्चित्त कह रहा हूँ ॥ १४५ ॥

अरण्ये पर्वते वापि कुटीं कृत्वा निराश्रयः ॥ १४६ ॥

किसी का आश्रय लिये बिना निर्जन, अरण्य अथवा पर्वत पर कुटी बना कर निवास करे ॥ १४६ ॥

भिक्षां परिभ्रमेद् ग्रामे ब्रह्महाहमिति ब्रुवन् ।
चरेत् खट्वाङ्गधारी तु तच्छिरःपातभोजनः ॥ १४७ ॥
जप्त्वाथाष्टाक्षरं मन्त्रं भूमिशय्यापरायणः ।
द्वादशाब्दं चरित्वैवं तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥ १४८ ॥

मैं ब्रह्महत्यारा हूँ ऐसा कहते हुये खट्वाङ्ग धारण कर गाँव-गाँव में भिक्षा के लिये परिभ्रमण करे और पतित हुये शिर से मिली हुई उस भिक्षा का भोजन करे । अष्टाक्षर मन्त्र का जप करे । भूमि पर शयन करे । इस प्रकार बारह वर्ष पर्यन्त इस व्रत के करने से वह ब्रह्महत्या के पाप से छूट जाता है ॥ १४६-१४८ ॥

अथवा विषयान् सर्वान् भ्रमेच्छवशिरोध्वजः ।
स्नात्वा तीर्थानि सर्वाणि ब्रह्महाहमिति ब्रुवन् ॥ १४९ ॥
ग्रामैकरात्रवासी तु भैक्षाहारो जितेन्द्रियः ।
चक्रमन्त्रं जपेद्विद्वान् द्वादशाब्दं यथाविधि ॥ १५० ॥
सर्वस्वं दक्षिणां दत्त्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

अथवा मरे हुये उस शव के शिर को ध्वजा में लटका कर सभी देशों में भ्रमण करे और मैं ब्रह्महत्यारा हूँ ऐसा कहते हुये सभी तीर्थों में

स्नान करे । गाँव में भिक्षाहार करते हुये जितेन्द्रिय हो कर एक रात्रि पर्यन्त निवास करे । विद्वान् साधक चक्र मन्त्र का बारह वर्ष पर्यन्त यथाविधि जप करे । इसके बाद सर्वस्व दक्षिणा देवे । तब इस पाप से मुक्ति हो जाती है ॥ १४९-१५१ ॥

अथवा पयसा वापि मूलेन च फलेन वा ॥ १५१ ॥
शाकेन यावकेनापि द्वादशाब्दं चरेद् व्रतम् ।
भ्रूणहाहमिति ख्याप्य स्त्रीवधात् परिमुच्यते ॥ १५२ ॥

अथवा दूध से, मूल से, फल से, शाक से या यावक से १२ वर्ष पर्यन्त व्रत करे । मैं 'भ्रूणहा हूँ' इस प्रकार अपनी ख्याति करे तब वह स्त्रीवध के पाप से मुक्त हो जाता है ॥ १५१-१५२ ॥

बालं चापि तथा हत्वा तदेव व्रतमाचरेत् ।
गुरुदाराभिगमने पूर्वोक्तैव तु निष्कृतिः ॥ १५३ ॥

अज्ञान में बालक की हत्या हो जाने पर इसी व्रत का आचरण करे गुरु की स्त्री के साथ सहवास करे तब भी यही निष्कृति करे ॥१५३॥

पतितस्यैव योगे प्रायश्चित्तकथनम्

पतितस्यैव योगे तु प्रायश्चित्तं ब्रवीमि वः ।
सहासनाशनस्वप्नयानाध्ययनकर्मभिः ॥ १५४ ॥
संवत्सरेण पतति पतितेन सहाचरन् ।
सहभोजनयानेन सद्य एव पतत्यसौ ॥ १५५ ॥

अब पतित के साथ संसर्ग का प्रायश्चित्त कह रहा हूँ । पतित के साथ में बैठना, साथ में भोजन करना, साथ मे सोना, साथ में चलना, साथ में अध्ययन तथा साथ में कर्म करना या साथ में भोजन करने से मनुष्य सद्यः पतित हो जाता है ॥ १५४-१५५ ॥

संयोगे पतितस्यापि प्रोच्यते निष्कृतिर्मया ।
अब्दं चान्द्रायणं कुर्यादब्दं शाकव्रतं तु वा ॥ १५६ ॥
अब्दं मूलव्रतं वापि चरेदष्टाक्षरं जपेत् ।
व्रतान्ते भोजयेद् विप्रान् दद्यात्सर्वस्वदक्षिणाम्॥१५७॥
पुनर्दीक्षां प्रविश्याथ तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ।

अब पतित के साथ संसर्ग होने पर उसकी निष्कृति कहता हूँ । एक वर्ष पर्यन्त चान्द्रायण व्रत करे । एक वर्ष तक शाकव्रत करे । एक

मूलव्रत करे और अष्टाक्षर मन्त्र जप करे । व्रत के अन्त में भोजन करा कर सर्वस्व दक्षिणा देवे । इसके बाद पुनः दीक्षा करे । तब उस पाप से मुक्ति होती है ॥ १५६-१५८ ॥

उपपातकिनां प्रायश्चित्तकथनम्

उपपातकिनां वक्ष्ये प्रायश्चित्तं यथाविधि ॥ १५८ ॥
हत्वा नराधिपान् कोपाच्छस्त्रेणान्येन वा पुनः ।
अब्दं चान्द्रायणं कुर्यादष्टाक्षरपरायणः ॥ १५९ ॥
व्रते परिसमाप्ते तु भोजयित्वाथ वैष्णवान् ।
श्वेताश्वं दक्षिणां दत्त्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥१६० ॥

उपपातकियों की प्रायश्चित्त विधि कहता हूँ । क्रोध के आवेश में अथवा अन्य अस्त्र से राजा का वध करे तो अष्टाक्षर मन्त्र का हुये चान्द्रायण व्रत करे । व्रत की समाप्ति होने पर वैष्णवों करा कर साधक श्वेत घोड़ा दक्षिणा में देवे तब उस पाप से है ॥ १५८-१६० ॥

हत्वा वैश्यं तु कोपेन अमीभिर्मतिपूर्वकम् ।
अब्दं शाकव्रतं कुर्यादष्टाक्षरपरायणः ॥ १६१ ॥
ब्राह्मणान् भोजयित्वान्ते पीत्वा चैव सुवर्चलाम् ।
ऋषभं दक्षिणां दत्त्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥१६२ ॥

पूर्वक शस्त्र से अथवा अन्य से क्रोधावेश में वैश्य का वध कर परायण होकर एक वर्ष पर्यन्त शाक व्रत करे फिर सुवर्चला तदनन्तर ब्राह्मणों को भोजन कराकर साधक बैल दक्षिणा में पाप से मुक्ति होती है ॥ १६१-१६२ ॥

हत्वा शूद्रं तु कोपेन संरम्भान्मतिपूर्वकम् ।
मासं पयोव्रतं कुर्यादष्टाक्षरपरायणः ॥ १६३ ॥
त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा व्रतान्ते भोजयेद् द्विजान् ।
ब्रह्मकूर्चं ततः पीत्वा तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥१६४॥

पूर्वक क्रोधावेश में शूद्र का वध कर अष्टाक्षर परायण होकर पर्यन्त पयोव्रत करे । फिर तीन रात तक उपवास करे । में ब्राह्मणों को भोजन करावे फिर ब्रह्मकूर्च पान कर उस पाप से है ॥ १६३-१६४ ॥

गजमश्वादिकं हत्वा प्रायश्चित्तकथनम्

हत्वा गां गजमश्वं वा व्यालं वा मृगमेव वा ।
वराहं च रुरुं वापि तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १६५ ॥
सर्पं वा कुक्कुटं वापि श्वानं मर्कटमेव वा ।
मयूरं वाथ काकं वा हत्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ १६६ ॥

गौ, हाथी, घोड़ा, साँप अथवा मृग, वराह या रुरूमृग का वध कर वही व्रत करे। सर्प, मुर्गा, कुत्ता, बानर, मयूर तथा काक का वध कर वही व्रत करे ॥ १६५-१६६ ॥

शुकं वा पल्लिकां वापि मत्स्यं कूर्मं च तित्तिरिम् ।
मृगं वा जम्बुकं वापि हत्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥१६७॥

शुक, पल्लिका, मछली, कछुआ, तित्तिर, मृग या जम्बुक का वध कर भी वही व्रत करे ॥ १६७ ॥

ऋक्षं वा महिषं वापि व्याघ्रं वा सिंहमेव वा ।
खड्गं कृष्णं शशं वापि हत्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ १६८ ॥

ऋक्ष, महिष, व्याघ्र, सिंह, गैंड़ा, कालामृग या खरहा का वध कर भी वही व्रत करे ॥ १६८ ॥

शुकादिशकुनेर्बन्धं कृत्वोक्त्वा पैशुनं नृपे ।
कृत्वा स्तैन्यं तु वा ज्ञानात् तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १६९ ॥

शुकादि पक्षियों को बन्धन में डालकर राजा के पास झूठी शिकायत करे या ज्ञानपूर्वक चोरी करे तब भी उसी व्रत को करे ॥ १६९ ॥

वस्त्रस्तेयादिकृते प्रायश्चित्तकथनम्

वस्त्रस्तेयं ततः कृत्वा लोहस्तेयं तथैव च ।
तथैव त्रपुषः स्तेयं कृत्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ १७० ॥

यदि वस्त्र की चोरी, लोहे की चोरी या राँगा की चोरी करे तो भी उसी व्रत को करे ॥ १७० ॥

पुस्तकस्तेयादिकृते प्रायश्चित्तकथनम्

कृत्वा तु पुस्तकस्तेयं यन्त्रस्तेयं तथैव च ।
स्नेहस्तेयं च गोस्तेयं रत्नस्तेयं तथैव च ॥ १७१ ॥
पक्षिस्तेयं पयःस्तेयं छत्रादिस्तेयमेव च ।

तथैव शयनस्तेयं कृत्वा तद्व्रतमाचरेत् ॥ १७२ ॥

पुस्तक स्तेय, यन्त्र स्तेय, तेल स्तेय, गोस्तेय, रत्न स्तेय, पक्षि ... दूध स्तेय अथवा छत्रादि का स्तेय तथा शयन स्तेय कर उसी ... ही करे ॥ १७०-१७२ ॥

देवस्तेयं ततः कृत्वा निष्कृतिस्तस्य नोच्यते ।

देववस्तु की चोरी का कोई निष्क्रम आदि प्रायश्चित्त नहीं है ।

गुरुलङ्घने प्रायश्चित्तकथनम्

प्रायश्चित्तं तु शिष्याणां वक्ष्यामि गुरुलङ्घने ॥ १७३ ॥

... गुरु की आज्ञा उल्लङ्घन करने पर शिष्य को जो प्रायश्चित्त ... चाहिये उसे कहता हूँ ॥ १७३ ॥

लङ्घयित्वा तु चाज्ञानाद् वर्तते यः स्वतन्त्रतः ।
चान्द्रायणत्रयं कृत्वा अष्टाक्षरपरायणः ॥ १७४ ॥

गुर्वाज्ञोल्लङ्घन पाप से मुक्ति का विधान-जो शिष्य अज्ञानवश गुरु ... आज्ञा न मानकर स्वतन्त्र रूप से निवास करता है वह अष्टाक्षर मन्त्र ... परायण होकर तीन चान्द्रायण व्रत करे ॥ १७४ ॥

उपवासत्रयं कृत्वा पश्चादार्द्राम्बरः शुचिः ।
नमस्कृत्य गुरोः पादावभिवन्द्य प्रसादयेत् ॥ १७५ ॥

तीन दिन उपवास करे पश्चात् गीला कपड़ा धारण कर पवित्रतापूर्वक ... के चरणों पर गिरकर उन्हें नमस्कार करे ॥ १७५ ॥

यावत् तस्य प्रसादः स्यात् तावत् परिचरेद् गुरुम् ।
ततस्त्वाचमनं कुर्यात् तस्मात् पापात् प्रमुच्यते ॥१७६ ॥

जब तक वे प्रसन्न न हों जायँ तब तक उनकी सेवा करते रहें । प्रसन्न होने पर आचमन करे । तब गुर्वाज्ञोल्लङ्घन पाप से मुक्त ... है ॥ १७६ ॥

भगवत्पूजादिरहितस्य प्रायश्चित्तकथनम्

अकृत्वा भगवत्पूजामनुपोष्य च पञ्चमीम् ।
अकृत्वा भैक्षचरणं तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १७७ ॥

जो पञ्चमी का उपवास नहीं करता है तथा भगवत् पूजा नहीं करता ... भिक्षाचरण नहीं करता वह पूर्वोक्त व्रत करे ॥ १७७ ॥

पुष्पस्तेयस्य प्रायश्चित्तकथनम्

पुष्पस्तेयं फलस्तेयं कृत्वाप्युक्त्वानृतं गुरोः ।
अकृत्वा समिदाधानं तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १७८ ॥

पुष्प की चोरी, फल की चोरी करके भी गुरु से झूठ बोलता है और समिदाधान नहीं करता वह भी इसी व्रत को करे ॥ १७८ ॥

अनिवेद्य गुरोः कृत्वा सर्वकर्माणि दीक्षितः ।
स्नात्वानश्नन्नहःशेषं गुरोर्वचनमाचरेत् ॥ १७९ ॥

जो दीक्षित गुरु से बिना पूछे सब कर्म संपादन कर लेता है, वह स्नान कर शेष दिन बिना भोजन के व्यतीत कर गुरु के वचन का पालन करे ॥ १७९ ॥

आचार्यस्तु तदा शिष्यं शुश्रूषाभिरतं चिरात् ।
अकृत्वा ग्रन्थिसन्दर्भमसूयादिविवर्जितः ॥ १८० ॥

आचार्य चिरकाल से अपनी शुश्रूषा में लगे हुये शिष्य से साठ-गाँठ कपट न रखें और उससे असूया न रखे ॥ १८० ॥

कृत्वा मण्डलयागं तु अनुतापसमन्वितम् ।
अनुनीय ततः शिष्यं सिद्धार्थं तु निवेदयेत् ॥ १८१ ॥

शिष्य पश्चात्ताप करने पर आचार्य मण्डल याग संपादन करे । फिर शिष्य को प्रसन्न कर अपने अनुकूल बनाकर उसे शास्त्रों के सिद्धान्त प्रदान करे ॥ १८१ ॥

अन्यथा पतति क्षिप्रमाचार्यः शिष्यवञ्चकः ।
तस्माद्रहस्यकृच्छ्रं तदाचार्याणां प्रवर्तते ॥ १८२ ॥

ऐसा न करने पर शिष्यवञ्चक आचार्य पतित हो जाता है । इस कारण ऐसे आचार्यों को रहस्य कृच्छ्र व्रत करना पड़ता है ॥ १८२ ॥

पञ्चगव्येन देवेशं स्नापयित्वा यथाविधि ।
दर्शयेद्विष्णुमुद्रां तां सर्वपापप्रणाशनीम् ॥ १८३ ॥

शिष्य वञ्चक आचार्य पञ्चगव्य से यथाविधि विष्णु को स्नान करा कर सर्वपापप्रणाशिनी विष्णु मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ १८३ ॥

भक्षयित्वाप्यभक्ष्याणि पीत्वा चापेयमेव च ।
कृत्वाकृत्यानि चाचार्यस्तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १८४ ॥

...क्ष्य का भक्षण कर, अपेय का पान कर या अकृत्य कार्य कर ... उपरोक्त व्रत करे ॥ १८४ ॥

प्रगृह्याप्रतिगृह्याणि तथाविक्रेयविक्रयम् ।
कृत्वा शप्त्वा च दीक्षां तु तदेव व्रतमाचरेत् ॥ १८५ ॥

...तिग्राह्य का प्रतिग्रह कर, अविक्रेय का विक्रय कर या दीक्षा को ... कर भी उसी व्रत का आचरण करे ॥ १८५ ॥

यत् किंचिदशुभं कृत्वा व्रतेनानेन शुध्यति ।
स्नापयेत् पञ्चगव्येन पश्चाद्विष्णुं विचक्षणः ॥ १८६ ॥

इति श्रीपाञ्चरात्रे महासंहितायां सनत्कुमारप्रोक्तायाम् ऋषिरात्रे प्रायश्चित्तविधानं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

...तना ही नही जैसा कैसा भी अशुभ पाप कर साधक आचार्य इसी ... से शुद्ध हो जाता है । साधक व्रत के बाद पञ्चगव्य से विष्णु को ... करावें ॥ १८६ ॥

...प्रकार सनत्कुमार प्रोक्त श्रीपाञ्चरात्र महासंहिता के ऋषिरात्र के प्रायश्चित्त विधान नामक अष्टम अध्याय की महाकवि प० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डा० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी पूर्ण हुई ॥ ८ ॥

ऋषिरात्रे

नवमोऽध्यायः

ब्रह्मकूर्चविधि

सनत्कुमार उवाच—

ब्रह्मकूर्चविधिं वक्ष्ये येन शुध्यन्ति मानवाः ।
पात्रमादौ प्रवक्ष्यामि यत्र गव्यं तु नीयते ॥ १ ॥

सनत्कुमार ने कहा—अब ब्रह्मकूर्च का विधान कहता हूँ जिससे उन साधक मनुष्यों की शुद्धि होती है । सर्व प्रथम पात्र के विषय में कहता हूँ जिसमें पञ्चगव्य रखा जाता है ॥ १ ॥

सौवर्णादिप्रशस्तपात्रकथनम्

सौवर्णं राजतं वापि ताम्रं वा मृन्मयं तु वा ।
पालाशमथवा पत्रं पद्मपत्रमथापि वा ॥ २ ॥

सौवर्ण, राजत, ताम्र अथवा मिट्टी अथवा पालश अथवा कमल का पत्र पात्र के लिये प्रशस्त कहा गया है ॥ २ ॥

समं फलं तु मृत्पात्रे ताम्रे दशगुणं भवेत् ।
ततः शतगुणं प्रोक्तं राजते फलमुत्तमम् ॥ ३ ॥

पञ्चगव्य पान के लिये मिट्टी का पात्र समान फलदायी है, ताम्र पात्र उसका दशगुणित फल प्रदान करता है । उसका सौगुना उत्तम फल रजतनिर्मित पात्र में होता है ॥ ३ ॥

सौवर्णे च ततः पात्रे सहस्त्रगुणमुच्यते ।
पद्ममम्बुजपत्रे तु पालाशे न तु उच्यते ॥ ४ ॥

सुवर्ण के पात्र में पञ्चगव्य स्थापित करने से उसका सहस्त्रगुणित फल होता है । कमल तथा कमल पत्र में तथा पालाश पत्र में स्थापित पञ्चगव्य का कोई फल नहीं होता है ॥ ४ ॥

वृत्तं वा चतुरस्त्रं वा पात्रं कुर्याद्विचक्षणः ।
शरावं दृतिसङ्काशं छेदभेदविवर्जितम् ॥ ५ ॥

...ल अथवा चौकोर आकृति का पात्र विचक्षण साधक निर्माण करे ...माथी के समान छेद-भेद विवर्जित शराव (मिट्टी का पुरवा) ...करावे ॥ ५ ॥

छिन्नपात्रस्य फलकथनम्

छिन्नपात्रे प्रगृह्णन्ति दानवाः फलमुत्तमम् ।
भिन्नपात्रे पिशाचास्तु पर्णपृष्ठेषु राक्षसाः ॥ ६ ॥

...टूटे-फूटे पात्र में पञ्चगव्य रखने से उसका फल दानव ले लेते हैं। ...पात्र में पिशाच तथा पत्ते के पिछले भाग में स्थापित करने से ...उसके फल को ले लेते हैं ॥ ६ ॥

त्रिविधमन्त्रकथनम्

अथ मन्त्रान् प्रवक्ष्यामि त्रिविधान् सर्वकर्मसु ।
वैदिकास्तान्त्रिकाश्चैव तथा वैदिकतान्त्रिकाः ॥ ७ ॥

...अब सभी कर्मों में प्रयुक्त किये जाने वाले तीन प्रकार के मन्त्रों को ...ता हूँ । १. वैदिक, २. तान्त्रिक और ३. वैदिकतान्त्रिक ये तीन ...र के मन्त्र हैं ॥ ७ ॥

एतैर्मन्त्रैस्तु कर्तव्याः क्रियाः प्रक्षालनादयः ।
वैदिका ब्राह्मणानां तु मन्त्रा उक्ता विशेषतः ॥ ८ ॥

...इन्हीं तीन प्रकार के मन्त्रों से पात्र प्रक्षालनादि कार्य को ब्राह्मणों के ...विशेष रूप से वैदिक मन्त्रों के प्रयोग कहे गये हैं ॥ ८ ॥

राज्ञामेव तु संप्रोक्ता मन्त्रा वैदिकतान्त्रिकाः ।
तान्त्रिका वैश्यशूद्राणां सर्वेषां तान्त्रिकं तु वा ॥ ९ ॥

...राजाओं के लिये वैदिक तान्त्रिक दोनों प्रकार के मन्त्र कहे गये है। ...शूद्रों के लिये तान्त्रिक मन्त्र कहे गये हैं अथवा सभी के लिये ...तान्त्रिक मन्त्र कहे गये हैं ॥ ९ ॥

प्रायशो दीक्षितानां तु मन्त्राः शस्तास्तु तान्त्रिकाः ।
एतैर्मन्त्रैस्तु कर्तव्यास्तत्र प्रक्षालनादयः ॥ १० ॥

...यः दीक्षित वर्गों के लिये तान्त्रिक मन्त्र प्रशस्त हैं, इन्हीं मन्त्रों से ...प्रक्षालनादि कार्य करे ॥ १० ॥

स्नात्वा कृत्वाक्षरन्यासं ब्रह्ममुद्रां प्रयुज्य च ।
पात्रं तु परिगृह्णीयात् प्रणवेन समाहितः ॥ ११ ॥

साधक स्नान करे और ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित कर अक्षर न्यास करे। फिर चित्त एकाग्र कर प्रणव मन्त्र से पात्र ग्रहण करे ॥ ११ ॥

प्रक्षालयेत्तु गायत्र्या पात्रं पूतेन वारिणा ।
पञ्चगव्यं समानीय विष्णुमुद्रां प्रकल्पयेत् ॥ १२ ॥

फिर गायत्री मन्त्र पढ़कर पवित्र जल से पात्र प्रक्षालन करे। फिर पञ्चगव्य लाकर विष्णुमुद्रा बनावे ॥ १२ ॥

पञ्चगव्यपरिग्रहकथनम्

यथायोगं तथैकं च कापिलं च तृतीयकम् ।
सुवर्णकापिलं प्रोक्तं पञ्चगव्यपरिग्रहे ॥ १३ ॥

यथायोग किसी एक गौ का या तीन प्रकार की कपिलाओं में केवल सुवर्ण कपिला का पञ्चगव्य के लिये प्रयोग करे ॥ १३ ॥

पञ्चगव्यपरिग्रहफलकथनम्

पञ्चगव्यं यथालाभं यत्र कुत्र कृतं तु यत् ।
यथायोगं समुद्दिष्टं सममेव फलं च यत् ॥ १४ ॥

जहाँ कहीं जैसी कैसी गाय आवश्यकतानुसार प्राप्त होने पर उसके पञ्चगव्य से समान फल प्राप्त होता है ॥ १४ ॥

साधारणाया गोर्यत्र सर्वमेव प्रगृह्यते ।
तदेकमिति संप्रोक्तं फलं दशगुणं भवेत् ॥ १५ ॥

साधारण गौ से जहाँ सबकुछ प्राप्त हो जाय उसे 'एक' कहा जाता है उसका फल दशगुणित होता है ॥ १५ ॥

कपिलायास्तु यद्गव्यं तत् कापिलमुदाहृतम् ।
सहस्रं तु फलं चास्य सर्वपापप्रणाशनम् ॥ १६ ॥

यथायोग कपिला से प्राप्त होने वाला पञ्चगव्य कापिल कहा जाता है। वह सभी पापों का विनाश करता है। अत उसका फल सहस्र गुणित होता है ॥ १६ ॥

सुवर्णकपिलायां तु फलमानन्त्यमुच्यते ।

निष्पीड्य सम्यग् गृह्णीयाद् गोमयस्य रसं बुधः ॥ १७ ॥

सुवर्ण कपिला से प्राप्त पञ्चगव्य अनन्त फलदायी कहा गया है। ...द साधक गोमय को गारकर उसका रस ग्रहण करे ॥ १७ ॥

पञ्चगव्यस्य प्रमाणकथनम्

शकृद्रसात्तु द्विगुणं गोमूत्रं परिचक्षते ।
गोमूत्राद् द्विगुणं प्रोक्तं प्रमाणे दधि वै तथा ॥ १८ ॥

गोबर के रस से द्विगुणित गोमूत्र ग्रहण करे। गोमूत्र से द्विगुणित ...त्र में दधि ग्रहण करे ॥ १८ ॥

दध्नश्चतुर्गुणं प्रोक्तं प्रमाणेन वृतं तथा ।
घृतादष्टगुणं प्रोक्तं प्रमाणेन पयस्तथा ॥ १९ ॥

दही का चतुर्गुणित प्रमाण घृत तथा घृत का आठ गुना प्रमाण दूध ...ण करे ॥ १९ ॥

वैदिकमन्त्रकथनम्

गायत्र्या चैव गोमूत्रं गन्धद्वारेति गोमयम् ।
आप्यायस्वेति यजुषा गृह्णीयात् क्षीरमुत्तमम् ॥ २० ॥

'गायत्री' से गोमूत्र 'गन्ध द्वारा' इस मन्त्र से गोमय और 'आप्यायस्व' यजुर्वेद के मन्त्र से उत्तम क्षीर ग्रहण करे ॥ २० ॥

दधि पश्चात् प्रगृह्णीयाद् दधिक्रावाणमुच्चरन् ।
घृतं शुक्रमसीत्येवं यजुषाथ समाहरेत् ॥ २१ ॥

पश्चात् 'दधिक्रावाण' इस मन्त्र का उच्चारण कर दधि और ...मसि' इस यजुर्मन्त्र से घृत ग्रहण करे ॥ २१ ॥

वैदिकैर्ग्रहणं ह्येतद् वक्ष्ये वैदिकतान्त्रिकम् ।
सर्वं तु विष्णुगायत्र्या गृह्णीयाच्च पृथक् पृथक् ॥ २२ ॥

यहाँ तक पञ्चगव्य ग्रहण में इन वैदिक मन्त्रों का प्रयोग कहा गया अब वैदिक-तान्त्रिक मन्त्र कहता हूँ ॥ २२ ॥

वैदिकतान्त्रिकमन्त्रकथनम्

अष्टाक्षरेण वा सर्वं कुर्यात् तन्त्रविचक्षणः ।
उभाभ्यां मिश्रिताभ्यां वा विद्याद्वैदिकतान्त्रिकम् ॥ २३ ॥

शुष्कं चाप्युदके दद्याद् गृह्णीयादुदकं तु तत् ॥ ३५ ॥

अशुष्क को गारकर उसका उत्तम रस ग्रहण करे और शुष्क को जल में अच्छी तरह भिगो देवे तब उसका रस ग्रहण करे ॥ ३५ ॥

देवो व इति मन्त्रेण मूलमन्त्रेण वा पुनः ।
गृह्णीयात्तु परं सम्यग् गोमूत्रेण समाप्लुतम् ॥ ३६ ॥

'देवो वः' इस मन्त्र से अथवा मूल मन्त्र से कुशा का रस ग्रहण करे गोमूत्र से मिश्रित कर भली प्रकार से ग्रहण करे ॥ ३६ ॥

शास्त्रोक्तक्रमयोगकथनम्

नियोज्य विष्णुगायत्र्या विष्णुमुद्रां तु दर्शयेत् ।
आराधयेत् सदाविष्णुं शास्त्रोक्तक्रमयोगतः ॥ ३७ ॥

इस प्रकार सबको एक में मिलाकर विष्णु मुद्रा प्रदर्शित करे । फिर शास्त्र क्रम योग से विष्णु की आराधना करे ॥ ३७ ॥

चतुर्धा ब्रह्मकूर्चं तु कृत्वा च प्रणवेन तु ।
पूर्वभागेन देवेशं स्नापयेत् प्रथमं पुनः ॥ ३८ ॥

इस प्रकार निर्मित ब्रह्मकूर्च का प्रणव मन्त्र से चार भाग करे । उसमें सबसे पहले प्रथम भाग से देवेश विष्णु को स्नान करावे ॥३८॥

तत् पञ्चोपनिषद्भिस्तु मूलमन्त्रेण चासकृत् ।
तथैव विष्णुगायत्र्या चरुमन्त्रैस्तथैव च ॥ ३९ ॥
ततः षडक्षरेणापि स्नापयित्वा विचक्षणः ।
होमं द्वितीयभागेन मन्त्रैरेभिस्तु कारयेत् ॥ ४० ॥

फिर पञ्चोपनिषत् मन्त्र से, फिर मूल मन्त्र से, फिर विष्णुगायत्री से, फिर चरुमन्त्र से, फिर षडक्षर मन्त्र से इस प्रकार कई बार स्नान करावे तदनन्तर द्वितीय भाग से इन्हीं मन्त्रों द्वारा होम करावे ॥३९-४०॥

बलिं तृतीयभागेन बलिमन्त्रेण योजयेत् ।
चतुर्थं प्राशयेत् पश्चान्मूलमन्त्रेण साधकः ॥ ४१ ॥

तृतीय भाग से बलिमन्त्र द्वारा बलि प्रदान करे । इसके बाद साधक चतुर्थभाग को मूलमन्त्र पढ़कर स्वयं प्राशन करे ॥ ४१ ॥

आचम्याथ पुनर्न्यासं कृत्वाष्टाक्षरविद्यया ।
दर्शयेद् ब्रह्ममुद्रां च विष्णुमुद्रां च साधकः ॥ ४२ ॥

फिर आचमन कर अष्टाक्षर विद्या से पुनः न्यास करे। फिर साधक विष्णुमुद्रा तथा ब्रह्ममुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ४२ ॥

मूलमन्त्रं सहस्रं तु जपेद्विष्णुपरायणः ।
विष्णुमुद्रां ततः पश्चाद्दर्शयेत्तु विचक्षणः ॥ ४३ ॥

तदनन्तर विष्णु में चित्त लगा कर मूलमन्त्र का एक सहस्र जप करे। इसके बाद विचक्षण साधक विष्णुमुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ४३ ॥

ब्रह्मकूर्चपानफलकथनम्

अनेन विधिना पीत्वा ब्रह्मकूर्चं समाहितः ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो विष्णुलोके महीयते ॥ ४४ ॥

इस प्रकार साधक एकाग्रचित्त हो ब्रह्मकूर्च पान करे । तब वह सारे पापों से विनिर्मुक्त होकर विष्णुलोक में महत्त्व प्राप्त करता है ॥ ४४ ॥

कृत्वाधिवासं विधिना पौर्णमास्यां तु साधकः ।
मासि मासि पिबेदत्र सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ४५ ॥

साधक प्रत्येक महीने की पूर्ण मासी को विधिपूर्वक इस प्रकार अधिवासन कर ब्रह्मकूर्च का पान करे तब वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है ॥ ४५ ॥

गोघ्नः पितृघ्नो मातृघ्नो भ्रूणहा गुरुतल्पगः ।
सुरापः स्वर्णहर्ता च कृतघ्नः पतितस्तथा ॥ ४६ ॥
